किसी वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या के किसी अन्य वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या से गुण, रूप, आकार, प्रकार, लक्षण आदि में किसी भी प्रकार से सम्बन्ध या समानता को सादृश्यता या सह-सम्बन्ध या सम-सम्बन्ध या समरूपता कहा जाता है। इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में शब्दों/अक्षरों/संख्याओं के बीच आपसी सम्बन्धों को ज्ञात करके सही उत्तर ज्ञात करना होता है। ऐसे प्रश्न एक निश्चित सम्बन्ध पर आधारित होते हैं।

इन प्रश्नों को हल करने के लिए निम्न दो चरण होते हैं

**चरण I.** प्रश्न में दिए गए दो शब्दों/अक्षरों/संख्याओं के बीच के सम्बन्धों को ज्ञात करना।

**चरण II.** दिए गए सम्बन्धों को विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों, अक्षरों, संख्याओं में ढूँढना व जो विकल्प प्रश्न में ज्ञात किए गए सम्बन्ध के अनुरूप होता है, वही उत्तर होता है।

सादृश्यता के अन्तर्गत सामान्यतया पाँच प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* हिन्दी शब्द सादृश्यता

हिन्दी शब्द सादृश्यता के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में दिए गए हिन्दी शब्दों के सम्बन्ध पर विचार करते हुए दिए गए उत्तर विकल्पों में से एक ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका सम्बन्ध दिए गए शब्दों या तीसरे शब्द के साथ स्थापित हो सके।

'हिन्दी शब्द सादृश्यता' के अन्तर्गत निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

### 1. समरूप शब्द ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में दिए गए दो शब्दों के सम्बन्ध पर विचार करते हुए उत्तर विकल्पों में से एक ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका सम्बन्ध दिए गए तीसरे शब्द के साथ स्थापित होता हो।

***उदाहरण* 1.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए।
चिकित्सक : रोगी : : वकील : ? *(UP Police Constable 2018)*

(a) न्यायाधीश (b) न्यायालय
(c) अभियोक्ता (d) बैरिस्टर

***व्याख्या*** *(c)* जिस प्रकार, चिकित्सक रोगी के रोग को ठीक करता है, उसी प्रकार, वकील, अभियोक्ता के केस की पैरवी करता है।

***उदाहरण* 2.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए।
नदी : धारा :: महासागर : ? *(SSC CGL 2017)*

(a) प्रवाह (b) तालाब (c) बाँध (d) समुद्र

***व्याख्या*** *(a)* जिस प्रकार, नदी के पानी से धारा उत्पन्न होती है, उसी प्रकार, महासागर के पानी से प्रवाह उत्पन्न होता है।

***उदाहरण* 3.** जिस प्रकार कोलम्बो, श्रीलंका से सम्बन्धित है उसी प्रकार काठमाण्डू किससे सम्बन्धित है?

(a) नेपाल (b) भूटान (c) तिब्बत (d) भारत

***व्याख्या*** *(a)* जिस प्रकार, कोलम्बों, श्रीलंका की राजधानी है उसी प्रकार, काठमाण्डू, नेपाल की राजधानी है।

### 2. समरूप युग्म ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दो शब्द दिए गए होते हैं, जोकि आपस में किसी प्रकार से सम्बन्धित होते हैं। ठीक इसी प्रकार का सम्बन्ध नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प में भी होता है। आपको इसी विकल्प को ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 4.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द-युग्म चुनिए।
बादल : बारिश : : *(MP Police SI 2017)*

(a) फूल : गन्ध (b) सूर्य : प्रकाश
(c) पर्वत : पहाड़ (d) आदमी : काम

***व्याख्या*** *(b)* जिस प्रकार, बादलों से बारिश प्राप्त होती है ठीक उसी प्रकार, सूर्य से प्रकाश प्राप्त होता है।

***उदाहरण* 5.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द-युग्म को चुनिए।
उद्देशिका : संविधान : : ? : ? *(SSC CGL 2016)*

(a) शब्द : शब्दकोश (b) विषय-वस्तु : पत्रिका
(c) स्पष्टीकरण : कविता (d) प्रस्तावना : पुस्तक

***व्याख्या*** *(d)* जिस प्रकार, संविधान की उद्देशिका होती है, ठीक उसी प्रकार, पुस्तक की प्रस्तावना होती है।

## 3. शब्दों के समरूप शब्द ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ शब्द दिए गए होते हैं तथा इसके साथ चार या पाँच वैकल्पिक उत्तर दिए गए होते हैं। आपको दिए गए विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनना होता है, जो ठीक वैसा ही हो जैसे कि आरम्भ में दिए गए शब्द हैं।

***उदाहरण* 6.** कौन वैसा ही है जैसे–भूकम्प, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट? *(SBI PO 2013)*

(a) वैश्विक ऊष्मा (b) बाढ़ (c) तेल रिसाव
(d) दुर्घटनाएँ (e) परमाणु विस्फोट

***व्याख्या*** *(b)* जिस प्रकार, भूकम्प, चक्रवात एवं ज्वालामुखी विस्फोट प्राकृतिक आपदाएँ हैं। उसी प्रकार, बाढ़ भी एक प्राकृतिक आपदा है।

***उदाहरण* 7.** नीचे दिए गए नाम निश्चित तर्क से सम्बन्धित हैं। विकल्पों में से, उस नाम का चयन करें जिसे नामों के इस समूह का हिस्सा बनाया जा सकता है।

तारापुर, कुंडनकुलम, कैगा, काकरापार, कल्पक्कम, नरोरा *(UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी 2018)*

(a) कोयना (b) रावतभाटा (c) उकाई (d) भाखड़ा नागल

***व्याख्या*** *(b)* दिए गए सभी नाम परमाणु ऊर्जा संयन्त्र के हैं। अतः रावतभाटा इसमें सम्मलित होगा जोकि राजस्थान में एक परमाणु ऊर्जा संयन्त्र है।

## 4. समरूप शब्दों के लिए विशेष वर्ग चुनना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में तीन शब्द दिए गए होते हैं, तथा इसके साथ चार विकल्प दिए गए होते है। प्रश्न में दिए गए शब्दों में कुछ विशेषता होती है। उत्तर विकल्पों में से वह शब्द ज्ञात करना होता हैं जो प्रश्न में दिए गए शब्दों के बीच की विशेषता दर्शाता है।

***उदाहरण* 8.** नीचे तीन शब्द दिए हैं, जिनमें कुछ सामान्य विशेषता है। इन शब्दों के नीचे उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें किसी एक में भी वही विशेषता है, सही विकल्प को चुनिए।

साँप, छिपकली, मगरमच्छ

(a) सरीसृप (b) स्तनधारी (c) सर्वाहारी (d) हिरण

***व्याख्या*** *(a)* साँप, छिपकली और मगरमच्छ तीनों सरीसृप हैं।

***उदाहरण* 9.** निम्न प्रश्न में समानता का पता लगाइएँ।

नाव, जहाज, पनडुब्बी, क्रीड़ा-नौका (यॉच) *(RRB NTPC परीक्षा 2016)*

(A) ये सब पानी में विहार करते हैं (B) ये सब पानी के पात्र हैं
(C) इन सब में उच्च पतवार हैं (D) ये सब कागज के बने हुए हैं

(a) B (b) D (c) A (d) C

***व्याख्या*** *(c)* नाव, जहाज, पनडुब्बी, एवं क्रीड़ा-नौका (यॉच) ये चारों पानी में विहार करने के साधन हैं।

## 5. शब्द समुच्चय के समरूप शब्द समुच्चय ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में तीन शब्द दिए गए होते हैं, जिनमें परस्पर कोई सम्बन्ध होता है। वही सम्बन्ध नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प के तीनों शब्दों में होता है। आपको इनमें से ऐसा विकल्प ज्ञात करना होता है, जिसमें वही सम्बन्ध हो, जो ऊपर दिए गए शब्दों में है।

***उदाहरण* 10.** नीचे तीन शब्द दिए गए हैं, जिनमें परस्पर कोई सम्बन्ध है। वही सम्बन्ध नीचे दिए गए चार विकल्पों में से किसी एक में है। वह विकल्प ज्ञात कीजिए, जिसमें वही सम्बन्ध हो, जो नीचे दिए गए तीनों शब्दों में है।

राजा, रानी, महल

(a) शेर, शेरनी, गुफा (b) कबूतर, चिड़िया, औषधालय
(c) भौंरा, मकड़ी, जाल (d) बकरा, बकरी किला

***व्याख्या*** *(a)* जिस प्रकार, राजा और रानी दोनों साथ में महल में निवास करते हैं। उसी प्रकार, शेर और शेरनी दोनों साथ में गुफा में निवास करते हैं।

## 6. दोहरी समरूपता

इसके अन्तर्गत प्रश्न में चिह्न : : के बाईं ओर एवं दाईं ओर दो-दो शब्द दिए गए होते हैं। दोनों ओर के शब्दों में एक-एक शब्द लुप्त रहता है तथा उन्हें A एवं B द्वारा प्रदर्शित किया गया होता है। लुप्त शब्द नीचे दिए गए चार/पाँच विकल्पों में से किसी एक में मौजूद होता है। आपको उस सही विकल्प को ज्ञात करना होता है, जिससे कि चिह्न : : के बाईं ओर के दोनों शब्दों में जैसा सम्बन्ध बनता है, ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध चिह्न : : के दाईं ओर के दोनों शब्दों में भी बनता हो।

***उदाहरण* 11.** निम्नलिखित प्रश्न में चिह्न : : के बाईं ओर एवं दाईं ओर दो-दो शब्द दिए गए हैं, दोनों ओर के शब्दों में एक-एक शब्द लुप्त है तथा उन्हें A एवं B द्वारा प्रदर्शित किया गया है। लुप्त शब्द नीचे दिए गए चार विकल्पों में से किसी एक विकल्प में मौजूद है। आपको उस सही विकल्प को ज्ञात करना है

A : भद्दा : : शान्ति : B

(a) A. सुन्दर, B. युद्ध (b) A. मित्रता, B. शोर
(c) A. ईमानदारी, B. सन्धि (d) A. संस्था, B. हड़ताल

***व्याख्या*** *(a)* जिस प्रकार, सुन्दर और भद्दा एक-दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं। उसी प्रकार, शान्ति और युद्ध भी एक-दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं।

हिन्दी शब्द सादृश्यता के अन्तर्गत प्रश्न मुख्यता निम्नलिखित सम्बन्धों पर आधारित होते हैं

| सम्बन्ध के प्रकार | उदाहरण | |
|---|---|---|
| विपरीतार्थक शब्द | • आस्तिक : नास्तिक<br>• जय : पराजय | • आयात : निर्यात<br>• सजीव : निर्जीव |
| समानार्थक शब्द | • अभिमान : घमण्ड<br>• अवस्था : आयु | • अपराध : पाप<br>• काफी : अधिक |
| पर्यायवाची शब्द | • गगन : अम्बर<br>• मदन : मनोज | • राजीव : सरोज<br>• मन्दाकिनी : जाहनवी |
| देश और महाद्वीप | • भारत : एशिया<br>• कनाडा : उत्तरी अमेरिका | • घाना : अफ्रीका<br>• फ्रांस : यूरोप |
| देश और राजधानी | • चीन : बीजिंग<br>• जापान : टोकियो | • नेपाल : काठमाण्डू<br>• श्रीलंका : कोलम्बो |
| देश और राष्ट्रीय मुद्रा | • चीन : युआन<br>• इटली : लीरा | • जापान : येन<br>• म्यांमार : क्यात |
| देश और संसद | • भारत : संसद<br>• ईरान : मजलिस | • अफगानिस्तान : शोरा<br>• जापान : डायट |
| देश और राष्ट्रीय प्रतीक | • भारत : अशोक चक्र<br>• फ्रांस : लिली | • स्पेन : ईगल<br>• ईरान : गुलाब का फूल |
| देश और राष्ट्रीय खेल | • ब्रिटेन : क्रिकेट<br>• जापान : जूडो | • भारत : हॉकी<br>• स्पेन : साँडों की लड़ाई |
| देश और नदी | • भारत : गंगा<br>• इटली : टाइबर | • चीन : ह्वांग्हो<br>• ब्रिटेन : टेम्स |

| सम्बन्ध के प्रकार | उदाहरण | |
|---|---|---|
| नगर और नदी | • लन्दन : टेम्स<br>• रोम : टाइबर | • पेरिस : सीन<br>• दिल्ली : यमुना |
| नगर और उद्योग | • मुम्बई : फिल्म निर्माण<br>• पिट्‌र्सबर्ग : लोहा इस्पात | • मैनचेस्टर : सूती वस्त्र<br>• डेट्रायट : ऑटोमोबाइल्स |
| राज्य और राजधानी | • उत्तर प्रदेश : लखनऊ<br>• झारखण्ड : राँची | • उत्तराखण्ड : देहरादून<br>• छत्तीसगढ़ : रायपुर |
| केन्द्रशासित प्रदेश और राजधानी | • लक्षद्वीप : कावारत्ती<br>• दादर और नगर हवेली : सिलवासा | |
| राज्य और उच्च न्यायालय | • उत्तर प्रदेश : इलाहाबाद<br>• राजस्थान : जोधपुर | • उत्तराखण्ड : नैनीताल<br>• बिहार : पटना |
| उत्पाद और कच्ची सामग्री | • दही : दूध<br>• चीनी : गन्ना | • जूता : चमड़ा<br>• मदिरा : अंगूर |
| कामगार और उत्पाद | • सुनार : जेवर<br>• रसोइया : भोजन | • मोची : जूता<br>• राजमिस्त्री : घर |
| व्यक्ति और कार्यस्थल | • डॉक्टर : अस्पताल<br>• किसान : खेत | • शिक्षक : विद्यालय<br>• न्यायाधीश : न्यायालय |
| व्यक्ति और औजार | • लुहार : हथौड़ा<br>• किसान : हल | • राजमिस्त्री : साहुल<br>• बढ़ई : आरी |
| औजार और कार्य | • कलम : लिखना<br>• चम्मच : खाना | • कैंची : काटना<br>• चश्मा : देखना |
| जीव-जन्तु और निवास स्थान | • सिंह : गुफा<br>• चूहा : बिल | • घोड़ा : अश्वशाला<br>• चिड़िया : घोंसला |
| कल्चर और उत्पादन क्षेत्र | • एपीकल्चर : मधुमक्खी पालन<br>• पीसीकल्चर : मत्स्य पालन | |
| क्रान्ति और उत्पादन क्षेत्र | • श्वेत क्रान्ति : दुग्ध उत्पादन<br>• पीली क्रान्ति : तिलहन उत्पादन | |
| जन्तु और आवाज | • कुत्ता : भौंकना<br>• सिंह : गरजना | • घोड़ा : हिनहिनाना<br>• बिल्ली : म्याऊँ |
| जन्तु और बच्चा | • कुत्ता : पिल्ला<br>• गाय : बछड़ा | • शेरनी : शावक<br>• भेड़ : मेमना |
| रोग तथा प्रभावित अंग | • पायरिया : दाँत<br>• पीलिया : लीवर (जिगर) | • ट्रकोमा : आँख<br>• तपेदिक : फेफड़े |
| स्थल और स्थान | • ताजमहल : आगरा<br>• जहाज महल : माण्डू | • हवामहल : जयपुर<br>• लाल किला : दिल्ली |
| व्यक्ति और समाधि स्थल | • महात्मा गाँधी : राजघाट<br>• लाल बहादुर शास्त्री : विजय घाट<br>• चौधरी चरण सिंह : किसान घाट | |
| खेल और परिसर | • बैडमिण्टन : कोर्ट<br>• मुक्केबाजी : रिंग | • हॉकी : फील्ड<br>• निशानेबाजी : रेंज |
| खेल और कप/ट्रॉफी | • क्रिकेट : दिलीप ट्रॉफी<br>• हॉकी : ध्यानचन्द ट्रॉफी | • फुटबॉल : डूरण्ड कप<br>• गोल्फ : राइडर कप |
| पुरस्कार और क्षेत्र | • बुकर पुरस्कार : साहित्य<br>• ऑस्कर पुरस्कार : फिल्म | • ग्रेमी पुरस्कार : संगीत |

***नोट*** उपरोक्त के अतिरिक्त सादृश्यता के अन्य आधार भी हो सकते हैं, जिन्हें हल करने के लिए बुद्धिमता के अतिरिक्त अन्य जानकारियों की भी आवश्यकताएँ होती हैं, जो सामान्यत: निम्न हैं—
1. ऐतिहासिक तथ्य, 2. राजनीतिक तथ्य, 3. आर्थिक तथ्य, 4. वैज्ञानिक तथ्य, 5. तकनीकी तथ्य, 6. भौगोलिक तथ्य, 7. सांस्कृतिक तथ्य, 8. खेल तथ्य, 9. पुरस्कार तथ्य तथा 10. समसामयिकी तथ्य।

# प्रश्नावली 2.1

***1.*** जिस प्रकार सैनिक का सम्बन्ध सेना से है, उसी प्रकार खिलाड़ी का सम्बन्ध किससे है? ***(BOI PO 2010)***
(a) खेल (b) टूर्नामेण्ट (c) खेलकूद (d) कप्तान
(e) टीम

***2.*** गाय का दूध से वही सम्बन्ध है जो वृक्ष का ...... से है। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) तने (b) फल (c) लकड़ी (d) छाया

***3.*** खरगोश जैसे बिल से सम्बन्धित है उसी रूप में पागल सम्बन्धित है ***(UPSSSC गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा 2016)***
(a) जेलखाना (b) कोठरी
(c) बैरक (d) पागलखाना

***4.*** जिस प्रकार जर्नलिस्ट का सम्बन्ध होता है समाचारों से उसी प्रकार फिलाटेलिस्ट का सम्बन्ध होता है ***(UPSSSC जूनियर इंजीनियर परीक्षा 2015)***
(a) ट्रेन (b) मेडीसिन
(c) पोस्टल स्टाम्प (d) एनीमल हसबैंड्री

***5.*** बीमारी जैसे पैथोलॉजी से सम्बन्धित है वैसे ही ग्रह किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) सूर्य (b) सैटेलाइट
(b) ज्योतिष (d) खगोल विज्ञान

***6.*** कोशिका जैसे ऊतक से सम्बन्धित है वैसे ही ऊतक किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) वस्तु (b) कान (c) कागज (d) अंग

***7.*** रक्त जैसे शिरा से सम्बन्धित है वैसे ही तेल किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) कार (b) इंजन (c) पाइपलाइन (d) पेट्रोल

***8.*** जहाज जैसे कप्तान से सम्बन्धित है वैसे ही अखबार किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) पाठक (b) मुद्रक (c) प्रकाशक (d) सम्पादक

***9.*** मछली जैसे जल से सम्बन्धित है वैसे ही चिड़िया किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) जल (b) भोजन (c) आकाश (d) वायु

***10.*** अच्छा जैसे बुरे से सम्बन्धित है वैसे ही छत किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) दीवार (b) खम्भा
(c) खिड़की (d) फर्श

***11.*** अपराध जैसे पुलिस से सम्बन्धित है वैसे ही बाढ़ किससे सम्बन्धित है? ***(Delhi Police Constable 2014)***
(a) वर्षा (b) नदी (c) बाँध (d) जलाश्य

**12.** जिस तरह पार्लियामेन्ट, ग्रेट ब्रिटेन से सम्बन्धित है, उसी तरह काँग्रेस सम्बन्धित है *(UP Police SI 2014)*
(a) जापान (b) इण्डिया (c) यूएसए (d) नीदरलैण्ड्स

**13.** जिस प्रकार दुर्घटना का सम्बन्ध सावधानी से है, उसी प्रकार बीमारी का सम्बन्ध किससे है? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) जीवाणु (b) प्रदूषण (c) स्वच्छता (d) डॉक्टर
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** जिस प्रकार न्याय का सम्बन्ध अदालत से है, उसी प्रकार निम्नलिखित में से कौन-सा विद्यालय से सम्बन्धित है? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) शिक्षक (b) छात्र (c) कक्षा (d) शिक्षा
(e) इनमें से कोई नहीं

**15.** डॉक्टर जैसे स्टेथिस्कोप से सम्बन्धित है वैसे ही पेन्टर किससे सम्बन्धित है? *(Delhi Police SI 2014)*
(a) पेंटिंग (b) ब्रश (c) प्रदर्शनी (d) कला

**16.** जिस प्रकार पायरिया का सम्बन्ध दाँत से है, उसी प्रकार ट्रकोमा का सम्बन्ध किससे है? *(RRB PO 2008)*
(a) कान (b) नाक (c) आँख (d) गला
(e) इनमें से कोई नहीं

**17.** जिस प्रकार अशिक्षित का सम्बन्ध शिक्षा से है, उसी प्रकार रोगी का सम्बन्ध किससे है? *(Delhi B.Ed 2007)*
(a) औषधि (b) चिकित्सक (c) शिक्षक (d) स्टेथोस्कोप

**18.** जिस प्रकार मूल्य निर्धारक का सम्बन्ध भवन से है, उसी प्रकार समीक्षक का सम्बन्ध किससे है? *(RRB GG 2006)*
(a) स्वर्ण (b) श्रेष्ठकृति (c) न्यायाधीश (d) पुस्तक

**19.** जिस प्रकार गहरा का सम्बन्ध महासागर से है, उसी प्रकार उथला का सम्बन्ध किससे है? *(MAT 2006)*
(a) झरना (b) गहराई (c) तालाब (d) कुँआ

**20.** जिस प्रकार महासागर का सम्बन्ध तालाब से है, उसी प्रकार किलोमीटर का सम्बन्ध किससे है? *(SSC CGL 2000)*
(a) मीटर (b) मिलीमीटर (c) सेन्टीमीटर (d) डेसीमीटर

**21.** जिस प्रकार खाड़ी का सम्बन्ध भूमि से है, उसी प्रकार समुद्र का सम्बन्ध किससे है? *(UP Police Constable 2004)*
(a) टापू (b) भू-सन्धि (c) जलग्रीवा (d) प्रायद्वीप

**22.** जिस प्रकार टका का सम्बन्ध बांग्लादेश से है, उसी प्रकार युआन का सम्बन्ध किससे है? *(IGNOU B.Ed 2004)*
(a) कम्बोडिया (b) भारत (c) पाकिस्तान (d) चीन

**23.** जिस प्रकार मूली का सम्बन्ध मूल से है, उसी प्रकार बैंगन का सम्बन्ध किससे है? *(SBI PO 2008)*
(a) फल (b) तना (c) फूल (d) मूल
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** जिस प्रकार माता का सम्बन्ध बच्चे से है, उसी प्रकार वृक्ष का सम्बन्ध किससे है? *(Andhra Bank PO 2007)*
(a) बालवृक्ष (b) झाड़ (c) झाड़ी (d) घास
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** जिस प्रकार अमरूद का सम्बन्ध फल से है, उसी प्रकार गाजर का सम्बन्ध किससे है? *(Dena Bank PO 2007)*
(a) तना (b) फल (c) फूल (d) जड़
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** जिस प्रकार लोहे का सम्बन्ध धातु से है, उसी प्रकार पीतल का सम्बन्ध किससे है? *(Corporation Bank PO 2007)*
(a) लोहा (b) मिश्रधातु (c) ताँबा (d) जिंक
(e) इनमें से कोई नहीं

**27.** जिस प्रकार पंखुड़ी का सम्बन्ध फूल से है, उसी प्रकार खिलाड़ी का सम्बन्ध किससे है? *(PNB Clerk 2010)*
(a) खेल (b) स्पोर्ट्स (c) टीम (d) प्रतियोगिता
(e) इनमें से कोई नहीं

**28.** जिस प्रकार जाओ का सम्बन्ध आओ से है, उसी प्रकार ऊँचा का सम्बन्ध किससे है? *(IBPS Clerk 2011)*
(a) ऊपर (b) नीचा (c) जम्प (d) स्टैण्ड
(e) इनमें से कोई नहीं

**29.** जिस प्रकार लाल का सम्बन्ध रूकना से है, उसी प्रकार हरा का सम्बन्ध किससे है? *(UBI PO 2010)*
(a) रंग (b) पेन्ट (c) दिया (d) चलना
(e) इनमें से कोई नहीं

**30.** जिस प्रकार राइट का रूप रोट बनता है, उसी प्रकार हर्ट का रूप क्या बनेगा? *(Rajasthan Police Constable 2018)*
(a) हर्टेड (b) हर्टिंग (c) हर्ट (d) हर्ट्स

**31.** पत्रिका का सम्पादक से वही सम्बन्ध है, जो नाटक का ......... से है।
(a) आचार्य (b) अभिनेत्री (c) पटकथा (d) निर्देशक

**32.** पैर का मनुष्य से वही सम्बन्ध है, जो खुर का ......... से है।
(a) कुत्ता (b) गाय (c) बिल्ली (d) खरगोश

**33.** गणित का तर्क से वही सम्बन्ध है, जो विज्ञान का ......... से है।
(a) प्रयोग (b) प्रयोगशाला (c) वैज्ञानिक (d) तथ्य

**34.** ताले का चाबी से वही सम्बन्ध है, जो अपराध का ......... से है।
(a) जाँच (b) रहस्य (c) अपराधी (d) दोषसिद्धि

**35.** रेडियो का श्रोता से वही सम्बन्ध है, जो चलचित्र का ......... से है।
(a) प्रसारण (b) आलोचक (c) अभिनेता (d) दर्शक

**36.** पुस्तक का पुस्तकालय से वही सम्बन्ध है, जो पशु का ......... से है।
(a) पालतू (b) शिकारी (c) जंगली (d) चिड़ियाघर

**37.** स्वास्थ्य का बीमारी से वही सम्बन्ध है, जो आनन्द का ......... से है।
(a) औषधि (b) उपचार (c) दुःख (d) प्रसन्नचित

**38.** गुरुत्व का कर्ष से वही सम्बन्ध है, जो चुम्बकत्व का ......... से है।
(a) पृथ्वी (b) स्वर्ण (c) आकर्षण (d) भार

**39.** मुख का अभिव्यक्ति से वही सम्बन्ध है, जो संगीत का ......... से है।
(a) ध्वनि (b) कर्ण (c) धुन (d) यन्त्र

**40.** दिवस का रात्रि से वही सम्बन्ध है, जो गोधूलिवेला का ......... से है।
(a) प्रातःकाल (b) मध्याह्न (c) सायंकाल (d) ऊषाकाल

***निर्देश*** (प्र. सं. 41-91) *निम्नलिखित प्रश्नों में चिह्न (: :) के बाईं ओर दो शब्द दिए गए हैं, जोकि आपस में किसी प्रकार सम्बन्धित हैं, ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध चिह्न (: :) के दाईं ओर दिए गए शब्द तथा उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक शब्द के बीच में भी है, वही विकल्प आपका उत्तर है। सही विकल्प को चुनिए।*

**41.** चौड़ा : संकीर्ण : : पैना : ?
*(UPSSSC क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी 2018)*
(a) धारहीन (b) नुकीला (c) चाकू (d) खुरदरा

**42.** पक्षी : पक्षी वैज्ञानिक : : कीट : ?
*(UPSSSC क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी 2018)*
(a) पशु वैज्ञानिक (b) जीव वैज्ञानिक
(c) कीट वैज्ञानिक (d) मुद्रा वैज्ञानिक

**43.** कीड़ा : रोग : : युद्ध : ? *(JSSC 2017)*
(a) सेना (b) पराजय (c) शस्त्रागार (d) विनाश

**44.** प्रतिरोध : ओम : : विद्युतधारा : ? *(SSC 10+2 2017)*
(a) फैराडे (b) रेडियन (c) एम्पियर (d) वोल्ट

**45.** प्रफुल्लित : रुखा :: बहादुर : ? *(UPSSSC अधीनस्थ कृषि सेवा प्राविधिक सहायक भर्ती परीक्षा 2019)*
(a) ऊटपटांग (b) आदर्श
(c) सुस्त (d) कायर

**46.** सविनय : विनम्र : : निराश्रित : ? *(SSC Steno 2019)*
(a) समृद्ध (b) पर्याप्त (c) धनी (d) गरीब

**47.** लखनऊ : उत्तर प्रदेश : : राँची : ? *(UP Police SI 2013)*
(a) ओडिशा (b) झारखण्ड (c) उत्तराखण्ड (d) छत्तीसगढ़

**48.** दयालु : परोपकारी : : ? : विलापी *(SSC Steno 2019)*
(a) क्रोध (b) सत्य (c) दु:खी (d) प्रसन्नता

**49.** शेर : मांद : : खरगोश : ? *(Rajasthan Police SI 2012)*
(a) छेद (b) गड्ढ़ा (c) बिल (d) खेत

**50.** वर्षामापी : वर्षा : : सिस्मोग्राफ : ? *(Rajasthan Police SI 2012)*
(a) तापक्रम (b) प्रवाह धारा (c) भूकम्प (d) आर्द्रता

**51.** शिक्षक : स्कूल : : नर्स : ? *(SSC FCI 2013)*
(a) डॉक्टर (b) रोगी (c) दवाई (d) अस्पताल

**52.** खिड़की : बढ़ई : : मूर्ति : ? *(SSC FCI 2013)*
(a) मूर्तिकार (b) मिस्त्री (c) लुहार (d) सुनार

**53.** दिल : कार्डियोलॉजिस्ट :: हड्डी : ? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) डर्मेटोलॉजिस्ट (b) ऑर्थोकेयर
(c) ऑर्थोपोडिस्ट (d) ओथडोटिस

**54.** बर्फ : ठण्डक : : पृथ्वी : ? *(SSC Constable 2013)*
(a) वजन (b) जंगल (c) गुरुत्वाकर्षण (d) समुद्र

**55.** वीडियो प्लेयर : कैसेट : : कम्प्यूटर : ? *(IBPS Clerk 2013)*
(a) रील (b) रिकॉर्डिंग (c) फाइल (d) फ्लॉपी
(e) सीपीयू

**56.** बुलबुल : बार्बल : : मेंढ़क : ? *(IBPS Clerk 2013)*
(a) येल्प (b) क्रॉक (c) क्रेकल (d) स्क्यूइक
(e) चैटर

**57.** रेशमकीट : रेशम : : नाग : ? *(RPSC Pre 2012)*
(a) विषहर (b) विष (c) मृत्यु (d) भय

**58.** कीटाणु : बीमारी : : जंग : ? *(RPSC Pre 2012)*
(a) फौज (b) हार (c) हथियार (d) तबाही

**59.** भारत : रुपया :: यू.के. :: ? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) पाउण्ड (b) दीनार (c) येन (d) लीरा

**60.** शरीर : कंकाल : : ? : व्याकरण *(UP Police SI 2014)*
(a) भाषा (b) अर्थ (c) विद्यालय (b) शिक्षक

**61.** गैराज : मोटरकार : : वायुयान : ? *(UP Police SI 2014)*
(a) अड्डा (b) वर्कशॉप (c) हैंगर (d) गोदी

**62.** समाचार-पत्र : पाठक : : रोटी : ? *(UPPSC Pre 2014)*
(a) गेहूँ (b) खरीदार (c) उपभोक्ता (d) बेकार

**63.** मैराथन : दौड़ : : शीतनिद्रा : ? *(SSC CGL 2013)*
(a) सर्दी (b) भालू (c) स्वप्न (d) निद्रा

**64.** शक्ति : वाट :: आयतन :? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) डिग्री (b) वोल्ट (c) ओम (d) लीटर

**65.** दस : दशमलव :: दो : ? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) साप्त (सैपटेट) (b) युग्मक (बाइनरी)
(c) श्रीफल (क्विन्स) (d) चौरागा (क्वार्टेट)

**66.** आशावादी : प्रसन्न : : निराशावादी : ? *(SSC CGL 2014)*
(a) नगण्य (तुच्छ) (b) स्वार्थी (c) उदास (d) निकृष्ट

**67.** धन : दुरुपयोग (दुर्विनियोग) : : लेखन : ? *(SSC CGL 2014)*
(a) धोखा (छल) (b) अशुद्धि (गलती)
(c) साहित्यिक चोरी (d) चोरी

**68.** भेड़ : मटन : : हिरन : ? *(SSC CGL 2013)*
(a) वील (b) मीट (c) फ्लेश (d) वेनिजन

**69.** मोची : चमड़ा : : दर्जी : ? *(SSC CGL 2013)*
(a) धागा (b) कपड़ा (c) कमीज (d) बजाज

**70.** नम्य : अनम्य : : आत्मविश्वास :? *(MAT 2011)*
(a) आत्मसंशय (b) उदासीनता (c) कायरता (d) डरना

**71.** बटुआ : पैसे : : अलमारी : ? *(SSC Steno 2017)*
(a) कपड़े (b) लकड़ी (c) इस्पात (d) ताला

**72.** पूर्व : पश्चिम : : उत्तर पूर्व : ? *(SSC Steno 2017)*
(a) दक्षिण-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम (c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण

**73.** बैडमिण्टन : शटल : : क्रिकेट : ? *(SSC Steno 2017)*
(a) पासा (b) गेंद (c) स्ट्राइकर (d) पिच

**74.** भविष्यवाणी : भविष्य :: खेद : ? *(SSC Steno 2016)*
(a) अतीत (b) वर्तमान (c) अपराध (d) समय

**75.** विरोधी : शत्रु : : विपत्ति : ? *(SSC Steno 2016)*
(a) मित्र (b) सक्रिय (c) प्रेम (d) कठिनाई

**76.** पक्षीः कीड़ा : : बिल्ली : ? *(SSC Steno 2016)*
(a) अस्तबल (b) पनीर (c) गुफा (d) चूहा

**77.** यकृत : हृदय : : वृक्क : ? *(Chattisgarh Revenue Inspector 2017)*
(a) खून (b) नाक (c) फेफड़ा (d) पेशाब

**78.** गड़गड़ाहट : वर्षा : : ? : रात्रि *(RRB Clerk 2011)*
(a) दिन (b) झटपटाना (c) अँधेरा (d) शाम
(e) इनमें से कोई नहीं

**79.** पृथ्वी : ग्रह : : चाँद : ? *(SSC CGL 2016)*
(a) सूरज (b) विश्व (c) शुक्र (d) उपग्रह

**80.** पकाना : ब्रेड : : ? : दही *(SSC CPO 2016)*
(a) किण्वन (b) पिघलना (c) थक्का (d) वाष्पीकरण

**81.** रंग : लाल : : भाषा : ? *(SSC CPO 2016)*
(a) पढ़ना (b) लिखना (c) बोलना (d) अंग्रेजी

**82.** कोंकणी : गोवा : : डोगरी : ? *(SSC 10+2 2017)*
(a) मध्य प्रदेश (b) ओडिसा
(c) जम्मू-कश्मीर (d) गुजरात

**83.** ग्रीष्मकाल : गर्मी : शीतकाल : ? *(SSC MTS 2017)*
(a) ठण्डा (b) बर्फ (c) कपास (d) जैकेट

**84.** कमीज : वस्त्र : : गले का हार : ? *(SSC Delhi Police Constable 2017)*
(a) गला (b) गहना (c) मोती (d) गोल

**85.** बादल : बारिश : : सूर्य : ? *(MP Police SI 2017)*
(a) गन्ध (b) प्रकाश (c) पहाड़ (d) कार्य

**86.** दोषी : दोषमुक्त : : आकर्षित :? *(RRB ASM 2009)*
(a) खींचना (b) विकर्षित करना
(c) दुरुपयोग करना (d) न्याय करना

**87.** कॉ-कॉ : बत्तख : : हुंकारना :? *(UP B.Ed 2009)*
(a) लोमड़ी (b) साँड (c) मेंढक (d) बिल्ली

**88.** पुरुष : जीवनी : : राष्ट्र :? *(UPPSC Pre 2013)*
(a) भूगोल (b) इतिहास (c) नेता (d) जनता

**89.** चिकित्सक : रोगी : : राजनीतिज्ञ : ? *(UPPSC Pre 2013)*
(a) जनता (b) मतदाता
(c) पद (d) धन

**90.** दोषी : भूतकाल : : आशा : ? *(UPPSC Pre 2012)*
(a) भविष्यकाल (b) दुःख
(c) वर्तमानकाल (d) भूतकाल

**91.** आऐसिस (नखलिस्तान) : रेगिस्तान :: ? : सागर *(Delhi Police SI 2014)*
(a) द्वीप (b) प्रायद्वीप
(c) बैकवाटर (अप्रवाही) (d) चट्टान (क्लिफ)

***निर्देश*** (प्र.सं. 92-110) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनें, जो पहले युग्म के शब्दों की भाँति आपस में सम्बन्धित हो।*

**92.** कली : फूल : : ? *(IBPS Clerk 2013)*
(a) मिट्टी : कीचड़ (b) पौधा : पेड़
(c) नदी : हिमनदी (d) चिड़िया : पेड़
(e) पृष्ठ : किताब

**93.** रेस्तरां : मेन्यू : : ? *(SSC CGL 2013)*
(a) पुस्तकालय : पुस्तकसूची (b) जर्नल : समाचार-पत्र
(c) पुस्तक : विश्वकोश (d) कॉलेज : लेखा

**94.** रेफ्रिजरेटर : ठण्डा *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) देखना : टेलीविजन (b) बैठना : कुर्सी
(c) फोन : बात करना (d) सुनना : रेडियो

**95.** तीर : धनुष *(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*
(A) फुटबॉल : हाथ (B) सलाद : चाकू
(C) गोली : बंदूक (D) धुआँ : पानी
(a) B (b) C (c) A (d) D

**96.** मच्छर : मलेरिया *(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*
(A) मक्खी : भोजन (B) सड़क : दुर्घटना
(C) मिट्टी : कटाव (D) तम्बाकू : कैंसर
(a) C (b) A (c) B (d) D

**97.** कलम : लिखना *(SSC CPO 2017)*
(a) मिटाना : रबर (b) कप : तरल
(c) पेन्सिल : लकड़ी (d) चाकू : काटना

**98.** बनाना : तोड़ना *(SSC CPO 2017)*
(a) पतला : छोटा (b) लम्बा : छोटा
(c) मोटा : बड़ा (d) लम्बा : सबसे ऊपर

**99.** बुकर पुरस्कार : साहित्य
(a) ग्रेमी पुरस्कार : पत्रकारिता
(b) पुलित्जर पुरस्कार : पत्रकारिता
(c) ग्लोबल पुरस्कार : फिल्म
(d) ऑस्कर पुरस्कार : पर्यावरण

**100.** लेखक : किताब *(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)*
(a) दर्जी : सुई (b) चिकित्सक : मरीज
(c) बढ़ई : फर्नीचर (d) ज्वैलर : सोना

**101.** पक्षी : पिंजरा *(IGNOU B.Ed 2010)*
(a) अपराधी : जेल (b) घोड़ा : लगाम
(c) जमीन : घास (d) नदी : पानी

**102.** कैंची : कपड़ा
(a) कुल्हाड़ी : लकड़ी (b) पत्थर : चक्की
(c) चाकू : पेड़ (d) हंसिया : ईंट

**103.** सुनार : स्वर्ण
(a) बढ़ई : लकड़ी (b) मोची : जूता
(c) जौहरी : आभूषण (d) नाई : शेव (हजामत)

**104.** कबूतर : शान्ति
(a) ताज : सिर (b) सफेद झण्डा : समर्पण
(c) लॉरेंज : विजय (d) युद्ध : स्वतन्त्रता

**105.** दस्ताना : हाथ
(a) गर्दन : कॉलर (b) टाई : शर्ट
(c) मोजा : पैर (d) कोर्ट : पॉकेट

**106.** मेरा : मैं *(UPSSSC Steno 2001)*
(a) हमारा : हमको (b) वह : उसका (स्त्री)
(c) उनका : वह (पुरुष) (d) उनका : उन्हें

**107.** क्रिया : प्रतिक्रिया
(a) उद्दीपन : अनुक्रिया (b) पुस्तक : आवरण
(c) गोलीकाण्ड : दौड़ (d) जन्म : मृत्यु

**108.** चोट : दर्द *(UPSSSC Steno 2000)*
(a) श्रेणी : योग्यता (b) गड़गड़ाहट : तड़ित
(c) घूर्णन : मन्थन (d) विषयवस्तु : श्रम

**109.** फल : बीज
(a) भाप : गर्म (b) दर्जी : वस्त्र
(c) पानी : प्यास (d) फूल : फल

**110.** चिट्ठी : लिफाफा *(MAT 2010)*
(a) टिकट : डाक (b) त्वचा : शरीर
(c) दीवार : ईंट (d) नारियल : खोपड़ी

**111.** कौन वैसा ही है, जैसे–गाय, घोड़ा, गधा, ?
(a) कुत्ता (b) बिल्ली (c) ऊँट (d) बाघ

**112.** कौन वैसा ही है, जैसे–बुध, बृहस्पति, शुक्र, ?
(a) शनि (b) ग्रह (c) उपग्रह (d) तारा

**113.** कौन वैसा ही है, जैसे–जनवरी, फरवरी, मार्च, ?
(a) दिन (b) मंगलवार (c) अप्रैल (d) महीना

**114.** कौन वैसा ही है, जैसे–जनवरी, मार्च, मई, ?
(a) फरवरी (b) अप्रैल (c) जून (d) जुलाई

**115.** कौन वैसा ही है, जैसे– अप्रैल, जून, सितम्बर, ?
(a) जुलाई (b) अगस्त (c) नवम्बर (d) वर्ष

**116.** कौन वैसा ही है, जैसे–शंकु, बेलन, घन, ?
(a) त्रिभुज (b) घनाभ (c) चतुर्भुज (d) पंचभुज

**117.** कौन वैसा ही है, जैसे–पटना, लखनऊ, राँची, ?
(a) देहरादून (b) उदयपुर (c) इलाहाबाद (d) कानपुर

**118.** कौन वैसा ही है, जैसे–बिहार, असम, सिक्किम, ?
(a) बांग्लादेश (b) पाकिस्तान (c) राजस्थान (d) श्रीलंका

***निर्देश*** (प्र.सं. 119-124) *निम्नलिखित प्रश्नों में तीन शब्द दिए गए हैं, जिनमें कुछ सामान्य विशेषता है। इन शब्दों के नीचे उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से किसी एक में वह समान विशेषता है, सही उत्तर विकल्प को चुनिए।*

**119.** खरगोश, चूहा, बकरी *[UP B.Ed 2007]*
(a) मांसाहारी (b) शाकाहारी (c) अण्डज (d) गाय

**120.** घोंसला, गुफा, बिल
(a) जानवर (b) कुत्ता (c) निवास स्थान (d) अस्तबल

**121.** कुश्ती, कराटे, बॉक्सिंग
(a) क्रिकेट (b) हॉकी (c) जूड़ो (d) पोलो

**122.** बछड़ा, बिलौटा, शावक
(a) मेमना (b) सन्तति (c) निरीह (d) बाघ

**123.** कायर, बहादुर, ईमानदार
(a) आडम्बरहीन (b) प्रसन्न (c) साहसी (d) सुन्दर

**124.** टमाटर, बैंगन, फूलगोभी
(a) सब्जी (b) आलू (c) मसाला (d) खाद्य

***निर्देश*** (प्र.सं. 125 और 126) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में समानता का पता लगाइएँ।*

**125.** हाथी, ऊँट, भैंस, जिराफ ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) इन सभी के द्वारा उत्पादित दूध लोगों द्वारा सेवन नहीं किया जा सकता
(B) इन सभी के सींग है
(C) ये सभी स्तनधारी हैं
(D) इन सभी के बच्चे नही होते हैं
(a) C (b) D (c) A (d) B

**126.** टमाटर, अमरूद, तरबूज, सन्तरा ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) ये सभी फल हैं
(B) ये सभी लाल रंग के होते हैं
(C) इनके अन्दर बड़े बीज होते हैं
(D) यह भारत में सभी मौसमों में मिलते हैं
(a) D (b) C (c) B (d) A

***निर्देश*** (प्र.सं. 127-130) *निम्नलिखित प्रश्नों में तीन-तीन शब्द दिए गए हैं तथा इनके नीचे वैकल्पिक शब्द दिए गए हैं। इन वैकल्पिक शब्दों में से एक शब्द ऊपर दिए गए तीनों शब्दों के वर्ग का द्योतक है। उस एक वैकल्पिक द्योतक शब्द को चुनिए।*

**127.** सिंह, बाघ, तेन्दुआ
(a) चीता (b) मांसाहारी (c) सर्कस (d) चिड़ियाघर

**128.** डंडा, खम्भा, झण्डा ***(UPSSSC लघु सिंचाई विभाग 2015)***
(a) तख्ता (b) शहतीर
(c) धुरा (दण्ड या शाफ्ट) (d) इमारती लकड़ी

**129.** प्राण-संचरण, जीवन, जीवित ***(UPSSSC लघु सिंचाई विभाग 2015)***
(a) नश्वरता/मरणशीलता/घातकता (b) क्रियाशील होना
(c) विद्यमान होना/अस्तित्व रखना (d) जीवनशक्ति

**130.** गुफा, घोंसला, मांद
(a) अस्तबल (b) शहर (c) गाँव (d) निवास स्थान

***निर्देश*** (प्र. सं. 131-135) *नीचे तीन शब्द दिए गए हैं, जिनमें परस्पर कोई सम्बन्ध है। वही सम्बन्ध नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प के तीनों शब्दों में है। आपको इनमें से ऐसा विकल्प ज्ञात करना है, जिसमें वही सम्बन्ध हो जो ऊपर दिए गए शब्दों में है।*

**131.** लोहा, चाँदी, सोना
(a) अभिभावक, पिता, माता (b) पेड़, शाखा, फल
(c) हाथ, पैर, शरीर (d) हिरण, शेर, भेड़

**132.** सड़क, बस, ड्राइवर
(a) ट्रैक, ट्रैन, यात्री (b) आकाश, हवाई जहाज, पॉयलेट
(c) कागज, पत्र, पढ़ने वाला (d) घड़ी, जहाज, समुन्द्र

**133.** कक्षा, स्कूल, छात्र
(a) बॉल, बल्ला, पिच (b) बहन, परिवार, भाई
(c) हाथ, शरीर, उंगलियाँ (d) पत्ती, पेड़, जड़

**134.** खेल, हार, जीत
(a) दुर्घटना, मृत्यु, इच्छाशक्ति (b) परीक्षा, सफलता, असफलता
(c) पढ़ना, पुस्तक, मैग्जीन (d) संगीत, नृत्य, कला

**135.** साँप, मगरमच्छ, कछुआ
(a) छिपकली, लोमड़ी, हाथी (b) मनुष्य, साँप, चमगादड़
(c) छिपकली, घड़ियाल, कोबरा (d) हाथी, कोबरा, तोता

***निर्देश*** (प्र.सं. 136-139) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चिह्न (: :) के बाईं ओर एवं दाईं ओर दो-दो पद दिए गए हैं, दोनों ओर के पदों में एक-एक पद लुप्त कर दिया गया है तथा उन्हें A एवं B द्वारा प्रदर्शित किया गया है। लुप्त पद प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से किसी एक में मौजूद हैं, आपको उस सही विकल्प को ज्ञात करना है, जिससे कि (: :) के बाईं ओर के दोनों पदों में जैसा सम्बन्ध बनता हो, ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध चिह्न (: :) के दाईं ओर के दोनों पदों में भी बनता हो, सही विकल्प की अक्षर संख्या आपका उत्तर होगा।* ***(SSC 10+2 2001)***

**136.** A : शक्ति : : घोड़ा गाड़ी : B
(a) A. विद्युत, B. लगाम (b) A. हाथ, B. गाड़ी
(c) A. मोटर, B. घोड़ा (d) A. हैण्डिल, B. पहिया

**137.** पैनीसिलिन : A : : B : रोग
(a) A. जीवन, B. मृत्यु (b) A. औषधि, B. ब्रोंकाइटिस
(c) A. यक्ष्मा, B. निवारण (d) A. वर्ण, B. जाति

**138.** A : प्रकाश : : B : सूर्य
(a) A. अन्धकार, B. रात्रि (b) A. परदा, B. बादल
(c) A. भारी, B. गर्मी (d) A. प्रातः, B. संध्या

**139.** A : श्वानीय : : B : गोजातीय
(a) A. कुत्ता, B. शेर (b) A. गाय, B. बछड़ा
(c) A. भेड़िया, B. बैल (d) A. कुत्ता, B. बिल्ली

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(e)* जिस प्रकार, सैनिक, सेना का एक भाग होता है, उसी प्रकार, खिलाड़ी, टीम का एक भाग होता है।

**2.** *(b)* गाय से दूध प्राप्त होता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। उसी प्रकार, वृक्ष से हमें फल प्राप्त होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं। अतः गाय का दूध से वही सम्बन्ध है जो वृक्ष का फल से है।

**3.** *(d)* जिस प्रकार, खरगोश, बिल में रहता है उसी प्रकार, पागल, पागलखाने में रहता है।

**4.** *(c)* जिस प्रकार, समाचारों को इकट्ठा करने वालों को जर्नलिस्ट कहते हैं। उसी प्रकार, पोस्टल स्टाम्प को संग्रह करने वाले को फिलाटेलिस्ट कहते हैं।

**5.** *(d)* जिस प्रकार, बीमारी का अध्ययन पैथोलॉजी में किया जाता है। उसी प्रकार, ग्रहों का अध्ययन खगोल विज्ञान में किया जाता है।

**6.** *(d)* जिस प्रकार, कोशिका से मिलकर ऊतक बनता है। उसी प्रकार, ऊत्तकों से मिलकर अंग बनता है।

**7.** *(c)* जिस प्रकार, रक्त शिरा में बहता है; उसी प्रकार, तेल, पाइपलाइन में बहता है।

**8.** *(d)* जिस प्रकार, जहाज, कप्तान की देख-रेख में चलता है; उसी प्रकार, अखबार, सम्पादक की देख-रेख में प्रकाशित होता है।

**9.** *(c)* जिस प्रकार, मछली, जल में तैरती है; उसी प्रकार, चिड़िया, आकाश में उड़ती है।

**10.** *(d)* जिस प्रकार, अच्छा, बुरे का विलोम है; उसी प्रकार, छत, फर्श का विलोम है।

**11.** *(c)* जिस प्रकार, अपराध को पुलिस रोकती है; उसी प्रकार, बाढ़ को बाँध रोकता है।

**12.** *(c)* जिस प्रकार, 'पार्लियामेण्ट', ग्रेट ब्रिटेन की संसद का नाम है, उसी प्रकार, कॉंग्रेस, यूएसए की संसद का नाम है।

**13.** *(c)* जिस प्रकार, सावधानी से दुर्घटना नहीं होती है, उसी प्रकार, स्वच्छता से बीमारी नहीं होती।

**14.** *(d)* जिस प्रकार, अदालत मे न्याय मिलता है, उसी प्रकार, विद्यालय में शिक्षा मिलती है।

**15.** *(b)* जिस प्रकार, डॉक्टर का औजार स्टेथिस्कोप है, उसी प्रकार, पेन्टर का औजार ब्रश होता है।

**16.** *(c)* जिस प्रकार, पायरिया, दाँत का रोग होता है, उसी प्रकार, ट्रकोमा, आँख का रोग होता है।

**17.** *(a)* जिस प्रकार, अशिक्षित को शिक्षा देकर शिक्षित किया जाता है, उसी प्रकार, रोगी को औषधि देकर निरोगी किया जाता है।

**18.** *(d)* जिस प्रकार, मूल्य निर्धारक, भवन का मूल्य निर्धारित करते हैं, उसी प्रकार, समीक्षक, पुस्तक की समीक्षा करते हैं।

**19.** *(c)* जिस प्रकार, महासागर, गहरा होता है, उसी प्रकार, तालाब, उथला होता है।

**20.** *(b)* जिस प्रकार, जल का सबसे बड़ा संचित स्रोत महासागर है, जबकि सबसे छोटा स्रोत तालाब है, उसी प्रकार, किलोमीटर का सबसे छोटा (उत्तर विकल्प की सहायता से) स्रोत मिलीमीटर होगा।

**21.** *(d)* जिस प्रकार, खाड़ी के तीनों ओर भूमि होती है, उसी प्रकार, समुद्र के तीनों ओर प्रायद्वीप होता है।

**22.** *(d)* जिस प्रकार, टका, बांग्लादेश की मुद्रा है, उसी प्रकार, युआन, चीन की मुद्रा है।

**23.** *(a)* जिस प्रकार, मूली एक मूल अर्थात् जड़ होती है, उसी प्रकार, बैंगन एक फल होता है।

**24.** *(e)* जिस प्रकार, माता के बच्चे होते हैं, उसी प्रकार, वृक्ष के फूल होते हैं।

**25.** *(d)* जिस प्रकार, अमरूद एक फल होता है, उसी प्रकार, गाजर एक जड़ होती है।

**26.** *(b)* जिस प्रकार, लोहा, धातु होता है, उसी प्रकार, पीतल, मिश्रधातु होती है।

**27.** *(c)* जिस प्रकार, पंखुड़ी, फूल का एक भाग होती है, उसी प्रकार, खिलाड़ी, टीम का एक भाग होता है।

**28.** *(b)* जिस प्रकार, जाओ का विलोम आओ होता है, उसी प्रकार, ऊँचा का विलोम नीचा होता है।

**29.** *(d)* जिस प्रकार, लाल रंग का प्रयोग वाहन को रोकने के लिए किया जाता है, उसी प्रकार, हरे रंग का प्रयोग वाहन के चलने या जाने के लिए किया जाता है।

**30.** *(c)* जिस प्रकार, राइट (write) का भूतकाल रूप रोट (wrote) है उसी प्रकार, हर्ट (hurt) का भूतकाल रूप हर्ट (hurt) होगा।

**31.** *(d)* जिस प्रकार, पत्रिका में मुख्य भूमिका सम्पादक की होती है, उसी प्रकार, नाटक में मुख्य भूमिका निर्देशक की होती है।

**32.** *(b)* जिस प्रकार, मनुष्य के पैर होते हैं, उसी प्रकार, गाय के खुर होते हैं।

**33.** *(a)* जिस प्रकार, गणित में तर्क किया जाता है, उसी प्रकार, विज्ञान में प्रयोग किया जाता है।

**34.** *(a)* जिस प्रकार, ताला, चाबी से खुल जाता है, उसी प्रकार, अपराध का जाँच से पता चल जाता है।

**35.** *(d)* जिस प्रकार, रेडियो को श्रोता सुनते हैं, उसी प्रकार, चलचित्र को दर्शक देखते हैं।

**36.** *(d)* जिस प्रकार, पुस्तक को पुस्तकालय में रखा जाता है, उसी प्रकार, पशु को चिड़ियाघर में रखा जाता है।

**37.** *(c)* जिस प्रकार, स्वास्थ्य का विलोम बीमारी होता है, उसी प्रकार, आनन्द का विलोम दुखः होता है।

**38.** *(c)* जिस प्रकार, गुरुत्व प्रत्येक वस्तु को अपनी ओर कर्ष (खिंचाव) करता है, उसी प्रकार, चुम्बकत्व प्रत्येक वस्तु को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**39.** *(c)* जिस प्रकार, मुख से अभिव्यक्ति प्रकट होती है, उसी प्रकार, संगीत से धुन प्रकट होती है।

**40.** *(d)* जिस प्रकार, दिवस का विलोम रात्रि होता है, उसी प्रकार, गोधूलिवेला का विलोम ऊषाकाल होता है।

**41.** *(a)* जिस प्रकार, चौड़ा का विपरीत संकीर्ण है उसी प्रकार, पैना का विपरीत धारहीन है।

**42.** *(c)* जिस प्रकार, पक्षी वैज्ञानिक, पक्षियों का अध्ययन करता है। उसी प्रकार, कीट वैज्ञानिक, कीटों का अध्ययन करता है।

**43.** *(d)* जिस प्रकार, कीड़ा, रोग का कारण होता है, ठीक उसी प्रकार, युद्ध, विनाश का कारण होता है।

**44.** *(c)* जिस प्रकार, प्रतिरोध का मात्रक ओम हैं, ठीक उसी प्रकार, विद्युतधारा का मात्रक एम्पियर है।

**45.** *(d)* जिस प्रकार, प्रफुल्लित और रुखा एक-दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं, उसी प्रकार, बहादुर और कायर भी एक-दूसरे के विपरीतार्थक हैं।

**46.** *(d)* जिस प्रकार, सविनय और विनम्र एक-दूसरे के पर्याय हैं, उसी प्रकार, निराश्रित और गरीब एक-दूसरे के पर्याय हैं।

**47.** *(b)* जिस प्रकार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य की राजधानी है, उसी प्रकार, राँची, झारखण्ड राज्य की राजधानी है।

**48.** *(c)* जिस प्रकार, दयालु और परोपकारी समानार्थी हैं, उसी प्रकार, से दु:खी और विलापी समानार्थी शब्द हैं।

**49.** *(c)* जिस तरह, शेर, मांद में रहता है, उसी तरह, खरगोश, बिल में रहता है।

**50.** *(c)* जिस प्रकार, वर्षामापी से वर्षा की तीव्रता को मापा जाता है, ठीक उसी प्रकार, सिस्मोग्राफ से भूकम्प की तीव्रता को मापा जाता है।

**51.** *(d)* जिस प्रकार, शिक्षक, स्कूल में कार्य करते हैं, उसी प्रकार, नर्स, अस्पताल में कार्य करती हैं।

**52.** *(a)* जिस प्रकार, खिड़की, बढ़ई बनाता है, उसी प्रकार, मूर्ति, मूर्तिकार बनाता है।

**53.** *(c)* जिस प्रकार, दिल सम्बन्धी बीमारियों का इलाज करने वाले डॉक्टर को कॉर्डियोलॉजिस्ट कहते हैं उसी प्रकार, हड्डियों से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज करने वाले डॉक्टर को ऑर्थोपोडिस्ट कहते हैं।

**54.** *(c)* जिस प्रकार, बर्फ में ठण्डक होती है, उसी प्रकार, पृथ्वी में गुरुत्वाकर्षण होता है।

**55.** *(d)* जिस प्रकार, कैसेट को विडियो प्लेयर में चलाया जाता है, उसी प्रकार, फ्लॉपी को कम्प्यूटर में चलाया जाता है।

**56.** *(b)* जिस प्रकार, बुलबुल की आवाज, बार्बल कहलाती है, उसी प्रकार, मेंढक की आवाज, क्रॉक कहलाती है।

**57.** *(b)* जिस प्रकार, रेशमकीट से रेशम प्राप्त किया जाता है, उसी प्रकार, नाग से विष प्राप्त किया जाता है।

**58.** *(d)* जिस प्रकार, कीटाणुओं से बीमारी होती है, उसी प्रकार, जंग से तबाही होती है।

**59.** *(a)* जिस प्रकार, भारत की मुद्रा रुपया है। उसी प्रकार, यू.के. की मुद्रा पाउण्ड है।

**60.** *(a)* जिस प्रकार, शरीर का मुख्य आधार कंकाल है, उसी प्रकार, भाषा का मुख्य आधार व्याकरण है।

**61.** *(c)* जिस प्रकार, गैराज में मोटरकार को खड़ा किया जाता है, उसी प्रकार, वायुयान को हैंगर में खड़ा किया जाता है।

**62.** *(c)* जिस प्रकार, समाचार-पत्र का निर्माण पाठक के लिए किया जाता है। उसी प्रकार, रोटी का निर्माण उपभोक्ता के लिए किया जाता है।

**63.** *(d)* जिस प्रकार, मैराथन, एक प्रकार की दौड़ है, उसी प्रकार, शीतनिद्रा एक प्रकार की निद्रा है।

**64.** *(d)* जिस प्रकार, शक्ति का मात्रक वाट है। उसी प्रकार, आयतन का मात्रक लीटर होता है।

**65.** *(b)* कम्प्यूटर विषय के अन्तर्गत, दस, दशमलव पद्धति का आधार होता है तथा दो, युग्मक (बाइनरी) पद्धति का आधार होता है।

**66.** *(c)* जिस प्रकार, आशावादी व्यक्ति सदैव प्रसन्न रहता है, उसी प्रकार, निराशावादी व्यक्ति सदैव उदास रहता है।

**67.** *(c)* जिस प्रकार, धन का दुरुपयोग होता है, उसी प्रकार, लेखन की साहित्यिक चोरी की जा सकती है।

**68.** *(d)* जिस प्रकार, भेड़ के मांस को मटन कहते हैं, उसी प्रकार, हिरन के मांस को वेनिजन कहते हैं।

**69.** *(b)* जिस प्रकार, मोची चमड़े को विभिन्न रूप देकर जूते बनाता है, उसी प्रकार, दर्जी कपड़े का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के परिधान बनाता है।

**70.** *(a)* जिस प्रकार, नम्य का विलोम अनम्य होता है, उसी प्रकार, आत्मविश्वास का विलोम आत्मसंशय होता है।

**71.** *(a)* जिस प्रकार, बटुआ, पैसे रखने के लिए होता है उसी प्रकार, अलमारी, कपड़े रखने के लिए होती है।

**72.** *(b)* जिस प्रकार, पूर्व की विपरीत दिशा पश्चिम है। उसी प्रकार, उत्तर-पूर्व की विपरीत दिशा दक्षिण-पश्चिम है।

**73.** *(b)* जिस प्रकार, बैडमिण्टन खेल में शटल का प्रयोग होता है। उसी प्रकार, क्रिकेट खेल में गेंद का प्रयोग होता है।

**74.** *(a)* जिस प्रकार, भविष्य के लिए भविष्यवाणी की जा सकती है, उसी प्रकार, अतीत के लिए खेद व्यक्त किया जा सकता है।

**75.** *(d)* जिस प्रकार, विरोधी और शत्रु समान होते हैं, उसी प्रकार, विपत्ति और कठिनाई भी समान होती हैं।

**76.** *(d)* जिस प्रकार, पक्षी, कीड़ा खाता है, उसी प्रकार, बिल्ली, चूहा खाती है।

**77.** *(c)* जिस प्रकार, यकृत और वृक्क दोनों रक्त के शुद्धिकरण से सम्बन्धित हैं, उसी प्रकार, हृदय और फेफड़े रक्त की पम्पिंग से सम्बन्धित हैं।

**78.** *(c)* जिस प्रकार, वर्षा के समय गड़गड़ाहट होती है, उसी प्रकार, रात्रि के समय अँधेरा होता है।

**79.** *(d)* जिस प्रकार, पृथ्वी एक ग्रह है उसी प्रकार, चन्द्रमा एक उपग्रह है।

**80.** *(a)* जिस प्रकार, पकाने की क्रिया से ब्रेड बनता है उसी प्रकार, किण्वन से दही बनती है।

**81.** *(d)* जिस प्रकार, लाल एक रंग है उसी प्रकार, अंग्रेजी एक भाषा है।

**82.** *(c)* जिस प्रकार, कोंकणी, गोवा की भाषा है उसी प्रकार, डोगरी, जम्मू-कश्मीर की भाषा है।

**83.** *(a)* जिस प्रकार, ग्रीष्मकाल में गर्मी का अहसास होता है। ठीक उसी प्रकार, शीतकाल में ठण्ड का अहसास होता है।

**84.** *(b)* जिस प्रकार, कमीज एक वस्त्र है, ठीक उसी प्रकार, गले का हार एक गहना है।

**85.** *(b)* जिस प्रकार, बादलों से बारिश प्राप्त होती है ठीक उसी प्रकार, सूर्य से प्रकाश प्राप्त होता है।

**86.** *(b)* जिस प्रकार, दोषी का विलोम दोषमुक्त होता है, उसी प्रकार, आकर्षित का विलोम विकर्षित करना होता है।

**87.** *(b)* जिस प्रकार, बत्तख, कॉ-कॉ करती है, उसी प्रकार, साँड, हुंकारते हैं।

**88.** *(b)* जिस प्रकार, किसी पुरुष के जीवन की कहानी, जीवनी होती है, उसी प्रकार, किसी राष्ट्र की कहानी, इतिहास होती है।

**89.** *(b)* जिस प्रकार, चिकित्सक अपने रोगियों का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार, राजनीतिज्ञ अपने मतदाताओं का ध्यान रखते हैं।

**90.** *(a)* जिस प्रकार, दोषी, भूतकाल से सम्बद्ध है, उसी प्रकार, आशा, भविष्यकाल से सम्बद्ध है।

**91.** *(b)* जिस प्रकार, रेगिस्तान के बीच में ओएसिस (पानी का तालाब) होता है, उसी प्रकार, सागर के बीच में प्रायद्वीप (भूमि का टुकड़ा) होता है।

**92.** *(b)* जिस प्रकार, कली का विकसित रूप फूल है, उसी प्रकार, पौधे का विकसित रूप पेड़ है।

**93.** *(a)* जिस प्रकार, रेस्तरां में खाने की वस्तुओं के लिए मेन्यू होता है, उसी प्रकार, पुस्तकालय में पुस्तकों के लिए पुस्तकसूची होती है।

**94.** *(c)* जिस प्रकार, रेफ्रिजरेटर का काम ठण्डा करना होता है। उसी प्रकार, फोन का कार्य बात कराना होता है।

**95.** *(b)* जिस प्रकार, तीर चलाने के लिए धनुष का प्रयोग किया जाता है। उसी प्रकार, गोली चलाने के लिए बंदूक का प्रयोग किया जाता है।

**96.** *(d)* जिस प्रकार, मच्छर के काटने से मलेरिया होता है उसी प्रकार, तम्बाकू के सेवन से कैंसर होता है।

**97.** *(d)* जिस प्रकार, कलम की सहायता से लिखा जाता है, ठीक उसी प्रकार, चाकू की सहायता से किसी वस्तु (यथा सब्जी) को काटने का कार्य किया जाता है।

**98.** *(b)* जिस प्रकार, बनाना का विपरीतार्थक शब्द तोड़ना होता है, ठीक उसी प्रकार, लम्बा का विपरीतार्थक छोटा होता है।

**99.** *(b)* जिस प्रकार, बुकर पुरस्कार, साहित्य के क्षेत्र में दिया जाता है, ठीक उसी प्रकार, पुलित्जर पुरस्कार, पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता है।

**100.** *(c)* जिस प्रकार, लेखक, किताब लिखता है, उसी प्रकार, बढ़ई, फर्नीचर बनाता है।

**101.** *(a)* जिस प्रकार, पक्षी को पिंजरे में कैद करके रखा जाता है, उसी प्रकार, अपराधी को जेल में कैद करके रखा जाता है।

**102.** *(a)* जिस प्रकार, कैंची से कपड़ा काटा जाता है, उसी प्रकार, कुल्हाड़ी से लकड़ी काटी जाती है।

**103.** *(a)* जिस प्रकार, सुनार, स्वर्ण से आभूषण बनाता है, उसी प्रकार, बढ़ई, लकड़ी से फर्नीचर बनाता है।

**104.** *(b)* जिस प्रकार, कबूतर, शान्ति का प्रतीक होता है, उसी प्रकार, सफेद झण्डा, समर्पण का प्रतीक होता है।

**105.** *(c)* जिस प्रकार, दस्ताना, हाथ में पहना जाता है, उसी प्रकार, मोजा, पैर में पहना जाता है।

**106.** *(c)* जिस प्रकार, मेरा, मैं का सम्बन्धकारक का रूप है, उसी प्रकार, उनका, वह (पुरुष) का सम्बन्धकारक का रूप है।

**107.** *(d)* जिस प्रकार, क्रिया का विलोम प्रतिक्रिया होता है, उसी प्रकार, जन्म का विलोम मृत्यु होता है।

**108.** *(b)* जिस प्रकार, चोट लगने के बाद दर्द होता है, उसी प्रकार, गड़गड़ाहट होने के बाद तड़ित होता है।

**109.** *(d)* जिस प्रकार, बीज, फल से बनता है, उसी प्रकार, फल, फूल से बनता है।

**110.** *(d)* जिस प्रकार, चिट्ठी, लिफाफे के अन्दर रहती है, उसी प्रकार, नारियल, खोपड़ी के अन्दर रहता है।

**111.** *(c)* गाय, घोड़ा, गधा और ऊँट सभी शाकाहारी जानवर हैं।

**112.** *(a)* बुध, ब्रहस्पति, शुक्र और शनि सभी ग्रह हैं।

**113.** *(c)* प्रश्न में सभी महीनों के नाम दिए गए हैं और अप्रैल भी एक महीने का नाम है।

**114.** *(d)* प्रश्न में सभी माह 31 दिन के दिए गए हैं और जुलाई माह में भी 31 दिन होते हैं।

**115.** *(c)* प्रश्न में सभी माह 30 दिन के दिए गए हैं और नवम्बर माह में भी 30 दिन होते हैं।

**116.** *(b)* प्रश्न में सभी त्रिविमीय आकृतियाँ दी गई हैं और घनाभ भी एक त्रिविमीय आकृति है।

**117.** *(a)* प्रश्न में सभी राज्य की राजधानियाँ दी गई हैं और देहरादून भी उत्तराखण्ड राज्य की राजधानी है।

**118.** *(c)* प्रश्न में सभी भारत के राज्य दिए गए हैं और राजस्थान भी भारत का एक राज्य है।

**119.** *(d)* प्रश्न में सभी शाकाहारी जानवर दिए गए हैं और गाय भी एक शाकाहारी जानवर है।

**120.** *(d)* प्रश्न में सभी जानवरों के निवास स्थान दिए गए हैं और अस्तबल भी घोड़े के रहने का निवास स्थान है।

**121.** *(c)* प्रश्न में सभी जोखिम भरे आक्रामक खेल दिए गए हैं और जूड़ों भी एक जोखिम भरा आक्रामक खेल है।

**122.** *(a)* प्रश्न में सभी जानवरों के बच्चे दिए गए हैं और बकरी के बच्चे को मेमना कहते हैं।

**123.** *(c)* प्रश्न में सभी मनुष्य के स्वभाव दिए गए हैं और व्यक्ति का साहसी होना भी उसके स्वभाव को दर्शाता है।

**124.** *(b)* आलू एक सब्जी है और प्रश्न में दी गई सभी सब्जियाँ हैं।

**125.** *(a)* हाथी, ऊँट, भैंस तथा जिराफ ये सभी स्तनधारी हैं।

**126.** *(d)* टमाटर, अमरूद, तरबूज और सन्तरा सभी फल हैं।

**127.** *(b)* प्रश्न में दिए गए सभी मांसाहारी जानवर हैं।

**128.** *(c)* दिए गए तीनों शब्द डंडा, खम्भा तथा झण्डा एक ही प्रकृति के हैं। विकल्प (c) धुरा (दण्ड या शाफ्ट) भी इसी प्रकृति का है।

**129.** *(c)* प्राण-संचरण, जीवन तथा जीवित के समान शब्द विद्यमान होना तथा अस्तित्व रखना है।

**130.** *(d)* गुफा, घोंसला तथा मांद ये सभी निवास स्थान हैं।

**131.** *(d)* जिस प्रकार, लोहा, चाँदी और सोना तीनों धातु हैं। उसी प्रकार, हिरण, शेर और भेड़ तीनों जानवर हैं।

**132.** *(b)* जिस प्रकार, बस, सड़क पर चलती और ड्राइवर इसे चलाता है। उसी प्रकार, हवाई जहाज, आकाश में उड़ता है और पॉयलेट इसे उड़ाता है।

**133.** *(c)* जिस प्रकार, कक्षा में छात्र होते हैं और कक्षाएँ, स्कूल में होती है। उसी प्रकार, उंगलियाँ, हाथ में होती है और हाथ, शरीर का एक भाग है।

**134.** *(b)* जिस प्रकार, खेल में या तो जीत या फिर हार होती है। उसी प्रकार, परीक्षा में या तो सफलता या फिर असफलता मिलती है।

**135.** *(c)* जिस प्रकार, साँप, मगरमच्छ और कछुआ तीनों सरीसृप है उसी प्रकार, छिपकली, घड़ियाल और कोबरा भी सरीसृप है।

**136.** *(c)* जिस प्रकार, मोटर को चलाने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है उसी प्रकार, घोड़ा गाड़ी को चलाने के लिए घोड़े की आवश्यकता होती है।

**137.** *(b)* जिस प्रकार, पैनीसिलिन एक औषधि है, उसी प्रकार, ब्रोंकाइटिस एक रोग है।

**138.** *(b)* जिस प्रकार, परदे से आने वाला प्रकाश ढ़क जाता है, उसी प्रकार, बादल से सूर्य ढ़क जाता है।

**139.** *(c)* जिस प्रकार, भेड़िया श्वानीय कुल का होता है, उसी प्रकार, बैल गोजातीय होता है।

# प्रकार 2. अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न, अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों या अक्षर-समूहों पर आधारित होते हैं। इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो अक्षर-समूहों के सम्बन्ध को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरे अक्षर-समूह के लिए सही उत्तर को विकल्पों में से ज्ञात करना होता है।

साधारणतः इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न अक्षरों के क्रम पर आधारित होते हैं। अतः ऐसे प्रश्नों को हल करने हेतु अक्षरों के क्रम पर आधारित उनकी संगत संख्याओं को याद रखना आवश्यक होता है। इसके अतिरिक्त परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्न अक्षरों के आवर्तन, स्वर व व्यंजन, छोटे व बड़े अक्षर इत्यादि पर भी आधारित होते हैं।

**अंग्रेजी अक्षर तथा उनकी संगत संख्याएँ**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अंग्रेजी अक्षर** | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
| **संगत संख्या** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| **अंग्रेजी अक्षर** | N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
| **संगत संख्या** | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

**अंग्रेजी अक्षर के स्वर और व्यंजन अक्षर**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वर अक्षर** | A | | | | E | | | | I | | | | |
| **व्यंजन अक्षर** | | B | C | D | | F | G | H | | J | K | L | M N |
| **स्वर अक्षर** | O | | | | | | U | | | | | | |
| **व्यंजन अक्षर** | | P | Q | R | S | T | | V | W | X | Y | Z | |

**अंग्रेजी अक्षर के छोटे व बड़े अक्षर**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **बड़े अक्षर** | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
| **छोटे अक्षर** | a | b | c | d | e | f | g | h | i | j | k | l | m |
| **बड़े अक्षर** | N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
| **छोटे अक्षर** | n | o | p | q | r | s | t | u | v | w | x | y | z |

अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता से सम्बन्धित प्रश्नों को निम्न उदाहरणों की सहायता से समझा जा सकता है

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 12-18) *नीचे : : चिह्न के बाईं ओर दो पद तथा दाईं ओर एक पद एवं एक प्रश्नवाचक चिह्न (?) दिया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर दिए गए वैकल्पिक पदों में से कौन-सा एक पद ऐसा है, जिसका दाईं ओर वाले पद से वही सम्बन्ध है जैसा कि बाईं ओर के दोनों पदों में है?*

***उदाहरण* 12.** CHAIR : RIAHC : : TABLE : ?

(a) ELBAT (b) BLAET (c) ETABL (d) LETAB

***व्याख्या*** *(a)* जिस प्रकार, C H A I R ⟶ R I A H C

यहाँ अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा गया है।

उसी प्रकार, T A B L E ⟶ E L B A T

***उदाहरण* 13.** BCFDH : YXUWS : : MAGKD : ? *(SSC Steno 2016)*

(a) NCTMW (b) NZTPW (c) KXKMQ (d) KZTPQ

***व्याख्या*** *(b)* जिस प्रकार, B C F D H ⟶ Y X U W S

उसी प्रकार, M A G K D ⟶ N Z T P W

यहाँ प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में लिखा गया है।

***उदाहरण* 14.** HORSE : SERHO :: CURSE : ?

*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

(A) SECRU (B) RCUES (C) SERCU (D) ERCUS

(a) D (b) C (c) B (d) A

***व्याख्या*** *(b)* जिस प्रकार, HO R SE ⟶ SE R HO

उसी प्रकार, CU R SE ⟶ SE R CU

***उदाहरण* 15.** VIJAY : BDMLY : : SUDHA : ?

(a) DJKYV (b) DKGYU (c) DKGXV (d) DKDZV

***व्याख्या*** *(c)* जिस प्रकार,

22 9 10 1 25 → 2 4 13 12 25
V I J A Y ⟶ B D M L Y
(+3, +3, +3, +3, +3)

उसी प्रकार,

19 21 4 8 1 → 4 11 7 24 22
S U D H A ⟶ D K G X V
(+3, +3, +3, +3, +3)

***उदाहरण* 16.** EGH : IJK :: NPQ : ? *(UP Police SI 2017)*

(a) PRS (b) RSU (c) RTU (d) RST

***व्याख्या*** *(d)* जिस प्रकार, E G H → (+4, +3, +3) → I J K

उसी प्रकार, N P Q → (+4, +3, +3) → R S T

***उदाहरण* 17.** DART : XGLZ :: SPIN : ?

*(UPSSSC अधिनस्थ कृषि सेवा प्राविधिक सहायक परीक्षा 2019)*

(a) MVOT (b) YVCT (c) YJCT (d) MVCT

***व्याख्या*** *(d)* जिस प्रकार, D A R T ⟶ X G L Z (−6, +6, −6, +6)

उसी प्रकार, S P I N ⟶ M V C T (−6, +6, −6, +6)

***उदाहरण* 18.** SHOE : NCJZ : : REWA : ? *(SSC 10+2 2013)*

(a) MZRV (b) CAAR (c) WJBF (d) CITY

***व्याख्या*** *(a)* जिस प्रकार,

19 8 15 5 → 14 3 10 26
S H O E ⟶ N C J Z
(−5, −5, −5, −5)

उसी प्रकार,

18 5 23 1 → 13 26 18 22
R E W A ⟶ M Z R V
(−5, −5, −5, −5)

# प्रश्नावली 2.2

**1.** जिस प्रकार ERID सम्बन्धित है DIRE से, उसी प्रकार RIPE सम्बन्धित है.....से। *(IBPS Clerk 2011)*
(a) EPIR (b) PERI (c) EPRI (d) PEIR
(e) IPRE

**2.** MP का NQ से वही सम्बन्ध है, जो BE का ...... से है। *(Andhra Bank PO 2009)*
(a) CF (b) DG (c) CG (d) DF
(e) इनमें से कोई नहीं

**3.** AG उसी प्रकार सम्बन्धित है IO से, जिस प्रकार EK सम्बन्धित है *(Uttarakhand Police SI 2015)*
(a) MS से (b) LR से (c) PV से (d) SY से

**4.** BF का IM से वही सम्बन्ध है, जो HL का ...... से है। *(UBI PO 2010)*
(a) PT (b) NR (c) OR (d) OS
(e) इनमें से कोई नहीं

**5.** JM का PS से वही सम्बन्ध है, जो BE का ...... से है। *(SBI PO 2009)*
(a) HJ (b) HK (c) IL (d) JM
(e) इनमें से कोई नहीं

**6.** FI जिस प्रकार सम्बन्धित है KN से, उसी प्रकार PS सम्बन्धित है *(Indian Bank Clerk 2009)*
(a) VY (b) UX (c) WZ (d) UY
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** AB का CD से वही सम्बन्ध है, जो YZ का ... से है। *(IBPS Clerk 2011)*
(a) AB (b) AC (c) WX (d) UV
(e) इनमें से कोई नहीं

**8.** FI का LO से वही सम्बन्ध है, जो PS का ...... से है। *(PNB PO 2009)*
(a) VY (b) VZ (c) WZ (d) UX
(e) इनमें से कोई नहीं

**9.** जिस प्रकार WT का सम्बन्ध QN से है, उसी प्रकार FC का सम्बन्ध किससे है? *(BOB Clerk 2010)*
(a) KH (b) MJ (c) GJ (d) GK
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** जिस प्रकार PRT का सम्बन्ध KMO से है, उसी प्रकार JLN का सम्बन्ध किससे है?
(a) DFI (b) EGI (c) DFH (d) DGI
(e) इनमें से कोई नहीं

यदि किसी संख्या श्रृंखला की प्रथम तथा अन्तिम संख्याओं में अन्तर बहुत अधिक हो और उसकी प्रत्येक संख्या में क्रमशः किसी निश्चित संख्या से गुणा करके बढ़ते क्रम में कोई संख्या घटाने पर क्रमशः अगली संख्याएँ प्राप्त होती हों, तो वह संख्या श्रृंखला नियत गुणा तथा बढ़ते क्रम में घटाव श्रृंखला कहलाती है।

***उदाहरण* 14.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4, 7, 12, 21, 38, ?

(a) 76 (b) 75 (c) 74 (d) 71

***व्याख्या*** (d) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

4 7 12 21 38 **71**

×2–1 ×2–2 ×2–3 ×2–4 ×2–5

∴ अभीष्ट संख्या = 38 × 2 – 5 = 76 – 5 = 71

## 11. बढ़ते क्रम में गुणा तथा नियत घटाव श्रृंखला

यदि किसी संख्या श्रृंखला की प्रथम तथा अन्तिम संख्याओं में अन्तर बहुत अधिक हो और उसकी प्रत्येक संख्या में क्रमशः बढ़ते क्रम में संख्या से गुणा करके कोई निश्चित संख्या घटाने पर क्रमशः अगली संख्याएँ प्राप्त होती हों, तो वह संख्या श्रृंखला बढ़ते क्रम में गुणा तथा नियत घटाव श्रृंखला कहलाती है।

***उदाहरण* 15.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2, 2, 4, 14, 68, ?

(a) 128 (b) 526 (c) 406 (d) 302

***व्याख्या*** (c) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 2 4 14 68 **406**

×2–2 ×3–2 ×4–2 ×5–2 ×6–2

∴ अभीष्ट संख्या = 68 × 6 – 2 = 408 – 2 = 406

## 12. बढ़ते क्रम में गुणा तथा बढ़ते क्रम में घटाव श्रृंखला

यदि किसी संख्या श्रृंखला की प्रथम तथा अन्तिम संख्याओं में अन्तर बहुत अधिक हो और उसकी प्रत्येक संख्या में क्रमशः बढ़ते क्रम में संख्या से गुणा करके बढ़ते क्रम में किसी संख्या को घटाने पर क्रमशः अगली संख्याएँ प्राप्त हों, तो वह संख्या श्रृंखला बढ़ते क्रम में गुणा तथा बढ़ते क्रम में घटाव श्रृंखला कहलाती है।

***उदाहरण* 16.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3, 5, 13, 49, 241, ?

(a) 1200 (b) 1441

(c) 4411 (d) 1446

***व्याख्या*** (b) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 5 13 49 241 **1441**

×2 –1 ×3 –2 ×4 –3 ×5 –4 ×6 –5

∴ अभीष्ट संख्या = 241 × 6 – 5 = 1446 – 5 = 1441

## 13. गुणा तथा भाग श्रृंखला

यदि किसी संख्या श्रृंखला में क्रमशः बारी-बारी से गुणा तथा भाग करने पर अगला पद प्राप्त हो, तो वह संख्या श्रृंखला, गुणा तथा भाग श्रृंखला कहलाती है।

***उदाहरण* 17.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12, 36, 18, 54, 27, ?

(a) 81 (b) 9

(c) 18 (d) 108

***व्याख्या*** (a) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

12 36 18 54 27 **81**

×3 ÷2 ×3 ÷2 ×3

∴ अभीष्ट संख्या = 27 × 3 = 81

## 14. वर्ग शृंखला

यदि किसी शृंखला के सभी पद एक निश्चित क्रम में किसी-न-किसी संख्या के वर्ग हों, तो वह संख्या शृंखला, वर्ग शृंखला कहलाती है।

**उदाहरण 18.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक संख्या लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे। *(SSC CGL 2016)*

49, 64, ?, 100, 121

(a) 74 (b) 80
(c) 75 (d) 81

***व्याख्या*** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

| 49 | 64 | 81 | 100 | 121 |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $(7)^2$ | $(8)^2$ | $(9)^2$ | $(10)^2$ | $(11)^2$ |

∴ अभीष्ट संख्या = $(9)^2 = 81$

## 15. घन शृंखला

यदि किसी संख्या शृंखला के सभी पद एक निश्चित क्रम में किसी-न-किसी संख्या के घन हों, तो वह संख्या शृंखला, घन शृंखला कहलाती है।

**उदाहरण 19.** नीचे दी गई शृंखला में खाली स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2019)*

1, 8, 27, 64, 125, ..., 343

(a) 216 (b) 225
(c) 250 (d) 206

***व्याख्या*** *(a)* शृंखला का क्रम निम्नवत् है

| 1 | 8 | 27 | 64 | 125 | 216 | 343 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $1^3$ | $2^3$ | $3^3$ | $4^3$ | $5^3$ | $6^3$ | $7^3$ |

अतः दी गई शृंखला में खाली स्थान पर 216 आएगा।

**नोट** यहाँ प्रथम सात प्राकृतिक संख्याओं के घन की शृंखला दी गई है।

## 16. वर्ग योग शृंखला

यदि किसी संख्या शृंखला की प्रारम्भिक दो संख्याओं में अन्तर बहुत कम तथा अन्तिम दो संख्याओं में अन्तर बहुत अधिक हो और एक निश्चित क्रम में संख्याओं के वर्गों का योग करने पर अगली संख्याएँ प्राप्त हो, तो वह संख्या शृंखला वर्ग योग शृंखला कहलाती है।

**उदाहरण 20.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(SSC CPO 2017)*

534, 543, 559, 584, 620, ?

(a) 648 (b) 676
(c) 669 (d) 671

***व्याख्या*** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

534 → 543 → 559 → 584 → 620 → 669

$+(3)^2$ $+(4)^2$ $+(5)^2$ $+(6)^2$ $+(7)^2$

∴ अभीष्ट संख्या = $620 + (7)^2 = 669$

## 17. घन योग शृंखला

यदि किसी संख्या शृंखला की आरम्भिक दो संख्याओं में अन्तर बहुत कम तथा अन्तिम दो संख्याओं में अन्तर बहुत अधिक हो और एक निश्चित क्रम संख्याओं के घनों का योग करने पर अगली संख्याएँ प्राप्त होती हों, तो वह संख्या शृंखला, घन योग शृंखला कहलाती है।

**उदाहरण 21.** निम्नलिखित संख्या शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(UP Police SI 2017)*

7, 8, 16, 43, ?

(a) 117 (b) 107 (c) 87 (d) 127

***व्याख्या*** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 → 8 → 16 → 43 → 107

$+1^3$ $+2^3$ $+3^3$ $+4^3$

∴ अभीष्ट संख्या = $43 + (4)^3 = 107$

## 18. अभाज्य संख्या शृंखला

एक निश्चित क्रम में अभाज्य संख्याओं की शृंखला, अभाज्य संख्या शृंखला हो सकती है।

**उदाहरण 22.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11, 13, 17, 19, 23, 29, ?

(a) 30 (b) 31 (c) 32 (d) 33

***व्याख्या*** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

11 → 13 → 17 → 19 → 23 → 29 → 31

(प्रत्येक चरण: आगे की अभाज्य संख्या)

∴ अभीष्ट संख्या = 29 के बाद की अभाज्य संख्या = 31

## 19. संख्या के अंकों की संक्रिया शृंखला

दी गई संख्या शृंखला की संख्याओं के अंकों में योग, गुणन, भाग, घटाव की क्रिया द्वारा शृंखला की अगली संख्या को ज्ञात किया जा सके, तो इस प्रकार बनने वाली शृंखला को संख्या के अंकों की संक्रिया शृंखला कहा जाता है।

**उदाहरण 23.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

77, 49, 36, 18, ?

(a) 10 (b) 12 (c) 8 (d) 16

***व्याख्या*** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

77 → 49 → 36 → 18 → 8

$(7\times7)$ $(4\times9)$ $(3\times6)$ $(1\times8)$

∴ अभीष्ट संख्या = $18 \Rightarrow 1 \times 8 = 8$

## 20. संख्या की स्थानीयता की संक्रिया शृंखला

जब किसी दी गई संख्या शृंखला की संख्याओं के अंकों के स्थान के आधार पर उनमें योग, गुणन, भाग, घटाव की क्रिया द्वारा शृंखला की मध्य संख्याओं को ज्ञात किया जा सके, तो इस प्रकार बनने वाली शृंखला को संख्या की स्थानीयता की संक्रिया शृंखला कहते हैं।

**उदाहरण 24.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3, 15, 5, 35, 7, 63, ?

(a) 10 (b) 126 (c) 9 (d) 84

***व्याख्या*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3×5 5×7 7×9

3 15 5 35 7 63 [9]

+2 +2 +2

∴ अभीष्ट संख्या = 7 + 2 = 9

## 21. अन्तराल श्रृंखला

यदि दी गई किसी संख्या श्रृंखला की पहली, तीसरी, पाँचवीं, सातवीं), ......... संख्याओं में एक निश्चित संख्या को जोड़ने या घटाने या उस निश्चित संख्या से गुणा करने या भाग देने पर क्रमशः दूसरी, चौथी, छठी, आठवीं, ......... संख्याएँ प्राप्त होती हों और दूसरी, चौथी, छठी, ......... संख्याओं में एक दूसरी किसी निश्चित संख्या को जोड़ने या घटाने या उस निश्चित संख्या से गुणा करने या भाग देने से क्रमशः तीसरी, पाँचवीं, सातवीं, ......... संख्याएँ प्राप्त हों, तो वह संख्या श्रृंखला अन्तराल श्रृंखला हो सकती है।

**उदाहरण 25.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(SSC CGL 2015)*

36, 34, 30, 28, 24, ?

(a) 20 (b) 22 (c) 26 (d) 23

***व्याख्या*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

36 34 30 28 24 [22]

−2 −4 −2 −4 −2

∴ अभीष्ट संख्या = 22

**उदाहरण 26.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2, 4, 12, 24, 72, 144, ?

(a) 228 (b) 432 (c) 182 (d) 864

***व्याख्या*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 4 12 24 72 144 [432]

×2 ×3 ×2 ×3 ×2 ×3

∴ अभीष्ट संख्या = 144 × 3 = 432

## 22. मिश्रित (एकान्तर) श्रृंखला

यदि दी गई किसी संख्या श्रृंखला की पहली, तीसरी, पाँचवीं, ......... संख्याओं में एक निश्चित संख्या को जोड़ने या घटाने या गुणा करने या भाग देने पर क्रमशः तीसरी, पाँचवीं, सातवीं, ......... संख्याएँ प्राप्त होती हों और दूसरी, चौथी, छठी, ......... संख्याओं में किसी दूसरी निश्चित संख्या को जोड़ने या घटाने या गुणा करने या भाग देने पर क्रमशः चौथी, छठी, आठवीं, ......... संख्याएँ प्राप्त होती हों, तो वह संख्या श्रृंखला, मिश्रित श्रृंखला हो सकती है।

**उदाहरण 27.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(MAT 2015)*

0, 2, 3, 5, 8, 10, 15, 17, 24, 26, ?

(a) 28 (b) 30 (c) 32 (d) 35

***व्याख्या*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+3 +5 +7 +9

0 2 3 5 8 10 15 17 24 26 [35]

+3 +5 +7 +9 +11

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर 35 आएगा।

**उदाहरण 28.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(SSC CPO 2017)*

2, 6, 4, 9, 8, 13, 16, 18, 32, ?

(a) 24 (b) 26 (c) 22 (d) 28

***व्याख्या*** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

×2 ×2 ×2 ×2

2 6 4 9 8 13 16 18 32 [24]

+3 +4 +5 +6

∴ अभीष्ट संख्या = 18 + 6 = 24

**उदाहरण 29.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

62, 64, 30, 32, 14, 16, ?

(a) 6 (b) 8 (c) 10 (d) 12

***व्याख्या*** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

62 64 30 32 14 16 [6]

÷2−1 ÷2−1 ÷2−1

÷2 ÷2

∴ अभीष्ट संख्या = 14 ÷ 2 − 1 = 7 − 1 = 6

## 23. नई श्रृंखला

इसके अन्तर्गत एक संख्या श्रृंखला दी गई होती है। इसके नीचे एक और संख्या श्रृंखला दी गई होती है, जिसकी पहली संख्या दी गई होती है परन्तु अन्य संख्याओं के स्थान पर (A), (B), (C), (D) और (E) अक्षर लिखे होते हैं। ऊपर दी गई श्रृंखला में संख्याएँ बाएँ से दाएँ किसी गणितीय नियमानुसार व्यवस्थित होती हैं। आपको उसी गणितीय नियम का पालन करते हुए (A), (B), (C), (D) और (E) के स्थान पर आने वाली संख्याओं को प्रश्नानुसार ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण 30.** 2 7 12 17 22 27

3 (A) (B) (C) (D) (E)

(D) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

(a) 18 (b) 19 (c) 20 (d) 23

***व्याख्या*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 7 12 17 22 [27]

+5 +5 +5 +5 +5

(A) (B) (C) (D) (E)

3 8 13 18 [23] 28

+5 +5 +5 +5 +5

∴ अभीष्ट संख्या = 18 + 5 = 23

**नोट** उपरोक्त के अतिरिक्त भी श्रृंखलाओं का क्रम कुछ मिली-जुली संक्रियाओं पर आधारित हो सकता है अर्थात् इनमें दो या दो से अधिक संक्रियाओं को करने पर अगली संख्या प्राप्त होती है।

जैसे (i)

2 7 32 169 [1030]

$\times3+(1)^2$ $\times4+(2)^2$ $\times5+(3)^2$ $\times6+(4)^2$

(ii)

3 5 16 62 [312]

×2−1 ×3+1 ×4−2 ×5+2

# प्रश्नावली 5.1

**निर्देश** (प्र. सं. 1-102) *निम्न प्रश्नों में दी गई श्रृंखला को पूर्ण करने के लिए लुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए।*

**1.** 1, 3, 6, 5, 7, 10, 11, 13, 16, ……… 21, 24 *(Chattisgarh Patwari 2019)*
(a) 17 (b) 19 (c) 15 (d) इनमें से कोई नहीं

**2.** 3, 7, 11, 15, …… *(SSC Steno 2019)*
(a) 18 (b) 21 (c) 23 (d) 19

**3.** 16, 15, 12, 7, …… *(SSC Steno 2019)*
(a) 2 (b) –2 (c) 1 (d) 0

**4.** 43, 48, 58, 73, …… *(SSC Steno 2019)*
(a) 78 (b) 93 (c) 83 (d) 88

**5.** 4, 5, 14, 39, 88, 169, … *(SSC Steno 2019)*
(a) 290 (b) 200 (c) 299 (d) 209

**6.** 100, 105, 111, 118, 126, 135, … *(UPSSSC अधीनस्थ कृषि सेवा प्राविधिक सहायक भर्ती परीक्षा 2019)*
(a) 147 (b) 144 (c) 146 (d) 145

**7.** 6, 9, 13, 18, 24, ? *(SSC 10+2 2018)*
(a) 31 (b) 34 (c) 29 (d) 28

**8.** 152, 148, 156, 152, ...... *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 158 (b) 160 (c) 156 (d) 162

**9.** 0, 2, 6, 12, 20, 30, 42, ? *(UP Police Constable 2018)*
(a) 64 (b) 50 (c) 56 (d) 60

**10.** 16, 19, 24, 31, 40, ? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 63 (b) 62 (c) 50 (d) 51

**11.** 1, 4, 2, 3, 2, ? *(SSC CPO 2017)*
(a) 2 (b) 5 (c) 3 (d) 4

**12.** 507, 251,....., 59, 27, 11 *(CGPSC Revenue Inspector 2016)*
(a) 117 (b) 133 (c) 123 (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** 5, 11, 17, 25, 33, 43, ? *(SSC CGL 2016)*
(a) 49 (b) 51 (c) 52 (d) 53

**14.** 50, 49.5, ?, 45.5, 42, 37.5 *(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*
(A) 49 (B) 48 (C) 47.5 (D) 46
(a) B (b) C (c) A (d) D

**15.** 165, 195, 255, 285, 345, ? *(CGPSC 2017)*
(a) 453 (b) 455 (c) 535 (d) 375
(e) इनमें से कोई नहीं

**16.** 16, 23, ?, 40, 50, 61 *(UP Police SI 2014)*
(a) 30 (b) 31 (c) 35 (d) 29

**17.** 2, 3, 5, 9, 17, ? *(SSC CGL 2013)*
(a) 34 (b) 31 (c) 32 (d) 33

**18.** 36, 34, 30, 28, 24, ? *(SSC Steno 2013)*
(a) 23 (b) 26 (c) 20 (d) 22

**19.** 1, 13, 37, 73, ? *(UPPSC Pre 2014)*
(a) 120 (b) 132 (c) 125 (d) 121

**20.** 3, 4, 7, 11, 18, 29, ? *(SSC CGL 2010)*
(a) 31 (b) 39 (c) 43 (d) 47

**21.** 2, 5, 8, 11, 14, ?
(a) 17 (b) 16 (c) 15 (d) 18

**22.** 15, 17, 20, 22, 27, 29, ?, ? *(SSC Steno 2011)*
(a) 31, 38 (b) 36, 38 (c) 36, 43 (d) 38, 45

**23.** 17, 14, 15, 12, 13, ?, ? *(SSC 10+2 2010)*
(a) 10, 11 (b) 14, 11 (c) 11, 13 (d) 12, 15

**24.** 97, 86, 99, 88, 101, ?, ? *(SSC (MTS) 2010)*
(a) 88, 99 (b) 90, 103 (c) 121, 108 (d) 114, 103

**25.** 36, 28, 24, 22, ? *(SSC CPO 2010)*
(a) 18 (b) 19 (c) 21 (d) 22

**26.** 7, 9, 13, 21, 37, ? *(SSC CPO 2010)*
(a) 58 (b) 63 (c) 69 (d) 72

**27.** 27, 32, 30, 35, 33, ? *(SSC 10+2 2011)*
(a) 28 (b) 31 (c) 36 (d) 38

**28.** 71, 59, 48, 38, 29, ? *(SSC 10+2 2011)*
(a) 18 (b) 21 (c) 20 (d) 12

**29.** 3, 5, 9, 17, ? *(SSC CGL 2015)*
(a) 65 (b) 26 (c) 42 (d) 33

**30.** 720, 180, 176, 44, 40, 10, ?, ? *(SSC Steno 2015)*
(a) 6,1.5 (b) 4,2 (c) 8,6 (d) 6,4

**31.** 1, 1, 2, 6, 24, ? *(SSC (MTS) 2010)*
(a) 58 (b) 68 (c) 84 (d) 120

**32.** 285, 253, 220, 186, ?
(a) 122 (b) 153 (c) 151 (d) 157

**33.** 3, 6, 18, 72, ? , 2160 *(SSC CGL 2016)*
(a) 144 (b) 216 (c) 288 (d) 360

**34.** 3, 12, 48, ? *(SSC 10+2 2017)*
(a) 96 (b) 184 (c) 192 (d) 384

**35.** 8, 24, 12, ?, 18, 54 *(SSC 10+2 2010)*
(a) 28 (b) 36 (c) 46 (d) 38

**36.** 5, 3, 8, 11, 19, ? *(SSC Delhi Police Constable 2016)*
(a) 43 (b) 37 (c) 25 (d) 30

**37.** 1, 4, 27, 16, ?, 36, 343 *(Uttarakhand Police SI 2012 )*
(a) 25 (b) 87 (c) 125 (d) 30

**38.** 16, 36, 64, ? *(Delhi Police Constable 2014)*
(a) 81 (b) 90 (c) 100 (d) 121

**39.** 975, 864, 753, 642, ? *(SSC CGL 2010)*
(a) 431 (b) 314 (c) 531 (d) 532

**40.** 0, 6, 24, 60, ?, 210 *(Delhi Police Constable 2014)*
(a) 117 (b) 119 (c) 120 (d) 153

**41.** 2, 9, 28, 65, ? *(SSC 10+2 2014)*
(a) 121 (b) 195 (c) 126 (d) 103

**42.** 7, 25, 61, 121, ? *(BSSC CGL 2014)*
(a) 210 (b) 211 (c) 212 (d) 209

**43.** 198, 202, 211, 227, ? *(BSSC CGL 2014)*
(a) 236 (b) 252 (c) 275 (d) 245

**44.** 0, 7, 26, 63, ? *(SSC CGL 2015)*
(a) 87 (b) 96 (c) 123 (d) 124

**45.** 4, 9, 16, ?, 36 *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी पुनर्परीक्षा 2016)*
(a) 20 (b) 26 (c) 25 (d) 30

**46.** 1, 5, 14, 30, ? *(SSC CGL 2013)*
(a) 54 (b) 55 (c) 56 (d) 57

**47.** 10, 33, 102, 309, ? *(SSC Steno 2013)*
(a) 1030 (b) 1050 (c) 928 (d) 930

**48.** 230, 246, 271, 307, ? *(SSC CGL 2010)*
(a) 412 (b) 356 (c) 518 (d) 612

**49.** 49, 7, 64, 8, ?, 13 *(SSC CGL 2013)*
(a) 196 (b) 169 (c) 81 (d) 100

**50.** 113, 225, 449, ?, 1793 *(SSC CGL 2010)*
(a) 897 (b) 789 (c) 987 (d) 978

**51.** 7, ?, 21, 31, 43 *(UPSC (CSAT) 2015)*
(a) 11 (b) 12 (c) 13 (d) 14

**52.** 1, 8, 4, 27, 9, ? *(IB (ACIO) 2017)*
(a) 8 (b) 9 (c) 64 (d) 16

**53.** 6, 24, 60, 120, 210, ? *(UPPSC (RO) 2018)*
(a) 324 (b) 336 (c) 428 (d) 400

**54.** 0.2, 0.16, 0.072, 0.0256, ? *(SSC CPO 2016)*
(a) 0.0008 (b) 0.008 (c) 0.08 (d) 0.8

**55.** 1, 5, 21, 57, ?, 221 *(SSC Steno 2015)*
(a) 126 (b) 108 (c) 96 (d) 121

**56.** 4, 23, 60, 121, ? *(UKPSC (Lower) 2016)*
(a) 212 (b) 242 (c) 221 (d) 241

**57.** 100, 50, 52, 26, 28, ?, 16, 8 *(Uttarakhand Police SI 2015)*
(a) 30 (b) 36 (c) 14 (d) 32

**58.** 5, 11, 17, 23, 31, ? *(MP Police SI 2014)*
(a) 26 (b) 14 (c) 37 (d) 41

**59.** 2, 6, 8, 16, 30, 54, ? *(SSC 10+2 2014)*
(a) 74 (b) 88 (c) 100 (d) 110

**60.** 29, 38, 47, ? *(SSC CGL 2013)*
(a) 59 (b) 56 (c) 52 (d) 58

**61.** 2, 7, 4, 21, 6, 43, 8, ?
*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) 64 (b) 37 (c) 73 (d) 46

**62.** 5, 11, 23, 47, 95, ? *(SSC CGL 2013)*
(a) 190 (b) 191 (c) 161 (d) 169

**63.** 1, 0, 3, 2, 5, 6, ?, 12, 9, 20 *(SSC CGL 2014)*
(a) 9 (b) 10 (c) 7 (d) 8

**64.** 7, 8, 18, 57, ?, 1165 *(SSC CGL 2014)*
(a) 174 (b) 232 (c) 224 (d) 228

**65.** 7, 12, 22, 42, 82, ? *(SSC CGL 2013)*
(a) 143 (b) 173 (c) 162 (d) 183

**66.** 15, 30, 45, 90, 135, 270, ? *(UPPSC Pre 2014)*
(a) 320 (b) 340 (c) 400 (d) 405

**67.** 31, 13, 45, 54, ?, 63 *(SSC Steno 2013)*
(a) 36 (b) 54 (c) 61 (d) 58

**68.** 1, 2, 2, 4, 3, 8, 7, 10, ? *(SSC CGL 2015)*
(a) 9 (b) 8 (c) 11 (d) 13

**69.** 24, 35, 20, 31, 16, 27, ?, ? *(SSC CPO 2015)*
(a) 8, 25 (b) 9, 9 (c) 12, 23 (d) 5, 30

**70.** 80, 10, 70, 15, 60, ? *(UKPSC Lower 2016)*
(a) 20 (b) 25 (c) 30 (d) 50

**71.** 7, 51, 8, 65, 9, ? *(SSC CPO 2016)*
(a) 10 (b) 12 (c) 79 (d) 81

**72.** 12, 6, 18, 9, 26, 13, 36, 18, ? *(UPPCS Pre 2007)*
(a) 46 (b) 48 (c) 50 (d) 52

**73.** 3, 5, 6, 10, 9, 15, 12, ? *(MPPCS Pre 2006)*
(a) 18 (b) 22 (c) 20 (d) 16

**74.** 8, 6, 12, 14, 9, 21, 23, 12, 36, 21, 9, ?
*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) 28 (b) 31 (c) 35 (d) 30

**75.** 9720, 3240, 810, 162, 27, ?
(a) 9 (b) 3.8 (c) 6 (d) 12

**76.** 2, 5, 16, 65, ?
(a) 167 (b) 126 (c) 226 (d) 326

**77.** 3, 6, 11, 20, 37, 70, ?
(a) 120 (b) 135 (c) 125 (d) 130

**78.** 2, 1, 1, 2, 7, 34, ?
(a) 203 (b) 103 (c) 153 (d) 143

**79.** 102, 99, 104, 97, 106, ?
(a) 96 (b) 95 (c) 100 (d) 94
(e) इनमें से कोई नहीं

**80.** 104, 109, 99, 114, 94, ?
(a) 69 (b) 124 (c) 120 (d) 78
(e) इनमें से कोई नहीं

**81.** 2187, 729, 243, 81, 27, 9, ?
(a) 36 (b) 3 (c) 18 (d) 6
(e) इनमें से कोई नहीं

**82.** 3, 19, 97, 391, ?, 2359
(a) 1084 (b) 1567 (c) 1177 (d) 1958
(e) इनमें से कोई नहीं

**83.** 848, 422, 208, 100, 45, ? *(SBI Clerk 2008)*
(a) 16.5 (b) 18 (c) 22.5 (d) 24
(e) इनमें से कोई नहीं

**84.** 18, 8, 6, 9, 32, ? *(SBI Clerk 2018)*
(a) 248 (b) 254 (c) 251 (d) 257
(e) 260

**85.** 36, 18, 6, 3, 1, ? *(SBI Clerk 2018)*
(a) 0.5 (b) 0.25 (c) 0.75 (d) 0.3
(e) 1

**86.** 18, 29, 42, 53, ?, 77 *(SBI Clerk 2018)*
(a) 63 (b) 64 (c) 65 (d) 66
(e) 67

**87.** 1, 244, 163, 190, 181, ? *(SBI Clerk 2018)*
(a) 178 (b) 184 (c) 187 (d) 190 (e) 193

**88.** 250, ?, 190, 167, 148, 131 *(SBI Clerk 2018)*
(a) 215 (b) 217 (c) 223 (d) 221 (e) 219

**89.** 70000, 14000, 2800, ?, 112, 22.4 ***(SBI Clerk 2010)***
(a) 640 (b) 420 (c) 560 (d) 540
(e) इनमें से कोई नहीं

**90.** 3600, 725, 150, 35, 12, ?
(a) 8 (b) 7.4 (c) 10.5 (d) 10
(e) इनमें से कोई नहीं

**91.** 14, 16, 35, 109, 441, ?
(a) 2651 (b) 2205 (c) 2315 (d) 2211
(e) इनमें से कोई नहीं

**92.** 5, 6, ?, 45, 184
(a) 15 (b) 12 (c) 16 (d) 9
(e) इनमें से कोई नहीं

**93.** 5, 11, 32, ?, 444
(a) 108 (b) 109 (c) 96 (d) 98
(e) इनमें से कोई नहीं

**94.** 62, 87, 187, 412, 812, ?
(a) 1012 (b) 1437 (c) 1337 (d) 1457
(e) इनमें से कोई नहीं

**95.** 7, 8, 24, 105, 361, ?
(a) 986 (b) 617 (c) 486 (d) 1657
(e) इनमें से कोई नहीं

**96.** 5, 6, 16, 57, 244, ?
(a) 1225 (b) 992 (c) 964 (d) 1245
(e) इनमें से कोई नहीं

**97.** 11, 13, 17, 19, 23, ?, ? ***(CGPSC 2017)***
(a) 27 तथा 29 (b) 31 तथा 33 (c) 31 तथा 35 (d) 29 तथा 31
(e) इनमें से कोई नहीं

**98.** 522, 1235, 2661, 4800, 7652, 11217, ?
(a) 15495 (b) 16208 (c) 14782 (d) 16921
(e) इनमें से कोई नहीं

**99.** 4, 18, 48, 100, 180, 294, ?
(a) 416 (b) 480 (c) 512 (d) 384
(e) इनमें से कोई नहीं

**100.** 6, 13, 38, ?, 532, 2675 ***(BOI PO 2010)***
(a) 129 (b) 123
(c) 172 (d) 164
(e) इनमें से कोई नहीं

**101.** 13, 16, 22, 33, 51, ? ***(Andhra Bank PO 2009)***
(a) 89 (b) 78
(c) 102 (d) 69
(e) इनमें से कोई नहीं

**102.** 980, 392, 156.8, ?, 25.088, 10.0352 ***(PNB Clerk 2011)***
(a) 65.04 (b) 60.28
(c) 62.72 (d) 63.85
(e) इनमें से कोई नहीं

**103.** नीचे दी गई दोनों शृंखलाएँ समान नियमानुसार व्यवस्थित हैं। दूसरी शृंखला में (D) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
8 16 18 36 38
7 (A) (B) (C) (D)
(a) 34 (b) 64 (c) 32 (d) 40

**104.** नीचे दी गई दोनों शृंखलाएँ समान नियमानुसार व्यवस्थित हैं। दूसरी शृंखला में (C) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
3 8 18 38 78
5 (A) (B) (C) (D)
(a) 54 (b) 56 (c) 58 (d) 60

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
1 3 6 5 7 10 11 13 16 [19] 21 24
+4 +6 +8
+4 +6 +8
+4 +6 +8

**2.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
3 7 11 15 [19]
+4 +4 +4 +4

**3.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
16 15 12 7 [0]
−1 −3 −5 −7

**4.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
43 48 58 73 [93]
+5 +10 +15 +20

**5.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
4 5 14 39 88 169 [290]
+1 +9 +25 +49 +81 +121
$1^2$ $3^2$ $5^2$ $7^2$ $9^2$ $11^2$
+2 +2 +2 +2 +2

**6.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
100 105 111 118 126 135 [145]
+5 +6 +7 +8 +9 +10
अतः दी गई शृंखला में अगली संख्या 145 होगी।

**7.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
6 9 13 18 24 [31]
+3 +4 +5 +6 +7
∴ ? = 31

**8.** *(b)* दी गई श्रेणी का क्रम निम्नवत् है
+4
152 148 156 152 [160]
+4 +4
∴ अभीष्ट संख्या = 160

**9.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
0 2 6 12 20 30 42 [56]
+2 +4 +6 +8 +10 +12 +14
∴ ? = 56

**10.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
16 19 24 31 40 [51]
+3 +5 +7 +9 +11
∴ ? = 51

**11.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
1 4 2 3 2 [4]
+3 −2 +1 −1 +2
∴ ? = 4

**12.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
507 251 [123] 59 27 11
−256 −128 −64 −32 −16
÷2 ÷2 ÷2 ÷2
अतः रिक्त स्थान पर 123 आएगा।

**13.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
5 11 17 25 33 43 [53]
+6 +6 +8 +8 +10 +10
∴ ? = 53

**14.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है
50 49.5 [48] 45.5 42 37.5
−0.5 −1.5 −2.5 −3.5 −4.5
∴ ? = 48

***15.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

165 195 255 285 345 $\boxed{375}$

+30 +60 +30 +60 +30

$\therefore$ ? = 375

***16.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

16 23 $\boxed{31}$ 40 50 61

+7 +8 +9 +10 +11

$\therefore$? = 31

***17.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 3 5 9 17 $\boxed{33}$

+1 +2 +4 +8 +16

$\therefore$? = 33

***18.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

36 34 30 28 24 $\boxed{22}$

−2 −4 −2 −4 −2

$\therefore$? = 22

***19.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 13 37 73 $\boxed{121}$

+12 +24 +36 +48

$\therefore$? = 121

***20.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 4 7 11 18 29 $\boxed{47}$

+1 3+4 4+7 7+11 11+18 18+29

$\therefore$ ? = 47

***21.*** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 5 8 11 14 $\boxed{17}$

+3 +3 +3 +3 +3

$\therefore$ ? = 17

***22.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

15 17 20 22 27 29 $\boxed{36}$ $\boxed{38}$

+2 +3 +2 +5 +2 +7 +2

$\therefore$ ? = 36, 38

***23.*** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

17 14 15 12 13 $\boxed{10}$ $\boxed{11}$

−3 +1 −3 +1 −3 +1

$\therefore$ ? = 10, 11

***24.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

97 86 99 88 101 $\boxed{90}$ $\boxed{103}$

−11 +13 −11 +13 −11 +13

$\therefore$ ? = 90, 103

***25.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

36 28 24 22 $\boxed{21}$

−8 −4 −2 −1

$\therefore$ ? = 21

***26.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 9 13 21 37 $\boxed{69}$

+2 +4 +8 +16 +32

$\therefore$ ? = 69

***27.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

27 32 30 35 33 $\boxed{38}$

+5 −2 +5 −2 +5

$\therefore$ ? = 38

***28.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

71 59 48 38 29 $\boxed{21}$

−12 −11 −10 −9 −8

$\therefore$ ? = 21

***29.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 5 9 17 $\boxed{33}$

+2 +($2^2$) +($2^3$) +($2^4$)

$\therefore$ ? = 33

***30.*** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

720 180 176 44 40 10 $\boxed{6}$ $\boxed{1.5}$

÷4 −4 ÷4 −4 ÷4 −4 ÷4

$\therefore$ ? = 6, 1.5

***31.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 1 2 6 24 $\boxed{120}$

×1 ×2 ×3 ×4 ×5

$\therefore$ ? = 120

***32.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

285 253 220 186 $\boxed{151}$

−32 −33 −34 −35

$\therefore$ ? = 151

***33.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 6 18 72 $\boxed{360}$ 2160

×2 ×3 ×4 ×5 ×6

$\therefore$? = 360

***34.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 12 48 $\boxed{192}$

×4 ×4 ×4

$\therefore$? = 192

***35.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

8 24 12 $\boxed{36}$ 18 54

×3 ÷2 ×3 ÷2 ×3

$\therefore$? = 36

***36.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

5 + 3 = 8

3 + 8 = 11

8 + 11 = 19

11 + 19 = $\boxed{30}$

$\therefore$ ? = 30

***37.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 4 27 16 $\boxed{125}$ 36 343

$(1)^3$ $(2)^2$ $(3)^3$ $(4)^2$ $(5)^3$ $(6)^2$ $(7)^3$

**नोट** यहाँ पर विषम संख्याओं का घन तथा सम संख्याओं का वर्ग दिया गया है। अर्थात् प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 125 आएगी।

***38.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

16 36 64 $\boxed{100}$

$(4)^2$ $(6)^2$ $(8)^2$ $(10)^2$

$\therefore$? = 100

***39.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

975 864 753 642 $\boxed{531}$

−111 −111 −111 −111

$\therefore$? = 531

***40.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

$1^3 - 1 = 0$

$2^3 - 2 = 6$

$3^3 - 3 = 24$

$4^3 - 4 = 60$

$5^3 - 5 = \boxed{120}$

$6^3 - 6 = 210$

$\therefore$ ? = 120

***41.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 9 28 65 $\boxed{126}$

$(1)^3+1$ $(2)^3+1$ $(3)^3+1$ $(4)^3+1$ $(5)^3+1$

$\therefore$? = 126

***42.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 25 61 121 $\boxed{211}$

$2^3–1$ $3^3–2$ $4^3–3$ $5^3–4$ $6^3–5$

$\therefore$? = 211

***43.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

198 202 211 227 $\boxed{252}$

$+(2)^2$ $+(3)^2$ $+(4)^2$ $+(5)^2$

$\therefore$? = 252

***44.*** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

0 7 26 63 $\boxed{124}$

$1^3–1$ $2^3–1$ $3^3–1$ $4^3–1$ $5^3–1$

$\therefore$? = 124

***45.*** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

4 9 16 $\boxed{25}$ 36

$2^2$ $3^2$ $4^2$ $5^2$ $6^2$

$\therefore$ ? = 25

***46.*** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 5 14 30 $\boxed{55}$

$+2^2$ $+3^2$ $+4^2$ $+5^2$

$\therefore$ ? = 55

**47.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

10 33 102 309 930

×3+3 ×3+3 ×3+3 ×3+3

∴ ? = 930

**48.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

230 246 271 307 356

$+(4)^2$ $+(5)^2$ $+(6)^2$ $+(7)^2$

∴ ? = 356

**49.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

49 7 64 8 169 13

$7^2$ $8^2$ $13^2$

∴ ? = 169

**50.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

113 225 449 897 1793

×2–1 ×2–1 ×2–1 ×2–1

∴ ? = 897

**51.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 13 21 31 43

+6 +8 +10 +12

+2 +2 +2

∴ ? = 13

**52.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 8 4 27 9 64

$(1)^2$ $(2)^3$ $(2)^2$ $(3)^3$ $(3)^2$ $(4)^3$

∴ ? = 64

**53.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

6 24 60 120 210 336

$2^3–2$ $3^3–3$ $4^3–4$ $5^3–5$ $6^3–6$ $7^3–7$

∴ ? = 336

**54.** *(b)* दिया है, 0.2, 0.16, 0.072, 0.0256, 0.008

$\Rightarrow \frac{1}{5}, \frac{4}{25}, \frac{9}{125}, \frac{16}{625}, \frac{25}{3125}$

$\Rightarrow \frac{1^2}{5^1}, \frac{2^2}{5^2}, \frac{3^2}{5^3}, \frac{4^2}{5^4}, \frac{5^2}{5^5} \Rightarrow ? = 0.008$

**55.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 5 21 57 121 221

$+2^2$ $+4^2$ $+6^2$ $+8^2$ $+10^2$

∴ ? = 121

**56.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

$2^3 - 4 = 8 - 4 = 4$

$3^3 - 4 = 27 - 4 = 23$

$4^3 - 4 = 64 - 4 = 60$

$5^3 - 4 = 125 - 4 = 121$

$6^3 - 6 = 216 - 4 = 212$

∴ ? = 212

**57.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

–24 –12 –6

100 50 52 26 28 14 16 8

–48 –24 –12

∴ ? = 14

**58.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+12 +14

5 11 17 23 31 37

+12 +14

∴ ? = 37

**59.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 + 6 ⇒ 8

2 + 6 + 8 ⇒ 16

6 + 8 + 16 = 30

8 + 16 + 30 ⇒ 54

16 + 30 + 54 ⇒ 100

∴ ? = 100

**60.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+1 +1 +1

29 38 47 56

–1 –1 –1

∴ ? = 56

**61.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 × 3 + 1 = 7

4 × 5 + 1 = 21

6 × 7 + 1 = 43

8 × 9 + 1 = 73

∴ ? = 73

**62.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

5 11 23 47 95 191

×2+1 ×2+1 ×2+1 ×2+1 ×2+1

∴ ? = 191

**63.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+2 +4 +6 +8

1 0 3 2 5 6 7 12 9 20

+2 +2 +2 +2

∴ ? = 7

**64.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 8 18 57 232 1165

×1+1 ×2+2 ×3+3 ×4+4 ×5+5

∴ ? = 232

**65.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 12 22 42 82 162

+5 +10 +20 +40 +80

×2 ×2 ×2 ×2

∴ ? = 162

**66.** *(d)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

×3 ×3 ×3

15 30 45 90 135 270 405

×3 ×3

∴ ? = 405

**67.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

31 ⇒ 13 45 ⇒ 54 36 ⇒ 63

∴ ? = 36

**68.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+2 +4 +2

1 2 2 4 3 8 7 10 11

+1 +1 +4 +4

∴ ? = 11

**69.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

–4 –4 –4

24 35 20 31 16 27 12 23

–4 –4 –4

∴ ? = 12, 23

**70.** *(a)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

80 10 70 15 60 20

– 10 – 10

+5 +5

∴ ? = 20

**71.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+1 +1

7 51 8 65 9 79

+14 +14

∴ ? = 79

**72.** *(b)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

12 6 18 9 26 13 36 18 48

+3 +4 +5

+6 +8 +10 +12

∴ ? = 48

**73.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 5 6 10 9 15 12 20

+5 +5 +5

+3 +3 +3

∴ ? = 20

**74.** *(c)* दी गई संख्याएँ तीन-तीन के समूह के रूप में आगे बढ़ रही हैं तथा एक शृंखला का निर्माण कर रही हैं। प्रत्येक समूह की तीनों संख्याओं के बीच का सम्बन्ध निम्न प्रकार है

(पहली संख्या - दूसरी संख्या + 1) × 2 + दूसरी संख्या = तीसरी संख्या

इस प्रकार,

(8, 6, 12) ⇒

(8 – 6 + 1) × 2 + 6 = 6 + 6 = 12

(14, 9, 21) ⇒

(14 – 9 + 1) × 2 + 9 = 12 + 9 = 21

(23, 12, 36) ⇒

(23 – 12 + 1) × 2 + 12 = 24 + 12 = 36

(21, 9, ?) ⇒

(21 – 9 + 1) × 2 + 9 = 26 + 9 = 35

∴ ? = 35

**75.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

9720 3240 810 162 27 [3.8]

÷3 ÷4 ÷5 ÷6 ÷7

∴ ? = 3.8

**76.** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 5 16 65 [326]

×2+1 ×3+1 ×4+1 ×5+1

∴ ? = 326

**77.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 6 11 20 37 70 [135]

×2–0 ×2–1 ×2–2 ×2–3 ×2–4 ×2–5

∴ ? = 135

**78.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2 1 1 2 7 34 [203]

×1–1 ×2–1 ×3–1 ×4–1 ×5–1 ×6–1

∴ ? = 203

**79.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

102 99 104 97 106 [95]

–3 +5 –7 +9 –11

∴? = 95

**80.** *(e)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

104 109 99 114 94 [119]

+5 –10 +15 –20 +25

∴ ? = 119

**81.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

2187 729 243 81 27 9 [3]

÷3 ÷3 ÷3 ÷3 ÷3 ÷3

∴? = 3

**82.** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3 19 97 391 [1177] 2359

×6+1 ×5+2 ×4+3 ×3+4 ×2+5

∴? = 1177

**83.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

848 422 208 100 45 [16.5]

÷2–2 ÷2–3 ÷2–4 ÷2–5 ÷2–6

∴ ? = 16.5

**84.** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

18 8 6 9 32 [251]

×0.5–1 ×1–2 ×2–3 ×4–4 ×8–5

∴ ? = 251

**85.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

36 18 6 3 1 [0.5]

÷2 ÷3 ÷2 ÷3 ÷2

∴ ? = 0.5

**86.** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

18 29 42 53 [66] 77

+11 +13 +11 +13 +11

∴ ? = 66

**87.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

1 244 163 190 181 [184]

+243 –81 +27 –9 +3

÷(–3) ÷(–3) ÷(–3) ÷(–3)

∴ ? = 184

**88.** *(e)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

250 [219] 190 167 148 131

–31 –29 –23 –19 –17

क्रमागत अभाज्य संख्याएँ

∴ ? = 219

**89.** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

70000 14000 2800 [560] 112 22.4

÷5 ÷5 ÷5 ÷5 ÷5

∴? = 560

**90.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

3600 725 150 35 12 [7.4]

÷5+5 ÷5+5 ÷5+5 ÷5+5 ÷5+5

∴? = 7.4

**91.** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

14 16 35 109 441 [2211]

×1+2 ×2+3 ×3+4 ×4+5 ×5+6

∴? = 2211

**92.** *(e)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

5 6 [14] 45 184

×1+1 ×2+2 ×3+3 ×4+4

∴? = 14

**93.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

5 11 32 [108] 444

×1+(6×1) ×2+(5×2) ×3+(4×3) ×4+(3×4)

∴? = 108

**94.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

62 87 187 412 812 [1437]

$+5^2$ $+10^2$ $+15^2$ $+20^2$ $+25^2$

∴? = 1437

**95.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

7 8 24 105 361 [986]

$+1^4$ $+2^4$ $+3^4$ $+4^4$ $+5^4$

∴? = 986

**96.** *(d)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

5 6 16 57 244 [1245]

$\times1+1^2$ $\times2+2^2$ $\times3+3^2$ $\times4+4^2$ $\times5+5^2$

∴ ? = 1245

**97.** *(e)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+6 +6

11 13 17 19 23 [25] [29]

+6 +6 +6

अतः प्रश्नवाचक चिह्नों के स्थान पर क्रमशः संख्या 25 और 29 आएँगी।

**98.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

522 1235 2661 4800 7652 11217 [15495]

+(713×1) +(713×2) +(713×3) +(713×4) +(713×5) +(713×6)

∴ ? = 15495

**99.** *(e)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

4 18 48 100 180 294 [448]

$1\times2^2$ $2\times3^2$ $3\times4^2$ $4\times5^2$ $5\times6^2$ $6\times7^2$ $7\times8^2$

∴? = 448

**100.** *(a)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

6 13 38 [129] 532 2675

×1+(7×1) ×2+(6×2) ×3+(5×3) ×4+(4×4) ×5+(3×5)

∴? = 129

**101.** *(b)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

13 16 22 33 51 [78]

+3 +6 +11 +18 +27

+3 +5 +7 +9

∴? = 78

**102.** *(c)* श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

980 392 156.8 [62.72] 25.088 10.0352

$\times\frac{2}{5}$ $\times\frac{2}{5}$ $\times\frac{2}{5}$ $\times\frac{2}{5}$ $\times\frac{2}{5}$

∴ ? = 62.72

**103.** *(a)* श्रृंखलाओं का क्रम निम्न प्रकार है

8 16 18 36 38

×2 +2 ×2 +2

तथा

7 (A) 14 (B) 16 (C) 32 (D) [34]

×2 +2 ×2 +2

∴ अभीष्ट संख्या = 32 + 2 = 34

**104.** *(a)* श्रृंखलाओं का क्रम निम्न प्रकार है

3 8 18 38 78

×2+2 ×2+2 ×2+2 ×2+2

5 (A) 12 (B) 26 (C) [54] (D) 110

×2+2 ×2+2 ×2+2 ×2+2

∴ अभीष्ट संख्या = 26 × 2 + 2

= 52 + 2 = 54

# प्रकार 2. अक्षर शृंखला पर आधारित

अक्षर शृंखला साधारणतः अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों पर आधारित होती है। अंग्रेजी वर्णमाला में कुल 26 अक्षर होते हैं, जिनमें A का स्थान पहला और Z का स्थान 26वाँ होता है। अंग्रेजी वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर का अपना एक निश्चित क्रमांक होता है, जिसे उस अक्षर की संगत संख्या कहा जाता है।

अक्षरों के क्रमांकिक मानों/संगत संख्याओं की जानकारी हेतु अध्याय 1 अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण का अध्ययन करें।

अक्षर शृंखला के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न, मुख्यतः निम्न प्रकार की शृंखलाओं पर आधारित होते हैं

## 1. योग या जोड़ शृंखला

इस प्रकार की शृंखला में अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के स्थान में कोई निश्चित अंक जोड़कर शृंखला का अगला अक्षर ज्ञात किया जाता है। इस प्रकार की शृंखला योग या जोड़ शृंखला कहलाती है।

**उदाहरण 31.** निम्न शृंखला का अगला अक्षर ज्ञात कीजिए।

A, D, G, J, M, ? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) R (b) B
(c) W (d) P

***व्याख्या*** (d) दी गई शृंखला का क्रम निम्नवत् होगा

| 1 | 4 | 7 | 10 | 13 | 16 |
|---|---|---|---|---|---|
| A | D | G | J | M | [P] |

A →(+3) D →(+3) G →(+3) J →(+3) M →(+3) P

प्रत्येक अगला पद पिछले पद में 3 जोड़ने पर प्राप्त होता है। अतः शृंखला का अगला पद P होगा।

**उदाहरण 32.** निम्नलिखित अनुक्रम का अगला अक्षर क्या है?

B, D, G, K, P, ? *(UPPSC RO 2018)*

(a) T (b) U
(c) V (d) W

***व्याख्या*** (c) शृंखला निम्नवत् है

B →(+2) D →(+3) G →(+4) K →(+5) P →(+6) [V]

शृंखला का प्रत्येक अगला पद क्रमशः + 2, + 3, + 4,+ 5, + 6, .... से बढ़ रहा है, अतः शृंखला का अगला पद V होगा।

**उदाहरण 33.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे। *(SSC Steno 2017)*

AB, CD, EF, GH, ?

(a) HJ (b) HK (c) IJ (d) JI

***व्याख्या*** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

A →(+2) C →(+2) E →(+2) G →(+2) [I]
B →(+2) D →(+2) F →(+2) H →(+2) [J]

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर IJ होगा।

## 2. व्यवकलन या घटाव शृंखला

इस प्रकार की शृंखला में अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के स्थान में एक निश्चित अंक घटाकर शृंखला के अगले अक्षर को प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार की शृंखला व्यवकलन या घटाव शृंखला कहलाती है।

**उदाहरण 34.** नीचे दिए गए अनुक्रम में खाली स्थान पर कौन-से अक्षर आएँगे? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*

O, M, K, I, G, E, ..., ...

(a) B, A (b) A, Z
(c) C, A (d) C, Z

***व्याख्या*** (c) दी गई शृंखला का क्रम निम्नवत् है

| 15 | 13 | 11 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| O | M | K | I | G | E | [C] | [A] |

O →(−2) M →(−2) K →(−2) I →(−2) G →(−2) E →(−2) C →(−2) A

दी गई शृंखला में प्रत्येक अगला पद पिछले पद में 2 घटाने पर प्राप्त होता है। अतः इस प्रकार खाली स्थान पर C व A आएँगे।

**उदाहरण 35.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(UP Police SI 2014)*

P, O, M, J, F, ?

(a) X (b) A
(c) Y (d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

***व्याख्या*** (b) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

| 16 | 15 | 13 | 10 | 6 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|
| P | O | M | J | F | [A] |

P →(−1) O →(−2) M →(−3) J →(−4) F →(−5) A

दी गई शृंखला में प्रत्येक अगला पद क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5,...घटाने से प्राप्त होता है।

इस प्रकार, प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर A आएगा।

## 3. जोड़-घटाव शृंखला

इस प्रकार की शृंखला में अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के स्थान में निश्चित अंकों को क्रमशः जोड़कर तथा घटाकर अगला अक्षर प्राप्त किया जाता है।

**उदाहरण 36.** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(LIC ADO 2013)*

A, E, C, G, E, I, ?

(a) H (b) E (c) G (d) J
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

| 1 | 5 | 3 | 7 | 5 | 9 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | E | C | G | E | I | [G] |

A →(+4) E →(−2) C →(+4) G →(−2) E →(+4) I →(−2) G

प्रत्येक अगला पद एकान्तर क्रम में क्रमशः 4 जोड़ने पर तथा 2 घटाने पर प्राप्त होता है।

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर G आएगा।

**उदाहरण 37.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करें। *(SSC CPO 2017)*

FGC, HHA, JIY, ?

(a) KKW (b) LJW (c) LKX (d) KJX

***व्याख्या*** (b)

F →(+2) H →(+2) J →(+2) [L]
G →(+1) H →(+1) I →(+1) [J]
C →(−2) A →(−2) Y →(−2) [W]

अतः शृंखला का अगला पद LJW होगा।

## 4. एकान्तर (बारी-बारी) श्रृंखला

इस प्रकार की श्रृंखला में एक-एक स्थान या दो-दो स्थान छोड़कर श्रृंखला का अगला पद प्राप्त करके श्रृंखला बनाई जाती है।

**उदाहरण 38.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? *(SBI Clerk 2018)*

NL, MM, LN, KO, ?

(a) JO (b) PJ (c) JP (d) KO
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (c) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है




अतः श्रृंखला का अगला पद JP होगा।

## 5. विपरीत श्रृंखला

इस प्रकार की श्रृंखला में, श्रृंखला निर्माण के लिए की गई क्रिया को पुनः विपरीत क्रम से करके श्रृंखला बनाई जाती है।

**उदाहरण 39.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

A, B, D, G, K, N, P, ?

(a) Q (b) R (c) S (d) T

***व्याख्या*** (a) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है




प्रत्येक अगला पद क्रमशः + 1, + 2, + 3, + 4 से बढ़ने के बाद पुनः + 3, + 2, + 1 से बढ़ता जाता है। अतः अभीष्ट अक्षर Q होगा।

## 6. बारम्बारता श्रृंखला

इस प्रकार की श्रृंखला में किसी अक्षर की बारम्बारता को बढ़ाते या घटाते हुए श्रृंखला बनाई जाती है।

**उदाहरण 40.** निम्नलिखित में से कौन-सा पद दी गई सूची के क्रम के अनुसार है? *(SSC 10+2 2018)*

ABCABABAB, ABABCABAB, ABABABCAB ABABABABC, ACBABABAB?

(a) ABABCABAB (b) ABCABABAB (c) ABACBABAB (d) ABABACBAB

***व्याख्या*** (c) दी गई श्रृंखला का क्रम निम्न है

ABCABABAB, AB ABCABAB, ABABABCAB,

ABABABABC, ACBABABAB, ABACBABAB

अतः श्रृंखला का अगला पद ABACBABAB होगा।

## 7. छोटे-बड़े अक्षरों की श्रृंखला

इस प्रकार की श्रृंखला विभिन्न पैटर्न (नियम) में अंग्रेजी वर्णमाला के छोटे तथा बड़े अक्षरों से मिलकर बनी होती है।

**उदाहरण 41.** नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

mm, OO, qq, SS, ?

(a) Sq (b) Rs (c) St (d) uu

***व्याख्या*** (d) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है




यहाँ पर अक्षर युग्मों में हैं तथा छोटे और बड़े अक्षर क्रमशः एकान्तर क्रम में लिखे गए हैं तथा प्रत्येक अगले पद में अक्षर पिछले अक्षर से दो स्थान आगे बढ़ जाता है। अतः श्रृंखला का अगला पद uu होगा।

**उदाहरण 42.** नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा पद आएगा? *(MAT 2015)*

bC, cD, dE, eF, ?

(a) fG (b) gH (c) iJ (d) fg

***व्याख्या*** (a) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है




∴ अभीष्ट पद = fG

## 8. अक्षरों के स्थान परिवर्तन करने पर आधारित श्रृंखला

इस प्रकार की श्रृंखला के अन्तर्गत अक्षरों की एक श्रृंखला दी गई होती है जिसमें प्रत्येक अक्षर एक निश्चित नियमानुसार, श्रृंखला में आगे बढ़ता है।

**उदाहरण 43.** नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा पद आएगा?

PQR, QRP, RPQ, ?

(a) PQR (b) QRP (c) RPQ (d) QPR

***व्याख्या*** (a) श्रृंखला का क्रम निम्न प्रकार है।




∴ अभीष्ट पद = PQR

## 9. अंग्रेजी शब्दों पर आधारित श्रृंखला

इस प्रकार की श्रृंखला के अन्तर्गत अंग्रेजी शब्दों की एक श्रृंखला दी गई होती है जिसमें बाएँ से दाएँ आगे बढ़ने पर शब्दों में या तो अक्षरों की संख्या एक निश्चित क्रम से घटती या बढ़ती है या फिर एक उभयनिष्ठ अक्षर प्रत्येक अगले शब्द में बाईं/दाईं ओर एक स्थान प्रतिस्थापित हो जाता है।

**उदाहरण 44.** दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनें जो अनुक्रम को पूरा करे।

At, Bat, Flag, Mount,?

(a) Lion (b) Seven (c) Linear (d) Elephant

***व्याख्या*** (c) दी गई श्रृंखला में बाएँ से दाएँ आगे बढ़ने पर प्रत्येक अगले शब्द में अक्षरों की संख्या में एक अक्षर की वृद्धि हो रही है।

| At | Bat | Flag | Mount | Linear |
|---|---|---|---|---|
| 2-अक्षर | 3-अक्षर | 4-अक्षर | 5-अक्षर | 6-अक्षर |

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**उदाहरण 45.** दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनें जो अनुक्रम को पूरा करे।

rupees, arena, pursue, spare, separate, ? *(SSC CGL 2017)*

(a) rapid (b) pusher (c) person (d) super

***व्याख्या*** (b) दी गई शब्द श्रृंखला में r का स्थान बाएँ से दाएँ जाने पर एक स्थान बढ़ रहा है। अतः pusher दी गई श्रृंखला के अनुक्रम को पूरा करेगा।



# प्रश्नावली 5.2

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-54) *अंग्रेजी वर्णमाला में अपने स्थान के आधार पर निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?*

**1.** W, P, J, E, A, ? ***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)***
(a) X (b) W (c) V (d) Y

**2.** H, L, P, T, X, ? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) B (b) K (c) M (d) D

**3.** ?, Q, U, Z, F, M ***(UP Police SI 2017)***
(a) M (b) N (c) L (d) P

**4.** H, V, G, T, F, R, E, P, ? ***(IB ACIO 2017)***
(a) K, L (b) D, N (c) C, D (d) L, K

**5.** X, V, T, R, P, ? ***(MP Police Constable 2017)***
(a) N (b) O (c) M (d) L

**6.** A, ?, I, O, ? ***(SSC CPO 2016)***
(a) E, U (b) C, D (c) H, G (d) N, M

**7.** A, C, A, E, A, G, A, I, A, ? ***(Uttarakhand Police SI 2015)***
(a) I (b) J (c) K (d) L

**8.** R, M, I, F, D, ? ***(SSC CGL 2017)***
(a) B (b) C (c) A (d) E

**9.** E, K, G, M, ? , Q, M, ? ***(Chattisgarh Patwari 2017)***
(a) W, Z (b) U, V (c) K, S (d) U, Z

**10.** A, C, F, J, O, ?, B ***(SSC 10+2 2010)***
(a) I (b) H (c) U (d) D

**11.** Z, X, U, Q, L, ? ***(SSC 10+2 2010)***
(a) F (b) E (c) G (d) H

**12.** KB, LD, MG, NK, ? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) PU (b) OG (c) OP (d) PG

**13.** BX, DU, FR, HO, JL, LI, ? ***(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)***
(a) MF (b) NE (c) NF (d) ME

**14.** AZ, DW, GT, JQ, ? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) NM (b) MN (c) MO (d) LM

**15.** FD, HF, KH, OJ, ? ***(SSC 10+2 2017)***
(a) GH (b) EF (c) RS (d) TL

**16.** TU, ?, NO, XY ***(SSC 10+2 2017)***
(a) IJ (b) FG (c) DF (d) DE

**17.** AZ, CX, FU, ? ***(UPPSC Pre 2014)***
(a) JQ (b) KP (c) IR (d) IV

**18.** CE, GI, KM, OQ, ? ***(SSC 10+2 2014)***
(a) TW (b) TV (c) SU (d) RT

**19.** nd, iy, dt, yo, tj, ? ***(UPPSC Pre 2014)***
(a) mp (b) nq (c) oe (d) of

**20.** AC, FH, KM, PR, ? ***(SSC MTS 2014)***
(a) UX (b) TV (c) UW (d) VW

**21.** A, I, B, J, C, K, ? ***(SSC MTS 2013)***
(a) EM (b) EL (c) DL (d) DM

**22.** YW, US, ?, MK ***(SSC CPO 2013)***
(a) RP (b) BD (c) FH (d) QO

**23.** AZ, BY, CX, ? ***(SSC Steno 2013)***
(a) EW (b) EU (c) GH (d) DW

**24.** bc, cde, de, efg, fg, ? ***(SSC CGL 2013)***
(a) hij (b) ijk (c) ghi (d) fgh

**25.** DEF, JKL, GHI ? ***(UP Police SI 2014)***
(a) PQR (b) ABC (c) MNO (d) OPQ

**26.** SHG, RIF, QJE, PKD, ? ***(SSC CGL 2014)***
(a) NME (b) NLB (c) OLE (d) OLC

**27.** ACE, BDF, CEG, ? ***(SSC CGL 2013)***
(a) DFE (b) DEF (c) DFH (d) DEH

**28.** ABC, PQR, DEF, STU, ? ***(SSC CGL 2013)***
(a) GKL (b) VWX (c) GHI (d) IJK

**29.** AHL, ?, CFJ, DEI ***(SSC Steno 2013)***
(a) BGK (b) BKG (c) GKB (d) GBK

**30.** CEG, IKM, OQS, ? ***(SSC Steno 2013)***
(a) VXZ (b) TVX (c) TUV (d) UWY

**31.** DKM, FJP, HIS, JHV, ? ***(SSC CPO 2013)***
(a) LGY (b) HGY (c) IGZ (d) IGY

**32.** YVP, WTN, URL, ? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) VSP (b) SRJ (c) SPJ (d) TQL

**33.** DKY, FJW, HIU, JHS, ? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) LFQ (b) LGQ (c) KGR (d) KFR

**34.** AMN, BOP, CQR, ? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) BAS (b) DST (c) EQP (d) FRS

**35.** DIB, HMF, LQJ, ? ***(SSC 10+2 2014)***
(a) OTM (b) QVO (c) PVO (d) PUN

**36.** CIG, FLJ, IOM, ? ***(SSC (FCI) 2012)***
(a) LRP (b) JLG (c) PSU (d) QUB

**37.** BFG, HLM, NRS, ? ***(SSC (FCI) 2012)***
(a) TWX (b) RVW (c) TYZ (d) TXY

**38.** NOA, PQB, RSC, ? ***(SSC 10+2 2014)***
(a) TUD (b) DTU (c) ENO (d) PNQ

**39.** DFI, KMP, ?, YAD ***(SSC 10+2 2013)***
(a) QSV (b) RTW (c) SUX (d) RTV

**40.** WYV, ?, IKH, BDA ***(SSC Steno 2013)***
(a) OPR (b) ROP (c) PRO (d) OQN

**41.** POQ, SRT, VUW, ? ***(UPPSC Pre 2012)***
(a) XYZ (b) XZY (c) YXZ (d) YZX

**42.** ABC, FGH, LMN, ? ***(SSC CGL 2012)***
(a) IJK (b) OPQ (c) STU (d) RST

**43.** DHL, PTX, BFJ, ? ***(SSC CGL 2012)***
(a) NRV (b) RVZ (c) CGK (d) KOS

**44.** XYZ, ABC, UVW, DEF, RST, GHI, ? *(SSC CGL 2012)*
(a) UVW (b) JKL (c) OPQ (d) NOP

**45.** ZXV, TRP, NLJ, ? *(SSC 10+2 2010)*
(a) IGF (b) HDF (c) HGE (d) HFD

**46.** BDF, HJL, NPR, ? *(SSC Steno 2010)*
(a) OQS (b) TUV (c) TVX (d) UVW

**47.** BDF, KMO, TVX, ? *(SSC CGL 2010)*
(a) CEG (b) UVW (c) XYZ (d) ACE

**48.** BQT, VDT, VXG, IXA, CKA, CEN, ? *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)*
(a) EGP (b) PEG (c) FHQ (d) PEH

**49.** ALBC, CLDC, ? , GLHC *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) OLPC (b) ELFC (c) LLMC (d) KLLC

**50.** BEAG, DGCI, FIEK, ? *(SSC CGL 2013)*
(a) HMIE (b) HKGM (c) HGKJ (d) HKLJ

**51.** BPCW, DPEW, FPGW, ? , JPKW *(SSC Steno 2019)*
(a) IPHW (b) HPJW (c) HPIW (d) IPJW

**52.** AGMSY, CIOUA, EKQWC, ?, IOUAG, KQWCI *(SSC CGL 2010)*
(a) GMSYE (b) FMSYE (c) GNSYD (d) FMYES

**53.** YXWv, TSrQ, OnML, jIHG, EDCb, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) YXwV (b) ZYxW (c) XwVU (d) YxWV

**54.** AB, DEF, HIJK, ?, STUVWX *(NIFT UG 2015)*
(a) LMNO (b) LMNOP (c) MNOPQ (d) QRSTU

***निर्देश*** (प्र. सं. 55 और 56) *एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।*

**55.** bat, thin, reply, length, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) terror (b) display
(c) dome (d) scolding

**56.** win, note, grain, broker, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) refund (b) pony
(c) banking (d) mutually

***निर्देश*** (प्र. सं. 57-60) *एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक शब्द लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।*

**57.** XIIIII, IXIIII, IIXIII, IIIXII, IIIIXI, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) IIIIXII (b) IIIIIXI
(c) IIIIIX (d) XIIIIX

**58.** nature, ensure, tense, spent, spurn, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) pushup (b) thrash
(c) upturn (d) asset

**59.** Money, Amity, Camera, Animal, Telomere, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) Talisman (b) Litmus
(c) Matter (d) Shame

**60.** Good, Odour, Urban, Anthem, ? *(SSC CGL 2017)*
(a) Anthill (b) Empathy
(c) Europe (d) Goose

***निर्देश*** (प्र. सं. 61-70) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दी गई श्रृंखला में अगला पद/लुप्त पद क्या होगा?*

**61.** A B C D E F Z Y X W V U A B C D E Z Y X W V U A B C D E Z Y X W V *(SBI PO 2009)*
(a) U (b) A (c) B (d) Z
(e) इनमें से कोई नहीं

**62.** BDFHJLN/ACEGIKM/BDFHJL/ACEGIK/BDFHJ *(SBI Clerk 2009)*
(a) B (b) L (c) M (d) F
(e) इनमें से कोई नहीं

**63.** A B C D E F G H A B C D E F G A B C D E F *(BOI Clerk 2009)*
(a) H (b) G (c) A (d) E
(e) इनमें से कोई नहीं

**64.** A A B A B C A B C D A B C D E A B C D E F A B C D E F *(Andhra Bank PO 2008)*
(a) A (b) G
(c) H (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**65.** A A B A B C A B C D A B C D E A B C D E F A B C D E F G A B C D E F G *(SBI Clerk 2011)*
(a) A (b) I
(c) H (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**66.** B B C B C D B C D E B C D E F B C D E F G B C D E F *(BOM PO 2008)*
(a) B (b) G
(c) H (d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

**67.** B B C B C D B C D E B C D E F B C D E F G B C D E F G H B C D E F G H *(SBI PO 2008)*
(a) I (b) B
(c) J (d) K
(e) इनमें से कोई नहीं

**68.** H G F E D C B A G F E D C B A G F E D C B *(Corporation Bank PO 2009)*
(a) E (b) G (c) F (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**69.** H G F E D C B A H G F E D C B H G F E D C H *(Corporation Bank PO 2009)*
(a) F (b) G (c) B (d) A
(e) इनमें से कोई नहीं

**70.** M L K J I H G F M L K J I H G M L K J I H M L K J I *(Andhra Bank PO 2009)*
(a) K (b) N
(c) H (d) M
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** (a) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

W (23) $\xrightarrow{-7}$ P (16) $\xrightarrow{-6}$ J (10) $\xrightarrow{-5}$ E (5) $\xrightarrow{-4}$ A (1) $\xrightarrow{-3}$ [X] (24)

∴ ? = X

**2.** (a) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

H L P T X [B]

+4 +4 +4 +4 +4

∴ ? =B

**3.** (b) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

[N] Q U Z F M

+3 +4 +5 +6 +7

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर N आएगा।

**4.** (b) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

−1 −1 −1 −1

H V G T F R E P [D] [N]

−2 −2 −2 −2

अतः शृंखला का अगला पद D, N होगा।

**5.** (a) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

X V T R P [N]

−2 −2 −2 −2 −2

अतः शृंखला का अगला पद N होगा।

**6.** (a) यह स्वर अक्षर की शृंखला है। अतः लुप्त पद E और U होंगे।

**7.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

A C A E A G A I A [K]

+2 +2 +2 +2

अतः शृंखला का लुप्त अक्षर K है।

**8.** (b) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

R M I F D [C]

−5 −4 −3 −2 −1

अतः शृंखला का अगला पद C होगा।

**9.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+2 +4 +2

E K G M [K] Q M [S]

+2 +4 +2

∴? = K S

**10.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

A (1) $\xrightarrow{+2}$ C (3) $\xrightarrow{+3}$ F (6) $\xrightarrow{+4}$ J (10) $\xrightarrow{+5}$ O (15) $\xrightarrow{+6}$ [U] (21) $\xrightarrow{+7}$ B (2)

∴? = U

**11.** (a) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

Z (26) $\xrightarrow{-2}$ X (24) $\xrightarrow{-3}$ U (21) $\xrightarrow{-4}$ Q (17) $\xrightarrow{-5}$ L (12) $\xrightarrow{-6}$ [F] (6)

∴? = F

**12.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+2 +3 +4 +5

K B L D M G N K [O P]

+1 +1 +1 +1

∴ ? = OP

**13.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

BX, DU, FR, HO, JL, LI, [NF]

+2 +2 +2 +2 +2 +2

−3 −3 −3 −3 −3 −3

∴ ? = NF

**14.** (b) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

A Z D W G T J Q [M N]

+3 +3 +3 +3

−3 −3 −3 −3

∴ ?= MN

**15.** (d) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

F $\xrightarrow{+2}$ H $\xrightarrow{+3}$ K $\xrightarrow{+4}$ O $\xrightarrow{+5}$ [T]

D $\xrightarrow{+2}$ F $\xrightarrow{+2}$ H $\xrightarrow{+2}$ J $\xrightarrow{+2}$ [L]

अतः शृंखला का अगला पद TL होगा।

**16.** (d) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+10 +10 +10

T U [D E] N O X Y

+10 +10 +10

∴ ?= DE

**17.** (a) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

A (1) $\xrightarrow{+2}$ C (3) $\xrightarrow{+3}$ F (6) $\xrightarrow{+4}$ [J (10)]

Z (26) $\xrightarrow{-2}$ X (24) $\xrightarrow{-3}$ U (21) $\xrightarrow{-4}$ [Q (17)]

∴ ? = JQ

**18.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+4 +4 +4 +4

CE GI KM OQ [SU]

+4 +4 +4 +4

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर SU आएगा।

**19.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

−5 −5 −5 −5 −5

n d i y d t y o t j [o e]

−5 −5 −5 −5 −5

∴ ? = oe

**20.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

A C F H K M P R [U W]

+2 +3 +2 +3 +2 +3 +2 +3 +2

∴ ? = UW

**21.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

+1 +1 +1

A I B J C K [D] [L]

+1 +1 +1

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर DL आएगा।

**22.** (d) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

Y W U S [Q O] M K

−2 −2 −2 −2 −2 −2 −2

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर QO आएगा।

**23.** (d) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

−1 −1 −1

A Z B Y C X [D W]

+1 +1 +1

∴ ? = DW

**24.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

bc, cde, de, efg, fg, [ghi]

श्रेणी में पहले पद से दूसरा पद पहले वर्ण के अगले वर्ण से प्रारम्भ होता है तथा दूसरे, चौथे, छठे पद में उसके बाद आने वाला एक वर्ण जुड़ जाता है।

**25.** (c) शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

DEF JKL GHI [MNO]

अतः शब्द Abash चौथे स्थान पर आएगा।

**66.** *(c)* शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् होगा
Judo → July → Jump → June → Jury
अतः शब्दकोश के अनुसार पाँचवें स्थान पर शब्द Jury आएगा।

**67.** *(d)* शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् होगा
Kea → Ked → Keg → Ken → Key
अतः शब्दकोश के अनुसार पाँचवें स्थान पर शब्द Key आएगा।

**68.** *(c)* शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् होगा
Kick → Kill → Kilt → Kind → Kink
अतः शब्दकोश के अनुसार पाँचवें स्थान पर शब्द Kink आएगा।

**69.** *(c)* शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् होगा
Lead → Leaf → Leak → Leal → Lean
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि पाँचवें स्थान पर शब्द Lean होगा।

**70.** *(c)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
Omnious → Onion → Ostrich → Owl → Oxford
अतः शब्द Oxford पाँचवें स्थान पर आएगा।

**71.** *(b)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
SHREESHREE → SHRISHRI → SHRISRI → SRISHRI → SRISRI
अतः शब्द SRISRI सबसे अन्त में आएगा।

**72.** *(c)* दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
4. Thunderstorm → 5. Thursday → 2. Timber → 3. Tinkle → 1. Tinned
⇒ 4, 5, 2, 3, 1

**73.** *(d)* दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
3. Modern → 1. Modest → 4. Modular → 5. Monger → 2. Monkey
⇒ 3, 1, 4, 5, 2

**74.** *(a)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार व्यवस्थित करने पर क्रम निम्नवत् है
3. Reassemble → 1. Regulate → 2. Remedy → 4. Research
⇒ 3, 1, 2, 4

**75.** *(a)* दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
3. Mandarin → 2. Mandate → 5. Master → 1. Mobile → 4. Monkey
⇒ 3, 2, 5, 1, 4

**76.** *(a)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
2. Pharmacy → 1. Philosopher → 3. Piercing → 4. Salesman → 5. Saleswoman
⇒ 2, 1, 3, 4, 5

**77.** *(d)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
4. Replicate → 5. Repository → 2. Reptile → 3. Republic → 1. Reputation
⇒ 4, 5, 2, 3, 1

**78.** *(b)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
2. Jockey → 3. Jocular → 4. Jocund → 1. Joke
⇒ 2, 3, 4, 1

**79.** *(b)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
3. Pea → 4. Peanut → 1. Pearl → 2. Peasant
⇒ 3, 4, 1, 2

**80.** *(a)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
4. Lamp → 3. Lasted → 1. Lively → 2. Longer → 5. Lost
⇒ 4, 3, 1, 2, 5

**81.** *(a)* दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
4. Kaizen → 2. Kangaroo → 5. Karma → 1. Kite → 3. Krypton
⇒ 4, 2, 5, 1, 3

**82.** *(b)* दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
2. Hake → 1. Hale → 3. Halt → 5. Ham → 4. Hamlet
⇒ 2, 1, 3, 5, 4

**83.** *(d)* दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
4. Literacy → 2. Litter → 3. Little → 1. Live → 5. Living
⇒ 4, 2, 3, 1, 5

**84.** *(c)* दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
1. Necrology → 2. Necromancy → 4. Necrophilia → 3. Necropolis
⇒ 1, 2, 4, 3

**85.** *(a)* दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
4. Dictionary → 5. Dracula → 1. Drink → 2. Drinking → 3. Drive
⇒ 4, 5, 1, 2, 3

# 08

# दिशा और दूरी
## (Direction and Distance)

किसी निश्चित बिन्दु से गन्तव्य (अन्तिम) बिन्दु तक पहुँचने के लिए हम जिन दिशाओं में चलते हैं, उन्हें चलने की दिशा तथा प्रारम्भिक स्थान (निश्चित बिन्दु) से गन्तव्य स्थान के रास्ते की कुल लम्बाई को चली गई दूरी कहते हैं।

### दिशाओं की परिकल्पना (सिद्धान्त)

दिशा एक मानक परिकल्पना है, इस परिकल्पनानुसार, सूर्य जिस ओर उदित होता है, उस दिशा को हम पूर्व दिशा कहते हैं तथा जिस ओर सूर्य अस्त होता है, उस दिशा को हम पश्चिम दिशा कहते हैं।




(i) यदि हम सूर्योदय के समय सूर्य की ओर मुख करके खड़े हो जाएँ, तो हमारे सामने की ओर पूर्व दिशा, पीछे की ओर पश्चिम दिशा, हमारे बाएँ हाथ की ओर उत्तर दिशा एवं दाएँ हाथ की ओर दक्षिण दिशा होगी।




(ii) यदि हम सूर्यास्त के समय सूर्य की ओर मुख करके खड़े हो जाएँ, तो हमारे सामने की ओर पश्चिम दिशा, पीछे की ओर पूर्व दिशा, हमारे बाएँ हाथ की ओर दक्षिण दिशा एवं दाएँ हाथ की ओर उत्तर दिशा होगी।




साधारणतः हम सूर्योदय के समय के अनुसार ही दिशा को निरूपित करते हैं।

### मुख्य दिशाएँ

मूल रूप में दिशाएँ चार होती हैं, जो निम्न हैं

1. उत्तर
2. दक्षिण
3. पूर्व
4. पश्चिम




कोई भी दो मूल दिशाएँ जो एक-दूसरे के विपरीत न हो, के बीच 90° का कोण होता है।

### उप-दिशाएँ

दो सतत् मूल दिशाओं के बीच की दिशा को उप-दिशा कहते हैं। उप-दिशाएँ निम्न चार प्रकार की होती हैं

1. उत्तर-पूर्व
2. दक्षिण-पूर्व
3. दक्षिण-पश्चिम
4. उत्तर- पश्चिम

कागज पर दिशाओं का निरूपण निम्न प्रकार से किया जाता है।




### दाईं या बाईं ओर मुड़ना

यदि हम किसी दिशा की ओर मुँह करके चल रहे हैं तथा किसी बिन्दु से हमें दाईं ओर मुड़ना हो, परन्तु कोण व्यक्त नहीं किया गया हो, तो हमें अपनी दाईं ओर अर्थात् घड़ी की सूइयों के चलने की दिशा अथवा दक्षिणावर्त में 90° का कोण बनाते हुए मुड़ना चाहिए।

इसी प्रकार यदि बाईं ओर मुड़ना हो, तो हमें अपनी बाईं ओर अर्थात् घड़ी की सूइयों के चलने की विपरीत दिशा अथवा वामावर्त में 90° का कोण बनाते हुए मुड़ना चाहिए।




## दिशाओं का घूर्णन

दिशाओं की स्थिति आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकती है, परन्तु यह परिवर्तन अनियमित नहीं हो सकता है। दिशाओं की स्थिति में आवश्यक परिवर्तन हेतु दिशा अक्ष को घड़ी की सूइयों के चलने की दिशा या दक्षिणावर्त अथवा घड़ी की सूइयों के चलने की विपरीत दिशा या वामावर्त में घुमाया जाता है।

दिशाओं का निरूपण अक्षीय रूप में भी किया जा सकता है। इस प्रकार पूर्व एवं पश्चिम की दिशाएँ 'X-अक्ष' और उत्तर एवं दक्षिण की दिशाएँ 'Y-अक्ष' द्वारा निरूपित की जा सकती हैं।

### मूल दिशा-अक्ष







### परिवर्तित अक्ष

| क्र. सं. | कोण का परिवर्तन | घड़ी की सूइयों के चलने की दिशा या दक्षिणावर्त दिशा में परिवर्तन | घड़ी की सूइयों के चलने की विपरीत दिशा या वामावर्त दिशा में परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| 1. | 45° का परिवर्तन |   |   |
| 2. | 90° का परिवर्तन |   |   |
| 3. | 135° का परिवर्तन |   |   |

**नोट** इसी प्रकार 180°, 225°, 270° आदि कोणों का परिवर्तन होता है।

## परछाई

हम जानते हैं कि सूर्य पूर्व दिशा में उदय होता है और पश्चिम दिशा में अस्त होता है। सूर्योदय के समय अर्थात् सुबह के समय किसी भी व्यक्ति की परछाई पश्चिम दिशा की ओर बनती है तथा सूर्यास्त के समय अर्थात् शाम के समय किसी भी व्यक्ति की परछाई पूर्व दिशा की ओर बनती है।







दोपहर 12 : 00 बजे, कोई भी परछाई नहीं बनती है, क्योंकि उस समय सूर्य की किरणें सीधे ऊर्ध्वाधर नीचे की ओर होती हैं।

# प्रश्नों के प्रकार

इस अध्याय के अन्तर्गत निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* केवल दिशा ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में, प्रश्न में दी गई जानकारियों के आधार पर दिशा ज्ञात करनी होती है।

केवल दिशा ज्ञात करने के अन्तर्गत निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

### 1. जब प्रारम्भिक दिशा दी गई हो

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में प्रारम्भिक दिशा दी गई होती है और उसके बाद अन्य जानकारियाँ दी गई होती हैं। आपको प्रारम्भिक दिशा के सापेक्ष, अन्त की दिशा ज्ञात करनी होती है।

***उदाहरण* 1.** रमा ने अपने घर से शुरू किया और पूर्व की तरफ 5 किमी चली। फिर, वो बाएँ मुड़ी और 3 किमी चली, फिर वो लगातार दो बार बाएँ मुड़ी। अब वो किस दिशा में जा रही है? ***(UP Police SI 2017)***

(a) उत्तर-पूर्व (b) पश्चिम (c) दक्षिण (d) उत्तर

***व्याख्या*** **(c)** दी गई जानकारी से आरेख निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि रमा अब दक्षिण दिशा की ओर जा रही है।

**उदाहरण 2.** मैं 3 किमी दक्षिण की ओर चला। इसके बाद दाईं ओर मुड़कर 5 किमी चला। पुनः दाईं ओर मुड़कर 7 किमी चला। अन्त में मैं किस दिशा की तरफ चल रहा था? ***(CGPSC Pre 2014)***

(a) पश्चिम (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) उत्तर
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार, मेरे चलने का क्रम निम्न है




मैं बिन्दु A से चलना आरम्भ करता हूँ और बिन्दु B व C से होता हुआ बिन्दु D पर पहुँचता हूँ। स्पष्टतः, अब मेरा मुख उत्तर दिशा की ओर है।

**उदाहरण 3.** रमेश उत्तर की ओर जाता है, दाएँ मुड़ता है, फिर से दाएँ मुड़ता है और फिर बाएँ जाता है। अब रमेश किस दिशा की ओर जा रहा है? ***(UP Police Constable 2018)***

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

***व्याख्या*** *(a)* रमेश के चलने का क्रम निम्नवत् है




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि रमेश अब पूर्व की ओर जा रहा है।

**उदाहरण 4.** सुनीता दक्षिण की ओर जाती है, बाएँ मुड़ती है, फिर दाएँ मुड़ती है और फिर बाएँ जाती है। अब सुनीता किस दिशा की ओर जा रही है? ***(UP Police Constable 2018)***

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

***व्याख्या*** *(a)* सुनीता का चलने का क्रम निम्नवत् है




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि सुनीता अब पूर्व दिशा की ओर जा रही है।

## 2. जब अन्तिम दिशा दी गई हो

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में अन्तिम दिशा दी गई होती है और उसके बाद अन्य जानकारियाँ दी गई होती हैं। आपको अन्तिम दिशा के सापेक्ष, प्रारम्भ की दिशा ज्ञात करनी होती है।

**उदाहरण 5.** शंकर अपने विद्यालय से 4 किमी सीधे चलता है। इसके बाद वह दाईं ओर मुड़ता है और 3 किमी चलता है। पुनः वह अपने घर पहुँचने के लिए दाईं ओर मुड़कर 2 किमी चलता है। यदि उसका घर विद्यालय से दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित है, तो शंकर ने विद्यालय से किस दिशा में चलना प्रारम्भ किया था?

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिम

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार,




शंकर ने विद्यालय से पूर्व दिशा में चलना प्रारम्भ किया था।

**नोट** इस प्रकार के प्रश्नों में प्रारम्भिक दिशा नहीं होने पर हमेशा प्रारम्भ में उत्तर दिशा मानकर प्रश्नों का हल प्रारम्भ करना चाहिए और बनाए गए आरेख में अन्त की दिशा को प्रश्नानुसार प्रारम्भ की दिशा के साथ मिलाने के लिए अन्त वाले तीर को जितने अंश (डिग्री) से घुमाना पड़े, प्रारम्भ के तीर को भी उतने ही अंश (डिग्री) से घुमाएँगे और जो दिशा प्राप्त होगी, वही सही दिशा होगी।

## 3. जब दिशाओं का घूर्णन हो

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में एक दिशा घूमकर दूसरी दिशा बन जाती है और आपसे यह पूछा जाता है कि अमुक दिशा इसी आधार पर घूमकर कौन-सी दिशा बन जाएगी। यह घुमाव सामान्यतः 45° या इसके गुणक में दक्षिणावर्त या वामावर्त होता है।

**उदाहरण 6.** यदि दक्षिण-पश्चिम, उत्तर हो जाता है, तो उत्तर-पूर्व क्या हो जाएगा?

(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार,




चूँकि दिशाएँ 135° दक्षिणावर्त घूम रही हैं। अतः उत्तर-पूर्व को 135° दक्षिणावर्त दिशा में घुमाने पर वह दक्षिण हो जाएगा।

## 4. जब व्यक्ति एक स्थान पर खड़ा होकर विभिन्न दिशाओं में घूम रहा हो

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में एक व्यक्ति किसी दिशा में मुँह करके खड़ा होता है। अब प्रश्नानुसार वह दक्षिणावर्त या वामावर्त 45° या इसके गुणक में दो या दो से अधिक बार घूमता है। अन्त में उसका मुँह किस दिशा में होगा यही ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण 7.** एक मनुष्य उत्तर-पश्चिम की ओर मुँह करके खड़ा है। वह पहले दक्षिणावर्त 90°, फिर वामावर्त 135° घूमता है। अब, वह किस दिशा की ओर मुँह किए खड़ा है? ***(UPPSC Pre 2008)***

(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः वह मनुष्य पश्चिम दिशा की ओर मुँह किए खड़ा है।

## 5. जब परछाई दी गई हो/या दो व्यक्ति खेलने की मानक अवस्था में बैठे हों

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में सामान्यतया सूर्योदय या सूर्यास्त के समय एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े दो व्यक्तियों की परछाइयों के विषय में कुछ जानकारियाँ दी गई होती हैं और आपसे किसी व्यक्ति के मुँह की दिशा ज्ञात करने के लिए कहा जाता है। अन्य प्रकार के प्रश्नों में दो व्यक्ति किसी खेल की मानक अवस्था में अर्थात् आमने-सामने बैठे होते हैं। इनमें से किसी एक व्यक्ति के मुख की दिशा दी गई होती है तथा दूसरे व्यक्ति के मुख की दिशा ज्ञात करनी होती है।

***उदाहरण* 8.** सूर्योदय के समय अजय और दयाल एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे हैं। बातचीत के समय दयाल की परछाई अजय के दाएँ हाथ की ओर बनती है, तो बताइए कि दयाल किस दिशा की ओर मुँह किए हुए है?

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिम

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः अजय के दाएँ हाथ की ओर दयाल की परछाई बन रही है अर्थात् अजय का दायाँ हाथ पश्चिम दिशा की ओर होगा तथा अजय का मुँह दक्षिण दिशा की ओर होगा। दयाल सामने होने के कारण उत्तर दिशा की ओर मुँह किए होगा।

***उदाहरण* 9.** सुमन और अरुण चेस खेलने की मानक अवस्था में बैठकर बगीचे में चेस खेल रहे हैं। यदि सुमन का मुँह उत्तर दिशा की ओर है, तो अरुण का मुँह किस दिशा की ओर है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि अरुण का मुख दक्षिण दिशा की ओर है।

## 6. जब दिशाएँ घड़ी की सूइयों पर आधारित हों

कभी-कभी दिशाओं पर आधारित प्रश्नों के अन्तर्गत घड़ी के ज्ञान तथा एक निश्चित समय पर घड़ी की सूइयों की सापेक्षिक स्थिति से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे जाते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों में, दिए गए समय के अनुसार, मिनट वाली या घण्टे वाली सूई की दिशा ज्ञात करने के लिए कहा जाता है।

***उदाहरण* 10.** घड़ी में 9:15 बजे हों तथा घण्टे वाली सूई पश्चिम दिशा की ओर हो, तो मिनट वाली सूई किस दिशा में होगी?

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिम

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार, दिशाएँ निम्नवत् होंगी




अतः जब 9 : 15 बजे घण्टे वाली सूई पश्चिम की ओर होगी, तो मिनट वाली सूई पूर्व की ओर होगी।

***उदाहरण* 11.** एक घड़ी इस प्रकार रखी है कि दोपहर 12 बजे, इसकी मिनट वाली सूई उत्तर-पूर्व दिशा में है, तो दोपहर 1: 30 बजे इसकी घण्टे वाली सूई किस दिशा में होगी? *(NIFT UG 2014)*

(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार, घड़ी इस प्रकार रखी है कि दोपहर 12:00 बजे मिनट वाली सूई उत्तर-पूर्व दिशा की ओर है।

हम जानते हैं कि दोपहर 12 : 00 बजे मिनट तथा घण्टे वाली सूई एक ही दिशा में होती हैं। इस प्रकार घड़ी निम्नवत् दिखाई देगी




अतः 1: 30 बजे, घण्टे वाली सूई पूर्व दिशा की ओर होगी।

## 7. व्यक्तियों या वस्तुओं की सापेक्षिक स्थिति ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्तियों या वस्तुओं की स्थिति से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ दी गई होती हैं। इन्हीं जानकारियों के आधार पर ही किसी व्यक्ति या वस्तु की सापेक्षिक स्थिति किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु की सापेक्ष दिशा ज्ञात करनी होती है।

***उदाहरण* 12.** यदि M, B के दक्षिण में है और B, N के पश्चिम में है, तो N, M से किस दिशा में है? *(MP Police SI 2017)*

(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर (c) उत्तर-पूर्व (d) पूर्व

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार दी गई जानकारी से, आरेख निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि N, M के उत्तर-पूर्व दिशा में है।

***उदाहरण* 13.** 'क' स्थान 'ख' से 40 मी दक्षिण-पश्चिम में है। 'ग' स्थान 'ख' से 40 मी दक्षिण-पूर्व में है। बताइए 'ग' स्थान 'क' से किस दिशा में है? *(Delhi Police Constable 2012)*

(a) पूर्व (b) उत्तर-पूर्व (c) पश्चिम (d) दक्षिण

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार, तीनों स्थानों के लिए आरेख निम्न है




अतः 'ग' स्थान 'क' से पूर्व दिशा में है।

# प्रश्नावली 8.1

**1.** सुबह में सूर्योदय के बाद एक लड़के ने पश्चिम की ओर 4 किमी तक अपनी साइकिल चलाई, फिर वह दाईं ओर मुड़ा और 6 किमी तक साइकिल चलाई और फिर दाईं ओर मुड़कर अपने विद्यालय तक पहुँचने के लिए 6 किमी तक साइकिल चलाई। स्कूल प्रारम्भिक बिन्दु से किस दिशा में है? *(SSC Steno 2015)*
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व (c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**2.** एक सुबह मीना ने सूर्य की ओर चलना प्रारम्भ किया। कुछ दूर चलकर वह अपने बाईं ओर मुड़ी और दोबारा अपने बाईं ओर मुड़ी। कुछ दूर चलकर, वह बाईं ओर मुड़ी। वह अब किस दिशा में मुँह किए हुए है? *(SSC 10+2 2013)*
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) पश्चिम (d) दक्षिण

**3.** एक स्थान से प्रारम्भ करके, A पूरब की ओर 3 किमी जाता है, फिर बाईं ओर मुड़कर 3 किमी चलता है। वह इसके बाद फिर बाईं ओर मुड़कर 3 किमी जाता है। A अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में है? *(SSC 10+2 2013)*
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) पश्चिम (d) दक्षिण

**4.** दक्षिण की ओर भाग रहा एक लड़का अपनी दाईं ओर घूमता है और भागता है। फिर वह अपनी दाईं ओर और अन्त में अपनी बाईं ओर घूमता है। अब वह किस दिशा में भाग रहा है? *(BSSC CGL 2014)*
(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) दक्षिण (d) उत्तर

**5.** राजू उत्तर दिशा की ओर 30 मी चलकर बाएँ मुड़ता है और 15 मी जाता है। अब वह दाएँ मुड़कर 50 मी जाता है और अन्त में दाएँ मुड़कर चलता है। वह किस दिशा की ओर जा रहा है? *(SSC 10+2 2010)*
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) दक्षिण (d) पश्चिम

**6.** एक लड़की अपने घर से प्रस्थान करती है। वह पहले उत्तर-पश्चिम दिशा में 30 मी तथा फिर दक्षिण-पश्चिम दिशा में 30 मी चलती है। आगे वह दक्षिण-पूर्व दिशा में 30 मी चलती है। अन्त में वह अपने घर की ओर मुड़ती है। वह किस दिशा में जा रही है? *(SSC Steno 2016)*
(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम (c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**7.** राम बिन्दु A से चलना आरम्भ करता है और उत्तर दिशा में 6 किमी चलता है, उसके बाद वह बाएँ मुड़ता है और 8 किमी चलता है, उसके बाद फिर बाएँ मुड़ता है और 12 किमी चलता है और बिन्दु B तक पहुँचता है। अब राम का मुँह किस दिशा में है? *(SSC 10+2 2008)*
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

**8.** एक व्यक्ति अपने घर से चलना आरम्भ करता है और उत्तर की ओर 8 किमी चलता है, बाईं ओर घूम जाता है और 6 किमी चलता है, फिर दाईं ओर घूम जाता है और 5 किमी चलता है। अब, वह किस दिशा की ओर चल रहा है? *(SSC CGL 2013)*
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) दक्षिण (d) पश्चिम

**9.** एक व्यक्ति योग कर रहा है और उसका सिर नीचे और पाँव ऊपर है। उसका मुँह पश्चिम की ओर है। उसका बायाँ हाथ किस दिशा में होगा? *(UKPSC 2016)*
(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

**10.** एक रेलगाड़ी पश्चिम दिशा में 120 किमी चलती है, फिर 30 किमी दक्षिण दिशा में तथा फिर स्टेशन पहुँचने से पहले 80 किमी पूर्व दिशा में चलती है। रेलगाड़ी के आरम्भिक बिन्दु से स्टेशन किस दिशा में है? *(CMAT 2014)*
(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम (c) दक्षिण-पश्चिम (d) दक्षिण

**11.** प्रताप अपने विद्यालय से प्रारम्भ करके पूर्व की ओर 7 किमी जाता है। वह बाईं ओर मुड़कर 4 किमी चलता है, फिर दाईं ओर मुड़कर 2 किमी जाता है वह फिर दाईं ओर मुड़कर 3 किमी जाता है। वह अब किस दिशा की ओर मुँह किए हुए है? *(SSC CGL 2014)*
(a) दक्षिण (b) उत्तर (c) पूर्व (d) पश्चिम

**12.** X अपने घर से पश्चिम की ओर मुँह करके निकलता है, उसी दिशा में 100 किमी गाड़ी चलाने के बाद वह दाएँ मुड़ता है और पुनः 100 किमी गाड़ी चलाता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़कर 50 किमी चलता है। अपने शुरुआती बिन्दु के सापेक्ष X किस दिशा के सम्मुख खड़ा है? *(RRB ALP 2018)*
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**13.** एक व्यक्ति एक स्थान से चलना प्रारम्भ करता है और पूर्व की ओर 15 मी चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 10 मी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और चलता है। यह बताइए कि अब वह किस दिशा की ओर चल रहा है? *(RRB ALP 2011)*
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) पश्चिम (d) दक्षिण

**14.** सुबह-सवेरे एक व्यक्ति ने बस द्वारा यात्रा करते समय सूर्य को अपने दाईं ओर उदय होते हुए देखा। 30 मिनट के बाद उसने अपने को सूर्य की दिशा में यात्रा करते हुए पाया। वह किस दिशा में बढ़ रहा है? *(SSC FCI 2011)*
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

**15.** प्राबीर दक्षिण की ओर चलना आरम्भ करता है। वह अपने दाईं ओर मुड़ता है और 10 मी चलता है। वह दोबारा अपने बाईं ओर मुड़ता है और 20 मी चलता है। अब वह किस दिशा की ओर है? *(UBI Clerk 2010)*
(a) दक्षिण (b) उत्तर
(c) पश्चिम (d) पूर्व
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**16.** समीर पूर्व दिशा की ओर मुँह किए खड़ा था। वह अपने दाएँ मुड़ा और 5 मी चला, फिर अपने दाएँ मुड़ा और 7 मी चला। फिर वह बाएँ मुड़ा और 4 मी चला। अब उसका मुँह किस दिशा की ओर है? *(SBI PO 2011)*
(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं

**17.** विकास उत्तर की ओर 10 मी चलकर बाईं ओर मुड़ जाता है और फिर 15 मी चलता है। इसके बाद वह बाईं ओर मुड़ता है और 10 मी चलता है, फिर चलना बन्द कर देता है। जब वह चलने से रुका, तो उसका मुँह किस दिशा में था? *(IBPS Clerk 2011)*
(a) दक्षिण (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** एक लड़का 3 किमी दक्षिण की ओर चला। फिर वह पश्चिम की ओर घूमा और 5 किमी चला। फिर वह उत्तर की ओर घूमा और 6 किमी चला। अब वह पूर्व की ओर घूमा और 5 किमी चला। यात्रा पूरी करते समय लड़का किस दिशा में चल रहा था? *(SSC CGL 2011)*
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

**19.** श्याम अपने घर से उत्तर की ओर 3 किमी चला, फिर वह दाएँ मुड़कर 2 किमी चला और फिर दाएँ मुड़कर 5 किमी चला और फिर दाएँ मुड़कर 2 किमी चला और फिर दाएँ मुड़कर 2 किमी चला। अब वह किस दिशा की ओर जा रहा है? *(SSC 10+2 2010)*
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पश्चिम (d) पूर्व

**20.** राकेश अपने घर से चलता है। उत्तर-पश्चिम दिशा में 20 मी चलने के बाद वह दक्षिण-पश्चिम दिशा में 20 मी चलता है। फिर वह दक्षिण-पूर्व दिशा में 20 मी चलता है। अन्त में वह अपने घर की ओर मुड़ जाता है। राकेश किस दिशा में जा रहा है? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पूर्व
(e) इनमें से कोई नहीं

**21.** उदित होते सूर्य की ओर अपनी पीठ करके, रेशमा चलना शुरू करती है। कुछ मिनट बाद वह बाएँ घूम जाती है और चलती रहती है। तब थोड़ी देर बाद वह दाएँ घूम जाती है और फिर बाएँ घूम जाती है। अब, वह किस दिशा में जा रही है? ***(SSC CPO 2015)***

(a) पश्चिम (b) पूर्व (c) उत्तर (d) दक्षिण

**22.** राजन ने अपने घर से चलना शुरू किया और 2 किमी पूर्व की ओर गया, उसके बाद दाएँ मुड़ गया और 3 किमी चला फिर दोबारा दाएँ मुड़ गया और 3 किमी चला, वह फिर दाएँ मुड़ा और 1 किमी चला और अन्त में दाएँ मुड़ने के बाद और फिर 1 किमी चलने के बाद वह बिन्दु K पर पहुँच गया। जब वह बिन्दु K पर पहुँचा, तो किस दिशा में चल रहा था? ***(SSC Steno 2015)***

(a) पूर्व (b) दक्षिण (c) पश्चिम (d) उत्तर

**23.** दो महिलाएँ व दो पुरुष ताश खेल रहे हैं; और वे मेज की उत्तर, पूर्व, दक्षिण व पश्चिम की ओर बैठे हैं। किसी भी महिला का मुख पूर्व की ओर नहीं है। वे व्यक्ति जो एक-दूसरे के सामने बैठे हैं, समान लिंग के नहीं हैं। एक पुरुष का मुख दक्षिण की ओर है। महिलाओं का मुख किन दिशाओं में हैं? ***(UKPSC Lower 2016)***

(a) पूर्व व पश्चिम (b) दक्षिण व पूर्व
(c) उत्तर व पश्चिम (d) उत्तर व पूर्व

**24.** एक चूहा पूर्व की ओर 20 मी दौड़ता है और दाईं ओर मुड़कर 10 मी दौड़ता है और दाईं ओर मुड़कर 9 मी दौड़ता है, पुनः बाईं ओर मुड़कर 5 मी दौड़ता है और बाईं ओर 12 मी दौड़ता है, अन्त में वह बाईं ओर मुड़कर 6 मी दौड़ता है। अब वह किस दिशा की ओर मुँह करके खड़ा है? ***(Chhattisgarh Patwari 2016)***

(a) उत्तर (b) दक्षिण-पूर्व (c) पूर्व (d) पश्चिम

**25.** एक मार्गदर्शक खम्भा एक क्रासिंग पर खड़ा है। एक दुर्घटना में, यह इस प्रकार घूम गया कि जो तीर पहले पूर्व की ओर था वह अब दक्षिण की ओर है। एक यात्री पश्चिम सोचते हुए गलत दिशा में चला गया। वास्तव में वह किस दिशा में गया ? ***(NIFT PG 2014)***

(a) दक्षिण (b) उत्तर (c) पूर्व (d) पश्चिम

**26.** दिशा के आधार पर, यदि उत्तर को पश्चिम कहा जाता है, उत्तर-पश्चिम को दक्षिण-पश्चिम कहा जाता है तथा दक्षिण-पश्चिम को दक्षिण-पूर्व कहा जाता है, तो उत्तर-पूर्व को क्या कहा जाएगा? ***(SSC MTS 2017)***

(a) पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व (c) उत्तर (d) उत्तर-पश्चिम

**27.** एक सभा में एक गाँव का मानचित्र इस तरह से रखा गया है कि दक्षिण-पूर्व दिशा, उत्तर दिशा बन जाती है, उत्तर-पूर्व दिशा पश्चिम दिशा बन जाती है और इसी प्रकार अन्य दिशाएँ बन जाती हैं। बताइए, दक्षिण दिशा क्या बन जाएगी? ***(UPPSC Pre 2010)***

(a) उत्तर (b) उत्तर-पूर्व (c) उत्तर-पश्चिम (d) पश्चिम

**28.** अकीला एक वर्गाकार हॉल को झाडू से साफ कर रही है, जिसका प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में है। कमरे में प्रवेश करने के बाद, अकीला अपनी दाईं ओर की सफाई शुरू करती है। एक बार हाथ फेरने के बाद वह झाडू के साथ 90° का कोण बाईं ओर बनाती है। अब झाडू किस दिशा की ओर है? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) उत्तर (b) पश्चिम (c) पूर्व (d) दक्षिण

**29.** X, उत्तर की ओर मुख करके खड़ा है। वह दक्षिणावर्त 205° घूमता है। उसके बाद पुनः 160° वामावर्त घूमता है। अब X का मुख किस दिशा में है? ***(RRB ALP 2018)***

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व (c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पश्चिम

**30.** संध्या और विनीता पूर्व की ओर मुँह किए हुए हैं। संध्या 45° वामावर्त घूमती है और फिर 135° दक्षिणावर्त घूमती है। कितना कोण घूमने पर विनीता, संध्या के विपरीत दिशा में होगी? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) 270° दक्षिणावर्त (b) 180° वामावर्त
(c) 90° वामावर्त (d) 180° दक्षिणावर्त

**31.** एक घड़ी में 12 : 30 बजने पर घण्टे की सूई उत्तर दिशा में है तथा मिनट की सूई दक्षिण दिशा में है। 12 : 45 बजने पर मिनट की सूई किस दिशा में होगी? ***(CGPSC Pre 2014)***

(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व (c) पश्चिम (d) पूर्व
(e) इनमें से कोई नहीं

**32.** एक घड़ी में 4:30 बज रहे हैं। यदि घण्टे की सुई पूर्व की ओर हो, तो मिनट की सुई किस दिशा को इंगित करेगी?

(a) उत्तर-पश्चिम (b) उत्तर (c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पूर्व

**33.** सूर्योदय के समय सीता और अनुराधा एक-दूसरे के आमने-सामने खड़ी होकर बातचीत कर रही थी। इस समय सीता की परछाई अनुराधा के बाईं ओर बन रही है बताइए सीता का मुख किस ओर है?

(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

**34.** सुरभि और मधुरा कैरम खेल में बैठने की मानक स्थिति में बैठकर खेल रही हैं। यदि सुरभि उत्तर-पूर्व दिशा के सम्मुख है, तो उसकी प्रतियोगी मधुरा किस दिशा के सम्मुख है? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पूर्व

**35.** नीचे दिए गए चित्रों को देखकर प्रश्न का उत्तर दें। ***(UPSSSC ट्यूबवेल ऑपरेटर परीक्षा 2018)***



कल्पना कीजिए कि आप स्केल पर खड़े हैं और आपका चेहरा कलम की ओर है। नीचे दिए गए चित्रों में से कौन-सा चित्र किताब के स्थानिक अभिविन्यास को सही ढंग से दर्शाता है?




(a) A (b) B (c) C (d) D

**36.** यदि A, B के दक्षिण में है और B, C के पश्चिम में है, तो A, C से किस दिशा में है?

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर (c) उत्तर-पूर्व (d) पूर्व

**37.** P, Q के 25 मी दक्षिण-पश्चिम में है। R, Q के 25 मी दक्षिण-पूर्व में है। तब P, R के सापेक्ष किस दिशा में है?

(a) उत्तर (b) पूर्व (c) पश्चिम (d) दक्षिण
(e) इनमें से कोई नहीं

**38.** मोहन अपने घर से 7 किमी सीधे चलता है। इसके बाद बाईं ओर मुड़ता है और 5 किमी चलता है। अब वह पुनः अपने बाईं ओर मुड़ता है और 7 किमी चलता है यदि अब वह अपने घर से पश्चिम दिशा में है, तो उसने किस दिशा में चलना शुरु किया था?

(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

**निर्देश** (प्र. सं. 39 और 40) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
P, Q के उत्तर में है तथा S, P के पूर्व में है, जोकि W के दक्षिण में है। T, P के पश्चिम में है। ***(SBI Clerk Pre 2016)***

***39.*** निम्न में से W के दक्षिण-पश्चिम तथा Q के उत्तर में कौन है?
(a) P (b) T (c) S (d) Q
(e) इनमें से कोई नहीं

***40.*** T के सापेक्ष, W किस दिशा में है?
(a) उत्तर (b) उत्तर-पूर्व (c) दक्षिण-पश्चिम (d) पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं

***41.*** नगर C, नगर B के दक्षिण में है और नगर A, नगर C के उत्तर में है। नगर B के सन्दर्भ में नगर A निम्नलिखित में से किस दिशा में है? ***(Aandhra Bank PO 2010)***
(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) पश्चिम

***42.*** नगर D, नगर M के पश्चिम में है। नगर R, नगर D के दक्षिण में है। यदि नगर K, नगर R के पूर्व में है, तो नगर K, नगर D के किस ओर है? ***(IBPS PO 2011)***
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) उत्तर-पूर्व
(d) दक्षिण-पूर्व (e) इनमें से कोई नहीं

***43.*** दीपक अपने घर से उत्तर की ओर 25 किमी चला। फिर पश्चिम की ओर मुड़कर 15 किमी गया। फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 10 किमी चला। अन्त में, पूरब की ओर मुड़कर 15 किमी चला। वह अपने घर से किस दिशा में है? ***(SSC CPO 2014)***
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पश्चिम (d) पूरब

***44.*** सुमन उत्तर की ओर 15 किमी चलती है। वह दाईं ओर मुड़ती है तथा 15 किमी और चलती है। वह दाईं ओर मुड़ती है तथा 15 किमी और चलती है। वह अपने आरम्भिक बिन्दु से किस दिशा में है? ***(SSC Steno 2017)***
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

***45.*** एक कमरे के दरवाजे पर खड़े हुए एक पुलिसमैन ने अपने सामने वाली दीवार पर एक घड़ी लगी देखी, अपनी दाईं ओर वाली दीवार के साथ एक सोफा सेट पड़ा देखा तथा सोफे के सामने वाली दीवार के साथ एक टीवी सेट पड़ा देखा। उसने डुबती हुई सूर्य की किरणें घड़ी पर पड़ती हुई देखी। सोफा किस दीवार के साथ पड़ा था? ***(UPSSSC लघु सिंचाई विभाग 2015)***
(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) पश्चिम (d) दक्षिण

***46.*** दीपा 5 किमी पूर्व की ओर चली, फिर दाएँ मुड़ गई और 3 किमी चली। फिर वो बाएँ मुड़ी और 4 किमी चली। अन्त में, वो बाएँ मुड़ी और 3 किमी चली। शुरूआती बिन्दु के सन्दर्भ में दीपा किस दिशा में है? ***(UP Police SI 2017)***
(a) पश्चिम (b) उत्तर
(c) पूर्व (d) दक्षिण

***47.*** बिन्दु D, बिन्दु R के पश्चिम में 7 मी की दूरी पर है। आनन्द, बिन्दु R से पूर्व दिशा में चलना प्रारम्भ करता है। 3 मी चलने के बाद वह दाईं ओर मुड़ गया, फिर 4 मी चलकर दोबारा दाईं ओर मुड़ गया। फिर 5 मी चलकर पुनः दाईं ओर मुड़ गया। फिर 4 मी चलकर वह बिन्दु T पर रुक गया। बिन्दु D के सापेक्ष बिन्दु T किस दिशा में है? ***(IBPS Clerk Pre 2016)***
(a) दक्षिण (b) पश्चिम
(c) पूर्व (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उत्तर

***48.*** A और B के घर उत्तर-दक्षिण की ओर जाती हुई एक सड़क पर एक-दूसरे के आमने-सामने स्थित हैं, जिसमें A का घर पश्चिम की ओर है। A अपने घर से बाहर आता है, बाएँ मुड़ता है, 5 किमी की यात्रा करता है, दाएँ मुड़ता है और D के घर के सामने तक 5 किमी की यात्रा करता है। B बिल्कुल वैसा ही करता है और C के घर के सामने पहुँच जाता है इस सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है? ***(IB ACIO 2017)***
(a) C और D एक ही सड़क पर रहते हैं
(b) C का घर दक्षिणमुखी है
(c) C और D के घर 20 किमी से दूरी पर हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः स्कूल, प्रारम्भिक बिन्दु से उत्तर पूर्व दिशा में है।

***2.*** *(d)* प्रश्नानुसार, मीना के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि मीना अब दक्षिण दिशा में मुँह किए हुए है।

***3.*** *(a)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




अतः A अपने प्रारम्भिक स्थान से उत्तर दिशा में है।

***4.*** *(b)* प्रश्नानुसार, लड़के के भागने का आरेख निम्न है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि लड़का अब पश्चिम दिशा की ओर भाग रहा है।

***5.*** *(b)* प्रश्नानुसार, राजू के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः राजू पूर्व दिशा की ओर जा रहा है।

***6.*** *(a)* दी गई जानकारी के अनुसार,




अतः लड़की उत्तर-पूर्व की दिशा में जा रही है।

**7.** *(b)* प्रश्नानुसार, राम के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः अब राम का मुँह दक्षिण दिशा में है।

**8.** *(a)* माना व्यक्ति बिन्दु A से चलना आरम्भ करता है। तब प्रश्नानुसार,




अतः वह व्यक्ति अब उत्तर दिशा की ओर चल रहा है।

**9.** *(c)* यदि व्यक्ति का मुँह पश्चिम की ओर है और उसका सिर नीचे और पाँव ऊपर हैं, तो स्पष्ट है कि उसका बायाँ हाथ उत्तर की ओर होगा।

**10.** *(c)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




अतः स्टेशन रेलगाड़ी के आरम्भिक बिन्दु से दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

**11.** *(a)* प्रश्नानुसार, प्रताप के चलने का क्रम निम्न है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि प्रताप अब दक्षिण दिशा की ओर मुँह किए हुए है।

**12.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः वह अपने घर के सापेक्ष उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर स्थित है।

**13.** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यक्ति के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः वह व्यक्ति पूर्व दिशा की ओर चल रहा है।

**14.** *(c)* प्रश्नानुसार, व्यक्ति के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः व्यक्ति पूर्व दिशा में बढ़ रहा है।

**15.** *(a)* प्रश्नानुसार, प्राबीर के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः प्राबीर दक्षिण दिशा की ओर मुँह किए हुए है।

**16.** *(b)* प्रश्नानुसार, समीर के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः समीर का मुँह दक्षिण दिशा की ओर है।

**17.** *(a)* प्रश्नानुसार, विकास के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः विकास का मुँह दक्षिण दिशा की ओर है।

**18.** *(c)* प्रश्नानुसार, लड़के के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः यात्रा पूरी करते समय लड़का पूर्व दिशा की ओर चल रहा था।

**19.** *(a)* प्रश्नानुसार, श्याम के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः श्याम उत्तर दिशा की ओर जा रहा है।

**20.** *(d)* प्रश्नानुसार, राकेश के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि राकेश अब उत्तर-पूर्व दिशा में जा रहा है।

**21.** *(d)* प्रश्नानुसार, रेशमा के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि रेशमा अन्त में बाएँ घूमने के बाद सीधे दक्षिण की ओर जा रही है।

**22.** *(a)* राजन के चलने का क्रम निम्नवत् होगा




उपरोक्त से स्पष्ट है कि जब राजन K बिन्दु पर पहुँचा, तो वह पूर्व दिशा में चल रहा था।

**23.** *(c)*




अतः महिलाओं का मुख उत्तर व पश्चिम दिशा में है।

**24.** *(a)*




अतः चूहा उत्तर दिशा की तरफ मुँह करके खड़ा है।

**25.** *(b)* प्रश्नानुसार,




चित्र से, स्पष्ट है कि उत्तर, पश्चिम को दिखाता है।
अतः यात्री उत्तर दिशा में जा रहा है।

**26.** *(d)* दिशा चित्र निम्न होता है




अब, प्रश्नानुसार दिशा परिवर्तित करने पर,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि उत्तर-पूर्व को उत्तर-पश्चिम कहा जाएगा।

**27.** *(b)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त दिशा आरेख से स्पष्ट है कि प्रत्येक दिशा 135° कोण वामावर्त घूम रही है, अतः दक्षिण दिशा, उत्तर-पूर्व दिशा होगी।

**28.** *(b)* प्रश्नानुसार,




स्पष्टतः झाड़ू पश्चिम दिशा की ओर है।

**29.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अन्तः में वह उत्तर-पूर्व दिशा की ओर अभिमुख है।

**30.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः विनीता 90° वामावर्त घूमने पर संध्या के विपरीत होगी।

**31.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः 12 : 45 पर मिनट की सूई पश्चिम दिशा में होगी।

**32.** *(d)* प्रश्नानुसार,




यदि घण्टे की सुई 4 तथा 5 के बीच पूर्व दिशा दिखाएगी, तो मिनट की सुई जो 6 पर है, वह दक्षिण-पूर्व दिशा दिखाएगी।

**33.** *(d)* प्रश्नानुसार, सीता और अनुराधा के खड़े होने का क्रम निम्नवत् है




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि सीता का मुख दक्षिण की ओर है।

**34.** *(b)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि मधुरा, दक्षिण-पश्चिम दिशा के सम्मुख है।

**35.** *(b)* दिए गए चित्र से,




या




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि विकल्प (b) सही है।

**36.** *(a)* दी गई जानकारी से, आरेख निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि A, C के दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

***37.*** *(c)* प्रश्नानुसार,
P, Q और R निम्न प्रकार स्थित हैं।




अतः P, R के पश्चिम दिशा में है।

***38.*** *(c)* प्रश्नानुसार, मोहन के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः मोहन ने उत्तर दिशा में चलना शुरु किया था।

**उत्तर** (प्र.सं. 39 और 40) दी गई जानकारी के अनुसार,




***39.*** *(a)* आरेख से स्पष्ट है कि W के दक्षिण-पश्चिम तथा Q के उत्तर में P है।

***40.*** *(b)* T के सापेक्ष, W उत्तर-पूर्व दिशा में है।

***41.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




या




अतः परिणाम निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

***42.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः नगर K, नगर D से दक्षिण-पूर्व दिशा में है।

***43.*** *(a)* प्रश्नानुसार, दीपक बिन्दु A से प्रारम्भ करके B, C व D से होता हुआ अन्त में बिन्दु E पर पहुँचता है, जो बिन्दु A से उत्तर दिशा में है।




अतः वह अपने घर से उत्तर दिशा में है।

***44.*** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः वह अपने प्रारम्भ बिन्दु से पूर्व दिशा में है।

***45.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि सोफा दक्षिण वाली दीवार के साथ पड़ा था।

***46.*** *(c)* दीपा के चलने का क्रम निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि आरम्भिक बिन्दु के सन्दर्भ में दीपा पूर्व दिशा में है।

***47.*** *(c)* प्रश्नानुसार,




∴ बिन्दु D के सापेक्ष, बिन्दु T पूर्व दिशा में है।

***48.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि उपरोक्त में से कोई भी सत्य नहीं है।

# प्रकार *2.* केवल दूरी ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दिशा और दूरी से सम्बन्धित जानकारियों के आधार पर प्रारम्भिक स्थान से अन्तिम स्थान के बीच की दूरी ज्ञात करनी होती है।
इसके अन्तर्गत निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## 1. कुल दूरी ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में प्रारम्भिक स्थान से अन्तिम स्थान तक तय की गई कुल दूरी ज्ञात करनी होती है।

**_उदाहरण_ 14.** विनोद उत्तर दिशा में 10 मी चला। इसके बाद वह बाएँ मुड़कर 20 मी चला और अन्त में बाएँ मुड़कर 50 मी चला, तो विनोद ने कुल कितनी दूरी तय की?

(a) 10 मी (b) 20 मी (c) 80 मी (d) 60 मी

***व्याख्या*** (c) प्रश्नानुसार,




अतः विनोद द्वारा तय की गई कुल दूरी = OA + AB + BC
= 10 + 20 + 50 = 80 मी

## 2. न्यूनतम दूरी ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में प्रारम्भिक स्थान से अन्तिम स्थान के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात करनी होती है। न्यूनतम दूरी ज्ञात करने की निम्न दो स्थितियाँ हैं

### स्थिति I जिसमें समकोण त्रिभुज न बने

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में प्रारम्भिक स्थान और अन्तिम स्थान को मिलाने वाली रेखा के सामने वाली भुजा से तुलना कर न्यूनतम दूरी ज्ञात करते हैं।

**_उदाहरण_ 15.** रमा 10 किमी दक्षिण दिशा की ओर चली और फिर दाहिने मुड़कर 5 किमी चली। वह फिर दाहिने मुड़कर 10 किमी चली, फिर बाएँ मुड़ी और 10 किमी चली। जिस बिन्दु से उसने चलना आरम्भ किया था, उस तक पहुँचने के लिए रमा को कितने किमी चलना पड़ेगा? *(SSC CGL 2016)*

(a) 25 किमी (b) 20 किमी
(c) 5 किमी (d) 15 किमी

***व्याख्या*** (d) रमा के चलने का क्रम निम्न है




माना, बिन्दु A रमा के चलने का आरम्भिक बिन्दु तथा बिन्दु E अन्तिम बिन्दु है।
अब, अन्तिम बिन्दु से आरम्भिक बिन्दु तक की दूरी
= ED + DA = 10 + 5 = 15 किमी

### स्थिति II जिसमें समकोण त्रिभुज बने

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में तय की गई दूरी विकर्णवत् दिशा में निकालनी होती है जिसके लिए पाइथागोरस प्रमेय की आवश्यकता होती है। इस परिस्थिति में समकोण त्रिभुज जैसी स्थिति बनती है। इसके लिए दिए गए समकोण त्रिभुज तथा इसकी भुजाओं के बीच सम्बन्धों को ध्यान में रखना पड़ता है। पाइथागोरस प्रमेय के अनुसार, 'किसी समकोण त्रिभुज में लम्ब का वर्ग तथा आधार के वर्ग का योग उसके कर्ण के वर्ग के बराबर होता है।'




माना $\Delta ABC$ एक समकोण त्रिभुज है, जिसमें AB लम्ब, BC आधार तथा AC एक कर्ण है, तो पाइथागोरस प्रमेय के अनुसार,

$$(\text{कर्ण})^2 = (\text{लम्ब})^2 + (\text{आधार})^2$$

$$\Rightarrow (AC)^2 = (AB)^2 + (BC)^2 \Rightarrow (h)^2 = (p)^2 + (b)^2$$

$$\therefore h = \sqrt{(p)^2 + (b)^2}$$

$$p = \sqrt{(h)^2 - (b)^2} \text{ तथा } b = \sqrt{(h)^2 - (p)^2}$$

**_उदाहरण_ 16.** कृष्णा उत्तर दिशा में 10 मी चला। इसके बाद वह बाएँ मुड़कर 30 मी चला और अन्त में बाएँ मुड़कर 50 मी चला, तो कृष्णा अब प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है?

(a) 10 मी (b) 20 मी (c) 90 मी (d) 50 मी

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार,




आरेख से, OA = 10 मी, AB = 30 मी, BC = 50 मी
BD = OA = 10 मी, OD = AB = 30 मी
CD = BC − BD = 50 − 10 = 40 मी

$$\therefore \text{ अभीष्ट दूरी} = OC = \sqrt{(CD)^2 + (OD)^2} = \sqrt{(40)^2 + (30)^2}$$

$$= \sqrt{1600 + 900} = \sqrt{2500} = 50 \text{ मी}$$

**_उदाहरण_ 17.** रवि उत्तर-पूर्व 8 किमी पैदल चलता है और फिर 6 किमी दक्षिण-पूर्व जाता है। प्रस्थान बिन्दु से वह कितनी दूरी पर है? *(UP Police SI 2014)*

(a) 14 किमी (b) 7 किमी (c) 9 किमी (d) 10 किमी

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार,




पाइथागोरस प्रमेय द्वारा, $AC^2 = AB^2 + BC^2$

$$\Rightarrow AC = \sqrt{AB^2 + BC^2} = \sqrt{64 + 36} = \sqrt{100}$$

$$\therefore AC = 10 \text{ किमी}$$

# प्रश्नावली 8.2

**1.** एक साइकिल सवार पूर्व की ओर 40 किमी जाता है, फिर उत्तर की ओर मुड़ता है और 20 किमी जाता है, फिर बाईं ओर मुड़ जाता है और 40 किमी जाता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी होगी?

(a) 120 किमी (b) 110 किमी (c) 100 किमी (d) 130 किमी

**2.** महक अपने घर से टहलने जाती है। वह सुबह 6 : 00 बजे सूर्य के सम्मुख चलना शुरु कर देती है और 1 किमी सीधे चलती है। एक चौराहे पर, वह दाएँ मुड़ती है और फिर 1 किमी चलती है। अन्त में, वह एक यू-टर्न लेती है और 1 किमी फिर से चलती है। वह अपने घर से कितनी दूर है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) 4 किमी (b) 2 किमी (c) 3 किमी (d) 1 किमी

**3.** एक साइकिल सवार पूर्व की ओर 20 किमी जाता है, फिर उत्तर को मुड़ता है और 20 किमी जाता है, फिर बाईं ओर मुड़ जाता है और 20 किमी जाता है। वह आरम्भिक बिन्दु से कितना दूर है? *(UKPSC Lower 2016)*

(a) 0 किमी (b) 10 किमी (c) 20 किमी (d) 30 किमी

**4.** केदार अपने घर से निकला और साइकिल से दक्षिण की ओर 25 किमी गया और बस स्टैण्ड पहुँचा। फिर वह बाईं ओर मुड़ा और 15 किमी गया, फिर से वह बाईं ओर मुड़ा और 25 किमी गया। वह अपने मूल स्थान से कितनी दूर है? *(SSC Steno 2019)*

(a) 10 किमी (b) 20 किमी (c) 15 किमी (d) 25 किमी

**5.** राम उत्तर की ओर 15 मी जाता है फिर दाईं ओर मुड़कर 20 मी जाता है, फिर पुनः दाईं ओर मुड़कर 10 मी चलता है, फिर पुनः दाईं ओर मुड़ता है और 20 मी चलता है। वह अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूर है? *(SSC 10+2 2013)*

(a) 5 मी (b) 10 मी (c) 15 मी (d) 20 मी

**6.** सुनीता अपनी स्कूटी पर उत्तर दिशा की ओर गई। तब वह बाएँ मुड़ी और फिर अपने बाएँ 4 किमी स्कूटी चलाई। उसने स्वयं को अपने प्रारम्भिक स्थल से 2 किमी पश्चिम में पाया। उसने प्रारम्भ में उत्तर दिशा में कितनी दूर तक स्कूटी चलाई? *(SSC CGL 2015)*

(a) 5 किमी (b) 4 किमी (c) 2 किमी (d) 6 किमी

**7.** रमेश 20 किमी पश्चिम की ओर चला, फिर दक्षिण की ओर मुड़ गया और 20 किमी चला और फिर पूर्व की ओर मुड़ा और 20 किमी चला। वो अब शुरूआती बिन्दु से कितनी दूर है? *(UP Police SI 2017)*

(a) 40 किमी (b) 60 किमी (c) 80 किमी (d) 20 किमी

**8.** विजय दक्षिण की ओर 12 किमी यात्रा करता है, फिर दाईं ओर मुड़कर 10 किमी यात्रा करता है, फिर दाईं ओर मुड़कर 12 किमी यात्रा करता है। विजय प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है? *(SSC CGL 2014)*

(a) 22 किमी (b) 44 किमी
(c) 12 किमी (d) 10 किमी

**9.** प्राची ने A स्थान से चलकर पूर्व की ओर B स्थान तक 10 फीट की दूरी तय की, तब वह दाईं ओर मुड़ी और 3 फीट चली, फिर से वह दाईं ओर मुड़ी और 14 फीट चली। वह स्थान A से कितनी दूरी पर है? *(CGPSC Pre 2019)*

(a) 4 फीट (b) 5 फीट (c) 27 फीट (d) 24 फीट

**10.** मानसी ने उत्तर की ओर चलना प्रारम्भ किया और 40 मी चली। फिर वह अपने बाईं ओर मुड़ी और 30 मी चली। फिर वह अपने दाएँ मुड़ी और 50 मी चली। वह पुनः दाएँ मुड़ी और 30 मी चली। वह अपने प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है? *(SBI Clerk Main 2018)*

(a) 70 मी (b) 100 मी
(c) 80 मी (d) इनमें से कोई नहीं
(e) 90 मी

**11.** रंगा अपने घर से दक्षिण दिशा में 60 मी चलकर पूर्व की ओर मुड़कर 40 मी चलता है और उत्तर दिशा में मुड़ जाता है और 30 मी चलकर रुक जाता है। रंगा द्वारा चली गई कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

(a) 130 मी (b) 140 मी
(c) 150 मी (d) 70 मी

**12.** राजू 40 किमी उत्तर दिशा में चलता है, फिर वह दाएँ मुड़कर 50 किमी चलता है। इसके बाद पुनः वह दाएँ मुड़कर 30 किमी चलता है। अन्त में वह दाएँ मुड़कर 50 किमी चला जाता है। तद्नुसार, वह अपने प्रस्थान बिन्दु से कितनी दूर पहुँच जाता है? *(SSC 10+2 2012)*

(a) 10 किमी (b) 40 किमी
(c) 20 किमी (d) 30 किमी

**13.** एक व्यक्ति दक्षिण दिशा की ओर चलता है और 10 किमी दूरी तय करता है। तब वह अपनी दाईं ओर घूम जाता है और 15 किमी चलता है उसके बाद वह फिर अपनी दाईं ओर घूम जाता है और 10 किमी चलता है। आरम्भिक बिन्दु से अन्तिम बिन्दु तक अल्पतम दूरी कितनी है? *(SSC CGL 2013)*

(a) 35 किमी (b) $10\sqrt{2}$ किमी
(c) 10 किमी (d) 15 किमी

**14.** एक व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर साइकिल चला रहा था, फिर वह बाएँ मुड़ा और 1 किमी साइकिल चलाई और पुनः बाएँ मुड़कर 2 किमी साइकिल चलाई। उसने अपने आपको अपने आरम्भिक बिन्दु से ठीक 1 किमी पश्चिम की ओर पाया। उसने आरम्भ में उत्तर दिशा की ओर कितनी दूरी तक साइकिल चलाई थी? *(SBI PO 2014)*

(a) 1 किमी (b) 2 किमी
(c) 3 किमी (d) 4 किमी
(e) 5 किमी

**15.** बिन्दु O से प्रारम्भ करके महेश दक्षिण में 5 किमी की दूरी चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है तथा 3 किमी चलता है। वहाँ से वह पुनः दाएँ मुड़ता है तथा 5 किमी चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है तथा 5 किमी चलता है। वह प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है? *(SSC Steno 2016)*

(a) 15 किमी (b) 13 किमी (c) 8 किमी (d) 5 किमी

**16.** संध्या सीधे A से B तक चलती है, जो 2 किमी दूर है। फिर वह 90° पर बाईं ओर मुड़कर 8 किमी C तक चलती है। वहाँ से वह फिर 90° बाईं ओर मुड़कर D तक 5 किमी चलती है। फिर वहाँ से 90° पर बाएँ मुड़कर 8 किमी E तक चलती है, तो A से E कितनी दूरी पर है?

(a) 2 किमी (b) 3 किमी (c) 5 किमी (d) 8 किमी

**17.** विजय ने सीधे पूर्व की ओर चलना प्रारम्भ किया। 75 मी चलने के बाद वह बाईं ओर मुड़कर सीधे 25 मी चला। उसने फिर बाईं ओर मुड़कर सीधे 40 मी की दूरी तय की। वह फिर बाईं ओर मुड़ा और 25 मी चला। वह प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है? *(SSC 10+2 2013)*

(a) 140 मी (b) 115 मी (c) 50 मी (d) 35 मी

**18.** एक साइकिल सवार 30 किमी उत्तर की ओर जाता है और फिर पूर्व की ओर मुड़कर 40 किमी जाता है। वह फिर से अपनी दाईं ओर मुड़कर 20 किमी जाता है। इसके पश्चात् वह अपनी दाईं ओर मुड़कर 40 किमी जाता है। वह अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है? *(SSC 10+2 2013)*

(a) 6 किमी (b) 10 किमी (c) 25 किमी (d) 40 किमी

**19.** रोहन, 3 किमी उत्तर दिशा में चलता है, उसके बाद वह बाएँ घूमकर 2 किमी चलता है। वह दोबारा बाएँ घूमकर 3 किमी चलता है। इसके बाद वह बाएँ घूमकर 3 किमी चलता है। तद्नुसार, वह अपने आरम्भिक बिन्दु से कितने किलोमीटर दूर पहुँच जाता है? *(SSC CGL 2013)*

(a) 1 किमी (b) 2 किमी (c) 3 किमी (d) 4 किमी

**20.** शाहिद और रोहित एक ही स्थान से, विपरीत दिशाओं में चलना प्रारम्भ करते हैं। प्रत्येक 1 किमी के बाद, शाहिद हमेशा बाएँ मुड़ता है और रोहित हमेशा दाएँ मुड़ता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? *(UPSC CSAT 2015)*
(a) उन दोनों के बीच, उनके 2 किमी चल लेने के बाद, दूरी 4 किमी है
(b) वे, प्रत्येक के 3 किमी चल लेने के बाद, मिलते हैं
(c) वे, प्रत्येक के 4 किमी चल लेने के बाद, पहली बार मिलते हैं
(d) वे फिर कभी मिले बिना ही, चलते रहते हैं

**21.** रोहित बैंगलोर से मैसूर की तरफ कार चलाता है। 80 किमी के बाद वह दाएँ मुड़ जाता है और 50 किमी चलता है। उसके बाद वह फिर दाएँ मुड़ जाता है और 70 किमी चलता है। अन्त में वह फिर दाएँ मुड़ जाता है और 50 किमी चलता है और रुक जाता है। यह बताइए कि रोहित अब बैंगलोर से कितनी दूर है? *(UPPSC Pre 2011)*
(a) 10 किमी (b) 40 किमी
(c) 20 किमी (d) 30 किमी

***निर्देश*** (प्र.सं. 22-24) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* *(SSC CGL 2014)*

a, b, c, d, e, f, g, h तथा i नौ मकान हैं। c, b से 2 किमी पूर्व में है। a, b से 1 किमी उत्तर में है तथा h, a के 2 किमी दक्षिण में है। g, h के 1 किमी पश्चिम में है, जबकि d, g के 3 किमी पूर्व में है तथा f, g के 2 किमी उत्तर में है। i, b व c के ठीक बीच में तथा e, h तथा d के ठीक बीच में है।

**22.** e तथा g के बीच दूरी है
(a) 2 किमी (b) 1 किमी (c) 5 किमी (d) 1.5 किमी

**23.** a तथा f के बीच की दूरी है
(a) 1.41 किमी (b) 3 किमी (c) 2 किमी (d) 1 किमी

**24.** e तथा i के बीच दूरी है
(a) 4 किमी (b) 2 किमी (c) 1 किमी (d) 3 किमी

**25.** सोहन बिन्दु X से प्रारम्भ करके 8 किमी आगे बिन्दु Y पर पहुँचा, फिर दाईं ओर मुड़कर 5 किमी दूर बिन्दु Z तक यात्रा करके पहुँचा, फिर दाईं ओर मुड़कर 7 किमी दूर बिन्दु A तक पहुँचा और फिर से दाईं ओर मुड़कर 5 किमी दूर बिन्दु B तक पहुँचा। बिन्दु B और बिन्दु X के बीच की दूरी कितनी है? *(UP Police Constable 2010)*
(a) 1 किमी (b) 2 किमी (c) 3 किमी (d) 4 किमी

**26.** शशि और सुनील O से प्रारम्भ करके विपरीत दिशाओं में यात्रा करते हैं। शशि पश्चिम की ओर 7 किमी चलकर A तक पहुँचती है और सुनील पूर्व की ओर 5 किमी चलकर B तक पहुँचता है। फिर सुनील बाएँ मुड़कर 3 किमी चलकर D तक पहुँचता है और शशि दाएँ मुड़कर 3 किमी चलकर C तक पहुँचती है। तब दोनों एक-दूसरे से कितनी दूरी पर पहुँच जाते हैं? *(SSC CGL 2002, 2006)*
(a) 10 किमी (b) 12 किमी
(c) 14 किमी (d) 16 किमी

**27.** राजू को ताराघर जाना था। अतः वह अपने घर से पूर्व की ओर 1.5 किमी चला, फिर दाईं ओर मुड़ गया और 2.5 किमी चला और फिर पूर्व की ओर मुड़ गया और 1 किमी चला और फिर दक्षिण की ओर मुड़ गया और 4 किमी चला और पश्चिम की ओर 2.5 किमी चलकर उस स्थान पर पहुँच गया। वह आरम्भिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है? *(SSC 10+2 2014)*
(a) 6.5 किमी (b) 9.5 किमी (c) 10 किमी (d) 9 किमी

**28.** एक लड़का उत्तर-पूर्व की ओर 3 किमी चलता है, फिर 4 किमी दक्षिण-पूर्व की ओर चलता है। आरम्भिक स्थान से वह कितनी दूरी पर है? *(RRB GG 2013)*
(a) 5 किमी (b) 6 किमी
(c) 7 किमी (d) 4 किमी

**29.** सोमू और राजू एक बिन्दु से, एक ही समय पर प्रस्थान करते हैं। सोमू उत्तर दिशा में 4 किमी/घण्टे की गति से चलता है और राजू पूर्व दिशा में 3 किमी/घण्टे की गति से चलता है। अतः एक घण्टे बाद दोनों के बीच कितनी दूरी हो जाएगी? *(SSC 10+2 2012)*
(a) 1 किमी (b) 7 किमी
(c) 5 किमी (d) 12 किमी

**30.** बिन्दु K, बिन्दु L के उत्तर में 7 मी की दूरी पर है। बिन्दु L, बिन्दु M के पश्चिम में 13 मी की दूरी पर है। बिन्दु N, बिन्दु M के उत्तर में है तथा बिन्दु K के पूर्व में है। बिन्दु N तथा बिन्दु K के बीच कितनी दूरी है? *(IBPS RRB Office Assist. 2017)*
(a) 7 मी (b) 13 मी
(c) 19 मी (d) 20 मी
(e) 12 मी

**31.** एक लड़का अपने घर में चलता है। वह पहले 45 मी दक्षिण-पश्चिम दिशा में चलता है और फिर 145 मी उत्तर-पूर्व दिशा में चलता है। फिर वह 60 मी दक्षिण दिशा में आगे बढ़ जाता है। वह अब अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूरी पर है? *(SSC 10+2 2017)*
(a) 100 मी (b) 80 मी
(c) 40 मी (d) 60 मी

**32.** कमल उत्तर दिशा में 10 किमी चलता है। वहाँ से वह वापस मुड़ता है और 6 किमी दक्षिण दिशा में चलता है। इसके बाद वह 3 किमी पूर्व दिशा में जाता है। तब वह मूलबिन्दु से कितनी दूरी पर पहुँच जाता है?
(a) 3 किमी (b) 6 किमी (c) 7 किमी (d) 5 किमी

**33.** श्याम पूर्व दिशा की ओर मुँह करके 6 मी चला, फिर दाएँ मुड़ा और 9 मी चला। फिर वह बाएँ मुड़ा और 6 मी चला। वह आरम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है? *(IBPS Clerk 2011)*
(a) 15 मी (b) 21 मी
(c) 18 मी (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**34.** एक व्यक्ति 4 किमी ठीक उत्तर में जाता है फिर 6 किमी ठीक पूर्व में जाता है और फिर 4 किमी ठीक उत्तर में जाता है। वह अपने प्रस्थान स्थल से कितना दूर है? *(SSC CGL 2013)*
(a) 6 किमी (b) 14 किमी
(c) 8 किमी (d) 10 किमी

**35.** अपने घर से दक्षिण-पश्चिम की ओर मुख करके, कविता 15 मी चलती है और फिर उत्तर की ओर मुड़कर 12 मी चलती है। वह अपने घर से, जो उसका प्रारम्भिक स्थल था, कितनी दूर थी? *(SSC CPO 2015)*
(a) 12 मी (b) 9 मी
(c) 10 मी (d) 15 मी

**36.** एक व्यक्ति 20 मी पूर्व की ओर चलता है और तब तक वह दक्षिण की ओर मुड़कर 50 मी चलता है। फिर से वह पूर्व की ओर मुड़कर 30 मी चलता है। इसके बाद वह उत्तर की ओर मुड़ता है और 170 मी चलता है। अब, वह प्रस्थान स्थल से कितनी दूर है? *(SSC FCI 2014)*
(a) 130 मी (b) 150 मी
(c) 140 मी (d) 160 मी

**37.** एक व्यक्ति पूर्व की दिशा में 7 किमी चलता है, फिर सीधे हाथ पर मुड़कर 3 किमी चलता है, फिर सीधे हाथ पर मुड़कर 11 किमी चलता है। अब वह प्रारम्भ के स्थान से कितनी दूर है? *(CGPSC 2017)*
(a) 8 किमी (b) 3 किमी
(c) 6 किमी (d) 5 किमी
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* माना बिन्दु A साइकिल सवार के चलने का आरम्भिक बिन्दु तथा D अन्तिम बिन्दु है। तब साइकिल सवार के चलने का क्रम निम्नवत् है




अब, AB = 40 किमी, BC = 20 किमी,
CD = 40 किमी

अतः साइकिल सवार द्वारा चली गई कुल दूरी
= AB + BC + CD
= 40 + 20 + 40 = 100 किमी

**2.** *(d)* महक के चलने का क्रम निम्नवत् होगा




अतः वह अपने घर से अन्त में 1 किमी की दूरी पर होगी।

**3.** *(c)*




अतः आरम्भिक स्थान से दूरी = 20 किमी

**4.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः मूल स्थान से वह 15 किमी दूर है।

**5.** *(a)* प्रश्नानुसार, राम के चलने का क्रम निम्नवत् है




आरेख से स्पष्ट है कि राम की प्रारम्भिक स्थान से दूरी AE = AB – BE
= 15 – 10 = 5 मी [∵ BE = CD = 10 मी]
∴ अभीष्ट दूरी = AE = 5 मी
अतः राम अपने प्रारम्भिक स्थान से 5 मी की दूरी पर है।

**6.** *(b)* प्रश्नानुसार, सुनीता के चलने का क्रम निम्नवत् है




आरेख से स्पष्ट है कि बिन्दु D, A के पश्चिम दिशा में है।
∴ CD = AB
अतः सुनीता प्रारम्भ में उत्तर दिशा में 4 किमी चली थी।

**7.** *(d)* दी गई जानकारी से आरेख निम्न है
आरेख से, AD = BC = 20 किमी दूर है




अतः रमेश अब अपने आरम्भिक बिन्दु से 20 किमी दूर है

**8.** *(d)* प्रश्नानुसार, विजय के चलने का क्रम निम्न है




बिन्दु A विजय के चलने का प्रारम्भिक बिन्दु तथा D अन्तिम बिन्दु है।
यहाँ, AB = DC = 12 किमी
तथा AD = BC = 10 किमी
∴ प्रारम्भिक स्थान से विजय की दूरी
= AD = BC = 10 किमी

**9.** *(b)* प्रश्नानुसार,




ΔAED में,
AE = BC = 3 फीट
DE = CD – CE = CD – AB
= 14 – 10 = 4

∴ $AD^2 = AE^2 + DE^2 = (3)^2 + (4)^2$
= 9 + 16 = 25
AD = 5
अतः प्राची स्थान A से 5 फीट की दूरी पर है।

**10.** *(e)* मानसी के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः अभीष्ट दूरी = OA + AD
= 40 + 50 = 90 मी

**11.** *(a)* प्रश्नानुसार, रंगा के चलने का क्रम निम्नवत् है




∴ रंगा द्वारा चली गई कुल दूरी
= AB + BC + CD
= 60 + 40 + 30 = 130 मी

**12.** *(a)* प्रश्नानुसार, राजू के चलने का क्रम निम्नवत् होगा।




∴ अभीष्ट दूरी (OD) = OA – AD = 40 – 30
[∵ AD = BC]
= 10 किमी

**13.** *(d)* प्रश्नानुसार, व्यक्ति के चलने का क्रम निम्न है




बिन्दु B और C से होता हुआ वह व्यक्ति अन्त में बिन्दु D पर पहुँचता है।
∴ A और D के बीच की अल्पतम दूरी
= AD = BC = 15 किमी

**14.** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यक्ति के चलने का क्रम निम्न है




अतः DA = 1 किमी और D, A के पश्चिम में है।

∴ AB = CD = 2 किमी

**15.** *(c)* दी गई जानकारी के अनुसार,




अतः अभीष्ट दूरी = OC + CD

= 5 + 3 = 8 किमी [∵ OC = AB = 3 किमी]

**16.** *(b)* प्रश्नानुसार, संध्या के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 2 किमी, BC = 8 किमी, CD = 5 किमी

DE = 8 किमी, CD = BE = 5 किमी

∴ AE = BE – AB = 5 – 2 = 3 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = AE = 3 किमी

**17.** *(d)* प्रश्नानुसार, विजय के चलने का क्रम निम्नवत् है




आरेख में स्पष्ट है कि विजय की प्रारम्भिक स्थान से दूरी

AE = AB – BE

AE = (75 – 40) = 35 मी

[∵ BE = CD = 40 मी]

∴ अभीष्ट दूरी = AE = 35 मी

अतः विजय प्रारम्भिक स्थान से 35 मी की दूरी पर है।

**18.** *(b)* प्रश्नानुसार, साइकिल सवार के चलने का क्रम निम्नवत् है




आरेख से स्पष्ट है कि साइकिल सवार की प्रारम्भिक बिन्दु से दूरी

AE = AB – BE = 30 – 20

[∵ BE = CD = 20 किमी]

= 10 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = AE = 10 किमी

**19.** *(a)* प्रश्नानुसार, रोहन के चलने का क्रम निम्नवत् है




आरम्भिक बिन्दु A से अन्तिम बिन्दु E की दूरी

AE = DE – DA = DE – CB

= 3 – 2 = 1 किमी

**20.** *(b)* प्रश्नानुसार,




माना बिन्दु A, शाहिद तथा रोहित के चलने का आरम्भिक बिन्दु है, जहाँ से वह दोनों विपरीत दिशा में 1 किमी चलते हैं तथा क्रम से बाएँ व दाएँ मुड़ते हैं।

बिन्दु B, वह बिन्दु है जहाँ पर दोनों 3 किमी चलने के पश्चात् मिल जाते हैं।

अतः दिए गए कथनों में से यह कथन कि वे प्रत्येक के 3 किमी चल लेने के बाद, मिलते हैं, सही है।

**21.** *(a)* प्रश्नानुसार, रोहित के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 80 किमी, BC = 50 किमी

CD = 70 किमी, DE = 50 किमी

BE = CD = 70 किमी

AE = AB – BE = 80 – 70 = 10 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = AE = 10 किमी

**उत्तर** (प्र. सं. 22-24) प्रश्नानुसार, सभी नौ मकानों की स्थिति निम्न प्रकार होगी




**22.** *(a)* e तथा g के बीच की दूरी 2 किमी है।

**23.** *(d)* a तथा f के बीच की दूरी 1 किमी है।

**24.** *(c)* e तथा i के बीच की दूरी 1 किमी है।

**25.** *(a)* प्रश्नानुसार, सोहन के चलने का क्रम निम्नवत् है




XY = 8 किमी, YZ = 5 किमी,

AZ = 7 किमी, AB = 5 किमी

AZ = BY = 7 किमी

∴ BX = XY – BY = 8 – 7 = 1 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = BX = 1 किमी

**26.** *(b)* प्रश्नानुसार, शशि और सुनील के चलने का क्रम निम्नवत् है




OA = 7 किमी, AC = 3 किमी

OB = 5 किमी, BD = 3 किमी

AB = OA + OB = 7 + 5 = 12 किमी

CD = AB = 12 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = CD = 12 किमी

**27.** *(a)* राजू के चलने का क्रम निम्नवत् है




माना बिन्दु A राजू के चलने का प्रारम्भिक बिन्दु है तथा F अन्तिम बिन्दु है। अब GC = AB = 1.5 किमी, GF = FD = 4 किमी तथा AG = BC = 2.5 किमी

अतः राजू की आरम्भिक बिन्दु से दूरी

= AG + GF = (2.5 + 4) = 6.5 किमी

**28.** *(a)* प्रश्नानुसार, लड़के के चलने का क्रम निम्नवत् है




$\therefore$ अभीष्ट दूरी $= OB = \sqrt{(OA)^2 + (AB)^2}$

$= \sqrt{(3)^2 + (4)^2}$

$= \sqrt{9 + 16} = \sqrt{25} = 5$ किमी

**29.** *(c)* प्रश्नानुसार, सोमू और राजू के चलने का क्रम निम्नवत् होगा




$\therefore$ अभीष्ट दूरी $= \sqrt{(4)^2 + (3)^2}$

$= \sqrt{16 + 9}$

$= \sqrt{25} = 5$ किमी

**30.** *(b)* दी गई जानकारी से आरेख चित्र निम्न है




चित्र से, KL = MN = 7 मी

तथा LM = KN = 13 मी

अतः बिन्दु K तथा बिन्दु N के बीच की दूरी 13 मी है।

**31.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अभीष्ट दूरी $(BE) = \sqrt{(100)^2 - (60)^2}$

$= \sqrt{6400} = 80$ मी

**32.** *(d)* प्रश्नानुसार, कमल के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 10 किमी, BC = 6 किमी,

CD = 3 किमी

AC = AB − BC = 10 − 6 = 4 किमी

$\therefore AD = \sqrt{(AC)^2 + (CD)^2}$

$= \sqrt{(4)^2 + (3)^2} = \sqrt{16 + 9}$

$= \sqrt{25} = 5$ किमी

$\therefore$ अभीष्ट दूरी = AD = 5 किमी

**33.** *(a)* प्रश्नानुसार, श्याम के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 6 मी, BC = 9 मी, CD = 6 मी

BC और AD का मध्य-बिन्दु O है।

$OB = OC = \frac{9}{2} = 4.5$ मी

$OA = \sqrt{(AB)^2 + (OB)^2}$

$= \sqrt{(6)^2 + (4.5)^2} = \sqrt{36 + 20.25}$

$= \sqrt{56.25} = 7.5$ मी

OD = OA = 7.5 मी

$\therefore$ AD = AO + OD = 7.5 + 7.5 = 15 मी

$\therefore$ अभीष्ट दूरी = AD = 15 मी

**34.** *(d)* प्रश्नानुसार,




BC और AD का मध्य-बिन्दु O है।

$OB = OC = \frac{6}{2} = 3$ किमी

$OA = \sqrt{(AB)^2 + (OB)^2} = \sqrt{(4)^2 + (3)^2}$

$= \sqrt{16 + 9} = \sqrt{25} = 5$ किमी

$\Rightarrow$ OD = OA = 5 किमी

$\Rightarrow$ AD = OA + OD = 5 + 5 = 10 किमी

$\therefore$ अभीष्ट दूरी = AD = 10 किमी

**35.** *(b)* प्रश्नानुसार, कविता के चलने का क्रम निम्नवत् है




$(AB)^2 = (BC)^2 + (AC)^2$

$\Rightarrow AC = \sqrt{(AB)^2 - (BC)^2} = \sqrt{(15)^2 - (12)^2}$

$= \sqrt{225 - 144} = \sqrt{81}$

$\therefore$ AC = 9 मी

**36.** *(a)* प्रश्नानुसार,




AB = 20 मी, BC = 50 मी

CD = 30 मी, DE = 170 मी

OB = CD = 30 मी, OD = BC = 50 मी

AO = AB + BO = 20 + 30 = 50 मी

OE = DE − OD = 170 − 50 = 120 मी

$\therefore AE = \sqrt{(AO)^2 + (OE)^2} = \sqrt{(50)^2 + (120)^2}$

$= \sqrt{2500 + 14400} = \sqrt{16900} = 130$ मी

$\therefore$ अभीष्ट दूरी = AE = 130 मी

***37.*** *(d)* दी गई जानकारी से व्यक्ति के चलने का क्रम निम्न है




यहाँ, AB = CE = 7 किमी
तथा BC = AE = 3 किमी
∴ DE = 11 – 7 = 4 किमी
∴ $AD = \sqrt{(DE)^2 + (AE)^2}$ [पाइथागोरस प्रमेय]
$AD = \sqrt{(4)^2 + (3)^2} = \sqrt{16 + 9} = \sqrt{25}$
AD = 5 किमी
अतः व्यक्ति आरम्भिक बिन्दु से 5 किमी की दूरी पर है।

# प्रकार *3.* दिशा और दूरी दोनों ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत प्रश्नों में दिशा और दूरी दोनों से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ दी गई होती हैं तथा अभ्यर्थी को इन्हीं जानकारियों के आधार पर एक स्थान के सापेक्ष दूसरे स्थान की दिशा और दूरी दोनों ज्ञात करनी होती हैं।

***उदाहरण* 18. एक व्यक्ति दक्षिण की ओर 12 मी चला, फिर बाईं ओर मुड़कर 16 मी चला। उसके बाद फिर बाईं ओर मुड़कर 12 मी चला। अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में तथा कितनी दूर है?**
***(CGPSC 2016)***

(a) पश्चिम, 16 मी
(b) पूर्व, 40 मी
(c) पूर्व, 16 मी
(d) पश्चिम, 40 मी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त चित्रानुसार, व्यक्ति अपने प्रारम्भिक स्थान से पूर्व दिशा में तथा 16 मी दूर है।

***उदाहरण* 19. महेश 10 किमी उत्तर की ओर जाता है, वहाँ से वह फिर 6 किमी दक्षिण की ओर जाता है, फिर वह 3 किमी पूर्व की ओर जाता है। बताइए कि वह अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में और कितनी दूरी पर है?**
***(UP Investigator 2014)***

(a) 5 किमी, उत्तर-पूर्व
(b) 5 किमी, दक्षिण-पूर्व
(c) 8 किमी, उत्तर-पूर्व
(d) 9 किमी, दक्षिण-पूर्व

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार,




आरेख से, OA = 10 किमी, AB = 6 किमी, BC = 3 किमी
OB = OA – AB = 10 – 6 = 4 किमी
$OC = \sqrt{(OB)^2 + (BC)^2} = \sqrt{(4)^2 + (3)^2} = \sqrt{16 + 9} = \sqrt{25} = 5$ किमी
O से C की दिशा = उत्तर-पूर्व
अतः महेश अपने प्रारम्भिक स्थान से 5 किमी की दूरी पर उत्तर-पूर्व दिशा में है।

# प्रश्नावली 8.3

**1.** शारदा ने दक्षिण दिशा में चलना शुरू किया। 15 मी चलने के बाद वह दो बार अपने बाएँ घूमी और दोनों बार 15-15 मी चली। अब, वह अपने प्रस्थान स्थल से कितनी दूर है और किस दिशा में है? *(SSC CGL 2013)*
(a) 20 मी, पश्चिम (b) 15 मी, पूर्व
(c) 15 मी, दक्षिण (d) 30 मी, पूर्व

**2.** सुशील दक्षिण की ओर 15 मी चला, फिर वह बाईं ओर मुड़कर 20 मी चला, फिर वह बाईं ओर मुड़कर 15 मी चला। अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूर तथा किस दिशा में है?
(a) 20 मी, पश्चिम (b) 20 मी, पूर्व
(c) 50 मी, पश्चिम (d) 50 मी, पूर्व
(e) इनमें से कोई नहीं

**3.** निखिल पूर्व दिशा की ओर 30 मी चला। फिर वह बाईं ओर घूम गया तथा 20 मी चला। अन्त में वह बाईं ओर घूमकर 30 मी चला। अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूर तथा किस दिशा में है? *(Allahabad Bank PO 2010)*
(a) 20 मी, उत्तर (b) 80 मी, उत्तर
(c) 20 मी, दक्षिण (d) 80 मी, दक्षिण
(e) आँकड़े अधूरे हैं

**4.** मि A, X बिन्दु से पूर्व की ओर 80 मी की दूरी तय करता है। वह दाईं ओर मुड़कर 40 मी चलता है। वह पुनः दाईं ओर मुड़कर 80 मी चलता है। फिर वह बाएँ मुड़कर 20 मी चलता है फिर बाईं ओर 80 मी चलता है। अब वह बाईं ओर 60 मी चलकर रुक जाता है। वह X बिन्दु से कितनी दूर और किस दिशा में है? *(SSC CPO 2016)*
(a) दक्षिण की ओर 70 मी (b) पूर्व की ओर 80 मी
(c) पश्चिम की ओर 50 मी (d) उत्तर की ओर 100 मी

**5.** एक व्यक्ति एक निश्चित बिन्दु से दक्षिण की ओर 15 मी चलता है। वहाँ से वह 12 मी उत्तर की ओर, तत्पश्चात् 4 मी पश्चिम की ओर चलता है। वह निश्चित बिन्दु से कितनी दूरी पर तथा किस दिशा में है? *(UKPSC 2018)*
(a) 3 मी, दक्षिण (b) 7 मी, दक्षिण-पश्चिम
(c) 5 मी, दक्षिण-पश्चिम (d) 5 मी, दक्षिण-पूर्व

**6.** राहुल 10 किमी पूर्व की ओर चलता है और बाईं ओर मुड़कर 3 किमी चलता है। वह फिर दाएँ मुड़कर 5 किमी चलता है, फिर दाएँ मुड़कर 8 किमी चलता है और अन्त में एक बार दाएँ ओर मुड़कर 3 किमी चलता है। वह प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूर और किस दिशा में है? *(SSC CPO 2016)*
(a) दक्षिण-पूर्व की ओर 13 किमी (b) पूर्व की ओर 18 किमी
(c) पूर्व की ओर 15 किमी (d) उत्तर की ओर 17 किमी

**7.** एक ग्रामीण महिला पानी की खोज के लिए अपने घर से 2.5 किमी दक्षिण दिशा में जाती है। वह फिर पश्चिम की ओर मुड़ती है और 1.5 किमी जाती है। तब वह दक्षिण की ओर मुड़ती है और 0.5 किमी चलती है। फिर वह अपनी बाईं ओर मुड़ जाती है और 1.5 किमी चलती है वह अब अपने घर के सन्दर्भ में कहाँ स्थित है? *(SSC 10+2 2018)*
(a) 2 किमी, दक्षिण (b) 3 किमी, उत्तर
(c) 3 किमी, दक्षिण (d) 2 किमी, उत्तर

**8.** X और Y एक ही बिन्दु से चलना प्रारम्भ करते हैं। X, 40 मी उत्तर की ओर चलता है, फिर मुड़कर पश्चिम की ओर 80 मी चलता है, फिर अपनी दाहिनी ओर मुड़कर 50 मी चलता है। उसी समय Y, 90 मी उत्तर की ओर चलता है। X की स्थिति से अब Y कहाँ पर है? *(SSC CGL 2017)*
(a) Y, X से 30 मी दूर पूर्व में है
(b) Y, X से 80 मी दूर पश्चिम में है
(c) Y, X से 30 मी दूर पश्चिम में है
(d) Y, X से 80 मी दूर पूर्व में है

**9.** समीर उत्तर की तरफ 20 मी चलता है, उसके बाद में दाईं तरफ मुड़कर 30 मी चलता है। उसके बाद पुनः दाईं ओर मुड़कर 35 मी चलता है। अब वह बाईं तरफ मुड़कर 15 मी चलता हैं, फिर पुनः बाईं तरफ मुड़कर 15 मी चलता है। बताइए अब वह अपनी मूल स्थिति से कितनी दूरी पर और किस दिशा की ओर स्थित है? *(Chhattisgarh Patwari 2016)*
(a) 35 मी, पश्चिम (b) 30 मी, पूर्व
(c) 45 मी, पूर्व (d) 30 मी, दक्षिण

**10.** बिन्दु A, बिन्दु B के दक्षिण में 30 मी पर है। बिन्दु C, बिन्दु A के पूर्व में 20 मी पर है। बिन्दु D, बिन्दु C के दक्षिण में 15 मी पर है। बिन्दु D, बिन्दु E और F के एकदम बीच में इस प्रकार है कि बिन्दु E, D और F, 40 मी की एक समानान्तर रेखा बनाते हैं। बिन्दु E, बिन्दु D के पश्चिम में है। बिन्दु E, बिन्दु B से कितनी दूर और किस दिशा में है? *(SBI PO 2015)*
(a) दक्षिण की ओर 45 मी (b) दक्षिण की ओर 25 मी
(c) पश्चिम की ओर 30 मी (d) उत्तर की ओर 35 मी
(e) उत्तर की ओर 45 मी

***निर्देश*** (प्र. सं. 11 और 12) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(LIC ADO 2011)*
बिन्दु B, बिन्दु A के दक्षिण में 12 मी दूरी पर है। बिन्दु C, बिन्दु B से 24 मी पूर्व में है। बिन्दु D, बिन्दु C से 8 मी दक्षिण में है। बिन्दु D, बिन्दु E से 12 मी पूर्व में है तथा बिन्दु F, बिन्दु E से 8 मी उत्तर में है।

**11.** यदि कोई व्यक्ति A से E तक कम-से-कम दूरी तय करके जाए, तो इन बिन्दुओं में से सबसे पहले किससे गुजरेगा?
(a) C (b) D (c) F (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**12.** यदि एक व्यक्ति बिन्दु C पर उत्तर की ओर मुँह करके खड़ा है, तो बिन्दु F कितनी दूर है और किस दिशा में है?
(a) 12 मी, पश्चिम (b) 24 मी, पूर्व
(c) 12 मी, पूर्व (d) 24 मी, पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 13-15) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
ललित बाइक पर अपने बेटे के साथ अपने घर से अपने कार्यालय जाता है। वह बिन्दु A से बाइक चलाना आरम्भ करता है। वह दक्षिण की ओर 6 किमी बाइक चलाता है तथा बिन्दु B पर पहुँचता है, तब, वह अपने दाएँ मुड़ता है तथा 8 किमी चलकर बेकरी शॉप पर पहुँचता है। *(NICL AO 2017)*

**13.** बिन्दु A से बेकरी शॉप कितनी दूर तथा किस दिशा में है?
(a) 10 किमी, दक्षिण-पश्चिम (b) 11 किमी, उत्तर-पूर्व
(c) 12 किमी, दक्षिण-पश्चिम (d) 13 किमी, दक्षिण-पूर्व
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

**14.** बेकरी शॉप से ललित अपने दाएँ मुड़ता है तथा 4 किमी चलकर बिन्दु V पर पहुँचता है। तब, वह पुनः दाएँ मुड़कर 5 किमी चलता है तथा स्कूल पहुँचता है तथा अपने पुत्र को छोड़ता है। बेकरी शॉप तथा स्कूल के बीच कितनी दूरी है?
(a) 310 किमी (b) 5.13 किमी (c) 6.4 किमी (d) 4.56 किमी
(e) 7.5 किमी

**15.** स्कूल से वह 5 किमी बाएँ जाता है तथा फिर दाएँ मुड़कर 2 किमी चलता है तथा बिन्दु D पर पहुँचता है। बिन्दु D, बिन्दु A से किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पश्चिम (c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पूर्व
(e) उत्तर

***निर्देश*** (प्र. सं. 16 और 17) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
बिन्दु P, बिन्दु Q के पूर्व में 8 मी की दूरी पर है। बिन्दु R, बिन्दु Q के दक्षिण में 15 मी की दूरी पर है। बिन्दु S, बिन्दु R के पश्चिम में 6 मी की दूरी पर है। बिन्दु T, बिन्दु S के उत्तर में 20 मी की दूरी पर है। बिन्दु T, बिन्दु U के पश्चिम में 9 मी की दूरी पर है। ***(RBI Assist. Pre 2016)***

***16.*** यदि बिन्दु X, बिन्दु P के दक्षिण में 5 मी की दूरी पर है तथा बिन्दु Z, बिन्दु X के पश्चिम में 14 मी की दूरी पर है, तब बिन्दु Z तथा बिन्दु T के बीच कितनी दूरी है?
(a) 5 मी (b) 20 मी (c) 15 मी (d) 10 मी
(e) 12 मी

***17.*** बिन्दु R के सापेक्ष, बिन्दु U किस दिशा में है?
(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम
(e) उत्तर-पूर्व

***निर्देश*** (प्र. सं. 18-20) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
S, N के पूर्व में 11 मी की दूरी पर है। S, P के उत्तर में 8 मी की दूरी पर है। P, O के पश्चिम में 4 मी की दूरी पर है। O, P और R का मध्य बिन्दु है, अतः P, O और R एक सीधी रेखा में होंगे। Q, R के दक्षिण में 13 मी की दूरी पर है। ***(IBPS RRB Officer Scale-I 2016)***

***18.*** यदि L, R के पूर्व में 7 मी की दूरी पर हो और J, L के दक्षिण में 5 मी की दूरी पर हों, तो L और S के मध्य कितनी दूरी होगी?
(a) 6 मी (b) 10 मी (c) 17 मी (d) 5 मी
(e) 3 मी

***19.*** Q के सन्दर्भ में N किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) पश्चिम (c) पूर्व (d) उत्तर-पूर्व
(e) दक्षिण-पश्चिम

***20.*** हितेन बिन्दु P से उत्तर दिशा में 2 मी चलता है, पुनः दाएँ मुड़कर 8 मी चलता है। बताइए कि हितेन, बिन्दु Q से कितनी दूरी पर है?
(a) 13 मी (b) 7 मी (c) 17 मी (d) 8 मी
(e) 15 मी

***निर्देश*** (प्र. सं. 21-23) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
बिन्दु B, बिन्दु A के दक्षिण में 25 मी की दूरी पर है। बिन्दु C, बिन्दु B के पूर्व में 10 मी की दूरी पर है। बिन्दु D, बिन्दु C के उत्तर में 30 मी की दूरी पर है। बिन्दु E, बिन्दु D के पूर्व में 7 मी की दूरी पर है। बिन्दु X, बिन्दु E के दक्षिण में 18 मी की दूरी पर है। बिन्दु M, बिन्दु X के दक्षिण में 12 मी की दूरी पर है। बिन्दु C, बिन्दु M के पश्चिम में 7 मी की दूरी पर है। ***(IBPS PO Pre 2017)***

***21.*** बिन्दु B, बिन्दु D से किस दिशा में है?
(a) दक्षिण (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पूर्व
(e) उत्तर

***22.*** यदि बिन्दु W, बिन्दु A के उत्तर में 3 मी की दूरी पर है, तो बिन्दु B तथा बिन्दु W के बीच कितनी दूरी है?
(a) 28 मी (b) 15 मी (c) 22 मी (d) 24 मी
(e) 17 मी

***23.*** बिन्दु B तथा बिन्दु M के बीच कितनी दूरी है?
(a) 17 मी (b) 15 मी (c) 21 मी (d) 19 मी
(e) 13 मी

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(b)* माना शारदा बिन्दु A से चलना आरम्भ करती है और बिन्दु B व C से होती हुई बिन्दु D पर पहुँचती है।




अतः दिशा आरेख से स्पष्ट है कि अब वह अपने प्रारम्भिक बिन्दु से 15 मी पूर्व की ओर है।

***2.*** *(b)* प्रश्नानुसार, सुशील के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 15 मी, BC = 20 मी, CD = 15 मी
AD = BC = 20 मी
∴ दूरी = AD = 20 मी
तथा दिशा = पूर्व
अतः D, A से 20 मी पूर्व में है।

***3.*** *(a)* प्रश्नानुसार, निखिल के चलने का क्रम निम्नवत् है




AB = 30 मी, BC = 20 मी,
CD = 30 मी
AD = BC = 20 मी
∴ दूरी = AD = 20 मी
तथा दिशा = उत्तर
अतः D, A से 20 मी उत्तर में है।

***4.*** *(b)* दी गई जानकारी के अनुसार,




अतः A अपने प्रारम्भ बिन्दु से 80 मी की दूरी पर पूर्व दिशा में है।

**5.** *(c)* व्यक्ति के चलने का क्रम निम्न है




माना, A निश्चित बिन्दु है तथा D वह बिन्दु है, जहाँ व्यक्ति अन्त में पहुँचता है।
अब, AB = 15 मी, BC = 12 मी

$\therefore$ AC = AB − BC = 15 − 12 = 3 मी

$\therefore$ $AD = \sqrt{(CD)^2 + (AC)^2} = \sqrt{(4)^2 + (3)^2} = \sqrt{16 + 9} = \sqrt{25} = 5$ मी

अतः व्यक्ति निश्चित बिन्दु से 5 मी की दूरी पर तथा दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

**6.** *(a)* दी गई जानकारी के अनुसार,




यहाँ, OA = 10 + 2 = 12 किमी

AB = 8 − 3 = 5 किमी

$\therefore$ अभीष्ट दूरी $= OB = \sqrt{OA^2 + AB^2}$

$= \sqrt{12^2 + 5^2} = \sqrt{144 + 25}$

$= \sqrt{169} = 13$ किमी, दक्षिण-पूर्व की ओर

**7.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः महिला अपने घर के सन्दर्भ में (2.5 + 0.5 = 3 किमी) दूर दक्षिण दिशा में है।

**8.** *(d)* दी गई जानकारी से आरेख निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि Y, X से 80 मी दूर पूर्व में है।

**9.** *(c)* प्रश्नानुसार,




A = आरम्भ बिन्दु

B = अन्तिम बिन्दु

अतः समीर अपनी मूल स्थिति से 30 + 15 = 45 मी, पूर्व मे स्थित है।

**10.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः आरेख से स्पष्ट है कि, बिन्दु E, बिन्दु B से 30 + 15 = 45 मी की दूरी पर दक्षिण दिशा में है।

**उत्तर** (प्र.सं. 11 और 12) प्रश्नानुसार,




**11.** *(d)* यदि कोई व्यक्ति A से E तक जाए, तो उसे सबसे पहले बिन्दु B से गुजरना होगा।

**12.** *(a)* दिए गए चित्रानुसार,

CF = DE = 12 मी

$\therefore$ दूरी = CF = 12 मी

तथा अभीष्ट दिशा = पश्चिम (क्योंकि F, C से 12 मी पश्चिम दिशा में है)

**उत्तर** (प्र.सं. 13-15) दी गई जानकारी के अनुसार, आरेख चित्र निम्न है




**13.** *(a)* बिन्दु A से बेकरी शॉप तक की दूरी $= \sqrt{(AB)^2 + (8)^2} = \sqrt{(6)^2 + (8)^2}$

$= \sqrt{36 + 64} = \sqrt{100} = 10$ किमी

तथा दिशा दक्षिण-पश्चिम है।

**14.** *(c)* बेकरी शॉप तथा स्कूल के बीच दूरी $= \sqrt{(4)^2 + (5)^2} = \sqrt{16 + 25}$

$= \sqrt{41} = 6.4031 = 6.4$ किमी

**15.** *(a)* बिन्दु D, बिन्दु A से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

**उत्तर** (प्र. सं. 16 और 17) दी गई जानकारी के अनुसार,




***16.*** *(d)* आरेख से, PX = 5 मी,

∴ QO = 5 मी

अब, OR = QR − QO

= 15 − 5

= 10 मी

∴ OR = ZS = 10 मी

∴ TZ = ST − ZS

= 20 − 10

= 10 मी

अतः Z तथा T के बीच की दूरी = 10 मी

***17.*** *(e)* बिन्दु U, बिन्दु R के उत्तर-पूर्व में है।

**उत्तर** (प्र. सं. 18-20) दी गई जानकारी के अनुसार,




***18.*** *(c)* $SL = \sqrt{SP^2 + PL^2} = \sqrt{64 + 225} = 17$ मी

***19.*** *(a)* S के सन्दर्भ में N उत्तर-पश्चिम दिशा में बैठा है।

***20.*** *(e)* QK = QR + RK = 13 + 2 = 15 मी

**उत्तर** (प्र. सं. 21-23) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है




***21.*** *(b)* आरेख से स्पष्ट है कि बिन्दु B, बिन्दु D से दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

***22.*** *(a)* बिन्दु B तथा बिन्दु W के बीच दूरी = AB + AW = 25 + 2 = 28 मी

***23.*** *(a)* बिन्दु B तथा M के बीच दूरी = BC + CM = 10 + 7 = 17 मी

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** एक आदमी का मुँह उत्तर-पश्चिम में है। वह 90° दक्षिणावर्त दिशा में तथा फिर 135° वामावर्त दिशा में घूमता है। अब उसका मुँह किस दिशा की ओर है?
(a) उत्तर (b) पूर्व (c) दक्षिण (d) पश्चिम

**2.** नगर M, नगर D जो नगर R के दक्षिण में है, के पूर्व में है। नगर N, नगर M के दक्षिण में है। नगर R, नगर N से किस दिशा में है? *(IBPS Clerk 2011)*
(a) पश्चिम (b) उत्तर-पूर्व (c) पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम
(e) इनमें से काई नहीं

**3.** नरेश और शाही एक सुबह चेस खेलने की मानक व्यवस्था में बैठकर चेस खेल रहे हैं। यदि नरेश खेलते हुए सूर्योदय को देख रहा है, तो शाही का मुँह किस दिशा की ओर है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) उत्तर (b) पश्चिम (c) दक्षिण (d) पूर्व

**4.** विजय अपने मकान की छत पर खड़ा है। वह सूर्य को चर्च के पीछे उदय होता देखता है और स्कूल के पीछे अस्त होता देख रहा है। स्कूल से चर्च किस दिशा में है? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) पूर्व (b) दक्षिण
(c) पश्चिम (d) उत्तर

**5.** एक साइकिल चालक 7 किमी पूर्व की ओर सीधा जाता है, तब दाईं ओर घूमता है और 3 किमी सीधे जाता है और फिर से दाईं ओर मुड़ता है तथा 10 किमी सीधे जाता है। वह अपने प्रस्थान स्थल से किस दिशा में है? *(SSC CGL 2013)*
(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पूर्व

**6.** दीपा 5 किमी पूर्व की ओर चली, फिर दाएँ मुड़ गई और 3 किमी चली। फिर वो बाएँ मुड़ी और 4 किमी चली। अन्त में, वो बाएँ मुड़ी और 3 किमी चली। शुरुआती बिन्दु के सन्दर्भ में दीपा किस दिशा में है? *(UP Police SI 2017)*
(a) पश्चिम (b) उत्तर (c) पूर्व (d) दक्षिण

**7.** सोनिया अपने घर से चली और 4 किमी पूर्व की ओर गई, तब वह बाएँ घूमी और 6 किमी चली। फिर वह दाएँ घूमी और 4 किमी चली। वह प्रस्थान स्थल से कितनी दूरी पर है? *(SSC CGL 2013)*
(a) 10 किमी (b) 14 किमी (c) 8 किमी (d) 5 किमी

**8.** कैलाश 3 किमी पूर्व दिशा में चलता है और दक्षिण में मुड़कर 4 किमी चलता है। फिर पश्चिम में मुड़कर 6 किमी चलता है। वह प्रारम्भिक स्थल से कितनी दूर है? *(SSC CGL 2015)*
(a) 3 किमी (b) 6 किमी (c) 7 किमी (d) 5 किमी

**9.** सोहन अपने घर से पश्चिम की ओर 15 किमी चला, फिर बाएँ मुड़कर 20 किमी चला। वह फिर से पूर्व में मुड़कर 25 किमी चला और अन्त में बाएँ मुड़कर 20 किमी चला। वह अपने घर से कितनी दूर है? *(SSC CGL 2015)*
(a) 5 किमी (b) 10 किमी
(c) 40 किमी (d) 80 किमी

**10.** एक घड़ी चार बजकर तीस मिनट का समय बताती है। यदि मिनट की सूई पूर्व की दिशा बताती हो, तो घण्टे की सूई कौन-सी दिशा बताएगी? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर (d) उत्तर-पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं

**11.** पिंकी पूर्व दिशा में 600 मी की दूरी चलती है, फिर बाएँ मुड़कर 500 मी चलती है फिर से वह बाएँ मुड़कर 600 मी चलती है। और फिर से वह बाएँ मुड़कर 500 मी चलकर रुक जाती है। वह प्रारम्भिक स्थल से कितने मीटर दूर है? *(SSC CGL 2015)*
(a) 600 (b) 2200 (c) 0 (d) 500

**12.** नीलिमा अपने घर से प्रारम्भ करके उत्तर की ओर एक मन्दिर में जाती है। उसके बाद वह बाएँ मुड़कर सीधे बराबर दूरी पर चलती है और बाजार से कुछ खरीदारी करती है। वह फिर से बाएँ मुड़कर चलती हुई पुस्तकालय पहुँचने के लिए उतनी ही दूरी तय करती है, जितनी दूरी उसने घर से चलकर मन्दिर को जाते हुए तय की थी। वह फिर से बाएँ मुड़ती है और अपने घर पहुँचने तक चलती है। उसके रास्ते को किस आकार के बनाने की सम्भावना है?
*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) गोलाकार (b) आयत (c) त्रिभुजाकार (d) अण्डाकार

**13.** दो लड़के अनिल और श्याम एक-दूसरे के विपरीत दिशा में 3 किमी चलते हैं। अनिल पूर्व दिशा की ओर चल रहा है। 3 किमी चलने के बाद दोनों अपने दाईं ओर मुड़कर पुनः 3 किमी चलते हैं। दोनों गणना करके एक-दूसरे के आमने-सामने होने के लिए मुड़ते हैं। श्याम किस दिशा में देख रहा है? *(DMRC CRA 2013)*
(a) दक्षिण (b) दक्षिण-पूर्व (c) पूर्व (d) उत्तर-पश्चिम

**14.** राम 1 किमी पूर्व दिशा में चलकर, 5 किमी दक्षिण दिशा में चलता है। वहाँ से फिर 2 किमी पूर्व दिशा में चलकर अन्त में 9 किमी उत्तर दिशा में चलता है वह अपने आरम्भ बिन्दु से कितनी दूरी पर है? *(UPPSC RO/ARO 2018)*
(a) 10 किमी (b) 8 किमी (c) 7 किमी (d) 5 किमी

**15.** मनु उत्तर में 40 किमी जाती है, दाएँ मुड़ती है और 80 किमी जाती है। पुनः दाएँ मुड़ती है और 30 किमी जाती है। अन्त में वह पुनः दाएँ मुड़ती है और 80 किमी चलती है। यदि वह इसके अतिरिक्त सीधे 50 किमी तथा बाएँ मुड़कर 10 किमी चले, तो वह आरम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है? *(MAT 2014)*
(a) 40 किमी (b) 30 किमी (c) 10 किमी (d) 50 किमी

**16.** घड़ी को कुछ इस तरह से रखा गया कि 12 बजे दिन के वक्त मिनट की सूई उत्तर-पूर्व दिशा की ओर आ जाए, तब 1 बजकर 45 मिनट दिन में मिनट की सूई किस दिशा में होगी?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) उत्तर-पूर्व
(c) दक्षिण-पश्चिम (d) आँकड़े अपर्याप्त

**17.** यदि किसी घड़ी में 7 : 45 बज रहे हों और घण्टे की सूई उत्तर दिशा में हो, तब मिनट की सुई किस दिशा में होगी?
(a) दक्षिण-पूर्व (b) उत्तर-दक्षिण (c) दक्षिण-पश्चिम (d) उत्तर-पूर्व

**18.** राजू 25 किमी उत्तर दिशा में चलता है फिर बाएँ मुड़कर 5 किमी चलता है और O बिन्दु पर पहुँच जाता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 5 किमी चलता है। उसके बाद वह पूर्व दिशा में मुड़कर 5 किमी चलता है। वापस प्रारम्भिक बिन्दु तक की यात्रा करने में उसे कितनी दूरी तय करनी होगी? *(SSC CGL 2015)*
(a) 30 किमी (b) 20 किमी (c) 35 किमी (d) 25 किमी

**19.** कैलाश उत्तर की ओर देखता है तथा अपने दाईं ओर मुड़कर वह 25 मी चलता है। अब अपने बाएँ मुड़ता है तथा 30 मी चलता है, फिर वह अपने दाएँ 25 मी चलता है। वह पुनः अपने दाएँ ओर मुड़ता है और 55 मी चलता है अन्त में, वह दाएँ मुड़ता है तथा 40 मी चलता है। अब वह अपने आरम्भिक बिन्दु से किस दिशा में है? *(CMAT 2014)*
(a) दक्षिण (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पूर्व

**20.** रमन P बिन्दु से चलकर उत्तर की ओर जाता है तथा Q बिन्दु पर रुक जाता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर बाईं ओर मुड़ता है तथा R बिन्दु पर रुक जाता है। अन्त में वह बाईं ओर मुड़कर बिन्दु S पर रुक जाता है। यदि वह प्रत्येक बार मुड़ने से पहले 5 किमी की दूरी तय करता है, तो S से Q पर पहुँचने के लिए रमन को किस दिशा में चलना होगा? *(IBPS PO 2011)*
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण (c) पश्चिम (d) पूर्व
(e) उत्तर-पश्चिम

***निर्देश*** (प्र. सं. 21-23) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
D, A के दक्षिण में 20 मी पर है। C, D के पूर्व मे 5 मी पर है। E, C के उत्तर में 10 मी पर है। F, E के पूर्व में 10 मी पर है। G, F के दक्षिण में 15 मी पर है। X, G के पश्चिम में 15 मी पर है। B, A के पूर्व में 10 मी पर है। Z, B के दक्षिण में 10 मी पर है। L, C के पूर्व में 10 मी पर है। ***(IBPS PO/MT Pre 2018)***

***21.*** बिन्दु G के सन्दर्भ में, बिन्दु A किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व (c) उत्तर (d) दक्षिण-पश्चिम
(e) उत्तर-पूर्व

***22.*** निम्नलिखित में से चार किसी निश्चित रूप से समान हैं, इसलिए एक समूह बनाते हैं, निम्नलिखित में से कौन उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?
(a) EF (b) EC (c) LG (d) BZ (e) CL

***23.*** बिन्दु F और L के बीच की दूरी कितनी है?
(a) 10 मी (b) 5 मी (c) 15 मी (d) 20 मी
(e) 25 मी

***24.*** कंचन बिन्दु A पर खड़ा है और उसका मित्र कुमार बिन्दु B पर खड़ा है, जो कंचन के ठीक पूर्व दिशा में है। कंचन सीधे उत्तर दिशा की ओर चलना आरम्भ करता है। ठीक उसी समय कुमार भी कंचन की दोगुनी गति से सीधे चलना प्रारम्भ कर देता है। कंचन के 5 किमी चलने के बाद, कंचन और कुमार दोनों एक-दूसरे से मिल जाते हैं। A और B के बीच की दूरी कितनी है? ***(UPSC 2017)***
(a) $5\sqrt{3}$ किमी (b) $3\sqrt{5}$ किमी (c) $2\sqrt{3}$ किमी (d) $3\sqrt{2}$ किमी

***25.*** एक व्यक्ति बिन्दु A से चलना आरम्भ करता है, 30 मी दक्षिण की ओर चलकर बिन्दु B पर पहुँचता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है, 7 मी चलकर दाएँ मुड़ता है तथा 6 मी चलता है। पुनः दाएँ मुड़ता है तथा 7 मी चलता है। अब वह बाएँ मुड़कर कुछ दूरी चलता है तथा बिन्दु R पर पहुँचता है। बिन्दु R, बिन्दु B के उत्तर में 17 मी की दूरी पर है। बिन्दु A तथा बिन्दु R के बीच कितनी दूरी है? ***(SBI PO Pre 2017)***
(a) 18 मी (b) 23 मी (c) 21 मी (d) 27 मी
(e) 13 मी

***निर्देश*** (प्र. सं. 26) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।*
यदि आप उत्तर दिशा में किसी स्थान से दौड़ना शुरू करते हैं और 4 किमी दौड़ने के बाद बाएँ मुड़ जाते हैं और 5 किमी दौड़ते हैं और फिर से बाएँ मुड़कर 5 किमी दौड़ते हैं और तब फिर से बाएँ मुड़कर 6 किमी दौड़ते हैं और दौड़ पूरा करने से पहले आप फिर से बाएँ मुड़कर 1 किमी दौड़ते हैं।

***26.*** यदि दौड़ पूरा करने के स्थान से, आपको दौड़ शुरू करने के स्थान पर पहुँचना है, तो आप किस दिशा में दौड़ेंगे?
(a) पूर्व (b) पश्चिम (c) उत्तर (d) दक्षिण

***27.*** राम और सैम उत्तर दिशा की ओर चलना शुरू करते हैं और 20 मी की दूरी तय करते हैं। राम अपने बाईं ओर मुड़ जाता है और सैम अपने दाईं ओर। कुछ समय बाद राम जिस दिशा में घूमा था उसमें 10 मी चलता है। दूसरी ओर सैम केवल 7 मी चलता है। बाद में, राम अपने बाईं ओर मुड़ जाता है और सैम दाईं ओर। दोनों 25 मी आगे बढ़ते हैं। राम, सैम से कितनी दूर होगा? ***(SSC CGL 2013)***
(a) 10 मी (b) 20 मी
(c) 17 मी (d) 5 मी

***28.*** एक लड़का बिल्कुल सुबह घर से निकलता है और सूर्य की दिशा में 8 किमी चलता है। उसके बाद वह दाएँ मुड़कर 3 किमी चलता है, तब वह फिर से दाएँ मुड़कर 2 किमी चलता है और फिर बाएँ मुड़कर 1 किमी चलता है इसके बाद वह दाएँ मुड़कर 1 किमी चलता है और फिर दाएँ मुड़कर 4 किमी सीधे चलता है। वह प्रस्थान स्थल से कितनी दूर है? ***(SSC CGL 2013)***
(a) 2 किमी (b) 4 किमी (c) 5 किमी (d) 6 किमी

***29.*** रानी तथा सरिता ने एक स्थान X से यात्रा आरम्भ की। रानी पश्चिम दिशा में और सरिता उत्तर दिशा में एकसमान गति से चली। कुछ समय बाद दोनों अपनी बाईं ओर मुड़ी और कुछ कदम चली। इसके बाद, यदि वे दुबारा अपने बाईं ओर मुड़ें, तो उनके चेहरे किस दिशा में होंगे? ***(SSC CGL 2013)***
(a) उत्तर तथा पूर्व (b) उत्तर तथा पश्चिम
(c) पश्चिम तथा उत्तर (d) पूर्व तथा दक्षिण

***30.*** एक बस चालक स्कूल से 2 किमी उत्तर की तरफ जाता है, बाएँ मुड़ता है तथा 5 किमी जाता है। इसके पश्चात् वह बाएँ मुड़ता है तथा 8 किमी जाता है तथा पुनः 5 किमी चलने से पहले बाएँ मुड़ता है तथा अन्त में वह बाएँ मुड़कर 1 किमी जाता है। चालक को पुनः अपने स्कूल जाने के लिए कितनी दूरी तथा किस दिशा में जाना पड़ेगा? ***(IBPS PO 2011)***
(a) 3 किमी, उत्तर (b) 7 किमी, पूर्व
(c) 6 किमी, दक्षिण (d) 6 किमी, पश्चिम
(e) 5 किमी, उत्तर

***निर्देश*** (प्र. सं. 31-33) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
बिन्दु U, बिन्दु Q के 10 मी उत्तर में है। बिन्दु T, बिन्दु U के 10 मी पूर्व में है। बिन्दु S, बिन्दु T के 15 मी दक्षिण में है। बिन्दु P, बिन्दु Q के 20 मी दक्षिण में है। बिन्दु R, बिन्दु P के 25 मी पूर्व में है। बिन्दु L, बिन्दु S के 15 मी पूर्व में है और बिन्दु M, बिन्दु U और P का मध्य बिन्दु है। ***(SBI Clerk 2018)***

***31.*** बिन्दु L और R के मध्य कितनी दूरी है?
(a) 10 मी (b) 15 मी
(c) 5 मी (d) 20 मी
(e) 25 मी

***32.*** P के सम्बन्ध में T किस दिशा में है?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर-पूर्व
(e) इनमें से कोई नहीं

***33.*** निम्नलिखित में से कौन-से बिन्दु सीधी रेखा में हैं?
(a) P, R, S (b) Q, M, L (c) U, S, T (d) M, S, L
(e) Q, S, L

***34.*** A व B के बीच की दूरी 400 किमी है। दोनों एक-दूसरे की ओर चलना प्रारम्भ करते हैं, 120 किमी चलने के बाद B बाईं ओर मुड़ता है तथा 40 किमी चलता है। पुनः वह दाईं ओर मुड़कर 80 किमी चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर वापस सड़क पर आ जाता है। यदि A व B दोनों समान चाल से चल रहे हों, तो दोनों के बीच की दूरी क्या होगी, जब B वापस सड़क पर आ जाता है? ***(UP Police SI 2014)***
(a) 0 किमी (b) 80 किमी
(c) 100 किमी (d) इनमें से कोई नहीं

***35.*** स्थान K राजधानी P से उत्तर-पश्चिम दिशा में 2 किमी दूर स्थित है। R एक अन्य स्थान K से दक्षिण-पश्चिम दिशा में 2 किमी दूर स्थित है। M एक अन्य स्थान R से उत्तर-पश्चिम दिशा में 2 किमी दूर स्थित है। T एक अन्य स्थान M से दक्षिण-पश्चिम दिशा में 2 किमी दूर स्थित है। T स्थान P से किस दिशा में स्थित है? ***(SSC CGL 2010)***
(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम
(c) पश्चिम (d) उत्तर

***36.*** एक आदमी एक स्थान से 4 मील उत्तर दिशा में चलता है। फिर बाएँ मुड़कर 6 मील चलता है। पुनः दाएँ मुड़कर 3 मील चलता है और वहाँ से दाएँ मुड़कर 4 मील चलकर आधा घण्टा विश्राम करता है। विश्राम के बाद वह उसी दिशा में 2 मील फिर चलता है। इसके बाद दाएँ मुड़कर एक मील चलता है, तब अन्तिम स्थिति में उस आदमी का मुख किस दिशा में होगा? ***(MAT 2011)***
(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) दक्षिण-पूर्व (d) पश्चिम

**37.** एक ड्राइवर अपने गाँव से चला और 20 किमी उत्तर की ओर जाने के बाद जलपान के लिए रुक गया। फिर वह बाएँ घूम गया और 30 किमी और चलने के बाद भोजन के लिए रुक गया। कुछ देर विश्राम करने के बाद वह फिर बाएँ घूमा और शाम की चाय के लिए रुकने से पहले 20 किमी चला। वह एक बार फिर बाएँ घूमा और 30 किमी चलकर उस कस्बे में पहुँच गया, जहाँ उसने रात्रिभोज किया। शाम की चाय के बाद वह किस दिशा में चला? ***(MAT 2010)***

(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**38.** राज एक वर्गाकार क्षेत्र के मध्य में खड़ा है। वह उत्तर-पूर्व को तिरछा चलना शुरू करता है। उसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और क्षेत्र के अन्तिम छोर पर पहुँच जाता है। उसके बाद वह दाएँ मुड़कर चलना शुरू करता है। मध्य रास्ते में, वह फिर दाएँ मुड़कर चलना शुरू कर देता है। आधे रास्ते में, वह अपने बाईं ओर मुड़ता है और नए छोर पर पहुँच जाता है। इस समय राज किस दिशा में है? ***(SSC FCI 2013)***

(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**39.** एक व्यक्ति अपने घर से अपने दोस्त के घर की ओर चलना प्रारम्भ करता है। वह पश्चिम दिशा की ओर 25 मी चलता है। वह 90° दाएँ घूमता है और 20 मी चलता है। वह फिर 90° दाएँ घूमता है और 10 मी चलता है। वह फिर 90° बाएँ घूमता है और 10 मी चलता है। दाएँ 90° घूमकर वह अपने मित्र के घर पहुँचने के लिए 15 मी चलता है। उसके मित्र का घर उसके घर से कितनी दूर और किस दिशा में है? ***(SBI PO 2015)***

(a) पूर्व की ओर 30 मी
(b) उत्तर की ओर 30 मी
(c) दक्षिण की ओर 40 मी
(d) दक्षिण की ओर 30 मी
(e) उत्तर की ओर 40 मी

**40.** वीना और वीरू दोनों एक स्थान से उत्तर दिशा में चलना शुरू करते हैं। वीना 10 किमी चलने के बाद बाएँ मुड़ जाती है। वीरू भी इतना ही चलने के बाद दाएँ मुड़ जाता है। वीना कुछ समय के लिए रुकती है और फिर 5 किमी और चलती है, जबकि वीरू केवल 3 किमी चलता है। फिर वे दोनों दक्षिण दिशा में लौटते हैं और 15 किमी चलते हैं। वीना वीरू से कितनी दूर है? ***(SSC CGL 2015)***

(a) 12 किमी (b) 10 किमी
(c) 8 किमी (d) 15 किमी

***निर्देश*** (प्र. सं. 41-43) *नीचे दी हुई सूचना को आगे के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ध्यान से पढ़िए।* ***(IBPS PO Main 2017)***

खेल के एक मैदान में A, B, C, D एवं E उत्तर की ओर मुँह करके जैसा कि नीचे वर्णन किया है, खड़े हुए हैं।

I. B, D की दाईं ओर 50 मी दूरी पर है।
II. A, B के दक्षिण में 60 मी दूरी पर है।
III. C, D के पश्चिम में 40 मी दूरी पर है।
IV. E, B के उत्तर में 20 मी दूरी पर है।

**41.** यदि एक लड़का, जोकि C के पास खड़ा है, वहाँ से चलकर D के पास जाता है फिर B से मिलकर A के पास जाता है एवं फिर E से मिलता है। यदि वह सभी समय सीधी दूरी तय करता है, तो कुल कितने मीटर चला?

(a) 120 (b) 150 (c) 170 (d) 230
(e) इनमें से कोई नहीं

**42.** C तथा E के बीच कम-से-कम दूरी कितने मीटर लगभग है?

(a) 53 (b) 78 (c) 92 (d) 120
(e) इनमें से कोई नहीं

**43.** उस व्यक्ति के दक्षिण-पूर्व में कौन है, जोकि D के बाईं ओर है?

(a) A (b) B (c) C (d) E
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 44 और 45) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2014)***

बिन्दु A, बिन्दु B के उत्तर में 11 मी की दूरी पर है।
बिन्दु C, बिन्दु B के पूर्व में 11 मी की दूरी पर है।
बिन्दु D, बिन्दु C के उत्तर में 6 मी की दूरी पर है।
बिन्दु E, बिन्दु D के पश्चिम में 7 मी की दूरी पर है।
बिन्दु F, बिन्दु E के उत्तर में 8 मी की दूरी पर है।
बिन्दु G, बिन्दु F के पश्चिम में 4 मी की दूरी पर है।

**44.** बिन्दु F, बिन्दु A से कितनी दूरी पर है?

(a) 43 मी (b) 4 मी (c) 3 मी (d) 7 मी
(e) 5 मी

**45.** बिन्दु G, बिन्दु A से कितनी दूर और किस दिशा में है?

(a) 3 मी, उत्तर (b) 5 मी, उत्तर
(c) 4 मी, उत्तर (d) 4 मी, उत्तर
(e) 3 मी, दक्षिण

***निर्देश*** (प्र. सं. 46 और 47) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए व प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Office Assist. Pre 2017)***

A, M के 8 मी पश्चिम में है। L, A के 9 मी उत्तर में है। Q, L के 3 मी पश्चिम में है। R, Q के 14 मी दक्षिण में है। W, R के 15 मी पूर्व में है।

**46.** R के सापेक्ष, M किस दिशा में है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण-पूर्व
(e) पूर्व

**47.** यदि C, W के 5 मी उत्तर में है, तब A तथा C के बीच कितनी दूरी होगी?

(a) 12 मी (b) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं
(c) 15 मी (d) 5 मी
(e) 8 मी

***निर्देश*** (प्र. सं. 48-52) *निम्नलिखित प्रश्नों में, प्रतीक #, &, @ और $ दर्शाए गए निम्नलिखित अर्थों के साथ प्रयोग किए गए हैं। निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर कीजिए।* ***(SBI PO Main 2018)***

**नोट** दी गई दिशाएँ सटीक दिशाओं को इंगित करती हैं।

P # Q - P, Q की दक्षिण दिशा में है।
P @ Q - P, Q की उत्तर दिशा में है।
P & Q - P, Q की पूर्व दिशा में है।
P $ Q - P, Q की पश्चिम दिशा में है।
P £ QS - P ऊर्ध्वाधर रूप से QS का मध्य-बिन्दु है।

**नोट** दक्षिण पूर्व दिशा के लिए इसे P # & Q के रूप में लिखा गया है और आगे भी इसी तरह ...

जब यह दिया गया है कि कार एक बार हॉर्न बजाती है, तो यह माना जाएगा कि कार बायाँ मोड़ लेती है और यदि यह कार दो बार हॉर्न बजाती है, तो यह माना जाएगा कि कार दायाँ मोड़ लेती है।

बिन्दु S, बिन्दु B के &15 मी में है। बिन्दु J, बिन्दु S के @33 मी में है।

बिन्दु K, बिन्दु B के @25 मी में है। बिन्दु L, बिन्दु K के $20 मी में है।

बिन्दु Q, बिन्दु L के #40 मी में है। बिन्दु F, बिन्दु Q के &50 मी में है।

बिन्दु E £ DF है। बिन्दु D, बिन्दु F के @30 मी में है।

**48.** बिन्दु J पर पार्क हवाई जहाज तक पहुँचने के लिए बिन्दु D से कार को कितनी दूरी तय करनी होगी?

(a) 22 मी (b) 50 मी
(c) 43 मी (d) 23 मी
(e) 35 मी

**49.** बिन्दु J से बिन्दु K पर पहुँचने के लिए सम्भावित न्यूनतम दूरी कितनी होगी?
(a) पूर्व में 15 किमी तक, एक बार हॉर्न बजाता है, 8 किमी तय करता है
(b) पश्चिम में 15 किमी तक, दो बार हॉर्न बजाता है, 8 किमी तय करता है।
(c) दक्षिण में 25 किमी तक, एक बार हॉर्न बजाता है, 8 किमी तय करता है
(d) उत्तर में 5 किमी तक, एक बार हॉर्न बजाता है, 8 किमी तय करता है
(e) पश्चिम में 15 किमी तक, एक बार हॉर्न बजाता है, 8 किमी तय करता है

**50.** बिन्दु Q से बिन्दु D किस दिशा में है?
(a) # (b) @ $ (c) # $
(d) @ & (e) # &

**51.** यदि बिन्दु U, बिन्दु B के #15 मी में है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान F के सन्दर्भ में U का है?
(a) @, 24 मी (b) $, 25 मी (c) #, 15 मी (d) $, 20 मी
(e) इनमें से कोई नहीं

**52.** बिन्दु B से बिन्दु E किस दिशा में है?
(a) # (b) @ (c) $ (d) &
(e) #&

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः उसका मुँह अब पश्चिम दिशा में है।

**2.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः नगर R, नगर N से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

**3.** *(b)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि नरेश का मुख पूर्व दिशा की ओर तथा शाही का मुख पश्चिम दिशा की ओर है।

**4.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि स्कूल से चर्च पूर्व दिशा में होगा।

**5.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः वह व्यक्ति प्रस्थान स्थल से दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

**6.** *(c)* प्रश्नानुसार, दीपा के चलने का क्रम निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि आरम्भिक बिन्दु के सन्दर्भ में दीपा पूर्व दिशा में है।

**7.** *(a)* प्रश्नानुसार, सोनिया के चलने का क्रम निम्न है




माना सोनिया ने बिन्दु A से चलना आरम्भ किया और बिन्दु B व C से होती हुई अन्त में वह बिन्दु D ऊपर पहुँचती है।

∴ अभीष्ट दूरी, AD = AO + OD

$$= \sqrt{AB^2 + BO^2} + \sqrt{(OC)^2 + (CD)^2}$$
$$= \sqrt{16 + 9} + \sqrt{9 + 16}$$
$$= 5 + 5 = 10 \text{ किमी}$$

**8.** *(d)* प्रश्नानुसार, कैलाश के चलने का क्रम निम्नवत् है




$$OC = AB = 3 \text{ किमी}$$
$$OD = DC - OC$$
$$\Rightarrow \quad 6 - 3 = 3 \text{ किमी}$$
$$AO = BC = 4 \text{ किमी}$$
$$AD = \sqrt{(AO)^2 + (OD)^2}$$
$$= \sqrt{(4)^2 + (3)^2} = \sqrt{16 + 9}$$
$$= \sqrt{25} = 5 \text{ किमी}$$

∴ अभीष्ट दूरी = AD = 5 किमी

***9.*** *(b)* प्रश्नानुसार, सोहन के चलने का क्रम निम्नवत् है




BE = CD = 25 किमी

AE = BE − AB

= 25 − 15 = 10 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = AE = 10 किमी

***10.*** *(a)* प्रश्नानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि यदि मिनट की सूई पूर्व दिशा बता रही है, तो घण्टे की सूई उत्तर-पूर्व दिशा इंगित करेगी।

***11.*** *(c)* प्रश्नानुसार, पिंकी के चलने का क्रम निम्न है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि अन्त में पिंकी अपने प्रारम्भिक स्थान पर ही आ जाती है। अतः दूरी = 0

***12.*** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि नीलिमा के रास्ते को आयत बनाने की सम्भावना है।

***13.*** *(b)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि श्याम दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर देख रहा है।

***14.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




यहाँ, EF = FD − ED = FD − BC [∵ BC = ED]

= 9 − 5 = 4 किमी

और AE = AB + BE = AB + CD [∵ BE = CD]

AE = 1 + 2 = 3 किमी

अब, ΔAEF में, $(AF)^2 = (AE)^2 + (FE)^2$

$AF = \sqrt{9+16} = \sqrt{25} = 5$ किमी

***15.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




मनु की प्रारम्भिक स्थान से दूरी (AG) = EF = 50 किमी

∴ अभीष्ट दूरी = AG = 50 किमी

***16.*** *(a)* प्रश्नानुसार,




सभी दिशाएँ 45° वामावर्त दिशा में घूम जाएँगी। अतः 1:45 पर मिनट की सूई उत्तर-पश्चिम दिशा दर्शाएगी।

***17.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः मिनट की सूई उत्तर-पूर्व दिशा में होगी।

***18.*** *(a)* प्रश्नानुसार, राजू के चलने का क्रम निम्नवत् है



BD = CO = 5 किमी

AD = AB + BD = 25 + 5 = 30 किमी

∴ अभीष्ट दूरी, AD = 30 किमी

***19.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः वह आरम्भिक बिन्दु से दक्षिण-पूर्व दिशा में है।

***20.*** *(b)* प्रश्नानुसार, रमन के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः S से Q पर पहुँचने के लिए रमन को दक्षिण दिशा में चलना होगा।

**उत्तर** (प्र. सं. 21-23) दी गई जानकारी के अनुसार,




***21.*** *(a)* A, G के उत्तर-पश्चिम में है।

***22.*** *(c)* LG को छोड़कर, बाकी सभी समूहों के बिन्दुओं के बीच की दूरी 10 मी है।

***23.*** *(a)* F और L के बीच की दूरी 10 मी है।

***24.*** *(a)*




AC = 5 किमी

कुमार की गति दोगुनी है, इसलिए यह दोगुनी दूरी तय करता है।

BC = 10 किमी

C, बिन्दु पर वह दोनों मिल जाते हैं।

$$AB = \sqrt{(BC)^2 - (AC)^2}$$

$$AB = \sqrt{(10)^2 - (5)^2}$$

$$\Rightarrow \quad AB = \sqrt{75}$$

$$AB = 5\sqrt{3} \text{ किमी}$$

***25.*** *(e)* दी गई जानकारी से, दिशा चित्र निम्न है




यहाँ, AB = 30 मी, BR = 17 मी

∴ AR = AB – BR = 30 – 17 = 13 मी

अतः A तथा R के बीच की दूरी 13 मी है।

***26.*** *(b)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




अतः आरेख से स्पष्ट है कि दौड़ पूरा करने के स्थान से यदि आपको दौड़ शुरू करने के स्थान पर पहुँचना है, तो आप पश्चिम दिशा में दौड़ेंगे।

***27.*** *(c)* प्रश्नानुसार, राम और सैम के चलने का क्रम निम्नवत् है




राम तथा सैम के बीच में अन्तिम बिन्दु के बीच की दूरी

= (10 + 7) मी = 17 मी

***28.*** *(c)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर




माना बिन्दु A, प्रारम्भिक बिन्दु तथा G अन्तिम बिन्दु है। अब, प्रारम्भिक बिन्दु से अन्तिम बिन्दु के बीच की दूरी (AG) = AB – BG = 8 – 3 = 5 किमी

***29.*** *(d)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




प्रश्नानुसार चलने पर, रानी और सरिता के चेहरे क्रमशः पूर्व और दक्षिण दिशा में होंगे।

**30.** *(e)* प्रश्नानुसार, बस चालक के बस चलाने का क्रम निम्नवत् है




आरेखानुसार,

OA = 2 किमी, AB = 5 किमी, BC = 8 किमी

CD = 5 किमी, DE = 1 किमी

BC = AD = 8 किमी

AD = OA + DE + OE

∴ OE = AD − (OA + DE) = 8 − (2 + 1) = 8 − 3 = 5

∴ अभीष्ट दूरी = OE = 5 किमी

अतः चालक को स्कूल जाने के लिए 5 किमी, उत्तर दिशा में जाना पड़ेगा।

**उत्तर** (प्र. सं. 31-33) दी गई जानकारी के अनुसार,




**31.** *(b)* L और R के मध्य दूरी = P और M के मध्य दूरी = $\frac{1}{2} \times$ U और P के मध्य दूरी = $\frac{1}{2}(10 + 20) = 15$ मी

**32.** *(d)* T, बिन्दु P के उत्तर-पूर्व में है।

**33.** *(d)* M, S, L एक सीधी रेखा में हैं।

**34.** *(b)* प्रश्नानुसार, A तथा B के चलने का क्रम निम्नवत् है




∵ A व B के बीच कुल दूरी = 400 किमी

अब B द्वारा तय की गई कुल दूरी

= 120 + 40 + 80 + 40 = 280 किमी

∵ दोनों की चाल समान है लेकिन B ने मुड़कर ज्यादा दूरी तय की।

∴ B के पुनः सड़क पर पहुँचने के बाद A तथा B के बीच की दूरी = A द्वारा सड़क पर चली गई सीधी दूरी − B द्वारा सड़क पर तय की गई सीधी दूरी = 280 − 200 = 80 किमी

अतः A तथा B के बीच की दूरी = 80 किमी

**35.** *(c)* प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




स्थान T, स्थान P से पश्चिम दिशा में स्थित है।

**36.** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यक्ति के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः अन्तिम स्थिति में उस आदमी का मुख दक्षिण दिशा में होगा।

**37.** *(b)* प्रश्नानुसार, ड्राइवर के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः ड्राइवर शाम की चाय के बाद पूर्व दिशा में चला।

**38.** *(b)* प्रश्नानुसार, राज के चलने का क्रम निम्न है




अतः आरेख से स्पष्ट है कि राज इस समय दक्षिण-पश्चिम दिशा में है।

**39.** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यक्ति के चलने का क्रम निम्न है




∴ AF = BC + DE = 20 + 10 = 30 मी

अतः व्यक्ति के मित्र का घर व्यक्ति के घर से 30 मी दूर उत्तर दिशा में है।

**40.** *(c)* प्रश्नानुसार, वीना और वीरू के चलने का क्रम निम्नवत् है




$EF = BC + BD$

$\Rightarrow \quad 5 + 3 = 8$ किमी

$\therefore$ अभीष्ट दूरी = EF = 8 किमी

**उत्तर** (प्र.स. 41-43) प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




**41.** *(d)* लड़के द्वारा तय की गई दूरी

$= 40 + 50 + 60 + 60 + 20 = 230$ मी

**42.** *(c)* प्रश्नानुसार,




$(CE)^2 = (CB)^2 + (BE)^2$

$\Rightarrow \quad CE = \sqrt{(90)^2 + (20)^2} = \sqrt{8100 + 400} = \sqrt{8500}$

$= 92.19$ मी = 92 मी

**43.** *(a)* आरेख से, C, D के बाएँ ओर है तथा C के दक्षिण-पूर्व में A है।

**उत्तर** (प्र.सं. 44 और 45) प्रश्नानुसार, दी गई सूचना से आरेख बनाने पर,




**44.** *(e)* $AG = BG - AB = (CD + EF) - (AB)$

$= (6 + 8) - 11 = 3$ मी

$\therefore \quad GF = 4$ मी




अतः $AF = \sqrt{(AG)^2 + (GF)^2} = \sqrt{9 + 16} = 5$ मी

**45.** *(a)* बिन्दु G, बिन्दु A से उत्तर दिशा में है और AG = 3 मी (हल संख्या 44 से) दूरी पर है।

**उत्तर** (प्र.सं. 46 और 47) दी गई जानकारी से,




**46.** *(a)* M, R के उत्तर-पूर्व में है।

**47.** *(a)* A और C के बीच की दूरी = AM + MC = (8 + 4) मी

= 12 मी

**उत्तर** (प्र.सं. 48-52) दी गई जानकारी के अनुसार,




**48.** *(d)* उपरोक्त आकृति से,




D से J की दूरी = $\sqrt{(18)^2 + (15)^2} = \sqrt{324 + 225}$

$= \sqrt{549} = 23.43 \approx 23$ मी

**49.** *(e)* बिन्दु J से बिन्दु K पर पहुँचने के लिए न्यूनतम दूरी पश्चिम में 15 किमी तक, एक बार हॉर्न बजाता है, 8 किमी तय करता है।

**50.** *(d)* बिन्दु Q से बिन्दु D उत्तर-पूर्व दिशा में हैं

बिन्दु D, बिन्दु Q के उत्तर-पूर्व में है ⇒ D@&Q

**51.** *(e)* बिन्दु U, बिन्दु B के #15 मी में है। इसका अर्थ है बिन्दु U, बिन्दु B के दक्षिण में 15 मी पर है।

इसी प्रकार, बिन्दु U बिन्दु F के पश्चिम में 50 – 20 = 30 मी पर है अर्थात् बिन्दु U बिन्दु F के $30 मी में है।

**52.** *(d)* बिन्दु B से बिन्दु E पूर्व दिशा में है अर्थात् बिन्दु E, बिन्दु B के पूर्व में है ⇒ E&B

# 09

# रक्त सम्बन्ध
## (Blood Relation)

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है अर्थात् उसे जीवन-यापन हेतु एक-दूसरे के सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। परिवार को समाज की मूलभूत इकाई माना जाता है, जिसमें कई लोग एकसाथ रहते हैं। इन लोगों के बीच कोई-न-कोई सम्बन्ध या रिश्ता होता है। इसी सम्बन्ध को रक्त सम्बन्ध कहते हैं।

इस अध्याय के अन्तर्गत अभ्यर्थियों के रिश्ते सम्बन्धी ज्ञान की जाँच की जाती है। सम्बन्ध सामान्यतः निम्न दो आधार पर निर्धारित किए जाते हैं

1. **वैवाहिक सम्बन्ध** इसके अन्तर्गत वे सम्बन्ध आते हैं जो विवाह के आधार पर एक परिवार को दूसरे परिवार के सदस्यों से जोड़ते हैं। जैसे—पति-पत्नी, ससुर-दामाद, जीजा-साली इत्यादि।
2. **रक्त सम्बन्ध** इसके अन्तर्गत वे सम्बन्ध आते हैं जो रक्त के आधार पर एक परिवार के सदस्यों के मध्य पाए जाते हैं। जैसे—पिता-पुत्र, माता-पुत्री, दादा-पोती इत्यादि।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में किन्हीं दो या दो से अधिक व्यक्तियों के मध्य सम्बन्ध दिए होते हैं और इन्हीं सम्बन्धों के आधार पर एक व्यक्ति का किसी अन्य व्यक्ति से सम्बन्ध ज्ञात करना होता है। साधारणतया रक्त सम्बन्धी प्रश्नों में सात पीढ़ियों के अन्तर्गत ही प्रश्न पूछे जाते हैं अर्थात् तीन पीढ़ी आपके ऊपर एवं तीन पीढ़ी आपके नीचे होंगी। पीढ़ी के अनुसार व्यक्तियों के बीच के सम्बन्ध का नाम नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है

| **पीढ़ी** (Generations) | **पुरुष** (Male) | **महिला** (Female) |
|---|---|---|
| तीन पीढ़ी ऊपर<br>↑↑↑ | (i) परदादा (Great grandfather)<br>(ii) परनाना (Great maternal grandfather)<br>(iii) परदादा/नाना ससुर (Great grandfather-in-law) | (i) परदादी (Great grandmother)<br>(ii) परनानी (Great maternal grandmother)<br>(iii) परदादी/नानी सास (Great grandmother-in-law) |
| दो पीढ़ी ऊपर<br>↑↑ | (i) दादा (Grandfather)<br>(ii) नाना (Maternal grandfather)<br>(iii) दादा/नाना ससुर (Grandfather-in-law) | (i) दादी (Grandmother)<br>(ii) नानी (Maternal grandmother)<br>(iii) दादी/नानी सास (Grandmother-in-law) |
| एक पीढ़ी ऊपर<br>↑ | (i) पिता (Father)<br>(ii) चाचा, फूफा (Uncle)<br>(iii) मामा, मौसा (Maternal uncle)<br>(iv) ससुर (Father-in-law) | (i) माता (Mother)<br>(ii) चाची, फुआ (बुआ) (Aunt)<br>(iii) मामी, मौसी (Maternal aunt)<br>(iv) सास (Mother-in-law) |
| स्वयं की पीढ़ी<br>→ | (i) पति (Husband)<br>(ii) भाई (Brother)<br>(iii) चचेरा, फूफेरा, ममेरा, मौसेरा भाई (Cousin)<br>(iv) बहनोई, साली का पति, साला, देवर, जेठ, ननदोई (Brother-in-law) | (i) पत्नी (Wife)<br>(ii) बहन (Sister)<br>(iii) चचेरी, फूफेरी, ममेरी, मौसेरी बहन (Cousin)<br>(iv) भाभी, साली, साले की पत्नी, ननद, जेठानी, देवरानी (Sister-in-law) |
| एक पीढ़ी नीचे<br>↓ | (i) पुत्र (Son)<br>(ii) भतीजा, भाँजा (Nephew)<br>(iii) दामाद (Son-in-law) | (i) पुत्री (Daughter)<br>(ii) भतीजी, भाँजी (Niece)<br>(iii) पुत्रवधू (Daughter-in-law) |
| दो पीढ़ी नीचे<br>↓↓ | (i) पोता, नाती (Grandson)<br>(ii) पोती या नातिन का पति (Grandson-in-law) | (i) पोती, नातिन (Granddaughter)<br>(ii) पोता या नाती की पत्नी (Granddaughter-in-law) |
| तीन पीढ़ी नीचे<br>↓↓↓ | (i) परपोता, परनाती (Great grandson)<br>(ii) परपोती या परनातिन का पति (Great grandson-in-law) | (i) परपोती, परनातिन (Great granddaughter)<br>(ii) परपोता या परनाती की पत्नी (Great granddaughter-in-law) |

## रक्त सम्बन्धों का विवरण

विभिन्न प्रकार के रक्त सम्बन्धों का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है

| क्र.सं. | विस्तार | सीधा सम्बन्ध |
|---|---|---|
| 1. | स्वयं | मैं |
| 2. | पिता का पिता | दादा |
| 3. | पिता की माता | दादी |
| 4. | पिता का ससुर | नाना |
| 5. | पिता की सास | नानी |
| 6. | पिता का भाई | चाचा/ताऊ |
| 7. | पिता की बहन | फुआ/बुआ |
| 8. | पिता की बहन का पति | फूफा |
| 9. | पिता के भाई की पत्नी | चाची/ताई |
| 10. | पिता के भाई का पुत्र/पुत्री | चचेरा भाई/चचेरी बहन |
| 11. | पिता की बहन का पुत्र/पुत्री | फुफेरा भाई/फुफेरी बहन |
| 12. | पिता की पत्नी | माता |
| 13. | पिता का साला | मामा |
| 14. | पिता के साले की पत्नी | मामी |
| 15. | पिता के पिता के पिता | परदादा |
| 16. | पिता के पिता की माता | परदादी |
| 17. | माता का पिता/माता | नाना/नानी |
| 18. | माता का भाई/बहन | मामा/मौसी |
| 19. | माता के भाई का पुत्र/पुत्री | ममेरा भाई/ममेरी बहन |
| 20. | माता की बहन का पुत्र/पुत्री | मौसेरा भाई/मौसेरी बहन |
| 21. | माता का ससुर/सास | दादा/दादी |
| 22. | माता का पति | पिता |
| 23. | दादा/दादी का पुत्र | पिता/चाचा/ताऊ |
| 24. | दादा/दादी के पुत्र/पुत्री का पुत्र | स्वयं/भाई/चचेरा/फुफेरा भाई |
| 25. | दादा/दादी के पुत्र/पुत्री की पुत्री | स्वयं/बहन/चचेरी/फुफेरी बहन |
| 26. | दादी का ससुर | परदादा |
| 27. | दादी की सास | परदादी |
| 28. | नाना/नानी का पुत्र | मामा |
| 29. | नाना/नानी की इकलौती पुत्री | माता |
| 30. | नाना/नानी की पुत्री | माता/मौसी |
| 31. | नाना/नानी की बहू | मामी |
| 32. | नाना/नानी का इकलौता दामाद | पिता |
| 33. | नाना/नानी का दामाद | पिता/मौसा |
| 34. | भाई की पत्नी | भाभी |
| 35. | भाई का पुत्र/पुत्री | भतीजा/भतीजी |
| 36. | बहन का पुत्र/पुत्री | भाँजा/भाँजी |
| 37. | पत्नी का पिता/माता | ससुर/सास |
| 38. | पति का पिता/माता | ससुर/सास |
| 39. | पुत्र/पुत्री की माता | पत्नी |
| 40. | पुत्र/पुत्री का दादा/दादी | पिता/माता |
| 41. | पुत्र/पुत्री का नाना/नानी | ससुर/सास |
| 42. | पुत्र का पुत्र/पुत्री | पोता/पोती |
| 43. | पुत्री का पुत्र | नाती |
| 44. | पुत्री की पुत्री | नतिनी |
| 45. | पोत्र/पौत्री का पिता | पुत्र |

**नोट** *उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सम्बन्ध भी होते हैं।*

## रक्त सम्बन्धों को निरूपित करने वाले संकेत




रक्त सम्बन्धों को निरूपित करने के लिए तीर (↑) का प्रयोग किया जाता है। जिससे जो सम्बन्धित होता है उसे शीर्ष (Head) पर लिखते हैं, जिससे सम्बन्धित है, उसे गर्त (Tail) पर लिखते हैं तथा सम्बन्ध के शब्द को आधार (Base) पर लिखते हैं। जिस पीढ़ी का सम्बन्ध हो, उसी के अनुरूप तीर को दर्शाया जाता है।

- यदि ऊपरी पीढ़ी का सम्बन्ध हो, तो '↑' चिह्न से
- निचली पीढ़ी का सम्बन्ध हो, तो '↓' चिह्न से
- समान पीढ़ी का सम्बन्ध हो, तो '→' चिह्न से दर्शाया जाता है।

रक्त सम्बन्धों पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए कुछ संकेतों की सहायता भी ली जाती है, जिनमें से कुछ प्रमुख संकेत निम्न हैं

| क्र.सं. | संकेत | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | ⊕ | पुरुष |
| 2. | ⊖ | स्त्री |
| 3. | ⊕ ⌣ ⊖ या ⊕⟺⊖ | पति-पत्नी (विवाहित जोड़ा) |
| 4. | ⊕——⊕ | भाई-भाई |
| 5. | ⊖——⊖ | बहन-बहन |
| 6. | ⊕——⊖ | भाई-बहन |
| 7. | ⊕ \| ⊕ | पिता-पुत्र |
| 8. | ⊕ \| ⊖ | पिता-पुत्री |
| 9. | ⊖ \| ⊖ | माता-पुत्री |
| 10. | ⊖ \| ⊕ | माता-पुत्र |

## सम्बन्ध आरेख

रक्त सम्बन्ध से सम्बन्धित प्रश्नों में दिए गए सम्बन्धों (रिश्तों) को संकेतों की सहायता से प्रकट करने पर बनने वाले आरेख को सम्बन्ध आरेख (Relation Diagram) कहा जाता है।

सम्बन्ध आरेख बनाकर रक्त सम्बन्ध के प्रश्नों को सरलतापूर्वक हल किया जा सकता है। नीचे दी सूचनाओं के आधार पर सम्बन्ध आरेख को बनाना समझाया गया है।

माना G, P, R, S और T किसी परिवार के सदस्य हैं जिसमें

I. P और S एक विवाहित युग्म है।
II. S पुरुष नहीं है।
III. T, P का पुत्र है, जबकि P, G का पुत्र है।
IV. R, T की बहन है।

अब ऊपर दी गई जानकारी में चार कथन दिए गए हैं। अब, इन चारों कथनों के आरेखों को क्रमानुसार हम एक-दूसरे से जोड़ते हुए चलते हैं, जिससे अन्त में हमें एक पूर्ण सम्बन्ध आरेख प्राप्त होता है।

जैसे–

**कथन I.** P और S एक विवाहित युग्म है।




**कथन II.** S, पुरुष नहीं है, तो निश्चित रूप से S एक स्त्री होगी, जबकि कथन I में बताया गया है कि S और P एक विवाहित जोड़ा है, तो निश्चय ही S, P की पत्नी हुई।




इससे स्पष्ट होता है कि P, S का पति है।

**कथन III.** T, P का पुत्र है, जबकि P, G का पुत्र है।




**कथन IV.** R, T की बहन है।




अब, सभी आरेखों को जोड़ने पर एक पूर्ण सम्बन्ध आरेख प्राप्त होता है, जोकि निम्नवत् है




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से हमें निम्न जानकारियाँ प्राप्त होती हैं

I. S, G की पुत्रवधू है।
II. T, G का पोता है।
III. R, G की पोती है।
IV. P, R व T का पिता है।
V. R, P और S की पुत्री है।
VI. T, S का पुत्र है।
VII. S, T की माता है।

### प्रश्न हल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

- सर्वप्रथम प्रश्नों को हल करने के लिए प्रश्न में दी गई जानकारियों के अनुसार यह तय करना चाहिए कि किन दो व्यक्तियों के बीच सम्बन्ध ज्ञात करना है।
- तत्पश्चात् प्रश्न में दिए गए मध्यवर्ती सम्बन्धों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए। यही मध्यवर्ती सम्बन्ध अपेक्षित व्यक्तियों के बीच सम्बन्ध को घुमा-फिराकर प्रस्तुत करते हैं, जिससे प्रश्न और भी जटिल हो जाता है।
- प्रश्नानुसार, दो व्यक्तियों के बीच के प्रत्यक्ष सम्बन्ध को ज्ञात कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देना चाहिए।
- सामान्यतः यह देखा जाता है कि प्रश्नों को हल करते समय अभ्यर्थी 'व्यक्ति' का अर्थ पुरुष मान लेते हैं, परन्तु 'व्यक्ति' का अर्थ पुरुष या स्त्री दोनों माना जा सकता है।
- सामान्यतः यह देखा जाता है कि अभ्यर्थी किसी के नाम के आधार पर उसके लिंग का निर्धारण कर लेते हैं, जिससे प्रश्न का उत्तर कभी-कभी गलत हो जाता है। अतः आप केवल दी गई जानकारियों के आधार पर ही लिंग का निर्धारण करें।
- प्रश्नों में सामान्यतः यह पूछा जाता है कि A, B से किस प्रकार सम्बन्धित है? या विजय, सुधा से किस प्रकार सम्बन्धित है? या विजय का सुधा से क्या सम्बन्ध है? इसका अर्थ यह होता है कि A, B का रिश्ते में क्या लगता है? या विजय, सुधा का रिश्ते में क्या लगता है? जैसे–पिता, भाई, पति, चाचा या दादा, आदि।
- यदि तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा जाए, तो यह सम्भव है कि तस्वीर स्वयं की भी हो सकती है परन्तु यदि किसी व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा जाए, तो वह स्वयं नहीं हो सकता है।
- प्रश्नों के अन्तर्गत दिए गए सम्बन्धों को यदि अभ्यर्थी अपने पारिवारिक सम्बन्धों के रूप में व्यक्त कर लें, तो अभ्यर्थी के लिए प्रश्नों को हल करना और भी आसान हो जाता है।
- प्रश्नों को हमेशा आरेखों के माध्यम से ही हल करें, क्योंकि इससे सम्बन्ध की प्रत्येक कड़ी चरणबद्ध तरीके से आपके सामने बिल्कुल स्पष्ट हो जाएगी और सरलता से अभीष्ट सम्बन्ध ज्ञात हो जाएगा।

# प्रश्नों के प्रकार

सामान्यतः रक्त सम्बन्ध के अन्तर्गत निम्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* तथ्यों के आधार पर सम्बन्ध ज्ञात करना (प्रत्यक्ष सम्बन्ध)

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में सामान्यतः एक या अधिक पीढ़ियों के सम्बन्ध पर आधारित कुछ भिन्न-भिन्न जानकारियाँ दी गई होती हैं, जो सम्बन्धों को प्रत्यक्ष रूप से घुमा-फिराकर प्रस्तुत की गई होती हैं। आपको इसी जानकारी के आधार पर किन्हीं दो अलग-अलग व्यक्तियों के बीच सम्बन्ध निरूपित करना होता है।

***उदाहरण* 1.** यदि A, B का भाई है। C, A का पिता है। D, E का भाई है और E, B की पुत्री है। तब D का चाचा है *(UPPSC RO 2018)*

(a) A
(b) B
(c) C
(d) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




चूँकि D, E का भाई है और E, B की पुत्री है, तब D, B का पुत्र है तथा A, B का भाई है। अतः A, D का चाचा है।

***उदाहरण* 2.** यदि A, B की बहन है। C, B की माता है। D, C का पिता है और E, D की माता है, तो बताइए कि A का D से क्या सम्बन्ध है? *(SSC CGL 2013)*

(a) नातिन
(b) पुत्री
(c) चाची
(d) पिता

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि A, D की नातिन है।

**उदाहरण 3.** A बेटी है H की जिसका पति X है। X की केवल एक ही सन्तान हैं। M विवाहित है A से। M का A से क्या सम्बन्ध है? *(UP Police SI 2017)*

(a) पत्नी (b) बहन
(c) भाई (d) पति

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि M, A का पति है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 4-6) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(IBPS PO Pre 2016)*

D, N की पुत्री है। E, N की पत्नी है। G, D की बहन है। C का विवाह, G के साथ हुआ है। N का कोई पुत्र नहीं है। K, E की माता है। Q, C की एकमात्र पुत्री है।

**उदाहरण 4.** Q, D से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) पुत्री (b) कजिन (c) भतीजी/भाँजी (d) भाभी
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

**उदाहरण 5.** N, K से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) देवर (b) कजिन (c) दामाद (d) बहन (e) भाई

**उदाहरण 6.** N की कितनी पुत्रियाँ हैं?

(a) एक (b) तीन
(c) दो (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 4-6) दी गई जानकारी के आधार पर सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




***4.*** (c) आरेख से स्पष्ट है कि Q, D की भाँजी है।
***5.*** (c) आरेख से स्पष्ट है कि N, K का दामाद है।
***6.*** (c) आरेख से स्पष्ट है कि N की दो पुत्रियाँ D व G हैं।

# प्रश्नावली 9.1

***1.*** R,Y का बेटा है। Y, K की पत्नी है, K, Z का इकलौता पुत्र है। Z की पत्नी का कुछ साल पहले निधन हो गया था। Z, R में क्या सम्बन्ध है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) दादा (b) पिता (c) पोता (d) नाना

***2.*** A की माँ B की बहन है और B की एक पुत्री C है। A का B के साथ निम्नलिखित में से क्या सम्बन्ध होगा? *(SSC Steno 2016)*

(a) चाचा (अंकल) (b) भाँजी/भतीजी
(c) पुत्री (d) पिता

***3.*** दीपक के एक भाई का नाम आदित्य है। दीपक, कुलदीप का बेटा है। बण्टी, कुलदीप के पिता हैं। आदित्य, बण्टी से कैसे सम्बन्धित है? *(SSC 10+2 2017)*

(a) चाचा (b) भाई (c) पोता (d) दादा

***4.*** F, A का भाई है। C, A की पुत्री है। K, F की बहन है। G, C का भाई है। G का चाचा/मामा कौन है? *(UKPSC 2016)*

(a) A (b) C (c) F (d) K

***5.*** यदि A, B की माँ है, C, A का पुत्र है, D, E का भाई है, E, B की पुत्री है, तो E की दादी/नानी कौन है? *(SSC CGL 2016)*

(a) A (b) B (c) C (d) D

***6.*** P की माँ, Q की पुत्री है। P की मौसी R है और Q की बहन S है। S, R से किस प्रकार सम्बन्धित है? *(MP Police SI 2017)*

(a) इनमें से कोई नहीं (b) बहन
(c) ननद/भाभी/साली (d) भतीजी

***7.*** S, V का इकलौता पुत्र है। V, R से विवाहित है। M, R की पुत्री है। R, A की दादी है। S निश्चित रूप से, A से किस प्रकार सम्बन्धित है? *(SBI PO Pre 2017)*

(a) अंकल (b) ज्ञात नहीं कर सकते (c) पिता
(d) भाई (e) बहन

***8.*** A, B की पत्नी है। D, A का भाई है। P तथा Q, E के बच्चे हैं, जोकि D की पत्नी है। B, Q से किस प्रकार सम्बन्धित है? *(NICL AO 2017)*

(a) पिता (b) दादी माँ (c) अंकल (d) ससुर
(e) कजिन

***9.*** M, P का पुत्र है। Q पौत्री है O की, जो P का पति है, तो बताइए कि M का O से क्या सम्बन्ध है? *(SSC 10+2 2010)*

(a) पुत्र (b) पुत्री (c) माता (d) पिता

***10.*** X और Y भाई-भाई हैं। R, Y का पिता है। S, T का भाई और X का मामा है। T का R से क्या सम्बन्ध है? *(SSC CGL 2010)*

(a) माता (b) पत्नी (c) बहन (d) भाई

***11.*** A और B भाई हैं। E पुत्री है F की। F पत्नी है B की, तो E का A से क्या सम्बन्ध है? *(SSC MTS 2010)*

(a) बहन (b) पुत्री
(c) भतीजी (d) भाभी

***12.*** M और F एक विवाहित दम्पति हैं। A और B बहनें हैं। F, A की बहन है, तो B, M की क्या लगती है? *(SSC Steno 2010)*

(a) बहन (b) साली (c) भतीजी (d) पुत्री

**13.** दिव्या और सतीश विवाहित जोड़ा है। सैम और अर्नव भाई हैं। सैम, सतीश का भाई है। अर्नव की पुत्री, दिव्या के पति से किस रूप में सम्बन्धित है? *(UPSSSC ट्यूबवेल ऑपरेटर भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) चाची/मामी/मौसी/ताई/फूफी/बुआ (b) भतीजी/भाँजी
(c) पुत्री
(d) चचेरी बहन/ममेरी बहन/फुफेरी बहन/मौसेरी बहन

**14.** A और B भाई हैं। C, A का पिता है। D, C का पिता है। E, B का पुत्र है, तो बताइए कि D का E से क्या सम्बन्ध है? *(UP B.Ed 2011)*
(a) पोता (b) परपोता (c) परदादा (d) दादा

**15.** A, D का भाई है। D, B का पिता है। B और C बहनें हैं। बताइए कि C का A से क्या सम्बन्ध है? *(RRB ALP 2010)*
(a) चचेरी बहन (b) भतीजी (c) चाची (d) भतीजा

**16.** A, B की पुत्री है। B, C की माँ है। D, C का भाई है। बताइए कि D का A से क्या रिश्ता है? *(UP Police Constable 2010)*
(a) पिता (b) दादा (c) भाई (d) पुत्र

**17.** शंकर, मीता का भाई है। यदि शीला, जो मीता की बहन है, रमेश की भतीजी है, तो शंकर का रमेश से क्या सम्बन्ध है?
(a) भाई (b) भतीजा (c) पुत्र (d) पिता

**18.** A, B की बहन है और C, B की माँ है। D, C के पिता हैं। E, D की माँ है। A का D से क्या सम्बन्ध है? *(SSC CGL 2014)*
(a) नाना (b) पुत्री (c) नानी (d) दोहती (नातिन)

**19.** B, D की बहन है। M, D का पिता है। N, M की बहन है। B का N से क्या सम्बन्ध है?
(a) बहन (b) बुआ (c) भतीजी (d) जानकारी अधूरी है

**20.** D, K का भाई है। M, K की बहन है। T, R का पिता है, जो M का भाई है। F, K की माता है। T व F के कम-से-कम कितने पुत्र हैं? *(SBI PO 2011)*
(a) दो (b) तीन (c) चार
(d) जानकारी अधूरी है (e) इनमें से कोई नहीं

**21.** D, K का भाई है। M, K की बहन है। R, D का पिता है तथा S, M की माँ है। K का R से क्या सम्बन्ध है? *(Vijaya Bank PO 2010)*
(a) पुत्र (b) पुत्री
(c) पुत्र या पुत्री (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**22.** D की बहन B है। M की बहन D है। K का भाई M है। B का K से क्या सम्बन्ध है?
(a) भाई (b) बहन
(c) भाई या बहन (d) जानकारी अधूरी है

**23.** M, D की बहन है। R, D का भाई है। F, M का पिता है और T, R की माता है। D का T से क्या सम्बन्ध है? *(SBI PO 2011)*
(a) भाई (b) बेटा
(c) बेटी (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** P की माता, Q की पुत्री है। P की चाची R है और Q की बहन S है। S का R से क्या रिश्ता है?
(a) चाची (b) बहन
(c) पुत्री (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** T का भाई K है। K की माँ M है। M का भाई W है। W का T से क्या सम्बन्ध है? *(PNB Clerk 2011)*
(a) मामा (b) चाचा
(c) दादा (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** यदि A, B और K का भाई है, D, B की माँ है और E, A का पिता है, तो इनमें से कौन-सा वाक्य निश्चित रूप से असत्य है? *(JSSC 2017)*
(a) B, K का भाई है (b) A, K का पिता है
(c) A, D का पुत्र है (d) D, E की पत्नी है

**27.** राम, रमेश का पिता है। वेदवती, राम की सास है। वेदवती की माता वसुन्धरा है, जिसका पति हरीश है। रमेश का हरीश से क्या सम्बन्ध है? *(CGPSC Pre 2008)*
(a) रमेश, हरीश का नाती है
(b) हरीश, रमेश का परनाना है
(c) रमेश, हरीश का भतीजा है
(d) रमेश का हरीश से कोई सम्बन्ध नहीं है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**28.** ममता के पिता रमन की एक बहन है, कोमल जिसके बेटे, लोकेश की बहन का नाम दीपा है। रमन की माँ का दीपा के पिता से क्या सम्बन्ध है? *(UPSSSC विधानभवन रक्षक/वनरक्षक 2018)*
(a) बहन (b) सास (c) माँ (d) ननद

**29.** एक व्यक्ति दीप्ति के घर पर जाता है, जो सरयू की पड़ोसन है, जिसकी पुत्री का नाम नित्या है। श्रीनिवास, साई के पिता हैं और उनका विवाह पदमा के साथ हुआ है, जिसकी बहन सरयू है। श्रीनिवास की एकमात्र पुत्री, सरयू की माँ के एकमात्र पुत्र से किस रूप में सम्बन्धित है? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी परीक्षा 2018)*
(a) चाची/मामी/मौसी/ताई/फूफी/बुआ
(b) भतीजी/भाँजी
(c) पुत्री
(d) चचेरी बहन/ममेरी बहन/फुफेरी बहन/मौसेरी बहन

***निर्देश*** (प्र. सं. 30-32) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(RBI Assist. Pre 2016)*

N, W की बहन है। I, W का भाई है। U, N का पिता है तथा G, I की माता है।

**30.** G, W से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पुत्री (b) पुत्र (c) माता (d) पिता
(e) सास

**31.** यदि X, W का एकमात्र पुत्र है, तब X, I से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पुत्र (b) पौत्र (c) भतीजा/भाँजा (d) भतीजी/भाँजी
(e) दामाद

**32.** N, U से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) माता (b) पुत्रवधू (c) भतीजी (d) पुत्री (e) साली

**निर्देश** (प्र. सं. 33-35) *दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए।* *(IBPS RRB Officer Scale-1 2016)*

S, Q का पति है। A, D का भाई है। A, B का इकलौता पुत्र है। D, Q की बहन है। R, D से विवाहित है। M, R का पिता है। N, Q की पुत्री है।

**33.** यदि B, N का नाना हो, तो B, R से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) अंकल (b) सास (c) दादी (d) आण्टी
(e) ससुर

**34.** S, A से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पिता (b) दादा (c) जीजा (d) अंकल
(e) भतीजा

**35.** D, N से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) माँ (b) साली (c) चचेरा भाई (d) सास (e) आण्टी

***निर्देश*** (प्र. सं. 36-38) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(Indian Bank PO Pre 2016)*

Q, P का भाई है। K, P की माता है। Q, C से विवाहित है। C, L की पुत्रवधू है। P, N की माता है। N, V की बहन है।

**36.** K, C से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) बहन (b) पुत्रवधू (c) माता (d) पुत्री (e) सास

**37.** L, N से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) नाना (b) अंकल (c) पोता (d) पुत्र (e) दामाद

**38.** यदि N का केवल एक भाई है, तब V, Q से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पिता (b) भाँजा (c) अंकल (d) पुत्र (e) भाई

***निर्देश*** (प्र. सं 39-41) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2017)***

D, N की पुत्री है। E, N की पत्नी है।
G, D की बहन है। C का विवाह, G के साथ हुआ है।
N का कोई पुत्र नहीं है। K, E की माता है। Q, C की एकमात्र पुत्री है।

**39.** Q, D से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पुत्री (b) कजिन (c) भतीजी/भाँजी (d) भाभी
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

**40.** N, K से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) देवर (b) कजिन (c) दामाद (d) बहन (e) भाई

**41.** N की कितनी पुत्रियाँ हैं?
(a) एक (b) तीन (c) दो
(d) ज्ञात नहीं कर सकते (e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 42-44) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

M, B की माता है। A, N के पिता हैं। N, B का इकलौता भाई है। C का विवाह N के साथ हुआ है। Q, C का एकमात्र बच्चा है। N की कोई बहन नहीं है। J, A के पिता हैं।

**42.** यदि A का कोई पोता नहीं है, तब Q, B से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) भतीजा/भाँजा (b) भाभी (c) पुत्रवधू (d) भतीजी/भाँजी
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

**43.** A, C से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) अंकल (b) साला (c) ससुर (d) भतीजा/भाँजा
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

**44.** B, J से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पिता (b) भतीजा/भाँजा (c) साला (d) भाई
(e) पोता

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि Z, R के दादा हैं।

**2.** *(b)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि A, B की भाँजी या भतीजी या भाँजा या भतीजा है।
अब चूँकि विकल्प में भाँजा/भतीजा नहीं है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**3.** *(c)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि आदित्य, बण्टी का पोता है।

**4.** *(c)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि G का चाचा/मामा F है।

**5.** *(a)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि E की दादी/नानी A है।

**6.** *(a)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि S, R की मौसी है।

**7.** *(c)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख निम्न है




सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि S, A के पिता है।

**8.** *(c)* दी गई जानकारी के अनुसार सम्बन्ध आरेख निम्न है




सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि B, Q का अंकल है।

**9.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः M, O का पुत्र है।

**10.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः T, R की पत्नी है।

**11.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः E, A की भतीजी है।

**12.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः B, M की साली है।

**13.** *(b)* प्रश्नानुसार




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि अर्नव की पुत्री, दिव्या के पति की भतीजी है।

**14.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः D, E का परदादा है।

**15.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः C, A की भतीजी है।

**16.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः D, A का भाई है।

**17.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**18.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः A, D की दोहती (नातिन) है।

**19.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः B, N की भतीजी है।

**20.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः T व F के कम-से-कम दो पुत्र हैं।

**21.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः K, R का पुत्र या पुत्री है।

**22.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः B, K की बहन है।

**23.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




D, T का पुत्र या पुत्री, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। अतः जानकारी अधूरी है।

**24.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




S, R का कौन लगता है, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं किया जा सकता है। अतः जानकारी अधूरी है।

**25.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः W, T का मामा है।

**26.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः A, K का पिता है। वाक्य निश्चित रूप से असत्य है।

**27.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः हरीश, रमेश का परनाना है।

**28.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि रमन की माँ, दीपा के पिता की सास है।

***29.*** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि श्रीनिवास की एकमात्र पुत्री, सरयू (श्रीनिवास की पत्नी की बहन) की माँ (साई की नानी) के पुत्र (साई के मामा) की भाँजी होगी।

**उत्तर** (प्र. सं. 30-32) दी गई जानकारी से, सम्बन्ध आरेख निम्न है




***30.*** *(c)* G, W की माता है।

***31.*** *(c)* X, I का भतीजा/भाँजा है।

***32.*** *(d)* N, U की पुत्री है।

**उत्तर** (प्र. सं. 33-35) दी गई जानकारी के अनुसार,




***33.*** *(e)* B, R का ससुर है।

***34.*** *(c)* S, A का जीजा है।

***35.*** *(e)* D, N की आण्टी है।

**उत्तर** (प्र. सं. 36-38) दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख निम्न है




***36.*** *(e)* K, C की सास है।

***37.*** *(a)* L, N का नाना है।

***38.*** *(b)* N का केवल एक भाई है, इसका तात्पर्य है कि V, N का भाई है। अतः V, Q का भाँजा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 39-41) दी गई जानकारी के आधार पर सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




***39.*** *(c)* Q, D की भतीजी/भाँजी है।

***40.*** *(c)* N, K का दामाद है।

***41.*** *(c)* N की दो पुत्रियाँ हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 42-44) प्रश्नानुसार,




***42.*** *(d)* यदि A का कोई पोता नहीं है, तो हम मान सकते हैं कि Q एक बच्ची है। अतः उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि Q, B की भतीजी/भाँजी है।

***43.*** *(c)* अतः उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि A, C के ससुर हैं।

***44.*** *(e)* अतः उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि B, J का पोता है।

# प्रकार 2. कथन के आधार पर सम्बन्ध ज्ञात करना (परोक्ष सम्बन्ध)

इस प्रकार के प्रश्नों में सामान्यतः एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से एक अन्य तीसरे व्यक्ति की ओर इंगित करके या उसकी तस्वीर दिखाकर परोक्ष रूप से एक कथन के द्वारा उसके साथ सम्बन्ध को बताता है या व्यक्त करता है। इसी कथन में दी गई जानकारी के आधार पर पहले और तीसरे व्यक्ति के बीच सीधे या प्रत्यक्ष सम्बन्ध को ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण 7.*** एक फोटोग्राफ को दिखाते हुए प्रतीक बोला, "यह गुंजन है। वह मेरे पिता की सास के पति की एकमात्र बेटी की बेटी है।" गुंजन का प्रतीक से क्या सम्बन्ध है? ***(UPSSSC अधिनस्थ कृषि सेवा प्राविधिक सहायक भर्ती परीक्षा 2019)***

(a) माँ (b) बहन (c) बेटी (d) भतीजी

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि गुंजन, प्रतीक की बहन है।

***उदाहरण 8.*** एक महिला की ओर संकेत करते हुए गीता कहती है "वह मेरी दादी की एकमात्र सन्तान की बेटी है"। महिला गीता से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(UP Police Constable 2018)***

(a) भतीजी (b) ममेरी बहन

(c) बहन (d) माँ

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह महिला, गीता की बहन है।

***उदाहरण 9.*** एक औरत की ओर संकेत करते हुए एक आदमी कहता है कि उसके इकलौते भाई का बेटा मेरी पत्नी का भाई है, तो बताइए कि औरत उस व्यक्ति से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(MAT 2008)***

(a) माता की बहन

(b) दादी

(c) सास

(d) ससुर की बहन

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः आरेख से स्पष्ट है कि औरत उस व्यक्ति के ससुर की बहन है।

***उदाहरण* 10.** एक औरत की तस्वीर दिखाते हुए एक व्यक्ति ने कहा कि वह मेरे इकलौते पुत्र की सास की इकलौती लड़की है। औरत का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?

(a) सास (b) बेटी
(c) पत्नी (d) पुत्रवधू

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः व्यक्ति के इकलौते बेटे की सास की इकलौती बेटी, उसके बेटे की पत्नी अर्थात् व्यक्ति की पुत्रवधू होगी।

# प्रश्नावली 9.2

**1.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए, विकास ने कहा, ''वह मेरे पिता की पत्नी की बेटी है।'' वह महिला, विकास से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(SSC MTS 2017)***
(a) बुआ (b) बहन (c) पुत्री (d) पत्नी

**2.** एक सज्जन की ओर इशारा करते हुए शालिनी ने कहा ''इनके इकलौते भाई मेरे बेटे के पिता के पिता हैं।'' वह सज्जन शालिनी से कैसे सम्बन्धित है? ***(UKPSC Lower 2016)***
(a) दादा (b) चाचा
(c) भाई (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** एक लड़के का परिचय कराते हुए एक लड़की कहती है, ''वह, मेरी माँ के भाई की इकलौती बहन का बेटा है।'' वह लड़का, उस लड़की से कैसे सम्बन्धित है? ***(SSC 10+2 2017)***
(a) ससुर (b) भाई (c) चचेरा भाई (d) भाँजी

**4.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए नरेश ने कहा 'वो मेरे ससुर के इकलौते बेटे का भाँजा है। लड़के का नरेश से क्या रिश्ता है?' ***(UP Police SI 2017)***
(a) चाची (b) जीजा (c) बेटा (d) मामा

**5.** पंकज एक आदमी की तरफ इशारा करते हुए कहता है, ''वह मेरे चाचा की बेटी का भाई है''। यह आदमी, पंकज से किस तरह सम्बन्धित है? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) बेटा (b) भाँजा/भतीजा (c) चाचा (d) चचेरा भाई

**6.** किसी चित्र में एक स्त्री की ओर इंगित करते हुए, एक आदमी ने कहा, ''इसकी माँ की माँ मेरे पिता की माँ है।'' आदमी का चित्र वाली स्त्री से क्या सम्बन्ध है? ***(UKPSC 2016)***
(a) चाचा (b) ममेरा भाई
(c) पौत्र (d) इनमें से कोई नहीं

**7.** एक महिला का परिचय देते हुए दूसरी महिला ने कहा, कि वह महिला मोहन के दादा, जो मेरे पति के पिता हैं, की इकलौती बेटी है। दूसरी महिला का पहली महिला से क्या सम्बन्ध है?
(a) चाची/बुआ (b) माता (c) सासु-माँ (d) भाभी

**8.** एक पुरुष ने एक महिला का परिचय कराते हुए कहा, ''इसकी माँ मेरी सास की इकलौती पुत्री है।'' उस पुरुष का महिला से क्या सम्बन्ध है? ***(CGPSC Pre 2003)***
(a) पुत्र (b) भाई (c) पौत्र (d) पिता
(e) इनमें से कोई नहीं

**9.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए साइमन ने कहा, ''वह मेरे पिता की एकमात्र बहन की पुत्री है।'' वह महिला साइमन से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) माता (b) बुआ ***(SSC 10+2 2013)***
(c) बहिन (d) फूफेरी बहन

**10.** एक लड़के की ओर संकेत करते हुए मीना ने कहा, "यह मेरे दादा का इकलौता नाती है।" उस लड़के का मीना से क्या सम्बन्ध है? ***(BOI PO 2010)***
(a) फुफेरा भाई (b) चचेरा भाई
(c) चाचा (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**11.** एक लड़की का परिचय देते हुए, बिपिन ने कहा 'वह मेरे पिता की बहन की माँ के इकलौते बेटे की बेटी है।' बिपिन का उस लड़की से क्या सम्बन्ध है? ***(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)***
(a) चचेरा भाई (b) भाई
(c) चाचा (d) भतीजा

**12.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए R ने कहा, ''वह मेरे दादा की इकलौती पुत्री का पुत्र है।'' R उस लड़के से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(BOM PO 2010)***
(a) माँ (b) चाची
(c) बहन (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**13.** अपने पति से एक व्यक्ति का परिचय कराते हुए एक महिला ने कहा, ''इसके भाई के पिता मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र हैं।'' इस महिला का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है? ***(SBI PO 2014)***
(a) सास (b) बहन (c) बेटी (d) भाभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए वीना ने कहा, ''वह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र का पुत्र है।'' यह लड़का वीना से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(SSC MTS 2014)***
(a) चाचा (b) भाई
(c) चचेरा भाई (d) भतीजा

**15.** मोहन, नन्दिनी की ओर इशारा करते हुए बताता है कि वह मदन की बहन संगीता के भाई की एकमात्र पुत्री है। नन्दिनी, मदन से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पुत्री (b) भतीजी
(c) चचेरी बहन (d) भतीजी या पुत्री

**16.** एक लड़की की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए नीता ने कहा,'' वह मेरे पिता की इकलौती बेटी की बेटी है''। नीता का लड़का से क्या सम्बन्ध है?
*(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) चचेरी/ममेरी बहन (b) माँ
(c) चाची/मामी/मौसी (d) बहन

**17.** एक लड़की की ओर संकेत करते हुए सुबोध ने कहा, ''वह मेरी माताजी के इकलौते भाई की पुत्री है।'' सुबोध का उस लड़की से क्या रिश्ता है?
*(Canara Bank PO 2010)*
(a) चचेरा या ममेरा भाई
(b) मामा
(c) भाई
(d) जानकारी अधूरी है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**18.** एक लड़की की ओर संकेत करते हुए अरुण ने कहा, ''यह मेरे दादा के बेटे की इकलौती पुत्री है।'' उस लड़की का अरुण से क्या सम्बन्ध है?
*(PNB Clerk 2011)*
(a) पुत्री (b) बहन
(c) फुफेरी बहन (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**19.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए निर्मल ने कहा, ''वह मेरी पत्नी के दादा की एकमात्र सन्तान की पुत्री है।'' इस महिला का निर्मल से क्या सम्बन्ध है?
*(Canara Bank Clerk 2011)*
(a) पत्नी (b) भाभी
(c) बहन (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**20.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए सुरेश ने कहा, ''यह मेरे दादा की इकलौती पुत्री की पुत्री है।'' उस महिला का सुरेश से क्या सम्बन्ध है?
*(Allahabad Bank PO 2010)*
(a) भाई (b) फूफेरी बहन
(c) चाचा (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**21.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए सुरेश ने कहा, ''वह मेरी बुआ की बेटी है।'' उस महिला का सुरेश से क्या रिश्ता है? *(SBI PO 2011)*
(a) भाई (b) फूफेरी बहन
(c) चाचा (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**22.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए रमेश ने कहा, ''उसके पिता मेरे ससुर के इकलौते दामाद हैं।'' रमेश उस महिला से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पिता (b) चाचा
(c) चचेरा भाई (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**23.** एक लड़की की तस्वीर को देखकर, शिशा नामक एक लड़की ने कहा, ''उसकी माँ मेरे नानाजी की इकलौती बेटी है और उनकी केवल एक बेटी है और कोई बेटा नहीं है।'' शिशा तस्वीर की लड़की से कैसे सम्बन्धित है?
*(RRB ALP 2018)*
(a) भाँजी/भतीजी (b) तस्वीर की लड़की खुद शिशा है
(c) चाची/मामी/फूफी/बुआ/मौसी/ताई (d) बहन

**24.** हरि की ओर संकेत करते हुए सीमा कहती है कि यह मेरे सबसे बड़े पुत्र महेश के दादा हैं। हरि का सीमा से क्या सम्बन्ध है?
(a) पिता (b) चाचा
(c) जीजा (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** एक आदमी ने एक महिला से कहा, ''आपके भाई का एकमात्र पुत्र, मेरी पत्नी का भाई है।'' वह महिला उस आदमी की पत्नी से किस प्रकार सम्बन्धित है?
*(SSC 10+2 2013)*
(a) बुआ (b) बहन
(c) माता (d) दादी

**26.** एक फोटो की ओर संकेत करते हुए मोहन ने कहा, ''उसकी माता की एकमात्र सन्तान मेरे पिता का एकमात्र पुत्र है।'' मोहन किसके फोटो की ओर संकेत कर रहा है? *(Indian Bank PO 2010)*
(a) भाई के (b) स्वयं के
(c) चचेरे भाई के (d) पिता के
(e) भाँजे के

**27.** एक फोटो की ओर इशारा करते हुए रसिका ने कहा, ''वह मेरे दादा के एकमात्र पुत्र का पोता है।'' फोटो वाले लड़के का रसिका से क्या सम्बन्ध है?
(a) पुत्र (b) भतीजा
(c) भाई (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**28.** तस्वीर में महिला की ओर संकेत करते हुए राजीव ने कहा, ''उसकी माँ का केवल एक धेवता (नाती) है, जिसकी माँ मेरी पत्नी है और मेरी पत्नी की कोई बहन नहीं है। '' तस्वीर में जो महिला है, उसका राजीव से क्या सम्बन्ध है?
(a) बहन
(b) पत्नी
(c) चचेरा भाई
(d) जानकारी अधूरी है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**29.** एक लड़का मंच पर प्रदर्शन कर रहा है। उसकी ओर इशारा करते हुए, लड़के के पिता के बगल में बैठे हुए दर्शकों में से एक आदमी ने कहा, 'वह उस औरत के पति का बेटा है, जो मेरी पत्नी के ससुर की बहू है'। मंच पर प्रदर्शन करने वाले लड़के से उस आदमी का सम्बन्ध क्या है?
*(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)*
(a) पिता (b) ससुर
(c) दादा (d) चाचा

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि वह महिला विकास की बहन है।

**2.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अत: सज्जन व्यक्ति शालिनी का ससुर होगा।

**3.** *(b)* लड़की की माँ के भाई की इकलौती बहन, लड़की की माँ स्वयं ही होगी तथा लड़की की माँ का बेटा, लड़की का भाई होगा।

**4.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः वह लड़का, नरेश का बेटा है।

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि वह आदमी, पंकज का चचेरा भाई है।

**6.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आदमी के कथनानुसार, चित्र वाली स्त्री की माँ उसके पिता की माँ है अर्थात् उस स्त्री की माँ की माँ उसके पिता की बहन है तथा चित्र वाली स्त्री का वह व्यक्ति ममेरा भाई है।

**7.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अत: पहली महिला, दूसरी महिला की भाभी है।

**8.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः पुरुष उस महिला का पिता है।

**9.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह महिला साइमन की फूफेरी बहन है।

**10.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह लड़का, मीना का फुफेरा भाई है।

**11.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः बिपिन उस लड़की का भाई है।

**12.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




R उस लड़के का ममेरा भाई/बहन हो सकता/सकती है, क्योंकि R के लिंग के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। अतः जानकारी अधूरी है।

**13.** *(b)* महिला के दादाजी का इकलौता पुत्र महिला का पिता होगा, जोकि व्यक्ति के भाई का पिता अर्थात् व्यक्ति का पिता है।
अतः महिला उस व्यक्ति की बहन होगी।

**14.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः वह लड़का वीना का भाई है।

**15.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः नन्दिनी, मदन की भतीजी या पुत्री है।

**16.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः नीता, लड़की की माँ है।

**17.** *(e)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः सुबोध उस लड़की का फूफेरा भाई है।

**18.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः लड़की अरुण की सहोदर या चचेरी बहन है अर्थात् जानकारी अधूरी है।

**19.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह महिला निर्मल की पत्नी/साली है अर्थात् जानकारी अधूरी है।

**20.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह महिला सुरेश की बुआ की पुत्री अर्थात् फूफेरी बहन है।

**21.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह महिला सुरेश की बुआ की बेटी अर्थात् फूफेरी बहन है।

**22.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः रमेश उस महिला का पिता है।

**23.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः आरेख से स्पष्ट है कि शिशा खुद तस्वीर वाली लड़की है।

**24.** *(e)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः हरि, सीमा का ससुर है।

**25.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः वह महिला उस आदमी की पत्नी की बुआ है।

**26.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः फोटो स्वयं मोहन का है।

**27.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः फोटो वाला लड़का रसिका का पुत्र है या भतीजा, यह निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

**28.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः तस्वीर वाली महिला, विनोद की पत्नी है।

**29.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि वह आदमी मंच पर प्रदर्शन करने वाले लड़के का चाचा है।

# प्रकार 3. प्रतीकात्मक/गणितीय संकेतों पर आधारित सम्बन्ध

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न सामान्यतः प्रतीकात्मक/गणितीय संकेतों पर आधारित होते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने से पहले दिए गए प्रतीकात्मक/गणितीय संकेतों का अर्थ भली-भाँति समझ लेना चाहिए और उसके बाद ही प्रश्नों को हल करना चाहिए।

इस प्रकार के प्रश्नों में प्रत्येक गणितीय संकेत/चिह्न का सही अर्थ जानने में सदैव चिह्न के साथ-साथ यह ध्यान रखना होता है कि चिह्नों के बाईं या दाईं ओर में से किस ओर के व्यक्ति, बताए गए सम्बन्धों से सम्बन्धित हैं। प्रश्नों में दी गई जानकारियों के आधार पर ही प्रतीकात्मक /गणितीय चिह्नों के अर्थ को समझा जाता है। जैसे– A + B का अर्थ है कि A, B का पिता है। यहाँ, A और B का महत्त्व नगण्य है। इसे केवल बाएँ और दाएँ की स्पष्टता के लिए दिया गया है अर्थात् '+' का अर्थ 'पिता' है।

A पिता है अर्थात् '+' के बाएँ जिसका नाम होगा, वह दाएँ वाले का पिता होगा।




इसी प्रकार, 'A + B' का अर्थ है कि B, A का पिता है। यहाँ '+' के दाएँ जिसका नाम होगा, वह बाएँ वाले का पिता होगा।




किसी सांकेतिक भाषा में 'A + B' का अर्थ है कि A, B का पिता है, तो ऐसी स्थिति में A पिता है और पुल्लिंग है, यह निश्चित है, परन्तु B पुत्र है या पुत्री है, यह निश्चित नहीं है।

इसके अन्तर्गत निम्न बातों पर ध्यान देना चाहिए

(i) यदि किसी पद को निश्चित करना हो कि वह पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग, तो उसे किसी अन्य पद द्वारा उपयुक्त कूट संकेत से अग्रसरित किया जा सकता है। जैसे– यह निर्धारित करना हो कि P, Q का पुत्र है, तो इसे इस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं




(ii) पूछे गए सम्बन्धों के लिए मध्यस्थता वाले सम्बन्ध को इस प्रकार से व्यवस्थित करना चाहिए, जिसका सांकेतिक रूप दिए गए प्रश्न में सम्मिलित हो।

**उदाहरण 11.** यदि A + B का मतलब है A, B का पति है,
A # B का मतलब है A, B का भाई है,
A @ B का मतलब है B, A का बेटा है,
A $ B का मतलब है B, A की बेटी है, तो नीचे दिए गए कथन का अर्थ क्या है विकल्पों से चुनें?
R#P+Q@S$T *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)*

(a) R, S के दादा हैं (b) P, T का चाचा है
(c) S, P का पोता है (d) T, Q की पोती है

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार, R#P+Q@S$T ⇒




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि T, Q की पोती है।

**उदाहरण 12.** निम्नलिखित जानकारी को पढ़ें और इसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

(i) 'F – D' का मतलब 'F, D के पिता है'
(ii) 'F + D' का मतलब 'F, D की बेटी है'
(iii) 'F ÷ D' का मतलब 'F, D का बेटा है'
(iv) 'F × D' का मतलब 'F, D की पत्नी है'

निम्नलिखित में से किसका मतलब होगा कि Z, Y के पिता है?
*(RRB NTPC फेज़ I 2016)*

(a) Y – E × Z (b) Y + E ÷ Z (c) Y + E – Z (d) Y + E × Z

***व्याख्या*** (d) विकल्प (a) से, Y – E × Z ⇒




यहाँ Z, Y का दमाद है।

विकल्प (b) से, Y + E ÷ Z ⇒




यहाँ Z, Y का दादा या दादी है।

विकल्प (c) से, Y + E – Z ⇒




यहाँ Z, Y का भाई या बहन है।

विकल्प (d) से, Y + E × Z ⇒




अतः Z, Y का पिता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 13 और 14) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Main 2016)***

(i) 'P × Q' का अर्थ 'P भाई है Q का।'
(ii) 'P ÷ Q' का अर्थ 'P बहन है Q की।'
(iii) 'P + Q' का अर्थ 'P पिता है Q का।'
(iv) 'P – Q' का अर्थ 'P माँ है Q की।'

**उदाहरण 13.** 'S भतीजी है R की' यह किस विकल्प में है ?

(a) S × T ÷ J + R (b) R ÷ M – S + T
(c) R – M ÷ S × T (d) R ÷ M – S × T
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (e) चूँकि प्रत्येक विकल्प में S पुरुष वाले सम्बन्ध से जुड़े है, जैसे S किसी का भाई अथवा पिता है। इसलिए S भतीजी नहीं हो सकती है।

**उदाहरण 14.** 'M दादी है W की' यह किस विकल्प में है ?

(a) M – J + W (b) W + J × W
(c) M × T + W (d) M + J – W
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (a) विकल्प (a) से,




अतः विकल्प (a) से ही स्पष्ट है कि M, W की दादी है।

# प्रश्नावली 9.3

***निर्देश*** (प्र. सं. 1 और 2) *दिए गए कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Main 2016)***

(i) 'P × Q' का अर्थ 'Q का भाई P हैं।'
(ii) 'P + Q' का अर्थ 'Q का पिता P हैं।'
(iii) 'P ÷ Q' का अर्थ 'Q की बहन P हैं।'

**1.** 'M' का चाचा A है। निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण इसे निरुपित करता है?
(a) A + D ÷ M (b) A × D + M
(c) A + D × M (d) A ÷ D + M
(e) इनमें से कोई नहीं

**2.** उपरोक्त प्रश्न के उत्तर देने के लिए कौन-सा कथन अनावश्यक है?
(a) केवल (iii) (b) (ii) या (iii)
(c) केवल (i) (d) केवल (ii)
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 3 और 4) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(i) 'P × Q' का अर्थ है कि P, Q की पत्नी है।
(ii) 'P + Q' का अर्थ है कि P, Q का बेटा है।
(iii) 'P ÷ Q' का अर्थ है कि P, Q की माता है।
(iv) 'P – Q' का अर्थ है कि P, Q की बहन है।

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति यह दर्शाती है कि 'T, H का दामाद है'?
(a) H – L ÷ T (b) H × F + L ÷ T
(c) H ÷ R × T (d) H ÷ R + T

**4.** 'B ÷ H + M' में M का B से क्या सम्बन्ध है?
(a) पत्नी (b) पति
(c) बहन (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

***निर्देश*** (प्र.सं. 5 और 6) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(i) 'P × Q' का अर्थ है कि P, Q का भाई है।
(ii) 'P – Q' का अर्थ है कि P, Q की बहन है।
(iii) 'P + Q' का अर्थ है कि P, Q की माता है।
(iv) 'P ÷ Q' का अर्थ है कि P, Q का पिता है।

**5.** निम्नलिखित में से किसका अर्थ है, 'M, R की पुत्री है'?
(a) R ÷ D × M (b) R + D × M
(c) M – J × R + T (d) R + M – T

**6.** निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि 'K, W का मामा है'?
(a) K – J + W (b) K × J ÷ W
(c) K × J + W (d) W + J × K

***निर्देश*** (प्र.सं. 7-9) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(i) 'P × Q' का अर्थ है कि P, Q का भाई है।
(ii) 'P – Q' का अर्थ है कि P, Q की बहन है।
(iii) 'P + Q' का अर्थ है कि P, Q का पिता है।
(iv) 'P ÷ Q' का अर्थ है कि P, Q की माँ है।

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा यह प्रदर्शित करता है कि 'M, N का भतीजा है'?
(a) N – K + M (b) N × K ÷ M
(c) N ÷ K × M (d) N – K + M × T

**8.** अभिव्यक्ति 'H + T ÷ R – D' में T का D से क्या सम्बन्ध है?
(a) भतीजा (b) भतीजी
(c) बहन (d) इनमें से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा यह प्रदर्शित करता है कि 'F, W की पुत्री है'?
(a) W ÷ R + F (b) W × R × F
(c) W + R × F – T (d) W + R – F + T

**10.** यदि A % B का अर्थ B की पुत्री A है, A–B का अर्थ B का भाई A है और A×B का अर्थ B का पिता A है, तो निम्न में से कौन-सा विकल्प 'N का पोता/नाती M है' का सम्बन्ध दर्शाता है? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(A) M % C×F×N (B) D×F×N%M
(C) M–C%F%N (D) N%D×F×C
(a) A (b) C (c) D (d) B

**11.** X% Y का मतलब है X,Y की बेटी है।
X@Y का मतलब है X,Y की पत्नी है।
X$Y का मतलब है X,Y का भाई है।
X&Y का मतलब है X,Y का पिता है।
उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्न में से कौन-सी अभिव्यक्तियाँ इंगित करती हैं कि K, H के ससुर हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) H@J$L%P&K (b) H@P$J&L%K
(c) H@J$L%K&P (d) H@J$P&L%K

***निर्देश*** (प्र.सं. 12-14) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई जानकारी पर आधारित हैं* ***(NICL AO 2015)***

(i) 'P ★ Q' का अर्थ है कि P, Q का पिता है।
(ii) 'P – Q' का अर्थ है कि P, Q की बहन है।
(iii) 'P + Q' का अर्थ है कि P, Q की माता है।
(iv) 'P ÷ Q' का अर्थ है कि P, Q का भाई है।

**12.** 'B + D ★ M ÷ N' में M, B से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पौत्री (b) पुत्र (c) पौत्र (d) पुत्री
(e) इनमें से कोई नहीं

**13.** निम्न में से कौन यह प्रदर्शित करता है कि 'J, F का पुत्र है'?
(a) J ÷ R – T ★ F (b) J + R – T ★ F
(c) J ÷ M – N ★ F (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** निम्न में से कौन यह प्रदर्शित करता है कि 'R, M की भतीजी/भाँजी है'?
(a) M ÷ K ★ T – R (b) M – J + R – N
(c) R – M ★ T ÷ W (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 15-17) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SSC 10+2 2010)***

(i) 'A + B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।
(ii) 'A × B' का अर्थ है कि A, B की पुत्री है।
(iii) 'A ÷ B' का अर्थ है कि A, B का भाई है।
(iv) 'A – B' का अर्थ है कि A, B की पत्नी है।

**15.** 'L – M + K ÷ F' में F का L से क्या सम्बन्ध है?
(a) पुत्र (b) पुत्री
(c) भाँजा (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**16.** निम्नलिखित में से किस अभिव्यक्ति का अर्थ है 'J, D का पुत्र है'?
(a) D + L × H ÷ J (b) J ÷ P × D
(c) J ÷ P – D (d) T – D + J

**17.** 'H + K × R' में R का H से क्या सम्बन्ध है?
(a) पति (b) भाई (c) पत्नी (d) माता

***निर्देश*** (प्र.सं. 18-20) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2008)***

(i) 'A $ B' का अर्थ है कि A, B की पत्नी है।
(ii) 'A # B' का अर्थ है कि A, B का पुत्र है।
(iii) 'A % B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।
(iv) 'A ★ B' का अर्थ है कि A, B की बहन है।

**18.** 'T, H का भाई है' यह सम्बन्ध निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति दर्शाती है?
(a) H ★ T % K (b) T ★ H % K
(c) H # K % T (d) H ★ K % T
(e) इनमें से कोई नहीं

**19.** 'H ★ T # F % L' में H का L से क्या सम्बन्ध है?
(a) चचेरी बहन (b) भाई
(c) बहन (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**20.** 'R, J की माता है' यह सम्बन्ध निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति दर्शाती है?
(a) M ★ J # K $ R (b) M ★ J # R $ K
(c) J # R # T (d) R $ K % M $ J
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 21-25) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2005)***

(i) 'A $ B' का अर्थ है कि A, B की माँ है।
(ii) 'A # B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।
(iii) 'A @ B' का अर्थ है कि A, B का पति है।
(iv) 'A % B' का अर्थ है कि A, B की बेटी है।

**21.** यदि P @ Q $ M # T, तब P, T के साथ क्या सम्बन्ध दर्शाता है?
(a) नाना (b) दादा
(c) नानी (d) दादी
(e) इनमें से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति यह दर्शाती है कि R, H की बहन है?
(a) R $ D @ F # H (b) H % D @ F $ R
(c) R % D @ F $ H (d) H $ D @ F # R
(e) इनमें से कोई नहीं

**23.** यदि F @ D % K # H हो, तो F का H से क्या सम्बन्ध है?
(a) जीजा (b) बहन
(c) साली (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति यह दर्शाती है कि 'N का भाई H है'?
(a) N % F @ D $ H (b) N % F @ D % H
(c) N % F @ D $ H # R (d) H # R $ D $ N
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** यदि G $ M @ K हो, तो K का G से क्या सम्बन्ध है?
(a) सास (b) पुत्री (c) मौसी (d) बहू
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 26-28) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(i) 'A + B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।
(ii) 'A × B' का अर्थ है कि A, B की पत्नी है।
(iii) 'A – B' का अर्थ है कि A, B की बहन है।
(iv) 'A ÷ B' का अर्थ है कि A, B का भाई है।

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति बताती है कि 'J, D की पुत्री है'?
(a) D × K + J ÷ H (b) D × K + H – J
(c) D × K + J – H (d) D + K ÷ J

**27.** M ÷ L + T × R में T का M से क्या सम्बन्ध है?
(a) भतीजा (b) भतीजी (c) पुत्री (d) इनमें से कोई नहीं

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति बताती है कि 'V, L की माता है'?
(a) V ÷ F + J – L (b) F × V + J – L
(c) F ÷ V + J – L (d) V × F + J – L

***निर्देश*** (प्र.सं. 29-32) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(i) 'A × B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।
(ii) 'A ÷ B' का अर्थ है कि A, B की पुत्री है।
(iii) 'A + B' का अर्थ है कि A, B की बहन है।
(iv) 'A – B' का अर्थ है कि A, B का पति है।

**29.** निम्नलिखित में से किससे पता चलता है कि 'N, K की माता है'?
(a) K + L ÷ N × F (b) K + L ÷ N – M
(c) H × K ÷ N (d) N × F + K

**30.** 'F ÷ R × H – L' में H का F से क्या सम्बन्ध है?
(a) पिता (b) भाई
(c) बहन (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**31.** 'G × T + Q ÷ M' में M का G से क्या सम्बन्ध है?
(a) भाई (b) बहन
(c) साली (d) इनमें से कोई नहीं

**32.** 'F – R + H ÷ T' में F का T से क्या सम्बन्ध है?
(a) दामाद (b) बहू (c) पुत्र (d) पुत्री

***निर्देश*** (प्र.सं. 33-35) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2017)***

(i) 'P × Q' का अर्थ है कि P, Q का भाई है।
(ii) 'P ÷ Q' का अर्थ है कि Q, P की माता है।
(iii) 'P – Q' का अर्थ है कि P, Q का पिता है।
(iv) 'P + Q' का अर्थ है कि Q, P की बहन है।

**33.** निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि 'M, T की पुत्री है'?
(a) M + N ÷ J – T (b) T – J × R + M
(c) M – J × T ÷ K (d) M + W × R ÷ T

**34.** अभिव्यक्ति 'R ÷ T + K' में K का R से क्या सम्बन्ध है?
(a) पुत्री (b) बहन
(c) भतीजी (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि D, W का दादा है?
(a) D – K × T – W (b) D ÷ K × T ÷ W
(c) D – K × T ÷ W (d) D ÷ K × T – W

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** *(b)* विकल्प (b) से,




∴ 'A', M के पिता D का भाई है।
अतः 'A', M का चाचा है।

**2.** *(a)* उपरोक्त प्रश्न के उत्तर देने के लिए कथन (iii) की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि चाचा-भतीजा के सम्बन्ध को ज्ञात करने के लिए बहन के सम्बन्ध की आवश्यकता कथनानुसार बिल्कुल नहीं है।

**उत्तर** (प्र.सं. 3 और 4) दी गई जानकारी से,

(i) $P \times Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{पत्नी}} Q$

(ii) $P + Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{बेटा}} Q$

(iii) $P \div Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{माता}} Q$

(iv) $P - Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{बहन}} Q$

**3.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः T, H का दामाद है।

**4.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः M, B का पति है।

**उत्तर** (प्र.सं. 5 और 6) दी गई जानकारी से,

(i) $P \times Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{भाई}} Q$

(ii) $P - Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{बहन}} Q$

(iii) $P + Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{माता}} Q$

(iv) $P \div Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{पिता}} Q$

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः M, R की पुत्री है।

**6.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः K, W का मामा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 7-9) दी गई जानकारी से,

(i) $P \times Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{भाई}} Q$

(ii) $P - Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{बहन}} Q$

(iii) $P + Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{पिता}} Q$

(iv) $P \div Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{माँ}} Q$

**7.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः M, N का भतीजा है।

**8.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः T, D की माँ है।

**9.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः F, W की पुत्री है।

**10.** *(b)* विकल्प (b) से, M – C % F % N




अतः N का पोता/नाती M है।

**11.** *(c)* विकल्प (c) से,

H @ J $ L % K & P




अतः K, H के ससुर हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 12-14) दी गई जानकारी से,

(i) $P \bigstar Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{पिता}} Q$

(ii) $P - Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{बहन}} Q$

(iii) $P + Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{माता}} Q$

(iv) $P \div Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{भाई}} Q$

**12.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः M, B का पौत्र है।

**13.** *(e)* विकल्प (a) से,




विकल्प (b) से,




विकल्प (c) से,




दी गई समीकरणों में से कोई भी समीकरण यह प्रदर्शित नहीं करती कि 'J, F का पुत्र है'।

**14.** *(a)* प्रश्नानुसार,
विकल्प (a) से,




विकल्प (b) से,




अतः R, M की भाँजी है।

**उत्तर** (प्र.सं. 15-17) दी गई जानकारी से,

(i) $A + B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पिता}} B$

(ii) $A \times B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पुत्री}} B$

(iii) $A \div B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{भाई}} B$

(iv) $A - B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पत्नी}} B$

**15.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः F, L का पुत्र/पुत्री है अर्थात् निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

**16.** (b) प्रश्नानुसार,




अतः J, D का पुत्र है।

**17.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः R, H की पत्नी है।

**उत्तर** (प्र.सं. 18-20) दी गई जानकारी से,

(i) $A \$ B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पत्नी}} B$

(ii) $A \# B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पुत्र}} B$

(iii) $A \% B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पिता}} B$

(iv) $A \bigstar B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{बहन}} B$

**18.** (a) प्रश्नानुसार,




अतः T, H का भाई है।

**19.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः H, L की बहन है।

**20.** (b) प्रश्नानुसार,




अतः R, J की माता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 21-25) दी गई जानकारी से,

(i) $A \$ B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{माँ}} B$

(ii) $A \# B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पिता}} B$

(iii) $A @ B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पति}} B$

(iv) $A \% B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{बेटी}} B$

**21.** (b) प्रश्नानुसार,




अतः P, T का दादा है।

**22.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः R, H की बहन है।

**23.** (a) प्रश्नानुसार,




अतः F, H का जीजा है।

**24.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः N का भाई H है।

**25.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः K, G की बहू है।

**उत्तर** (प्र.सं. 26-28) दी गई जानकारी से,

(i) $A + B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पिता}} B$

(ii) $A \times B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पत्नी}} B$

(iii) $A - B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{बहन}} B$

(iv) $A \div B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{भाई}} B$

**26.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः J, D की पुत्री है।

**27.** (b) प्रश्नानुसार,




अतः T, M की भतीजी है।

**28.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः V, L की माता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 29-32) दी गई जानकारी से,

(i) $A \times B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पिता}} B$

(ii) $A \div B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पुत्री}} B$

(iii) $A + B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{बहन}} B$

(iv) $A - B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पति}} B$

**29.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः N, K की माता है।

**30.** (b) प्रश्नानुसार,




अतः H, F का भाई है।

**31.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः M, G की पत्नी है।

**32.** (a) प्रश्नानुसार,




अतः F, T का दामाद है।

**उत्तर** (प्र.सं. 33-35) दी गई जानकारी से,

(i) $P \times Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{भाई}} Q$

(ii) $P \div Q \Rightarrow P \xrightarrow{\text{माता}} Q$

(iii) $P - Q \Rightarrow P \xleftarrow{\text{पिता}} Q$

(iv) $P + Q \Rightarrow P \xrightarrow{\text{बहन}} Q$

**33.** (b) प्रश्नानुसार,




अतः M, T की पुत्री है।

**34.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः K, R की मौसी है।

**35.** (a) प्रश्नानुसार,




अतः D, W का दादा है।

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** F, T की माता है। T, W की बहन है जोकि K का एकमात्र पुत्र है। I, K का भाई है। W की माता, K से किस प्रकार सम्बन्धित है?

***(SSC Delhi Police Constable 2017]***

(a) माता (b) बहन
(c) पत्नी (d) भतीजी

**2.** नीचे दिए गए कथनों के आधार पर यह ज्ञात कीजिए कि P का चाचा कौन है?

I. K, J का भाई है। II. M, K की बहन है।
III. P, N का भाई है। IV. N, J की पुत्री है।

***(UK PSC Lower 2016)***

(a) K (b) J
(c) N (d) निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

**3.** अतिथियों को आशा का परिचय कराते हुए भास्कर ने कहा, ''उसके पिता मेरे पिता के इकलौते पुत्र हैं।'' आशा, भास्कर से किस प्रकार सम्बन्धित है?

***(SSC MTS 2014)***

(a) भतीजी (b) पौत्री
(c) माता (d) पुत्री

**4.** V, K और M का बेटा है। M, H और G का बेटा है। H और G, V के ………. हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) माता-पिता (b) दादा-दादी
(c) चाचा (d) नाना-नानी

**5.** यदि रानी के पिता के चाचा, अनूप के पिता के पोते हैं तथा अनूप अपने पिता का इकलौता पुत्र है, तो अनूप का रानी से क्या सम्बन्ध है? ***(SSC 10+2 2014)***

(a) दादा (b) चाचा
(c) मामा (d) परदादा

**6.** P के पिता Q, B के पिता के भाई हैं और A का पति M, P के पिता का भाई है। A का B से क्या सम्बन्ध है? ***(SBI PO 2014)***

(a) माँ (b) बहन
(c) कजिन (d) बेटी
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** कोमल, श्रीमती सुमन की बेटी है और सोनम, श्री कमल की बेटी है। यदि राजाराम, सुमन के ससुर और सुरेखा के पति हैं, जो उनके एकमात्र बच्चे कमल की माँ है। कोमल, सोनम से कैसे सम्बन्धित है?

***(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)***

(a) चचेरी/ममेरी/मौसेरी/फुफेरी बहन (b) बहन
(c) दादी (d) चाची/मामी/मौसी/बुआ

**8.** X की माँ, Z के पिता की सास है। Z, Y का भाई है जबकि X, M के पिता हैं। X, Z से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(SBI Clerk Pre 2016)***

(a) मामा (b) चाचा (c) कजिन (d) दादा (e) साला

***निर्देश*** (प्र. सं 9 और 10) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़े और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दे।*

एक परिवार के छह सदस्य A, B, C, D, E एवं F एकसाथ घूम रहे हैं B बेटा है C का परन्तु C, B की माता नहीं हैं A और C शादीशुदा जोड़ा हैं। E भाई है C का। D बेटी है A की । F भाई है B का। ***(MP उच्च माध्यमिक शिक्षक 2019)***

**9.** E का D से क्या सम्बन्ध है?

(a) पिता (b) माता
(c) अंकल (4) इनमें से कोई नहीं

**10.** A के कितने बच्चे हैं?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

***निर्देश*** (प्र. सं 11-13) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए व प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

B का विवाह S से हुआ है। G, B का भाई है। A, G का पिता है। R, A की एकमात्र बेटी है। R, P की माता है। G का विवाह E से हुआ है। ***(RBI Office Assist. Pre 2017)***

**11.** B, P से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) अंकल (b) आण्ट (c) कजन (d) ब्रदर-इन-लॉ
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**12.** यदि Q, S की सास है, तो Q, R से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(a) साली (b) साला (c) दादी (d) आण्ट (e) माता

**13.** A, E से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(a) भाई (b) अंकल (c) दादा (d) ससुर (e) पिता

***निर्देश*** (प्र.सं. 14-16) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2015)***

T, D की बहन है। D का विवाह P से हुआ है। P, M का पुत्र है।

T, J की माता है। Y, U का पिता है। Y के केवल एक पुत्र और केवल एक पुत्री है। U, T की पुत्री है। Q, D का पुत्र है।

**14.** P का T से क्या सम्बन्ध है?

(a) भाई (b) चचेरा भाई
(c) साला (d) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**15.** J का D से क्या सम्बन्ध है?

(a) पुत्र (b) भतीजी/भाँजी (c) दामाद (d) भतीजा/भाँजा
(e) पुत्री

**16.** Q का M से क्या सम्बन्ध है?

(a) दामाद (b) पोता (c) भतीजा/भाँजा (d) पुत्र
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

***निर्देश***(प्र. सं. 17 और 18) *निम्न जानकारी को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

दिए गए सभी सदस्य समान परिवार से सम्बन्धित है J, L का भाई हैं J, R का इकलौता पुत्र है। W, L का ससुर है, D, P का नाना हैं, जोकि पुरुष है। Q, W का इकलौता पुत्र हैं, W, N का दादा हैं और C, N की पुत्री हैं। ***(SBI Clerk 2018)***

**17.** L, C से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) माता (b) पुत्र (c) भाई (d) पिता
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** P, N से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) माता (b) पुत्र (c) भाई (d) पिता
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 19 और 20) *निम्न जानकारी को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

अमिता, बाबू, चन्दा, दिवाकर एवं ईशू, पाँच व्यक्ति एक ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं। अमिता, चन्दा की माता है तथा चन्दा, ईशू की पत्नी है। दिवाकर, अमिता का भाई है एवं बाबू, अमिता का पति है। ***(SSC 10+2 2013)***

**19.** बाबू का ईशू से क्या सम्बन्ध है?

(a) साले का (b) ससुर का (c) पिता का (d) सास का

**20.** अमिता का ईशू से क्या सम्बन्ध है?

(a) सास का (b) भतीजी का
(c) बहन का (d) माता का

***निर्देश*** (प्र.सं. 21-24) *नीचे दी गई जानकारी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

श्री और श्रीमती शर्मा के दो बच्चे आशा और शशि हैं। शशि की शादी राधा से हुई है, जो श्रीमती महाजन की इकलौती बेटी है। श्री महाजन रीता से शादी करते हैं। सोनू और रॉकी, सुरेश और रीता के बच्चे हैं। उमा और सुधा, शशि और राधा की बेटियाँ हैं। ***(RRB ASM 2012)***

**21.** सोनू का कुलनाम क्या है?
(a) महाजन (b) शर्मा
(c) शशि (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** सुधा के साथ सुरेश का क्या सम्बन्ध है?
(a) भाई (b) चाचा (c) नाना (d) भतीजा

**23.** सुधा का आशा से क्या सम्बन्ध है?
(a) बहन (b) भतीजी (c) चाची/मामी (d) बेटी

**24.** सोनू का श्री महाजन से क्या सम्बन्ध है?
(a) साली (b) पोता/नानी
(c) बेटा (d) इनमें से कोई नहीं

**25.** एक परिवार में पति, पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं। सभी महिलाएँ एक रात्रिभोज पर आमन्त्रित थीं। दोनों पुत्र बाहर खेलने गए थे। पति कार्यालय से लौटा नहीं था। घर पर कौन था? ***(IB ACIO 2017)***
(a) केवल पत्नी घर पर थी (b) सभी महिलाएँ घर पर थीं
(c) केवल पुत्र घर पर थे (d) घर पर कोई नहीं था

**26.** यदि A, Q का पुत्र हैं, Q और Y बहनें हैं, Y की माँ Z है, P, Z का पुत्र है, तो निम्न में से कौन-सा कथन सही है? ***(IB ACIO 2017)***
(a) P, A का मामा है (b) P और Y बहनें हैं
(c) A और P चचेरे भाई हैं (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** छह व्यक्तियों A, B, C, D, E और F के एक परिवार में निम्न सम्बन्धों पर विचार कीजिए। ***(UPSC CSAT 2017)***
1. पुरुषों की संख्या, स्त्रियों की संख्या के बराबर है।
2. A और E, F के पुत्र हैं।
3. D दो व्यक्तियों, एक पुत्र और एक पुत्री की माता है।
4. B, A का पुत्र है।
5. वर्तमान में परिवार में केवल एक ही विवाहित जोड़ा है।

उपर्युक्त में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है?
(a) A, B और C सभी स्त्री हैं (b) A, D का पति है
(c) E और F, D की सन्तान हैं (d) D, F की पुत्री है

**28.** आरती और सौरभ, श्री/श्रीमति शाह के बच्चे हैं। रीतू और शक्ति, श्री/श्रीमति मेहरा के बच्चे हैं। सौरभ और रीतू विवाहित जोड़ा है और उनकी दो पुत्रियाँ मुक्ति और श्रुति हैं। शक्ति का विवाह रीना के साथ हुआ है और उनके दो बच्चे सुभाष और रेशमा हैं, तो बताइए कि आरती, श्रुति से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(MAT 2014)***
(a) माता (b) सास (c) बहन (d) आण्टी (बुआ)

**29.** किसी परिवार में सात सदस्य हैं जिसमें दो विवाहित जोड़े हैं। T, M का बेटा और K का पोता है। M एक विधुर है। M और R भाई हैं और W, J की बहू है, जोकि R की माँ और D की दादी है, तो बताइए कि D, M से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(MAT 2013)***
(a) पुत्र (b) दामाद
(c) भतीजा/भतीजी (d) भाई

**30.** T, S और R तीन भाई हैं। T के बेटे Q की शादी K के साथ हुई है और उनका एक बच्चा राहुल है। M, S का बेटा है। M का H के साथ विवाह हुआ है और इस दम्पति की एक पुत्री माधवी है। R की बेटी N का विवाह P के साथ हुआ है। इस दम्पति की एक पुत्री करुणा है, तो माधवी, S से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) बेटी (b) भतीजी
(c) पोती (d) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 31-33) *दी गई जानकारी के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें।*

एक परिवार में छः सदस्य हैं। चित्रा, राकेश की बहन है। बद्री, एनिया के पति का भाई है। दिलीप, अरुण का पिता और राकेश का दादा है। परिवार में दो पिता, तीन भाई और एक माँ है। ***(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)***

**31.** राकेश, एनिया से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(A) बेटा (B) भाई
(C) चाचा (D) चचेरा/ममेरा भाई
(a) C (b) B (c) A (d) D

**32.** परिवार में कुल कितने पुरुष सदस्य हैं?
(A) तीन (B) एक (C) चार (D) दो
(a) C (b) B (c) A (d) D

**33.** निम्नलिखित में से भाईयों का समूह कौन-सा है?
(A) अरुण, बद्री, दिलीप (B) अरुण, बद्री, राकेश
(C) बद्री, राकेश, चित्रा (D) बद्री, दिलीप, राकेश
(a) C (b) B (c) A (d) D

***निर्देश*** (प्र.सं. 34-36) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(MAT 2013)***

एक परिवार में छः सदस्य P, Q, R, X, Y और Z हैं। Q, R का बेटा है, लेकिन R, Q की माता नहीं है। P और R विवाहित जोड़ा है। Y, R का भाई है, X, P की पुत्री है और Z, P का भाई है।

**34.** निम्न में से कौन R का साला है?
(a) P (b) Z (c) Y (d) X

**35.** परिवार में महिला सदस्यों की संख्या कितनी है?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

**36.** निम्न में से कौन-सा युग्म भाई-भाई को दर्शाता है?
(a) P और X (b) P और Z (c) Q और X (d) R और Y

**37.** मोहन, अरुण के पिता की बहन का पुत्र है। प्रकाश, रीवा का पुत्र है, जोकि विकास की माता तथा अरुण की दादी है। प्रणव, नीला का पिता और मोहन का दादा है। रीवा, प्रणव की पत्नी है, तो बताइए कि विकास की पत्नी, नीला से किस प्रकार सम्बन्धित है? ***(NIFT (PG) 2013)***
(a) बहन (b) भाभी
(c) भतीजी (d) इनमें से कोई नहीं

**38.** एक परिवार में छः सदस्य हैं। A, D का पिता है। E, D का दादा है। B, C की बहू है। F, D का अंकल है, तो बताइए कि C का F के साथ क्या सम्बन्ध है? ***(MAT 2013)***
(a) बहन (b) सास
(c) माता (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**39.** छः व्यक्तियों A, B, C, D, E और F के एक परिवार में निम्नलिखित सम्बन्धों का परीक्षण कीजिए।
I. पुरुषों की संख्या, स्त्रियों की संख्या के बराबर है।
II. A और E, F के पुत्र हैं।
III. D दो व्यक्तियों, एक पुत्र और एक पुत्री की माता है।
IV. B, A का पुत्र है।
V. वर्तमान में परिवार में केवल एक ही विवाहित जोड़ा है।

उपरोक्त में से कौन-सा एक निम्नलिखित निष्कर्ष निकाला जा सकता है? ***(UPSC CSAT 2010)***
(a) A, B और C सभी स्त्रियाँ हैं (b) A, D का पति है
(c) E और F, D की सन्तानें हैं (d) D, F की पौत्री है

**40.** माधव का परिवार संयुक्त परिवार है। उसके परिवार में नायक और सुकेश नामक दो भाई हैं। दोनों का एक-एक पुत्र और एक-एक पुत्री है। उनके परिवार के विषय में शेष जानकारी नीचे दी गई है
अमर, मुनेश के बहनोई/साला और अमल की माँ के पति हैं।

मुनेश, नायक के अविवाहित पुत्र हैं।
वैष्णवी के पिता विक्रम, साक्षी की सास सीमा के पुत्र हैं।
मैनाक की दादी/नानी कविता, अमर की सास है।
माधुरी और मुनेश, नायक की सन्तान हैं और विक्रम और तनूजा उनके चचेरे भाई बहन हैं।
साक्षी की दो पुत्रियाँ हैं और माधुरी के दो पुत्र हैं। जूही और वैष्णवी सगी बहने हैं।
वैष्णवी, सुकेश से किस रूप में सम्बन्धित है? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी परीक्षा 2018)*
(a) पुत्रवधू (b) भतीजी/भाँजी (c) पत्नी (d) पोती/नातिन

**41.** हेमा की ओर इशारा करते हुए ललिता ने कहा "उसका पति मेरे दादा/नाना की इकलौती सन्तान का इकलौता बेटा है।" हेमा का ललिता से क्या रिश्ता है? *(UP Police SI 2017)*
(a) बहन (b) भाभी (c) माँ (d) बेटी

**42.** एक फोटो की ओर इशारा करते हुए राकेश ने कहा, यह मेरे दादा के एकमात्र पुत्र की पुत्री है। लड़की का राकेश से सम्बन्ध बताइए। *(SSC CGL 2018)*
(a) बहन (b) पुत्री (c) पोती (d) चचेरी बहन

**43.** एक आदमी के फोटो को देखते हुए संजय ने कहा "इसकी माँ मेरे पिता के पुत्र की पत्नी है। मेरा कोई भाई तथा बहन नहीं है।" संजय किसके फोटो को देख रहा था? *(UPPSC समीक्षा सहायक समीक्षा अधिकारी 2017)*
(a) अपने पुत्र का (b) अपने भतीजे का
(c) अपने चचेरे भाई का (d) अपने पिता का

**44.** L, K की पुत्री है। L का विवाह D के साथ हुआ है। B, D का पुत्र है। T का विवाह B के साथ हुआ है। D, T से किस प्रकार सम्बन्धित है? *(SBI PO 2014)*
(a) ससुर (b) सास (c) बेटा (d) पिता
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

**45.** अपने पुत्र की ओर इशारा करते हुए एक व्यक्ति ने एक औरत से कहा कि उसकी माँ, तुम्हारी माँ की इकलौती पुत्री है। पुरुष तथा महिला के बीच क्या सम्बन्ध है? *(MP Police SI 2014)*
(a) पति-पत्नी (b) पिता-पुत्री
(c) भाई-बहन (d) इनमें से कोई नहीं

**46.** अपने से आगे बैठी हुई महिला की ओर देखते हुए अमित ने कहा, ''वह मेरी पत्नी के पति की बहन है।'' उस महिला का अमित से क्या सम्बन्ध है? *(SSC CGL 2013)*
(a) भतीजी (b) पुत्री (c) बहन (d) पत्नी

**47.** अपने पति से एक व्यक्ति का परिचय कराते हुए एक महिला ने कहा, ''इसके भाई के पिता मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र हैं।'' इस महिला का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है? *(SBI PO 2014)*
(a) सास (b) बहन (c) बेटी (d) भाभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**48.** एक व्यक्ति ने अपने से आगे एक लड़के को दिखाया और कहा कि वह मेरी पत्नी की भाभी का पुत्र है, किन्तु मैं अपने माता-पिता की एकमात्र सन्तान हूँ। मेरे पुत्र का उससे क्या सम्बन्ध होगा? *(SSC CGL 2013)*
(a) चाचा/मामा (b) भतीजा
(c) चचेरा/ममेरा भाई (d) भाई

**49.** अमृता की ओर संकेत करते हुए राज कहता है कि उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है, तो बताइए कि राज, अमृता से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पति (b) पिता (c) भाई (d) अंकल

**50.** एक आदमी के चित्र को देखते हुए सुनील ने कहा, ''उसकी माँ, मेरे पिता के पुत्र की पत्नी है तथा मेरे कोई भाई और बहन नहीं हैं।'' चित्र में जो आदमी है, वह सुनील से किस प्रकार सम्बन्धित है? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) सुनील का पुत्र (b) सुनील का चाचा
(c) सुनील का भतीजा (d) सुनील का कजिन
(e) इनमें से कोई नहीं

**51.** एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक आदमी ने कहा, ''उसके अकेले भाई का पुत्र मेरी पत्नी का भाई है।'' वह महिला उस आदमी से किस प्रकार सम्बन्धित है? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) पुत्री (b) ससुर की बहन
(c) नानी (d) माँ की बहन
(e) इनमें से कोई नहीं

**52.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए।
A + B का अर्थ है कि A, B का पुत्र है।
A – B का अर्थ है कि A, B की पत्नी है।
व्यंजक P + R – Q का अर्थ क्या है? *(UPPSC 2017)*
(a) Q, P का पुत्र है
(b) Q, P की पत्नी है
(c) Q, P का पिता है
(d) इनमें से कोई नहीं

**53.** यदि 'A * B' का अर्थ है 'B का पिता A है', 'A × B' का अर्थ है 'B की माता A है' और 'A # B' का अर्थ है 'B का पति A है', तो निम्नलिखित में से किसका अर्थ Q, P का नाना है? *(SBI Clerk Main 2018)*
(a) Q # R × S * P (b) Q * N × P # R
(c) Q * L # N × P (d) P # N × M * Q
(e) इनमें से कोई नहीं

**54.** यदि 'P – Q' का अर्थ है कि Q, P का पुत्र है।
'P × Q' का अर्थ है कि P, Q का भाई है।
'P ÷ Q' का अर्थ है कि Q, P की बहन है।
'P + Q' का अर्थ है कि P, Q की माता है।
तब अभिव्यक्ति 'N × K – M ÷ L' के लिए कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है? *(SSC CGL 2013)*
(a) K, L और M का पिता है
(b) L, K की बेटी है और N की भतीजी है
(c) K, L और M का पिता है। L और M क्रमशः बेटा और बेटी हैं
(d) M, K के भाई N के अंकल हैं

**55.** नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद उत्तर दीजिए।
'P – Q' का अर्थ है कि Q, P का पिता है।
'P ★ Q' का अर्थ है कि Q, P का भाई है।
'P + Q' का अर्थ है कि Q, P की पत्नी है।
'P ÷ Q' का अर्थ है कि Q, P की बहन है।
निम्नलिखित में से कौन-सी अभिव्यक्ति दर्शाती है कि M, T के दादा है? *(SSC FCI 2013)*
(a) T – C ÷ L + N ★ M
(b) T – R ÷ Z + L ★ M
(c) T ÷ Z ★ L + F – M
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**56.** 'S × T' का अर्थ है कि S, T की माता है, 'S + T' का अर्थ है कि S, T का पिता है तथा 'S – T' का अर्थ है कि S, T की बहन है। इस जानकारी के आधार पर आपको निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चुनाव करना है, जो दर्शाता है कि A, T का दादा है। *(CMAT 2013)*
(a) A + S + B – T (b) A × B + C – T
(c) A + B – C × T (d) A – C + B × T

***निर्देश*** (प्र.सं. 57-61) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(SBI PO 2013)*

'A + B' का अर्थ है कि A, B का पिता है।
'A × B' का अर्थ है कि A, B की बहन है।
'A $ B' का अर्थ है कि A, B की पत्नी है।
'A % B' का अर्थ है कि A, B की माता है।
'A ÷ B' का अर्थ है कि A, B का पुत्र है।

**57.** 'J ÷ P % H ? T % L' में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए, जिससे कि J का भाई T हो, में सम्बन्ध स्थापित हो?
(a) × (b) ÷
(c) या तो + या × (d) न तो + और न ही ×
(e) इनमें से कोई नहीं

**58.** निम्न में से कौन-सा व्यंजक दर्शाता है कि M, D की पुत्री है?
(a) L % R $ D + T × M (b) L + R $ D + M × T
(c) L % R % D + T ÷ M (d) L $ D ÷ R % M ÷ T
(e) इनमें से कोई नहीं

**59.** निम्न में से कौन-सा विकल्प सत्य है, यदि व्यंजक 'I + T % J × L ÷ K' निश्चित रूप से सत्य है?
(a) L, T की पुत्री है (b) K, I का दामाद है
(c) I, L की दादी है (d) J, L का भाई है
(e) इनमें से कोई नहीं

**60.** निम्न में से कौन-सा व्यंजक सत्य है, यदि यह असत्य हो कि Y, X का पुत्र है?
(a) W % L × T × Y ÷ X (b) W + L × T × Y ÷ X
(c) X + L × T × Y ÷ W (d) W $ X + L + Y + T
(e) W % X + T × Y ÷ L

**61.** 'T, Q की साली है' यह सम्बन्ध स्थापित करने के लिए दिए गए व्यंजक में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
R % T × P ? Q + V
(a) + (b) %
(c) × (d) $
(e) या तो $ या x

**62.** यदि 'S a R' का अर्थ है कि S, R का पिता 'S m R' का अर्थ है कि S, R की बहन है, 'S d R' का अर्थ कि S, R का भाई है, तो निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि A, C की बुआ है?
*(UPSSSC ट्यूबवेल ऑपरेटर भर्ती परीक्षा 2018)*
(a) A a B d C (b) A m B a C
(c) A a C m M (d) A d B a M

**63.** यदि G + H का अर्थ है G,H की बेटी हैं। G – H का अर्थ हैं G,H का ससुर हैं और G * H का अर्थ हैं G,H का पति हैं, तो निम्न में से कौन दर्शाता हैं कि O,L की बहन है? *(RRB ALP 2019)*
(a) O+ M– N * L (b) O * N– M+ L
(c) O– N+ M * L (d) O– N * M+L

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** *(c)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि W की माता, K की पत्नी है।

**2.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः K, P का चाचा है।

**3.** *(d)* भास्कर के पिता का इकलौता पुत्र स्वयं भास्कर होगा, इसलिए आशा के पिता भास्कर होगें। अतः आशा, भास्कर की पुत्री है।

**4.** *(b)* प्रश्नानुसार,




स्पष्टतः H व G, V के दादा-दादी हैं।

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः आरेख से स्पष्ट है कि अनूप, रानी का परदादा है।

**6.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि A, B की माँ है।

**7.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि कोमल, सोनम की बहन है।

**8.** *(a)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि X, Z के मामा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 9 और 10) दी गई जानकारी के अनुसार,




**9.** *(c)* यहाँ स्पष्ट हैं कि E, D के अंकल हैं।

**10.** *(c)* यहाँ स्पष्ट है कि A के तीन बच्चे हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 11-13) दी गई जानकारी से,




**11.** *(a)* B, P का अंकल है।

**12.** *(e)* यदि Q, S की सास है, तो Q, R की माता है।

**13.** *(d)* A, E का सुसर है।

**उत्तर** (प्र.सं. 14-16) दी गई जानकारी के अनुसार सम्बन्ध आरेख निम्न है




**14.** *(e)* P, T की बहन का पति अर्थात् T का जीजा है।

**15.** *(d)* J, D की बहन का पुत्र अर्थात् D का भाँजा है।

**16.** *(b)* Q, M के पुत्र का पुत्र अर्थात् M का पोता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 17 और 18) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**17.** *(e)* L, C की दादी है।

**18.** *(c)* P, N का भाई है।

**उत्तर** (प्र.सं. 19 और 20) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**19.** *(b)* सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि बाबू, ईशू के ससुर हैं।

**20.** *(a)* सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि अमिता, ईशू की सास है।

**उत्तर** (प्र.सं. 21-24) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**21.** *(a)* सोनू का कुलनाम महाजन है।

**22.** *(c)* सुरेश, सुधा के नाना हैं।

**23.** *(b)* सुधा, आशा की भतीजी है।

**24.** *(c)* सोनू , श्री महाजन का बेटा है।

**25.** *(d)* दी गई जानकारी के आधार पर घर पर कोई नहीं था।

**26.** *(a)* दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि P, A का मामा है।

**27.** *(b)*




**28.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि आरती, श्रुति की आण्टी (बुआ) है।

**29.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि M, D का चाचा है। अतः D, M भतीजा या भतीजी हो सकता/सकती है, क्योंकि यहाँ पर D का लिंग स्पष्ट नहीं है।

**30.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि माधवी, S की पोती है।

**उत्तर** (प्र.सं. 31-33) दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**31.** *(c)* राकेश, एनिया का बेटा है।

**32.** *(a)* परिवार में कुल चार पुरुष सदस्य हैं।

**33.** *(b)* अरुण, बद्री और राकेश भाईयों का समूह है।

**उत्तर** (प्र.सं. 34-36) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**34.** *(b)* Z, R का साला है।

**35.** *(b)* परिवार में X और P महिला सदस्य हैं, अतः महिला सदस्यों की संख्या 2 है।

**36.** *(d)* R और Y दोनों भाई हैं।

**37.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि विकास, नीला का भाई है। अतः विकास की पत्नी, नीला की भाभी होगी।

**38.** *(d)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




C का F के साथ सम्बन्ध ज्ञात नहीं हो सकता है, क्योंकि B और C का परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कोई सम्बन्ध प्रश्न में नहीं दिया गया है। अतः हम कह सकते हैं कि आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**39.** *(b)* प्रश्नानुसार,
पुरुषों की संख्या = स्त्रियों की संख्या = 3
पुरुष – A, B, E महिला – F, D, C
अब, सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि A, D का पति है

**40.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि वैष्णवी, सुकेश की पोती/नातिन है।

**41.** *(b)* दी गई जानकारी से स्पष्ट है कि हेमा का पति, ललिता के दादा/नाना की इकलौती सन्तान का इकलौता पुत्र है अर्थात् हेमा का पति, ललिता का भाई है। तब हेमा, ललिता की भाभी है।

**42.** *(a)* दी गई जानकारी से स्पष्ट है कि राकेश के दादा के एकमात्र पुत्र राकेश के पिता हुए तथा उनकी पुत्री राकेश की बहन हुई। अत: फोटो वाली लड़की राकेश की बहन है।

**43.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अत: आदमी संचय का पुत्र है।

**44.** *(a)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि D, T के ससुर हैं।

**45.** *(a)* प्रश्न में दी गई जानकारी के अनुसार, व्यक्ति के पुत्र की माँ अपनी माँ की इकलौती पुत्री है, तो इससे स्पष्ट है कि वह औरत ही उसके पुत्र की माँ है। अतः पुरुष तथा महिला के बीच पति-पत्नी का सम्बन्ध है।

**46.** *(c)* अमित की पत्नी का पति स्वयं अमित होगा और उसकी बहन अमित की बहन होगी।

**47.** *(b)* महिला के दादाजी का इकलौता बेटा महिला का पिता होगा, जोकि व्यक्ति के भाई का पिता अर्थात् व्यक्ति का पिता है। अतः महिला उस व्यक्ति की बहन होगी।

**48.** *(c)* उस व्यक्ति की पत्नी की भाभी का पुत्र अर्थात् वह लड़का, उस व्यक्ति के साले का पुत्र होगा तथा उस व्यक्ति का लड़का, उस लड़के का ममेरा भाई होगा।

**49.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि राज, अमृता का पिता है।

**50.** *(a)* चूँकि सुनील का कोई भी भाई या बहन नहीं है, अतः उसके पिता का पुत्र वह स्वयं हुआ तथा उसकी पत्नी उस व्यक्ति की माँ हुई अर्थात् फोटो वाला व्यक्ति सुनील का पुत्र है।

**51.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि वह महिला आदमी के ससुर की बहन है।

**52.** *(c)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




$P + R \rightarrow$ P, R का पुत्र है। $R - Q \rightarrow$ R, Q की पत्नी है। अतः Q, P का पिता है।

**53.** *(b)* विकल्प (b) से,




आरेख से स्पष्ट है कि Q, P का नाना है।

**54.** *(b)* प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि L, K की बेटी है और N की भतीजी है।

**55.** *(d)* M, T के दादा हो, इसके लिए हम कथन $P - Q$ लेते हैं, जो बताता है कि Q, P का पिता है।

यहाँ, हमें दो (–, –) चिह्नों की आवश्यकता होगी लेकिन प्रश्न में दिए गए विकल्पों में किसी में भी दो (–) चिह्न नहीं हैं। अतः कोई भी अभिव्यक्ति सम्बन्ध नहीं दर्शाती कि M, T के दादा है अर्थात् विकल्प (d) सही है।

**56.** *(a)* विकल्प (a) से, $A + S + B - T$




अतः सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि A, T का दादा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 57-61) प्रश्नानुसार सम्बन्ध आरेख बनाने पर,

$A + B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पिता}} B$

$A \times B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{बहन}} B$

$A \$ B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पत्नी}} B$

$A \% B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{माता}} B$

$A \div B \Rightarrow A \xleftarrow{\text{पुत्र}} B$

**57.** *(a)* विकल्प (a) से, ? के स्थान पर × का चिह्न लेने पर,

$J \div P \% H \times T \% L$




अतः विकल्प (a) से स्पष्ट है कि J, T का भाई है।

**58.** *(b)* विकल्प (b) से,

$L + R \$ D + M \times T$




अतः स्पष्ट है कि M, D की पुत्री है।

**59.** *(b)* $I + T \% J \times L \div K$




अतः स्पष्ट है कि K, I का दामाद है।

**60.** *(d)* विकल्प (a) से,
$W \% L \times T \times Y \div X$




अतः विकल्प (a) असत्य है, क्योंकि यह दर्शाता है कि Y, X का पुत्र है।
विकल्प (b) से,
$W + L \times T \times Y \div X$




अतः विकल्प (b) असत्य है, क्योंकि यह दर्शाता है कि Y, X का पुत्र है।
विकल्प (c) से,
$X + L \times T \times Y \div W$




अतः विकल्प (c) असत्य है, क्योंकि यह दर्शाता है कि Y, X का पुत्र है।
विकल्प (d) से,
$W \$ X + L + Y + T$




अतः विकल्प (d) सत्य है, क्योंकि यह दर्शाता है कि Y, X का पोता है।

**61.** *(d)* विकल्प (a) से, $R \% T \times P + Q + V$ ( ? के स्थान पर + रखने पर)




अतः विकल्प (a) भी अभीष्ट सम्बन्ध स्थापित नहीं करता।

विकल्प (b) से,
$R \% T \times P \% Q + V$




अतः विकल्प (b) भी अभीष्ट सम्बन्ध स्थापित नहीं करता।
विकल्प (c) से, $R \% T \times P \times Q + V$




अतः विकल्प (c) भी अभीष्ट सम्बन्ध स्थापित नहीं करता।
विकल्प (d) से, $R \% T \times P \$ Q + V$




उपरोक्त से स्पष्ट है कि T, Q की साली है। अतः विकल्प (d) सही है।

**62.** *(b)* विकल्प (b) से, A m B a C ⇒




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि A, C की बुआ है।

**63.** *(a)* विकल्प (a) से,




अतः O, L की बहन है।

# 10

# क्रम परीक्षण

## (Ranking Test)

कुछ व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों के समूह में से एक से अधिक व्यक्ति, वस्तु या स्थान को उनके गुण, आकार, स्थिति इत्यादि के सापेक्ष तुलना करते हुए इन्हें सार्थक क्रम (आरोही या अवरोही क्रम) में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को क्रम परीक्षण कहा जाता है।

व्यक्तियों या वस्तुओं को एक क्रम में व्यवस्थित करने के अतिरिक्त इसके अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में किसी पंक्ति, वर्ग या समूह में कुछ व्यक्तियों, वस्तुओं या स्थानों की सापेक्षिक स्थिति या क्रम भी दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को किसी एक या एक से अधिक व्यक्ति, वस्तु या स्थान की स्थिति को दूसरे व्यक्ति, वस्तु या स्थान के सापेक्ष या पंक्ति में दाएँ या बाएँ छोर से ज्ञात करना होता है।

इसके अन्तर्गत सामान्यतया दो प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* आरोही या अवरोही क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में सामान्यतः कुछ व्यक्तियों या वस्तुओं की आयु, लम्बाई, ऊँचाई, वजन, बुद्धिमत्ता, योग्यता आदि से सम्बन्धित तुलनात्मक विवरण दिए गए होते हैं और इसी आधार पर किसी व्यक्ति या वस्तु विशेष की आयु, ऊँचाई, लम्बाई, वजन, बुद्धिमत्ता, योग्यता आदि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाते हैं।

जिन प्रश्नों में 'लम्बा-नाटा', 'हल्का-भारी', छोटा-बड़ा', 'ऊपर-नीचे', 'पहले-बाद' आदि शब्दों का प्रयोग किया गया होता है, उन्हें आरोही या अवरोही क्रम के आधार पर व्यवस्थित करना चाहिए।

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए निम्न तीन संकेतों का प्रयोग किया जाता है

### 1. **बड़ा** (>)

' राजीव > शाहिद' का अर्थ है-

- राजीव, शाहिद से बड़ा है।
- या शाहिद, राजीव से छोटा है।




### 2. **छोटा** (<)

'राजीव < शाहिद' का अर्थ है-

- राजीव, शाहिद से छोटा है।
- या शाहिद, राजीव से बड़ा है।




### 3. **बराबर** (=)

'राजीव = शाहिद' का अर्थ है

- राजीव, शाहिद के बराबर है।
- या शाहिद, राजीव के बराबर है।




इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए निम्न दो क्रमों का प्रयोग किया जाता है

(i) **आरोही क्रम** (बढ़ता क्रम) आरोही क्रम में व्यक्तियों को उनकी लम्बाई, ऊँचाई, भार आदि के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करते हैं।
जैसे- सचिन < राजीव < शाहिद < शिवा




(ii) **अवरोही क्रम** (घटता क्रम) अवरोही क्रम में व्यक्तियों को उनकी लम्बाई, ऊँचाई, भार आदि के घटते क्रम में व्यवस्थित करते हैं।
जैसे- सचिन > राजीव > शाहिद > शिवा



आरोही व अवरोही क्रम से सम्बन्धित प्रश्नों को निम्न उदाहरणों की सहायता से समझा जा सकता है।

**उदाहरण 1.** मान लीजिए कि (i) अभय, भास्कर से लम्बा है; (ii) चन्द्र, अभय से लम्बा है; (iii) ईश्वर, चन्द्र से लम्बा है, और धीरज सबसे लम्बा है। यदि इन सबको उनकी लम्बाई के अनुसार बैठाया जाता है, तो मध्य स्थान पर कौन बैठेगा? *(MPPSC Pre 2017)*

(a) अभय (b) भास्कर (c) चन्द्र (d) धीरज

**व्याख्या** *(c)* प्रश्नानुसार, लम्बाई के अनुसार,

व्यवस्थित करने पर, धीरज > ईश्वर > चन्द्र > अभय > भास्कर

**उदाहरण 2.** आरती, सौम्या से बड़ी है। मुस्कान, आरती से बड़ी है, लेकिन कशिश से छोटी है। कशिश, सौम्या से बड़ी है। सौम्या, मुस्कान से छोटी है। गार्गी सबसे बड़ी है। कौन सबसे छोटी है? *(UKPSC Pre 2016)*

(a) सौम्या (b) कशिश (c) आरती (d) मुस्कान

**व्याख्या** *(a)* प्रश्नानुसार, आरती > सौम्या ...(i)

कशिश > मुस्कान > आरती ...(ii)

कशिश > सौम्या ...(iii)

मुस्कान > सौम्या ...(iv)

अब, समी (i), (ii), (iii) व (iv) को संयुक्त करने पर,

कशिश > मुस्कान > आरती > सौम्या ...(v)

प्रश्न में दिया गया है कि गार्गी सबसे बड़ी है।

∴ गार्गी > कशिश > मुस्कान > आरती > सौम्या ...(vi)

समी (vi) से स्पष्ट है कि सौम्या सबसे छोटी है।

**उदाहरण 3.** स्मिता, मनीषा से बड़ी है। धान्या, मनीषा से बड़ी है, परन्तु स्मिता से छोटी है। करुण्या, रम्या और मनीषा से छोटी है मनीषा, रम्या से बड़ी है।
इन पाँचों में से किसकी आयु सभी के ठीक मध्य में है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) रम्या (b) करुण्या (c) धान्या (d) मनीषा

**व्याख्या** *(d)* प्रश्नानुसार, स्मिता > मनीषा ...(i)

स्मिता > धान्या > मनीषा ...(ii)

रम्या/मनीषा > करुण्या ...(iii)

तथा मनीषा > रम्या ...(iv)

अब समी (i), (ii), (iii) एवं (iv) से,

स्मिता > धान्या > मनीषा > रम्या > करुण्या

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि इन पाँचों में से मनीषा की आयु सभी के ठीक मध्य में है।

**उदाहरण 4.** पाँच मित्रों में A, B की तुलना में भारी है। C, D की तुलना में हल्का है, लेकिन D सबसे भारी नहीं है। B, D की तुलना में हल्का है, लेकिन E से भारी है। इन सभी में सर्वाधिक भारी कौन है? *(UPPSC Pre 2013)*

(a) B (b) D (c) C (d) A

**व्याख्या** *(d)* प्रश्नानुसार, A > B, D > C, D > B > E

तीनों को मिलाने पर, A > D > C/B > E या A > D > B > E/C

अतः A सबसे भारी है।

**उदाहरण 5.** N, M से अधिक बुद्धिमान है। M, Y जितना बुद्धिमान नहीं है। X, Y से अधिक बुद्धिमान है परन्तु N जितना नहीं। इन सभी में सबसे बुद्धिमान कौन होगा? *(SSC CGL 2013)*

(a) N (b) X
(c) M (d) Y

**व्याख्या** *(a)* प्रश्नानुसार, N > M ; Y > M

N > X > Y

∴ N > X > Y > M

अतः सबसे अधिक बुद्धिमान N है।

**उदाहरण 6.** श्रुति के अंक आस्था से अधिक हैं। आस्था के अंक सुदिक्षा से न तो कम हैं और न ही अधिक है। अनाया के अंक आस्था से अधिक व श्रुति से कम हैं। भूमि के अंक सुदिक्षा से कम हैं। किसके अंक भूमि से अधिक व अनाया से कम हैं?

(a) श्रुति (b) आस्था
(c) सुदिक्षा (d) 'b' व 'c'

**व्याख्या** *(d)* प्रश्नानुसार,

श्रुति > आस्था ...(i)

आस्था = सुदिक्षा ...(ii)

श्रुति > अनाया > आस्था ...(iii)

सुदिक्षा > भूमि ...(iv)

समी (i), (ii), (iii) व (iv) से,

श्रुति > अनाया > आस्था = सुदिक्षा > भूमि

अतः आस्था व सुदिक्षा के अंक अनाया से कम व भूमि से अधिक हैं।

**उदाहरण 7.** चार छड़ A, B, C और D की लम्बाई अलग-अलग है। A की लम्बाई D से अधिक है तथा B की लम्बाई C से अधिक है। D की लम्बाई 5 मी है। यदि B की लम्बाई 4 मी हो, तो C की लम्बाई हो सकती है?

(a) 7 मी (b) 3 मी
(c) 5 मी (d) 6 मी

**व्याख्या** *(b)* प्रश्नानुसार, A > D > B > C

5 मी 4 मी

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि C की लम्बाई 3 मी हो सकती है।

### स्मरणीय तथ्य

1. प्रश्न को हल करने में 'से लम्बा' को '>' चिह्न से तथा 'से नाटा' को '<' चिह्न से निरूपित किया जाता है।
   जैसे–राजीव, शाहिद से नाटा है ⇒ राजीव < शाहिद ।
2. 'छोटा' और 'बड़ा' शब्द को उम्र के लिए प्रयोग किया जाता है, जबकि 'लम्बा' और 'नाटा' शब्द को ऊँचाई के लिए प्रयोग किया जाता है।
3. 'सबसे बड़ा नहीं' का अर्थ है बड़ा है, लेकिन सबसे बड़ा नहीं। इसका अर्थ यह कभी भी न समझे कि वह सबसे छोटा है।

# प्रश्नावली 10.1

**1.** एक कक्षा में पाँच बच्चे अभिक्षमता परीक्षण में शामिल हुए। परिणाम रिपोर्ट में, यह पाया गया कि बालक A को बालक B की तुलना में कम अंक मिले। बालक C को बालक D की तुलना में कम अंक मिले। बालक B को बालक C से कम अंक मिले हैं और बालक E को बालक A से अधिक अंक मिले हैं। किस बालक को दूसरा सर्वाधिक अंक मिले हैं? *(SSC Steno 2019)*

(a) B (b) D (c) C (d) A

**2.** सीमा का छोटा भाई सोहन, सीता से आयु में बड़ा है। श्वेता, दीप्ति से छोटी है। किन्तु सीमा से बड़ी है। आयु में सबसे बड़ी कौन है? *(SSC CGL 2013)*

(a) सीमा (b) श्वेता (c) सीता (d) दीप्ति

**3.** ऊषा, कमला से तेज दौड़ती है; प्रीति, स्वाति से धीमे दौड़ती है; स्वाति, कमला से धीमे दौड़ती है। सबसे धीमे कौन दौड़ती है? *(UPSC CSAT 2015)*

(a) कमला (b) प्रीति (c) स्वाति (d) ऊषा

**4.** सिमी, रेनू से बड़ी है। गीता, रेनू से छोटी है। प्रिया, सिमी से बड़ी है। उनमें से सबसे बड़ा कौन है? *(MP Police SI 2017)*

(a) सिमी (b) प्रिया (c) गीता (d) रेनू

**5.** X, Z से बड़ा है और Y, Z से छोटा है। Z, W से बड़ा है। W, X से छोटा है। सबसे बड़ा कौन है? *(SSC Steno 2015)*

(a) X (b) Y (c) W (d) Z

**6.** A, B से लम्बा है, परन्तु C जितना लम्बा नहीं है। D, E से लम्बा है, परन्तु B जितना लम्बा नहीं है। E, F से लम्बा है, परन्तु D जितना लम्बा नहीं है। इन सबमें कौन सबसे अधिक लम्बा है? *(UPPSC RO/ARO 2018)*

(a) B (b) C (c) D (d) F

**7.** छः बैटरियों को एक के ऊपर एक रखा गया है। जम्बो, पिक के ठीक ऊपर है। वॉल्ट, टैंक तथा पिंग के मध्य है। लिफ्ट, जम्बो तथा टैंक के मध्य है। कौन-सी बैटरी नीचे से दूसरे स्थान पर है? *(SSC 10+2 2018)*

(a) पिक (b) टैंक (c) वॉल्ट (d) जम्बो

**8.** A, B से लम्बा है। C, D से लम्बा है परन्तु E से छोटा है। B, D से छोटा है तथा D, A से लम्बा है। सबसे लम्बा कौन है? *[SSC CPO 2017)*

(a) E (b) C (c) B (d) D

**9.** P, Q से छोटा है परन्तु T से लम्बा है। R सबसे लम्बा है तथा S, P से छोटा है परन्तु सबसे छोटा नहीं है। ऊँचाई के घटते हुए क्रम में अन्तिम से दूसरा कौन है? *(SSC CPO 2017)*

(a) P (b) Q (c) S (d) T

**10.** एक कक्षा में पाँच छात्रों P, Q, R, S तथा T की ऊँचाई अलग-अलग है। P की ऊँचाई केवल एक छात्र से अधिक है। Q की ऊँचाई S तथा P से अधिक है, लेकिन R से अधिक नहीं है। S की ऊँचाई P से अधिक है। R सबसे छोटा नहीं है। कक्षा में सबसे अधिक ऊँचाई किसकी है? *(SSC CGL 2017)*

(a) Q (b) R (c) S (d) T

**11.** लक्ष्मी मीनू से आयु में बड़ी है। लीला, मीनू से बड़ी है, लेकिन लक्ष्मी से छोटी है। लता, मीनू और हरी दोनों से छोटी है, किन्तु हरी, मीनू से छोटी है। सबसे छोटा कौन है? *(SSC 10+2 2013)*

(a) लक्ष्मी (b) मीनू (c) लीला (d) लता

**12.** शशि, सुनीता से 2 वर्ष बड़ी है। सुनीता, बिन्दु से 3 वर्ष बड़ी है। शेखर, बिन्दु से 1 वर्ष बड़ा है। कौन सबसे छोटा है? *(SSC 10+2 2013)*

(a) शशि (b) शेखर (c) बिन्दु (d) सुनीता

**13.** A, B, C और D चार बहनें हैं। B, A की अपेक्षा 5 वर्ष बड़ी है। C, D से 8 वर्ष बड़ी है तथा D, B से 6 वर्ष छोटी है। सबसे छोटी कौन है? *(SSC 10+2 2012)*

(a) D (b) C (c) B (d) A

**14.** पाँच व्यक्तियों के एक समूह में कमल सबसे लम्बा तथा लीला सबसे छोटी है। राशि, कमल से छोटी परन्तु विनीता व प्रीति से लम्बी है प्रीति इस समूह में दूसरी सबसे छोटी उम्मीदवार है, तब लम्बाई के क्रम में तीसरे स्थान पर कौन होगा? *(NTSE 2016)*

(a) विनीता (b) राशि
(c) प्रीति (d) लीला

**15.** L, M, N और O भाई हैं। L, O से काला है, N उन सब में गोरा है, M, O से गोरा है, तो उनमें सबसे काला कौन है? *(Haryana Police Constable 2016)*

(a) L (b) M (c) N (d) O

**16.** छः तौलियों को एक के ऊपर एक रखा गया है। लाल रंग का तौलिया, सफेद रंग के तौलिये के ठीक ऊपर है। पीले रंग का तौलिया, नीले तथा हरे रंग के तौलिये के मध्य है। गुलाबी रंग का तौलिया, लाल रंग के तौलिये और नीले रंग के तौलिये के मध्य है। गुलाबी तथा पीले रंग के तौलिये के मध्य कौन-से रंग का तौलिया है? *(SSC Steno 2017)*

(a) लाल (b) हरा
(c) गुलाबी (d) नीला

**17.** केशव, विजय से लम्बा, किन्तु नितिन से छोटा है, नितिन, किशन से लम्बा, किन्तु अमर से छोटा है। यदि विजय, किशन से लम्बा है, तो सबसे छोटा कौन है? *(SSC 10+2 2014)*

(a) केशव (b) विजय
(c) नितिन (d) किशन

**18.** 'सुमा', उमा से छोटी है, 'नेहा', सुमा से लम्बी है, 'सुधा', उमा से लम्बी है लेकिन हेमा से छोटी है। 'उमा', नेहा से लम्बी है। इनमें से सबसे लम्बा कौन है? *(SSC 10+2 2013)*

(a) उमा (b) सुधा (c) नेहा (d) हेमा

**19.** पाँच दोस्तों ने एक दौड़ में भाग लिया। रोहित ने यह दौड़ हरीश से पहले लेकिन गौतम के बाद पूरी की। कार्तिक ने यह दौड़ सुनील से पहले लेकिन हरीश के बाद पूरी की।

उक्त दौड़ निम्नलिखित में से किसने जीती? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) रोहित (b) कार्तिक
(c) गौतम (d) हरीश

**20.** राधा सुनीता से कम आयु की है, किन्तु रीता से बड़ी है। रीता, गीता से ज्येष्ठ है। श्याम, रीता से ज्येष्ठ है किन्तु राधा से कम आयु का है। सबसे कम आयु का कौन है? *(UPPSC Pre 2015)*

(a) श्याम (b) रीता (c) राधा (d) गीता

**21.** रीमा का कद 5 फुट 2 इंच है। अनीता, रीमा से लम्बी है, लेकिन पिंकी से लम्बी नहीं है। पिंकी अपनी मौसेरी बहन, रानी से छोटी है, लेकिन रीमा से छोटी नहीं है। यह बताइए कि समूह में सबसे लम्बी कौन है? *(SSC CGL 2012)*

(a) अनीता (b) रानी
(c) पिंकी (d) रीमा

**22.** P, Q, T, A और B में प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। T, P और B से लम्बा है, परन्तु A और Q से छोटा है। P सबसे छोटा नहीं है। सबसे लम्बा कौन है? *(SBI PO 2012)*

(a) A (b) Q (c) P (d) P या B
(e) इनमें से कोई नहीं

**23.** अनिल का कद सन्नी से लम्बा है और सन्नी का कद बेबी से छोटा है। अनिल का कद बोस से लम्बा है, जिसका कद सन्नी से छोटा है। बेबी का कद अनिल के कद से छोटा है। यह बताइए कि किसका कद सबसे छोटा है? *(Delhi B.Ed 2011)*

(a) अनिल (b) बेबी (c) सन्नी (d) बोस

**24.** P, Q, R और T एक परीक्षा में बैठें। परिणाम में Q के तत्काल पीछे P था, किन्तु P के बाद कोई नहीं था। R, Q से आगे था, किन्तु उतने अंक प्राप्त नहीं कर सका, जितने T ने किए। बताइए कि दूसरे नम्बर पर कौन रहा? ***(IGNOU B.Ed 2011)***
(a) P (b) Q
(c) R (d) T

**25.** यदि शेषन का कद अम्बू से लम्बा है, लेकिन राजू से छोटा है तथा अम्बू और नितिन की लम्बाई बराबर है, परन्तु अम्बू, किशोर से लम्बा है, तो नितिन के लिए कौन-सा तथ्य सत्य है? ***(SSC CGL 2012)***
(a) शेषन के बराबर लम्बा
(b) अम्बू से छोटा
(c) राजू से लम्बा
(d) शेषन से छोटा

**26.** अमित की आयु सुमित की आयु के बराबर है, क्योंकि वे जुड़वाँ हैं। रिचा, सुमित से छोटी है। रिचा, ज्योत्स्ना से छोटी है, लेकिन सौरभ से बड़ी है। सुमित, ज्योत्स्ना से छोटा है। यह बताइए कि इनमें सबसे बड़ा कौन है? ***(MAT 2010)***
(a) अमित (b) ज्योत्स्ना
(c) रिचा (d) सौरभ

**27.** पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E एक अखबार पढ़ते हैं। सबसे पहले पढ़ने वाला व्यक्ति C को अखबार दे देता है। जिस व्यक्ति ने अन्त में अखबार पढ़ा था, उसने यह A से लिया था। E अखबार पढ़ने वाला पहला या अन्तिम व्यक्ति नहीं था। B और A के बीच दो पाठक थे। उस व्यक्ति को ज्ञात कीजिए, जिसने सबसे अन्त में अखबार पढ़ा था। ***(MAT 2011)***
(a) E (b) B
(c) D (d) A

**28.** सचिन, कमल, मोहन, अरुण और राम पाँच मित्र हैं। सचिन, कमल से लम्बाई में छोटा है, किन्तु राम से लम्बा है। मोहन सबसे लम्बा है। अरुण, थोड़ा छोटा है कमल से और थोड़ा लम्बा है सचिन से। कौन दूसरे नम्बर पर सबसे लम्बा है? ***(SSC CGL 2014)***
(a) राम (b) सचिन
(c) कमल (d) अरुण

**29.** A, B से लम्बा है, परन्तु C जितना लम्बा नहीं है। D, E से लम्बा है, परन्तु B जितना लम्बा नहीं है। E, F से लम्बा है, परन्तु D जितना लम्बा नहीं है। इन सबमें कौन सबसे अधिक लम्बा है? ***(UPPSC Pre 2018)***
(a) B (b) C
(c) D (d) F

**30.** A, B, C और D में प्रत्येक के पास ₹ 100 हैं। A, B को ₹ 20 देता है, जो C को ₹ 10 देता है, जिसे D से ₹ 30 मिलते हैं। इस सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है? ***(UPSC CSAT 2015)***
(a) C सबसे धनवान है
(b) D सबसे निर्धन है
(c) A और D के पास मिलाकर जितने रुपये हैं, C के पास उससे अधिक रुपये हैं
(d) B, D से अधिक धनवान है

**31.** निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए।
I. रमा ने रानी से अधिक अंक प्राप्त किए।
II. रानी ने रत्ना से कम अंक प्राप्त किए।
III. रत्ना ने रमा से अधिक अंक प्राप्त किए।
IV. पद्मा ने रमा से अधिक, किन्तु रत्ना से कम अंक प्राप्त किए।

सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए? ***(UPSC CSAT 2012)***
(a) रमा (b) पद्मा
(c) रानी (d) रत्ना

***निर्देश*** (प्र. सं. 32-34) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2017)***

किसी एक्सटेन्शन बॉक्स में A, B, C, D, E तथा F छः तार हैं, जो अलग-अलग लम्बाईयों के हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। E की लम्बाई C से ज्यादा हैं, लेकिन D से तथा B से कम। A की लम्बाई D तथा B से ज्यादा है। A की लम्बाई सबसे अधिक नहीं है। F की लम्बाई 13 सेमी तथा E की लम्बाई 4 सेमी है।

**32.** यदि D की लम्बाई, F से 5 सेमी कम है, तो D की लम्बाई कितनी है?
(a) 7 सेमी (b) 8 सेमी (c) 9 सेमी
(d) ज्ञात नहीं कर सकते (e) इनमें से कोई नहीं

**33.** निम्न में से किस तार की लम्बाई सबसे कम है?
(a) B (b) A (c) C (d) E
(e) इनमें से कोई नहीं

**34.** यदि A की लम्बाई 10 सेमी है तथा B की लम्बाई 5 सेमी है तो C की लम्बाई कितनी होगी?
(a) 6 सेमी (b) 2 सेमी (c) 7 सेमी (d) 9 सेमी
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 35-37) *निम्न जानकारी को पढ़ें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।* ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***

(i) एक कक्षा में एमी, बेला, सेरा, दिया, एम्मा और फिला, 6 विद्यार्थी हैं।
(ii) एम्मा और दिया, एमी से छोटी हैं, लेकिन फिला से भारी हैं।
(iii) सेरा, एम्मा से भारी है और दिया से लम्बी है।
(iv) बेला, सेरा से छोटी है, लेकिन एमी से लम्बी है।
(v) एमी, सेरा से भारी है।
(vi) फिला, बेला से छोटी है, लेकिन एमी से लम्बी है।

**35.** निम्न में से मित्रों का कौन-सा समूह फिला से छोटा है?
(A) सेरा, बेला, एमी (B) एमी, एम्मा, दिया
(C) बेला, एमी, एम्मा (D) सेरा, बेला, एम्मा
(a) C (b) B (c) D (d) A

**36.** ऊपर से चौथे क्रम पर कौन होगा यदि उन्हें उनकी लम्बाई के अवरोही क्रम में रखा जाए?
(A) सेरा (B) एमी (C) दिया (D) एम्मा
(a) A (b) C (c) B (d) D

**37.** इनमें से सबसे छोटी कौन है?
(A) बेला (B) सेरा (C) दिया (D) फिला
(a) C (b) D (c) B (d) A

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** *(c)* बालकों को अंकों के आधार पर व्यवस्थित करने पर,

E < A < B < C < D

अतः दूसरे सर्वाधिक अंक 'C' को मिले हैं।

**2.** *(d)* आयु के अनुसार क्रम निम्नलिखित है

दीप्ति > श्वेता > सीमा > सोहन > सीता

अतः आयु में दीप्ति सबसे बड़ी है।

**3.** *(b)* प्रश्नानुसार,

ऊषा > कमला ...(i)

स्वाति > प्रीति ...(ii)

तथा कमला > स्वाति ...(iii)

अब, समी (i), (ii) व (iii) से,

ऊषा > कमला > स्वाति > प्रीति

उपरोक्त से स्पष्ट है कि सबसे धीमे प्रीति दौड़ती है।

**4.** *(b)* दी गई जानकारी से,

सिमी > रेनू ...(i)

रेनू > गीता ...(ii)

तथा प्रिया > सिमी ...(iii)

अब, तीनों समीकरणों को संयुक्त करने पर,

प्रिया > सिमी > रेनू > गीता ...(iv)

समी (iv) से स्पष्ट है कि प्रिया सबसे बड़ी है।

**5.** *(a)* प्रश्नानुसार, X > Z > Y ...(i)

Z > W ...(ii)

तथा X > W ...(iii)

समी (i), (ii) और (iii) से, X > Z > Y और W

उपरोक्त से स्पष्ट है कि X सभी में सबसे बड़ा है।

**6.** *(b)* दी गई जानकारी के अनुसार,

A, B, C, D, E और F के लम्बाई का अवरोही क्रम निम्नवत् है

C > A > B > D > E > F

अतः C सभी में सबसे लम्बा है।

**7.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः चित्रानुसार स्पष्ट है कि जम्बो बैटरी नीचे से दूसरे स्थान पर है।

**8.** *(a)* प्रश्नानुसार,

A > B ...(i)

E > C > D ...(ii)

D > B ...(iii)

D > A ...(iv)

समी (i), (ii), (iii) और (iv) से,

E > C > D > A > B

अतः स्पष्ट है कि 'E' सबसे लम्बा होगा।

**9.** *(c)* प्रश्नानुसार,

R > Q > P > S > T

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि ऊँचाई के घटते हुए क्रम में अन्तिम से दूसरा S होगा।

**10.** *(b)* प्रश्नानुसार, R > Q > S > P > T

अतः R सबसे लम्बा है।

**11.** *(d)* प्रश्नानुसार,

लक्ष्मी > मीनू

लक्ष्मी > लीला > मीनू

मीनू > हरी > लता

∴ लक्ष्मी > लीला > मीनू > हरी > लता

अतः सबसे छोटी लता है।

**12.** *(c)* प्रश्नानुसार,

शशि > सुनीता [2 वर्ष]

सुनीता > बिन्दु [3 वर्ष]

शेखर > बिन्दु [1 वर्ष]

∴ शशि > सुनीता > शेखर > बिन्दु

अतः सबसे छोटी बिन्दु है।

**13.** *(a)* प्रश्नानुसार,

B > A [5 वर्ष]

C > D [8 वर्ष]

B > D [6 वर्ष]

∴ C > B > A > D

अतः सबसे छोटी D है।

**14.** *(a)* प्रश्नानुसार,




व्यवस्थित करने पर,

कमल > राशि > विनीता > प्रीति > लीला

∴ लम्बाई के क्रम में तीसरे स्थान पर विनीता आएगी।

**15.** *(a)* प्रश्नानुसार, ← L > O > M > N (काला)

उपरोक्त से स्पष्ट है, कि L सभी में काला है।

**16.** *(d)* प्रश्नानुसार,

हरा

पीला

नीला

गुलाबी

लाल

सफेद

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि गुलाबी तथा पीले रंग के तौलिये के मध्य नीले रंग का तौलिया होगा।

**17.** *(d)* दिए गए कथनों के अनुसार व्यक्तियों को उनकी लम्बाई में व्यवस्थित करने पर,

नितिन > केशव > विजय ...(i)

अमर > नितिन > किशन ...(ii)

तथा विजय > किशन ...(iii)

एकसाथ व्यवस्थित करने पर,

अमर > नितिन > केशव > विजय > किशन

अतः किशन सबसे छोटा है।

**18.** *(d)* प्रश्न में दी गई जानकारी से,

उमा > सुमा ...(i)

उमा > नेहा > सुमा ...(ii)

हेमा > सुधा > उमा ...(iii)

समी (i), (ii) व (iii) को संयुक्त करने पर,

हेमा > सुधा > उमा > नेहा > सुमा

अतः हेमा सबसे लम्बी है।

**19.** *(c)* प्रश्न में दी गई जानकारी के अनुसार,

गौतम > रोहित > हरीश ...(i)

हरीश > कार्तिक > सुनील ...(ii)

अब दोनों समीकरणों से,

गौतम > रोहित > हरीश > कार्तिक > सुनील

∴ यह दौड़ गौतम ने जीती।

**20.** *(d)* दी गई जानकारी से,

सुनीता > राधा > रीता ...(i)

रीता > गीता ...(ii)

राधा > श्याम > रीता ...(iii)

अब, समी (i), (ii) तथा (iii) को संयुक्त करने पर,

सुनीता > राधा > श्याम > रीता > गीता

∴ सबसे कम आयु गीता की है।

**21.** *(b)* प्रश्नानुसार, पिंकी > अनीता > रीमा

रानी > पिंकी > रीमा

∴ रानी > पिंकी > अनीता > रीमा

अतः समूह में सबसे लम्बी रानी है।

**22.** *(e)* प्रश्नानुसार, A / Q > T > P / B

P सबसे छोटा नहीं।

∴ A / Q > T > P > B

अतः सबसे लम्बा A या Q है।

**23.** *(d)* प्रश्नानुसार, अनिल > सन्नी

बेबी > सन्नी

अनिल > सन्नी > बोस

अनिल > बेबी

∴ अनिल > बेबी > सन्नी > बोस

अतः सबसे छोटा कद बोस का है।

**24.** *(c)* प्रश्नानुसार,

Q > P

T > R > Q

∴ T > R > Q > P

अतः दूसरे स्थान पर R रहा।

**25.** *(d)* प्रश्नानुसार, राजू > शेषन > अम्बू
अम्बू = नितिन
अम्बू > किशोर
∴ राजू > शेषन > अम्बू = नितिन > किशोर
अतः नितिन, शेषन से छोटा है।

**26.** *(b)* प्रश्नानुसार, अमित = सुमित
सुमित > रिचा
ज्योत्स्ना > रिचा > सौरभ
ज्योत्स्ना > सुमित
∴ ज्योत्स्ना > सुमित = अमित > रिचा > सौरभ
अतः सबसे बड़ी ज्योत्स्ना है।

**27.** *(c)* प्रश्नानुसार, पहला व्यक्ति > C
A > अन्तिम व्यक्ति
E ≠ पहला या अन्तिम व्यक्ति
B • • A
∴ B > C > E > A > D
अतः सबसे अन्त में D ने अखबार पढ़ा था।

**28.** *(c)* दी गई जानकारी से,
मोहन > कमल > सचिन > राम ...(i)
तथा कमल > अरुण > सचिन ...(ii)
समी (i) तथा (ii) से,
मोहन > कमल > अरुण > सचिन > राम ...(iii)
समी (iii) से स्पष्ट है कि दूसरे नम्बर पर सबसे लम्बा कमल है।

**29.** *(b)* दी गई जानकारी के अनुसार, A, B, C, D, E और F के लम्बाई का अवरोही क्रम निम्नवत् है
C > A > B > D > E > F
अतः C सभी में सबसे लम्बा है।

**30.** *(c)* प्रश्नानुसार,

| A | B | C | D |
|---|---|---|---|
| 100 | 100 | 100 | 100 |
| − 20 | + 20 | — | — |
| — | − 10 | + 10 | — |
| 80 | 110 | + 30 | − 30 |
| | | 140 | 70 |

आपसी लेन-देन के बाद अब A, B, C, D के पास क्रमशः ₹ 80, ₹ 110, ₹ 140 तथा ₹ 70 रहते हैं।
अब, A तथा D के पास कुल रुपये = 80 + 70 = ₹ 150
अतः विकल्प (c) का कथन A और D के पास मिलाकर जितने रुपये हैं, C के पास उससे अधिक रुपये हैं, गलत है।

**31.** *(d)* प्रश्नानुसार, रमा > रानी
रत्ना > रानी
रत्ना > रमा
रत्ना > पद्मा > रमा
∴ रत्ना > पद्मा > रमा > रानी
रत्ना ने पद्मा से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पद्मा ने रमा से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। रमा ने रानी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसलिए रत्ना ने अधिकतम अंक प्राप्त किए हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 32-34) दी गई जानकारी से,
D/B > E > C ...(i)
A > D/B ...(ii)
समी (i) व (ii) से, A > D/B > E > C
चूँकि A की लम्बाई सबसे ज्यादा नहीं है।
अतः F की लम्बाई ज्यादा होगी।
∴ F > A > D/B > E > C ...(iii)
13 सेमी 4 सेमी

**32.** *(b)* F = 13 सेमी
∴ D की लम्बाई = F − 5 = 13 − 5 = 8 सेमी

**33.** *(c)* समी (iii) से स्पष्ट है कि तार C की लम्बाई सबसे कम है।

**34.** *(b)* समी (iii) से स्पष्ट है कि तार C की लम्बाई सबसे कम है। अतः दिए गए विकल्पों के अनुसार तार C की लम्बाई 2 सेमी होगी।

**उत्तर** (प्र.सं. 35-37) दी गई जानकारी से,

| लम्बाई के आधार पर | वजन के आधार पर |
|---|---|
| एमी $>_L$ एम्मा, दिया | एम्मा, दिया $>_W$ फिला |
| सेरा $>_L$ दिया | सेरा $>_W$ एम्मा |
| सेरा $>_L$ बेला $>_L$ एमी | एमी $>_W$ सेरा |
| बेला $>_L$ फिला $>_L$ एमी | |

एमी $>_W$ सेरा $>_W$ एम्मा, दिया $>_W$ फिला
∴ सेरा $>_L$ बेला $>_L$ फिला $>_L$ एमी $>_L$ एम्मा, दिया

**35.** *(b)* एमी, एम्मा और दिया का समूह फिला से छोटा है।

**36.** *(c)* एमी ऊपर से चौथे क्रम पर होगी।

**37.** *(a)* विकल्प के आधार पर इनमें से सबसे छोटी दिया है।

## प्रकार 2. स्थान क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न पंक्तिबद्ध व्यक्तियों या सूचीबद्ध नामों पर आधारित होते हैं। व्यक्तियों या नामों का स्थान पंक्ति या सूची के प्रारम्भ तथा अन्त से दिया होता है तथा अभ्यर्थियों को इसी जानकारी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर ज्ञात करना होता है।

इसके अन्तर्गत निम्न प्रकार से प्रश्न पूछे जाते हैं

### 1. किसी व्यक्ति या वस्तु का नीचे या ऊपर अथवा बाएँ या दाएँ से क्रम

इस प्रकार के प्रश्नों में किसी व्यक्ति या वस्तु का ऊपर या नीचे से या दाएँ या बाएँ से क्रम पूछा जाता है।

(i) किसी वस्तु या व्यक्ति का ऊपर से क्रम
= कुल वस्तुओं या व्यक्तियों की संख्या − नीचे से वस्तु या व्यक्ति का क्रम + 1

(ii) किसी वस्तु या व्यक्ति का नीचे से क्रम
= कुल वस्तुओं या व्यक्तियों की संख्या − ऊपर से वस्तु या व्यक्ति का क्रम + 1

(iii) किसी वस्तु या व्यक्ति का बाएँ से क्रम
= कुल वस्तुओं या व्यक्तियों की संख्या − दाएँ से वस्तु या व्यक्ति का क्रम + 1

(iv) किसी वस्तु या व्यक्ति या दाएँ से क्रम
= कुल वस्तुओं या व्यक्तियों की संख्या − बाएँ से वस्तु या व्यक्ति का क्रम + 1

**उदाहरण 8.** 40 छात्रों की एक कक्षा में विनोद का क्रम ऊपर से 25वाँ है, तो बताइए कि उसका क्रम नीचे से कितना होगा?

(a) 65 (b) 64 (c) 15 (d) 16

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार,
कक्षा में कुल छात्र = 40
कक्षा में विनोद का ऊपर से क्रम = 25
तब, विनोद के नीचे छात्र = 40 − 25 = 15
∴ विनोद का कक्षा में नीचे से क्रम = 15 + 1 = 16वाँ

**वैकल्पिक विधि**
विनोद का नीचे से क्रम = कुल छात्रों की संख्या − ऊपर से क्रम + 1
= 40 − 25 + 1 = 41 − 25 = 16

**उदाहरण 9.** 30 छात्रों की एक कक्षा में गुंजन तथा त्रिलोक ऊपर से 13वें तथा 14वें स्थान पर हैं। नीचे से उनका स्थान क्रमशः क्या होगा? *(CGPSC Pre 2014)*

(a) 18वाँ और 17वाँ (b) 16वाँ और 17वाँ
(c) 15वाँ और 16वाँ (d) 17वाँ और 18वाँ
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(a)* नीचे से गुंजन का स्थान = 30 − 13 + 1 = 18वाँ
नीचे से त्रिलोक का स्थान = 30 − 14 + 1 = 17वाँ

## 2. पंक्ति में स्थित कुल व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या

इस प्रकार के प्रश्नों में किसी पंक्ति में स्थित कुल व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या पूछी जाती है।

(i) कुल वस्तुओं या व्यक्तियों की संख्या = ऊपर से वस्तु या व्यक्ति का क्रम + नीचे से वस्तु या व्यक्ति का क्रम – 1

(ii) कुल वस्तुओं या व्यक्तियों की संख्या = दाएँ से वस्तु या व्यक्ति का क्रम + बाएँ से वस्तु या व्यक्ति का क्रम – 1

**उदाहरण 10.** एक कक्षा में सोहन का स्थान ऊपर से 7वाँ है और नीचे से 26वाँ है। कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं? *(SSC 10+2 2013; NIFT UG 2014)*

(a) 31 (b) 32
(c) 33 (d) 34

***व्याख्या*** (b) कक्षा में कुल विद्यार्थी = सोहन का ऊपर से स्थान + सोहन का नीचे से स्थान –1
= 7 + 26 – 1 = 33 – 1 = 32

**उदाहरण 11.** वृक्षों की एक पंक्ति में एक वृक्ष दोनों सिरों से 25वाँ है। बताइए कि पंक्ति में कुल कितने वृक्ष हैं?

(a) 26 (b) 49 (c) 50 (d) 57

***व्याख्या*** (b) वृक्षों की कुल संख्या = एक सिरे से क्रम + दूसरे सिरे से क्रम – 1
= 25 + 25 – 1 = 50 – 1 = 49

## 3. दो व्यक्तियों या वस्तुओं के बीच परस्पर स्थान परिवर्तन के बाद बाएँ या दाएँ से क्रम

इस प्रकार के प्रश्नों में दो व्यक्तियों या वस्तुओं के बीच परस्पर स्थान परिवर्तन के बाद बाएँ या दाएँ से उनका क्रम पूछा जाता है।

(i) कुल व्यक्तियों की संख्या = पहले व्यक्ति की प्रारम्भिक स्थिति + परिवर्तन के पश्चात् दूसरे व्यक्ति की स्थिति – 1

(ii) दूसरे व्यक्ति की नई स्थिति = (पहले व्यक्ति की दोनों स्थितियों के बीच अन्तर) + दूसरे व्यक्ति की प्रारम्भिक स्थिति

**उदाहरण 12.** कुछ छात्र एक पंक्ति में बैठे हैं। इस पंक्ति में X का स्थान बाएँ से 17वाँ है जबकि Y का स्थान दाहिने से 14वाँ है। यदि वे दोनों अपने अपने स्थान को परिवर्तित कर लें, तो X का स्थान बाएँ से 7वाँ हो जाता है। पंक्ति में कुल कितने छात्र हैं? *(RRB ALP 2018)*

(a) 21 (b) 22
(c) 19 (d) 20

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार,




पंक्ति में कुल छात्रों की संख्या
= (Y का दाएँ से स्थान + X का बाएँ से नया स्थान) – 1
= (14 + 7 ) – 1 = 21 – 1 = 20

**उदाहरण 13.** 4 छात्राओं, रीना, बीना, मीना और नीना के एक समूह पर विचार करें, जो एक पंक्ति में खड़ी है। रीना और बीना बाईं ओर से क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर खड़ी हैं। मीना और नीना दाईं ओर से क्रमशः चौथे और पाँचवें स्थान पर खड़ी हैं। जब बीना और मीना अपने स्थानों की अदला-बदली करती हैं, तो बीना बाएँ से 15वीं होगी। दाईं ओर से रीना की स्थिति है *(MP Police Constable 2017)*

(a) 6 (b) 18 (c) 13 (d) 14

***व्याख्या*** (c) प्रश्नानुसार,




∵ पंक्ति में छात्रों की कुल संख्या = (प्रारम्भ में मीना का दाएँ से स्थान + नयी स्थिति में बीना का बाएँ से स्थान) –1
= 4 + 15 – 1 = 19 – 1 = 18

∴ दाएँ से रीना की स्थिति = कुल छात्रों की संख्या – बाएँ से रीना की स्थिति +1
= 18 – 6 + 1 = 13वीं

**उदाहरण 14.** कुछ व्यक्तियों की पंक्ति में भूषण बाएँ से 7वें तथा मोतीलाल दाएँ से 4वें स्थान पर है। यदि भूषण तथा मोतीलाल आपस में अपना स्थान बदल देते हैं, तो भूषण बाएँ से 15वें स्थान पर आ जाता है। मोतीलाल का स्थान दाएँ से क्या होगा? *(UPPSC Pre 2013)*

(a) 8वाँ (b) 4वाँ (c) 11वाँ (d) 12वाँ

***व्याख्या*** (d) प्रश्नानुसार,




अब, भूषण तथा मोतीलाल के बीच व्यक्तियों की संख्या = 15 – 7 – 1 = 7

चूँकि भूषण तथा मोतीलाल अपना स्थान बदल लेते हैं, तब मोतीलाल का दाएँ से स्थान = 4 + 7 + 1 = 12वाँ

**वैकल्पिक विधि**

मोतीलाल का दाएँ से स्थान = (भूषण की दोनों स्थितियों के बीच अन्तर) + मोतीलाल की प्रारम्भिक स्थिति
= (15 – 7) + 4 = 8 + 4 = 12

## 4. किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रारम्भिक तथा परिवर्तित स्थान के बीच में व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या

इस प्रकार के प्रश्नों में किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रारम्भिक तथा परिवर्तित स्थान के बीच में व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या पूछी जाती है।

प्रारम्भिक स्थान तथा परिवर्तित स्थान के बीच में व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या = परिवर्तित क्रमांक – प्रारम्भिक क्रमांक – 1

***उदाहरण* 15.** लड़कों की एक कतार में अजब बाएँ से 7 वें तथा दयाल दाएँ से 9वें स्थान पर है। जब ये दोनों आपस में अपना स्थान बदल लेते हैं, तो अजब बाएँ से 11वें स्थान पर चला जाता है। अजब के प्रारम्भिक तथा परिवर्तित स्थान के बीच में कितने लड़के हैं?

(a) 2 (b) 3
(c) 5 (d) 7

***व्याख्या*** (b) प्रारम्भिक स्थान तथा परिवर्तित स्थान के बीच में स्थित लड़कों की संख्या = अजब का परिवर्तित क्रम – प्रारम्भिक क्रम – 1

= 11 – 7 – 1
= 11 – 8 = 3 लड़के

## 5. एकान्तर क्रम में स्थित व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या

इस प्रकार के प्रश्नों में एकान्तर क्रम में व्यक्तियों या वस्तुओं की संख्या पूछी जाती है।

***उदाहरण* 16.** एक टिकट काउण्टर से टिकट खरीद रहे 13 व्यक्तियों की कतार में, यदि काउण्टर से हर दूसरा व्यक्ति कोई महिला है तथा कतार के प्रारम्भ और अन्त में भी महिलाएँ ही हैं, तो उस कतार में कुल कितने पुरुष हैं?

(a) 15 (b) 6
(c) 7 (d) 8

***व्याख्या*** (b) प्रश्नानुसार,




अतः कतार में पुरुषों की कुल संख्या = 6

### प्रश्न हल करते समय ध्यान देने योग्य स्मरणीय तथ्य

1. यदि पंक्ति में स्थान का निर्धारण करना हो, और प्रारम्भ से या बाएँ से किसी स्थान के आगे या दाएँ वाले स्थान को प्रश्न में पूछा जाए, तो जोड़ की क्रिया की जाती हैं। यदि पीछे या बाएँ के स्थान के बारे में पूछा जाए, तो घटाव की क्रिया की जाती है।
2. यदि किसी कक्षा मे स्थान का निर्धारण करना हो, और प्रारम्भ से किसी स्थान के आगे वाले स्थान को प्रश्न में पूछा जाए, तो घटाव की क्रिया की जाती हैं। यदि पीछे वाले स्थान के बारे में पूछा जाए, तो जोड़ की क्रिया की जाती है।
3. विपरीत दिशा से स्थान = कुल संख्या – सीधी दिशा से स्थान + 1
4. यदि दोनों दिशाओं से विभिन्न स्थानों के मान दिए गए हों तथा उन दोनों के मध्य के स्थान का भी मान दिया गया हो, तो निम्न दो सम्भावनाएँ बनती हैं
   (a) अधिकतम संख्या = दोनों संख्याओं का योग + मध्य की संख्या
   
   
   (b) न्यूनतम संख्या = दोनों संख्याओं का योग – मध्य की संख्या – 2
   
   
5. यदि दोनों दिशाओं से विभिन्न स्थानों के मान दिए गए हों तथा उन दोनों के मध्य का स्थान नहीं दिया गया हो, तो अधिकतम संख्या निकालना सम्भव नहीं होता है, परन्तु न्यूनतम संख्या का मान दी गई दोनों दिशाओं में से अधिकतम मान के बराबर होता है।

# प्रश्नावली 10.2

**1.** 31 विद्यार्थियों की एक कक्षा में अनुज का स्थान 17वाँ है। अन्त से उसका कौन-सा स्थान है? ***(SSC 10+2 2010)***
(a) 14वाँ (b) 15वाँ (c) 16वाँ (d) 17वाँ

**2.** 40 विद्यार्थियों की एक कक्षा में शंकर का क्रम नीचे से 19वाँ है। उसका क्रम ऊपर से कितना है? ***(RRB GG 2010)***
(a) 20वाँ (b) 21वाँ (c) 22वाँ (d) 23वाँ

**3.** अक्षरों की एक पंक्ति में, एक अक्षर बाईं ओर से 5वें स्थान पर और दाईं ओर से 12वें स्थान पर है। पंक्ति में कुल कितने अक्षर हैं? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) 15 (b) 16 (c) 17 (d) 18

**4.** गौरी लड़कियों की एक पंक्ति में दोनों छोरों से 11वें स्थान पर है। उस पंक्ति में कितनी लड़कियाँ हैं? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) 19 (b) 20 (c) 21 (d) 22

**5.** यदि एक पंक्ति में सन्तोष का प्रारम्भ से 16 वाँ स्थान है तथा अन्त में 10वाँ स्थान है। उस पंक्ति में कितने लोग बैठे हैं? ***(MP Police Constable 2014)***
(a) 25 (b) 26
(c) 27 (d) 22

**6.** रमन कक्षा X का विद्यार्थी है। वह अपनी कक्षा में ऊपर से 16वें और नीचे से 49वें स्थान पर है। कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या क्या है? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) 64 (b) 65
(c) 66 (d) 63

**7.** एक पंक्ति में 17 लड़कियाँ हैं। वह लड़की जो मध्य में हैं उसका स्थान प्रारम्भ से 9वाँ है। वह लड़की जो मध्य में है, उसका स्थान अन्त से क्या होगा? ***(MP Police SI 2017)***
(a) 9वाँ (b) 10वाँ (c) 7वाँ (d) 8वाँ

**8.** कारों की एक पंक्ति में, लाल कार बाएँ से 14वीं तथा दाएँ से 23वीं है। पंक्ति में कितनी कारें हैं? ***(SSC CPO 2017)***
(a) 36 (b) 37 (c) 35 (d) 34

**9.** कमल एक पंक्ति में बाएँ छोर से 13वाँ तथा दाएँ छोर से 14वाँ है। पंक्ति में कुल कितने लोग हैं? ***(SSC MTS 2017)***
(a) 26 (b) 27 (c) 25 (d) 28

**10.** एक वर्ग में नीरज का स्थान ऊपर से 10वाँ तथा नीचे से 15वाँ है। वर्ग में कुल कितने सदस्य हैं? ***(IBPS Clerk Main 2018)***
(a) 24 (b) 28
(c) 22 (d) तय नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**11.** किसी कक्षा में मोहन योग्यता में शीर्ष से 15वें स्थान पर तथा नीचे से 50वें स्थान पर है। उस कक्षा में कुल कितने छात्र हैं? ***(UPPSC Pre 2015)***
(a) 65 (b) 64 (c) 66 (d) 67

**12.** लड़कों की एक पंक्ति में, तारक पंक्ति के दोनों छोरों से 18वें स्थान पर है। पंक्ति में कितने लड़के हैं? ***(SSC CGL 2017)***
(a) 19 (b) 36 (c) 35 (d) 42

**13.** एक पंक्ति में राम बाएँ से 16वें व दाएँ से 15वें स्थान पर बैठा है। कितने व्यक्ति और शामिल किए जाएँ कि कुल 50 व्यक्ति हो जाएँ? *(UK Police SI 2013)*
(a) 19 (b) 20
(c) 21 (d) इनमें से कोई नहीं

**14.** मैं एक मल्टीप्लेक्स में एक शो के लिए टिकट खरीदने की एक कतार में 7वें स्थान पर हूँ। मैंने अपने पड़ोसी को देखा, जो अन्त से 9वें स्थान पर है। हम दोनों के बीच 3 व्यक्ति हैं। कतार में व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या क्या है? *(UPSSSC RO 2016)*
(a) 19 (b) 11 (c) 17 (d) 10

**15.** लड़कों की एक पंक्ति में अमन ऊपर से 12वें स्थान पर बमन नीचे से 18वें स्थान पर है। यदि अमन तथा बमन के मध्य में 6 लड़के हैं, तो पंक्ति में अधिकतम कितने लड़के हैं? *(SSC CPO 2017)*
(a) 34 (b) 36 (c) 35 (d) 37

**16.** तैराकों की एक पंक्ति में, मनीष बाएँ छोर से 23वाँ है। रमेश, मनीष से 11 स्थान बाईं ओर है। यदि रमेश दाईं छोर से 16वाँ है, तो इस पंक्ति में कितने तैराक हैं? *(SSC CPO 2017)*
(a) 28 (b) 27 (c) 30 (d) 29

**17.** अरुण को यह पता चलता है कि लड़कों की एक पंक्ति में वह दाईं तरफ से 12वाँ तथा बाईं तरफ से चौथा है। उस पंक्ति में कितने लड़कों को शामिल किया जाए कि उनकी संख्या 28 हो जाए? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) 12 (b) 13 (c) 14 (d) 20
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** किसी कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बीच विनय का क्रमांक ऊपर से 13वाँ और नीचे से 26वाँ है। यदि 7 विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हों, तो बताइए कि इस परीक्षा में कुल कितने विद्यार्थी थे? *(Delhi Police Constable 2010)*
(a) 39 (b) 45 (c) 38 (d) 40

**19.** 39 विद्यार्थियों की एक कक्षा में सुरेश, अशोक से 7 रैंक आगे है। यदि अशोक की रैंक अन्त से 17वीं है, तो सुरेश की आरम्भ से कौन-सी रैंक होगी? *(SSC 10+2 2010)*
(a) 16वीं (b) 23वीं (c) 24वीं (d) 15वीं

**20.** 16 लड़कों की एक पंक्ति में जब प्रकाश को बाईं ओर दो स्थान स्थानान्तरित किया (खिसकाया) गया, तो वह बाएँ सिरे से 7वाँ हो गया। पंक्ति की दाईं ओर से उसकी पूर्व स्थिति (प्रारम्भिक स्थान) क्या थी? *(SSC 10+2 2010)*
(a) 7वीं (b) 8वीं (c) 9वीं (d) 10वीं

**21.** 74 लड़कियों की एक पंक्ति में, श्वेता बाएँ छोर से 27वें स्थान पर है। पलक, श्वेता के दाएँ 7वें स्थान पर है। पलक का स्थान पंक्ति के दाएँ छोर की ओर से क्या है? *(SSC CGL 2017)*
(a) 40 (b) 41 (c) 42 (d) 44

**22.** एक पंक्ति में कुछ बालक बैठे हैं। P बाएँ से 14वें स्थान पर तथा Q दाएँ से 7वें स्थान पर बैठा है। यदि P और Q के मध्य चार बालक हैं, तो पंक्ति में कुल कितने बालक हैं? *(UPPSC Pre 2008)*
(a) 25 (b) 23 (c) 21 (d) 20

**23.** 37 लड़कियाँ एक पंक्ति में स्कूल-बिल्डिंग की ओर मुख करके खड़ी हुई है। आयशा बाएँ छोर से पन्द्रहवें स्थान पर है। यदि वह छः स्थान दाएँ को स्थानान्तरित हो जाती है, तो दाएँ छोर से उसकी स्थिति क्या होगी? *(IBPS Clerk Pre 2016)*
(a) सोलहवीं (b) इक्कीसवीं (c) बीसवीं (d) अठारहवीं
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** 40 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में जब नितिन को उसके दाईं ओर 8 स्थान खिसका दिया जाता है, तो उसका स्थान दाएँ अन्त से 22वाँ हो जाता है। उसी पंक्ति में उसका वास्तविक स्थान बाएँ अन्त से क्या होगा? *(SBI Clerk 2011)*
(a) 12वाँ (b) 10वाँ (c) 9वाँ (d) 11वाँ
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** उत्तर की ओर मुँह करके 30 छात्रों की एक पंक्ति में T, K के दाईं ओर चौथा है, जो दाएँ सिरे से 5वाँ है। P की बाएँ सिरे से स्थिति क्या है? *(UBI PO 2010)*
(a) 19वीं (b) 16वीं
(c) 21वीं (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** लड़कों की एक पंक्ति में मोहन बाएँ छोर से 20वाँ और दाएँ छोर से 12वाँ है। उस पंक्ति में प्रताप दाएँ छोर से 15वाँ है। मोहन और प्रताप के बीच कितने लड़के हैं?
(a) 4 (b) 2
(c) 3 (d) 5

**27.** एक पंक्ति में, A का स्थान शुरू से 18वाँ है, जबकि B का स्थान अन्त से 16वाँ है। यदि C का स्थान शुरू से 25वाँ हो और वह A तथा B के बिल्कुल बीच में हो, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं? *(UKPSC Upper 2016)*
(a) 47 (b) 46
(c) 45 (d) 48

**28.** एक कतार में आरम्भ से सातवें स्थान पर राकेश है तथा अन्तिम छोर से नौवें स्थान पर मुकेश है। यदि राकेश तथा मुकेश के बीच सात व्यक्ति हैं, तो सुभाष के आगे, जो मुकेश के ठीक पीछे खड़ा है, कितने व्यक्ति है? *(IBPS Clerk Main 2015)*
(a) 15 (b) 16
(c) 14 (d) 18
(e) इनमें से कोई नहीं

**29.** एक मंच, जिसका मुँह दक्षिण दिशा की ओर है, के सामने दर्शकों में एक पंक्ति में लड़के और लड़कियाँ बैठे हैं। रानी, सुनीता के बाएँ को 5वीं है, सुनीता जो निशान्त के दाएँ को 8वीं है। रानी और निशान्त के बीच कितने बच्चे हैं? *(LIC ADO 2010)*
(a) 1 (b) 2
(c) 4 (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**30.** उत्तर की ओर मुँह किए हुए लड़कों की एक पंक्ति में गणेश, अक्षय के बाएँ को 7वाँ है। विजय जो पंक्ति के बाएँ छोर से 20वाँ है, अक्षय के दाएँ को 7वाँ है। यदि कमलेश जो गणेश के दाएँ को तीसरा है, पंक्ति के दाएँ छोर से 20वाँ है, तो पंक्ति में कितने लड़के हैं?
(a) 26 (b) 28
(c) 30 (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**31.** उत्तर दिशा की ओर मुँह किए हुए बच्चों की एक पंक्ति में श्वेता बाएँ से 15वीं है और ज्योति, श्वेता के बाएँ को तीसरी है। राम जो ज्योति के दाएँ तो 7वाँ है, पंक्ति के दाएँ छोर से 5वाँ है। दाएँ छोर से श्वेता का स्थान कौन-सा है? *(IBPS PO 2011)*
(a) 12वाँ (b) 10वाँ
(c) 8वाँ (d) 9वाँ
(e) इनमें से कोई नहीं

**32.** उत्तर की ओर मुँह किए हुए 40 लड़कों की एक पंक्ति में अमर, सुदीप के दाएँ से छठा है और सुदीप, विजय के बाएँ से 11वाँ है। यदि अमर पंक्ति के दाएँ छोर से 28वाँ है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से विजय का कौन-सा स्थान है? *(LIC ADO 2011)*
(a) 17वाँ (b) 21वाँ
(c) 20वाँ (d) 18वाँ
(e) इनमें से कोई नहीं

**33.** लड़कों की एक पंक्ति में, सचिन बाएँ से ग्यारहवें स्थान पर है और राज दाएँ से सातवें स्थान पर है। अगर वे अपने स्थान का अदल-बदल करते हैं, तो सचिन बाईं ओर से सोलहवें स्थान पर हो जाता है। पंक्ति में कितने लड़के हैं? *(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)*
(a) 21 (b) 22 (c) 23 (d) 24

**34.** लड़कियों की एक पंक्ति में यदि मधु, जो बाएँ से 10वें स्थान पर है और वीना जो दाएँ से 9वें स्थान पर है, परस्पर अपने स्थान बदल लें, तो मधु बाएँ से 15वीं हो जाएगी। उस पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं? *(SSC 10+2 2013)*
(a) 16 (b) 18 (c) 23 (d) 22

**35.** लड़कियों की एक पंक्ति में, काव्या बाईं ओर से 5वीं है और प्रीती दाईं ओर से 6वीं है। जब वे अपना स्थान एक-दूसरे से परिवर्तित कर लेती हैं, तो काव्या बाईं ओर से 13वीं हो जाती है, तो दाईं ओर से प्रीति का कौन-सा स्थान होगा? *(SSC CGL 2010)*
(a) 7वाँ (b) 14वाँ (c) 11वाँ (d) 18वाँ

**36.** पुरुषों की एक पंक्ति में, मनोज दाईं ओर से 30वें स्थान पर है और किरण बाईं ओर से 20वें स्थान पर। जब वे अपना स्थान बदल लेते हैं, तो मनोज दाईं ओर से 35वें स्थान पर हो जाता है। तद्नुसार, उस पंक्ति में पुरुषों की कुल संख्या कितनी है? *(SSC CGL 2015)*
(a) 44 (b) 45 (c) 34 (d) 54

**37.** एक टिकट काउण्टर से टिकट खरीद रहे 15 व्यक्तियों की कतार में, यदि काउण्टर से हर दूसरा व्यक्ति कोई पुरुष है तथा कतार में प्रारम्भ और अन्त में भी पुरुष ही है, तो उस कतार में कुल कितनी महिलाएँ हैं?
(a) 6 (b) 7 (c) 5 (d) 8

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* अनुज का अन्त से स्थान = 31 – 17 + 1 = 32 – 17 = 15वाँ

**2.** *(c)* प्रश्नानुसार,
शंकर का ऊपर से क्रम = (40 – 19) + 1 = 21 + 1 = 22वाँ

**3.** *(b)* पंक्ति में कुल अक्षरों की संख्या = 5 + 12 – 1 = 16

**4.** *(c)* कुल लड़कियों की संख्या = 11 + 11 – 1 = 22 – 1 = 21

**5.** *(a)* पंक्ति में बैठे कुल लोगों की संख्या
= 16 + 10 – 1 = 26 – 1 = 25

**6.** *(a)* प्रश्नानुसार,
कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या = (16 + 49 ) – 1 = 65 – 1 = 64

**7.** *(a)* यहाँ पर लड़कियों की संख्या विषम है। अतः मध्य स्थान में आने वाली लड़की का स्थान आरम्भ तथा अन्त से समान होगा।
∴ मध्य में आने वाली लड़की का अन्त से स्थान = मध्य में आने वाली लड़की का आरम्भ से स्थान = 9वाँ

**8.** *(a)* पंक्ति में कारों की कुल संख्या
= (14 + 23) – 1 = 37 – 1 = 36

**9.** *(a)* पंक्ति में कुल व्यक्तियों की संख्या
= (13 + 14) – 1
= 27 – 1 ⇒ 26

**10.** *(a)* कुल सदस्यों की संख्या = 10 + 15 – 1 = 25 – 1 = 24

**11.** *(b)* कक्षा में कुल छात्रों की संख्या
= मोहन का शीर्ष से स्थान + मोहन का नीचे से स्थान –1
= 15 + 50 – 1 = 65 – 1 = 64

**12.** *(c)* पंक्ति में कुल लड़कों की संख्या
= आरम्भ में स्थान + अन्त से स्थान – 1
= 18 + 18 – 1 = 35
अतः पंक्ति में कुल 35 लड़के होंगे।

**13.** *(b)* पंक्ति में कुल व्यक्ति = 16 + 15 – 1= 31 – 1 = 30
∴ पंक्ति में 50 व्यक्ति करने के लिए आवश्यक व्यक्तियों की संख्या
= 50 – 30 = 20

**14.** *(b)* प्रश्नानुसार,




कतार में व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या = 11

**15.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः पंक्ति में अधिकतम लड़कों की संख्या
= (12 + 18 + 6) = 36 लड़के

**16.** *(b)* प्रश्नानुसार,
पंक्ति में बाईं ओर से रमेश का स्थान = 23 – 11 = 12वाँ
∴ पंक्ति में तैराकों की अभीष्ट संख्या = 12 + 16 – 1 = 28 – 1 = 27

**17.** *(b)* पंक्ति में लड़कों की संख्या = 12 + 4 – 1 = 15
अब, लड़कों की संख्या 28 करने के लिए शामिल किए जाने वाले लड़कों की संख्या = 28 – 15 = 13

**18.** *(b)* प्रश्नानुसार,
उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या = (13 + 26) – 1 = 39 – 1 = 38
∴ कुल विद्यार्थियों की संख्या = 38 + 7 = 45

**19.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अन्त से सुरेश का स्थान = 17 + 7 = 24वीं
∴ प्रारम्भ से सुरेश का स्थान = 39 – 24 + 1 = 40 – 24 = 16वीं

**20.** *(b)* प्रश्नानुसार,




∴ प्रकाश की दाईं ओर से प्रारम्भिक स्थिति
= 16 – 9 + 1 = 17 – 9 = 8वीं

**21.** *(b)* प्रश्नानुसार,




पलक का पंक्ति में बाईं ओर से स्थान = 27 + 7 = 34वाँ
∴ पलक का पंक्ति में दाईं ओर से स्थान
= 74 – 34 + 1
= 75 – 34 = 41 वाँ

**22.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः पंक्ति में कुल बालकों की संख्या = 14 + 4 + 7 = 25

**23.** *(e)* आयशा की वर्तमान स्थिति = 15 + 6 = 21वीं बाएँ से

∴ आयशा की दाएँ से स्थिति = 37 − 21 + 1 = 17वीं

**24.** *(d)* प्रश्नानुसार,
नितिन का बाईं ओर से वास्तविक स्थान
= 40 − (22 + 8) + 1
= 40 − 30 + 1
= 41 − 30 = 11वाँ

**25.** *(d)* प्रश्नानुसार,




P की स्थिति ज्ञात नहीं की जा सकती है, क्योंकि P के विषय में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है।

**26.** *(b)* प्रश्नानुसार,
मोहन और प्रताप के बीच लड़कों की संख्या = (15 − 12) − 1
= 3 − 1 = 2

**27.** *(a)* प्रश्नानुसार, → A.......C......B.......
18वाँ 25वाँ 16वाँ
∴ B का शुरू से स्थान = 25 + 6 + 1 = 32वाँ
∴ पंक्ति में व्यक्तियों की कुल संख्या = 32 + 16 − 1 = 47

**28.** *(a)* कतार में कुल व्यक्तियों की संख्या = 7 + 7 + 9 = 23
अतः कतार में मुकेश के ठीक पीछे खड़े सुभाष का स्थान आगे से 16वाँ है, अतः सुभाष के आगे 15 व्यक्ति होंगे।

**29.** *(b)* प्रश्नानुसार,




∴ रानी और निशान्त के बीच बच्चों की संख्या = (8 − 5) − 1 = 3 − 1 = 2

**30.** *(b)* प्रश्नानुसार,




∴ लड़कों की कुल संख्या = 5 + 1 + 3 + 4 + 7 + 8 = 28

**31.** *(d)* प्रश्नानुसार,




∴ श्वेता का दाएँ छोर से स्थान = 5 + 4 = 9वाँ

**32.** *(d)* प्रश्नानुसार,




∴ विजय का बाएँ छोर से स्थान = 7 + 11 = 18वाँ

**33.** *(b)* प्रश्नानुसार,




सचिन का नया क्रम बाएँ से 16वाँ है, जोकि राज का पूर्व क्रम था अर्थात् दाएँ से 7वाँ। अतः पंक्ति में कुल लड़कों की संख्या
= (राज का पूर्व क्रम + सचिन का नया क्रम) − 1 = (7 + 16) − 1 = 22

**34.** *(c)* बाएँ क्रम में ⟶ मधु 10वाँ स्थान
वीना 9 वाँ स्थान ⟵ दाएँ क्रम में
स्थान अन्तः परिवर्तित करने पर मधु का नया क्रमांक बाएँ से 15वाँ है। अतः वीना से अगले 8 क्रमांक जोड़ने पर कुल लड़कियों की संख्या ज्ञात हो जाएगी।
∴ लड़कियों की कुल संख्या = 15 + 8 = 23

**35.** *(b)* काव्या का नया स्थान बाईं ओर से 13वाँ है, लेकिन यह प्रीति का पुराना स्थान है जोकि दाईं ओर से 6वाँ है।
पंक्ति में लड़कियों की संख्या = (13 + 6) − 1 = 18
अब, प्रीती का नया स्थान काव्या का पुराना स्थान है।
जोकि बाईं ओर से 5वाँ है।
∴ दाईं ओर से प्रीती का नया स्थान = 18 − 5 + 1 = 13 + 1 = 14वाँ

**36.** *(d)* प्रश्नानुसार,




∴ पंक्ति में कुल पुरुषों की संख्या = 20 + 35 − 1 = 54

**37.** *(b)* प्रश्नानुसार,




∴ कतार में महिलाओं की संख्या = 7

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** राजा, रघु से धीमे चलता है और रघु, गुरु जितना तेज चलता है तथा कृष्णा, गुरु से तेज चलता है। तद्नुसार, सबसे तेज कौन चलता है? *(SSC 10+2 2012)*

(a) रघु (b) राजा
(c) कृष्णा (d) रघु तथा गुरु दोनों

**2.** वेनी, स्मिथ से एक वर्ष बड़ा है। स्मिथ, सलीम से दो वर्ष बड़ा है। राजू, सलीम से एक वर्ष बड़ा है। तद्नुसार, उनमें सबसे छोटा कौन है? *(SSC CGL 2013)*

(a) राजू (b) सलीम (c) वेनी (d) स्मिथ

**3.** M, T, R और P में M केवल P से बड़ा है, T, R से बड़ा है। इनमें सबसे बड़ा कौन है? *(IBPS PO 2013)*

(a) T (b) R
(c) T या R (d) डाटा अपर्याप्त है
(e) इनमें से कोई नहीं

**4.** M, N, T, R और D में से प्रत्येक की लम्बाई अलग-अलग है, T, D से लम्बा है किन्तु M से नाटा है, R, N से लम्बा है किन्तु D से नाटा है इनमें सबसे लम्बा कौन है? *(IBPS PO 2013)*

(a) D (b) T (c) M (d) R (e) N

**5.** गीता, सीता से अधिक सुन्दर है लेकिन रीता जितनी सुन्दर नहीं है, तो *(UPSC CSAT 2018)*

(a) सीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है
(b) सीता, रीता से अधिक सुन्दर है
(c) रीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है
(d) गीता, रीता से अधिक सुन्दर है

**6.** 52 बच्चों की एक कक्षा में बिलाल का स्थान नीचे से 11वाँ है। सलमान, बिलाल से 9 स्थान ऊपर है। ऊपर से सलमान का क्या स्थान है? *(SSC CPO 2017)*

(a) 37वाँ (b) 33वाँ (c) 38वाँ (d) 35वाँ

**7.** रमन, ऊपर से 19वाँ है तथा नीचे से 25वाँ है। पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं? *(SSC MTS 2017)*

(a) 42 (b) 44 (c) 43 (d) 45

**8.** एक पंक्ति में, A तथा B के मध्य में 6 लड़के हैं तथा A पंक्ति में सबसे पहला लड़का है। B तथा C के मध्य में 3 लड़के हैं। यदि C के पश्चात् 12 लड़के हों, तो पंक्ति में कम-से-कम कितने लड़के हैं? *(SSC CGL 2017)*

(a) 20 (b) 16 (c) 24 (d) 18

**9.** एक पंक्ति में 39 कलम हैं। लाल कलम बाईं छोर से 9वीं है तथा हरी कलम बाईं छोर से 21वीं है। लाल तथा हरी कलम के मध्य कितनी कलम हैं? *(SSC MTS 2018)*

(a) 11 (b) 12 (c) 10 (d) 13

**10.** लड़कों की एक पंक्ति में, कमल का स्थान बाएँ छोर से 31वाँ है तथा करन का स्थान दाएँ ओर से 29वाँ है। अपने स्थानों को परस्पर बदलने के बाद, कमल का स्थान बाएँ छोर से 43वाँ हो जाता है। पंक्ति में कितने लड़के हैं? *(SSC Steno 2017)*

(a) 68 (b) 71 (c) 72 (d) 70

**11.** लड़कों की एक पंक्ति में अमन ऊपर से 12वें स्थान तथा बमन नीचे से 18वें स्थान पर है। यदि अमन तथा बमन के मध्य में 6 लड़के हैं, तो पंक्ति में अधिकतम कितने लड़के हैं? *(SSC CPO 2017)*

(a) 34 (b) 36 (c) 35 (d) 37

**12.** लड़कियों की एक पंक्ति में वीणा आरम्भ से 12वीं है और अन्त से 19वीं। लड़कियों की एक अन्य पंक्ति में सुनीता आरम्भ से 14वीं है और अन्त से 20वीं। दोनों पंक्तियों में कुल मिलाकर कितनी लड़कियाँ हैं? *(SSC MTS 2013)*

(a) 72 (b) 65 (c) 63 (d) 61

**13.** एक कक्षा में अनिल का ऊपर से सातवाँ स्थान है। रोहित, सुमित से सात स्थान आगे है और अनिल से तीन स्थान पीछे है। विजय नीचे से 4वें स्थान पर है, वह सुमित से 32 स्थान पीछे है, कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं? *(MPPSC Pre 2014)*

(a) 39 (b) 49 (c) 52 (d) 62

**14.** 45 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, एक बालक का 20वाँ स्थान है। जब दो और बालक प्रवेश लेते हैं, तो एक स्थान नीचे हो जाता है। उसका अन्त से नया स्थान क्या है? *(UPSC CSAT 2013)*

(a) 25वाँ (b) 26वाँ (c) 27वाँ (d) 28वाँ

**15.** 21 लड़कियों की एक पंक्ति में जब मोनिका चार स्थान दाईं ओर खिसकी, तो वह बाएँ सिरे से 12वीं हो गई। पंक्ति के दाएँ सिरे से उसकी पहली स्थिति क्या थी? *(SSC CGL 2011)*

(a) 10वीं (b) 14वीं (c) 11वीं (d) 12वीं

**16.** 15 बच्चों की एक पंक्ति में जब राजू को दाईं ओर तीन स्थान स्थानान्तरित कर दिया गया, तो दाएँ छोर से वह 8वें नम्बर पर आ गया। यह बताइए कि पंक्ति के बाएँ छोर से उसका पूर्व स्थान क्या था? *(SSC Steno 2011)*

(a) 14वाँ (b) 5वाँ (c) 6वाँ (d) 12वाँ

**17.** एक पंक्ति में बाईं ओर से A का स्थान 11वाँ है और B का स्थान दाईं ओर से 10वाँ है। यदि उन दोनों के स्थान बदल दिए जाएँ, तो A बाईं ओर से 18वें स्थान पर आ जाएगा। इस पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं? *(SSC CGL 2011)*

(a) 28 (b) 29 (c) 27 (d) 31

**18.** किसी कतार में A बाएँ से 15वें स्थान पर और B दाएँ से 7वें स्थान पर है। इनके बीच में तीन व्यक्ति हैं और C, A के ठीक बाईं ओर है। बताइए कि C का दाएँ से कौन-सा स्थान है? *(RRB Clerk 2011)*

(a) 11वाँ (b) 9वाँ (c) 10वाँ (d) 12वाँ
(e) इनमें से कोई नहीं

**19.** 41 बच्चों की एक कक्षा में सौरभ का ऊपर से 8वाँ स्थान है। ममता, सौरभ से 7 स्थान नीचे है। ममता का नीचे से कौन-सा स्थान है? *(PNB Clerk 2010)*

(a) 27वाँ (b) 29वाँ
(c) 28वाँ (d) 26वाँ
(e) जानकारी अधूरी है

**20.** अमन, रोहित, सुरेश, दानिश तथा आलोक को भार के घटते हुए क्रम में व्यवस्थित किया गया है। अमन ऊपर से तीसरा है। आलोक, दानिश तथा अमन के मध्य में हैं, जबकि दानिश सबसे ऊपर नहीं है। सबसे ऊपर कौन है? *(SSC CPO 2017)*

(a) अमन (b) रोहित
(c) सुरेश (d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**21.** A, B से लम्बा है। C, A से लम्बा है। D, E से लम्बा है लेकिन B से छोटा है। तद्नुसार, उनमें सबसे लम्बा कौन है? *(SSC CGL 2017)*

(a) C (b) A (c) D (d) B

**22.** दक्षिण की ओर मुँह करके खड़े 25 बच्चों की एक पंक्ति में R दाएँ सिरे से 16वें क्रम पर है तथा B बाएँ सिरे से 18वें क्रम पर है। R और B के बीच कितने बच्चे हैं? *(SBI PO 2010)*

(a) 2 (b) 3 (c) 4
(d) जानकारी अधूरी है (e) इनमें से कोई नहीं

**23.** 60 विद्यार्थियों की कक्षा में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से दोगुनी है। राम का स्थान कक्षा में ऊपर से 17वाँ है। यदि राम से पहले 9 लड़कियाँ हैं, तो राम के बाद कितनी लड़कियाँ हैं? *(IBPS PO 2011)*

(a) 10 (b) 11 (c) 15 (d) 20
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** बच्चों की एक पंक्ति में अमर बाएँ से 8वाँ है। यदि दाईं ओर चार स्थान खिसकाया जाए, तो वह संध्या जो दाएँ से 16वीं है, के बाएँ तीसरा हो जाता है। पंक्ति में कुल कितने बच्चें हैं?
(a) 29 (b) 31
(c) 30 (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**25.** यदि बच्चों की एक पंक्ति में, जो उत्तर की ओर मुख करके खड़े हैं, भरत दाएँ सिरे से 11वाँ है तथा समीर के दाएँ तीसरा है एवं समीर बाएँ सिरे से 15वाँ है, तो पंक्ति में कुल कितने बच्चे हैं? *(IBPS Clerk 2011)*
(a) 29 (b) 28
(c) 30 (d) 27
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** कक्षा X में राहुल का क्रमांक प्रारम्भ से 9वाँ और अन्तिम से 14वाँ है। कक्षा X से पास किए गए विद्यार्थियों के बीच राहुल का क्रमांक प्रारम्भ से 5वाँ और अन्तिम से 11वाँ हो जाता है। बताइए कि कितने विद्यार्थी कक्षा X में अनुत्तीर्ण किए गए? *(MAT 2011)*
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**27.** A, B से 2 वर्ष बड़ा है। B, C से 5 वर्ष छोटा है। C, D से 3 वर्ष बड़ा है। D, E से 6 वर्ष छोटा है। सबसे छोटा कौन है? *(SSC Steno 2017)*
(a) A (b) B (c) C (d) D

**28.** P का भार Q का दोगुना है। Q का भार R का आधा है। R का भार T का 3 गुना है। T का भार S का आधा है। Q का भार P, R, S तथा T में से कितने व्यक्तियों से अधिक है? *(SSC Steno 2017)*
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**29.** किसी पंक्ति में श्री मान X सामने से 14वें स्थान पर है और श्री मान Y अन्त से 17वें स्थान पर है, जबकि श्री मान Z, श्री मान X और श्री मान Y के ठीक मध्य में है। यदि श्री मान X, श्री मान Y के आगे है और पंक्ति में कुल 48 व्यक्ति हैं तो श्री मान X और श्री मान Z के बीच कितने व्यक्ति हैं? *(UPSC CSAT 2011)*
(a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9

**30.** A, B, C, D तथा E, 5 पुस्तकें एक-दूसरे के ऊपर रखी हैं। C, A तथा B के मध्य रखी है। D तथा E एकसाथ रखी हैं। E, B के ऊपर रखी है। कौन-सी पुस्तक मध्य में रखी है? *(SSC MTS 2017)*
(a) B अथवा E (b) E (c) C (d) B

**31.** एक सीढ़ी पर सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G (इस क्रम में नहीं) हैं। A, E से ऊपर है, लेकिन C से नीचे है। B मध्य में है। G, A और B के बीच में है। E, B और F के बीच में है। यदि F, E और D के बीच में है, तो सीढ़ी के सबसे निचले सोपान पर कौन-सा व्यक्ति होगा? *(UPSC CSAT 2014)*
(a) B (b) F (c) D (d) E

**32.** विचार कीजिए कि
I. A, B से लम्बा है। II. C, A से लम्बा है।
III. D, C से लम्बा है। IV. E सबसे लम्बा है।

अब, यदि इन्हें उपरोक्त लम्बाई के अनुसार क्रम में बैठाया जाए, तो ठीक बीच में कौन बैठेगा? *(UPSC CSAT 2014)*
(a) A (b) B
(c) C (d) D

**33.** A, B, C, D व E कक्षा में पाँच छात्र हैं। D ने A या E के साथ प्रवेश नहीं किया, बल्कि C से पहले किया। B ने C से पहले प्रवेश नहीं किया, बल्कि A के साथ किया तथा E ने सबसे अन्त में प्रवेश नहीं किया। निम्न में से कौन-सा निश्चित रूप से सत्य है?
(a) C ने कक्षा में केवल D के बाद प्रवेश किया
(b) D ने कक्षा में केवल E के बाद प्रवेश किया
(c) B ने कक्षा में A के बाद प्रवेश किया
(d) A ने कक्षा में D के बाद प्रवेश किया

**34.** 17 बोगी वाली अन्दर से जुड़ी एक ट्रेन के बीच के डिब्बे में एक खोनचेवाला है। वह 6 डिब्बे पीछे आकर अगले स्टेशन पर उतर जाता है। अब वह इंजन से लगे तीसरे डिब्बे में चढ़ जाता है। वह अपने पहले स्थान से कितने डिब्बे दूर है? *(UPSSSC कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा 2015)*
(a) 5 (b) 8
(c) 3 (d) 6

**35.** एक परीक्षा में रणधीर को, कुणाल और देबू को मिले कुल अंकों से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। कुणाल और शंकर को मिले कुल अंक रणधीर के अंकों से अधिक हैं। सोनल को शंकर से अधिक अंक मिले हैं। नेहा को रणधीर से अधिक अंक मिले हैं। इनमें से सबसे अधिक अंक किसे प्राप्त हुए हैं। *(UPSC CSAT 2017)*
(a) रणधीर (b) नेहा
(c) सोनल (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**36.** P, Q, R और S चार पुरुष हैं। P सबसे अधिक आयु का है, परन्तु सबसे अधिक गरीब नहीं है। R सबसे अधिक धनवान है, परन्तु सबसे अधिक आयु वाला नहीं है। Q की आयु S से अधिक है, किन्तु P या R की आयु से अधिक नहीं है। P, Q से अधिक धनवान है, परन्तु S से अधिक धनवान नहीं है। चारों पुरुषों को क्रमशः आयु और धनाढ्यता के अवरोही क्रम में निम्नलिखित किस रूप में क्रमबद्ध कर सकते हैं? *(UPPSC Pre 2010)*
(a) PQRS, RPSQ (b) PRQS, RSPQ
(c) PRQS, RSQP (d) PRSQ, RSPQ

**37.** आयु पूर्णांक में लिखी गई हो तथा कोई भी दो व्यक्ति समान आयु के नहीं हों। महेश, विकास से 1 वर्ष बड़ा है। विकास, जगन से 2 वर्ष बड़ा है। जगन, सुरेश से 1 वर्ष छोटा है। सुरेश, महेश से 2 वर्ष छोटा है। अकमल, जगन से 2 वर्ष छोटा है।
निम्न में से सबसे बड़े से छोटे की ओर सही क्रम कौन-सा है? *(NIFT PG 2014)*
(a) महेश, विकास, जगन, सुरेश, अकमल
(b) महेश, विकास, सुरेश, अकमल, जगन
(c) महेश, विकास, सुरेश, जगन, अकमल
(d) महेश, जगन, विकास, अकमल, सुरेश

**38.** अमर, अकबर और एन्टोनी मित्र हैं, जिनकी देख-रेख उनकी मेट्रन फराह करती है। अमर का वजन, अकबर के वजन से 50% अधिक है और एन्टोनी का वजन, अमर के वजन से 25% कम है। फराह इन तीनों लड़कों के कुल वजन के एक-तिहाई वजन की है। इन चारों का कुल वजन 232 किग्रा है। इन व्यक्तियों का उनके वजन के आधार पर आरोही क्रम में सही क्रम है *(SSC CGL 2014)*
(a) एन्टोनी, अकबर, फराह तथा अमर
(b) एन्टोनी, अकबर, अमर तथा फराह
(c) अकबर, एन्टोनी, अमर तथा फराह
(d) अकबर, एन्टोनी, फराह तथा अमर

***निर्देश*** (प्र.सं. 39-41) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(IBPS Clerk Pre 2018)*

छः व्यक्ति जिनमें प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। A,C और D से लम्बा लेकिन E से छोटा है। एक, जो तीसरा सबसे छोटा है, उसकी ऊँचाई है 102 सेमी है। B, A से लम्बा है। E सबसे लम्बा नहीं है, एक जो दूसरा सबसे लम्बा है उसकी ऊँचाई 119 सेमी है। इन सभी में न A और न ही C तीसरा सबसे छोटा व्यक्ति है। इन सभी में C सबसे छोटा नहीं है। F, D से लम्बा है।

**39.** इन सभी में दूसरा सबसे लम्बा कौन है?
(a) F (b) E
(c) A (d) C
(e) इनमें से कोई नहीं

**40.** A की सम्भावित ऊँचाई क्या हो सकती है?
(a) 120 सेमी (b) 100 सेमी
(c) 112 सेमी (d) 101 सेमी
(e) इनमें से कोई नहीं

**41.** निम्न में से कौन तीसरा सबसे छोटा है?
(a) A (b) C (c) B (d) F
(e) इनमें से कोई नहीं

**42.** सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U तथा V तैरने की सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और उन्हें पूरा करते हैं। किसी भी प्रतियोगिता की समाप्ति बराबरी पर नहीं होती। प्रतियोगिता की समाप्ति पर V सदैव कहीं पर P से आगे और P कहीं Q से आगे रहता है। या तो R सदैव प्रथम और T अन्त में रहता है अथवा S प्रथम तथा U अथवा Q अन्त में रहते हैं। यदि किसी विशेष दौड़ में V पाँचवाँ रहता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक सत्य होगा? *(UPPSC Pre 2012)*
(a) S प्रथम रहेगा (b) R दूसरे स्थान पर रहेगा
(c) T तीसरे स्थान पर रहेगा (d) R चौथे स्थान पर रहेगा

***निर्देश*** (प्र. सं. 43-45) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IPPB Assist. Manager 2016)***

छह व्यक्तियों J, K, L, M, N तथा O के एक परीक्षा में अलग-अलग अंक हैं। K के अंक केवल M से कम हैं। J के अंक L तथा O से अधिक हैं लेकिन N से कम हैं। O के अंक सबसे कम नहीं है। जिस व्यक्ति के दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा अंक हैं, उसके 85 अंक हैं। जिस व्यक्ति के दूसरे स्थान पर सबसे कम अंक है। उसके 50 अंक है।

**43.** कितने व्यक्तियों के अंक O से ज्यादा है?
(a) तीन से अधिक (b) इनमें से कोई नहीं
(c) एक (d) तीन
(e) दो

**44.** व्यक्तियों के अंकों के आधार पर, यदि K + M = 179 तब M + O =......
(a) 121
(b) 135
(c) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य
(d) 150
(e) 144

**45.** यदि N के अंक, O के अंकों से 21 ज्यादा है, तब N के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) N के अंक, K के अंकों से 28 कम है
(b) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(c) N तथा L के अंकों का योग 130 से अधिक है
(d) N ने 69 अंक प्राप्त किए
(e) N ने विषम संख्या में अंक प्राप्त किए

***निर्देश*** (प्र.सं. 46-48) *निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RRB PO Pre 2018)***

छः मित्र M, N, O, P, Q और R अलग-अलग लम्बाई के हैं। N, Q से लम्बा है परन्तु M से छोटा है। M से लम्बे केवल 2 लोग हैं। R, Q तथा O दोनों से लम्बा है तथा Q सबसे छोटा नहीं है। दूसरे सबसे छोटे व्यक्ति की लम्बाई 154 सेमी है।

**46.** यदि P, 181 सेमी लम्बा है, तथा R से लम्बा है, तो निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
I. P से लम्बा कोई भी नहीं है।
II. O सबसे छोटा है।
III. P तथा Q की लम्बाईयों का अन्तर 27 सेमी है।
(a) केवल I सत्य है (b) I एवं III दोनों सत्य हैं
(c) केवल II सत्य है (d) सभी I, II एवं III सत्य हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**47.** N से छोटे कितने लोग है?
(a) 3 (b) 4 (c) 1 (d) 2
(e) 5

**48.** यदि M, Q से 19 सेमी लम्बा है, तब M की लम्बाई क्या होगी?
(a) 167 सेमी (b) 173 सेमी
(c) 177 सेमी (d) 154 सेमी
(e) 164 सेमी

***निर्देश*** (प्र. सं. 49-51) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए व प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Office Assist. 2017)***

छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F ने एक स्टोर से अलग-अलग संख्या में पुस्तकें खरीदी हैं। C, ने केवल दो व्यक्तियों से ज्यादा पुस्तकें खरीदी हैं। A ने केवल F से कम पुस्तकें खरीदी हैं। E ने B और C दोनों से ज्यादा पुस्तकें खरीदी हैं। B ने सबसे कम पुस्तकें नहीं खरीदी हैं। जिस व्यक्ति ने दूसरे स्थान पर सबसे कम पुस्तकें खरीदी हैं। उसने 9 पुस्तकें खरीदी हैं।

**49.** यदि E ने 15 पुस्तकें खरीदी हैं, तो C ने सम्भावित कितनी पुस्तकें खरीदी है?
(a) 7 (b) 20 (c) 8 (d) 17
(e) 13

**50.** B ने कितनी पुस्तकें खरीदी हैं?
(a) 16 (b) 7
(c) 9 (d) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(e) 2

**51.** तीसरे स्थान पर सबसे ज्यादा पुस्तकें किसने खरीदी है?
(a) दिए गए विकल्पों से कोई नहीं
(b) D (c) E (d) A (e) C

***निर्देश*** (प्र. सं. 52 और 53) *निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(MPPSC Pre 2017)***

छह व्यक्ति (A, B, C, D, E और F) एक उपन्यास को पढ़ते हैं, लेकिन उनके पास पुस्तक की केवल एक ही प्रति है। इसलिए उपन्यास को एक समय, एक ही व्यक्ति पढ़ सकता है। उनके उपन्यास को पढ़ने की विधि को ध्यान से देखने पर निम्नलिखित बातें सामने आती हैं

- दो व्यक्तियों ने E से पहले उपन्यास को पढ़ लिया है।
- C अन्तिम व्यक्ति को उपन्यास देता है।
- F के पढ़ने के पहले, B और D ने उपन्यास को पढ़ना समाप्त कर दिया है।
- A और F के बीच तीन व्यक्ति हैं, जो पुस्तक पढ़ चुके हैं।
- A को D से उपन्यास नहीं मिलता।

**52.** उपन्यास को पढ़ने वाला पहला व्यक्ति कौन है?
(a) D (b) A (c) B (d) F

**53.** उपन्यास को पढ़ने वाला चौथा व्यक्ति कौन था?
(a) D (b) A (c) B (d) F

***निर्देश*** (प्र. सं. 54-56) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
छह स्टोर्स P, Q, R, S, T तथा U में से प्रत्येक एक दिन में अलग-अलग संख्या में किताबें बेचता है। केवल तीन स्टोर, U से कम किताबें बेचते हैं। P, R से ज्यादा किताबें बेचता है। T सबसे ज्यादा संख्या में किताबें नहीं बेचता है। S, R तथा P से ज्यादा किताबें बेचता है, लेकिन U से कम। वह स्टोर जो दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा किताबें बेचता है, 72 किताबें बेचता है। ***(IBPS PO Pre 2017)***

**54.** Q ने लगभग कितनी किताबें बेची?
(a) 43 (b) 58 (c) 71 (d) 65 (e) 89

**55.** निम्न में से कौन-सा स्टोर दूसरे स्थान पर सबसे कम किताबे बेचता है?
(a) T (b) P (c) S (d) R (e) Q

**56.** यदि P तथा T द्वारा बेची गई किताबों की संख्या 125 है, तब P ने कितनी किताबें बेची?
(a) 51 (b) 76 (c) 68 (d) 45 (e) 53

***निर्देश*** (प्र. सं. 57-59) *दी गई जानकारी का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

कुछ लड़के और लड़कियाँ एक पंक्ति में खड़े हैं। पहली लड़की के बाद 1 लड़का है, फिर दूसरी के बाद 2 लड़के और इसी क्रम में आगे पंक्ति में खड़े हैं। पंक्ति में कुल 35 लड़के और लड़कियाँ हैं। ***(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)***

**57.** 21वें और 30वें स्थान के मध्य कितनी लड़कियाँ हैं?

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) कोई नहीं
(a) D (b) B
(c) C (d) A

**58.** 5वें और 17वें स्थान के मध्य कितने लड़के हैं?

(A) 12 (B) 10
(C) 8 (D) 13
(a) D (b) C
(c) B (d) A

**59.** कुल कितनी लड़कियाँ हैं?

(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 9
(a) D (b) B
(c) C (d) A

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* प्रश्नानुसार, लड़कों के चलने का क्रम निम्नवत् होगा
कृष्णा > गुरु = रघु > राजा
अतः सबसे तेज कृष्णा चलता है।

**2.** *(b)* प्रश्नानुसार,
वेनी > स्मिथ > राजू > सलीम
अतः सलीम सबसे छोटा है।

**3.** *(a)* प्रश्नानुसार, M > P (M केवल P से बड़ा अर्थात् अन्य सभी से छोटा)
तथा T > R
∴ T > R > M > P
अतः इनमें सबसे बड़ा T है।

**4.** *(c)* प्रश्नानुसार, M > T > D
तथा D > R > N
∴ M > T > D > R > N
अतः सबसे लम्बा M है।

**5.** *(a)* प्रश्नानुसार, सुन्दरता के घटते क्रम में लगाने पर,
रीता > गीता > सीता
अतः सीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है।

**6.** *(b)* प्रश्नानुसार,
बिलाल का ऊपर से स्थान = (52 − 11 + 1)वाँ = 42वाँ
चूँकि सलमान बिलाल से 9 स्थान ऊपर है।
∴ सलमान का ऊपर से स्थान = (42 − 9)वाँ ⇒ 33वाँ
अतः सलमान का स्थान ऊपर से 33वाँ होगा।

**7.** *(c)* पंक्ति में कुल व्यक्तियों की संख्या = (रमन का ऊपर से स्थान + रमन का नीचे से स्थान) − 1
= (19 + 25) − 1 = 44 − 1 ⇒ 43

**8.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि पंक्ति में कम-से-कम 16 लड़के हैं।

**9.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः लाल कलम और हरी कलम के मध्य कलमों की संख्या
= 21 − 9 − 1 = 11

**10.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अपने स्थान को बदलने पर कमल बाएँ ओर से 43वें स्थान तथा दाएँ ओर से 29वें स्थान पर पहुँच जाता है।
अतः पंक्ति में कुल लड़कों की संख्या = (43 + 29) − 1 = 71

**11.** *(b)* अमन तथा बमन के बीच लड़कों की संख्या = पंक्ति में लड़कों की कुल संख्या − (अमन का ऊपर से स्थान + बमन का नीचे से स्थान)
⇒ 6 = पंक्ति में लड़कों की कुल संख्या − (12 + 18)
⇒ पंक्ति में लड़कों की कुल संख्या = 6 + 30 = 36

**12.** *(c)* पहली पंक्ति में,
वीणा प्रारम्भ से 12वीं तथा अन्त से 19वीं है।
∴ पहली पंक्ति में लड़कियों की कुल संख्या
= 12 + 19 − 1 = 30
दूसरी पंक्ति में,
सुनीता आरम्भ से 14वीं तथा अन्त से 20वीं है।
∴ दूसरी पंक्ति में लड़कियों की कुल संख्या
= 14 + 20 − 1 = 33
तथा दोनों पंक्तियों में लड़कियों की कुल संख्या
= 30 + 33 = 63

**13.** *(c)* प्रश्नानुसार,




∴ कक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या = 49 + 3 = 52

**14.** *(c)* प्रश्नानुसार,
दो बालकों के प्रवेश के बाद कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या = 45 + 2 = 47
तथा बालक का प्रारम्भ से स्थान = 20 + 1 = 21वाँ
∴ बालक का अन्त से स्थान = 47 − 21 + 1 = 27 वाँ

**15.** (b) प्रश्नानुसार,




∴ मोनिका की दाएँ सिरे से पहली स्थिति

= 21 – 12 + 4 + 1 = 26 – 12 = 14वीं

**16.** (b) प्रश्नानुसार,




राजू का बाएँ सिरे से पूर्व स्थान = 15 – (8 + 3) + 1

= 15 – 11 + 1

= 16 – 11 = 5वाँ

**17.** (c) प्रश्नानुसार,




अतः पंक्ति में व्यक्तियों की संख्या = (18 + 10) – 1 = 28 – 1 = 27

**18.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः दाएँ से C का स्थान = 7 + 3 + 2 = 12वाँ

**19.** (a) प्रश्नानुसार,

ममता का नीचे से स्थान = 41 – (8 + 7 – 1) = 41 – 14 = 27वाँ

**20.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि सबसे ऊपर रोहित है या सुरेश यह ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**21.** (a) प्रश्नानुसार,

E < D< B< A< C

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि C सबसे लम्बा होगा।

**22.** (e) प्रश्नानुसार,




B और R के बीच बच्चों की कुल संख्या = 7

**23.** (b) माना लड़कियों की संख्या x है।

तब, लड़कों की संख्या = 2x

कुल विद्यार्थियों की संख्या = 60

∴ लड़कियों की संख्या = $60 \times \frac{x}{x+2x} = 60 \times \frac{x}{3x} = 20$

लड़कों की संख्या = $60 \times \frac{2x}{x+2x} = 60 \times \frac{2x}{3x} = 40$

राम के बाद लड़कियों की संख्या = 20 – 9 = 11

**24.** (c) प्रश्नानुसार,




∴ पंक्ति में बच्चों की कुल संख्या = (8 + 4 + 3 + 16) – 1 = 31 – 1 = 30

**25.** (b) प्रश्नानुसार,




∴ पंक्ति में बच्चों की कुल संख्या = (15 + 11 + 3) – 1 = 29 – 1 = 28

**26.** (c) प्रश्नानुसार,

कक्षा X में कुल विद्यार्थियों की संख्या = (9 + 14) – 1 = 23 – 1 = 22

कक्षा X में उत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = (5 + 11) – 1 = 16 – 1 = 15

अतः कक्षा X में अनुत्तीर्ण कुल विद्यार्थियों की संख्या = 22 – 15 = 7

**27.** (b) माना B की आयु = $x$

∴ A की आयु = $x + 2$

C की आयु = $x + 5$

D की आयु = C – 3 = $(x + 5) - 3 = x + 2$

E की आयु = D + 6 = $x + 8$

अतः B सबसे छोटा है।

**28.** (a) माना Q का भार = $x$

P का भार = $2x$

R का भार = $2x$

T का भार = $\frac{2x}{3}$

S का भार = $\frac{4x}{3}$

∴ $\frac{2x}{3} < x < \frac{4x}{3} < 2x$

अतः Q का भार केवल एक व्यक्ति T से अधिक है।

**29.** (c) प्रश्नानुसार,




X तथा Y के बीच व्यक्तियों की संख्या = 48 – (14 + 17)

= 48 – 31 = 17

X तथा Z के बीच व्यक्तियों की संख्या = $\frac{17-1}{2} = \frac{16}{2} = 8$

**30.** (d) प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि पुस्तक B मध्य में रखी है।

**31.** *(c)* निम्न चित्र में दिए गए विवरण के अनुसार व्यक्तियों को स्थान दिया गया है।

सातवाँ — C
छठा — A
पाँचवाँ — G
चौथा — B [मध्य में दिया गया है]
तीसरा — E
दूसरा — F
पहला — D

अतः सबसे निचले सोपान पर D है।

**32.** *(c)* दिए गए चार कथनों पर आधारित क्रम निम्न प्रकार प्राप्त होगा,
I. A, B से लम्बा है $\Rightarrow A > B$
II. C, A से लम्बा $\Rightarrow C > A$
दोनों कथनों से, $C > A > B$
III. D, C से लम्बा है।
$\therefore D > C \Rightarrow D > C > A > B$ [कथन I व II से)
IV. E सबसे लम्बा है।
$\therefore E > D > C > A > B$
उपरोक्त से स्पष्ट है लम्बाई के क्रम में बैठाए जाने पर C को मध्य स्थान मिलेगा।

**33.** *(d)* प्रश्नानुसार, $D > C$
$C > B + A$
परन्तु E सबसे अन्त में नहीं।
$\therefore$ $E > D > C > B + A$
या $D > E > C > B + A$
अतः निश्चित रूप से यह सत्य है कि A ने कक्षा में D के बाद प्रवेश किया।

**34.** *(a)* प्रश्नानुसार,




17 डिब्बों में बीच वाला डिब्बा $= \frac{17+1}{2} = 9$ वाँ डिब्बा
अब, वह 6 डिब्बे पीछे जाकर अर्थात् $9 + 6 = 15$ वें डिब्बे से उतर जाता है।
अब वह इंजन से लगे तीसरे डिब्बें में चढ़ा।
$\therefore$ उसकी पहले स्थान से दूरी $= (9-3) - 1 = 5$ डिब्बे

**35.** *(d)* रणधीर > कुणाल + देबू
रणधीर < कुणाल + शंकर
सोनल > शंकर
नेहा > रणधीर
या तो नेहा या फिर सोनल को सर्वाधिक अंक मिले हैं। अतः आँकड़े पर्याप्त नहीं है।

**36.** *(b)* प्रश्नानुसार,
अवरोही क्रम निम्नवत् होगा
आयु के अनुसार, $P > R > Q > S$
धन के अनुसार, $R > S > P > Q$

**37.** *(c)* प्रश्नानुसार,
महेश > विकास [1 वर्ष]
विकास > जगन [2 वर्ष]
सुरेश > जगन [1 वर्ष]
महेश > सुरेश [2 वर्ष]
जगन > अकमल [2 वर्ष]
$\therefore$ महेश > विकास > सुरेश > जगन > अकमल

**38.** *(d)* प्रश्नानुसार,
माना अकबर का वजन x किग्रा है।
तब, अमर का वजन $= x + x \times \frac{50}{100} = x + \frac{x}{2} = \frac{3x}{2}$ किग्रा
एन्टोनी का वजन $= \frac{3x}{2} - \frac{3x}{2} \times \frac{25}{100}$
$= \frac{3x}{2} - \frac{3x}{8} = \frac{12x - 3x}{8} = \frac{9x}{8}$ किग्रा
फराह का वजन $= \left(x + \frac{3x}{2} + \frac{9x}{8}\right) \times \frac{1}{3}$
$= \frac{8x + 12x + 9x}{8} \times \frac{1}{3} = \frac{29x}{8} \times \frac{1}{3} = \frac{29x}{24}$ किग्रा
चारों का कुल वजन $= x + \frac{3x}{2} + \frac{9x}{8} + \frac{29x}{24}$
$\Rightarrow \frac{24x + 36x + 27x + 29x}{24} = 232 \Rightarrow 116x = 5568$
$\therefore$ $x = \frac{5568}{116} = 48$ किग्रा
अतः अकबर का वजन = x किग्रा = 48 किग्रा
अमर का वजन $= \frac{3x}{2}$ किग्रा $= \frac{48 \times 3}{2} = 72$ किग्रा
एन्टोनी का वजन $= \frac{9x}{8}$ किग्रा $= \frac{48 \times 9}{8} = 54$ किग्रा
फराह का वजन $= \frac{29x}{24}$ किग्रा $= \frac{48 \times 29}{24} = 58$ किग्रा
$\therefore$ आरोही क्रम $= 48 < 54 < 58 < 72$
$\Rightarrow$ अकबर < एन्टोनी < फराह < अमर

**उत्तर** (प्र. सं. 39-41) दी गई जानकारी के अनुसार,
$B > E > A > F > C > D$
119 सेमी (E), 102 सेमी (F)

**39.** *(b)* E दूसरा सबसे लम्बा व्यक्ति है।

**40.** *(c)* स्पष्ट है कि A की लम्बाई 119 सेमी से कम तथा 102 सेमी से अधिक होगी। अतः A की लम्बाई 112 सेमी हो सकती है।

**41.** *(d)* उपरोक्त में तीसरा सबसे छोटा F होगा।

**42.** *(a)* प्रश्नानुसार, $V > P > Q$
प्रथम R > ... > T अन्तिम
या प्रथम S > > U/Q अन्तिम
$\therefore$ $S > R > T > U > V > P > Q$
या $S > T > R > U > V > P > Q$
या $S > U > R > T > V > P > Q$
..........................................
..........................................
अतः दौड़ में V पाँचवाँ रहता है, तो S प्रथम रहेगा।

**उत्तर** (प्र. सं. 43-45) प्रश्नानुसार,
$M > K$ ...(i)
$N > J > L, O$ ...(iii)
लेकिन O ने सबसे कम अंक प्राप्त नहीं किए
$\therefore$ $N > J > O > L$ ...(iii)
अब, समी (i) तथा (ii) से,
$M > K > N > J > O > L$
K ↓ 85, O ↓ 50

**43.** *(a)* चार व्यक्तियों के अंक O से ज्यादा है।

**44.** *(e)* $K + M = 179 \Rightarrow 85 + M = 179$ [$\because K = 85$]
$\therefore$ $M = 94$
अब, $M + O = 94 + 50$ [$\because O = 50$]
$\Rightarrow$ $M + O = 144$

**45.** *(e)* दिया है, N = O + 21

N = 50 + 21  [∵ O = 50]

= 71

उपरोक्त से स्पष्ट है कि N ने विषम संख्या में अंक प्राप्त किए।

**उत्तर** (प्र. सं. 46-48) दी गई जानकारी के अनुसार सभी व्यक्तियों को लम्बाई के अनुसार अवरोही क्रम में लगाने पर,

R/P > R/P > M > N > Q > O

(R या P)  (P या R)  154 सेमी

**46.** *(d)* यदि P, R से लम्बा है तो P सबसे लम्बा होगा तथा P की लम्बाई 181 सेमी होने पर P तथा Q की लम्बाईयों का अन्तर 181 – 154 = 27 सेमी।
तथा O सबसे छोटा है। इस प्रकार सभी कथन सत्य हैं।

**47.** *(d)* N से छोटे केवल 2 लोग Q एवं O हैं।

**48.** *(b)* यदि M, Q से 19 सेमी लम्बा है, तब M की लम्बाई होगी
= 154 + 19 = 173 सेमी

**उत्तर** (प्र. सं. 49-51) व्यक्तियों को उनकी पुस्तकों की संख्या अनुसार व्यवस्थित करने पर,

F > A > E > C > B > D
↓
9 पुस्तकें

**49.** *(e)* C, 9 से ज्यादा व 15 से कम पुस्तकें खरीदेगा। अतः C केवल 13 पुस्तकें खरीदेगा।

**50.** *(c)* B ने 9 पुस्तकें खरीदी हैं।

**51.** *(c)* E ने तीसरे स्थान पर सबसे ज्यादा पुस्तकें खरीदी हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 52 और 53) दी गई जानकारी के अनुसार क्रम निम्न है

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| B | A | E | D | C | F |

**52.** *(c)* उपन्यास को पढ़ने वाला पहला व्यक्ति B है।

**53.** *(a)* उपन्यास को पढ़ने वाला चौथा व्यक्ति D था।

**उत्तर** (प्र. सं. 54-56) दी गई जानकारी से, व्यवस्था निम्न है

Q > T > U > S > P > R
72

**54.** *(e)* दिया गया है कि जिस स्टोर ने दूसरे स्थान पर सबसे अधिक किताबें बेची हैं, उसने 72 किताबें बेची हैं। उपरोक्त से स्पष्ट है कि स्टोर T ने दूसरे स्थान पर सबसे अधिक किताबें बेची हैं। अतः स्टोर Q ने सबसे अधिक किताबें बेची हैं। विकल्पों के आधार पर कहा जा सकता है कि स्टोर Q ने 89 किताबें बेची हैं। क्योंकि दूसरे स्थान पर स्टोर T ने 72 किताबें बेची हैं।

**55.** *(b)* दी गई व्यवस्था से यह स्पष्ट है कि स्टोर P ने दूसरे स्थान पर सबसे कम किताबें बेची है।

**56.** *(e)* दिया है, P + T = 125

∵ T = 72

∴ P + 72 = 125

⇒ P = 125 – 72 = 53

⇒ P = 53

अतः स्टोर P ने 53 किताबें बेची।

**उत्तर** (प्र. सं. 57-59) प्रश्नानुसार,

माना लड़की = G, लड़का = B

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| G | B | G | B | B | G | B | B | B | G | B | B | B | B | G | B | B | B | B | B |
| 1 | | 2 | | | 3 | | | | 4 | | | | | 5 | | | | | |

| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| G | B | B | B | B | B | B | G | B | B | B | B | B | B | B |
| 6 | | | | | | | 7 | | | | | | | |

**57.** *(d)* 21वें और 30वें स्थान के मध्य केवल एक लड़की हैं, जो 28वें स्थान पर खड़ी है।

**58.** *(b)* 5वें और 17वें स्थान के मध्य 8 लड़के हैं।

**59.** *(b)* उपरोक्त से स्पष्ट है कि कुल 7 लड़कियाँ हैं।

# 11

# बैठक व्यवस्थिकरण

## (Sitting Arrangement)

व्यक्तियों या वस्तुओं के समूह को, दी गई विशेष परिस्थिति या नियमों के अनुसार, क्रम में बैठाने या व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को बैठक व्यवस्थिकरण कहा जाता है।

इस अध्याय के अन्तर्गत आने वाले प्रश्न साधारणतः व्यक्तियों के बैठने के क्रम, बैठने की दिशा, बैठने की व्यवस्था आदि की दी गई जानकारियों पर आधारित होते हैं। सामान्यतया प्रश्न में दी गई जानकारियाँ अव्यवस्थित रहती हैं, इसलिए प्रश्न में दी गई विभिन्न जानकारियों को सावधानीपूर्वक क्रमानुसार व्यवस्थित करके प्रश्नों का उत्तर दिया जाता है।

इस अध्याय में सामान्यतया चार प्रकार के प्रश्नों का वर्णन किया गया है

## प्रकार *1.* रेखीय क्रम व्यवस्था

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत दी गई जानकारी रेखा या पंक्ति में स्थित व्यक्तियों या वस्तुओं पर आधारित होती हैं, जिनमें कुछ व्यक्तियों या वस्तुओं के समूह दिए गए होते हैं तथा उनका क्रम भी दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को व्यक्तियों/वस्तुओं को एक या दो सीधी रेखाओं में सही क्रम में व्यवस्थित करना होता है। इसी आधार पर किसी एक व्यक्ति या वस्तु का स्थान किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु के सापेक्ष ज्ञात करना होता है।

रेखीय क्रम व्यवस्थिकरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार निम्नवत् है

### 1. केवल एक पंक्ति में व्यवस्थिकरण

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति एक पंक्ति में या किसी वस्तु जैसे–बैंच या कुर्सी पर इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनके मुख एक विशेष दिशा की ओर हों।




इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में बाएँ एवं दाएँ से सम्बन्धित जानकारियों को दो स्थितियों में व्यवस्थित किया जाता है।

**स्थिति I**

यदि प्रश्न में दिए गए तथ्यों से मुख की दिशा स्पष्ट नहीं हो, तो आप अपने आप को आधार मानकर बाएँ और दाएँ को व्यवस्थित करें।

दूसरे शब्दों में, हम इस स्थिति में कह सकते हैं कि हमारा बायाँ और दायाँ व्यक्ति या वस्तु का बायाँ और दायाँ है;

जैसे–पाँच छात्र A, B, C, D एवं E एक पंक्ति में बैठे हैं।




(यहाँ, L-बायाँ, R -दायाँ)

दिए गए आरेख से स्पष्ट है कि

(i) B, C, D और E, A के दाईं ओर हैं किन्तु केवल B, A के तुरन्त दाईं ओर है।

(ii) D, C, B और A, E के बाईं ओर हैं किन्तु केवल D, E के तुरन्त बाईं ओर है।

(iii) C, D और E, B के दाईं ओर हैं किन्तु केवल C, B के तुरन्त दाईं ओर है।

(iv) C, B और A, D के बाईं ओर हैं किन्तु केवल C, D के तुरन्त बाईं ओर है।

(v) D और E, C के दाईं ओर हैं किन्तु केवल D, C के तुरन्त दाईं ओर है।

(vi) B और A, C के बाईं ओर हैं किन्तु केवल B, C के तुरन्त बाईं ओर है।

(vii) A, B के तुरन्त बाईं ओर है जबकि E, D के तुरन्त दाईं ओर है।

रेखीय क्रम व्यवस्था के प्रश्नों को हल करने के लिए आगे दिए गए उदाहरणों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें।

**_उदाहरण_ 1. छः विद्यार्थी A, B, C, D, E और F एक बैंच पर बैठे हैं। B, F और D के बीच में है। E, A और C के बीच में है। A, F और D के बगल में नहीं बैठा है। C, D के बगल में नहीं बैठा है। बताइए कि A के ठीक दाएँ कौन बैठा है?**

(a) B (b) C (c) D (d) E

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्न में दी गई जानकारियों के आधार पर छः विद्यार्थियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः A के ठीक दाएँ E बैठा है।

***उदाहरण* 2.** P, Q, R, S और T साथ बैठे हैं। T एक अन्तिम छोर पर है। P, T का पड़ोसी है और Q के बाएँ से तीसरे स्थान पर है। T के दाएँ से चौथे स्थान पर कौन है? ***(SSC 10+2 2017)***

(a) P (b) T (c) Q (d) S

***व्याख्या*** *(c)* दी गई जानकारी के अनुसार यहाँ T, P व Q की स्थिति दी गई है परन्तु R व S के स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अतः बचे हुए दो स्थानों पर R व S में से कोई भी हो सकता है।




आरेख से स्पष्ट है कि T के दाएँ से चौथे स्थान पर Q बैठा है।

**स्थिति II**

यदि प्रश्न में दिए गए तथ्यों से मुख की दिशा स्पष्ट हो, तो आप प्रश्न के तथ्यों के अनुसार बाएँ और दाएँ को व्यवस्थित करें। जैसे—पाँच छात्र A, B, C, D एवं E एक पंक्ति में आपकी ओर मुख करके बैठे हैं, तब इस स्थिति में छात्रों का मुख आपके मुख की विपरीत दिशा में है।




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि

(i) A के बाएँ = B, C, D और E

(ii) E के दाएँ = D, C, B और A

(iii) B, A के तुरन्त बाएँ है, C, B के तुरन्त बाएँ है, D, C के तुरन्त बाएँ, और E, D के तुरन्त बाएँ है।

(iv) D, E के तुरन्त दाएँ है, C, D के तुरन्त दाएँ है, B, C के तुरन्त दाएँ है और A, B के तुरन्त दाएँ है।

***उदाहरण* 3.** छः मित्र A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं। C, A और E के बीच में बैठा है, D किसी छोर पर नहीं बैठा है, B, E के निकटतम दाईं ओर बैठा है, F दाईं छोर पर नहीं है, लेकिन D, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। निम्न में से D के बाईं ओर कौन बैठा है? ***(SSC CPO 2013)***

(a) A (b) F (c) E (d) C

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार, A, B, C, D, E और F का क्रम निम्नवत् है




अतः स्पष्ट है कि D के बाईं ओर F बैठा है।

***उदाहरण* 4.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए

A, B, C, D, E, F, G और H एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख कर खड़े हैं।

B, G का पड़ोसी नहीं है।

F, G के ठीक दाएँ है और E का पड़ोसी है।

G अन्तिम छोर पर नहीं है।

A, E के बाएँ से छठा है।

H, C के दाएँ से छठा है।

उपर्युक्त के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) C, A के ठीक बाएँ है ***(UPPSC Pre 2017)***

(b) D, B और F का सन्निकट पड़ोसी है

(c) G, D के ठीक दाएँ है

(d) A और E अन्तिम छोरों पर हैं

***व्याख्या*** *(c)* दी गई जानकारी के अनुसार,




अतः G, D के ठीक दाएँ है।

***उदाहरण* 5.** पाँच मित्र A, B, C, D और E दक्षिण की ओर मुख किए बैठे हैं। A, B और D के बीच बैठा है। C, D के बाईं ओर बैठा है। यदि E, B के दाईं ओर बैठा है, तो A और C के बीच कौन बैठा है?

(a) D

(b) B

(c) E

(d) ज्ञात नहीं कर सकते

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि A और C के ठीक बीच में D बैठा है।

## 2. दो पंक्तियों में व्यवस्थिकरण

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति एक पंक्ति में और कुछ व्यक्ति दूसरी पंक्ति में बैठे होते हैं। यदि व्यक्ति दो पंक्तियों में बैठे हुए हैं, तो आपको एक पंक्ति में बाएँ तथा दाएँ अपने अनुरूप व्यवस्थित करने चाहिए और उसके सामने की दूसरी पंक्ति के बाएँ तथा दाएँ, पहली पंक्ति के विपरीत व्यवस्थित करने चाहिए।




***उदाहरण* 6.** 4 मित्र, A, B, C, D एक कॉफी शॉप में बैठे हैं। A व B आमने-सामने बैठे हैं। D, A के बगल में नहीं बैठा है किन्तु वह A के चेहरे के भावों को स्पष्ट रूप से देख सकता है। B, C से बात कर रहा है, जो उसके सामने बैठा है। निम्न में से कौन साथ-साथ बैठे हैं? ***(SSC Steno 2015)***

(a) A और B (b) D और C

(c) A और D (d) A और C

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार,

- A व B आमने-सामने बैठे है।
- D, A के बगल में नहीं बैठा है अर्थात् D, A के सामने विकर्णवत् बैठा है।
- B, C के सामने विकर्णवत् आयताकार मेज के दूसरी ओर बैठा है।

∴ A, B, C और D के बैठने का क्रम निम्नवत् होगा




उपरोक्त से स्पष्ट है कि A और C साथ बैठे हैं।

**उदाहरण 7.** छः व्यक्ति A, B, C, D, E तथा F दो पंक्तियों में बैठे हुए हैं और प्रत्येक पंक्ति में तीन-तीन व्यक्ति बैठते हैं। यदि E किसी पंक्ति के अन्त में नहीं है, D, F के बाएँ ओर एक को छोड़कर है, C एवं E अगल-बगल, D के विकर्णवत् सामने बैठते हैं और B एवं F अगल-बगल बैठते हैं। तब, B के सामने कौन बैठा है? *(BSSC 10+2 2014)*

(a) A (b) E (c) C (d) D

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार, प्रत्येक पंक्ति में तीन-तीन व्यक्ति बैठे हैं।

- E किसी पंक्ति के अन्त में नहीं है अर्थात् E पंक्ति के बीच में होगा।
- D, F के बाईं ओर एक को छोड़कर है, क्योंकि प्रत्येक पंक्ति में तीन व्यक्ति है अतः स्पष्ट है कि D व F पंक्ति के दोनों कोनों पर होंगे।
- C व E अगल-बगल व D के विकर्णवत् सामने बैठते हैं, अतः D, C व E के सामने वाली पंक्ति में होगा।
- B व F अगल-बगल बैठते हैं।

अतः प्रश्नानुसार, छः व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न होगा।




आरेख से स्पष्ट है कि B के सामने E बैठा है।

# प्रश्नावली 11.1

**1.** एक पंक्ति में खड़े हुए पाँच सदस्यों में से U के दाईं ओर तथा Q के बाईं ओर R है। Q के दाईं ओर तथा S के बाईं ओर P है। इस पंक्ति के मध्य में विद्यमान सदस्य को ढूँढिए। *(RRB AO 2010)*

(a) R (b) Q (c) P (d) S

**2.** एक पंक्ति में पाँच घर A, B, C, D और E हैं। A, B के दाएँ और C के बाएँ है। E, A के दाएँ है। B, D के दाएँ है। यह बताइए कि कौन-सा घर मध्य में है? *(MAT 2010)*

(a) E (b) A (c) B (d) D

**3.** पाँच मित्र एक पंक्ति में, दक्षिण दिशा में देखते हुए बैठे हैं। उनमें मोहन, बालू और राजू के बीच में है और राजू, परवीन के बिल्कुल निकट दाईं ओर है। इसी तरह अमित, बालू के दाईं ओर है। तद्नुसार, सबसे दाईं ओर कौन है? *(SSC GD 2017)*

(a) अमित (b) बालू (c) परवीन (d) मोहन

**4.** चार बच्चे एक पंक्ति में बैठे हैं। A, B की बगल वाली सीट पर बैठा है, लेकिन C के बगल में नहीं। यदि C, D की बगल में नहीं बैठा है, तो D के अगल-बगल की सीट/सीटों पर कौन है/हैं? *(UPSC CSAT 2014)*

(a) केवल B (b) केवल A
(c) B और A (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**5.** किट्टू, मोहन व सोहन के बीच में है। राजू, सोहन के बाईं ओर तथा श्याम, मोहन के दाईं ओर है। यदि सोहन, मोहन के बाएँ बैठा है और सभी उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं, तो सबसे दाएँ कौन है? *(UKPSC Upper 2016)*

(a) किट्टू (b) मोहन
(c) सोहन (d) श्याम

**6.** 6 लड़के P, Q, R, S, T तथा U एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े हैं। P तथा Q पहले या दूसरे स्थान पर नहीं हैं। R तथा S हमेशा साथ हैं तथा R एक छोर पर हैं। R के दाएँ S नहीं है। पश्चिमी छोर पर कौन खड़ा है? *(SSC CPO 2017)*

(a) S (b) S या U (c) T (d) T या U

**7.** P, Q, R, S तथा T एक पंक्ति में पश्चिम की ओर मुख करके बैठे हैं। P तथा Q एकसाथ बैठे हैं। R दक्षिण छोर पर बैठा है तथा S उत्तरी छोर पर बैठा है। T, Q तथा R का पड़ोसी है। मध्य में कौन बैठा है? *(SSC Steno 2017)*

(a) P (b) Q
(c) R (d) S

**8.** छः बच्चे A, B, C, D, E तथा F एक पंक्ति में खड़े हैं। B, F और D के बीच में है। E, A और C के बीच में है। A न तो F के साथ खड़ा है और न ही D के साथ। C, D के साथ नहीं खड़ा है। F बच्चों के निम्न युग्मों में से किसके बीच में है? *(SSC FCI 2012)*

(a) B और E (b) B और C
(c) B और D (d) B और A

**9.** पाँच मित्र P, Q, R, S और T एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। S, T और Q के बीच में बैठा है और Q, R के निकटतम बाईं ओर बैठा है। P, T के निकटतम बाईं ओर है। बीच में कौन बैठा है? *(SSC MTS 2014)*

(a) S (b) T (c) O (d) R

**10.** पाँच भिन्न-भिन्न रंगों की बसें दक्षिण दिशोन्मुख एक पंक्ति में खड़ी हैं। उनमें काली बस, लाल बस के ठीक दाईं ओर खड़ी है, हरी बस, नीली और पीली के बीच में खड़ी है तथा पीली बस, काली और हरी के बीच में है, तब बिल्कुल बीच में किस रंग की बस है? *(SSC MTS 2008)*

(a) पीली (b) नीली (c) काली (d) हरी

**11.** छः लड़के एक पंक्ति में बैठे हैं। जोस और मनु की स्थिति राजू के सन्निकट है। उदय के सन्निकट गोपी और राम हैं। गोपी, जोस अथवा मनु किसी से भी अगला नहीं है। राम भी मनु से अगले स्थान पर नहीं बैठा है, तो जोस के सन्निकट कौन बैठा है?

(a) राजू और उदय (b) राजू और मनु
(c) राजू और राम (d) केवल राजू

**12.** A, B, C, D और E एक बैंच पर बैठे हैं। उनमें A, B के बराबर में बैठा है तथा C, D के बराबर में, परन्तु D, E के पास नहीं बैठा है, क्योंकि E बैंच के बाएँ किनारे पर बैठा है। C का स्थान दाईं ओर से दूसरा है तथा A, B और E के दाईं ओर है, परन्तु A और C साथ बैठे हैं, तब A किस स्थान पर बैठा है? *(SSC CGL 2012)*

(a) B और D के बीच में (b) B और C के बीच में
(c) E और D के बीच में (d) C और E के बीच में

**13.** छः व्यक्ति M, N, O, P, Q और R, तीन व्यक्ति प्रति पंक्ति के अनुसार दो पंक्तियों में बैठे हैं। Q किसी भी पंक्ति के अन्त में नहीं है। P, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। O, Q का पड़ोसी है और P के विकर्णवत् सम्मुख है। N, R का पड़ोसी है। उपरोक्त सूचना के आधार पर N के सम्मुख कौन है? *(UPPSC Pre 2010)*

(a) R (b) Q (c) P (d) M

**14.** पाँच लड़के A, B, C, D तथा E एक पंक्ति में हैं। A, B के दाईं ओर है और E, B के बाईं ओर, लेकिन C के दाईं ओर है और A, D के बाईं ओर है। यह बताइए कि बाईं ओर से दूसरा लड़का कौन है? *(Delhi B.Ed 2011)*

(a) D (b) A (c) E (d) B

***निर्देश*** (प्र. सं. 15-19) *दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए।* *(IBPS Clerk Pre 2016)*

एक परिवार के सात सदस्य A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में खड़े (जरूरी नहीं इसी क्रम में हों) हैं। C और B के मध्य उतने व्यक्ति खड़े हैं, जितने G और C के मध्य खड़े हैं। D का स्थान बाएँ छोर से तीसरा और E के बाएँ तीसरा है। A और D तथा F और C परस्पर पड़ोसी हैं। B, E का पड़ोसी है।

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) A, F के बाएँ तीसरा है
(b) D, E के बाएँ तीसरा है
(c) F, A के दाएँ तीसरा है
(d) B, C के बाएँ तीसरा है
(e) C, B के बाएँ तीसरा है

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) C और E पड़ोसी है
(b) E, F के निकटतम बाएँ है
(c) C, D के निकटतम बाएँ है
(d) A, D के निकटतम बाएँ है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित में से पंक्ति के एकदम दाएँ छोर पर कौन है?
(a) G (b) B
(c) E (d) आँकड़े पर्याप्त नहीं हैं
(e) F

**18.** निम्नलिखित में से कौन-से दो जोड़े निकटतम पड़ोसियों को दर्शाते हैं?
(a) A, C और D, C (b) A, B और E, G
(c) D, C और E, F (d) C, F और C, E
(e) इनमें से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से F के निकटतम दाएँ कौन खड़ा है?
(a) E (b) C
(c) G (d) A
(e) B

***निर्देश*** (प्र. सं. 20-24) *नीचे दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2015)***

- आठ मित्र G, H, I, J, N, O, P और Q एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं, परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम क्रम में।
- H, O के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। O पंक्ति के किसी एक छोर पर बैठा है।
- H और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं।
- I, J के बाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। J और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।
- P, N का एक निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**20.** निम्न में से वह व्यक्ति कौन है जो पंक्ति के एकदम दाएँ छोर पर बैठा है?
(a) P (b) Q (c) O (d) I (e) G

**21.** निम्न में से कौन J और G के बीच में बैठे हैं?
(a) O, Q (b) H, O (c) O, P (d) N, Q (e) H, N

**22.** N के सन्दर्भ में P का क्या स्थान है?
(a) बाएँ को तीसरा (b) दाएँ को दूसरा
(c) दाएँ को चौथा (d) दाएँ को तीसरा
(e) बाएँ को दूसरा

**23.** दी गई व्यवस्था के आधार पर Q के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) Q और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं
(b) Q के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं
(c) दिए गए विकल्पों में कोई भी सत्य नहीं हैं
(d) I और G दोनों Q के निकटतम पड़ोसी हैं
(e) P, Q के एकदम दाएँ बैठा है।

**24.** P और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) एक (b) दो (c) चार (d) तीन
(e) कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 25-27) *प्रत्येक प्रश्न नीचे दी गई जानकारियों पर आधारित है। दी गई जानकारियों को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2017)***

पाँच व्यक्ति एक कतार में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हुए हैं। इन व्यक्तियों में से दो व्यक्ति जो बिल्कुल छोर पर हैं, इन दोनों में से एक बुद्धिमान है तथा दूसरा मुर्ख है। एक मोटा व्यक्ति एक कमजोर व्यक्ति के दाईं ओर बैठा है। एक लम्बा व्यक्ति, मुर्ख व्यक्ति के बाईं ओर बैठा है। कमजोर व्यक्ति, बुद्धिमान व्यक्ति और मोटे व्यक्ति के बीच में बैठा है।

**25.** लम्बा व्यक्ति दाईं ओर से किस स्थान पर है?
(a) पहला (b) दूसरा (c) तीसरा (d) चौथा
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**26.** वह व्यक्ति जोकि कमजोर व्यक्ति के बाईं ओर है, उसमें कौन-से लक्षण व्याप्त हैं?
(a) मूर्ख (b) लम्बा (c) बुद्धिमान (d) मोटा
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**27.** यदि मूर्ख व्यक्ति और मोटा व्यक्ति आपस में अपना स्थान अदल-बदल कर लें, इसी प्रकार लम्बा और कमजोर व्यक्ति भी आपस में स्थान अदल-बदल कर लें, तो कौन-सा व्यक्ति, कमजोर व्यक्ति के बाईं ओर बैठा होगा?
(a) मूर्ख (b) मोटा
(c) कमजोर (d) बुद्धिमान
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

***निर्देश*** (प्र. सं. 28-32) *निम्न प्रश्नों का उत्तर दी गई जानकारी के आधार पर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2018)***

I. A, B, C, D तथा E एक पंक्ति में बैठे हुए हैं तथा दक्षिण दिशा की ओर देख रहे हैं। जबकि M, N, O, P तथा Q दूसरी समानान्तर पंक्ति में बैठे हुए हैं तथा उत्तर दिशा की ओर देख रहे हैं।
II. M, D के सामने है जो B के तुरन्त बाईं ओर है।
III. P, M तथा Q के ठीक बीच में है।
IV. B के ठीक सामने O है जबकि Q के ठीक सामने A है।
V. Q तथा C एक-दूसरे के विकर्णवत् है।

**28.** N के ठीक सामने कौन है?
(a) B (b) C (c) E
(d) तय नहीं कर सकते (e) इनमें से कोई नहीं

**29.** E के तुरन्त बाएँ कौन है?
(a) A (b) D (c) B
(d) तय नहीं कर सकते (e) इनमें से कोई नहीं

**30.** O तथा P के ठीक बीच में कौन है?
(a) N (b) Q
(c) M (d) तय नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**31.** O के तुरन्त बाएँ कौन है?
(a) M (b) Q (c) P (d) N
(e) इनमें से कोई नहीं

**32.** P के ठीक सामने के व्यक्ति के तुरन्त दाईं ओर कौन-सा व्यक्ति है?
(a) E (b) D (c) A
(d) तय नहीं कर सकते (e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 33-37) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Pre 2016)***

आठ व्यक्ति दो समानान्तर पंक्तियों में बैठे हैं, प्रत्येक पंक्ति में चार व्यक्ति हैं। ये सभी इस प्रकार बैठे हैं कि प्रत्येक निकटस्थ व्यक्तियों के बीच समान दूरी है। पहली पंक्ति में M, N, O और P बैठे हैं, परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में और इन सभी का मुख उत्तर की ओर है। दूसरी पंक्ति में W, X, Y और Z बैठे हैं (परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में) और इन सभी का मुख दक्षिण दिशा की ओर है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि बैठने की इस व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति में बैठे अन्य व्यक्ति की ओर है। O, पंक्ति के एकदम किनारे पर बैठे व्यक्ति के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। वह व्यक्ति जिसका मुख O की ओर है, वह W का निकटतम पड़ोसी है। X, W के निकटतम दाएँ बैठा है। वह व्यक्ति, जिसका मुख X की ओर है, वह P के बाएँ किसी स्थान पर बैठा है। P का मुख W की ओर नहीं है। वह व्यक्ति, जिसका मुख Z की ओर है, वह M के निकटतम दाएँ बैठा है।

**33.** वह व्यक्ति जिसका मुख Z की ओर है, उसके निकटतम पड़ोसी/पड़ोसियों को निम्नलिखित में से कौन्-सा/से व्यक्ति दर्शाते है/हैं?
(a) केवल O (b) N और M
(c) केवल N (d) केवल M
(e) M और P

**34.** निम्नलिखित में कौन-से व्यक्ति क्रमशः O और Z के निकटतम दाएँ बैठे हैं?
(a) P, W (b) N, W (c) N, Y (d) P, X
(e) M, W

**35.** वह व्यक्ति, जिनका मुख W के निकटतम पड़ोसियों की ओर है, उनके एकदम दाएँ बैठे व्यक्ति कौन है/हैं?
(a) केवल P (b) P और N (c) केवल M (d) केवल O
(e) M और P

**36.** N के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) Y की ओर मुख किए व्यक्ति के एकदम बाएँ
(b) O के दाएँ दूसरा
(c) P के एकदम बाएँ
(d) Z की ओर मुख किए व्यक्ति के बाएँ दूसरा
(e) दिए गए कथनों में कोई भी सत्य नहीं है

**37.** निम्न में से किसका मुख P की ओर है?
(a) या तो Z या W (b) X
(c) Z (d) Y (e) W

***निर्देश*** (प्र. सं. 38-42) *दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए।* ***(IBPS PO Pre 2017)***

दस लोग, प्रत्येक पंक्ति में पाँच के हिसाब से, दो समानान्तर पंक्तियों में इस तरह बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्तियों के बीच एकसमान दूरी है। पंक्ति 1 में P, Q, R, S और T बैठे हैं और उन सबका मुँह दक्षिण की ओर हैं। पंक्ति 2 में A, B, C, D और E बैठे हैं और उन सबका मुँह उत्तर की ओर है इसलिए, बैठने की दी गई व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे व्यक्ति का मुँह दूसरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति की ओर है।

D, A के बाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। P का मुँह D के निकटस्थ पड़ोसी की ओर है। R, P के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। Q व S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B और E एक-दूसरे के निकटस्थ पड़ोसी हैं। E का मुँह P व Q की ओर नहीं है।

**38.** Q व T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**39.** निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, अतः उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) R (b) S (c) C (d) T (e) A

**40.** निम्न में से कौन पंक्तियों के ठीक बीच में बैठे व्यक्तियों को निरूपित करता है?
(a) PE (b) SD (c) SA (d) AR (e) PB

**41.** B के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा सत्य है?
(a) A व C, B के निकटस्थ पड़ोसी है
(b) B पंक्ति के एक अन्तिम छोर पर बैठा है
(c) Q का मुँह B की ओर है
(d) B का मुँह जिस व्यक्ति की ओर है, T उसका निकटस्थ पड़ोसी है
(e) D, B के एकदम बाईं ओर बैठा है

**42.** निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) TE (b) QC (c) SB (d) RA (e) PD

***निर्देश*** (प्र. सं. 43-47) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2014)***

दस व्यक्ति दो समान्तर पंक्तियों में, प्रत्येक पंक्ति में पाँच व्यक्ति, इस प्रकार बैठे हैं कि सन्निकट व्यक्तियों के बीच की दूरी समान रहती है।

पंक्ति 1 में R, S, T, U और V बैठे हैं (परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में) और उन सभी का मुख उत्तर दिशा में है।

पंक्ति 2 में F, G, H, I और J बैठे हैं (परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में) और उन सभी का मुख दक्षिण दिशा में है। इसलिए दिए हुए बैठक व्यवस्थिकरण में एक पंक्ति में बैठे व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति के सामने है। T उस व्यक्ति के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है जो F के सामने है। F और I के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठते हैं, वह व्यक्ति जिसका मुख U की ओर है, H के निकटतम बाईं ओर बैठता है। H और J के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठता है। वह व्यक्ति जिसका मुख G की ओर है, R के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठता है। H का मुख V की ओर नहीं है।

**43.** निम्न में किन व्यक्तियों का समूह दोनों पंक्तियों के सिरों पर बैठे व्यक्तियों को दर्शाता है?
(a) F, J, U, R (b) I, F, V, S (c) J, I, V, T (d) H, G, T, R
(e) E, G, T, U

**44.** निम्न में से कौन उस व्यक्ति के निकटतम दाईं ओर बैठता है जो R के सम्मुख है?
(a) I (b) H (c) J (d) F (e) G

**45.** G के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा सत्य है?
(a) J, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठता है
(b) V उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है जो G के सम्मुख है
(c) H और I, दोनों G के निकटतम पड़ोसी हैं
(d) G और I के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठते हैं
(e) दिए हुए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**46.** दी गई जानकारी के अनुसार, निम्न में से कौन सत्य है?
(a) J, S के निकटतम पड़ोसियों में से एक के सम्मुख है
(b) J, I का निकटतम पड़ोसी है
(c) F, U के सम्मुख है
(d) U, S और T के ठीक बीच में बैठता है
(e) दिए हुए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**47.** निम्न में से कौन S के सम्मुख है?
(a) G (b) H (c) J (d) I (e) F

***निर्देश*** (प्र. सं. 48-52) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB 2016)***

नौ व्यक्ति E, F, G, H, K, L, M, N और O एक सीधी रेखा में उत्तर की ओर मुख करके एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

रेखा के किसी भी अन्तिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति और E के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K,E के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। H,M के बाएँ स्थान पर बैठा है। M रेखा के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। M, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H और K के मध्य बैठे हुए व्यक्तियों की संख्या, M और O के मध्य बैठे हुए व्यक्तियों की संख्या का दोगुना है। G और E के मध्य दो से अधिक व्यक्ति बैठे हैं। G, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F, L का निकटतम पड़ोसी है, लेकिन H का नहीं।

**48.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान है। इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) N, E (b) M, H (c) K, L (d) O, N
(e) F, O

**49.** दी गई बैठने की व्यवस्था के अनुसार, N के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
(a) N, H का निकटतम पड़ोसी है
(b) N, M के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है
(c) N रेखा के किसी एक छोर पर बैठा है
(d) N और G के मध्य दो से अधिक व्यक्ति बैठे हैं
(e) दिया गया कोई भी विकल्प सत्य नहीं है

**50.** H के बाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) N (b) K (c) F (d) E
(e) कोई नहीं क्योंकि H पंक्ति के किसी एक किनारे पर बैठा है

**51.** N और O के ठीक मध्य में कौन बैठा है?
(a) H, L (b) F, O (c) F, E (d) M, K (e) K, O

**52.** निम्न में से किस युग्म के व्यक्तियों के मध्य बैठे हुए व्यक्तियों की संख्या सम है?
(a) G, E (b) K, L (c) F, M (d) O, M (e) K, N

***निर्देश*** (प्र. सं. 53-59) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

आठ व्यक्ति H, I, J, K, L, M, N तथा O एक सीधी रेखा में एक-दूसरे से समान दूरी पर खड़े हैं। उनमें से कुछ का मुख उत्तर की ओर है तथा कुछ का दक्षिण की ओर। H के दाएँ तीसरे स्थान पर M खड़ा है। M रेखा के किसी एक छोर पर खड़ा है। H के बाएँ तीसरे स्थान पर L खड़ा है। J के अगल-बगल खड़े व्यक्तियों का मुख उत्तर की ओर है। N, H के एकदम निकट नहीं खड़ा है। रेखा के दोनों छोरों पर खड़े व्यक्तियों का मुख एक ही ओर (दोनों का मुख या तो उत्तर की ओर है या दक्षिण की ओर) है। H के अगल-बगल खड़े व्यक्तियों का मुख M के मुख से विपरीत दिशा की ओर है। O के अगल-अगल खड़े व्यक्तियों का मुख एक-दूसरे से विपरीत दिशा की ओर है। L का एक निकटतम पड़ोसी K है, जिसका मुख उत्तर की ओर है। J तथा M के बीच में I खड़ा है। चार से अधिक व्यक्तियों का मुख उत्तर की ओर नहीं है।

**53.** निम्नलिखित में से कौन N के बाएँ तीसरे स्थान पर खड़ा है?
(a) K (b) J (c) H (d) I (e) O

**54.** L के अगल-बगल खड़े व्यक्ति हैं
(a) M तथा N (b) N तथा O (c) K तथा N (d) N तथा H
(e) J तथा H

**55.** I तथा O के ठीक बीच में कितने व्यक्ति खड़े हैं?
(a) तीन (b) चार (c) एक (d) दो
(e) कोई नहीं

**56.** निम्नलिखित में से कौन H के ठीक बाएँ खड़ा है?
(a) O (b) J (c) I (d) L (e) K

**57.** निम्नलिखित पाँच में से चार उपरोक्त व्यवस्था के आधार पर एक निश्चित प्रकार से एक समान हैं तथा वे अपना एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक है, जो इस समूह में शामिल नहीं है?
(a) N (b) L (c) O (d) J (e) K

**58.** निम्नलिखित में से कौन J तथा L के ठीक बीच में है?
(a) N (b) O (c) H (d) I
(e) कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से कौन J के दाएँ चौथे स्थान पर खड़ा है?
(a) N (b) I (c) H (d) L (e) K

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* प्रश्नानुसार, पाँचों सदस्यों के खड़े होने का क्रम निम्नवत् है




अतः पंक्ति के मध्य में Q खड़ा है।

**2.** *(b)* प्रश्नानुसार, घरों का क्रम निम्नवत् है




अतः मध्य में घर A है।

**3.** *(a)* प्रश्नानुसार, मित्रों के बैठने का क्रम निम्न होगा




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि सबसे दाईं तरफ 'अमित' है।

**4.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः D के बगल की सीट पर केवल A बैठा होगा।

**5.** *(d)* दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि श्याम सबसे दाएँ है।

**6.** *(d)* दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि पश्चिमी छोर पर T या U है।

**7.** *(b)* प्रश्नानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि पंक्ति के मध्य में Q बैठा है।

**8.** *(b)* प्रश्नानुसार, बच्चों का क्रम निम्नवत् है




अतः F, B और C के बीच में है।

**9.** *(a)* प्रश्नानुसार, पाँच मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः बीच में S बैठा है।

**10.** *(a)* प्रश्नानुसार, बसों के खड़े होने का क्रम निम्नवत् है




अतः बिल्कुल बीच में पीले रंग की बस है।

**11.** *(c)* प्रश्नानुसार, लड़कों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः जोस के सन्निकट राम और राजू बैठे हैं।

**12.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः A, B और C के बीच में बैठा है।

**13.** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः N के सम्मुख Q बैठा है।

**14.** *(c)* प्रश्नानुसार, लड़कों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः बाएँ से दूसरे स्थान पर E बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 15-19) दी गई जानकारी के अनुसार,




**15.** *(d)* सदस्य B, C के बाएँ तीसरा है।

**16.** *(d)* सदस्य A, D के निकटतम बाएँ है।

**17.** *(b)* सदस्य B, पंक्ति के एकदम दाएँ छोर पर बैठा है।

**18.** (c) सदस्य D, C और E, F निकटतम पड़ोसियों के समूह को दर्शाते हैं।

**19.** *(a)* सदस्य E, F के निकटतम दाएँ खड़ा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 20-24) दी गई जानकारी के अनुसार, व्यक्तियों के बैठने का क्रम




**20.** *(e)* G पंक्ति के दाएँ छोर पर बैठा है।

**21.** *(d)* N तथा Q, J तथा G के ठीक बीच में बैठे हैं।

**22.** *(a)* N के सन्दर्भ में P बाएँ से तीसरा है।

**23.** *(b)* Q के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।

**24.** *(d)* P और G के बीच में तीन व्यक्ति बैठे हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 25-27) पाँचों व्यक्तियों के कतार में बैठने का क्रम निम्नवत् है




**25.** *(b)* लम्बा व्यक्ति दाईं ओर से दूसरे स्थान पर है।

**26.** *(c)* बुद्धिमान व्यक्ति कमजोर व्यक्ति के बाईं ओर है।

**27.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः स्थान परिवर्तन होने पर, मूर्ख व्यक्ति, कमजोर व्यक्ति के बाईं ओर बैठा होगा।

**उत्तर** (प्र. सं. 28-32) दी गई जानकारी के अनुसार,




**28.** *(b)* N के ठीक सामने C बैठा है।

**29.** *(a)* E के तुरन्त बाएँ A बैठा है।

**30.** *(c)* O और P के ठीक मध्य M बैठा है।

**31.** *(d)* O के तुरन्त बाएँ N बैठा है।

**32.** *(b)* P के ठीक सामने बैठे व्यक्ति के ठीक दाईं ओर D बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 33-37) दी गई जानकारी के अनुसार,




**33.** *(e)* O का मुख Z की ओर है, और O के निकटतम पड़ोसी M और P हैं।

**34.** *(a)* व्यक्ति O और Z के निकटतम दाएँ क्रमशः व्यक्ति P और W हैं।

**35.** *(e)* व्यक्ति W के निकटतम पड़ोसी X और Z हैं तथा व्यक्ति N और O का मुख क्रमशः व्यक्ति X और Z की ओर हैं। व्यक्ति N और O के निकटतम दाएँ क्रमशः M और P हैं।

**36.** *(d)* O का मुख Z की ओर है तथा व्यक्ति N, O के बाएँ दूसरा है।

**37.** *(d)* व्यक्ति Y का मुख P की ओर है।

**उत्तर** (प्र. सं. 38-42) दी गई जानकारी के अनुसार,




**38.** *(c)* Q व T के बीच दो व्यक्ति P और S बैठे हैं।

**39.** *(b)* S को छोड़कर, अन्य सभी पंक्ति के अन्त में बैठे हैं।

**40.** *(e)* P और B पंक्ति के बीच में बैठे व्यक्तियों को निरूपित करते हैं।

**41.** *(e)* D, B के एकदम बाईं ओर बैठा है, जो निश्चित रूप से सत्य है।

**42.** *(d)* R A के अतिरिक्त अन्य सभी में, दूसरा उसका पड़ोसी है, जो पहले की तरफ मुँह करके बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 43-47) दी गई जानकारी के अनुसार, व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न है




***43.*** *(c)* J, I, V और T पंक्तियों के सिरों पर बैठे व्यक्तियों को दर्शाता है।

***44.*** *(c)* R के सम्मुख F के निकटतम दाईं ओर J बैठा है।

***45.*** *(c)* H और I, दोनों G के निकटतम पड़ोसी हैं।

***46.*** *(d)* U, S और T के ठीक बीच में बैठा है।

***47.*** *(b)* H, S के सम्मुख है।

**उत्तर** (प्र. सं. 48-52) दी गई जानकारी के अनुसार




***48.*** *(d)* O और N के अलावा अन्य सभी युग्मों के मध्य तीन व्यक्ति बैठे हैं।

***49.*** *(e)* दिया गया कोई भी विकल्प सत्य नहीं है।

***50.*** *(c)* F, H के बाएँ दूसरा बैठा है।

***51.*** *(d)* N और O के मध्य M और K दोनों बैठे हैं।

***52.*** *(a)* G व E के मध्य बैठे हुए व्यक्तियों की संख्या सम है।

**उत्तर** (प्र.सं. 53-59) प्रश्नानुसार आठों लड़कों के खड़े होने का क्रम निम्नवत् होगा




***53.*** *(b)* N का मुख दक्षिण की ओर है। अतः N के बाएँ तीसरे स्थान पर J है।

***54.*** *(c)* K तथा N, L के अगल-बगल खड़े हैं।

***55.*** *(d)* I तथा O के बीच दो व्यक्ति H तथा J खड़े हैं।

***56.*** *(a)* H के ठीक बाएँ O खड़ा है।

***57.*** *(e)* K को छोड़कर, अन्य सभी का मुख दक्षिण की ओर है। K का मुख उत्तर की ओर है।

***58.*** *(b)* L तथा J के ठीक बीच में O है।

***59.*** *(d)* J के दाएँ चौथे स्थान पर L है।

## प्रकार *2.* वृत्ताकार क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति एक वृत्ताकार घेरे में या किसी गोलाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह वृत्ताकार घेरे के केन्द्र की ओर या केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।

दोनों ही स्थितियों में केन्द्र की ओर अथवा केन्द्र से बाहर की ओर को मुख, प्रत्येक व्यक्ति/वस्तु के दाएँ और बाएँ को नीचे दिए गए चित्र की सहायता से समझा जा सकता है

**स्थिति I** जब केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं, तब




**केन्द्र की ओर मुँह किए हुए**

(i) A, B के दाएँ और H के बाएँ बैठा है।
(ii) B, C के दाएँ और A के बाएँ बैठा है।
(iii) C, D के दाएँ और B के बाएँ बैठा है।
(iv) D, E के दाएँ और C के बाएँ बैठा है।
(v) E, F के दाएँ और D के बाएँ बैठा है।
(vi) F, G के दाएँ और E के बाएँ बैठा है।
(vii) G, H के दाएँ और F के बाएँ बैठा है।
(viii) H, A के दाएँ और G के बाएँ बैठा है।

***उदाहरण* 8.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। ***(MP Police SI 2017)***

**P, A, D, Q, T, M, R और B केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के इर्द-गिर्द बैठे हैं। D, T के बाएँ तीसरा है, जो P के दाएँ से पाँचवाँ है। A, B के दाएँ से तीसरा है, जोकि D के दाएँ से दूसरा है। Q, M के बाएँ से दूसरा है।**

**D के दाएँ से दूसरा कौन है?**

(a) Q (b) T (d) R (d) B

***व्याख्या*** *(d)* दी गई जानकारी को चित्र द्वारा प्रदर्शित करने के लिए सबसे पहले प्रथम जानकारी 'D, T के बाएँ तीसरा है', से प्रारम्भ करेंगे ओर अन्य जानकारियों के अनुसार चित्र को आगे बढ़ाते रहेंगे। दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




उपरोक्त व्यवस्था से स्पष्ट है कि D के दाएँ से दूसरा B है।

**स्थिति II** जब केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर मुँह करके बैठे हैं, तब




**केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर मुँह किए हुए**

(i) A, B के बाएँ और H के दाएँ बैठा है।
(ii) B, C के बाएँ और A के दाएँ बैठा है।
(iii) C, D के बाएँ और B के दाएँ बैठा है।
(iv) D, E के बाएँ और C के दाएँ बैठा है।
(v) E, F के बाएँ और D के दाएँ बैठा है।
(vi) F, G के बाएँ और E के दाएँ बैठा है।
(vii) G, H के बाएँ और F के दाएँ बैठा है।
(viii) H, A के बाएँ और G के दाएँ बैठा है।

दोनों ही स्थितियों में, A के सामने E, B के सामने F, C के सामने G तथा D के सामने H बैठा है।

**नोट** यदि प्रश्न में न दिया गया हो कि व्यक्ति का मुख किस दिशा में है, तो वृत्ताकार व्यवस्था में मुख केन्द्र की ओर मानना चाहिए।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 9-11) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IDBI Executive 2018)***

L, M, N, O, P, Q, R और S एक वृत्ताकार क्षेत्र के चारों ओर एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। कुछ व्यक्तियों का मुख केन्द्र की ओर तो कुछ व्यक्तियों का मुख बाहर की ओर (केन्द्र से विपरीत दिशा में) है।

- O का मुख केन्द्र की ओर है। S, O के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है (या तो बाएँ से या फिर दाएँ से)
- P, L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
- R, N के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। N, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
- Q, M के तुरन्त बाईं ओर बैठा है। M और L का मुख समान दिशा में है। जैसे M का मुख केन्द्र की ओर है तब L का मुख भी केन्द्र की ओर होगा और इसी प्रकार इसके विपरीत यदि M का मुख केन्द्र के बाहर की ओर है, तब L का मुख भी केन्द्र में बाहर की ओर होगा।
- Q के निकटतम पड़ोसियों का मुख विपरीत दिशा में है अर्थात् यदि एक पड़ोसी का मुख केन्द्र की ओर है तब दूसरे पड़ोसी का मुख केन्द्र के विपरीत दिशा में है और इसके उल्टा भी।
- O के निकटतम पड़ोसियों का मुख विपरीत दिशा में (अर्थात् एक पड़ोसी का मुख केन्द्र की ओर है तब दूसरे पड़ोसी का मुख विपरीत दिशा में है और इसके उल्टा भी)।
- S के निकटतम पड़ोसियों का मुख S के मुख की समान दिशा में है अर्थात् यदि S का मुख बाहर को ओर है तो S के दोनों पड़ोसियों का मुख भी बाहर की ओर होगा तथा ठीक इसके उल्टा भी।

***उदाहरण* 9.** L के सन्दर्भ में M की स्थिति क्या है?
(a) दाएँ से दूसरा (b) बाएँ को तीसरा (c) दाएँ को चौथा (d) बाएँ को दूसरा
(e) दाएँ को तीसरा

***उदाहरण* 10.** निम्न में से कौन O के निकटतम पड़ोसी हैं?
(a) R, M (b) M, Q (c) P, M (d) L, Q (e) L, N

***उदाहरण* 11.** दी गई बैठक व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। निम्न में से वह कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) P (b) M (c) S (d) R (e) Q

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 9-11) दी गई जानकारी के अनुसार,




***9.*** *(c)* M, L के दाएँ को चौथा है।
***10.*** *(c)* P और M, O के निकटतम पड़ोसी है।
***11.*** *(b)* M के अतिरिक्त अन्य सभी का मुख केन्द्र की ओर है।

# प्रश्नावली 11.2

***1.*** आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H दी गई आकृति के अनुसार बाहर की ओर मुँह करके बैठे हैं। यदि वे सब-के-सब तीन स्थानों तक वामावर्त घूमते हैं, तो ***(MAT 2011)***




(a) B का मुँह पश्चिम की ओर होगा
(b) E का मुँह पूर्व की ओर होगा
(c) H का मुँह उत्तर-पश्चिम की ओर होगा
(d) A का मुँह दक्षिण की ओर होगा

***2.*** M, N, O और P एक गोल मेज के चारों ओर बैठे हैं। M, P के पास नहीं बैठना चाहता है। N, P के दाएँ है। नीचे का कौन-सा कथन गलत है? ***(RRB ALP 2018)***
(a) M, N के दाईं ओर है
(b) O, P के दाईं ओर है
(c) O, N के सामने है
(d) M, P के सामने है

***3.*** छः इमारत L, M, N, X, Y और Z एक वृत्त में केन्द्र की ओर हैं। प्रत्येक इमारत दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। बिल्डिंग X, बिल्डिंग M या बिल्डिंग Z के ठीक बगल में नहीं है। बिल्डिंग M का निर्माण बिल्डिंग Y के ठीक दाईं ओर हुआ है। बिल्डिंग N, बिल्डिंग M के ठीक विपरीत है। बिल्डिंग L, जोकि बिल्डिंग X के ठीक विपरीत है, के ठीक दाईं ओर बिल्डिंग Z है। कौन-सी बिल्डिंग Z के ठीक दाईं ओर स्थित है? ***(UPSSSC विधानभवन रक्षक/ वनरक्षक 2018)***
(a) M (b) L
(c) X (d) N

**4.** छः व्यक्ति K, L, M, N, O तथा P मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं।
- K तथा L एक-दूसरे के विपरीत हैं।
- K के बाईं ओर M है।
- O तथा N एक-दूसरे के विपरीत हैं।
- N के दाईं ओर P है।

L के बाईं ओर कौन है? ***(Uttarakhand PSC Pre 2014)***

(a) M (b) P (c) O (d) N

**5.** A, B, C, D, E और F केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हैं। F, A के दूसरे बाएँ ओर है। B, A के दूसरे दाएँ ओर है। A, D का बायाँ पड़ोसी है। C, F और B के बीच बैठा है। A का बायाँ पड़ोसी E है। F का पड़ोसी कौन है? ***(UP Police SI 2014)***

(a) A, B (b) E, D (c) C, E (d) C, D

**6.** छह मित्र A, B, C, D, E तथा F केन्द्र की ओर मुख करके गोलाकार बैठे हैं। F, A के ठीक बाएँ बैठा है तथा B, E के सामने बैठा है। A तथा D एक-दूसरे के सामने बैठें हैं। F के सामने कौन बैठा है? ***(SSC Steno 2018)***

(a) E (b) A (c) F (d) C

**7.** A, B, C, D, E और F इसी क्रम में आवश्यक नहीं, एक गोल मेज के चारों ओर व्यवस्थित रूप से रखी हुई 6 कुर्सियों पर बैठे हैं। यह देखा गया है कि A, D और F के बीच में है। C, D के सामने है। D तथा E समीपवर्ती कुर्सियों पर नहीं हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म समीपवर्ती कुर्सियों पर बैठा हुआ है? ***(UPPSC Pre 2011)***

(a) A और B (b) C और E (c) B और F (d) A और C

**8.** राकेश, सुमित, तुषार और पप्पू ताश खेल रहे हैं। सुमित के दाएँ तुषार बैठा है। राकेश, पप्पू और सुमित के बीच नहीं बैठा है, तो बताइए कि नीचे दिए गए कथनों में कौन-सा कथन सही है? ***(IBPS Clerk Main 2015)***

(a) राकेश के सामने तुषार बैठा है
(b) सुमित के दाईं ओर राकेश बैठा है
(c) पप्पू, राकेश के सामने बैठा है
(d) तुषार, राकेश के बाएँ बैठा है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**9.** छः मित्र A, B, C, D, E एवं F एक वृत्ताकार दायरे में केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। सभी पड़ोसी अपने पड़ोसी से एकसमान दूरी पर बैठे हैं। हर कोई किसी एक मित्र के एकदम सामने बैठा है। D न तो C के बगल में बैठा है और न ही सामने बैठा है। A और F एक-दूसरे के सामने बैठे हैं। B, C के सामने बैठा है। D के सामने कौन बैठा है?
***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

(a) E (b) A (c) B (d) C

**10.** छह व्यक्ति P, Q, R, S, T व U एक वृत्ताकार घेरे में परस्पर सम्मुख बैठे हैं। P, Q के सामने बैठा है। Q, T के दाहिनी ओर तथा R के बाईं ओर बैठा है। P, U के बाईं ओर तथा S के दाईं ओर बैठा है। R के विपरीत कौन बैठा है? ***(UKPSC Upper 2016)***

(a) U (b) T
(c) R (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**11.** छह मित्र वृत्ताकार रूप में केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। रुना, चारु और परी महिलाएँ हैं। वरुण, मनु और प्रकाश पुरुष हैं। मनु, वरुण और प्रकाश के मध्य बैठा है। चारु, परी और रुना के मध्य बैठी हैं। वरुण और परी एक-दूसरे के सामने बैठे हैं। रुना की दाईं ओर पुरुष बैठा है। प्रकाश के एकदम दाईं ओर कौन बैठा है? ***(SSC CPO 2016)***

(a) परी (b) चारु
(c) वरुण (d) मनु

**12.** किसी गोलाकार व्यवस्था में तीन लड़के ($B_1, B_2, B_3$) और तीन लड़कियाँ ($G_1, G_2, G_3$) किसी रात्रिभोज के लिए क्रमानुसार बैठे हैं, तो लड़का $B_3$ और लड़की $G_3$ की स्थिति क्या होगी, यदि दो लड़कियाँ एकसाथ न बैठे?

(a) चौथी और पाँचवीं (b) पाँचवीं और छठी
(c) तीसरी और चौथी (d) तीसरी और छठी

**निर्देश** (प्र. सं. 13 और 14) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2011)***

A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार घेरे में केन्द्र की ओर मुँह करके खड़े हैं। A और C एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं तथा E व B भी एक-दूसरे के साथ बैठे हैं। B, F के बाईं ओर अगला है। D और E के बीच में दो व्यक्ति बैठे हैं। A, E के बगल में नहीं बैठा है।

**13.** F और E के बीच में कितने व्यक्ति हैं, यदि F से E के लिए घड़ी की सूइयों के चलने की विपरीत दिशा में चला जाए?

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** E के बाईं ओर अगला व्यक्ति कौन है?

(a) C (b) B
(c) F (d) जानकारी अधूरी है
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 15-19) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

A, B, C, D, P, Q, R व S केन्द्र की ओर मुँह न करके एक वृत्त के इर्द-गिर्द बैठे हुए हैं (केन्द्र के विपरीत ओर मुँह करके)। P, A के बाएँ को तीसरा और R, A के दाएँ को दूसरा है। Q, न तो P और न ही R के एकदम बगल में है। C, B के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है और S, C व R के ठीक बीच में बैठा है।

**15.** A के एकदम बाएँ कौन बैठा है?

(a) Q (b) R
(c) D (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**16.** P व S के बीच में कौन बैठा है?

(a) D (b) R
(c) C (d) A
(e) Q

**17.** D के सम्बन्ध में S का कौन-सा स्थान है?

(a) बाएँ को दूसरा (b) दाएँ को तीसरा
(c) बाएँ को तीसरा (d) एकदम दाएँ को
(e) दाएँ को चौथा

**18.** A से घड़ी की उल्टी दिशा में गिनती की जाए, तो A और P के बीच कितने लोग बैठे हैं?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार
(e) पाँच

**19.** बैठने की व्यवस्था में उनके स्थान के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है, जो उस समूह में नहीं आता है?

(a) QD (b) CS
(c) SR (d) AB
(e) PC

**निर्देश** (प्र. सं. 20 और 21) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2018)***

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H, B की ओर उन्मुख है। F और B के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं। E, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, जो G के निकटतम पड़ोसियों में से एक है। C, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**20.** F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर निम्नलिखित में से कौन बैठा है?

(a) D (b) C (c) B (d) A
(e) इनमें से कोई नहीं

**21.** A की ओर निम्नलिखित में से कौन उन्मुख है?
(a) D (b) C
(c) B (d) G
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 22-26) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2016)***

ढोण्ढू, चिण्टू, टीटू, चीकू, सोनू, मोनू, बिट्टू तथा सोण्टी एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। सोण्टी, टीटू के दाएँ तीसरे स्थान पर है तथा सोनू के बाएँ दूसरे स्थान पर है। चिण्टू, सोण्टी या टीटू का निकटतम पड़ोसी नहीं है। मोनू , चीकू के दाएँ दूसरे स्थान पर है तथा टीटू का निकटतम पड़ोसी है। बिट्टू, सोनू का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**22.** निम्न में से कौन, टीटू के दाएँ दूसरे स्थान पर है?
(a) सोण्टी (b) बिट्टू
(c) मोनू (d) सोनू
(e) इनमें से कोई नहीं

**23.** निम्न में से, सोण्टी तथा सोनू का निकटतम पड़ोसी कौन है?
(a) ढोण्ढू (b) चिण्टू
(c) टीटू (d) बिट्टू
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** निम्न में से किस युग्म में दूसरा व्यक्ति, पहले व्यक्ति के तुरन्त दाएँ बैठा है?
(a) ढोण्ढू, सोण्टी (b) टीटू, चीकू
(c) बिट्टू, सोण्टी (d) सोनू, सोण्टी
(e) मोनू, टीटू

**25.** निम्न में से कौन, चिण्टू के बाएँ दूसरे स्थान पर है?
(a) टीटू (b) सोण्टी
(c) मोनू (d) ढोण्ढू
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** निम्न में से चीकू के विपरीत कौन बैठा है?
(a) ढोण्ढू (b) बिट्टू
(c) सोण्टी (d) सोनू
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 27-32) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Pre 2016)***

आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं, परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। प्रत्येक के बीच में समान दूरी है।

Q, N के निकटतम बाएँ बैठा है। Q और L के बीच में केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। P, M के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। M, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O और K के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K न तो M और न ही Q का निकटतम पड़ोसी है।

**27.** दी गई व्यवस्था के अनुसार, निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) P, K के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(b) सभी कथन सत्य हैं
(c) M और L, J के निकटतम पड़ोसी है
(d) N और P के मध्य केवल तीन व्यक्ति हैं
(e) K, L के एकदम बाएँ बैठा है

**28.** दी गई व्यवस्था के अनुसार, जिस प्रकार J, L से और K, N से सम्बन्धित है, उसी प्रकार Q किस से सम्बन्धित है?
(a) J (b) M
(c) K (d) P
(e) O

**29.** J के सन्दर्भ में Q की क्या स्थिति है?
(a) बाएँ ओर दूसरी (b) बाएँ ओर चौथी
(c) दाएँ ओर दूसरी (d) एकदम दाएँ
(e) दाएँ ओर तीसरी

**30.** K की बाएँ ओर से गिनती प्रारम्भ करते हुए K और P के निकटतम दाएँ बैठे व्यक्ति के मध्य कौन व्यक्ति बैठा है?
(a) N (b) O
(c) J (d) K
(e) Q

**31.** दी गई व्यवस्था में, यदि O का स्थान N से और P का स्थान K से बदल दिया जाए, तो P के दाईं ओर से गिनती प्रारम्भ करते हुए P और N के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) दो (b) एक
(c) तीन से अधिक (d) तीन
(e) कोई नहीं

**32.** दी गई व्यवस्था के अनुसार J के सामने बैठे व्यक्ति के दाएँ और दूसरा कौन व्यक्ति बैठा है?
(a) K (b) P (c) O (d) M
(e) L

***निर्देश*** (प्र. सं. 33-37) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2013)***

S, T, U, V, W, X, Y और Z एक वृत्तीय क्षेत्र के चारों ओर बैठे हैं परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में। सभी के बीच में समान दूरी है। केवल दो लोगों का मुख केन्द्र की ओर है और शेष सभी का बाहर की ओर (अर्थात् केन्द्र से विपरीत दिशा में)

Y, W के बाएँ दूसरा है। S, Y के बाएँ दूसरा है। S और Z के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठता है। T, S के तुरन्त दाएँ बैठता है। T, Y का निकटतम पड़ोसी नहीं है। V, Y का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दोनों निकटतम पड़ोसियों का मुख केन्द्र की ओर है।

**33.** Z के तुरन्त दाएँ कौन बैठा है?
(a) Y (b) V
(c) T (d) X
(e) W

**34.** दिए हुए बैठने के व्यवस्थिकरण के अनुसार, U के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(a) X, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठता है
(b) U और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठते हैं
(c) Z, U के निकटतम पड़ोसियों में से एक है
(d) U का मुख केन्द्र की ओर है
(e) S, U के तुरन्त बाएँ बैठता है

**35.** Y के सन्दर्भ में T की स्थिति क्या है?
(a) दाईं ओर दूसरा (b) बाईं ओर दूसरा
(c) बाईं ओर पाँचवाँ (d) दाईं ओर चौथा
(e) बाईं ओर तीसरा

**36.** निम्न में से कौन-सा समूह X के निकटतम पड़ोसियों को दर्शाता है?
(a) WY (b) YV
(c) TZ (d) VZ
(e) SU

**37.** दिए हुए बैठने के व्यवस्थिकरण के अनुसार, निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एकसमान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। निम्न में से कौन इस समूह के अन्तर्गत नहीं आता?
(a) Z (b) T (c) Y (d) V
(e) X

***निर्देश*** (प्र. सं. 38-42) *नीचे दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2015)***

N, O, P, Q, R, S, T और U एक वृत्ताकार क्षेत्र के चारों ओर एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं, परन्तु यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। कुछ व्यक्ति केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं, जबकि कुछ बाहर की ओर (अर्थात् केन्द्र से विपरीत दिशा में)। R, T के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। T का मुख केन्द्र की ओर है। O, R के बाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। R तथा O के मुख विपरीत दिशा में हैं।

O के निकटतम पड़ोसियों के मुख केन्द्र की ओर हैं। P, O के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। U, P के एकदम बाएँ बैठा है। N,Q के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। Q और O दोनों के मुख एक ही दिशा की ओर हैं। Q, T का निकटतम पड़ोसी नहीं है। R के निकटतम पड़ोसियों के मुख विपरीत दिशा में हैं (अर्थात् यदि एक पड़ोसी का मुख केन्द्र की ओर है, तो दूसरे का मुख बाहर की ओर होगा)।

**38.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार एकसमान हैं और अपना एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक है जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) U (b) S
(c) P (d) N
(e) Q

**39.** निम्न में से U के बाएँ को दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) T (b) O (c) S (d) Q
(e) इनमें से कोई नहीं

**40.** दी गई व्यवस्था के आधार पर, S के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) U, S के निकटतम पड़ोसियों में से एक है
(b) S, R के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(c) S का मुख केन्द्र की ओर है
(d) S और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं
(e) S और N के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है

**41.** N के सन्दर्भ में P का क्या स्थान है?
(a) बाएँ को दूसरा (b) दाएँ को दूसरा
(c) दाएँ को तीसरा (d) बाएँ को तीसरा
(e) बाएँ को चौथा

**42.** दी गई व्यवस्था में कितने व्यक्तियों के मुख बाहर की ओर हैं?
(a) तीन (b) दो (c) चार (d) पाँच
(e) एक

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* प्रश्नानुसार, व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः B का मुँह पश्चिम की ओर होगा।

**2.** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः कथन (b) गलत है।

**3.** *(d)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि Z के ठीक दाईं ओर बिल्डिंग N स्थित है।

**4.** *(b)* प्रश्नानुसार, K, L, M, N, O, P के बैठने का क्रम निम्न है




अतः L के बाईं ओर P बैठा है।

**5.** *(c)* प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर




अतः F के पड़ोसी C और E हैं।

**6.** *(d)* प्रश्नानुसार,




F के सामने C बैठा है।

**7.** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः C और E समीपवर्ती कुर्सियों पर बैठे हैं।

**8.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः तुषार, राकेश के बाएँ बैठा है।

**9.** *(a)* प्रश्नानुसार, मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत् होगा




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि D के सामने E बैठा है।

**10.** *(a)* दी गई जानकारी के अनुसार, सभी व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था निम्न है




उपरोक्त व्यवस्था से स्पष्ट है कि R के विपरीत U बैठा है।

**11.** *(a)* दी गई जानकारी के अनुसार बैठने का क्रम निम्न होगा




अतः प्रकाश के दाईं ओर परी बैठी है।

**12.** *(b)* प्रश्नानुसार, लड़कों तथा लड़कियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः $B_3$ तथा $G_3$ का स्थान क्रमशः पाँचवाँ व छठा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 13 और 14) प्रश्नानुसार,




**13.** *(c)* F और E के बीच में तीन व्यक्ति (D, A तथा C) खड़े हैं।

**14.** *(a)* E के ठीक बाईं ओर C खड़ा है।

**उत्तर** (प्र.सं.15-19) प्रश्नानुसार,




**15.** *(a)* A के एकदम बाएँ Q बैठा है।

**16.** *(c)* P और S के बीच में C बैठा है।

**17.** *(c)* D के बाएँ को तीसरा S बैठा है।

**18.** *(b)* A और P के बीच में दो लोग (Q तथा D) बैठे हैं।

**19.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः AB समूह से भिन्न है।

**उत्तर** (प्र. सं. 20 और 21) दी गई जानकारी के अनुसार,




**20.** *(e)* F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर G बैठा है।

**21.** *(d)* A की ओर G उन्मुख है।

**उत्तर** (प्र. सं. 22-26) दी गई जानकारी के आधार पर बैठक व्यवस्था निम्न है




**22.** *(b)* टीटू के दाएँ दूसरे स्थान पर बिट्टू है।

**23.** *(a)* सोने और सोण्टी का निकटतम पड़ोसी ढोण्डू है।

**24.** *(c)* सोण्टी, बिट्टू के तुरन्त दाएँ बैठा है।

**25.** *(d)* चिण्टू के बाएँ दूसरे स्थान पर ढोण्डू है।

**26.** *(c)* चीकू के विपरीत सोण्टी बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 27-32) दी गई जानकारी के अनुसार,




**27.** *(d)* केवल तीन व्यक्ति N और P के मध्य बैठे हैं, यह कथन असत्य है।

**28.** *(d)* जिस प्रकार J $\xrightarrow{+1}$ L (दक्षिणावर्त दिशा में)

और, K $\xrightarrow{+1}$ N (दक्षिणावर्त दिशा में)

उसी प्रकार, Q $\xrightarrow{+1}$ P (दक्षिणावर्त दिशा में)

**29.** *(b)* व्यक्ति J के सापेक्ष, व्यक्ति Q बाएँ ओर चौथे स्थान पर बैठा है।

**30.** *(a)* व्यक्ति Q, P के एकदम दाएँ बैठा है। जब K के बाएँ ओर से गिनती शुरू करे, तो Q और K के मध्य N बैठा है।

**31.** *(d)* दी गई जानकारी के अनुसार,




यदि व्यक्ति P के दाएँ ओर गिनती शुरू करे, तो व्यक्ति P और N के मध्य तीन व्यक्ति बैठे हैं।

**32.** *(a)* J के सामने Q है, Q के दाएँ ओर दूसरा व्यक्ति K है।

**उत्तर** (प्र. सं. 33-37) दी गई जानकारी के अनुसार, सभी व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्न है




**33.** *(b)* Z के तुरन्त दाएँ V बैठा है।

**34.** *(a)* X, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

**35.** *(e)* T, Y के बाईं ओर तीसरा है।

**36.** *(a)* WY समूह X के निकटतम पड़ोसियों को दर्शाता है।

**37.** *(c)* Y के अतिरिक्त अन्य सभी बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 38-42) दी गई जानकारी के आधार पर सभी लोगों के बैठने का क्रम निम्न है




**38.** *(e)* Q के अतिरिक्त अन्य सभी का मुख केन्द्र की ओर है।

**39.** *(e)* U के बाएँ दूसरे स्थान पर R बैठा है।

**40.** *(c)* S का मुख केन्द्र की ओर है।

**41.** *(e)* N के सन्दर्भ में, P बाएँ को चौथा है।

**42.** *(b)* O तथा Q का मुख बाहर की ओर है।

# प्रकार 3. चतुर्भुजाकार एवं अन्य क्रम व्यवस्थाएँ

चतुर्भुज चार भुजाओं से मिलकर बनी एक बन्द (घिरी हुई) आकृति होती है। अतः इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में, वस्तुओं/व्यक्तियों के बैठने की क्रम व्यवस्था, चतुर्भुज, जैसे वर्ग एवं आयत के चारों ओर की जाती है।

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति वर्गाकार, आयताकार या किसी चतुर्भुजाकार घेरे में या किसी चतुर्भुजाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह चतुर्भुजाकार घेरे के केन्द्र की ओर या केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने होते हैं।




**केन्द्र की ओर मुँह किए हुए**




**केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर मुँह किए हुए**

**उदाहरण 12.** A, B, C और D ताश खेल रहे हैं। A एवं C तथा B एवं D आपस में जोड़ीदार हैं। D, C के दाईं ओर है, जिसका मुँह पश्चिम की ओर है। बताइए कि D का मुँह किस दिशा की ओर है?

(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) पूर्व (d) पश्चिम

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्न में दी गई जानकारियाँ निम्न प्रकार है

(i) A व C तथा B व D जोड़ीदार है। अतः वे एक-दूसरे के सामने बैठे होंगे।

(ii) C का मुख पश्चिम की ओर है।

(iii) C के दाईं ओर D है।

प्रश्नानुसार, चारों व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः D का मुँह दक्षिण की ओर है।

**उदाहरण 13.** हरी, मोहन, अरुण और भागवत चार मित्र एक वर्गाकार मेज के कोनों पर केन्द्र से बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। मोहन, भागवत के दाईं ओर और अरुण के बाईं ओर है। यदि अरुण, हरि के ठीक बाईं ओर बैठा हो, तो भागवत के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

(a) हरी (b) मोहन
(c) अरुण (d) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः भागवत के ठीक बाईं ओर हरी बैठा है।

## अन्य क्रम व्यवस्थाएँ

चतुर्भुज के अतिरिक्त कुछ अन्य क्रम व्यवस्थाएँ निम्नवत् हैं

### 1. त्रिभुजाकार क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति त्रिभुजाकार घेरे में इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह घेरे के केन्द्र की ओर या केन्द्र के विपरीत दिशा की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।




**केन्द्र की ओर मुँह किए हुए**




**केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर मुँह किए हुए**

**उदाहरण 14.** तीन व्यक्ति A, B और C एक त्रिभुजाकार मेज के कोनों पर बैठे हैं। A, B के दाईं ओर है। C के दाईं ओर कौन बैठा है?

*(IIFT UG 2014)*

(a) A (b) B
(c) C (d) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर




स्पष्ट है कि B, C के दाईं ओर बैठा है।

## 2. पंचभुजाकार क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति पंचभुजाकार घेरे में इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह पंचभुजाकार घेरे के केन्द्र की ओर या केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने होते हैं।




**केन्द्र की ओर मुँह किए हुए**




**केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर मुँह किए हुए**

**उदाहरण 15.** पाँच लड़के घेरा बनाकर बैठे हैं। A, R और D के बीच में है। S, V के बाईं ओर बैठा है। R, S के बाईं ओर बैठा है। बताइए कि A के दाईं ओर कौन बैठा है?

(a) V (b) R
(c) D (d) S

***व्याख्या*** (b) प्रश्नानुसार, पाँचों लड़कों के घेरे में बैठे होने का क्रम निम्नवत् है




अतः A के ठीक दाईं ओर R बैठा है।

## 3. षट्भुजाकार क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति षट्भुजाकार घेरे में या किसी षट्भुजाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह षट्भुजाकार घेरे के केन्द्र की ओर या केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने होते हैं।




**केन्द्र की ओर मुँह किए हुए**




**केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर मुँह किए हुए**

**उदाहरण 16.** छह दोस्त A, B, C, D, E और F षट्कोणाकार (hexagonal) मेज की भुजाओं की तरफ एक खेल खेलने के लिए निम्नलिखित क्रमानुसार बैठे हैं

1. F, A के बिल्कुल विपरीत बैठा है और B के ठीक दाईं ओर बैठा है।
2. D, A और B के बीच बैठा है और C के बिल्कुल विपरीत बैठा है।

बताइए कि B के विपरीत कौन बैठा है?

*(Chattisgarh Revenue Inspector 2017)*

(a) A (b) E (c) C (d) F

***व्याख्या*** (b) प्रश्नानुसार,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि B के विपरीत E बैठा है।

## 4. अष्ट्भुजाकार क्रम व्यवस्था

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति अष्ट्भुजाकार घेरे में इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह अष्ट्भुजाकार घेरे के केन्द्र की ओर या केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने होते हैं।




**केन्द्र की ओर मुँह किए हुए**




**केन्द्र की विपरीत दिशा की ओर मुँह किए हुए**

**उदाहरण 17.** आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक अष्ट्भुजाकार घेरे में केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। B, G और D के बीच में बैठा है। H, B के बाईं ओर तीसरे एवं A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। C, A और G के बीच में बैठा है। B और E एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं बैठे हैं। D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) E (b) F (c) G (d) H

***व्याख्या*** (b) प्रश्नानुसार, आठों व्यक्तियों के घेरे में बैठे होने का क्रम निम्नवत् है




अतः D के बाईं ओर पहले स्थान पर E, दूसरे स्थान पर H तथा तीसरे स्थान पर F बैठा है।

# प्रश्नावली 11.3

**1.** चार मित्र विपिन, अनवर, जॉन और धौनी, कार्ड खेल रहे हैं। अनवर और विपिन पार्टनर हैं। धौनी उत्तर की ओर सम्मुख है। यदि अनवर पश्चिम की ओर सम्मुख है, तो दक्षिण की ओर कौन सम्मुख है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) धौनी (b) जॉन (c) विपिन (d) अनवर

**2.** राधा, शीला, महिमा और सीता एक मेज के इर्द-गिर्द बैठी हैं। राधा, शीला के दाईं ओर बैठी है। महिमा, सीता के बाईं ओर बैठी है। दिए गए विकल्पों में से बताइए कि कौन-सी जोड़ी एक-दूसरे के सामने बैठी है? *(SSC 10+2 2006)*
(a) शीला और सीता (b) राधा और सीता
(c) राधा और शीला (d) महिमा और राधा

**3.** तीन मित्र रवि, दीपक और मोहित एक त्रिभुजाकार मैदान के कोनों पर केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। रवि, मोहित के बाईं ओर है। मोहित के दाईं ओर कौन बैठा है?
(a) रवि (b) दीपक
(c) मोहित (d) इनमें से कोई नहीं

**4.** पाँच बच्चे A, B, C, D और E एक पंचभुजाकार मेज के कोनों पर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, E और C के बीच में है। D, E के दाईं ओर है। C के बाईं ओर कौन है? *(NIFT PG 2014)*
(a) B (b) A (c) D (d) C

**5.** कुछ मित्र अष्टभुज स्थान पर एक-एक कोने में बैठे हैं। सभी का मुख केन्द्र की ओर है। महिमा तिरछे रूप में राम के सामने बैठी है। राम, सुषमा के दाईं ओर बैठा है। रवि, सुषमा के बगल में और गिरधर के सामने बैठा है। गिरधर, चन्द्रा के बाईं ओर बैठा है। सावित्री, महिमा के दाईं ओर नहीं है, लेकिन शालिनी के सामने है। शालिनी के दाईं ओर कौन बैठा है? *(SSC FCI 2010)*
(a) रवि (b) महिमा (c) गिरधर (d) राम

**6.** चार लड़कियाँ तथा चार लड़के एक वर्ग में केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। प्रत्येक वर्ग के कोनों पर तथा उसकी भुजाओं के मध्य-बिन्दुओं पर बैठे हैं। मधु की स्थिति ऊषा के ठीक सामने विकर्ण रूप में है, जो गीता के दाईं ओर बैठी है। गीता से अगला राम, गोपी के सामने है, जो बोस के बाईं ओर बैठा है। सुमा की स्थिति मधु के दाएँ न होकर प्रेमा के सामने है। बोस के सामने कौन बैठा है? *(MAT 2009)*
(a) गीता (b) प्रेमा (c) सुमा (d) मधु

***निर्देश*** (प्र. सं. 7-11) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(CLAT 2014)*

छः व्यक्ति A, B, C, D, E तथा F एक षट्भुजाकार मैदान के कोनों पर बैठे हैं। षट्भुज की सभी भुजाओं की लम्बाई समान है। A, B या C के अगल-बगल नहीं है। D, C या E के अगल-बगल नहीं है। B और C अगल-बगल बैठे हैं। F, D तथा C के बीच में है।

**7.** निम्न में से कौन-सा युग्म सही पड़ोसियों का नहीं है?
(a) A और F (b) D और F (c) B और E (d) C और F

**8.** जितनी दूर E से D है, उतनी ही दूर D से कौन है?
(a) B (b) C (c) D (d) F

**9.** निम्न में से कौन-सा समूह बैठक व्यवस्था के सही क्रम में है?
(a) A, F, B (b) F, A, E (c) B, C, F (d) D, A, B

**10.** यदि A का एक पड़ोसी D है, तो दूसरा कौन है?
(a) B (b) C (c) E (d) F

**11.** E के विपरीत कौन बैठा है?
(a) B (b) C
(c) D (d) F

***निर्देश*** (प्र. सं. 12-16) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर कीजिए।* *(PNB PO 2009)*

एक परिवार के आठ सदस्य ध्रुव, गरिमा, अविनाश, वर्षा, आकाश, दीप्ति, चारू और मोक्ष एक टेबल के इर्द-गिर्द चारों ओर प्रत्येक ओर दो-दो व्यक्ति केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। आमने-सामने बैठे हुए सदस्य एक-दूसरे के ठीक सामने हैं।

आकाश और गरिमा एक-दूसरे के ठीक सामने हैं। दीप्ति, गरिमा के तुरन्त दाएँ हैं। ध्रुव और मोक्ष एक ही ओर बैठे हैं। मोक्ष, अविनाश के ठीक सामने है, जो वर्षा के तुरन्त बाएँ है। ध्रुव, दीप्ति के दाएँ है।

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?
(a) चारू, वर्षा के सामने है
(b) दीप्ति, गरिमा के बाएँ है
(c) अविनाश, आकाश के दाईं ओर है
(d) मोक्ष, ध्रुव के सामने बैठा है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13.** ध्रुव के सामने कौन बैठा है?
(a) चारू (b) दीप्ति (c) वर्षा (d) मोक्ष
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** दीप्ति के सामने कौन बैठा है?
(a) मोक्ष (b) चारू (c) वर्षा (d) चारू या वर्षा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**15.** दाईं दिशा में वर्षा के निकटतम कौन है?
(a) गरिमा (b) अविनाश (c) ध्रुव (d) दीप्ति
(e) चारू

**16.** निम्नलिखित में से किस जोड़े में दोनों व्यक्ति एक ही ओर बैठे हैं और इनमें से पहला व्यक्ति दूसरे के बाएँ बैठा है?
(a) आकाश-चारू (b) मोक्ष-चारू
(c) ध्रुव-मोक्ष (d) अविनाश-चारू
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 17-21) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(IBPS RRB 2016)*

आठ व्यक्ति A, B, C, D, M, N, O और P एक वर्गाकार मेज के इर्द-गिर्द (लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में) इस प्रकार बैठे हैं, कि चार व्यक्ति तो मेज के चारों किनारों पर और शेष चार व्यक्ति मेज की प्रत्येक भुजा के मध्य बैठे हैं, जो भुजाओं के मध्य में बैठे हैं उनका मुख केन्द्र की ओर तथा जो भुजाओं के किनारे पर बैठे हैं उनका मुख केन्द्र से बाहर की ओर है।

A एक भुजा के मध्य बैठा है। A और M के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। A, B के दाएँ तीसरा है। B और N के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, N के दाएँ दूसरा है। O और C का मुख समान दिशा में हैं। M, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P, D के दाएँ दूसरा है।

**17.** M के तुरन्त बाएँ कौन बैठा है?
(a) N (b) B
(c) D (d) P
(e) C

**18.** P के सम्बन्ध में O की स्थिति क्या है?
(a) बाएँ से चौथा (b) बाएँ से तीसरा
(c) दाएँ से तीसरा (d) एकदम दाएँ
(e) एकदम बाएँ

**19.** बैठने की व्यवस्था के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) इनमें से कोई नहीं
(b) O और D के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं
(c) D, A के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(d) M मेज के किसी एक किनारे पर बैठा है
(e) M, P का निकटतम पड़ोसी है

**20.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान हैं तथा वे अपना एक समूह बनाते हैं, वह कौन-सा है जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) D (b) O
(c) P (d) A
(e) M

**21.** यदि B के बाएँ से गिनती प्रारम्भ की जाए, तो B और N के तुरन्त दाएँ बैठे व्यक्ति के ठीक मध्य में कौन बैठा है?
(a) O, D (b) M, P
(c) C, P (d) M, C
(e) A, C

***निर्देश*** (प्र. सं. 22-27) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2011)***

K, L, M, P, Q, R, S और T एक वर्गाकार मेज के इर्द-गिर्द इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार वर्ग के चारों कोनों पर बैठे हैं जबकि चार चारों भुजाओं में प्रत्येक के बीच बैठे हैं। जो कोनों पर बैठे हैं उनका मुँह बाहर की ओर है और जो भुजाओं के बीच बैठे हैं उनका मुँह मेज के केन्द्र की ओर है।

P, S के दाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। S का मुँह केन्द्र की ओर है। Q, M के बाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। M भुजाओं के मध्य में नहीं बैठा है। Q व R के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, M के बगल में नहीं बैठा है। T का मुँह केन्द्र की ओर है। K, R के बगल में नहीं बैठा है।

**22.** L के सम्बन्ध में M का स्थान कौन-सा है?
(a) दाएँ को तीसरा
(b) M और L एक-दूसरे के सामने तिरछे बैठे हैं
(c) दाएँ को दूसरा
(d) बाएँ को दूसरा
(e) दाएँ को पाँचवाँ

**23.** Q व R के ठीक बीच में कौन बैठा है?
(a) T (b) P (c) K (d) M
(e) S और

**24.** निम्न में से कौन-सा जोड़ा भुजाओं के मध्य में बैठे उन व्यक्तियों को निरूपित करता है जिनका मुँह एक-दूसरे के सामने है?
(a) S, Q (b) K, L (c) M, P (d) R, T
(e) T, Q

**25.** K से घड़ी की विपरीत दिशा में गिना जाए, तो R और K के बीच में कौन बैठा होगा?
(a) R और K के बीच कोई नहीं बैठा है क्योंकि R व K एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं
(b) S, P और L (c) P और Q
(d) L और R (e) M, S, और T

**26.** यदि K को विपरीत दिशा में बैठाया जाए, तो उसकी दाईं बगल में कौन बैठा होगा?
(a) R (b) Q (c) P (d) T
(e) S

**27.** निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है जो उस समूह में नहीं आता है?
(a) L (b) M (c) K (d) P
(e) R

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* प्रश्नानुसार, बैठक व्यवस्था इस प्रकार है




अतः जॉन दक्षिण की ओर सम्मुख है।

**2.** *(b)* प्रश्नानुसार, चारों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः राधा और सीता एक -दूसरे के सामने बैठी हैं।

**3.** *(b)* दी गई जानकारी के अनुसार तीनों मित्रों के बैठने का क्रम निम्न है




स्पष्ट है कि दीपक, मोहित के दाईं ओर बैठा है।

**4.** *(b)* दी गई जानकारी के अनुसार बच्चों के बैठने का क्रम निम्न है–



स्पष्ट है कि A, C के बाईं ओर है।

***5.*** *(a)* प्रश्नानुसार, आठों मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः शालिनी के दाईं ओर रवि बैठा है।

***6.*** *(a)* प्रश्नानुसार, लड़कों तथा लड़कियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः बोस के सामने गीता बैठी है।

**उत्तर** (प्र. सं. 7-11) दी गई जानकारी के अनुसार छः व्यक्तियों को निम्न दो सम्भावित प्रकार से व्यवस्थित कर सकते हैं




या




***7.*** *(a)* A और F पड़ोसी नहीं हैं।

***8.*** *(b)* दोनों E और C, D से समान दूरी पर हैं।

***9.*** *(c)* B, C और F सही क्रम में दिए गए हैं।

***10.*** *(c)* A का दूसरा पड़ोसी E है।

***11.*** *(d)* F, E के विपरीत बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 12-16) प्रश्नानुसार,




***12.*** *(c)* अविनाश, आकाश के दाईं ओर है।

***13.*** *(c)* वर्षा, ध्रुव के सामने बैठी है।

***14.*** *(b)* चारू, दीप्ति के सामने बैठी है।

***15.*** *(a)* गरिमा, दाईं दिशा में वर्षा के निकटतम है।

***16.*** *(c)* ध्रुव-मोक्ष

**उत्तर** (प्र. सं. 17-21) दी गई जानकारी के अनुसार,




***17.*** *(e)* C, M के एकदम बाएँ है।

***18.*** *(b)* O, P के बाएँ तीसरा है।

***19.*** *(a)* दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है।

***20.*** *(b)* O किनारे पर बैठा है।

***21.*** *(c)* C व P

**उत्तर** (प्र. सं. 22-27) दी गई जानकारी के अनुसार,




***22.*** *(d)* L के बाएँ दूसरा M है।

***23.*** *(b)* Q एवं R के ठीक बीच में P बैठा है।

***24.*** *(e)* Q के सामने T है तथा दोनों भुजाओं के मध्य में बैठे हैं।

***25.*** *(c)* P एवं Q

***26.*** *(b)* K के एकदम दाएँ Q होगा।

***27.*** *(e)* R के अतिरिक्त अन्य सभी कोनों पर बैठे हैं।

## प्रकार 4. तल पर आधारित व्यवस्था

इस प्रकार के प्रश्नों में दी गई जानकारी किसी इमारत के तलों पर स्थित व्यक्तियों या वस्तुओं पर आधारित होती है। इनमें कुछ व्यक्तियों व वस्तुओं के समूह दिए गए होते हैं तथा उनका क्रम भी दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को व्यक्तियों/वस्तुओं को तलों के सही क्रम में व्यवस्थित करना होता है। इसी आधार पर किसी एक व्यक्ति या वस्तु का स्थान दूसरे व्यक्ति या वस्तु के सापेक्ष तथा किसी व्यक्ति या वस्तु के तल की स्थिति को ज्ञात करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 18-22) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(NICL AO 2017)***

माया, पवन, अमित, अरविन्द, रघु, राजीव तथा अशोक एक इमारत के विभिन्न तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल को संख्या 1, उससे ऊपर वाले तल को संख्या 2 तथा इसी प्रकार आगे भी। सबसे ऊपरी तल को संख्या 7 दी गई है।

अरविन्द सम संख्या वाले तल पर रहता है। माया, अरविन्द के तल से ऊपर वाले तल पर नहीं रहती है। पवन, राजीव के तल से तीन तल ऊपर रहता है। माया तथा राजीव के रहने वाले तलों के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है। अशोक विषम संख्या वाले तल पर रहता है। राजीव, अरविन्द के नीचे वाले तल पर नहीं रहता है। अमित, अशोक के तल से तुरन्त ऊपर वाले तल पर रहता है।

***उदाहरण* 18.** तल संख्या 3 पर कौन रहता है?
(a) माया (b) रघु
(c) राजीव (d) अमित
(e) अशोक

***उदाहरण* 19.** रघु के तल से तुरन्त ऊपर वाले तल पर कौन रहता है?
(a) माया (b) अशोक
(c) अमित (d) पवन
(e) राजीव

***उदाहरण* 20.** सबसे ऊपरी तल पर कौन रहता है?
(a) अमित (b) अशोक
(c) पवन (d) रघु
(e) माया

***उदाहरण* 21.** अमित कौन-से तल पर रहता है?
(a) सातवें तल पर (b) छठे तल पर
(c) पाँचवें तल पर (d) चौथे तल पर
(e) तीसरे तल पर

***उदाहरण* 22.** यदि सभी व्यक्तियों को उनके नामों के अनुसार, शब्दकोश के क्रमानुसार ऊपर से नीचे तल की ओर व्यवस्थित किया जाए, तो नई बनी व्यवस्था में कितने लोगों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
(a) कोई नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 18-22) दी गई जानकारी के अनुसार व्यवस्था निम्न है

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 7 | पवन |
| 6 | अमित |
| 5 | अशोक |
| 4 | रघु |
| 3 | राजीव |
| 2 | अरविन्द |
| 1 | माया |

***18.*** *(c)* तल संख्या 3 पर राजीव रहता है।

***19.*** *(b)* अशोक, रघु के तल के तुरन्त ऊपर वाले तल पर रहता है।

***20.*** *(c)* पवन सबसे ऊपर के तल पर रहता है।

***21.*** *(b)* अमित छठे तल पर रहता है।

***22.*** *(b)* प्रश्नानुसार,

| तल संख्या | व्यक्ति | नई व्यवस्था |
|---|---|---|
| 7 | पवन | अमित (Amit) |
| 6 | अमित | अरविन्द (Arvind) |
| 5 | अशोक | अशोक (Ashok) |
| 4 | रघु | माया (Maya) |
| 3 | राजीव | पवन (Pawan) |
| 2 | अरविन्द | रघु (Raghu) |
| 1 | माया | राजीव (Rajiv) |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि केवल एक व्यक्ति अशोक का स्थान अपरिवर्तित रहेगा।

***उदाहरण* 23.** पाँच व्यक्ति A, B, X, Y और Z एक इमारत की पाँच विभिन्न मंजिलों पर रहते हैं (जैसे भूतल को 1 के रूप में और शीर्ष मंजिल को 5 के रूप में संख्यांकित किया गया है)। A और B के मध्य तीन मंजिलें हैं। X, Y के ऊपर किसी एक मंजिल पर रहता है। तीसरी मंजिल पर निम्नलिखित में से कौन रहता है? ***(SBI Clerk 2018)***
(a) B (b) A
(c) X (d) Z
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

***व्याख्या*** *(e)* दी गई जानकारी के अनुसार,

| तल | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यक्ति | A/B | Z/X | X/Y/Z | Y/Z | B/A |

अत: तीसरी मंजिल पर X या Y या Z में से एक होगा जोकि निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

# प्रश्नावली 11.4

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-5) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB 2017)***

सात व्यक्ति A, B, C, W, X, Y तथा Z, एक सात मन्जिला इमारत के सात विभिन्न तलों पर रहते हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। इमारत के सबसे नीचे वाले तल को संख्या एक, उससे ऊपर वाले तल को संख्या दो तथा इसी प्रकार आगे भी तथा सबसे ऊपर वाले तल को संख्या सात दी गई है। X तथा B के बीच में केवल चार लोग रहते हैं। X, B के ऊपर किसी एक तल पर रहता है। B तथा W के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। A, C के तुरन्त ऊपर वाले तल पर रहता है। Z और B के बीच दो से अधिक व्यक्ति रहते हैं। Y, Z के नीचे किसी तल पर रहता है।

**1.** Z के नीचे तथा ऊपर क्रमशः कौन रहता है?
(a) A, X (b) A, W (c) C, X (d) W, X
(e) W, C

**2.** दी गई व्यवस्था के आधार पर A कौन-से तल पर रहता है?
(a) सातवें (b) पाँचवें (c) तीसरे (d) चौथे
(e) छठे

**3.** यदि C अपना स्थान Z के साथ बदल ले तथा B अपना स्थान A के साथ बदल ले, तो इस प्रकार बनी नई व्यवस्था में A तथा Z के बीच कितने लोग होंगे?
(a) तीन (b) कोई नहीं (c) दो (d) एक
(e) चौथे

**4.** दी गई व्यवस्था के आधार पर, X एक निश्चित नियम के अनुसार Z से सम्बन्धित है। इसी प्रकार Z, W से सम्बन्धित है। इसी नियम के आधार पर निम्न में से कौन-सा A से सम्बन्धित है?
(a) Y (b) B (c) X (d) C
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

**5.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) X तथा C के बीच में कोई नहीं रहता है
(b) X सम संख्या वाले तल पर रहता है
(c) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(d) Y से नीचे तल पर कोई नहीं रहता है
(e) Y तल संख्या तीन पर रहता है

***निर्देश*** (प्र. सं. 6-8) *दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए।* ***(Corporation Bank PO 2011)***

एक बिल्डिंग में एक से सात नम्बर की मन्जिलें इस तरह हैं कि भूतल नम्बर एक है, इसके ऊपर नम्बर दो है और उसके ऊपर क्रम बढ़ता जाता है। सबसे ऊपरी मन्जिल नम्बर सात है। हर एक मन्जिल पर सात लोगों A, B, C, D, E, F और G में से एक-एक व्यक्ति रहता है। A चौथी मन्जिल पर रहता है। E, F की मन्जिल से एकदम नीचे की मन्जिल पर रहता है। F दूसरी या सातवीं मन्जिल पर नहीं रहता है। C किसी विषम नम्बर वाली मन्जिल पर नहीं रहता है। C की मन्जिल के एकदम ऊपर या नीचे की मन्जिल पर B नहीं रहता है। D सबसे ऊपर की मन्जिल पर नहीं रहता है। G, E की मन्जिल के नीचे की किसी भी मन्जिल पर नहीं रहता है।

**6.** सबसे ऊपर की मन्जिल पर कौन रहता है?
(a) B (b) C (c) E (d) G
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** D की मन्जिल के एकदम ऊपर कौन रहता है?
(a) A (b) B (c) C (d) F (e) G

**8.** निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है, जो समूह में नहीं आता है?
(a) F (b) D (c) B (d) C (e) G

***निर्देश*** (प्र. सं. 9-12) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(BOB Clerk 2014)***

एक इमारत में सात मन्जिलें एक से सात क्रम में इस प्रकार हैं कि भूतल को क्रम संख्या एक, उसके ऊपर वाले तल को क्रम संख्या दो तथा इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले को क्रम संख्या सात दिया गया है। सात व्यक्तियों यथा P, Q, R, S, T, U तथा V में से प्रत्येक व्यक्ति एक तल पर रहता है। P तथा R के तलों के बीच दो व्यक्ति रहते हैं। V, जो सातवें तल पर है उसके ठीक नीचे वाले तल पर Q रहता है। Q, R के ठीक ऊपर वाले तल पर नहीं रहता है। R, T के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। U, S के, ऊपर है परन्तु एकदम ऊपर न हो।

**9.** निम्नलिखित में से कौन पाँच क्रमांक वाले तल पर रहता है?
(a) T (b) S
(c) V (d) U
(e) Q

**10.** V तथा R के तलों के बीच कितने व्यक्ति हैं?
(a) कोई नहीं (b) दो (c) पाँच (d) तीन
(e) चार

**11.** निम्नलिखित में से कौन U तथा V के तलों के ठीक बीच में रहता है।
(a) P (b) T (c) S (d) Q
(e) R

**12.** निम्नलिखित में से कौन P के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है?
(a) Q (b) U (c) T (d) S (e) V

***निर्देश*** (प्र. सं. 13-17) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SIDBI PO 2014)***

एक भवन में सात तल हैं, जिन्हें एक से सात क्रमांक इस प्रकार दिया गया है कि भूतल को एक, उससे ऊपर वाले तल को दो तथा इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल को क्रमांक सात दिया गया है। सात व्यक्तियों यथा L, M, N, O, P, Q तथा R में से प्रत्येक व्यक्ति एक तल पर रहता है।

O पाँच क्रमांक वाले तल पर रहता है। N तथा Q के तलों के बीच तीन व्यक्ति रहते हैं। N, O के ऊपर किसी तल पर रहता है। P, R के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। L तथा P के तलों के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है।

**13.** निम्नलिखित में से कौन M के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है?
(a) L (b) Q (c) O (d) N
(e) P

**14.** निम्नलिखित में से कौन O तथा Q के तलों के ठीक बीच वाले तल पर रहता है?
(a) R (b) L (c) N (d) M
(e) P

**15.** निम्नलिखित में से कौन सबसे ऊपरी तल पर रहता है?
(a) N (b) M (c) L (d) Q
(e) O

**16.** निम्नलिखित में से कौन चार क्रमांक वाले तल पर रहता है?
(a) M (b) Q (c) L (d) R
(e) P

**17.** निम्नलिखित चार में से कोई तीन किसी निश्चित प्रकार से एक समान हैं तथा वे अपना समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक है, जो इस समूह में शामिल नहीं होता है?
(a) N (b) O (c) Q (d) P (e) R

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**उत्तर** (प्र.सं. 1-5) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 7 | X |
| 6 | Z |
| 5 | W |
| 4 | A |
| 3 | C |
| 2 | B |
| 1 | Y |

***1.*** *(d)* Z के नीचे तथा ऊपर क्रमशः W तथा X रहते हैं।

***2.*** *(d)* दी गई व्यवस्था के आधार पर A तल संख्या चार पर रहता है।

***3.*** *(b)* प्रश्नानुसार, नई व्यवस्था निम्न है

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 7 | X |
| 6 | C |
| 5 | W |
| 4 | B |
| 3 | Z |
| 2 | A |
| 1 | Y |

नई व्यवस्था से यह स्पष्ट है कि A तथा Z के बीच कोई नहीं रहता।

***4.*** *(e)* यहाँ, प्रत्येक व्यक्ति अपने से एक तल नीचे रहने वाले व्यक्ति से सम्बन्धित है। इसी आधार पर W, A से सम्बन्धित है।

***5.*** *(d)* Y के नीचे कोई नहीं रहता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 6-8) दी गई जानकारी के अनुसार

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 7 | G |
| 6 | C |
| 5 | D |
| 4 | A |
| 3 | F |
| 2 | E |
| 1 | B |

***6.*** *(d)* सबसे ऊपर की मन्जिल पर G रहता है।

***7.*** *(c)* D की मन्जिल के एकदम ऊपर C रहता है

***8.*** *(d)* C, सम संख्या वाली मन्जिल पर रहता है, बाकी सब विषम संख्या वाली मन्जिल पर रहते हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 9-12) दी गई जानकारी के अनुसार,

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 7 | V |
| 6 | Q |
| 5 | U |
| 4 | R |
| 3 | T |
| 2 | S |
| 1 | P |

***9.*** *(d)* पाँच क्रमांक वाले तल पर U रहता है।

***10.*** *(b)* V तथा R के तलों के बीच दो व्यक्ति रहते हैं।

***11.*** *(d)* U तथा V के तलों के ठीक बीच में Q रहता है।

***12.*** *(d)* P के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर S रहता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 13-17) दी गई जानकारी के अनुसार

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 7 | N |
| 6 | M |
| 5 | O |
| 4 | L |
| 3 | Q |
| 2 | P |
| 1 | R |

***13.*** *(d)* M के तल के ठीक ऊपर तल पर N रहता है।

***14.*** *(b)* O तथा Q के तलों के ठीक बीच वाले तल पर L रहता है।

***15.*** *(a)* सबसे ऊपरी तल पर N रहता है।

***16.*** *(c)* चार क्रमांक वाले तल पर L रहता है।

***17.*** *(d)* P को छोड़कर अन्य सभी विषम क्रमांक वाले तल पर रहते हैं।

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** P, Q, R, S, T में से कौन बिल्कुल मध्य में है, जबकि वे इस प्रकार से लाइन में खड़े हैं? *(CGPSC Pre 2017)*

I. Q, R के तत्काल दाहिने ओर है।

II. T, P और R के ठीक मध्य में है।

III. Q, R और S के ठीक मध्य में है।

(a) P (b) Q (c) R (d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**2.** एक पेड़ पर पाँच पक्षी बैठे हैं। कबूतर, तोते के दाईं ओर है। गौरैया, तोते से ऊपर है। कौवा, कबूतर से अगला है। सारस, कौवा से नीचे है। कौन-सा पक्षी बीच में है? *(SSC Steno 2010)*

(a) कौवा (b) कबूतर (c) तोता (d) गौरैया

**3.** एक विद्यालय की बातचीत में तीन लड़कियाँ $G_1$, $G_2$, $G_3$ और तीन लड़के $B_1$, $B_2$, $B_3$ हैं। शर्त यह है कि किन्हीं भी दो लड़कियों को एकसाथ बात नहीं करनी चाहिए। यदि किसी व्यवस्था में $B_1$ पहले बोलता है, तो $B_2$ और $G_2$ का स्थान क्या होगा? *(SSC FCI 2009)*

(a) दूसरा और तीसरा (b) तीसरा और चौथा
(c) चौथा और पाँचवाँ (d) पाँचवाँ और छठा

**4.** छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक कतार में खड़े हैं। C और D एक-दूसरे के सन्निकट E के बगल में खड़े हैं। B केवल A के बगल में ही खड़ा है। A का F से चौथा स्थान है। इस कतार के दोनों अन्तिम छोरों पर कौन-कौन खड़े हैं? *(UPPSC Pre 2009)*

(a) A और F (b) B और D
(c) B और F (d) इनमें से कोई नहीं

**5.** आठ व्यक्तियों A, B, C, D, E, F, G और H को आकृति में बताए गए तरीके से इस ढंग से बैठा दिया गया है कि उन सभी के मुँह बाहर की ओर हैं। यदि A और B अपना स्थान एक-दूसरे से बदल लेते हैं तथा D और H अपना स्थान एक-दूसरे से बदल लेते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है? *(SSC CGL 2011)*




(a) H का मुँह दक्षिण-पूर्व की ओर है
(b) B का मुँह उत्तर की ओर है
(c) G का मुँह पश्चिम की ओर है
(d) A का मुँह उत्तर-पश्चिम की ओर है

**6.** पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E एक गोल मेज के चारों ओर कुर्सियों पर बैठे हैं, परन्तु प्रत्येक कुर्सी सन्निकट कुर्सियों से समान दूरी पर स्थित है

(i) C, A के तुरन्त बाद बैठा है। *(UPSC CSAT 2013)*
(ii) A, D से दो कुर्सी आगे बैठा है।
(iii) B, A के तुरन्त बाद नहीं बैठा है।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से अवश्य सत्य है/हैं?
1. D, B के तुरन्त बाद बैठा है।
2. E, A के तुरन्त बाद बैठा है।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही

**7.** दो औरत तथा दो पुरुष ताश खेल रहे हैं तथा एक मेज के उत्तर, पूर्व, दक्षिण तथा पश्चिम में बैठे हैं। किसी भी औरत का मुख पूर्व के सामने नहीं है। आमने-सामने बैठे व्यक्ति एक ही लिंग के नहीं हैं। एक पुरुष का मुख दक्षिण के सामने है। औरतों के मुख किस दिशा के सामने हैं? *(SSC FCI 2009)*

(a) दक्षिण तथा पूर्व (b) उत्तर तथा पूर्व
(c) उत्तर तथा पश्चिम (d) पूर्व तथा पश्चिम

***निर्देश*** (प्र. सं. 8-12) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(IBPS PO 2013)*

P, Q, R, S, T, V और W केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के इर्द-गिर्द बैठे हैं। R, V के बाएँ को तीसरा है जो T के बाएँ को दूसरा है। W, P के दाएँ को दूसरा है जो V का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है S, W का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है।

**8.** R के दाएँ को दूसरा कौन है?
(a) T (b) W
(c) Q (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

**9.** P के बाएँ को तीसरा कौन है?
(a) S (b) W
(c) Q (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** Q के दाएँ को तीसरा कौन है?
(a) T (b) P (c) S (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

**11.** निम्नलिखित में से किस जोड़े में पहला व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के एकदम दाएँ को बैठा है?
(a) PR (b) PT (c) RW (d) QV
(e) इनमें से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा R का निकटस्थ पड़ोसी है?
(a) PT (b) PQ (c) WT (d) PW
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 13-17) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(Allahabad Bank PO 2010)*

V, U और T केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हैं। A, B और C भी उसी वृत्त में बैठे हैं, लेकिन उनमें से दो के मुँह केन्द्र की ओर नहीं हैं (उनके मुँह केन्द्र से विपरीत दिशा में हैं)। V, C के बाएँ को दूसरा है। U, A के दाएँ को दूसरा है। B, T के बाएँ को तीसरा है। C, T के दाएँ को दूसरा है। A व V एक-दूसरे के अगल-बगल में बैठे हैं।

**13.** निम्नलिखित में कौन-सा केन्द्राभिमुख नहीं है?
(a) BA (b) CA
(c) BC (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**14.** निम्नलिखित में से B के सम्बन्ध में T का स्थान कौन-सा है?
(a) दाएँ को तीसरा (b) दाएँ को दूसरा
(c) बाएँ को तीसरा (d) दाएँ या बाएँ को तीसरा
(e) इनमें से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से C के सम्बन्ध में V का स्थान कौन-सा है?
(a) दाएँ को दूसरा (b) बाएँ को तीसरा
(c) दाएँ को चौथा (d) बाएँ का चौथा
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**16.** बैठने की व्यवस्था के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
(a) A, B व C अगल-बगल बैठे हैं
(b) V, U व T अगल-बगल बैठे हैं
(c) दो व्यक्ति हैं, जिनके बैठने की व्यवस्था निश्चित नहीं की जा सकती
(d) जो केन्द्राभिमुख नहीं हैं, वे अगल-बगल बैठे हैं
(e) V और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं

**17.** निम्नलिखित में से U के सम्बन्ध में A का स्थान कौन-सा है?
(a) बाएँ को दूसरा (b) दाएँ को दूसरा
(c) दाएँ को तीसरा (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 18-22) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB Office Assist. 2017)***

K, L, M, N, O, P तथा Q एक सरल रेखा में उत्तर की ओर मुँह करके एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं (लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में)। Q, रेखा के एक छोर पर बैठे व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है। Q तथा P के बीच में चार लोग बैठे हैं। N, O के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। O, न तो Q का और न ही P का निकटतम पड़ोसी है। Q तथा N के बीच उतने ही व्यक्ति बैठे हैं जितने कि K तथा L के बीच। K, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**18.** दी गई व्यवस्था के आधार पर, P एक निश्चित नियम से L से सम्बन्धित है। इसी नियम के आधार पर L, M से सम्बन्धित है। इसी नियम के आधार पर निम्न में से किससे M सम्बन्धित है?
(a) P (b) Q (c) K (d) N
(e) O

**19.** दी गई व्यवस्था में, निम्न में से कौन-सा N की सही स्थिति दर्शाता है?
(a) पंक्ति का बिल्कुल बायाँ छोर (b) L के बाएँ तीसरा
(c) Q के दाएँ दूसरा (d) K तथा M के ठीक मध्य
(e) P के तुरन्त दाएँ

**20.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) Q तथा P के बीच पाँच व्यक्ति बैठे हैं
(b) O तथा P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है
(c) Q के बाएँ केवल एक व्यक्ति बैठा है
(d) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(e) M तथा Q के बीच उतने ही व्यक्ति है जितने कि L तथा O के बीच है

**21.** N तथा Q के ठीक मध्य में निम्न में से कौन बैठा है?
(a) M तथा P दोनों (b) K तथा P दोनों
(c) L, M तथा O (d) केवल M
(e) L तथा K दोनों

**22.** M के दाएँ कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) कोई नहीं (b) चार (c) एक (d) दो
(e) तीन

***निर्देश*** (प्र. सं. 23-27) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Assist. 2016)***

आठ व्यक्ति F, G, H, I, Q, R, S तथा T एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुँह करके, एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हुए हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में। G, R के एकदम बाएँ बैठता है। G तथा I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q, H के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठता है। H न तो G और न ही I का निकटतम पड़ोसी है। S, F के एकदम दाएँ बैठता है। T, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**23.** यदि G के बाएँ से गिनती आरम्भ की जाए तो G तथा I के ठीक मध्य में कौन बैठे हुए हैं?
(a) Q, T (b) R, Q (c) S, T (d) R, S
(e) F, H

**24.** यदि S के दाएँ से गिनती आरम्भ की जाए तो S तथा Q के मध्य कितने लोग बैठे हुए है?
(a) कोई नहीं (b) दो
(c) तीन (d) एक
(e) तीन से अधिक

**25.** G के सापेक्ष H की क्या स्थिति है?
(a) बाएँ से तीसरा (b) बाएँ से दूसरा
(c) बाएँ से चौथा (d) दाएँ से दूसरा
(e) दाएँ से चौथा

**26.** निम्न में से कौन R के एकदम दाएँ बैठा है?
(a) T (b) Q
(c) F (d) S
(e) H

**27.** F के सापेक्ष निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) F, S तथा T दोनों का निकटतम पड़ोसी है
(b) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(c) F तथा R के मध्य केवल तीन लोग बैठे हुए हैं
(d) F, H के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है
(e) F, G के एकदम दाएँ बैठा हुआ है

***निर्देश*** (प्र. सं. 28-32) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Assist. 2016)***

आठ व्यक्ति M, N, O, P, Q, R, S तथा T एक सरल रेखा में उत्तर की ओर मुँह करके, एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हुए हैं (लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में है)।

R पंक्ति के एक छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। N, P के बाएँ चौथे स्थान पर बैठा है। न ही तो N, न ही P, R के निकटतम पड़ोसी है। N तथा S के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।

N तथा S के बीच में उतने ही व्यक्ति हैं जितने कि P तथा R के बीच में हैं। T, O के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। T, रेखा के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। M, Q के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।

**28.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) S रेखा के किसी एक छोर पर बैठा है
(b) Q तथा M के बीच केवल दो लोग बैठे हुए हैं
(c) T, P के एकदम बाएँ बैठा हुआ है
(d) Q, O के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(e) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है

**29.** M तथा T के बीच कितने लोग बैठे हुए हैं?
(a) दो (b) एक
(c) कोई नहीं (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**30.** Q के बाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) S (b) M
(c) N (d) P
(e) कोई नहीं क्योंकि Q रेखा के छोर पर बैठा है

**31.** यदि सभी व्यक्तियों को दाएँ से बाएँ वर्णमाला क्रमानुसार बैठाया जाए तो कितने लोगों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
(a) एक (b) दो (c) तीन से अधिक (d) तीन
(e) कोई नहीं

**32.** दी गई व्यवस्था में, किसी प्रकार से O : R, N : Q, तब इसी आधार पर, P : ?
(a) N (b) T (c) M (d) O
(e) S

***निर्देश*** (प्र. सं. 33-37) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(NICL AO 2017)***

आठ मित्र F, G, H, L, M, N, O तथा Q एक सरल रेखा में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं (लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में)।

H, N के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है तथा L, H के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। M, F के तुरन्त दाएँ बैठा है। G तथा L के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या तथा Q तथा F के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या समान है। O, L के तुरन्त दाएँ बैठा है जोकि G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

***33.*** यदि सभी व्यक्तियों को पुनः आरोही क्रम में बाएँ से दाएँ बैठाया जाए तो कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***34.*** निम्न में से कौन-सा युग्म पंक्ति के दोनों किनारों पर बैठा है?
(a) N, M
(b) Q, L
(c) O, Q
(d) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

***35.*** दी गई व्यवस्था में किसी आधार पर Q, N से सम्बन्धित है तथा H, F से सम्बन्धित है। इसी आधार पर M किससे सम्बन्धित है?
(a) M (b) F (c) L (d) Q
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

***36.*** Q तथा M के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार
(e) चार से अधिक

***37.*** H के बाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) Q (b) N (c) L (d) कोई नहीं
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

***निर्देश*** (प्र. सं. 38-42) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(NICL AO 2017)***

आठ व्यक्ति U, V, J, A, X, W, B तथा M एक वर्गाकार मेज के इर्द-गिर्द इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार मेज के चारों कोनों पर तथा चार मेज की भुजाओं के मध्य बैठे हैं। मेज के कोनों पर बैठे चारों व्यक्तियों का मुख केन्द्र की ओर है तथा मेज की भुजाओं के मध्य बैठे चारों व्यक्तियों का मुख केन्द्र से बाहर की ओर है।

A, U के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। U मेज की किसी एक भुजा के मध्य में बैठा है। X, B के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। B, U तथा A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A तथा M के बीच तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है। V, W के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।

***38.*** दी गई बैठक व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) A तथा U के बीच दो व्यक्ति बैठे है
(b) बैठक व्यवस्था में B तथा M का मुख एक-दूसरे की ओर नहीं है
(c) X तथा A एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी है
(d) W, B के विपरीत बैठा है
(e) U वर्गाकार मेज की एक भुजा के मध्य में बैठा है

***39.*** निम्न में से V के दाएँ, तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) J (b) M (c) X (d) W
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

***40.*** यदि W के वामावर्त गिनती की जाए तो X तथा W के बीच कितने लोग बैठे हैं?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

***41.*** निम्न में से कौन U के विपरीत बैठा है?
(a) A (b) W (c) V (d) J
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

***42.*** J के सापेक्ष, X की क्या स्थिति है?
(a) एकदम बाएँ (b) बाएँ से दूसरा
(c) दाएँ से तीसरा (d) एकदम दाएँ
(e) दाएँ से दूसरा

***निर्देश*** (प्र. सं. 43-49) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H पूर्व से पश्चिम की ओर एक सरल रेखा में बैठे हैं। कुछ का मुख उत्तर दिशा की ओर है और कुछ का मुख दक्षिण दिशा की ओर है। H, C के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है और उसका मुख दक्षिण दिशा की ओर है। F किसी एक छोर पर बैठा है और उसका मुख उत्तर दिशा की ओर है। B और G का मुख समान दिशा में है और उनके बीच बैठे व्यक्ति का मुख उनसे विपरीत दिशा में है। A बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है और उसका मुख दक्षिण दिशा की ओर है। A, E के समीप बैठा है और उनका मुख विपरीत दिशाओं में है। D, B के दाईं ओर बैठा है और इन दोनों का मुख समान दिशा में है। C का मुख उत्तर दिशा की ओर है। A और D पड़ोसी नहीं हैं। H के पड़ोसियों का मुख समान दिशा में है तथा जिस दिशा में H का मुख है, उसके विपरीत है। E, A के दाईं ओर बैठा है।

***43.*** A और H के बीच में कौन बैठा है?
(a) F (b) E (c) G (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

***44.*** निम्न में से किस युग्म के व्यक्तियों का मुख समान दिशा में है?
(a) E, A (b) G, H (c) A, G (d) H, D
(e) B, D

***45.*** कितने व्यक्तियों का मुख उत्तर दिशा में है?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5
(e) 6

***46.*** पूर्वी छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) E (b) G (c) B (d) C
(e) इनमें से कोई नहीं

***47.*** E और B के मध्य कितने लोग बैठे हैं?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5
(e) 6

***48.*** निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) A, G और D के बीच में बैठा है
(b) D, H के बाएँ दूसरा है
(c) H और B का मुख समान दिशा में है
(d) A के बाईं ओर बैठे व्यक्ति का मुख दक्षिण दिशा की ओर है
(e) उपरोक्त सभी

***49.*** A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) B (b) D (c) H (d) G
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 50-54) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2017)***

आठ व्यक्ति I, J, K, L, M, N, O तथा P एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं (लेकिन आवश्यक नहीं कि उसी क्रम में)। इनमें से तीन का मुख केन्द्र से बाहर की ओर जबकि पाँच का मुख केन्द्र की ओर है।

M, K के दाएँ तीसरे स्थान पर है। N, M के बाएँ तीसरे स्थान पर है। N तथा J के बीच में तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं। O, N के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है, जिसका मुख केन्द्र की ओर नहीं है। L, जिसका मुख केन्द्र की ओर नहीं है, I के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है।

***50.*** I तथा N के मध्य कौन बैठा है?
(a) J (b) K (c) M (d) O
(e) इनमें से कोई नहीं

**51.** निम्न में से कौन J के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है?
(a) L (b) K (c) M (d) N
(e) O

**52.** निम्न में से कौन-सा/से कथन P के सापेक्ष सत्य है/हैं?
(a) P, O के विपरीत दिशा में बैठा है
(b) P, O के बाएँ चौथे स्थान पर बैठा है
(c) P, O के दाएँ चौथे स्थान पर बैठा है
(d) उपरोक्त तीनों कथन सत्य हैं
(e) दिए गए कथनों में से, P के सापेक्ष कोई भी कथन सत्य नहीं है

**53.** केन्द्र से बाहर की ओर मुख वाले लोगों को निम्न में से, कौन-सा समूह प्रदर्शित करता है?
(a) IKN (b) KNL (c) IJK (d) LMN
(e) JKL

**54.** P के सापेक्ष K की क्या स्थिति है?
(a) K, P के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(b) K, P के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है
(c) K, P के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(d) K, P के सामने बैठा है
(e) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है

***निर्देश*** (प्र. सं. 55-59) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(Indian Bank Pre 2016)***

आठ व्यक्ति R, S, T, U, V, W, X तथा Y एक वर्गाकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हए हैं। चार व्यक्ति मेज के किनारों पर तथा चार मेज की भुजाओं के मध्य बैठे हुए हैं। मेज की भुजाओं के मध्य बैठे हुए लोगों का मुख केन्द्र से बाहर की ओर है (अर्थात् केन्द्र के विपरीत) तथा मेज के किनारों पर बैठे हुए लोगों का मुख केन्द्र की ओर है।

T किसी एक भुजा के मध्य में बैठा है। T तथा Y के बीच में केवल दो लोग बैठे हुए हैं। V, X के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। X का मुख, Y के मुख वाली दिशा में ही है (अर्थात् यदि Y का मुख केन्द्र की ओर है तो X का मुख भी केन्द्र की ओर ही होगा तथा तथा इसका व्युत्पन्न)। X तथा U के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R, U का निकटतम पड़ोसी है परन्तु Y का नहीं। R तथा S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।

**55.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एकसमान है, अतः अपना एक समूह बनाते हैं। वह एक कौन-सा है, जो इस सूमह में नहीं आता है?
(a) U (b) R (c) Y (d) V
(e) X

**56.** R के सापेक्ष, S की निम्न में से क्या स्थिति है?
(a) दाएँ से दूसरा (b) दाएँ से चौथा
(c) बाएँ से तीसरा (d) दाएँ से तीसरा
(e) बाएँ से दूसरा

**57.** यदि T के बाएँ से गिना जाए, तो T तथा Y के ठीक मध्य कौन लोग बैठे हुए हैं?
(a) R, S (b) V, W
(c) W, X (d) R, V
(e) U, V

**58.** दी गई व्यवस्था के आधार पर, W के सापेक्ष निम्न में कौन-सा कथन सत्य है?
(a) W मेज के किसी एक कोने पर बैठा है
(b) W, S के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है
(c) W, V तथा T दोनों का निकटतम पड़ोसी है
(d) दिया गया कोई भी विकल्प सत्य नहीं है
(e) W तथा Y के बीच में केवल तीन लोग बैठे हैं

**59.** यदि V के बाएँ से गिना जाए, तो U तथा V के मध्य में कितने लोग बैठे हैं?
(a) एक (b) तीन
(c) तीन से अधिक (d) कोई नहीं
(e) दो

***निर्देश*** (प्र.सं. 60-64) *निम्नलिखित जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2018)***

दो पंक्तियों में 12 व्यक्ति बैठें हैं। D, E, F, K, L और M पंक्ति-1 में बैठें हैं और उत्तर की ओर उन्मुख हैं। S, T, U, X, Y और Z पंक्ति-2 में बैठे हैं और दक्षिण दिशा की ओर उन्मुख हैं। E, किसी एक अन्तिम छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। S, E की ओर उन्मुख व्यक्ति के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S और T के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठें हैं। K, M के दाईं ओर कहीं बैठा है। X और T के मध्य तीन से अधिक व्यक्ति बैठें हैं। F, T के निकंटतम पड़ोसियों में से एक की ओर उन्मुख है। Z, Y के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L की ओर उन्मुख व्यक्ति U के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, S की ओर उन्मुख है।

**60.** निम्नलिखित में से कौन K की ओर उन्मुख है?
(a) T (b) S (c) X (d) Y
(e) इनमें से कोई नहीं

**61.** निम्नलिखित में से कौन M के निकटतम पड़ोसी की ओर उन्मुख है?
(a) Z (b) K (c) D (d) L
(e) इनमें से कोई नहीं

**62.** निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार एक-दूसरे से सम्बन्धित हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं आपको दिए गए विकल्पों में से उसका चयन करना है, जो इस समूह से सम्बन्धित नहीं है?
(a) T,E (b) U,D (c) Y,L (d) Z,E
(e) Z,K

**63.** निम्नलिखित में से कौन Y के निकटतम बाईं ओर बैठे व्यक्ति की ओर उन्मुख है?
(a) U (b) D (c) X (d) Z
(e) इनमें से कोई नहीं

**64.** M और D के मध्य कितने लोग बैठे हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) पाँच
(e) चार

***निर्देश*** (प्र.सं. 65-70) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Main 2016)***

बारह व्यक्ति दो समानान्तर पंक्तियों में प्रत्येक पंक्ति में छः व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं, ताकि आसन्न व्यक्ति से समान दूरी रहे। पहली पंक्ति में P, Q, R, S, T और V बैठे हैं तथा इन सबका मुख दक्षिण की ओर है। दूसरी पंक्ति में A, B, C, D, E और F बैठे हैं और इनका मुख उत्तर की ओर है, अतः एक पंक्ति के प्रत्येक सदस्य का मुख दूसरी पंक्ति के सदस्य के सामने है। S, Q के दाएँ तीसरे स्थान पर है, या तो S या Q पंक्ति के एक सिरे पर है, जो व्यक्ति Q के सामने है वह E के दाएँ दूसरा है। B और F के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं, न तो B और न ही F, पंक्ति के सिरे पर हैं। B का निकटतम पड़ोसी, उसके सामने है, जो P के बाएँ तीसरा है। R और T परस्पर पड़ोसी हैं। C, A के बाएँ दूसरा है। T, D के निकटतम पड़ोसी के सामने नहीं है।

**65.** पंक्तियों के सिरों पर बैठने वाले निम्नलिखित में से कौन-से हैं?
(a) S, D (b) Q, A (c) V, C (d) P, D
(e) Q, F

**66.** S के सामने कौन बैठा है?
(a) A (b) B (c) C (d) D (e) F

**67.** V और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं

**68.** यदि दी गई व्यवस्था में P का A से वही सम्बन्ध है, जो S का B से है, तो T का सम्बन्ध किससे है?
(a) C (b) D (c) E (d) F
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**69.** T के सम्बन्ध मे निम्न में से कौन-सा सत्य है?
(a) F का मुँह T की ओर है
(b) V, T के बाएँ दूसरे स्थान पर है
(c) F का मुँह उस व्यक्ति की ओर है, जो T के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(d) T, पंक्ति के एक अन्तिम छोर पर बैठा है
(e) Q, T के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है

**70.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) A, T (b) B, Q (c) F, P (d) C, V
(e) E, Q

***निर्देश*** (प्र.सं. 71-75) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
***(Bank of Baroda Junior Management 2015)***

आठ व्यक्ति S, T, U, V, W, X, Y तथा Z एक आठ मन्जिला इमारत में अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भूतल को क्रमांक 1, पहली मन्जिल को क्रमांक 2 तथा इसी प्रकार अन्य मन्जिलों को क्रमांक दिया गया है तथा सबसे ऊपरी मन्जिल को क्रमांक 8 दिया गया है।

- एक क्रमांक वाले तल पर Y रहता है। Y तथा T के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं।
- X के ठीक ऊपर वाले तल पर S रहता है। S एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है।
- X तथा W के तलों के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। X, W के ऊपर रहता है।
- Z, S के ऊपर किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है।
- V सबसे ऊपरी मन्जिल पर नहीं रहता है।

**71.** दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) T तथा X के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है
(b) T तथा U के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं
(c) W, Y के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है
(d) U एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है
(e) Y तथा X के बीच कुल तीन व्यक्ति रहते हैं

**72.** निम्नलिखित में से कौन U तथा S के बीच वाले तल पर रहता है?
(a) Z (b) V (c) T (d) W
(e) Y

**73.** निम्नलिखित में से कौन 5 क्रमांक वाले तल पर रहता है?
(a) U (b) X (c) V (d) T
(e) S

**74.** निम्नलिखित में से कौन T के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है?
(a) S (b) Y (c) Z (d) W
(e) U

**75.** Z तथा T के तलों के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?
(a) तीन से ज्यादा (b) तीन
(c) कोई नहीं (d) दो
(e) चार

***निर्देश*** (प्र. सं. 76-80) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
***(SBI PO 2018)***

दी गई तीन इमारत X, Y और Z में अलग-अलग तल पर पन्द्रह व्यक्ति इस तरह से रहते हैं कि इमारत के प्रत्येक तल पर व्यक्ति रहते हैं। इमारत X, इमारत Y के ठीक पश्चिम में है, जो इमारत Z के ठीक पश्चिम में है। इमारत की निचली तल संख्या 1 है, उससे ऊपर वाली संख्या 2 है और आगे इसी तरह से ... इमारत में, इमारत Y का तल-1, इमारत X के तल-1 के ठीक पूर्व में हैं लेकिन इमारत Z के तल-1 के ठीक पश्चिम में है और आगे इसी तरह...

**नोट** A, B के पश्चिम में है इसका अर्थ यह नहीं है कि A, B के ठीक पश्चिम में है। ऊपर और नीचे का अर्थ समान इमारत में नहीं है।

N तीसरे तल पर L के पश्चिम में रहता है। M, I के ठीक पश्चिम में है। K,E से ठीक पूर्व में है। A इमारत के शीर्ष तल पर इस तरह से रहता है कि किसी भी इमारत में A के ऊपर कोई व्यक्ति नहीं रहता है। J और H के बीच तलों की संख्या, H और I के बीच तलों की संख्या के समान है। I, J से नीचे रहता है। N के या तो ठीक ऊपर या ठीक नीचे रहने वाला व्यक्ति B से ठीक बाएँ है। B और M के बीच में दो व्यक्ति रहते हैं। M उसी इमारत में रहता है जिस इमारत में B रहता है। B उस इमारत में नहीं रहता है जिसमें J रहता है। इमारत Z में तलों की संख्या, इमारत Y से अधिक है लेकिन इमारत X से कम है। H उस इमारत में नहीं रहता है जिसमें L रहता है। D और C के बीच में दो व्यक्ति रहते हैं। F, G के पश्चिम में रहता है। D, O के ऊपर रहता है, लेकिन समान इमारत में नहीं। D सम संख्या तल पर नहीं रहता है।

**76.** समान इमारत में B के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?
(a) दो (b) एक
(c) तीन (d) चार
(e) कोई नहीं

**77.** निम्नलिखित में से कौन F के ठीक पूर्व में रहता है?
(a) L (b) J
(c) H (d) B
(e) A

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा O के सन्दर्भ में सत्य है?
(a) यह उसी तल पर रहता है जिस तल पर L रहता है
(b) दूसरे तल पर रहता है
(c) G के पश्चिम में रहता है
(d) सभी सत्य हैं
(e) कोई सत्य नहीं है

**79.** निम्नलिखित में से कौन-से तल पर C रहता है?
(a) तीसरे (b) पहले
(c) दूसरे (d) चौथे
(e) कोई अनुसरण नहीं करता है

**80.** निम्नलिखित में से कौन समान इमारत में N के ठीक ऊपर रहता है?
(a) L (b) F
(c) H (d) B
(e) A

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




उपरोक्त से स्पष्ट है कि ठीक मध्य में R है।

**2.** *(b)* प्रश्नानुसार, पक्षियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




अतः कबूतर बीच में बैठा है।

**3.** *(b)* प्रश्नानुसार, विद्यार्थियों के बोलने का क्रम निम्नवत् है




अतः $B_2$ तथा $G_2$ का स्थान क्रमशः तीसरा तथा चौथा है।

**4.** *(c)* प्रश्नानुसार, व्यक्तियों के खड़े होने का क्रम निम्नवत् है




अतः कतार के दोनों अन्तिम छोरों पर क्रमशः B और F खड़े हैं।

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार, व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




(पहले की स्थिति) (बाद की स्थिति)

अतः A का मुँह उत्तर-पश्चिम की ओर नहीं है, बल्कि उत्तर-पूर्व की ओर है।

**6.** *(c)* प्रश्नानुसार, A, B, C, D और E निम्न प्रकार से बैठे हैं




इनके बैठने की व्यवस्थानुसार D, B के तुरन्त बाद बैठा है और E, A के तुरन्त बाद बैठा है।
अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

**7.** *(c)* प्रश्नानुसार,




महिलाओं के मुख उत्तर और पश्चिम की ओर हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 8-12) प्रश्नानुसार, सात व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




**8.** *(c)* R के दाएँ को दूसरा Q बैठा है।

**9.** *(e)* P के बाएँ को तीसरा V बैठा है।

**10.** *(a)* Q के दाएँ को तीसरा T बैठा है।

**11.** *(b)* P, T के एकदम दाएँ को बैठा है।

**12.** *(d)* W तथा P, R के निकटस्थ पड़ोसी हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 13-17) दी गई जानकारी के अनुसार,




**13.** *(c)* B तथा C के मुख केन्द्र की विपरीत दिशा में हैं।

**14.** *(d)* B से T दाएँ या बाएँ को तीसरा है।

**15.** *(c)* C से V दाएँ को चौथा है।

**16.** *(d)* जो केन्द्राभिमुख नहीं हैं (अर्थात् B और C) वे अगल-बगल बैठे हैं।

**17.** *(a)* U से A बाएँ को दूसरा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 18-22) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है




**18.** *(c)* यहाँ, दिए गए दोनों व्यक्तियों के बीच एक व्यक्ति बैठा है। इसी आधार पर M, K से सम्बन्धित है।

**19.** *(e)* N, P के तुरन्त दाएँ बैठा है।

**20.** *(e)* M तथा Q के बीच उतने ही व्यक्ति है जितने कि L तथा O के बीच है।

**21.** *(c)* L, M तथा O, N तथा Q के ठीक मध्य में बैठे हैं।

**22.** *(d)* M के दाएँ दो व्यक्ति बैठे हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 23-27) दी गई जानकारी से, व्यवस्था निम्न है




**23.** *(a)* यदि G के बाएँ से गिना जाए, तब G तथा I के ठीक मध्य में Q तथा T बैठे हुए हैं।

**24.** *(b)* यदि S के दाएँ से गिना जाए, तब S तथा Q के बीच केवल दो लोग बैठे हुए हैं।

**25.** *(d)* G के दाएँ दूसरे स्थान पर H बैठा हुआ है।

**26.** *(e)* R के तुरन्त दाएँ, H बैठा हुआ है।

**27.** *(b)* F के सापेक्ष दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है।

**उत्तर** (प्र. सं. 28-32) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




**28.** *(c)* P के तुरन्त बाएँ T बैठा है।

**29.** *(b)* M तथा T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।

**30.** *(b)* Q के बाएँ दूसरे स्थान पर M बैठा है।

**31.** *(a)* आरम्भिक स्थिति N O S T [P] M R Q

परिवर्तित स्थिति T S R Q [P] O N M

उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल एक व्यक्ति P का स्थान परिवर्तित नहीं होता है।

**32.** *(b)*

| | | |
|---|---|---|
| जिस प्रकार, | O | R |
| | (बाएँ से दूसरा) | (दाएँ से दूसरा) |
| तथा | N | Q |
| | (बाएँ से पहला) | (दाएँ से पहला) |
| उसी प्रकार, | P | [T] |
| | (बाएँ से पाँचवाँ) | (दाएँ से पाँचवाँ) |

**उत्तर** (प्र. सं. 33-37) दी गई जानकारी के अनुसार,




**33.** *(a)* आरोही क्रम में नई व्यवस्था निम्न है




आरेख से स्पष्ट है कि किसी भी व्यक्ति का स्थान अपरिवर्तित नहीं है।

**34.** *(c)* O व Q पंक्ति के दोनों किनारों पर बैंठे हैं।

**35.** *(c)* यहाँ पर दिया गया व्यक्ति अगले व्यक्ति से सम्बन्धित है इसी आधार पर M, L से सम्बन्धित है।

**36.** *(d)* Q तथा M के बीच चार व्यक्ति बैंठे हैं।

**37.** *(a)* H के बाएँ तीसरे स्थान पर Q बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 38-42) दी गई जानकारी के आधार पर बैठक व्यवस्था निम्न है




**38.** *(a)* A तथा U के बीच 1 अथवा 5 व्यक्ति हैं।

**39.** *(a)* V के दाएँ, तीसरे स्थान पर J बैठा है।

**40.** *(e)* तीन से अधिक

**41.** *(d)* U के विपरीत J बैठा है।

**42.** *(a)* X, J के एकदम बाएँ बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 43-49) दी गई जानकारी को निम्न प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है




**43.** *(c)* A और H के बीच में G बैठा है।

**44.** *(e)* B और D दोनों का मुख उत्तर दिशा की ओर है।

**45.** *(e)* छः व्यक्ति F, E, G, B, D तथा C उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।

**46.** *(c)* B पूर्व दिशा से तीसरे स्थान पर बैठा है।

**47.** *(b)* E और B के मध्य तीन व्यक्ति A, G तथा H बैठे हैं।

**48.** *(b)* D, H के बाएँ दूसरा है।

**49.** *(a)* B, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 50-54) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




**50.** *(e)* I तथा N के मध्य कोई नहीं बैठा है।

**51.** *(b)* J के दाएँ दूसरे स्थान पर K बैठा है।

**52.** *(d)* P के सापेक्ष दिए गए सभी कथन सत्य हैं।

**53.** *(b)* KNL समूह केन्द्र से बाहर की ओर मुख वाले लोगों को प्रदर्शित करता है।

**54.** *(c)* K, P के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 55-59) दी गई जानकारी के आधार पर,




**55.** *(b)* R के अतिरिक्त, अन्य सभी मेज के कोनों पर बैठे हैं तथा R के अतिरिक्त अन्य सभी का मुख केन्द्र की ओर है।

**56.** *(a)* R के सापेक्ष, S दाएँ से दूसरा है।

**57.** *(c)* यदि T के बाएँ से गिना जाए, तो T तथा Y के ठीक मध्य में W तथा X बैठे हुए हैं।

**58.** *(d)* दिया गया कोई भी विकल्प सत्य नहीं है।

**59.** *(a)* यदि V के बाएँ से गिना जाए, तब U तथा V के मध्य में केवल R अर्थात् एक ही व्यक्ति बैठा हुआ है।

**उत्तर** (प्र. सं. 60-64) दी गई जानकारी के अनुसार,




**60.** *(d)* Y, K की ओर उन्मुख है।

**61.** *(a)* Z, M के निकटतम पड़ोसी F की ओर उन्मुख है।

**62.** *(d)* Z, E को छोड़कर अन्य सभी में पहला व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति के उन्मुख व्यक्ति के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।

**63.** *(b)* D, Y के निकटतम बाईं ओर बैठे व्यक्ति S की ओर उन्मुख है।

**64.** *(c)* M और D के मध्य तीन व्यक्ति हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 65-70) प्रश्नानुसार,




***65.*** *(d)* P और D पंक्तियों के सिरों पर बैठे हैं।

***66.*** *(a)* S के सामने A बैठा है।

***67.*** *(b)* V और R के बीच दो व्यक्ति (S और T) बैठे हैं।

***68.*** *(b)* जिस प्रकार, P, A के सामने बैठे व्यक्ति के दाएँ दूसरा है। उसी प्रकार, T, D के सामने बैठे व्यक्ति के दाएँ दूसरा है।

***69.*** *(c)* F का मुँह उस व्यक्ति की ओर है जो T के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है जोकि निश्चित रूप से सत्य है।

***70.*** *(e)* E, Q के सामने बैठे व्यक्ति के बाएँ दूसरा है जबकि अन्य सभी में पहला व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के सामने बैठे व्यक्ति के तुरन्त बाएँ/दाएँ है।

**उत्तर** (प्र. सं. 71-75) प्रश्नानुसार,

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 8 | U |
| 7 | Z |
| 6 | S |
| 5 | X |
| 4 | T |
| 3 | W |
| 2 | V |
| 1 | Y |

***71.*** *(e)* Y तथा X के बीच कुल तीन व्यक्ति T, W तथा V रहते हैं।

***72.*** *(a)* U तथा S के बीच Z रहता है।

***73.*** *(b)* X तल संख्या 5 पर रहता है।

***74.*** *(d)* T के ठीक नीचे वाले तल पर W रहता है।

***75.*** *(d)* Z तथा T के तलों के बीच दो व्यक्ति S तथा X रहते हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 76-80) दी गई जानकारी के अनुसार,

| तल सं. | व्यक्ति/इमारत का नाम | | |
|---|---|---|---|
| | X | Y | Z |
| 6 | A | | |
| 5 | J | | D |
| 4 | F | B | G |
| 3 | N | H | L |
| 2 | E | K | C |
| 1 | O | M | I |

***76.*** *(e)* समान इमारत में B के ऊपर कोई भी नहीं करता है।

***77.*** *(d)* B, F एकदम पूर्व में रहता है।

***78.*** *(c)* O, G के पश्चिम में रहता है।

***79.*** *(c)* C, इमारत Z में दूसरे तल पर रहता है।

***80.*** *(b)* F, इमारत X में N के एकदम ऊपर रहता है।

# 12

# पहेली परीक्षण

## (Puzzle Test)

दो या दो से अधिक ऐसे कथनों का समूह, जिनको सरल तरीके से न बताकर, उन्हें थोड़ा घुमाकर जटिल (कठिन) तरीके से बताया जाए तथा वे पूर्ण रूप से सही होने के बावजूद सामान्य अर्थ स्पष्ट न करते हों, परन्तु इन कथनों से प्राप्त आँकड़ों या जानकारी को एक सूची या सारणी में व्यवस्थित करने पर मूल भाव स्पष्ट हो जाए, तो इस प्रकार के कथनों को पहेली कहा जाता है। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि ऐसे जटिल कथन, जो सत्य होते हुए भी असामान्य अर्थ प्रकट करते हैं, पहेली कहलाते हैं।

इन कथनों के अन्तर्गत दी गई जानकारी, सूचना आदि सरल तरीके से व्यक्त न कर घुमावदार रूप से या इस प्रकार दी गई होती है कि भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाए, परन्तु इन कथनों को क्रमबद्ध या सारणीबद्ध या तार्किक दृष्टिकोण के आधार पर प्रदर्शित करने पर यह पूर्णतः स्पष्ट अर्थ प्रकट करते हैं।

इस प्रकार के प्रश्नों में कुछ जानकारियाँ दी गई होती हैं, जोकि क्रमबद्ध नहीं होती हैं। इन जानकारियों के अन्तर्गत एक से अधिक कारक या तथ्य (जैस–नाम, व्यवसाय, कार, खेल, पसन्दीदा वस्तुएँ इत्यादि) दिए जाते हैं, जिनके आधार पर सामान्यतः तीन या तीन से अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं। इन्हें हल करने के लिए अभ्यर्थी दी गई जानकारियों का संग्रह कर लें और फिर उन्हें अनुमान या तर्क के आधार पर क्रम से इस प्रकार से व्यवस्थित कर दें कि सभी अवयवों के बीच आपसी सम्बन्ध स्पष्ट हो जाए।

सामान्यतः पहेली पर आधारित प्रश्नों को निम्न प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है

## प्रकार *1.* विश्लेषणात्मक पहेली

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ तथ्य दिए गए होते हैं। इन तथ्यों तथा दी गई जानकारी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर ज्ञात करना होता है। इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों को सारणी बनाकर हल किया जाता है।

सारणी बनाने के लिए निम्न चरणों का अनुसरण करना चाहिए

1. सारणी बनाने के लिए सबसे पहले प्रश्न के निर्देश में दी गई जानकारियों को वर्गीकृत करके उनका शीर्षक निर्धारित कर लेना चाहिए।
2. शीर्षकों का निर्धारण करने के बाद एक-एक करके प्रत्येक शीर्षक से सम्बन्धित जानकारियों को क्रमानुसार उस शीर्षक के नीचे तालिकाबद्ध करना चाहिए अथवा यदि सम्भव और आसान हो, तो एक से अधिक शीर्षकों से सम्बन्धित जानकारियों को भी एकसाथ तालिकाबद्ध कर लेना चाहिए।
3. अन्त में सारणी का मिलान (comparison) प्रश्न में दी गई सभी जानकारियों से करना चाहिए।

**_उदाहरण_ 1.** दो पुरुष, अनिल और डेविड तथा दो महिलाएँ, शबनम और रेखा, एक विक्रेता समूह में हैं। जिनमें केवल दो तमिलभाषी हैं तथा अन्य दो मराठीभाषी हैं। इनमें से केवल एक पुरुष और एक महिला कार चला सकते हैं। शबनम मराठीभाषी है तथा अनिल तमिलभाषी है। रेखा और डेविड दोनों कार चला सकते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? ***(UPSC CSAT 2015)***

(a) दोनों तमिलभाषी कार चला सकते हैं

(b) दोनों मराठीभाषी कार चला सकते हैं

(c) दोनों कार चलाने वाले मराठीभाषी हैं

(d) कार चलाने वालों में से एक तमिलभाषी है

***व्याख्या*** प्रश्न में दी गई जानकारी को निम्न प्रकार दर्शाया जा सकता है

| व्यक्ति | मराठी | तमिल | ड्राइव (कार चलाना) |
|---|---|---|---|
| शबनम | ✓ | | |
| रेखा | | | ✓ |
| डेविड | | | ✓ |
| अनिल | | ✓ | |

∵ प्रश्न में बताया गया है कि दो तमिलभाषी व दो मराठीभाषी हैं।

∴ रेखा अथवा डेविड में से कोई एक निश्चित रूप से तमिलभाषी होगा।

अतः स्पष्ट है कि कार चलाने वालों में से एक तमिलभाषी है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 2-6) *नीचे दी गई जानकारी का अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(Dena Bank PO 2010)***

F, H, J, K, L, M और P ये सात मित्र अलग-अलग शहर अर्थात् चेन्नई, मुम्बई, बंगलुरु, जयपुर, इन्दौर, अहमदाबाद, हैदराबाद में कार्य करते हैं, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। इनमें से प्रत्येक का व्यवसाय अलग है अर्थात् चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट (CA), डॉक्टर, प्रोफेसर, इन्जीनियर, बैंकर, वकील और आर्किटेक्ट, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। H एक वकील है और जयपुर में कार्य करता है। K एक डॉक्टर है, वह चेन्नई में कार्य नहीं करता है। चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट, मुम्बई में कार्य करता है। M इन्दौर में कार्य करता है। आर्किटेक्ट हैदराबाद में कार्य करता है। L एक बैंकर है और बंगलुरु में कार्य करता है। F एक इन्जीनियर है, तो J मुम्बई में कार्य नहीं करता है।

**_उदाहरण_ 2.** आर्किटेक्ट कौन है?

(a) J (b) P

(c) K (d) L

(e) इनमें से कोई नहीं

**उदाहरण 3.** व्यक्ति, व्यवसाय और शहर का कौन-सा संयोजन निश्चित रूप से सही है?
(a) F-इन्जीनियर-बंगलुरु (b) K-आर्किटेक्ट-हैदराबाद
(c) L-बैंकर-मुम्बई (d) M-प्रोफेसर-जयपुर
(e) इनमें से कोई नहीं

**उदाहरण 4.** मुम्बई में कौन कार्य करता है?
(a) J (b) K (c) M (d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

**उदाहरण 5.** इन्जीनियर किस शहर में कार्य करता है?
(a) अहमदाबाद (b) चेन्नई
(c) मुम्बई (d) बंगलुरु
(e) इनमें से कोई नहीं

**उदाहरण 6.** प्रोफेसर कौन है?
(a) P (b) J
(c) M (d) M या J
(e) इनमें से कोई नहीं

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 2-6) प्रश्नानुसार,

| अहमदाबाद | हैदराबाद | जयपुर | चेन्नई | बंगलुरु | इन्दौर | मुम्बई | मित्र | इन्जीनियर | आर्किटेक्ट | | वकील | डॉक्टर | प्रोफेसर | बैंकर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | F | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | H | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ |
| ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | J | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | K | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ |
| ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | L | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ |
| ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | M | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ |
| ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✔ | P | ✗ | ✗ | ✔ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |

***2.*** (a) J आर्किटेक्ट है।
***3.*** (e) दिया गया कोई भी संयोजन निश्चित रूप से सही नहीं है। सही संयोजन है
F-इन्जीनियर-चेन्नई, K-डॉक्टर-अहमदाबाद,
L-बैंकर-बंगलुरु, M-प्रोफेसर-इन्दौर
***4.*** (d) मुम्बई में P कार्य करता है, जो चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट है।
***5.*** (b) F इन्जीनियर है, जो चेन्नई में कार्य करता है।
***6.*** (c) M प्रोफेसर है, जो इन्दौर में कार्य करता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 7-11) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्न के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2016)***

सात व्यक्ति जिनके नाम P, Q, R, S, T, U तथा V हैं, सात विभिन्न शहरों यथा आगरा, मुम्बई, दिल्ली, जयपुर, पटना, चण्डीगढ़ तथा कोलकाता को पसन्द करते हैं (आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में)। इनमें से प्रत्येक किसी कम्पनी के तीन विभागों यथा प्रॉडक्शन, HR तथा IT में से किसी एक विभाग में कार्यरत् है। एक विभाग में कम-से-कम दो व्यक्ति कार्य करते हैं।

R, HR विभाग में मुम्बई पसन्द करने वाले के साथ कार्य करता है। S, पटना पसन्द करने वाले के साथ कार्य करता है। S, R के साथ कार्य नहीं करता है। P केवल दिल्ली पसन्द करने वाले के साथ कार्य करता है। P को न तो पटना पसन्द है और न ही वह प्रॉडक्शन विभाग में कार्य करता है।

आगरा पसन्द करने वाला, जयपुर पसन्द करने वाले के साथ कार्य करता है। न तो R और न ही Q को जयपुर पसन्द है। Q केवल T के साथ कार्य करता है। U को चण्डीगढ़ पसन्द है। U, IT विभाग में कार्य नहीं करता है।

**नोट** दी गई किसी भी जानकारी का क्रम आवश्यक रूप से समान नहीं है।

**उदाहरण 7.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एकसमान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। निम्न में से वह एक कौन-सा है, जो समूह में नहीं आता है?
(a) V-कोलकाता (b) P-पटना
(c) Q-जयपुर (d) S-चण्डीगढ़
(e) T-आगरा

**उदाहरण 8.** निम्न में से किसे कोलकाता पसन्द है?
(a) R (b) P
(c) T (d) S
(e) Q

**उदाहरण 9.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(b) R को आगरा शहर पसन्द है
(c) U तथा S एक ही विभाग में कार्य करते हैं
(d) V केवल चण्डीगढ़ पसन्द करने वाले व्यक्ति के साथ काम करता है
(e) Q तथा T दोनों प्रॉडक्शन विभाग में कार्य करते हैं

**उदाहरण 10.** निम्न में कौन-सा संयोजन, IT विभाग में कार्य करने वाले व्यक्तियों के संयोजन को दर्शाता है?
(a) S, P तथा कोलकाता पसन्द करने वाला
(b) P तथा V
(c) R तथा मुम्बई पसन्द करने वाला
(d) आगरा पसन्द करने वाला तथा T
(e) T तथा पटना तथा आगरा पसन्द करने वाला

**उदाहरण 11.** निम्न में से कौन-सा संयोजन V के पसन्दीदा शहर तथा विभाग, जिसमें वह कार्य करता है, को दर्शाता है?
(a) IT-दिल्ली (b) IT-कोलकाता (c) प्रॉडक्शन-कोलकाता
(d) प्रॉडक्शन-पटना (e) HR-पटना

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 7-11) दी गई जानकारी के अनुसार,

| व्यक्ति | शहर | विभाग |
|---|---|---|
| P | मुम्बई | HR |
| Q | आगरा | IT |
| R | दिल्ली | HR |
| S | कोलकाता | प्रॉडक्शन |
| T | जयपुर | IT |
| U | चण्डीगढ़ | प्रॉडक्शन |
| V | पटना | प्रॉडक्शन |

***7.*** *(b)* P-पटना संयोजन के अतिरिक्त अन्य सभी में, दिए गए व्यक्ति का विभाग तथा दिए गए शहर को पसन्द करने वाले व्यक्ति का विभाग एकसमान है।
***8.*** *(d)* S को कोलकाता पसन्द है।
***9.*** *(c)* U तथा S एक ही विभाग में कार्य करते हैं।
***10.*** *(d)* आगरा पसन्द करने वाला और T, IT विभाग में कार्य करने वाले व्यक्तियों को दर्शाता है।
***11.*** *(d)* प्रॉडक्शन-पटना संयोजन V के पसन्दीदा शहर तथा विभाग हैं।

# प्रश्नावली 12.1

***निर्देश*** (प्र.सं. 1-3) *निम्न जानकारी को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI Clerk 2014)***

P और Q वॉलीबॉल तथा हॉकी अच्छा खेलते हैं। R और P बेसबॉल तथा हॉकी अच्छा खेलते हैं। S और Q वॉलीबॉल तथा क्रिकेट अच्छा खेलते हैं। R, S और T बेसबॉल तथा फुटबॉल अच्छा खेलते हैं।

***1.*** इन पाँचों खिलाड़ियों में कौन चार खेल अच्छे खेलता है?
(a) Q (b) P (c) S (d) R
(e) इनमें से कोई नहीं

***2.*** हॉकी, वॉलीबॉल तथा बेसबॉल कौन अच्छा खेलता है?
(a) S (b) P (c) Q (d) R
(e) इनमें से कोई नहीं

***3.*** हॉकी, वॉलीबॉल तथा क्रिकेट कौन अच्छा खेलता है?
(a) S (b) P (c) Q (d) R
(e) इनमें से कोई नहीं

***4.*** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
अभिनव और बरानी, गोल्फ और वॉलीबॉल खेलते हैं।
कृष और देव, टेनिस और क्रिकेट खेलते हैं।
बरानी और कृष, क्रिकेट और वॉलीबॉल खेलते हैं।
अभिनव और देव, गोल्फ और टेनिस खेलते हैं।
जो टेनिस, वॉलीबॉल और गोल्फ खेलता है, वह कौन है?
(a) देव (b) कृष (c) अभिनव (d) बरानी

***5.*** किसी प्रश्न-पत्र में आठ कवियों में से एक A, B, C, D, E, F, G या H पर प्रश्न का होना आवश्यक है। इन कवियों में पहले चार कवि मध्य युग के और शेष आधुनिक काल के माने जाते हैं। साधारणतया, एकान्तर वर्षों में प्रश्न-पत्र में आधुनिक कवियों पर प्रश्न पूछे जाते हैं। साधारणतया, जो H को पसन्द करते हैं, वे G को भी पसन्द करते हैं और जो F को पसन्द करते हैं, वे E को भी पसन्द करते हैं। प्रशासनिक F के बारे में प्रश्न पूछना नहीं चाहता, क्योंकि उसने F के बारे में पुस्तक लिखी है, किन्तु वह F को पसन्द करता है। पिछले वर्ष प्रश्न-पत्र में A के बारे में एक प्रश्न था।
दी गई सूचना के आधार पर, इस वर्ष किस कवि के बारे में प्रश्न पूछे जाने की अत्यधिक सम्भावना है? ***(UPSC CSAT 2014)***
(a) C (b) E
(c) F (d) H

***6.*** छः पुस्तकों को A, B, C, D, E और F से अंकित कर एक के बगल में एक रख दिया जाता है। B, C, E और F पुस्तकों के हरे आवरण हैं, जबकि अन्य पुस्तकों के आवरण पीले हैं। A, B और D पुस्तकें नई हैं, जबकि शेष पुरानी पुस्तकें हैं। A, B और C पुस्तकें विधि रिपोर्टें हैं, जबकि शेष पुस्तकें आयुर्विज्ञान के उद्धरण हैं। कौन-सी दो, पुरानी आयुर्विज्ञान के उद्धरणों की हरे आवरणों वाली पुस्तकें हैं? ***(UPSC CSAT 2014)***
(a) B और C (b) E और F
(c) C और E (d) C और F

***7.*** छः स्त्रियों की मण्डली में चार नर्तकियाँ, चार गायिकाएँ, एक अभिनेत्री और तीन वायलिन वादिकाएँ हैं। गिरिजा और वनजा वायलिन वादिकाएँ हैं, जबकि जलजा और शैलजा वायलिन बजाना नहीं जानती। शैलजा और तनुजा नर्तकियों में से हैं। जलजा, वनजा, शैलजा और तनुजा सभी गायिकाएँ हैं और उनमें से दो वायलिन वादिकाएँ भी हैं।
यदि पूजा अभिनेत्री है, तो निम्नलिखित में से कौन निश्चित रूप से नर्तकी भी है और वायलिन वादिका भी? ***(UPSC CSAT 2014)***
(a) जलजा (b) पूजा (c) शैलजा (d) तनुजा

***8.*** एक समतल में, रेखा X, रेखा Y के अनुलम्ब है और रेखा Z के समान्तर है; रेखा U, रेखा V और रेखा W दोनों के अनुलम्ब है; रेखा X, रेखा V के अनुलम्ब है।
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? ***(UPSC CSAT 2015)***
(a) Z, U और W समान्तर हैं (b) X, V और Y समान्तर हैं
(c) Z, V और U, सभी W के अनुलम्ब हैं (d) Y, V और W समान्तर हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 9-13) *निम्नलिखित सूचना को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(Vijaya Bank PO 2009)***

HSS लि. ने विभिन्न परियोजनाओं को सम्भालने के लिए विजय, श्रुति, मधु, आमिर, महेश, दीपा और सचिन नामक सात प्रशिक्षुओं को भर्ती किया है। वे सूरत, चेन्नई, दिल्ली और भुवनेश्वर नामक भिन्न-भिन्न शहरों के हैं तथा उन्हें भिन्न-भिन्न क्षेत्रों अर्थात् वित्त, प्रबन्धन, इन्जीनियरिंग और आर्किटेक्चर में विशेषज्ञता प्राप्त है। एक ही विशेषज्ञता वाले और एक ही शहर के दो से अधिक प्रशिक्षुओं का चयन नहीं किया गया है।

सचिन सूरत से है और उसने इन्जीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की है। विजय दिल्ली से है और इन्जीनियरिंग में विशेषज्ञ नहीं है। भुवनेश्वर से सिर्फ प्रबन्धन के प्रशिक्षु चुने गए थे। आर्किटेक्चर में किसी महिला प्रशिक्षु को विशेषज्ञता हासिल नहीं है। जिसकी आर्किटेक्चर में विशेषज्ञता है वह दिल्ली से नहीं है। दीपा और विजय का शहर एक ही है लेकिन विशेषज्ञता एक समान नहीं है। आमिर और मधु अलग-अलग विशेषज्ञताओं के साथ एक ही शहर से हैं। श्रुति की विशेषज्ञता वित्त में है।

***9.*** यदि आमिर चेन्नई से है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा असत्य होगा?
(a) महेश की विशेषज्ञता प्रबन्धन में है
(b) मधु की विशेषज्ञता आर्किटेक्चर में नहीं है
(c) आमिर की विशेषज्ञता प्रबन्धन में है
(d) महेश का शहर भुवनेश्वर है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***10.*** चेन्नई से कौन है?
(a) आमिर (b) महेश
(c) श्रुति (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

***11.*** मधु की विशेषज्ञता किसमें है?
(a) इन्जीनियरिंग (b) प्रबन्धन
(c) वित्त (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***12.*** निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन निश्चित रूप से असत्य है?
(a) इन्जीनियरिंग-सूरत (b) आर्किटेक्चर-चेन्नई
(c) वित्त-दिल्ली (d) वित्त-सूरत
(e) इनमें से कोई नहीं

***13.*** वित्त किसने पढ़ा है?
(a) विजय (b) मधु (c) आमिर (d) दीपा
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 14-18) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Main 2016)***

P, Q, R, S, T, V, W और Z एक वर्ग में 8 विद्यार्थी हैं। उनमें से तीन प्रत्येक क्रिकेट और बैडमिण्टन खेलते हैं और दो हॉकी खेलते हैं। इनमें से प्रत्येक की लम्बाई अलग-अलग है। सबसे लम्बा हॉकी नहीं खेलता और सबसे नाटा क्रिकेट नहीं खेलता है। V, P और S से लम्बा है किन्तु Z और Q से नाटा है। T, जो क्रिकेट नहीं खेलता है, Q से लम्बा है और सबसे लम्बे के बाद दूसरा है। W, S से नाटा किन्तु P से लम्बा है। Z जो ऊपर से चौथा है, S के साथ बैडमिण्टन खेलता है। W न तो क्रिकेट और न ही हॉकी खेलता है। Q हॉकी नहीं खेलता है।

**14.** सबसे लम्बा कौन है?
(a) Q (b) Z (c) R (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

**15.** सबसे नाटा कौन है?
(a) W (b) S (c) Z (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

**16.** अपनी लम्बाई के अवरोही क्रम में क्रमबद्ध किए जाने पर V का ऊपर से स्थान कौन-सा है?
(a) तीसरा (b) पाँचवाँ (c) चौथा (d) छठा
(e) इनमें से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित में विद्यार्थियों का कौन-सा समूह क्रिकेट खेलता है?
(a) RPT (b) RQV (c) RSP (d) RPQ
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** निम्नलिखित में से विद्यार्थियों की कौन-सी जोड़ी हॉकी खेलती है?
(a) TV (b) ZT (c) ZV (d) PV
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 19-23) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Main 2015)***

छः प्रोफेसर P, Q, R, S, T और U विभिन्न विषय अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, संगीत, कम्प्यूटर और चित्रांकन विभाग में कार्यरत् हैं, जो अलग-अलग शहर जैसे पटना, राँची, जमशेदपुर, लखनऊ, चण्डीगढ़ और भोपाल में पदस्थापित हैं लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि उनका क्रम यही हो।

P संगीत के प्रोफेसर हैं और वह राँची में पदस्थापित हैं, Q गणित और भौतिकी के प्रोफेसर नहीं हैं, लेकिन वह भोपाल में पदस्थापित हैं। R कम्प्यूटर के प्रोफेसर हैं और वह जमशेदपुर में पदस्थापित हैं। S गणित के प्रोफेसर नहीं हैं और न ही चण्डीगढ़ में पदस्थापित हैं। U चित्रांकन के प्रोफेसर हैं और वह लखनऊ में पदस्थापित हैं।

**19.** अंग्रेजी किस प्रोफेसर द्वारा पढ़ाई जाती है?
(a) P (b) Q (c) R (d) आँकड़े अधूरे हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**20.** S कौन-सा विषय पढ़ाते हैं?
(a) कम्प्यूटर (b) गणित (c) चित्रांकन (d) अंग्रेजी
(e) इनमें से कोई नहीं

**21.** T किस शहर में पदस्थापित है?
(a) पटना (b) लखनऊ (c) राँची (d) आँकड़े अधूरे हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**22.** U किस शहर में पदस्थापित है?
(a) लखनऊ (b) भोपाल (c) राँची (d) आँकड़े अधूरे हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**23.** पटना में कौन-से प्रोफेसर पदस्थापित हैं?
(a) Q (b) U (c) T (d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 24-28) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2013)***

सात मित्र P, Q, R, S, T, U और V अलग-अलग विषय गणित, भौतिकी, जैविकी, अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान और फ्रेन्च पढ़ाते हैं जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। इनमें से प्रत्येक को अलग-अलग रंग गुलाबी, हरा, नीला, लाल, पीला, सफेद और नारंगी पसन्द है जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। T जैविकी पढ़ाता है और उसे हरा रंग पसन्द है। Q इतिहास पढ़ाता है और उसे नारंगी व पीला रंग पसन्द नहीं है। जिसे लाल रंग पसन्द है वह भौतिकी पढ़ाता है। P फ्रेन्च पढ़ाता है और उसे नीला रंग पसन्द है। R गणित और V मनोविज्ञान पढ़ाता है। U को लाल रंग पसन्द नहीं है तथा गणित के शिक्षक को पीला रंग पसन्द नहीं है।

**24.** V को कौन-सा रंग पसन्द है?
(a) गुलाबी (b) सफेद (c) नारंगी (d) पीला
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** अंग्रेजी कौन पढ़ाता है?
(a) U (b) A
(c) R (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** सफेद किसे पसन्द है?
(a) R (b) S (c) U (d) V
(e) इनमें से कोई नहीं

**27.** नारंगी किसे पसन्द है?
(a) V (b) R (c) U
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**28.** निम्न में कौन-सा सम्बन्ध सही है?
(a) T-लाल-भौतिकी (b) U-गुलाबी-अंग्रेजी
(c) S-लाल-मनोविज्ञान (d) U-पीला-जैविकी
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 29–33) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2013)***

सात मित्र A, B, C, D, E, G तथा I, तीन विभिन्न कक्षाओं यथा 5, 6 तथा 7 में पढ़ते हैं। किसी एक कक्षा में दो से कम मित्र नहीं हैं। प्रत्येक मित्र का अपना एक पसन्दीदा विषय है; जैसे– इतिहास, नागरिकशास्त्र, अंग्रेजी, मराठी, हिन्दी, गणित तथा अर्थशास्त्र लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

A को गणित पसन्द है और वह कक्षा 5 में पढ़ता है, अपने उस एक मित्र के साथ जिसे मराठी पसन्द है। I, दो अन्य मित्रों के साथ पढ़ता है। जो दो मित्र, I के साथ पढ़ते हैं, उन्हें भाषा पसन्द है। (यहाँ भाषा में केवल हिन्दी, मराठी तथा अंग्रेजी हैं।) D, कक्षा 6 में केवल एक मित्र के साथ पढ़ता है तथा उसे नागरिकशास्त्र पसन्द नहीं है। E केवल एक मित्र के साथ पढ़ता है। वह, जिसे इतिहास पसन्द है, कक्षा 5 या कक्षा 6 में नहीं पढ़ता है। E को कोई भाषा पसन्द नहीं है। C को अंग्रेजी, हिन्दी तथा नागरिकशास्त्र पसन्द नहीं है।

**29.** नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा E के पसन्दीदा विषय तथा कक्षा को प्रदर्शित करता है?
(a) नागरिकशास्त्र तथा 7वीं (b) अर्थशास्त्र तथा 5वीं
(c) नागरिकशास्त्र तथा 6वीं (d) इतिहास तथा 6वीं
(e) अर्थशास्त्र तथा 7वीं

**30.** निम्न में से I का पसन्दीदा विषय कौन-सा है?
(a) इतिहास (b) नागरिकशास्त्र
(c) मराठी (d) या तो अंग्रेजी या मराठी
(e) या तो अंग्रेजी या हिन्दी

**31.** निम्न में से कौन कक्षा 7 में पढ़ता है?
(a) G (b) C
(c) E (d) D
(e) या तो D या B

**32.** निम्न में से कौन-सा संयोजन निश्चित रूप से सही है?
(a) I और हिन्दी (b) G और अंग्रेजी
(c) C और मराठी (d) B और हिन्दी
(e) E और अर्थशास्त्र

**33.** G को निम्न में से कौन-सा विषय पसन्द है?
(a) या तो गणित या मराठी (b) या तो हिन्दी या अंग्रेजी
(c) या तो हिन्दी या नागरिकशास्त्र (d) या तो हिन्दी या मराठी
(e) या तो नागरिकशास्त्र या अर्थशास्त्र

***निर्देश*** (प्र.सं. 34-38) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2011)***

P, Q, R, S, T, V और W तीन बसों A, B व C में इस तरह यात्रा कर रहे हैं कि इनमें से किसी भी बस में कम-से-कम दो लोग हैं। इनमें से प्रत्येक को अलग भोजन पसन्द है यथा पंजाबी, राजस्थानी, बंगाली, महाराष्ट्रीय, गुजराती, कश्मीरी और उड़िपी, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में।

Q, बस B में T के साथ यात्रा कर रहा है। T को उड़िपी भोजन पसन्द है। बस A में यात्रा करने वालों को पंजाबी या महाराष्ट्रीय भोजन पसन्द नहीं है। जिसे राजस्थानी भोजन पसन्द है, वह W के साथ बस C में यात्रा कर रहा है। जिसका पसन्दीदा भोजन गुजराती है, वह T या W के साथ एक ही बस में यात्रा नहीं कर रहा है। P बस B में यात्रा नहीं कर रहा है। P को कश्मीरी भोजन पसन्द है। S व V एक ही बस में यात्रा कर रहे हैं। V को बंगाली भोजन पसन्द नहीं है। जिसे महाराष्ट्रीय भोजन पसन्द है वह बस B में यात्रा नहीं कर रहा है।

***34.*** निम्न में से कौन-सा संयोजन सही है?
(a) A-V-गुजराती (b) B-S-बंगाली (c) C-W-पंजाबी (d) B-Q-गुजराती
(e) सभी गलत हैं

***35.*** राजस्थानी भोजन किसे पसन्द है?
(a) Q (b) S (c) V (d) R
(e) डाटा अपर्याप्त

***36.*** S का पसन्दीदा भोजन कौन-सा है?
(a) महाराष्ट्रीय (b) बंगाली (c) राजस्थानी (d) कश्मीरी
(e) डाटा अपर्याप्त

***37.*** Q का पसन्दीदा भोजन कौन-सा है?
(a) कश्मीरी (b) महाराष्ट्रीय (c) पंजाबी (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

***38.*** इनमें से तीन व्यक्ति किस बस में यात्रा कर रहे हैं?
(a) केवल A (b) केवल B (c) केवल A या B (d) डाटा अपर्याप्त
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 39-43) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2011)***

A, B, C, D, E, F व G एक क्लब के सात सदस्य हैं। उनमें से प्रत्येक का एक अलग पेशा है यथा वकील, शिक्षक, आर्किटेक्ट, CA, इन्जीनियर, डॉक्टर और वैज्ञानिक। उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग खेल पसन्द हैं यथा-लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिण्टन, स्नूकर, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और कैरम। ऊपर दिए गए व्यक्ति, पेशे और खेल जरूरी नहीं कि उसी क्रम में हैं।

B का पसन्दीदा खेल लॉन टेनिस है और वह CA नहीं है। D आर्किटेक्ट है और उसे बास्केटबॉल पसन्द नहीं है। डॉक्टर का पसन्दीदा खेल कैरम है। शिक्षक को वॉलीबॉल का खेल पसन्द है। E वैज्ञानिक है। C वकील है और उसे बैडमिण्टन पसन्द है। A को टेबल टेनिस पसन्द है। F का पसन्दीदा खेल वालीबॉल है।

***39.*** टेबल टेनिस किसका पसन्दीदा खेल है?
(a) इन्जीनियर का (b) CA का
(c) वैज्ञानिक का (d) डाटा अपर्याप्त है
(e) इनमें से कोई नहीं

***40.*** डॉक्टर कौन है?
(a) G (b) F (c) C (d) डाटा अपर्याप्त है
(e) इनमें से कोई नहीं

***41.*** D का पसन्दीदा खेल कौन-सा है?
(a) वॉलीबॉल (b) टेबल टेनिस (c) स्नूकर (d) बास्केटबॉल
(e) डाटा अपर्याप्त है

***42.*** B का पेशा क्या है?
(a) इन्जीनियर (b) डॉक्टर (c) CA (d) आर्किटेक्ट
(e) इनमें से कोई नहीं

***43.*** E का पसन्दीदा खेल कौन-सा है?
(a) वॉलीबॉल (b) टेबल टेनिस (c) लॉन टेनिस (d) कैरम
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 44-46) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UP Police SI 2017)***

M, V, K, D, T, J और R ये सात मित्र अलग-अलग कक्षाओं III, IV, V, VI ,VII, VIII और IX में पढ़ते हैं। इनमें से प्रत्येक के मनपसन्द रंग अलग-अलग हैं-पीला, नीला, लाल, सफेद, काला, हरा और बैंगनी। J को लाल रंग पसन्द है और वह कक्षा V में पढ़ता है। R को बैंगनी रंग पसन्द है और वह कक्षा III में पढ़ता है। M कक्षा VIII में पढ़ता है और उसे हरा और पीला रंग पसन्द नहीं है। K को सफेद रंग पसन्द है और वह कक्षा VII और IV में नहीं पढ़ता है। D कक्षा VI में पढ़ता है और उसे काला रंग पसन्द है। T कक्षा IV में नहीं पढ़ता है। V को हरा रंग पसन्द नहीं है।

***44.*** V किस कक्षा में पढ़ता है?
(a) IV (b) IX
(c) VIII (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं

***45.*** M का मनपसन्द रंग कौन-सा है?
(a) लाल (b) पीला (c) हरा (d) नीला

***46.*** K कौन-सी कक्षा में पढ़ता है?
(a) III (b) V (c) IV (d) IX

***निर्देश*** (प्र.सं. 47-51) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2017)***

सात व्यक्ति T, U, V, W, X, Y और Z इन्जीनियरिंग कॉलेज में तीन ब्रांच जैसे-एरोनॉटिकल, केमिकल और इलेक्ट्रिकल में पढ़ते हैं। इनमें से प्रत्येक को अलग-अलग खेल जैसे-हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, मुक्केबाजी, तीरन्दाजी और कुश्ती पसन्द है। कम-से-कम प्रत्येक ब्रांच में दो व्यक्ति पढ़ते हैं। (**नोट** दी गई कोई भी जानकारी जरूरी नहीं इसी क्रम में हो)
T एरोनॉटिकल ब्रांच में केवल तीरन्दाजी पसन्द करने वाले व्यक्ति के साथ पढ़ता है। वह जिसे कुश्ती पसन्द है, हॉकी पसन्द करने वाले व्यक्ति के साथ पढ़ता है। U, W के साथ और क्रिकेट पसन्द करने वाले व्यक्ति के साथ पढ़ता है। न तो U न ही W को या तो कुश्ती या हॉकी पसन्द है। Z, मुक्केबाजी पसन्द करने वाले व्यक्ति के साथ पढ़ता है। Y, V के साथ पढ़ता है। V न तो इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग में पढ़ता है न ही उसे कुश्ती पसन्द है। T को वॉलीबॉल पसन्द नहीं है।

***47.*** निम्न में से केमिकल इन्जीनियरिंग में कौन पढ़ता है?
(a) Y (b) U
(c) वह जिसे वॉलीबॉल पसन्द है (d) W
(e) वह जिसे क्रिकेट पसन्द है

***48.*** दिए गए व्यवस्था के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
A. Y को क्रिकेट पसन्द है
B. X ऐरानॉटिकल इन्जीनियरिंग में पढ़ता है
C. वह जिसे मुक्केबाजी पसन्द है, इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग में पढ़ता है
(a) केवल C (b) केवल A (c) दोनों A और B (d) केवल B
(e) B और C

***49.*** X को कौन-सा खेल पसन्द है?
(a) कुश्ती (b) तीरन्दाजी (c) मुक्केबाजी (d) वॉलीबॉल
(e) क्रिकेट

***50.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में चार निश्चित रूप से एकसमान ब्रांच में पढ़ते हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं। निम्न में से कौन अलग ब्रांच में पढ़ाई करता है?
(a) T-X (b) फुटबॉल-तीरन्दाजी
(c) कुश्ती-मुक्केबाजी (d) Y-हॉकी
(e) W-वॉलीबॉल

***51.*** निम्न में से किसे फुटबॉल पसन्द है?
(a) T (b) U (c) V (d) W (e) Y

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**उत्तर** (प्र.सं. 1-3) प्रश्नानुसार,

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वॉलीबॉल | ✓ | ✓ | | ✓ | |
| हॉकी | ✓ | ✓ | ✓ | | |
| बेसबॉल | ✓ | | ✓ | ✓ | ✓ |
| क्रिकेट | | ✓ | | ✓ | |
| फुटबॉल | | | ✓ | ✓ | ✓ |

**1.** *(c)* सारणी से स्पष्ट है कि S चार अच्छे खेल खेलता है।

**2.** *(b)* P हॉकी, वॉलीबॉल और बेसबॉल अच्छा खेलता है।

**3.** *(c)* Q हॉकी, वॉलीबॉल और क्रिकेट अच्छा खेलता है।

**4.** *(c)* दी गई जानकारी से,

| | **टेनिस** | **क्रिकेट** | **गोल्फ** | **वॉलीबाल** |
|---|---|---|---|---|
| अभिनव | ✓ | | ✓ | ✓ |
| बरानी | | ✓ | ✓ | ✓ |
| कृष | ✓ | ✓ | | ✓ |
| देव | ✓ | ✓ | ✓ | |

अतः अभिनव, टेनिस, वॉलीबाल और गोल्फ खेलता है।

**5.** *(b)* यहाँ, मध्य युग के कवि = (A, B, C, D)

आधुनिक काल के कवि = (E, F, G, H) तथा पिछले वर्ष पूछे गए कवि = A

अब, दी गई सूचना के अनुसार, F पर प्रश्न आने की सम्भावना नहीं है, परन्तु प्रशासनिक F तथा E को पसन्द करता है लेकिन A पर प्रश्न पिछले वर्ष पूछा गया था। अतः आधुनिक काल के कवियों में से E पर प्रश्न आने की सम्भावना सर्वाधिक है।

**6.** *(b)* प्रश्न में दी गई जानकारी के आधार पर तालिका बनाने पर,

| **पुस्तकें** | **रंग** | **स्थिति** (नयी/पुरानी) | **विषय** (विधि/आयुर्विज्ञान) |
|---|---|---|---|
| A | पीला | नयी | विधि |
| B | हरा | नयी | विधि |
| C | हरा | पुरानी | विधि |
| D | पीला | नयी | आयुर्विज्ञान |
| E | हरा | पुरानी | आयुर्विज्ञान |
| F | हरा | पुरानी | आयुर्विज्ञान |

अतः उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि E और F पुरानी आयुर्विज्ञान के उद्धरणों की हरे आवरणों वाली पुस्तकें हैं।

**7.** *(d)* प्रश्न में दी गई जानकारी के आधार पर तालिका बनाने पर,

| | **नर्तकी** | **गायिका** | **अभिनेत्री** | **वायलिन वादिका** |
|---|---|---|---|---|
| गिरिजा | – | ✗ | ✗ | ✓ |
| वनजा | – | ✓ | ✗ | ✓ |
| जलजा | – | ✓ | ✗ | ✗ |
| शैलजा | ✓ | ✓ | ✗ | ✗ |
| तनुजा | ✓ | ✓ | ✗ | ✓ |
| पूजा | – | ✗ | ✓ | ✗ |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि तनुजा, नर्तकी तथा वायलिन वादिका है।

**8.** *(d)* दी गई जानकारी से आरेख बनाने पर,




आरेख के आधार पर कहा जा सकता है कि रेखा Y, V तथा W समान्तर हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 9-13) प्रश्नानुसार,

| **प्रशिक्षु** | **विशेषज्ञता** | **शहर** |
|---|---|---|
| विजय | वित्त | दिल्ली |
| श्रुति | वित्त | सूरत |
| महेश | प्रबन्धन | भुवनेश्वर |
| मधु | प्रबन्धन | चेन्नई |
| आमिर | आर्किटेक्चर | चेन्नई |
| दीपा | इन्जीनियरिंग | दिल्ली |
| सचिन | इन्जीनियरिंग | सूरत |

**9.** *(c)* यदि आमिर चेन्नई से होगा, तो विशेषज्ञता प्रबन्धन नहीं होगी।

**10.** *(a)* चेन्नई से आमिर है।

**11.** *(b)* मधु की विशेषज्ञता प्रबन्धन में है।

**12.** *(e)* दिए गए संयोजनों में से कोई भी संयोजन निश्चित रूप से असत्य नहीं है।

**13.** *(a)* वित्त विजय तथा श्रुति ने पढ़ा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 14-18) प्रश्नानुसार,

| **विद्यार्थी** | **खेल** |
|---|---|
| P | हॉकी |
| Q | क्रिकेट |
| R | क्रिकेट |
| S | बैडमिण्टन |
| T | हॉकी |
| V | क्रिकेट |
| W | बैडमिण्टन |
| Z | बैडमिण्टन |

लम्बाई का अवरोही क्रम (ऊपर से नीचे)

$R \rightarrow T \rightarrow Q \rightarrow Z \rightarrow V \rightarrow S \rightarrow W \rightarrow P$

(1) (2) (3) (4) (5) (6) (7) (8)

**14.** *(c)* सबसे लम्बा R है।

**15.** *(e)* सबसे नाटा P है।

**16.** *(b)* लम्बाई को अवरोही क्रम में क्रमबद्ध किए जाने पर ऊपर से V का स्थान 5वाँ है।

**17.** *(b)* RQV विद्यार्थियों का समूह क्रिकेट खेलता है।

**18.** *(e)* PT विद्यार्थियों की जोड़ी हॉकी खेलती है।

**उत्तर** (प्र.सं. 19-23) दी गई जानकारी के अनुसार,

| प्रोफेसर | विषय | शहर |
|---|---|---|
| P | संगीत | राँची |
| Q | अंग्रेजी | भोपाल |
| R | कम्प्यूटर | जमशेदपुर |
| S | भौतिकी | पटना |
| T | गणित | चण्डीगढ़ |
| U | चित्रांकन | लखनऊ |

**19.** *(b)* Q अंग्रेजी पढ़ाता है।

**20.** *(e)* S द्वारा भौतिकी पढ़ाई जाती है।

**21.** *(e)* T चण्डीगढ में पदस्थापित है।

**22.** *(a)* U लखनऊ में पदस्थापित है।

**23.** *(e)* S पटना में पदस्थापित है।

**उत्तर** (प्र.सं. 24-28) प्रश्नानुसार,

| मित्र | विषय | पसन्दीदा रंग |
|---|---|---|
| P | फ्रेन्च | नीला |
| Q | इतिहास | सफेद |
| R | गणित | नारंगी |
| S | भौतिकी | लाल |
| T | जैविकी | हरा |
| U | अंग्रेजी | गुलाबी |
| V | मनोविज्ञान | पीला |

**24.** *(d)* V को पीला रंग पसन्द है।

**25.** *(a)* U अंग्रेजी पढ़ाता है।

**26.** *(e)* Q को सफेद रंग पसन्द है।

**27.** *(b)* R को नारंगी रंग पसन्द है।

**28.** *(b)* U को गुलाबी रंग पसन्द है तथा वह अंग्रेजी विषय पढ़ाता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 29-33) दी गई सूचनाओं के आधार पर तालिका बनाने पर,

| मित्र | कक्षा | विषय |
|---|---|---|
| A | V | गणित |
| B | VII | हिन्दी/अंग्रेजी |
| C | V | मराठी |
| D | VI | अर्थशास्त्र |
| E | VI | नागरिकशास्त्र |
| G | VII | हिन्दी/अंग्रेजी |
| I | VII | इतिहास |

**29.** *(c)* E का पसन्दीदा विषय नागरिकशास्त्र है तथा व कक्षा VI में पढ़ता है।

**30.** *(a)* I का पसन्दीदा विषय इतिहास है।

**31.** *(a)* G कक्षा 7 में पढ़ता है।

**32.** *(c)* C और मराठी का संयोजन सही है।

**33.** *(b)* G को या तो हिन्दी या अंग्रेजी पसन्द है।

**उत्तर** (प्र.सं. 34-38) प्रश्नानुसार,

| व्यक्ति | बस | पसन्दीदा भोजन |
|---|---|---|
| P | A | कश्मीरी |
| Q | B | पंजाबी |
| R | A | गुजराती |
| S | C | महाराष्ट्रीय |
| T | B | उड़िपी |
| V | C | राजस्थानी |
| W | C | बंगाली |

**34.** *(e)* सभी संयोजन गलत हैं।

**35.** *(c)* V को राजस्थानी भोजन पसन्द है।

**36.** *(a)* S का पसन्दीदा भोजन महाराष्ट्रीय है।

**37.** *(c)* Q का पसन्दीदा भोजन पंजाबी है।

**38.** *(e)* बस C में तीन व्यक्ति यात्रा कर रहे हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 39-43) प्रश्नानुसार,

| व्यक्ति | पेशा | पसन्दीदा खेल |
|---|---|---|
| A | CA | टेबल टेनिस |
| B | इन्जीनियर | लॉन टेनिस |
| C | वकील | बैडमिण्टन |
| D | आर्किटेक्ट | स्नूकर |
| E | वैज्ञानिक | बास्केटबॉल |
| F | शिक्षक | वॉलीबॉल |
| G | डॉक्टर | कैरम |

**39.** *(b)* टेबल टेनिस CA का पसन्दीदा खेल है।

**40.** *(a)* G डॉक्टर है।

**41.** *(c)* D का पसन्दीदा खेल स्नूकर है।

**42.** *(a)* B का पेशा इन्जीनियर है।

**43.** *(e)* E का पसन्दीदा खेल बास्केटबॉल है।

**उत्तर** (प्र.सं. 44-46) दी गई जानकारी के अनुसार,

| मित्र | कक्षा | पसन्दीदा रंग |
|---|---|---|
| M | VIII | नीला |
| V | IV | पीला |
| K | IX | सफेद |
| D | VI | काला |
| T | VII | हरा |
| J | V | लाल |
| R | III | बैंगनी |

**44.** *(a)* V कक्षा 'IV' में पढ़ता है।

**45.** *(d)* M का मनपसन्द रंग 'नीला' है।

**46.** *(d)* K कक्षा 'IX' में पढ़ता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 47-51) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है

| व्यक्ति | ब्रांच | खेल |
|---|---|---|
| T | एरोनॉटिकल | फुटबॉल |
| U | इलेक्ट्रिकल | वॉलीबॉल |
| V | केमिकल | हॉकी |
| W | इलेक्ट्रिकल | मुक्केबाजी |
| X | एरोनॉटिकल | तीरन्दाजी |
| Y | केमिकल | कुश्ती |
| Z | इलेक्ट्रिकल | क्रिकेट |

**47.** *(a)* Y केमिकल इन्जीनियरिंग में पढ़ता है।

**48.** *(e)* दी गई व्यवस्था के आधार पर कथन (B) तथा (C) दोनों सत्य हैं।

**49.** *(b)* X को तीरन्दाजी पसन्द है।

**50.** *(c)* 'कुश्ती-मुक्केबाजी' सबसे अलग है।

**51.** *(a)* T को फुटबॉल पसन्द है।

## प्रकार *2.* बैठक व क्रम व्यवस्था पर आधारित

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्तियों या वस्तुओं को समूहों में बाँटकर उनके बैठने या क्रम के आधार पर प्रश्नों को पूछा जाता है। इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों को हल करने के लिए दी गई जानकारी को क्रम व्यवस्था या बैठक व्यवस्था के आधार पर समायोजित कर प्रश्नों के उत्तर ज्ञात करने होते हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 12-16) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2013)***

A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी रेखा में खड़े हैं किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में। सभी के मध्य समान दूरी है। इनमें से प्रत्येक अलग-अलग व्यवसायी अभिनेता, रिपोर्टर, डॉक्टर, इन्जीनियर, वकील, शिक्षक तथा चित्रकार हैं, परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों। G, C के बाएँ पाँचवाँ है। रिपोर्टर G के दाएँ तीसरा है। F, A के दाएँ पाँचवाँ है। E, B के बाएँ दूसरा है। इन्जीनियर, D के बाएँ दूसरा है। इन्जीनियर और चित्रकार के मध्य केवल तीन व्यक्ति हैं। डॉक्टर, इन्जीनियर के तुरन्त बाएँ है। वकील, शिक्षक के तुरन्त दाएँ है।

**उदाहरण 12.** A का व्यवसाय क्या है?
(a) चित्रकार (b) डॉक्टर (c) शिक्षक (d) अभिनेता
(e) इन्जीनियर

**उदाहरण 13.** दिए गए व्यवस्थिकरण के अनुसार, निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(a) F एक शिक्षक है
(b) F, E के बाएँ तीसरा है
(c) चित्रकार, B के तुरन्त बाएँ है
(d) वकील व्यवस्था के ठीक मध्य में खड़ा है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उदाहरण 14.** निम्न में से कौन अभिनेता है?
(a) E (b) F (c) C (d) B
(e) A

**उदाहरण 15.** चित्रकार के सन्दर्भ में D की स्थिति क्या है?
(a) बाएँ को तीसरा (b) दाएँ को दूसरा
(c) दाएँ को चौथा (d) दाएँ को तीसरा
(e) बाएँ को दूसरा

**उदाहरण 16.** खड़े होने की व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है। निम्न में से वह कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता?
(a) AED
(b) DFC
(c) GDB
(d) EBF
(e) BFC

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 12-16) दी गई जानकारी के अनुसार व्यक्तियों के खड़े होने का क्रम और उनके व्यवसाय निम्न हैं




***12.*** *(b)* A डॉक्टर है।
***13.*** *(d)* वकील व्यवस्था के ठीक मध्य में है।
***14.*** *(c)* C अभिनेता है।
***15.*** *(e)* D, चित्रकार के बाएँ को दूसरा है।
***16.*** *(e)* BFC के अतिरिक्त अन्य सभी में पहले व्यक्ति के बाद एक छोड़कर दोनों व्यक्ति हैं जबकि BFC में तीनों व्यक्ति क्रम से हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 17-21) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2016)***

A, B, C, D, W, X, Y तथा Z एक वृत्त के इर्द-गिर्द बैठे हैं (लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में)। उन सभी का मुँह केन्द्र की ओर है। W, Y के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। द्वारका से आने वाला व्यक्ति W के तुरन्त दाएँ बैठा है तथा W ओखला से नहीं है। B, Z के दाएँ चौथे स्थान पर बैठा है। Z, Y का पड़ोसी नहीं है। न तो B और न ही Z, W के निकटतम पड़ोसी हैं। X, चाणक्यपुरी से है तथा द्वारका से आए व्यक्ति के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। महरौली से आया व्यक्ति चाणक्यपुरी से आए व्यक्ति के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। रोहिणी से आया व्यक्ति, W के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है, जो करोल बाग से है। A जोकि लाजपत नगर से है, X तथा Z के ठीक मध्य में बैठा हुआ है। साकेत से आने वाला व्यक्ति, लाजपत नगर से आने वाले व्यक्ति के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। C, X के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है।

**उदाहरण 17.** निम्न में से कौन-सा व्यक्ति ओखला से है?
(a) Y (b) D (c) C (d) B
(e) Z

**उदाहरण 18.** B के सापेक्ष A की क्या स्थिति है?
(a) दाएँ से तीसरा (b) दाएँ से दूसरा
(c) बाएँ से तीसरा (d) बाएँ से दूसरा
(e) दाएँ से चौथा

**उदाहरण 19.** यदि C के वामावर्त दिशा से गिनती की जाए, तो Z तथा C के मध्य कितने लोग बैठे हुए हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार
(e) कोई नहीं

**उदाहरण 20.** निम्न पाँच युग्मों में से चार युग्म, दी गई व्यवस्था के आधार पर किसी प्रकार एकसमान हैं तथा अपना एक सूमह बनाते हैं। वह एक युग्म कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) B-रोहिणी (b) Z-महरौली (c) D-ओखला (d) Y-साकेत
(e) X-द्वारका

**उदाहरण 21.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) C, करोल बाग से आने वाले व्यक्ति के तुरन्त दाएँ बैठा है
(b) लाजपत नगर से आने वाला व्यक्ति, महरौली से आने वाले व्यक्ति के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है
(c) द्वारका से आने वाला व्यक्ति करोल बाग तथा साकेत से आने वाले व्यक्तियों के ठीक मध्य में बैठा है
(d) D न ही तो चाणक्यपुरी तथा न ही करोल बाग से है
(e) A तथा C के मध्य केवल तीन लोग हैं

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 17-21) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है

**17.** *(a)* Y ओखला से है।

**18.** *(a)* B के सापेक्ष, A दाएँ से तीसरा है।

**19.** *(d)* C के वामावर्त दिशा से गिनती करने पर Z तथा C के मध्य चार लोग B, Y, X तथा A बैठे हुए हैं।

**20.** *(e)* X-द्वारका के अतिरिक्त अन्य सभी युग्मों में दिए गए व्यक्ति के सामने वाले व्यक्ति का स्थान दिया गया है।

**21.** *(c)* दिए गए विकल्पों में से विकल्प (c) का कथन असत्य है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 22-26) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO Pre 2017)***

आठ व्यक्ति X, G, T, C, P, J, A तथा M एक इमारत के विभिन्न तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे नीचे वाले तल को संख्या 1, उससे ऊपर वाले तल को संख्या 2 तथा इसी प्रकार आगे भी तथा सबसे ऊपरी तल को संख्या 8 दी गई है। उनमें से सभी एक अलग प्रकार का नृत्य कर सकते हैं यथा कत्थक, गरबा, डाडिण्या, भाँगड़ा, लावणी, ओडिसी, मोहिनीअट्टम तथा सतारिया।

**नोट** दी गई किसी भी जानकारी का क्रम आवश्यक रूप से समान नहीं है।

T, तल संख्या पाँच के नीचे किसी सम संख्या वाले तल पर रहता है। T तथा गरबा करने वाले के बीच में केवल तीन लोग रहते हैं। T तथा C के बीच में उतने ही लोग रहते हैं जितने कि उनसे ऊपर, लावणी तथा सतारिया करने वाले के बीच। गरबा तथा ओडिसी करने वालो के बीच रहने वालों की संख्या, C तथा P के बीच रहने वाले लोगों की संख्या के समान है। C, P के नीचे किसी सम संख्या वाले तल पर रहता है। न ही तो C और न ही P गरबा या लावणी करते हैं। कत्थक करने वाला तल संख्या 4 के नीचे किसी विषम संख्या वाले तल पर रहता है। P कत्थक नहीं करता है। T तथा कत्थक करने वाले के बीच रहने वाले लोगों की संख्या तथा C तथा लावणी करने वाले के बीच रहने वाले लोगों की संख्या समान है। X लावणी करने वाले के नीचे किसी तल पर रहता है। C तथा X के बीच रहने वाले लोगों की संख्या तथा C तथा M के बीच रहने वाले लोगों की संख्या एकसमान है। ओडिसी करने वाला, भाँगड़ा करने वाले के तुरन्त ऊपर विषम संख्या वाले तल पर रहता है। G तथा J के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। G, J के ऊपर वाले तलों में से किसी एक तल पर रहता है। भाँगड़ा करने वाला व्यक्ति, कत्थक करने वाले व्यक्ति के तुरन्त ऊपर वाले तल पर रहता है।

***उदाहरण* 22.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से, कौन-सा कथन सत्य है?

(a) C, ओडिसी करता है
(b) गरबा करने वाला तल संख्या 6 पर रहता है
(c) T, J के तुरन्त ऊपर रहता है
(d) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(e) M तथा G के बीच केवल तीन लोग रहते हैं

***उदाहरण* 23.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एकसमान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। वह एक कौन-सा है, जो समूह में नहीं आता है?

(a) T-भाँगड़ा (b) C-डाण्डिया
(c) तल संख्या 3-ओडिसी (d) G-तल संख्या 8
(e) J-तल संख्या 6

***उदाहरण* 24.** लावणी तथा भाँगड़ा करने वाले लोगों के बीच कितने लोग बैठे हुए हैं?

(a) तीन से अधिक (b) तीन
(c) कोई नहीं (d) एक
(e) दो

***उदाहरण* 25.** सतारिया कौन करता है?

(a) G (b) A (c) P (d) T
(e) C

***उदाहरण* 26.** M निम्न में से कौन-सा नृत्य करता है?

(a) भाँगड़ा (b) लावणी
(c) ओडिसी (d) मोहिनीअट्टम
(e) कत्थक

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 22-26) दी गई जानकारी से, व्यवस्था निम्न है

| तल संख्या | व्यक्ति | नृत्य |
|---|---|---|
| 8 | G | डाण्डिया |
| 7 | P | सतारिया |
| 6 | J | गरबा |
| 5 | M | लावणी |
| 4 | C | मोहिनीअट्टम |
| 3 | X | ओडिसी |
| 2 | T | भाँगड़ा |
| 1 | A | कत्थक |

**22.** *(b)* गरबा करने वाला व्यक्ति तल संख्या 6 पर रहता है।

**23.** *(b)* C-डाण्डिया के अतिरिक्त अन्य सभी में दिए गए संयोजन सही हैं।

**24.** *(e)* लावणी तथा भाँगड़ा करने वाले व्यक्तियों के बीच दो व्यक्ति रहते हैं।

**25.** *(c)* P, सतारिया नृत्य करता है।

**26.** *(b)* M, लावणी नृत्य करता है।

# प्रश्नावली 12.2

***निर्देश*** (प्र.सं. 1-5) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2017)***

आठ व्यक्ति–F, G, H, I, O, P, Q तथा R, एक सीधी रेखा में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हुए हैं। उनमें से प्रत्येक एक कार्यालय की इमारत के विभिन्न तलों पर कार्य करता है यथा 7वें, 16वें, 18वें, 23वें, 31वें, 35वें, 44वें तथा 47वें तल पर। दी गई किसी भी जानकारी का क्रम समान नहीं भी हो सकता है।

- O, 31वें तल पर कार्य करने वाले के दाएँ, चौथे स्थान पर बैठा है। 23वें तल पर कार्य करने वाला O के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।
- Q, I के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। I, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है।
- Q तथा P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हुए हैं। 44वें तल पर कार्य करने वाला व्यक्ति, H के तुरन्त दाएँ बैठा है। H, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
- P के कार्य करने की तल संख्या तथा P के तुरन्त दाएँ बैठे व्यक्ति के कार्य करने की तल संख्या के संख्यात्मक मान का अन्तर 13 है।
- F तथा 35वें तल पर कार्य करने वाले व्यक्ति के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, I का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
- R तथा 18वें तल पर कार्य करने वाले व्यक्ति के बीच दो से अधिक व्यक्ति बैठे हैं। O, तल संख्या 16 पर कार्य नहीं करता है।
- H, O से निचले तल पर कार्य करता है।

**1.** निम्न में से कौन-सा युग्म पंक्ति के दोनों किनारों पर बैठे व्यक्तियों को दर्शाता है?
(a) G तथा 7वें तल पर कार्य करने वाला व्यक्ति
(b) I, R
(c) 18वें तथा 44वें तल पर कार्य करने वाला व्यक्ति
(d) I तथा 35वें तल पर कार्य करने वाला व्यक्ति
(e) R, P

**2.** P तथा R के कार्य करने वाले तलों की संख्या में कितना अन्तर है?
(a) 31 (b) 4 (c) 3 (d) 16
(e) 15

**3.** दी गई व्यवस्था में, एक निश्चित आधार पर F, 47वें तल पर कार्य करने वाले से सम्बन्धित है। इसी आधार पर P, 44वें तल पर कार्य करने वाले से सम्बन्धित है। इसी आधार पर H, निम्न में से किससे सम्बन्धित है?
(a) 35वें तल पर कार्य करने वाले से
(b) R के तुरन्त बाएँ वाले व्यक्ति से
(c) O के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति से
(d) 16वें तल पर कार्य करने वाले व्यक्ति से
(e) O

**4.** दी गई व्यवस्था के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति करें (समान क्रम में) जिससे कि कथन सही हो जाए।
G.....तथा O.....
(a) 35वें तल पर कार्य करता है, R के तुरन्त बाएँ बैठा है
(b) H के ऊपर किसी एक तल पर कार्य करता है, F के नीचे किसी एक तल पर कार्य करता है
(c) I के तुरन्त बाएँ बैठा है, 44वें तल पर कार्य करता है
(d) Q के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है, Q से तीन तल ऊपर कार्य करता है
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

**5.** 35वें तल पर कार्य करने वाले व्यक्ति के बाएँ कितने लोग बैठे हैं?
(a) एक (b) दो (c) कोई नहीं (d) चार
(e) तीन

***निर्देश*** (प्र.सं. 6-10) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Main 2017)***

J, K, L, M, N, O, P तथा Q एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुँह किए बैठे हैं। उनमें से प्रत्येक एक अलग वर्ष यथा 1971, 1975, 1979, 1980, 1981, 1984, 1985 तथा 1990 में जन्मा है, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। M, K के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। L, J के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। J तथा K के ठीक मध्य में वर्ष 1984 में जन्मा व्यक्ति बैठा है। N, जोकि सबसे बड़ा है, J तथा M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q केवल M से बड़ा है। Q, P के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। P, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है। J, L से छोटा है। K का जन्म, O से तुरन्त पहले तथा N के तुरन्त बाद हुआ है।

**6.** समूह में दूसरे स्थान पर सबसे बड़ा कौन है?
(a) J (b) L (c) K (d) P
(e) O

**7.** O के दाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) वर्ष 1979 में जन्मा व्यक्ति (b) वर्ष 1980 में जन्मा व्यक्ति
(c) वर्ष 1985 में जन्मा व्यक्ति (d) वर्ष 1984 में जन्मा व्यक्ति
(e) वर्ष 1981 में जन्मा व्यक्ति

**8.** Q किस वर्ष में पैदा हुआ था?
(a) 1979 (b) 1975 (c) 1980 (d) 1985
(e) 1981

**9.** K के सापेक्ष निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) K, Q के दाएँ, चौथे स्थान पर बैठा है
(b) वर्ष 1975 में जन्मा व्यक्ति K के एकदम बाएँ बैठा है
(c) K, Q से छोटा है
(d) K तथा N के मध्य तीन लोग बैठे हुए हैं
(e) K, J के एकदम दाएँ बैठा है

**10.** L से छोटा कौन है?
(a) K (b) M
(c) N (d) O
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 11-15) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2012)***

विभिन्न बैंकों यथा- UCO बैंक, सिण्डीकेट बैंक, केनरा बैंक, PNB, देना बैंक, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, इण्डियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के आठ व्यक्ति चार-चार लोगों वाली दो समानान्तर पंक्तियों में इस तरह बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्ति के बीच समान दूरी है। पंक्ति -1 में A, B, C व D बैठे हैं और उन सभी का मुँह दक्षिण की ओर है। पंक्ति-2 में P, Q, R व S बैठे हैं और उन सभी का मुँह उत्तर की ओर है। इसलिए, दी गई बैठने की व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुँह दूसरी पंक्ति के अन्य सदस्य की ओर है। (जरूरी नहीं कि ऊपर दी गई सभी जानकारी अन्तिम व्यवस्था में बैठने के क्रम को निरूपित करती हो।)

- C बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। R, उस व्यक्ति की बगल में बैठा है जिसका मुँह बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति की ओर है।
- R व PNB के व्यक्ति के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। PNB के व्यक्ति के बगल में बैठे व्यक्ति का मुँह केनरा बैंक के व्यक्ति की ओर है।
- UCO बैंक के व्यक्ति का मुँह ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के व्यक्ति की ओर है। R ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से नहीं है। P, PNB से नहीं है। P का मुँह बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति की ओर नहीं है।
- Q का मुँह देना बैंक के व्यक्ति की ओर है। जिसका मुँह S की ओर है, वह A की बाईं बगल में बैठा है।

- B पंक्ति के किसी भी अन्तिम छोर पर नहीं बैठा है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति का मुँह सिण्डीकेट बैंक के व्यक्ति की ओर नहीं है।

**11.** A के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा सत्य है?
(a) UCO बैंक के व्यक्ति का मुँह A की ओर है
(b) बैंक ऑफ महाराष्ट्र का व्यक्ति A की बगल में बैठा है
(c) A का मुँह उस व्यक्ति की ओर है, जो R के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(d) A ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से है
(e) A पंक्ति के एक अन्तिम छोर पर बैठा है

**12.** R और PNB के व्यक्ति के बीच कौन बैठा है?
(a) ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का व्यक्ति
(b) P
(c) Q
(d) सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति
(e) S

**13.** निम्न में से कौन पंक्तियों के अन्तिम छोरों पर बैठे हैं?
(a) D और PNB का व्यक्ति
(b) इण्डियन बैंक और UCO बैंक के व्यक्ति
(c) देना बैंक का व्यक्ति और P
(d) सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति और D
(e) C, Q

**14.** निम्न में से किस व्यक्ति का मुँह बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति की ओर है?
(a) इण्डियन बैंक का व्यक्ति
(b) P
(c) R
(d) सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति
(e) केनरा बैंक का व्यक्ति

**15.** दी गई व्यवस्था के आधार पर P का देना बैंक से वही सम्बन्ध है, जो B का PNB से है। इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुए D का सम्बन्ध निम्न में से किसके साथ है?
(a) सिण्डीकेट बैंक (b) केनरा बैंक
(c) बैंक ऑफ महाराष्ट्र (d) इण्डियन बैंक
(e) ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

***निर्देश*** (प्र.सं. 16-20) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2014)***

सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V एक सात मन्जिला इमारत में भिन्न-भिन्न मन्जिलों पर रहते हैं। स्थल मन्जिल को 1, प्रथम मन्जिल को 2 तथा इसी प्रकार जारी रखते हुए सबसे ऊपर की मन्जिल को 7 नम्बर दिया गया है। इन व्यक्तियों में से प्रत्येक दिल्ली, मुम्बई, पटना, चेन्नई, कोलकाता, बंगलुरु तथा लखनऊ शहरों की यात्रा पर हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में।

केवल तीन व्यक्ति उस मन्जिल के ऊपर वाली मन्जिलों पर रहते हैं जिस पर P रहता है। केवल एक व्यक्ति P और उस व्यक्ति के बीच वाली मन्जिल पर रहता है, जो बंगलुरु की यात्रा पर है। U मुम्बई की यात्रा पर गए व्यक्ति की मन्जिल के एकदम नीचे वाली मन्जिल पर रहता है। मुम्बई की यात्रा पर गया व्यक्ति सम संख्या वाली मन्जिल पर रहता है। बंगलुरु और पटना की यात्रा पर गए व्यक्तियों के बीच वाली मन्जिल पर केवल तीन व्यक्ति रहते हैं।

T, R की मन्जिल के एकदम ऊपर वाली मन्जिल पर रहता है। T पटना की यात्रा पर नहीं है। Q और कोलकाता की यात्रा पर गए व्यक्ति के बीच वाली मन्जिल में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। कोलकाता की यात्रा पर गया व्यक्ति Q की मन्जिल के नीचे किसी मन्जिल पर रहता है।

दिल्ली की यात्रा पर गया व्यक्ति Q की मन्जिल के एकदम नीचे या ऊपर वाली मन्जिलों पर नहीं रहता है। S, P की मन्जिल के एकदम ऊपर या नीचे वाली मन्जिल पर नहीं रहता है। V चेन्नई की यात्रा पर नहीं गया है।

**16.** दी गई जानकारी के अनुसार, V के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) V की मन्जिल के नीचे वाली मन्जिल पर रहने वाला व्यक्ति मुम्बई की यात्रा पर है
(b) V सातवीं मन्जिल पर रहता है
(c) V, T की मन्जिल के एकदम नीचे वाली मन्जिल पर रहता है
(d) V सबसे नीचे वाली मन्जिल पर रहता है
(e) V बंगलुरु की यात्रा पर है

**17.** निम्न में से कौन नम्बर 3 मन्जिल पर रहता है?
(a) वह, जो चेन्नई की यात्रा पर है
(b) वह, जो कोलकाता की यात्रा पर है
(c) R
(d) V
(e) T

**18.** निम्न में से कौन T के एकदम ऊपर वाली मन्जिल पर रहता है?
(a) P (b) Q (c) S (d) V
(e) U

**19.** S निम्न में से किस शहर की यात्रा पर है?
(a) मुम्बई (b) बंगलुरु (c) पटना (d) कोलकाता
(e) चेन्नई

**20.** S तथा मुम्बई की यात्रा पर गए व्यक्ति की मन्जिलों के बीच वाली मन्जिलों पर कितने व्यक्ति रहते हैं?
(a) एक भी नहीं (b) दो
(c) एक (d) तीन से अधिक
(e) तीन

***निर्देश*** (प्र. सं. 21-25) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

S, P, U, V, W, X, Y और Z एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। वे प्रत्येक ओर से दो-दो करके बैठे हैं और भिन्न-भिन्न रंग की टोपी पहने हुए हैं, जोकि नीली, काली, पीली, हरी, भूरी, नारंगी, सफेद व गुलाबी हैं (आवश्यक नहीं, इसी क्रम में हों)।

I. जिनमें तीन महिलाएँ हैं और वे एक-दूसरे के पास नहीं बैठी हैं।
II. X, Z और P के बीच बैठा है व उसने नारंगी टोपी पहनी है।
III. V, Z और Y के बीच बैठी है व उसने हरी टोपी पहनी है।
IV. V एक महिला है, जो X के बाईं ओर दूसरी है।
V. S और P की टोपी का रंग क्रमशः नीला व काला है।
VI. P जोकि पुरुष सदस्य है, S के सामने बैठा है, जोकि महिला सदस्य है।
VII. P और W के बीच एक महिला बैठी है तथा W की टोपी का रंग सफेद है।
VIII. Z ने गुलाबी व पीली टोपी नहीं पहनी है।
IX. U की टोपी का रंग गुलाबी नहीं है।

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सी तीन महिला सदस्य हैं?
(a) S, V और X (b) S, U और X
(c) U, V और W (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** X के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य है?
(a) X एक पुरुष सदस्य है
(b) X एक महिला सदस्य है
(c) X का लिंग तय नहीं किया जा सकता
(d) X की स्थिति तय नहीं की जा सकती

**23.** S और V के बीच निम्नलिखित में से कौन बैठा है तथा उसकी टोपी का रंग क्या है?
(a) X, पीला (b) P, काला
(c) W, गुलाबी (d) इनमें से कोई नहीं

**24.** Y और P के मध्य कितने लोग हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) इनमें से कोई नहीं

**25.** Z की टोपी का क्या रंग है?
(a) पीला (b) भूरा
(c) गुलाबी (d) नीला

***निर्देश*** (प्र.सं. 26-31) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO/MT 2013)***

सात मित्र A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के अन्दर तथा बाहर मुख करके बैठे हैं। इनमें से प्रत्येक अलग-अलग विभाग यथा वित्त, विपणन, बिक्री, मानव संसाधन, संयुक्त वित्त, बैंकिंग निवेश तथा उद्यम में कार्यरत् हैं लेकिन जरूरी नहीं इसी क्रम में।

C, G के दाएँ तीसरा बैठा है। G केन्द्र की ओर मुख करके बैठा है। केवल एक व्यक्ति C तथा मानव संसाधन विभाग के बीच बैठा है। C के पड़ोसी केन्द्र के बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। F और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F और D दोनों केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। D मानव संसाधन विभाग में कार्य नहीं करता है। A बैंकिंग निवेश विभाग में कार्यरत् है। A केन्द्र की ओर मुख करके बैठा है। बैंकिंग निवेश विभाग तथा विपणन विभाग के बीच दो लोग बैठे हैं। जो व्यक्ति संयुक्त वित्त विभाग में कार्यरत् है वह E के तुरन्त बाएँ बैठा है। C उसी दिशा में मुख किए है जिस दिशा में E। जो व्यक्ति बिक्री विभाग में कार्यरत् है वह उद्यम विभाग में कार्यरत् व्यक्ति के तुरन्त बाएँ बैठा है।

**26.** B किस विभाग में कार्यरत् है?
(a) वित्त (b) विपणन
(c) मानव संसाधन (d) संयुक्त वित्त
(e) उद्यम

**27.** बिक्री विभाग में कार्यरत् व्यक्ति के सापेक्ष B की स्थिति क्या है?
(a) तुरन्त दाएँ (b) बाएँ को तीसरा
(c) दाएँ को दूसरा (d) बाएँ को दूसरा
(e) दाएँ को चौथा

**28.** E के तुरन्त दाएँ कौन बैठा है?
(a) वह व्यक्ति, जो विपणन विभाग में कार्यरत् है
(b) C
(c) B
(d) वह व्यक्ति, जो मानव संसाधन विभाग में कार्यरत् है
(e) A

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति C तथा मानव संसाधन विभाग में कार्यरत् व्यक्ति के ठीक बीच में बैठा है?
(a) B
(b) वह व्यक्ति, जो विपणन विभाग में कार्यरत् है
(c) वह व्यक्ति, जो उद्यम विभाग में कार्यरत् है
(d) D
(e) G

**30.** निम्नलिखित में से कौन विपणन विभाग तथा बैंकिंग निवेश के बीच है, जबकि वामावर्त दिशा में विपणन विभाग से गिनती की जाए?
(a) F तथा G (b) E तथा C
(c) C तथा B (d) F तथा D
(e) B तथा D

**31.** उद्यम विभाग तथा A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं, जबकि दक्षिणावर्त दिशा में A से गिनती की जाए?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार
(e) चार से अधिक

***निर्देश*** (प्र.सं. 32-36) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2011)***

आठ विभिन्न बैंकों यथा A, B, C, D, E, F, G और H के प्रतिनिधि केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं, पर जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। उनमें से प्रत्येक एक भिन्न बैंक से है यथा UCO बैंक, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, सिण्डीकेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया व देना बैंक।

F, केनरा बैंक के प्रतिनिधि के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। बैंक ऑफ इण्डिया का प्रतिनिधि, केनरा बैंक के प्रतिनिधि की बगल में बैठा है। बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि और B के बीच दो लोग बैठे हैं। C व E एक-दूसरे के अगल-बगल बैठे हैं। न तो C, न ही E या तो B या केनरा बैंक के प्रतिनिधि के बगल में बैठा हे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रतिनिधि D के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। D, न तो केनरा बैंक, न ही बैंक ऑफ इण्डिया का प्रतिनिधि है। G व UCO बैंक का प्रतिनिधि एक-दूसरे के अगल-बगल बैठे हैं। B, UCO बैंक का प्रतिनिधि नहीं है। C व ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।

H, देना बैंक के प्रतिनिधि के बाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। पंजाब नेशनल बैंक का प्रतिनिधि, सिण्डीकेट बैंक के प्रतिनिधि के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है।

**32.** उपरोक्त व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) H - UCO बैंक
(b) A - केनरा बैंक
(c) D - बैंक ऑफ महाराष्ट्र
(d) E - सिण्डीकेट बैंक
(e) F - पंजाब नेशनल बैंक

**33.** बैठने की दी गई व्यवस्था के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
(a) B बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रतिनिधि है
(b) C, H के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(c) देना बैंक का प्रतिनिधि UCO बैंक के प्रतिनिधि की बाईं बगल में बैठा है
(d) A, बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(e) बैंक ऑफ महाराष्ट्र और सिण्डीकेट बैंक के प्रतिनिधि एक-दूसरे के अगल-बगल बैठे हैं

**34.** B और बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि के ठीक बीच में कौन बैठे हैं?
(a) A और UCO बैंक का प्रतिनिधि
(b) F और G
(c) H और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रतिनिधि
(d) H और G
(e) सिण्डीकेट बैंक और ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि

**35.** निम्नलिखित में से ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि कौन-सा है?
(a) A (b) C
(c) H (d) G
(e) D

**36.** निम्नलिखित में से B के बाएँ को दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) C
(b) H
(c) केनरा बैंक का प्रतिनिधि
(d) पंजाब नेशनल बैंक का प्रतिनिधि
(e) G

**निर्देश** (प्र.सं. 37-40) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

पाँच व्यक्ति P, Q, R, S तथा T भिन्न-भिन्न जगहों यथा-लद्दाख, गोवा, कश्मीर, शिमला व देहरादून घूमने के लिए जाते हैं। (जरूरी नहीं इसी क्रम में)। प्रत्येक व्यक्ति का कद भिन्न-भिन्न है।

(i) R का कद P से अधिक है तथा वह शिमला घूमने जाता है।
(ii) Q का कद S से अधिक है तथा वह न तो देहरादून और न ही लद्दाख जाता है।
(iii) T का कद R से छोटा है परन्तु वह सबसे छोटा नहीं है। T, न ही गोवा और न ही देहरादून जाता है।
(iv) P कश्मीर घूमने जाता है तथा S का कद P से बड़ा है।

**37.** Q कहाँ घूमने जाता है?
(a) शिमला (b) गोवा (c) देहरादून (d) लद्दाख
(e) इनमें से कोई नहीं

**38.** लद्दाख कौन घूमने गया?
(a) Q (b) S (c) T (d) या तो Q या T
(e) इनमें से कोई नहीं

**39.** जिसका कद सबसे छोटा है वह कहाँ घूमने गया?
(a) कश्मीर (b) गोवा (c) शिमला (d) लद्दाख
(e) देहरादून

**40.** कद में कौन S से छोटा है तथा T से बड़ा है?
(a) P (b) Q (c) R (d) या P या R
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 41-45) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

सात डिब्बे J, K, L, M, N, O तथा P एक के ऊपर एक रखे हुए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। प्रत्येक डिब्बे में अलग वस्तु है, यथा-टॉफी, पेन्सिल, चम्मच, डायरी, रंग, आभूषण तथा घड़ियाँ, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

N तथा M के बीच में केवल दो डिब्बे रखे हुए हैं। पेन्सिल का डिब्बा, M के तुरन्त नीचे रखा हुआ है। पेन्सिल के डिब्बे तथा घड़ियों के डिब्बे के बीच में केवल दो डिब्बे रखे हुए हैं। N, घड़ियों के डिब्बे के ऊपर रखा हुआ है। डायरी का डिब्बा, घड़ियों के डिब्बे के तुरन्त नीचे रखा हुआ है। डायरी के डिब्बे तथा J के बीच में केवल तीन डिब्बे रखे हुए हैं। आभूषण का डिब्बा, J के तुरन्त ऊपर रखा हुआ है। O, K के तुरन्त ऊपर रखा हुआ है। O, पेन्सिल का डिब्बा नहीं है। P, टॉफी के डिब्बे के तुरन्त नीचे रखा हुआ है। P तथा चम्मच के डिब्बे के बीच केवल एक डिब्बा रखा हुआ है।

**41.** निम्न में से कौन-सा डिब्बा M के तुरन्त ऊपर रखा हुआ है?
(a) P (b) O
(c) L (d) डायरी का डिब्बा
(e) आभूषण का डिब्बा

**42.** दिए गए डिब्बों के ढेर में O की क्या स्थिति है?
(a) ऊपर से पहला (b) ऊपर से दूसरा
(c) नीचे से तीसरा (d) नीचे से पाँचवाँ
(e) ऊपर से चौथा

**43.** निम्न में से किस डिब्बे में चम्मच है?
(a) L (b) K (c) M (d) N
(e) दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य

**44.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) N-डायरी (b) P-चम्मच (c) O-रंग (d) K-पेन्सिल
(e) M-आभूषण

**45.** K तथा घड़ियों के डिब्बे के बीच में कितने डिब्बे हैं?
(a) तीन से अधिक (b) दो (c) तीन (d) एक
(e) कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 46-50) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* **(SBI PO Pre 2017)**

आठ व्यक्ति अर्थात् A, B, C, D, P, Q, R और S एक सीधी रेखा में बैठे हैं, इन सभी का मुख उत्तर की ओर है, इनमें से प्रत्येक की अलग-अलग आयु है अर्थात् 14, 16, 17, 19, 21, 23, 26 और 31 वर्ष, परन्तु आवश्यक नहीं इसी क्रम में हो।

B रेखा के अन्तिम छोर पर बैठा है। C और Q के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q न तो 14 न ही 19 वर्ष का है। D और 23 वर्ष के आयु के व्यक्ति के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं। न तो Q न D सबसे बड़ा व्यक्ति है। D के निकटतम पड़ोसियों की आयु का अन्तर 5 वर्ष है। A, R के दाएँ बैठा है, परन्तु ठीक दाएँ नहीं बैठा है। B और 16 वर्ष के आयु के व्यक्ति के मध्य तीन व्यक्ति बैठे हैं। वह व्यक्ति जिसकी आयु 19 वर्ष है, C के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। R, B के दाएँ बैठा है। Q, 23 वर्ष के व्यक्ति के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। P, 14 वर्ष के व्यक्ति के ठीक बाएँ बैठा है। Q सबसे छोटा व्यक्ति नहीं है। वह व्यक्ति जिसकी आयु 31 वर्ष है, सबसे छोटे व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी नहीं है, C चौथा सबसे बड़ा व्यक्ति नहीं है।

**46.** D के दाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) A (b) S (c) P (d) R
(e) इनमें से कोई नहीं

**47.** जिसकी आयु 31 वर्ष है और S के मध्य कितने लोग बैठे हैं?
(a) चार (b) पाँच (c) तीन (d) एक
(e) इनमें से कोई नहीं

**48.** निम्न में से कौन 26 वर्ष की आयु का है?
(a) R (b) D (c) C (d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**49.** यदि P का सम्बन्ध 16 वर्ष से है इसी प्रकार B का सम्बन्ध 26 वर्ष से है, तो निम्न में से कौन समान पैटर्न के आधार पर R से सम्बधित है?
(a) 19 वर्ष (b) 17 वर्ष (c) 21 वर्ष (d) 31 वर्ष
(e) इनमें से कोई नहीं

**50.** निम्नलिखित में से A के निकटतम पड़ोसियों की आयु में कितना अन्तर है?
(a) 3 वर्ष (b) 7 वर्ष (c) 5 वर्ष (d) 6 वर्ष
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 51-55) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* **(IBPS RRB Officers Scale I 2017)**

8 व्यक्ति P, Q, R, S, W, X, Y तथा Z एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। चार व्यक्ति चारों कोनों पर जबकि चार व्यक्ति चारों भुजाओं के मध्य में बैठे हैं। उनकी आयु भिन्न-भिन्न है। वे व्यक्ति जो कोनों पर बैठे हैं उनकी आयु 3 की गुणज है। वे व्यक्ति, जो भुजाओं के मध्य में बैठे हैं उनकी आयु 2 की गुणज है। P उस व्यक्ति के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है जिसकी आयु 44 वर्ष है। P उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है जिसकी आयु 39 वर्ष है। Q तथा 39 वर्ष की आयु वाले व्यक्तियों के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q की आयु 44 वर्ष नहीं है। W, Q के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। S, 15 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के तुरन्त दाएँ बैठा है। Z तथा 15 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के मध्य तीन व्यक्ति बैठे हैं। Z तथा Z के बाएँ ओर दूसरे व्यक्ति की आयु के बीच अन्तर 6 है। S, Z से बड़ा है। S के निकटतम पड़ोसी S से छोटे हैं। जिस व्यक्ति की आयु 22 वर्ष है वह उस व्यक्ति के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है जिसकी आयु 10 वर्ष है। P की आयु 10 वर्ष नहीं है। Y, 22 वर्ष वाले व्यक्ति के तुरन्त बाएँ बैठा है। Y की आयु 51 वर्ष है। R की आयु 20 वर्ष से अधिक है। R की आयु, X की आयु से 24 वर्ष अधिक है। X की आयु P की आयु से 3 वर्ष अधिक है।

**51.** निम्न में से किसकी आयु 9 वर्ष है?
(a) P (b) S (c) W (d) X
(e) कोई नहीं

**52.** 51 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के तुरन्त बाएँ बैठे व्यक्ति के दाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) R (b) S (c) Y (d) Q
(e) W

**53.** 15 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति तथा 12 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं, जब 15 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति से वामावर्त दिशा में गिनती की जाती है?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) तीन से अधिक
(e) इनमें से कोई नहीं

**54.** Z के विकर्णत: विपरीत दिशा में निम्न में से कौन बैठा है?
(a) X (b) T (c) S (d) P
(e) W

**55.** निम्न में से कौन S के तुरन्त दाएँ बैठा है?
(a) P (b) W (c) Y (d) R
(e) Z

***निर्देश*** (प्र.सं. 56-60) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO Main 2017)***

दस उम्मीदवार P, Q, R, S, T, A, B, C, D और E दो समानान्तर पंक्तियों में बैठे हैं, प्रत्येक पंक्ति में छ: कुर्सी हैं। P, Q, R, S और T पंक्ति 1 में बैठे हैं, जिनका मुख दक्षिण दिशा की ओर है और A, B, C, D और E पंक्ति 2 में बैठे हैं, जिनका मुख उत्तर दिशा की ओर है। प्रत्येक पंक्ति में एक स्थान खाली है। इन सभी का अलग-अलग महीनों में जन्मदिन है, जो इस प्रकार हैं—जनवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, नवम्बर और दिसम्बर परन्तु आवश्यक नहीं इसी क्रम में हों।
वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन जून में है वह A के विपरीत बैठा है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन जनवरी में है, E के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। R पंक्ति के अन्तिम छोर पर नहीं बैठा है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन मार्च में है, पंक्ति 2 में दाएँ ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। P का मुख खाली स्थान की ओर है और S का मुख B की ओर है। यहाँ तीन स्थान D और B के बीच में स्थित हैं। B उस व्यक्ति की ओर मुख करके नहीं बैठा है जिसका जन्मदिन अप्रैल में है। E उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है जिसका जन्मदिन जुलाई में है जोकि रेखा के अन्त में बैठा है। T खाली स्थान के ठीक दाएँ बैठा है। C का मुख खाली स्थान की ओर है जोकि P के दाएँ से दूसरे स्थान पर है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन अप्रैल में है उसका मुख, मार्च में जन्मदिन वाले व्यक्ति के बाएँ से चौथे स्थान पर बैठे व्यक्ति की ओर है। यहाँ केवल एक स्थान, जून में जन्मदिन वाले व्यक्ति और अप्रैल में जन्मदिन वाले व्यक्ति के बीच स्थित है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन नवम्बर में है, सितम्बर में जन्मदिन वाले व्यक्ति के ठीक दाएँ बैठा है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन सितम्बर में है, Q के पास बैठा है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन अगस्त में है, खाली स्थान के आसन्न बैठे व्यक्ति की ओर मुख करके बैठा है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन मई में है, जून में जन्मदिन वाले व्यक्ति के बराबर वाली सीट की ओर मुख करके बैठा है। A और B के बीच एक स्थान खाली है।

**56.** निम्नलिखित में से किसका जन्मदिन जुलाई में है?
(a) R (b) T (c) C (d) D
(e) Q

**57.** निम्नलिखित में से कौन जून में जन्मदिन वाले व्यक्ति की ओर मुख करके बैठा है?
(a) P (b) A (c) B (d) E
(e) इनमें से कोई नहीं

**58.** निम्नलिखित में से कौन D के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है?
(a) A (b) B (c) E (d) C
(e) कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से कौन नवम्बर में जन्मदिन वाले व्यक्ति के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है?
(a) P (b) R (c) C (d) D
(e) Q

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) P का मुख अगस्त में जन्मदिन वाले व्यक्ति की ओर है
(b) T, खाली स्थान के आसन्न बैठा है
(c) E का जन्मदिन मार्च के महीने में है
(d) C, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है
(e) उपरोक्त सभी सही हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 61-65) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आठ शिक्षक A, B, C, D, W, X, Y, तथा Z एक पंक्ति में बैठे हैं। कुछ उत्तर की ओर मुख करते हैं और कुछ दक्षिण की ओर मुख करते हैं। वे सभी भिन्न-भिन्न रंग पसन्द करते हैं जैसे- नारंगी, जामुनी, नीला, सफेद, भूरा, गुलाबी, काला और लाल। उनमें से सभी भिन्न समाचार चैनल देखते हैं जैसे-जी न्यूज, आज-तक, एबीपी न्यूज, सहारा इण्डिया, आईबीएन 7, इण्डिया टुडे, न्यूज 24 और डीडी न्यूज लेकिन इनका क्रम यही हो आवश्यक नहीं है।

C इण्डिया टुडे देखता है और B आज-तक देखता है। Y, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। W, Y के दाएँ से पाँचवे स्थान पर बैठा है। A एवं D अन्तिम छोर पर बैठे हैं और अन्तिम छोर पर बैठा कोई भी व्यक्ति काला या जामुनी रंग पसन्द नहीं करता है। W सफेद या काला या नारंगी पसन्द नहीं करता है और उसका मुख Z के मुख की विपरीत दिशा में है। B, दक्षिण की ओर मुख किए हुए है। और अन्तिम छोर पर बैठा कोई भी व्यक्ति दक्षिण की ओर मुख नहीं करता है। वह व्यक्ति, जो गुलाबी रंग पसन्द करता है, उत्तर की ओर मुख करने वाले दो शिक्षकों का निकटतम पड़ोसी है। A एवं C के बीच चार व्यक्ति हैं। वह व्यक्ति, जो न्यूज 24 देखता है, सहारा इण्डिया देखने वाले व्यक्ति के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। उत्तर की ओर मुख करने वाला कोई भी व्यक्ति गुलाबी या सफेद या नीला रंग पसन्द नहीं करता है। Z लाल रंग पसन्द करता है। वह व्यक्ति, जो गुलाबी रंग पसन्द करता है, नीला रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के बाएँ से पाँचवें स्थान पर बैठा है। वह व्यक्ति, जो लाल रंग पसन्द करता है, एबीपी न्यूज़ देखने वाले व्यक्ति के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। केवल एक व्यक्ति डीडी न्यूज देखने वाले व्यक्ति और सफेद रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के बीच बैठा है। Y, X के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है और वह किसी भी अन्त पर नहीं बैठा है। W एवं Z के बीच उतने ही व्यक्ति हैं, जितने कि C के दाएँ को हैं। वह व्यक्ति, जो सहारा इण्डिया देखता है, लाल रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के ठीक बाएँ बैठा है। वह व्यक्ति, जो आईबीएन 7 देखता है, किसी एक छोर पर बैठा है। वे व्यक्ति, जो जी न्यूज़ और एबीपी न्यूज़ देखते हैं, एक ही दिशा में मुख किए हुए हैं।

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा रंग X द्वारा पसन्द किया जाता है?
(a) काला (b) नारंगी (c) लाल (d) जामुनी
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**62.** निम्नलिखित में से कौन W के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है?
(a) Y
(b) B
(c) वह व्यक्ति जो बैंगनी रंग पसन्द करता है
(d) वह व्यक्ति जो लाल रंग पसन्द करता है
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

**63.** निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षक जी न्यूज देखता है?
(a) A (b) B (c) W (d) Y
(e) A या D

**64.** दी गई व्यवस्था के अनुसार निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार अपना एक समूह बनाते हैं, वह कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता?
(a) A (b) X (c) Z (d) C
(e) D

**65.** न्यूज 24 देखने वाले व्यक्ति का पसन्दीदा रंग कौन-सा है?
(a) नारंगी (b) भूरा
(c) जामुनी (d) बैंगनी
(e) या तो विकल्प (a) या (b)

***निर्देश*** (प्र.सं. 66-71) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2016)***

M, N, O, P, Q, R तथा S सात विभिन्न लोग किसी इमारत के सात विभिन्न तलों पर रहते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। इमारत के सबसे नीचे वाले तल को संख्या 1, उससे ऊपर वाले तल को संख्या 2 तथा इसी प्रकार से सबसे ऊपर वाले तल को संख्या 7 दी गई है। इनमें से प्रत्येक की आय अलग-अलग है यथा- ₹ 3500, ₹ 15000, ₹ 7500, ₹ 9000, ₹ 11000, ₹13500 तथा ₹5000 (लेकिन यह आवश्यक

नहीं कि इसी क्रम में)। M एक विषम संख्या वाले तल पर रहता है, लेकिन तल संख्या 3 पर नहीं। जिनकी आय ₹11000 है वह M के एकदम ऊपर वाले तल पर रहता है। जिसकी आय ₹ 7500 है तथा M के रहने वाले तल के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। जिसकी आय ₹15000 है, वह P के ऊपर विषम संख्या वाले तल पर रहता है। O तथा जिसकी आय ₹3500 है के बीच केवल तीन लोग रहते हैं। वह व्यक्ति जिसकी आय ₹7500 है, O के एकदम ऊपर वाले तल पर रहता है। जिसकी आय ₹ 3500 है, वह ₹5000 की आय वाले व्यक्ति के एकदम ऊपर वाले तल पर रहता है। S, R के ऊपर किसी विषम संख्या वाले तल पर रहता है। N तथा Q के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। N, Q के ऊपर वाले किसी तल पर रहता है। न ही O तथा न ही M की आय ₹9000 है। Q की आय ₹7500 नहीं है।

**66.** M की आय कितनी है?
(a) ₹ 13500 (b) ₹ 5000 (c) ₹ 7500 (d) ₹ 15000
(e) ₹ 3500

**67.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा संयोजन सत्य है?
(a) ₹ 3500-O (b) ₹ 15000-R (c) ₹ 5000-S (d) ₹ 11000-P
(e) ₹ 9000-R

**68.** यदि सभी लोगों को ऊपर से नीचे वर्णमाला क्रम में रखा जाए, तो कितने लोगों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) एक
(e) कोई नहीं

**69.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) वह व्यक्ति जिसकी आय ₹ 5000 है, M के तुरन्त नीचे वाले तल पर रहता है
(b) R की आय ₹ 15000 है
(c) दिया गया कोई भी विकल्प सत्य नहीं है
(d) P तथा S के बीच में केवल चार लोग बैठे हैं
(e) S, Q के एकदम नीचे रहता है

**70.** निम्न में से तल संख्या 2 पर कौन रहता है?
(a) N (b) ₹ 3500 आय वाला व्यक्ति
(c) ₹ 5000 आय वाला व्यक्ति (d) P
(e) R

**71.** R की आय कितनी है?
(a) ₹ 13500 (b) ₹ 5000 (c) ₹ 7500 (d) ₹ 15000
(e) ₹ 3500

***निर्देश*** (प्र.सं. 72-75) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आठ व्यक्ति E, F, G, H, I, J, K तथा L एक बिल्डिंग में रह रहे हैं जिसमें 8 मालें (1 से 8) हैं। आठों व्यक्तियों के पास अलग-अलग रंग की गाड़ियाँ हैं यथा-लाल, हरा, पीला, काला, बैंगनी, सफेद, गुलाबी तथा नीला। काली कार वाला व्यक्ति, पीली कार वाले व्यक्ति तथा बैंगनी कार वाले व्यक्ति के बीच वाले मालें पर रहता है। L के पास न तो पीली कार है और न ही बैंगनी कार। सफेद कार वाला व्यक्ति, लाल कार वाले व्यक्ति के नीचे वाले माले पर रहता है। I के पास सफेद रंग की कार है। H के पास गुलाबी कार है तथा वह न तो सबसे नीचे और न ही सबसे ऊपर वाले माले पर रहता है। E, H के ऊपर किसी एक माले पर रहता है। E, I के एकदम ऊपर वाले माले पर रहता है। J, बैंगनी कार वाले व्यक्ति के नीचे दूसरे नम्बर के माले पर रहता है। हरी कार वाला व्यक्ति पीली कार वाले व्यक्ति के ऊपर वाले माले पर नहीं रहता है। J के पास हरी कार नहीं है। G, गुलाबी कार तथा नीली कार वाले व्यक्ति के अगले माले पर नहीं रहता है। F, काली कार वाले व्यक्ति के एक माला नीचे रहता है।

**72.** E के ऊपर वाले माले में कौन रहता है?
(a) L (b) H (c) G (d) K
(e) कोई नहीं

**73.** H तथा G के बीच वाले माले में कौन रहता है?
(a) I (b) F
(c) J (d) K
(e) इनमें से कोई नहीं

**74.** किसके पास काली कार है?
(a) K (b) F
(c) G (d) J
(e) इनमें से कोई नहीं

**75.** किसके पास लाल कार है?
(a) E (b) F
(b) G (d) H
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 76-80) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2014)***

A, B, C, D, E, F, G और H वर्गाकार मेज के चारों तरफ इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार चारों भुजाओं के किनारों पर तथा चार भुजाओं के मध्य में हैं। जो भुजाओं के किनारे पर बैठे हैं उनका मुख केन्द्र की तरफ तथा जो भुजाओं के मध्य में बैठे हैं उनका मुख केन्द्र से बाहर की तरफ है। प्रत्येक को अलग-अलग विषय यथा-गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिकी, इतिहास और भूगोल पसन्द है पर जरूरी नहीं है कि उनका क्रम यही हो। C उस व्यक्ति के बाएँ तीसरा है जिसे भूगोल पसन्द है। जिसे भूगोल पसन्द है उसका मुख बाहर की तरफ है। C और H के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। जिसे गणित पसन्द है वह H के एकदम दाएँ है।

जिसे रसायनशास्त्र पसन्द है वह G के दाएँ दूसरा है। G, न तो H और न ही C का निकटतम पड़ोसी है। G को भूगोल पसन्द नहीं है। A और जिसे रसायनशास्त्र पसन्द है उनके मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। D उस व्यक्ति के एकदम बाएँ बैठा है जिसे भौतिकी पसन्द है। G को भौतिकी पसन्द नहीं है। E को इतिहास पसन्द है। E, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। जिसे हिन्दी पसन्द है वह E का निकटतम पड़ोसी है। जिसे जीव विज्ञान पसन्द है वह F का निकटतम पड़ोसी है।

**76.** जिसे गणित पसन्द है उसके विकर्णवत् विपरीत निम्न में से कौन बैठा है?
(a) जिसे हिन्दी पसन्द है (b) D
(c) A (d) जिसे अंग्रेजी पसन्द है
(e) जिसे जीव विज्ञान पसन्द है

**77.** जिसे रसायनशास्त्र पसन्द है निम्न में से उसके निकटतम पड़ोसी कौन हैं?
(a) B, F (b) C, E
(c) B, E (d) D, F
(e) F, H

**78.** H और B के एकदम मध्य में कौन बैठा है?
(a) C (b) जिसे हिन्दी पसन्द है
(c) जिसे अंग्रेजी पसन्द है (d) G
(e) A

**79**. B के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) B, D के निकटतम पड़ोसियों में से एक है
(b) जिसे इतिहास पसन्द है वह B का निकटतम पड़ोसी है
(c) B, H के बाएँ दूसरा है
(d) B को इतिहास पसन्द है
(e) B उसका निकटतम पड़ोसी है जिसे गणित पसन्द है

**80.** G के सम्बन्ध में उस व्यक्ति की स्थित क्या है जिसे भौतिकी पसन्द है?
(a) बाएँ का दूसरा
(b) दाएँ को तीसरा
(c) बाएँ को चौथा
(d) दाएँ को दूसरा
(e) बाएँ को तीसरा

***निर्देश*** (प्र.सं. 81-85) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO Main 2018)***

व्यक्तियों की निश्चित संख्या एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठी है, जिसकी परिधि 546 सेमी है। सभी व्यक्ति केन्द्र की ओर उन्मुख हैं। वे एक-दूसरे से उतनी दूरी पर बैठे हैं, जो छह का क्रमागत गुणक है। A, I के बाएँ से तीसरे स्थान पर है। K और I के बीच में दो व्यक्ति बैठे हैं। M, L से ठीक दाएँ है। H, 72 सेमी की दूरी पर G के बाँए बैठा है। A और D के बीच की दूरी 18 सेमी है। J और B के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या, B और F के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है। E और F के बीच की दूरी, 6 और 5 ल. स. है। न तो M न ही L, K और H का पड़ोसी है। C और I के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या, I और E के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है। K और I के बीच की दूरी 162 सेमी से अधिक नहीं है। या तो C या E, K का पड़ोसी है।

**81.** निम्नलिखित में से कौन B और F के बीच की दूरी को दर्शाता है?
(a) 144 (b) 72 (c) 99 (d) 108
(e) इनमें से कोई नहीं

**82.** निम्नलिखित में से कौन J का निकटतम पड़ोसी हैं?
(a) K, L (b) G, A
(c) H, M (d) F, D
(e) इनमें से कोई नहीं

**83.** निम्नलिखित में से कौन A के बाएँ से छठे के दाएँ चौथा है?
(a) K (b) G (c) H (d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

**84.** निम्नलिखित में से कौन H और L के बीच की दूरी को दर्शाता है?
(a) 144 (b) 180 (c) 345 (d) 108
(e) इनमें से कोई नहीं

**85.** निम्नलिखित में से चार एक समूह से सम्बन्धित हैं, निम्नलिखित में से कौन-सा एक उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?
(a) B, C (b) M, J (c) I, D (d) K, E
(e) L, M

***निर्देश*** (प्र.सं. 86-90) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Grade-B 2015)***

एक परिवार के आठ सदस्य S, T, U, V, W, X, Y और Z एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं, परन्तु आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हो। इनमें कुछ महिलाएँ हैं और कुछ पुरुष। ये सभी एक-दूसरे से किसी-न-किसी प्रकार से सम्बन्धित हैं। इनमें से कुछ के मुख केन्द्र की ओर हैं और कुछ के बाहर की ओर (अर्थात् केन्द्र के विपरीत दिशा में)।

T और W के मध्य में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T का मुख केन्द्र की ओर है। X, T के दाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। W, S की पत्नी है। कोई भी महिला W की निकटतम पड़ोसी नहीं है।

U, T का एक निकटतम पड़ोसी नहीं है। U, W की पुत्री है। U के दोनों निकटतम पड़ोसियों के मुख केन्द्र की ओर हैं। S और U के भाई के मध्य में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, U का भाई नहीं है। न तो S और न ही U का भाई, X का एक निकटतम पड़ोसी है।

Z, जो T की पत्नी है, V के एकदम बाएँ ओर बैठी है। Y और S दोनों के मुख उस दिशा की विपरीत दिशा की ओर हैं जिस दिशा की ओर U का मुख है (अर्थात् यदि U का मुख केन्द्र की ओर है, तो Y और S के मुख बाहर की ओर हैं तथा ठीक इसका विपरित) U का पति Y के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। T के पिता W के एकदम दाएँ ओर बैठे हैं। T, S के पिता के दाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। X की दोनों निकटतम पड़ोसी महिला हैं।

**86.** यदि T दाएँ से गणना की जाए, तो T और S के पिता के मध्य में कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) चार (b) तीन (c) कोई नहीं (d) एक
(e) दो

**87.** यदि Y के बाएँ से गणना की जाए, तो निम्न में से कौन Y और W के एकदम मध्य में बैठा है?
(a) T (b) X (c) S (d) Z
(e) U

**88.** T के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?
(a) X और Z, T के निकटतम पड़ोसी हैं
(b) T, X के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(c) T, S का पुत्र है
(d) दिए गए विकल्पों में कोई भी सही नहीं है
(e) V, T के पिता है

**89.** निम्न में से किसका मुख बाहर की ओर है?
(a) W (b) V (c) U (d) Z
(e) T

**90.** यदि यह दिया गया है कि Y का विवाह X से हुआ है, तो Y की पुत्रवधू के सन्दर्भ में T का क्या स्थान है?
(a) दाएँ ओर तीसरा (b) दाएँ ओर दूसरा
(c) एकदम दाएँ (d) बाएँ ओर दूसरा
(e) बाएँ ओर तीसरा

***निर्देश*** (प्र.सं. 91-95) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2017)***

छः गाड़ियाँ P, Q, R, S, T और U हैं जोकि एक सीधी पंक्ति में खड़ी हैं। परन्तु कोई भी गाड़ी वर्णमाला क्रम के अनुसार एक-दूसरे के बराबर में नहीं खड़ी है अर्थात् गाड़ी P, गाड़ी Q के बराबर नहीं खड़ी होगी, गाड़ी Q, गाड़ी P और गाड़ी R के बराबर नहीं खड़ी हो सकती और इसी प्रकार आगे भी। प्रत्येक गाड़ी के मध्य की दूरी 4 के क्रमिक गुणज में है।

गाड़ी P और Q के मध्य की दूरी 60 मी है। गाड़ी P, गाड़ी Q के बाएँ को खड़ी है। गाड़ी P और Q के मध्य एक गाड़ी खड़ी है। गाड़ी Q और T के मध्य की दूरी 84 मी है। गाड़ी R और U के मध्य की दूरी 3 के गुणज में है। गाड़ी U, गाड़ी R के दाएँ किसी स्थान पर खड़ी है।

किसी एक बिन्दु से गाड़ी V, 16 मी पूर्व की ओर जाती है, फिर वह दाएँ मुड़कर 12 मी चलती है तथा बिन्दु Z पर रुक जाती है। बिन्दु Z, गाड़ी P के 15 मी उत्तर में है। यदि गाड़ी U दक्षिण की ओर 7 मी जाती है, फिर बाएँ मुड़कर 16 मी जाती है, फिर दाएँ मुड़कर 5 मी जाती है और उसके बाद बाएँ मुड़कर 22 मी जाती है, तब वह बिन्दु X पर पहुँचती है।

**91.** गाड़ी P और S के मध्य कितनी गाड़ियाँ खड़ी हैं?
(a) एक (b) कोई नहीं
(c) तीन (d) दो
(e) चार

**92.** बिन्दु X तथा गाड़ी Q के मध्य कितनी दूरी है?
(a) 13 मी (b) $2\sqrt{5}$ मी
(c) $6\sqrt{2}$ मी (d) 14 मी
(e) $6\sqrt{5}$ मी

**93.** गाड़ी R को गाड़ी V तक पहुँचने के लिए कितनी दूरी और किन दिशाओं में तय करनी होगी?
(a) 15 मी उत्तर, 38 मी पूर्व (b) 24 मी पूर्व, 17 मी उत्तर
(c) 44 मी पूर्व, 15 मी उत्तर (d) 17 मी उत्तर, 38 मी पूर्व
(e) 17 मी उत्तर, 44 मी पूर्व

**94.** गाड़ी S को बिन्दु X पर पहुँचने के लिए कितनी दूरी और किन दिशाओं में तय करनी होगी?
(a) 10 मी पश्चिम, 30 मी दक्षिण (b) 12 मी दक्षिण, 30 मी पश्चिम
(c) 12 मी दक्षिण, 30 मी पूर्व (d) 32 मी पश्चिम, 10 मी पश्चिम
(e) 36 मी पश्चिम, 10 मी दक्षिण

**95.** यदि गाड़ी V, 28 मी पूर्व की ओर जाती है तथा दाएँ मुड़कर 17 मी चलने के पश्चात् बिन्दु Y पर रुक जाती है, तब गाड़ी Q, गाड़ी Y के सापेक्ष किस दिशा में है?

(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व
(c) ज्ञात नहीं कर सकते (d) उत्तर-पूर्व
(e) दक्षिण-पश्चिम

***निर्देश*** (प्र.सं. 96-100) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

दस लड़कियाँ कॉलेज का कुछ कार्य करने के लिए, बेंच की दो समानान्तर पंक्तियों में, जिनमें से प्रत्येक में पाँच लड़कियाँ हैं, इस प्रकार बैठी हैं कि निकटतम लड़कियों के बीच बराबर दूरी है और उन्हें भिन्न मोबाइल फोन पसन्द है जोकि इस प्रकार है–एलजी, रेडमी नोट 4, रेडमी, मोटो एक्स, लेनोवो, सैमसंग, नोकिया, एमआई 5, आई फोन 6 और विवो। पहली पंक्ति में A, B, E, F और G बैठी हैं तथा उनमें से कुछ का मुख दक्षिण की ओर है और कुछ का मुख उत्तर की ओर है। पंक्ति 2 में R, S, O, P और Q बैठी हैं तथा उनमें से कुछ का मुख दक्षिण की ओर है और कुछ का मुख उत्तर की ओर है। इस प्रकार दी गई बैठने की व्यवस्था में, प्रत्येक पंक्ति में बैठे व्यक्ति का मुख या तो अन्य पंक्ति में बैठे व्यक्ति की ओर है या एक-दूसरे के पीछे बैठे हैं।

जिस लड़की को मोटो एक्स पसन्द है वह S के ठीक दाईं ओर बैठी है, जोकि पंक्ति के ठीक मध्य में बैठी है। लेनोवो को पसन्द करने वाली लड़की के निकटतम पड़ोसियों में से एक, रेडमी को पसन्द करने वाली लड़की के पीछे दक्षिण की ओर मुख किए हुए बैठी है। P रेडमी को पसन्द नहीं करती। F न तो लेनोवो न ही सैमसंग पसन्द करती है। R उस लड़की के ठीक दाएँ ओर बैठी है जिसे आई फोन 6 पसन्द है। E उस लड़की के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठी है जिसे रेडमी नोट 4 पसन्द है। R का मुख A की ओर नहीं है और वह दक्षिण दिशा की ओर मुख किए हुए है। एलजी को पसन्द करने वाली लड़की, विवो और लेनोवो को पसन्द करने वाली लड़कियों के ठीक बीच में बैठी है। A को लेनोवो पसन्द है और पंक्ति 1 के मध्य में बैठी है। Q का मुख उत्तर दिशा की ओर है और S के ठीक बाईं ओर बैठी है। केवल एक लड़की, रेडमी और मोटो एक्स को पसन्द करने वाली लड़कियों के बीच में बैठी है। R का मुख रेडमी नोट 4 को पसन्द करने वाली लड़की के निकटतम पड़ोसियों में से एक की ओर है। F का मुख रेडमी को पसन्द करने वाली लड़की के निकटतम पड़ोसियों में से एक की ओर है। आई फोन 6 और S जिसे नोकिया पसन्द है, उनके बीच में केवल एक लड़की बैठी है। E उस लड़की के ठीक दाएँ ओर बैठी है जिसका मुख P की ओर है। E और G के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P को न तो एलजी और न ही एमआई 5 पसन्द है। जिस लड़की को लेनोवो पसन्द है वह उत्तर दिशा की ओर मुख करने वाले व्यक्ति के दाएँ ओर से दूसरे स्थान पर बैठी है। O पंक्ति के अन्तिम छोरों में से एक पर बैठी है और आई फोन 6 पसन्द करती है। A का मुख उस लड़की की विपरीत दिशा में है जिसे नोकिया पसन्द है। F का मुख उत्तर दिशा की ओर तथा जिसका मुख F की ओर है, उसका मुख दक्षिण की ओर है। B का मुख उत्तर दिशा की ओर है।

**96.** निम्नलिखित में से किसका मुख लड़की B की ओर है?
(a) जिस लड़की को एलजी पसन्द है
(b) F
(c) जिस लड़की को लेनोवो पसन्द है
(d) जिस लड़की को मोटो एक्स पसन्द है
(e) O

**97.** निम्नलिखित में से E को कौन-सा मोबाइल फोन पसन्द है?
(a) एलजी (b) नोकिया (c) आई फोन 6 (d) सैमसंग
(e) रेडमी

**98.** निम्नलिखित में से Q के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?
(a) Q का मुख दक्षिण दिशा की ओर है
(b) Q, E का निकटतम पड़ोसी है
(c) Q को रेडमी पसन्द है
(d) जिस लड़की को एमआई 5 पसन्द है उसका मुख Q की ओर है
(e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सही नहीं है

**99.** निम्नलिखित में से कौन A का निकटतम पड़ोसी है?
(a) O
(b) P
(c) जो रेडमी को पसन्द करता है
(d) जो एलजी को पसन्द करता है
(e) जो सैमसंग को पसन्द करता है

**100.** निम्नलिखित में से कौन पंक्ति 1 के मध्य में बैठा है?
(a) G (b) B
(c) E (d) लेनोवो पसन्द करने वाली लड़की
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 101-105) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक परिवार के आठ सदस्य A, B, C, D, T, U, V और W एक सीधी रेखा में एक-दूसरे के बीच समान अन्तर पर बैठे हैं, परन्तु आवश्यक नहीं इसी क्रम में हो। इस परिवार में तीन पीढ़ी के सदस्य हैं। इनमें से कुछ का मुख उत्तर की ओर है और कुछ का मुख दक्षिण की ओर है। C की पुत्री रेखा के एक अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति की निकटतम पड़ोसी है। केवल तीन व्यक्ति V और उसकी पत्नी के मध्य बैठे हैं। B की पुत्री, A के ब्रदर-इन-लॉ के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है। C की पोती रेखा के अन्तिम छोर पर नहीं बैठी है। A की माता, अपने पुत्र के ठीक बाएँ बैठी है। C की पत्नी, T के पति की निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के भाई के निकटतम पड़ोसियों का मुख विपरीत दिशा में है (अर्थात् यदि एक पड़ोसी का मुख उत्तर दिशा की ओर है, तो अन्य का मुख दक्षिण में होगा)। अन्तिम छोरों पर बैठे व्यक्तियों का मुख विपरीत दिशा में है (अर्थात् यदि एक व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा में है, तो दूसरे व्यक्ति का दक्षिण दिशा में होगा)। W की पुत्रवधू, T के ससुर के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है। U का मुख उत्तर दिशा की ओर है। U, D की आण्टी का निकटतम पड़ोसी नहीं है। U के निकटतम पड़ोसियों का मुख समान दिशा में है। (अर्थात् यदि एक पड़ोसी का मुख्य उत्तर की ओर है, तो अन्य व्यक्ति का मुख भी उत्तर दिशा की ओर होगा और यदि एक पड़ोसी का मुख दक्षिण दिशा की ओर है, तो दूसरे व्यक्ति का मुख भी दक्षिण दिशा की ओर होगा) T और B दोनों का मुख, D की विपरीत दिशा में है। (अर्थात् यदि D का मुख उत्तर में है, तो T और B का मुख दक्षिण दिशा में होगा और इसी प्रकार उल्टा) T, C की इकलौती पुत्री है। W एक महिला सदस्य है और U पुरुष सदस्य है।

**101.** D के सन्दर्भ में A की क्या स्थिति है?
(a) ठीक बाएँ (b) बाएँ से तीसरी
(c) दाएँ से तीसरी (d) बाएँ से चौथा
(e) इनमें से कोई नहीं

**102.** B के दाईं ओर कितने व्यक्ति स्थित हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) पाँच
(e) इनमें से कोई नहीं

**103.** निम्नलिखित में से कौन D की दादी है?
(a) T (b) B
(c) W (d) C
(e) इनमें से कोई नहीं

**104.** दी गई व्यवस्था के अनुसार, A के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) A का मुख दक्षिण की ओर है
(b) A, B के दाएँ से चौथे स्थान पर है
(c) A, T के बाएँ से दूसरे स्थान पर स्थित है
(d) A, V और W के मध्य स्थित है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**105.** निम्नलिखित दिए गए पाँच विकल्पों में से चार एक निश्चित आधार पर एक समूह का निर्माण करते हैं। इनमें से कौन-सा समूह से सम्बन्धित नहीं है?
(a) C (b) D (c) A (d) U
(e) V

***निर्देश*** (प्र.सं. 106-110) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Main 2018)***

एक इमारत में तीन तल इस प्रकार हैं, कि तल-2, तल-1 के ऊपर है और तल-3, तल-2 के ऊपर है। इमारत में प्रत्येक तल पर दो फ्लैट इस प्रकार हैं कि फ्लैट-A, फ्लैट-B के पश्चिम में है। इमारत में प्रत्येक फ्लैट का क्षेत्रफल 576 फीट है और प्रत्येक फ्लैट में कमरों की एक निश्चित संख्या है तथा किसी भी दो फ्लैट में कमरों की संख्या समान नहीं है। सम संख्या वाले तल के किसी एक फ्लैट में प्रत्येक कमरे का क्षेत्रफल 64 फीट है। तल संख्या तीन पर कमरों की कुल संख्या सात है। जिस फ्लैट के कमरों का क्षेत्रफल 72 फीट है, वह विषम संख्या के तल पर है। 9 कमरों वाले फ्लैट के ठीक नीचे वाले फ्लैट में कमरों का क्षेत्रफल 288 फीट है। जिस फ्लैट के प्रत्येक कमरे का क्षेत्रफल 192 फीट है और जिस फ्लैट के कमरों का क्षेत्रफल 72 फीट है, उनके बीच केवल एक तल है। 6 कमरों वाले फ्लैट के पश्चिम में कोई फ्लैट नहीं है।

***106.*** तल-2 पर फ्लैट-A के कमरे का क्षेत्रफल क्या है?
(a) 94 (b) 92
(c) 96 (d) या तो (a) या (c)
(e) इनमें से कोई नहीं

***107.*** तल-2 पर कमरों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 12 (b) 14 (c) 13 (d) 15
(e) इनमें से कोई नहीं

***108.*** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) तल-2 पर कमरों की कुल संख्या 14 है
(b) तल-1 पर फ्लैट-A के प्रत्येक कमरे का क्षेत्रफल 94 फीट है
(c) तीनों तलों के फ्लैट-A में कुल 17 कमरे हैं
(d) सभी सही हैं
(e) कोई सही नहीं है

***109.*** तल-3 पर फ्लैट-B के कमरे का क्षेत्रफल क्या है?
(a) 144 फीट (b) 140.5 फीट (c) 138.5 फीट (d) 142 फीट
(e) इनमें से कोई नहीं

***110.*** जिस फ्लैट के प्रत्येक कमरे का क्षेत्रफल 288 फीट है, उस फ्लैट के पश्चिम मे कितने कमरे हैं?
(a) 6 (b) 4 (c) 3 (d) 8
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**उत्तर** (प्र.सं. 1-5) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




***1.*** *(d)* I तथा 35वें तल पर कार्य करने वाला पंक्ति के किनारों पर बैठे हैं।

***2.*** *(e)* P का कार्य करने का तल = 31वाँ

तथा R का कार्य करने वाला तल = 16वाँ

∴ अभीष्ट अन्तर = 31 – 16 = 15

***3.*** *(d)* दी गई व्यवस्था में, H, 16वें तल पर कार्य करने वाले से सम्बन्धित है।

***4.*** *(a)* G, 35वें तल पर कार्य करता है तथा O, R के तुरन्त बाएँ बैठता है।

***5.*** *(c)* 35वें तल पर कार्य करने वाले के बाएँ कोई नहीं बैठा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 6-10) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है




***6.*** *(c)* समूह में दूसरे स्थान पर सबसे बड़ा K है क्योंकि उसका जन्म वर्ष 1975 है।

***7.*** *(e)* O के दाएँ तीसरे स्थान पर 1981 में जन्मा व्यक्ति बैठा है।

***8.*** *(e)* Q, वर्ष 1981 में पैदा हुआ था।

***9.*** *(d)* K तथा N के मध्य तीन लोग बैठे हुए हैं।

***10.*** *(b)* L (1980) से छोटा M (1990) है।

**उत्तर** (प्र.सं. 11-15) प्रश्नानुसार, दी गई सूचनाओं को व्यवस्थित करने पर,




***11.*** *(b)* बैंक ऑफ महाराष्ट्र का व्यक्ति A की बगल में बैठा है जोकि सत्य है।

***12.*** *(e)* R और PNB के व्यक्ति के बीच S बैठा है।

***13.*** *(d)* पंक्तियों के अन्तिम छोरों पर सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति और D बैठे हैं।

***14.*** *(a)* इण्डियन बैंक का व्यक्ति, बैंक ऑफ महाराष्ट्र व्यक्ति के सम्मुख है।

***15.*** *(d)* दिया गया सम्बन्ध व्यक्ति के सम्मुख दाएँ (तिर्यक) से है। अतः D का सम्बन्ध इण्डियन बैंक के साथ होगा।

**उत्तर** (प्र.सं. 16-20) दी गई जानकारी के अनुसार तालिका बनाने पर,

| तल | व्यक्ति | यात्रा का शहर |
|---|---|---|
| 7 | S | चेन्नई |
| 6 | Q | पटना |
| 5 | V | लखनऊ |
| 4 | P | मुम्बई |
| 3 | U | कोलकाता |
| 2 | T | बंगलुरु |
| 1 | R | दिल्ली |

***16.*** *(a)* V की मन्जिल के नीचे वाली मन्जिल पर रहने वाला व्यक्ति मुम्बई की यात्रा पर है।

***17.*** *(b)* नम्बर 3 मन्जिल पर रहने वाला व्यक्ति कोलकाता की यात्रा पर है।

***18.*** *(e)* T के एकदम ऊपर वाली मन्जिल पर U रहता है।

***19.*** *(e)* S चेन्नई की यात्रा पर है।

***20.*** *(b)* S तथा मुम्बई की यात्रा पर गए व्यक्ति की मन्जिलों के बीच वाली मन्जिलों पर दो व्यक्ति रहते हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 21-25) दी गई जानकारी के आधार पर पुरुष तथा महिलाओं की निम्न बैठक व्यवस्था प्राप्त होती है




**21.** *(d)* उपरोक्त बैठक व्यवस्था के आधार पर S, V और U महिला सदस्य हैं।

**22.** *(a)* X के बारे में कथन (a) 'X एक पुरुष सदस्य है' सत्य है, जोकि उपरोक्त बैठक व्यवस्था से स्पष्ट है।

**23.** *(d)* उपरोक्त बैठक व्यवस्था के अनुसार, S और V के बीच Y बैठा है तथा उसकी टोपी का रंग गुलाबी है।

**24.** *(c)* एक ओर Y और P के बीच V, Z और X बैठे हैं। दूसरी ओर Y और P के बीच S, W और U भी बैठे हैं। अतः दोनों ही प्रकार से केवल तीन ही लोग Y और P के बीच बैठे हैं।

**25.** *(b)* Z की टोपी का रंग भूरा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 26-31) सात मित्रों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




**26.** *(a)* B वित्त विभाग में कार्यरत् है।

**27.** *(d)* बिक्री विभाग में D कार्यरत् है तथा इसके बाएँ को दूसरा B बैठा है।

**28.** *(d)* E के तुरन्त दाएँ को F बैठा है, जो मानव संसाधन विभाग में कार्यरत् है।

**29.** *(b)* व्यक्ति C तथा मानव संसाधन विभाग में कार्यरत् व्यक्ति के ठीक बीच में E बैठा है जोकि विपणन विभाग में कार्यरत् है।

**30.** *(c)* C तथा B व्यक्ति विपणन विभाग तथा बैंकिंग निवेश विभाग के व्यक्ति के बीच में बैठे हैं जब वामावर्त दिशा में विपणन विभाग से गिनती की जाती है।

**31.** *(d)* चार व्यक्ति उद्यम विभाग तथा A के बीच बैठे हैं जब दक्षिणावर्त दिशा में A से गिनती की जाती है।

**उत्तर** (प्र.सं. 32-36) दी गई जानकारी के अनुसार प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था निम्न है




**32.** *(b)* A-केनरा बैंक युग्म को छोड़कर अन्य सभी में पहला व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति के बाएँ दूसरा है।

**33.** *(e)* बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्रतिनिधि A एवं सिण्डीकेट बैंक का प्रतिनिधि B एक-दूसरे के अगल-बगल बैठे हैं।

**34.** *(c)* सिण्डीकेट बैंक के प्रतिनिधि B और बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि G के बीच केनरा बैंक के प्रतिनिधि H एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रतिनिधि A बैठे हैं।

**35.** *(e)* D, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि है।

**36.** *(d)* पंजाब नेशनल बैंक का प्रतिनिधि E, सिण्डीकेट बैंक के प्रतिनिधि B के बाएँ दूसरा बैठा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 37-40) प्रश्नानुसार दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,

कद के क्रमानुसार, Q > S > R > T > P

| व्यक्ति | P | Q | R | S | T |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थान | कश्मीर | गोवा | शिमला | देहरादून | लद्दाख |

**37.** *(b)* Q गोवा घूमने जाता है।

**38.** *(c)* T लद्दाख घूमने गया।

**39.** *(a)* P का कद सबसे छोटा है तथा वह कश्मीर घूमने गया।

**40.** *(c)* R कद में S से छोटा परन्तु T से बड़ा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 41-45) दी गई जानकारी के आधार पर सूचना को व्यवस्थित करने पर,

| क्र.सं. | डिब्बा | वस्तु |
|---|---|---|
| 1 | N | रंग |
| 2 | O | घड़ियाँ |
| 3 | K | डायरी |
| 4 | M | टॉफी |
| 5 | P | पेन्सिल |
| 6 | L | आभूषण |
| 7 | J | चम्मच |

**41.** *(d)* डायरी का डिब्बा, M के तुरन्त ऊपर रखा हुआ है।

**42.** *(b)* दिए गए डिब्बों के ढेर में O ऊपर से दूसरा है।

**43.** *(e)* डिब्बे J में चम्मच हैं इसलिए दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त कोई अन्य होगा।

**44.** *(c)* O-रंग के अतिरिक्त अन्य सभी में एक वस्तु का अन्तर है, जबकि इस संयोजन में ऐसा नहीं है।

**45.** *(e)* K तथा घड़ियों के डिब्बे के बीच में एक भी डिब्बा नहीं है।

**उत्तर** (प्र.सं. 46-50) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**46.** *(d)* R, D के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।

**47.** *(a)* B की आयु 31 वर्ष है तथा B व S के मध्य चार व्यक्ति बैठे हैं।

**48.** *(c)* C की आयु 26 वर्ष है।

**49.** *(b)* P, 16 वर्ष के व्यक्ति के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है तथा B, 26 वर्ष के व्यक्ति के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। उसी प्रकार, R, 17 वर्ष के व्यक्ति के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है।

**50.** *(d)* अभीष्ट अन्तर = 23 – 17 = 6 वर्ष

**उत्तर** (प्र.सं. 51-55) प्रश्न में दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,



**51.** *(e)* 9 वर्ष की आयु किसी भी व्यक्ति की नहीं है।

**52.** *(d)* Y की आयु 51 वर्ष है तथा उसके तुरन्त बाएँ W है तथा W के दाएँ दूसरे स्थान पर Q बैठा है।

**53.** *(b)* दो व्यक्ति

**54.** *(a)* Z के विकर्णतः विपरीत X बैठा है।

**55.** *(d)* S के तुरन्त दाएँ R बैठा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 56-60) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**56.** *(e)* Q का जन्मदिन जुलाई में है।

**57.** *(b)* A, जून में जन्मदिन वाले व्यक्ति (R) की ओर मुख करके बैठा है।

**58.** *(e)* D के दाएँ से तीसरा स्थान खाली है।

**59.** *(e)* Q, नवम्बर में जन्मदिन वाले व्यक्ति (P) के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।

**60.** *(b)* T, खाली स्थान के आसन्न बैठा है, सत्य कथन है।

**उत्तर** (प्र.सं. 61-65) प्रश्नानुसार, दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**61.** *(e)* निर्धारित नहीं किया जा सकता।

**62.** *(d)* W के बाएँ तीसरे स्थान पर Z बैठता है, जो लाल रंग पसन्द करता है।

**63.** *(c)* शिक्षक W, जी न्यूज देखता है।

**64.** *(c)* Z के अलावा अन्य किसी का पसन्दीदा रंग निश्चित नहीं है।

**65.** *(e)* न्यूज 24 देखने वाले व्यक्ति का पसन्दीदा रंग निश्चित नहीं है। अतः उसका पसन्दीदा रंग या तो नारंगी या भूरा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 66-71) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है

| तल संख्या | व्यक्ति | आय |
|---|---|---|
| 7 | S | ₹ 9000 |
| 6 | N | ₹ 11000 |
| 5 | M | ₹ 3500 |
| 4 | Q | ₹ 5000 |
| 3 | R | ₹ 15000 |
| 2 | P | ₹ 7500 |
| 1 | O | ₹ 13500 |

**66.** *(e)* M की आय ₹ 3500 है।

**67.** *(b)* ₹ 15000-R, संयोजन सत्य है।

**68.** *(d)* यदि सभी लोगों को ऊपर से नीचे वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो केवल एक व्यक्ति N का स्थान अपरिवर्तित रहेगा।

**69.** *(e)* S, Q के एकदम नीचे रहता है, कथन असत्य है।

**70.** *(d)* P, तल संख्या 2 पर रहता है।

**71.** *(d)* R की आय ₹ 15000 है।

**उत्तर** (प्र.सं. 72-75) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,

| माले | व्यक्ति | गाड़ी का रंग |
|---|---|---|
| 8 | E | लाल |
| 7 | I | सफेद |
| 6 | H | गुलाबी |
| 5 | K | पीला |
| 4 | G | काला |
| 3 | F | बैंगनी |
| 2 | J | नीला |
| 1 | L | हरा |

**72.** *(e)* E के ऊपर वाले माले पर कोई नहीं रहता।

**73.** *(d)* H तथा G के बीच वाले माले पर K रहता है।

**74.** *(c)* G के पास काली कार है।

**75.** *(a)* E के पास लाल कार है।

**उत्तर** (प्र.सं. 76-80) प्रश्नानुसार, दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**76.** *(a)* जिसे गणित पसन्द है वह G के विकर्णवत् बैठा है जिसे हिन्दी पसन्द है।

**77.** *(c)* जिसे रसायनशास्त्र पसन्द है वह B और E का निकटतम पड़ोसी है।

**78.** *(e)* H और B के एकदम मध्य में A बैठा है।

**79.** *(e)* B का पड़ोसी A है जिसे गणित पसन्द है। यह B के सम्बन्ध में निश्चित रूप से सत्य है।

**80.** *(e)* H को भौतिकी पसन्द है, जो G के बाएँ को तीसरा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 81-85) दी गई जानकारी के अनुसार,




**81.** *(d)* B और F के बीच की दूरी = 42 + 36 + 30 = 108 सेमी

**82.** *(c)* J के निकटतम पड़ोसी H, M हैं।

**83.** *(c)* A के बाएँ छठा B है और B के दाएँ चौथा H है।

**84.** *(b)* H और L के बीच की दूरी = 66 + 60 + 54 = 180 सेमी

**85.** *(a)* B, C को छोड़कर अन्य सभी में दोनों व्यक्ति एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 86-90) दी गई जानकारी के आधार पर बैठने की क्रम व्यवस्था निम्न है




***86.*** *(d)* T के दाएँ से गणना करने पर T और S के पिता के मध्य एक व्यक्ति बैठा है।

***87.*** *(d)* Y के बाएँ से गणना करने पर Y और W के मध्य में Z बैठा है।

***88.*** *(c)* T, S का पुत्र है, सत्य है।

***89.*** *(c)* U का मुख बाहर की ओर है।

***90.*** *(e)* Y की पुत्रवधू W के सन्दर्भ में T बाएँ ओर तीसरा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 91-95) दी गई जानकारी के अनुसार,

PQ = 60 मी तथा 4 के क्रमिक गुणक 28 व 32 को जोड़कर 60 प्राप्त होता है। 24 व 36 का योग भी 60 होता है। परन्तु 24 व 36 क्रमिक गुणक नहीं हैं 4 के।




***91.*** *(d)* P व S के मध्य दो गाड़ियाँ U व Q खड़ी हैं।

***92.*** *(e)* अभीष्ट दूरी = $\sqrt{(12)^2+(6)^2}=\sqrt{144+36}=\sqrt{180}=6\sqrt{5}$ मी

***93.*** *(c)* गाड़ी R को गाड़ी V तक पहुँचने के लिए पहले 44 मी पूर्व की ओर, उसके पश्चात् 15 मी उत्तर की ओर जाना होगा।

***94.*** *(b)* गाड़ी S को बिन्दु X पर पहुँचने के लिए 12 मी दक्षिण की ओर फिर 30 मी पश्चिम की ओर जाना होगा।

***95.*** *(d)*




आरेख से स्पष्ट है कि गाड़ी Q, गाड़ी Y के उत्तर-पूर्व दिशा में है।

**उत्तर** (प्र.सं. 96-100) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




***96.*** *(d)* जिस लड़की को मोटो एक्स पसन्द है उसका मुख लड़की B की ओर है।

***97.*** *(a)* E को एलजी पसन्द है।

***98.*** *(c)* Q को रेडमी पसन्द है।

***99.*** *(d)* एलजी को पसन्द करने वाला A का एक निकटतम पड़ोसी है।

***100.*** *(d)* लेनोवो पसन्द करने वाली लड़की A पंक्ति-1 के मध्य में बैठी है।

**उत्तर** (प्र.सं. 101-105) नीचे दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,







***101.*** *(b)* A, D के बाएँ तीसरे स्थान पर है।

***102.*** *(d)* B के दाईं ओर पाँच व्यक्ति बैठे हैं।

***103.*** *(c)* W, D की दादी है।

***104.*** *(c)* A, T के बाएँ से दूसरे स्थान पर स्थित नहीं है।

***105.*** *(d)* U के अलावा अन्य सभी का मुख दक्षिण दिशा में है।

**उत्तर** (प्र.सं. 106-110) प्रश्नानुसार, दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,

| तल | फ्लैट | फ्लैट |
|---|---|---|
| 3 | 3 कमरे | 4 कमरे |
| 2 | 6 कमरे | 9 कमरे |
| 1 | 8 कमरे | 2 कमरे |

***106.*** *(c)* अभीष्ट क्षेत्रफल = 576 ÷ 6 = 96 फीट

***107.*** *(d)* अभीष्ट कमरों की संख्या = 9 + 6 = 15

***108.*** *(c)* कथन (c) सत्य है।

***109.*** *(a)* अभीष्ट क्षेत्रफल = 576 ÷ 4 = 144 फीट

***110.*** *(d)* फ्लैट B के तल 1 के कमरों का क्षेत्रफल 288 फीट है तथा इसके पश्चिम में 8 कमरे हैं।

## प्रकार *3.* घटनाक्रम, स्थान, समय पर आधारित

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में किसी घटनाक्रम, स्थान या समय से सम्बन्धित तथ्य या जानकारियाँ दी गई होती हैं। इन तथ्यों तथा दी गई जानकारी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर ज्ञात करना होता है।

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए दी गई जानकारी को एक सारणी या अपनी सुविधानुसार क्रम से लगाकर दिए गए प्रश्नों का उत्तर ज्ञात करते हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 27-31) *दी गई जानकारी को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPSC CSAT 2012)***

पाँच विषयों, जैसे– अर्थशास्त्र, इतिहास, सांख्यिकी, अंग्रेजी और गणित पर एक सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक अतिथि व्याख्यानों का इन्तजाम करना है। प्रत्येक दिन केवल एक व्याख्यान का इन्तजाम किया जा सकता है। अर्थशास्त्र को मंगलवार को अनुसूचित नहीं किया जा सकता। इतिहास का अतिथि प्राध्यापक केवल मंगलवार को उपलब्ध है। गणित का व्याख्यान अर्थशास्त्र के व्याख्यान के दिन के ठीक अगले दिन ही अनुसूचित करना है। अंग्रेजी का व्याख्यान अर्थशास्त्र के व्याख्यान वाले दिन के ठीक एक दिन पहले अनुसूचित करना है।

***उदाहरण* 27.** सोमवार को कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?
(a) इतिहास (b) अर्थशास्त्र (c) गणित (d) सांख्यिकी

***उदाहरण* 28.** सांख्यिकी और अंग्रेजी के बीच में कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?
(a) अर्थशास्त्र (b) इतिहास
(c) गणित (d) कोई व्याख्यान नहीं

***उदाहरण* 29.** सप्ताह में कौन-सा व्याख्यान अन्तिम है?
(a) इतिहास (b) अंग्रेजी (c) गणित (d) अर्थशास्त्र

***उदाहरण* 30.** बुधवार को कौन-सी व्याख्यान अनुसूचित है?
(a) सांख्यिकी (b) अर्थशास्त्र
(c) अंग्रेजी (d) इतिहास

***उदाहरण* 31.** गणित के व्याख्यान के पहले कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?
(a) अर्थशास्त्र (b) इतिहास (c) सांख्यिकी (d) अंग्रेजी

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 27-31) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| दिन | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार |
|---|---|---|---|---|---|
| विषय | सांख्यिकी | इतिहास | अंग्रेजी | अर्थशास्त्र | गणित |

***27.*** *(d)* सोमवार को सांख्यिकी का व्याख्यान अनुसूचित है।
***28.*** *(b)* सांख्यिकी एवं अंग्रेजी के बीच इतिहास का व्याख्यान अनुसूचित है।
***29.*** *(c)* सप्ताह के अन्त में अर्थात् शुक्रवार को गणित का व्याख्यान है।
***30.*** *(c)* बुधवार को अंग्रेजी का व्याख्यान अनुसूचित है।
***31.*** *(a)* गणित के व्याख्यान के पहले अर्थशास्त्र का व्याख्यान अनुसूचित है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 32-36) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2017)***

C, D, E, F, W, X, Y तथा Z किसी वर्ष के जनवरी, अप्रैल, सितम्बर तथा दिसम्बर माह में विवाह समारोह में जाते हैं। इनमें प्रत्येक माह में विवाह या तो 11 या 24 तारीख को है। किसी भी माह में दो से अधिक व्यक्ति विवाह समारोह में नहीं जाते हैं। W, 30 दिन वाले माह में 11 तारीख को विवाह समारोह में जाता है। W तथा Y के बीच केवल तीन लोग विवाह समारोह में जाते हैं। C तथा Y समान माह तथा समान तारीख को विवाह समारोह में नहीं जाते हैं। C अप्रैल में विवाह समारोह में नहीं जाता है। C तथा F के बीच केवल दो लोग विवाह समारोह में जाते हैं। X तथा F समान तारीख को विवाह समारोह में जाते हैं। D, X से पहले किसी दिन विवाह समारोह में जाता है। D तथा E के बीच में केवल एक व्यक्ति विवाह समारोह में जाता है। E तथा Z के बीच में चार से कम व्यक्ति विवाह समारोह में जाते हैं।

***उदाहरण* 32.** F तथा Z के बीच कितने लोग विवाह समारोह में गए?
(a) दो (b) तीन
(c) कोई नहीं (d) तीन से अधिक
(e) एक

***उदाहरण* 33.** X विवाह समारोह में कब जाता है?
(a) 24 अप्रैल (b) ज्ञात नहीं कर सकते
(c) 11 जनवरी (d) 24 सितम्बर
(e) 11 दिसम्बर

***उदाहरण* 34.** यदि सभी व्यक्ति 11 जनवरी से आरम्भ करके 24 दिसम्बर तक वर्णमाला क्रमानुसार विवाह समारोह में जाएँ, तो कितने लोगों का प्रोग्राम अपरिवर्तित रहेगा?
(a) एक (b) दो (c) पाँच (d) कोई नहीं
(e) तीन

***उदाहरण* 35.** निम्न में से कौन Y से पहले विवाह समारोह में जाता है?
(a) C तथा X दोनों (b) केवल W
(c) कोई नहीं (d) F तथा W दोनों
(e) केवल F

***उदाहरण* 36.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एक समान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। निम्न में से एक कौन-सा है, जो समूह से सम्बन्धित नहीं है।
(a) W (b) F (c) Z (d) Y
(e) X

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 32-36)

| माह | तारीख | व्यक्ति |
|---|---|---|
| जनवरी | 11 | Y |
| | 24 | D |
| अप्रैल | 11 | F |
| | 24 | E |
| सितम्बर | 11 | W |
| | 24 | C |
| दिसम्बर | 11 | X |
| | 24 | Z |

***32.*** *(d)* F और Z के बीच E, W, C व X जाते हैं।
***33.*** *(e)* X विवाह समारोह में 11 दिसम्बर को जाता है।
***34.*** *(e)* प्रश्नानुसार, वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर D, W और Z का स्थान अपरिवर्तित रहता है।
***35.*** *(c)* Y से पहले विवाह समारोह में कोई नहीं जाता है।
***36.*** *(c)* Z के अतिरिक्त अन्य सभी माह की 11 तारीख को समारोह में जाते हैं।

# प्रश्नावली 12.3

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-5) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB PO 2016)***

सागर सात अलग-अलग कम्पनियों जैसे-सैमसंग, एचटीसी, लेनोवो, इण्टेक्स, माइक्रोमैक्स, नोकिया और ओप्पो के मोबाइल की बिक्री सोमवार से रविवार तक करता है। लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

सागर, सोमवार को एचटीसी का मोबाइल बेचता है। एचटीसी और सैमसंग के मध्य केवल तीन कम्पनियों के मोबाइल बेचे जाते हैं। सैमसंग और लेनोवो के मध्य कोई मोबाइल नहीं बेचा जाता है। लेनोवो और ओप्पो के मध्य केवल दो मोबाइल बेचे जाते हैं। माइक्रोमैक्स, ओप्पो की बिक्री के एकदम पहले वाले दिन बेचा जाता है। इण्टेक्स, ओप्पो की बिक्री के एकदम बाद वाले दिन बेचा जाता है, लेकिन रविवार को नहीं।

***1.*** सागर माइक्रोमैक्स का मोबाइल कौन-से दिन बेचता है?
(a) गुरुवार (b) मंगलवार (c) शुक्रवार (d) शनिवार
(e) बुधवार

***2.*** एचटीसी और लेनोवो के मध्य कितने मोबाइल बेचे जाते हैं?
(a) चार (b) दो (c) एक (d) कोई नहीं
(e) तीन

***3.*** दी गई व्यवस्था के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?
(a) सागर, सैमसंग और नोकिया के मध्य किसी एक कम्पनी का मोबाइल बेचता है
(b) सागर, गुरुवार को इण्टेक्स बेचता है
(c) सागर, ओप्पो और इण्टेक्स के मध्य किसी भी कम्पनी का मोबाइल नहीं बेचता
(d) दिए गए सभी कथन सत्य हैं
(e) सागर, शुक्रवार को लेनोवो बेचता है

***4.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) नोकिया-शुक्रवार (b) सैमसंग-गुरुवार
(c) माइक्रोमैक्स-सोमवार (d) इण्टेक्स-बुधवार
(e) ओप्पो-मंगलवार

***5.*** सागर, रविवार को कौन-सा मोबाइल बेचता है?
(a) नोकिया (b) लेनोवो
(c) माइक्रोमैक्स (d) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं
(e) ओप्पो

***निर्देश*** (प्र.सं. 6-11) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

एक संस्था ने साप्ताहिक दिनों में सोमवार से आरम्भ करते हुए रविवार तक सात विभिन्न प्रकार के लैपटॉप बाँटने का निश्चय किया। ये सात प्रकार के लैपटॉप सोनी, एसर, एसस, लेनोवो, डेल, एचपी और एचसीएल के हैं लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि ये इसी क्रम में बाँटे गए हों।

डेल लैपटॉप शनिवार को दिए जाते हैं। लेनोवो लैपटॉप, एसस लैपटॉप के तुरन्त बाद दिए जाते हैं और एसस लैपटॉप बुधवार को नहीं दिए जाते हैं। एचपी लैपटॉप, एसस लैपटॉप के वितरण के दो दिन बाद दिए जाते हैं। एसर लैपटॉप, सोनी लैपटॉप के तुरन्त बाद बाँटे जाते हैं। एचसीएल लैपटॉप, एसर लैपटॉप से पहले बाँटे जाते हैं। एचपी लैपटॉप, डेल लैपटॉप के बाद बाँटे जाते हैं।

***6.*** सप्ताह के किस दिन लेनोवो लैपटॉप बाँटे जाते हैं?
(a) मंगलवार (b) बुधवार (c) शुक्रवार (d) रविवार
(e) सोमवार

***7.*** लेनोवो लैपटॉप और एचपी लैपटॉप के बाँटे जाने वाले दिनों के मध्य कौन-से लैपटॉप बाँटे जाते हैं?
(a) एसस (b) डेल (c) सोनी (d) एचसीएल
(e) इनमें से कोई नहीं

***8.*** बुधवार को कौन-से लैपटॉप बाँटे जाते हैं?
(a) एसर (b) लेनोवो (c) एचसीएल (d) एचपी
(e) सोनी

***9.*** सप्ताह के किस दिन एसस लैपटॉप बाँटे जाते हैं?
(a) सोमवार (b) रविवार (c) मंगलवार (d) बुधवार
(e) इनमें से कोई नहीं

***10.*** जिस प्रकार एचसीएल मंगलवार से सम्बन्धित है, सोनी बुधवार से सम्बन्धित है, उसी प्रकार लेनोवो किससे सम्बन्धित है?
(a) बृहस्पतिवार (b) शुक्रवार (c) शनिवार (d) रविवार
(e) इनमें से कोई नहीं

***11.*** सप्ताह के मध्य में कौन-से लैपटॉप बाँटे गए?
(a) एसर (b) एसस (c) लेनोवो (d) एचसीएल
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 12-16) *दी गई जानकारी का अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

सात मित्रों M, N, O, P, Q, R और S की एक सप्ताह के सात विभिन्न दिनों सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार में एक निबन्ध प्रतियोगिता है। प्रत्येक दोस्त भिन्न-भिन्न कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पाँचवीं, छठी और सातवीं में पढ़ता है, परन्तु यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

वह, जो पहली कक्षा में पढ़ता है, उसकी प्रतियोगिता शनिवार को है। S दूसरी कक्षा में पढ़ता है और उसकी प्रतियोगिता बुधवार को है। N की प्रतियोगिता Q से ठीक पहले है। N की प्रतियोगिता S के बाद किसी भी दिन नहीं है। वह, जो सातवीं कक्षा में पढ़ता है, उसकी प्रतियोगिता शुक्रवार या उससे पहले दिन नहीं है। वह जो तीसरी कक्षा में पढ़ता है, उसकी प्रतियोगिता O के तुरन्त बाद है। Q पाँचवीं कक्षा में नहीं पढ़ता है। वह जो छठी कक्षा में पढ़ता है, उसकी प्रतियोगिता S से तुरन्त पहले या बाद में नहीं है। R की प्रतियोगिता रविवार को नहीं है और वह तीसरी कक्षा में नहीं पढ़ता है। P की प्रतियोगिता M से पहले किसी भी दिन नहीं है।

***12.*** R निम्न में से किस कक्षा में पढ़ता है?
(a) सातवीं (b) पाँचवीं
(c) पहली (d) दूसरी
(e) चौथी

***13.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार एक समूह बनाते हैं। निम्न में से कौन इस समूह के अन्तर्गत नहीं आता?
(a) O-मंगलवार (b) M-बुधवार
(c) P-शनिवार (d) S-सोमवार
(e) R-बृहस्पतिवार

***14.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) M की प्रतियोगिता शनिवार को है
(b) Q छठी कक्षा में पढ़ता है
(c) दिए हुए सभी कथन सत्य हैं
(d) S और P के मध्य केवल दो लोगों की प्रतियोगिता है
(e) R की प्रतियोगिता M के तुरन्त बाद है

***15.*** निम्न में से कौन-सा संयोजन निश्चित रूप से सत्य है?
(a) R-शुक्रवार-पहली (b) O-मंगलवार-चौथी
(c) M-बृहस्पतिवार-तीसरी (d) Q-शनिवार-पाँचवीं
(e) P-रविवार-सातवीं

***16.*** निम्न में से वह कौन-सा दिन है जब N की प्रतियोगिता है?
(a) शनिवार (b) शुक्रवार (c) रविवार (d) मंगलवार
(e) सोमवार

***निर्देश*** (प्र.सं. 17-22) *दी गई जानकारी का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk 2015)***

सात मित्रों M, N, O, P, Q, R और S की एक सप्ताह के सोमवार से रविवार तक विभिन्न भाषाओं यथा फ्रेन्च, अंग्रेजी, स्पेनिश, संस्कृत, चाइनीज, जर्मन और जापानी की कक्षाएँ चलती हैं, पर आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

M शुक्रवार को एक कक्षा में जाता है। M तथा संस्कृत पढ़ने वाले के बीच में केवल दो लोगों की कक्षा हैं। R की कक्षा, P से एकदम पहले है। न तो R और न ही P संस्कृत पढ़ता है। R तथा स्पेनिश पढ़ने वाले के बीच में केवल एक व्यक्ति की कक्षा है। स्पेनिश पढ़ने वाले की कक्षा सोमवार को नहीं है। N की कक्षा, फ्रेन्च पढ़ने वाले से एकदम पहले है। M फ्रेन्च भाषा नहीं पढ़ रहा है। R और Q के बीच में केवल एक व्यक्ति की कक्षा है। O जर्मन भाषा पढ़ रहा है। O तथा चाइनीज भाषा पढ़ने वाले के बीच में दो व्यक्तियों की कक्षाएँ हैं। Q जापानी भाषा नहीं पढ़ रहा है।

***17.*** निम्न में से किनकी कक्षाएँ N से ठीक पहले और ठीक बाद में हैं?
(a) P, M (b) Q, M (c) Q, R (d) R, P
(e) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य

***18.*** Q निम्न में से कौन-सी भाषा पढ़ रहा है?
(a) संस्कृत (b) चाइनीज
(c) अंग्रेजी (d) स्पेनिश
(e) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य

***19.*** दी गई व्यवस्था के अनुसार, Q चाइनीज भाषा से तथा R जापानी भाषा से किसी प्रकार सम्बन्धित हैं। इसी प्रकार P का सम्बन्ध निम्न में से किस भाषा से है?
(a) संस्कृत
(b) दिए गए विकल्पों के अलावा कोई अन्य
(c) स्पेनिश
(d) अंग्रेजी
(e) फ्रेन्च

***20.*** दी गई व्यवस्था के अनुसार, निम्नलिखित पाँच में से चार एक समूह बनाते हैं। निम्न में से कौन-सा उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?
(a) Q-मंगलवार (b) N-गुरुवार (c) S-रविवार (d) M-शनिवार
(e) P-शुक्रवार

***21.*** निम्नलिखित में से किस दिन P की कक्षा होती है?
(a) सोमवार (b) गुरुवार (c) बुधवार (d) मंगलवार
(e) रविवार

***22.*** निम्नलिखित में से कौन जापानी भाषा की पढ़ाई कर रहा है?
(a) N (b) M (c) S (d) R
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

***निर्देश*** (प्र.सं. 23-27) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(NICL AO 2015)***

सात विभिन्न व्यक्तियों J, K, L, M, N, O तथा P को विभिन्न स्थानों यथा दिल्ली, अहमदाबाद, मुम्बई, चेन्नई, पुणे, लखनऊ तथा चण्डीगढ़ के लिए फ्लाइट पकड़नी है, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। उनमें से प्रत्येक को सप्ताह के अलग दिनों में यथा सोमवार से रविवार तक फ्लाइट पकड़नी है।

- P की फ्लाइट बुधवार को है। जिसकी फ्लाइट शुक्रवार को है, उसे चेन्नई जाना है।
- P तथा J के बीच में केवल एक व्यक्ति की फ्लाइट है।
- M तथा पुणे की फ्लाइट वाले व्यक्ति के बीच में केवल दो लोगों की फ्लाइट है। जिसे पुणे जाना है, वह M के बाद पुणे जाता है। M की फ्लाइट सोमवार को नहीं है।
- पुणे तथा चण्डीगढ़ जाने वाले लोगों की फ्लाइट के बीच में तीन लोगों की फ्लाइट है।
- O की फ्लाइट, मुम्बई जाने वाले की फ्लाइट के तुरन्त बाद है। J, मुम्बई नहीं जाता है। O पुणे नहीं जाता है।
- O तथा L के बीच में केवल एक व्यक्ति की फ्लाइट है।
- दिल्ली जाने वाले की फ्लाइट, लखनऊ जाने वाले की फ्लाइट के तुरन्त बाद है।
- K दिल्ली नहीं जाता है।

***23.*** निम्न में से अहमदाबाद कौन जाता है?
(a) J (b) M (c) K (d) P
(e) O

***24.*** लखनऊ जाने वाले की फ्लाइट निम्न में से किस दिन है?
(a) सोमवार (b) गुरुवार (c) मंगलवार (d) शनिवार
(e) बुधवार

***25.*** N की फ्लाइट निम्न में से किस दिन है?
(a) रविवार (b) गुरुवार (c) सोमवार (d) शनिवार
(e) मंगलवार

***26.*** O तथा L की फ्लाइट के ठीक मध्य में निम्न में से किसकी फ्लाइट है?
(a) N (b) J (c) P (d) K
(e) M

***27.*** मुम्बई तथा पुणे की फ्लाइट के बीच कितने लोगों की फ्लाइट है?
(a) एक (b) दो (c) चार (d) तीन
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 28-30) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक अस्पताल में सात मरीज नियमित जाँच के लिए आते हैं। वह मरीज यथा- A, B, C, D, E, F तथा G हैं। उनके आने की तिथि 22 जुलाई से 29 जुलाई है। (परन्तु आवश्यक नहीं की इसी क्रम में) किसी एक दिन अस्पताल की छुट्टी है।

- B, सबसे पहले आता है।
- 23 जुलाई, रविवार होने के कारण छुट्टी है।
- F, G से एकदम पहले वाले दिन आता है।
- A, सबसे आखिरी में आता है।
- C, छुट्टी वाले दिन के तुरन्त अगले दिन आता है।
- E तथा G के बीच में एक दिन का अन्तर है।
- E तथा D के बीच में दो लोग आते हैं।

***28.*** मंगलवार के दिन कौन आता है?
(a) A (b) G (c) E (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

***29.*** A से तुरन्त पहले कौन आता है?
(a) E (b) G (c) C (d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

***30.*** F तथा C के बीच में कितने मरीज आते हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) एक भी नहीं
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 31-35) *नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए।* ***(BOB PO 2010)***

सोमवार से रविवार तक छः खेल आयोजित किए जाने हैं– हर दिन एक खेल और एक दिन कोई खेल नहीं होगा। 'कोई खेल नहीं' वाला दिन सोमवार या रविवार नहीं है।

प्रत्येक खेल 3 खेलों के ऐसे सैट में होता है कि 3 खेल बिना किसी ब्रेक के होते हैं अर्थात् 3 खेल ऐसे होते हैं कि उनके बीच 'कोई खेल नहीं' वाला दिन नहीं आता है, लेकिन इस सैट के तुरन्त पहले या तुरन्त बाद 'कोई खेल नहीं' वाला दिन आता है।

खेल Z, 26 तारीख को और खेल X उसी महीने की 31 तारीख को हुआ था। खेल B, खेल A के तुरन्त बाद में नहीं हुआ था (लेकिन A के बाद हुआ था, जरूरी नहीं कि तुरन्त बाद में) और खेल M, Q से तुरन्त पहले हुआ था। सभी छः खेल एक ही महीने में हुए थे।

***31.*** सोमवार को कौन-सा खेल आयोजित हुआ था?
(a) Z (b) M
(c) Q (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

***32.*** खेल Z किस दिन आयोजित किया गया था?
(a) मंगलवार
(b) सोमवार
(c) बुधवार
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***33.*** कौन-सी तारीख 'कोई खेल नहीं' वाला दिन थी?
(a) 26 (b) 28 (c) 29
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

***34.*** निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
(a) खेल B, खेल M के एकदम पहले हुआ
(b) खेल Z, खेल B के बाद हुआ
(c) 2 खेलों के बाद अन्तराल था और फिर 4 खेल आयोजित हुए
(d) पहला खेल 25 तारीख को आयोजित नहीं किया गया
(e) खेल B शुक्रवार को हुआ

***35.*** खेल Q किस दिन आयोजित किया गया था?
(a) सोमवार (b) गुरुवार (c) शनिवार (d) बुधवार
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 36-40) *नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Main 2018)***

छह व्यक्ति अर्थात्-तरुण, चारु, विशाखा, मोनिका, अंकु और विराज हैं, जिनका जन्म 2018 को आधार वर्ष मानते हुए अलग-अलग वर्षों में हुआ है। उनमें से कोई भी 90 वर्ष से अधिक आयु का नहीं है। वे सभी विभिन्न फल अर्थात्-सेब, संतरा, अँगूर, चेरी, आम और केला पसन्द करते हैं।

(**नोट** जिस वर्ष में एक व्यक्ति का जन्म होता है, उस वर्ष के अन्तिम दो अंक या दोनों अंकों को उलटने से प्राप्त अंक, किसी अन्य व्यक्ति की आयु हो सकते हैं। जैसे A का जन्म 1943 में हुआ था और B की आयु को A के जन्म के वर्ष के अन्तिम दो अंकों द्वारा दर्शाया जाता है, तो B की आयु या तो 34 या 43 होगी)

तरुण का जन्म वर्ष 1983 में हुआ था। तरुण और चारु की आयु के बीच का अन्तर 21 वर्ष है। विशाखा की आयु, चारु के जन्म वर्ष के अंकों का योग है। जो व्यक्ति आम पसन्द करता है, वह विशाखा से 5 वर्ष बड़ा है। अंकु की आयु, आम पसन्द करने वाले व्यक्ति के जन्मवर्ष के या तो अन्तिम दो अंक या अन्तिम दो अंकों को उलटकर प्राप्त हुई संख्या के बराबर है। केवल एक व्यक्ति अंकु से बड़ा है और विशाखा सेब पसन्द करती है। जो व्यक्ति चेरी पसन्द करता है, वह अंकु से ठीक छोटा है। विराज और चेरी पसन्द करने वाले व्यक्ति की आयु के बीच 24 वर्षों का अन्तर है। जो व्यक्ति केला पसन्द करता है, उसका जन्म सम संख्या वाले वर्ष में होता है। जो व्यक्ति संतरा पसन्द करता है वह उस व्यक्ति से छोटा है, जो अँगूर पंसद करता है एवं दोनों का जन्मवर्ष विषम संख्या में है। मोनिका, विराज से छोटी है।

***36.*** निम्नलिखित में से कौन केला पसन्द करता है?
(a) अंकु (b) तरुण (c) चारु (d) विशाखा
(e) इनमें से कोई नहीं

***37.*** निम्नलिखित में से कौन सबसे बड़ा है?
(a) अंकु (b) तरुण (c) चारु (d) विशाखा
(e) इनमें से कोई नहीं

***38.*** निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सत्य है?
(a) अंकु-1959-आम (b) विराज-1983-सेब
(c) चारु-1962-चेरी (d) मोनिका-1995-अँगूर
(e) इनमें से कोई नहीं

***39.*** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) अंकु, चेरी पसन्द करने वाले व्यक्ति से तीन वर्ष बड़ा है
(b) विराज सबसे बड़ा है
(c) अंकु का जन्म 1959 में हुआ था
(d) मोनिका का जन्म विशाखा से पहले हुआ था
(e) सभी सही हैं

***40.*** निम्नलिखित में से किस वर्ष मोनिका का जन्म होता है?
(a) 1995 (b) 2000 (c) 2012 (d) 2007
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 41-45) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Assist. Manager 2017)***

सात फिल्में A, B, C, D, E, F तथा G सात भिन्न महीनों यथा–जनवरी, फरवरी, अप्रैल, जुलाई, सितम्बर, नवम्बर तथा दिसम्बर में प्रदर्शित हुई, परन्तु आवश्यक नहीं इसी क्रम में। प्रत्येक फिल्म एक भिन्न देश यथा-स्पेन, इण्डिया, चाइना, मलेशिया, जर्मनी, पेरु तथा नेपाल को भी प्रदर्शित करती है परन्तु आवश्यक नहीं इसी क्रम में।

[**नोट** दिए गए वर्ष के किसी अन्य माह में कोई अन्य फिल्म का प्रदर्शन नहीं हुआ।]

D, अप्रैल से पहले किसी माह में प्रदर्शित हुई। D तथा चाइना को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के मध्य केवल तीन फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। B का प्रदर्शन F के तुरन्त बाद हुआ। B व F दोनों उस माह में प्रदर्शित हुई, जिसमें 30 दिन हैं। B व पेरु को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के मध्य केवल दो फिल्में प्रदर्शित हुई। A तथा जर्मनी का प्रदर्शन करने वाली फिल्मों के मध्य केवल एक फिल्म प्रदर्शित हुई। A, जर्मनी को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के पहले किसी एक माह में प्रदर्शित हुई। B जर्मनी को प्रदर्शित नहीं करती है। जर्मनी तथा स्पेन को प्रदर्शित करने वाली फिल्मों के मध्य केवल तीन फिल्में प्रदर्शित हुई। जो फिल्म स्पेन को प्रदर्शित करती है तथा D के मध्य प्रदर्शित होने वाली फिल्मों की संख्या, G तथा मलेशिया को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के मध्य प्रदर्शित होने वाली फिल्मों की संख्या के समान है। G तथा इण्डिया को प्रदर्शित करने वाली फिल्मों के मध्य केवल दो फिल्में प्रदर्शित हुई। C, इण्डिया को प्रदर्शित नहीं करती है।

***41.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन निश्चित रूप से सत्य है?
(a) B-सितम्बर (b) A-पेरु
(c) E-स्पेन (d) जुलाई-नेपाल
(e) जनवरी-C

***42.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) दिया गया कोई विकल्प सत्य नहीं है
(b) E तथा F के मध्य केवल दो फिल्में प्रदर्शित हुई
(c) फिल्म D चाइना को प्रदर्शित करती है
(d) फिल्म G जनवरी में प्रदर्शित हुई
(e) जर्मनी को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के बाद तीन फिल्में प्रदर्शित हुई

***43.*** नेपाल को निम्नलिखित में से कौन-सी फिल्म प्रदर्शित करती है?
(a) A (b) G (c) F (d) C
(e) D

***44.*** फिल्म E के बाद कितनी फिल्में प्रदर्शित हुई?
(a) दो (b) एक
(c) चार (d) तीन
(e) कोई नहीं

***45.*** दी गई व्यवस्था के अनुसार, मलेशिया, F से तथा इण्डिया, C से किसी प्रकार सम्बन्धित है। इसी प्रकार पेरु का सम्बन्ध निम्न में से किससे है?
(a) जर्मनी प्रदर्शित करने वाली फिल्म
(b) दिसम्बर में प्रदर्शित हुई फिल्म
(c) B
(d) D
(e) G

***निर्देश*** (प्र.सं. 46-49) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2013)***

छः मित्रों अभिषेक, दीपक, मृदुल, प्रीतम, रंजन और सलिल की एक ही वर्ष के अलग-अलग महीनों फरवरी, अप्रैल, जुलाई, सितम्बर, नवम्बर, तथा दिसम्बर में अलग-अलग शहरों यथा अहमदाबाद, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता में शादी होती है। लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। दुल्हनों के नाम गीतिका, जसमीन, हेमा, वृन्दा, इप्सिता और वीना है लेकिन फिर से उनका यही क्रम हो जरूरी नहीं है। शादी से सम्बन्धित कुछ और तथ्य नीचे दिए जा रहे हैं

- मृदुल की शादी चेन्नई में हुई लेकिन उसकी शादी गीतिका या वीना से नहीं हुई।
- अभिषेक की शादी अहमदाबाद और रंजन की शादी दिल्ली में हुई लेकिन उनमें से किसी की शादी जसमीन या वृन्दा से नहीं हुई।
- कोलकाता में शादी फरवरी में हुई।
- हेमा की शादी अप्रैल महीने में हुई लेकिन अहमदाबाद में नहीं।
- गीतिका और इप्सिता की शादी फरवरी और नवम्बर महीने में चेन्नई और कोलकाता में हुई लेकिन जरूरी नहीं कि उनका यही क्रम हो।
- प्रीतम दिसम्बर में अपनी शादी के बाद ही बंगलुरू और कोलकाता गया।
- सलिल की शादी सितम्बर महीने में जसमीन के साथ हुई।

***46.*** निम्न में से हेमा के पति कौन हैं?
(a) अभिषेक (b) दीपक
(c) रंजन (d) प्रीतम
(e) मृदुल

***47.*** दीपक की शादी किस शहर में हुई?
(a) बंगलुरु (b) मुम्बई
(c) कोलकाता (d) दिल्ली
(e) चेन्नई

***48.*** किस महीने में मुम्बई में शादी हुई?
(a) अप्रैल (b) सितम्बर
(c) नवम्बर (d) दिसम्बर
(e) जुलाई

***49.*** सलिल की शादी किस शहर में सम्पन्न हुई?
(a) बंगलुरु (b) चेन्नई
(c) कोलकाता (d) दिल्ली
(e) मुम्बई

***निर्देश*** (प्र.सं. 50-54) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(RBI Grade-B 2015)***

एक ही सप्ताह के सोमवार से रविवार तक सात फ्लाइट्स सात भिन्न शहरों यथा-दुबई, सिडनी, लन्दन, पेरिस, ज्यूरिख, मैड्रिड और रोम के लिए उड़ान भरती हैं। प्रत्येक फ्लाइट एक भिन्न समय यथा-शाम 4 बजे,
5 बजे, 6 बजे, 7 बजे, 8 बजे, 9 बजे और 10 बजे रात में अपने-अपने दिनों को उड़ान भरती हैं परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। दुबई के लिए फ्लाइट बुधवार को है परन्तु वह न तो शाम 5 बजे और न ही 8 बजे जाती है। दुबई जाने वाली फ्लाइट और रात 10 बजे जाने वाली फ्लाइट के बीच में केवल एक दिन है। शाम 5 बजे वाली फ्लाइट और रोम को जाने वाली फ्लाइट के बीच में केवल तीन दिन हैं। शाम 5 बजे वाली फ्लाइट रोम जाने वाली फ्लाइट से पहले उड़ान भरती है।

सोमवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट न तो शाम 5 बजे जाती है और न ही सिडनी को जाती है। शनिवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट का समय मंगलवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट के समय से पहले है (अर्थात् यदि मंगलवार की फ्लाइट शाम 7 बजे उड़ान भरती है, तो शनिवार की फ्लाइट शाम 4, 5 या 6 बजे उड़ान भरती है)। लन्दन को जाने वाली फ्लाइट उस फ्लाइट से एक दिन पहले उड़ान भरती है, जो 8 बजे जाती है। पेरिस को जाने वाली फ्लाइट शाम 7 बजे उड़ान भरती है।

लन्दन को जाने वाली फ्लाइट तथा ज्यूरिख को जाने वाली फ्लाइट के बीच में 2 घण्टे का अन्तर है। (अर्थात् यदि लन्दन की फ्लाइट शाम 4 बजे जाती है, तो ज्यूरिख की फ्लाइट 2 बजे या 6 बजे जाती है)

***50.*** कौन-सी फ्लाइट पेरिस जाने वाली फ्लाइट से तुरन्त पहले दिन जाती है?
(a) वह फ्लाइट जो शाम 7 बजे उड़ान भरती है
(b) वह फ्लाइट जो बृहस्पतिवार को उड़ान भरती है
(c) कोई नहीं, क्योंकि पेरिस की फ्लाइट शनिवार को उड़ान भरती है
(d) वह फ्लाइट जो शाम 5 बजे उड़ान भरती है
(e) रोम को जाने वाली फ्लाइट

***51.*** सिडनी जाने वाली फ्लाइट किस समय उड़ान भरती है?
(a) 9 बजे (b) 10 बजे (c) 6 बजे (d) 5 बजे
(e) 4 बजे

***52.*** जिस समय सिडनी की फ्लाइट उड़ान भरती है, उससे ठीक 1 घण्टे बाद कौन-सी फ्लाइट उड़ान भरती है?
(a) शुक्रवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट
(b) मंगलवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट
(c) रात 10 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट
(d) लन्दन को जाने वाली फ्लाइट
(e) रोम को जाने वाली फ्लाइट

***53.*** दुबई की फ्लाइट उड़ान भरने के ठीक 4 घण्टे बाद दुबई पहुँचती है। यदि यह फ्लाइट कुल समय के आधे समय पर नई दिल्ली में रुकती है, तो यह नई दिल्ली किस समय पहुँचती है?
(a) 8 बजे (b) 11 बजे (c) 7 बजे (d) 6 बजे
(e) मध्यरात्रि 12 बजे

***54.*** निम्न में से कौन-सी फ्लाइट रात 10 बजे उड़ान भरती है?
(a) शुक्रवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट
(b) ज्यूरिख जाने वाली फ्लाइट
(c) पेरिस जाने वाली फ्लाइट
(d) मंगलवार को उड़ान भरने वाली फ्लाइट
(e) सिडनी जाने वाली फ्लाइट से एक दिन पहले उड़ान भरने वाली फ्लाइट

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**उत्तर** (प्र. सं. 1-5) दी गई जानकारी के अनुसार,

| दिन | मोबाइल |
|---|---|
| सोमवार | एचटीसी |
| मंगलवार | माइक्रोमैक्स |
| बुधवार | ओप्पो |
| गुरुवार | इण्टेक्स |
| शुक्रवार | सैमसंग |
| शनिवार | लेनोवो |
| रविवार | नोकिया |

**1.** *(b)* सागर माइक्रोमैक्स का मोबाइल मंगलवार को बेचता है।

**2.** *(a)* एचटीसी और लेनोवो के मध्य चार मोबाइल बेचे जाते हैं।

**3.** *(e)* सागर शुक्रवार को लेनोवो का मोबाइल बेचता है, असत्य है।

**4.** *(a)* सैमसंग $\rightarrow$ गुरुवार + 1 दिन = शुक्रवार (वास्तविक दिन)
माइक्रोमैक्स $\rightarrow$ सोमवार + 1 दिन = मंगलवार (वास्तविक दिन)
इण्टेक्स $\rightarrow$ बुधवार + 1 दिन = गुरुवार (वास्तविक दिन)
ओप्पो $\rightarrow$ मंगलवार + 1 दिन = बुधवार (वास्तविक दिन)
$\therefore$ लेकिन नोकिया $\rightarrow$ शुक्रवार + 2 दिन = रविवार (वास्तविक दिन)

**5.** *(a)* सागर रविवार को नोकिया मोबाइल बेचता है।

**उत्तर** (प्र. सं. 6-11) दी गई जानकारी के अनुसार, दिनों और लैपटॉपों का संयोजन निम्न है

| दिन | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | रविवार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लैपटाप | एचसीएल | सोनी | एसर | एसस | लेनोवो | डेल | एचपी |

**6.** *(c)* शुक्रवार को लेनोवो लैपटॉप बाँटे जाते हैं।

**7.** *(b)* लेनोवो तथा एचपी के मध्य वाले दिन डेल के लैपटॉप बाँटे जाते हैं।

**8.** *(a)* बुधवार को एसर के लैपटॉप बाँटे जाते हैं।

**9.** *(e)* गुरुवार के दिन एसस के लैपटॉप बाँटे जाते हैं।

**10.** *(c)* दी गई व्यवस्था के आधार पर लेनोवो शनिवार से सम्बन्धित है।

**11.** *(b)* सप्ताह के मध्य में एसस के लैपटॉप बाँटे जाते हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 12-16) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| दिन | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार | रविवार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मित्र | N | Q | S | O | M | R | P |
| कक्षा | VI | IV | II | V | III | I | VII |

**12.** *(c)* R पहली कक्षा में पढ़ता है।

**13.** *(c)* समूहों में छात्र के साथ उसकी प्रतियोगिता होने से दो दिन पहले का दिन दिया हुआ है। जबकि P के साथ एक दिन पहले का समय दिया गया है। अतः P-शनिवार, समूह में नहीं आता।

**14.** *(e)* R की प्रतियोगिता, M की प्रतियोगिता के तुरन्त बाद है।

**15.** *(e)* संयोजन 'P-रविवार-सातवीं' निश्चित रूप से सही है।

**16.** *(e)* N की प्रतियोगिता सोमवार को है।

**उत्तर** (प्र. सं. 17-22) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| दिन | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | रविवार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मित्र | Q | N | R | P | M | S | O |
| भाषा | अंग्रेजी | संस्कृत | फ्रेन्च | चाइनीज | स्पेनिश | जापानी | जर्मन |

**17.** *(c)* Q तथा R की कक्षाएँ, N के ठीक पहले तथा ठीक बाद में हैं।

**18.** *(c)* Q अंग्रेजी भाषा पढ़ रहा है।

**19.** *(b)* दी गई व्यवस्था के आधार पर Q तथा R की कक्षाओं के दो दिन बाद चाइनीज तथा जापानी की कक्षा हैं। उसी आधार पर P का सम्बन्ध जर्मन भाषा से है।

**20.** *(b)* N-गुरुवार के अतिरिक्त अन्य सभी में एक दिन का अन्तर है।

**21.** *(b)* P की कक्षा गुरुवार को होती है।

**22.** *(c)* S जापानी भाषा की पढ़ाई कर रहा है।

**उत्तर** (प्र. सं. 23-27) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| व्यक्ति | दिन | गन्तव्य स्थान |
|---|---|---|
| J | सोमवार | लखनऊ |
| N | मंगलवार | दिल्ली |
| P | बुधवार | चण्डीगढ़ |
| M | गुरुवार | मुम्बई |
| O | शुक्रवार | चेन्नई |
| K | शनिवार | अहमदाबाद |
| L | रविवार | पुणे |

**23.** *(c)* K अहमदाबाद जाता है।

**24.** *(a)* लखनऊ जाने वाले की फ्लाइट सोमवार को है।

**25.** *(e)* N की फ्लाइट मंगलवार को है।

**26.** *(d)* O तथा L की फ्लाइट के ठीक मध्य में K की फ्लाइट है।

**27.** *(b)* मुम्बई तथा पुणे की फ्लाइट के बीच दो लोगों की फ्लाइट हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 28-30) सूचनाओं को व्यवस्थित करने पर,

| दिन | मरीज | तिथि (जुलाई) |
|---|---|---|
| शनिवार | B | 22 |
| रविवार | छुट्टी | 23 |
| सोमवार | C | 24 |
| मंगलवार | E | 25 |
| बुधवार | F | 26 |
| बृहस्पतिवार | G | 27 |
| शुक्रवार | D | 28 |
| शनिवार | A | 29 |

**28.** *(c)* E, मंगलवार में आता है।

**29.** *(e)* इनमें से कोई नहीं (A से पहले D आता है)।

**30.** *(a)* एक (सिर्फ E) F तथा C के बीच में आता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 31-35) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| दिनांक | दिन | खेल |
|---|---|---|
| 25 | सोमवार | A |
| 26 | मंगलवार | Z |
| 27 | बुधवार | B |
| 28 | गुरुवार | कोई खेल नहीं |
| 29 | शुक्रवार | M |
| 30 | शनिवार | Q |
| 31 | रविवार | X |

**31.** *(e)* सोमवार के दिन खेल A आयोजित हुआ था।

**32.** *(a)* खेल Z मंगलवार के दिन आयोजित किया गया था।

**33.** *(b)* दिनांक 28 'कोई खेल नहीं' वाला दिन था।

**34.** *(a)* कथन (a) सत्य है।

**35.** *(c)* खेल Q शनिवार के दिन आयोजित किया गया था।

**उत्तर** (प्र. सं. 36-40) दी गई सूचनाओं को व्यवस्थित करने पर,

| व्यक्ति | जन्म वर्ष | आयु | फल |
|---|---|---|---|
| विराज | 1938 | 80 | केला |
| अंकु | 1959 | 59 | अंगूर |
| चारु | 1962 | 56 | चेरी |
| तरुण | 1983 | 35 | संतरा |
| मोनिका | 1995 | 23 | आम |
| विशाखा | 2000 | 18 | सेब |

***36.*** *(e)* विराज केला पसन्द करता है।

***37.*** *(e)* विराज सबसे बड़ा है।

***38.*** *(c)* चारु-1962-चेरी

***39.*** *(e)* सभी सही हैं।

***40.*** *(a)* मोनिका का जन्म 1995 में होता है।

**उत्तर** (प्र. सं. 41-45) प्रश्नानुसार, दी गई सूचनाओं को व्यवस्थित करने पर,

| माह | फिल्म | देश |
|---|---|---|
| जनवरी | G | स्पेन |
| फरवरी | D | मलेशिया |
| अप्रैल | A | पेरु |
| जुलाई | E | इण्डिया |
| सितम्बर | F | जर्मनी |
| नवम्बर | B | चाईना |
| दिसम्बर | C | नेपाल |

***41.*** *(b)* A-पेरु,संयोजन निश्चित रूप से सत्य है।

***42.*** *(d)* फिल्म G जनवरी में प्रदर्शित हुई,सत्य है।

***43.*** *(d)* फिल्म C, नेपाल को प्रदर्शित करती है।

***44.*** *(d)* फिल्म E के बाद तीन फिल्में F, B तथा C प्रदर्शित हुई।

***45.*** *(c)* मलेशिया व F के मध्य दो फिल्में हैं तथा इण्डिया व C के मध्य दो फिल्में हैं। इसी प्रकार, पेरु व B के मध्य दो फिल्में हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 46-49) प्रश्नानुसार, दी गई सूचनाओं को व्यवस्थित करने पर,

| महीना | शहर | दुल्हा | दुल्हन |
|---|---|---|---|
| फरवरी | कोलकाता | दीपक | गीतिका |
| अप्रैल | दिल्ली | रंजन | हेमा |
| जुलाई | अहमदाबाद | अभिषेक | वीना |
| सितम्बर | बंगलुरु | सलिल | जसमीन |
| नवम्बर | चेन्नई | मृदुल | इप्सिता |
| दिसम्बर | मुम्बई | प्रीतम | वृन्दा |

***46.*** *(c)* रंजन, हेमा का पति है।

***47.*** *(c)* दीपक की शादी कोलकाता में हुई।

***48.*** *(d)* मुम्बई में प्रीतम की शादी दिसम्बर महीने में हुई।

***49.*** *(a)* सलिल की शादी बंगलुरु में हुई।

**उत्तर** (प्र. सं. 50-54) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| दिन | फ्लाइट्स | फ्लाइट का समय |
|---|---|---|
| सोमवार | मैड्रिड | रात 10 बजे |
| मंगलवार | सिडनी | शाम 5 बजे |
| बुधवार | दुबई | रात 9 बजे |
| बृहस्पतिवार | लन्दन | शाम 6 बजे |
| शुक्रवार | ज्यूरिख | रात 8 बजे |
| शनिवार | रोम | शाम 4 बजे |
| रविवार | पेरिस | शाम 7 बजे |

***50.*** *(e)* रोम को जाने वाली फ्लाइट पेरिस जाने वाली फ्लाइट से तुरन्त पहले दिन उड़ान भरती है।

***51.*** *(d)* सिडनी जाने वाली फ्लाइट 5 बजे उड़ान भरती है

***52.*** *(d)* लन्दन को जाने वाली फ्लाइट, सिडनी जाने वाली फ्लाइट के 1 घण्टे बाद उड़ान भरती है।

***53.*** *(b)* 11 बजे नई दिल्ली पहुँचती है।

***54.*** *(e)* सिडनी जाने वाली फ्लाइट से एक दिन पहले उड़ान भरने वाली फ्लाइट 10 बजे उड़ान भरती है।

## प्रकार *4.* परिवार तथा रक्त सम्बन्ध पर आधारित

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में परिवार के विभिन्न सदस्यों के आपस में सम्बन्ध के अतिरिक्त उनसे जुड़ी अन्य जानकारियाँ भी दी गई होती हैं। अभ्यर्थी को दी गई सूचनाओं के आधार पर सदस्यों का अन्य सदस्यों से सम्बन्ध स्थापित करना तथा अन्य जानकारियों को भी व्यवस्थित करना होता है तथा इसी आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों को हल करने के लिए दी गई जानकारी के आधार पर सम्बन्ध आरेख बनाकर प्रश्नों को हल करते हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 37-41) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

छः व्यक्तियों के एक परिवार में, दो दम्पति हैं। वकील परिवार का मुखिया है उसके दो पुत्र हैं मुकेश और राकेश, दोनों अध्यापक हैं। श्रीमती रीना और उसकी सास दोनों वकील हैं। मुकेश की पत्नी एक डॉक्टर है और उनका एक पुत्र है अजय।

***उदाहरण* 37.** निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से दम्पति है?

(a) वकील-अध्यापक
(b) डॉक्टर-वकील
(c) अध्यापक-अध्यापक
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

***उदाहरण* 38.** राकेश की पत्नी का पेशा क्या है?

(a) अध्यापक
(b) डॉक्टर
(c) वकील
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***उदाहरण* 39.** परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं?

(a) दो
(b) तीन
(c) चार
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***उदाहरण* 40.** अजय के दादाजी का पेशा क्या है/था?

(a) अध्यापक
(b) वकील
(c) डॉक्टर
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उदाहरण 41.** अजय का पेशा क्या है?
(a) अध्यापक
(b) वकील
(c) डॉक्टर
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** (उदाहरण सं. 37-41) दी गई जानकारी से,




| सदस्य | लिंग | व्यवसाय | रिश्ते |
|---|---|---|---|
| मुखिया | महिला | वकील | मुकेश तथा राकेश की माता, श्रीमती रीना की सास |
| मुकेश | पुरुष | अध्यापक | मुखिया का पुत्र, अजय का पिता |
| राकेश | पुरुष | अध्यापक | मुखिया का पुत्र, रीना का पति |
| श्रीमती रीना | महिला | वकील | राकेश की पत्नी, मुखिया की पुत्रवधू |
| मुकेश की पत्नी | महिला | डॉक्टर | मुकेश की पत्नी, मुखिया की पुत्रवधू |
| अजय | पुरुष | × | मुकेश का पुत्र, मुखिया का पोता |

**37.** (a) राकेश अध्यापक है तथा उसकी पत्नी रीना वकील है।
**38.** (c) राकेश की पत्नी रीना वकील है।
**39.** (b) परिवार में मुकेश, राकेश तथा अजय पुरुष हैं।
**40.** (d) अजय के दादाजी का पेशा क्या है या था? यह निर्धारित नहीं किया जा सकता है।
**41.** (d) अजय का पेशा क्या है? यह निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

# प्रश्नावली 12.4

**निर्देश** (प्र. सं. 1-5) *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(CGPSC Pre 2014)***

चार परिवारों ने बनारसी बाग में पिकनिक मनाने का निर्णय किया तथा सहमति से वहीं पर, पिकनिक से पहले एकत्र हुए। एक परिवार में कोई बच्चा नहीं है, जबकि अन्य परिवारों में कम-से-कम एक बच्चा है। बच्चे वाले परिवारों को कम-से-कम एक बच्चे को पिकनिक पर लाना है। परिवारों के बारे में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त है

(i) परिवार जिसमें दो बच्चे हैं, उस परिवार से पहले आया, जिसके कोई बच्चा नहीं है।
(ii) D, जिसके कोई बच्चा नहीं है वह C के परिवार से पहले आया।
(iii) P तथा उसकी पत्नी सबसे आखिर में अपने इकलौते बच्चे के साथ आए।
(iv) Q, B का पति नहीं है।
(v) Q तथा S पिता है।
(vi) C तथा A की बेटियाँ एक ही स्कूल में जाती हैं।
(vii) B, D से पहले आया/आई तथा वहाँ A के पहुँचने पर, A से मिली/मिला।
(viii) R सबसे दूर रहता है तथा वह एक अच्छा गायक है।
(ix) S ने बताया कि उसका बेटा परीक्षा की वजह से नहीं आ सका।

**1.** महिलाओं में कौन तीसरे नम्बर पर आया?
(a) A (b) C (c) B (d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

**2.** कौन-सा पति-पत्नी का सही जोड़ा है?
(a) S तथा D (b) P तथा C (c) Q तथा C (d) S तथा A
(e) इनमें से कोई नहीं

**3.** किनकी बेटियाँ एक ही स्कूल में जाती हैं?
(a) Q तथा R (b) P तथा R (c) P तथा Q (d) Q तथा S
(e) इनमें से कोई नहीं

**4.** किसके परिवार में निश्चित रूप से एक से अधिक बच्चे हैं?
(a) R (b) S (c) Q (d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

**5.** आदमियों में कौन दूसरे नम्बर पर आया?
(a) P (b) Q (c) R (d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 6-8) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPPSC Pre 2012)***

एक परिवार में A, B, C, D, E और F छः सदस्य हैं। वे मनोवैज्ञानिक, प्रबन्धक, वकील, स्वर्णकार, चिकित्सक और इन्जीनियर (अभियन्ता) हैं।

(यह अनिवार्य नहीं कि वे इसी क्रम में हों) चिकित्सक, F के दादाजी हैं, जोकि एक मनोवैज्ञानिक हैं। प्रबन्धक D का विवाह A से हुआ है। C, स्वर्णकार का विवाह वकील से हुआ है। B, E और F की माताजी हैं। परिवार में दो विवाहित जोड़े हैं।

**6.** A का E से क्या सम्बन्ध है?
(a) पिताजी (b) दादाजी (c) चाचाजी (d) मामाजी

**7.** निम्नलिखित में से परिवार के विवाहित जोड़े कौन-से हैं?
(a) AD और CE (b) AD और FC
(c) AD और BE (d) AD और BC

**8.** E का व्यवसाय क्या है?
(a) वकील
(b) चिकित्सक
(c) इन्जीनियर (अभियन्ता)
(d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**निर्देश** (प्र. सं. 9-12) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Main 2017)***

एक परिवार में सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F तथा G हैं। सभी एक-दूसरे से किसी प्रकार सम्बन्धित हैं। इनमें से सभी की आयु अलग-अलग है।

A, B से बड़ा है, लेकिन E से छोटा है। परिवार के तीसरे सबसे बड़े व्यक्ति की आयु 38 वर्ष है। B, A की बहन है। C, A के पिता हैं। परिवार के तीसरे सबसे छोटे व्यक्ति की आयु 35 वर्ष है। G परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति है। B, F की भतीजी है। E, B से बड़ा है। F, E का पति है। G तथा D विवाहित युग्म हैं। C की माँ की आयु 69 वर्ष है। C, F से छोटा है। परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति पुरुष सदस्य है।

**9.** यदि B तथा D की कुल आयु 75 वर्ष है, तो B की आयु कितनी है?
(a) 40 वर्ष (b) 37 वर्ष (c) 6 वर्ष (d) 10 वर्ष
(e) 15 वर्ष

**10.** D, A से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) दादा (b) माता (c) दादी (d) पिता
(e) ज्ञात नहीं कर सकते

**11.** निम्न में से किस व्यक्ति की आयु 35 वर्ष है?
(a) A (b) E (c) D (d) F
(e) C

**12.** C की अनुमानित आयु कितनी हो सकती है?
(a) 52 वर्ष (b) 39 वर्ष
(c) 37 वर्ष (d) 29 वर्ष
(e) 25 वर्ष

***निर्देश*** (प्र. सं. 13-15) *निम्न प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए।*

एक परिवार में दस सदस्य हैं। G तथा N एक विवाहित युगल है, जबकि K, X का पति है। इस परिवार में चार गृहणियाँ तथा चार कार्यरत् पति हैं तथा अन्य कार्यरत् नहीं हैं। अन्तिम पीढ़ी का पति एक डॉक्टर है तथा S का पति एक अध्यापक है। L एक विवाहित स्त्री है किन्तु P उसका पति नहीं है। Q तथा K इन्जीनियर तथा अकाउण्टेन्ट हैं किन्तु K अकाउण्टेन्ट नहीं है। P, T का भाई है तथा O दोनों की बहन है। N, L की पुत्री है तथा X, P की माँ है।

**13.** परिवार में कितनी पीढ़ियाँ हैं?
(a) 6 (b) 1
(c) 4 (d) 2
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** S का पति कौन है?
(a) T (b) K
(c) L (d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

**15.** निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) X का पति एक इन्जीनियर है
(b) दूसरी पीढ़ी के सदस्य S, P, T तथा O हैं
(c) परिवार में 5 स्त्रियाँ हैं
(d) अकाउण्टेन्ट तथा उसकी पत्नी चौथी पीढ़ी के हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 16-18) *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्न सूचना का अध्ययन कीजिए।*

एक परिवार के 6 सदस्य G, H, I, J, K तथा L अकाउण्टेन्ट, क्लर्क, वकील, जौहरी, डॉक्टर तथा इन्जीनियर हैं, किन्तु इसी क्रम में नहीं।

I. डॉक्टर L के दादा हैं, जो एक अकाउण्टेन्ट है।
II. क्लर्क J, G से विवाहित है।
III. I, जो एक जौहरी है एक वकील से विवाहित है।
IV. H, L तथा K की माँ है।
V. परिवार में दो विवाहित युगल हैं।

**16.** K का व्यवसाय क्या है?
(a) डॉक्टर (b) क्लर्क
(c) इन्जीनियर (d) अकाउण्टेन्ट
(e) इनमें से कोई नहीं

**17.** परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं?
(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** G, K से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पत्नी (b) पिता
(c) दादी (d) दादा
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 19-23) *नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट III भर्ती परीक्षा 2016)***

Mr A, Mr B, Mrs C, Mrs D, Mr E और Miss F, एक बैंक के सदस्य हैं। उनकी पॉजीशन इस प्रकार है; प्रबन्धक, सहायक प्रबन्धक, कैशियर, स्टेनो, टेलर और क्लर्क यह अनिवार्य नहीं की सभी इसी क्रम में हों।
सहायक प्रबन्धक, प्रबन्धक का पोता है। कैशियर, स्टेनोग्राफर का दामाद है। Mr A अविवाहित है। Mrs D टेलर की सौतली बहन है। Mr E प्रबन्धक के पति हैं। Mr B का कोई पोता या दामाद नहीं हो सकता चूँकि वो 20 वर्षीय है। D और F प्रबन्धक नहीं है।

**19.** प्रबन्धक कौन है?
(a) Mr A
(b) Mrs C
(c) Mr E
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**20.** सहायक प्रबन्धक कौन है?
(a) Mr A (b) Miss F
(c) Mrs C (d) Mr B

**21.** टेलर कौन है?
(a) Miss F (b) Mrs C
(c) Mr A (d) Mrs D

**22.** क्लर्क कौन है?
(a) Mr B
(b) Mrs D
(c) Miss F
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**23.** कैशियर कौन है?
(a) Mr A or Mrs D
(b) Miss F
(c) Mr B
(d) Mrs C

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**उत्तर** (प्र.सं. 1-5) प्रश्न में दी गई जानकारी के अनुसार, परिवारों के बारे में दी गई जानकारी उनके पहले से बाद में आने के क्रम में नीचे सारणीबद्ध है

| क्र.सं. | पति | पत्नी | बच्चे |
|---|---|---|---|
| 1. | S | B | दो |
| 2. | R | D | कोई नहीं |
| 3. | Q | C | एकसाथ स्कूल में पढ़ती हैं |
| 4. | P | A | एकसाथ स्कूल में पढ़ती हैं |

**1.** *(b)* महिलाओं में C तीसरे नम्बर पर आई।

**2.** *(c)* Q तथा C पति-पत्नी हैं।

**3.** *(c)* P तथा Q की बेटियाँ एक ही स्कूल में जाती हैं।

**4.** *(b)* S के परिवार में एक से अधिक बच्चे हैं।

**5.** *(c)* आदमियों में दूसरे नम्बर पर R आया।

**उत्तर** (प्र.सं. 6-8) दी गई जानकारी के आधार पर सदस्यों के व्यवसाय एवं उनकी वैवाहिक स्थिति निम्न है

| व्यक्ति | $A^+$ | $B^-$ | $C^+$ | $D^-$ | E | F |
|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यवसाय | चिकित्सक | वकील | स्वर्णकार | प्रबन्धक | इन्जीनियर | मनोवैज्ञानिक |
| स्थिति | विवाहित | विवाहित | विवाहित | विवाहित | अविवाहित | अविवाहित |

(यहाँ, + चिह्न पुरुष तथा – चिह्न महिला को दर्शाता है)

अब सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




**6.** *(b)* A, E के दादाजी हैं।

**7.** *(d)* AD और BC विवाहित युग्म हैं।

**8.** *(c)* E इन्जीनियर (अभियन्ता) है।

**उत्तर** (प्र.सं. 9-12) दी गई जानकारी से सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




तथा $G^+ > D^-_{69} > F^+_{38} > C^+ > E^-_{35} > A > B^-$

**9.** *(c)* प्रश्नानुसार, $B + D = 75$

$B = 75 - D = 75 - 69$ $[\because D = 69]$

$= 6$ वर्ष

**10.** *(c)* D, A की दादी है।

**11.** *(b)* E की आयु 35 वर्ष है।

**12.** *(c)* C की आयु 35 वर्ष और 38 वर्ष के मध्य अर्थात् 37 वर्ष हो सकती है।

**उत्तर** (प्र.सं. 13-15) प्रश्नानुसार,

| पति | पत्नी |
|---|---|
| K-इन्जीनियर | X |
| P-अध्यापक | S |
| Q-अकाउण्टेन्ट | L |
| G-डॉक्टर | N |

P, T का भाई है।
O, P तथा T की बहन है।
K, O, P तथा T के पिता हैं।
X, O, P तथा T की माँ है।
L, N की माँ है।

**13.** *(c)* परिवार में 4 पीढ़ी हैं।

**14.** *(d)* P, S का पति है।

**15.** *(d)* अकाउण्टेन्ट Q तथा उसकी पत्नी L तीसरी पीढ़ी के हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 16-18) प्रश्नानुसार,




**16.** *(c)* K एक इन्जीनियर है।

**17.** *(d)* K तथा L के लिंग ज्ञात नहीं हैं।

**18.** *(d)* G, K के दादा हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 19-23) दी गई जानकारी के अनुसार,




**19.** *(b)* Mrs C प्रबन्धक है।

**20.** *(a)* Mr A सहायक प्रबन्धक है।

**21.** *(a)* Miss F टेलर है।

**22.** *(b)* Mrs D क्लर्क है।

**23.** *(c)* Mr B कैशियर है।

## प्रकार 5. शर्त एवं समूह निर्माण पर आधारित प्रश्न

शर्त एवं समूह निर्माण पर आधारित पहेलियों से तात्पर्य ऐसी पहेलियों से है, जिनके अन्तर्गत दी गई शर्तों के अनुसार व्यक्तियों या वस्तुओं के समूह या टीम का निर्माण करना होता है।

इस प्रकार की पहेलियों के अन्तर्गत व्यक्तियों या वस्तुओं का एक बड़ा समूह दिया गया होता है तथा उनसे सम्बन्धित कुछ शर्तें भी दी गई होती हैं। अभ्यर्थियों को दी गई शर्तों के आधार पर व्यक्तियों या वस्तुओं के एक या एक से अधिक छोटे समूहों या टीमों का निर्माण करना होता है तथा इसी आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 42-44) *नीचे दी गई सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक कमरे को सजाने के लिए तीन रंगों के एक संयोजन को चुना जाना है। रंगों को सात रंगों के एक समूह– A, B, C, D, E, F तथा G से निम्नांकित शर्तों के अनुसार चुना जाना है।

I. यदि A या B में से किसी को चुना जाता है, तो दूसरे को अवश्य चुना जाएगा।
II. C और D को एकसाथ नहीं चुना जा सकता।
III. या तो C या A या दोनों को अवश्य चुना जाना है।

**उदाहरण 42.** निम्न में से रंगों का कौन-सा संयोजन शर्तों की पुष्टि करता है?

(a) A, C, D (b) A, E, F (c) B, C, G (d) C, E, G

**उदाहरण 43.** अगर D को चुना जाता है, तो निम्न में से रंगों के कौन-से जोड़े को अवश्य चुना जाएगा?

(a) A तथा B (b) A तथा G (c) B तथा C (d) C तथा E

**उदाहरण 44.** अगर E को चुना जाता है, तो निम्न में से रंगों के कौन-से जोड़े को अवश्य चुना जाएगा?

(a) A तथा C (b) A तथा F (c) B तथा C (d) C तथा F

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 42-44) यह पहेली अन्य सभी प्रकारों में पूछी गई पहेलियों से पूर्णतः भिन्न है। इन पहेलियों में पूछे गए प्रश्न भी अतिरिक्त सूचना उपलब्ध करते हैं, जिसकी सहायता से प्रश्नों को हल किया जाता है। इन पहेलियों में मुख्य अन्तर यह है कि दी गई शर्तों के अनुसार एक से अधिक वैध संयोजनों का निर्माण हो सकता है तथा हमारा उत्तर प्रश्नों के अनुसार बदल सकता है। इन प्रश्नों को हल करने के लिए हम विकल्पों की सहायता भी लेते हैं।

**42.** *(d)* शर्त I के अनुसार, यदि A या B में से किसी एक को चुना जाता है, तो दूसरे को अवश्य चुना जाएगा। विकल्प (a) तथा (b) में A को चुना जाता है परन्तु B को नहीं। अतः यह विकल्प सही नहीं है। जबकि विकल्प (c) में B को चुना गया है परन्तु A को नहीं। अतः यह विकल्प भी सही नहीं है।

इसके साथ ही शर्त II के अनुसार, C और D को एकसाथ नहीं चुना जा सकता। परन्तु विकल्प (a) में C व D को चुना गया है। अतः इस शर्त के अनुसार भी विकल्प (a) सही नहीं है।

इस प्रश्न में केवल विकल्प (d) ही सभी शर्तों का अनुसरण करता है।

**43.** *(a)* प्रश्नानुसार, D को चुना जाता है। यह एक अतिरिक्त सूचना या शर्त का कार्य करेगा।

अब, शर्त II के अनुसार, C और D को एक साथ नहीं चुना जा सकता। अतः विकल्प (c) तथा (d) सही विकल्प नहीं हैं, क्योंकि यहाँ C को चुना गया है, जो D के साथ नहीं चुना जाएगा।

पुनः शर्त I के अनुसार, यदि A या B में से किसी एक को चुना जाता है, तो अन्य को भी चुना जाएगा। परन्तु विकल्प (b) में केवल A को तथा विकल्प (c) में केवल B को चुना गया है। अतः यह विकल्प सही नहीं है।

अतः केवल विकल्प (a) सही है क्योंकि यह सभी शर्तों का अनुसरण करता है।

**44.** *(d)* प्रश्नानुसार, E को चुना जाता है। शर्त I के अनुसार, यदि A या B में से किसी एक को चुना जाता है, तो अन्य को अवश्य चुना जाएगा। यहाँ विकल्प (a), (b) तथा (c) शर्त I का अनुसरण नहीं करते हैं। अतः ये विकल्प सही नहीं हैं।

अतः केवल विकल्प (d) सही है क्योंकि यह सभी शर्तों का अनुसरण करता है।

# प्रश्नावली 12.5

**1.** आठ विद्यार्थी A, B, C, D, E, F, G तथा H दो कारों से कॉलेज इस प्रकार जा रहे हैं कि प्रत्येक कार में चार विद्यार्थी हैं।

- A उस कार में बैठा है, जिसमें D बैठा है परन्तु H उस कार में नहीं है।
- B तथा C उस कार में नहीं हैं जिसमें D बैठा है।
- F उस कार में बैठा है, जिसमें A तथा E बैठे हैं।

एक ही कार में बैठे चार विद्यार्थी क्रमशः कौन-से होंगे? ***(NTSE Stage I 2014)***

(a) A, B, C, D
(b) B, D, F, G
(c) B, C, G, H
(d) A, C, D, E

***निर्देश*** (प्र.सं. 2 और 3) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SNAP 2012)***

सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G नौकाविहार का आनन्द लेने हेतु योजना बनाते हैं। योजनानुसार, उनके पास दो नौका हैं तथा दी गई शर्तों का पालन करते हैं।

(i) A उसी नौका में जाएगा, जिसमें E जाता है।
(ii) F, C के साथ नौका में नहीं जा सकता, जब तक कि उसके साथ D न हो।
(iii) न तो B न ही C उस नौका में जा सकता है, जिसमें G है।
(iv) एक नौका में अधिकतम चार व्यक्ति जा सकते हैं।

**2.** यदि F और B एक ही नौका में हों, तब निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(a) G दूसरी नौका में है
(b) D दूसरी नौका में है
(c) C दूसरी नौका में है
(d) E, F और B के साथ एक ही नौका में है

**3.** यदि E, F के साथ नौका में जाता है, तो निम्न में से किन व्यक्तियों को दूसरी नौका में जाना चाहिए?

(a) F और E (b) G और A (c) D और A (d) C, D और B

***निर्देश*** (प्र.सं. 4 और 5) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(FMS FT 2009)***

तीन पुरुष और तीन महिलाएँ दो गाड़ियों (लाल, नीली) में यात्रा कर रहे हैं। प्रत्येक कार में तीन व्यक्ति हैं। कारों में सभी महिला और सभी पुरुष यात्री नहीं हो सकते। माला, अजित और सुमन कार चलाना जानते हैं। माला और सपना महिला हैं। मंजित और सरत एक ही कार में नहीं हैं। अजित और सरत पुरुष हैं।

**4.** यदि लाल कार में या तो मंजित या सरत हो लेकिन दोनों एकसाथ नहीं हो सकते, जबकि अजित गाड़ी चलाता है। माला नीली कार चला रही है। निम्नलिखित में से कौन सत्य हो सकता है?

(a) सुमन एक पुरुष है (b) मंजित एक महिला है
(c) (a) और (b) दोनों सत्य हैं (d) (a) सही है लेकिन (b) गलत है

**5.** यदि सुमन और मंजित दो यात्री लाल कार में हैं, तो नीली कार के यात्री कौन हो सकते हैं?
(a) सपना और सरत (b) माला और अजित
(c) सपना और अजित (d) माला और सरत

**निर्देश** (प्र.सं. 6 और 7) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आई.आई.टी. बाम्बे रेसिंग टीम के आठ मित्रों अनिल, बुरहान, चैतन्य, दिवाकर, इमरान, फवाद, जोगी और हितेश ने रेसिंग का आनन्द लेने के लिए एक योजना बनाई किन्तु उनके पास केवल दो ही कार हैं। इसलिए उन्होंने रेसिंग के लिए कुछ शर्तें रखी, जिससे प्रत्येक व्यक्ति कार रेसिंग का आनन्द उठा सके। लागू शर्तें निम्नलिखित हैं
(i) एक कार में अधिकतम 5 और न्यूनतम 4 लोग जा सकते हैं।
(ii) अनिल उस कार में बैठेगा, जिसमें दिवाकर बैठता है लेकिन हितेश उसमें नहीं बैठेगा।
(iii) बुरहान और चैतन्य उस कार में नहीं बैठेंगे, जिसमें दिवाकर बैठता है।
(iv) फवाद चार लोगों वाली कार में केवल अनिल और इमरान के साथ बैठेगा लेकिन यह सुनिश्चित है कि जोगी के साथ नहीं बैठेगा।

**6.** यदि हितेश और जोगी एक ही कार में बैठते हैं, तो वे दो मित्र कौन-से होंगे, जो उसी कार में बैठते हैं?
(a) बुरहान और चैतन्य
(b) चैतन्य और दिवाकर
(c) बुरहान और दिवाकर
(d) इमरान और बुरहान
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7.** यदि इमरान और अनिल एक ही कार में बैठते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
(a) पाँच मित्र एक ही कार में बैठते हैं
(b) बुरहान उसी कार में बैठता है
(c) फवाद उस कार में नहीं बैठता
(d) जोगी उस कार में नहीं बैठता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**8.** किसी फिल्म का संगीत निर्देशक एक संगीत रचना के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करने के लिए चार व्यक्तियों को चुनना चाहता है। इस कार्य के लिए सात व्यक्ति उपलब्ध हैं। वे हैं, रोहित, तान्या, शोभा, कौशल, कुणाल, मुकेश और जसवन्त।
- रोहित और तान्या साथ कार्य नहीं करेंगे।
- कुणाल और शोभा साथ कार्य नहीं करेंगे।
- मुकेश और कौशल साथ कार्य करना चाहते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा, लोगों का सर्वाधिक स्वीकार्य समूह है, जिसे संगीत निर्देशक द्वारा चुना जा सकता है?
(a) रोहित, शोभा, कुणाल और कौशल
(b) तान्या, कौशल, शोभा और रोहित
(c) तान्या, मुकेश, कुणाल और जसवन्त
(d) शोभा, तान्या, रोहित और मुकेश

**निर्देश** (प्र.सं. 9-11) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

दिल्ली का हंसराज कॉलेज बहस के लिए सात में से चार व्यक्तियों का चयन करता है। जिसमें सातों समान योग्यता के सदस्य हैं। X, Y और Z विज्ञान समूह के लिए शामिल होते हैं और L, M, N और P वाणिज्य समूह के लिए शामिल होते हैं। दल में प्रत्येक समूह से दो सदस्यों को चुना जाता है। एक समूह के सदस्य को दूसरे समूह के सदस्यों के साथ कार्य करने की योग्यता होनी चाहिए। इस बहस में Y और L, Z और N तथा L और M आपस में जोड़ी नहीं बना सकते हैं।

**9.** यदि बहसकर्ता Y का चयन नहीं किया जाता है और Z का चयन कर लिया जाता है, तो दल में होंगे
(a) L, M, X और Z (b) M, N, X और Z
(c) M, N, P और X (d) M, P, X और Z

**10.** यदि बहसकर्ता L दल में है, तो कौन-से बहसकर्ता दल में होने चाहिए?
(a) M, X और Z (b) P, X और Z
(c) N, X और Z (d) P, N और Z

**11.** यदि Y और Z दोनों का चयन होता है, तब कौन-से सदस्य दल में अपना स्थान सुनिश्चित करते हैं?
(a) L और M (b) M और P
(c) केवल N (d) N और P

**निर्देश** (प्र.सं. 12-14) *दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPSC CSAT 2013)***

कोई टेनिस कोच आगे आने वाले टूर्नामेन्ट के लिए चार खिलाड़ियों की एक टीम इकट्ठी करना चाहता है। इसके लिए सात खिलाड़ी उपलब्ध हैं, पुरुष A, B और C और महिलाएँ W, X, Y और Z। सभी खिलाड़ियों की क्षमताएँ समान हैं और टीम में कम-से-कम दो पुरुषों का होना जरुरी है। चार की टीम के लिए, सभी खिलाड़ियों का एक-दूसरे से खेलने के योग्य होना आवश्यक है। लेकिन B, W के साथ नहीं खेल सकता। C, Z के साथ नहीं खेल सकता और W, Y के साथ नहीं खेल सकती।

**12.** यदि Y को चुना जाए और B न चुना जाए, तो टीम निम्नलिखित समूहों में से किस एक से मिलकर बनेगी?
(a) A, C, W और Y
(b) A, C, X और Y
(c) A, C, Y और Z
(d) A, W, Y और Z

**13.** यदि B चुना जाए और Y न चुना जाए, तो टीम निम्नलिखित समूहों में से किस एक से मिलकर बनेगी?
(a) A, B, C और W (b) A, B, C और Z
(c) A, B, C और X (d) A, W, Y और Z

**14.** यदि सभी तीन पुरुषों को चुन लिया जाए, तो चार सदस्यों की टीम के कितने संयोजन सम्भव हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* प्रश्नानुसार दी गई सूचनाओं को व्यवस्थित करने पर,

| **कार** | **कार** |
|---|---|
| ADEF | HBCG |

अतः B, C, G, H एक ही कार में बैठे हैं।

**2.** *(a)* प्रश्न में दी गई शर्तानुसार जानकारी को इस प्रकार व्यवस्थित कर सकते हैं




इसलिए जब F और B एक ही नौका में होंगे, तो G दूसरी नौका में होगा।

**3.** *(d)* दी गई शर्त का पालन करते हुए जानकारी को इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है




अतः स्पष्ट है कि C, B और D दूसरी नौका में हैं।

**4.** *(c)* जानकारी के अनुसार माला और सपना महिला, अजित और सरत पुरुष हैं। यदि सुमन पुरुष है, तो मंजित एक महिला है। इसलिए यदि विकल्प (a) सत्य है। तब विकल्प (b) भी सत्य है। हम जानते हैं कि किसी प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही विकल्प मान्य होता है। इस प्रकार केवल विकल्प (c) सही है।

**5.** *(d)* यदि मंजित लाल कार में है, तो सरत को नीली कार में होना चाहिए, इसलिए विकल्प (b) और (c) सही नहीं हैं। अब फिर से हमें एक पुरुष और एक महिला की आवश्यकता है, जो कार चलाना जानते हों और विकल्प (a) में कोई चालक नहीं है। अतः माला और सरत नीली कार में होंगे।

**उत्तर** (प्र.सं. 6 और 7) दी गई जानकारियों को व्यवस्थित करने पर,

| **कार** | अनिल | दिवाकर | इमरान | फवाद |
|---|---|---|---|---|
| **कार** | हितेश | बुरहान | चैतन्य | जोगी |

**6.** *(a)* दी गई शर्तों के अनुसार, हितेश और जोगी के साथ एक ही कार में बुरहान और चैतन्य बैठेंगे।

**7.** *(d)* दी गई शर्तों के अनुसार, जोगी उस कार में नहीं बैठेगा और उस कार में केवल 4 व्यक्ति, फवाद, इमरान, अनिल और दिवाकर बैठते हैं।

**8.** *(c)* प्रश्नानुसार, रोहित और तान्या एकसाथ कार्य नहीं करेंगे इसलिए विकल्प (b) और (d) सही नहीं हैं। चूँकि कुणाल व शोभा एकसाथ एक कार्य नहीं करेंगे, इसलिए विकल्प (a) भी सही नहीं है। अतः अभीष्ट समूह में तान्या, मुकेश, कुणाल और जसवन्त होंगे।

**उत्तर** (प्र.सं. 9-11) प्रश्नानुसार,

विज्ञान समूह के सदस्य-X, Y, Z तथा वाणिज्य समूह के सदस्य-L, M, N, P

असमर्थ जोड़ी-Y और L, Z और N, L और M

**9.** *(d)* विकल्प (a) में, L और M साथ नहीं हो सकते। विकल्प (b) में, N और Z साथ नहीं हो सकते।

विकल्प (c) में, वाणिज्य समूह से तीन सदस्य M, N और P लिए गए हैं, जोकि सम्भव नहीं है अतः केवल विकल्प (d) में दिया गया दल ही सम्भव है।

**10.** *(b)* विकल्प (a) सम्भव नहीं है क्योंकि M और L साथ-साथ नहीं हो सकते। विकल्प (c) और (d) भी सम्भव नहीं हैं क्योंकि Z और N एक दल में नहीं हो सकते हैं। केवल विकल्प (b) के अन्तर्गत दिया गया दल ही सम्भव है।

**11.** *(b)* विकल्प (a) सम्भव नहीं है क्योंकि L और M एक दल में नहीं हो सकते। विकल्प (c) और (d) सम्भव नहीं हैं क्योंकि N, Z के दल का सदस्य नहीं हो सकता। अतः केवल M और P ही दल में Y और Z के साथ अपना स्थान सुनिश्चित करते हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 12-14) दी गई जानकारी के अनुसार,

| | |
|---|---|
| पुरुष खिलाड़ी | – A, B, C |
| महिला खिलाड़ी | – W, X, Y, Z |
| असमर्थ जोड़ी | – B और W |
| | C और Z |
| | W और Y |

**12.** *(b)* चूँकि Y को चुना गया है, इसलिए W को नहीं चुना जाएगा। अतः विकल्प (a) और (d) सही नहीं हैं। C, Z के साथ नहीं खेल सकता। इसलिए विकल्प (c) भी सही नहीं है। अतः टीम में चुने सदस्य A, C, X और Y होंगे।

**13.** *(c)* चूँकि B को चुना जा रहा है, इसलिए W को नहीं चुना जाएगा। अतः विकल्प (a) और (d) सही नहीं हैं। C, Z के साथ नहीं खेल सकता। अतः विकल्प (b) भी सही नहीं है। अतः टीम में A, B, C और X खेलेंगे।

**14.** *(b)* यदि A, B व C को चुन लिया जाए, तो चौथा खिलाड़ी X या Y होगा (चूँकि W और Z नहीं चुने जा सकते)। अतः टीम के दो संयोजन सम्भव हैं।

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** चार जोड़े एक पार्टी में जाते हैं। सभी महिलाओं ने अलग-अलग रंगों की साड़ी पहन रखी है। सभी पुरुषों ने अलग-अलग रंग की शर्ट पहन रखी है। एक शर्ट और एक साड़ी का रंग एक जैसा हो सकता है। नीचे दिए गए सभी कथनों पर विचार करें और प्रश्न का उत्तर दें। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

**कथन**

1. रमा का विवाह रमेश से हुआ है, जिसने लाल शर्ट पहन रखी है।
2. पूर्वा, जो अनूप की पत्नी नहीं है, नीली साड़ी पहन रखी है।
3. अनूप और श्रेया ने हरे रंग के कपड़े पहने हुए हैं।
4. संदेश की पत्नी मृणमयी ने पीली साड़ी नहीं पहनी है।
5. विराज ने पीले रंग की शर्ट पहन रखी है।

**प्रश्न**

श्रेया के पति कौन हैं?

(a) अनूप (b) रमेश (c) संदेश (d) विराज

***निर्देश*** (प्र.सं. 2-5) *निम्नलिखित सूचना को ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(CGPSC 2019)***

अजय, अविनाश, अमित, आलोक, अरुण, अनिल और अखिल सात मित्र हैं। वे अभियान्त्रिकी की विभिन्न शाखाओं में यथा मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रोनिक्स, कम्प्यूटर साइन्स, सूचना प्रौद्योगिकी, बॉयोटेक और इलेक्ट्रिकल में पढ़ रहे हैं। ये क्रम में हों आवश्यक नहीं है। इनमें से प्रत्येक निम्नलिखित में एक खेल यथा फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, बैडमिण्टन, स्कवॉश, वॉलीबॉल और लॉन टेनिस खेलता है, परन्तु ये भी क्रम में हों आवश्यक नहीं है।

अनिल हॉकी खेलता है तथा न तो इलेक्ट्रिकल और न ही सूचना प्रौद्योगिकी पढ़ता है। अरुण इलेक्ट्रोनिक्स पढ़ता है और वॉलीबॉल खेलता है। अजय बॉयोटेक पढ़ता है और फुटबॉल व स्क्वॉश नहीं खेलता है। जो केमिकल पढ़ता है वह क्रिकेट खेलता है। जो फुटबॉल खेलता है वह कम्प्यूटर साइन्स पढ़ता है। अमित स्कवॉश खेलता है। अखिल बैडमिण्टन खेलता है और इलेक्ट्रिकल पढ़ता है। आलोक केमिकल नहीं पढ़ता है।

**2.** फुटबॉल कौन खेलता है?

(a) अविनाश (b) अरुण (c) आलोक (d) अजय

**3.** अनिल क्या पढ़ता है?

(a) केमिकल (b) सूचना प्रौद्योगिकी
(c) मैकेनिकल (d) कम्प्यूटर साइन्स

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा खेल अजय खेलता है?

(a) क्रिकेट (b) फुटबॉल (c) बैडमिण्टन (d) लॉन टेनिस

**5.** अविनाश क्या पढ़ता है?

(a) केमिकल (b) सूचना प्रौद्योगिकी
(c) मैकेनिकल (d) इलेक्ट्रिकल

***निर्देश*** (प्र.सं. 6-10 ) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO Main 2018)***

एक परिवार के छह व्यक्ति J, L, R, O, X, Z छह अलग-अलग वर्ष 1978, 1982, 1995, 1997, 2013 और 2015 में जन्म लेते हैं। (दिए गए व्यक्तियों की आयु की गणना आधार वर्ष 2018 पर की गई है और सभी व्यक्तियों को समान महीने की समान तारीख को जन्मा माना जाता है।) O और J की आयु के बीच 18 वर्षों का अन्तर है। O, J का पिता है। L, R से छोटा है। X परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति नहीं है। R, Z से विवाहित नहीं है। Z का जन्म सम संख्या वर्ष में हुआ था। L, O की माँ की इकलौती ग्रैंडडॉटर है। O का पिता, O की माँ से 4 वर्ष बड़ा है। J, R का पुत्र है।

**6.** L, X से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) ग्रैंडफादर (b) ग्रैंडमदर (c) ग्रैंडडॉटर (d) ग्रैंडसन
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** निम्नलिखित में से कौन 1982 में जन्म लेता है?

(a) O (b) R
(c) X (d) J
(e) L

**8.** R, निम्नलिखित में से किस वर्ष में जन्म लेता है?

(a) 1997 (b) 2015
(c) 2013 (d) 1982
(e) इनमें से कोई नहीं

**9.** R, Z से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) पुत्रवधू (b) माँ
(c) आंटी (d) पुत्री
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** पाँच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं, निम्नलिखित में से कौन-सा एक उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?

(a) O (b) R
(c) X (d) J
(e) L

***निर्देश*** (प्र.सं. 11-15) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(Indian Bank PO 2009)***

A, B, C, D, E, F और G नामक सात मित्रों के समूह में चार पुरुष और तीन महिलाएँ हैं। इनमें से प्रत्येक का पेशा अलग है, जैसे—स्टॉकब्रोकर, वकील, डॉक्टर, प्रोफेसर, इन्जीनियर, बिजनेसमैन और बैंकर। इनमें से प्रत्येक की पढ़ाई P, S, V, W, X, Y और Z नामक अलग-अलग कॉलेज में हुई है, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। कोई भी महिला न तो बिजनेसमैन और न ही स्टॉकब्रोकर है। C डॉक्टर है और वह कॉलेज X से पास होकर आई है। A की पढ़ाई कॉलेज Y में हुई है। B प्रोफेसर नहीं है। E बैंकर है और उसकी पढ़ाई कॉलेज S में हुई है। F स्टॉकब्रोकर है और उसकी पढ़ाई कॉलेज P में नहीं हुई है। G बिजनेसमैन है और उसकी पढ़ाई कॉलेज V में हुई है। प्रोफेसर की पढ़ाई कॉलेज Z में हुई है। वकील की पढ़ाई कॉलेज P में हुई है। कोई भी महिला कॉलेज Y या कॉलेज S में नहीं पढ़ी है।

**11.** D का पेशा क्या है?

(a) डॉक्टर (b) स्टॉकब्रोकर
(c) इन्जीनियर (d) प्रोफेसर
(e) इनमें से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से वकील कौन है?

(a) A (b) B
(c) E (d) G
(e) इनमें से कोई नहीं

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा समूह, मित्रों के समूह में महिलाओं का प्रतिनिधित्व करता है?

(a) A, B और C (b) E, F और G
(c) B, C और D (d) B, E और G
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** स्टॉकब्रोकर की पढ़ाई निम्नलिखित में से किस कॉलेज में हुई है?

(a) W (b) Y (c) S (d) X
(e) इनमें से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही है?

(a) B-डॉक्टर-महिला (b) C-W-पुरुष
(c) A-बिजनेसमैन-Y (d) D-प्रोफेसर-पुरुष
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 16-20) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO Pre 2016)***

सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U तथा V, एक इमारत के सात विभिन्न तलों पर रहते हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। भूतल को संख्या 1 दी गई है, उससे ऊपर वाले तल को 2 तथा इसी प्रकार आगे भी। सबसे ऊपर के तल को संख्या 7 दी गई है। इनमें से प्रत्येक एक अलग तरह की घड़ी पसन्द करता है यथा Casio, Citizen, Fossil, Seiko, Tissot, Omega तथा Fastrack, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

U तल संख्या 4 पर रहता है। U तथा Citizen पसन्द करने वाले व्यक्ति के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Citizen तथा Fastrack पसन्द करने वाले व्यक्ति के बीच में केवल तीन लोग रहते हैं। S, Fastrack पसन्द करने वाले व्यक्ति के ऊपर किसी सम संख्या वाले तल पर रहता है।

S तथा Seiko पसन्द करने वाले के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है। V, Seiko पसन्द करने वाले के नीचे किसी विषम संख्या वाले तल पर रहता हैं। V तथा Fossil पसन्द करने वाले व्यक्ति के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है।

P या तो Fossil पसन्द करने वाले के एकदम ऊपर रहता है या एकदम नीचे। T, P के एकदम ऊपर रहता है। Q तथा Casio पसन्द करने वाले के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है। Tissot पसन्द करने वाला, Omega पसन्द करने वाले के ऊपर किसी एक तल पर रहता है।

**16.** S के एकदम नीचे कौन रहता है?
(a) T (b) Q
(c) U (d) Omega पसन्द करने वाला
(e) Tissot पसन्द करने वाला

**17.** Seiko पसन्द करने वाले से ऊपर कितने लोग रहते हैं?
(a) तीन से अधिक (b) दो
(c) कोई नहीं (d) तीन
(e) एक

**18.** T को निम्न में से कौन-सी घड़ी पसन्द है?
(a) Omega (b) Fastrack (c) Fossil (d) Tissot
(e) Casio

**19.** निम्न में Q कौन-सी तल संख्या पर रहता है?
(a) 7 (b) 5 (c) 3 (d) 2
(e) 6

**20.** Fastrack तथा Casio पसन्द करने वाले व्यक्तियों के बीच में कितने व्यक्ति रहते हैं?
(a) कोई नहीं (b) एक
(c) तीन से अधिक (d) दो
(e) तीन

***निर्देश*** (प्र.सं. 21-25) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO Pre 2017)***

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G तथा H, विभिन्न वर्षों यथा 1961, 1970, 1974, 1980, 1983, 1987, 1996 तथा 2000 में पैदा हुए थे, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

**नोट**

I. सभी गणनाएँ वर्तमान वर्ष 2017 को आधार मानकर यह मानते हुए की गई है कि उपरोक्त दिए गए वर्षों में तारीख व माह एकसमान हैं।

II. यह माना गया है कि प्रत्येक व्यक्ति का जन्म का माह एवं तारीख उसके जन्म वर्ष के सापेक्ष एकसमान हैं।

D, वर्ष 1983 के बाद पैदा हुआ था, लेकिन वर्ष 2000 में नहीं। A तथा D की वर्तमान आयु का योग 64 वर्ष है। A तथा G की वर्तमान आयु का अन्तर 6 वर्ष है। B विषम संख्या वाले वर्ष में पैदा हुआ था। B, G से बड़ा है। F तथा C की वर्तमान आयु का योग 64 वर्ष है। F, C से छोटा है। H सबसे छोटा नहीं है।

**21.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एकसमान है तथा अपना एक समूह बनाते हैं। निम्न में से वह एक कौन-सा है, जो समूह में नहीं आता है?
(a) A (b) B (c) C (d) F
(e) G

**22.** कितने व्यक्ति E से छोटे है/हैं?
(a) दो (b) तीन से अधिक (c) कोई नहीं (d) तीन
(e) एक

**23.** निम्न में से कौन वर्ष 1996 में पैदा हुआ था?
(a) E (b) C (c) A (d) G
(e) D

**24.** यदि A के अंकल की आयु, A से 21 वर्ष अधिक है, तब वर्तमान में A के अंकल की आयु कितनी है? (वर्षों में)
(a) 77 (b) 68 (c) 89 (d) 64
(e) 85

**25.** निम्न में से कौन-सा, B तथा H की वर्तमान आयु के अन्तर को दर्शाता है? (वर्षों में)
(a) 22 (b) 9 (c) 25 (d) 32
(e) 13

**26.** छह मित्र अतुल, बबलू, चारु, देव, एहसान और फरदीन, दो पंक्तियों में स्थित 6 भिन्न घरों में रहते हैं। घरों को छह भिन्न रंगों से रंगा गया है और ये निम्नानुसार स्थित हैं। अतुल गुलाबी घर में नहीं रहता है, बबलू कोने के घर में नहीं रहता है, चारु का घर देव या एहसान की पंक्ति में नहीं है। एहसान हरे या सफेद में से किसी एक घर में रहता है, फरदीन, अतुल के घर में विकर्ण विपरीत रहता है। बबलू के सामने कौन रहता है? ***(SSC CPO 2016)***

| | | |
|---|---|---|
| लाल | नीला | हरा |
| गुलाबी | पीला | सफेद |

(a) एहसान (b) चारु (c) फरदीन (d) देव

**27.** पाँच फिल्में D, E, F, G तथा H, एक सप्ताह के पाँच विभिन्न दिनों में सोमवार से आरम्भ करके शुक्रवार तक प्रदर्शित हुई, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। F गुरुवार से पहले किसी दिन प्रदर्शित हुई है। F तथा G के मध्य केवल दो फिल्में प्रदर्शित हुई हैं। H, G से तुरन्त पहले प्रदर्शित हुई है। D, H के बाद किसी दिन प्रदर्शित हुई है। बुधवार को कौन-सी फिल्म प्रदर्शित हुई थी? ***(IBPS Clerk Main 2017)***
(a) E (b) या तो G या D (c) G (d) H
(e) D

**28.** A, B, C, D और E पाँच विभिन्न नगरों P, Q, R, S और T से हैं (जरूरी नहीं इसी क्रम में)। इनमें से प्रत्येक एक भिन्न नगर से है। दिया गया है
1. B और C नगर Q से नहीं हैं।
2. B और E नगर P और R से नहीं हैं।
3. A और C नगर R, S और T से नहीं हैं।
4. D और E नगर Q और T से नहीं हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? ***(UPSC CSAT 2013)***
(a) C, नगर P से है (b) D, नगर R से है
(c) A, नगर Q से है (d) B, नगर S से है

**29.** A, B, C, D, E, F और G सात व्यक्ति हैं, जो इसी क्रम में पंक्ति में खड़े हैं। प्रत्येक भिन्न रंग की टोपी पहने हैं; जैसे–बैंगनी, जामुनी, नीली, हरी, पीली, नारंगी और लाल। D अपने सामने हरी और नीली को देख पाता है, परन्तु बैंगनी को नहीं। F बैंगनी और पीली को देख पाता है, परन्तु लाल को नहीं। G नारंगी को छोड़कर सभी रंगों की टोपियाँ देख सकता है। यदि E जामुनी रंग की टोपी पहने है, तो F द्वारा पहनी टोपी का रंग क्या है? ***(UPSC CSAT 2013)***
(a) नीला (b) बैंगनी (c) लाल (d) नारंगी

***निर्देश*** (प्र.सं. 30-34) *निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए नीचे दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए।* ***(Central Bank of India PO 2006)***

तीन परिवार X, Y और Z के आठ सदस्य A, B, C, D, E, F, G और H तीन अलग-अलग कार I, II और III में सप्ताहान्त भ्रमण के लिए जाते हैं। आठ में से चार महिला सदस्य हैं। किसी भी एक परिवार के सदस्य अलग-अलग कारों में यात्रा करते हैं। प्रत्येक कार में कम-से-कम एक पुरुष और एक महिला सदस्य है। प्रत्येक परिवार में कम-से-कम दो सदस्य हैं।

A, Y परिवार से है और कार III में यात्रा करता है। D, E की पत्नी है और वे क्रमश: कार I और II में यात्रा करते हैं। H, B का पुत्र है, जो G की पत्नी है और ये परिवार Z से हैं। C, F की पुत्री है, जो A की पत्नी है। C कार II में यात्रा करती है। G की यात्रा F के साथ नहीं हो रही है।

**30.** कार I में निम्नलिखित में से किन व्यक्तियों का समूह यात्रा कर रहा है?
(a) D, F और G (b) D, E और G
(c) D, G और H (d) D, F और H
(e) इनमें से कोई नहीं

**31.** किस कार में केवल दो सदस्य यात्रा कर रहे हैं?
(a) I (b) II (c) III (d) II या III
(e) इनमें से कोई नहीं

**32.** परिवार Y और Z के निम्नलिखित में से कौन-से सदस्य अलग-अलग कार में यात्रा करते हैं?
(a) F और G (b) C और G (c) F और H (d) C और F
(e) इनमें से कोई नहीं

**33.** निम्नलिखित में से व्यक्तियों का कौन-सा समूह सभी महिलाओं का समूह है?
(a) B, D और G (b) A, B और C
(c) B, E और F (d) D, E और F
(e) इनमें से कोई नहीं

**34.** परिवार X और Y के निम्नलिखित में से कौन-से सदस्य एक ही कार में यात्रा कर रहे हैं?
(a) C और F (b) D और F
(c) C और D (d) F और E
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 35-39) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(UBI PO 2009)***

P, Q, R, S, T, U और V तीन कारों इण्डिका, एस्टीम और इण्डिगो में यात्रा कर रहे हैं। प्रत्येक कार में कम-से-कम दो लोग हैं। समूह में तीन महिला सदस्य हैं और प्रत्येक कार में कम-से-कम एक महिला है। इण्डिका में T नहीं है। R एस्टीम में केवल अपने सबसे अच्छे मित्र V के साथ यात्रा कर रहा है। Q न तो P के साथ और न ही S के साथ यात्रा कर रहा है और उसका सबसे अच्छा मित्र U इण्डिका में है। S इण्डिगो में नहीं है।

**35.** निम्नलिखित में से किस कार में वे तीन यात्रा कर रहे हैं?
(a) इण्डिगो (b) एस्टीम
(c) इण्डिका (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से पुरुष सदस्यों को निरूपित करता है?
(a) RQP (b) RQU (c) RQUP (d) RQPS
(e) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**37.** Q किस कार में यात्रा कर रहा है?
(a) इण्डिका
(b) इण्डिगो
(c) एस्टीम
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा तीन महिला सदस्यों को निरूपित करता है?
(a) STV (b) PTV
(c) UTV (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**39.** P किस कार में यात्रा कर रहा है?
(a) इण्डिका (b) एस्टीम
(c) इण्डिगो (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 40-44) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(UP Gramin Bank PO 2008)***

सात मित्र A, B, C, D, E, F और G इन्जीनियरिंग की सात अलग-अलग शाखाओं में पढ़ रहे हैं। इन शाखाओं के नाम हैं– मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल, कम्प्यूटर्स और एरोनॉटिकल इन्जीनियरिंग, परन्तु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में पढ़ रहे हैं। उनमें से प्रत्येक तीन अलग-अलग कॉलेजों X, Y व Z में पढ़ता है। किसी भी एक कॉलेज में कम-से-कम दो मित्र पढ़ते हैं। D, कॉलेज X में इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग पढ़ता है। जो केमिकल इन्जीनियरिंग पढ़ता है, वह कॉलेज Z में नहीं पढ़ता है। F, कॉलेज Y में एरोनॉटिकल इन्जीनियरिंग केवल B के साथ पढ़ रहा है। A न तो कॉलेज X में पढ़ता है और न ही सिविल इन्जीनियरिंग पढ़ता है। E कम्प्यूटर इन्जीनियरिंग पढ़ता है और कॉलेज X में नहीं पढ़ता है। G इलेक्ट्रॉनिक्स इन्जीनियरिंग पढ़ता है, लेकिन कॉलेज X में नहीं पढ़ता है। कॉलेज X में कोई भी मैकेनिकल या सिविल इन्जीनियरिंग नहीं पढ़ता है।

**40.** निम्न में से कौन-सा समूह कॉलेज Z में पढ़ने वाले व्यक्तियों को निरूपित करता है?
(a) D और B (b) C, E और G (c) A और G (d) G, E और A
(e) इनमें से कोई नहीं

**41.** C निम्न में से किस कॉलेज में पढ़ता है?
(a) X (b) Y (c) Z (d) X या Z
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**42.** निम्न में से कौन-सा संयोजन सही है?
(a) A-सिविल-Z (b) B-केमिकल-Y
(c) C-केमिकल-Z (d) G-इलेक्ट्रॉनिक्स-Y
(e) इनमें से कोई नहीं

**43.** B इन्जीनियरिंग की निम्न में से किस शाखा में पढ़ता है?
(a) केमिकल (b) मैकेनिकल
(c) सिविल (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**44.** केमिकल इन्जीनियरिंग कौन पढ़ता है?
(a) B (b) C (c) E (d) A
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 45-49) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।* ***(RBI SO 2009)***

P, Q, R, S, T, V और W एक स्कूल के सात विद्यार्थी हैं। इनमें से प्रत्येक कक्षा IV से लेकर कक्षा X तक एक अलग कक्षा में पढ़ता है, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। अंग्रेजी, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, गणित, हिन्दी और संस्कृत में से एक इनमें से प्रत्येक का पसन्दीदा विषय है, जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। Q, कक्षा VII में पढ़ता है और उसे गणित और भूगोल पसन्द नहीं हैं। R को अंग्रेजी पसन्द है और वह V या IX में नहीं पढ़ता है। T कक्षा VIII में पढ़ता है और उसे हिन्दी पसन्द है। जिसे विज्ञान पसन्द है वह कक्षा X में पढ़ता है। S, कक्षा IV में पढ़ता है। W को संस्कृत पसन्द है। P, कक्षा X में नहीं पढ़ता है। जिसे भूगोल पसन्द है वह कक्षा V में पढ़ता है।

**45.** W किस कक्षा में पढ़ता है?
(a) VII (b) IX
(c) X (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**46.** P को कौन-सा विषय पसन्द है?
(a) भूगोल (b) गणित
(c) अंग्रेजी (d) इतिहास
(e) इनमें से कोई नहीं

**47.** S को कौन-सा विषय पसन्द है?
(a) इतिहास (b) भूगोल
(c) गणित (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**48.** P किस कक्षा में पढ़ता है?
(a) IV (b) VII (c) IX (d) X
(e) इनमें से कोई नहीं

**49.** विद्यार्थी-कक्षा-विषय का निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही है?
(a) T-VIII-गणित (b) W-VII-संस्कृत
(c) Q-VII-भूगोल (d) V-X-विज्ञान
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र.सं. 50-54) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2013)***

आठ व्यक्ति E, F, G, H, J, K, L और M केन्द्र की ओर मुँह करके एक गोलाकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं। प्रत्येक का एक भिन्न पेशा है चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट, कालमिस्ट, डॉक्टर, इन्जीनियर, वित्तीय विश्लेषक, वकील, प्रोफेसर और वैज्ञानिक जरूरी नहीं कि इसी क्रम में। F, K के बाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। वैज्ञानिक K की बगल में बैठा है। वैज्ञानिक और E के बीच केवल तीन व्यक्ति हैं। इन्जीनियर और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। कालमिस्ट, इन्जीनियर की दाईं बगल में है। M, K के दाएँ को दूसरा है। H वैज्ञानिक है। G व J एक-दूसरे के अगल-बगल बैठे हैं। न तो G और न ही J इन्जीनियर है। वित्तीय विश्लेषक F की बाईं बगल में है। वकील, कालमिस्ट के दाएँ को दूसरा है। प्रोफेसर, इन्जीनियर की बगल में बैठा है। G, चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट के दाएँ को दूसरा है।

**50.** E के दाएँ को दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) वकील (b) G
(c) इन्जीनियर (d) F
(e) K

**51.** निम्न में से प्रोफेसर कौन है?
(a) F (b) L
(c) M (d) K
(e) J

**52.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है। वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट-H
(b) M-डॉक्टर
(c) J-इन्जीनियर
(d) वित्तीय विश्लेषक-L
(e) वकील-K

**53.** वैज्ञानिक के सम्बन्ध में, L का स्थान कौन-सा है?
(a) बाएँ को तीसरा (b) दाएँ को दूसरा
(c) बाएँ को दूसरा (d) दाएँ को तीसरा
(e) दाईं बगल में

**54.** दी गई व्यवस्था के अनुसार निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) वकील, डॉक्टर के बाएँ को दूसरा है
(b) E, वित्तीय विश्लेषक की बगल में है
(c) H, F और वित्तीय विश्लेषक के ठीक बीच में बैठा है
(d) कालमिस्ट और F के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं
(e) दिए गए सभी कथन सत्य हैं

**निर्देश** (प्र.सं. 55-59) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2015)***

J, K, L, M, N, O और P एक इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं, परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। इमारत के सबसे नीचे वाले तल को 1, इससे ऊपर वाले तल को 2 और इसी प्रकार जारी रखते हुए सबसे ऊपर वाले तल को 7 नम्बर दिया गया है। इनमें से प्रत्येक को एक भिन्न विषय यथा अंग्रेजी, इतिहास, वाणिज्य, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र, भूगोल और कम्प्यूटर पसन्द है, परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में।

- J एक विषम संख्या वाले तल पर रहता है, परन्तु वह तल नम्बर 3 पर नहीं रहता है। जिस व्यक्ति को लेखाशास्त्र विषय पसन्द है वह J के एकदम ऊपर वाले तल पर रहता है। लेखाशास्त्र पसन्द करने वाले व्यक्ति और M के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं।
- इतिहास विषय पसन्द करने वाला व्यक्ति M के ऊपर किसी विषम संख्या वाले तल पर रहता है। इतिहास पसन्द करने वाले व्यक्ति और L के बीच में केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। वाणिज्य विषय पसन्द करने वाला व्यक्ति L के एकदम ऊपर वाले तल पर रहता है।
- अंग्रेजी विषय पसन्द करने वाला व्यक्ति कम्प्यूटर विषय पसन्द करने वाले व्यक्ति के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। P एक विषम संख्या वाले तल पर रहता है।
- K और N के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है। K, N के ऊपर वाले तलों में से किसी एक तल पर रहता है। J को जीव विज्ञान विषय पसन्द नहीं है। N को वाणिज्य विषय पसन्द नहीं है।

**55.** J को निम्न में से कौन-सा विषय पसन्द है?
(a) भूगोल (b) कम्प्यूटर (c) वाणिज्य (d) इतिहास
(e) अंग्रेजी

**56.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा संयोजन सही है?
(a) भूगोल-L (b) इतिहास-O (c) कम्प्यूटर-P (d) लेखाशास्त्र-M
(e) वाणिज्य-K

**57.** यदि सभी व्यक्तियों को ऊपर से नीचे की ओर वर्णमाला के क्रम में बैठाया जाए, तो कितने व्यक्तियों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे?
(a) चार (b) कोई नहीं (c) दो (d) एक
(e) तीन

**58.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) कम्प्यूटर विषय पसन्द करने वाला व्यक्ति J के एकदम नीचे वाले तल पर रहता है
(b) O को इतिहास विषय पसन्द है
(c) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है
(d) M और P के बीच केवल चार व्यक्ति रहते हैं
(e) P, N के एकदम नीचे वाले तल पर रहता है

**59.** निम्न में से कौन तल नम्बर 6 पर रहता है?
(a) K
(b) वह व्यक्ति जिसे अंग्रेजी विषय पसन्द है
(c) वह व्यक्ति जिसे कम्प्यूटर विषय पसन्द है
(d) M
(e) O

**निर्देश** (प्र.सं. 60-65) *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्न जानकारी को ध्यान से पढ़िए।* ***(IBPS PO/MT 2012)***

विभिन्न बैंकों यथा UCO बैंक, सिण्डीकेट बैंक, केनरा बैंक, PNB, देना बैंक, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, इण्डियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के आठ व्यक्ति चार-चार लोगों वाली दो समानान्तर पंक्तियों में इस प्रकार बैठे हैं कि अगल-बगल के व्यक्ति के बीच समान दूरी है। पंक्ति-1 में A, B, C व D बैठे हैं और उन सभी का मुँह दक्षिण की ओर है, पंक्ति-2 में P, Q, R व S बैठे हैं और उन सभी का मुँह उत्तर की ओर है। इसलिए, दी गई बैठने की व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुँह दूसरी पंक्ति के अन्य सदस्य की ओर है। (जरूरी नहीं कि ऊपर दी गई सारी जानकारी अन्तिम व्यवस्था में बैठने के क्रम को निरूपित करती हो।)

- C बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है। R उस व्यक्ति की बगल में बैठा है जिसका मुँह बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति की ओर है।
- R व PNB के व्यक्ति के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। PNB के व्यक्ति के बगल में बैठे व्यक्ति का मुँह केनरा बैंक के व्यक्ति की ओर है।
- UCO बैंक के व्यक्ति का मुँह ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के व्यक्ति की ओर है। R ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से नहीं है। P, PNB से नहीं है। P का मुँह बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति की ओर नहीं है।
- Q का मुँह देना बैंक के व्यक्ति की ओर है जिसका मुँह S की ओर है, वह A की बाईं बगल में बैठा है।
- B पंक्ति के किसी भी अन्तिम छोर पर नहीं बैठा है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति का मुँह सिण्डीकेट बैंक के व्यक्ति की ओर नहीं है।

***60.*** A के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा सत्य है?
(a) UCO बैंक के व्यक्ति का मुँह A की ओर है
(b) बैंक ऑफ महाराष्ट्र का व्यक्ति A की बगल में बैठा है
(c) A का मुँह उस व्यक्ति की ओर है, जो R के दाएँ को दूसरे स्थान पर बैठा है
(d) A ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स से है
(e) A पंक्ति के एक अन्तिम छोर पर बैठा है

***61.*** R और PNB के व्यक्ति के बीच कौन बैठा है?
(a) ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का व्यक्ति
(b) P
(c) Q
(d) सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति
(e) S

***62.*** निम्न में से कौन पंक्तियों के अन्तिम छोरों पर बैठे हैं?
(a) D और PNB का व्यक्ति
(b) इण्डियन बैंक और UCO बैंक के व्यक्ति
(c) देना बैंक का व्यक्ति और P
(d) सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति और D
(e) C, Q

***63.*** निम्न में से किस व्यक्ति का मुँह बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति की ओर है?
(a) इण्डियन बैंक का व्यक्ति (b) P
(c) R (d) सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति
(e) केनरा बैंक का व्यक्ति

***64.*** दी गई व्यवस्था के आधार पर P का देना बैंक से वही सम्बन्ध है, जो B का PNB से है। इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुए D का सम्बन्ध निम्न में से किसके साथ है?
(a) सिण्डीकेट बैंक (b) केनरा बैंक
(c) बैंक ऑफ महाराष्ट्र (d) इण्डियन बैंक
(e) ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

***65.*** दी गई व्यवस्था में उनके बैठने के स्थान के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार किसी प्रकार समान हैं, इसलिए उनका एक समूह बनता है, वह एक कौन-सा है, जो इस समूह में नहीं आता है?
(a) केनरा बैंक (b) R (c) सिण्डीकेट बैंक (d) Q
(e) ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

***निर्देश*** (प्र. सं. 66-68) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPSC CSAT 2013)***

कोई टेनिस कोच आने वाले टूर्नामेन्ट के लिए चार खिलाड़ियों की एक टीम बनाना चाहता है। इसके लिए सात खिलाड़ी उपलब्ध हैं। पुरुष A, B, C और महिलाएँ W, X, Y, Z। सभी खिलाड़ियों की क्षमताएँ समान हैं और टीम में कम-से-कम दो पुरुषों का होना जरूरी है। चार सदस्यों की टीम के लिए, सभी खिलाड़ियों का एक-दूसरे के साथ खेलने योग्य होना आवश्यक है, लेकिन B, W के साथ नहीं खेल सकता। C, Z के साथ नहीं खेल सकता और W, Y के साथ नहीं खेल सकती।

***66.*** यदि Y को चुना जाए और B को न चुना जाए, तो टीम निम्नलिखित समूहों में से किस एक से मिलकर बनेगी?
(a) A, C, W और Y (b) A, C, X और Y
(c) A, C, Y और Z (d) A, W, Y और Z

***67.*** यदि B चुना जाए और Y न चुना जाए, तो टीम निम्नलिखित समूहों में से किस एक से मिलकर बनेगी?
(a) A, B, C तथा W (b) A, B, C तथा Z
(c) A, B, C तथा X (d) A, W, Y तथा Z

***68.*** यदि सभी पुरुषों को चुन लिया जाए, तो चार सदस्यों की टीम के कितने संयोजन सम्भव हैं?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

***69.*** निम्न कथनों का परीक्षण कीजिए। ***(UPSC CSAT 2014)***
I. जॉर्ज सोमवार को संगीत की कक्षा में उपस्थित होता है।
II. वह बुधवार को गणित की कक्षा में उपस्थित होता है।
III. उसकी साहित्य की कक्षा शुक्रवार को नहीं होती।
IV. वह गणित की कक्षा के अगले दिन इतिहास की कक्षा में उपस्थित होता है।
V. मंगलवार को, वह अपनी खेलकूद की कक्षा में उपस्थित होता है। यदि वह एक दिन में एक ही विषय की कक्षा में जाता हो और रविवार को उसकी छुट्टी रहती हो, तो अन्य किस दिन भी उसकी छुट्टी रहेगी?
(a) सोमवार (b) शुक्रवार (c) शनिवार (d) बुधवार

***निर्देश*** (प्र.सं. 70-72) *निम्न जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPPSC Pre 2013)***

चार मित्रों A, B, C और D में से,
I. A और B फुटबॉल और क्रिकेट खेलते हैं।
II. B और C क्रिकेट और हॉकी खेलते हैं।
III. A और D बॉस्केटबॉल और फुटबॉल खेलते हैं।
IV. C और D हॉकी और बॉस्केटबॉल खेलते हैं।

***70.*** हॉकी कौन नहीं खेलता है?
(a) D (b) C (c) B (d) A

***71.*** फुटबॉल, बॉस्केटबॉल और हॉकी तीनों खेल कौन खेलता है?
(a) D (b) C (c) B (d) A

***72.*** B, C और D कौन-सा एक ही खेल खेलते हैं?
(a) बॉस्केटबॉल (b) हॉकी (c) क्रिकेट (d) फुटबॉल

***निर्देश*** (प्र.सं. 73-76) *नीचे दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(UPPSC Pre 2013)***

I. एक धर्मशाला में 6 कमरे हैं A, B, C, D, E और F। इनमें से A और C में दो व्यक्ति रह सकते हैं, जबकि अन्य सभी में केवल एक व्यक्ति रह सकता है।
II. 8 अतिथि P, Q, R, S, T, U, W और X को इन कमरों में रखा जाना है। इनमें Q, T और X महिलाएँ हैं, जबकि अन्य सभी पुरुष हैं। महिला और पुरुष अतिथियों को एकसाथ एक कमरे में नहीं रखना है।
III. कोई भी पुरुष C और F कमरे में रहने का इच्छुक नहीं है।
IV. P अकेला रहना चाहता है, परन्तु B या D कमरे में नहीं रहना चाहता। W, B कमरे में रहना चाहता है।
V. S को एक सहयोगी चाहिए, परन्तु U और W उसके साथ नहीं रहना चाहते हैं।
VI. X किसी के साथ सहभागिता नहीं चाहती है।

***73.*** X निम्नलिखित में से किस कमरे में रुकती है?
(a) C (b) B
(c) F (d) E

***74.*** कमरे A में निम्नलिखित में से कौन रहेगा?
(a) S और R (b) U और W
(c) Q और T (d) E और U

**75.** निम्नलिखित में से कमरे C में कौन रहेगा?
(a) U और W (b) Q और T (c) S और R (d) P और X

**76.** प्रश्नों का उत्तर देने के लिए ऊपर दिए कथनों में से कौन-सा/से कथन आवश्यक नहीं है/हैं?
(a) केवल II (b) केवल III
(c) केवल IV (d) सभी आवश्यक हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 77-79) *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्न सूचना को पढ़िए।*

I. P, Q, R, S, T तथा U एक परिवार के 6 सदस्य हैं।
II. इनमें एक डॉक्टर, एक वकील, एक इन्जीनियर, एक अध्यापक, एक छात्र तथा एक गृहणी है।
III. परिवार में दो विवाहित युगल हैं।
IV. U, जो एक वकील है, P के पिता हैं।
V. Q एक अध्यापक है तथा R की माँ है।
VI. S,R की दादी है तथा एक गृहणी हैं।
VII. R, P का भाई है।
VIII. T, U के पिता हैं तथा एक डॉक्टर हैं।

**77.** निम्न में कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?
(a) U एक इन्जीनियर के पिता हैं
(b) P एक इन्जीनियर है
(c) T एक अध्यापक के पिता हैं
(d) R एक छात्र का भाई है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**78.** परिवार में कितनी स्त्रियाँ हैं?
(a) केवल तीन (b) दो या तीन
(c) केवल दो (d) तीन या चार
(e) इनमें से कोई नहीं

**79.** P, S से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) या तो पोता या पोती (b) दादी
(c) पोता (d) पोती
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 80-85) *दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए।* ***(Allahabad Bank PO 2011)***

P, Q, R, S, T, V, W एवं X आठ विभिन्न क्रिकेट टीमों के कप्तान हैं; जैसे—ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, इंग्लैण्ड, वेस्टइण्डीज तथा दक्षिण अफ्रीका, परन्तु जरूरी नहीं है कि इसी क्रम में। ये सभी एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्रोन्मुख बैठे हैं।

श्रीलंका के कप्तान के बाएँ तीसरा P बैठा है। T एवं W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T एवं W, P के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। न T और न ही W श्रीलंका के कप्तान हैं। S के दाएँ दूसरा दक्षिण अफ्रीका का कप्तान बैठा है। S, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S श्रीलंका का कप्तान नहीं है तथा P दक्षिण अफ्रीका का कप्तान नहीं है। V के बाएँ तीसरा ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बैठा है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एवं श्रीलंका के कप्तान एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। S एवं भारत के कप्तान के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। पाकिस्तान के कप्तान एवं न्यूजीलैण्ड के कप्तान एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं। S न्यूजीलैण्ड टीम का कप्तान नहीं है। Q एवं इंग्लैण्ड के कप्तान के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा हुआ है। इंग्लैण्ड का कप्तान X का निकटतम पड़ोसी है। W एवं Q एक-दूसरे के निकटस्थ पड़ोसी नहीं हैं।

**80.** यदि T से दक्षिणावर्त दिशा में गिनती की जाए, तो T एवं इंग्लैण्ड के कप्तान के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) चार
(e) पाँच

**81.** ऑस्ट्रेलिया की टीम का कप्तान कौन है?
(a) P (b) V (c) W (d) T
(e) Q

**82.** उपरोक्त बैठकी व्यवस्थिकरण के आधार पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

VS XR TV RP ?

(a) SW (b) WX (c) QW (d) QX
(e) VR

**83.** बैठकी व्यवस्थिकरण के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) दक्षिण अफ्रीका का कप्तान R है
(b) V का निकटतम पड़ोसी W है
(c) ऑस्ट्रेलिया एवं इंग्लैण्ड के कप्तान एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं
(d) W एवं Q के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं
(e) S के बाएँ दूसरा X है

**84.** निम्नलिखित में से भारतीय कप्तान कौन है?
(a) Q (b) V (c) X (d) T
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**85.** R के सन्दर्भ में वेस्टइण्डीज के कप्तान का स्थान क्या है?
(a) एकदम बाएँ (b) बाएँ दूसरा (c) दाएँ तीसरा (d) दाएँ दूसरा
(e) बाएँ तीसरा

***निर्देश*** (प्र.सं. 86-90) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

बारह व्यक्ति दो समान्तर पंक्तियों में बैठे हैं, प्रत्येक पंक्ति में 6 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि सन्निकट बैठे व्यक्तियों के मध्य की दूरी समान है। पहली पंक्ति में K, L, M, N,G और H बैठे हैं और उनमें से सभी दक्षिण की ओर उन्मुख हैं तथा दूसरी पंक्ति में, I, U, W, X, Y और Z बैठे हैं और उनमें से सभी उत्तर की ओर उन्मुख हैं। इसलिए दी गई बैठक व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठा प्रत्येक व्यक्ति दूसरी पंक्ति में बैठे प्रत्येक व्यक्ति की ओर उन्मुख है। प्रत्येक व्यक्ति ने अलग-अलग रंगों की टी-शर्ट पहनी है। उनमें से सभी अलग-अलग कम्पनियों में कार्यरत् हैं अर्थात् इन्फी, विप्रो, एचसीएल, एलजी, लेनोवो, टीसीएस, रेडमी, एचपीसीएल, नोकिया, भेल, बीईएल और बॉश।

वह व्यक्ति जो पंक्ति 1 के अन्तिम बाएँ सिरे पर बैठा है, एचसीएल में कार्य करता है। H ने स्लेटी रंग की टी-शर्ट पहनी है। I, X के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है और उसने गहरे नीले रंग की शर्ट पहनी है। L और K क्रमशः विप्रो और इन्फी में कार्य करते हैं। न तो I और न ही X अन्तिम सिरे पर बैठे हैं। वह व्यक्ति जो K के ठीक बाएँ बैठा है, लेनोवो में कार्य करता है। G, X की ओर उन्मुख है और उसने नीले रंग की शर्ट पहनी हुई है। जो व्यक्ति U की ओर उन्मुख है उसने पीले रंग की टी-शर्ट पहनी हुई है। G की ओर उन्मुख व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी बीईएल में कार्य करता है। N, Z और Y ने क्रमशः काली, गुलाबी और नांरगी रंग की टी-शर्ट पहनी है।
पंक्ति 2 के एक अन्तिम सिरे पर बैठा व्यक्ति नोकिया में कार्य करता है। H, I की ओर उन्मुख नहीं है और H किसी भी अन्तिम सिरे पर नहीं बैठा है। H,G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। U एक अन्तिम सिरे पर बैठा है और उसने भूरे रंग की टी-शर्ट पहनीं है। वह व्यक्ति जो M की ओर उन्मुख है, एचपीसीएल में कार्य करता है। L ने हरे रंग की टी-शर्ट पहनी है। U और Y के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए व्यक्ति की ओर उन्मुख व्यक्ति रेडमी में कार्य करता है।

Y, H की ओर उन्मुख नहीं है और उसके निकटतम पड़ोसी ने बैंगनी रंग की टी-शर्ट पहनी है। M और L के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं। M, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। W, H की ओर उन्मुख नहीं है। पंक्ति 1 के अन्तिम सिरों पर बैठे व्यक्तियों ने सफेद और पीली रंग की टी-शर्ट पहनी है। K, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। W ने लाल रंग की टी-शर्ट पहनी है। X, भेल में कार्य करता है। एलजी में कार्यरत् व्यक्ति ने काली रंग की टी-शर्ट पहनी है। H, टीसीएस में कार्य करता है।

**86.** निम्न में से कौन एलजी कम्पनी में कार्य करता है?
(a) W (b) K (c) X (d) Z
(e) N

**87.** निम्न में से कौन-सा व्यक्ति, गहरे नीले रंग की टी-शर्ट पहनने वाले के सामने बैठा है?
(a) M (b) G (c) K (d) L
(e) N

**88.** निम्न में से कौन-से व्यक्ति पंक्तियों के अन्तिम सिरों पर बैठे हैं?
(a) U, Y (b) N, G
(c) K, U (d) U, Z
(e) H, W

**89.** G और N के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं

**90.** जिस प्रकार K, H से W, Z से सम्बन्धित है उसी प्रकार X का सम्बन्ध किससे है?
(a) U (b) X
(c) W (d) I
(e) N

***निर्देश*** (प्र.सं. 91-95) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आठ मित्र P, Q, R, S, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से चार का मुख केन्द्र की ओर है। उनमें से प्रत्येक के पास भिन्न कार हैं, जो इस प्रकार हैं–फोर्ड, टोयोटा, ऑडी, निसान, फिएट, डैटसन, फेरारी और बेंटले, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। सभी कारों का रंग अलग-अलग है, जो इस प्रकार हैं–सफेद, नीला, नारंगी, गुलाबी, हरा, बैंगनी, पीला और लाल, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। E का मुख केन्द्र की ओर है और उसके पास सफेद रंग की कार है। E के निकटतम पड़ोसियों का मुख केन्द्र से बाहर की ओर है और उनके पास या तो नारंगी या गुलाबी रंग की कार है। S का मुख केन्द्र से बाहर की ओर है और उसके पास फोर्ड कार है। S के दोनों निकटतम पड़ोसियों का मुख केन्द्र से बाहर की ओर नहीं है। E, F के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है, जिसके पास हरे रंग की कार है। F का मुख केन्द्र से बाहर की ओर है। R, F के बाएँ से तीसरे स्थान पर है। वह व्यक्ति जिसके पास नारंगी रंग की कार है वह F के विपरीत बैठा है। वह व्यक्ति जिसके पास नीले रंग की कार है वह F का निकटतम पड़ोसी नहीं है और उसका मुख केन्द्र से बाहर की ओर है। P, R के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है और उसके पास न तो पीले और न ही लाल रंग की कार है। वह व्यक्ति जिसके पास पीले रंग की कार है वह H और F के मध्य में बैठा है। Q का मुख केन्द्र से बाहर की ओर है और उसके पास एक टोयोटा कार है जोकि नीले रंग की नहीं है। E के पास फेरारी है। वह व्यक्ति जिसके पास निसान कार है वह S के विपरीत बैठा है। ऑडी कार बैंगनी रंग की है। वह व्यक्ति जिसके पास बेंटले कार है वह G या E के निकट नहीं है। R का मुख डैटसन कार वाले व्यक्ति के सामने है।

**91.** निम्नलिखित में से किसके पास नारंगी कार है?
(a) E (b) F
(c) Q (d) S
(e) P

**92.** निम्नलिखित में से किसके पास लाल कार है?
(a) Q (b) R (c) F (d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**93.** G के पास निम्नलिखित में से कौन-सी कार है?
(a) फिएट (b) फेरारी
(c) डैटसन (d) निसान
(e) टोयोटा

**94.** निम्नलिखित में से किसके पास गुलाबी कार है?
(a) Q (b) H
(c) F (d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**95.** E के सन्दर्भ में S का निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान है?
(a) बाएँ से चौथा (b) दाएँ से तीसरा
(c) बाएँ से तीसरा (d) दाएँ से दूसरा
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 96-101) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(MHT CET MBA 2016)***

आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q, जो कि एक ही परिवार के सदस्य हैं, एक गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उन सबका मुख मेज के केन्द्र की ओर है। O अपनी पत्नी के बाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। O के दोनों निकटतम पड़ोसी पुरुष हैं। J, जोकि M की पत्नी है, P के बाएँ ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। P, Q की बेटी है। J तथा P की बहन के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। L तथा N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L के दोनों निकटतम पड़ोसियों में से एक L से विवाहित है। K, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N तथा N के माता-पिता में से किसी एक के बीच में सिर्फ दो लोग बैठे हैं। P का सिर्फ एक ही बच्चा है और वह P का निकटतम पड़ोसी है।

**96.** निम्न में से कौन N की माता है?
(a) L (b) P (c) K (d) J
(e) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**97.** यदि Q के बाएँ ओर देखें, तो Q तथा O के बीच में कौन बैठा है?
(a) L (b) P (c) M का कजन (d) J
(e) O की दादी

**98.** निम्न पाँच में से चार दिए गए विवरण के अनुसार एक समान हैं तथा एक समूह बनाते हैं कौन-सा समूह में नहीं आता है?
(a) K (b) L (c) M (d) N
(e) O

**99.** दिए गए विवरण के अनुसार कौन-सा कथन सत्य है?
(a) N और M, L के निकटतम पड़ोसी हैं
(b) O, P का पिता है
(c) इनमें से कोई भी कथन सत्य नहीं है
(d) O, P के दाएँ तरफ तीसरे स्थान पर बैठा है
(e) P अपनी बेटी के निकटतम दाएँ ओर बैठा है

**100.** K उस व्यक्ति से किस प्रकार सम्बन्धित है, जो J के निकटतम बाएँ ओर बैठा है?
(a) दामाद (b) दादी
(c) ससुर (d) भतीजा या भांजा
(e) इनमें से कोई नहीं

**101.** निम्न में से कौन K की सिस्टर-इन-लॉ है?
(a) J (b) P (c) Q (d) L
(e) N

***निर्देश*** (प्र.सं. 102-106) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB Officer Scale I 2017)***

आठ मित्र A, B, C, D, E, F, G तथा H का जन्म 7, 9, 16 तथा 19 तारीख को मार्च तथा जुलाई में हुआ था। इनमें से प्रत्येक को या तो एक रंग या एक फल पसन्द है। जिन व्यक्तियों को रंग पसन्द है उनका जन्म पूर्ण वर्ग वाली तिथि को हुआ था तथा उनके द्वारा पसन्द किए जाने वाले रंग हैं–पीला, हरा, लाल व नीला। जिन व्यक्तियों का जन्म अभाज्य संख्या वाली तिथि को हुआ उनके द्वारा पसन्द किए जाने वाले फल हैं–सेब, चैरी, आम तथा केला।

वह व्यक्ति जिसे पीला रंग पसन्द है, उसका जन्म मार्च में पूर्ण वर्ग वाली तिथि को हुआ था। D तथा पीला रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के मध्य किसी भी व्यक्ति का जन्म नहीं हुआ। D को रंग पसन्द नहीं है। D तथा आम पसन्द करने वाले व्यक्ति के मध्य तीन व्यक्तियों का जन्म हुआ। आम तथा नीला रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के मध्य किसी भी व्यक्ति का जन्म नहीं हुआ। नीला रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के बाद जन्मे व्यक्तियों की संख्या, A से पहले जन्में व्यक्तियों की संख्या से एक कम है। वह जिसे सेब पसन्द है, उसका जन्म B से तुरन्त पहले हुआ था। B को आम पसन्द नहीं है। B से पहले जन्मे व्यक्तियों की संख्या, G के बाद जन्मे व्यक्तियों की संख्या के समान है। हरा रंग पसन्द करने वाले तथा H के मध्य तीन व्यक्तियों का जन्म हुआ। H तथा चैरी पसन्द करने वाले व्यक्ति का जन्म एक ही माह में हुआ था परन्तु मार्च में नहीं। C का जन्म नीला रंग पसन्द करने वाले व्यक्ति के बाद हुआ था। E को कोई रंग पसन्द नहीं है। F को सेब पसन्द नहीं है।

**102.** निम्न में से किसे हरा रंग पसन्द है?
(a) B (b) A (c) G (d) H
(e) C

**103.** निम्न में से किसका जन्म 16 मार्च को हुआ?
(a) D (b) A (c) G (d) F
(e) E

**104.** निम्न में से किसे चैरी पसन्द है?
(a) F (b) G (c) H (d) A
(e) B

**105.** निम्न में से किसका जन्म 19 जुलाई को हुआ?
(a) C (b) A (c) D (d) B
(e) E

**106.** निम्न में से किसे लाल रंग पसन्द है?
(a) A (b) B (c) H (d) C
(e) D

***निर्देश*** (प्र.सं. 107-111) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB Officer Scale I 2017)***

दस व्यक्ति Q, R, S, T, U, V, W, X, Y और Z एक माह की भिन्न-भिन्न तिथियों यथा—2, 4,7 तथा 9 को चार भिन्न-भिन्न शहरों यथा–पूणे, चण्डीगढ़, कोच्चि तथा पटना को जा रहे हैं, परन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में। प्रत्येक तिथि में कम-से-कम एक व्यक्ति जाता है।

कोई भी व्यक्ति माह की 4 तारीख को पूणे नहीं जाता है। R माह की 2 व 7 तारीख को किसी भी शहर को नहीं जाता है। 7 तारीख को कोई-न-कोई व्यक्ति प्रत्येक शहर को जाता है। Y और केवल एक व्यक्ति, जो माह की 7 तारीख को जाता है, कोच्चि जाते हैं। किसी एक तारीख को अधिकतम चार व्यक्ति जा सकते हैं। केवल एक व्यक्ति चण्डीगढ़ जाता है। Z माह की 7 तारीख को नहीं जाता है। S, पूणे नहीं जाता है परन्तु U के साथ जाता है, जो माह की 9 तारीख को जाता है। एक व्यक्ति जो कोच्चि जाता है वह माह की सम संख्या वाली तारीख को जाता है, जो 3 से अधिक है। R, Q के साथ पूणे जाता है, परन्तु X के साथ नहीं जाता है। X उस शहर को जाता है, जिसमें अधिकतम व्यक्ति जा रहे हैं। V, S व Z के साथ नहीं जाता है, परन्तु किसी अन्य व्यक्ति के साथ जाता है। Z, पूणे जाता है। T, U के साथ नहीं जाता है। W माह की 9 व 2 तारीख को नहीं जाता है। X माह की एक विषम संख्या वाली तारीख को जाता है और कोई अन्य व्यक्ति उस तारीख को उसी शहर में नहीं जाता है जिस तारीख को जिस शहर में X जाता है। कोई एक व्यक्ति जो पूणे जाता है वह एक सम संख्या वाली तारीख को जाता है। S माह की एक विषम संख्या वाली तारीख को जाता है।

**107.** निम्न में से कौन चण्डीगढ़ जाता है?
(a) R (b) V (c) X (d) T
(e) Q

**108.** निम्न में से किस शहर को सबसे अधिक व्यक्ति जा रहे हैं?
(a) चण्डीगढ़ (b) पूणे
(c) कोच्चि (d) कोच्चि एवं पूणे दोनों
(e) पटना

**109.** उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार निम्न पाँच में से चार किसी प्रकार एकसमान हैं तथा अपना एक समूह बनाते हैं। निम्न में से कौन उस समूह में नहीं आता है?
(a) S (b) R (c) Y (d) X
(e) T

**110.** निम्न में से कौन-सा कथन U के लिए सत्य है?
(a) केवल U चण्ड़ीगढ़ जाता है
(b) U माह की 7 तारीख को जाता है
(c) कोई भी विकल्प सत्य नहीं है
(d) U उस शहर को जाता है, जिसमें सबसे अधिक व्यक्ति जाते हैं
(e) U, Z के साथ जाता है

**111.** निम्न में से कौन माह की 2 तारीख को जाता है?
(a) Z (b) Q
(c) W (d) Y
(e) S

***निर्देश*** (प्र.सं. 112-116) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

3 * 5 मैट्रिक्स हैं जो सिग्नल उत्पन्न कर सकती हैं, जो कुछ बल्बों को जलने में मद्द करते हैं। मैट्रिक्स की पंक्ति को नीचे से ऊपर तक @, % और # द्वारा दर्शाया गया है और कॉलम को बाएँ से दाएँ तक वर्ण A, B, C, D और E द्वारा दर्शाया गया है।

@ पंक्ति में 28 से शुरू करते हुए (बाएँ से दाएँ तक), 7 की क्रमागत गुणक संख्याएँ हैं।

% पंक्ति में 11 से शुरू करते हुए (बाएँ से दाएँ तक), 11 की क्रमागत गुणक संख्याएँ हैं।

# पंक्ति में 13 से शुरू करते हुए (बाएँ से बाएँ तक), 13 की क्रमागत गुणक संख्याएँ हैं।

मैट्रिक्स सिग्नल उत्पन्न करने में मद्द करती है, जो या तो संख्या X के एक सिंगल स्ट्रिंग या टू-लाइन स्ट्रिंग X और Y हो सकते हैं।

4 लाइट, P, Q, R और S हैं। ऊपर वर्णित स्ट्रिंग के परिणाम के आधार पर कोई एक लाइट ब्लिंक करती है।

**ब्लिंक के लिए शर्ते**

1. यदि परिणाम 85 से कम है, तो P ब्लिंक करेगी।
2. यदि परिणाम सीमा 85-110 है, तो Q ब्लिंक करती है।
3. यदि परिणाम सीमा 111-210 है, तो R ब्लिंक करती है।
4. यदि परिणाम सीमा 210 से अधिक है, तो S ब्लिंक करती है।

**स्ट्रिंग के परिणाम के लिए**

1. यदि स्ट्रिंग में सभी सम संख्याएँ हैं, तो स्ट्रिंग का परिणाम सभी संख्याओं को जोड़कर प्राप्त किया जाता है।
2. यदि किसी विषम संख्या के बाद एक सम संख्या है, तो सभी दो अंकों की संख्याओं के इकाई स्थान हटा दिए जाते हैं और परिणाम प्राप्त करने के लिए दहाई स्थान को गुणा किया जाता है।
3. यदि स्ट्रिंग में दो अभाज्य संख्या हैं, तो प्रत्येक दो अंकों की संख्या के दहाई स्थान हटा दिए जाते हैं और शेष संख्या को गुणा किया जाता है।
4. यदि किसी उपर्युक्त तर्क का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो सरल परिणाम संख्याओं का जोड़ है।

**112.** यदि X = # C % D # A # E है, तो कौन-सा ब्लब ब्लिंक करेगा?
(a) S (b) Q
(c) P (d) R
(e) या तो R या S

**113.** यदि X = @ A @ C # D % B है, तो कौन-सा बल्ब ब्लिंक करेगा?
(a) S (b) Q
(c) P (d) R
(e) या तो P या Q

**114.** यदि X = # A%E%A@B है, तो कौन-सा बल्ब ब्लिंक करेगा?
(a) S (b) Q
(c) P (d) R
(e) या तो P या Q

**115.** यदि X = @ A # B @ D % C है, तो कौन-सा बल्ब ब्लिंक करेगा?
(a) S (b) Q
(c) P (d) R
(e) या तो R या S

**116.** यदि X = @ E # D @ D # E है, तो कौन-सा बल्ब ब्लिंक करेगा?
(a) S (b) Q
(c) P (d) R
(e) या तो R या S

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* प्रश्नानुसार,

| पति | पत्नी |
|---|---|
| रमेश | रमा |
| संदेश | मृणमयी |
| विराज | पूर्वा |
| अनुप | श्रेया |

कथन 3 से स्पष्ट है कि अनूप और श्रेया ने हरे रंग के कपड़े पहने हैं तथा कथन 1 से रमा का विवाह रमेश से हुआ है। संदेश की पत्नी मृणमयी है तथा कथन 2 से पूर्वा, अनुप की पत्नी नहीं है। अतः श्रेया का पति अनूप हुआ तथा विकल्प (a) उपयुक्त है।

**उत्तर** (प्र.सं. 2-5) दी गई जानकारी के अनुसार,

| व्यक्ति | खेल | विषय |
|---|---|---|
| अनिल | हॉकी | मैकेनिकल |
| अरुण | वॉलीबॉल | इलेक्ट्रॉनिक्स |
| अजय | लॉन टेनिस | बॉयोटेक |
| अविनाश | क्रिकेट | केमिकल |
| आलोक | फुटबॉल | कम्प्यूटर साइन्स |
| अखिल | बैडमिण्टन | इलेक्ट्रिकल |
| अमित | स्क्वॉश | सूचना प्रौद्योगिकी |

**2.** *(c)* आलोक फुटबॉल खेलता है।

**3.** *(c)* अनिल मैकेनिकल पढ़ता है।

**4.** *(d)* अजय लॉन टेनिस खेलता है।

**5.** *(a)* अविनाश केमिकल पढ़ता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 6-10) दी गई जानकारी के अनुसार,

| जन्म वर्ष | व्यक्ति |
|---|---|
| 1978 | Z |
| 1982 | X |
| 1995 | O |
| 1997 | R |
| 2013 | J |
| 2015 | L |




यहाँ, + → पुरुष

– → महिला

**6.** *(c)* L, X की ग्रैंडडॉटर है।

**7.** *(c)* X, 1982 में पैदा हुआ।

**8.** *(a)* R, 1997 में जन्म लेता है।

**9.** *(a)* R, Z की पुत्रवधू है।

**10.** *(c)* केवल X का जन्म सम संख्या वाले वर्ष में हुआ है, इसलिए X अन्य सभी से भिन्न है।

**उत्तर** (प्र.सं. 11-15) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| मित्र | लिंग | कॉलेज | पेशा |
|---|---|---|---|
| A | पुरुष | Y | इन्जीनियर |
| B | महिला | P | वकील |
| C | महिला | X | डॉक्टर |
| D | महिला | Z | प्रोफेसर |
| E | पुरुष | S | बैंकर |
| F | पुरुष | W | स्टॉकब्रोकर |
| G | पुरुष | V | बिजनेसमैन |

**11.** *(d)* D प्रोफेसर है।

**12.** *(b)* B वकील है।

**13.** *(c)* B, C तथा D महिलाओं का समूह है।

**14.** *(a)* स्टॉकब्रोकर की पढ़ाई W कॉलेज में हुई है।

**15.** *(e)* दिए गए संयोजनों में से कोई भी संयोजन सही नहीं है।

**उत्तर** (प्र.सं. 16-20) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है

| तल संख्या | व्यक्ति | पसन्दीदा घड़ी |
|---|---|---|
| 7 | R | Casio |
| 6 | S | Tissot |
| 5 | Q | Fastrack |
| 4 | U | Seiko |
| 3 | T | Fossil |
| 2 | P | Omega |
| 1 | V | Citizen |

**16.** *(b)* S के एकदम नीचे Q रहता है।

**17.** *(d)* Seiko पसन्द करने वाले से ऊपर तीन लोग Q, S तथा R रहते हैं।

**18.** *(c)* T, Fossil पसन्द करता है।

**19.** *(b)* Q तल संख्या 5 पर रहता है।

**20.** *(b)* Fastrack तथा Casio पसन्द करने वालों के बीच में केवल एक व्यक्ति, S रहता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 21-25) दी गई जानकारी से व्यवस्था निम्न है

| व्यक्ति | जन्म वर्ष | वर्तमान आयु (2017 में) |
|---|---|---|
| A | 1974 | 43 वर्ष |
| B | 1961 | 56 वर्ष |
| C | 1970 | 47 वर्ष |
| D | 1996 | 21 वर्ष |
| E | 1987 | 30 वर्ष |
| F | 2000 | 17 वर्ष |
| G | 1980 | 37 वर्ष |
| H | 1983 | 34 वर्ष |

**21.** *(b)* B के अतिरिक्त अन्य सभी का जन्म वर्ष सम संख्या है।

**22.** *(a)* D तथा F दो व्यक्ति, E से आयु में छोटे हैं।

**23.** *(e)* D वर्ष 1996 में पैदा हुआ था।

**24.** *(d)* A की वर्तमान आयु = 43 वर्ष

उसके अंकल उससे 21 वर्ष बड़े हैं।

∴ A के अंकल की आयु = 43 + 21 = 64 वर्ष

***25.*** *(a)* B तथा H की आयु में अन्तर = 56 − 34 = 22 वर्ष

***26.*** *(d)* दी गई जानकारी के अनुसार,

| फरदीन ↓ | देव ↓ | एहसान ↓ |
|---|---|---|
| लाल<br>गुलाबी | नीला<br>पीला | हरा<br>सफेद |
| ↑ चारु | ↑ बबलू | ↑ अतुल |

अतः बबलू के विपरीत देव बैठा है।

***27.*** *(d)* दी गई जानकारी से अवस्था निम्न है,

| फिल्म | दिन |
|---|---|
| F | सोमवार |
| E | मंगलवार |
| H | बुधवार |
| G | गुरुवार |
| D | शुक्रवार |

अतः बुधवार को H प्रदर्शित हुई थी।

***28.*** *(d)* प्रश्नानुसार,

| | P | Q | R | S | T |
|---|---|---|---|---|---|
| A | ✗ | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ |
| B | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ | ✓ |
| C | ✓ | ✗ | ✗ | ✗ | ✗ |
| D | ✗ | ✗ | ✓ | ✗ | ✗ |
| E | ✗ | ✗ | ✗ | ✓ | ✗ |

सारणी से स्पष्ट है कि विकल्प (d) 'B, नगर S से है' सही नहीं है।

***29.*** *(c)* प्रश्नानुसार, व्यवस्थित करने पर सातों व्यक्तियों और विभिन्न रंगों की टोपियों का क्रम निम्न प्रकार होगा

A — पीली या हरी या नीली
B — पीली या हरी या नीली
C — पीली या हरी या नीली
D — बैंगनी
E — जामुनी
F — लाल
G — नारंगी

अतः F द्वारा पहनी टोपी का रंग लाल है।

**उत्तर** (प्र.सं. 30-34) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| सदस्य | लिंग | परिवार | कार |
|---|---|---|---|
| A | पुरुष | Y | III |
| B | महिला | Z | III |
| C | महिला | Y | II |
| D | महिला | X | I |
| E | पुरुष | X | II |
| F | महिला | Y | I |
| G | पुरुष | Z | II |
| H | पुरुष | Z | I |

***30.*** *(d)* कार I में D, F तथा H यात्रा कर रहे हैं।

***31.*** *(c)* कार III में A तथा B यात्रा कर रहे हैं।

***32.*** *(a)* परिवार Y और Z के F तथा G सदस्य अलग-अलग कार में यात्रा करते हैं।

***33.*** *(e)* B, C, D तथा F महिलाओं का समूह है।

***34.*** *(b)* परिवार X और Y के D तथा F सदस्य कार I में यात्रा कर रहे हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 35-39) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| व्यक्ति | लिंग | कार |
|---|---|---|
| P | - | इण्डिका |
| Q | पुरुष | इण्डिगो |
| R | पुरुष | एस्टीम |
| S | - | इण्डिका |
| T | महिला | इण्डिगो |
| U | पुरुष | इण्डिका |
| V | महिला | एस्टीम |

***35.*** *(c)* इण्डिका में P, S तथा U यात्रा कर रहे हैं।

***36.*** *(b)* R, Q व U निश्चित रूप से पुरूष हैं।

***37.*** *(b)* Q इण्डिगो कार में यात्रा कर रहा है।

***38.*** *(d)* महिला सदस्य कौन-कौन-सी हैं, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है।

***39.*** *(a)* P इण्डिका कार में यात्रा कर रहा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 40-44) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| मित्र | कॉलेज | शाखा |
|---|---|---|
| A | Z | मैकेनिकल |
| B | Y | सिविल |
| C | X | केमिकल |
| D | X | इलेक्ट्रिकल |
| E | Z | कम्प्यूटर |
| F | Y | एरोनॉटिकल |
| G | Z | इलेक्ट्रॉनिक्स |

***40.*** *(d)* कॉलेज Z में A, E तथा G पढ़ते हैं।

***41.*** *(a)* C, X कॉलेज में पढ़ता है।

***42.*** *(e)* दिए गए संयोजनों में से कोई भी संयोजन सही नहीं है।

***43.*** *(c)* B सिविल इन्जीनियरिंग में पढ़ता है।

***44.*** *(b)* C केमिकल इन्जीनियरिंग में पढ़ता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 45-49) दी गई जानकारी से तालिका बनाने पर,

| विद्यार्थी | कक्षा | पसन्दीदा विषय |
|---|---|---|
| P | V | भूगोल |
| Q | VII | इतिहास |
| R | VI | अंग्रेजी |
| S | IV | गणित |
| T | VIII | हिन्दी |
| V | X | विज्ञान |
| W | IX | संस्कृत |

***45.*** *(b)* W कक्षा IX में पढ़ता है।

***46.*** *(a)* P का पसन्दीदा विषय भूगोल है।

***47.*** *(c)* S का पसन्दीदा विषय गणित है।

***48.*** *(e)* P कक्षा V में पढ़ता है।

***49.*** *(d)* V कक्षा X में पढ़ता है, जिसका पसन्दीदा विषय विज्ञान है।

**उत्तर** (प्र.सं. 50-54) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है




**50.** *(b)* E के दाएँ को दूसरे स्थान पर G बैठा है।

**51.** *(d)* K, प्रोफेसर है।

**52.** *(c)* J-इन्जीनियर के अतिरिक्त अन्य सभी विकल्पों में पहले तथा दूसरे व्यक्ति के बीच में तीन व्यक्ति हैं।

**53.** *(b)* वैज्ञानिक के सम्बन्ध में, L का स्थान दाएँ को दूसरा है।

**54.** *(a)* विकल्प (a) में दिया गया कथन, वकील डॉक्टर के बाएँ को दूसरा है, सत्य है।

**उत्तर** (प्र.सं. 55-59) दी गई जानकारी के अनुसार व्यक्ति, उनके तल और विषय निम्न हैं

| तल | व्यक्ति | विषय |
|---|---|---|
| 7 | P | इतिहास |
| 6 | O | अंग्रेजी |
| 5 | M | कम्प्यूटर |
| 4 | K | वाणिज्य |
| 3 | L | जीवविज्ञान |
| 2 | N | लेखाशास्त्र |
| 1 | J | भूगोल |

**55.** *(a)* J को भूगोल पसन्द है।

**56.** *(e)* वाणिज्य-K संयोजन सही है।

**57.** *(b)* सभी के स्थान परिवर्तित हो जाएँगे।

**58.** *(c)* कोई भी कथन सत्य नहीं है।

**59.** *(e)* O तल नम्बर 6 पर रहता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 60-65) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है




**60.** *(b)* बैंक ऑफ महाराष्ट्र का व्यक्ति A की बगल में बैठा है जोकि सत्य है।

**61.** *(e)* R और PNB के बीच S व्यक्ति बैठा है।

**62.** *(d)* पंक्तियों के अन्तिम छोरों पर सिण्डीकेट बैंक का व्यक्ति और D बैठे हैं।

**63.** *(a)* इण्डियन बैंक का व्यक्ति, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यक्ति के सम्मुख है।

**64.** *(d)* दिया गया सम्बन्ध व्यक्ति के सम्मुख दाएँ (तिर्यक) से है। अतः D का सम्बन्ध इण्डियन बैंक के साथ होगा।

**65.** *(d)* Q के अतिरिक्त अन्य सभी व्यक्ति पंक्तियों के किनारों पर बैठे हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 66-68) दी गई जानकारी के अनुसार, असम्भव युग्म → B – W, C – Z, व W – Y,

| | |
|---|---|
| **पुरुष** → | A, B, C |
| **महिलाएँ** → | W, X, Y, Z |

**66.** *(b)* चूँकि Y को चुना गया है, इसलिए W को नहीं चुना जाएगा। अतः विकल्प (a) और (d) सही नहीं हैं। C, Z के साथ नहीं खेल सकता। अतः विकल्प (c) भी सही नहीं है। अतः टीम में A, C, X और Y होंगे।

**67.** *(c)* चूँकि B को चुना जा रहा है, इसलिए W को नहीं चुना जाएगा तथा W और Y एकसाथ नहीं खेल सकते। अतः विकल्प (a) और (d) सही नहीं हैं। C, Z के साथ नहीं खेल सकता। अतः विकल्प (b) भी सही नहीं है। अतः टीम में A, B, C और X खेलेंगे।

**68.** *(b)* यदि A, B व C को चुन लिया जाए, तो चौथा खिलाड़ी X या Y होगा (चूँकि W और Z नहीं चुने जा सकते)। अतः टीम के दो संयोजन सम्भव हैं।

**69.** *(b)* प्रश्नानुसार, जॉर्ज की विभिन्न कक्षाओं का क्रम निम्न होगा

| दिन | कार्यक्रम |
|---|---|
| सोमवार | संगीत |
| मंगलवार | खेलकूद |
| बुधवार | गणित |
| गुरुवार | इतिहास |
| शुक्रवार | अवकाश |
| शनिवार | साहित्य |
| रविवार | अवकाश |

अतः रविवार के अतिरिक्त, शुक्रवार को जॉर्ज की किसी भी विषय की कक्षा नहीं होगी।

**उत्तर** (प्र.सं. 70-72) दी गई जानकारी को सारणी में व्यवस्थित करने पर,

| मित्र | फुटबॉल | क्रिकेट | हॉकी | बास्केटबॉल |
|---|---|---|---|---|
| A | ✓ | ✓ | × | ✓ |
| B | ✓ | ✓ | ✓ | × |
| C | × | ✓ | ✓ | ✓ |
| D | ✓ | × | ✓ | ✓ |

**70.** *(d)* A, हॉकी नहीं खेलता है।

**71.** *(a)* D फुटबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी खेलता है।

**72.** *(b)* B, C और D हॉकी खेलते हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 73-76) दी गई शर्तों को ध्यान में रखते हुए कमरे तथा उसमें रुकने वाले अतिथियों को निम्न प्रकार व्यवस्थित कर सकते हैं

| कमरे | अतिथि |
|---|---|
| A | S और R |
| B | W |
| C | Q और T |
| D | U |
| E | P |
| F | X |

**73.** *(c)* X, कमरे F में रुकती है।

**74.** *(a)* कमरे A में, S और R रहेंगे।

**75.** *(b)* कमरे C में, Q और T रहेंगे।

**76.** *(d)* प्रश्नों का उत्तर देने के लिए सभी कथन आवश्यक हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 77-79) दी गई जानकारी से




**77.** *(a)* या तो P या R इन्जीनियर है। U, P तथा R के पिता हैं। अतः कह सकते हैं कि U एक इन्जीनियर के पिता हैं, सत्य है।

**78.** *(b)* P का लिंग ज्ञात नहीं है। अतः परिवार में दो या तीन स्त्री सदस्य हैं।

**79.** *(a)* P या तो S का पोता या पोती है।

**उत्तर** (प्र.सं. 80-85) दी गई जानकारी के आधार पर व्यवस्था निम्न है




**80.** *(c)* यदि T से दक्षिणावर्त दिशा में गिनती की जाए तो T एवं इंग्लैण्ड के कप्तान R के बीच दो व्यक्ति Q एवं P बैठे हैं।

**81.** *(a)* ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान P है।

**82.** *(b)* $V \xrightarrow{+3} X \xrightarrow{+4} T \xrightarrow{+5} R \xrightarrow{+6} \boxed{W}$

$S \xrightarrow{+3} R \xrightarrow{+4} V \xrightarrow{+5} P \xrightarrow{+6} \boxed{X}$

**83.** *(c)* बैठक व्यवस्था के आधार पर कहा जा सकता है कि ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैण्ड का कप्तान एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं।

**84.** *(d)* T भारतीय कप्तान है।

**85.** *(d)* Q वेस्टइण्डीज टीम का कप्तान है जोकि R के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 86-90) प्रश्नानुसार, दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**86.** *(e)* N एलजी कम्पनी में कार्य करता है।

**87.** *(e)* N, गहरे नीले रंग की टी-शर्ट पहनने वाले के सामने बैठा है।

**88.** *(c)* K और U क्रमशः पहली पंक्ति और दूसरी पंक्ति के अन्तिम छोर पर बैठे हैं।

**89.** *(b)* G और N के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं।

**90.** *(d)* जिस प्रकार, $K \xrightarrow{+3} H$ और, $W \xrightarrow{+3} Z$

उसी प्रकार, $X \xrightarrow{+3} I$

**उत्तर** (प्र.सं. 91-95) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**91.** *(c)* Q के पास नारंगी रंग की कार है।

**92.** *(b)* R के पास लाल रंग की कार है।

**93.** *(c)* G के पास डैटसन कार है।

**94.** *(b)* H के पास गुलाबी कार है।

**95.** *(c)* S, E के बाएँ तीसरा है।

**उत्तर** (प्र.सं. 96-101) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,




**96.** *(a)* L, N की माता है।

**97.** *(c)* Q और O के बीच में M का कजन N बैठा है।

**98.** *(b)* L को छोड़कर अन्य सभी पुरुष हैं।

**99.** *(b)* O, P का पिता है, सत्य है।

**100.** *(a)* K, Q का दामाद है।

**101.** *(b)* P, K की सिस्टर-इन-लॉ है।

**उत्तर** (प्र.सं. 102-106) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,

| व्यक्ति | माह | तिथि | रंग या फल |
|---|---|---|---|
| E | मार्च | 7 | सेब |
| B | मार्च | 9 | हरा |
| A | मार्च | 16 | पीला |
| D | मार्च | 19 | केला |
| F | जुलाई | 7 | चैरी |
| H | जुलाई | 9 | लाल |
| G | जुलाई | 16 | नीला |
| C | जुलाई | 19 | आम |

**102.** *(a)* B को हरा रंग पसन्द है।

**103.** *(b)* A का जन्म 16 मार्च को हुआ था।

**104.** *(a)* F को चैरी पसन्द है।

**105.** *(a)* C का जन्म 19 जुलाई को हुआ था।

**106.** *(c)* H को लाल रंग पसन्द है।

**उत्तर** (प्र.सं. 107-111) दी गई जानकारी को व्यवस्थित करने पर,

| व्यक्ति | तारीख | शहर |
|---|---|---|
| Q | 7 | पूणे |
| R | 9 | पूणे |
| S | 9 | पटना |
| T | 7 | चण्डीगढ़ |
| U | 9 | पटना |
| V | 7 | कोच्चि |
| W | 4 | पटना |
| X | 7 | पटना |
| Y | 4 | कोच्चि |
| Z | 2 | पूणे |

***107.*** *(d)* T चण्डीगढ़ जाता है।

***108.*** *(e)* अधिकतम व्यक्ति पटना को जाते हैं।

***109.*** *(c)* केवल Y एक सम संख्या वाली तारीख को जाता है जबकि अन्य सभी विषम संख्या वाली तारीख को जाते हैं।

***110.*** *(d)* कथन (d) सत्य है।

***111.*** *(a)* Z माह की 2 तारीख को जाता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 112-116) दी गई जानकारी के आधार पर,

| प्रतीक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| # | 13 | 26 | 39 | 52 | 65 |
| % | 11 | 22 | 33 | 44 | 55 |
| @ | 28 | 35 | 42 | 49 | 56 |

***112.*** *(c)* दिया है, X = #C %D #A #E

∴ X = 39 44 13 65

अब स्पष्ट है कि स्ट्रिंग शर्त (2) का अनुसरण करती है

∴ परिणाम $= 3 \times 4 \times 1 \times 6 = 72$

चूँकि परिणाम 85 से कम है, इसलिए बल्ब P ब्लिंक करेगा।

***113.*** *(d)* दिया है, X = @A @C #D %B

X = 28 42 52 22

अब स्पष्ट है कि यहाँ सभी संख्याएँ सम हैं (शर्त 1 के अनुसार)

तब परिणाम $= 28 + 42 + 52 + 22 = 144$

चूँकि परिणाम 111 – 210 के बीच है इसलिए बल्ब R ब्लिंक करेगा।

***114.*** *(c)* दिया है, X = #A%E%A@B

X = 13 55 11 35

स्पष्ट है कि दो अभाज्य संख्याएँ हैं, अब शर्त (3) से,

परिणाम $= 3 \times 5 \times 1 \times 5 = 75$

चूँकि परिणाम 85 से कम है, इसलिए बल्ब P ब्लिंक करेगा।

***115.*** *(d)* दिया है, X = @A #B @D %C

X = 28 26 49 33

स्पष्ट है यहाँ स्ट्रिंग के परिणाम के लिए शर्त (4) अनुसरण करती है।

इसलिए परिणाम $= 28 + 26 + 49 + 33 = 136$

∴ चूँकि परिणाम सीमा 111-120 है, इसलिए बल्ब R ब्लिंक करती है।

***116.*** *(a)* दिया है, X = @E #D @D #E

X = 56 52 49 65

स्पष्ट है कि यहाँ स्ट्रिंग के परिणाम के लिए शर्त (4) अनुसरण करती है

∴ परिणाम $= 56 + 52 + 49 + 65 = 222$

चूँकि परिणाम 210 से अधिक है, तो S ब्लिंक करेगा।

# 13

# घड़ी

## (Clock)

घड़ी एक ऐसा यन्त्र है, जिसका प्रयोग समय को दर्शाने के लिए किया जाता है अर्थात् जो यन्त्र घण्टे, मिनट तथा सेकण्ड में समय के अन्तराल को व्यक्त करता है, घड़ी कहलाता है।

### घड़ी के अवयव

घड़ी के मुख्यतः चार अवयव होते हैं, जो निम्न हैं

1. **डायल** घड़ी का डायल गोलाकार या आयताकार/वर्गाकार परिधि का होता है जोकि 12 बराबर भागों में विभाजित रहता है, इसे घण्टा अन्तराल कहते हैं। प्रत्येक भाग (घण्टा अन्तराल) 5 बराबर खानों में विभाजित रहता है इसे मिनट अन्तराल कहते हैं। इस प्रकार पूरी परिधि (डायल) $12 \times 5 = 60$ मिनट अन्तरालों (खानों) में विभक्त रहती है।
2. **घण्टे की सूई** घण्टे की सूई, मिनट की सूई से छोटी व साधारणतः मोटी होती है। यह एक निश्चित समय को व्यक्त करती है।
3. **मिनट की सूई** मिनट की सूई, घण्टे की सूई से बड़ी तथा पतली होती है परन्तु सेकण्ड की सूई से छोटी व मोटी होती है।
4. **सेकण्ड की सूई** सेकण्ड की सूई, मिनट की सूई से बड़ी तथा पतली होती है। यह सूई घण्टे तथा मिनट की सूइयों के साथ मिलकर समय की निश्चितता को व्यक्त करती है।

**उदाहरणार्थ** यदि घण्टे की सूई अंक 9 से थोड़ा-सा आगे हो, मिनट की सूई अंक 2 पर हो और सेकण्ड की सूई अंक 5 पर हो, तो यह इस बात को दर्शाती है कि घड़ी में अभी $9 \times 1 = 9$ बजकर, $2 \times 5 = 10$ मिनट तथा $5 \times 5 = 25$ सेकण्ड हो रहे हैं।




डायल

### घड़ी की सूइयों की कुछ विशेष स्थितियाँ



12 बजे (तीनों सूइयों के बीच 0° का अन्तर)




3 बजे (घण्टे की सूई और मिनट की सूई के बीच 90° का अन्तर)




6 बजे (घण्टे की सूई और मिनट की सूई के बीच 180° का अन्तर)




9 बजे (घण्टे की सूई और मिनट की सूई के बीच 270° का अन्तर)

### सूइयों के चलने का मार्ग तथा दिशा

घड़ी की सूइयाँ सदैव बाईं ओर से दाईं ओर वृत्ताकार मार्ग पर चलती हैं तथा इनकी दिशा घड़ी के चलने की दिशा या दक्षिणावर्त दिशा कहलाती है तथा इसके विपरीत दिशा घड़ी के चलने की विपरीत दिशा या वामावर्त दिशा कहलाती है।




जब सेकण्ड की सूई पूरा एक चक्कर लगाती है, तो यह 60 खानों को पार (cross) करती है अर्थात् 60 सेकण्ड पूरा कर लेती है। इसी दौरान मिनट की सूई भी एक खाना आगे बढ़ जाती है।

अतः मिनट की सूई 1 खाना आगे बढ़ने में 60 सेकण्ड का समय लेती है। इसी प्रकार, जब मिनट की सूई पूरा एक चक्कर लगाती है, तो यह भी 60 खानों को पार करती है अर्थात् 60 मिनट पूरा कर लेती है।

इसी दौरान घण्टे की सूई भी 5 खाने आगे बढ़ जाती है।
अतः घण्टे की सूई 5 खाने आगे बढ़ने में 60 मिनट का समय लेती है।

# प्रश्नों के प्रकार

घड़ी पर आधारित कई प्रकार के प्रश्न विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाते हैं। पूछे गए प्रश्नों की विभिन्नता के आधार पर इन्हें निम्न प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है।

## प्रकार *1.* घड़ी के प्रतिबिम्ब पर आधारित प्रश्न

जब किसी घड़ी का दर्पण में काल्पनिक प्रतिरूप बनता है, तो उसे घड़ी का प्रतिबिम्ब कहते हैं। जब हम किसी घड़ी को दर्पण में देखते हैं, तो घड़ी का प्रतिबिम्ब पलटा हुआ प्रतीत होता है अर्थात् घड़ी का बायाँ भाग दाईं तरफ और दायाँ भाग बाईं तरफ प्रतीत होता है।

| **घड़ी में समय** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **प्रतिबिम्ब में समय** | 11 | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 | 12 |

घड़ी में समय = 12 – प्रतिबिम्ब में समय
प्रतिबिम्ब में समय = 12 – घड़ी में समय

यदि किसी घड़ी में 8 बजे हों, तो दर्पण प्रतिबिम्ब में 4 बजते हुए दिखाई देते हैं।



घड़ी के मूल रूप में समय = 8 : 00   दर्पण   घड़ी के प्रतिबिम्ब रूप में समय = 4 : 00

**उदाहरण 1.** उस समय का चयन करें, जो किसी घड़ी में 9:30 की सही दर्पण छवि को दर्शाए। ***(RRB ALP 2018)***

(a) 2 : 30 (b) 6 : 30
(c) 7 : 30 (d) 4 : 30

***व्याख्या*** *(a)* सही समय = 12 : 00 – 9 : 30 = 2 : 30



दर्पण

**उदाहरण 2.** पवन की घड़ी में अंकों के स्थान पर बिन्दुकित निशान अंकित किए गए हैं। यदि किसी दर्पण के सामने रखने पर उसे उसकी घड़ी में दर्पण प्रतिबिम्ब के रूप में 4 बजकर 16 मिनट प्रतीत हो रहे हों, तो बताइए कि उसकी घड़ी में उस समय वास्तव में कितने बज रहे थे?

(a) 7 : 44 (b) 7 : 46
(c) 8 : 44 (d) 7 : 40

***व्याख्या*** *(a)* प्रतिबिम्ब समय = 4 : 16

∴ वास्तविक समय = 12 : 00 – 4 : 16 = 7 : 44



दर्पण

## प्रकार *2.* सूइयों के बीच का कोण ज्ञात करना

घड़ी के डायल की सम्पूर्ण परिधि 360° होती है। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि यदि कोई सूई दक्षिणावर्त दिशा में 12 से चलकर पुनः 12 पर पहुँच जाए, तो यह इस बात को व्यक्त करती है कि सूई 360° के पथ का परिभ्रमण कर चुकी है।




घड़ी के कोई भी दो निकटवर्ती अंकों (जैसे 1 और 2) के बीच के कोण की माप 30° होती है।

मिनट वाली सूई 60 मिनट में एक पूरा चक्कर लगाती है।

∵ 60 मिनट = 360°

∴ 1 मिनट $= \frac{360°}{60} = 6°$

घण्टे की सूई 12 घण्टे में एक पूरा चक्कर लगाती है।

∵ 12 घण्टे = 360°

∴ 1 घण्टा $= \frac{360°}{12} = 30° \Rightarrow$ 60 मिनट = 30°

∴ 1 मिनट $= \frac{30°}{60} = \frac{1}{2}°$

घण्टे की सूई 1 मिनट में $\frac{1}{2}°$ का कोण तय करती है।

संक्षेप में, प्रति मिनट सूइयों का डिग्री में विचलन निम्नवत् है

(i) सेकण्ड की सूई = 360° प्रति मिनट
(ii) मिनट की सूई = 6° प्रति मिनट
(iii) घण्टे की सूई = $\frac{1}{2}°$ प्रति मिनट

### सूत्र द्वारा सूइयों के बीच का कोण ज्ञात करना

(i) जब घण्टे की सूई मिनट की सूई के आगे होती है, तो $t$ बजकर $x$ मिनट पर दोनों सूइयों के बीच का कोण

$$= \left[30\left(t - \frac{x}{5}\right) + \frac{x}{2}\right]^\circ$$

(ii) जब घण्टे की सूई मिनट की सूई से पीछे होती है, तो $t$ बजकर $x$ मिनट पर दोनों सूइयों के बीच का कोण

$$= \left[30\left(\frac{x}{5} - t\right) - \frac{x}{2}\right]^\circ$$

**उदाहरण 3.** जब मिनट की सूई 1 घण्टा 10 मिनट की दूरी तय करती है, तो यह कितने अंश की दूरी तय करती है ?

(a) 60° (b) 80° (c) 360° (d) 420°

***व्याख्या*** *(d)* 1 घण्टा 10 मिनट की दूरी = 60 + 10 = 70 मिनट की दूरी

$\because$ 1 मिनट की दूरी = 6°

$\therefore$ 70 मिनट की दूरी = $70 \times 6° = 420°$

**उदाहरण 4.** एक घड़ी में 4 : 20 बजे, मिनट और घण्टे की सूई के बीच का कोण है *(UKPSC 2016)*

(a) 5° (b) 10° (c) 20° (d) 0°

***व्याख्या*** *(b)* 4 बजकर 20 मिनट पर, घण्टे तथा मिनट दोनों की सूइयाँ 4 पर होंगी। अब, 4 बजे घण्टे की सूई अंक 4 पर तथा मिनट की सूई 12 पर होगी। जब मिनट की सूई 20 मिनट आगे बढ़ेगी, तो 4 : 20 मिनट होगा। इस दौरान घण्टे की सूई भी अंक 4 से कुछ आगे बढ़ जाएगी।

$\because$ मिनट की सूई 1 मिनट आगे बढ़ने पर घण्टे की सूई $\frac{1}{2}^\circ$ आगे बढ़ती है।

अब 4 घण्टे 20 मिनट में घण्टे की सूई द्वारा बनाया गया कोण

$$= 4 \times 30 + 20 \times \frac{1}{2} = 120° + 10° = 130°$$

20 मिनट में मिनट की सूई द्वारा बनाया गया कोण = $20 \times 6° = 120°$

$\therefore$ दोनों सूइयों के बीच का कोण = 130° − 120° = 10°

**सूत्र द्वारा हल**

4 बजकर 20 मिनट पर घण्टे वाली सूई मिनट की सूई से आगे होगी।

तब अभीष्ट कोण = $\left[30\left(t - \frac{x}{5}\right) + \frac{x}{2}\right]^\circ$

यहाँ, $t = 4$ तथा $x = 20 = \left[30\left(4 - \frac{20}{5}\right) + \frac{20}{2}\right]^\circ$

$$= (30 \times 0 + 10)° = 10°$$

# प्रकार *3.* घड़ी की सूइयों द्वारा तय की गई दूरी पर आधारित प्रश्न

घड़ी की सूइयों द्वारा तय की गई दूरी को निम्न प्रकार व्यक्त किया जाता है

(i) मिनट की सूई द्वारा वृत्ताकार मार्ग पर तय की गई दूरी को मिनट के रूप में भी माप सकते हैं। यदि मिनट की सूई 10 छोटे खानों को पार करेगी, तो यह 10 मिनट का समय लेगी अर्थात् 10 मिनट की दूरी तय करेगी।

(ii) घण्टे की सूई द्वारा वृत्ताकार मार्ग पर तय की गई दूरी को घण्टे के रूप में माप सकते हैं। यदि घण्टे की सूई 10 छोटे खानों को पार करेगी, तो यह 2 घण्टे का समय लेगी अर्थात् 2 घण्टे की दूरी तय करेगी।

(iii) 'मिनट दूरी' इकाई का प्रयोग घण्टे की सूई के लिए भी किया जा सकता है।

(iv) यदि घण्टे की सूई 10 छोटे खानों को पार करेगी, तो यह 10 मिनट की दूरी तय करेगी। हालाँकि इसमें 2 घण्टे का समय लगेगा।

अतः यह स्पष्ट है कि यहाँ 'मिनट दूरी' का तात्पर्य केवल दूरी से है न कि समय से है।

जब मिनट की सूई 60 मिनट की दूरी तय करती है, तब घण्टे की सूई 5 मिनट की दूरी तय करती है। इस प्रकार, मिनट की सूई 60 मिनट में घण्टे की सूई से 60 − 5 = 55 मिनट की अधिक दूरी तय करती है।

चूँकि मिनट की सूई, घण्टे की सूई से 55 मिनट की अधिक दूरी 60 मिनट में तय करती है।

$\therefore$ मिनट की सूई, घण्टे की सूई से 1 मिनट की अधिक दूरी $\frac{60}{55} = \frac{12}{11}$ मिनट में तय करेगी।

## 1. जब $t$ व $(t+1)$ बजे के बीच दोनों सूइयाँ $x$ मिनट की दूरी पर हों

जब $t$ व $(t+1)$ बजे के बीच दोनों सूइयाँ $x$ मिनट की दूरी पर हों, तो यह स्थिति दो बार होगी तथा इन स्थितियों में घड़ी में हुआ समय होगा

$$t \text{ बजकर } \frac{(5t \pm x)12}{11} \text{ मिनट}$$

**नोट** यदि मिनट की सूई आगे है, तो '+' चिह्न व घण्टे की सूई आगे है, तो '–' चिह्न का प्रयोग होता है।

**उदाहरण 5.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच कब 5 मिनट की दूरी होगी?

(a) 2 बजकर $6\frac{3}{11}$ मिनट (b) 2 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट

(c) 2 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट (d) 'b' और 'c' दोनों

***व्याख्या*** *(d)* घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी निम्न दो स्थितियों में होगी

**स्थिति I** जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 10 − 5 = 5 मिनट की कम दूरी तय कर ले।

$\because$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 1 मिनट की कम दूरी $\frac{12}{11}$ मिनट में तय करती है।

$\therefore$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 5 मिनट की कम दूरी $5 \times \frac{12}{11} = \frac{60}{11} = 5\frac{5}{11}$ मिनट में तय करेगी।




अतः 2 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर दोनों सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी होगी।

**सूत्र द्वारा हल**

दिया है, $t = 2$ तथा $x = 5$

चूँकि यहाँ घण्टे की सूई आगे है

$\therefore$ अभीष्ट समय = $t$ बजकर $\frac{(5t - x)12}{11}$ मिनट

$$= 2 \text{ बजकर } \frac{(5 \times 2 - 5) \times 12}{11} \text{ मिनट} = 2 \text{ बजकर } \frac{60}{11} \text{ मिनट}$$

या 2 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट

**स्थिति II** जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 10 + 5 = 15 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।




$\because$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 1 मिनट की अधिक दूरी $\frac{12}{11}$ मिनट में तय करती है।

$\therefore$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 15 मिनट की अधिक दूरी $15 \times \frac{12}{11} = \frac{180}{11} = 16\frac{4}{11}$ मिनट में तय करेगी।

अतः 2 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट पर दोनों सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी होगी।

### सूत्र द्वारा हल

चूँकि यहाँ मिनट की सूई आगे है। इसलिए अभीष्ट समय

$= t$ बजकर $\frac{(5t + x)12}{11}$ मिनट $=$ 2 बजकर $\frac{(5 \times 2 + 5) \times 12}{11}$ मिनट

$= 2$ बजकर $\frac{180}{11}$ मिनट या 2 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट

## 2. जब $t$ व $(t+1)$ बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ सम्पाती हों अर्थात् मिलती हों

जब $t$ व $(t + 1)$ बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ परस्पर मिलती हैं, तब घड़ी में हुआ समय $= t$ बजकर $\left(\frac{60t}{11}\right)$ मिनट

**उदाहरण 6.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब आपस में मिलेंगी?

(a) 2 बजकर 10 मिनट
(b) 2 बजकर 15 मिनट
(c) 2 बजकर $1\frac{1}{11}$ मिनट
(d) 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट

***व्याख्या*** (d) 2 बजे घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच $2 \times 5 = 10$ मिनट की दूरी होती है।



अतः जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 10 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी, तब दोनों सूइयाँ आपस में मिल जाएँगी।

$\because$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 1 मिनट की अधिक दूरी $\frac{12}{11}$ मिनट में तय करती है।

$\therefore$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 10 मिनट की अधिक दूरी

$= 10 \times \frac{12}{11} = \frac{120}{11} = 10\frac{10}{11}$ मिनट में तय करेगी।

अतः घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट पर मिलेंगी।

### सूत्र द्वारा हल

दिया है, $t = 2$

$\therefore$ अभीष्ट समय $= t$ बजकर $\left(\frac{60t}{11}\right)$ मिनट $= 2$ बजकर $\frac{120}{11}$ मिनट

या 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट

## 3. जब $t$ व $(t+1)$ बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ एक सीधी रेखा में हों

जब $t$ व $(t + 1)$ बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ एक सीधी रेखा में हो, तब घड़ी में हुआ समय

(i) $t$ बजकर $\frac{(5t - 30)12}{11}$ मिनट, जब $t > 6$

(ii) $t$ बजकर $\frac{(5t + 30)12}{11}$ मिनट, जब $t < 6$

**उदाहरण 7.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब एक-दूसरे के विपरीत (एक-दूसरे से 180° का कोण बनाती हैं) होंगी?

(a) 2 बजकर 40 मिनट
(b) 2 बजकर 45 मिनट
(c) 2 बजकर $40\frac{10}{11}$ मिनट
(d) 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट

***व्याख्या*** (d) सूइयाँ जब एक-दूसरे के विपरीत होती हैं, तब इनके बीच 30 मिनट की दूरी होती है।




30 मिनट की दूरी

जहाँ, H = घण्टे की सूई
M = मिनट की सूई

2 बजे मिनट की सूई घण्टे की सूई से 10 मिनट पीछे होती है। अतः दोनों सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत तब होंगी, जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 30 + 10 = 40 मिनट की अधिक दूरी तय कर लें।

$\because$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 1 मिनट की अधिक दूरी $\frac{12}{11}$ मिनट में तय करती है।

$\therefore$ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 40 मिनट की अधिक दूरी $40 \times \frac{12}{11} = \frac{480}{11} = 43\frac{7}{11}$ मिनट में तय करेगी।

अतः घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर एक-दूसरे के विपरीत होंगी।

### सूत्र द्वारा हल

दिया है, $t = 2$

$\therefore$ अभीष्ट समय $= t$ बजकर $\frac{(5t + 30) \times 12}{11}$ मिनट $(\because t < 6)$

$= 2$ बजकर $\frac{(2 \times 5 + 30) \times 12}{11}$ मिनट

$= 2$ बजकर $\frac{480}{11}$ मिनट

या 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट

### 4. जब $t$ व $(t+1)$ के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ समकोण पर हों

जब $t$ व $(t+1)$ बजे के बीच घड़ी की दोनों सूइयाँ समकोण अर्थात् 90° पर हों, तब घड़ी में हुआ समय

(i) $t$ बजकर $\frac{(5t+15)\times 12}{11}$ मिनट (ii) $t$ बजकर $\frac{(5t-15)\times 12}{11}$ मिनट

**नोट** यदि मिनट की सूई आगे है, तो '+' चिह्न व घण्टे की सूई आगे है, तो '–' चिह्न का प्रयोग होता है।

***उदाहरण* 8.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब समकोण बनाएँगी?

(a) 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट (b) 2 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट

(c) 3 बजकर $10\frac{10}{15}$ मिनट (d) 'b' और 'c' दोनों

***व्याख्या*** (b) 2 बजे मिनट तथा घण्टे की सूइयों के बीच 10 मिनट की दूरी होती है। सूइयाँ एक-दूसरे से समकोण पर तब होती हैं, जब उनमें 15 मिनट की दूरी होती है।




जब मिनट की सूई 10 + 15 = 25 मिनट से अधिक दूरी तय कर ले।

∵ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 1 मिनट की अधिक दूरी $\frac{12}{11}$ मिनट में तय करती है।

∴ मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 25 मिनट की अधिक दूरी $25\times\frac{12}{11}=\frac{300}{11}=27\frac{3}{11}$ मिनट में तय करेगी।

अतः घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 2 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट पर एक-दूसरे से समकोण पर होंगी।

**सूत्र द्वारा हल**

दिया है, $t=2$

∴ अभीष्ट समय $= t$ बजकर $\frac{(5t+15)\times 12}{11}$ मिनट

$= 2$ बजकर $\frac{(2\times5+15)\times 12}{11}$ मिनट

$= 2$ बजकर $\frac{25\times 12}{11}$ मिनट

$= 2$ बजकर $\frac{300}{11}$ मिनट या 2 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट

## प्रकार *4.* गलत घड़ियों (तेज या मन्द घड़ियाँ) पर आधारित प्रश्न

जब एक घड़ी वास्तविक समय से अधिक समय दर्शाती है, तब इस प्रकार की घड़ी को तेज घड़ी कहते हैं।

यदि वास्तविक समय के अनुसार 9 बज रहे हैं, जबकि कोई और घड़ी 9 बजकर 5 मिनट का समय दर्शाए, तो हम कहेंगे कि वह घड़ी तेज घड़ी है और यह 5 मिनट तेज है।

जब एक घड़ी वास्तविक समय से कम समय दर्शाती है, तब इस प्रकार की घड़ी को मन्द घड़ी कहते हैं।

यदि वास्तविक समय के अनुसार 9 बज रहे हैं, जबकि कोई और घड़ी 8 बजकर 50 मिनट का समय दर्शाए, तो हम कहेंगे कि वह घड़ी मन्द घड़ी है और यह 10 मिनट मन्द है।

**नोट** यदि घड़ी की मिनट की सूई सही समय के x मिनटों के अन्तरालों में घण्टे की सूई के आगे आती है, तो घड़ी 0 दिन में $\left(\frac{720}{11}-x\right)\left(\frac{60\times 24}{x}\right)$ मिनट आगे या पीछे होती है। यदि परिणाम धनात्मक प्राप्त होता है, तो घड़ी वास्तविक समय से आगे होती है और यदि परिणाम ऋणात्मक प्राप्त होता है, तो घड़ी वास्तविक समय से पीछे होती है।

***उदाहरण* 9.** घनश्याम की घड़ी तेज चलती है। आज दोपहर को उसकी घड़ी 12 से 5 मिनट पीछे थी, लेकिन शाम को 7 बजे उसने पाया कि उसकी घड़ी 7 बजकर 9 मिनट दर्शा रही है। बताइए कि घनश्याम की घड़ी ने कब सही समय बताया होगा?

(a) 12 : 30 (b) 1 : 30 (c) 2 : 30 (d) 3 : 30

***व्याख्या*** (c) प्रश्नानुसार, 12 बजे घड़ी 5 मिनट पीछे थी और 7 बजे 9 मिनट आगे हो गई। इस प्रकार, घड़ी कुल मिलाकर 9 + 5 = 14 मिनट आगे हो गई।

12 बजे से 7 बजे के बीच लगा कुल समय = 7 घण्टे

∴ घड़ी के प्रति घण्टे तेज चलने की दर $=\frac{14}{7}=2$ मिनट

प्रारम्भ में घड़ी 5 मिनट मन्द थी। घड़ी सही समय तब बताएगी जब यह 5 मिनट तेज हो जाए।

∵ 2 मिनट तेज चलने में घड़ी 1 घण्टे का समय लेती है।

∴ 5 मिनट तेज चलने में घड़ी $\frac{1}{2}\times 5=\frac{5}{2}=2\frac{1}{2}$ घण्टे का समय लेगी।

$2\frac{1}{2}$ घण्टे अथवा 2 घण्टे 30 मिनट पर घड़ी, जो 5 मिनट मन्द थी, वह समय पूरा कर लेगी और इस समय सही समय बताएगी।

***उदाहरण* 10.** किसी घड़ी की मिनट की सूई 63 मिनट के अन्तराल के बाद घण्टे की सूई के आगे आ जाती है, तो बताइए दिन में घड़ी कितना आगे या पीछे होती है?

(a) $54\frac{8}{77}$ मिनट (आगे) (b) $56\frac{8}{77}$ मिनट (आगे)

(c) $53\frac{8}{77}$ मिनट (पीछे) (d) $53\frac{8}{77}$ मिनट (आगे)

***व्याख्या*** (b) यहाँ, x = 63 मिनट,

घड़ी दिन में आगे या पीछे होती है

$$=\left(\frac{720}{11}-x\right)\left(\frac{60\times 24}{x}\right)=\left(\frac{720}{11}-63\right)\left(\frac{60\times 24}{63}\right)=56\frac{8}{77} \text{ मिनट}$$

अतः परिणाम धनात्मक है अर्थात् घड़ी $56\frac{8}{77}$ मिनट आगे होती है।

## प्रकार *5.* निश्चित समय ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में किसी विशेष स्थिति के आधार पर किसी मिटिंग/साक्षात्कार आदि का निश्चित समय ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 11.** दिल्ली के लिए बस हर 35 मिनट बाद छूटती है। पूछताछ अधिकारी ने एक यात्री को बताया कि दिल्ली की बस अभी 10 मिनट पहले ही छूटी है और आगामी बस 9 बजकर 35 मिनट पर जाएगी। बताइए पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को सूचना कितने बजे दी गई?

*(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2016)*

(a) 9 बजकर 10 मिनट (b) 8 बजकर 55 मिनट

(c) 9 बजकर 8 मिनट (d) 9 बजकर 15 मिनट

***व्याख्या*** (a) पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को आगामी बस छूटने का बताया गया समय

= 9 : 35 बजे

अतः इसके पहले छूटी बस 35 मिनट पहले = 9 : 00 बजे

पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को दी गई सूचना

= 9 : 00 + 0 : 10

= 9 बजकर 10 मिनट पर

**_उदाहरण_ 12. एक विद्यालय में कक्षा दोपहर 1 बजे प्रारम्भ होती है और 3 बजकर 52 मिनट तक चलती है। यदि इस समय में 4 अवधि (पीरियड) होते हैं एवं प्रत्येक अवधि (पीरियड) से पहले 4 मिनट का समय एक कमरे से दूसरे कमरे में जाने के लिए छोड़ा जाता है, तो बताइए एक अवधि (पीरियड) कितने मिनट का होता है?**

***(UPSSSC आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा 2018)***

(a) 39 मिनट
(b) 40 मिनट
(c) 41 मिनट
(d) 42 मिनट

***व्याख्या*** (b) माना एक अवधि (पीरियड) का समय $t$ मिनट है। तब

प्रश्नानुसार, $4 \times t + 4 \times (4 - 1) = 03:52 - 01:00$

$\Rightarrow \quad 4 \times t + 4 \times 3 = 02:52$ या 2 घण्टे 52 मिनट

$\Rightarrow \quad 4 \times t + 12 = (2 \times 60 + 52)$

$\Rightarrow \quad 4t = 172 - 12$

$= 160$ मिनट

$\therefore \quad t = 40$ मिनट

## घड़ी से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य

- प्रत्येक घण्टे, घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक बार मिलती हैं। इस स्थिति में दोनों सूइयों के बीच शून्य मिनट की दूरी होती है।
- प्रत्येक घण्टे, घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ दो बार समकोण बनाती हैं। इस स्थिति में दोनों सूइयों के बीच 15 मिनट की दूरी होती है।
- प्रत्येक घण्टे, घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ दो बार एक ही रेखा में होती हैं। इस स्थिति में,
  - (i) दोनों सूइयों के बीच शून्य मिनट की दूरी होती है जब दोनों सूइयाँ एक-दूसरे से मिली होती हैं।
  - (ii) दोनों सूइयों के बीच 30 मिनट की दूरी होती है जब दोनों सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत होती हैं।
- प्रत्येक 12 घण्टे में घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 11 बार आपस में मिलती हैं तथा 24 घण्टे में दोनों सूइयाँ $\frac{11 \times 24}{12} = 22$ बार आपस में मिलती हैं।
- प्रत्येक 12 घण्टे में घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 11 बार एक-दूसरे के विपरीत होती हैं तथा 24 घण्टे में दोनों सूइयाँ $\frac{11 \times 24}{12} = 22$ बार एक-दूसरे के विपरीत होती हैं।
- प्रत्येक 12 घण्टे में घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 22 बार एक रेखा में होती हैं तथा 24 घण्टे में दोनों सूइयाँ $\frac{22 \times 24}{12} = 44$ बार एक रेखा में होती हैं।
- प्रत्येक 12 घण्टे में घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ 22 बार समकोण में होती हैं तथा 24 घण्टे में दोनों सूइयाँ $\frac{22 \times 24}{12} = 44$ बार समकोण में होती हैं।

# अभ्यास प्रश्नावली

**1.** एक दर्पण में घड़ी के प्रतिबिम्ब में समय 3 : 45 दिखाई दे रहा है। वास्तव में घड़ी में कितने बजे हैं ? *(SSC 10+2 2010)*
(a) 8 : 00 (b) 8 : 10 (c) 8 : 15 (d) 8 : 30

**2.** एक दर्पण में देखने पर, एक घड़ी 8 घण्टे 30 मिनट का समय बताती है। सही समय है *(CGPSC Pre 2014)*
(a) 2 : 30 (b) 3 : 30 (c) 4 : 30 (d) 5 : 30
(e) इनमें से कोई नहीं

**3.** सुषमा का दन्त चिकित्सक के पास 7 : 20 सायं का समय मिलने का तय था। दन्त चिकित्सक के कक्ष में घुसते समय उसने दीवार घड़ी की प्रतिछवि देखी। घड़ी की सूइयाँ 4 : 40 दिखा रही थी। वह जानती थी कि प्रतिछाया होने के कारण यह सही समय नहीं है। वह नियत समय से
(a) 20 मिनट विलम्ब से है (b) 20 मिनट पूर्व है
(c) ठीक समय पर है (d) इनमें से कोई नहीं

**4.** यदि घड़ी पर नम्बर 1 को 'M' द्वारा, नम्बर 2 को N द्वारा बदल दिया जाता है और इसी तरह अन्य अंकों को भी बदल दिया जाए, तो जब समय 21:00 होता है, घण्टे की सुई किस अक्षर पर होगी?
(a) S (b) V (c) U (d) T

**5.** यदि हम घड़ी के डायल पर दर्शाए गए 1 से 24 अंकों को अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों से, C से प्रारम्भ करके बदल दें, तो 16 बजे का समय कौन-सा अक्षर दर्शाएगा ? *(SSC Steno 2010)*
(a) W (b) P (c) S (d) R

**6.** श्रमिक ने 2:39:40 बजे एक बल्ब को स्विच ऑन किया और उसी दिन इसको 12:30:34 बजे बन्द कर दिया। बल्ब कितने समय तक जलता रहा? *(RRB ALP 2018)*
(a) 09 घण्टे 50 मिनट 54 सेकेण्ड (b) 10 घण्टे 09 मिनट 06 सेकेण्ड
(c) 06 घण्टे 09 मिनट 09 सेकेण्ड (d) 12 घण्टे 40 मिनट 06 सेकेण्ड

**7.** यदि एक घड़ी की घण्टे वाली सूई 18° आगे घूमती है, तो उसी दौरान मिनट वाली सूई कितने डिग्री घूमेगी? *(RRB ALP 2018)*
(a) 168° (b) 276° (c) 196° (d) 216°

**8.** किसी घड़ी में 3 : 40 पर सूइयों के बीच का कोण क्या होगा? *(UPPSC Pre 2014)*
(a) 130° का (b) 150° का (c) 140° का (d) 125° का

**9.** 7 : 35 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ? *(MAT 2010)*
(a) $7\frac{1°}{2}$ (b) $17\frac{1°}{2}$ (c) $27\frac{1°}{2}$ (d) $37\frac{1°}{2}$

**10.** 1 और 2 बजे के बीच घड़ी की दोनों सुइयाँ आपस में किस समय पर मिलेंगी? *(CGPSC 2019)*
(a) 1 : 30 (b) $1 : 5\frac{5}{11}$ (c) $1 : 10\frac{8}{11}$ (d) $1 : 10\frac{7}{10}$

**11.** यदि किसी घड़ी में 7 बजकर 30 मिनट हो रहे हों, तो उस समय घण्टे एवं मिनट की सूइयों के बीच कितने डिग्री का कोण बनेगा? *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2016)*
(a) 120° (b) 95°
(c) 75° (d) 45°

**12.** 8 : 30 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ? *(SSC 10+2 2010)*
(a) 15° (b) 30°
(c) 45° (d) 75°

**13.** 4 : 37 दोपहर बाद के समय पर मिनट की सूई और घण्टे की सूई के बीच कितना न्यून कोण बनेगा? *(RRB ALP 2018)*
(a) 83.5° (b) 18° (c) 18.5° (d) 6.5°

**14.** 9 : 30 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ? *(IGNOU B.Ed 2010)*
(a) 75° (b) 90° (c) 105° (d) 120°

**15.** 10 : 10 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ?
(a) 30° (b) 45° (c) 90° (d) 115°

**16.** 10 : 35 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ? *(RRB ASM 2008)*
(a) $72\frac{1°}{2}$ (b) $97\frac{1°}{2}$ (c) $107\frac{1°}{2}$ (d) $117\frac{1°}{2}$

**17.** 11 : 20 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ?
(a) 120° (b) 130° (c) 140° (d) 150°

**18.** 12 : 40 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में अधिक से अधिक कितने अंश का कोण बनाती हैं ?
(a) 110° (b) 120° (c) 130° (d) 220°

**19.** 12 : 55 बजे घड़ी की सूइयाँ आपस में कितने अंश का कोण बनाती हैं ?
(a) $27\frac{1°}{2}$ (b) $57\frac{1°}{2}$ (c) $67\frac{1°}{2}$ (d) $87\frac{1°}{2}$

**20.** एक गोल डायल वाली घड़ी में घण्टा, मिनट और सेकण्ड की तीन सूइयाँ हैं। तीनों सूइयाँ 12:00 बजे ठीक एक के ऊपर एक होती हैं। 12:10 बजे, घण्टे और सेकण्ड वाली सूइयों के बीच का कोण कितने डिग्री होगा?
(a) 25° (b) 2° (c) 5° (d) 55°

**21.** एक घड़ी प्रातः 8 बजे का समय दर्शा रही है। घड़ी में अपराह्न के 2 बजे तक घण्टे की सूई कितने अंश घूमेगी ? *(UPPSC Pre 2000)*
(a) 150° (b) 144° (c) 168° (d) 180°

**22.** दीवार घड़ी में 3 : 25 अपराह्न का समय होने पर घण्टे की सूई और मिनट की सूई के बीच का कोण न्यून कोण है *(UPPSC Pre 2002)*
(a) 60° (b) $52\frac{1°}{2}$ (c) $47\frac{1°}{2}$ (d) 42°

**23.** एक दिन में कितनी बार किसी घड़ी की सूइयाँ एक-दूसरे की विपरीत दिशा में होंगी? *(UPPSC Pre 2014)*
(a) 20 (b) 4 (c) 24 (d) 22

**24.** किसी दीवार घड़ी में घण्टे वाली सूई को एक चक्कर पूरा करने में कितना समय लगता है ? *(Uttarakhand PSC Pre 2005)*
(a) 60 मिनट (b) 720 मिनट (c) 1440 मिनट (d) 1 दिन

**25.** एक सप्ताह में, एक घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई में कितनी बार एक-दूसरे के साथ समकोण पर होती हैं ? *(RRB ALP 2018)*
(a) 44 (b) 24 (c) 54 (d) 308

**26.** अपराह्न 1 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलते हुए एक घड़ी की घण्टे की सूई तथा मिनट की सूई कितनी बार समकोणों पर स्थित होंगी ? *(UPPSC Pre 2009)*
(a) 9 (b) 10 (c) 16 (d) 20

**27.** सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलते हुए एक घड़ी की घण्टे की सूई तथा मिनट की सूई कितनी बार समकोणों पर स्थित होंगी ? *(MAT 2010)*
(a) 12 (b) 22
(c) 36 (d) 48

**28.** एक परिशुद्ध घड़ी 3 : 00 बजे का समय दर्शा रही है। घण्टे की सूई के 135° घूमने के बाद समय होगा *(UPPSC Pre 2006)*
(a) 7 : 30 (b) 6 : 30
(c) 8 : 00 (d) 9 : 30

**29.** 3 और 4 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब आपस में मिलेंगी?
(a) 3 बजकर 15 मिनट (b) 3 बजकर 30 मिनट
(c) 3 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट (d) 3 बजकर $16\frac{1}{12}$ मिनट

**30.** 10 और 11 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब आपस में मिलेंगी?
(a) 10 बजकर 55 मिनट (b) 10 बजकर 50 मिनट
(c) 10 बजकर 45 मिनट (d) 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट

**31.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब एक-दूसरे के विपरीत होंगी या कब एक-दूसरे से 180° का कोण बनाएँगी ?
(a) 2 बजकर 10 मिनट (b) 2 बजकर 15 मिनट
(c) 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट (d) 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट

**32.** 3 और 4 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब एक-दूसरे के विपरीत होंगी या कब एक-दूसरे से 180° का कोण बनाएँगी ?
(a) 3 बजकर $49\frac{1}{11}$ मिनट (b) 3 बजकर $54\frac{4}{11}$ मिनट
(c) 3 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट (d) 3 बजकर $16\frac{3}{11}$ मिनट

**33.** 9 बजे के बाद, रात्रि 9 और 10 बजे के बीच एक दीवार घड़ी की घण्टा और मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे की विपरीत दिशा में किस समय होंगी? *(SSC 10+2 2012)*
(a) 9 बजकर 15 मिनट (b) 9 बजकर 16 मिनट
(c) 9 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट (d) 9 बजकर $17\frac{1}{11}$ मिनट

**34.** 10 और 11 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब एक ही रेखा में होंगी ?
(a) 10 बजकर $27\frac{5}{11}$ मिनट (b) 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट
(c) 10 बजकर $21\frac{9}{11}$ मिनट (d) 'b' और 'c' दोनों

**35.** 1 और 2 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब समकोण (90° का कोण) बनाएँगी ?
(a) 1 बजे (b) 1 बजकर $21\frac{9}{11}$ मिनट
(c) 1 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट (d) 'b' और 'c' दोनों

**36.** 4 और 5 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब समकोण (90° का कोण) बनाएँगी ?
(a) 4 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट (b) 4 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट
(c) 4 बजकर $38\frac{2}{11}$ मिनट (d) 'b' और 'c' दोनों

**37.** 5 : 30 और 6 : 00 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ कब समकोण (90° का कोण) बनाएँगी ?
(a) 5 बजकर 40 मिनट (b) 5 बजकर 45 मिनट
(c) 5 बजकर $43\frac{5}{11}$ मिनट (d) 5 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट

**38.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच कब 5 मिनट की दूरी होगी (या कब 30° का कोण बनाएँगी)?
(a) 2 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट (b) 2 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट
(c) 2 बजकर $8\frac{3}{11}$ मिनट (d) 'a' और 'b' दोनों

**39.** एक यान्त्रिक दीवार घड़ी इस समय 7 घण्टा 40 मिनट 6 सेकण्ड दिखा रही है। मान लिया जाए कि यह हर एक घण्टे में 4 सेकण्ड खो देती है, तो ठीक $6\frac{1}{2}$ घण्टे बाद यह घड़ी क्या समय दिखाएगी? *(UPSSSC अमीन परीक्षा 2016)*
(a) 14 घण्टा 9 मिनट 40 सेकण्ड
(b) 14 घण्टा 10 मिनट 6 सेकण्ड
(c) 14 घण्टा 9 मिनट 38 सेकण्ड
(d) 14 घण्टा 10 मिनट 42 सेकण्ड

**40.** 6 और 7 बजे के बीच किस समय घड़ी की सूइयाँ एकसाथ होंगी? *(UP B.Ed 2012)*
(a) 6 बजकर $32\frac{8}{11}$ मिनट (b) 6 बजकर $34\frac{8}{11}$ मिनट
(c) 6 बजकर $30\frac{8}{11}$ मिनट (d) 6 बजकर $32\frac{5}{7}$ मिनट

**41.** एक घड़ी 1 बजे एक बार, 2 बजे दो बार ...... 12 बजे बारह बार बजती है। 2 दिन में घड़ी कितनी बार बजेगी? *(WBSC 2018)*
(a) 78 (b) 264
(c) 312 (d) 444

**42.** एक व्यक्ति अपने मित्र से मिलने पहली बार दोपहर 12 : 30 बजे आया, दूसरी बार 1 : 20 बजे आया, तीसरी बार 2 : 30 बजे आया और चौथी बार 4 : 00 बजे आया। वह फिर कब मिलने आएगा? *(MPPSC Pre 2004)*
(a) 5 : 00 बजे (b) 5 : 20 बजे
(c) 5 : 50 बजे (d) 6 : 10 बजे

**43.** एक घड़ी नौ बजकर चौदह मिनट (9 बजकर 14 मिनट) का समय दिखाती है। घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियों में एक-दूसरे से तथ्यत: अदला-बदली कर दी जाती है। घड़ी द्वारा दिखाया जाने वाला नया समय निम्नलिखित में से किस एक के निकटतम है? *(UPPSC Pre 2006)*
(a) तीन बजने में 12 मिनट (b) तीन बजने में 13 मिनट
(c) तीन बजने में 14 मिनट (d) तीन बजने में 15 मिनट

**44.** अपराह्न 6 बजे से 7 बजे के बीच किस समय, किसी घड़ी की मिनट की सूई घण्टे की सूई से 3 मिनट आगे होगी? *(UPSC CSAT 2015)*
(a) अपराह्न 6 : 15 (b) अपराह्न 6 : 18
(c) अपराह्न 6 : 36 (d) अपराह्न 6 : 48

**45.** एक घड़ी पहले घण्टे के दौरान 1 मिनट, दूसरे घण्टे के अन्त में 2 मिनट, तीसरे घण्टे के अन्त में 4 मिनट, चौथे घण्टे के अन्त में 8 मिनट तेज हो जाती है। इस प्रकार यह सिलसिला चलता है। यह बताइए कि किस घण्टे के अन्त में घड़ी ठीक साठ मिनट से अधिक तेज हो जाएगी? *(SSC CGL 2013)*
(a) पाँचवाँ (b) छठा
(c) सातवाँ (d) आठवाँ

**46.** एक रेलगाड़ी 3 मिनट विलम्ब से चल रही है और आगे वह प्रत्येक मिनट 3 सेकण्ड विलम्ब होती जा रही है। बताइए कि यह ट्रेन कितनी मिनटों के बाद पूरा एक घण्टा विलम्ब हो जाएगी?
(a) 1140 मिनट (b) 1150 मिनट
(c) 1160 मिनट (d) 1800 मिनट

**47.** एक घड़ी प्रत्येक एक घण्टे में 5 मिनट बढ़ जाती है। सेकण्ड की सूई एक मिनट के अन्दर कितने कोण के बराबर चक्कर लगाएगी? ***(SSC CGL 2013)***
(a) 360° (b) 360.5° (c) 390° (d) 380°

**48.** एक घड़ी प्रतिदिन 15 मिनट तेज हो जाती है। यदि यह ठीक 12 बजे दोपहर को मिला दी जाए, तो यह 4 बजे पूर्वाह्न को क्या समय बताएगी?
(a) 4 : 10 (b) 4 : 15 (c) 4 : 20 (d) 4 : 30

**49.** एक घड़ी प्रत्येक 3 घण्टे में 12 सेकण्ड आगे बढ़ जाती है। यदि उसे रविवार को अपराह्न 3 बजे सही सैट करके चलाएँ, तो मंगलवार को प्रातः 10 बजे वह क्या समय बताएगी ? ***(MPPSC Pre 2007)***
(a) 10 बजकर 2 मिनट 50 सेकण्ड
(b) 10 बजकर 3 मिनट 2 सेकण्ड
(c) 10 बजकर 2 मिनट 54 सेकण्ड
(d) 10 बजकर 2 मिनट 52 सेकण्ड

**50.** एक घड़ी आधी रात से, पहले घण्टे के अन्त में 5 मिनट, दूसरे घण्टे के अन्त में 10 मिनट, तीसरे घण्टे के अन्त में 15 मिनट और इसी तरह लेट होती जाती है। बताइए कि 6 घण्टे के बाद घड़ी में कितना समय होगा ?
(a) 6 : 00 (b) 6 : 30 (c) 4 : 15 (d) 5 : 30

**51.** 8 : 50 बजे से 20 मिनट पहले बैठक स्थल पर पहुँचते हुए सतीश को यह मालूम हुआ कि वह 40 मिनट देर से आने वाले व्यक्ति से तीस मिनट पहले आ गया है। यह बताइए कि बैठक का निर्धारित समय क्या था? ***(SSC Steno 2013)***
(a) 8 : 20 (b) 8 : 10 (c) 8 : 05 (d) 8 : 00

**52.** कमला अपने समस्त गृहकार्य को रात को दस बजे से पहले पूरा करना चाहती है, क्योंकि उसे रात को दस बजे टीवी पर एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम देखना है। उसके पास तैयार किए गए प्रत्येक पाँच विषयों के लिए 40 मिनट का कार्यभार समय है। किस अन्तिम समय में कार्य को प्रारम्भ करने से कमला गृहकार्य को भी पूर्ण करके ठीक समय पर टीवी पर कार्यक्रम भी देख सकती है?
(a) सायं 6 : 40 बजे (b) सायं 6 : 30 बजे
(c) सायं 7 : 10 बजे (d) सायं 7 : 20 बजे

**53.** परीक्षक महोदय 8 : 35 बजे परीक्षा कक्ष में पहुँचे। विजय उनके 45 मिनट देर से पहुँचा और इस प्रकार वह परीक्षा के समय से 15 मिनट देर से पहुँचा। बताइए कि परीक्षक महोदय निर्धारित समय से कितने मिनट पहले पहुँचे थे ?
(a) 10 मिनट (b) 20 मिनट (c) 30 मिनट (d) 45 मिनट

**54.** अपने पड़ाव से प्रत्येक 40 मिनट पर इलाहाबाद के लिए एक बस रवाना होती है। एक इनक्वेरी क्लर्क ने एक यात्री से कहा कि 10 मिनट पहले एक बस चली गई है और अगली बस 9 : 45 बजे सुबह इलाहाबाद के लिए रवाना होगी। बताइए कि पूछताछ क्लर्क ने यात्री को यह जानकारी कितने बजे दी थी?
(a) 8 : 55 बजे (b) 9 : 35 बजे
(c) 9 : 25 बजे (d) 9 : 15 बजे

**55.** किसी रेलवे स्टेशन पर सुधा से एक व्यक्ति ने कहा– ''आगरा के लिए प्रत्येक ढाईं घण्टे पर ट्रेन जाती है। एक ट्रेन 40 मिनट पहले गई है और अगली ट्रेन निर्धारित समयानुसार 6 : 00 बजे प्रातः जाएगी।'' उस व्यक्ति ने यह सूचना सुधा को कितने बजे दी थी ?
(a) 3 : 30 बजे (b) 5 : 10 बजे
(c) 4 : 10 बजे (d) 3 : 50 बजे

**56.** दीपक अपने घर से बस स्टॉप के लिए सामान्य से 15 मिनट पहले निकला। बस स्टॉप पहुँचने में उसे 10 मिनट लगते हैं। वह 8 : 40 प्रातः बस स्टॉप पर पहुँचा। वह सामान्यतः कितने बजे बस स्टॉप के लिए निकलता है? ***(Rajasthan Police Constable 2014)***
(a) 8 : 40 प्रातः (b) 8 : 55 प्रातः
(c) 8 : 45 प्रातः (d) 8 : 35 प्रातः

**57.** देवेश अपने घर से सुबह 6 : 40 पर निकलता है और 25 मिनट में रमेश के घर पहुँच जाता है। उसके बाद 15 मिनट में दोनों नाश्ता कर लेते हैं और अपने ऑफिस के लिए रवाना हो जाते हैं। रास्ते में उन्हें 35 मिनट लगते हैं। अपने ऑफिस पहुँचने के लिए वे रमेश के घर से कब रवाना होते हैं ?
(a) 7 : 40 बजे (b) 8 : 15 बजे
(c) 7 : 20 बजे (d) 7 : 55 बजे

**58.** एक स्टैण्ड से चेन्नई के लिए प्रति 40 मिनट पर एक बस छूटती है। एक पूछताछ क्लर्क एक आदमी से कहता है कि बस 10 मिनट पहले ही छूटी है और अगली बस 10:45 बजे सुबह पर छूटेगी। उस व्यक्ति को यह जानकारी कितने बजे दी गई? ***(FCI 2015)***
(a) 10 : 25 बजे सुबह (b) 9 : 55 बजे सुबह
(c) 10 : 15 बजे सुबह (d) 10 : 35 बजे सुबह

**59.** मुम्बई के लिए प्रत्येक 5 घण्टे पर हवाई जहाज जाता है। स्वागत खिड़की (reception counter) से पता चला कि अभी 25 मिनट पहले हवाई जहाज ने उड़ान भरी है। यदि इस समय प्रातः 10 : 45 का समय हो रहा हो, तो हवाई जहाज की अगली उड़ान कब होगी?
(a) 4 : 10 बजे सुबह (b) 2 : 20 बजे सुबह
(c) 3 : 30 बजे सायं (d) 3 : 20 बजे सायं

**60.** मेरठ के लिए बस प्रत्येक साढ़े तीन घण्टे बाद जाती है। यदि मेरठ जाने वाली बस 20 मिनट पहले निकल गई हो और अगली बस के जाने का समय 6 : 30 बजे सायं हो, तो अब समय कितना हो रहा है ?
(a) 3 : 00 बजे सायं
(b) 3 : 20 बजे सायं
(c) 3 : 50 बजे सायं
(d) 6 : 10 बजे सायं

**61.** आधी छुट्टी (मध्यान्तर) के बाद एक विद्यालय 1 बजे से 3 : 52 बजे अपराह्न तक खुलता है। इस अवधि में चार पीरियड लगे थे। प्रत्येक पीरियड के बाद एक कमरे से दूसरे कमरे तक जाने में 4 मिनट की छूट दी जाती है। बताइए कि प्रत्येक पीरियड कितने मिनट का था ? ***(UP B.Ed 2001)***
(a) 39 मिनट (b) 40 मिनट
(c) 41 मिनट (d) 42 मिनट

**62.** एक व्यक्ति 30 किमी/घण्टे की रफ्तार से स्कूटर चलाता है और प्रत्येक घण्टे के बाद 10 मिनट का विश्राम करता है। यदि उसे 110 किमी जाना है और वह 10 : 30 बजे प्रातः प्रस्थान करता है, तो वह अपने गन्तव्य स्थान पर कब पहुँच जाएगा?
(a) अपराह्न 2 : 30 बजे (b) अपराह्न 2 : 40 बजे
(c) अपराह्न 3 : 00 बजे (d) अपराह्न 3 : 30 बजे

**63.** अध्यक्ष महोदय ने साक्षात्कार लेने के लिए सभाकक्ष में 12 : 30 बजे से 10 मिनट पहले प्रवेश किया। वे प्रबन्ध निदेशक से 20 मिनट पहले आए हैं, जोकि 30 मिनट विलम्ब से आए हैं। बताइए कि साक्षात्कार का निर्धारित समय क्या था ?
(a) 12 : 50 (b) 12 : 10
(c) 12 : 40 (d) 12 : 00

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* प्रतिबिम्बित समय = 3 : 45

वास्तविक समय = 12 : 00 – 3 : 45 = 8 : 15




प्रतिबिम्बित समय = 3 : 45 वास्तविक समय = 8 : 15

**2.** *(b)* प्रतिबिम्बित समय = 8 : 30

∴ वास्तविक समय = 12 : 00 – 8 : 30 = 3 : 30




प्रतिबिम्बित समय = 8 : 30 वास्तविक समय = 3 : 30

**3.** *(c)* चूँकि सुषमा ने घड़ी का परावर्तित प्रतिबिम्ब देखा है तथा उसे प्रतिबिम्ब में समय 4 : 40 प्रतीत हुआ जबकि वास्तविक रूप में घड़ी 7 : 20 का समय दिखा रही होगी। इस प्रकार सुषमा ठीक समय पर है।




प्रतिबिम्बित समय = 4:40 वास्तविक समय = 7:20

**4.** *(c)* प्रश्नानुसार,

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| समय → | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| समय → | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| अक्षर → | M | N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X |

∴ 21:00 बजे घण्टे की सूई अक्षर U पर होगी।

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अतः $1 \Rightarrow C$

तो $16 \Rightarrow R$ होगा।

**6.** *(a)* अभीष्ट समयावधि = 12:30:34 – 02:39:40 = 09:50:54

अर्थात् 9 घण्टे 50 मिनट 54 सेकेण्ड

**7.** *(d)* ∵ घण्टे की सूई $\left(\frac{1}{2}\right)^{\circ}$ घूमने में 1 मिनट लगाती है।

∴ 1° घूमने में $\frac{1}{\frac{1}{2}} = 2$ मिनट लगाती है

∴ 18° घूमने में $= 18 \times 2 = 36$ मिनट लगेंगी

अब, मिनट की सुई 1 मिनट में 6° चलती है।

∴ 36 मिनट में, $36 \times 6 = 216°$ चलेगी।

**8.** *(a)* दिया है, $t = 3$ तथा $x = 40$

चूँकि घण्टे की सूई मिनट की सूई से पीछे है।

अतः अभीष्ट कोण $= \left[30\left(\frac{x}{5} - t\right) - \frac{x}{2}\right]^{\circ} = \left[30\left(\frac{40}{5} - 3\right) - \frac{40}{2}\right]^{\circ}$

$= [30 \times 5 - 20]° = [150 - 20]° = 130°$

**9.** *(b)* दिया है, $t = 7$ तथा $x = 35$




∴ अभीष्ट कोण $= \left[30\left(t - \frac{x}{5}\right) + \frac{x}{2}\right]^{\circ} = \left[30\left(7 - \frac{35}{5}\right) + \frac{35}{2}\right]^{\circ}$

$= [30(7-7) + 17.5]^{\circ} = 17\frac{1}{2}^{\circ}$

**10.** *(b)* हम जानते हैं कि घण्टे की सूई 1 मिनट में $\frac{1}{2}°$ कोण तय करती है। तथा मिनट की सूई 1 मिनट में 6° कोण तय करती है। 1 बजे, मिनट और घण्टे की सूई के बीच 30° का कोण होता है अब माना 1 बजे से *n* मिनट बाद घण्टे और मिनट की सूई एकसाथ होंगी

∴ $n \times 6 = 30 + n \times \frac{1}{2}$

$\Rightarrow n\left(6 - \frac{1}{2}\right) = 30 \Rightarrow \frac{11}{2}n = 30$

$\Rightarrow n = \frac{30 \times 2}{11} = \frac{60}{11}$ मिनट

अतः 1 और 2 बजे के बीच दोनों सूई 1 बजकर $\frac{60}{11}$ मिनट अर्थात् 1: $5\frac{5}{11}$ पर मिलेंगी।

**सूत्र द्वारा हल**

दिया है, $t = 1$

∴ अभीष्ट समय $= t$ बजकर $\left(\frac{60t}{11}\right)$ मिनट

$= 1$ बजकर $\frac{60}{11}$ मिनट $= 1$ बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट

**11.** *(d)* $7\frac{1}{2}$ घण्टे में घड़ी की घण्टे वाली सूई द्वारा चली गई दूरी

$= 7\frac{1}{2} \times 30° = \frac{15}{2} \times 30° = 225°$

$\frac{1}{2}$ घण्टे या 30 मिनट में मिनट वाली सूई द्वारा चली गई दूरी

$= 30 \times 6 = 180°$

∴ अभीष्ट कोण $= 225° - 180° = 45°$

**12.** *(d)* समय → 8 : 30 बजे



घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 8 से ऊपर ⇒ 8 से 15° ऊपर
[∵ 30 मिनट में घण्टे की सूई $30 \times \frac{1^\circ}{2} = 15^\circ$ ऊपर चली जाएगी।]
मिनट की सूई → 30 ÷ 5 = 6 पर
घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण = $(8 - 6) \times 30^\circ + 15^\circ$
$= 2 \times 30^\circ + 15^\circ = 60^\circ + 15^\circ = 75^\circ$
अतः अभीष्ट कोण = 75°

**13.** *(a)* दिया है, $t = 4$ तथा $x = 37$

$$\therefore \text{अभीष्ट समय} = \left[30\left(\frac{x}{5} - t\right) - \frac{x}{2}\right]^\circ = \left[30\left(\frac{37}{5} - 4\right) - \frac{37.}{2}\right]^\circ$$
$$= [30 \times (7.4 - 4) - 18.5]^\circ = [30 \times 3.4 - 18.5]^\circ$$
$$= [102 - 18.5] = 83.5^\circ$$

**14.** *(c)* दिया है, $t = 9$ तथा $x = 30$



$$\therefore \text{अभीष्ट समय} = \left[30\left(t - \frac{x}{5}\right) + \frac{x}{2}\right]^\circ$$
$$= \left[30\left(9 - \frac{30}{5}\right) + \frac{30}{2}\right]^\circ$$
$$= [30(9 - 6) + 15]^\circ$$
$$= 30^\circ \times 3 + 15^\circ$$
$$= 90^\circ + 15^\circ = 105^\circ$$

**15.** *(d)* समय → 10 : 10 बजे



घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 10 से ऊपर
⇒ 10 से 5° ऊपर
[∵ 10 मिनट में घण्टे की सूई $10 \times \frac{1^\circ}{2} = 5^\circ$ ऊपर चली जाएगी।]
मिनट की सूई → 10 ÷ 5 = 2 पर ⇒ 12 + 2 = 14
घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण = $(14 - 10) \times 30^\circ - 5^\circ$
$= 4 \times 30^\circ - 5^\circ = 120^\circ - 5^\circ = 115^\circ$
अतः अभीष्ट कोण = 115°

**16.** *(c)* समय → 10 : 35 बजे



घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 10 से ऊपर
⇒ 10 से $17\frac{1^\circ}{2}$ ऊपर
[∵ 35 मिनट में घण्टे की सूई $35 \times \frac{1^\circ}{2} = 17\frac{1^\circ}{2}$ ऊपर चली जाएगी।]
मिनट की सूई → 35 ÷ 5 = 7 पर
घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण = $(10 - 7) \times 30^\circ + 17\frac{1^\circ}{2}$
$= 3 \times 30^\circ + 17\frac{1^\circ}{2} = 90^\circ + 17\frac{1^\circ}{2} = 107\frac{1^\circ}{2}$
अतः अभीष्ट कोण = $107\frac{1^\circ}{2}$

**17.** *(c)* समय → 11 : 20 बजे



घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 11 से ऊपर
⇒ 11 से 10° ऊपर
[∵ 20 मिनट में घण्टे की सूई $20 \times \frac{1^\circ}{2} = 10^\circ$ ऊपर चली जाएगी।]
मिनट की सूई → 20 ÷ 5 = 4 पर ⇒ 12 + 4 = 16
घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण = $(16 - 11) \times 30^\circ - 10^\circ$
$= 5 \times 30^\circ - 10^\circ = 150^\circ - 10^\circ = 140^\circ$
अतः अभीष्ट कोण = 140°

**18.** *(d)* समय → 12 : 40 बजे



घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 12 से ऊपर
⇒12 से 20° ऊपर
[∵ 40 मिनट में घण्टे की सूई $40 \times \frac{1^\circ}{2} = 20^\circ$ ऊपर चली जाएगी।]
मिनट की सूई → 40 ÷ 5 = 8 पर
घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण = $(12 - 8) \times 30^\circ + 20^\circ$
$= 4 \times 30^\circ + 20^\circ = 120^\circ + 20^\circ = 140^\circ$
अतः अभीष्ट कोण = $360^\circ - 140^\circ = 220^\circ$

**नोट** घड़ी सूइयों के बीच बड़ा कोण = 360° − घड़ी की सूइयों के बीच छोटा कोण

**19.** *(b)* समय → 12 : 55 बजे



घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 12 से ऊपर
⇒ 12 से $27\frac{1^\circ}{2}$ ऊपर
[∵ 55 मिनट में घण्टे की सूई $55 \times \frac{1^\circ}{2} = 27\frac{1^\circ}{2}$ ऊपर चली जाएगी।]
मिनट की सूई → 55 ÷ 5 = 11 पर
घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण = $(12 - 11) \times 30^\circ + 27\frac{1^\circ}{2}$
$= 1 \times 30^\circ + 27\frac{1^\circ}{2} = 30^\circ + 27\frac{1^\circ}{2} = 57\frac{1^\circ}{2}$
अतः अभीष्ट कोण = $57\frac{1^\circ}{2}$

**20.** *(c)* घण्टे की सूई द्वारा एक मिनट में तय की गई दूरी = $\frac{1}{2}^\circ$

12 : 10 बजे, 10 मिनट में घण्टे की सूई द्वारा तय की गई दूरी
$= \frac{1}{2} \times 10 = 5^\circ$
अतः 12 : 10 बजे घड़ी की घण्टे और सेकण्ड वाली सूई के बीच 5° का कोण बनेगा।

**21.** *(d)* 8 बजे प्रातः से अपराह्न 2 बजे तक = 8 बजे से 12 बजे + 12 बजे से 2 बजे
= 4 + 2 = 6 घण्टे
∵ 1 घण्टे की दूरी = 30° कोण
∴ 6 घण्टे की दूरी = 6 × 30° = 180° कोण
अतः अभीष्ट कोण = 180°

**22.** *(c)* समय → 3 : 25 बजे
घण्टे तथा मिनट की सूइयों की स्थितियाँ,
घण्टे की सूई → 3 से ऊपर ⇒ 3 से $12\frac{1^\circ}{2}$ ऊपर

[$\because$ 25 मिनट में घण्टे की सूई $25 \times \frac{1^\circ}{2} = 12\frac{1^\circ}{2}$ ऊपर चली जाएगी।]

मिनट की सूई $\rightarrow 25 \div 5 = 5$ पर




घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच का कोण $= (5-3) \times 30^\circ - 12\frac{1^\circ}{2}$

$$= 2 \times 30^\circ - 12\frac{1^\circ}{2}$$

$$= 60^\circ - 12\frac{1^\circ}{2} = 47\frac{1^\circ}{2}$$

अतः अभीष्ट कोण $= 47\frac{1^\circ}{2}$

**23.** *(d)* घड़ी की सूइयाँ, 12 घण्टे में 11 बार विपरीत दिशा में होती है, (जबकि 5-7 के बीच में वे केवल 1 बार, 6 बजे विपरीत दिशा में होती हैं)
अतः 1 दिन अर्थात् 24 घण्टे में घड़ी की सूइयाँ 22 बार विपरीत दिशा में होंगी।

**24.** *(b)* दीवार घड़ी में घण्टे वाली सूई 12 घण्टे में एक चक्कर पूरा करती है।
$\therefore$ 12 घण्टे $= (12 \times 60)$ मिनट $= 720$ मिनट

**25.** *(d)* चूँकि 1 घण्टे में घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई 2 बार समकोण पर होती हैं।
किन्तु 24 घण्टे में घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई $22 \times 2 = 44$ बार समकोण पर होंगी।
अतः घड़ी की दोनों सूईयाँ एक सप्ताह में एक-दूसरे के साथ समकोण पर होंगी $= 44 \times 7 = 308$ बार

**26.** *(c)* अपराह्न 1 बजे से रात्रि 10 बजे तक $= 10 - 1 = 9$ घण्टे
$\because$ घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई समकोण पर प्रत्येक 33वें मिनट में होती हैं।
$\therefore$ 9 घण्टे में घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई $\frac{9 \times 60}{33} = 16$ बार समकोण पर होंगी।

**27.** *(b)* सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक = 12 घण्टे
$\because$ घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई समकोण पर प्रत्येक 33वें मिनट में होती हैं।
$\therefore$ 12 घण्टे में घड़ी की घण्टे की सूई और मिनट की सूई $\frac{12 \times 60}{33} = 22$ बार समकोण पर होंगी।

**28.** *(a)* तीन बजे घण्टे की सूई 3 पर होगी।
$\because$ घण्टे की सूई 1 घण्टे में घूमती है $= 30^\circ$
$135^\circ$ घूमने में लगा समय $= \frac{135}{30} = 4\frac{1}{2}$ घण्टे
अर्थात् $135^\circ$ घूमने के लिए यह सूई $4\frac{1}{2}$ घण्टे का समय लेगी।
अतः अभीष्ट समय = 7 : 30

**29.** *(c)* 3 बजे घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच 15 मिनट $(3 \times 5)$ की दूरी होती है।
अतः जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 15 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी, तब दोनों सूइयाँ आपस में मिल जाएँगी।




$\therefore$ मिलने का समय $= 15 \times \frac{12}{11} = \frac{180}{11}$

$$= 16\frac{4}{11} \text{ मिनट}$$

अतः सूइयाँ 3 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट पर मिलेंगी।

**30.** *(d)* 10 बजे घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच 50 मिनट $(10 \times 5)$ की दूरी होती है।




अतः जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 50 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी, तब दोनों सूइयाँ आपस में मिल जाएँगी।
$\therefore$ मिलने का समय $= 50 \times \frac{12}{11} = \frac{600}{11} = 54\frac{6}{11}$ मिनट
अतः सूइयाँ 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट पर मिलेंगी।

**31.** *(d)* घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत तब होती हैं, जब दोनों के बीच 30 मिनट की दूरी होती है। 2 बजे मिनट की सूई घण्टे की सूई से 10 मिनट पीछे होती है। अतः दोनों सूइयाँ विपरीत तभी होंगी, जब मिनट की सूई $10 + 30 = 40$ मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी।




$\therefore$ इस प्रक्रिया में लगा समय $= 40 \times \frac{12}{11} = \frac{480}{11} = 43\frac{7}{11}$ मिनट
अतः दोनों सूइयाँ 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर एक-दूसरे के विपरीत होंगी।

**32.** *(a)* घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत तब होती हैं, जब दोनों के बीच 30 मिनट की दूरी होती है। 3 बजे मिनट की सूई घण्टे की सूई से 15 मिनट पीछे होती है। अतः दोनों सूइयाँ विपरीत तभी होंगी, जब मिनट की सूई $15 + 30 = 45$ मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी।




$\therefore$ इस प्रक्रिया में लगा समय $= 45 \times \frac{12}{11} = \frac{540}{11} = 49\frac{1}{11}$ मिनट
अतः दोनों सूइयाँ 3 बजकर $49\frac{1}{11}$ मिनट पर एक-दूसरे के विपरीत होंगी।

**33.** *(c)* 9 बजे मिनट की सूई $9 \times 5 = 45$ मिनट पीछे है घण्टे की सूई से।
अतः मिनट की सूई को $45 - 30 = 15$ मिनट स्पेस तय करता है।
$\because$ 55 मिनट स्पेस तय करना बराबर है 60 मिनट के
$\therefore$ 15 मिनट स्पेस तय करना बराबर है $= \frac{60}{55} \times 15 = \frac{180}{11} = 16\frac{4}{11}$
अतः घण्टे की सूई एवं मिनट की सूई 9 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट पर विपरीत दिशा में होंगी।

**34.** *(d)* घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक ही रेखा में तब होती हैं, जब वे या तो आपस में मिले या एक-दूसरे के विपरीत हों।

(i) **जब घड़ी की दोनों सूइयाँ आपस में मिलती हों**
10 बजे घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच 50 मिनट $(10 \times 5)$ की दूरी होती है।
अतः जब मिनट की सूई घण्टे की सूई की अपेक्षा 50 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी, तब दोनों सूइयाँ आपस में मिल जाएँगी।




$\therefore$ मिलने का समय $= 50 \times \frac{12}{11} = \frac{600}{11} = 54\frac{6}{11}$ मिनट
अतः दोनों सूइयाँ 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट पर मिलेंगी।

(ii) **जब घड़ी की दोनों सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत हों**

घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे के विपरीत तब होती हैं, जब दोनों के बीच 30 मिनट की दूरी होती है। 10 बजे मिनट की सूई घण्टे की सूई से 10 मिनट आगे होती है। अतः दोनों सूइयाँ विपरीत तभी होंगी, जब मिनट की सूई 30 − 10 = 20 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।




∴ इस प्रक्रिया में लगा समय $= 20 \times \frac{12}{11} = \frac{240}{11} = 21\frac{9}{11}$ मिनट

अतः दोनों सूइयाँ 10 बजकर $21\frac{9}{11}$ मिनट पर एक-दूसरे के विपरीत होंगी।

***35.*** *(d)* घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे से समकोण पर तब होती हैं, जब उनमें 15 मिनट की दूरी होती है।
1 बजे मिनट तथा घण्टे की सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी होती है।
अतः सूइयाँ समकोण पर निम्न दो स्थितियों में होंगी

**स्थिति I** जब मिनट की सूई 15 + 5 = 20 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।

∴ समकोण बनाने में लगा समय

$= 20 \times \frac{12}{11} = \frac{240}{11}$

$= 21\frac{9}{11}$ मिनट




अतः दोनों सूइयाँ 1 बजकर $21\frac{9}{11}$ मिनट पर समकोण बनाएँगी।

**स्थिति II** जब मिनट की सूई 15 + 5 + 30 = 50 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।

∴ समकोण बनाने में लगा समय

$= 50 \times \frac{12}{11} = 54\frac{6}{11}$ मिनट




अतः दोनों सूइयाँ 1 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट पर समकोण बनाएँगी।

***36.*** *(d)* घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे से समकोण पर तब होती हैं, जब उनमें 15 मिनट की दूरी होती है।
4 बजे मिनट तथा घण्टे की सूइयों के बीच 20 मिनट की दूरी होती है। अतः सूइयाँ समकोण पर निम्न दो स्थितियों में होंगी

**स्थिति I** जब मिनट की सूई 20 − 15 = 5 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।

∴ समकोण बनाने में लगा समय

$= 5 \times \frac{12}{11}$

$= \frac{60}{11} = 5\frac{5}{11}$ मिनट




अतः दोनों सूइयाँ 4 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर समकोण बनाएँगी।

**स्थिति II** जब मिनट की सूई 20 − 15 + 30 = 35 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।

∴ समकोण बनाने में लगा समय

$= 35 \times \frac{12}{11} = \frac{420}{11} = 38\frac{2}{11}$ मिनट




अतः दोनों सूइयाँ 4 बजकर $38\frac{2}{11}$ मिनट पर समकोण बनाएँगी।

***37.*** *(d)* घड़ी की घण्टे तथा मिनट की सूइयाँ एक-दूसरे से समकोण पर तब होती हैं, जब उनमें 15 मिनट की दूरी होती है।
5 बजे मिनट तथा घण्टे की सूइयों के बीच 25 मिनट की दूरी होती है।
सूइयाँ समकोण पर तब होंगी जब मिनट की सूई 25 + 15 = 40 मिनट की अधिक दूरी तय कर ले।

∴ समकोण बनाने में लगा समय $= 40 \times \frac{12}{11}$

$= \frac{480}{11} = 43\frac{7}{11}$ मिनट




अतः दोनों सूइयाँ 5 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर समकोण बनाएँगी।

***38.*** *(a)* जब मिनट की सूई 10 − 5 = 5 मिनट की अधिक दूरी तय कर लेगी, तब दोनों सूइयों के बीच 5 मिनट की दूरी होगी।

∴ इस प्रक्रिया में लगा समय $= 5 \times \frac{12}{11} = \frac{60}{11} = 5\frac{5}{11}$ मिनट

अतः घण्टे तथा मिनट की सूइयों के बीच 2 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर 30° का कोण बनेगा।

***39.*** *(a)* घड़ी एक घण्टे में खोती (पिछड़ती) है = 4 सेकण्ड

तब, घड़ी $6\frac{1}{2}$ घण्टे में खोएगी (पिछड़ेगी)

$= 4 \times \frac{13}{2} = 26$ सेकण्ड

तब, घड़ी में $6\frac{1}{2}$ घण्टे बाद हुआ समय

= (7 : 40 : 06) + (6 : 30 : 00 − 00 : 00 : 26)

= (7 : 40 : 06) + (6 : 29 : 34) = 13 : 69 : 40

⇒ 14:09:40 ⇒ 14 घण्टा 9 मिनट 40 सेकण्ड

***40.*** *(a)* 6 बजे घण्टे एवं मिनट की सूइयों के बीच 30 मिनट का अन्तर है। 60 मिनट में मिनट की सूई 55 मिनट अधिक कवर करती है।
अतः यह 30 मिनट में

$\frac{60}{55} \times 30 = \frac{360}{11} = 32\frac{8}{11}$ मिनट कवर करेगी।




अतः 6 बजकर $32\frac{8}{11}$ मिनट पर दोनों सूइयाँ एकसाथ होंगी।

***41.*** *(c)* घड़ी 12 घण्टे में बजेगी $= \frac{12 \times (12+1)}{2} = \frac{12 \times 13}{2} = 78$ बार

अतः घड़ी दो दिन में बजेगी = 78 × 4 = 312 बार

***42.*** *(c)* व्यक्ति अपने मित्र से मिलने आया
पहली बार = 12 : 30 बजे
दूसरी बार = 1 : 20 बजे = (12 : 30 + 50 मिनट)
तीसरी बार = 2 : 30 बजे = (1 : 20 + 70 मिनट)
चौथी बार = 4 : 00 बजे = (2 : 30 + 90 मिनट)
पाँचवीं बार = 4 : 00 + 110 मिनट = 4 : 00 + 1 : 50 = 5 : 50 बजे

***43.*** *(c)* प्रदर्शित समय = 9 : 14 परिवर्तन के बाद समय = 2 : 46







घड़ी की सूइयों में परिवर्तन के बाद समय = 12 : 00 − 9 : 14
= 2 : 46 बजे = 3 बजने में 14 मिनट

***44.*** *(c)* शाम को 6 बजे से 7 बजे के बीच 6 : 33 बजे वह स्थिति होगी जब मिनट की सूई घण्टे की सूई से आगे होगी।




हम जानते हैं कि मिनट की सूई द्वारा,

1 मिनट में चली गई दूरी = $\frac{12}{11}$ मिनट

∴ 3 मिनट में चली गई दूरी = $3 \times \frac{12}{11}$

$= \frac{36}{11} = 3\frac{3}{11} \approx 3$ मिनट

∴ अभीष्ट समय = 6 : 33 + 0 : 03 = 6 : 36 (अपराह्न)

***45.*** *(c)* प्रश्न से,

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घण्टे ⟶ | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| मिनट ⟶ | 1 | 2 | 4 | 8 | 16 | 32 | 64 |
| | +1 | +2 | +4 | +8 | +16 | +32 | |

अतः 7वें घण्टे में घड़ी 60 मिनट से आगे हो जाएगी।

***46.*** *(a)* 1 घण्टा = 60 मिनट

60 – 3 = 57 मिनट 57 × 60 = 3420 सेकण्ड

∵ 3 सेकण्ड विलम्ब होती है = 1 मिनट में

∴ 3420 सेकण्ड विलम्ब होती है = $\frac{3420}{3}$ = 1140 मिनट में

***47.*** *(b)* प्रत्येक सेकण्ड का स्थान 1° होता है।

घड़ी प्रत्येक एक घण्टे में 5 मिनट बढ़ जाती है।

इसका अर्थ हुआ कि घड़ी एक मिनट में $\frac{5}{60}$ मिनट बढ़ जाती है।

$\frac{5}{60} \times 360° = 30°$

∴ सेकण्ड की सूई द्वारा 1 मिनट में तय की गई अतिरिक्त दूरी = $\frac{30°}{60}$ = 0.5°

अतः सेकण्ड की सूई एक मिनट में 360.5° डिग्री के बराबर चक्कर लगाएगी।

***48.*** *(a)* 12 बजे दोपहर से 4 बजे पूर्वाह्न = 12 बजे दोपहर से 12 बजे रात +12 बजे रात से 4 बजे सुबह

= 12 + 4 = 16 घण्टे

∵ 24 घण्टे (एक दिन) में घड़ी 15 मिनट तेज हो जाती है।

∴ 16 घण्टे में घड़ी $\frac{15 \times 16}{24}$ = 10 मिनट तेज हो जाएगी।

अतः अभीष्ट समय = 4 : 00 + 0 : 10 = 4 : 10

***49.*** *(d)* रविवार अपराह्न 3 बजे से मंगलवार प्रातः 10 बजे तक

= रविवार अपराह्न 3 : 00 बजे से सोमवार अपराह्न 3 : 00 बजे + सोमवार अपराह्न 3 : 00 बजे से 12 : 00 बजे रात +12 : 00 बजे रात से मंगलवार 10 : 00 बजे प्रातः

= 24 + 9 + 10 = 43 घण्टे




∵ 3 घण्टे में घड़ी 12 सेकण्ड तेज हो जाती है।

∴ 43 घण्टे में घड़ी = $\frac{12 \times 43}{3}$ = 172 सेकण्ड

= 2 मिनट 52 सेकण्ड तेज हो जाएगी।

अतः अभीष्ट समय = 10 : 00 : 00 + 0 : 02 : 52 = 10 : 02 : 52

= 10 बजकर 2 मिनट 52 सेकण्ड

***50.*** *(c)* आधी रात = 12 बजे से

12 बजे से 6 घण्टे = 6 बजे

∴ 6 घण्टे में विलम्ब = 5 + 10 + 15 + 20 + 25 + 30 = 105 मिनट

= 1 घण्टा 45 मिनट

अतः अभीष्ट समय = 6 : 00 – 1 : 45 = 4 : 15

***51.*** *(a)* सतीश के पहुँचने का समय = 8:50 – 0:20 = 8:30 बजे

40 मिनट देर से आने वाले व्यक्ति का समय = 8:30 + 0:30 = 9 बजे

अतः बैठक का वास्तविक समय = 9:00 – 0:40 = 8:20 बजे

***52.*** *(a)* कुल कार्यभार समय = 40 × 5 मिनट = 200 मिनट = 3 घण्टे 20 मिनट

∴ अभीष्ट समय = 10 : 00 – 3 : 20 = 6 : 40

अर्थात् 6 : 40 बजे कार्य प्रारम्भ करने से वह अपने गृहकार्य को भी पूर्ण करके ठीक समय पर टीवी कार्यक्रम भी देख सकती है।

***53.*** *(c)* विजय के पहुँचने का समय = 8 : 35 + 0 : 45 = 8 : 80 = 9 : 20 बजे

परीक्षा का निर्धारित समय = 9 : 20 – 0 : 15 = 9 : 05 बजे

अतः परीक्षक महोदय निर्धारित समय से 9 : 05 – 8 : 35 = 0 : 30 अर्थात् 30 मिनट पहले पहुँचे थे।

***54.*** *(d)* पहली बस का समय = 9 : 45 – 0 : 40 = 9 : 05

पूछताछ क्लर्क द्वारा दी गई सूचना का समय = 9 : 05 + 0 : 10

= 9 : 15 बजे

***55.*** *(c)* अगली ट्रेन का समय = 6 : 00 बजे

पहली ट्रेन का समय = 6 : 00 – 2 : 30 = 3 : 30 बजे

व्यक्ति द्वारा दी गई सूचना का समय = 3 : 30 + 0 : 40 = 4 : 10 बजे

***56.*** *(c)* दीपक का घर से निकलने का समय = 8 : 40 – 0 : 10 = 8 : 30 बजे

दीपक सामान्यतः बस स्टॉप के लिए निकलता है

= 8 : 30 + 0 : 15 = 8 : 45 बजे (प्रातः)

***57.*** *(c)* अभीष्ट समय = 6 : 40 + 0 : 25 + 0 : 15 = 6 : 80 = 7 : 20 बजे

***58.*** *(c)* पहली बस जाने का समय = 10 : 45 – 0 : 40 = 10 : 05 बजे सुबह

चूँकि पहली बस 10 मिनट पहले जा चुकी है।

∴ व्यक्ति को जानकारी मिलने का समय = 10 : 05 + 0 : 10

= 10 : 15 बजे सुबह

***59.*** *(d)* पहले हवाई जहाज की उड़ान का समय = 10 : 45 – 0 : 25

= 10 : 20 बजे

अगले हवाई जहाज की उड़ान का समय = 10 : 20 + 5 घण्टे

= 15 : 20 = 3 : 20 बजे सायं

***60.*** *(b)* पहली बस के जाने का समय = 6 : 30 – 3 : 30 = 3 : 00 बजे

∴ अभीष्ट समय = 3 : 00 + 0 : 20 = 3 : 20 बजे सायं

***61.*** *(b)* कुल समय = 1 : 00 बजे से 3 : 52 बजे तक

= 2 घण्टे 52 मिनट

= 172 मिनट

छूट में व्यतीत समय = 4 × 3 = 12 मिनट

कुल पीरियड में लगा समय = 172 – 12 = 160 मिनट

∴ प्रत्येक पीरियड की अवधि = $\frac{160}{4}$ = 40 मिनट

***62.*** *(b)* स्कूटर की रफ्तार = 30 किमी/घण्टा

कुल दूरी = 110 किमी

प्रत्येक घण्टे विश्राम की अवधि = 10 मिनट

प्रस्थान का समय = 10 : 30

110 किमी की दूरी को स्कूटर द्वारा तय करने में लगा समय

= $\frac{110}{30} \times 60$ = 220 मिनट

= 3 घण्टे 40 मिनट

∵ विश्राम की अवधि = 10 × 3 = 30 मिनट

विश्राम सहित कुल लगा समय = 3 घण्टे 40 मिनट + 30 मिनट

= 4 घण्टे 10 मिनट

अतः गन्तव्य स्थान तक पहुँचने का समय = 10 : 30 + 4 : 10

= 14 : 40 = 2 : 40

अतः अभीष्ट समय = 2 : 40 अपराह्न

***63.*** *(b)* अध्यक्ष महोदय के पहुँचने का समय = 12 : 30 – 0 : 10 = 12 : 20 बजे

प्रबन्ध निदेशक के पहुँचने का समय = 12 : 20 + 0 : 20 = 12 : 40 बजे

∴ साक्षात्कार का निर्धारित समय = 12 : 40 – 0 : 30 = 12 : 10 बजे

# 14

# कैलेण्डर
## (Calendar)

कैलेण्डर एक ऐसा स्रोत है जो दिन, सप्ताह, महीना एवं वर्ष के बीच पारस्परिक सम्बन्धों को प्रदर्शित करता है। अन्य शब्दों में, हम कह सकते हैं कि किसी वर्ष में सन्निहित माह, सप्ताह, तिथि और दिनों को निरूपित करने वाली तालिका को कैलेण्डर कहते हैं।

कैलेण्डर में निम्नलिखित पाँच अवयव होते हैं

1. दिन (Day) 2. सप्ताह (Week) 3. महीना (Month)
4. वर्ष (Year) 5. तिथि (Date)

### 1. दिन

किसी भी सप्ताह के 7वें भाग को दिन (एक दिन) कहते हैं। एक दिन में 24 घण्टे होते हैं।

### 2. सप्ताह

किसी भी वर्ष के 52वें भाग को सप्ताह कहते हैं। किसी भी सप्ताह में 7 दिन होते हैं। ये सात दिन निम्न हैं

(i) रविवार (Sunday) (ii) सोमवार (Monday)
(iii) मंगलवार (Tuesday) (iv) बुधवार (Wednesday)
(v) बृहस्पतिवार/गुरुवार (Thursday) (vi) शुक्रवार (Friday)
(vii) शनिवार (Saturday)

### 3. माह

किसी भी वर्ष के 12वें भाग को माह या महीना कहते हैं। महीनों में दिनों की संख्याएँ निम्नवत् हैं

| | |
|---|---|
| (i) जनवरी | 31 दिन |
| (ii) फरवरी | 28 दिन (सामान्य वर्ष), 29 दिन (अधिवर्ष) |
| (iii) मार्च | 31 दिन |
| (iv) अप्रैल | 30 दिन |
| (v) मई | 31 दिन |
| (vi) जून | 30 दिन |
| (vii) जुलाई | 31 दिन |
| (viii) अगस्त | 31 दिन |
| (ix) सितम्बर | 30 दिन |
| (x) अक्टूबर | 31 दिन |
| (xi) नवम्बर | 30 दिन |
| (xii) दिसम्बर | 31 दिन |

### 4. वर्ष

किसी भी शताब्दी के 100वें भाग या 12 माह की संयुक्त अवधि को एक वर्ष कहते हैं।

### 5. तिथि

किसी भी माह में दिनों के क्रमांक को तिथि या तारीख कहते हैं।

## साधारण वर्ष

जब पृथ्वी अपने अण्डाकार पथ से घूमकर सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा कर लेती है, तो चक्कर लगाने में लगे समय को एक वर्ष या सौर वर्ष कहते हैं। एक साधारण वर्ष 365 दिनों (52 सप्ताह + 1 दिन) का होता है।

## अधिवर्ष (लीप वर्ष)

एक वर्ष में 365 दिन, 5 घण्टे, 48 मिनट और 45.51 सेकण्ड होते हैं। एक साधारण वर्ष 365 दिन का होता है। इस प्रकार प्रत्येक साधारण वर्ष, सौर वर्ष से 5 घण्टे, 48 मिनट और 45.51 सेकण्ड छोटा होता है। यदि वर्ष की गणना हमेशा 365 दिन के आधार पर ही की जाती रहे, तो प्रत्येक वर्ष, साधारण वर्ष, सौर वर्ष से 5 घण्टे, 48 मिनट और 45.51 सेकण्ड छोटा होता चला जाएगा और कैलेण्डर गलत या अशुद्ध हो जाएगा। इस अशुद्धि को दूर करने के लिए प्रत्येक चार वर्ष बाद फरवरी माह में 1 दिन जोड़ दिया जाता है और इस प्रकार फरवरी माह 29 दिन की हो जाती है तथा वह वर्ष 366 दिन का हो जाता है। 366 दिन (52 सप्ताह + 2 दिन) वाले इसी वर्ष को हम अधिवर्ष या (leap year) कहते हैं।

**नोट** (i) ऐसे वर्ष (शताब्दी वर्ष को छोड़कर), जो अंक 4 से पूर्णतः विभाजित नहीं होते हैं, साधारण वर्ष होते हैं। जैसे— 2001, 2002, 2003, 2005, 2006, 2007, ... इत्यादि।

(ii) ऐसे वर्ष (शताब्दी वर्षों को छोड़कर), जो अंक 4 से पूर्णतः विभाजित होते हैं, अधिवर्ष होते हैं। जैसे— 2004, 2008, 2012, 2016, ... इत्यादि।

(iii) ऐसे शताब्दी वर्ष, जो संख्या 400 से पूर्णतः विभाजित नहीं होते हैं, शताब्दी साधारण वर्ष होते हैं। जैसे— 100, 200, 300, 500, 600, ... इत्यादि।

(iv) ऐसे शताब्दी वर्ष, जो संख्या 400 से पूर्णतः विभाजित हो जाते हैं, शताब्दी अधिवर्ष होते हैं। जैसे—400, 800, 1200, 1600, 2000, 2400, ... इत्यादि।

***उदाहरण* 1.** निम्न में से कौन-सा शताब्दी अधिवर्ष (लीप वर्ष) है?
*(CGPSC Pre 2013)*

(a) 2800 (b) 1800
(c) 2600 (d) 300
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(a)* वे शताब्दी वर्ष, जो 400 से पूर्ण रूप से विभाजित हैं, अधिवर्ष कहलाते हैं।

अतः $\frac{2800}{400} = 7$

अतः वर्ष 2800 एक अधिवर्ष है।

## विषम दिन

सात दिनों में एक सप्ताह का एक चक्र पूरा हो जाता है। अतः 8वाँ, 9वाँ, 10वाँ, ... दिन इस चक्र में क्रमशः 1, 2, 3, ... दिन अतिरिक्त होंगे। 14वें दिन दूसरा चक्र भी पूरा हो जाता है। पुनः 15वाँ, 17वाँ, ... दिन इस चक्र में क्रमशः 1, 2, 3, ... दिन अतिरिक्त होंगे। इस प्रकार दिनों का चक्र आगे बढ़ता जाता है।

दिनों के पूर्ण चक्र के बाद बचे अतिरिक्त दिनों को ही विषम दिन कहते हैं। यदि प्रारम्भ सोमवार दिन से किया जाए, तो 8 दिनों की समयावधि में एक पूर्ण चक्र तथा एक अतिरिक्त दिन (विषम दिन) प्राप्त होगा। एक पूर्ण चक्र में सभी दिन बारी-बारी से आते हैं। इसके बाद दिन पुनः आवर्तित होने लगते हैं। इस प्रकार, एक विषम दिन उस चक्र के प्रथम दिन के आवर्तन की ओर संकेत करता है। अतः 8वाँ दिन भी सोमवार होगा।

## विषम दिनों की गणना

विषम दिन ज्ञात करने के लिए हम दिनों की संख्या को 7 से विभाजित करते हैं, क्योंकि सप्ताह में 7 दिन होते हैं। भाग की इस प्रक्रिया में, जो भागफल प्राप्त होता है, वह दिनों के पूर्ण चक्रों को दर्शाता है तथा जो शेष बचता है, वह विषम दिनों को दर्शाता है। यदि शेष नहीं बचता है, तो विषम दिनों की संख्या शून्य होगी।

निम्न उदाहरणों से ऊपर बताए गए नियम को समझ सकते हैं

(i) 28 दिनों में विषम दिनों की गणना निम्न प्रकार से करेंगे

7 ) 28 ( 4
28
0

⇒ 4 पूर्ण चक्र तथा विषम दिन = 0

(ii) 29 दिनों में विषम दिनों की गणना निम्न प्रकार से करेंगे

7 ) 29 ( 4
28
1

⇒ चार पूर्ण चक्र तथा विषम दिन = 1

(iii) 30 दिनों में विषम दिनों की गणना निम्न प्रकार से करेंगे

7 ) 30 ( 4
28
2

⇒ चार पूर्ण चक्र तथा विषम दिन = 2

(iv) 31 दिनों में विषम दिनों की गणना निम्न प्रकार से करेंगे

7 ) 31 ( 4
28
3

⇒ चार पूर्ण चक्र तथा विषम दिन = 3

उक्त नियम के आधार पर वर्ष के माह में विषम दिनों की संख्या ज्ञात कर सकते हैं जैसा कि आगे सारणी में दिया गया है

| **माह** | जनवरी | फरवरी | | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्टूबर | नवम्बर | दिसम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | साधारण | अधिवर्ष | | | | | | | | | | |
| **विषम दिनों की संख्या** | 3 | 0 | 1 | 3 | 2 | 3 | 2 | 3 | 3 | 2 | 3 | 2 | 3 |

इसी प्रकार,

1 साधारण वर्ष = 365 दिन = 52 सप्ताह + 1 अतिरिक्त दिन

अतः एक साधारण वर्ष में 1 विषम दिन होता है।

1 अधिवर्ष = 366 दिन = 52 सप्ताह + 2 अतिरिक्त दिन

1 शताब्दी वर्ष = 100 वर्ष = 76 साधारण वर्ष + 24 अधिवर्ष

= 76 + 24 × 2 = 124 अतिरिक्त दिन

= (17 × 7) + 5 = 5 अतिरिक्त दिन

100 वर्षों में विषम दिन = 5 विषम दिन

200 वर्षों में विषम दिन = 5 × 2 = 10 दिन

= 1 सप्ताह + 3 दिन = 3 विषम दिन

300 वर्षों में विषम दिन = 5 × 3 = 15 दिन

= 2 सप्ताह + 1 दिन = 1 विषम दिन

400 वर्षों में विषम दिन = (5 × 4) + 1 = 21 दिन

= 3 सप्ताह + 0 विषम दिन

इसी प्रकार, 800, 1200, 1600, 2000 आदि वर्षों में विषम दिनों की संख्या 0 होती है।

### महत्त्वपूर्ण तथ्य

- किसी साधारण वर्ष में निम्न माह के प्रथम दिन समान होते हैं
  जनवरी ↔ अक्टूबर
  फरवरी ↔ मार्च ↔ नवम्बर
  अप्रैल ↔ जुलाई
  सितम्बर ↔ दिसम्बर
- किसी अधिवर्ष में निम्न माह के प्रथम दिन समान होते हैं
  जनवरी ↔ अप्रैल ↔ जुलाई
  फरवरी ↔ अगस्त
  मार्च ↔ नवम्बर
  सितम्बर ↔ दिसम्बर
- साधारण वर्ष का पहला और अन्तिम दिन समान होता है।
- अधिवर्ष का पहला और अन्तिम दिन असमान होता है अर्थात् अन्तिम दिन, पहले दिन से एक दिन आगे बढ़ जाता है।
- किसी शताब्दी का प्रथम दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार या शनिवार हो सकता है।
- किसी शताब्दी का अन्तिम दिन बुधवार, शुक्रवार तथा रविवार हो सकता है, परन्तु मंगलवार, बृहस्पतिवार या शनिवार नहीं हो सकता है।
- साधारण क्रमागत वर्षों में किसी निश्चित तिथि के दिन की तुलना में उसके ठीक अगले वर्ष में उस तिथि का दिन एक दिन आगे बढ़ जाता है।
- साधारण वर्ष के बाद अगला वर्ष अधिवर्ष हो, तो किसी निश्चित तिथि का दिन पहले दिन की तुलना में 1 दिन (जनवरी से फरवरी तक)/2 दिन (मार्च से दिसम्बर तक) आगे बढ़ जाता है।

# प्रश्नों के प्रकार

सामान्यतः विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में इस अध्याय से तीन प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* किसी निश्चित तिथि का दिन ज्ञात करना

### 1. जब निर्देशित दिन दिया गया हो

इस प्रकार के प्रश्नों में, एक निश्चित तिथि और उस तिथि का दिन दिया गया होता है। इसी जानकारी के आधार पर अभ्यर्थियों को दी गई दूसरी तिथि के दिन को ज्ञात करना होता है।

***चरण I*** निर्देशित तिथि तथा वह तिथि, जिसका दिन ज्ञात करना है, के बीच कुल विषम दिनों की संख्या ज्ञात करते हैं।
(कुल विषम दिनों की संख्या की गणना करने के लिए निर्देशित दिन को छोड़ देते हैं लेकिन पूछे गए दिन को गिनते हैं)

***चरण II*** निश्चित तारीख पर सप्ताह का दिन निर्देशित दिन के बाद कुल विषम दिनों की संख्या के बराबर होता है, यदि निर्देशित तारीख पूछे गए दिन के पहले की है। लेकिन यदि निर्देशित दिन पूछे गए दिन के बाद का है, तो उस निश्चित तारीख को सप्ताह का दिन निर्देशित दिन के पहले कुल विषम दिनों की संख्या के बराबर होता है।

***उदाहरण* 2.** यदि 15 अगस्त, 2011 को सोमवार था, तो 17 सितम्बर 2011 को कौन-सा दिन था ?

(a) शनिवार (b) शुक्रवार (c) बृहस्पतिवार (d) रविवार

***व्याख्या*** *(a)* अगस्त माह 31 दिन का होता है, तब 15 अगस्त, 2011 से 15 सितम्बर, 2011 तक 3 विषम दिन होंगे। अतः 17 सितम्बर, 2011 तक 2 और विषम दिनों के कारण कुल 3 + 2 = 5 विषम दिन हो जाएँगे।
अतः 17 सितम्बर, 2011 को सोमवार + 5 = शनिवार था।

***उदाहरण* 3.** 10 नवम्बर, 2001 को मंगलवार था, तो बताइए 11 नवम्बर 1601 को कौन-सा दिन था ?

(a) मंगलवार (b) शुक्रवार (c) बुधवार (d) शनिवार

***व्याख्या*** *(c)* $\because$ 10 नवम्बर, 2001 से 10 नवम्बर, 1601 तक वर्षों की संख्या
= 400 = 0 विषम दिन

$\therefore$ 10 नवम्बर, 1601 को भी मंगलवार ही था। इसलिए 11 नवम्बर, 1601 को बुधवार होगा।

***उदाहरण* 4.** यदि किसी साधारण वर्ष का पहला दिन रविवार हो, तो अगले वर्ष का पहला दिन क्या होगा ?

(a) बृहस्पतिवार (b) शुक्रवार
(c) शनिवार (d) सोमवार

***व्याख्या*** *(d)* हम जानते हैं कि किसी साधारण वर्ष में जिस दिन से वर्ष प्रारम्भ होता है, अगला वर्ष उसके अगले दिन से प्रारम्भ होता है। अतः यदि किसी साधारण वर्ष का पहला दिन रविवार हो, तो अगले वर्ष का पहला दिन सोमवार होगा।

### 2. जब निर्देशित दिन न दिया गया हो

जब निर्देशित दिन दिया गया हो, तब किसी निश्चित तिथि का दिन ज्ञात करने के लिए निम्न चरणों का अनुसरण करते हैं

(i) इस प्रकार के प्रश्नों में 1 जनवरी, सन् 1 को सोमवार का दिन होता है।
(ii) एक वर्ष को 1 जनवरी, सन् 1 से 31 दिसम्बर सन् 1 तक माना जाता है।
(iii) जिस तिथि पर दिन पूछा जाता है, उस तिथि तक विषम दिनों की संख्या ज्ञात कर लेते हैं इसके बाद उस संख्या को 7 से भाग कर लेते हैं तथा जो शेषफल बचता है, उसे निम्न तालिका में देखकर दिन ज्ञात कर लेते हैं

| दिन | रवि | सोम | मंगल | बुध | बृहस्पति | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विषम दिनों की संख्या | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

***उदाहरण* 5.** 26 जनवरी, 1989 को सप्ताह का दिन क्या था? *(RRB ALP 2018)*

(a) मंगलवार (b) बृहस्पतिवार
(c) रविवार (d) सोमवार

***व्याख्या*** *(b)* 26 जनवरी, 1989 तक विषम दिनों की संख्या
= 1600 वर्षों में विषम दिन + 300 वर्षों में विषम दिन + 88 वर्षों में विषम दिन + 26 दिनों में विषम दिन
$= 0 + 1 + (22 \times 2 + 66) + 5$ ($\because$ 88 वर्षों में 22 वर्ष अधिवर्ष हैं)
$= 0 + 1 + 110 + 5 = 116$ दिन
= 16 सप्ताह 4 विषम दिन

अतः तालिका से, 26 जनवरी, 1989 को दिन बृहस्पतिवार था।

# प्रश्नावली 14.1

**1.** यदि 25 सितम्बर को गुरुवार है, तो उसी वर्ष में 25 अक्टूबर का दिन होगा *(Haryana Police Constable 2016)*
(a) रविवार (b) सोमवार (c) शुक्रवार (d) शनिवार

**2.** 11 जनवरी, 2018 को गुरुवार था, तो 11 जून, 2019 को कौन-सा दिन होगा? *(RRB ALP 2018)*
(a) रविवार (b) बुधवार (c) मंगलवार (d) सोमवार

**3.** यदि 1 जनवरी, 2006 को रविवार था, तो 1 जनवरी, 2007 को कौन-सा दिन रहा होगा? *(CGPSC Pre 2014)*
(a) रविवार (b) सोमवार (c) मंगलवार (d) शनिवार
(e) इनमें से कोई नहीं

**4.** यदि 1980 में गणतन्त्र दिवस शनिवार को था, तो उस वर्ष स्वतन्त्रता दिवस किस दिन था? *(CGPSC Pre 2008)*
(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) बृहस्पतिवार (d) शुक्रवार
(e) इनमें से कोई नहीं

**5.** यदि 15 सितम्बर 2008 को शुक्रवार था, तो 15 सितम्बर 2009 को कौन-सा दिन था? *(SSC 10+2 2009)*
(a) शुक्रवार (b) शनिवार
(c) बृहस्पतिवार (d) रविवार

**6.** सुरेश का जन्म 4 अक्टूबर, 1999 को हुआ था। शशिकान्त का जन्म सुरेश से 6 दिन पहले हुआ था। उस वर्ष स्वतन्त्रता दिवस रविवार को पड़ा था। शशिकान्त किस दिन जन्मा था? *(UP B.Ed 2012)*
(a) मंगलवार (b) बुधवार
(c) सोमवार (d) रविवार

**7.** यदि महीने का चौथा शनिवार 22वाँ दिन है, तो महीने का 13वाँ दिन कौन-सा होगा? *(JPSC Pre 2003)*
(a) मंगलवार (b) बुधवार
(c) बृहस्पतिवार (d) शुक्रवार

**8.** यदि 5 जनवरी, 2012 को सोमवार था, तो 31 मार्च 2013 को कौन-सा दिन था? *(CGPSC 2019)*
(a) रविवार (b) सोमवार
(c) मंगलवार (d) इनमें से कोई नहीं

**9.** मोहिनी 9 दिन पहले चलचित्र देखने गई। वह चलचित्र देखने केवल बुधवार को जाती है। आज सप्ताह का कौन-सा दिन है? *(UKPSC 2016)*
(a) मंगलवार (b) शुक्रवार (c) शनिवार (d) सोमवार

**10.** अप्रैल महीने का पहला दिन बुधवार है। उसी वर्ष में मई माह की पहली तारीख को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा? *(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)*
(a) मंगलवार (b) शनिवार
(c) शुक्रवार (d) सोमवार

**11.** यदि किसी महीने की सात तारीख शुक्रवार से तीन दिन पहले हो, तो महीने की 19 तारीख को कौन-सा दिन होगा? *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी पुनर्परीक्षा 2016)*
(a) रविवार (b) सोमवार
(c) बुधवार (d) शुक्रवार

**12.** यदि किसी माह के 11वें दिन शनिवार हो, तो उसी माह की 27वीं तारीख को कौन-सा दिन आएगा? *(UPSSSC अमीन परीक्षा 2016)*
(a) सोमवार (b) शनिवार (c) शुक्रवार (d) रविवार

**13.** शताब्दी का आखिरी दिन कौन-सा नहीं हो सकता? *(SSC 10+2 2013)*
(a) सोमवार (b) बुधवार
(c) शनिवार (d) रविवार

**14.** 30 दिन के एक माह में पाँच शनिवार हैं। माह का प्रथम दिन कौन-सा होगा? *(SSC MTS 2011)*
(a) रविवार (b) सोमवार
(c) बुधवार (d) शुक्रवार

**15.** 26 जनवरी 2011 से 23 सितम्बर 2011 (इनमें दोनों दिन शामिल हैं) तक दिनों की संख्या बताइए। *(SSC CPO 2011)*
(a) 214 (b) 241
(c) 249 (d) 251

**16.** किसी शताब्दी वर्ष का प्रथम दिन कौन-सा नहीं हो सकता है? *(SSC FCI 2010)*
(a) मंगलवार (b) सोमवार
(c) बुधवार (d) शुक्रवार

**17.** दी गई समस्या के आधार पर दिन ज्ञात कीजिए। यदि नवम्बर की पहली तारीख सोमवार को पड़ती है, तो 25 नवम्बर को कौन-सा दिन होगा? *(SSC CGL 2002)*
(a) मंगलवार (b) बृहस्पतिवार
(c) बुधवार (d) शुक्रवार

**18.** किसी महीने की 4 तारीख को शनिवार आता है। उसी महीने की 27 तारीख को कौन-सा दिन होगा? *(SSC CPO 2002)*
(a) सोमवार (b) बृहस्पतिवार
(c) शुक्रवार (d) शनिवार

**19.** यदि आगामी कल, जोकि शुक्रवार है, के 3 दिन बाद 15 जून पड़ता हो, तो महीने की अन्तिम तारीख को कौन-सा दिन पड़ेगा? *(SSC 10+2 2001)*
(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) बुधवार (d) बृहस्पतिवार

**20.** यदि किसी वर्ष, जोकि अधिवर्ष न हो, का पहला दिन रविवार हो, तो उस वर्ष का अन्तिम दिन कौन-सा होगा? *(UP B.Ed 2010)*
(a) शुक्रवार (b) रविवार
(c) सोमवार (d) मंगलवार

**21.** यदि किसी वर्ष, जोकि अधिवर्ष हो, का पहला दिन शुक्रवार हो, तो उस वर्ष का अन्तिम दिन कौन-सा होगा?
(a) शुक्रवार (b) शनिवार (c) रविवार (d) बृहस्पतिवार

**22.** 31 जनवरी सन् 1 को कौन-सा दिन था?
(a) मंगलवार (b) बुधवार (c) बृहस्पतिवार (d) शुक्रवार

**23.** 28 मई 2006 को सप्ताह का कौन-सा दिन था?
(a) गुरुवार (b) शुक्रवार (c) शनिवार (d) रविवार

**24.** 4 जुलाई, 1776 को कौन-सा दिन था? *(UPSSSC कम्बाइण्ड मेडिकल सर्विसेस परीक्षा 2015)*
(a) बृहस्पतिवार (b) सोमवार (c) मंगलवार (d) शनिवार

**25.** श्रीमान राष्ट्रपति की हत्या 3 अगस्त 1986 को हुई थी। वो सप्ताह का कौन-सा दिन था?
(a) रविवार (b) सोमवार (c) शुक्रवार (d) शनिवार

**26.** दिसम्बर 2018 की कौन-सी तिथियों को बुधवार होगा?
(a) 4, 11, 18 और 25 (b) 5, 12, 19 और 26
(c) 3, 10, 17 और 24 (d) 6, 13, 20 और 27

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* हम जानते हैं कि सितम्बर माह में 30 दिन होते हैं, तब 25 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक विषम दिन = 30 = 4 सप्ताह 2 दिन
अतः 25 अक्टूबर को गुरुवार के 2 दिन बाद का दिन अर्थात् शनिवार होगा।

**2.** *(c)* 11 जनवरी 2018, 11 जून 2019 तक कुल दिनों की संख्या = 516
शेष दिनों की संख्या = 516 ÷ 7 = 5 दिन
$\therefore$ अभीष्ट दिन = गुरुवार + 5 दिन = मंगलवार

**3.** *(b)* एक साधारण वर्ष जिस दिन आरम्भ होता है, उसी दिन पर समाप्त होता है। इसलिए 31 दिसम्बर, 2006 को भी रविवार होगा। अतः 1 जनवरी, 2007 को सोमवार होगा।

**4.** *(d)* भारत का गणतन्त्र दिवस = 26 जनवरी
तथा स्वतन्त्रता दिवस = 15 अगस्त
26 जनवरी से 31 जनवरी = 5 दिन
1 फरवरी से 29 फरवरी = 29 दिन ($\because$ वर्ष 1980 एक लीप वर्ष है)
1 मार्च से 31 मार्च = 31 दिन
1 अप्रैल से 30 अप्रैल = 30 दिन
1 मई से 31 मई = 31 दिन
1 जून से 30 जून = 30 दिन
1 जुलाई से 31 जुलाई = 31 दिन
1 अगस्त से 15 अगस्त = 15 दिन
कुल = 202 दिन

अर्थात् 202 ÷ 7 $\Rightarrow$ 7 ) 202 ( 28
14
62
56
6 ⟵ शेषफल (विषम दिन)

$\therefore$ 15 अगस्त 1980 का दिन = शनिवार + 6 = शुक्रवार

**5.** *(b)* प्रश्नानुसार, 15 सितम्बर, 2008 $\Rightarrow$ शुक्रवार
15 सितम्बर, 2008 से 15 सितम्बर, 2009 तक = 1 वर्ष
$\therefore$ विषम दिनों की संख्या = 1
अब, 15 सितम्बर, 2008 का दिन = शुक्रवार + 1 = शनिवार
अतः 15 सितम्बर, 2009 को शनिवार था।

**6.** *(b)* शशिकान्त का जन्म 29 सितम्बर, 1999 को हुआ था।
15 अगस्त, 1999 को रविवार था।
15 अगस्त से 29 सितम्बर तक दिनों की संख्या
16 + 29 = 45 दिन = 6 सप्ताह तथा 3 विषम दिवस
रविवार + 3 = बुधवार
अतः शशिकान्त बुधवार को जन्मा था।

**7.** *(c)* प्रश्नानुसार, 22 तारीख $\Rightarrow$ शनिवार
22 − 7 = 15 तारीख $\Rightarrow$ शनिवार
15 − 2 = 13 तारीख
$\Rightarrow$ शनिवार − 2 = बृहस्पतिवार
अतः महीने का 13वाँ दिन बृहस्पतिवार होगा।

**8.** *(d)* 5 जनवरी, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक विषम दिन
= 5 जनवरी, 2012 से 5 जनवरी, 2013 तक + 5 जनवरी, 2013 से 31 मार्च, 2013 तक विषम दिन
= 2 + 26 + 28 + 31 = 87 विषम दिन = 3 विषम दिन
अतः 31 मार्च, 2013 को सोमवार के बाद तीसरा दिन अर्थात् गुरुवार होगा।

**9.** *(b)* बुधवार ---------●--------- शुक्रवार
↑
आज

9 दिन में विषम दिन = 2
$\therefore$ आज बुधवार के दो दिन बाद का दिन शुक्रवार है।

**10.** *(c)* 1 अप्रैल से 1 मई तक दिनों की संख्या = 29 + 1 = 30 दिन
30 दिन में अतिरिक्त दिनों की संख्या = $\frac{30}{7} = 2$
$\therefore$ मई माह की पहली तारीख को दिन = बुधवार + 2 = शुक्रवार

**11.** *(a)* महीने की 7 तारीख का दिन = शुक्रवार − 3 = मंगलवार
महीने का अगला मंगलवार = 14 तारीख
$\therefore$ महीने की 19 तारीख का दिन = मंगलवार + 5 = रविवार

**12.** *(a)* अभीष्ट दिन = शनिवार + (27 − 11 = 16) में विषम दिन
= शनिवार + $\left[\frac{16}{7} = 2 \text{ (शेष)}\right]$
= शनिवार + 2 = सोमवार
उपरोक्त से स्पष्ट है कि मास की 27 वीं तारीख को सोमवार होगा।

**13.** *(c)* 100 वर्षों में 5 विषम दिन होते हैं।
पहली शताब्दी में अन्तिम दिन शुक्रवार है।
200 वर्षों में $(5 \times 2) \equiv 3$ विषम दिन होते हैं।
दूसरी शताब्दी में अन्तिम दिन बुधवार है।
300 वर्षों में $(5 \times 3) = 15 \equiv 1$ विषम दिन होते हैं।
तीसरी शताब्दी में अन्तिम दिन सोमवार है।
400 वर्षों में 0 विषम दिन होते हैं।
चौथी शताब्दी का अन्तिम दिन रविवार है।
यही चक्र चलता रहता है।
अतः शताब्दी का अन्तिम दिन मंगलवार या बृहस्पतिवार या शनिवार नहीं हो सकता।

**14.** *(d)* प्रश्नानुसार, माना 30 तारीख = शनिवार
30 − 7 = 23 तारीख = शनिवार
23 − 7 = 16 तारीख = शनिवार
16 − 7 = 9 तारीख = शनिवार
9 − 7 = 2 तारीख = शनिवार
$\therefore$ 1 तारीख = शनिवार − 1 = शुक्रवार

**15.** *(b)* प्रश्नानुसार,
26 जनवरी से 31 जनवरी = 6 दिन
1 फरवरी से 28 फरवरी = 28 दिन
1 मार्च से 31 मार्च = 31 दिन
1 अप्रैल से 30 अप्रैल = 30 दिन
1 मई से 31 मई = 31 दिन
1 जून से 30 जून = 30 दिन
1 जुलाई से 31 जुलाई = 31 दिन
1 अगस्त से 31 अगस्त = 31 दिन
1 सितम्बर से 23 सितम्बर = 23 दिन
कुल = 241 दिन
अतः अभीष्ट दिनों की संख्या = 241 दिन

**16.** *(c)* हम जानते हैं कि किसी शताब्दी का प्रथम दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार या शनिवार हो सकता है।

**17.** *(b)* प्रश्नानुसार, 1 नवम्बर = सोमवार
1 नवम्बर से 25 नवम्बर तक = 24 दिन
अब, $24 \div 7 \Rightarrow$ 7 ) 24 ( 3
$\underline{21}$
3
शेषफल = 3 = विषम दिन
25 नवम्बर = सोमवार + 3
= बृहस्पतिवार
अतः 25 नवम्बर को बृहस्पतिवार होगा।

**18.** *(a)* प्रश्नानुसार, 4 तारीख = शनिवार
4 तारीख से 27 तारीख तक = 23 दिन
अब, $23 \div 7 \Rightarrow$ 7 ) 23 ( 3
$\underline{21}$
2
शेषफल = 2 = विषम दिन
$\therefore$ 27 तारीख = शनिवार + 2 = सोमवार

**19.** *(c)* प्रश्नानुसार,
आगामी कल के तीन दिन बाद = 15 जून
आगामी कल = $(15 - 3) - 1 = 12 - 1 = 11$ जून
= शुक्रवार
11 जून से 30 जून तक = 19 दिन
अब, $19 \div 7 \Rightarrow$ 7 ) 19 ( 2
$\underline{14}$
5
शेषफल = 5 = विषम दिन
30 जून = शुक्रवार + 5 = बुधवार

**20.** *(b)* हम जानते हैं कि सामान्य वर्ष का पहला और अन्तिम दिन समान होता है। इसलिए यदि पहला दिन रविवार है, तो अन्तिम दिन भी रविवार ही होगा।

**21.** *(b)* हम जानते हैं कि अधिवर्ष का अन्तिम दिन, पहले दिन से एक अधिक होता है।
$\because$ पहला दिन = शुक्रवार
$\therefore$ अन्तिम दिन = शुक्रवार + 1 = शनिवार

**22.** *(b)* दिनों की संख्या = 31   7 ) 31 ( 4
$\underline{28}$
3
$\Rightarrow$ 4 पूर्ण चक्र तथा विषम दिन = 3
$\therefore$ अभीष्ट दिन = बुधवार

**23.** *(d)* 28 मई 2006
= (2005 वर्ष + 1.1.2006 से 28.5.2006) तक की अवधि
1600 वर्षों में विषम दिन = 0
400 वर्षों में विषम दिन = 0
5 वर्षों में (1 अधिवर्ष + 4 सामान्य वर्ष) में विषम दिन
$= (1 \times 2 + 1 \times 4) = 6$
जनवरी से मई तक कुल दिनों की संख्या
जनवरी फरवरी मार्च अप्रैल मई
= 31 + 28 + 31 + 30 + 28 = 148 दिन
$\therefore$ 148 दिन = (21 सप्ताह + 1 दिन) $\equiv$ 1 विषम दिन।
विषम दिनों की संख्या = $(0 + 0 + 6 + 1) = 7 \equiv 0$ विषम दिन।
दिया गया दिन रविवार है।

**24.** *(a)* 4 जुलाई, 1776 = 1775 वर्ष + 6 माह + 4 दिन
1775 वर्षों में विषम दिनों की संख्या $\rightarrow$
1600 वर्षों में विषम दिनों की संख्या = 0
100 वर्षों में = 5
75 वर्षों में = 2
कुल विषम दिनों की संख्या = 7 अर्थात् 0 दिन
(क्योंकि वर्ष 1776, 4 से विभाजित है अतः यह एक लीप वर्ष है)
जनवरी माह में विषम दिनों की संख्या = 3
फरवरी माह में विषम दिनों की संख्या = 1
मार्च माह में विषम दिनों की संख्या = 3
अप्रैल माह में विषम दिनों की संख्या = 2
मई माह में विषम दिनों की संख्या = 3
जून माह में विषम दिनों की संख्या = 2
तथा जुलाई माह में विषम दिनों की संख्या = 4
$\therefore$ कुल विषम दिनों की संख्या = 18
18 दिन = 2 सप्ताह 4 दिन या 4 विषम दिन
अब निम्न सारणी का अनुसरण करने पर,

| विषम दिनों की संख्या | दिन |
|---|---|
| 0 | रविवार |
| 1 | सोमवार |
| 2 | मंगलवार |
| 3 | बुधवार |
| 4 | बृहस्पतिवार |
| 5 | शुक्रवार |
| 6 | शनिवार |

अतः 4 जुलाई, 1776 को बृहस्पतिवार था।

**25.** *(a)* 3 अगस्त 1986 = (1985 वर्ष + 1.1.1986 से 3.8.1986) तक की अवधि
1600 वर्षों में विषम दिन = 0
300 वर्षों में विषम दिन = 1
85 वर्षों में 21 अधिवर्ष + 64 सामान्य वर्ष होते हैं।
85 वर्षों में विषम दिनों की संख्या = $(21 \times 2 + 64) = 106 \equiv 1$ विषम दिन
जनवरी से अगस्त तक दिनों की संख्या
$(31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 3) = 215$ दिन $\equiv$ 5 विषम दिन
$\therefore$ कुल विषम दिनों की संख्या = $(0 + 1 + 1 + 5) = 7 \equiv 0$ विषम दिन
दिया गया दिन रविवार है।

**26.** *(b)* 1 दिसम्बर 2018 को दिन
= 1600 वर्ष + 400 वर्ष + 17 वर्ष + (31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 31 + 30 + 31 + 30 + 1) दिन में विषम दिन
= 0 + 0 + $(4 \times 2 + 13)$ में विषम दिन + 335 दिनों में विषम दिन
= 0 + 6 = 6 विषम दिन अर्थात् शनिवार
इस प्रकार, महीने का पहला बुधवार 5 तारीख को होगा।
अतः महीने की 5, 12, 19 और 26 तारीख को बुधवार होगा।

## प्रकार *2.* किसी साप्ताहिक दिन के आधार पर दिन ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों में, सप्ताह के किसी निर्देशित दिन के आधार पर सप्ताह का अन्य दिन ज्ञात करना होता है।

### दिनों से सम्बन्धित मुख्य तथ्य

(i) कल (बीता हुआ) = आज – 1 दिन
(ii) कल (आने वाला) = आज + 1 दिन
(iii) कल (बीता हुआ) के बाद का दिन = आज
(iv) कल (बीता हुआ) के पहले का दिन = आज – 2 दिन
(v) कल (आने वाला) के बाद का दिन = आज + 2 दिन
(vi) कल (आने वाला) के पहले का दिन = आज
(vii) कल (बीता हुआ) के पहले दिन के बाद का दिन
= [ कल (बीता हुआ) – 1 दिन ] + 1 दिन
= कल (बीता हुआ) = आज – 1 दिन
(viii) कल (आने वाला) के बाद के दिन के पहले का दिन
= [ कल (आने वाला) + 1 दिन ] – 1 दिन
= कल (आने वाला) = आज + 1 दिन
(ix) कल (बीता हुआ) के बाद के दिन के पहले का दिन
= [ कल (बीता हुआ) + 1 दिन ] – 1 दिन
= कल (बीता हुआ) = आज – 1 दिन
(x) कल (आने वाला) के पहले के दिन के बाद का दिन
= [ कल (आने वाला) – 1 दिन ] + 1 दिन
= कल (आने वाला) = आज + 1 दिन

***उदाहरण* 6. यदि कल से पहला दिन सोमवार था, तो अगले दिन के बाद कौन-सा दिन होगा?** ***(RRB ASM 2012)***
(a) शनिवार (b) शुक्रवार
(c) रविवार (d) गुरुवार

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः अगले दिन के बाद शुक्रवार होगा।

***उदाहरण* 7. यदि बीते कल से पहले (परसों) शुक्रवार था, तो सोमवार कब होगा?** ***(UPSSSC परिचालक भर्ती परीक्षा 2015)***
(a) आज
(b) आने वाला कल
(c) आने वाले कल के दो दिन बाद
(d) आने वाले कल के एक दिन बाद

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि आने वाला कल सोमवार होगा।

# प्रश्नावली 14.2

***1.*** यदि बीते कल के पहले वाला दिन शनिवार था, तो आने वाले कल के बाद वाला दिन कौन-सा होगा? ***(UPSSSC वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2015)***
(a) शुक्रवार (b) बृहस्पतिवार (c) बुधवार (d) मंगलवार

***2.*** यदि आने वाले कल के दो दिन बाद बृहस्पतिवार का दिन है, तो बीते कल से तीन दिन पहले सप्ताह का कौन-सा दिन था ? ***(SSC 10+2 2014)***
(a) सोमवार (b) मंगलवार (c) बुधवार (d) बृहस्पतिवार

***3.*** गत कल से अगले दिन से पहला दिन शनिवार से तीन दिन बाद है। आज कौन-सा दिन है ? ***(SSC CGL 2014)***
(a) बृहस्पतिवार (b) शुक्रवार (c) मंगलवार (d) बुधवार

***4.*** यदि बीते हुए कल से तीन दिन पहले बुधवार था, तो आगामी कल के दो दिन बाद कौन-सा दिन होगा? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) बुधवार (b) सोमवार (c) शुक्रवार (d) मंगलवार

***5.*** यदि बीते कल से पहला दिन बुधवार था, तो रविवार कब होगा? ***(SSC 10+2 2013)***
(a) आज से तीन दिन बाद (b) आने वाला कल
(c) आज (d) आने वाले कल से अगला दिन

***6.*** यदि बीते कल से पहला दिन बृहस्पतिवार था, तो रविवार कब होगा? ***(SSC 10+2 2010)***
(a) आज
(b) आज से दो दिन बाद
(c) आने वाला कल
(d) आने वाले कल से अगला दिन

***7.*** यदि आगामी परसों रविवार है, तो आगामी कल के दिन गत परसों का कौन-सा वार होगा ? ***(SSC CGL 2010)***
(a) शुक्रवार (b) बृहस्पतिवार (c) सोमवार (d) मंगलवार

***8.*** यदि आज के तीन दिन बाद मंगलवार होगा, तो बीते कल से चार दिन पहले कौन-सा दिन था ? ***(SSC CPO 2002)***
(a) सोमवार (b) मंगलवार (c) बुधवार (d) रविवार

***9.*** यदि आगामी कल के एक दिन बाद बृहस्पतिवार हो, तो बीते हुए कल के पिछले दिन कौन-सा दिन था ? ***(SSC CGL 2001)***
(a) शनिवार (b) रविवार (c) सोमवार (d) शुक्रवार

***10.*** यदि बीते कल से पहले वाला दिन रविवार था, तो आने वाले कल से अगले दिन से तीसरे दिन कौन-सा दिन होगा?
(a) रविवार (b) सोमवार (c) बुधवार (d) शनिवार

***11.*** यदि गत परसों का दिन रविवार था, तो आगामी परसों कौन-सा दिन होगा? ***(SSC 10+2 2002)***
(a) सोमवार (b) बृहस्पतिवार (c) शुक्रवार (d) शनिवार

***12.*** यदि परसों के दो दिन बाद रविवार आएगा, तो गत परसों कौन-सा दिन था? ***(SSC CGL 2002)***
(a) बुधवार (b) मंगलवार (c) सोमवार (d) रविवार

***13.*** यदि परसों मंगलवार था, तो अगले कल के बाद दिन होगा ***(SSC CPO 2002)***
(a) सोमवार (b) बुधवार (c) शुक्रवार (d) शनिवार

**14.** यदि परसों मंगलवार है, तो परसों के दो दिन बाद कौन-सा दिन होगा? *(SSC CPO 2002)*

(a) सोमवार (b) बुधवार
(c) शनिवार (d) बृहस्पतिवार

**15.** यदि परसों बृहस्पतिवार था, तो कल के चार दिन बाद कौन-सा दिन होगा? *(SSC CPO 2002)*

(a) बृहस्पतिवार (b) सोमवार
(c) शनिवार (d) रविवार

**16.** यदि परसों शनिवार है, तो कल से तीन दिन पहले कौन-सा दिन था?

(a) बृहस्पतिवार (b) सोमवार
(c) शनिवार (d) रविवार

**17.** यदि गत परसों बृहस्पतिवार था, तो रविवार कब होगा? *(SSC CPO 2002)*

(a) आगामी परसों (b) आज
(c) आगामी कल (d) आज से दो दिन बाद

**18.** यदि गत परसों बृहस्पतिवार था, तो सोमवार कब होगा? *(UP B.Ed 2011)*

(a) आगामी परसों (b) आज
(c) आगामी कल (d) आज से तीन दिन बाद

**19.** यदि परसों शनिवार था, तो कल के बाद कौन-सा दिन होगा? *(UP Police SI 2011)*

(a) शुक्रवार (b) बृहस्पतिवार (c) बुधवार (d) मंगलवार

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि आने वाले कल के बाद वाला दिन बुधवार होगा।

**2.** *(d)* प्रश्नानुसार,




बीते हुए कल के तीन दिन पहले बृहस्पतिवार था।

**3.** *(d)* प्रश्नानुसार,




**4.** *(a)* प्रश्नानुसार,




आगामी कल के दो दिन बाद बुधवार होगा।

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार,




आने वाले कल से अगला दिन रविवार होगा।

**6.** *(c)* प्रश्नानुसार,




आने वाला कल रविवार होगा।

**7.** *(b)* प्रश्नानुसार,




आगामी कल के गत परसों बृहस्पतिवार होगा।

**8.** *(a)* प्रश्नानुसार,




कल से चार दिन पहले सोमवार था।

**9.** *(b)* प्रश्नानुसार,




बीते हुए कल के पिछले दिन रविवार था।

**10.** *(a)* प्रश्नानुसार,




आने वाले कल से अगले दिन से तीसरे दिन रविवार होगा।

**11.** *(b)* प्रश्नानुसार,




आगामी परसों बृहस्पतिवार होगा।

**12.** *(c)* प्रश्नानुसार,




गत परसों सोमवार था।

**13.** *(d)* प्रश्नानुसार,




अगले कल के बाद शनिवार होगा।

**14.** *(d)* प्रश्नानुसार,




आगामी परसों के दो दिन बाद बृहस्पतिवार होगा।

**15.** *(a)* प्रश्नानुसार,




कल के चार दिन बाद बृहस्पतिवार होगा।

**16.** *(d)* प्रश्नानुसार,




बीते कल से तीन दिन पहले रविवार था।

**17.** *(c)* प्रश्नानुसार,




आगामी कल रविवार होगा।

**18.** *(a)* प्रश्नानुसार,




आगामी परसों सोमवार होगा।

**19.** *(c)* प्रश्नानुसार,




कल के बाद बुधवार होगा।

## प्रकार *3.* व्यक्तियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर सही तिथि ज्ञात करना

दिन या तिथि के सन्दर्भ में दो या दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग दिन या तिथि की अनुमानित जानकारियाँ दी गई होती हैं। इन्हीं जानकारियों के आधार पर निश्चित दिन या तिथि ज्ञात की जाती है।

***उदाहरण* 8.** विजय को याद है कि उसके पुत्र का जन्मदिन 25 से 30 जनवरी के बीच में है, जबकि उसकी पत्नी सुधा को याद है कि जन्मदिन 22 से 27 जनवरी के बीच में है। विजय के पुत्र का जन्मदिन जनवरी माह की किस तिथि को है ?

(a) 26 (b) 25
(c) 27 (d) 29

***व्याख्या*** *(a)* विजय के अनुसार, पुत्र का जन्मदिन = 26, 27, 28, 29

सुधा के अनुसार, पुत्र का जन्मदिन = 23, 24, 25, 26

अत: विजय के पुत्र का जन्मदिन 26 जनवरी को है।

***उदाहरण* 9.** हरि को याद है कि उसके पिता का जन्मदिन 13 और 16 जून के बीच में पड़ता है जबकि उसकी बहन को याद है कि उनके पिता का जन्मदिन 14 और 18 जून के बीच पड़ता है। उनके पिता का जन्मदिन किस दिन होगा जिस पर दोनों सहमत हों? ***(UP B.Ed 2012)***

(a) 14 जून (b) 15 जून (c) 16 जून (d) 17 जून

***व्याख्या*** *(b)* हरि के अनुसार, उसके पिता का जन्मदिन 14 या 15 जून को था। हरि की बहन के अनुसार, उनके पिता का जन्मदिन 15, 16 या 17 जून को था।

अत: उभयनिष्ठ तिथि = 15 जून।

# प्रश्नावली 14.3

**1.** समंत को याद है कि उसके भाई का जन्मदिवस 15 फरवरी के बाद किन्तु 18 से पहले है। जबकि उसकी बहन की याद के अनुसार उसके भाई का जन्मदिवस 16 फरवरी के बाद किन्तु 19 से पहले है, तब समंत के भाई का जन्मदिवस कब है? ***(MAT 2014)***

(a) 18 (b) 16
(c) 19 (d) 17

**2.** प्रताप को ठीक प्रकार से याद है कि उसकी माँ का जन्मदिवस 23 अप्रैल से पहले परन्तु 19 अप्रैल के बाद है, जबकि उसकी बहन को ठीक प्रकार से याद है कि उसकी माँ का जन्मदिवस न तो 22 अप्रैल को और न इसके बाद हुआ है। उनकी माँ का जन्मदिवस कब है?

(a) 20 (b) 21
(c) 20 या 21 (d) ज्ञात नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

**3.** विनोद को याद है कि उसकी माँ का जन्मदिन 17 अप्रैल के बाद, लेकिन 21 अप्रैल से पहले पड़ता है, जबकि उसकी बहन को याद है कि उसकी माँ का जन्मदिन 19 अप्रैल के बाद लेकिन 24 अप्रैल के पहले पड़ता है। बताइए कि उसकी माँ का जन्मदिन कितने अप्रैल को है?

(a) 19 (b) 20
(c) 21 (d) 22
(e) इनमें से कोई नहीं

**4.** मीता को ठीक प्रकार याद है कि उसके पिता का जन्मदिन 8 जुलाई के बाद लेकिन 12 जुलाई के पहले पड़ता है। मीता के भाई को ठीक से याद है कि पिता का जन्मदिन 10 जुलाई के बाद लेकिन 15 जुलाई से पहले पड़ता है। ज्ञात कीजिए मीता के पिता किस दिन पैदा हुए थे? ***(SBI PO 2014)***

(a) 10 जुलाई
(b) 11 जुलाई
(c) 10 अथवा 11 जुलाई
(d) ज्ञात नहीं हो सकता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**5.** आभा को ठीक से याद है कि उसकी माता का जन्मदिन शुक्रवार से पहले लेकिन सोमवार के बाद है। उसके भाई अभय को ठीक से याद है कि उनकी माता का जन्मदिन बुधवार के बाद लेकिन शनिवार से पहले है। उनकी माता का जन्मदिन निश्चित रूप से निम्न में से किस दिन पड़ता है? ***(Andhra Bank PO 2008)***

(a) मंगलवार
(b) बुधवार
(c) बृहस्पतिवार
(d) शुक्रवार
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**6.** दिनकर को याद है कि उसके भाई दिवाकर का जन्मदिन 11 जनवरी के बाद लेकिन 17 जनवरी से पहले है, जबकि उसके भाई शुभाकर को याद है कि दिवाकर का जन्मदिन 15 जनवरी के बाद लेकिन 18 जनवरी से पहले है। यदि दोनों कथन सत्य हैं, तो बताइए कि दिवाकर का जन्मदिन जनवरी माह की कितनी तारीख को है?

(a) 15 (b) 16 (c) 17 (d) 18
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** राम को याद है कि उसके भाई लक्ष्मण का जन्मदिन 20 के बाद लेकिन 28 अगस्त से पहले है, जबकि उसके भाई भरत को याद है कि लक्ष्मण का जन्मदिन 22 से पहले लेकिन 12 अगस्त के बाद है। यदि दोनों कथन सत्य हैं, तो बताइए कि लक्ष्मण का जन्मदिन अगस्त माह की कितनी तारीख को है?

(a) 20 (b) 21 (c) 22 (d) 24
(e) इनमें से कोई नहीं

**8.** पूनम को याद है कि उसके भाई राहुल का जन्मदिन 18 अगस्त के बाद लेकिन 25 अगस्त के पहले है, जबकि उसकी बहन सुधा को याद है कि राहुल का जन्मदिन 16 अगस्त के बाद लेकिन 20 अगस्त के पहले है। यदि इन दोनों का कथन सत्य है, तो बताइए कि राहुल का जन्मदिन कितने अगस्त को है?

(a) 17 (b) 18 (c) 19 (d) 20
(e) इनमें से कोई नहीं

**9.** राजू को याद है कि उसकी बहन रूबी का जन्मदिन 19 अप्रैल के बाद लेकिन 22 अप्रैल से पहले है, जबकि उसके भाई राजन को याद है कि रूबी का जन्मदिन 20 अप्रैल के बाद लेकिन 24 अप्रैल से पहले है। यदि इन दोनों भाइयों का कथन सत्य है, तो रूबी का जन्मदिन कितने अप्रैल को है ?

(a) 20 (b) 21 (c) 22 (d) 23
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** विजय को याद है कि उसके पुत्र ओमनारायण का जन्मदिन 17 सितम्बर के बाद लेकिन 20 सितम्बर से पहले है, जबकि विजय की पत्नी को याद है कि ओमनारायण का जन्मदिन 18 सितम्बर के बाद लेकिन 21 सितम्बर से पहले है। यदि इन दोनों का कथन सत्य है, तो ओमनारायण का जन्मदिन कितने सितम्बर को है?

(a) 18 (b) 19 (c) 20 (d) 21
(e) इनमें से कोई नहीं

**11.** प्रदीप को सही से याद है कि उसका चेन्नई का दौरा 12 जुलाई से पहले, लेकिन 8 जुलाई के बाद है। उसके मित्र को सही से याद है कि प्रदीप चेन्नई 10 जुलाई के बाद, लेकिन 14 जुलाई से पहले जाएगा, तो किस तिथि को प्रदीप चेन्नई जाएगा? ***(IBPS PO 2011)***

(a) 11 (b) 12 (c) 10 (d) 11 या 12
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* समंत के भाई का जन्मदिवस,

समंत के अनुसार ⇒ 16, (17) फरवरी

समंत की बहन के अनुसार ⇒ (17), 18 फरवरी

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि

= 17 फरवरी

**2.** *(c)* माता का जन्मदिन,

प्रताप के अनुसार ⇒ [19] ⟶ (20), (21), 22 ⟵ [23] अप्रैल

प्रताप की बहन के अनुसार ⇒ ---- (20), (21) ⟵ [22] अप्रैल

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 20 या 21 अप्रैल

**3.** *(b)* माता का जन्मदिन,

विनोद के अनुसार ⇒ [17] ⟶ 18, 19, (20) ⟵ [21] अप्रैल

विनोद की बहन के अनुसार ⇒ [19] ⟶ (20), 21, 22, 23 ⟵ [24] अप्रैल

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 20 अप्रैल

**4.** *(b)* मीता के पिता का जन्मदिन,

मीता के अनुसार ⇒ 9, 10, (11) जुलाई

मीता के भाई के अनुसार ⇒ (11), 12, 13, 14 जुलाई

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 11 जुलाई

**5.** *(c)* माता का जन्मदिन,

आभा के अनुसार ⇒ [सोमवार] ⟶ मंगलवार, बुधवार, (बृहस्पतिवार) ⟵ [शुक्रवार]

अभय के अनुसार ⇒ [बुधवार] ⟶ (बृहस्पतिवार), शुक्रवार ⟵ [शनिवार]

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ दिन = बृहस्पतिवार

**6.** *(b)* दिवाकर का जन्मदिन,

दिनकर के अनुसार ⇒ [11] ⟶ 12, 13, 14, 15, (16) ⟵ [17] जनवरी

शुभाकर के अनुसार ⇒ [15] ⟶ (16), 17 ⟵ [18] जनवरी

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 16 जनवरी

**7.** *(b)* लक्ष्मण का जन्मदिन,

राम के अनुसार ⇒ [20] ⟶ (21), 22, 23, 24, 25, 26, 27 ⟵ [28] अगस्त

भरत के अनुसार ⇒ [12] ⟶ 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, (21) ⟵ [22] अगस्त

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 21 अगस्त

**8.** *(c)* राहुल का जन्मदिन,

पूनम के अनुसार ⇒ [18] ⟶ (19), 20, 21, 22, 23, 24 ⟵ [25] अगस्त

सुधा के अनुसार ⇒ [16] ⟶ 17, 18, (19) ⟵ [20] अगस्त

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 19 अगस्त

**9.** *(b)* रूबी का जन्मदिन,

राजू के अनुसार ⇒ [19] ⟶ 20, (21) ⟵ [22] अप्रैल

राजन के अनुसार ⇒ [20] ⟶ (21), 22, 23 ⟵ [24] अप्रैल

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि

= 21 अप्रैल

**10.** *(b)* ओमनारायण का जन्मदिन,

विजय के अनुसार ⇒ [17] ⟶ 18, (19) ⟵ [20] सितम्बर

विजय की पत्नी के अनुसार ⇒ [18] ⟶ (19), 20 ⟵ [21] सितम्बर

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि

= 19 सितम्बर

**11.** *(a)* दौरे की तिथि,

प्रदीप के अनुसार ⇒ [8] ⟶ 9, 10, (11) ⟵ [12] जुलाई

प्रदीप के मित्र के अनुसार ⇒ [10] ⟶ (11), 12, 13 ⟵ [14] जुलाई

∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 11 जुलाई

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** यदि 1 जनवरी को शुक्रवार है, तो एक अधिवर्ष में मार्च का प्रथम दिन क्या होगा? *(SSC 10+2 2014)*
(a) मंगलवार (b) बुधवार (c) बृहस्पतिवार (d) शुक्रवार

**2.** यदि 25 फरवरी, 2008 का दिन सोमवार रहा हो, तो 2 मार्च, 2008 का दिन कौन-सा था ? *(SSC CPO 2012)*
(a) मंगलवार (b) शनिवार (c) रविवार (d) सोमवार

**3.** राम का जन्म 29 फरवरी को हुआ था। उसने 29 फरवरी 2008 को अपना चौथा जन्मदिन मनाया। तद्नुसार, उसका जन्मवर्ष कौन-सा था?
(a) 1992 (b) 2004 *(SSC 10+2 2013)*
(c) 2000 (d) 1996

**4.** इनमें से कौन-सा लीप वर्ष नहीं है? *(MP Police SI 2017)*
(a) 1300 (b) 1600 (c) 2000 (d) 800

**5.** यदि किसी देश में राष्ट्रीय दिवस किसी महीने के चौथे शनिवार को मनाया गया हो, तो बताइए कि राष्ट्रीय दिवस कितनी तारीख को मनाया गया था ? (यदि उस माह की पहली तारीख मंगलवार को पड़ती हो) *(SSC 10+2 2011)*
(a) 24 (b) 25 (c) 26 (d) 27

**6.** अगर जनवरी, 2016 का चौथा दिन सोमवार है, तो अगस्त महीने का दूसरा सोमवार किस तारीख को पड़ेगा? *(UP Police SI 2017)*
(a) 8 अगस्त (b) 10 अगस्त (c) 15 अगस्त (d) 9 अगस्त

**7.** एक महीने में सभी शनिवार एवं रविवार को छुट्टियाँ रहती हैं। यदि महीना जनवरी का है, तो उस महीने कुल कितनी छुट्टियाँ होंगी?
(a) 8 (b) 9 *(CGPSC 2019)*
(c) 10 (d) जानकारी अधूरी है

**8.** शंकर, विजय से 315 दिन बड़ा है और विमला, शंकर से 70 सप्ताह बड़ी है। यदि विमला का जन्म बुधवार को हुआ था, तो विजय का जन्म किस दिन हुआ था? *(Delhi Police SI 2010)*
(a) सोमवार (b) मंगलवार (c) बुधवार (d) शुक्रवार

**9.** अप्रैल 2001 की किन तारीखों को बुधवार पड़ा था? *(CGPSC 2017)*
(a) 1st, 8th, 15th, 22nd, 29th (b) 2nd, 9th, 16th, 23rd, 30th
(c) 3rd, 10th, 17th, 24th (d) 4th, 11th, 18th, 25th
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** वर्ष 2007 का कैलेण्डर किस वर्ष के लिए समान होगा?
(a) 2014 (b) 2016 (c) 2017 (d) 2018

**11.** लगातार 400 वर्षों में कितनी बार 29 तारीख आएगी?
(a) 197 (b) 1197 (c) 2297 (d) 4497

**12.** P, Q, R और S चार क्रमानुसार महीने हैं, जिनमें P और S में 30 दिन हैं। S कौन-सा महीना है?
(a) अगस्त (b) सितम्बर (c) नवम्बर (d) दिसम्बर

**13.** 28 मार्च, 2014 को कौन-सा दिन था?
(a) बृहस्पतिवार (b) सोमवार (c) शुक्रवार (d) रविवार

**14.** अनिल किसी स्थान पर शुक्रवार को पहुँचा। उसे पता चला कि वह नियत दिन से तीन दिन पहले आ गया। यदि वह आने वाले रविवार को पहुँचता, तो वह कितने दिन बाद या पहले पहुँचता? *(SSC 10+2 2005)*
(a) एक दिन पहले (b) एक दिन बाद
(c) दो दिन बाद (d) दो दिन पहले

**15.** शुक्रवार को एक नियोजित सम्मेलन स्थान पर पहुँचकर मैंने जाना कि मैं निर्धारित दिन के दो दिन पूर्व ही पहुँच गया। यदि मैं आगामी बुधवार को वहाँ पहुँचता, तो कितने दिन की देरी हुई होती? *(SSC CPO 2002)*
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**16.** सुधा नौ दिन पहले सिनेमा देखने गई थी। वह सिनेमा देखने केवल बृहस्पतिवार को जाती है। आज सप्ताह का कौन-सा दिन है? *(UPSSSC आबकारी सिपाही 2016)*
(a) बृहस्पतिवार (b) शनिवार
(c) रविवार (d) मंगलवार

**17.** एक साल सोमवार से शुरू होता है और मंगलवार को समाप्त होता है। इस साल में 16 जनवरी से 15 मार्च तक कितने दिन होंगे? *(SSC 10+2 2017)*
(a) 58 (b) 60 (c) 59 (d) 61

**18.** यदि आज होने वाली परीक्षा तीन दिन के लिए स्थगित कर दी जाए और परसों (कल से अगला दिन) रविवार हो, तो परीक्षा किस दिन सम्पन्न होगी? *(IGNOU B.Ed 2005)*
(a) रविवार (b) सोमवार (c) बुधवार (d) मंगलवार

**19.** एक लड़की 6 सितम्बर, 1970 को पैदा हुई जिस दिन रविवार था। उसका जन्मदिन रविवार को फिर कब पड़ा होगा? *(UPSSSC सहायक लेखाकार 2016)*
(a) 1975 (b) 1977
(c) 1981 (d) 1982

**20.** यदि 1 जनवरी, 2000 को शनिवार था, तो 1 जनवरी, 2001 को होगा *(CGPSC Pre 2014)*
(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) शुक्रवार (d) शनिवार
(e) इनमें से कोई नहीं

**21.** महीने का प्रथम दिन बुधवार है। यदि कार्यालय के केवल दूसरे व चौथे शनिवार और सभी रविवार को छुट्टी के रूप में जाना जाता है, तो उस महीने के कार्य दिवसों की संख्या कितनी होगी, यदि महीना 30 दिन का हो? *(UPSSSC वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2015)*
(a) 24 (b) 25
(c) 23 (d) आँकड़े अधूरे हैं

**22.** मोहन को ठीक से याद है कि उसके पिता का जन्मदिन 20 जनवरी से पहले किन्तु 16 जनवरी के बाद है, जबकि उसकी बहन को ठीक से याद है कि उनके पिता का जन्मदिन 18 जनवरी के बाद, किन्तु 23 जनवरी से पहले है। निश्चित रूप से जनवरी की किस तारीख को उनके पिता का जन्मदिन है? *(IBPS PO 2011)*
(a) 18 (b) 19
(c) 20 (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**23.** सुधा को याद है कि उसके पिताजी का जन्मदिन 16 के बाद लेकिन 21 अप्रैल के पहले है, जबकि उसके भाई विजय को याद है कि उसके पिताजी का जन्मदिन 22 अप्रैल से पहले लेकिन 19 अप्रैल के बाद है। यदि दोनों का कथन सत्य हो, तो बताइए कि सुधा के पिताजी का जन्मदिन कितने अप्रैल को है? *(PNB PO 2008)*
(a) 18 (b) 19
(c) 20 (d) आँकड़े अपर्याप्त हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** विनय को याद है कि उसके पिताजी का जन्मदिन 13 और 16 मई के बीच है, जबकि उसकी बहन को याद है कि पिताजी का जन्मदिन 14 और 18 मई के बीच है। यदि दोनों का कथन सत्य है, तो बताइए कि विनय के पिताजी का जन्मदिन कितने मई को है? ***(SBI PO 2010)***
(a) 14 (b) 15 (c) 16 (d) 17
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** मनोज को ठीक से याद है कि उसकी माता का जन्मदिन मार्च की 14 के बाद, किन्तु 17 से पहले है, जबकि उसकी बहन को ठीक से याद है कि उनकी माता का जन्मदिन मार्च की 15 के बाद, किन्तु 19 से पहले है। इनकी माता का जन्मदिन कब है? ***(IOB PO 2008)***
(a) 14 (b) 16 (c) 17 (d) 18
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* 1 जनवरी से 1 मार्च तक कुल दिनों की संख्या
$= 30 + 29 + 1 = 60$ [∵ अधिवर्ष में फरवरी = 29 दिन]
$\Rightarrow$ $60 \div 7 = 8$ सप्ताह तथा शेष 4 दिन
अतः शुक्रवार से चौथा दिन = मंगलवार

**2.** *(c)* वर्ष 2008 एक अधिवर्ष था।
26th → मंगलवार
27th → बुधवार
28th → बृहस्पतिवार
29th → शुक्रवार
1st → शनिवार
2nd → रविवार

**3.** *(a)* राम का जन्म एक अधिवर्ष में हुआ था।
राम ने अपना तीसरा जन्मदिन 2004 में मनाया।
राम ने अपना दूसरा जन्मदिन 2000 में मनाया।
राम ने अपना पहला जन्मदिन 1996 में मनाया।
अतः राम का जन्म 1992 में हुआ था।

**4.** *(a)* 1300 के अतिरिक्त अन्य सभी वर्ष 400 से विभाज्य हैं जबकि 1300, 400 से विभाज्य नहीं है।
अतः 1300 लीप वर्ष नहीं है।

**5.** *(c)* प्रश्नानुसार, राष्ट्रीय दिवस = शनिवार (महीने का चौथा)
∵ 1 तारीख = मंगलवार
$1 + 4 = 5$ तारीख = मंगलवार + 4 ⇒ शनिवार (i)
$5 + 7 = 12$ तारीख ⇒ शनिवार (ii)
$12 + 7 = 19$ तारीख ⇒ शनिवार (iii)
$19 + 7 = 26$ तारीख ⇒ शनिवार (iv)
अतः राष्ट्रीय दिवस 26 तारीख को मनाया गया।

**6.** *(a)* दिया है, जनवरी, 2016 का चौथा दिन सोमवार है।
अर्थात् 4 जनवरी, 2016 = सोमवार
अब, 4 जनवरी, 2016 से 31 जुलाई, 2016 तक दिनों की संख्या
$= 27 + 29 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 = 209$ दिन या 29 सप्ताह 6 दिन
∴ 31 जुलाई 2016 को दिन = सोमवार + 6 = रविवार
∴ 1 अगस्त, 2016 को अगस्त माह का पहला सोमवार होगा।
तथा 8 अगस्त, 2016 को अगस्त माह का दूसरा सोमवार होगा।

**7.** *(d)* जनवरी महीने में 31 दिन होते हैं अर्थात् 4 सप्ताह 3 दिन चूँकि महीने का पहला दिन ज्ञात नहीं है इसलिए जनवरी माह में शनिवार और रविवार की संख्या ज्ञात नहीं की जा सकती।

**8.** *(c)* प्रश्नानुसार, शंकर, विजय से 315 दिन बड़ा है।
विमला, शंकर से 70 सप्ताह $= 70 \times 7 = 490$ दिन बड़ी है।
तब कुल दिन $= 315 + 490 = 805$
∴ विमला, विजय से 805 दिन बड़ी है।
अब, $805 \div 7$

```
7 ) 805 ( 115
    7
    10
     7
     35
     35
      ×
```

शेषफल = 0 = विषम दिन
विजय का जन्मदिन = बुधवार − 0 = बुधवार

**9.** *(d)* 1 अप्रैल 2001 को सप्ताह का दिन ज्ञात करेंगे।
1 अप्रैल 2001 = (2000 वर्ष + 1.1.2001 से 1.4.2001 तक की अवधि)
1600 वर्षों में विषम दिन = 0
400 वर्षों में विषम दिन = 0
जनवरी से अप्रैल तक दिनों की कुल संख्या
$(31 + 28 + 31 + 1) = 91$ दिन
= 0 विषम दिन
विषम दिनों की कुल संख्या $= (0 + 0 + 0) = 0$
1 अप्रैल 2001 को रविवार था।
अप्रैल 2001 में बुधवार 4, 11, 18 और 25 को पड़ा था।

**10.** *(d)* 0 विषम दिनों के समान योग प्राप्त करने के लिए वर्ष 2007 से विषम दिनों की संख्या

| वर्ष | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विषम दिन | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 |

योग = 14 विषम दिन
≡ 0 विषम दिन
अतः वर्ष 2018 के लिए कैलेण्डर वर्ष 2007 के समान ही होगा।

**11.** *(d)* फरवरी को छोड़कर वर्ष के शेष 11 महीनों में एक बार 29 तारीख आती है।
अतः ऐसी 29 तारीखों की संख्या $= 400 \times 11 = 4400$
400 वर्षों में 97 लीप वर्ष होते हैं, इसमें फरवरी की 29 तारीखों की संख्या = 97
∴ 29 तारीखों की कुल संख्या $= 4400 + 97 = 4497$

**12.** *(b)* चार क्रमागत महीने निम्नलिखित हैं
P → 30 दिन − जून
Q → 31 दिन − जुलाई } जुलाई और अगस्त ही लगातार
R → 31 दिन − अगस्त } 31 दिन के होते हैं।
S → 30 दिन − सितम्बर
अतः S, सितम्बर महीना है।

**13.** *(c)* 1 जनवरी सन् 1 से 28 मार्च सन् 2014 = 2013 पूर्ण वर्ष + 2 माह + 28 दिन
2000 वर्षों में विषम दिनों की संख्या = 0
13 वर्षों में विषम दिनों की संख्या = 2
जनवरी माह में विषम दिनों की संख्या = 3

फरवरी माह में विषम दिनों की संख्या = 0
मार्च माह में विषम दिनों की संख्या = 0
∴ 1 जनवरी सन् 1 से 28 मार्च, 2013 तक
विषम दिनों की संख्या = 0 + 2 + 3 + 0 + 0 = 5
अतः 28 मार्च, 2014 को शुक्रवार था।

***14.*** *(a)* प्रश्नानुसार,




अनिल आने वाले रविवार को पहुँचता है, तो वह नियत दिन से एक दिन पहले पहुँचता है।

***15.*** *(c)* प्रश्नानुसार,




मैं बुधवार को पहुँचता, तो निर्धारित दिन से तीन दिन की देरी होती।

***16.*** *(b)* प्रश्नानुसार,




आज शनिवार है।

***17.*** *(b)* ∵ साल का अन्तिम दिन साल के पहले दिन से 1 विषम दिन है
∴ साल एक लीप वर्ष है जिसमें फरवरी माह में 29 दिन होंगे।
अतः दिनों की संख्या = 16 + 29 + 15 = 60 दिन

***18.*** *(b)* प्रश्नानुसार,




परीक्षा सोमवार के दिन सम्पन्न होगी।

***19.*** *(c)* ∵ 6 सितम्बर, 1970 को रविवार था।
∴ 6 सितम्बर, 1971 को सोमवार
6 सितम्बर, 1972 को बुधवार (क्योंकि यह लीप वर्ष है)
6 सितम्बर, 1973 को बृहस्पतिवार
6 सितम्बर, 1974 को शुक्रवार
6 सितम्बर, 1975 को शनिवार
6 सितम्बर, 1976 को सोमवार (लीप वर्ष)
6 सितम्बर, 1977 को मंगलवार
6 सितम्बर, 1978 को बुधवार
6 सितम्बर, 1979 को बृहस्पतिवार
6 सितम्बर, 1980 को शनिवार (लीप वर्ष)
6 सितम्बर, 1981 को रविवार
अतः स्पष्ट है कि वर्ष 1981 में 6 सितम्बर को रविवार होगा।

***20.*** *(a)* ∵ 1 जनवरी, 2000 को शनिवार था।
∴ 1 जनवरी, 2001 को दिन = शनिवार + 2
= सोमवार [∵ वर्ष 2000 लीप वर्ष है]

***21.*** *(a)* प्रश्नानुसार,

| बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार | रविवार | सोमवार | मंगलवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ~~5~~ | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | ~~11~~ | ~~12~~ | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | ~~19~~ | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | ~~25~~ | ~~26~~ | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

छुट्टी के दिनों की संख्या = 2 + 4 = 6
∴ कार्य दिवसों की संख्या = 30 − 6 = 24

***22.*** *(b)* पिता का जन्मदिन,
मोहन के अनुसार ⇒ 16 ⟶ 17, 18, (19) ⟵ 20 जनवरी
मोहन की बहन के अनुसार ⇒ 18 ⟶ (19), 20, 21, 22 ⟵ 23 जनवरी
∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 19 जनवरी

***23.*** *(c)* पिताजी का जन्मदिन,
सुधा के अनुसार ⇒ 16 ⟶ 17, 18, 19, (20) ⟵ 21 अप्रैल
विजय के अनुसार ⇒ 19 ⟶ (20), 21 ⟵ 22 अप्रैल
∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि
= 20 अप्रैल

***24.*** *(b)* पिताजी का जन्मदिन,
विनय के अनुसार ⇒ 13 ⟶ 14, (15) ⟵ 16 मई
विनय की बहन के अनुसार ⇒ 14 ⟶ (15), 16, 17 ⟵ 18 मई
∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 15 मई

***25.*** *(b)* माता का जन्मदिन,
मनोज के अनुसार ⇒ 14 ⟶ 15, (16) ⟵ 17 मार्च
मनोज की बहन के अनुसार ⇒ 15 ⟶ (16), 17, 18 ⟵ 19 मार्च
∴ अभीष्ट दिन = उभयनिष्ठ तिथि = 16 मार्च

# 15

# संख्या परीक्षण

## (Number Test)

कुछ विशेष नियमों/निर्देशों के आधार पर संख्याओं या संख्याओं के अकों को व्यवस्थित करने पर, पूछे गए प्रश्न का उत्तर ज्ञात करने की प्रक्रिया संख्या परीक्षण कहलाती है।

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में सामान्यतया एक या एक से अधिक संख्याएँ दी गई होती हैं। इसी संख्या/संख्याओं के अंकों का स्थान परिवर्तन करके या इनके अंको में प्रश्नानुसार विभिन्न संक्रियाओं के माध्यम से बदलाव करके दाएँ या बाएँ से पूछा गया अंक आदि ज्ञात करना होता है।

इस अध्याय के अन्तर्गत सामान्यतया चार प्रकार के प्रश्नों का अध्ययन किया जाता है

### 1. दी गई संख्या में विशेष अंकों/अंकों के जोड़ों की संख्या ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों में एक संख्या दी गई होती है और दी गई संख्या में अंकों को आरोही या अवरोही क्रम से लगाना होता है। उसके बाद ऐसे अंकों की संख्या ज्ञात करनी होती है, जिनकी स्थिति संयोजन के बाद वही रहती है, जो पहले थी। अन्य प्रकार के प्रश्नों में अभ्यर्थी को दी गई संख्या में अंकों के ऐसे युग्मों की संख्या ज्ञात करनी होती है, जिनके बीच उतने ही अंक हैं, जितने कि संख्या के अंकों को आरोही या अवरोही क्रम में लगाने पर उन अकों के बीच होते हैं।

***उदाहरण* 1.** संख्या 5261983 में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक संख्या के आरम्भ से उतनी ही दूर है, जितना कि संख्या के भीतर अंकों को आरोही क्रम में लगाने पर होगा?

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

***व्याख्या*** *(b)* प्रदत्त संख्या 5 [2] 6 1 9 [8] 3

आरोही क्रम में अंकों की स्थिति 1 [2] 3 5 6 [8] 9

स्पष्ट है कि अंक 2 और 8 की स्थिति पूर्ववत् रहती है।

अतः अंकों की अभीष्ट संख्या = 2

***उदाहरण* 2.** संख्या 254983 में ऐसे कितने अंक युग्म हैं जिनके बीच उतने ही अंक हैं जितने कि जब इस संख्या के अंकों को अवरोही क्रम में लगाने पर उन अंकों के बीच होते हैं?

(a) तीन (b) एक (c) दो (d) तीन से अधिक

***व्याख्या*** *(a)* प्रदत्त संख्या 2 5 4 9 8 3

अवरोही क्रम 9 8 5 4 3 2

अब प्रदत्त संख्या से, 2 5 4 9 8 3

अतः अभीष्ट युग्मों की संख्या ⇒ छः

= [(5, 4), (9, 8), (4, 2) (8, 4), (8, 2) (9, 5)]

### 2. दी गई संख्या में अंकों के स्थान परिवर्तन के बाद दाएँ या बाएँ से अंक ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों में एक संख्या दी गई होती है जिसमें उसके अंकों को प्रश्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है और उसके बाद दाएँ या बाएँ से अभीष्ट स्थान का अंक ज्ञात किया जाता है।

***उदाहरण* 3.** संख्या 53261489 में पहले और पाँचवें अंक का स्थान परस्पर बदला जाता है। इसी तरह दूसरे और छठे अंक और उसके बाद भी अंकों का स्थान परस्पर बदला जाता है। पुनर्व्यवस्था के बाद दाएँ से छठा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

(a) 2 (b) 4

(c) 6 (d) 8

***व्याख्या*** *(d)* प्रदत्त संख्या 5 3 2 6 1 4 8 9

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 1 4 [8] 9 5 3 2 6

छठा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में दाएँ से 6वाँ अंक 8 है।

***उदाहरण* 4.** संख्या 91256784 में पहले और पाँचवें अंकों के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं। इसी प्रकार दूसरे और छठे अंकों के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं और इसी प्रकार आगे भी पुनः क्रमबद्ध करने के बाद निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाएँ से चौथा होगा?

***(Dena Bank PO 2007)***

(a) 9 (b) 7

(c) 1 (d) 8

(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (a) प्रदत्त संख्या 9 1 2 5 6 7 8 4

नयी व्यवस्था 6 7 8 4 [9] 1 2 5

चौथा ← दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में दाएँ से चौथा अंक 9 है।

## 3. किसी संख्या के अंकों में विभिन्न संक्रियाओं के बाद दाएँ या बाएँ से अंक ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों में एक संख्या दी गई होती है। इस संख्या के अंकों में प्रश्नानुसार विभिन्न संक्रियाओं के बाद प्राप्त नई व्यवस्था में दाएँ या बाएँ से किसी विशिष्ट अंक को ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 5.** यदि संख्या 39682147 में प्रत्येक अंक जो 5 से कम है उसमें 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक अंक जो 5 से अधिक है, उसमें से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार गठित संख्या में कितने अंक दो बार आएँगे? ***(SBI Clerk 2018)***

(a) दो (b) एक
(c) कोई नहीं (d) तीन
(e) चार

***व्याख्या*** (b) दी गई संख्या = 3 9 6 8 2 1 4 7

प्रश्नानुसार 5 से कम अंक में 1 जोड़ने और 5 से अधिक अंक में 1 घटाने पर नई संख्या = 4 8 5 7 3 2 5 6

अतः नई संख्या में केवल एक अंक 5 दो बार है।

***उदाहरण* 6.** यदि संख्या 4873529 के प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से दूसरे अंक और दाएँ से तीसरे अंक के बीच क्या अन्तर होगा? ***(BOI Clerk 2011)***

(a) 4 (b) 3 (c) 5 (d) 2
(e) 6

***व्याख्या*** (c) प्रश्नानुसार,

| 4 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| +1 | +1 | −1 | −1 | −1 | +1 | −1 |
| 5 | [9] | 6 | 2 | [4] | 3 | 8 |

∴ अभीष्ट अन्तर = 9 − 4 = 5

## 4. दी गई संख्याओं से अभीष्ट संख्या या अंक ज्ञात करना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में पाँच/छः/सात संख्याओं का समूह दिया जाता है तथा प्रश्न में कुछ शर्त दी गई होती हैं, अभ्यर्थियों को संख्याओं को प्रश्न में दी गई शर्त के अनुसार पुनर्व्यवस्थित करने के पश्चात् उत्तर ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 7.** निम्नलिखित संख्याओं में पहले और दूसरे अंक के स्थान परस्पर बदल दिए जाएँ, तो सबसे छोटी संख्या निम्नलिखित में से कौन-सी होगी?

813 479 564 385 792

(a) 813 (b) 479 (c) 564 (d) 385
(e) 792

***व्याख्या*** (a)

| प्रदत्त संख्याएँ | 8 1 3 | 4 7 9 | 5 6 4 | 3 8 5 | 7 9 2 |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्नानुसार अंकों को बदलने पर, | 1 8 3 | 7 4 9 | 6 5 4 | 8 3 5 | 9 7 2 |

∴ सबसे छोटी संख्या = 183 ⇒ 813

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 8 और 9) *नीचे दी गई संख्याओं का क्रम देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(MPPSC Pre 2016)***

738
429
156
273
894

***उदाहरण* 8.** निम्नलिखित में से कौन-सा ऊपर से तीसरी संख्या का दूसरा अंक होगा, अगर प्रत्येक संख्या के प्रथम अंक को उसके अगले अधिकतम अंक से बदलकर घटते क्रम में जमाया जाए?

(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 7

***व्याख्या*** (b) प्रथम अंक को अधिकतम अंक से बदलने पर 837, 924, 651, 723, 984

घटते क्रम में, 984, 924, 837, 723, 651

अतः तीसरी संख्या का दूसरा अंक = 3

***उदाहरण* 9.** इनमें से प्रत्येक संख्या के अंकों की स्थिति उल्टी (Reverse) करने के बाद उनमें से दूसरी अधिकतम संख्या का आखिरी अंक कौन-सा होगा?

(a) 1 (b) 2 (c) 4 (d) 7

***व्याख्या*** (d) स्थिति उल्टी करने पर संख्याएँ 837, 924,651,372,498

दूसरी अधिकतम संख्या = 837

दूसरी अधिकतम संख्या का आखिरी अंक = 7

***उदाहरण* 10.** यदि नीचे दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में सजाया जाए, तो ऊपर से चौथी संख्या का मध्य अंक क्या होगा?

568, 988, 376, 476, 843, 776, 292

***(UPSSSC परिचालक भर्ती परीक्षा 2015)***

(a) 9 (b) 8 (c) 7 (d) 6

***व्याख्या*** (d) दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में लिखने पर,

292, 376, 476, 568, 776, 843, 988

∴ ऊपर से चौथी संख्या = 568

अब, 568 का मध्य अंक = 6

# अभ्यास प्रश्नावली

**1.** यदि 351462987 संख्या को आरोही क्रम में पुनः व्यवस्थित किया जाए, तो कितने ऐसे अंक होंगे जिनका स्थान अपरिवर्तित ही रहेगा?
*(UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2016)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन

**2.** संख्या 9671285 (बाएँ से दाएँ) में ऐसे कितने अंक हैं, जो संख्या के आरम्भ में उतने ही दूर हैं जितने कि वे आरोही क्रम में लगाने पर होंगे?
*(IBPS Clerk 2011)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**3.** संख्या 539816 में ऐसे कितने अंक युग्म हैं, जिनके बीच उतने ही अंक हैं, जितने कि जब इन अंकों को घटते क्रम में रखने पर होते हैं?
*(BOB PO 2010)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**4.** यदि संख्या 5321648 के अंकों को बढ़ते क्रम में लिखा जाए, तो कितने अंकों की स्थिति वही रहेगी? *(Vijaya Bank PO 2010)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**5.** यदि संख्या 59164823 के अंकों को अवरोही क्रम में लिखा जाए, तो कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी? *(SBI PO 2010)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**6.** संख्या 8429516 में अंकों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनमें से प्रत्येक के अंकों के बीच उतने ही अंक हैं जितने उन अंकों के बीच तब होते हैं, जब अंक आरोही क्रम में लिखे जाएँ? *(SBI PO 2009)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**7.** संख्या 9254716 में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक संख्या के आरम्भ से उतना ही दूर है जितना कि अंकों को आरोही क्रम में पुनः क्रमबद्ध करने पर होगा? *(RBI Clerk 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**8.** संख्या 27561493 में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक अंक संख्या के आरम्भ से उतना ही दूर है जितना दूर वह संख्या में अंकों को अवरोही क्रम में लगाने पर होगा? *(Vijaya Bank PO 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**9.** संख्या 69143875 में ऐसे कितने अंक हैं, जो आरम्भ से उतना ही दूर है जितना कि वो इन अंकों को अवरोही क्रम में लगाने पर होंगे? *(SBI PO 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**10.** यदि संख्या 7524693 के अंकों को बढ़ते क्रम में आयोजित किया जाए, तो कितने अंकों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे? *(UBI PO 2009)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**11.** संख्या 5261983 में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक संख्या के आरम्भ से उतना ही दूर है जितना कि संख्या के भीतर अंकों को आरोही क्रम में लगाने पर होगा? *(Indian Bank PO 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**12.** संख्या 5236978 में ऐसे कितने अंक हैं, जोकि प्रारम्भिक अंक से उतनी ही दूर हैं जितना कि जब उनको बढ़ते क्रम में आयोजित किया जाए?
*(PNB MT/PO 2008)*
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**13.** संख्या 5831649 में ऐसे कितने अंक हैं, जो प्रारम्भिक अंक से उतनी ही दूर हैं जितने कि जब उनको बढ़ते क्रम में लिखने पर होते हैं? *(SBI PO 2008)*
(a) एक भी नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**14.** संख्या 54386179 में अंकों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनमें से प्रत्येक के बीच संख्या में उतने ही अंक हैं जितने कि संख्या के भीतर अंकों को अवरोही क्रम में लगाने के बाद उनके बीच होंगे? *(BOI PO 2008)*
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार
(e) चार से अधिक

**15.** यदि संख्या 57683421 के अंकों को घटते क्रम में लिखा जाए, तो कितने अंक प्रारम्भ से उतनी ही दूरी पर होंगे जितना कि संख्या में हैं? *(SBI PO 2008)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**16.** संख्या 52361984 में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक संख्या के आरम्भ से उतना ही दूर है जितना की संख्या के भीतर अंकों को आरोही क्रम में लगाने के बाद होगा? *(Dena Bank PO 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**17.** संख्या 6315784 में अंकों के ऐसे कितने जोड़े हैं, जिनमें से प्रत्येक के बीच संख्या में उतने ही अंक हैं जितने कि अंकों को अवरोही क्रम में लगाने के बाद उनके बीच होंगे? *(SBI Clerk 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**18.** संख्या 7346285 में कितने अंक ऐसे हैं, जो संख्या में प्रारम्भ से उतनी ही दूर हैं, जितना कि वे संख्या के अंकों के बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित करने पर होते हैं? *(OBC PO 2008)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**19.** संख्या 531468 में अंकों के ऐसे कितने युग्म हैं, जिनमें से प्रत्येक के बीच उतने ही अंक हैं जितने अंकों की श्रेणी में होते हैं? जबकि संख्या को घटते क्रम में लिखा जाता है। *(IBPS PO 2010)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**20.** संख्या 57692483 में ऐसे कितने अंक हैं, जो संख्या के अंकों को बाएँ से दाएँ अवरोही क्रम में पुनर्व्यवस्थित करने के बाद भी उसी स्थान पर रहेंगे जिस पर वे पुनर्व्यवस्था से पहले थे? *(PNB PO 2006)*
(a) कोई नहीं (b) एक
(c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**21.** यदि निम्नलिखित संख्याओं को बढ़ते क्रम में लगाया जाए, तो दूसरी संख्या का अन्तिम अंक क्या होगा?
394, 287, 512, 463, 958 *(UPSSSC वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2015)*
(a) 4 (b) 7
(c) 2 (d) 8

**22.** यदि संख्या 7652348 में प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए और प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नयी अंक शृंखला में दाएँ से दूसरे अंक और बाएँ से तीसरे अंक के बीच कितना अन्तर होगा? *(SBI Clerk 2011)*
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4
(e) 6

**23.** यदि संख्या 81345927 के पहले और पाँचवें अंक परस्पर बदल दिए जाएँ, फिर दूसरे और छठवें तथा आगे भी इसी प्रकार क्रम जारी रहे, तो नयी व्यवस्था में दाएँ सिरे से दूसरा अंक क्या होगा? *(PNB PO 2010)*
(a) 2 (b) 1 (c) 5 (d) 3
(e) इनमें से कोई नहीं

**24.** यदि संख्या 5263187 के प्रत्येक विषम अंक को अगले बड़े अंक से तथा प्रत्येक सम अंक को पिछले छोटे अंक से प्रतिस्थापित किया जाता है फिर इस प्रकार सब प्राप्तांकों को आरोही क्रम में आयोजित किया जाता है। अब इस प्रकार प्राप्त अंक श्रेणी में बाईं ओर से तीसरा अंक क्या होगा? *(SBI PO 2010)*
(a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) 6
(e) इनमें से कोई नहीं

**25.** संख्या 85341279 के पहले और दूसरे अंकों के स्थान परिवर्तित कर दिए जाएँ। इसी प्रकार तीसरे और चौथे अंकों के स्थान भी परस्पर परिवर्तित कर दिए जाएँ। यदि आगे भी इसी प्रकार जब तक 7वें व 8वें के स्थान भी परस्पर परिवर्तित कर दिए जाएँ, तो नयी व्यवस्था में 3 के दाएँ तीसरा कौन-सा अंक होगा? *(UBI PO 2009)*
(a) 9 (b) 7 (c) 8 (d) 2
(e) इनमें से कोई नहीं

**26.** यदि नीचे दी गई संख्याओं में पहले और तीसरे अंकों को आपस में बदल दिया जाए, तो दूसरी सबसे बड़ी संख्या का मध्य अंक क्या होगा? *(Dena Bank PO 2009)*

432 851 719 643 287

(a) 8 (b) 3 (c) 5 (d) 1
(e) 4

**27.** नीचे दी गई पाँच संख्याओं में से दूसरी सबसे बड़ी संख्या का बीच का अंक कौन-सा है? *(Canara Bank PO 2009)*

512 839 475 984 748

(a) 1 (b) 3 (c) 7 (d) 8 (e) 4

**28.** यदि संख्या 29654876 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नयी अंक शृंखला में दाएँ से चौथे अंक और बाएँ से चौथे अंक के बीच कितना अन्तर होगा? *(SBI Clerk 2011)*
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4 (e) 5

**29.** यदि संख्या 813246 के प्रत्येक विषम अंक को तीन से गुणा किया जाए और प्रत्येक सम अंक को दो से विभाजित किया जाए, तो इस तरह बनी नयी संख्या के बाएँ से तीसरे और दाएँ से तीसरे अंक के बीच कितना अन्तर होगा? *(Dena Bank PO 2010)*
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 7 (e) 8

**30.** यदि 83241957 के पहले व पाँचवें अंक परस्पर बदल दिए जाते हैं। इसी प्रकार दूसरे को छठे के साथ, तीसरे को सातवें के साथ बदल दिया जाता है और यदि यह क्रम जारी रहे, तो दाईं ओर से तीसरा अंक होगा *(Dena Bank PO 2010)*
(a) 1 (b) 2 (c) 9 (d) 3
(e) इनमें से कोई नहीं

**31.** यदि संख्या 7394261 के तीसरे, 6वें और 7वें अंकों से एक ऐसी संख्या बनना सम्भव है, जो किन्हीं दो अंकों की विषम संख्या का पूर्ण वर्ग हो, तो उस संख्या का पहला अंक क्या होगा? *(SBI PO 2010)*
(a) 9 (b) 3
(c) 5 (d) ऐसी संख्या बनना सम्भव नहीं है
(e) ऐसी एक से अधिक संख्याएँ बनती हैं

**32.** यदि संख्या 5934162 के अंकों को अवरोही क्रम में लिखा जाए, तो कितने अंकों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे? *(OBC PO 2010)*
(a) एक भी नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**33.** यदि संख्या 6394275 में प्रत्येक अंक को पिछले अंक से बदल दिया जाए और फिर सभी अंकों को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में लगाया जाए, तो दाएँ छोर से तीसरा अंक कौन-सा होगा? *(Vijaya Bank PO 2009)*
(a) 4 (b) 7 (c) 5 (d) 3
(e) इनमें से कोई नहीं

**34.** यदि संख्या 69143875 के अंकों को घटते क्रम में लिखा जाए, तो कितने अंकों की स्थिति में परिवर्तन नहीं होगा? *(SBI PO 2009)*
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) तीन से अधिक

**35.** संख्या 71836942 के अंकों को यदि बढ़ते क्रम में लिखा जाए, तो कितने अंक ऐसे हैं जिनके स्थान में परिवर्तन नहीं होगा? *(Dena Bank PO 2008)*
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार
(e) एक भी नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 36-38) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* *(SBI Clerk 2015)*

527, 749, 456, 188, 863

**36.** निम्न में से किन दो त्रि-अंकीय संख्याओं के अंकों का योग एकसमान है?
(a) 527 तथा 749 (b) 749 तथा 188
(c) 863 तथा 456 (d) 863 तथा 188
(e) 527 तथा 188

**37.** निम्न में से तीसरी सबसे छोटी संख्या का दूसरा अंक कौन-सा है?
(a) 6 (b) 2 (c) 4 (d) 8 (e) 5

**38.** यदि दी गई प्रत्येक संख्या के अन्तिम अंक में से '2' घटाया जाए तथा प्रथम अंक में '1' जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी दूसरी सबसे छोटी संख्या का तीसरा अंक कौन-सा होगा?
(a) 6 (b) 1 (c) 5 (d) 4 (e) 7

***निर्देश*** (प्र. सं. 39-41) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* *(SBI Clerk 2011)*

574 658 821 945 247

**39.** यदि प्रत्येक संख्या के अन्तिम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो ऐसी बनी कितनी संख्याओं में अन्तिम अंक पूर्ण वर्ग होगा? (1 भी पूर्ण वर्ग है)
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार
(e) कोई नहीं

**40.** यदि प्रत्येक संख्या के दूसरे अंक से 2 घटा दिया जाए, तो ऐसी बनी कितनी संख्याएँ दो से विभाज्य होंगी?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) चार

**41.** यदि प्रत्येक संख्या में तीनों अंक संख्या के भीतर आरोही क्रम में लगाए जाएँ, तो सबसे बड़ी संख्या निम्नलिखित में से कौन-सी होगी?
(a) 658 (b) 574 (c) 821 (d) 945 (e) 247

***निर्देश*** (प्र. सं. 42-46) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* *(PNB Clerk 2010)*

428, 391, 745, 682, 534

**42.** यदि प्रत्येक विषम संख्या के अन्तिम अंक में '1' जोड़ा जाए और प्रत्येक सम संख्या के अन्तिम अंक से '1' घटाया जाए, तो इस तरह बनी न्यूनतम विषम संख्या और न्यूनतम सम संख्या के बीच कितना अन्तर है?
(a) 211 (b) 91 (c) 38 (d) 46 (e) 35

**43.** यदि प्रत्येक संख्या के पहले और दूसरे अंकों का स्थान परस्पर बदल दिया जाए, तो इस तरह बनी संख्याओं में से सबसे बड़ी और दूसरी सबसे बड़ी संख्या के बीच कितना अन्तर होगा?
(a) 69 (b) 106 (c) 79 (d) 121 (e) 46

**44.** यदि प्रत्येक संख्या के मध्य अंक से '1' घटाया जाए, तो इस तरह बनी संख्याओं में से कितनी तीन से विभाज्य होंगी?
(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन
(e) चार

**45.** यदि सभी संख्याओं को बाएँ से दाएँ अवरोही क्रम में लगाया जाए, तो बाएँ से चौथी संख्या के तीनों अंकों का योग क्या होगा?
(a) 16 (b) 19 (c) 14 (d) 12
(e) 13

**46.** यदि सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक को इसके पहले अंक से विभाजित किया जाए, तो परिणाम क्या आएगा?
(a) 2 (b) 3 (c) 1.33 (d) 6
(e) 1.2

***निर्देश*** (प्र. सं. 47-49) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* ***(UBI PO 2010)***

813 479 564 385 792

**47.** प्रत्येक संख्या में पहले और दूसरे अंक के स्थान परस्पर बदल दिए जाएँ, तो सबसे छोटी संख्या निम्नलिखित में से कौन-सी होगी?
(a) 813 (b) 479 (c) 564 (d) 385
(e) 792

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा दूसरी सबसे छोटी संख्या का दूसरा अंक है?
(a) 1 (b) 7 (c) 6 (d) 8 (e) 9

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा दूसरी सबसे बड़ी संख्या के पहले और तीसरे अंक का योग है?
(a) 11 (b) 13 (c) 9 (d) 8
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 50 और 51) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* ***(OBC PO 2009)***

519 368 437 246 175

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या के बीच वाले अंकों का जोड़ है?
(a) 6 (b) 9 (c) 8 (d) 5
(e) इनमें से कोई नहीं

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा दूसरी सबसे बड़ी संख्या का तीसरा अंक है?
(a) 9 (b) 8 (c) 7 (d) 6 (e) 5

***निर्देश*** (प्र. सं. 52-54) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* ***(UBI PO 2009)***

386, 752, 961, 573, 839

**52.** यदि प्रत्येक संख्या में दूसरे और तीसरे अंक को परस्पर बदल दिया जाए, तो सबसे बड़ी संख्या के पहले और तीसरे अंकों का योग कितना होगा?
(a) 12 (b) 17 (c) 15 (d) 11
(e) इनमें से कोई नहीं

**53.** यदि प्रत्येक संख्या में पहले और तीसरे अंक को परस्पर बदल दिया जाए, तो दूसरी सबसे बड़ी संख्या कौन-सी होगी?
(a) 386 (b) 752 (c) 961 (d) 573
(e) 839

**54.** यदि प्रत्येक संख्या के बीच के अंक में 1 जोड़ा जाए और तब पहले और दूसरे अंक को परस्पर बदल दिया जाए, तो सबसे छोटी संख्या का तीसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
(a) 6 (b) 2 (c) 1 (d) 3 (e) 9

***निर्देश*** (प्र. सं. 55-59) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* ***(Canara Bank PO 2010)***

519 328 746 495 837

**55.** तीसरी सबसे बड़ी संख्या से दूसरी सबसे बड़ी संख्या का आधा घटाने पर क्या मान आएगा?
(a) 156 (b) 146 (c) 213 (d) 314
(e) इनमें से कोई नहीं

**56.** प्रत्येक संख्या के पहले और तीसरे अंक परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो सबसे छोटी संख्या का दूसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
(a) 1 (b) 2 (c) 4 (d) 9
(e) 3

**57.** प्रत्येक संख्या में तीसरा अंक पहला अंक बन जाए, पहला अंक दूसरा अंक बन जाए और दूसरा अंक तीसरा अंक बन जाए, तो दूसरी सबसे बड़ी संख्या का पहला अंक कौन-सा होगा?
(a) 9 (b) 6 (c) 5 (d) 7
(e) 8

**58.** दूसरी सबसे बड़ी संख्या के पहले और दूसरे अंक के बीच का अन्तर निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शाता है?
(a) 4 (b) 1 (c) 3 (d) 5
(e) इनमें से कोई नहीं

**59.** प्रत्येक संख्या के तीसरे अंक से '1' घटाया जाए और पहले अंक में '1' जोड़ा जाए, तो दूसरी सबसे छोटी संख्या के दूसरे और तीसरे अंक का योग निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
(a) 13 (b) 9 (c) 8 (d) 6
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 60-63) *निम्नलिखित प्रश्न नीचे दी गई पाँच त्रि-अंकीय संख्याओं पर आधारित हैं।* ***(Indian Bank PO 2009)***

832, 719, 654, 967, 481

**60.** प्रत्येक संख्या में दूसरे और तीसरे अंक के स्थान परस्पर बदल दिए जाएँ, तो तीसरी सबसे बड़ी संख्या के पहले और दूसरे अंक का योग निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
(a) 16 (b) 10 (c) 9 (d) 15
(e) इनमें से कोई नहीं

**61.** दूसरी सबसे छोटी संख्या के पहले और तीसरे अंक का योग निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) 16 (b) 10 (c) 18 (d) 5
(e) इनमें से कोई नहीं

**62.** प्रत्येक संख्या में पहले और दूसरे अंक के स्थान परस्पर बदल दिए जाएँ, तो सबसे बड़ी और दूसरी सबसे बड़ी संख्या के बीच का अन्तर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?
(a) 203 (b) 133 (c) 385 (d) 182
(e) 144

**63.** प्रत्येक संख्या में पहले और तीसरे अंक के स्थान परस्पर बदल दिए जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे छोटी संख्या के दूसरे और तीसरे अंक का योग होगा?
(a) 8 (b) 11 (c) 15 (d) 12
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* प्रश्नानुसार,

दी गई संख्या – 3 5 1 4 6 2 9 8 7

आरोही क्रम – 1 2 3 4 5 6 7 8 9

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि 4 व 8, दो अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा।

**2.** *(b)* प्रदत्त संख्या 9 6 7 1 2 8 5
आरोही क्रम 1 2 5 6 7 8 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (8)

**3.** *(c)* प्रदत्त संख्या 5 3 9 8 1 6
अवरोही क्रम 9 8 6 5 3 1
अब प्रदत्त संख्या से, 5 3 9 8 1 6

अतः अभीष्ट युग्मों की संख्या ⇒ दो [(3, 5), (8, 9)]

**4.** *(b)* प्रदत्त संख्या 5 3 2 1 6 4 8
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 1 2 3 4 5 6 8

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (8)

**5.** *(c)* प्रदत्त संख्या 5 9 1 6 4 8 2 3
प्रश्नानुसार, अंकों को
अवरोही क्रम में लिखने पर, 9 8 6 5 4 3 2 1

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ दो (2, 4)

**6.** *(d)* प्रदत्त संख्या 8 4 2 9 5 1 6
आरोही क्रम 1 2 4 5 6 8 9
अब प्रदत्त संख्या से, 8 4 2 9 5 1 6

अतः अभीष्ट युग्मों की संख्या ⇒ तीन [(2, 4), (2, 5), (1, 8)]

**7.** *(b)* प्रदत्त संख्या 9 2 5 4 7 1 6
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 1 2 4 5 6 7 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (2)

**8.** *(b)* प्रदत्त संख्या 2 7 5 6 1 4 9 3
प्रश्नानुसार, अंकों को
अवरोही क्रम में लिखने पर, 9 7 6 5 4 3 2 1

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (7)

**9.** *(a)* प्रदत्त संख्या 6 9 1 4 3 8 7 5
प्रश्नानुसार, अंकों को
अवरोही क्रम में लिखने पर, 9 8 7 6 5 4 3 1

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ कोई नहीं

**10.** *(b)* प्रदत्त संख्या 7 5 2 4 6 9 3
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 2 3 4 5 6 7 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (6)

**11.** *(c)* प्रदत्त संख्या 5 2 6 1 9 8 3
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 1 2 3 5 6 8 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ दो (2, 8)

**12.** *(b)* प्रदत्त संख्या 5 2 3 6 9 7 8
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 2 3 5 6 7 8 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (6)

**13.** *(c)* प्रदत्त संख्या 5 8 3 1 6 4 9
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 1 3 4 5 6 8 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ दो (6, 9)

**14.** *(e)* प्रदत्त संख्या 5 4 3 8 6 1 7 9
अवरोही क्रम 9 8 7 6 5 4 3 1
अब प्रदत्त संख्या से, 5 4 3 8 6 1 7 9

अतः अभीष्ट युग्मों की संख्या
⇒ छः [(3, 4), (3, 5), (4, 5) (5, 8), (3, 7), (6, 9)]

**15.** *(e)* प्रदत्त संख्या 5 7 6 8 3 4 2 1
प्रश्नानुसार, अंकों को
अवरोही हुए क्रम में लिखने पर, 8 7 6 5 4 3 2 1

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ चार (1, 2, 6, 7)

**16.** *(d)* प्रदत्त संख्या 5 2 3 6 1 9 8 4
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 1 2 3 4 5 6 8 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ तीन (2, 3, 8)

**17.** *(d)* प्रदत्त संख्या 6 3 1 5 7 8 4
अवरोही क्रम 8 7 6 5 4 3 1

अब, प्रदत्त संख्या से, 6 3 1 5 7 8 4

अतः अभीष्ट जोड़ों की संख्या = तीन [(3,5) (7,8)(1,3)]

**18.** *(c)* प्रदत्त संख्या 7 3 4 6 2 8 5
प्रश्नानुसार, अंकों को
आरोही क्रम में लिखने पर, 2 3 4 5 6 7 8

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ दो (3, 4)

**19.** *(e)* प्रदत्त संख्या 5 3 1 4 6 8
अवरोही क्रम 8 6 5 4 3 1
अब प्रदत्त संख्या से, 5 3 1 4 6 8

अतः अभीष्ट युग्मों की संख्या ⇒ चार [(1, 3), (3, 6), (3, 8), (6, 8)]

**20.** *(b)* प्रदत्त संख्या 5 7 6 9 2 4 8 3
प्रश्नानुसार, अंकों को
अवरोही क्रम में लिखने पर, 9 8 7 6 5 4 3 2

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (4)

**21.** *(a)* दी गई संख्याओं को बढ़ते क्रम में लगाने पर,
287, 394, 463, 512, 958
∴ दूसरी संख्या = 394
अतः अंतिम अंक = 4

**22.** (d) प्रदत्त संख्या 7 6 5 2 3 4 8
+1 −2 +1 −2 +1 −2 −2
नयी व्यवस्था 8 4 6 0 4 2 6
बाएँ से तीसरा दूसरा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में बाएँ से तीसरा अंक 6 तथा दाएँ से दूसरा अंक 2 है।
अब इन दोनों में अभीष्ट अन्तर = 6 − 2 = 4

**23.** (d) प्रदत्त संख्या 8 1 3 4 5 9 2 7
नयी व्यवस्था 5 9 2 7 8 1 [3] 4
दूसरा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में दाएँ से दूसरा अंक 3 है।

**24.** (b) प्रदत्त संख्या 5 2 6 3 1 8 7
विषम अंक 1 3 5 7 सम अंक 2 6 8
+1 +1 +1 +1 −1 −1 −1
2 4 6 8 1 5 7

सम तथा विषम अंकों के प्रतिस्थापित अंकों को आरोही क्रम में सजाने पर,

1 2 [4] 5 6 7 8
बाएँ से तीसरा

अतः नयी व्यवस्था में बाएँ से तीसरा अंक 4 है।

**25.** (a) प्रदत्त संख्या 8 5 3 4 1 2 7 9
नयी व्यवस्था 5 8 4 3 2 1 [9] 7
3 के दाएँ तीसरा

अतः नयी व्यवस्था में 3 के दाएँ तीसरा अंक 9 है।

**26.** (a)
प्रदत्त संख्याएँ 4 3 2 8 5 1 7 1 9 6 4 3 2 8 7
प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 2 3 4 1 5 8 9 1 7 3 4 6 7 8 2
सबसे बड़ी संख्या = 917
दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 782
अतः दूसरी सबसे बड़ी संख्या 782 है,
जिसका मध्य का अंक 8 है।

**27.** (b) प्रदत्त संख्याएँ 512 839 475 984 748
सबसे बड़ी संख्या = 984
दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 839
अतः दूसरी सबसे बड़ी संख्या 839 है,
जिसका मध्य का अंक 3 है।

**28.** (a) प्रदत्त संख्या 2 9 6 5 4 8 7 6
+1 −1 +1 −1 +1 +1 −1 +1
नयी व्यवस्था 3 8 7 4 5 9 6 7
बाएँ से चौथा चौथा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में बाएँ से चौथा अंक 4 तथा दाएँ से चौथा अंक 5 है। अब इन दोनों में अभीष्ट अन्तर = 5 − 4 = 1

**29.** (e) प्रदत्त संख्या 8 1 3 2 4 6
÷2 ×3 ×3 ÷2 ÷2 ÷2
नयी व्यवस्था 4 3 [9] [1] 2 3
बाएँ से तीसरा तीसरा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में बाएँ से तीसरा अंक 9 तथा दाएँ से तीसरा अंक 1 है। अब इन दोनों में अभीष्ट अन्तर = 9 − 1 = 8

**30.** (d) प्रदत्त संख्या 8 3 2 4 1 9 5 7
नयी व्यवस्था 1 9 5 7 8 [3] 2 4
तीसरा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में दाएँ से तीसरा अंक 3 है।

**31.** (e) प्रदत्त संख्या 7 3 9 4 2 6 1 के तीसरे, छठे और सातवें अंक क्रमशः 9, 6 और 1 हैं।

961 ⇒ 31 का वर्ग
169 ⇒ 13 का वर्ग

अतः अभीष्ट संख्याएँ एक से अधिक बनती हैं।

**32.** (b) प्रदत्त संख्या 5 9 3 [4] 1 6 2
प्रश्नानुसार, अंकों को अवरोही क्रम में लिखने पर, 9 6 5 [4] 3 2 1

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (4)

**33.** (c) प्रदत्त संख्या 6 3 9 4 2 7 5
−1 −1 −1 −1 −1 −1 −1
5 2 8 3 1 6 4

अब अंकों को आरोही क्रम में सजाने पर,
1 2 3 4 [5] 6 8
तीसरा दाएँ से

अतः नयी व्यवस्था में दाएँ से तीसरा अंक 5 है।

**34.** (a) प्रदत्त संख्या 6 9 1 4 3 8 7 5
प्रश्नानुसार, अंकों को अवरोही क्रम में लिखने पर, 9 8 7 6 5 4 3 1

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ कोई नहीं

**35.** (a) प्रदत्त संख्या 7 1 8 3 [6] 9 4 2
प्रश्नानुसार, अंकों को आरोही क्रम में लिखने पर, 1 2 3 4 [6] 7 8 9

अतः अभीष्ट अंकों की संख्या ⇒ एक (6)

**36.** (d) संख्या 527 के अंकों का योग = 5 + 2 + 7 = 14
संख्या 749 के अंकों का योग = 7 + 4 + 9 = 20
संख्या 456 के अंकों का योग = 4 + 5 + 6 = 15
संख्या 188 के अंकों का योग = 1 + 8 + 8 = 17
संख्या 863 के अंकों का योग = 8 + 6 + 3 = 17
उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि संख्या 188 तथा 863 के अंकों का योग एकसमान है।

**37.** (b) दी गई संख्याओं को अवरोही क्रम में लगाने पर,
863, 749, 527, 456, 188
यहाँ, तीसरी सबसे छोटी संख्या = 527
∴ संख्या 527 का दूसरा अंक = 2

**38.** *(d)* 527 749 456 188 863

+1 –2 | +1 –2 | +1 –2 | +1 –2 | +1 –2

625 847 554 286 961

अब, इन संख्याओं को अवरोही क्रम में लगाने पर, 961, 847, 625, 554, 286

यहाँ, दूसरी सबसे छोटी संख्या = 554

∴ संख्या 554 का तीसरा अंक = 4

**39.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 574 658 821 945 247

प्रश्नानुसार, अंक 1 जोड़ने पर, 575 659 822 946 248

संख्या 659 में अन्तिम अंक 9 पूर्ण वर्ग है।

**40.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 574 658 821 945 247

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 554 638 801 925 227

प्रश्नानुसार, 2 अंक घटाने पर,

संख्याएँ 554 व 638 अंक 2 से विभाज्य हैं।

**41.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 574 658 821 945 247

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 457 568 128 459 247

प्रश्नानुसार, अंकों को आरोही क्रम में रखने पर,

सबसे बड़ी संख्या = 568 ⇒ 658 है।

**42.** *(e)* प्रदत्त संख्याएँ 428 391 745 682 534

–1 +1 +1 –1 –1

प्रश्नानुसार, 427 392 746 681 533

न्यूनतम विषम संख्या = 427

न्यूनतम सम संख्या = 392

अतः अभीष्ट अन्तर = 427 – 392 = 35

**43.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 428 391 745 682 534

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 248 931 475 862 354

सबसे बड़ी संख्या = 931

दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 862

अतः अभीष्ट अन्तर = 931 – 862 = 69

**44.** *(d)* प्रदत्त संख्याएँ 428 391 745 682 534

–1 –1 –1 –1 –1

प्रश्नानुसार, 418 381 735 672 524

अंक 3 से विभाज्य संख्याएँ हैं

381, 735, 672 ⇒ तीन

**45.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 428 391 745 682 534

अवरोही क्रम 745 682 534 428 391

बाएँ से चौथी संख्या = 428

428 के तीनों अंकों का योगफल = 4 + 2 + 8 = 14

**46.** *(b)* प्रदत्त संख्याएँ 428 391 745 682 534

सबसे छोटी संख्या = 391

अतः अभीष्ट परिणाम = 9 ÷ 3 = 3

**47.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 813 479 564 385 792

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 183 749 654 835 972

सबसे छोटी संख्या = 183 ⇒ 813

**48.** *(b)* प्रदत्त संख्याएँ 813 479 564 385 792

सबसे छोटी संख्या = 385

दूसरी सबसे छोटी संख्या = 479

479 का दूसरा अंक = 7

**49.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 813 479 564 385 792

सबसे बड़ी संख्या = 813

दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 792

792 के पहले और तीसरे अंकों का योग = 7 + 2 = 9

**50.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 519 368 437 246 175

सबसे बड़ी संख्या = 519 ⇒ बीच का अंक = 1

सबसे छोटी संख्या = 175 ⇒ बीच का अंक = 7

अतः अभीष्ट योग = 1 + 7 = 8

**51.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 519 368 437 246 175

सबसे बड़ी संख्या = 519

दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 437

⇒ तीसरा अंक = 7

अतः अभीष्ट अंक = 7

**52.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 386 752 961 573 839

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 368 725 916 537 893

सबसे बड़ी संख्या = 916

अतः अभीष्ट योगफल = 9 + 6 = 15

**53.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 386 752 961 573 839

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 683 257 169 375 938

सबसे बड़ी संख्या = 938

दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 683 ⇒ 386

**54.** *(e)* प्रदत्त संख्याएँ 386 752 961 573 839

+1 +1 +1 +1 +1

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 936 672 791 853 489

सबसे छोटी संख्या = 489

अतः संख्या 489 का तीसरा अंक = 9

**55.** *(b)* प्रदत्त संख्याएँ 519 328 746 495 837

सबसे बड़ी संख्या = 837

दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 746

तीसरी सबसे बड़ी संख्या = 519

अतः अभीष्ट मान $= 519 - 746 \times \frac{1}{2}$

$= 519 - 373 = 146$

**56.** *(d)* प्रदत्त संख्याएँ 519 328 746 495 837

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 915 823 647 594 738

सबसे छोटी संख्या = 594

594 का दूसरा अंक = 9

**57.** *(e)* प्रदत्त संख्याएँ 519 328 746 495 837

प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, 951 832 674 549 783

सबसे बड़ी संख्या = 951

दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 832

832 का पहला अंक = 8

**58.** *(c)* प्रदत्त संख्याएँ 519 328 746 495 837
सबसे बड़ी संख्या = 837
दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 746
746 के पहले और दूसरे अंकों के बीच अन्तर = 7 − 4 = 3

**59.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 5 1 9 3 2 8 7 4 6 4 9 5 8 3 7
प्रश्नानुसार, अंक 1 को जोड़ने व घटाने पर, (+1, −1) → 6 1 8 4 2 7 8 4 5 5 9 4 9 3 6

सबसे छोटी संख्या = 427
दूसरी सबसे छोटी संख्या = 594
594 के दूसरे व तीसरे अंकों का योगफल = 9 + 4 = 13

**60.** *(a)* प्रदत्त संख्याएँ 8 3 2 7 1 9 6 5 4 9 6 7 4 8 1
प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, → 8 2 3 7 9 1 6 4 5 9 7 6 4 1 8

तीसरी सबसे बड़ी संख्या = 791
791 के पहले और दूसरे अंकों का योगफल = 7 + 9 = 16

**61.** *(b)* प्रदत्त संख्याएँ 832 719 654 967 481
पहली सबसे छोटी संख्या = 481
दूसरी सबसे छोटी संख्या = 654
654 के पहले और तीसरे अंक का योगफल = 6 + 4 = 10

**62.** *(e)* प्रदत्त संख्याएँ 8 3 2 7 1 9 6 5 4 9 6 7 4 8 1
प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, → 3 8 2 1 7 9 5 6 4 6 9 7 8 4 1

सबसे बड़ी संख्या = 841
दूसरी सबसे बड़ी संख्या = 697
अतः अभीष्ट अन्तर = 841 − 697 = 144

**63.** *(d)* प्रदत्त संख्याएँ 8 3 2 7 1 9 6 5 4 9 6 7 4 8 1
प्रश्नानुसार, अंकों को बदलने पर, → 2 3 8 9 1 7 4 5 6 7 6 9 1 8 4

सबसे छोटी संख्या = 184
184 के दूसरे और तीसरे अंकों का योगफल = 8 + 4 = 12

# 16

# गणितीय संक्रियाएँ

## (Mathematical Operations)

तर्कशक्ति परीक्षण के अन्तर्गत गणितीय संक्रियाओं से हमारा तात्पर्य सामान्य गणितीय क्रियाओं से है। इसके अन्तर्गत दिए गए व्यंजक के गणितीय चिह्नों/अक्षरों को प्रश्न में दिए गए निर्देशानुसार परिवर्तित करते हुए, व्यंजक को हल किया जाता है।

गणितीय संक्रियाएँ (Mathematical Operations) के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में '+', '−', '×', '÷' चिह्नों या 'P' या 'Q' या ऐसे ही किन्हीं अन्य संकेतों से युक्त गणितीय व्यंजक दिए जाते हैं तथा चिह्नों के अर्थ भिन्न-भिन्न दिए गए होते हैं। अभ्यर्थियों को प्रश्न में दिए गए निर्देशानुसार चिह्नों को परिवर्तित करके बदले हुए व्यंजक को हल करना होता है।

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए VBODMAS नियम का प्रयोग किया जाता है, जो निम्न है

(i) V ⟶ Viniculum (रेखा कोष्ठक) (–),
(ii) B ⟶ Bracket (कोष्ठक) ((), {}, []),
(iii) O ⟶ Of (का) (×),
(iv) D ⟶ Division (भाग) (÷),
(v) M ⟶ Multiplication (गुणन) (×),
(vi) A ⟶ Addition (योग) (+),
(vii) S ⟶ Subtraction (घटाव) (–)

इस नियमानुसार किसी गणितीय समीकरण का सरलीकरण करने के लिए सबसे पहले 'Viniculum' को, फिर 'Bracket' को, फिर 'Of' को, फिर 'Division' को फिर 'Multiplication' को, फिर 'Addition' को और अन्त में 'Subtraction' को हल करते हैं।

इस अध्याय के अन्तर्गत सामान्यतः चार प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

### प्रकार *1.* चिह्न प्रतिस्थापन द्वारा व्यंजक का मान ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों में दिए गए गणितीय चिह्न भ्रामक होते हैं। उनका तात्पर्य उससे भिन्न होता है, जिसके लिए वे सामान्यतः होते हैं। उदाहरणार्थ– गुणा (×) के चिह्न के स्थान पर योग (+) का चिह्न और भाग (÷) के चिह्न के स्थान पर घटाव (–) के चिह्न का द्योतक हो सकता है। गणितीय चिह्नों वाले प्रश्नों को VBODMAS के क्रम में ही हल करना चाहिए।

***उदाहरण* 1.** यदि '+' का अर्थ गुणा है, '×' का अर्थ भाग देना है, '–' का अर्थ जोड़ना है और '÷' का अर्थ घटाना है, तो निम्नलिखित समीकरण से क्या उत्तर आएगा?

$20-8\times4\div3+2=?$ ***(Rajasthan Police Constable 2013)***

(a) 41 (b) 19
(c) 16 (d) 18

***व्याख्या*** *(c)* दी गई समीकरण, ? = 20 − 8 × 4 ÷ 3 + 2

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने एवं VBODMAS का प्रयोग करने पर,

? = 20 + 8 ÷ 4 − 3 × 2 = 20 + 2 − 6 = 22 − 6 = 16

***उदाहरण* 2.** यदि 'P' का अर्थ ×, 'R' का अर्थ +, 'T' का अर्थ ÷ और 'S' का अर्थ − है, तो 51T3P10S4R2 का मान क्या है?

***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) 172 (b) 196 (c) 184 (d) 168

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार, P ⇒ × ; R ⇒ +; T ⇒ ÷ ; S ⇒ −

दिया गया व्यंजक = 51 T 3 P 10 S 4 R 2

51 ÷ 3 × 10 − 4 + 2 [प्रश्नानुसार चिह्नों को परिवर्तित करने पर]

= 17 × 10 − 4 + 2 [∵ VBODMAS के नियम से]

= 170 − 4 + 2 = 172 − 4 = 168

***उदाहरण* 3.** यदि '–' का अर्थ '+', + का अर्थ '–', × का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '×' हो, तो निम्न समीकरणों में से कौन-सा समीकरण सत्य है?

(a) 30 + 5 − 4 ÷ 10 × 5 = 28 (b) 30 + 5 ÷ 4 − 10 × 5 = 22
(c) 30 − 5 + 4 ÷ 10 × 5 = 62 (d) 30 × 5 − 4 ÷ 10 + 5 = 41

***व्याख्या*** *(d)* प्रत्येक समीकरण के चिह्नों को प्रश्नानुसार बदलने एवं VBODMAS का प्रयोग करने पर,

विकल्प (a) से, 30 + 5 − 4 ÷ 10 × 5 = 28

⇒ 30 − 5 + 4 × 10 ÷ 5 = 28

⇒ $30-5+4\times10\times\frac{1}{5}=28$

⇒ 30 − 5 + 8 = 28 ⇒ 38 − 5 = 28

⇒ 33 = 28

∴ बायाँ पक्ष ≠ दायाँ पक्ष

विकल्प (b) से, $30 + 5 \div 4 - 10 \times 5 = 22$

$\Rightarrow \quad 30 - 5 \times 4 + 10 \div 5 = 22$

$\Rightarrow \quad 30 - 5 \times 4 + 2 = 22$

$\Rightarrow \quad 30 - 20 + 2 = 22$

$\Rightarrow \quad 32 - 20 = 22$

$\Rightarrow \quad 12 = 22$

$\therefore$ बायाँ पक्ष $\neq$ दायाँ पक्ष

विकल्प (c) से, $30 - 5 + 4 \div 10 \times 5 = 62$

$\Rightarrow \quad 30 + 5 - 4 \times 10 \div 5 = 62$

$\Rightarrow \quad 30 + 5 - 4 \times 2 = 62$

$\Rightarrow \quad 30 + 5 - 8 = 62$

$\Rightarrow \quad 35 - 8 = 62$

$\Rightarrow \quad 27 = 62$

$\therefore$ बायाँ पक्ष $\neq$ दायाँ पक्ष

विकल्प (d) से, $30 \times 5 - 4 \div 10 + 5 = 41$

$\Rightarrow \quad 30 \div 5 + 4 \times 10 - 5 = 41$

$\Rightarrow \quad 6 + 40 - 5 = 41$

$\Rightarrow \quad 46 - 5 = 41$

$\Rightarrow \quad 41 = 41$

$\therefore$ बायाँ पक्ष = दायाँ पक्ष

***उदाहरण* 4.** यदि '+' का अर्थ 'गुणा' है, '–' का अर्थ 'जोड़' है, '×' का अर्थ 'भाग' है तथा '÷' का अर्थ 'घटाव' है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है? ***(SSC CPO 2017)***

(a) $30 \div 8 \times 4 - 6 + 1 = 32$ (b) $8 + 5 - 20 \times 4 + 6 = 41$

(c) $12 - 12 \div 6 \times 6 + 3 = 21$ (d) $6 + 7 \times 3 - 4 \div 6 = 26$

***व्याख्या* (c)** प्रत्येक समीकरण के चिह्नों को प्रश्नानुसार बदलने एवं VBODMAS का प्रयोग करने पर,

विकल्प (a) से,

$30 \div 8 \times 4 - 6 + 1 = 32$

$\Rightarrow \quad 30 - 8 \div 4 + 6 \times 1 = 32$

$\Rightarrow \quad 30 - 2 + 6 \times 1 = 32$

$\Rightarrow \quad 30 - 2 + 6 = 32$

$\Rightarrow \quad 36 - 2 = 32$

$\Rightarrow \quad 34 = 32$

$\therefore$ बायाँ पक्ष $\neq$ दायाँ पक्ष

विकल्प (b) से,

$8 + 5 - 20 \times 4 + 6 = 41$

$\Rightarrow \quad 8 \times 5 + 20 \div 4 \times 6 = 41$

$\Rightarrow \quad 8 \times 5 + 5 \times 6 = 41$

$\Rightarrow \quad 40 + 30 = 41$

$\Rightarrow \quad 70 = 41$

$\therefore$ बायाँ पक्ष $\neq$ दायाँ पक्ष

विकल्प (c) से,

$12 - 12 \div 6 \times 6 + 3 = 21$

$\Rightarrow \quad 12 + 12 - 6 \div 6 \times 3 = 21$

$\Rightarrow \quad 12 + 12 - 1 \times 3 = 21$

$\Rightarrow \quad 12 + 12 - 3 = 21$

$\Rightarrow \quad 24 - 3 = 21$

$\Rightarrow \quad 21 = 21$

$\therefore$ बायाँ पक्ष = दायाँ पक्ष

# प्रश्नावली 16.1

**1.** यदि '×' का अर्थ '–', '+' का अर्थ '÷', '–' का अर्थ '×' और '÷', का अर्थ '+' है, तो दिए गए समीकरण का मान क्या होगा?

$7 \times 28 + 7 \div 31 - 4 \div 11 = ?$

***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

(a) 138 (b) 127

(c) 110 (d) 166

**2.** यदि '÷' का अर्थ '+', '–' का अर्थ '÷', '×' का अर्थ '–' और '+' का अर्थ '×', है, तो $\dfrac{(16 \times 4) - 3 \times 4}{2 + 8 \times 3 + 15 \div 1} = ?$ का मान क्या होगा?

***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

(a) 0 (b) 10

(c) 12 (d) 16

**3.** + ⇒ गुणा, * ⇒भाग, ÷⇒ योग, – ⇒ के बराबर, = ⇒ घटाव

$15 = 3 + 4 \div 2 * 2$ ***(MP Police Constable 2017)***

(a) 4 (b) 25 (c) 5 (d) 2

**4.** यदि '×' का मतलब '+' है, '–' का मतलब '×' है, '÷' का मतलब '–' है और '+' का मतलब '÷' है, तो $12 + 6 \div 3 - 2 \times 8 = ?$

***(Haryana Constable 2016)***

(a) – 2 (b) 2 (c) 4 (d) 6

**5.** यदि + का अर्थ है '÷', – का अर्थ है '×', × का अर्थ है '–' तथा ÷ का अर्थ है '+', तब

$6 + 3 \div 5 - 4 \times 6 =$ ***(CG Patwari 2019)***

(a) –22.2 (b) 18.4

(c) 16 (d) 25

**6.** यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '×' का अर्थ 'भाग' है, '÷' का अर्थ 'जोड़' है और '–' का अर्थ 'गुणा' है, तो $15 \times 5 + 78 - 5 \div 4 = ?$ ***(SSC 10+2 2017)***

(a) – 391 (b) – 460

(c) – 475 (d) – 743

**7.** यदि '–' का अर्थ '+', '+' का अर्थ '×', '÷' का अर्थ '–', '×' का अर्थ '÷' है, तो $(27 \times 3 \div 6) + 9 - 8$ का मान है ***(SSC Steno 2015)***

(a) 14.5 (b) 35 (c) 15 (d) 3.5

**8.** यदि + का अर्थ – हो, – का अर्थ = हो, = का अर्थ + हो, ÷ का अर्थ > हो और × का अर्थ < हो, तो आप निम्नलिखित समस्या को कैसे हल करेंगे?

$8 + 4 - ?$ ***(SSC 10+2 2009)***

(a) 4 (b) 32 (c) 12 (d) 2

**9.** यदि ÷ का अर्थ है जोड़ना, × का अर्थ है घटाना, तब $(15 \times 9) \div (12 \times 4) \times (4 \div 4)$ बराबर है ***(SSC CGL 2008)***

(a) 96 (b) 6 (c) 3/128 (d) 143/8

**10.** यदि ‘+’ के लिए ‘×’ हो ‘–’ के लिए ‘÷’ हो, ‘×’ के लिए ‘–’ हो और ‘÷’ के लिए ‘+’ हो, तो निम्नांकित समीकरण का मान बताइए।
$26 + 74 - 4 \times 5 \div 2 = ?$ *(SSC CGL 2008)*
(a) 220 (b) 376 (c) 478 (d) 488

**11.** यदि ‘+’ का अर्थ ‘–’ है, ‘–’ का अर्थ ‘×’ है, ‘÷’ का अर्थ ‘+’ है और ‘×’ का अर्थ ‘÷’ है, तो $15 \times 3 \div 4 - 6 + 7$ का मान निर्धारित कीजिए। *(SSC MTS 2009)*
(a) 22 (b) 25 (c) 9 (d) 175/3

**12.** यदि ‘–’ जोड़ने, ‘+’ घटाने, ‘×’ भाग करने और ‘÷’ गुणा करने को द्योतित करें, तो $7 - 10 \times 5 \div 6 + 4 = ?$ *(SSC 10+2 2008)*
(a) 3 (b) 12 (c) 15 (d) 9

**13.** यदि (–) विभाजन का चिह्न हो, (+) गुणन का चिह्न हो, (÷) घटाने का चिह्न हो और (×) जोड़ने का चिह्न हो, तो निम्न प्रश्न का उत्तर क्या होगा?
$100 + 5 - 10 \times 250 \div 200 = ?$ *(SSC 10+2 2008)*
(a) 150 (b) 200 (c) 50 (d) 100

**14.** यदि ‘×’ का अर्थ है भाग देना, ‘–’ का अर्थ है गुणा करना, ‘÷’ से अभिप्राय है जोड़ना और ‘+’ का अर्थ है घटाना, तो
$(3 - 15 \div 11) \times 8 + 6 = ?$ *(UP Police (SI) 2010)*
(a) 0 (b) 1 (c) 4 (d) 8

**15.** यदि ‘×’ से अभिप्राय है ‘+’, ‘÷’ से ‘–’, ‘–’ से ‘×’ और ‘+’ से ‘÷’ तो, निम्नलिखित समीकरण का मान बताइए। *(UP B.Ed 2010)*
$54 \div 16 - 3 \times 6 + 2 = ?$
(a) 9 (b) 12 (c) 8 (d) 15

**16.** यदि ‘+’ का अर्थ घटाना है, ‘–’ का अर्थ गुणा है, ‘÷’ का अर्थ जोड़ है और ‘×’ का अर्थ भाग है, तो निम्नलिखित का मान क्या होगा?
$10 \times 5 \div 3 - 2 + 3 = ?$ *(Delhi Police Constable 2005)*
(a) 5 (b) 7 (c) 8/3 (d) 9

**17.** यदि ‘$<$’ को ‘+’ और ‘×’ को ‘÷’ के रूप में माना जाता है, तो $([(55 < 10)] \times 10) < 120$ का मान क्या है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 120 (b) 125 (c) 216 (d) 126.5

**18.** यदि \$ का अर्थ +, # का अर्थ –, @ का अर्थ × और * का अर्थ ÷ है, तो 19\$ 8 @ 3 # 81 * 9 का मान कितना होगा? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 38 (b) 35 (c) 34 (d) 36

**19.** यदि P ‘÷’ दर्शाता है, Q ‘×’ दर्शाता है, R ‘+’ दर्शाता है और S ‘–’ दर्शाता है, तो 18 Q 12 P 4 R 5 S 6 का मान ज्ञात कीजिए। *(CG Patwari 2016)*
(a) 28 (b) 53 (c) 55 (d) 80

**20.** यदि D का मतलब ‘×’, S का मतलब ‘+’, A का मतलब ‘–’ और M का मतलब ‘÷’ हो, तो नीचे दिए गए समीकरण का मान ज्ञात कीजिए।
28D6S34M2A8D6 *(SSC CGL 2016)*
(a) 558 (b) 3312 (c) 137 (d) 31

**21.** यदि ‘K’ का अर्थ ‘घटाना’ है, ‘L’ का अर्थ ‘भाग’ है, ‘M’ का अर्थ ‘जोड़’ है और ‘D’ का अर्थ ‘गुणा’ है, तो *(SSC 10+2 2017)*
117 L 3 K 5 M 12 D 8 = ?
(a) 150 (b) 125 (c) 130 (d) 145

**22.** यदि L का अर्थ ‘जोड़ना’, M का अर्थ ‘गुणा’, N का अर्थ ‘घटाना’ और P का अर्थ विभाजित करना है, तो 30 P 2 L 3 M 6 N 5 = ?
*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*
(A) 18 (B) 28 (C) 31 (D) 103
(a) A (b) B (c) D (d) C

**23.** यदि A का अर्थ +, D का अर्थ ÷, P का अर्थ × और S का अर्थ – हो, तो
68A48D2S8P10 = ? *(CGPSC 2019)*
(a) 46 (b) 64 (c) 12 (d) 500

**24.** यदि A का अर्थ ‘×’, D से अभिप्राय है ‘+’ और G द्योतक है ‘–’ का, तो 7A4D4A3G2 का मान ज्ञात कीजिए। *(SSC CGL 2009)*
(a) 28 (b) 38 (c) 44 (d) 48

**25.** यदि ‘a’ का अर्थ है ‘÷’, ‘b’ का अर्थ है ‘+’, ‘c’ से अभिप्राय है ‘–’ और ‘d’ द्योतित करता है ‘×’, तो 24a6d4b9c8 = ? *(SSC 10+2 2007)*
(a) 2 (b) 17 (c) 34 (d) 19

**26.** यदि L = +, M = –, N = ×, P = ÷, तो 5 N 5 P 5 L 5 M 5 = ?
*(SSC CGL 2009)*
(a) 0 (b) 5 (c) 10 (d) 15

**27.** मान लें J = 1, K = 2, L = 5, M = 7, N = 11, O = 13 तथा P = 17 है, तो दिए गए सम्बन्ध में खाने में लिखा जाने वाला अक्षर है
$(N \times \square + M) \div K = 31$ *(SSC 10+2 2014)*
(a) L (b) P (c) J (d) O

**28.** यदि a का अर्थ है ‘जोड़ना’, b का अर्थ है ‘घटाना’, c का अर्थ है ‘गुणा करना’ और d का अर्थ है ‘भाग करना’ तो दी गई समीकरण का मान क्या होगा?
18 c 14 a 6 b 16 d 4 = ? *(SSC FCI 2012)*
(a) 163 (b) 254 (c) 288 (d) 982

**29.** यदि ‘+’ का तात्पर्य ‘÷’ से है, ‘×’ का तात्पर्य ‘+’ से है, ‘–’ का तात्पर्य ‘×’ से है और ‘÷’ का तात्पर्य ‘–’ से है, तो निम्न समीकरणों में से कौन-सी सही है?
*(SSC Steno 2016)*
(a) $33 - 4 \div 5 \times 6 + 2 = 130$ (b) $33 \times 4 - 5 + 6 \div 2 = 26$
(c) $33 \div 4 \times 5 + 6 - 2 = 30$ (d) $33 - 4 + 5 \div 6 \times 2 = 24$

**30.** निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा सही है? *(UP B.Ed 2005)*
(a) $6 \times 5 - 24 \div 3 + 1 = 23$ (b) $6 \times 5 - 24 \div 3 + 1 = 3$
(c) $6 \div 3 - 1 + 24 \times 5 = 135$ (d) $6 \div 3 - 1 + 24 \times 5 = 117$

**31.** यदि ‘+’ ‘×’ (गुणन) का संकेत हो और ‘–’, ‘+’ (योग) का तथा ‘÷’, ‘–’ (घटाने) का, तो निम्न में कौन-सा समीकरण गलत है? *(SSC 10+2 2012)*
(a) $6 + 4 \div 5 - 5 = 24$ (b) $10 - 7 + 3 \div 8 = 23$
(c) $1 - 9 + 4 \div 12 = 25$ (d) $3 + 3 \div 3 - 3 = 6$

**32.** यदि ‘+’ का अर्थ घटाना हो, ‘÷’ का अर्थ जोड़ना हो, ‘–’ का अर्थ गुणा करना हो और ‘×’ का अर्थ भाग देना हो, तो निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा सही है? *(RRB ASM 2008)*
(a) $56 + 12 \times 34 - 12 = 102$ (b) $8 \div 44 - 5 + 25 = 203$
(c) $112 \times 44 - 12 + 10 = 46$ (d) $9 \div 64 - 2 \times 6 = 54$

**33.** यदि ‘–’ से अभिप्राय है भाग, ‘+’ से अभिप्राय है गुणा, ‘÷’ से अभिप्राय है घटाना, ‘×’ से अभिप्राय है जोड़ना, तो निम्न समीकरणों में से कौन-सा सही है? *(GIC Clerk 2007)*
(a) $30 + 5 - 12 \div 8 \times 12 = 70$ (b) $30 - 5 + 12 \div 8 \times 12 = 76$
(c) $30 \times 5 - 12 + 8 \div 12 = 60$ (d) $30 \div 5 \times 12 + 8 - 12 = 24$

**34.** यदि ‘+’ घटाने के लिए है, ‘÷’ जोड़ के लिए है, ‘–’ गुणा के लिए है और ‘×’ भाग के लिए है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है?
*(SSC MTS 2005)*
(a) $46 - 10 + 10 \times 5 = 92$ (b) $265 + 11 - 2 \times 14 = 22$
(c) $66 \times 3 - 11 + 12 = 230$ (d) $2 - 14 \times 4 \div 11 = 16$

**35.** यदि ÷ का अर्थ ‘से अधिक’ है, × का अर्थ ‘जोड़’ है, + का अर्थ ‘भाग’ है, – का अर्थ ‘के बराबर’ है, > का अर्थ ‘गुणा’ है, = का अर्थ ‘से कम’ है और < का अर्थ ‘घटाना’ है, तो निम्नलिखित विकल्पों से कौन-सा विकल्प सही है? *(SSC Steno 2007)*
(a) $5 > 2 < 1 - 3 \times 4 \times 1$ (b) $5 < 2 \times 1 \div 3 > 4 \times 1$
(c) $5 > 2 \times 1 - 3 > 4 < 1$ (d) $5 + 2 \times 1 = 3 + 4 > 1$

**36.** यदि × योग के लिए है, < घटाने के लिए है, > गुणा के लिए है, + भाग के लिए है, – के समान के लिए है, ÷ से अधिक के लिए है और = से कम के लिए है, तो दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सही है? *(SSC 10+2 2008)*
(a) $8 < 4 \times 3 - 3 \times 2 \times 1$ (b) $8 > 4 < 3 - 3 > 2 < 1$
(c) $8 + 4 < 3 \div 3 < 2 < 1$ (d) $8 + 4 \times 3 = 3 > 2 \times 1$

**37.** यदि '–' का अर्थ है '÷', '+' का अर्थ है '×', '÷' का अर्थ है '–' और '×' का अर्थ है '+' तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है? *(UP B.Ed 2012)*

(a) $30-6+5\times4\div2=27$ (b) $30+6-5\div4\times2=30$
(c) $30\times6\div5-4+2=32$ (d) $30\div6\times5+4-2=40$

**38.** यदि A का अर्थ है '+', M का अर्थ है '×', D का अर्थ है '÷', G का अर्थ है 'से अधिक' और L का अर्थ है 'से कम', तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प तार्किक रूप से सही है? *(SSC Steno 2012)*

(a) 18 D 6 A 8 L 4 A 6 D 2 (b) 18 D 9 A 6 L 8 A 6 M 2
(c) 18 A 6 M 2 L 3 M 3 A 4 (d) 18 D 2 A 1 G 4 M 2 A 6

**39.** यदि A का अर्थ +, B का अर्थ –, C का अर्थ × और D का अर्थ ÷ है, तो निम्नलिखित में कौन-सा सही है? *(SSC 10+2 2008)*

(a) 8B6DA4C3 = 15 (b) 9C9B9DA9 = 17
(c) 8A8B8C8 = –48 (d) 3A3B3C3A3D3 = 41

**40.** यदि – चिह्न ÷ के लिए हो, + चिह्न × के लिए, ÷ चिह्न – के लिए और × चिह्न + के लिए हो, तो निम्न में से कौन-सा सही है? *(SSC 10+2 2012)*

(a) $49+7-3\times5\div8=20$
(b) $49-7+3\div5\times8=24$
(c) $49\times7+3\div5-8=16$
(d) $49\div7\times3+5-8=26$

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* प्रश्नानुसार, $\times\Rightarrow-$ ; $+\Rightarrow\div$; $-\Rightarrow\times$ तथा $\div\Rightarrow+$

दी गई समीकरण,

$7\times28+7\div31-4\div11=?$

अब प्रश्नानुसार चिह्नों को परिवर्तित करने पर,

$7-28\div7+31\times4+11$ [VBODMAS के नियमानुसार]

$=7-4+124+11$

$=142-4=138$

**2.** *(a)* प्रश्नानुसार, $\div\Rightarrow+$ ; $-\Rightarrow\div$; $\times\Rightarrow-$ तथा $+\Rightarrow\times$

दिया गया व्यंजक, $\dfrac{(16\times4)-3\times4}{2+8\times3+15\div1}$

अब प्रश्नानुसार चिह्नों को परिवर्तित करने पर,

$\therefore \dfrac{(16-4)\div3-4}{2\times8-3\times15+1}=\dfrac{12\div3-4}{16-45+1}$ [VBODMAS के नियमानुसार]

$=\dfrac{4-4}{17-45}=0$

**3.** *(a)* दिया है, 15 = 3 + 4 ÷ 2 * 2

अब प्रश्नानुसार, चिह्नों को परिवर्तित करने पर,

$\Rightarrow 15-3\times4+2\div2$
$\Rightarrow 15-3\times4+1$
$\Rightarrow 15-12+1$
$\Rightarrow 16-12$
$\Rightarrow 4$

**4.** *(c)* प्रश्नानुसार,

$\times\rightarrow+$ ; $-\rightarrow\times$ ; $\div\rightarrow-$ ; $+\rightarrow\div$

दिया गया व्यंजक

$\rightarrow 12+6\div3-2\times8=?$

प्रश्नानुसार, चिह्नों को परिवर्तित करने पर,

$?=12\div6-3\times2+8$
$\Rightarrow ?=2-6+8$
$\Rightarrow ?=10-6$
$\therefore ?=4$

**5.** *(c)* दिया है, $6+3\div5-4\times6$

प्रश्नानुसार, $+\Rightarrow\div, -\Rightarrow\times, \times\Rightarrow-, \div\Rightarrow+$

$\therefore 6\div3+5\times4-6=2+20-6$
$=22-6=16$

**6.** *(a)* दिया है, $15\times5+78-5\div4$

प्रश्नानुसार, $+\rightarrow-$;$\times\rightarrow\div$;$\div\rightarrow+$;$-\rightarrow\times$

अब प्रश्नानुसार, चिह्न परिवर्तन करने पर,

$15\div5-78\times5+4=\dfrac{15}{5}-78\times5+4$
$=3-390+4$
$=3-394=-391$

**7.** *(b)* दिया गया व्यंजक है,

$(27\times3\div6)+9-8$

प्रश्नानुसार, चिह्नों को परिवर्तित करने पर,

$(27\div3-6)\times9+8=(9-6)\times9+8$
$=3\times9+8$
$=27+8=35$

**8.** *(a)* 8 + 4 – ?

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

व्यंजक = 8 – 4 = ?

$\therefore$ ? = 4

**9.** *(b)* प्रदत्त व्यंजक

$=(15\times9)\div(12\times4)\times(4\div4)$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=(15-9)+(12-4)-(4+4)$
$=6+8-8=14-8=6$

**10.** *(c)* $26+74-4\times5\div2=?$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=26\times74\div4-5+2$
$?=26\times74\times\dfrac{1}{4}-5+2$
$=481-5+2=483-5=\boxed{478}$

अतः ? = 478

**11.** *(a)* $15\times3\div4-6+7$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=15\div3+4\times6-7$
$=5+24-7=29-7=\boxed{22}$

**12.** *(c)* $7-10\times5\div6+4=?$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=7+10\div5\times6-4$
$=7+2\times6-4=7+12-4$
$=19-4=\boxed{15}$

अतः ? = 15

**13.** *(d)* $?=100+5-10\times250\div200$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=100\times5\div10+250-200$
$=100\times\dfrac{5}{10}+250-200$
$=50+250-200=\boxed{100}$

अतः ? = 100

**14.** *(b)* $?=(3-15\div11)\times8+6$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=(3\times15+11)\div8-6$
$=(45+11)\div8-6$
$=56\div8-6=7-6=\boxed{1}$

अतः ? = 1

**15.** *(a)* $?=54\div16-3\times6+2$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=54-16\times3+6\div2$
$=54-48+3=57-48=\boxed{9}$

अतः ? = 9

**16.** *(a)* $10\times5\div3-2+3=?$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$?=10\div5+3\times2-3$
$=2+6-3=\boxed{5}$

अतः ? = 5

**17.** *(d)* दिया व्यंजक $=([(55<10)]\times10)<120$

$=([(55+10)]\div10)+120$ [प्रश्नानुसार चिह्न परिवर्तित करने पर]

$=([65]\div10)+120$ [$\because$ VBODMAS के नियम से]

$=6.5+120=126.5$

**18.** *(c)* प्रश्नानुसार, $ ⇒ + # ⇒ –
@ ⇒ × * ⇒ ÷

दिया व्यंजक = 19$8@3#81*9

$=19+8\times3-81\div9$ [अक्षरों के चिह्न लिखने पर]

$=19+8\times3-9$

$=19+24-9$ [VBODMAS के नियम से]

$=43-9=34$

**19.** (b) $P \rightarrow \div$
$Q \rightarrow \times$
$R \rightarrow +$
$S \rightarrow -$
18 Q 12 P 4 R 5 S 6
$= 18 \times 12 \div 4 + 5 - 6$
VBODMAS का प्रयोग करने पर,
$= 18 \times 3 + 5 - 6 = 54 - 1 = 53$

**20.** (c) दिया है, 28 D 6 S 34 M 2 A 8 D 6
प्रश्नानुसार,
चिह्न परिवर्तन करने पर,
$28 \times 6 + 34 \div 2 - 8 \times 6$
$= 28 \times 6 + 17 - 8 \times 6$
$= 168 + 17 - 48$
$= 185 - 48 = 137$

**21.** (c) दिया है, 117 L 3 K 5 M 12 D 8 = ?
प्रश्नानुसार, वर्णो को चिह्नों में परिवर्तित करने पर, $? = 117 \div 3 - 5 + 12 \times 8$
$\Rightarrow ? = \frac{117}{3} - 5 + 12 \times 8$
$\Rightarrow ? = 39 - 5 + 96$
$\Rightarrow ? = 135 - 5 = 130$

**22.** (b) प्रश्नानुसार,

| L | M | N | P |
|---|---|---|---|
| + | × | − | ÷ |

$\therefore$ 30 P 2 L 3 M 6 N 5
$= 30 \div 2 + 3 \times 6 - 5$
[$\because$ VBODMAS के नियम से]
$= 15 + 18 - 5 = 28$

**23.** (c) दिया गया व्यंजक है
? = 68A48D2S8P10
$= 68 + 48 \div 2 - 8 \times 10$
$= 68 + 24 - 8 \times 10$
$\Rightarrow 68 + 24 - 80 = 92 - 80 = 12$

**24.** (b) 7 A 4 D 4 A 3 G 2 = ?
प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,
$7 \times 4 + 4 \times 3 - 2 = ?$
$\therefore ? = 28 + 12 - 2 = 40 - 2 = \boxed{38}$
अतः ? = 38

**25.** (b) 24 a 6 d 4 b 9 c 8 = ?
प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,
$24 \div 6 \times 4 + 9 - 8 = ?$
$\Rightarrow 4 \times 4 + 9 - 8 = ?$
$\therefore ? = 16 + 9 - 8 = 25 - 8 = \boxed{17}$
अतः ? = 17

**26.** (b) ? = 5 N 5 P5L 5 M 5
प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,
$? = 5 \times 5 \div 5 + 5 - 5 = 5 \times 1 + 5 - 5$
$= 5 + 5 - 5 = 10 - 5 = \boxed{5}$
अतः ? = 5

**27.** (a) $(N \times \square + M) \div K = 31$
$\Rightarrow (11 \times \square + 7) \div 2 = 31$
$\Rightarrow \frac{(11 \times \square + 7)}{2} = \boxed{31}$
$\Rightarrow 11 \times \square + 7 = 62$
$\Rightarrow 11 \times \square = 62 - 7 = 55$
$\Rightarrow \square = \frac{55}{11} = \boxed{5}$
$\therefore \square = 5 = \boxed{L}$

**28.** (b) 18 c 14 a 6 b 16 d 4 = ?
$\Rightarrow ? = 18 \times 14 + 6 - 16 \div 4$
$\Rightarrow ? = 252 + 6 - 4$
$\therefore ? = \boxed{254}$

**29.** (a) विकल्प (a) से,
$33 - 4 \div 5 \times 6 + 2 = 130$
प्रश्नानुसार, चिह्न बदलने पर,
$33 \times 4 - 5 + 6 \div 2 = 130$
$\Rightarrow 132 - 5 + 3 = 130$
$\Rightarrow 132 - 2 = 130$
$\Rightarrow 130 = 130$

**30.** (a) विकल्प (a) से,
$6 \times 5 - 24 \div 3 + 1 = 23$
$\Rightarrow 30 - 8 + 1 = 23$
$\Rightarrow 23 = 23$

**31.** (d) विकल्प (d) से, $3 + 3 \div 3 - 3 = 6$
निर्देशानुसार, चिह्नों को परिवर्तित करने पर,
$3 \times 3 - 3 + 3 = 6$
$\Rightarrow 9 - 3 + 3 = 6$
$\Rightarrow 9 = 6$
अतः समीकरण (d) गलत है।

**32.** (b) विकल्प (b) से,
$8 \div 44 - 5 + 25 = 203$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$8 + 44 \times 5 - 25 = 203$
$\Rightarrow 8 + 220 - 25 = 203$
$\Rightarrow 228 - 25 = 203$
$\Rightarrow 203 = 203$

**33.** (b) विकल्प (b) से,
$30 - 5 + 12 \div 8 \times 12 = 76$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$30 \div 5 \times 12 - 8 + 12 = 76$
$\Rightarrow 6 \times 12 - 8 + 12 = 76$
$\Rightarrow 72 - 8 + 12 = 76$
$\Rightarrow 84 - 8 = 76$
$\Rightarrow 76 = 76$

**34.** (c) विकल्प (c) से,
$66 \times 3 - 11 + 12 = 230$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$66 \div 3 \times 11 - 12 = 230$
$\Rightarrow 22 \times 11 - 12 = 230$
$\Rightarrow 242 - 12 = 230$
$\Rightarrow 230 = 230$

**35.** (c) विकल्प (c) से,
$5 > 2 \times 1 - 3 > 4 < 1$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$5 \times 2 + 1 = 3 \times 4 - 1$
$\Rightarrow 10 + 1 = 12 - 1 \Rightarrow 11 = 11$

**36.** (d) विकल्प (d) से,
$8 + 4 \times 3 = 3 > 2 \times 1$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$8 \div 4 + 3 < 3 \times 2 + 1$
$\Rightarrow 2 + 3 < 6 + 1 \Rightarrow 5 < 7$

**37.** (a) विकल्प (a) से,
$30 - 6 + 5 \times 4 \div 2 = 27$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$\Rightarrow 30 \div 6 \times 5 + 4 - 2 = 27$
$\Rightarrow 5 \times 5 + 4 - 2 = 27$
$\Rightarrow 25 + 4 - 2 = 27$

**38.** (b) विकल्प (b) से,
18 D 9 A 6 L 8 A 6 M 2
प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,
$18 \div 9 + 6 < 8 + 6 \times 2 \Rightarrow 8 < 20$

**39.** (c) विकल्प (c) से,
8 A 8 B 8 C 8 = − 48
प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,
$8 + 8 - 8 \times 8 = -48$
$\Rightarrow 8 + 8 - 64 = -48$
$\Rightarrow 16 - 64 = -48$
$\Rightarrow -48 = -48$

**40.** (b) विकल्प (b) से,
$49 - 7 + 3 \div 5 \times 8 = 24$
प्रश्नानुसार, गतिणीय चिह्नों को बदलने पर,
$49 \div 7 \times 3 - 5 + 8 = 24$
$\Rightarrow 7 \times 3 - 5 + 8 = 24$
$\Rightarrow 21 - 5 + 8 = 24$
$\Rightarrow 29 - 5 = 24$
$\Rightarrow 24 = 24$

## प्रकार 2. प्रतीकों/रिक्त स्थानों पर गणितीय चिह्नों के प्रतिस्थापन द्वारा समीकरण को सन्तुलित करना

इस प्रकार के प्रश्नों में विकल्पों में दिए गए गणितीय चिह्नों का प्रयोग करके दी गई समीकरण में प्रतीकों के स्थान पर या रिक्त स्थान की पूर्ति करनी होती है, जिससे समीकरण सन्तुलित हो जाए।

***उदाहरण* 5.** दी गई समीकरण को सन्तुलित करने तथा * चिह्नों को प्रतिस्थापित करने के लिए गणितीय चिह्नों का सही क्रम समूह चुनिए। *(MP Police SI 2017)*

$$16 * 6 * 4 * 24$$

(a) = ÷ ÷ (b) × ÷ = (c) × = ÷ (d) ÷ = ×

***व्याख्या*** *(b)* दिया गया व्यंजक, 16 * 6 * 4 * 24

अब, * के स्थान पर विकल्प (b) के चिह्नों को प्रतिस्थापित करने पर,

$\Rightarrow \quad 16 \times 6 \div 4 = 24$

$\Rightarrow \quad 16 \times \frac{6}{4} = 24$

$\Rightarrow \quad 4 \times 6 = 24 \Rightarrow 24 = 24$

अतः विकल्प (b) के चिह्न सही संयोजन है।

***उदाहरण* 6.** निम्नलिखित में सही गणितीय चिह्न लगाएँ। ताकि समीकरण सन्तुलित हो जाए। *[SSC Steno 2015]*

$$4 - 6 - 2 - 4 - 8 = 16$$

(a) × ÷ − + (b) − × + ÷
(c) ÷ + × − (d) + ÷ − ×

***व्याख्या*** *(a)* विकल्प (a) से,

$4 \times 6 \div 2 - 4 + 8 = 16$

$\Rightarrow \quad 4 \times 3 - 4 + 8 = 16$

$\Rightarrow \quad 12 - 4 + 8 = 16$

$\Rightarrow \quad 20 - 4 = 16$

$\Rightarrow \quad 16 = 16$

## प्रकार 3. संख्याओं तथा चिह्नों के परस्पर प्रतिस्थापन द्वारा समीकरण सन्तुलित करना

इस प्रकार के प्रश्नों में दिए गए समीकरण में दो चिह्नों या/और दो संख्याओं को परस्पर बदलकर समीकरण को सन्तुलित करना होता है।

***उदाहरण* 7.** निम्नलिखित में से कौन-सा चिह्न परस्पर बदलने से निम्नलिखित समीकरण सही बनेगी?

$$5 + 3 \times 8 - 12 \div 4 = 3$$ *(SSC CGL 2013)*

(a) + और ÷ (b) + और −
(c) − और ÷ (d) + और ×

***व्याख्या*** *(c)* दिया गया व्यंजक = 5 + 3 × 8 − 12 ÷ 4 = 3

अब '−' तथा '÷' के चिह्न बदलने पर व्यंजक

$\Rightarrow \quad 5 + 3 \times 8 \div 12 - 4 = 3$

$\Rightarrow \quad 5 + \frac{3 \times 8}{12} - 4 = 3$

$\Rightarrow \quad 5 + 2 - 4 = 3$

$\Rightarrow \quad 7 - 4 = 3$

$\Rightarrow \quad 3 = 3$

***उदाहरण* 8.** निम्नलिखित में से चिह्नों और संख्याओं के किस परस्पर बदलाव से दिए गए समीकरण को सही कर सकते हैं?

$$3 + 5 - 2 = 4$$

*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

(A) + और −, 2 और 5 (B) + और −, 3 और 4
(C) + और −, 2 और 4 (D) + और −, 3 और 5

(a) D (b) B (c) C (d) A

***व्याख्या*** *(a)* दिया समीकरण,

$3 + 5 - 2 = 4$

विकल्प (a) से,

+ और −, 3 और 5 को परस्पर बदलने पर,

$5 - 3 + 2 = 4$ [∵ VBODMAS के नियम से]

$\Rightarrow \quad 2 + 2 = 4$

$\Rightarrow \quad 4 = 4$

## प्रकार 4. विशेष प्रणाली पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में अंकों या समीकरण का मान अन्य अंकों के रूप में दिया गया होता है। दिए गए अंकों या समीकरण में किस पैटर्न का प्रयोग किया जा रहा है, उसे समझकर पूछे गए अंक या समीकरण का उसी पैटर्न के अनुसार मान ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 9.** यदि $2 = 4, 8 = 16$ तथा $10 = 20$ हो, तो $15 = ?$

(a) 20 (b) 25 (c) 30 (d) 40

***व्याख्या*** *(c)* जिस प्रकार, $2 \times 2 = 4$,

$8 \times 2 = 16$

तथा $10 \times 2 = 20$

उसी प्रकार, $15 \times 2 = 30$

***उदाहरण* 10.** यदि $64 + 7 = 460$ और $25 + 8 = 212$, तब $43 + 8 = ?$ *(SSC CPO 2017)*

(a) 360 (b) 376 (c) 332 (d) 356

***व्याख्या*** *(d)* जिस प्रकार, $64 + 7 = 460 \Rightarrow 64 \times 7 + 12 = 460$

तथा $25 + 8 = 212 \Rightarrow 25 \times 8 + 12 = 212$

उसी प्रकार, $43 + 8 = ? \Rightarrow 43 \times 8 + 12 = 356$

$\therefore \quad ? = 356$

***उदाहरण* 11.** कुछ समीकरण एक विषेश प्रणाली के आधार पर हल किए गए हैं। उसी आधार पर अनुत्तरित समीकरण का सही उत्तर ज्ञात कीजिए।

$$5 + 7 + 2 = 725, 6 + 9 + 0 = 906, 8 + 4 + 3 = ?$$

*(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)*

(a) 815 (b) 384 (c) 438 (d) 834

***व्याख्या*** *(c)* जिस प्रकार,

5 + 7 + 2 ⟶ 7 2 5

तथा

6 + 9 + 0 ⟶ 9 0 6

उसी प्रकार,

8 + 4 + 3 ⟶ 4 3 8

# प्रश्नावली 16.2

**1.** $8 * 4 * 2 = 16$ समीकरण को सही करने के लिए निम्न में से किन अंकगणितीय चिह्नों को अंकित किया जाएगा? ***(IB ACIO 2017)***

(a) +, × (b) −, + (c) ÷, + (d) +, ÷

**2.** प्रतीकों के उचित संयोजन का चयन करें जो दिए गए समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्रमिक रूप से रखा जाए, तो समीकरण को सही ढंग से पूरा करेगा।

((100?2)?2)?10 = 59 ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) −, ÷, + (b) −, ×, ÷ (c) +, ×, × (d) +, ÷, ÷

**3.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से किन गणितीय संक्रियाओं का प्रयोग करने से दिया गया समीकरण सही हो जाएगा?

35 ? 5 ? 10 ? 15 ? 4 ***(SSC CPO 2017)***

(a) ÷, +, = तथा × (b) ×, ÷, > तथा × (c) ÷, ×, > तथा × (d) +, ×, < तथा +

**4.** छायांकित खानों में वह उपयुक्त गणितीय संक्रियाएँ लिखें जिनसे उत्तर प्राप्त हो जाए। सभी परिकलन बाईं ओर से दाईं ओर किए जाने हैं।

8 ■ 4 ■ 6 ■ 5 = 60 ***(SSC Steno 2013)***

(a) −, ÷, + (b) ×, ÷, × (c) ×, ÷, − (d) ÷, ×, ×

**5.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से किन गणितीय संक्रियाओं का प्रयोग करने से दिया गया समीकरण सही हो जाएगा?

35 ? 5 ? 10 ? 15 ? 4

(a) ÷, +, = तथा × (b) ×, ÷, > तथा × (c) ÷, ×, > तथा × (d) ÷, ×, < तथा +

***निर्देश*** (प्र. सं. 6-11) *यदि प्रदत्त उत्तर तक पहुँचना है, तो समीकरण के लिए उपयुक्त चिह्न क्या होने चाहिए?*

**6.** 17 − 3 × 6 = 45 ***(SSC CGL 2008)***

(a) ×, = तथा − (b) −, × तथा = (c) =, × तथा − (d) ×, − तथा =

**7.** 3 + 2 × 1 = 7 ***(SSC CGL 2008)***

(a) ×, + तथा = (b) +, × तथा = (c) =, × तथा + (d) ×, = तथा +

**8.** 23 26 27 ***(UP B.Ed 2010)***

(a) × 3 = तथा × 1 = (b) × 1 = तथा × 3 = (c) + 3 = तथा + 1 = (d) × 3 = तथा + 1 =

**9.** 6 5 4 = 34 ***(SSC Steno 2009)***

(a) − तथा + (b) × तथा + (c) ÷ तथा × (d) × तथा −

**10.** 15 5 3 25 ***(SSC Steno 2012)***

(a) =,+,× (b) ×,÷,= (c) +,×,= (d) ×,=,+

**11.** 8 7 6 5 10 ***(SSC CGL 2014)***

(a) ×,−,÷,= (b) −,×,÷,+ (c) +,−,÷,× (d) ×,+,=,÷

**12.** निम्न समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदलने की आवश्यकता है

18 − 2 × 7 ÷ 6 + 10 = 67 ***(SSC Steno 2019)***

(a) − और ÷ (b) × और ÷ (c) + और − (d) + और ×

**13.** किन दो चिह्नों को आपस में परस्पर बदलने पर समीकरण सही हो जाएगी?

16 + 31 − 3 × 93 ÷ 11 = 966 ***(SSC Steno 2017)***

(a) + तथा − (b) − तथा ÷ (c) ÷ तथा × (d) × तथा +

**14.** निम्नलिखित प्रश्न में दिया गया समीकरण दो चिह्नों के अन्तर्परिवर्तन उपरान्त सही हो जाएगा। सही विकल्प चुनें। ***(CG PSC 2017)***

5 + 3 × 8 − 12 ÷ 4 = 3

(a) − व ÷ (b) + व ÷ (c) + व − (d) − व × (e) इनमें से कोई नहीं

**15.** किन दो चिह्नों को आपस में परस्पर बदलने पर समीकरण सही हो जाएगा?

4 + 9 ÷ 18 × 11 − 6 = 7 ***(SSC MTS 2017)***

(a) × तथा ÷ (b) + तथा × (c) ÷ तथा − (d) − तथा +

**16.** निम्न संकेत परिवर्तनों में से कौन-सा दी गई समीकरण को सही बनाएगा?

5 + 3 × 8 − 12 ÷ 4 = 3 ***(SSC Steno 2016)***

(a) + तथा − (b) − तथा ÷ (c) + तथा × (d) + तथा ÷

**17.** यदि '÷' तथा '=', 5 तथा 3 का स्थान परस्पर बदल दें, तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है? ***(SSC CGL 2010)***

(a) 5 = 15 ÷ 3 (b) 5 ÷ 15 = 3 (c) 3 = 5 ÷ 15 (d) इनमें से कोई नहीं

**18.** निम्न संकेत परिवर्तनों में से कौन-सा दी गई समीकरण को सही बनाएगा?

5 + 3 × 8 − 12 ÷ 4 = 3 ***(SSC Steno 2016)***

(a) + तथा − (b) − तथा ÷ (c) + तथा × (d) + तथा ÷

**19.** नीचे दी गई समीकरणों में '÷' और '×', 12 और 18 को एक-दूसरे के स्थान पर रखने के पश्चात् निम्नलिखित में से कौन-सी समीकरण सही हो जाएगी? ***(SSC Constable 2012)***

(a) (90 × 18) ÷ 12 = 60 (b) (18 × 6) ÷ 12 = 2 (c) (72 ÷ 12) × 18 = 72 (d) (12 × 6) ÷ 18 = 36

**20.** यदि 34 × 15 = 495 तथा 43 × 12 = 504 हो, तो 98 × 17 = ? ***(SSC CPO 2017)***

(a) 1649 (b) 1683 (c) 1763 (d) 1751

**21.** 29 × 13 = 14, 76 × 26 = 34, तब 64 × 14 = ? ***(SSC Steno 2016)***

(a) 54 (b) 19 (c) 32 (d) 26

**22.** यदि 3 * 4 = 10, 5 * 8 = 18 हो, तो 7 * 7 = ? ***(SSC CGL 2016)***

(a) 26 (b) 21 (c) 28 (d) 49

**23.** यदि 4# 38@1=13 तथा 5#2@2 = 12 हो, तो 6@1#4=? ***(SSC MTS 2017)***

(a) 11 (b) 10 (c) 12 (d) 8

***निर्देश*** (प्र. सं. 24-43) *किसी प्रणाली के आधार पर कुछ समीकरण हल किए गए हैं। विकल्प के रूप में दिए गए चार उत्तरों में से प्रत्येक प्रश्न के हल न किए गए समीकरण का उचित उत्तर खोजिए।*

***24.*** $16 \div 4 = 74, 21 \div 7 = 33, 81 \div 9 = 99, 55 \div 5 = ?$ ***(UP B.Ed 2012)***
(a) 110 (b) 1001
(c) 11 (d) 1011

***25.*** $4 - 4 = 12, 6 - 6 = 30, 2 - 2 = 2, 8 - 8 = ?$ ***(SSC 10+2 2008)***
(a) 8 (b) 38
(c) 56 (d) 16

***26.*** $4 - 4 = 17, 6 - 6 = 37, 2 - 2 = 5, 5 - 5 = ?$ ***(SSC CGL 2008)***
(a) 27 (b) 26
(c) 20 (d) 24

***27.*** $3 + 8 - 4 = 6, 4 + 6 - 8 = 3, 2 + 8 - 8 = 2, 5 + 8 - 4 = ?$ ***(SSC 10+2 2008)***
(a) 8 (b) 9
(c) 10 (d) 11

***28.*** $4 \times 6 \times 2 = 351, 3 \times 9 \times 8 = 287, 9 \times 5 \times 6 = ?$ ***(RRB GG 2010)***
(a) 270 (b) 845
(c) 596 (d) 659

***29.*** $5 \times 6 = 42, 2 \times 8 = 27, 4 \times 9 = 50, 7 \times 0 = ?$ ***(SSC FCI 2012)***
(a) 8 (b) 15
(c) 0 (d) 7

***30.*** $5 \times 3 \times 9 = 395, 9 \times 7 \times 5 = 759, 7 \times 6 \times 4 = ?$ ***(SSC FCI 2009)***
(a) 674 (b) 476
(c) 647 (d) 764

***31.*** $8 + 5 + 3 = 358, 3 + 7 + 6 = 673, 4 + 7 + 6 = ?$ ***(SSC Steno 2012)***
(a) 476 (b) 674
(c) 764 (d) 746

***32.*** $2 \times 3 = 64, 4 \times 5 = 108, 7 \times 8 = 1614, 5 \times 6 = ?$ ***(SSC 10+2 2006)***
(a) 1120 (b) 1324
(c) 1210 (d) 1415

***33.*** $7 - 4 - 1 = 714, 9 - 2 - 3 = 932, 8 - 0 - 4 = ?$ ***(SSC MTS 2014)***
(a) 804 (b) 840 (c) 408 (d) 480

***34.*** $6 \times 8 \times 3 = 638, 9 \times 0 \times 2 = 920, 5 \times 7 \times 4 = ?$ ***(UP B.Ed 2009)***
(a) 574 (b) 547 (c) 475 (d) 745

***35.*** $7 \times 14 \times 8 = 1478, 3 \times 16 \times 5 = 1635, 5 \times 9 \times 14 = ?$ ***(UP B.Ed 2010)***
(a) 5914 (b) 9514
(c) 1459 (d) 4195

***36.*** $66 \times 65 \times 64 = 195, 55 \times 54 \times 53 = 162, 44 \times 43 \times 42 = ?$ ***(SSC Steno 2006)***
(a) 921 (b) 219
(c) 129 (d) 258

***37.*** $4 \times 6 \times 9 = 649; 7 \times 3 \times 2 = 372; 8 \times 9 \times 4 = ?$ ***(SSC Steno 2011)***
(a) 489 (b) 849
(c) 948 (d) 984

***38.*** $6 * 7 = 2, 3 * 5 = 5, 5 * 8 = 0, 6 * 8 = ?$ ***(SSC 10+2 2005)***
(a) 0 (b) 4
(c) 2 (d) 8

***39.*** $4 * 8 * 5 = 596, 7 * 3 * 8 = 849, 6 * 5 * 2 = 763, 3 * 1 * 4 = ?$ ***(SSC CGL 2006)***
(a) 425 (b) 542
(c) 524 (d) 531

***40.*** $7 * 3 * 2 = 42, 6 * 4 * 3 = 72, 5 * 5 * 4 = 100, 4 * 6 * 5 = ?$ ***(SSC CGL 2006)***
(a) 25 (b) 114
(c) 44 (d) 120

***41.*** $4 * 6 = 72, 81 * 5 = 225, 9 * ? = 147$ ***(SSC CGL 2006)***
(a) 7 (b) 8
(c) 29 (d) 43

***42.*** 364 (146) 437, 574(?)641 ***(SSC CGL 2012)***
(a) 236 (b) 356
(c) 250 (d) 134

***43.*** 12 [140]12, 6[20]4, 20[?]6 ***(SSC Steno 2006)***
(a) 124 (b) 120
(c) 66 (d) 116

***44.*** यदि $1 = 1, 2 = 4, 3 = 9$ हो, तो $5 = ?$ ***(SSC 10+2 2008)***
(a) 20 (b) 22
(c) 24 (d) 25

***45.*** यदि $2 = 4, 3 = 5, 4 = 6$ हो, तो $8 = ?$ ***(SSC Steno 2010)***
(a) 10 (b) 12 (c) 14 (d) 16

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** *(a)* दिया है, $8 * 4 * 2 = 16$
अब इसमें विकल्प (a) के चिह्न को प्रतिस्थापित करने पर,
$\Rightarrow \quad 8 + 4 \times 2 = 16 \Rightarrow 8 + 8 = 16$
$\Rightarrow \quad 16 = 16$
अतः खाली स्थान पर विकल्प (a) के चिह्न आएँगे।

**2.** *(a)* $((100 ? 2)? 2)? 10 = 59$
विकल्प (a) से, $-, \div, +$ चिह्नों से,
$((100 - 2) \div 2) + 10 = 59$ [∵ VBODMAS के नियम से]
$\Rightarrow \quad (98 \div 2) + 10 = 59$
$\Rightarrow \quad 49 + 10 = 59 \Rightarrow 59 = 59$

**3.** *(c)* दी गई समीकरण में विकल्प (c) के चिह्नों का प्रयोग करने पर,
$35 \div 5 \times 10 > 15 \times 4$
$\Rightarrow \quad \frac{35}{5} \times 10 > 15 \times 4 \Rightarrow 7 \times 10 > 15 \times 4$
$\Rightarrow \quad 70 > 60$ (सत्य)
अतः विकल्प (c) के चिह्नों का प्रयोग करने पर समीकरण सही हो जाएगा।

**4.** *(d)* विकल्प (d) से,
$8 \div 4 \times 6 \times 5 = \frac{8}{4} \times 6 \times 5 = 2 \times 6 \times 5 = 60$

**5.** *(c)* दी गई समीकरण में विकल्प (c) के चिह्नों का प्रयोग करने पर,
$35 \div 5 \times 10 > 15 \times 4$
$\Rightarrow \quad \frac{35}{5} \times 10 > 15 \times 4$
$\Rightarrow \quad 7 \times 10 > 15 \times 4$
$70 > 60$ (सत्य)
अतः विकल्प (c) के चिह्नो का प्रयोग करने पर समीकरण सही हो जाएगा।

**6.** *(d)* प्रदत्त व्यंजक $= 17 - 3 \times 6 = 45$
विकल्प (d) से,
$17 \times 3 - 6 = 45 \Rightarrow 51 - 6 = 45 \Rightarrow 45 = 45$

**7.** *(a)* प्रदत्त व्यंजक $= 3 + 2 \times 1 = 7$
विकल्प (a) से,
$3 \times 2 + 1 = 7 \Rightarrow 6 + 1 = 7 \Rightarrow 7 = 7$

**8.** *(c)* विकल्प (c) से,
$23 + 3 = 26 + 1 = 27$

**9.** *(b)* विकल्प (b) से,
$6 \times 5 + 4 = 34 \Rightarrow 30 + 4 = 34 \Rightarrow 34 = 34$

**10.** *(b)* विकल्प (b) से,
$15 \times 5 \div 3 = 25$
$\Rightarrow \quad \frac{15 \times 5}{3} = 25 \Rightarrow 25 = 25$

**11.** *(a)* विकल्प (a) से,
$(8 \times 7 - 6) \div 5 = 10$
$\Rightarrow \quad (56 - 6) \div 5 = 10$
$\Rightarrow \quad 50 \div 5 = 10$
$\Rightarrow \quad 10 = 10$

**12.** *(a)* दिया गया व्यंजक
$18 - 2 \times 7 \div 6 + 10 = 67$
अब विकल्प (a) से, $18 \div 2 \times 7 - 6 + 10 = 67$
$\Rightarrow \quad 9 \times 7 - 6 + 10 = 67$
$\Rightarrow \quad 63 - 6 + 10 = 67$
$\Rightarrow \quad 73 - 6 = 67$
$\therefore \quad 67 = 67$

**13.** *(b)* $16 + 31 - 3 \times 93 \div 11 = 966$ में $-$ और $\div$ को बदलने पर,
$= 16 + 31 \div 3 \times 93 - 11$
$= 16 + \frac{31}{3} \times 93 - 11$
$= 16 + 961 - 11 = 966$

**14.** *(a)* दिया गया व्यंजक, $5 + 3 \times 8 - 12 \div 4 = 3$
अब, विकल्प (a) से, $-$ तथा $\div$ का स्थान परिवर्तन करने पर,
$\Rightarrow \quad 5 + 3 \times 8 \div 12 - 4 = 3$
$\Rightarrow \quad 5 + \frac{3 \times 8}{12} - 4 = 3$
$\Rightarrow \quad 5 + 2 - 4 = 3$
$\Rightarrow \quad 7 - 4 = 3$
$\Rightarrow \quad 3 = 3$

**15.** *(b)* दिया गया व्यंजक, $4 + 9 \div 18 \times 11 - 6 = 7$
अब, विकल्प (b) के अनुसार $+$ तथा $\times$ के चिह्नों को आपस में बदलने पर,
$4 \times 9 \div 18 + 11 - 6 = 7$
$\Rightarrow \quad \frac{4 \times 9}{18} + 11 - 6 = 7$
$\Rightarrow \quad \frac{36}{18} + 11 - 6 = 7$
$\Rightarrow \quad 2 + 11 - 6 = 7$
$\Rightarrow \quad 13 - 6 = 7$
$\Rightarrow \quad 7 = 7$
अतः $+$ तथा $\times$ के चिह्नों को बदलने पर समीकरण सही हो जाएगा।

**16.** *(b)* दिया है, $5 + 3 \times 8 - 12 \div 4$
$-$ और $\div$ को परस्पर बदलने पर,
$5 + 3 \times 8 \div 12 - 4 = 5 + 3 \times \frac{8}{12} - 4$
$= 5 + 2 - 4 = 7 - 4 = 3$

**17.** *(b)* विकल्प (b) से, $5 \div 15 = 3$
प्रश्नानुसार परिवर्तन करने पर,
$\Rightarrow \quad 3 = 15 \div 5 \Rightarrow 3 = 3$

**18.** *(b)* दिया है, $5 + 3 \times 8 - 12 \div 4$
विकल्प (b) से,
$-$ और $\div$ को परस्पर बदलने पर,
$5 + 3 \times 8 \div 12 - 4 = 5 + 24 \div 12 - 4$
$= 5 + 2 - 4 = 3$

**19.** *(d)* विकल्प (d) से, $(12 \times 6) \div 18 = 36$
$(18 \div 6) \times 12 = 36$
$\Rightarrow \quad 3 \times 12 = 36$
$\Rightarrow \quad 36 = 36$

**20.** *(a)* जिस प्रकार, $34 \times 15 = 495 \rightarrow 34 \times 15 = 510 \Rightarrow 510 - 15 = 495$
तथा $43 \times 12 = 504 \rightarrow 43 \times 12 = 516 \Rightarrow 516 - 12 = 504$
उसी प्रकार, $98 \times 17 = ? \rightarrow 98 \times 17 = 1666 \Rightarrow 1666 - 17 = 1649$
$\therefore \quad ? = 1649$

**21.** *(b)* जिस प्रकार, $(2 \times 9) - (1 + 3) = 18 - 4 = 14$
और $(7 \times 6) - (2 + 6) = 42 - 8 = 34$
उसी प्रकार, $(6 \times 4) - (1 + 4) = 24 - 5 = \boxed{19}$

**22.** *(b)* जिस प्रकार, $3 \times 2 + 4 = 10$
तथा $5 \times 2 + 8 = 18$
उसी प्रकार, $7 \times 2 + 7 = 21$

**23.** *(b)* जिस प्रकार, 4#3@1 = 13 $\Rightarrow 4\times3+1=13$

$\Rightarrow$ $12+1=13 \Rightarrow 13=13$

तथा 5#2@2 = 12 $\Rightarrow 5\times2+2=12$

$\Rightarrow$ $10+2=12$

$\Rightarrow$ $12=12$

उसी प्रकार, 6@1#4 $\Rightarrow 6+1\times4$

$\Rightarrow$ $6+4=\boxed{10}$

**24.** *(d)* जिस प्रकार, $16\div4 \Rightarrow 74 \Rightarrow \left.\begin{matrix}1+6=7\\ \frac{16}{4}=4\end{matrix}\right\} \Rightarrow 74$

$21\div7 \Rightarrow 33 \Rightarrow \left.\begin{matrix}2+1=3\\ \frac{21}{7}=3\end{matrix}\right\} \Rightarrow 33$

तथा $81\div9 \Rightarrow 99 \Rightarrow \left.\begin{matrix}8+1=9\\ \frac{81}{9}=9\end{matrix}\right\} \Rightarrow 99$

उसी प्रकार, $55\div5 \Rightarrow 1011 \Rightarrow \left.\begin{matrix}5+5=10\\ \frac{55}{5}=11\end{matrix}\right\} \Rightarrow \boxed{1011}$

अतः ? = 1011

**25.** *(c)* जिस प्रकार, $4-4 \Rightarrow 4\times4-4=12$

$6-6 \Rightarrow 6\times6-6=30$

तथा $2-2 \Rightarrow 2\times2-2=2$

उसी प्रकार, $8-8 \Rightarrow 8\times8-8=\boxed{56}$

अतः ? = 56

**26.** *(b)* जिस प्रकार, $4-4 \Rightarrow 4\times4+1=17$

$6-6 \Rightarrow 6\times6+1=37$

तथा $2-2 \Rightarrow 2\times2+1=5$

उसी प्रकार, $5-5 \Rightarrow 5\times5+1=\boxed{26}$

अतः ? = 26

**27.** *(c)* जिस प्रकार, $3+8-4 \Rightarrow (3\times8)\div4=24\div4=6$

$4+6-8 \Rightarrow (4\times6)\div8=24\div4=3$

तथा $2+8-8 \Rightarrow (2\times8)\div8=16\div8=2$

उसी प्रकार, $5+8-4 \Rightarrow (5\times8)\div4=40\div4=\boxed{10}$

अतः ? = 10

**28.** *(b)* जिस प्रकार, 4 × 6 × 2 (–1 each) → 3 5 1 तथा 3 × 9 × 8 (–1 each) → 2 8 7

उसी प्रकार, 9 × 5 × 6 (–1 each) → $\boxed{8\ 4\ 5}$

अतः ? = 845

**29.** *(a)* जिस प्रकार, $5\times6=42$

$\Rightarrow$ $(5+1)\times(6+1)=42 \Rightarrow 6\times7=42$

$2\times8=27 \Rightarrow (2+1)\times(8+1)=27$

$\Rightarrow$ $3\times9=27$

$4\times9=50 \Rightarrow (4+1)\times(9+1)=50$

$\Rightarrow$ $5\times10=50$

उसी प्रकार, $7\times0=? \Rightarrow (7+1)\times(0+1)=?$

$\Rightarrow$ $8\times1=8$

अतः ? = 8

**30.** *(c)* जिस प्रकार, 5 × 3 × 9 → 3 9 5 तथा 9 × 7 × 5 → 7 5 9,

उसी प्रकार, 7 × 6 × 4 → $\boxed{6\ 4\ 7}$

अतः ? = 647

**31.** *(b)* जिस प्रकार, 8 + 5 + 3 ⟶ 3 5 8 तथा 3 + 7 + 6 ⟶ 6 7 3

उसी प्रकार, 4 + 7 + 6 ⟶ $\boxed{6\ 7\ 4}$

अतः ? = 674

**32.** *(c)* जिस प्रकार, 2 × 3 ⇒ 6 4 (×2, ×2)

4 × 5 ⇒ 10 8 (×2, ×2) तथा 7 × 8 ⇒ 16 14 (×2, ×2)

उसी प्रकार, 5 × 6 ⇒ $\boxed{12\ 10}$ (×2, ×2)

अतः ? = 1210

**33.** *(b)* जिस प्रकार, 7 — 4 — 1 ⟶ 7 1 4 तथा 9 — 2 — 3 ⟶ 9 3 2

उसी प्रकार, 8 — 0 — 4 ⟶ $\boxed{8\ 4\ 0}$

अतः ? = 840

**34.** *(b)* जिस प्रकार, 6 × 8 × 3 → 6 3 8 तथा 9 × 0 × 2 → 9 2 0

उसी प्रकार, 5 × 7 × 4 → $\boxed{5\ 4\ 7}$

अतः ? = 547

**35.** *(b)* जिस प्रकार, 7 × 14 × 8 → 14 7 8 तथा 3 × 16 × 5 → 16 3 5

उसी प्रकार, 5 × 9 × 14 → $\boxed{9\ 5\ 14}$

अतः ? = 9514

**36.** *(c)* जिस प्रकार, $66\times65\times64 \Rightarrow 66+65+64=195$

तथा $55\times54\times53 \Rightarrow 55+54+53=162$

उसी प्रकार, $44\times43\times42 \Rightarrow 44+43+42=129$

अतः ? = 129

**37.** (d) जिस प्रकार, $4 \times 6 \times 9$ तथा $7 \times 3 \times 2$

6 4 9 3 7 2

उसी प्रकार, $8 \times 9 \times 4$

$\boxed{9\ 8\ 4}$

अतः ? = 984

**38.** (d) जिस प्रकार, $6 * 7 \Rightarrow 6 \times 7 = 42 \Rightarrow 2$

$3 * 5 \Rightarrow 3 \times 5 = 15 \Rightarrow 5$

तथा $5 * 8 \Rightarrow 5 \times 8 = 40 \Rightarrow 0$

उसी प्रकार, $6 * 8 \Rightarrow 6 \times 8 = 48 \Rightarrow \boxed{8}$

अतः ? = 8

**39.** (a) जिस प्रकार, $4 * 8 * 5 \Rightarrow (4 + 1)(8 + 1)(5 + 1) \Rightarrow 596$

$7 * 3 * 8 \Rightarrow (7 + 1)(3 + 1)(8 + 1) \Rightarrow 849$

तथा $6 * 5 * 2 \Rightarrow (6 + 1)(5 + 1)(2 + 1) \Rightarrow 763$

उसी प्रकार, $3 * 1 * 4 \Rightarrow (3 + 1)(1 + 1)(4 + 1) \Rightarrow \boxed{425}$

अतः ? = 425

**40.** (d) जिस प्रकार, $7 * 3 * 2 \Rightarrow 7 \times 3 \times 2 \Rightarrow 42$

$6 * 4 * 3 \Rightarrow 6 \times 4 \times 3 \Rightarrow 72$

तथा $5 * 5 * 4 \Rightarrow 5 \times 5 \times 4 \Rightarrow 100$

उसी प्रकार, $4 * 6 * 5 \Rightarrow 4 \times 6 \times 5 \Rightarrow \boxed{120}$

अतः ? = 120

**41.** (a) जिस प्रकार, $4 * 6 \Rightarrow \sqrt{4} \times 6^2 = 2 \times 36 = 72$

तथा $81 * 5 \Rightarrow \sqrt{81} \times 5^2 = 9 \times 25 = 225$

उसी प्रकार, $9 * ? \Rightarrow \sqrt{9} \times ?^2 = 147 \Rightarrow 3 \times ?^2 = 147$

$\Rightarrow$ $?^2 = \frac{147}{3} = 49 \quad \Rightarrow ? = \sqrt{49} = \boxed{7}$

अतः ? = 7

**42.** (d) जिस प्रकार, $(437 - 364) \times 2 = 73 \times 2 = 146$

उसी प्रकार, $(641 - 574) \times 2 = 67 \times 2 = 134$

अतः ? = 134

**43.** (d) जिस प्रकार, $12 \times 12 - 4 = 144 - 4 = 140$

तथा $6 \times 4 - 4 = 24 - 4 = 20$

उसी प्रकार, $20 \times 6 - 4 = 120 - 4 = \boxed{116}$

अतः ? = 116

**44.** (d) जिस प्रकार, $1 \Rightarrow (1)^2 = 1$

$2 \Rightarrow (2)^2 = 4$ तथा $(3) \Rightarrow (3)^2 = 9$

उसी प्रकार, $5 \Rightarrow (5)^2 = \boxed{25}$

अतः ? = 25

**45.** (a) जिस प्रकार, $2 + 2 = 4$

$3 + 2 = 5$ तथा $4 + 2 = 6$

उसी प्रकार, $8 + 2 = \boxed{10}$

अतः ? = 10

## प्रकार *5.* पंक्ति की परिणामी संख्या ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों में संख्याओं की दो पक्तियाँ दी गई होती हैं और कुछ नियम दिए गए होते हैं। दिए गए नियमों के आधार पर प्रत्येक पंक्ति में परिणामी संख्या की गणना अलग से की जाती है और संख्याओं की पंक्तियों के नीचे के प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। संख्याओं का परिचालन बाएँ से दाएँ होता है। पहली दो संख्याओं का परिचालन करने के बाद, दूसरी संख्या (प्रश्न में दी गई पहली और दूसरी संख्याओं के बीच परिचालन करने के बाद प्राप्त संख्या) और तीसरी संख्या के बीच परिचालन का अनुप्रयोग करने के लिए परिणामी पर विचार किया जाता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 12 और 13) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में संख्याओं की दो पंक्तियाँ दी गई हैं। निम्नलिखित नियमों के आधार पर प्रत्येक पंक्ति में परिणामी संख्या की गणना करनी है और पंक्तियों के नीचे के प्रश्नों का उत्तर देना है। संख्याओं का परिचालन बाएँ से दाएँ आगे बढ़ता है।*

**नियम**

(i) यदि एक सम संख्या के बाद दूसरी सम संख्या है, तो उन्हें जोड़ना है।

(ii) यदि एक सम संख्या के बाद अभाज्य संख्या है, तो उसकी गुणा करनी है।

(iii) यदि एक विषम संख्या के बाद एक सम संख्या है, तो विषम संख्या में से सम संख्या को घटाना है।

(iv) यदि अभाज्य संख्या के बाद सम संख्या है, तो दोनों को जोड़ना है।

***उदाहरण* 12.** 36 64 7

49 38 X

यदि पहली पंक्ति का परिणामी X है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या होगा?

(a) 700 (b) 705
(c) 711 (d) 715

***उदाहरण* 13.** 27 14 10

12 6 X

यदि पहली पंक्ति का परिणामी X है तो, दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या होगा?

(a) 404 (b) 414
(c) 684 (d) 754

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 12 और 13)

**नियम** (i) सम संख्या + सम संख्या

(ii) सम संख्या × अभाज्य संख्या

(iii) विषम संख्या – सम संख्या

(iv) अभाज्य संख्या + सम संख्या

**12.** (c) पंक्ति I 36 64 7

$\Rightarrow$ $36 + 64 = 100$ [नियम (i)]

$100 \times 7 = 700$ [नियम (ii)]

$\therefore$ $X = 700$ [चूँकि पहली पंक्ति का परिणामी X है]

पंक्ति II 49 38 700

$\Rightarrow$ $49 - 38 = 11$ [नियम (iii)]

$11 + 700 = 711$ [नियम (iv)]

**13.** (b) पंक्ति I 27 14 10

$\Rightarrow$ $27 - 14 = 13$ [नियम (iii)]

$13 + 10 = 23$ [नियम (iv)]

पंक्ति II 12 6 23

$\Rightarrow$ $12 + 6 = 18$ [नियम (i)]

$18 \times 23 = 414$ [नियम (ii)]

# प्रश्नावली 16.3

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-5) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में संख्याओं की दो पंक्तियाँ दी गई हैं। निम्नलिखित नियमों के आधार पर प्रत्येक पंक्ति में परिणामी संख्या की गणना करनी है और पंक्तियों के नीचे के प्रश्न का उत्तर देना है। संख्याओं का परिचालन बाएँ से दाएँ आगे बढ़ता है।* ***(SBI PO Main 2016)***

**नियम**

(i) एक सम संख्या के बाद दूसरी सम संख्या है, तो उन्हें जोड़ना है।
(ii) एक सम संख्या के बाद एक अभाज्य संख्या है, तो उनकी गुणा करनी है।
(iii) एक विषम संख्या के बाद एक सम संख्या है, तो विषम संख्या में से सम संख्या घटानी है।
(iv) एक विषम संख्या के बाद दूसरी विषम संख्या है, तो पहली संख्या को दूसरी संख्या के वर्ग में जोड़ना है।
(v) एक सम संख्या के बाद संयुक्त विषम संख्या है, तो सम संख्या को विषम संख्या से विभाजित करना है।

**1.** 84 21 13
15 11 44
दोनों पंक्तियों के परिणामों के योग का आधा क्या है?
(a) 116 (b) 132 (c) 232 (d) 236
(e) इनमें से कोई नहीं

**2.** 45 18 12
22 14 9
दोनों पंक्तियों के परिणामों का गुणनफल क्या है?
(a) 75 (b) 48 (c) 45 (d) 64
(e) इनमें से कोई नहीं

**3.** 12 7 16
79 28 15
दूसरी पंक्ति के और पहली पंक्ति के परिणामों के बीच क्या अन्तर है?
(a) 276 (b) 176 (c) 100 (d) 156
(e) इनमें से कोई नहीं

**4.** 36 13 39
77 30 7
दूसरी पंक्ति के परिणामों को पहली पंक्ति के परिणामों से विभाजित किया जाए, तो नतीजा क्या होगा?
(a) 12 (b) 16 (c) 8 (d) 6
(e) इनमें से कोई नहीं

**5.** 65 11 12
15 3 11
दोनों पंक्तियों के परिणामों का योग क्या है?
(a) 366 (b) 66 (c) 264 (d) 462
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 6-10) *निम्नलिखित प्रश्नों में संख्याओं की दो पंक्तियाँ दी गई हैं। निम्नलिखित नियमों के आधार पर प्रत्येक पंक्ति की परिणामी संख्या का अलग से हिसाब लगाना है और संख्याओं की पंक्तियों के नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दिया जाना है। संख्याओं का हिसाब बाएँ से दाएँ को लगाया जाएगा।* ***(Canara Bank PO 2008)***

**नियम**

(i) यदि सम संख्या के बाद एक अभाज्य संख्या हो, तो उन्हें गुणा किया जाएगा।
(ii) यदि सम संख्या के बाद मिश्र विषम संख्या हो, तो विषम संख्या को सम संख्या से घटाया जाएगा।
(iii) यदि मिश्र विषम संख्या के बाद एक अभाज्य संख्या हो, तो पहली संख्या को दूसरी संख्या से विभाजित किया जाएगा।
(iv) यदि विषम संख्या के बाद सम संख्या, जो पूर्ण वर्ग हो, तो उन्हें जोड़ा जाएगा।
(v) यदि विषम संख्या के बाद एक और विषम संख्या हो, तो उन्हें जोड़ा जाएगा।

**6.** 36 21 5 16
27 3 16 5
दोनों पंक्तियों की परिणामी संख्याओं का योग कितना है?
(a) 25 (b) 24 (c) 125 (d) 81
(e) इनमें से कोई नहीं

**7.** 39 13 11 17
24 5 55 13
दोनों पंक्तियों की परिणामी संख्याओं के बीच कितना अन्तर है?
(a) 14 (b) 9 (c) 243 (d) 233
(e) इनमें से कोई नहीं

**8.** 23 15 9 64
x 31 15 3
यदि पहली पंक्ति का परिणामी x है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 54 (b) 18 (c) 21 (d) 72
(e) इनमें से कोई नहीं

**9.** 86 45 13 21
m 11 36 21
यदि पहली पंक्ति का परिणामी m है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 50 (b) 77 (c) 60 (d) 43
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** 12 7 39 15
17 16 11 23
दूसरी पंक्ति और पहली पंक्ति के परिणामी के बीच का अन्तर क्या है?
(a) 26 (b) 22 (c) 21 (d) 24
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 11-15) *किसी खास अनुदेश प्रणाली में अलग-अलग कम्प्यूटेशन प्रोसेस निम्नानुसार लिखे जाते हैं।*

(i) x $ y % z का अर्थ है y और z के गुणनफल में x जोड़ा गया है।
(ii) x # x @ z का अर्थ है x को y से गुणा किया गया है और परिणामी को z से घटाया गया है।
(iii) x © y ★ z का अर्थ है x को y में जोड़ा गया है और परिणामी z द्वारा विभाजित किया गया है।
(iv) x ! y ● z का अर्थ है y को z से गुणा किया गया है और परिणामी x द्वारा विभाजित किया गया है।

**11.** 24 # 5 @ 150 = m
m © 18 ★ 16 = ?
(a) 8 (b) 6 (c) 3 (d) 12

**12.** 60 ! 36 ● 15 = g
2 # 3 @ g = ?
(a) 12 (b) 3 (c) 15 (d) 8

**13.** 22 $ 15 % 8 = n
n © 2 ★ 6 = ?
(a) 12 (b) 18 (c) 16 (d) 24

**14.** 32 $ 8 % 5 = t
t © 12 ★ 7 = ?
(a) 18 (b) 16 (c) 14 (d) 12

**15.** 17 # 4 @ 88 = p
5 ! p ● 4 = ?
(a) 16 (b) 20 (c) 85 (d) 68

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**उत्तर** (प्र. सं.1-5)

**नियम** (i) सम संख्या + सम संख्या
(ii) सम संख्या × अभाज्य संख्या
(iii) विषम संख्या − सम संख्या
(iv) विषम संख्या + $(\text{विषम संख्या})^2$
(v) सम संख्या ÷ संयुक्त विषम संख्या

***1.*** *(a)* पंक्ति I. 84 21 13 $\Rightarrow 84 \div 21 = 4 \Rightarrow 4 \times 13 = 52$

पंक्ति II. 15 11 44 $\Rightarrow 15 + (11)^2 = 15 + 121 = 136$
$\Rightarrow 136 + 44 = 180$

∴ दोनों पंक्तियों के परिणामों के योग का आधा
$= (52 + 180) \times \frac{1}{2} = 232 \times \frac{1}{2} = 116$

***2.*** *(e)* पंक्ति I. 45 18 12 $\Rightarrow 45 - 18 = 27 \Rightarrow 27 - 12 = 15$

पंक्ति II. 22 14 9 $\Rightarrow 22 + 14 = 36 \Rightarrow 36 \div 9 = 4$

∴ दोनों पंक्तियों के परिणामों का गुणनफल $= 15 \times 4 = 60$

***3.*** *(b)* पंक्ति I. 12 7 16 $\Rightarrow 12 \times 7 = 84 \Rightarrow 84 + 16 = 100$

पंक्ति II. 79 28 15 $\Rightarrow 79 - 28 = 51$
$\Rightarrow 51 + (15)^2 = 51 + 225 = 276$

∴ दूसरी पंक्ति और पहली पंक्ति के परिणामों के बीच अन्तर
$= 276 - 100 = 176$

***4.*** *(c)* पंक्ति I. 36 13 39 $\Rightarrow 36 \times 13 = 468 \Rightarrow 468 \div 39 = 12$

पंक्ति II. 77 30 7 $\Rightarrow 77 - 30 = 47$
$\Rightarrow 47 + (7)^2 = 47 + 49 = 96$

∴ दूसरी पंक्ति के परिणामों को पहली पंक्ति के परिणामों से विभाजित करने पर, $96 \div 12 = 8$

***5.*** *(d)* पंक्ति I. 65 11 12 $\Rightarrow 65 + (11)^2 = 65 + 121 = 186$
$\Rightarrow 186 + 12 = 198$

पंक्ति II. 15 3 11 $\Rightarrow 15 + (3)^2 = 15 + 9 = 24$
$\Rightarrow 24 \times 11 = 264$

∴ दोनों पंक्तियों के परिणामों का योग $= 198 + 264 = 462$

**उत्तर** (प्र. सं.6-10)

**नियम** (i) सम संख्या × अभाज्य संख्या
(ii) सम संख्या − मिश्र विषम संख्या
(iii) मिश्र विषम संख्या ÷ अभाज्य संख्या
(iv) विषम संख्या + सम संख्या (जो पूर्ण वर्ग हो)
(v) विषम संख्या + विषम संख्या

***6.*** *(b)* पंक्ति I. 36 21 5 16 $\Rightarrow 36 - 21 = 15 \Rightarrow 15 \div 5 = 3$
$\Rightarrow 3 + 16 = 19$

पंक्ति II. 27 3 16 5 $\Rightarrow 27 \div 3 = 9 \Rightarrow 9 + 16 = 25$
$\Rightarrow 25 \div 5 = 5$

∴ दोनों पंक्तियों की परिणामी संख्याओं का योग $= 19 + 5 = 24$

***7.*** *(d)* पंक्ति I. 39 13 11 17 $\Rightarrow 39 \div 13 = 3 \Rightarrow 3 + 11 = 14$
$\Rightarrow 14 \times 17 = 238$

पंक्ति II. 24 5 55 13 $\Rightarrow 24 \times 5 = 120 \Rightarrow 120 - 55 = 65$
$\Rightarrow 65 \div 13 = 5$

∴ दोनों पंक्तियों की परिणामी संख्याओं के बीच अन्तर $= 238 - 5 = 233$

***8.*** *(a)* पंक्ति I. 23 15 9 64 $\Rightarrow 23 + 15 = 38$
$\Rightarrow 38 - 9 = 29 \Rightarrow 29 + 64 = 93$

पंक्ति II. x 31 15 3 $\Rightarrow 93 \div 31 = 3$
[यहाँ, x = 93]
$\Rightarrow 3 + 15 = 18 \Rightarrow 18 \times 3 = 54$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 54

***9.*** *(c)* पंक्ति I. 86 45 13 21 $\Rightarrow 86 - 45 = 41$
$\Rightarrow 41 + 13 = 54 \Rightarrow 54 - 21 = 33$

पंक्ति II. m 11 36 21 $\Rightarrow 33 \div 11 = 3$ [यहाँ, m = 33]
$\Rightarrow 3 + 36 = 39 \Rightarrow 39 + 21 = 60$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 60

***10.*** *(e)* पंक्ति I. 12 7 39 15 $\Rightarrow 12 \times 7 = 84$
$\Rightarrow 84 - 39 = 45 \Rightarrow 45 + 15 = 60$

पंक्ति II. 17 16 11 23 $\Rightarrow 17 + 16 = 33$
$\Rightarrow 33 \div 11 = 3 \Rightarrow 3 + 23 = 26$

∴ दूसरी पंक्ति और पहली पंक्ति के परिणामी के बीच का अन्तर
$= 60 - 26 = 34$

**उत्तर** (प्र. सं. 11-15)

(i) x $ y % z ⇒ x + (y × z)  (ii) x # y @ z ⇒ z − (x × y)
(iii) x © y ★ z ⇒ (x + y) ÷ z  (iv) x ! y • z ⇒ (y × z) ÷ x

***11.*** *(c)* पंक्ति I. 24 # 5 @ 150 = m ⇒ 150 − (24 × 5) = m
⇒ 150 − 120 = m ⇒ 30 = m
पंक्ति II. m © 18 ★ 16 = ?
⇒ 30 © 18 ★ 16 = ? ⇒ (30 + 18) ÷ 16 = ?
⇒ 48 ÷ 16 = ? ⇒ 3 = ?

***12.*** *(b)* पंक्ति I. 60 ! 36 ● 15 = g ⇒ (36 × 15) ÷ 60 = g
⇒ 540 ÷ 60 = g ⇒ 9 = g
पंक्ति II. 2 # 3 @ g = ?
⇒ 2 # 3 @ 9 = ? ⇒ 9 − (2 × 3) = ?
⇒ 9 − 6 = ? ⇒ 3 = ?

***13.*** *(d)* पंक्ति I. 22 $ 15 % 8 = n ⇒ 22 + (15 × 8) = n
⇒ 22 + 120 = n ⇒ 142 = n
पंक्ति II. n © 2 ★ 6 = ?
⇒ 142 © 2 ★ 6 = ? ⇒ (142 + 2) ÷ 6 = ?
⇒ 144 ÷ 6 = ? ⇒ 24 = ?

***14.*** *(d)* पंक्ति I. 32 $ 8 % 5 = t ⇒ 32 + (8 × 5) = t
⇒ 32 + 40 = t ⇒ 72 = t
पंक्ति II. t © 12 ★ 7 = ?
⇒ 72 © 12 ★ 7 = ? ⇒ (72 + 12) ÷ 7 = ?
⇒ 84 ÷ 7 = ? ⇒ 12 = ?

***15.*** *(a)* पंक्ति I. 17 # 4 @ 88 = p ⇒ 88 − (17 × 4) = p
⇒ 88 − 68 = p ⇒ 20 = p
पंक्ति II. 5 ! p ● 4 = ?
⇒ 5 ! 20 ● 4 = ? ⇒ (20 × 4) ÷ 5 = ?
⇒ 80 ÷ 5 = ? ⇒ 16 = ?

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** यदि + का अर्थ विभाजन, × का अर्थ –, ÷ का अर्थ गुणा और – का अर्थ जोड़ना हो, तो *(IB ACIO 2017)*

$$9 + 3 \div 4 - 8 \times 2$$

(a) 15 (b) 17 (c) 18 (d) 20

**2.** यदि '+' के लिए '×' हो '–' के लिए '÷' हो, '×' के लिए '–' हो और '÷' के लिए '+' हो, तो निम्नांकित समीकरण का मान बताइए। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

$$26 + 74 - 4 \times 5 \div 2 = ?$$

(a) 220 (b) 376 (c) 478 (d) 488

**3.** यदि चिह्न '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाता है और '–' व '+' को परस्पर बदल दिया जाता है, तो नीचे दिए गए व्यंजक का मान कितना होगा?

$136 \times 8 \div 3 - 5 + 3$ *(UPSSSC अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग-3 प्राविधिक सहायक भर्ती परीक्षा 2019)*

(a) 59 (b) 53
(c) 51 (d) 56

**4.** यदि '+' को '÷' में बदला जाता है, '–' को '×' में बदला जाता है, '÷' को '–' में और '×' को '+' में बदला जाता है, तो नीचे दिए गए व्यंजक का मान क्या होगा? *(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)*

$65 - 10 + 5 \div 3 \times 4 = ?$

(a) 12 (b) 110 (c) 131 (d) 9

**5.** यदि A का मतलब जोड़ है, E का मतलब विभाजन या भाग है, I का मतलब घटाव है, O का मतलब गुणा है और शेष अक्षरों को उनके कालक्रम की स्थिति के अनुसार संख्याओं के साथ प्रतिस्थापित किया जाता है (गणितीय संकेतों के रूप में उपयोग किए गए अक्षरों को शृंखला में उनकी संख्या बनाए रखे तो), निम्नलिखित का परिणाम क्या होगा?

88E11A2I4? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) 60 (b) 33 (c) 12 (d) 6

**6.** यदि + का अर्थ ×, – का अर्थ +, × का अर्थ ÷, ÷ का अर्थ – हो, तो $50 + 10 - 50 \times 10 \div 125$ का मान कितना होगा? *(SSC CPO 2016)*

(a) 320 (b) 380
(c) 340 (d) 366

**7.** यदि ÷ का अर्थ + है, + का अर्थ × है, × का अर्थ – है और – का अर्थ ÷ है, तो निम्न का मान कितना होगा? *(SSC CPO 2016)*

$$[(1440 - 36 \times 16) + 15] + 5 \div (144 - 12) + 25 = ?$$

(a) 2130 (b) 2200
(c) 2050 (d) 2100

**8.** किसी निश्चित कोड भाषा में, '–, ×' को प्रदर्शित करता है '÷, +' को प्रदर्शित करता है '+', '÷' को प्रदर्शित करता है और '×, –' को प्रदर्शित करता है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर ज्ञात करें। *(SSC 10+2 2018)*

$$18 \div 12 - 5 + 30 \times 6 = ?$$

(a) 19 (b) 15
(c) 41 (d) 14

**9.** यदि चिह्न + गुणन को, × योग को, – विभाजन को, ÷ अन्तर को, > बराबर को तथा = अधिक है को निरूपित करते हैं, तो निम्न में से कौन-सा सम्बन्ध सत्य है? *(BPSC 2016)*

(a) $12 - 2 + 3 \div 8 \times 1 > 12$ (b) $11 \times 2 \div 4 - 2 + 1 = 11$
(c) $7 \div 2 \times 5 - 5 + 2 = 7$ (d) $5 \times 6 - 3 \div 3 + 1 > 4$
(e) इनमें में से कोई नहीं

**10.** यदि 'P' का अर्थ है '÷', 'Q' का अर्थ है '×,' 'R' का अर्थ है '+' एवं 'S' का अर्थ है '–', तो 200 P 50 Q 3R 10 S 4 का मान क्या होगा? *(SBI Clerk Main 2018)*

(a) 20 (b) 18 (c) 30 (d) 25
(e) इनमें से कोई नहीं

**11.** यदि ★ का मतलब घटाना हो, – का मतलब विभक्त करने से हो, □ का मतलब जमा करने से हो और % का मतलब गुणा से हो, तो

13□3★6%8 – 4□14 = ? *(SSC CGL 2016)*

(a) 18 (b) 14 (c) 12 (d) 8

**12.** यदि '+' का अर्थ '–', '×' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '+' तथा '–' का अर्थ '×' हो, तो $252 \times 9 - 5 + 32 \div 92 = ?$ *(Dena Bank PO 2011)*

(a) 168 (b) 192 (c) 200 (d) 95
(e) इनमें से कोई नहीं

**13.** यदि ÷ का अर्थ '+', – का अर्थ '÷', × का अर्थ '–' और + का अर्थ '×' है, तो $\frac{24 - 8 \div 6 + 4 \times 7}{8 + 3 \times 19}$ का मान बताएँ।

(a) 7 (b) 4 (c) 1 (d) 5
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** यदि A व्यक्त करता हो '–',C व्यक्त करता हो '×', D व्यक्त करता हो '÷' और E व्यक्त करता हो '+' तो 14C 3A12E4D2 = ? *(UPPSC Pre 2015)*

(a) 17 (b) 28 (c) 16 (d) 32

**15.** यदि '×' का अर्थ है '+', '÷' का अर्थ है '×', '+' का अर्थ है '–' तथा '–' का अर्थ है '÷', तो $24 + 36 - 12 \times 8 \div 4 = ?$ *(SBI PO 2012)*

(a) 36 (b) 53 (c) 5 (d) – 20
(e) इनमें से कोई नहीं

**16.** यदि A का अर्थ '×', B का अर्थ '÷', C का अर्थ '–' तथा D का अर्थ '+' है, तो 4 D 16 A 5 B 8 C 5 = ? *(SBI Clerk 2013)*

(a) 9 (b) 16 (c) 13 (d) 7.5
(e) 12

**17.** यदि M, '÷' को, K, '–' को, T, '×' को तथा R, '+' को प्रदर्शित करे, तो 20 K 16 T 8 M 4 R 6 = ? *(IBPS Clerk 2012)*

(a) 18 (b) – 6 (c) – 12 (d) – 18
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '+' है और 'S' का अर्थ '–', है, तो '5 4 4Q 32 R 13P 7 S18' = ? *(Dena Bank Clerk 2010)*

(a) 108 (b) 90 (c) 118 (d) 192
(e) इनमें से कोई नहीं

**19.** यदि R का अर्थ '–' है, Q का अर्थ '×' है, W का अर्थ '÷' है, तथा A का अर्थ है '+', तो 42 W 7 R 8 A 6 Q 4 = ? *(SBI PO 2013)*

(a) – 22 (b) – 168 (c) 22 (d) 28
(e) इनमें से कोई नहीं

**20.** यदि 'A' का अर्थ '–', 'B' का अर्थ '÷', 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '×' हो, तो 15 B 3 C 24 A 12 D 2 = ? *(IBPS PO 2011)*

(a) 3 (b) 5 (c) 7 (d) 9
(e) इनमें से कोई नहीं

**21.** यदि – का अर्थ भाग हो, + का अर्थ गुणा हो, ÷ का अर्थ घटाव हो तथा × का अर्थ जमा हो, तो निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा सही है? *(SSC CGL 2010)*

(a) $24 \div 8 - 4 + 2 \times 3 = 16$ (b) $24 - 8 + 4 \times 2 \div 3 = 12$
(c) $24 \times 8 - 4 \div 2 + 3 = 17$ (d) $24 + 8 - 4 \times 2 \div 3 = 47$

**22.** कुछ प्रतीकों को कुछ अक्षरों द्वारा नीचे दर्शाया गया है

+ − × ÷ = > <

B G E C D A F

चार विकल्पों में से केवल एक अभिव्यक्ति में ही सही सम्बन्ध है, उसको पहचानिए। *(UP B.Ed 2013)*

(a) 18F 3B 6E 8G 4E 12 (b) 18C 3G 6B 8B 4D 12
(c) 18A 3E 6B 8G 4B 12 (d) 18C 3D 6B 8C 4G 12

**23.** यदि + = ×, − = ÷, × = +, ÷ = − हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है? *(SSC CGL 2015)*

(a) 18 − 6 × 7 + 2 + 8 = 63
(b) 18 ÷ 6 + 4 − 2 + 3 = 22
(c) 18 × 6 − 4 + 7 × 8 = 47
(d) 18 + 6 − 4 × 2 ÷ 3 = 26

**24.** यदि '+' का मान '×' है, '−' का मान '÷' है, '×' का मान '−' है और '÷' का मान '+' है, तब 16 ÷ 64 − 8 × 4 + 2 का मान क्या होगा? *(SSC CGL 2015)*

(a) 12 (b) 24
(c) 16 (d) 18

**25.** यदि '+' का अर्थ 'भाग' है; '×' का अर्थ 'जोड़' है; '−' का अर्थ गुणा है; ÷ का अर्थ 'घटा' है, तो निम्नलिखित में से क्या सही है? *(SSC CGL 2015)*

(a) 46 × 6 ÷ 4 − 5 + 3 = 74
(b) 46 − 6 + 4 × 5 ÷ 3 = 71
(c) 46 + 6 × 4 − 5 ÷ 3 = 75.5
(d) 46 × 6 − 4 + 5 ÷ 3 = 70.1

**26.** यदि J = 1, K = 2, L = 5, M = 7, N = 11, O = 13, P = 17, तब दिए गए व्यंजक में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर क्या आएगा?

N × ? + M ÷ K = 31 *(SSC 10+2 2017)*

(a) L (b) P (c) J (d) O

**27.** यदि 13 L 4 A 7 = 41 तथा 14 A 3 L 12 = 54 हो, तो 12 L 3 A 9 = ? *(SSC Steno 2017)*

(a) 84 (b) 39 (c) 42 (d) 56

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा

1. ×, =, ÷ 2. =, ÷, × 3. =, ×, ÷ 4. ÷, =, ×

क्रमशः ◎, ⊕ तथा ⊙ को 90 ◎ 6 ⊕ 8 ⊙ 2 में उचित रूप से प्रतिस्थापित करता है? *(UKPSC 2016)*

(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**29.** कुछ समीकरणों का कुछ प्रणालियों के आधार पर हल निकाला गया है। उसी आधार पर उस समीकरण का सही उत्तर ज्ञात कीजिए, जिसका हल नहीं निकाला गया है। *(SSC CGL 2016)*

यदि 3 ★ 2 ★ 8 ★ 4 = 632
2 ★ 4 ★ 4 ★ 4 = 816
हो, तो 3 ★ 3 ★ 5 ★ 1 = ?

(a) 95 (b) 45 (c) 315 (d) 184

**निर्देश** (प्र. सं. 30 और 31) *यदि प्रदत्त उत्तर तक पहुँचना है, तो समीकरण के लिए उपयुक्त चिह्न क्या होने चाहिए?*

**30.** 6 4 12 12 *(SSC MTS 2014)*

(a) ÷,−,= (b) +,−,÷ (c) =,−,+ (d) ×,−,=

**31.** 20 10 5 2 *(SSC FCI 2012)*

(a) −,×,= (b) −,=,× (c) =, ×, − (d) ×,−,=

**32.** निम्नलिखित समीकरण गलत है। इस समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों की आपस में अदला-बदली करनी चाहिए।

20 + 14 ÷ 35 − 10 × 12 = 10 *(SSC CPO 2016)*

(a) + और × (b) + और ÷
(c) − और + (d) ÷ और ×

**33.** यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो 42*4*12*20*9 से कौन-सा संयोजन आपको 25 मान देगा?

(a) ÷, +, − × (b) ÷, −, +, ×
(c) −, ×, ÷, + (d) ×, −, +, ×

**34.** + और − तथा 8 और 7 को परस्पर बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही होगा? *(SSC CGL 2015)*

(a) 7 × 8 + 6 − 9 = 25 (b) 8 − 7 + 3 × 5 = 15
(c) 6 + 8 × 2 − 7 = 0 (d) 8 × 3 + 7 − 6 ÷ 9

**35.** यदि $x \% y = y^2 - x^2$, $x \ \$ \ y = x \div y^2$, $x \ \# \ y = 2xy$ हो, तो

((13 % 5) $ 6] # 15 का मान कितना होगा? *(SSC CPO 2016)*

(a) −120 (b) 120
(c) 136 (d) 147

**36.** यदि 26 (52) 8 तथा 48 (192) 16 हो, तो A (175) 14 में, 'A' का मान क्या है?

(a) 50 (b) 25 (c) 35 (d) 40

**37.** नीचे दिए गए समीकरणों को एक निश्चित प्रणाली के आधार पर हल किया गया है। उसी प्रणाली के आधार पर नीचे दिए गए अनसुलझे समीकरण के लिए चार विकल्पों में से सही उत्तर का पता लगाइए।

*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)*

45 − 25 = 2, 78 − 45 = 3, 61 − 40 = ?

(a) 1 (b) 5 (c) 2 (d) 6

**38.** 8 − 7 = 6, 4 − 7 = 8, 13 − 6 = 8, 18 − 9 = ? *(SSC FCI 2012)*

(a) 9 (b) 8 (c) 7 (d) 2

**39.** 2 + 3 + 5 = 30, 3 + 4 + 6 = 72, 5 + 6 + 2 = 60, 5 + 4 + 0 = ? *(SSC MTS 2013)*

(a) 40 (b) 30
(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

**40.** 5★3 = 125; 4★3 = 64; 8 ★ 2 = ? *(SSC CGL 2014)*

(a) 28 (b) 16 (c) 32 (d) 64

**41.** 9 * 7 = 32, 13 * 7 = 120, 17 * 9 = 208, 19 * 11 = ?

(a) 64 (b) 160 (c) 240 (d) 210

**42.** 16(27) 43, 29 (?) 56, 36 (12) 48 *(SSC 10+2 2008)*

(a) 23 (b) 33 (c) 27 (d) 37

**43.** यदि 6 * 5 = 31 ; 7 * 8 = 57 ; 3 * 4 = 13, तो 9 * 10 = ? *(SSC Steno 2012)*

(a) 90 (b) 91 (c) 19 (d) 11

**44.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए। *(SSC 10+2 2013)*

a = 12 (175) 15, b = 14 (219) 16 और c = 17 (?) 14

(a) 223 (b) 233 (c) 224 (d) 230

**45.** नीचे दिए गए विकल्पों का सही उत्तर ज्ञात करने के लिए चिह्नों को बदलिए और तद्नुसार उसे हल कीजिए।

9 × 8 × 7 = 24, 4 × 7 × 3 = 14, 2 × 1 × 9 = ? *(SSC CPO 2015)*

(a) 12 (b) 11 (c) 10 (d) 18

***निर्देश*** (प्र. सं. 46-50) *निम्नलिखित प्रश्नों में संख्याओं की दो पंक्तियाँ दी गई हैं। निम्नलिखित नियमों के आधार पर प्रत्येक पंक्ति में परिणामी संख्या की गणना अलग से की जानी है और संख्याओं की पंक्तियों के नीचे के प्रश्नों के उत्तर देने हैं। संख्याओं का परिचालन बाएँ से दाएँ है।*

**नियम**

(i) किसी विषम संख्या के बाद मिश्र विषम संख्या है (जो अभाज्य संख्या न हो), तो उनकी गुणा करनी है।
(ii) किसी सम संख्या के बाद विषम संख्या है, जो पूर्ण वर्ग न हो, तो उन्हें जोड़ना है।
(iii) किसी सम संख्या के बाद की संख्या एक पूर्ण वर्ग है, तो सम संख्या को पूर्ण वर्ग से घटाना है।
(iv) किसी विषम संख्या के बाद अभाज्य विषम संख्या है, तो पहली संख्या को दूसरी से विभाजित करना है।
(v) किसी विषम संख्या के बाद सम संख्या है, तो दूसरी को पहली संख्या में से घटाना है। ***(Dena Bank PO 2010)***

***46.*** 16 64 7
49 34 z
यदि पहली पंक्ति का परिणामी z है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 825 (b) 40 (c) 3.67 (d) 70
(e) 55

***47.*** 18 37 5
2 m 6
यदि पहली पंक्ति का परिणामी m है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 19 (b) 55 (c) 78 (d) 7
(e) 9

***48.*** 12 21 6
5 y 88
यदि पहली पंक्ति का परिणामी y है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 125 (b) 25 (c) 47 (d) 27
(e) 43

***49.*** 6 9 15
x 12 11
यदि पहली पंक्ति का परिणामी x है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 33 (b) 45 (c) 11 (d) 15
(e) 3

***50.*** 27 12 3
p 9 5
यदि पहली पंक्ति का परिणामी p है, तो दूसरी पंक्ति का परिणामी क्या है?
(a) 50 (b) 9 (c) 40 (d) 5
(e) 8

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(c)* दिया है, $9 + 3 \div 4 - 8 \times 2$
अब, प्रश्नानुसार चिह्नों को परिवर्तित करने पर,
$9 \div 3 \times 4 + 8 - 2$
$\Rightarrow \frac{9}{3} \times 4 + 8 - 2$
$\Rightarrow 3 \times 4 + 8 - 2$
$\Rightarrow 12 + 8 - 2$
$\Rightarrow 20 - 2 \Rightarrow 18$

***2.*** *(c)* $26 + 74 - 4 \times 5 \div 2 = ?$
प्रश्नानुसार, चिह्नों को बदलने पर,
$? = 26 \times 74 \div 4 - 5 + 2$ [$\because$ VBODMAS के नियम से]
$= 26 \times 74 \times \frac{1}{4} - 5 + 2$
$= 481 - 5 + 2 = 483 - 5 = 478$

***3.*** *(b)* दिया गया व्यंजक, $136 \times 8 \div 3 - 5 + 3$
अब प्रश्नानुसार, चिह्नों को परिवर्तित करने पर,
$136 \div 8 \times 3 + 5 - 3 = 17 \times 3 + 5 - 3$
$= 51 + 5 - 3 = 56 - 3 = 53$

***4.*** *(c)* प्रश्नानुसार, $+ \Rightarrow \div$; $- \Rightarrow \times$; $\div \Rightarrow -$ तथा $\times \Rightarrow +$
दिया गया व्यंजक, $65 - 10 + 5 \div 3 \times 4 = ?$
अब प्रश्नानुसार, चिह्नों को परिवर्तित करने पर,
$65 \times 10 \div 5 - 3 + 4 = 65 \times 2 + 1 = 130 + 1 = 131$

***5.*** *(d)* प्रश्नानुसार, $A \Rightarrow +$, $E \Rightarrow \div$, $I \Rightarrow -$, $O \Rightarrow \times$
$\therefore$ = 88E11A2I4 = $88 \div 11 + 2 - 4$ [अक्षरों के चिह्न लिखने पर]
$= 8 + 2 - 4$ [$\because$ VBODMAS के नियम से]
$= 10 - 4 = 6$

***6.*** *(b)* दिया है,
$50 + 10 - 50 \times 10 \div 125$
चिह्न बदलने के बाद, $50 \times 10 + 50 \div 10 - 125$
$= 500 + 5 - 125 = 505 - 125 = 380$

***7.*** *(d)* दिया है,
$[(1440 - 36 \times 16) + 15] + 5 \div (144 - 12) + 25$
प्रश्नानुसार, चिह्न परिवर्तन करने पर,
$[(1440 \div 36 - 16) \times 15] \times 5 + (144 \div 12) \times 25$
$= [(40 - 16) \times 15] \times 5 + 12 \times 25$
$= 24 \times 15 \times 5 + 300 = 2100$

***8.*** *(d)* दिया गया क्रम, $18 \div 12 - 5 + 30 \times 6 = ?$
चिह्न परिवर्तन के बाद क्रम,
$18 + 12 \times 5 \div 30 - 6 = 18 + 12 \times \frac{5}{30} - 6 = 18 + 2 - 6 = 14$

***9.*** *(d)* विकल्प (d) से, $5 \times 6 - 3 \div 3 + 1 > 4$
$\Rightarrow 5 + 6 \div 3 - 3 \times 1 = 4$
$\Rightarrow 5 + 2 - 3 = 4$
$\Rightarrow 4 = 4$ (सत्य)

***10.*** *(b)* दिया गया व्यंजक = 200P50Q3R10S4
प्रश्नानुसार, चिह्नों को रखने पर,
$200 \div 50 \times 3 + 10 - 4 = 4 \times 3 + 10 - 4$
$= 12 + 10 - 4 = 22 - 4 = 18$

***11.*** *(a)* दिया गया व्यंजक, ? = 13□3★6%8 − 4□14
अब, संकेतों को प्रश्नानुसार, चिह्नों में बदलने पर,
$\Rightarrow ? = 13 + 3 - 6 \times 8 \div 4 + 14$
$\Rightarrow ? = 13 + 3 - 6 \times \frac{8}{4} + 14$
$\Rightarrow ? = 13 + 3 - 12 + 14 \Rightarrow ? = 30 - 12$
$\therefore ? = 18$

***12.*** *(c)* प्रदत्त व्यंजक , $? = 252 \times 9 - 5 + 32 \div 92$
प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,
$? = 252 \div 9 \times 5 - 32 + 92$
$= 252 \times \frac{1}{9} \times 5 - 32 + 92$
$= 140 - 32 + 92 = 232 - 32 = 200$

**13.** *(b)* $\div \Rightarrow +, - \Rightarrow \div, \times \Rightarrow -, + \Rightarrow \times$

दिया है, $\frac{24 - 8 \div 6 + 4 \times 7}{8 + 3 \times 19}$

$$\frac{24 \div 8 + 6 \times 4 - 7}{8 \times 3 - 19} = \frac{3 + 6 \times 4 - 7}{24 - 19} = \frac{3 + 24 - 7}{5}$$

$$= \frac{27 - 7}{5} = \frac{20}{5} = 4$$

**14.** *(d)* प्रदत्त व्यंजक, 14 C 3 A 12 E 4 D 2

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$= 14 \times 3 - 12 + 4 \div 2 = 14 \times 3 - 12 + 2$

$= 42 - 12 + 2 = 44 - 12 = 32$

**15.** *(b)* प्रदत्त व्यंजक , $? = 24 + 36 - 12 \times 8 \div 4$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$? = 24 - 36 \div 12 + 8 \times 4 = 24 - 36 \times \frac{1}{12} + 8 \times 4$

$= 24 - 3 + 32 = 56 - 3 = 53$

**16.** *(a)* प्रदत्त व्यंजक , ? = 4 D 16 A 5 B 8 C 5

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$? = 4 + 16 \times 5 \div 8 - 5 = 4 + 16 \times 5 \times \frac{1}{8} - 5$

$= 4 + 10 - 5 = 14 - 5 = 9$

**17.** *(b)* प्रदत्त व्यंजक , ? = 20 K 16 T 8 M 4 R 6

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$? = 20 - 16 \times 8 \div 4 + 6 = 20 - 16 \times 8 \times \frac{1}{4} + 6$

$= 20 - 32 + 6 = 26 - 32 = -6$

**18.** *(b)* प्रदत्त व्यंजक , ? = 544 Q 32 R 13 P 7 S 18

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$? = 544 \div 32 + 13 \times 7 - 18$

$= 17 + 91 - 18 = 108 - 18 = 90$

**19.** *(c)* प्रदत्त व्यंजक, ? = 42 W 7 R 8 A 6 Q 4

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$? = 42 \div 7 - 8 + 6 \times 4$

$= 42 \times \frac{1}{7} - 8 + 6 \times 4$

$= 6 - 8 + 24 = 30 - 8 = 22$

**20.** *(b)* प्रदत्त व्यंजक, ? = 15 B 3 C 24 A 12 D 2

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$? = 15 \div 3 + 24 - 12 \times 2 = 15 \times \frac{1}{3} + 24 - 12 \times 2$

$= 5 + 24 - 24 = 29 - 24 = 5$

**21.** *(d)* विकल्प (d) से,

$24 + 8 - 4 \times 2 \div 3 = 47$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$24 \times 8 \div 4 + 2 - 3 = 47$

$\Rightarrow \quad 24 \times 2 + 2 - 3 = 47$

$\Rightarrow \quad 48 + 2 - 3 = 47$

$\Rightarrow \quad 50 - 3 = 47$

$\Rightarrow \quad 47 = 47$

**22.** *(b)* विकल्प (b) से,

18 C 3 G 6 B 8 B 4 D 12

प्रश्नानुसार, अक्षरों को गणितीय चिह्नों में बदलने पर,

$18 \div 3 - 6 + 8 + 4 = 12$

$\Rightarrow \quad 6 - 6 + 8 + 4 = 12$

$\Rightarrow \quad 12 = 12$

**23.** *(d)* विकल्प (d) से,

$18 + 6 - 4 \times 2 \div 3 = 26$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$18 \times 6 \div 4 + 2 - 3 = 26$

$\Rightarrow \quad 18 \times \frac{6}{4} + 2 - 3 = 26$

$\Rightarrow \quad 27 + 2 - 3 = 26 \Rightarrow 29 - 3 = 26$

$\Rightarrow \quad 26 = 26$

**24.** *(c)* दिया गया व्यंजक $= 16 \div 64 - 8 \times 4 + 2$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$16 + 64 \div 8 - 4 \times 2 = 16 + 8 - 8 = 24 - 8 = 16$

**25.** *(b)* विकल्प (b) से, $46 - 6 + 4 \times 5 \div 3 = 71$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$46 \times 6 \div 4 + 5 - 3 = 71$

$\Rightarrow \quad \frac{46 \times 6}{4} + 5 - 3 = 71$

$\Rightarrow \quad 69 + 2 = 71 \Rightarrow 71 = 71$

**26.** *(a)* दिया है, J = 1, K = 2, L = 5, M = 7, N = 11, O = 13 और P = 17

माना, प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर आने वाला अक्षर $= x$

तब, दिए गए व्यंजक में मान रखने पर

$$\frac{11 \times x + 7}{2} = 31$$

$\Rightarrow 11x + 7 = 62 \Rightarrow 11x = 55 \Rightarrow x = 5$

$\therefore \quad x = 5 = L$

अतः प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर अक्षर L आएगा।

**27.** *(b)* यहाँ 'L' योग के लिए और 'A' गुणन के लिए प्रयुक्त हुआ है।

अर्थात् जिस प्रकार, $13 \text{ L } 4 \text{ A } 7 = 13 + 4 \times 7 = 41$

तथा $14 \text{ A } 3 \text{ L } 12 = 14 \times 3 + 12 = 54$

उसी प्रकार, $12 \text{ L } 3 \text{ A } 9 = 12 + 3 \times 9 = 39$

**28.** *(d)* $90 \circledcirc 6 \oplus 8 \odot 2$

अब संख्या 4 अर्थात् विकल्प (d) के अनुसार चिह्न परिवर्तित करने पर,

$90 \div 6 = 8 \times 2 \Rightarrow 15 = 16 \Rightarrow 15 \approx 15$

चूँकि विकल्प (d) के अनुसार चिह्नों को परिवर्तित करने पर ही चिह्न '=' के दोनों ओर सबसे निकटतम (सन्निकट) मान प्राप्त हो रहे है।

अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**29.** *(a)* जिस प्रकार,

$3 \text{ H } 2 \text{ H } 8 \text{ H } 4 = 3 \times 2 \times 8 \times 4 = 6\ 32$

तथा $2 \text{ H } 4 \text{ H } 4 \text{ H } 4 = 2 \times 4 \times 4 \times 4 = 8\ 16$

उसी प्रकार, $3 \text{ H } 3 \text{ H } 5 \text{ H } 1 = 3 \times 3 \times 5 \times 1 = 9\ 5$

**30.** *(d)* विकल्प (d) से,

$6 \times 4 - 12 = 12$

$\Rightarrow \quad 24 - 12 = 12 \Rightarrow 12 = 12$

**31.** *(b)* विकल्प (b) से,

$20 - 10 = 5 \times 2 \Rightarrow 10 = 10$

**32.** *(a)* विकल्प (a) से,

$20 + 14 \div 35 - 10 \times 12 = 10$

$20 \times 14 \div 35 - 10 + 12 = 10$ [चिह्न बदलने पर]

$20 \times 14 \times \frac{1}{35} + 2 = 10$

$8 + 2 = 10$

$10 = 10$

**33.** *(c)* 42 * 4 * 12 * 20 * 9

दिया है, $+ \Rightarrow -$ ; $- \Rightarrow \times$ ; $\times \Rightarrow \div$ ; $\div \Rightarrow +$

विकल्प (c) से, $42 - 4 \times 12 \div 20 + 9$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$42 \times 4 \div 12 + 20 - 9$

$\Rightarrow 42 \times \frac{4}{12} + 20 - 9 \Rightarrow 14 + 20 - 9 \Rightarrow 34 - 9 = 25$

**34.** *(c)* विकल्प (c) से,

$6 + 8 \times 2 - 7 = 0$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$6 - 7 \times 2 + 8 = 0 \Rightarrow 6 - 14 + 8 = 0$

$\Rightarrow 14 - 14 = 0$

**35.** *(a)* दिया है,

$((13 \% 5) \$ 6) \# 15 = ((5^2 - 13^2) \$ 6) \# 15$ $[\because x \% y = y^2 - x^2]$

$= (-144 \$ 6) \# 15 = (-144 \div 6) \# 15$

$= -4 \# 15$ $[\because x \$ y = x \div y^2]$

$= -2 \times 4 \times 15 = -120$ $[\because x \# y = 2xy]$

**36.** *(a)* जिस प्रकार, $26(52)\ 8 \rightarrow \frac{26 \times 8}{4} = 52$

तथा $48\ (192)\ 16 \rightarrow \frac{48 \times 16}{4} = 192$

उसी प्रकार, $A\ (175)\ 14 \rightarrow \frac{A \times 14}{4} = 175$

$\Rightarrow A = \frac{175 \times 4}{14} = \frac{175 \times 2}{7}$

$\Rightarrow A = 25 \times 2 \Rightarrow A = 50$

**37.** *(c)* जिस प्रकार, $\underline{4}5 - \underline{2}5 \Rightarrow 4 - 2 = 2$

तथा $\underline{7}8 - \underline{4}5 \Rightarrow 7 - 4 = 3$

उसी प्रकार, $\underline{6}1 - \underline{4}0 \Rightarrow 6 - 4 = \boxed{2}$

**38.** *(d)* जिस प्रकार, $8 - 7 \Rightarrow 8 \times 7 = 5(6) \Rightarrow 6$

$4 - 7 \Rightarrow 4 \times 7 = 2(8) \Rightarrow 8$

तथा $13 - 6 \Rightarrow 13 \times 6 = 7(8) \Rightarrow 8$

उसी प्रकार, $18 - 9 \Rightarrow 18 \times 9 = 16(2) \Rightarrow 2$

अतः ? = 2

**39.** *(c)* जिस प्रकार,

$2 + 3 + 5 = 30 \Rightarrow 2 \times 3 \times 5 = 30$

$3 + 4 + 6 = 72 \Rightarrow 3 \times 4 \times 6 = 72$

तथा $5 + 6 + 2 = 60 \Rightarrow 5 \times 6 \times 2 = 60$

उसी प्रकार,

$5 + 4 + 0 = ?$

$5 \times 4 \times 0 = 0$

अतः ? = 0

**40.** *(d)* जिस प्रकार, $5 \bigstar 3 \Rightarrow (5)^3 = 125$

तथा $4 \bigstar 3 \Rightarrow (4)^3 = 64$

उसी प्रकार, $8 \bigstar 2 \Rightarrow (8)^2 = 64$

अतः ? = 64

**41.** *(c)* जिस प्रकार, $9 * 7 \Rightarrow (9 + 7) \times (9 - 7) = 16 \times 2 = 32$

$13 * 7 \Rightarrow (13 + 7) \times (13 - 7) = 20 \times 6 = 120$

तथा $17 * 9 \Rightarrow (17 + 9) \times (17 - 9) = 26 \times 8 = 208$

उसी प्रकार, $19 * 11 \Rightarrow (19 + 11) \times (19 - 11) = 30 \times 8 = \boxed{240}$

अतः ? = 240

**42.** *(c)* जिस प्रकार, $43 - 16 = 27$

तथा $48 - 36 = 12$

उसी प्रकार, $56 - 29 = 27$

अतः ? = 27

**43.** *(b)* जिस प्रकार, $6 * 5 = 6 \times 5 + 1 = 31$

$7 * 8 = 7 \times 8 + 1 = 57$

$3 * 4 = 3 \times 4 + 1 = 13$

उसी प्रकार, $9 * 10 = 9 \times 10 + 1 = 91$

अतः ? = 91

**44.** *(b)* जिस प्रकार, $a = 12 \times 15 - 5 = 175$

तथा $b = 14 \times 16 - 5 = 219$

उसी प्रकार, $c = 17 \times 14 - 5 = 233$

अतः ? = 233

**45.** *(a)* जिस प्रकार, $9 \times 8 \times 7 = 24$

$\Rightarrow 9 + 8 + 7 = 24$

तथा $4 \times 7 \times 3 = 14$

$\Rightarrow 4 + 7 + 3 = 14$

उसी प्रकार, $2 \times 1 \times 9 = ?$

$\Rightarrow 2 + 1 + 9 = 12$

$\Rightarrow ? = 12$

**उत्तर** (प्र.सं. 46-50)

**नियम** (i) विषम संख्या × मिश्र विषम संख्या (जो अभाज्य संख्या न हो)

(ii) सम संख्या + विषम संख्या (जो पूर्ण वर्ग न हो)

(iii) सम संख्या के बाद पूर्ण वर्ग संख्या – सम संख्या

(iv) विषम संख्या ÷ अभाज्य विषम संख्या

(v) विषम संख्या – सम संख्या

**46.** *(a)* पंक्ति I. 16 64 7 $\Rightarrow 64 - 16 = 48$

$\Rightarrow 48 + 7 = 55$

पंक्ति II. 49 34 z $\Rightarrow 49 - 34 = 15$ [यहाँ, z = 55]

$\Rightarrow 15 \times 55 = 825$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 825

**47.** *(d)* पंक्ति I. 18 37 5 $\Rightarrow 18 + 37 = 55$

$\Rightarrow 55 \div 5 = 11$

पंक्ति II. 2 m 6 $\Rightarrow 2 + 11 = 13$ [यहाँ, m = 11]

$\Rightarrow 13 - 6 = 7$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 7

**48.** *(c)* पंक्ति I. 12 21 6 $\Rightarrow 12 + 21 = 33$

$\Rightarrow 33 - 6 = 27$

पंक्ति II. 5 y 88 $\Rightarrow 5 \times 27 = 135$ [यहाँ, y = 27]

$\Rightarrow 135 - 88 = 47$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 47

**49.** *(e)* पंक्ति I. 6 9 15 $\Rightarrow 9 - 6 = 3 \Rightarrow 3 \times 15 = 45$

पंक्ति II. x 12 11 $\Rightarrow 45 - 12 = 33$ [यहाँ, x = 45]

$\Rightarrow 33 \div 11 = 3$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 3

**50.** *(b)* पंक्ति I. 27 12 3 $\Rightarrow 27 - 12 = 15 \Rightarrow 15 \div 3 = 5$

पंक्ति II. p 9 5 $\Rightarrow 5 \times 9 = 45$ [यहाँ, p = 5]

$\Rightarrow 45 \div 5 = 9$

∴ दूसरी पंक्ति का परिणामी = 9

# 17

# गणितीय तर्कशक्ति

## (Mathematical Reasoning)

गणितीय तर्कशक्ति से हमारा तात्पर्य उस योग्यता से है जिसमें गणितीय योग्यता के साथ तार्किक तथा बौद्धिक क्षमता एवं व्यवहारिक ज्ञान का भी समावेश होता है।

वर्तमान समय में अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में गणितीय तर्कशक्ति (Mathematical Reasoning) पर आधारित प्रश्न पूछे जा रहे हैं। इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न गणित के लिए प्रतिपादित नियमों और आधारभूत गणनाओं पर आधारित होते हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों में गणित सम्बन्धी सामान्य बौद्धिक तथा तार्किक क्षमता का आकलन करना होता है।

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने में अभ्यर्थियों की गणितीय संकल्पनाओं व नियमों की जानकारी मुख्य भूमिका निभाती है।

इस प्रकार के प्रश्नों को निम्नलिखित उदाहरणों द्वारा समझाया गया है। अतः छात्र इन उदाहरणों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें।

***उदाहरण* 1.** कितनी बत्तखें कम-से-कम संख्या में फॉर्मेशन बनाकर तैर सकती हैं, यदि एक बत्तख के आगे दो बत्तखें हैं और एक बत्तख के पीछे दो बत्तखें हैं और दो बत्तखों के बीच में एक बत्तख हो?

*(UP Police Constable 2013)*

(a) तीन (b) चार (c) पाँच (d) छः

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार,




यहाँ बत्तख 1 के पीछे दो बत्तखे हैं तथा बत्तख 3 के आगे दो बत्तख हैं और बत्तख 1 व 3 के बीच में एक बत्तख (बत्तख 2) है।

***उदाहरण* 2.** कितने समय में एक बन्दर 60 फीट लम्बे पेड़ के शीर्ष पर पहुँच जाएगा, यदि वह एक सेकण्ड में 3 फीट उछलता है और तुरन्त 2 फीट फिसल जाता है?

(a) 60 सेकण्ड (b) 50 सेकण्ड (c) 58 सेकण्ड (d) 57 सेकण्ड

***व्याख्या*** *(c)* पेड़ की कुल लम्बाई = 60 फीट

बन्दर पहले सेकण्ड में 3 फीट ऊपर जाता है एवं 2 फीट नीचे फिसल जाता है अर्थात् 1 सेकण्ड में वह केवल 3 – 2 = 1 फीट ही ऊपर चढ़ पाता है।

$\because$ बन्दर 1 फीट ऊपर चढ़ता है = 1 सेकण्ड में

$\therefore$ 57 फीट चढ़ेगा = 57 सेकण्ड में

तथा शेष 3 फीट वह अगले सेकण्ड में चढ़ेगा।

अतः बन्दर द्वारा पेड़ पर चढ़ने में लिया गया कुल समय = 57 + 1 = 58 सेकण्ड

***उदाहरण* 3.** एक टूर्नामेण्ट में 14 टीमें खेलीं। लीग चरण में, प्रत्येक टीम हर दूसरी टीम से केवल एक ही बार खेली। लीग चरण के बाद, शीर्ष की चार टीमों में दो सेमीफाइनल हुए और अन्ततः सेमीफाइनल के विजेताओं में एक फाइनल मैच हुआ, तो कुल कितने मैच खेले गए?

*(MPPSC Pre 2016)*

(a) 108 (b) 94 (c) 81 (d) 78

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार, 14वीं टीम अन्य 13 टीमों के साथ खेलेगी। मैचों की संख्या 14, 13 .......।

अब चूँकि 14वीं व 13वीं टीम एकसाथ खेल चुकी हैं, तो ये दोबारा साथ नहीं खेलेंगी, अब 13वीं टीम के लिए मैचों की संख्या 13, 12... इसी प्रकार क्रम जारी रहेगा।

तब, सभी 14 टीमों द्वारा खेले गए मैचों की संख्या $= \dfrac{n(n+1)}{2} = \dfrac{13(13+1)}{2}$

$= \dfrac{13 \times 14}{2} = 91$

$\therefore$ कुल मैच = 91 + 2 (मैच सेमीफाइनल) + 1 मैच (फाइनल) = 94

***उदाहरण* 4.** एक रेस्तरां में तीन प्रकार का फलों का रस मिलता है। रेस्तरां मालिक इस बारे में एक सर्वेक्षण करता है और इस सर्वेक्षण में निम्नलिखित आँकड़ें प्राप्त होते हैंः 45 लोगों को पहले वाला पसन्द है, 60 लोगों को दूसरा वाला पसन्द है और 40 लोगों को तीसरा वाला पसन्द है। 20 लोगों को तीनों ही पसन्द हैं। 30 लोगों को इनमें से कम-से-कम दो पसन्द हैं। कितने लोगों को कम-से-कम एक प्रकार के फल का रस पसन्द है?

*(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) 58 (b) 60 (c) 56 (d) 75

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार,




$\because$ कम-से-कम दो प्रकार के फलों के रस पसन्द करने वाले लोगों की संख्या = 30

$\therefore$ कम-से-कम एक प्रकार के फल के रस को पसन्द करने वाले लोगों की संख्या = 10 + 10 + 10 + 20 + 20 + 5 = 75

# अभ्यास प्रश्नावली

**1.** एक परीक्षा में 5 छात्र A, B, C, D और E उपस्थित हुए। यदि C को B से 5 अंक कम मिले, D को B से 10 अंक अधिक मिले और A से 20 अंक कम मिले एवं E को B से 22 अंक अधिक मिले हों और B को कुल 40 अंक मिले हों, तो A को कितने अंक मिले? *(UPSSSC VDO 2016)*

(a) 52 (b) 60 (c) 64 (d) 70

**2.** 50 छात्रों की एक कक्षा में 18 ने संगीत लिया है, 26 ने कला तथा 2 ने कला और संगीत दोनों लिए हैं। कक्षा में कितने छात्रों ने न संगीत और न कला लिया है? *(UPPSC Pre 2016)*

(a) 6 (b) 8 (c) 16 (d) 24

**3.** एक पिता ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर कुछ लड़के व लड़कियों को बुलाया। लड़कों की संख्या लड़कियों से 2 कम थी। पिता ने सभी लड़कों को ₹ 10 और सभी लड़कियों को ₹ 20 उपहारस्वरूप दिए। यदि कुल ₹ 280 खर्च हुए, तो लड़कों की संख्या बताओ। *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2016)*

(a) 8 (b) 10 (c) 12 (d) 14

**4.** एक परीक्षा में, किसी परीक्षार्थी ने केवल 8 प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न किया और प्रत्येक प्रश्न में 50% अंक प्राप्त किए। यदि उसने उस परीक्षा में कुल 40% अंक प्राप्त किए और परीक्षा के सभी प्रश्नों के अंक बराबर थे, तब उस परीक्षा में कितने प्रश्न थे? *(UPSC CSAT 2015)*

(a) 8 (b) 10 (c) 15 (d) 16

**5.** गाय और मुर्गियों के एक झुण्ड में पैरों की संख्या, सिरों की संख्या के दोगुने से 14 अधिक है। बताइए इस झुण्ड में कुल कितनी गाय हैं? *(UPSSSC आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा 2016)*

(a) 7 (b) 9 (c) 11 (d) 12

**6.** एक बन्दर किसी फिसलनदार 16 मी ऊँचे खम्भे पर चढ़ता है। यदि वह 1 मिनट में 1 मी चढ़ता है तथा अगले मिनट में 1/4 मी फिसल जाता है, तो वह खम्भे की चोटी पर पहुँचेगा *(UPPSC RO/ARO परीक्षा 2018)*

(a) 30 मिनट में (b) 32 मिनट में
(c) 40 मिनट में (d) इनमें से कोई नहीं

**7.** एक खुदरा दुकान में, 54 अलमारियाँ थीं। प्रत्येक अलमारी में 28 रैक बने थे। प्रत्येक रैक में 10 बॉक्स रखे थे। प्रत्येक बॉक्स में 4 कमीजें रखी थीं। एक दिन 500 बॉक्स बेचे गए और 250 खरीदे गए। उस दिन कितनी कमीजें थी? *(SSC CGL 2014)*

(a) 60380 (b) 59360 (c) 59580 (d) 59480

**8.** रमेश को कुछ आम मिले, जिनमें पके हुए आमों की संख्या, कच्चे आमों से तीन गुनी थी। यदि उसे कुल 68 आम मिले, तो उनमें से कितने कच्चे थे? *(SSC Steno 2013)*

(a) 17 (b) 16 (c) 34 (d) 18

**9.** एक मशीन जो एक फीते को 10 मी के टुकड़ों में काटती है, उसे एक बार काटने में 6 सेकण्ड लगते हैं। उसे 3 किमी लम्बा फीता पूरी तरह से टुकड़ों में काटने में कितना समय लगेगा? *(SSC 10+2 2014)*

(a) 174 सेकण्ड (b) 180 सेकण्ड (c) 1794 सेकण्ड (d) 1800 सेकण्ड

**10.** एक क्लब में 19 हॉकी खिलाड़ी हैं। एक विशेष दिन 14 खिलाड़ी निर्धारित हॉकी शर्ट पहने हुए थे। उनमें कोई भी बिना हॉकी पैण्ट अथवा शर्ट के नहीं था। 11 खिलाड़ी निर्धारित हॉकी पैण्ट पहने हुए थे। कितने खिलाड़ी पूरी वर्दी में थे? *(SSC CGL 2013)*

(a) 7 (b) 8 (c) 6 (d) 9

**11.** एक सन्तरे की कीमत ₹ 7 है और एक तरबूज की कीमत ₹ 5 है। श्याम ने दोनों फल ₹ 38 में खरीदे। उसके द्वारा खरीदे गए सन्तरों की संख्या क्या हैं? *(Rajasthan Police Constable 2012)*

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**12.** एक पुस्तक में 300 पृष्ठ हैं और प्रत्येक पृष्ठ पर 10-10 शब्दों की 20 पंक्तियाँ हैं। पुस्तक में कुल कितने शब्द हैं? *(SSC Constable 2012)*

(a) 6000 (b) 60000
(c) 66000 (d) 600000

**13.** दो सन्तरे, तीन केले व चार सेब की कीमत ₹ 15 है। तीन सन्तरे, दो केले व एक सेब ₹ 10 में मिलते हैं। अमित 3 सन्तरे, 3 केले व 3 सेब की कितनी कीमत चुकाएगा? *(CGPSC 2016)*

(a) ₹ 10 (b) ₹ 15
(c) ₹ 8 (d) कीमत पता नहीं की जा सकती
(e) इनमें से कोई नहीं

**14.** कुछ घोड़े और उतनी ही संख्या में आदमी कहीं जा रहे हैं। आधे आदमी अपने घोड़े पर बैठे हैं, जबकि शेष आदमी अपने घोड़े का नेतृत्व करते हुए पैदल चल रहे हैं। यदि जमीन पर चल रहे पैरों की संख्या 70 हो, तो बताइए कि घोड़ों की संख्या कितनी है? *(SSC CGL 2010)*

(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 16

**15.** एक मैदान में कुछ बत्तख और बकरे हैं। कुल मिलाकर 77 सिर और 224 पैर हैं। बत्तखों की संख्या कितनी है? *(UP Police Constable 2010)*

(a) 42 (b) 30 (c) 32 (d) 47

**16.** एक ईंट के भट्टे में 100 ईंटें थी। तापन प्रक्रिया में उनमें से 1/4 दो टुकड़ों में टूट गई थी और 1/5 के तीन टुकड़े हो गए थे। कितनी पूरी (अखण्डित) ईंटें शेष बचीं? *(SSC CGL 2012)*

(a) 40 (b) 45 (c) 55 (d) 56

**17.** एक कार्यालय में 1/3 कर्मचारी महिलाएँ हैं, महिलाओं में 1/2 विवाहित हैं और विवाहित महिलाओं में से 1/3 के बच्चे हैं। यदि पुरुषों में से 3/4 विवाहित हैं और विवाहित पुरुषों में से 2/3 के बच्चे भी हैं, तो कर्मचारियों का कितना भाग बिना बच्चों के है? *(SSC CGL 2012)*

(a) $\frac{5}{18}$ (b) $\frac{4}{7}$
(c) $\frac{11}{18}$ (d) $\frac{17}{36}$

**18.** X, 98 प्रश्नों को हल करता है और 202 अंक प्राप्त करता है। यदि प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक हैं और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नकारात्मक एक अंक है, तो Mr. X द्वारा सही उत्तर दिए गए प्रश्नों की संख्या .......... है। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) 58 (b) 38 (c) 60 (d) 40

**19.** एक बन्दर 12 मी ऊँचे चिकने खम्भे पर चढ़ता है। वह पहले मिनट में 2 मी चढ़ता है और अगले मिनट में 1 मी नीचे फिसल जाता है। आगे भी इसी प्रकार का क्रम जारी रहे, तो वह कितने मिनट में खम्भे के शीर्ष पर पहुँच जाएगा? *(MAT 2011)*

(a) 21 (b) 15 (c) 10 (d) 20

**20.** एक झुण्ड में कुछ गाय, बैल एवं 45 मुर्गियाँ हैं। प्रति 15 जानवरों पर एक ग्वाला रखवाली करता है। बैलों की संख्या गायों से दोगुनी है। यदि कुल सिरों की संख्या पैरों की संख्या से (ग्वालों सहित) 186 कम है, तो वहाँ कितने ग्वाले हैं? *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2016)*

(a) 6 (b) 8 (c) 10 (d) 12

**21.** एक पार्क में, मोर की संख्या का वर्ग खरगोशों की संख्या के वर्ग से 56 अधिक है। यदि 4 खरगोश अधिक होते, तो मोरों की संख्या खरगोशों जितनी ही होती। पार्क में मोर और खरगोशों की कुल संख्या कितनी है? *(UPSSSC ट्यूबवेल ऑपरेटर भर्ती परीक्षा 2018)*

(a) 9 (b) 13 (c) 14 (d) 18

**22.** नीचे प्याज की प्रत्येक 15 दिन की कीमतें दिखाई गई हैं। फरवरी के तीसरे सप्ताह में प्याज की कीमत मालूम करें।

| अवधि | दिसम्बर प्रथम सप्ताह | दिसम्बर तीसरा सप्ताह | जनवरी प्रथम सप्ताह | जनवरी तीसरा सप्ताह | फरवरी प्रथम सप्ताह | फरवरी तीसरा सप्ताह |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कीमतें | 20 | 60 | 40 | 120 | 100 | ? |

*(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)*

(a) 140 (b) 300 (c) 180 (d) 320

**23.** राजन और मनु बाजार जाते हैं। राजन ₹ 105 में 3 रबड़ और 5 कलम खरीदता है, जबकि मनु ₹ 130 में 4 रबड़ और 6 कलम खरीदता है। एक रबड़ का मूल्य क्या है? *(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)*

(a) ₹ 25 (b) ₹ 20 (c) ₹ 10 (d) ₹ 21

**24.** एक चरवाहे के पास 17 भेड़ें थीं। उनमें से 9 को छोड़कर बाकी सब मर गईं। कितनी भेड़ें शेष हैं? *(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)*

(a) 9 (b) 8 (c) 7 (d) 10

**25.** एक परीक्षा में, (+ 5) अंक हर सही उत्तर के लिए दिए जाते हैं और (– 2) प्रत्येक गलत उत्तर के लिए अंक दिए जाते हैं। राकेश ने सभी सवालों के जवाब दिए और 30 अंक प्राप्त किए, हालांकि उसे 10 सही उत्तर मिले। उसने कितने गलत उत्तरों का चयन किया था? *(RRB (ग्रुप डी परीक्षा) 2018)*

(a) – 10 (b) 12 (c) 10 (d) – 12

***निर्देश*** (प्र. सं. 26-28) *निम्नलिखित जानकारी पर ध्यान दें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।* *(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

100 छात्रों के समूह में, 20 को केवल मराठी पसन्द है 30 को केवल हिन्दी, 25 को केवल तमिल, 10 को मराठी और हिन्दी दोनों पसन्द हैं। 5 को बंगाली और तमिल दोनों पसन्द हैं तथा शेष को केवल बंगाली पसन्द है।

**26.** बंगाली पसन्द करने वाले छात्रों की तुलना में मराठी पसन्द करने वाले छात्रों का अनुपात है

(A) 1 : 2 (B) 8 : 3 (C) 3 : 8 (D) 2 : 1

(a) B (b) C (c) D (d) A

**27.** कितने छात्रों को तमिल पसन्द है?

(A) 30 (B) 25 (C) 20 (D) 15

(a) B (b) C (c) A (d) D

**28.** उन छात्रों की संख्या बताएँ, जिन्हें केवल एक भाषा पसन्द है।

(A) 60 (B) 15 (C) 85 (D) 75

(a) C (b) A (c) B (d) D

**29.** एक तबेले में 98 गाय थी, उनमें से 52 बीमार हो गईं। उन सभी बीमार गायों में से 11 को छोड़ सभी बच पाईं। 9 नई गाय तबेले में लाई गईं।
अब, दूधवाले को तबेले में कितनी गाय मिलेंगी?

*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

(A) उसे तबेले में 57 गाय मिलेंगी
(B) उसे तबेले में 96 गाय मिलेंगी
(C) उसे तबेले में 87 गाय मिलेंगी
(D) उसे तबेले में 66 गाय मिलेंगी

(a) B (b) C (c) A (d) D

**30.** एक बैठक की समाप्ति पर, उपस्थित सभी दस लोग एक-दूसरे के साथ हाथ मिलाते हैं। कुल मिलाकर कितनी बार एक-दूसरे से हाथ मिलाएँगें?

*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

(A) 20 (B) 30 (C) 40 (D) 45

(a) D (b) A (c) B (d) C

**31.** एक दर्जी को कपड़े के रोल से 10 कमीज के बराबर टुकड़े काटने हैं। वह एक मिनट में 45 कमीज के टुकड़े काट सकता है। 24 मिनट में वह कुल कितने कपड़े के रोल काट सकता है? *(UPSSSC आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा 2016)*

(a) 120 (b) 108 (c) 84 (d) 72

**32.** एक प्रतियोगिता में सात खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता बनने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को अन्य सभी खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करनी होगी। बताइए प्रतियोगिता में कुल कितनी बार मुकाबला किया जाएगा?

*(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी पुनर्परीक्षा 2016)*

(a) 14 (b) 21 (c) 42 (d) 49

**33.** एक अस्पताल में, कुछ मरीज डॉक्टर से अपनी बीमारी के बारे में परामर्श करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। 40 रोगियों को मधुमेह और 30 रोगियों को उच्च रक्तचाप है। 22 रोगियों को मधुमेह और उच्च रक्तचाप दोनों हैं जबकि 17 रोगियों को न तो मधुमेह है और न ही उच्च रक्तचाप की समस्या है। अस्पताल में प्रतीक्षारत रोगियों की कुल संख्या कितनी है?

*(UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी 2018)*

(a) 56 (b) 65 (c) 87 (d) 109

**34.** एक संगीत कक्षा में, 12 छात्र बांसुरी बजा सकते हैं, 11 गिटार बजा सकते हैं और 10 वायलिन बजा सकते हैं। 6 छात्र बांसुरी के साथ ही गिटार भी बजा सकते हैं और उनमें से 3 छात्र वायलिन भी बजा सकते हैं। 3 छात्र केवल गिटार और 4 छात्र केवल वायलिन बजा सकते हैं। कितने छात्र केवल बांसुरी बजा सकते हैं? *(UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी 2018)*

(a) 4 (b) 5 (c) 6 (d) 7

**35.** एक सभा में आठ व्यक्ति उपस्थित थे। सभा के अन्त में सभी ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सभा के अन्त में कुल कितनी बार हाथ मिलाए गए?

*(UPSSSC परिचालक भर्ती परीक्षा 2015)*

(a) 56 (b) 28 (c) 48 (d) 64

**36.** 9 शाखाओं में 9 घोसले हैं, हर घोसले में नौ चिड़ियों को खाने के लिए नौ दाने चाहिए। कुल कितने दानों की आवश्यकता होगी?

*(UPSSSC जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा 2015)*

(a) 36 (b) 4781 (c) 6561 (d) 7248

**37.** एक चिड़ियाघर में शेर और शुतुरमुर्ग हैं। सिरों की गणना करके वे 80 हैं तथा उनके पैरों की संख्या 200 है, तो वहाँ कितने शुतुरमुर्ग हैं?

*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

(A) 10 (B) 20 (C) 40 (D) 60

(a) A (b) C (c) D (d) B

**38.** एक विद्यार्थी ने जितने प्रश्न सही किए उससे तीन गुने गलत किए। यदि उसने कुल 76 प्रश्न हल (attempt) किए, तो उसने कितने प्रश्न सही-सही हल किए?

*(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*

(A) 18 (B) 17 (C) 19 (D) 15

(a) B (b) A (c) D (d) C

**39.** अमित 20 चॉकलेट, 40 मिनट में पैक करता है। गुनीत 30 चॉकलेट 45 मिनट में पैक करता है। दोनों एकसाथ 1 घण्टे में कितने चॉकलेट पैक कर सकते हैं?

*(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) 90 (b) 70
(c) 60 (d) 80

***निर्देश*** (प्र.सं. 40-42) *नीचे दी गई जानकारी को पढ़ें और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।*

एक प्रकाशन फर्म डेक्कन हेराल्ड, टाइम्स ऑफ इण्डिया और डेक्कन क्रॉनिकल नामक अखबारों का प्रकाशन करती है। इन अखबारों में विज्ञापन डालने हेतु विज्ञापनदाताओं को समझाने के लिए, फर्म सम्भावित विज्ञापनदाताओं को निम्नलिखित ब्यौरा प्रदान करती है

पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले नमूने के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि

- डेक्कन हेराल्ड अखबार 26% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है
- टाइम्स ऑफ इण्डिया अखबार 25% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है
- डेक्कन क्रॉनिकल अखबार 14% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है

- डेक्कन हेराल्ड अखबार और टाइम्स ऑफ इण्डिया अखबार 11% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है
- टाइम्स ऑफ इण्डिया अखबार और डेक्कन क्रॉनिकल अखबार 10% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है
- डेक्कन क्रॉनिकल अखबार और डेक्कन हेराल्ड अखबार 9% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है
- केवल डेक्कन क्रॉनिकल अखबार 0% लोगों द्वारा पढ़ा जाता है

***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***

**40.** कितने प्रतिशत पाठक तीनों अखबार पढ़ते हैं?
(A) 2 (B) 10
(C) 6 (D) 5
(a) A (b) B (c) C (d) D

**41.** कितने प्रतिशत पाठक डेक्कन हेराल्ड और टाइम्स ऑफ इण्डिया तो पढ़ते हैं, लेकिन डेक्कन क्रॉनिकल नहीं पढ़ते?
(A) 10 (B) 5
(C) 0 (D) 6
(a) B (b) D
(c) A (d) C

**42.** कितने प्रतिशत पाठक तीनों अखबारों में से कम-से-कम एक अखबार पढ़ते हैं?
(A) 10 (B) 25
(C) 50 (D) 40
(a) B (b) A
(c) D (d) C

***निर्देश*** (प्र. सं. 43-46) *दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।*

एक हाउसिंग सोसायटी में, 200 परिवार हैं। इन परिवारों में से 70 के पास एक कार है लेकिन कोई बाइक नहीं है; 50 परिवारों के पास एक बाइक और एक कार है और 65 परिवारों के पास केवल एक बाइक है। शेष परिवारों के पास न तो एक कार है और न ही बाइक है। ***(UPSSSC विधान भवनरक्षक/वनरक्षक 2018)***

**43.** हाउसिंग सोसायटी में कुल कितनी बाइक हैं?
(a) 50 (b) 115 (c) 65 (d) 125

**44.** उन परिवारों के बीच का अनुपात क्या है, जिनके पास केवल एक वाहन है और जिनके पास कोई वाहन नहीं है?
(a) 9 : 2 (b) 11 : 2 (c) 9 : 1 (d) 12 : 1

**45.** बाइक की तुलना में हाउसिंग सोसायटी में कितनी कारें हैं?
(a) दोनों बराबर संख्या में हैं (b) 20
(c) 15 (d) 5

**46.** कितने परिवारों के पास कम-से-कम एक वाहन है?
(a) 185 (b) 135
(c) 165 (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

**47.** एक बस जब चली, तो उसमें निश्चित संख्या में कुछ यात्री बैठे हुए थे। पहले स्टॉप पर बस से आधे यात्री उतर गए और 35 यात्री बस में चढ़े। दूसरे स्टॉप पर 1/5 यात्री उतर गए और 40 यात्री चढ़े। उसके बाद बस में 80 यात्री थे और वह बिना रुके गन्तव्य स्थल की ओर गई। आरम्भ में बस में कितने यात्री थे? ***(SSC CGL 2010)***
(a) 25 (b) 30 (c) 40 (d) 50

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* प्रश्नानुसार, $B = 40$
$\therefore$ $E = 40 + 22 = 62$
$D = 40 + 10 = 50$
$A = 50 + 20 = 70$
$C = 40 - 5 = 35$
अतः $A$ को मिले अंक = 70

**2.** *(b)* कुल छात्रों की संख्या = 50




कक्षा में न तो संगीत और न ही कला लेने वाले छात्रों की संख्या $= 50 - (16 + 2 + 24)$
$= 50 - 42 = 8$

**3.** *(a)* माना लड़कों की संख्या $= x$
तब, लड़कियों की संख्या $= x + 2$
$\therefore \quad x \times 10 + (x + 2) \times 20 = 280$
$\Rightarrow \quad 10x + 20x + 40 = 280$
$\Rightarrow \quad 30x = 240 \Rightarrow x = 8$

**4.** *(b)* माना प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक $= x$
दिया है, परीक्षा में परीक्षार्थी ने केवल 8 प्रश्न हल किए और $x/2$ अंक प्राप्त किए।
तब, परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंक
$= 8\left(\frac{x}{2}\right) = 4x$
चूँकि परीक्षा में परीक्षार्थी 40% अंक प्राप्त करता है।
$\therefore$ परीक्षा में कुल अंक $= \frac{4x}{40} \times 100 = 10x$
अतः परीक्षा में कुल प्रश्नों की संख्या
$= \frac{10x}{x} = 10$

**5.** *(a)* माना झुण्ड में गाय की संख्या $x$ तथा मुर्गियों की संख्या $y$ हैं।
पैरों की संख्या $= 4x + 2y$
[$\because$ गाय के चार व मुर्गी के दो पैर होते हैं]
सिरों की संख्या $= x + y$
प्रश्नानुसार, $4x + 2y = (x + y) \times 2 + 14$
$\Rightarrow \quad 4x + 2y = 2x + 2y + 14$
$\Rightarrow \quad 4x - 2x = 2y - 2y + 14$
$\Rightarrow \quad 2x = 14 \Rightarrow x = 7$
अतः झुण्ड में गायों की संख्या = 7

**6.** *(d)* बन्दर खम्भे पर 1 मिनट में 1 मी चढ़ता है और अगले मिनट में $\frac{1}{4}$ मी फिसल जाता है।
इसलिए, बन्दर 2 मिनट में $\frac{3}{4}$ मी चढ़ेगा।
$\therefore$ 40 मिनट में बन्दर चढ़ेगा
$= \frac{3}{4} \times 20 = 15$ मी
अब, बन्दर आखिरी 1 मी अगले मिनट में चढ़ेगा
$\therefore$ बन्दर खम्भे के आखिरी छोर पर 41 मिनट में चढ़ेगा।

**7.** *(d)* कुल कमीजों की संख्या
$= 54 \times 28 \times 10 \times 4 = 60480$
बेचे गए बॉक्स = 500
खरीदे गए बॉक्स = 250
अतः 250 बॉक्स कम हुए।
$\therefore$ 250 बॉक्स में कमीजों की संख्या
$= 250 \times 4 = 1000$
अतः उस दिन कुल कमीजों की संख्या
$= 60480 - 1000 = 59480$

**8.** *(a)* माना कच्चे आमों की संख्या $= x$
तथा पके हुए आमों की संख्या $= 3x$
प्रश्नानुसार, $x + 3x = 68$
$\Rightarrow \quad 4x = 68 \Rightarrow x = 17$

**9.** *(c)* हम जानते हैं कि, 1 किमी = 1000 मी
$\therefore$ मशीन को 10 मी फीता काटने में लगा समय
= 6 सेकण्ड
$\therefore$ 3000 मी या 3 किमी फीता काटने में लगा
समय $= \frac{3000}{10} \times 6 = 1800$ सेकण्ड
चूँकि जब अन्त में 20 मी फीता बचेगा, तो मशीन का इस्तेमाल एक बार ही करना होगा।
अतः अभीष्ट समय $= 1800 - 6$
$= 1794$ सेकण्ड

**10.** (c) कुल खिलाड़ी = 19
हॉकी शर्ट और हॉकी पैण्ट दोनों के खिलाड़ी
$= 14 + 11 = 25$
हॉकी शर्ट और हॉकी पैण्ट दोनों के उभयनिष्ठ खिलाड़ी $= 25 - 19 = 6$
अब, वेन आरेख बनाने पर,




आरेख से ज्ञात होता है कि 6 खिलाड़ी पूरी वर्दी पहने हुए थे।

**11.** (c) 1 सन्तरे की कीमत = ₹ 7
तथा 1 तरबूज की कीमत = ₹ 5
$\therefore$ ₹ 7 × 4 + ₹ 5 × 2 = ₹ 38
$\Rightarrow$ ₹ 28 + ₹10 = ₹ 38
अतः खरीदे गए सन्तरों की संख्या 4 है।

**12.** (b) पुस्तक में कुल शब्द $= 10 \times 20 \times 300$
$= 60000$

**13.** (b) प्रश्नानुसार,
2 सन्तरे + 3 केले + 4 सेब = 15 ...(i)
3 सन्तरे + 2 केले + 1 सेब = 10 ...(ii)
समी (i) व (ii) को जोड़ने पर,
5 सन्तरे + 5 केले + 5 सेब = 25
1 सन्तरा + 1 केला + 1 सेब = 5 ...(iii)
समी (iii) में 3 से गुणा करने पर,
3 सन्तरे + 3 केले + 3 सेब = 15
अतः 3 सन्तरे, 3 केले तथा 3 सेब की कीमत ₹ 15 होगी।

**14.** (c) माना घोड़ों की संख्या $= x$
तथा पैदल चलने वाले आदमियों की संख्या $= x/2$
चूँकि घोड़े के 4 पैर तथा आदमी के 2 पैर होते हैं।
प्रश्नानुसार, $\frac{x}{2} \times 2 + x \times 4 = 70$
$\Rightarrow \quad x + 4x = 70$
$\Rightarrow \quad 5x = 70$
$\therefore \quad x = 14$
अतः घोड़ों की संख्या 14 है।

**15.** (a) माना बत्तखों की संख्या $= x$
तथा बकरों की संख्या $= y$
चूँकि बत्तखों के 2 पैर तथा बकरे के चार पैर होते हैं।
प्रश्नानुसार, $x + y = 77$ ...(i)
तथा $2x + 4y = 224$ ...(ii)
समी (i) को 2 से गुणा करने पर,
$2x + 2y = 154$ ...(iii)
समी (ii) तथा (iii) को हल करने पर,
$x = 42$ तथा $y = 35$
अतः बत्तखों की संख्या = 42

**16.** (c) प्रश्नानुसार, अखण्ड़ित ईंटों की संख्या
$= 100 - \left(100 \times \frac{1}{4} + 100 \times \frac{1}{5}\right)$
$= 100 - 45 = 55$

**17.** (c) प्रश्नानुसार, बच्चों वाली महिलाओं का भाग
$= \frac{1}{3} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{3} = \frac{1}{18}$
बच्चों वाले पुरुषों का भाग $= \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} \times \frac{2}{3} = \frac{1}{3}$
$\therefore$ अभीष्ट भाग $= 1 - \left(\frac{1}{18} + \frac{1}{3}\right) = \frac{11}{18}$

**18.** (c) माना सही प्रश्नों की संख्या $x$ है।
तब गलत प्रश्नों की संख्या $(98 - x)$ होगी।
अतः प्रश्नानुसार, $4x - (98 - x) = 202$
$\Rightarrow \quad 4x - 98 + x = 202$
$\Rightarrow \quad 5x - 98 = 202$
$\Rightarrow \quad 5x = 300 \Rightarrow x = 60$
$\therefore$ अतः सही प्रश्नों की संख्या 60 है।

**19.** (a) खम्भे की ऊँचाई = 12 मी, बन्दर पहले मिनट में 2 मी ऊपर जाता है एवं दूसरे मिनट में 1 मी नीचे फिसल जाता है अर्थात् 2 मिनट में वह केवल 2 − 1 = 1 मी ही ऊपर चढ़ पाता है।
चूँकि बन्दर
2 मिनट में 1 मी ऊपर चढ़ता है।
$\therefore$ बन्दर, 12 − 2 = 10 मी ऊपर 10 × 2 = 20 मिनट में चढ़ेगा तथा शेष
2 मी वह अगले मिनट में चढ़ जाएगा।
अतः अभीष्ट समय = 20 + 1 = 21 मिनट

**20.** (a) माना गायों की संख्या $= x$
$\therefore$ बैल $= 2x$ तथा मुर्गियाँ $= 45$
अतः ग्वाले $= \frac{x + 2x + 45}{15}$
प्रश्नानुसार, $45 \times 2 + 4x + 8x$
$+ 2 \times \frac{2x + x + 45}{15}$
$-45 - x - 2x - \frac{3x + 45}{15} = 186$
$\Rightarrow 90 + 12x + \frac{6x + 90}{15} - 45 - 3x$
$- \frac{3x + 45}{15} = 186$
$\Rightarrow 1350 + 180x + 6x + 90 - 675$
$-45x - 3x - 45 = 2790$
$\Rightarrow \quad 720 + 138x = 2790$
$\Rightarrow 138x = 2070 \Rightarrow x = 15$
$\therefore$ ग्वालों की संख्या $= \frac{30 + 15 + 45}{15}$
$= \frac{90}{15} = 6$

**21.** (c) माना पार्क में मोरों की संख्या $x$ है तथा खरगोशों की संख्या $y$ है।
प्रश्नानुसार, $x^2 = y^2 + 56$
$x^2 - y^2 = 56$ ...(i)
तथा $x = y + 4$ ...(ii)
अब, $(y + 4)^2 - y^2 = 56$ [समी (i) व (ii) से]
$\Rightarrow \quad y^2 + 16 + 8y - y^2 = 56$
$\Rightarrow \quad 8y = 40 \quad \Rightarrow y = 5$
$\therefore \quad x = 5 + 4 = 9$
अतः मोर व खरगोशों की कुल संख्या
$= 5 + 9 = 14$

**22.** (b) सारणी का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि प्रत्येक माह में, तीसरे सप्ताह में प्याज की कीमत पहले सप्ताह की कीमत की तीन गुनी हो जाती है।
अतः फरवरी में, तीसरे सप्ताह में प्याज की कीमत $= 100 \times 3 = 300$

**23.** (c) माना एक रबड़ का मूल्य ₹ $x$ तथा एक कलम का मूल्य ₹ $y$ है।
प्रश्नानुसार, $3x + 5y = 105$ ...(i)
तथा $4x + 6y = 130$
या $2x + 3y = 65$ ...(ii)
समी (i) में 3 से तथा समी (ii) में 5 से गुणा करने पर,
$9x + 15y = 315$ ...(iii)
$10x + 15y = 325$ ...(iv)
अब समी (iii) एवं समी (iv) से,
$-x = -10 \Rightarrow x = 10$
अतः 1 रबड़ का मूल्य ₹ 10 है।

**24.** (a) प्रश्न में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 9 को छोड़कर बाकी सब मर गई। अतः स्पष्ट है कि 9 भेड़ें शेष रह गई।

**25.** (c) 10 सही सवालों के लिए प्राप्तांक $= 10 \times 5$
$= 50$
परन्तु वास्तविक प्राप्तांक = 30
$\therefore$ गलत उत्तरों के लिए कटे अंक
$= 50 - 30 = 20$
$\therefore$ गलत प्रश्नों की संख्या $= 20 \div 2 = 10$
[$\because$ प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 2 अंक काटा गया है]

**उत्तर** (प्र.सं. 26-28) प्रश्नानुसार,




**26.** (c) अभीष्ट अनुपात
$= \frac{20 + 10}{10 + 5} = \frac{30}{15} = \frac{2}{1} = 2 : 1$

**27.** (c) 30 छात्रों को तमिल पसन्द है।

**28.** (a) एक भाषा पसन्द करने वाले छात्र
$= 20 + 30 + 25 + 10 = 85$

**29.** (a) बीमार गायों में से बची गायों की संख्या
$= 52 - 11 = 41$
अतः तबेले में कुल गायों की संख्या
$= (98 - 52) + 41 + 9$
$= 46 + 50 = 96$

**30.** (a) कुल मिलाकर एक-दूसरे से मिलाए गए हाथ
$= \frac{n \times (n - 1)}{2} = \frac{10 \times 9}{2}$
$= \frac{90}{2} = 45$ बार

**31.** (b) 24 मिनट में काटे गए कमीज के टुकड़े
$= 24 \times 45 = 1080$
∵ एक रोल में कमीज के टुकड़ों की संख्या $= 10$
∴ रोल की संख्या $= \frac{1080}{10} = 108$

**32.** (b) दिया है, खिलाड़ियों की कुल संख्या = 7
यदि किसी प्रतियोगिता में $n$ खिलाड़ी भाग लें तथा प्रत्येक खिलाड़ी अन्य सभी खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करें, तब इस स्थिति में कुल मुकाबलों की संख्या $\frac{n(n-1)}{2}$ होती है।
∴ प्रतियोगिता में हुए कुल मुकाबलों की संख्या $= \frac{n(n-1)}{2} = \frac{7 \times 6}{2} = \frac{42}{2} = 21$

**33.** (b) प्रश्न में दी गई जानकारी के आधार पर आरेख बनाने पर,




17 रोगी न तो मधुमेह और न ही उच्च रक्तचाप वाले हैं, तब
रोगियों की अभीष्ट संख्या
$= 18 + 22 + 8 + 17 = 65$

**34.** (b) प्रश्न में दी गई जानकारी के आधार पर आरेख बनाने पर,




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि 5 छात्र ऐसे हैं, जो केवल बांसुरी बजा सकते हैं।

**35.** (b) जब किसी सभा में $n$ व्यक्ति होते हैं, तो उनके एक-दूसरे से हाथ मिलाने की संख्या
$= \frac{n(n-1)}{2}$
जब $n = 8$, तो संख्या $= \frac{8(8-1)}{2}$
$= \frac{8 \times 7}{2} = 28$

**36.** (c) चूँकि हर घोसले में 9 चिड़ियाँ हैं। तब 9 घोसलों में चिड़ियों की संख्या $= 9 \times 9 = 81$
अब प्रश्नानुसार एक शाखा पर घोसलों की संख्या = 9
अतः 9 शाखाओं पर चिड़ियों की कुल संख्या $= 81 \times 9 = 729$
अब, प्रत्येक चिड़िया को नौ दानों की आवश्यकता है।
अतः कुल आवश्यक दानों की संख्या
$= 729 \times 9 = 6561$

**37.** (c) माना चिड़ियाघर में $x$ शेर और $y$ शुतुरमुर्ग हैं, तब प्रश्नानुसार,
$x + y = 80$ ... (i)
तथा $4x + 2y = 200$
$2x + y = 100$ ... (ii)
समी (i) व (ii) से,
$x + y = 80$
$2x + y = 100$
$-\quad -\quad\quad -$
$-x = -20$
∴ $x = 20$
तथा $y = 80 - 20 = 60$
अतः वहाँ 60 शुतुरमुर्ग हैं।

**38.** (d) माना सही हल किए गए प्रश्नों की सख्या $x$ है, तब
गलत हल किए गए प्रश्न $= 3x$
प्रश्नानुसार, $x + 3x = 76$
$\Rightarrow$ $4x = 76$
∴ $x = 19$

**39.** (b) अमित 40 मिनट में पैक करता है
= 20 चॉकलेट
∴ अमित 60 मिनट में पैक करता है
$= \frac{20}{40} \times 60 = 30$ चॉकलेट
गुनीत 45 मिनट में पैक करता है
= 30 चॉकलेट
∴ गुनीत 60 मिनट में पैक करता है
$= \frac{30}{45} \times 60 = 40$ चॉकलेट
∴ अमित व गुनीत दोनों 1 घण्टे अर्थात् 60 मिनट में पैक करते हैं
$= 30 + 40 = 70$ चॉकलेट

**उत्तर** (प्र.सं. 40-42) प्रश्नानुसार,




**40.** (d) 5% पाठक तीनों अखबार पढ़ते हैं।

**41.** (b) $11 - 5 = 6\%$ पाठक डेक्कन हेराल्ड और टाइम्स ऑफ इण्डिया तो पढ़ते हैं, लेकिन डेक्कन क्रॉनिकल नहीं पढ़ते।

**42.** (c) $11 + 6 + 9 + 4 + 5 + 5 = 40\%$ पाठक तीनों अखबार में से कम से कम एक अखबार पढ़ते हैं।

**उत्तर** (प्र.सं. 43-46) दी गई जानकारी के आधार पर,




**43.** (b) हाउसिंग सोसायटी में बाइकों की कुल संख्या $= 50 + 65 = 115$

**44.** (c) ऐसे परिवार की संख्या जिनके पास कोई वाहन नहीं है
$= 200 - (70 + 50 + 65)$
$= 200 - 185 = 15$
ऐसे परिवार जिनके पास केवल एक वाहन है
$= 70 + 65 = 135$
∴ अभीष्ट अनुपात $= 135 : 15 = 9 : 1$

**45.** (d) हाउसिंग सोसाइटी में कारों की संख्या
$= 70 + 50 = 120$
हाउसिंग सोसायटी में बाइकों की संख्या
$= 50 + 65 = 115$
∴ अभीष्ट अन्तर $= 120 - 115 = 5$

**46.** (a) ऐसे परिवारों की अभीष्ट संख्या जिनके पास कम-से-कम एक वाहन है
$= 70 + 50 + 65 = 185$

**47.** (b) माना आरम्भ में बस में $x$ यात्री थे।
पहले बस स्टॉप पर बस में यात्रियों की संख्या $= x - \frac{x}{2} + 35$
$= \frac{x}{2} + 35$
दूसरे स्टॉप पर बस में यात्रियों की संख्या
$= \left(\frac{x}{2} + 35\right) \times \frac{4}{5} + 40$
$= \left(\frac{x + 70}{2}\right) \times \frac{4}{5} + 40$
प्रश्नानुसार, $\left(\frac{x + 70}{2}\right) \times \frac{4}{5} + 40 = 80$
$\Rightarrow \frac{4x + 280 + 400}{10} = 80$
$\Rightarrow 4x + 680 = 800$
$\Rightarrow 4x = 800 - 680 = 120$
$\Rightarrow 4x = 120 \Rightarrow x = \frac{120}{4} = 30$

# 18

# आयु पर आधारित समस्याएँ

## (Problems Based on Ages)

किसी व्यक्ति के जन्म से लेकर आज तक उसके द्वारा व्यतीत की गई अवधि को उस व्यक्ति की आयु कहा जाता है। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि किसी व्यक्ति की आयु द्वारा यह ज्ञात किया जा सकता है कि उसका जन्म कितने वर्ष पहले हुआ।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में दो व्यक्तियों की आयु के सम्बन्ध में कुछ तथ्य दिए गए होते हैं, जिनमें उनकी कुछ समय पहले या बाद की आयु दी गई होती है। सामान्यतः इन दो व्यक्तियों में पिता और पुत्र, पिता और पुत्री, माता और पुत्री, माता और पुत्र आदि होते हैं। इन्हीं तथ्यों के आधार पर प्रश्न में पूछे गए व्यक्ति की आयु ज्ञात करनी होती है।

**नोट** यदि वर्तमान में किसी व्यक्ति की आयु $x$ वर्ष हो, तो $n$ वर्ष पूर्व उसकी आयु $(x-n)$ वर्ष तथा $n$ वर्ष पश्चात् उसकी आयु $(x+n)$ वर्ष होगी।

***उदाहरण* 1.** आज, पिता की आयु अपने पुत्र की आयु से दोगुनी है। बीस वर्ष बाद पिता की आयु अपने पुत्र की आज की आयु से तीन गुनी हो जाएगी। आज पुत्र की आयु कितने वर्ष है? ***(MPPSC 2018)***

(a) 10 (b) 20 (c) 30 (d) 40

***व्याख्या*** (b) माना पुत्र व पिता की वर्तमान आयु क्रमशः '$x$' वर्ष व '$2x$' वर्ष है।

$\therefore$ बीस वर्ष बाद पिता की आयु $=(2x+20)$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $2x+20=3x \Rightarrow x=20$

$\therefore$ आज पुत्र की आयु 20 वर्ष है।

***उदाहरण* 2.** तीन लड़कों की औसत आयु 15 वर्ष है। यदि उनकी आयु $3:5:7$ के अनुपात में हैं, तो सबसे छोटे लड़के की आयु कितने वर्ष होगी? ***(SSC CGL 2014)***

(a) 18 (b) 21 (c) 9 (d) 15

***व्याख्या*** (c) माना तीनों लड़कों की आयु क्रमशः $3x$, $5x$ तथा $7x$ है।

प्रश्नानुसार, $\frac{3x+5x+7x}{3}=15$

$\Rightarrow 15x=45 \Rightarrow x=3$

$\therefore$ सबसे छोटे लड़के की आयु $=3x=3\times3=9$ वर्ष

***उदाहरण* 3.** $A,B$ से तीन साल बड़ा है और $C$ की आयु $B$ की दोगुनी है। $A$ की आयु क्या है, यदि $A,B$ और $C$ की उम्र का योग 35 है? ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) 11 वर्ष (b) 10 वर्ष (c) 9 वर्ष (d) 12 वर्ष

***व्याख्या*** (a) माना $B$ की आयु $x$ वर्ष है।

$\therefore$ $A$ की आयु $=(x+3)$ वर्ष

तथा $C$ की आयु $=2x$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $(x+3)+x+2x=35 \Rightarrow 4x+3=35$

$\Rightarrow 4x=35-3$

$\Rightarrow 4x=32 \Rightarrow x=8$

$\therefore$ $A$ की आयु $=8+3=11$ वर्ष

***उदाहरण* 4.** दो भाइयों की आयु के बीच का अन्तर उनके पिता और माता की आयु के बीच के अन्तर के समान है। बड़े भाई की आयु 15 वर्ष है। छोटे भाई के जन्म के समय उनकी माँ की आयु 37 वर्ष थी। यदि पिता, माता से 5 वर्ष बड़े हों, तो बड़े बेटे के जन्म के समय उनकी आयु क्या थी? ***(UPSSSC Assist. 2016)***

(a) 25 वर्ष (b) 32 वर्ष
(c) 57 वर्ष (d) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (b) प्रश्नानुसार,

बड़े भाई की आयु – छोटे भाई की आयु = पिता की आयु – माता की आयु

$\Rightarrow$ 15 – छोटे भाई की आयु = 5

$\Rightarrow$ छोटे भाई की आयु = 15 – 5 = 10 वर्ष

$\because$ 10 साल पहले माँ की आयु = 37 वर्ष

$\Rightarrow$ 15 साल पहले माँ की आयु = 37 – 5 = 32 वर्ष

***उदाहरण* 5.** अंकिता, अनु से 2 वर्ष छोटी है। 4 वर्ष बाद अनु, अंकिता की 3 वर्ष पहले की आयु की दोगुनी होगी। अंकिता और अनु की वर्तमान आयु होगी ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***

(a) 15 वर्ष और 17 वर्ष (b) 14 वर्ष और 16 वर्ष
(c) 12 वर्ष और 14 वर्ष (d) 13 वर्ष और 15 वर्ष

***व्याख्या*** (c) माना अनु की वर्तमान आयु $x$ वर्ष है।

तब, अंकिता की वर्तमान आयु $=(x-2)$ वर्ष

अब प्रश्नानुसार, $(x+4)=(x-2-3)\times2 \Rightarrow x+4=(x-5)\times2$

$\Rightarrow x+4=2x-10 \Rightarrow 2x-x=10+4$

$\therefore x=14$ वर्ष

तथा अंकिता की वर्तमान आयु $=14-2=12$ वर्ष

**उदाहरण 6.** दस वर्ष पूर्व कविता और गरिमा की आयु का अनुपात 1 : 3 था। अब से पाँच वर्ष बाद उन दोनों की आयु का अनुपात 2 : 3 हो जाएगा। कविता और गरिमा की क्रमशः वर्तमान आयु क्या हैं? *(SSC CGL 2012)*

(a) 25 वर्ष, 15 वर्ष (b) 10 वर्ष, 20 वर्ष
(c) 15 वर्ष, 25 वर्ष (d) 25 वर्ष, 10 वर्ष

**व्याख्या** (c) माना कविता की आयु $x$ वर्ष तथा गरिमा की आयु $y$ वर्ष है।

तब, दस वर्ष पूर्व कविता की आयु = $(x - 10)$ वर्ष

तथा दस वर्ष पूर्व गरिमा की आयु = $(y - 10)$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $\frac{x-10}{y-10} = \frac{1}{3}$

$\Rightarrow 3x - 30 = y - 10$

$\Rightarrow 3x - y = 20$ ...(i)

तथा पाँच वर्ष बाद, $\frac{x+5}{y+5} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow 3x + 15 = 2y + 10$

$\Rightarrow 3x - 2y = -5$ ...(ii)

समी (i) में से समी (ii) को घटाने पर,

$$3x - y = 20$$
$$3x - 2y = -5$$
$$- \quad + \quad +$$
$$y = 25$$

$y$ का मान समी (i) में रखने पर,

$$3x - 25 = 20$$

$\Rightarrow 3x = 20 + 25$

$\Rightarrow 3x = 45 \Rightarrow x = \frac{45}{3} = 15$

अतः कविता की वर्तमान आयु = 15 वर्ष

तथा गरिमा की वर्तमान आयु = 25 वर्ष

# अभ्यास प्रश्नावली

**1.** अमित व अनिल की वर्तमान आयु की औसत आयु 32 वर्ष है। यदि अमित, अनिल से 6 वर्ष बड़ा है, अनिल की वर्तमान आयु क्या है? *(SSC Steno 2016)*
(a) 29 वर्ष (b) 38 वर्ष
(c) 26 वर्ष (d) 19 वर्ष

**2.** सुमित तथा अमित की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। यदि 20 वर्ष पश्चात् सुमित की आयु 62 वर्ष होगी, तो अमित की वर्तमान आयु क्या है? *(SSC CPO 2017)*
(a) 56 वर्ष (b) 64 वर्ष
(c) 60 वर्ष (d) 52 वर्ष

**3.** रहीम और उसके चाचा की आयु में 30 वर्ष का अन्तर है। 7 वर्ष बाद, यदि दोनों की आयु का योग 66 वर्ष है, तो चाचा की आयु क्या होगी? *(SSC 10+2 2013)*
(a) 51 वर्ष (b) 49 वर्ष
(c) 39 वर्ष (d) 41 वर्ष

**4.** महेश की आयु 60 वर्ष है। राम, महेश से 5 वर्ष छोटा है और राजू से 4 वर्ष बड़ा है। राजू का सबसे छोटा भाई बाबू है और वह उससे 6 वर्ष छोटा है। महेश और बाबू की आयु में कितना अन्तर है? *(SSC CGL 2014)*
(a) 6 वर्ष (b) 18 वर्ष (c) 15 वर्ष (d) 13 वर्ष

**5.** राजन आयु में अपने पिता से 20 वर्ष छोटा है। 5 वर्ष पूर्व उसके पिता उससे तीन गुना बड़े थे। उसके पिता की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। *(SSC 10+2 2013)*
(a) 25 वर्ष (b) 30 वर्ष (c) 35 वर्ष (d) 36 वर्ष

**6.** विकास और सुजीत की वर्तमान आयु क्रमशः 5 : 4 के अनुपात में है। तीन वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 11 : 9 हो जाएगा। सुजीत की वर्तमान आयु कितने वर्ष है? *(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट । भर्ती परीक्षा 2017)*
(a) 6 (b) 24 (c) 18 (d) 27

**7.** पिछले वर्ष पल्लवी और रिचा की आयु का अनुपात 4 : 3 था और अगले वर्ष इनकी आयु का अनुपात 5 : 4 हो जाएगा। इनकी वर्तमान आयु का योगफल क्या है?
(a) 18 वर्ष (b) 17 वर्ष (c) 19 वर्ष (d) 16 वर्ष
(e) इनमें से कोई नहीं

**8.** 10 वर्ष बाद, रोहन की आयु सोहन की 10 वर्ष पहले की आयु से दोगुनी हो जाएगी। यदि वर्तमान में रोहन की आयु सोहन की आयु से 9 वर्ष अधिक है, तो सोहन की वर्तमान आयु कितनी है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 39 वर्ष 4 महीने (b) 28 वर्ष
(c) 39 वर्ष (d) 38 वर्ष

**9.** 8 वर्ष पहले $P$ की आयु $Q$ की आयु की दोगुनी थी। यदि इनकी वर्तमान आयु का अनुपात 6 : 5 है, तब इनकी वर्तमान आयु में क्या अन्तर है?
(a) 5 वर्ष (b) 7 वर्ष (c) 3 वर्ष (d) 2 वर्ष

**10.** लकी एवं सुमन की वर्तमान आयु का योग 35 वर्ष है। 5 वर्ष बाद उनकी आयु में 4 : 5 का अनुपात होगा। उन दोनों की वर्तमान आयु में कितना अन्तर है?
(a) 5 वर्ष (b) 6 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 3 वर्ष

**11.** 8 वर्ष पूर्व मनीषा और हर्षिता की आयु में 2 : 1 का अनुपात था। 7 वर्ष बाद उनकी आयु में 5 : 4 का अनुपात हो जाएगा। इनकी वर्तमान आयु क्रमशः क्या होंगी? *(SSC CPO 2013)*
(a) 18 वर्ष, 13 वर्ष (b) 15 वर्ष, 11 वर्ष
(c) 21 वर्ष, 17 वर्ष (d) इनमें से कोई नहीं

**12.** $A$ और B मित्र हैं और A, B से 2 वर्ष बड़ा है। A के पिता D की आयु, A से दो गुनी है और B की आयु अपनी बहन C की आयु से दोगुनी है। D और C की आयु का अन्तर 40 वर्ष है। A की आयु ज्ञात करें। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 25 वर्ष (b) 15 वर्ष (c) 40 वर्ष (d) 26 वर्ष

**13.** यशवीर और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का अनुपात 5 : 2 है। यदि उनकी आयु का गुणनफल 640 वर्ष है, तो 10 वर्ष बाद यशवीर की आयु कितनी हो जाएगी?
(a) 40 वर्ष (b) 45 वर्ष
(c) 50 वर्ष (d) 60 वर्ष

**14.** दो साल पहले आध्या की आयु अपने बेटे की आयु की 3 गुनी थी और 2 वर्ष बाद उसकी आयु का 2 गुना उसके बेटे की आयु के 5 गुने के समान होगा। आध्या की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। *(SSC CGL 2016)*
(a) 38 वर्ष (b) 36 वर्ष (c) 34 वर्ष (d) 42 वर्ष

**15.** एक पिता की आयु, उसके पुत्र की आयु की नौ गुनी है तथा माता की आयु, पुत्र की आयु की आठ गुनी है। यदि पिता और माता की आयु का योगफल 51 वर्ष है, तब पुत्र की आयु क्या है? *(UPSC CSAT 2015)*
(a) 7 वर्ष (b) 5 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 3 वर्ष

**16.** पिता और उसकी पुत्री की वर्तमान आयु का योगफल 42 वर्ष है। 7 वर्ष बाद, पिता अपनी पुत्री की आयु का तीन गुना हो जाएगा। पिता की वर्तमान आयु है *(MAT 2018)*
(a) 28 (b 32 (c) 35 (d) 20

**17.** एक स्थिति में '*A*, '*B*' से 4 वर्ष बड़ा है। इस स्थिति के 16 वर्ष बाद '*A*' की आयु उसकी वर्तमान आयु की तीन गुना हो जाएगी और '*B*' की आयु उसकी वर्तमान आयु की पाँच गुना हो जाएगी। यह बताइए कि शुरु की निर्दिष्ट स्थिति से 2 वर्ष पहले '*A*' और '*B*' की आयु क्या थी? *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2016)*
(a) 6 वर्ष और 2 वर्ष (b) 10 वर्ष और 6 वर्ष
(c) 8 वर्ष और 4 वर्ष (d) 12 वर्ष और 8 वर्ष

**18.** एक ही कम्पनी में काम करने वाले 6 व्यक्तियों *A, B, C, D, E* और *F* की आयु का योग 105 वर्ष है। उन सभी के पैदा होने में 5 वर्षों का अन्तर है। सबसे बड़े व्यक्ति की आयु कितनी है? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) 25 वर्ष (b) 15 वर्ष (c) 30 वर्ष (d) 20 वर्ष

**19.** 8 वर्ष पूर्व सरिता तथा बबीता की आयु का अनुपात 3 : 4 था। यदि 6 वर्ष बाद उनकी आयु में 4 वर्ष का अन्तर हो, तो बबीता की वर्तमान आयु क्या है?
(a) 24 वर्ष (b) 26 वर्ष (c) 22 वर्ष (d) 20 वर्ष

**20.** तीन वर्ष पूर्व, दो भाईयों की आयु में दो वर्षों का अन्तर था। उनकी वर्तमान की आयु का योग दस वर्ष में दोगुना होगा। बड़े भाई की वर्तमान आयु क्या है? *(SSC 10+2 2017)*
(a) 6 वर्ष (b) 11 वर्ष (c) 7 वर्ष (d) 9 वर्ष

**21.** वर्तमान में सोनी अपने बेटे से चार गुना बड़ी है और अपने पति से 3 वर्ष बड़ी है। तीन वर्ष के बाद उसके बेटे की आयु 15 वर्ष हो जाएगी, तो सोनी के पति की आयु 5 वर्ष बाद कितनी होगी? *(UKPSC 2016)*
(a) 48 वर्ष (b) 45 वर्ष (c) 50 वर्ष (d) 42 वर्ष

**22.** 2 वर्ष पूर्व परिवार की औसत आयु 18 वर्ष थी, जिसमें 8 सदस्य थे। एक बच्चे के जन्म हो जाने के बाद, परिवार की वर्तमान औसत आयु अभी भी समान है। बच्चे की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। *(MP Police SI 2017)*
(a) 1 वर्ष (b) 4 वर्ष (c) 3 वर्ष (d) 2 वर्ष

**23.** कविता, रजिया और हरिया की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 7 : 9 है। आठ वर्ष पहले इनकी आयु का योगफल 56 था। इनकी वर्तमान आयु (वर्षों में) है *(RRB ALP 2018)*
(a) 12, 21, 27 (b) 16, 28, 36 (c) 16, 36, 28 (d) 20, 35, 45

**24.** चारली और श्रेया की आयु के मध्य का अन्तर 6 है। 30 वर्ष पहले जब इन दोनों का विवाह हुआ था, तब चारली की आयु का 4 गुना, श्रेया की आयु के 5 गुना के समान था। अब उनकी वर्तमान आयु का योग क्या है? *(RRB ALP 2018)*
(a) 115 वर्ष (b) 112 वर्ष (c) 114 वर्ष (d) 110 वर्ष

**25.** 6 वर्ष पूर्व दया की आयु नमन की आयु से 18 वर्ष अधिक थी। यदि उनकी वर्तमान आयु का कुल योग 30 वर्ष हो, तो 6 वर्ष पूर्व दया की आयु कितनी थी? *(SSC CPO 2014)*
(a) 17 वर्ष (b) 21 वर्ष (c) 19 वर्ष (d) 18 वर्ष

**26.** तीन लड़कों की औसत आयु 35 वर्ष है तथा उनकी आयु का अनुपात 3 : 5 : 7 है। सबसे छोटे लड़के की आयु क्या है? *(UPSSSC कम्बाइण्ड मेडिकल सर्विसेस परीक्षा 2015)*
(a) 15 वर्ष (b) 18 वर्ष (c) 21 वर्ष (d) 12 वर्ष

**27.** नीलम, मयंक तथा क्षमा की वर्तमान आयु का योग 72 वर्ष है। 8 वर्ष बाद इनकी आयु का अनुपात 4 : 3 : 5 हो जाएगा, तब मयंक तथा क्षमा की वर्तमान आयु में कितने वर्ष का अन्तर है? *(SSC CGL 2010)*
(a) 16 वर्ष (b) 14 वर्ष (c) 18 वर्ष (d) 15 वर्ष

**28.** 3 वर्ष पूर्व विजय की आयु उसके पुत्र की आयु की पाँच गुनी थी। यदि 8 वर्ष बाद उसकी आयु पुत्र की आयु के तीन गुने से 8 वर्ष अधिक हो, तो विजय की वर्तमान आयु कितनी है? *(SSC 10+2 2013)*
(a) 68 वर्ष (b) 35 वर्ष (c) 70 वर्ष (d) 78 वर्ष

**29.** सोनू की वर्तमान आयु उसके 16 वर्ष बाद की आयु की 3/5 गुनी है। उसके पुत्र की आयु उसकी वर्तमान आयु की 1/8 गुनी है, तब उसके पुत्र की वर्तमान आयु क्या है? *(RRB ASM 2011)*
(a) 3 वर्ष (b) 2 वर्ष (c) 4 वर्ष (d) 5 वर्ष

**30.** *P* तथा *Q* की आयु में 5 वर्ष का अन्तर है। *Q* तथा *R* की आयु में 3 : 2 का अनुपात है तथा *S* की आयु *P* की आयु की दोगुनी है। यदि *R* तथा *S* की आयु का योग 50 वर्ष है, तो *P* की आयु कितनी है?
(a) 20 वर्ष (b) 17 वर्ष (c) 22 वर्ष (d) 27 वर्ष

**31.** *A* ने *B* से कहा, ''मैं जब तुम्हारी उम्र का था, तब तुम्हारी जो उम्र थी, उसकी दोगुनी उम्र आज मेरी है''। यदि उनकी वर्तमान उम्र का योग 63 वर्ष है, तो *A* की वर्तमान उम्र क्या है? *(UPSSSC कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा 2015)*
(a) 45 वर्ष (b) 18 वर्ष (c) 28 वर्ष (d) 36 वर्ष

**32.** सविन्द्र ने अपने पुत्र से कहा, ''मैं तुम्हारे जन्म के समय इतनी ही आयु का था, जितनी आयु तुम्हारी इस समय है''। यदि सविन्द्र की आयु इस समय 40 वर्ष है, तो उसके पुत्र की आयु पाँच वर्ष पहले कितनी थी?
(a) 18 वर्ष (b) 15 वर्ष (c) 35 वर्ष (d) 25 वर्ष

**33.** 35 विद्यार्थियों की एक कक्षा में विद्यार्थियों की औसत आयु 17 वर्ष है। उस कक्षा के कक्षा शिक्षक तथा विद्यार्थियों की औसत आयु 18 वर्ष है, तो शिक्षक की आयु है *(CG Patwari 2019)*
(a) 53 वर्ष (b) 55 वर्ष (c) 51 वर्ष (d) इनमें से कोई नहीं

**34.** P, Q व R की वर्तमान आयु का योगफल 158 वर्ष है। 6 वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 3 : 4 : 7 था, तब Q तथा R की वर्तमान आयु का योगफल कितना है?
(a) 126 वर्ष (b) 122 वर्ष (c) 120 वर्ष (d) 124 वर्ष

**35.** हरबीर की आयु 10 वर्ष बाद उसकी वर्तमान आयु की 1.5 गुनी होगी। वर्तमान में उसकी बेटी की आयु उसकी आयु का 1/10 गुना है। उसकी बेटी 9 वर्ष बाद कितने वर्ष की हो जाएगी? *(SSC CGL 2013)*
(a) 8 वर्ष (b) 9 वर्ष (c) 18 वर्ष (d) 11 वर्ष

**36.** एक परिवार में पति-पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पिता की आयु पुत्री से तीन गुना है पुत्र की आयु अपनी माता से आधी है। पत्नी अपने पति से 9 वर्ष छोटी है तथा पुत्र, पुत्री से 7 वर्ष बड़ा है। बताइए माता की आयु कितनी होगी? *(UPSSSC आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा 2016)*
(a) 40 वर्ष (b) 45 वर्ष (c) 50 वर्ष (d) 60 वर्ष

**37.** पिता की आयु बड़े पुत्र की आयु की दोगुनी है। 10 वर्ष बाद पिता की आयु छोटे पुत्र की आयु की तीन गुनी हो जाएगी। यदि दोनों पुत्रों के बीच 15 वर्ष का अन्तर है, तो पिता की वर्तमान आयु कितनी है? *(SSC CGL 2013)*
(a) 50 वर्ष (b) 55 वर्ष (c) 60 वर्ष (d) 70 वर्ष

**38.** अमित की वर्तमान आयु, बमन की वर्तमान आयु से दोगुना है। 5 वर्ष पश्चात् बमन की आयु, चेतन की वर्तमान आयु की 4 गुना होगी। यदि चेतन ने अपना छठाँ जन्मदिन 7 वर्ष पूर्व मनाया था, तो अमित की वर्तमान आयु क्या होगी? *(SSC 10+2 2018)*
(a) 98 वर्ष (b) 110 वर्ष (c) 94 वर्ष (d) 92 वर्ष

**39.** 2 वर्ष पूर्व, एक क्लब के 3 सदस्यों की औसत आयु 30 वर्ष थी। आज दो और सदस्य क्लब में शामिल हुए पर उनकी आयु का औसत परिवर्तित नहीं हुआ। यदि नए सदस्यों की आयु का अन्तर 6 वर्ष है, तो दोनों नए सदस्यों में से छोटे सदस्य की आयु कितनी होगी? ***(MP Police Constable 2017)***

(a) 24 वर्ष (b) 28 वर्ष (c) 30 वर्ष (d) 33 वर्ष

**40.** बिपुल, सैबल की तुलना में 16 वर्ष छोटा है। अब से 12 वर्ष बाद, सैबल की आयु, बिपुल की आयु से 1.5 गुना होगी। अब सैबल कितने वर्ष का है? ***(RRB ALP 2018)***

(a) 42 (b) 45 (c) 40 (d) 36

**41.** दो भाईयों की आयु के बीच का अन्तर उतना ही है जितना उनके माता-पिता की आयु का अन्तर है। बड़े भाई की आयु 25 वर्ष है। छोटे भाई के जन्म के समय उनकी माँ की आयु 32 वर्ष थी। यदि पिता की आयु माँ की आयु से 5 वर्ष अधिक हो, तो पिता की आयु उसके बड़े बेटे के जन्म के समय क्या थी? ***(UPSSSC अमीन परीक्षा 2016)***

(a) 55 वर्ष (b) 32 वर्ष (c) 31 वर्ष (d) 57 वर्ष

**42.** एक कक्षा में 30 छात्रों की औसत आयु 16 वर्ष है। इस समूह में 18 छात्रों की औसत आयु 7 वर्ष है। शेष 12 छात्रों की औसत आयु क्या है? ***(MP Police SI 2016)***

(a) 14 (b) 15
(c) 29.5 (d) 25.5

**43.** पिता और पुत्र की वर्तमान आयु का योग 45 वर्ष है। 5 वर्ष पहले उनकी आयु का अनुपात 6 : 1 था। पिता की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। ***(RRB ALP 2018)***

(a) 25 वर्ष (b) 40 वर्ष
(c) 35 वर्ष (d) 30 वर्ष

**44.** तरुण की आयु एक पूर्णांक संख्या का घन है। दो वर्ष पूर्व यह एक अन्य पूर्णांक का वर्ग था। तरुण को कितने वर्ष प्रतीक्षा करनी होगी जब उसकी आयु फिर किसी पूर्णांक का घन हो जाए? ***(SSC FCI 2012)***

(a) 2 वर्ष (b) 10 वर्ष (c) 37 वर्ष (d) 39 वर्ष

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* माना अनिल की वर्तमान आयु = $x$ वर्ष

तब, अमित की वर्तमान आयु = $(x + 6)$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $x + x + 6 = 2 \times 32$

$\Rightarrow 2x = 58 \Rightarrow x = 29$

अतः अनिल की वर्तमान आयु = 29 वर्ष

**2.** *(a)* माना सुमित तथा अमित की वर्तमान आयु क्रमशः $3x$ तथा $4x$ है।

प्रश्नानुसार, $3x + 20 = 62$

$\Rightarrow 3x = 62 - 20$

$\Rightarrow 3x = 42$

$\Rightarrow x = 14$

$\therefore$ अमित की वर्तमान आयु $= 4x = 4 \times 14 = 56$ वर्ष

**3.** *(d)* माना रहीम की आयु = $x$ वर्ष

तथा रहीम के चाचा की आयु = $y$ वर्ष

तब प्रश्नानुसार, $y - x = 30$ ...(i)

तथा सात वर्ष बाद,

$(x + 7) + (y + 7) = 66$

$\Rightarrow x + y + 14 = 66$

$\Rightarrow x + y = 66 - 14$

$\Rightarrow x + y = 52$ ...(ii)

समी (i) व (ii) को जोड़ने पर,

$$\begin{array}{r} y - x = 30 \\ y + x = 52 \\ \hline 2y = 82 \end{array}$$

$\therefore y = \frac{82}{2} = 41$

अतः रहीम के चाचा की आयु 41 वर्ष है।

**4.** *(c)* $\because$ महेश की आयु = 60 वर्ष

$\therefore$ राम की आयु = 60 − 5 = 55 वर्ष

अब, राजू की आयु = 55 − 4 = 51 वर्ष

तथा बाबू की आयु = 51 − 6 = 45 वर्ष

अतः महेश और बाबू की आयु में अन्तर = 60 − 45 = 15 वर्ष

**5.** *(c)* माना राजन के पिता की वर्तमान आयु = $x$ वर्ष

तब, राजन की वर्तमान आयु = $(x - 20)$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $3(x - 20 - 5) = (x - 5)$

$\Rightarrow 3(x - 25) = (x - 5)$

$\Rightarrow 3x - 75 = x - 5$

$\Rightarrow 3x - x = -5 + 75$

$\Rightarrow 2x = 70 \Rightarrow x = 35$

अतः राजन के पिता की आयु 35 वर्ष है।

**6.** *(b)* माना विकास तथा सुजीत की वर्तमान आयु क्रमशः $5x$ तथा $4x$ वर्ष हैं।

प्रश्नानुसार, 3 वर्ष बाद, $\frac{5x + 3}{4x + 3} = \frac{11}{9}$

$\Rightarrow 45x + 27 = 44x + 33 \Rightarrow x = 6$

$\therefore$ सुजीत की वर्तमान आयु = 4 × 6 = 24 वर्ष

**7.** *(d)* माना पल्लवी और रिचा की 1 वर्ष पूर्व आयु क्रमशः $4x$ व $3x$ थी।

प्रश्नानुसार, 1 वर्ष बाद,

$\frac{4x + 1 + 1}{3x + 1 + 1} = \frac{5}{4} \Rightarrow \frac{4x + 2}{3x + 2} = \frac{5}{4}$

$\Rightarrow 16x + 8 = 15x + 10$

$\therefore x = 2$

अब, पल्लवी की वर्तमान आयु $= 4x + 1 = 4 \times 2 + 1 = 9$ वर्ष

तथा रिचा की वर्तमान आयु $= 3x + 1 = 3 \times 2 + 1 = 7$ वर्ष

अतः उनकी वर्तमान आयु का अभीष्ट योगफल = (9 + 7) = 16 वर्ष

**8.** *(c)* माना वर्तमान में रोहन की आयु $x$ वर्ष तथा सोहन की आयु $y$ वर्ष है। तब प्रश्नानुसार,

$(x + 10) = (y - 10) \times 2$

$\Rightarrow x + 10 = 2y - 20$

$\Rightarrow 2y - x = 30$ ...(i)

तथा $x = y + 9$ ...(ii)

समी (i) तथा (ii) से,

$2y - (y + 9) = 30 \Rightarrow 2y - y - 9 = 30$

$\therefore y = 30 + 9 = 39$ वर्ष

**9.** *(d)* दिया है, P की आयु = 2 × Q की आयु

$\Rightarrow \frac{P}{Q} = \frac{2}{1}$

चूँकि इनकी वर्तमान आयु में 6 : 5 का अनुपात है।

माना $P$ तथा $Q$ की वर्तमान आयु क्रमशः $6x$ तथा $5x$ वर्ष हैं।

तब प्रश्नानुसार, $\frac{6x - 8}{5x - 8} = \frac{2}{1}$

$\Rightarrow 10x - 16 = 6x - 8 \Rightarrow 4x = 8 \Rightarrow x = 2$

$P$ तथा $Q$ की वर्तमान आयु में अन्तर $= 6x - 5x = x = 2$ वर्ष

**10.** *(a)* प्रश्नानुसार, लकी और सुमन की 5 वर्ष बाद की आयु में 4 : 5 का अनुपात है। अतः उनकी वर्तमान आयु क्रमशः $(4x - 5)$ एवं $(5x - 5)$ वर्ष होंगी।

प्रश्नानुसार, $(4x - 5) + (5x - 5) = 35$

$\Rightarrow 4x + 5x = 45 \Rightarrow 9x = 45$

$\therefore x = 5$

अतः उनकी वर्तमान आयु में अन्तर $= (5x - 5) - (4x - 5) = x = 5$ वर्ष

**11.** *(a)* माना मनीषा और हर्षिता की आयु 8 वर्ष पूर्व क्रमशः $2x$ व $x$ थी।

$\because$ मनीषा और हर्षिता की आयु का 7 वर्ष बाद अनुपात $= \frac{5}{4}$

$\therefore \frac{2x + 8 + 7}{x + 8 + 7} = \frac{5}{4}$

$\Rightarrow (2x + 15) \times 4 = (x + 15) \times 5$

$\Rightarrow 8x + 60 = 5x + 75 \Rightarrow 3x = 15$

$\therefore x = 5$

अतः मनीषा की वर्तमान आयु $= 2x + 8 = 2 \times 5 + 8 = 18$ वर्ष

तथा हर्षिता की वर्तमान आयु $= x + 8 = 5 + 8 = 13$ वर्ष

**12.** *(d)* (4) माना $B$ की वर्तमान आयु $= x$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $A$ की वर्तमान आयु $= x + 2$ वर्ष
$D$ की वर्तमान आयु $= 2(x + 2)$ वर्ष
$C$ की वर्तमान आयु $= \frac{x}{2}$ वर्ष
$\because D$ की वर्तमान आयु $- C$ की वर्तमान आयु $= 40$
$\Rightarrow \quad 2(x + 2) - \frac{x}{2} = 40$
$\Rightarrow \quad 2x + 4 - \frac{x}{2} = 40 \Rightarrow 3x + 8 = 80$
$\Rightarrow \quad 3x = 80 - 8 = 72$
$\Rightarrow \quad x = \frac{72}{3} \Rightarrow x = 24$
$\therefore$ A की वर्तमान आयु $= x + 2$
$= 24 + 2 = 26$ वर्ष

**13.** *(c)* दिया है, यशवीर और उसके पुत्र की आयु का गुणनफल $= 640$
माना यशवीर व उसके पुत्र की आयु क्रमशः $5x$ व $2x$ वर्ष हैं।
तब प्रश्नानुसार, $5x \times 2x = 640$
$\Rightarrow \quad 10x^2 = 640 \Rightarrow x^2 = 64$
$\therefore \quad x = 8$
अब, यशवीर की वर्तमान आयु
$= 5 \times 8 = 40$ वर्ष
$\therefore$ 10 वर्ष बाद, यशवीर की आयु
$= 40 + 10 = 50$ वर्ष

**14.** *(a)* माना आध्या की आयु $= x$ वर्ष
तथा उसके पुत्र की आयु $= y$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $(x - 2) = 3(y - 2)$
$x - 3y = -4$ ...(i)
तथा $2(x + 2) = 5(y + 2)$
$2x - 5y = 6$ ...(ii)
समी (i) व (ii) को हल करने पर,
$x = 38, y = 14$

**15.** *(d)* माना पिता की वर्तमान आयु $= F$ वर्ष
तथा पुत्र की वर्तमान आयु $= S$ वर्ष
तब प्रश्नानुसार, $F = 9S$ ...(i)
पुनः माना माता की वर्तमान आयु $= M$ वर्ष
पुनः प्रश्नानुसार, $M = 8S$ ...(ii)
तथा $F + M = 51$ ...(iii)
अब, समी (i) तथा (ii) को जोड़ने पर,
$F + M = 9S + 8S = 17S$
$\Rightarrow \quad F + M = 17S$ ...(iv)
समी (iii) तथा (iv) से,
$17S = 51 \Rightarrow S = \frac{51}{17} = 3 \Rightarrow S = 3$
अतः पुत्र की वर्तमान आयु 3 वर्ष है।

**16.** *(c)* माना पिता की वर्तमान आयु $x$ वर्ष तथा पुत्री की वर्तमान आयु $y$ वर्ष है। तब प्रश्नानुसार,
$x + y = 42$ ... (i)
तथा $(x + 7) = 3 \times (y + 7)$
$\Rightarrow \quad x + 7 = 3(42 - x) + 21$ [समी (i) से]
$\Rightarrow \quad x + 7 = 126 - 3x + 21 \Rightarrow 4x = 140$
$\therefore \quad x = 35$ वर्ष

**17.** *(a)* माना $B$ की आयु $x$ वर्ष है।
$\therefore A$ की आयु $= x + 4$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $(x + 4)3 = (x + 4) + 16$
$\Rightarrow \quad 3x + 12 = x + 20$
$\Rightarrow \quad 3x - x = 20 - 12 \Rightarrow 2x = 8$
$\therefore \quad x = 4$
अतः $A$ की आयु $= 4 + 4$ वर्ष $= 8$ वर्ष
$\therefore$ दो वर्ष पहले $A$ और $B$ की आयु क्रमशः
$= 8 - 2$ तथा $4 - 2$ वर्ष
$= 6$ तथा $2$ वर्ष

**18.** *(c)* माना $A$ (सबसे छोटा) की आयु $x$ वर्ष है। तब प्रश्नानुसार,
$B$ की आयु $= (x + 5)$ वर्ष
$C$ की आयु $= (x + 10)$ वर्ष
$D$ की आयु $= (x + 15)$ वर्ष
$E$ की आयु $= (x + 20)$ वर्ष
$F$ की आयु $= (x + 25)$ वर्ष
$\because x + (x + 5) + (x + 10) + (x + 15) + (x + 20) + (x + 25) = 105$
$\Rightarrow \quad 6x + 75 = 105$
$\Rightarrow \quad 6x = 105 - 75 \Rightarrow 6x = 30$
$\therefore \quad x = 5$
$\because$ सबसे बड़ा व्यक्ति $F$ है।
$\therefore$ $F$ की आयु $= 5 + 25 = 30$ वर्ष

**19.** *(a)* माना 8 वर्ष पूर्व सरिता की आयु $= 3x$ वर्ष
तथा 8 वर्ष पूर्व बबीता की आयु $= 4x$ वर्ष
प्रश्नानुसार, 6 वर्ष बाद सरिता की आयु
$= 3x + 8 + 6 = (3x + 14)$ वर्ष
तथा 6 वर्ष बाद बबीता की आयु
$= 4x + 8 + 6 = (4x + 14)$ वर्ष
$\because \quad 4x + 14 - 3x - 14 = 4 \Rightarrow x = 4$
अतः बबीता की वर्तमान आयु (8 वर्ष बाद)
$= 4x + 8$
$= 4 \times 4 + 8 = 24$ वर्ष

**20.** *(b)* माना की बड़े भाई की वर्तमान आयु $= x$ वर्ष
माना की छोटे भाई की वर्तमान आयु $= y$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $(x - 3) - (y - 3) = 2$
$\Rightarrow \quad x - y = 2$ ...(i)
और $(x + 10) + (y + 10) = 2(x + y)$
$\Rightarrow \quad x + y = 20$ ...(ii)
समी (i) और (ii) से,
$x = 11$ वर्ष
$y = 9$ वर्ष

**21.** *(c)* माना सोनी की आयु $= x$ वर्ष
$\therefore$ सोनी के बेटे की आयु $= \frac{x}{4}$ वर्ष
सोनी के पति की आयु $= (x - 3)$ वर्ष
$\therefore \quad \frac{x}{4} + 3 = 15$
$\Rightarrow \quad x + 12 = 60$
$\Rightarrow \quad x = 48$
$\therefore$ सोनी के पति की आयु 5 वर्ष बाद
$= 48 - 3 + 5 = 50$ वर्ष

**22.** *(d)* वर्तमान में परिवार के 8 सदस्यों की कुल आयु $= 18 \times 8 + 2 \times 8 = 144 + 16 = 160$
वर्तमान में परिवार की कुल आयु
$= 18 \times 9 = 162$ वर्ष
$\therefore$ बच्चे की वर्तमान आयु $= 162 - 160 = 2$ वर्ष

**23.** *(b)* माना कविता, रजिया और हरिया की वर्तमान आयु क्रमश $4x, 7x$ तथा $9x$ वर्ष हैं।
तब प्रश्नानुसार,
$4x + 7x + 9x - 8 \times 3 = 56$
$\Rightarrow \quad 20x = 56 + 24 = 80$
$\therefore \quad x = 4$
तब इनकी वर्तमान आयु क्रमशः 16 वर्ष, 28 वर्ष तथा 36 वर्ष होगी।

**24.** *(c)* माना चारली की वर्तमान आयु $x$ वर्ष तथा श्रेया की वर्तमान आयु $y$ वर्ष है। तब प्रश्नानुसार,
$x - y = 6$
तथा $(x - 30) \times 4 = (y - 30) \times 5$
$\Rightarrow \quad 4x - 120 = 5y - 150$
$\Rightarrow \quad 5y - 4x = 30$
$\Rightarrow \quad 5y - 4 \times (6 + y) = 30 \quad (\because x = 6 + y)$
$\Rightarrow \quad 5y - 24 - 4y = 30$
$\Rightarrow \quad y - 24 = 30$
$\therefore y = 54$ वर्ष तथा $x = 54 + 6 = 60$ वर्ष
अतः अभीष्ट योगफल
$= x + y = 54 + 60 = 114$ वर्ष

**25.** *(d)* चूँकि दो व्यक्तियों की आयु का अन्तर सदैव समान होता है।
$\therefore$ वर्तमान आयु में अन्तर = उनकी 6 वर्ष पूर्व की आयु में अन्तर
माना दया की आयु $M$ वर्ष तथा नमन की आयु $N$ वर्ष है।
तब प्रश्नानुसार $M - N = 18$ ...(i)
तथा $M + N = 30$ ...(ii)
समी (i) व (ii) से, $2M = 48 \Rightarrow M = 24$
अतः 6 वर्ष पूर्व दया की आयु
$= M - 6 = 24 - 6 = 18$ वर्ष

**26.** *(c)* माना तीनों की आयु क्रमशः $3x$, $5x$ व $7x$ वर्ष हैं।
प्रश्नानुसार, तीनों की औसत आयु $= 35$ वर्ष
$\therefore \quad \frac{3x + 5x + 7x}{3} = 35 \Rightarrow 15x = 35 \times 3$
$\Rightarrow \quad x = \frac{105}{15} = 7$
$\therefore$ सबसे छोटे लड़के की आयु
$= 3 \times 7 = 21$ वर्ष

**27.** *(a)* माना 8 वर्ष बाद नीलम, मयंक और क्षमा की आयु क्रमशः $4x, 3x$ व $5x$ वर्ष हैं।
$\therefore$ तीनों की वर्तमान आयु का योग
$= (4x - 8) + (3x - 8) + (5x - 8)$
$\Rightarrow \quad 12x - 24 = 72$ (दिया है)
$\Rightarrow \quad 12x = 96$
$\therefore \quad x = 8$
$\therefore$ मयंक और क्षमा की वर्तमान आयु में अन्तर $= (5x - 8) - (3x - 8)$
$= (5 \times 8 - 8) - (3 \times 8 - 8)$
$= (40 - 8) - (24 - 8)$
$= 32 - 16 = 16$ वर्ष

**28.** (d) माना विजय और उसके पुत्र की वर्तमान आयु क्रमशः $V$ और $U$ वर्ष हैं।
प्रश्नानुसार, $(V-3)=(U-3)\times 5$
$\Rightarrow \quad V-3=5U-15$
तथा $\quad 5U=V-3+15$
$\Rightarrow \quad U=\frac{V+12}{5}$
पुनः $\quad V+8=(U+8)\times 3+8$
$\Rightarrow \quad V=3U+24$
$\Rightarrow \quad V=3\left(\frac{V+12}{5}\right)+24$
($U$ का मान रखने पर)
$\Rightarrow \; 5V=3V+36+120 \Rightarrow 2V=156$
$\therefore \quad V=78$
अतः विजय की वर्तमान आयु 78 वर्ष है।

**29.** (a) माना सोनू व उसके पुत्र की वर्तमान आयु क्रमशः $M$ व $N$ वर्ष हैं।
प्रश्नानुसार, $M=(M+16)\times\frac{3}{5}$
$\Rightarrow \quad 5M=3M+48$
$\Rightarrow \quad 2M=48$
$\therefore \quad M=24$ वर्ष
पुनः $\quad N=M\times\frac{1}{8}$
$\Rightarrow \quad N=24\times\frac{1}{8}=3$ वर्ष
अतः उसके पुत्र की वर्तमान आयु 3 वर्ष है।

**30.** (a) दिया है, $P-Q=5 \Rightarrow Q=P-5$
तथा $\frac{Q}{R}=\frac{3}{2} \Rightarrow R=\frac{2}{3}Q=\frac{2}{3}(P-5)$
($Q$ का मान रखने पर)
प्रश्नानुसार, $S=2P$ तथा $R+S=50$
$\Rightarrow \quad \frac{2}{3}(P-5)+2\times P=50$
$\Rightarrow \quad 2P-10+6P=150$
$\Rightarrow \quad 8P=160$
$\therefore \quad P=20$ वर्ष

**31.** (d) माना $A$ की वर्तमान आयु $x$ वर्ष तथा $B$ की वर्तमान आयु $y$ वर्ष है। तब
प्रश्नानुसार, $\quad (x-t)=y \quad$ ...(i)
तथा $\quad x=(y-t)\times 2 \quad$ [माना $t$ वर्ष पहले]
$\Rightarrow y+t=2y-2t \Rightarrow 3t=y \quad$ ...(ii)
अब समी (i) से, $x-\frac{y}{3}=y \Rightarrow x=y+\frac{y}{3}$
$\Rightarrow \quad 3\times x=3y+y \Rightarrow 3x=4y$
$\Rightarrow \quad 3x+4x=4y+4x$
$\Rightarrow \quad 7x=4\times 63 \quad [\because x+y=63]$
$\therefore \quad x=4\times 9=36$ वर्ष

**32.** (b) माना इस समय सविन्द्र के पुत्र की आयु $=M$ वर्ष
तब, इस समय सविन्द्र की आयु $=M+M$ $=2M$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $2M=40 \Rightarrow M=20$ वर्ष
अतः 5 वर्ष पूर्व पुत्र की आयु $=M-5$
$=20-5=15$ वर्ष

**33.** (a) कक्षा के विद्यार्थियों की कुल आयु का योग
$=35\times 17=595$ किग्रा
शिक्षक सहित विद्यार्थियों की कुल आयु का योग $=36\times 18=648$ किग्रा
$\therefore$ शिक्षक की आयु $=648-595=53$ वर्ष

**34.** (b) माना 6 वर्ष पूर्व $P, Q$ व $R$ की आयु क्रमशः $3x$, $4x$ व $7x$ वर्ष हैं।
प्रश्नानुसार,
$(3x+6)+(4x+6)+(7x+6)=158$
$\Rightarrow \quad 14x=140$
$\therefore \quad x=10$
अतः $Q$ और $R$ की वर्तमान आयु का योगफल $=(4\times 10+6)+(7\times 10+6)$
$=46+76=122$ वर्ष

**35.** (d) माना हरबीर की वर्तमान आयु $=x$ वर्ष
तब प्रश्नानुसार, $\quad x+10=1.5x$
$\Rightarrow \quad 1.5x-x=10$
$\therefore \quad x=20$
अब, उसकी बेटी की आयु $=20\times\frac{1}{10}=2$ वर्ष
$\therefore$ 9 वर्ष बाद उसकी बेटी की आयु
$=9+2=11$ वर्ष

**36.** (d) माना पुत्री की उम्र $x$ वर्ष है।
$\therefore$ पिता की उम्र $=3x$ वर्ष
पत्नी की उम्र $=(3x-9)$ वर्ष
पुत्र की उम्र $=(x+7)$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $(x+7)=\frac{(3x-9)}{2}$
$\therefore \quad 2(x+7)=3x-9$
$\Rightarrow \quad 2x+14=3x-9 \Rightarrow x=23$
$\therefore$ माता की आयु $=3\times 23-9$
$=69-9=60$ वर्ष

**37.** (a) माना छोटे पुत्र की आयु $=x$ वर्ष
बड़े पुत्र की आयु $=(x+15)$ वर्ष
तथा पिता की आयु
$=(x+15)\times 2=(2x+30)$ वर्ष
अब, 10 वर्ष बाद छोटे पुत्र की आयु
$=(x+10)$ वर्ष
तथा 10 वर्ष बाद पिता की आयु
$=2x+30+10=(2x+40)$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $\quad (x+10)\times 3=2x+40$
$\Rightarrow \quad 3x+30=2x+40 \Rightarrow x=10$
= छोटे पुत्र की आयु
$\therefore$ पिता की वर्तमान आयु $=2x+30$
$=20+30=50$ वर्ष

**38.** (c) अमित की वर्तमान आयु $=2\times$ बमन की वर्तमान आयु तथा 5 वर्ष बाद बमन की आयु $=4\times$ चेतन की वर्तमान आयु
$\because$ चेतन की वर्तमान आयु $=6+7=13$ वर्ष
[$\because$ चेतन ने अपना छठाँ जन्मदिन, 7 वर्ष पहले मनाया था]
तब बमन की वर्तमान आयु $=13\times 4-5$
$=47$ वर्ष
अतः अमित की वर्तमान आयु $=2\times 47$
$=94$ वर्ष

**39.** (a) 2 वर्ष पूर्व, क्लब के 3 सदस्यों की कुल आयु
$=3\times 30=90$ वर्ष
वर्तमान में क्लब के 3 सदस्यों की कुल आयु
$=90+2+2+2=96$ वर्ष
अब, दो और सदस्यों के क्लब में शामिल होने पर उनकी आयु का औसत परिवर्तित नहीं होता।
$\therefore$ क्लब के 5 सदस्यों की कुल आयु $=5\times 30=150$ वर्ष
माना, क्लब के दो नए सदस्य $x$ तथा $y$ हैं।
तब, $\quad x+y=150-96=54 \quad$ ...(i)
तथा $\quad x-y=6 \quad$ ...(ii)
समी (i) व (ii) को हल करने पर,
$x=30$ तथा $y=24$
अतः सबसे छोटे सदस्य की आयु $=24$ वर्ष

**40.** (d) माना सैबल की आयु $x$ वर्ष है।
$\therefore$ बिपुल की आयु $=(x-16)$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $(x+12)=1.5(x-16+12)$
$\Rightarrow \quad x+12=1.5x-6$
$\Rightarrow \quad 0.5x=18 \Rightarrow x=\frac{18}{0.5}$
$x=36$ वर्ष
$\therefore$ सैबल की वर्तमान आयु $=36$ वर्ष

**41.** (b) दोनों भाईयों की आयु में अन्तर = माता पिता की आयु में अन्तर
चूँकि पिता की आयु माँ की आयु से 5 वर्ष अधिक है। अर्थात् माता-पिता की आयु का अन्तर 5 वर्ष है।
अब प्रश्नानुसार,
25 – छोटे भाई की आयु = 5
$\therefore$ छोटे भाई की आयु $=25-5=20$ वर्ष
माता की वर्तमान आयु $=32+20=52$ वर्ष
पिता की वर्तमान आयु $=52+5=57$ वर्ष
$\therefore$ बड़े बेटे के जन्म के समय पिता की आयु
$=57-25=32$ वर्ष

**42.** (c) कक्षा में 30 छात्रों की कुल आयु
$=30\times 16=480$ वर्ष
18 छात्रों की कुल आयु $=18\times 7=126$ वर्ष
शेष 12 छात्रों की कुल आयु
$=(480-126)=354$ वर्ष
$\therefore$ शेष छात्रों की अभीष्ट औसत आयु
$=\frac{354}{12}=29.5$ वर्ष

**43.** (c) माना पिता की वर्तमान आयु $=x$ वर्ष
$\therefore$ पुत्र की वर्तमान आयु $=45-x$ वर्ष
प्रश्नानुसार, $\quad \frac{x-5}{45-x-5}=\frac{6}{1}$
$\Rightarrow \quad x-5=270-6x-30$
$7x=270-30+5$
$x=\frac{245}{7}=35$ वर्ष

**44.** (c) माना तरुण की वर्तमान आयु 27 वर्ष है।
$\therefore$ दो वर्ष पूर्व तरुण की आयु $=25$ वर्ष
$\therefore$ 3 से अगली संख्या 4 का घन $=64$
$\therefore$ अभीष्ट उत्तर $=64-27=37$ वर्ष

# 19

# लुप्त पदों को भरना

## (Inserting the Missing Character)

जब दी गई आकृतियों में किसी विशेष नियमानुसार प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या को ज्ञात किया जाता है, तो इस प्रकार की जाने वाली क्रिया को 'लुप्त पदों को भरना' कहा जाता है।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक या एक से अधिक आरेखों में कुछ संख्याएँ/अक्षर दिए गए होते हैं। दिए गए आरेखों या आकृतियों में किसी एक स्थान पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) के रूप में एक रिक्त स्थान छोड़ दिया जाता है। अभ्यर्थियों को प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या/अक्षर को दिए गए विकल्पों में से ज्ञात करना होता है।

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न निम्न प्रकार पर आधारित हो सकते हैं

## प्रकार *1.* संख्याओं पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ संख्याओं को किसी विशेष तार्किक एवं गणितीय गणना के आधार पर किसी आरेख, चित्र, ज्यामितीय आकृति या तालिका में स्थापित किया गया होता है। अलग-अलग समूहों में विभक्त संख्याओं में एक संख्या लुप्त रहती है, जिसे आपको दिए गए विकल्पों में से ज्ञात करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 1-6) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या ज्ञात कीजिए।*

***उदाहरण* 1.**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | ? |

***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

(a) 8 (b) 9
(c) 13 (d) 12

***व्याख्या*** *(d)* स्तम्भ I से, $6 + 1 = 7$

स्तम्भ II से, $4 + 2 = 6$

स्तम्भ III से, $7 + 5 = \boxed{12}$

$\therefore$ $? = 12$

***उदाहरण* 2.**




***(CGPSC 2017)***

(a) 10 (b) 15 (c) 32 (d) 12
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(e)* जिस प्रकार, $1 \times 4 = 4$ तथा $2 \times 4 = 8$

उसी प्रकार, $2 \times 4 = \boxed{8}$

अतः ? के स्थान पर संख्या 8 आएगी।

**नोट** यहाँ पर वृत्त में एक संख्या के सामने की संख्या 4 गुनी है।

***उदाहरण* 3.**




***(SSC CPO 2017)***

(a) 13 (b) 15 (c) 17 (d) 19

***व्याख्या*** *(b)* जिस प्रकार, $25 + 17 = 42 \Rightarrow \frac{42}{7} = 6$

तथा $38 + 18 = 56 \Rightarrow \frac{56}{7} = 8$

उसी प्रकार, $89 + 16 = 105 \Rightarrow \frac{105}{7} = \boxed{15}$

$\therefore$ $? = 15$

***उदाहरण* 4.**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 18 | 15 |
| 4 | 3 | ? |
| 3 | 2 | 5 |
| 8 | 27 | 9 |

***(MPPSC 2017)***

(a) 11 (b) 2 (c) 6 (d) 3

***व्याख्या*** (d) जिस प्रकार,

$6 \times 4 = 24 \Rightarrow \frac{24}{3} = 8$

तथा $18 \times 3 = 54 \Rightarrow \frac{54}{2} = 27$

उसी प्रकार, $15 \times ? = 15? \Rightarrow \frac{15?}{5} = 9$

$\Rightarrow ? = \frac{9 \times 5}{15}$

$\therefore ? = 3$

**उदाहरण 5.**




***(CGPSC Pre 2014)***

(a) 26 (b) 33 (c) 35 (d) 36
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (b) जिस प्रकार, $3 \times 5 \times 2 - 3 = 27$

तथा $7 \times 4 \times 1 - 3 = 25$

उसी प्रकार, $6 \times 2 \times 3 - 3 = \boxed{33}$

अतः ? = 33

**उदाहरण 6.**




***(UP Police SI 2017)***

(a) 2245 (b) 2454 (c) 2154 (d) 2254

***व्याख्या*** (b) $6 \times 2 = 12 \Rightarrow 21$ (विपरीत क्रम)

$21 \times 2 = 42 \Rightarrow 24$

$24 \times 2 = 48 \Rightarrow 84$

$84 \times 2 = 168 \Rightarrow 861$

$861 \times 2 = 1722 \Rightarrow 2271$

$2271 \times 2 = 4542 \Rightarrow \boxed{2454}$

$2454 \times 2 = 4908 \Rightarrow 8094$

## प्रकार 2. अक्षरों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को किसी विशेष तार्किक एवं गणितीय गणना के आधार पर किसी आरेख, चित्र, ज्यामितीय आकृति या तालिका में स्थापित किया गया होता है। अलग-अलग समूहों में बँटे अक्षरों में एक अक्षर लुप्त रहता है, जिसे अभ्यर्थियों को प्रश्न में दिए गए पैटर्न के आधार पर ज्ञात करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 7-9) *नीचे दिए गए प्रश्नों में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा अक्षर आएगा?*

**उदाहरण 7.**

| | | |
|---|---|---|
| P | M | Q |
| F | C | F |
| J | J | ? |

***(SSC 10+2 2017)***

(a) R (b) K (c) L (d) O

***व्याख्या*** (b) दिया है,

| | | |
|---|---|---|
| P | M | Q |
| F | C | F |
| J | J | ? |

अब, सभी अक्षरों का क्रमांकिक मान रखने पर,

| | | |
|---|---|---|
| 16 | 13 | 17 |
| 6 | 3 | 6 |
| 10 | 10 | ? |

अब, स्तम्भानुसार,

जिस प्रकार, 16 − 6 = 10 तथा 13 − 3 = 10

उसी प्रकार, 17 − 6 = 11

11, अक्षर K का क्रमांकिक मान है

अतः ? = K

**उदाहरण 8.**

| | | |
|---|---|---|
| B | G | N |
| D | J | R |
| G | N | ? |

***(SSC 10+2 2010)***

(a) U (b) V (c) W (d) X

***व्याख्या*** (c) वर्णमाला क्रम के अनुसार अक्षरों को व्यवस्थित करने पर,

जिस प्रकार, $\overset{2}{B} \xrightarrow{+5} \overset{7}{G} \xrightarrow{+7} \overset{14}{N}$ तथा $\overset{4}{D} \xrightarrow{+6} \overset{10}{J} \xrightarrow{+8} \overset{18}{R}$

उसी प्रकार, $\overset{7}{G} \xrightarrow{+7} \overset{14}{N} \xrightarrow{+9} \overset{23}{\boxed{W}}$

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर W आएगा।

**उदाहरण 9.**




(a) DK (b) DW (c) DL (d) DE

***व्याख्या*** (b) AZ से दक्षिणावर्त दिशा में चलने पर प्रत्येक खण्ड में अक्षर तथा उसका विपरीत अक्षर दिया गया है।

जिस प्रकार, A + Z = 1 + 26 = 27

B + Y = 2 + 25 = 27

तथा C + X = 3 + 24 = 27

उसी प्रकार, $\boxed{D + W}$ = 4 + 23 = 27

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर DW आएगा।

## प्रकार 3. संख्याओं तथा अक्षरों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में गणितीय संख्याओं, अंकों तथा अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को संयुक्त रूप से किसी विशेष तार्किक एवं गणितीय गणना के आधार पर किसी आरेख, चित्र, ज्यामितीय आकृति या तालिका में स्थापित किया गया होता है। इसके अतिरिक्त आकृति में किसी एक स्थान पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को दी गई आकृति में प्रयुक्त होने वाले विशेष नियम या पैटर्न को पहचानकर उसके आधार पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या या अक्षर को ज्ञात करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 10-12) *नीचे दिए गए प्रश्नों में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?*

**उदाहरण 10.**




***(MAT 2010)***

(a) F (b) C (c) I (d) E

***व्याख्या*** (d) यहाँ दिए गए सभी वर्णाक्षरों का योग करके लिखा गया है।

जिस प्रकार, P + F ⇒ 16 + 6 = 22,

T + K ⇒ 20 + 11 = 31

तथा W + G ⇒ 23 + 7 = 30

उसी प्रकार, M + E ⇒ 13 + 5 = 18

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर E आएगा।

**उदाहरण 11.**




***(SSC CPO 2009)***

(a) 8, U (b) 8, V (c) 7, U (d) 9, V

***व्याख्या*** (c) दिए गए प्रश्न में आकृति के कोनों (corners) पर क्रमागत अभाज्य संख्याएँ दी गई हैं, इसलिए दक्षिणावर्त दिशा में क्रमानुसार चलने पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 7 आएगी।

इसी प्रकार, आकृति के अन्दर A से आरम्भ करके वामावर्त दिशा में चलने पर स्वर दिए गए हैं, इसलिए प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर स्वर U आएगा।

अतः लुप्त संख्या 7 तथा अक्षर U दोनों प्रश्नवाचक चिह्नों (?) के स्थान पर क्रम से आएँगे।

**उदाहरण 12.**




(a) R (b) M

(c) A (d) V

***व्याख्या*** (a) जिस प्रकार, $(7 \times 8) - (2 \times 5) = 56 - 10 = 46$

⇒ $46 \div 2 = 23 = W$

तथा $(7 \times 10) - (4 \times 6) = 70 - 24 = 46$

⇒ $46 \div 2 = 23 = W$

उसी प्रकार, $(8 \times 6) - (2 \times 6) = 48 - 12 = 36$

⇒ $36 \div 2 = 18 = R$

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर R आएगा।

# अभ्यास प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र.सं.1-50) *निम्न प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाली संख्या ज्ञात कीजिए।*

**1.**




***(CGPSC 2019)***

(a) 4 (b) 25 (c) 36 (d) 10

**2.**




***(UP B.Ed 2012)***

(a) 72 (b) 720 (c) 7200 (d) 38

**3.**




***(UPSSSC समीक्षा अधिकारी 2018)***

(a) 82 (b) 92 (c) 102 (d) 108

**4.**

| | |
|---|---|
| 2 | 3 |
| 6 | 8 |

| | |
|---|---|
| 4 | 4 |
| 9 | 2 |

| | |
|---|---|
| 12 | 2 |
| 3 | ? |

***(SSC Steno 2017)***

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 6

**5.**




***(CGPSC 2017)***

(a) 2031 (b) 731

(c) 1625 (d) 1

(e) इनमें से कोई नहीं

**6.**




***(Delhi Police Constable 2012)***

(a) 30 (b) 35

(c) 24 (d) 50

**7.**




***(MP Police SI 2017)***

(a) 13 (b) 11 (c) 10 (d) 17

**8.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 125 |
| 8 | 9 | 7 | 513 |
(a) =, =, ≥, ≥ (b) >, ≥, =, > (c) >, <, =, ≤ (d) >, =, =, ≥
(e) >, =, ≥, >

**12.** दिए गए प्रसार के खाली स्थानों में क्रम से कौन-से वर्ण आने चाहिए (उसी समान क्रम में बाएँ से दाएँ) जिससे कि 'A < P' निश्चित रूप से असत्य हो?

_ ≤ _ < _ > _

(a) L, N, P, A (b) L, A, P, N (c) A, L, P, N (d) N, A, P, L
(e) P, N, A, L

**13.** दिए गए प्रसार के खाली स्थानों में क्रम से कौन-से चिह्न आने चाहिए (उसी क्रम में बाएँ से दाएँ) जिससे कि 'F > N' तथा 'U > D' निश्चित रूप से असत्य हो? F _ O _ U _ N _ D

(a) <, <, >, = (b) <, =, =, > (c) <, =, =, <
(d) ≥, =, =, ≥ (e) >, >, =, <

***निर्देश*** (प्र. सं. 14-18) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए कथनों में विभिन्न तत्वों के मध्य सम्बन्ध दर्शाए गए हैं। कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथनों पर आधारित निष्कर्षों का अध्ययन करते हुए उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।* ***(IBPS Clerk Pre 2016)***

**उत्तर दीजिए**
(a) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(b) यदि दोनों निष्कर्ष सत्य हैं
(c) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है
(c) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है
(e) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है

**14. कथन** F < W = J ≥ K; W ≤ D
**निष्कर्ष** I. D > K II. K = D

**15. कथन** V ≤ E = U ≤ X > A
**निष्कर्ष** I. X ≥ V II. E > A

**16. कथन** O = M ≥ G; M ≤ P; S > M
**निष्कर्ष** I. S > G II. O ≤ P

**17. कथन** X ≥ W < D = U ≥ R
**निष्कर्ष** I. X < U II. R > W

**18. कथन** N > H = R ≥ B; R ≤ C
**निष्कर्ष** I. C < H II. H > B

***निर्देश*** (प्र. सं. 19-23) *निम्न प्रश्नों में दिए गए कथनों में अलग-अलग तत्वों के मध्य सम्बन्ध दर्शाया गया है। इन कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों पर आधारित निष्कर्षों का अध्ययन करते हुए उपयुक्त उत्तर का चयन करें।* ***(IBPS RRB Office Assist. 2017)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है
(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है
(c) यदि दोनों निष्कर्ष सत्य हैं
(d) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(e) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है

***19.*** **कथन** $S \leq A > T = U \leq R < N$
**निष्कर्ष** I. $N > T$ II. $S > R$

***20.*** **कथन** $P \geq L \geq O = U \geq G \geq H$
**निष्कर्ष** I. $P < H$ II. $H < P$

***21.*** **कथन** $L \leq M = R > O < P$
**निष्कर्ष** I. $L < P$ II. $L = P$

***22.*** **कथन** $A \leq B < E = G \geq H > K$
**निष्कर्ष** I. $A < G$ II. $E > K$

***23.*** **कथन** $D < R \geq A \leq I = N \leq S$
**निष्कर्ष** I. $R \leq S$ II. $D > I$

***निर्देश*** (प्र. सं. 24-28) *निम्न प्रश्नों में, दिए गए कथनों में अलग-अलग तत्वों के मध्य सम्बन्ध दर्शाया गया है। इन कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों पर आधारित निष्कर्षों का अध्ययन करते हुए उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।* ***(Indian Bank PO Pre 2016)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है
(b) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है
(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(d) यदि कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(e) यदि दोनों निष्कर्ष सत्य हैं

***24.*** **कथन** $T > R > A > C < K; N < E < C > S > D$
**निष्कर्ष** I. $S > A$ II. $K < E$

***25.*** **कथन** $S = L \leq U = M; Z \geq R > C = M$
**निष्कर्ष** I. $Z > S$ II. $S = Z$

***26.*** **कथन** $T > R > A > C < K; N < E < C > S > D$
**निष्कर्ष** I. $D < T$ II. $N < R$

***27.*** **कथन** $Y \leq E < L = O \geq W; S \geq P > L \geq I \leq T$
**निष्कर्ष** I. $E < P$ II. $I > E$

***28.*** **कथन** $Y \leq E < L = O \geq W; S \geq P > L \geq I \leq T$
**निष्कर्ष** I. $Y \leq T$ II. $S > W$

***निर्देश*** (प्र. सं. 29-33) *निम्नलिखित प्रश्नों में, अलग-अलग तत्वों के मध्य एक सम्बन्ध दर्शाया गया है। प्रश्न में दिए गए कथनों के बाद दो निष्कर्ष दर्शाए गए है।* ***(IBPS PO 2018)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है
(b) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है
(d) या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(e) निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं

***29.*** **कथन** $L \leq T \leq I \geq M < X, W < P \leq L \geq B \geq K$
**निष्कर्ष** I. $K < X$ II. $W > M$

***30.*** **कथन** $Z < U \leq D \leq A \leq M < S, Q > A \leq Y < G$
**निष्कर्ष** I. $Z < Y$ II. $S > Q$

***31.*** **कथन** $L \leq T \leq I \geq M < X, W < P \leq L \geq B \geq K$
**निष्कर्ष** I. $K \geq M$ II. $P > M$

***32.*** **कथन** $Z < U \leq D \leq A \leq M < S, Q > A \leq Y < G$
**निष्कर्ष** I. $M \geq U$ II. $G > Z$

***33.*** **कथन** $J > K \geq H = U \geq B \leq T < F \leq R$
**निष्कर्ष** I. $J > B$ II. $H < R$

***निर्देश*** (प्र. सं. 34-38) *निम्नलिखित प्रश्नों में ★, δ, %, @ और © प्रतीकों का प्रयोग नीचे बताए अर्थों के अनुसार किया गया है।* ***(Vijaya Bank PO 2009)***

'P % Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है।'
'P © Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो छोटा है न बराबर।'
'P ★ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न बराबर।'
'P δ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है।'
'P @ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न छोटा।'

अब निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए कथन को सत्य मानते हुए यह पता लगाइए कि उसके नीचे दिए गए तीन निष्कर्ष I, II और III में से कौन-सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं।

***34.*** **कथन** R δ K, K ★ M, M @ J
**निष्कर्ष** I. J © K II. M © R
III. R ★ J
(a) निष्कर्ष I और II सत्य हैं (b) निष्कर्ष II और III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष I और III सत्य हैं (d) निष्कर्ष I, II और III सभी सत्य हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***35.*** **कथन** Z @ M, M © K, K ★ F
**निष्कर्ष** I. F © Z II. K ★ Z
III. F © M
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है (b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है (d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष II और III सत्य हैं

***36.*** **कथन** B ★ J, J % W, W © M
**निष्कर्ष** I. M ★ J II. W ★ B
III. B © M
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है (b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है (d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष I और III सत्य हैं

***37.*** **कथन** V % H, H @ F, F δ E
**निष्कर्ष** I. F @ V II. F ★ V
III. E % H
(a) या तो निष्कर्ष I या II सत्य है (b) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(c) निष्कर्ष I और II सत्य हैं (d) निष्कर्ष I, II और III सत्य हैं
(e) या तो निष्कर्ष I या II और निष्कर्ष III सत्य हैं

***38.*** **कथन** W © T, T δ N, N % D
**निष्कर्ष** I. D ★ T
II. W © N
III. D @ T
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है (b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है (d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष I और II सत्य हैं

**निर्देश** (प्र. सं. 39-45) *निम्नलिखित प्रश्नों में प्रतीक $, % , @, © और ★ का प्रयोग निम्नानुसार अर्थ में किया गया है।* ***(Indian Bank PO 2009)***

'P % Q' का अर्थ है 'P न तो Q से बड़ा और न ही छोटा है।'
'P $ Q' का अर्थ है 'P न तो Q से छोटा और न ही समान है। '
'P © Q' का अर्थ है 'P न तो Q से बड़ा और न ही समान है। '
'P ★ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है।'
'P @ Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है।'

अब नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए यह पता लगाइए कि उनके नीचे दिए गए निष्कर्ष I, II और III में से कौन-सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं?

***39.*** **कथन** V © K, K @ B, B $ M
**निष्कर्ष** I. V © B II. M © K III. M © V
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है (b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है (d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष II और III सत्य हैं

***40.*** **कथन** D ★ R, R % F, F $ T
**निष्कर्ष** I. F % D II. F $ D III. T © R
(a) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(b) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष III सत्य ह
(d) या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(e) या तो निष्कर्ष I या II और निष्कर्ष III सत्य हैं

***41.*** **कथन** N @ D, D ★ K, K $ A
**निष्कर्ष** I. K @ N II. A © D
III. N $ A
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है (b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है (d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष II और III सत्य हैं

***42.*** **कथन** K @ T, T $, N, N © R
**निष्कर्ष** I. R $ K II. N ★ K
III. K $ N
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है (b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है (d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष II और III सत्य हैं

***43.*** **कथन** W % K, K © F, D $ F
**निष्कर्ष** I. D $ K II. D $ W
III. F @ W
(a) निष्कर्ष I और III सत्य हैं (b) निष्कर्ष I और II सत्य हैं
(c) निष्कर्ष II और III सत्य हैं (d) निष्कर्ष I, II और III सभी सत्य हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***44.*** **कथन** B ★ K, K © F, F % R
**निष्कर्ष** I. R $ K II. R $ B III. F $ B
(a) निष्कर्ष I और II सत्य हैं (b) निष्कर्ष I और III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष II और III सत्य हैं (d) निष्कर्ष I, II और III सभी सत्य हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***45.*** **कथन** H $ M, M % D, D @ K
**निष्कर्ष** I. H $ D II. K ★ M III. K © H
(a) केवल निष्कर्ष II सत्य है (b) निष्कर्ष II और III सत्य हैं
(c) केवल I और III सत्य हैं (d) निष्कर्ष I और II सत्य हैं
(e) निष्कर्ष I, II और III सभी सत्य हैं

***निर्देश*** (प्र. सं. 46-50) *निम्नलिखित प्रश्नों में @, ©, $, % और δ प्रतीकों को नीचे बताए गए अर्थों में प्रयोग किया गया है।* ***(SBI PO 2010)***

'P $ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न बराबर है।'
'P @ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो छोटा है न बराबर है।'
'P δ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है।'
'P % Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है।'
'P © Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न छोटा है।'

अब निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए यह पता लगाइए कि तीनों निष्कर्ष I, II और III में से कौन-सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं?

***46.*** **कथन** H % D, D @ B, B δ W, W % N
**निष्कर्ष** I. H @ B II. B $ N
III. D @ W
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष II और III सत्य हैं

***47.*** **कथन** N © K, K $ J, J @ T, T % R
**निष्कर्ष** I. T @ N II. J @ N
III. R $ J
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) निष्कर्ष II और III सत्य हैं

***48.*** **कथन** M @ T, T % K, K © R, R $ J
**निष्कर्ष** I. J @ K II. R © T
III. R $ T
(a) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(b) या तो निष्कर्ष II या III सत्य है
(c) या तो निष्कर्ष II या III और I सत्य हैं
(d) निष्कर्ष II और III सत्य हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***49.*** **कथन** K δ R, R @ H, H % D, M $ D
**निष्कर्ष** I. D $ R
II. K $ D
III. M $ H
(a) निष्कर्ष I और II सत्य हैं
(b) निष्कर्ष II और III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष I और III सत्य हैं
(d) निष्कर्ष I, II और III सभी सत्य हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***50.*** **कथन** T $ M, M © R, R @ K, K % W
**निष्कर्ष** I. W $ R
II. K $ M
III. R @ T
(a) निष्कर्ष I और II सत्य हैं
(b) निष्कर्ष II और III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष I और III सत्य हैं
(d) निष्कर्ष I, II और III सभी सत्य हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र. सं. 51-55) *निम्नलिखित प्रश्नों में @, $, ★ ,# और δ प्रतीकों को नीचे बताए गए अर्थों के अनुसार प्रयोग किया गया है।* ***(BOI PO 2010)***

'P $ Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है।'
'P @ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो छोटा है न बराबर।'
'P # Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न बराबर।'
'P δ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न छोटा।'
'P ★ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है।'

अब नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए पता लगाइए कि उनके नीचे दिए गए चार निष्कर्ष I, II, III और IV में से कौन-सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं?

***51.*** **कथन** N δ B, B $ W, W # H, H ★ M
**निष्कर्ष** I. M @ W　　II. H @ N
III. W δ N　　IV. W # N
(a) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(b) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष IV सत्य है
(d) या तो निष्कर्ष III या IV सत्य है
(e) या तो निष्कर्ष III या IV और निष्कर्ष I सत्य है

***52.*** **कथन** R ★ D, D $ J, J # M, M @ K
**निष्कर्ष** I. K # J　　II. D @ M
III. R # M　　IV. D @ K
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) केवल निष्कर्ष IV सत्य है

***53.*** **कथन** H @ T, T # F, F δ E, E ★ V
**निष्कर्ष** I. V $ F　　II. E @ T
III. H @ V　　IV. T # V
(a) निष्कर्ष I, II और III सत्य हैं
(b) निष्कर्ष I, II और IV सत्य हैं
(c) निष्कर्ष II, III और IV सत्य हैं
(d) निष्कर्ष I, III और IV सत्य हैं
(e) सभी निष्कर्ष सत्य हैं

***54.*** **कथन** D # R, R ★ K, K @ F, F $ J
**निष्कर्ष** I. J # R　　II. J # K
III. R # F　　IV. K @ D
(a) निष्कर्ष I, II और III सत्य हैं
(b) निष्कर्ष II, III और IV सत्य हैं
(c) निष्कर्ष I, III और IV सत्य हैं
(d) निष्कर्ष I, II, III और IV सभी सत्य हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***55.*** **कथन** M $ K, K @ N, N ★ R, R # W
**निष्कर्ष** I. W @ K　　II. M $ R
III. K @ W　　IV. M @ N
(a) निष्कर्ष I और II सत्य हैं
(b) निष्कर्ष I, II और III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष III और IV सत्य हैं
(d) निष्कर्ष II, III और IV सत्य हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 56-60) *निम्नलिखित प्रश्नों में δ, ★, %, # और @ प्रतीकों का नीचे बताए गए अर्थों में प्रयोग किया है।* ***(BOM PO 2010)***

'P % Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न बराबर।'
'P δ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो छोटा है न बराबर।'
'P @ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है।'
'P ★ Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है।'
'P # Q' का अर्थ है 'P, Q से न बड़ा है न छोटा।'

अब निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए पता लगाइए कि उनके नीचे दिए गए निष्कर्षों I, II, III और IV में से कौन-सा/से निश्चित रूप से सत्य है/हैं?

***56.*** **कथन** R ★ T, T δ M, M % K, K @ V
**निष्कर्ष** I. V δ M　　II. V δ T
III. M % R　　IV. K δ R
(a) निष्कर्ष I और II सत्य हैं　(b) निष्कर्ष I और III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष II और IV सत्य हैं　(d) निष्कर्ष I, III और IV सत्य हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***57.*** **कथन** H δ J, J # N, N @ R, R δ W
**निष्कर्ष** I. W % N　　II. W % H
III. R # J　　IV. R δ J
(a) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(b) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष IV सत्य है
(e) या तो निष्कर्ष III या IV सत्य है

***58.*** **कथन** B @ D, D δ F, F % M, M ★ N
**निष्कर्ष** I. B % F　　II. M δ D
III. N % F　　IV. D δ N
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) केवल निष्कर्ष IV सत्य है

***59.*** **कथन** F # Z, Z @ H, H % N, N δ B
**निष्कर्ष** I. F @ H
II. N δ Z
III. B % H
IV. B % Z
(a) निष्कर्ष I और III सत्य हैं
(b) निष्कर्ष II, III और IV सत्य हैं
(c) निष्कर्ष I और II सत्य हैं
(d) निष्कर्ष I, II और III सत्य हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***60.*** **कथन** M % K, K ★ W, W δ V, V @ N
**निष्कर्ष** I. N ★ K　　II. M % W
III. K δ V　　IV. V % M
(a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष III सत्य है
(e) केवल निष्कर्ष IV सत्य है

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** (b) विकल्प (b) में, $ तथा # के स्थान पर ≤ तथा = रखने पर,

$P \geq A \leq R \leq O < T; \quad S < L \leq A = M$

⇒ $T > A$ तथा $A = M$

∴ $T > M$

**2.** (c) विकल्प (c) से,

$A < B = C \leq D$

∴ $A < D$

**3.** (b) विकल्प (b) से,

$P < A \leq L \geq E; C \geq L \leq O < N$

⇒ $P < L; C \geq L$

⇒ $P < L \leq C$

∴ $P < C$

अतः $C < P$ असत्य है।

**4.** (d) विकल्प (d) से, $V > W \geq X > Z$

∴ $V > Z$

**5.** (d) विकल्प (d) से, $K \geq L = M > N > P$

∴ $K \geq M$ या $M \leq K$ तथा $L > P$

**6.** (c) विकल्प (c) से, $F \geq G = H \leq I < J$

∴ $F \geq H$ या $H \leq F$ तथा $H < J$ या $J > H$

**7.** (e) $A < C \geq B = D \leq E$

अतः दी गई अभिव्यक्ति में से कोई भी सत्य नहीं है।

**8.** (b) विकल्प (b) से, $P = N \geq L > M$

$P \geq L$

अतः $L > P$ गलत है।

**9.** (b) ∵ $R > O = A > S < T$

∴ $S < R$

**10.** (d) विकल्प (d) से, $P > L \geq A \geq N = T$

अतः $P > A$ व $T \leq L$ निश्चित रूप से सत्य हैं।

**11.** (d) विकल्प (d) से,

$B > L = O = N \geq D$

अतः $B > L$ तथा $D \leq L$ निश्चित रूप से सत्य हैं।

**12.** (e) विकल्प (e) से,

$P \leq N < A > L$

अतः $A < P$ निश्चित रूप से असत्य है।

**13.** (c) विकल्प (c) से,

$F < O = U = N < D$

अतः $F > N$ तथा $U > D$ निश्चित रूप से असत्य है।

**14.** (a) **कथन** $F < W = J \geq K; W \leq D$

$D \geq W = J \geq K$

**निष्कर्ष** I. $D > K$ ⎤ या (सत्य)

II. $D = K$ ⎦ (सत्य)

अतः या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

**15.** (e) **कथन** $V \leq E = U \leq X > A$

**निष्कर्ष** I. $X \geq V$ (सत्य)

II. $E > A$ (असत्य)

अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**16.** (b) **कथन** $O = M \geq G;$

$M \leq P; S > M$

∴ $S > M \geq G$ व $O = M \leq P$

**निष्कर्ष** I. $S > G$ (सत्य)

II. $O \leq P$ (सत्य)

अतः दोनों निष्कर्ष I तथा II सत्य हैं।

**17.** (c) **कथन** $X \geq W < D = U \geq R$

**निष्कर्ष** I. $X < U$ (असत्य)

II. $R > W$ (असत्य)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

**18.** (c) **कथन** $N > H = R \geq B; R \leq C$

∴ $H = R \leq C$

**निष्कर्ष** I. $C < H$ (असत्य)

II. $H > B$ (असत्य)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

**19.** (a) **कथन** $S \leq A > T = U \leq R < N$

⇒ $T \leq R < N$

**निष्कर्ष** I. $N > T$ (सत्य)

II. $S > R$ (असत्य)

अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**20.** (b) **कथन** $P \geq L \geq O = U \geq G \geq H$

**निष्कर्ष** I. $P < H$ (असत्य)

II. $H < P$ (सत्य)

अतः केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**21.** (e) **कथन** $L \leq M = R > O < P$

**निष्कर्ष** I. $L < P$ (असत्य)

II. $L = P$ (असत्य)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

**22.** (c) **कथन** $A \leq B < E = G \geq H > K$

**निष्कर्ष** I. $A < G$ (सत्य)

II. $E > K$ (सत्य)

अतः दोनों निष्कर्ष सत्य हैं।

**23.** (e) **कथन** $D < R \geq A \leq I = N \leq S$

**निष्कर्ष** I. $R \leq S$ (असत्य)

II. $D > I$ (असत्य)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II सत्य है।

**24.** (d) **कथन** $T > R > A > C < K;$

$N < E < C > S > D$

$A > C > S$ और $K > C > E$

**निष्कर्ष** I. $S > A$ (असत्य)

II. $K < E$ (असत्य)

**25.** (a) **कथन** $S = L \leq U = M; Z \geq R > C = M$

$S = L \leq V = M = C < R \leq Z$

**निष्कर्ष** I. $Z > S$ (सत्य)

II. $S = Z$ (असत्य)

**26.** (e) **कथन** $T > R > A > C < K;$

$N < E < C > S > D$

∴ $D < S < C < A < R < T$

तथा $N < E < C < A < R$

**निष्कर्ष** I. $D < T$ (सत्य)

II. $N < R$ (सत्य)

**27.** (a) $Y \leq E < L = O \geq W$

$S \geq P > L \geq I \leq T$

∴ $E < L < P$

और $I \leq L > E$

**निष्कर्ष** I. $E < P$ (सत्य)

II. $I > E$ (असत्य)

**28.** (b) $Y \leq E < L = O \geq W$

$S \geq P > L \geq I \leq T$

∴ $Y \leq E < L \geq I \leq T$

और $S \geq P > L = O \geq W$

**निष्कर्ष** I. $Y \leq T$ (असत्य)

II. $S > W$ (सत्य)

**29.** (c) कथनानुसार,

$L \leq T \leq I \geq M < X$

$W < P \leq L \geq B \geq K$

अर्थात् $K \leq L \leq I \geq M < X$

तथा $W < L \leq I \geq M$

**निष्कर्ष** I. $K < X$ (असत्य)

II. $W > M$ (असत्य)

**30.** (b) कथनानुसार, $Z < U \leq D \leq A \leq M < S,$

$Q > A \leq Y < G$

अर्थात् $Z < A \leq Y$

तथा $Q > A < S$

**निष्कर्ष** I. $Z < Y$ (सत्य)

II. $S > Q$ (असत्य)

**31.** (c) कथनानुसार,

$L \leq T \leq I \geq M < X,$

$W < P \leq L \geq B \geq K$

अर्थात् $K \leq L \leq I \geq M$

तथा $P \leq L \leq I \geq M$

**निष्कर्ष** I. $K \geq M$ (असत्य)

II. $P > M$ (असत्य)

**32.** (e) कथनानुसार,

$Z < U \leq D \leq A \leq M < S,$

$Q > A \leq Y < G$

अर्थात् $U \leq M$

तथा $Z < A < G$

**निष्कर्ष** I. $M \geq U$ (सत्य)

II. $G > Z$ (सत्य)

**33.** (b) कथनानुसार,

$J > K \geq H = U \geq B \leq T < F \leq R$

**निष्कर्ष** I. $J > B$ (सत्य)

II. $H < R$ (असत्य)

**उत्तर** (प्र. सं. 34-38)

P % Q ⇒ $P \geq Q$

P © Q ⇒ $P > Q$

P ★ Q ⇒ $P < Q$

P δ Q ⇒ $P \leq Q$

P @ Q ⇒ $P = Q$

| | | |
|---|---|---|
| % | ⇒ | ≥ |
| © | ⇒ | > |
| ★ | ⇒ | < |
| δ | ⇒ | ≤ |
| @ | ⇒ | = |

**34.** *(d)* कथनानुसार,
R δ K ⇒ R ≤ K
K ★ M ⇒ K < M
M @ J ⇒ M = J
∴ R ≤ K < M = J
**निष्कर्ष** I. J © K ⇒ J > K (सत्य)
II. M © R ⇒ M > R (सत्य)
III. R ★ J ⇒ R < J (सत्य)
अतः तीनों निष्कर्ष सत्य हैं।

**35.** *(c)* कथनानुसार,
Z @ M ⇒ Z = M
M © K ⇒ M > K
K ★ F ⇒ K < F
∴ Z = M > K < F
**निष्कर्ष** I. F © Z ⇒ F > Z (असत्य)
II. K ★ Z ⇒ K < Z (सत्य)
III. F © M ⇒ F > M (असत्य)
अतः केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**36.** *(b)* कथनानुसार, B ★ J ⇒ B < J
J % W ⇒ J ≥ W
W © M ⇒ W > M
∴ B < J ≥ W > M
**निष्कर्ष** I. M ★ J ⇒ M < J (सत्य)
II. W ★ B ⇒ W < (असत्य)
III. B © M ⇒ B > M (असत्य)
अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**37.** *(e)* कथनानुसार,
V % H ⇒ V ≥ H
H @ F ⇒ H = F
F δ E ⇒ F ≤ E
∴ V ≥ H = F ≤ E
**निष्कर्ष** I. F @ V ⇒ F = V } (I या II सत्य है)
II. F ★ V ⇒ F < V }
III. E % H ⇒ E ≥ H (सत्य)
अतः या तो निष्कर्ष I या II और निष्कर्ष III सत्य हैं।

**38.** *(a)* कथनानुसार,
W © T ⇒ W > T
T δ N ⇒ T ≤ N
N % D ⇒ N ≥ D
∴ W > T ≤ N ≥ D
**निष्कर्ष** I. D ★ T ⇒ D < T (असत्य)
II. W © N ⇒ W > N (असत्य)
III. D @ T ⇒ D = T (असत्य)
अतः कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**उत्तर** (प्र. सं. 39-45)

P % Q ⇒ P = Q
P $ Q ⇒ P > Q
P © Q ⇒ P < Q
P ★ Q ⇒ P ≤ Q
P @ Q ⇒ P ≥ Q

| | | |
|---|---|---|
| % | ⇒ | = |
| $ | ⇒ | > |
| © | ⇒ | < |
| ★ | ⇒ | ≤ |
| @ | ⇒ | ≥ |

**39.** *(c)* कथनानुसार,
V © K ⇒ V < K
K @ B ⇒ K ≥ B
B $ M ⇒ B > M
∴ V < K ≥ B > M
**निष्कर्ष** I. V © B ⇒ V < B (असत्य)
II. M © K ⇒ M < K (सत्य)
III. M © V ⇒ M < V (असत्य)
अतः केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**40.** *(e)* कथनानुसार,
D ★ R ⇒ D ≤ R
R % F ⇒ R = F
F $ T ⇒ F > T
∴ D ≤ R = F > T
**निष्कर्ष** I. F % D ⇒ F = D } (I या II सत्य है)
II. F $ D ⇒ F > D }
III. T © R ⇒ T < R (सत्य)
अतः या तो निष्कर्ष I या II और निष्कर्ष III सत्य हैं।

**41.** *(a)* कथनानुसार, N @ D ⇒ N ≥ D
D ★ K ⇒ D ≤ K
K $ A ⇒ K > A
∴ N ≥ D ≤ K > A
**निष्कर्ष** I. K @ N ⇒ K ≥ N (असत्य)
II. A © D ⇒ A < D (असत्य)
III. N $ A ⇒ N > A (असत्य)
अतः कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**42.** *(d)* कथनानुसार,
K @ T ⇒ K ≥ T; T $ N ⇒ T > N
N © R ⇒ N < R
∴ K ≥ T > N < R
**निष्कर्ष** I. R $ K ⇒ R > K (असत्य)
II. N ★ K ⇒ N ≤ K (असत्य)
III. K $ N ⇒ K > N (सत्य)
अतः केवल निष्कर्ष III सत्य है।

**43.** *(b)* कथनानुसार,
W % K ⇒ W = K; K © F ⇒ K < F
D $ F ⇒ D > F
∴ W = K < F < D
**निष्कर्ष** I. D $ K ⇒ D > K (सत्य)
II. D $ W ⇒ D > W (सत्य)
III. F @ W ⇒ F ≥ W (असत्य)
अतः निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

**44.** *(d)* कथनानुसार,
B ★ K ⇒ B ≤ K ; K © F ⇒ K < F
F % R ⇒ F = R
∴ B ≤ K < F = R
**निष्कर्ष** I. R $ K ⇒ R > K (सत्य)
II. R $ B ⇒ R > B (सत्य)
III. F $ B ⇒ F > B (सत्य)
अतः तीनों निष्कर्ष सत्य हैं।

**45.** *(e)* कथनानुसार,
H $ M ⇒ H > M
M % D ⇒ M = D
D @ K ⇒ D ≥ K
∴ H > M = D ≥ K
**निष्कर्ष** I. H $ D ⇒ H > D (सत्य)
II. K ★ M ⇒ K ≤ M (सत्य)
III. K © H ⇒ K < H (सत्य)
अतः तीनों निष्कर्ष सत्य हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 46-50)

P $ Q ⇒ P < Q
P @ Q ⇒ P > Q
P δ Q ⇒ P ≤ Q
P % Q ⇒ P ≥ Q
P © Q ⇒ P = Q

| | | |
|---|---|---|
| $ | ⇒ | < |
| @ | ⇒ | > |
| δ | ⇒ | ≤ |
| % | ⇒ | ≥ |
| © | ⇒ | = |

**46.** *(b)* कथनानुसार,
H % D ⇒ H ≥ D
D @ B ⇒ D > B
B δ W ⇒ B ≤ W
W % N ⇒ W ≥ N
∴ H ≥ D > B ≤ W ≥ N
**निष्कर्ष** I. H @ B ⇒ H > B (सत्य)
II. B $ N ⇒ B < N (असत्य)
III. D @ W ⇒ D > W (असत्य)
अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**47.** *(e)* कथनानुसार, N © K ⇒ N = K
K $ J ⇒ K < J
J @ T ⇒ J > T
T % R ⇒ T ≥ R
∴ N = K < J > T ≥ R
**निष्कर्ष** I. T @ N ⇒ T > N (असत्य)
II. J @ N ⇒ J > N (सत्य)
III. R $ J ⇒ R < J (सत्य)
अतः निष्कर्ष II और III सत्य हैं।

**48.** *(c)* कथनानुसार, M @ T ⇒ M > T
T % K ⇒ T ≥ K
K © R ⇒ K = R
R $ J ⇒ R < J
∴ M > T ≥ K = R < J
**निष्कर्ष** I. J @ K ⇒ J > K (सत्य)
II. R © T ⇒ R = T } (II या III सत्य है)
III. R $ T ⇒ R < T }
अतः या तो निष्कर्ष II या III और निष्कर्ष I सत्य है।

**49.** *(c)* कथनानुसार, K δ R ⇒ K ≤ R
R @ H ⇒ R > H
H % D ⇒ H ≥ D
M $ D ⇒ M < D
∴ K ≤ R > H ≥ D > M

**निष्कर्ष** I. D $ R ⇒ D < R (सत्य)
II. K $ D ⇒ K < D (असत्य)
III. M $ H ⇒ M < H (सत्य)
अतः निष्कर्ष I और III सत्य हैं।

**50.** *(d)* कथनानुसार, T $ M ⇒ T < M
M © R ⇒ M = R
R @ K ⇒ R > K
K % W ⇒ K ≥ W
∴ T < M = R > K ≥ W
**निष्कर्ष** I. W $ R ⇒ W < R (सत्य)
II. K $ M ⇒ K < M (सत्य)
III. R @ T ⇒ R > T (सत्य)
अतः तीनों निष्कर्ष सत्य हैं।

**उत्तर** (प्र. सं. 51-55)
P $ Q ⇒ P ≥ Q
P @ Q ⇒ P > Q
P # Q ⇒ P < Q
P δ Q ⇒ P = Q
P ★ Q ⇒ P ≤ Q

| | | |
|---|---|---|
| $ | ⇒ | ≥ |
| @ | ⇒ | > |
| # | ⇒ | < |
| δ | ⇒ | = |
| ★ | ⇒ | ≤ |

**51.** *(e)* कथनानुसार, N δ B ⇒ N = B
B $ W ⇒ B ≥ W
W # H ⇒ W < H
H ★ M ⇒ H ≤ M
∴ N = B ≥ W < H ≤ M
**निष्कर्ष** I. M @ W ⇒ M > W (सत्य)
II. H @ N ⇒ H > N (असत्य)
III. W δ N ⇒ W = N (III या IV
IV. W # N ⇒ W < N सत्य है)
अतः या तो निष्कर्ष III या IV और निष्कर्ष I सत्य हैं।

**52.** *(a)* कथनानुसार, R ★ D ⇒ R ≤ D
D $ J ⇒ D ≥ J
J # M ⇒ J < M
M @ K ⇒ M > K
∴ R ≤ D ≥ J < M > K
**निष्कर्ष** I. K # J ⇒ K < J (असत्य)
II. D @ M ⇒ D > M (असत्य)
III. R # M ⇒ R < M (असत्य)
IV. D @ K ⇒ D > K (असत्य)
अतः कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**53.** *(b)* कथनानुसार, H @ T ⇒ H > T
T # F ⇒ T < F
F δ E ⇒ F = E
E ★ V ⇒ E ≤ V
∴ H > T < F = E ≤ V
**निष्कर्ष** I. V $ F ⇒ V ≥ F (सत्य)
II. E @ T ⇒ E > T (सत्य)
III. H @ V ⇒ H > V (असत्य)
IV. T # V ⇒ T < V (सत्य)
अतः निष्कर्ष I, II और IV सत्य हैं।

**54.** *(e)* कथनानुसार,
D # R ⇒ D < R
R ★ K ⇒ R ≤ K
K @ F ⇒ K > F
F $ J ⇒ F ≥ J
∴ D < R ≤ K > F ≥ J
**निष्कर्ष** I. J # R ⇒ J < R (असत्य)
II. J # K ⇒ J < K (सत्य)
III. R # F ⇒ R < F (असत्य)
IV. K @ D ⇒ K > D (सत्य)
अतः केवल निष्कर्ष II और IV सत्य हैं।

**55.** *(e)* कथनानुसार,
M $ K ⇒ M ≥ K;
K @ N ⇒ K > N
N ★ R ⇒ N ≤ R;
R # W ⇒ R < W
∴ M ≥ K > N ≤ R < W
**निष्कर्ष** I. W @ K ⇒ W > K (असत्य)
II. M $ R ⇒ M ≥ R (असत्य)
III. K @ W ⇒ K > W (असत्य)
IV. M @ N ⇒ M > N (सत्य)
अतः केवल निष्कर्ष IV सत्य है।

**उत्तर** (प्र. सं. 56-60)
P % Q ⇒ P < Q
P δ Q ⇒ P > Q
P @ Q ⇒ P ≤ Q
P ★ Q ⇒ P ≥ Q
P # Q ⇒ P = Q

| | | |
|---|---|---|
| % | ⇒ | < |
| δ | ⇒ | > |
| @ | ⇒ | ≤ |
| ★ | ⇒ | ≥ |
| # | ⇒ | = |

**56.** *(b)* कथनानुसार, R ★ T ⇒ R ≥ T;
T δ M ⇒ T > M
M % K ⇒ M < K;
K @ V ⇒ K ≤ V
∴ R ≥ T > M < K ≤ V
**निष्कर्ष** I. V δ M ⇒ V > M (सत्य)
II. V δ T ⇒ V > T (असत्य)
III. M % R ⇒ M < R (सत्य)
IV. K δ R ⇒ K > R (असत्य)
अतः निष्कर्ष I और III सत्य हैं।

**57.** *(e)* कथनानुसार,
H δ J ⇒ H > J
J # N ⇒ J = N
N @ R ⇒ N ≤ R
R δ W ⇒ R > W
∴ H > J = N ≤ R > W
**निष्कर्ष** I. W % N ⇒ W < N (असत्य)
II. W % H ⇒ W < H (असत्य)
III. R # J ⇒ R = J } (III या IV
IV. R δ J ⇒ R > J } सत्य है)
अतः या तो निष्कर्ष III या IV सत्य है।

**58.** *(a)* कथनानुसार,
B @ D ⇒ B ≤ D
D δ F ⇒ D > F
F % M ⇒ F < M
M ★ N ⇒ M ≥ N
∴ B ≤ D > F < M ≥ N
**निष्कर्ष** I. B % F ⇒ B < F (असत्य)
II. M δ D ⇒ M > D (असत्य)
III. N % F ⇒ N > F (असत्य)
IV. D δ N ⇒ D > N (असत्य)
अतः कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**59.** *(c)* कथनानुसार,
F # Z ⇒ F = Z
Z @ H ⇒ Z ≤ H
H % N ⇒ H < N
N δ B ⇒ N > B
∴ F = Z ≤ H < N > B
**निष्कर्ष** I. F @ H ⇒ F ≤ H (सत्य)
II. N δ Z ⇒ N > Z (सत्य)
III. B % H ⇒ B < H (असत्य)
IV. B % Z ⇒ B < Z (असत्य)
अतः निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

**60.** *(d)* कथनानुसार,
M % K ⇒ M < K
K ★ W ⇒ K ≥ W
W δ V ⇒ W > V
V @ N ⇒ V ≤ N
∴ M < K ≥ W > V ≤ N
**निष्कर्ष** I. N ★ K ⇒ N ≥ K (असत्य)
II. M % W ⇒ M < W (असत्य)
III. K δ V ⇒ K > V (सत्य)
IV. V % M ⇒ V < M (असत्य)
अतः केवल निष्कर्ष III सत्य है।

# 21

# घन, घनाभ एवं पासा
## (Cube, Cuboid and Dice)

घन, घनाभ और पासा तीनों ही त्रिविमीय वस्तु/आकृति हैं। जहाँ घन एवं पासा में लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई तीनों समान होती हैं वहीं घनाभ में ये तीनों माप अर्थात् लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई भिन्न-भिन्न होती हैं।

### घन

ऐसी त्रिआयामी आकृति/वस्तु जिसकी लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई तीनों बराबर हों, ऐसी आकृति या वस्तु को घन कहते हैं, जैसे–लूडो का पासा।




### घनाभ

ऐसी त्रिआयामी आकृति/वस्तु जिसकी लम्बाई, चौड़ाई से अधिक हो और ऊँचाई, चौड़ाई से कम हो, ऐसी आकृति या वस्तु को घनाभ कहते हैं। जैसे–माचिस की डिबिया।




### पासा

पासा, घन और घनाभ के समान ही एक त्रिआयाम वस्तु/आकृति है। सामान्यतया इसकी लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई तीनों बराबर होती हैं। इसकी सतहों पर 1 से 6 तक के अंक डॉट या कुछ अक्षर अंकित होते हैं।




## घन, घनाभ और पासा से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### 1. सतह या फलक

किसी भी घन या घनाभ या पासा में छः सतहें (फलकें) होती हैं, जिनमें से तीन सतहें दिखाई देती हैं और तीन सतहें दिखाई नहीं देती हैं अर्थात् छिपी हुई होती हैं।




उपरोक्त आकृतियों में ABCD, BCFE, ABEG, ADHG, EFHG तथा CDHF छः सतहें (फलकें) हैं अर्थात्

ABEG $\Rightarrow S_1$<br>ABCD $\Rightarrow S_2$<br>BCFE $\Rightarrow S_3$ — दिखाई देने वाली सतहें

ADHG $\Rightarrow S_4$<br>EFHG $\Rightarrow S_5$<br>CDHF $\Rightarrow S_6$ — दिखाई नहीं देने वाली सतहें

यहाँ,

ABCD $\Rightarrow$ सामने की सतह $\Rightarrow S_2$<br>EFHG $\Rightarrow$ पीछे की सतह $\Rightarrow S_5$ — एक-दूसरे की विपरीत सतह

ABEG $\Rightarrow$ ऊपर की सतह $\Rightarrow S_1$<br>CDHF $\Rightarrow$ नीचे की सतह $\Rightarrow S_6$ — एक-दूसरे की विपरीत सतह

BCFE $\Rightarrow$ दाएँ की सतह $\Rightarrow S_3$<br>ADHG $\Rightarrow$ बाएँ की सतह $\Rightarrow S_4$ — एक-दूसरे की विपरीत सतह

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि

(i) किसी भी सतह की चार संलग्न सतहें होती हैं और एक विपरीत सतह होती है।

(ii) संलग्न सतहें आपस में जुड़ी होती हैं।

(iii) दो संलग्न सतहें आपस में एक कोर पर मिलती हैं तथा तीन संलग्न सतहें आपस में एक शीर्ष पर मिलती हैं।

(iv) दो सम्मुख सतहें किसी भी कोर या शीर्ष से एकसाथ नहीं जुड़ी होती हैं।

## 2. **शीर्ष** (कोना)

किसी भी घन या घनाभ या पासा में आठ कोने होते हैं, जिनमें से सात दिखाई देते हैं और एक कोना दिखाई नहीं देता अर्थात् छिपा हुआ होता है।




दी गई आकृतियों में A, B, C, D, E, F, G तथा H आठ कोने हैं।

अर्थात्

$A = C_1$<br>$B = C_2$<br>$C = C_3$<br>$D = C_4$<br>$E = C_5$<br>$F = C_6$<br>$G = C_7$ — दिखाई देने वाले कोने

$H = C_8$ — दिखाई नहीं देने वाला कोना

## 3. **कोर** (किनारा)

किसी भी घन या घनाभ या पासा में बारह किनारे होते हैं, जिनमें से नौ दिखाई देते हैं और तीन किनारे दिखाई नहीं देते हैं अर्थात् छिपे हुए होते हैं।




उपरोक्त आकृतियों में AB, BC, CD, AD, BE, CF, DH, AG, GH, EF, FH तथा GE बारह किनारे हैं।

$AB = E_1$<br>$BC = E_2$<br>$CD = E_3$<br>$AD = E_4$<br>$AG = E_5$<br>$GE = E_6$<br>$BE = E_7$<br>$EF = E_8$<br>$CF = E_9$ — दिखाई देने वाले किनारे

$DH = E_{10}$<br>$GH = E_{11}$<br>$FH = E_{12}$ — दिखाई नहीं देने वाले किनारे

# प्रश्नों के प्रकार

घन, घनाभ और पासे पर आधारित कई प्रकार के प्रश्न विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाते हैं। उनकी विभिन्न प्रकृति के आधार पर, हमने इन्हें निम्न प्रकारों में वर्गीकृत किया है

## प्रकार *1.* घन या घनाभ को छोटे घनों में काटना

यह एक साधारण बात है कि किसी लकड़ी या छड़ को दो बराबर भागों में काटना हो, तो हम उसे एक बार काटते हैं। इसी प्रकार, लकड़ी या छड़ को तीन बराबर भागों में काटना हो, तो दो बार, चार बराबर भागों में काटना हो, तो तीन बार; पाँच बराबर भागों में काटना हो, तो चार बार, ......... और आगे भी इसी प्रकार से काटते हैं। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि लकड़ी या छड़ को जितने बराबर भागों मे काटना हो, उससे एक बार कम काटते हैं अर्थात् किसी लकड़ी या छड़ को n बराबर भागों में काटना हो, तो उसे हम $(n-1)$ बार काटते हैं।

उपरोक्त बातों को निम्न आकृतियों द्वारा दर्शाया गया है




लकड़ी या छड़ की तरह ही घन या घनाभ को भी काटा जा सकता है। यदि किसी 8 सेमी भुजा वाले घन को 2 सेमी भुजा वाले छोटे-छोटे घनों में काटना हो, तो प्रत्येक सतह के $n = \frac{8}{2} = 4$ खण्ड होंगे और चार खण्डों में विभक्त करने के लिए घन को तीनों ओर से $n - 1 = 4 - 1 = 3$ बार काटना होगा तथा विभाजन के बाद $n^3 = (4)^3 = 64$ छोटे घन प्राप्त होंगे।

इसको निम्न आकृति द्वारा दर्शाया गया है




जैसे–किसी घन को 8 छोटे घनों में परिवर्तित करना हो, तो सबसे पहले 8 का घनमूल निकालते हैं जैसे– $\sqrt[3]{8} = \sqrt[3]{2 \times 2 \times 2} = 2$ इस प्रकार हमें घनमूल 2 प्राप्त होता है अर्थात् घन को तीनों ओर से एक-एक (2 – 1) बार काटने पर हमें छोटे-छोटे 8 बराबर घन प्राप्त हो जाएँगे।

## 1. घन को काटना

एक घन को छोटे-छोटे समान घनों में काटने के बाद उनके विभिन्न भागों पर स्थित घनों की पहचान निम्न रूप से की जाती है




जहाँ, S = शीर्ष घन (Vertex cube) M = मध्य घन (Middle cube)
C = केन्द्रीय घन (Central cube)
N = अन्तः केन्द्रीय घन (Inner central cube)

(i) **शीर्ष घन** ऐसे घन प्रत्येक शीर्ष अर्थात् कोने पर स्थित होते हैं। प्रत्येक घन के लिए इनकी संख्या सदैव आठ होती है, क्योंकि किसी भी घन में आठ कोने या शीर्ष होते हैं।

(ii) **मध्य घन** ऐसे घन प्रत्येक किनारे के ठीक मध्य में स्थित होते हैं।

(iii) **केन्द्रीय घन** ऐसे घन प्रत्येक सतह (फलक) के ठीक केन्द्र पर स्थित होते हैं।

(iv) **अन्तः केन्द्रीय घन** ऐसे घन प्रत्येक सतह (फलक) के केन्द्रीय घन से अन्दर की ओर मध्य में स्थित होते हैं। यह बाहर से दिखाई नहीं देते हैं। इसे न्यूक्लियस क्यूब भी कहते हैं।

**महत्त्वपूर्ण बिन्दु**

बड़े घन का छोटे घन में विभाजन करने के बाद प्राप्त कुल छोटे घनों की संख्या (N) = $(n)^3$ होगी।

जहाँ, $n = \dfrac{\text{बड़े घन की एक भुजा}}{\text{छोटे घन की एक भुजा}}$

- शीर्ष घनों की संख्या = 8
- मध्य घनों की संख्या = 12 (n – 2)
- केन्द्रीय घनों की संख्या = $6(n-2)^2$
- अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या = $(n-2)^3$

दिए गए तथ्यों को निम्न उदाहरणों द्वारा और अधिक स्पष्ट किया गया है।

माना 10 सेमी भुजा वाले किसी घन को 2 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाए, तो

$$n = \frac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} = \frac{10}{2} = 5$$

- कुल छोटे घनों की संख्या = $(n)^3 = (5)^3 = 125$
- शीर्ष घनों की संख्या = 8
- मध्य घनों की संख्या = 12 (n – 2) = 12 (5 – 2)
  = 12 × 3 = 36
- केन्द्रीय घनों की संख्या = $6(n-2)^2 = 6(5-2)^2$
  $= 6 \times (3)^2 = 6 \times 9 = 54$
- अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या = $(n-2)^3 = (5-2)^3$
  $= (3)^3 = 27$

***उदाहरण* 1.** एक 6 सेमी भुजा वाले घन को 1 सेमी भुजा वाले कितने छोटे घनों में विभाजित किया जा सकता है?

(a) 6 (b) 12
(c) 36 (d) 216

***व्याख्या*** *(d)* बड़े घन की प्रत्येक भुजा (कोर) 6 भागों में विभाजित होगी।

अर्थात् $n = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} = \dfrac{6}{1} = 6$

∴ कुल छोटे घनों की संख्या (N) = $(n)^3 = (6)^3 = 216$

***उदाहरण* 2.** एक 15 सेमी भुजा वाले घन को 3 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाता है, तो इस प्रकार कितने घन प्राप्त होंगे? ***(SSC 10+2 2013)***

(a) 45 (b) 125
(c) 75 (d) 100

***व्याख्या*** *(b)* ∵ बड़े घन की भुजा = 15 सेमी

तथा छोटे घन की भुजा = 3 सेमी

∴ $n = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}$

$= \dfrac{15}{3} = 5$

∴ कुल छोटे घनों की संख्या (N) = $(n)^3$
$= (5)^3 = 125$

***उदाहरण* 3.** एक 24 सेमी भुजा वाले घन को बराबर आयतन के 64 छोटे घनों में विभाजित किया जाता है, तो प्रत्येक छोटे घन की भुजा की माप क्या होगी?

(a) 6 सेमी (b) 5 सेमी
(c) 4 सेमी (d) 3 सेमी

***व्याख्या*** *(a)* कुल छोटे घनों की संख्या (N) = $(n)^3 = 64$

⇒ $(n)^3 = 64$

⇒ $n = \sqrt[3]{64} = \sqrt[3]{4 \times 4 \times 4} = 4$

∴ $n = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}$

⇒ $4 = \dfrac{24}{\text{छोटे घन की भुजा}}$

∴ छोटे घन की भुजा = $\dfrac{24}{4} = 6$ सेमी

**उदाहरण 4.** एक बड़े घन को 125 छोटे घनों में विभाजित किया जाता है। यदि छोटे घन की एक भुजा 4 सेमी हो, तो बड़े घन की एक भुजा की माप क्या होगी? *(LIC ADO 2014)*

(a) 4 सेमी (b) 9 सेमी
(c) 20 सेमी (d) 10 सेमी
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(c)* $\because$ कुल छोटे घनों की संख्या $(N) = (n)^3 = 125$

$\Rightarrow$ $(n)^3 = 125 = (5)^3$

$\therefore$ $n = 5$

पुनः $n = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}$

$\Rightarrow$ $5 = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{4}$

$\therefore$ बड़े घन की भुजा $= 5 \times 4 = 20$ सेमी

**उदाहरण 5.** यदि 12 सेमी भुजा वाले किसी घन को 3 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाता है, तो

(i) कुल छोटे घनों की संख्या कितनी होगी?

(a) 64 (b) 16
(c) 32 (d) 128

***व्याख्या*** *(a)* $n = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}$

$= \dfrac{12}{3} = 4$

$\therefore$ कुल छोटे घनों की संख्या $(N) = (n)^3 = (4)^3 = 64$

(ii) शीर्ष घनों की संख्या कितनी होगी?

(a) 4 (b) 8
(c) 12 (d) 16

***व्याख्या*** *(b)* शीर्ष घनों की संख्या = 8

शीर्ष घनों की संख्या सदैव आठ होती है।

(iii) मध्य घनों की संख्या कितनी होगी?

(a) 8 (b) 16
(c) 24 (d) 32

***व्याख्या*** *(c)* मध्य घनों की संख्या $= 12\,(n-2)$

$= 12\,(4-2)$

$= 12 \times 2 = 24$

(iv) केन्द्रीय घनों की संख्या कितनी होगी?

(a) 45 (b) 9
(c) 15 (d) 24

***व्याख्या*** *(d)* केन्द्रीय घनों की संख्या $= 6\,(n-2)^2 = 6\,(4-2)^2$

$= 6\,(2)^2 = 6 \times 4 = 24$

(v) अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या कितनी होगी?

(a) 18 (b) 9 (c) 8 (d) 81

***व्याख्या*** *(c)*

अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या $= (n-2)^3 = (4-2)^3 = (2)^3 = 8$

## 2. घनाभ को काटना

किसी घनाभ को छोटे-छोटे एकसमान छोटे घन के रूप में काटा जाए, तो कुल छोटे घनों की संख्या

$= \dfrac{\text{बड़े घनाभ का आयतन}}{\text{छोटे घन का आयतन}}$

$= \dfrac{\text{घनाभ की लम्बाई} \times \text{चौड़ाई} \times \text{ऊँचाई}}{(\text{छोटे घन की एक भुजा})^3}$

जैसे– यदि कोई घनाभ जिसकी लम्बाई 5 सेमी, चौड़ाई 3 सेमी तथा ऊँचाई 4 सेमी हो,

तो 1 सेमी भुजा वाले छोटे-छोटे कुल घनों की संख्या

$= \dfrac{\text{बड़े घनाभ का आयतन}}{\text{छोटे घन का आयतन}} = \dfrac{5 \times 3 \times 4}{1} = 60$




यदि घनाभ की लम्बाई पर कटे खण्ड को Nl, चौड़ाई पर कटे खण्ड को Nb तथा ऊँचाई पर कटे खण्ड को Nh से प्रदर्शित किया जाए, तो
कुल छोटे घनों की संख्या $= Nl \times Nb \times Nh$

**उदाहरण 6.** एक आयताकार ब्लॉक, जिसका आयाम $6 \times 5 \times 4$ सेमी है, को यदि 2 सेमी आयाम वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित कर दिया जाए, तो कुल कितने घन प्राप्त होंगे? *(SSC 10+2 2013)*

(a) 30 (b) 15 (c) 45 (d) 60

***व्याख्या*** *(b)*

छोटे घनों की अभीष्ट संख्या $= \dfrac{\text{बड़े घनाभ का आयतन}}{\text{छोटे घन का आयतन}} = \dfrac{6 \times 5 \times 4}{2 \times 2 \times 2} = 15$

# प्रश्नावली 21.1

**1.** एक घन में सदैव होते हैं *(MAT 2010)*
(a) 8 कोने (b) 6 फलक (c) 12 किनारे (d) ये सभी

**2.** एक घन या घनाभ में कितने फलक (सतह) होते हैं?
(a) 4 (b) 6 (c) 8 (d) 10

**3.** एक घन या घनाभ के प्रत्येक फलक के कितनी विपरीत फलक (सतह) होती हैं?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**4.** एक घन या घनाभ में कितने अदृश्य कोने होते हैं? *(MAT 2014)*
(a) 3 (b) 6 (c) 1 (d) 5

**5.** एक घन या घनाभ में प्रत्येक फलक के कितने निकटवर्ती फलक (सतह) होते हैं? *(RRB AO 2010)*
(a) 2 (b) 4 (c) 6 (d) 8
(e) इनमें से कोई नहीं

**6.** एक घन या घनाभ को किसी भी ओर से देखने पर कितने फलक दिखाई देते हैं?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है? *(MAT 2010)*
(a) किसी भी घन में लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई समान होती है
(b) किसी भी घनाभ में लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई असमान होती है
(c) घन या घनाभ एक त्रिआयामी वस्तु है
(d) उपरोक्त सभी

**8.** एक 4 सेमी के ठोस घन से 2 सेमी के छोटे-छोटे घन प्राप्त करने के लिए इसे कुल कितनी बार काटना होगा? *(IGNOU B.Ed 2011)*
(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 7

**9.** एक 12 सेमी के ठोस घन से 3 सेमी के छोटे-छोटे घन प्राप्त करने के लिए इसे कुल कितनी बार काटना होगा?
(a) 5 (b) 7 (c) 9 (d) 11

**10.** एक 3 सेमी के ठोस घन से यदि 1 सेमी के छोटे-छोटे घन बनाए जाएँ, तो कुल कितने घन बनेंगे? *(SSC 10+2 2010)*
(a) 3 (b) 6 (c) 9 (d) 27

**11.** किसी 10 सेमी लम्बाई के एक घन से 2 सेमी लम्बाई वाले कितने घन बनाए जा सकते हैं? *(UPPSC Pre 2009)*
(a) 5 (b) 25 (c) 125 (d) 500

**12.** एक 25 सेमी भुजा वाले घन को बराबर आयतन के 125 छोटे घनों में विभाजित किया जाता है, तो प्रत्येक छोटे घन की भुजा की माप क्या होगी?
(a) 2 सेमी (b) 3 सेमी
(c) 5 सेमी (d) 6 सेमी

**13.** किसी आयताकार ब्लॉक, जिसका आयाम $3 \times 2 \times 1$ सेमी है, को यदि 1 सेमी आयाम वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित कर दिया जाए, तो कुल कितने घन प्राप्त होंगे?
(a) 5 घन (b) 6 घन (c) 30 घन (d) 50 घन

***निर्देश*** (प्र. सं. 14-20) *निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाता है। *(MAT 2010)*

**14.** छोटे घन प्राप्त करने के लिए इसे कुल कितनी बार काटना होगा?
(a) 2 (b) 4 (c) 6 (d) 8

**15.** कुल छोटे घनों की संख्या कितनी होगी?
(a) 3 (b) 9 (c) 27 (d) 81

**16.** कुल शीर्ष घनों की संख्या कितनी होगी?
(a) 4 (b) 6 (c) 8 (d) 10

**17.** कुल मध्य घनों की संख्या कितनी होगी?
(a) 6 (b) 12 (c) 18 (d) 24

**18.** कुल केन्द्रीय घनों की संख्या कितनी होगी?
(a) 3 (b) 6 (c) 8 (d) 12

**19.** कुल अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या कितनी होगी?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**20.** घन की प्रत्येक भुजा (कोर) कितने भागों में विभक्त होगी?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* एक घन में 8 कोने, 6 फलक तथा 12 किनारे होते हैं।

**2.** *(b)* एक घन या घनाभ में कुल छः फलक होते हैं।

**3.** *(a)* एक घन या घनाभ के प्रत्येक फलक के एक विपरीत फलक होती है।

**4.** *(c)* जब किसी भी दिशा से घन या घनाभ को देखा जाता है, तो उसके 8 कोनों में से 7 कोने ही दिखाई देते हैं। अतः 1 कोना अदृश्य रहता है।

**5.** *(b)* एक घन या घनाभ में प्रत्येक फलक के चार निकटवर्ती फलक होते हैं।

**6.** *(b)* एक घन या घनाभ को किसी भी ओर से देखने पर केवल तीन ही फलक दिखाई देते हैं और तीन फलक दिखाई नहीं देते हैं।

**7.** *(d)* दिए गए सभी विकल्प सत्य हैं।

**8.** *(b)* कटाई की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 1\right) \times 3$

$= \left(\dfrac{4}{2} - 1\right) \times 3 = (2 - 1) \times 3$

$= 1 \times 3 = 3$ बार

**9.** *(c)* कटाई की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 1\right) \times 3$

$= \left(\dfrac{12}{3} - 1\right) \times 3$

$= (4 - 1) \times 3 = 3 \times 3 = 9$ बार

**10.** *(d)* छोटे घनों की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}\right)^3$

$= \left(\dfrac{3}{1}\right)^3 = (3)^3 = 27$ घन

**11.** *(c)* छोटे घनों की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}\right)^3$

$= \left(\dfrac{10}{2}\right)^3 = (5)^3 = 125$ घन

***12.*** *(c)* छोटे घन की भुजा की माप $= \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\sqrt[3]{\text{छोटे घनों की संख्या}}}$

$$= \frac{25}{\sqrt[3]{125}} = \frac{25}{\sqrt[3]{5 \times 5 \times 5}} = \frac{25}{5} = 5 \text{ सेमी}$$

***13.*** *(b)* छोटे घनों की अभीष्ट संख्या $= \dfrac{\text{बड़े घन का आयाम}}{\text{छोटे घन का आयाम}}$

$$= \frac{3 \times 2 \times 1}{1 \times 1 \times 1} = \frac{6}{1} = 6 \text{ घन}$$

***14.*** *(c)* काटने की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 1\right) \times 3$

$$= \left(\frac{3}{1} - 1\right) \times 3 = (3-1) \times 3 = 2 \times 3 = 6 \text{ बार}$$

***15.*** *(c)* छोटे घनों की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}\right)^3$

$$= \left(\frac{3}{1}\right)^3 = (3)^3 = 27 \text{ घन}$$

***16.*** *(c)* शीर्ष घनों की अभीष्ट संख्या = 8 (क्योंकि शीर्ष घनों की संख्या सदैव 8 होती है।)

***17.*** *(b)* मध्य घनों की अभीष्ट संख्या $= 12 \times \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 2\right)$

$$= 12 \times \left(\frac{3}{1} - 2\right) = 12 \times (3-2)$$

$$= 12 \times 1 = 12 \text{ घन}$$

***18.*** *(b)* केन्द्रीय घनों की अभीष्ट संख्या $= 6 \times \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 2\right)^2$

$$= 6 \times \left(\frac{3}{1} - 2\right)^2 = 6 \times (3-2)^2$$

$$= 6 \times (1)^2 = 6 \times 1 = 6 \text{ घन}$$

***19.*** *(a)* अन्तः केन्द्रीय घनों की अभीष्ट संख्या $= \left(\dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 2\right)^3$

$$= \left(\frac{3}{1} - 2\right)^3 = (3-2)^3 = (1)^3 = 1 \text{ घन}$$

***20.*** *(c)* घन की प्रत्येक भुजा के भागों की संख्या $= \dfrac{\text{बड़े घन की एक भुजा}}{\text{छोटे घन की एक भुजा}}$

$$= \frac{3}{1} = 3 \text{ भाग}$$

# प्रकार ***2.*** रंगे हुए घन या घनाभ को समान छोटे घनों में काटना

## 1. एक रंग में रंगे घन को काटना

यदि किसी घन की सभी सतहें एक ही रंग से रंगी हों तथा घन को छोटे-छोटे घनों में विभाजित किया गया हो, तो इस प्रकार प्राप्त प्रत्येक छोटे घन में भी छः सतहें होंगी, परन्तु किसी भी छोटे घन की सभी सतहें रंगीन नहीं होंगी। इस विभाजन के पश्चात् निम्नलिखित चार प्रकार के छोटे घन प्राप्त होते हैं

(i) केवल एक सतह रंगे छोटे घन (केन्द्रीय घन)

(ii) केवल दो सतह रंगे छोटे घन (मध्य घन)

(iii) केवल तीन सतह रंगे छोटे घन (शीर्ष घन)

(iv) कोई भी सतह नहीं रंगे छोटे घन (अन्तः केन्द्रीय घन)

उपरोक्त तथ्यों को निम्न उदाहरण द्वारा और अधिक स्पष्ट किया गया है।

माना 3 सेमी भुजा वाले किसी रंगीन घन को 1 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाए, तो

घन की प्रत्येक भुजा (कोर) के भाग, $n = \dfrac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} = \dfrac{3}{1} = 3$

$$\text{छोटे घनों की कुल संख्या} = (n)^3 = (3)^3 = 27$$

इस प्रकार कुल 27 छोटे घन प्राप्त होंगे।

इसे निम्न आकृति द्वारा दर्शाया गया है



उपरोक्त आकृति में 1 से 3 तक के अंकों का प्रयोग किया गया है।

अंक 1, उन छोटे घनों को दर्शाता है, जिनकी केवल एक सतह रंगी हुई है।

अंक 2, उन छोटे घनों को दर्शाता है, जिनकी केवल दो सतहें रंगी हुई हैं।

अंक 3, उन छोटे घनों को दर्शाता है, जिनकी केवल तीन सतहें रंगी हुई हैं।

## एक समान रंग मे रंगे हुए घन का संयोजन

(i) **एक सतह रंगीन छोटे घन** यह केन्द्रीय घन होता है। निम्न आकृति में घन की केवल तीन सतहों सामने, ऊपर तथा दायाँ भाग दिखाई दे रहे हैं। प्रत्येक सतह को ध्यान से देखने के बाद यह पता चलता है कि अंक 1 एक रंगीन सतह को प्रदर्शित कर रहा है। प्रत्येक सतह पर अंक 1 एक बार ही दिखाई देता है। चूँकि किसी भी घन में कुल छः सतहें होती हैं। अतः इस विभाजन में दिए गए केवल एक रंगीन सतह छोटे घनों की कुल संख्या छः होगी। एक रंगीन सतह वाले घन न तो कोरों से जुड़े होते हैं और न ही शीर्षों से ही जुड़े होते हैं।



प्रत्येक सतह पर एक सतह रंगीन वाले घनों की संख्या $= (n-2)^2$ होती है और प्रत्येक घन में छः सतहें होती हैं। अतः **एक घन में ऐसे छोटे घनों की संख्या** $= 6(n-2)^2$ **होगी।**

उपरोक्त उदाहरण में,

एक रंगीन सतह वाले छोटे घनों की संख्या $= 6(n-2)^2 = 6(3-2)^2$

$$= 6(1)^2 = 6 \times 1 = 6$$

(ii) **दो सतह रंगीन छोटे घन** यह मध्य घन होता है। निम्न आकृति में घन की केवल तीन सतहों के सामने, ऊपर तथा दाएँ भाग दिखाई दे रहे हैं। प्रत्येक सतह को ध्यान से देखने के बाद यह पता चलता है कि अंक 2 दो रंगीन सतहों को प्रदर्शित कर रहा है। प्रत्येक सतह पर अंक 2 चार बार ही दिखाई देता है। चूँकि किसी भी घन में कुल 12 कोरें होती हैं। अतः इस विभाजन में दिए गए केवल दो रंगीन सतह छोटे घनों की कुल संख्या 12 होगी। दो रंगीन सतहों वाले घन कोरों से जुड़े होते हैं।



अतः **एक घन में ऐसे छोटे घनों की संख्या** = 12 (n – 2)

उपरोक्त उदाहरण में,

दो रंगीन सतहों वाले छोटे घनों की संख्या = 12 (n – 2) = 12 (3 – 2)
= 12 × 1 = 12

(iii) **तीन सतह रंगीन छोटे घन** यह शीर्ष घन होता है। निम्न आकृति में घन की केवल तीन सतहों के सामने, ऊपर तथा दायाँ भाग दिखाई दे रहे हैं। प्रत्येक सतह को ध्यान से देखने के बाद यह पता चलता है कि अंक 3 तीन रंगीन सतहों को प्रदर्शित कर रहा है। प्रत्येक सतह पर अंक 3 चार बार ही दिखाई देता है। चूँकि किसी भी घन में कुल 8 शीर्ष होते हैं। अतः दिए गए इस विभाजन में केवल तीन सतह रंगीन छोटे घनों की कुल संख्या 8 होगी। तीन रंगीन सतहों वाले घन कोरों तथा शीर्षों से जुड़े होते हैं।



अतः **एक घन में ऐसे छोटे घनों की संख्या** = 8

उपरोक्त उदाहरण में,

तीन रंगीन सतहों वाले छोटे घनों की संख्या = 8

(iv) **रंगहीन सतह वाले छोटे घन** यह अन्तः केन्द्रीय घन होता है। निम्न आकृति में घन की केवल तीन सतहों के सामने, ऊपर तथा दायाँ भाग दिखाई दे रहे हैं। प्रत्येक सतह को ध्यान से देखने के बाद यह पता चलता है कि अंक 0, रंगहीन सतह को प्रदर्शित कर रहा है, लेकिन यह कहीं भी दिखाई नहीं देता है। ऐसे घन बाहर से दिखाई नहीं देते हैं। अतः दिए गए इस विभाजन में रंगहीन सतह वाले छोटे घनों की कुल संख्या $(n-2)^3$ होगी।



अतः **एक घन में ऐसे छोटे घनों की संख्या** = $(n-2)^3$

उपरोक्त उदाहरण में,

रंगहीन छोटे घनों की संख्या = $(n-2)^3 = (3-2)^3 = (1)^3 = 1$

**घन से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सूत्र**

(i) घन की प्रत्येक भुजा (कोर) के भाग, $n = \frac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}}$

(ii) कुल छोटे घनों की संख्या = $(n)^3$

(iii) केवल एक सतह रंगे घनों की संख्या = $6(n-2)^2$

(iv) केवल दो सतह रंगे घनों की संख्या = $12(n-2)$

(v) केवल तीन सतह रंगे घनों की संख्या = 8

(vi) चार या चार से अधिक सतह रंगे घनों की संख्या = 0

(vii) एक भी सतह नहीं रंगे घनों की संख्या = $(n-2)^3$

***उदाहरण* 7.** यदि एक 15 सेमी भुजा वाले घन की सभी सतहों को काले रंग से रंग दिया गया हो तथा इसे 3 सेमी भुजा वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित करने के लिए काट दिया गया हो, तो

(i) ऐसे कितने छोटे घन होंगे, जिनकी केवल एक सतह पर काला रंग है ?

(a) 18 (b) 24 (c) 36 (d) 54

***व्याख्या*** *(d)* $n = \frac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} = \frac{15}{3} = 5$

एक सतह काले रंग वाले छोटे घनों की संख्या = $6(n-2)^2 = 6(5-2)^2$
$= 6(3)^2 = 6 \times 9 = 54$

(ii) ऐसे कितने छोटे घन होंगे, जिनकी केवल दो सतह पर काला रंग है?

(a) 18 (b) 24 (c) 36 (d) 54

***व्याख्या*** *(c)* दो सतह काले रंग वाले छोटे घनों की संख्या
$= 12(n-2) = 12(5-2)$ $(\because n = 5)$
$= 12(3) = 12 \times 3 = 36$

(iii) ऐसे कितने छोटे घन होंगे, जिनकी केवल तीन सतह पर काला रंग है?

(a) 8 (b) 24 (c) 36 (d) 54

***व्याख्या*** *(a)* तीन सतह काले रंग वाले छोटे घनों की संख्या = 8

(iv) ऐसे कितने छोटे घन होंगे, जिनकी चार या चार से अधिक सतह पर काला रंग है?

(a) 0 (b) 8 (c) 36 (d) 81

***व्याख्या*** *(a)* चार या चार से अधिक सतह काले रंग वाले छोटे घनों की संख्या = 0

(v) ऐसे कितने छोटे घन होंगे, जिनकी एक भी सतह पर काला रंग नहीं है?

(a) 3 (b) 9 (c) 27 (d) 81

***व्याख्या*** *(c)* रंगहीन सतह वाले छोटे घनों की संख्या = $(n-2)^3$
$= (5-2)^3 = (3)^3 = 27$

(vi) बड़े घन से कुल कितने छोटे घन प्राप्त होंगे?

(a) 5 (b) 25 (c) 75 (d) 125

***व्याख्या*** *(d)* छोटे घनों की कुल संख्या = $(n)^3 = (5)^3 = 125$

## 2. एक से अधिक रंगों में रंगे घन को काटना

कुछ घन ऐसे भी होते हैं, जिन पर एक से अधिक रंगों का प्रयोग होता है ऐसे बड़े घनों के विभाजन के बाद प्राप्त होने वाले छोटे घनों की सतहों की रंग योजना बड़े घन की रंग योजना पर निर्भर करती है।

(i) **एक सतह रंगीन छोटे घन** एक सतह रंगीन छोटे घन बड़े घन की केवल सतहों से सम्बद्ध होते हैं। अतः यदि किसी विशेष रंग में रंगी हुई एक सतह रंगीन घनों की संख्या प्रश्न में पूछी जाए, तो सबसे पहले यह ज्ञात करना चाहिए कि उक्त विशेष रंग का प्रयोग बड़े घन की कितनी सतहों पर हुआ है।
यदि यह विशेष रंग P हो, तो P रंग में रंगी हुई एक सतह रंगीन छोटे घनों की संख्या $= (n-2)^2 \times$ P रंग की सतहों की संख्या

(ii) **दो सतह रंगीन छोटे घन** घन के कोर से दो सतह रंगीन छोटे घन सम्बद्ध होते हैं। यदि बड़ा घन एक से अधिक रंगों से रंगा गया हो, तो निम्न प्रकार से दो सतह रंगीन छोटे घन प्राप्त होंगे

(a) **ऐसे दो सतह रंगीन छोटे घन, जिनकी दोनों सतहें समान रंग की हों** इस प्रकार के दो सतह रंगीन छोटे घन तभी प्राप्त होते हैं, जब बड़े घन की कोर से दो समान रंग की सतह जुड़ी हों। अतः यदि किसी विशेष रंग में रंगी हुई ऐसी दो सतह रंगीन छोटे घनों की संख्या प्रश्न में पूछी जाए, तो सबसे पहले यह ज्ञात करना चाहिए कि उक्त विशेष रंग से रंगी हुई बड़े घन की दो सतह कितनी कोरों पर एकसाथ जुड़ी हैं। यदि यह विशेष रंग Q हो, तो Q रंग में रंगी हुई दो सतह रंगीन छोटे घनों की संख्या $= (n-2) \times$ कोरों की संख्या, जिससे Q रंग से रंगी हुई बड़े घन की दो सतह एकसाथ मिली हों।

(b) **ऐसे दो सतह रंगीन छोटे घन, जिनकी दोनों सतहें अलग-अलग रंगों की हों** ऐसे दो सतह रंगीन छोटे घन, जिनकी दोनों सतहें अलग-अलग रंगों की हों, इसकी निम्न दो स्थितियाँ हो सकती हैं

- ऐसे दो सतह रंगीन छोटे घन, जिनकी एक सतह किसी विशेष रंग से रंगी हो। यदि यह विशेष रंग R हो, तो ऐसे छोटे घनों की संख्या $= (n-2) \times$ कोरों की संख्या, जिनसे रंग R जुड़ा हो।
- ऐसे दो सतह रंगीन छोटे घनों की संख्या, जिनकी एक सतह रंग S तथा दूसरी सतह रंग T से रंगी हो, तो ऐसे छोटे घनों की संख्या $= (n-2) \times$ कोरों की संख्या, जिनसे रंग S तथा रंग T एकसाथ जुड़े हों।

(iii) **तीन सतह रंगीन छोटे घन** तीन सतह रंगीन छोटे घनों की संख्या 8 होती है। तीन सतह रंगीन छोटे घनों से सम्बद्ध निम्न स्थितियाँ हो सकती हैं

(i) यदि तीनों सतह समान रंग की हों।
(ii) यदि तीनों सतह असमान रंग की हों।
(iii) यदि एक सतह एक रंग की हो और दो सतह दूसरे रंग की हों।

ऐसे घनों की संख्या घनों के शीर्षों से सम्बद्ध सतहों तथा उस पर प्रयुक्त रंगों की सहायता से ज्ञात की जाती है।

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि

(i) यदि घन की दो सम्मुख सतहों को एक रंग से, दो अन्य सम्मुख सतहों को दूसरे रंग से तथा शेष दो सम्मुख सतहों को तीसरे रंग से रंगा जाए, तो कोई भी संलग्न सतह समान रंग की नहीं होगी।




ABCD = EFGH = लाल
BCFE = ADGH = पीला
ABEH = CDGF = हरा

(ii) यदि घन की दो संलग्न सतहों को एक रंग से, दो अन्य संलग्न सतहों को दूसरे रंग से तथा शेष दो संलग्न सतहों को तीसरे रंग से रंगा जाए, तो कोई भी दो सम्मुख सतह समान रंग की नहीं होंगी।




ABCD = BCFE = लाल
GFEH = ABEH = पीला
ADGH = CDGF = हरा

**उदाहरण 8.** यदि एक ठोस घन की दो निकटवर्ती या संलग्न सतहों को लाल रंग से तथा ठीक इसकी विपरीत सतहों को काले रंग से तथा शेष सतहों को हरे रंग से रंगा गया हो तथा इसके बाद इसे काटकर 64 छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित कर दिया गया हो, तो

(i) ऐसे कितने घन हैं, जिनकी कोई भी सतह रंगी हुई नहीं है?

(a) 2 (b) 4
(c) 8 (d) 16

***व्याख्या*** (c) छोटे घनों की कुल संख्या $= (n)^3$

$\Rightarrow \quad 64 = (n)^3$

$\Rightarrow \quad (4)^3 = (n)^3$

$\therefore \quad n = 4$




ABEG = लाल
BCFE = लाल
CDHF = काला
ADHG = काला
ABCD = हरा
EFHG = हरा

रंगहीन सतह वाले छोटे घनों की संख्या $= (n-2)^3 = (4-2)^3 = (2)^3 = 8$

(ii) ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल एक सतह रंगी हुई है?

(a) 18 (b) 24
(c) 36 (d) 48

***व्याख्या*** (b) एक सतह रंगे छोटे घनों की संख्या $= 6\,(n-2)^2$

$= 6\,(4-2)^2 = 6\,(2)^2 = 6 \times 4 = 24$

(iii) ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल दो सतह रंगी हुई हैं?

(a) 18 (b) 24
(c) 36 (d) 48

***व्याख्या*** (b) दो सतह रंगे छोटे घनों की संख्या $= 12\,(n-2)$

$= 12\,(4-2) = 12\,(2)$

$= 12 \times 2 = 24$

(iv) ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल तीन सतह रंगी हुई हैं?

(a) 8 (b) 16
(c) 24 (d) 32

***व्याख्या*** (a) तीन सतह रंगे छोटे घनों की संख्या = 8

(v) ऐसे कितने घन हैं, जिनकी एक सतह पर लाल तथा इसके ठीक विपरीत सतह पर काला रंग रंगा हुआ है?

(a) 0 (b) 8 (c) 24 (d) 36

***व्याख्या*** (a) ऐसा एक भी छोटा घन नहीं है, जिसकी एक सतह पर लाल तथा ठीक इसकी विपरीत सतह पर काला रंग रंगा हुआ हो।

(vi) ऐसे कितने घन हैं, जिनकी दो निकटवर्ती सतह या तो केवल लाल या फिर केवल काले रंग से रंगी हुई हैं?

(a) 2 (b) 4 (c) 6 (d) 8

***व्याख्या*** (b) दो निकटवर्ती सतहों पर लाल रंग से रंगे घनों की संख्या = 2

दो निकटवर्ती सतहों पर काले रंग से रंगे घनों की संख्या = 2

$\therefore$ छोटे घनों की संख्या = 2 + 2 = 4

***उदाहरण 9.*** एक ठोस घन, जो 27 छोटे घनों से बना है, की दो विपरीत फलक लाल रंगी हैं, दो पीली रंगी हैं और दो अन्य सफेद रंग से रंगी हैं। कितने घन दो रंग से रंगे हुए है? *(SSC 10+2 2014)*

(a) 8 (b) 12 (c) 16 (d) 24

***व्याख्या*** (b) छोटे घनों की कुल संख्या = $(n)^3 \Rightarrow 27 = (n)^3 \Rightarrow (3)^3 = (n)^3$

$\therefore$ n = 3




ABEG = लाल
CDFH = लाल
BCEF = पीला
ADGH = पीला
ABCD = सफेद
EFGH = सफेद

दो सतह रंगी छोटे घनों की संख्या = 12 (n – 2) = 12 (3 – 2)

= 12 × 1 = 12

***उदाहरण 10.*** एक ठोस घन को 27 बराबर भागों में बाँट दिया गया है। यदि इस घन की दो सम्मुख सतहों को अलग-अलग रंगों में रंग दिया जाए और शेष चार सतहों को बिना रंगी छोड़ दिया जाए, तो ऐसे कितने घन प्राप्त होंगे, जिनकी कोई भी सतह रंगीन नहीं होगी? *(SSC FCI 2013)*

(a) 9 (b) 18
(c) 27 (d) 36

***व्याख्या*** (a) प्रश्नानुसार, कुल छोटे घनों की संख्या = 27

मध्य स्तर में छोटे घनों की संख्या = $\frac{27}{3} = 9$




दी गई आकृति से यह स्पष्ट होता है कि केवल मध्य स्तर के ही छोटे घन की कोई भी सतह रंगीन नहीं है।

अतः घनों की अभीष्ट संख्या = 9

## 3. रंगे हुए घनाभ को काटना

इसके अन्तर्गत एक घनाभ को घन के समान ही एक या एक से अधिक रंगों से रंगा जाता है और तब छोटे घनों में काटा जाता है।




यदि रंगे हुए घनाभ की सभी भुजाओं को खण्डों द्वारा प्रदर्शित किया जाए तथा घनाभ की लम्बाई पर कटे हुए खण्ड को Nl, चौड़ाई पर कटे हुए खण्ड को Nb तथा ऊँचाई पर कटे हुए खण्ड को Nh से प्रदर्शित किया जाए, तो

(i) ऐसे छोटे घनों की संख्या, जिसकी चार या चार से अधिक सतह रंगी हों = 0

(ii) ऐसे छोटे घनों की संख्या, जिसकी तीन सतह रंगी हों = 8

(iii) ऐसे छोटे घनों के संख्या, जिसकी दो सतह रंगी हों
= 4(Nl – 2) + 4(Nb – 2) + 4(Nh – 2)
= 4[(Nl – 2) + (Nb – 2) + (Nh – 2)]

(iv) ऐसे छोटे घनों की संख्या, जिसकी एक सतह रंगी हो
= 2(Nl – 2) (Nb – 2) + 2 (Nl – 2) (Nh – 2) + 2 (Nb – 2) (Nh – 2)
= 2[(Nl – 2) (Nb – 2) + (Nl – 2) (Nh – 2) + (Nb – 2) (Nh – 2)]

(v) ऐसे छोटे घनों की संख्या, जिसकी एक भी सतह रंगी न हो
= (Nl – 2) (Nb – 2) (Nh – 2)

जैसे– यदि किसी घनाभ की लम्बाई 20 सेमी, चौड़ाई 18 सेमी तथा ऊँचाई 16 सेमी हो, जो एक विशेष रंग से रंगा हुआ है, को इस प्रकार छोटे-छोटे समान घन के रूप में काटा जाता है कि प्रत्येक छोटे घन का आयतन 8 घन सेमी हो, तो

(i) प्रत्येक छोटे घन की एक भुजा = $\sqrt[3]{8} = \sqrt[3]{2 \times 2 \times 2} = 2$ सेमी

(ii) खण्डों की संख्या लम्बाई पर खण्ड (Nl) = $\frac{20}{2} = 10$

चौड़ाई पर खण्ड (Nb) = $\frac{18}{2} = 9$

ऊँचाई पर खण्ड (Nh) = $\frac{16}{2} = 8$

(iii) कुल छोटे घनों की संख्या = Nl × Nb × Nh = 10 × 9 × 8 = 720

(iv) चार या चार से अधिक सतह रंगे छोटे घनों की संख्या = 0

(v) तीन सतह रंगे छोटे घनों की संख्या = 8

(vi) दो सतह रंगे छोटे घनों की संख्या
= 4 (Nl – 2) + 4 (Nb – 2) + 4 (Nh – 2)
= 4 (10 – 2) + 4 (9 – 2) + 4 (8 – 2)
= 4 (8) + 4 (7) + 4 (6) = 32 + 28 + 24 = 84

(vii) एक सतह रंगे छोटे घनों की संख्या
= 2 (Nl – 2) (Nb –2) + 2 (Nl – 2) (Nh – 2) + 2 (Nb – 2) (Nh –2)
= 2 (10 – 2) (9 – 2) + 2 (10 – 2) (8 – 2) + 2 (9 – 2) (8 – 2)
= 2 (8) (7) + 2 (8) (6) + 2 (7) (6) = 112 + 96 + 84 = 292

(viii) एक भी सतह नहीं रंगे छोटे घनों की संख्या
= (Nl – 2) (Nb –2) (Nh – 2) = (10 – 2) (9 – 2) (8 – 2)
= (8) (7) (6) = 336

# प्रश्नावली 21.2

**1.** एक इंच किनारे वाली लकड़ी के छोटे घनों को एकसाथ रखकर तीन इंच किनारे का एक ठोस घन बनाया गया है। फिर उस बड़े घन पर बाहर सब ओर लाल पेन्ट कर दिया गया। जब बड़े घन को मूल छोटे घनों में तोड़ा गया, तो कितने घनों के चारों ओर लाल पेन्ट होगा? *(SSC 10+2 2009)*
(a) 0 (b) 1 (c) 3 (d) 4

**2.** एक घन को इस प्रकार से रंगना है कि साथ लगने वाली भुजाओं का रंग एक जैसा न हो, इसके लिए कम-से-कम कितने रंगों की आवश्यकता होगी? *(UP Police SI 2011)*
(a) 3 (b) 4 (c) 6 (d) 2

**3.** एक घन को सभी छः ओर से लाल रंग से रंगा जाता है। तब, उसे 27 बराबर घनों में काटा जाता है। कितने घन ऐसे हैं जो केवल एक ओर से रंगे हैं? *(SSC 10+2 2008)*
(a) 0 (b) 6 (c) 8 (d) 18

**4.** पीले रंग से रंगे एक घन को बराबर आकार के 27 छोटे घनों में काटा जाता है। कितने घन ऐसे हैं, जिनकी केवल एक सतह रंगी हो? *(UP B.Ed 2011)*
(a) 1 (b) 6 (c) 8 (d) 9

**5.** 3 इंच आकार के एक घन को लाल रंग से रंगा गया। फिर उस घन को 27 छोटे और बराबर घनों में काटा गया। इन छोटे घनों में कितने घनों में दो ओर लाल रंग मिलेगा? *(SSC 10+2 2013)*
(a) 8 (b) 9 (c) 12 (d) 15

**6.** एक ठोस घन छोटे-छोटे 64 घनों का प्रयोग करते हुए बनाया गया है। इनमें से कितने छोटे घन बिलकुल दिखाई नहीं देते? *(SSC CGL 2012)*
(a) 2 (b) 4 (c) 6 (d) 8

**7.** एक ठोस घन की दो आसन्न सतहों को पीले रंग से तथा ठीक इनकी विपरीत सतहों को लाल रंग से तथा शेष सतहों को काले रंग से रंगा गया है। इसके पश्चात् इसे 64 छोटे घनों में काटा गया है। ऐसे कितने घन हैं, जिनकी एक सतह रंगी हुई है? *(SSC 10+2 2012)*
(a) 16 (b) 20
(c) 24 (d) 28

**8.** एक ठोस घन की दो आसन्न सतह एवं एक विपरीत सतह लाल रंग से रंगी गई हैं। दो विपरीत सतह पीले रंग से और अन्य शेष सतह हरे रंग से। इसके उपरान्त घन को 64 बराबर घनों में काटा जाता है। ऐसा करने पर कितने घन ऐसे होंगे, जिनकी केवल एक सतह लाल रंग से रंगी हो? *(SSC MTS 2013)*
(a) 4 (b) 8
(c) 12 (d) 16

**9.** 3 सेमी भुजा वाले एक ठोस घन के विपरीत फलक-युग्मों को क्रमशः काले, नीले और पीले रंगों से रंगा गया है। इसके पश्चात् इसे 1 सेमी भुजा वाले छोटे घन बनाने हेतु काटा गया। कितने घनों का केवल एक फलक रंगा गया है? *(IGNOU B.Ed 2010)*
(a) 4 (b) 6
(c) 9 (d) 12

**10.** एक घन को रंगने के लिए तीन रंगों का प्रयोग किया गया है। रंग व्यवस्था ऐसी है कि कोई भी एक रंग दो आसन्न सतहों पर प्रयोग नहीं हुआ है। इसके पश्चात् इसे 64 छोटे घनों में काटा गया है। दिए गए घन से कुछ ऐसे घन प्राप्त होंगे, जिनकी सिर्फ एक सतह रंगीन होगी। किसी एक रंग के ऐसे (एक सतह रंगीन) घनों की अधिकतम संख्या कितनी होगी? *(MAT 2010)*
(a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9

**11.** एक 4 सेमी के ठोस घन की चार सतह को पीले रंग से, दो विपरीत सतह को नीले रंग से रंगा गया है। इसे 64 छोटे-छोटे घनों में काटा गया है। ऐसे कितने घन हैं, जिनकी कम-से-कम एक सतह पीले रंग से रंगी हो ?
(a) 16 (b) 24 (c) 32 (d) 48

**12.** 25 सेमी भुजा के एक रंगीन घन को 5 सेमी भुजा के छोटे घनों में विभाजित किया गया। कितने छोटे घन ऐसे प्राप्त होंगे, जिनकी कम-से-कम दो सतह अवश्य रंगीन होंगी?
(a) 40 (b) 44 (c) 48 (d) 50

**13.** 4 सेमी $\times$ 4 सेमी $\times$ 4 सेमी के एक घन के बाह्य पृष्ठ को पूरी तरह लाल रंग में रंगा गया है। तत्पश्चात् इसे फलकों के समान्तर 1 सेमी $\times$ 1 सेमी $\times$ 1 सेमी के चौंसठ छोटे घनों में काटा गया है। कितने छोटे घनों की फलकें रंगी हुई नहीं होगी? *(UPSC 2017)*
(a) 8 (b) 16 (c) 24 (d) 36

**14.** एक 5 सेमी भुजा के घन की सभी सतहों को हरे रंग से रंग दिया गया है तथा इसे 1 सेमी के छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित करने के लिए काट दिया गया है। ऐसे कितने घन हैं, जिनकी तीन सतहों पर हरा रंग है?
(a) 4 (b) 8 (c) 12 (d) 24

**निर्देश** (प्र. सं. 15-19) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(MAT 2012)*

एक ठोस घन की चार सतहों को हरे रंग से तथा दो विपरीत सतहों को लाल रंग से रंगकर इसे 64 छोटे-छोटे घनों में काटा गया है।

**15.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी सतह को लाल रंग से रंगा गया है?
(a) 8 (b) 16 (c) 32 (d) 64

**16.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल एक सतह लाल रंग से रंगी हुई है?
(a) 4 (b) 8 (c) 12 (d) 16

**17.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल एक सतह हरे रंग से रंगी हुई है?
(a) 8 (b) 16 (c) 20 (d) 24

**18.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी कम-से-कम एक सतह हरे रंग से रंगी हुई है?
(a) 16 (b) 32 (c) 48 (d) 56

**19.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी तीनों सतह हरे रंग से रंगी हुई हैं?
(a) 0 (b) 1 (c) 2 (d) 4

**निर्देश** (प्र. सं. 20-24) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक ठोस घन की दो विपरीत सतहों को लाल रंग से, दो विपरीत सतहों को हरे रंग से तथा शेष सतह को काले रंग से रंगा गया है। इसके बाद इसे काटकर 64 छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित कर दिया गया है।

**20.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल एक सतह रंगी हुई है?
(a) 8 (b) 16 (c) 20 (d) 24

**21.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल दो सतह रंगी हुई हैं?
(a) 20 (b) 24 (c) 32 (d) 48

**22.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी तीन सतह रंगी हुई हैं?
(a) 0 (b) 4 (c) 8 (d) 16

**23.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी तीन सतह काले, हरे एवं लाल रंग से रंगी हुई हैं?
(a) 4 (b) 8 (c) 16 (d) 24

**24.** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी कोई भी सतह रंगी हुई नहीं है?
(a) 8 (b) 12 (c) 16 (d) 20

***निर्देश*** (प्र. सं. 25-29) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(LIC ADO 2010)***

एक ठोस घन जिसकी प्रत्येक भुजा 10 मी है, की दो विपरीत सतहों को काले रंग से, दो विपरीत सतहों को लाल रंग से तथा शेष सतहों को हरे रंग से रंग दिया गया है। इसके बाद इसे 2 मी भुजा वाले 125 छोटे घनों में काटा गया है।

***25.*** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल एक सतह रंगी हुई है?
(a) 45 (b) 54
(c) 20 (d) 24
(e) इनमें से कोई नहीं

***26.*** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी केवल दो सतह रंगी हुई हैं?
(a) 20 (b) 16 (c) 24 (d) 36
(e) इनमें से कोई नहीं

***27.*** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी तीन सतह रंगी हुई हैं?
(a) 0 (b) 4 (c) 8 (d) 24
(e) इनमें से कोई नहीं

***28.*** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी दो या दो से अधिक सतह रंगी हुई हैं?
(a) 16 (b) 32 (c) 48 (d) 44
(e) इनमें से कोई नहीं

***29.*** ऐसे कितने घन हैं, जिनकी कोई भी सतह रंगी हुई नहीं है?
(a) 24 (b) 27 (c) 30 (d) 32
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 30-32) *दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(CGPSC 2019)***

(i) लकड़ी के एक घनाभ की लम्बाई, 4 सेमी, चौड़ाई 3 सेमी और ऊँचाई 5 सेमी है।
(ii) 5 सेमी × 4 सेमी के विपरीत ओर लाल रंग से रंगे गए हैं।
(iii) 4 सेमी × 3 सेमी के विपरीत ओर को नीला रंगा गया है।
(iv) शेष दोनों ओर हरे रंग से रंगा गया है।
(v) अब घनाभ को 1 सेमी × 1 सेमी × 1 सेमी के घनों में काटा गया है।

***30.*** कितने घनों में केवल एक रंग होगा?
(a) 12 (b) 16 (c) 22 (d) 28

***31.*** कितने घनों में सभी तीन रंग होंगे?
(a) 14 (b) 12 (c) 10 (d) 8

***32.*** कितने घनों में कोई रंग नहीं होगा?
(a) निरंक (b) 6 (c) 4 (d) 2

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(a)* किसी भी छोटे घन की चारों सतह लाल रंग की नहीं होंगी।

***2.*** *(a)* प्रश्नानुसार, घन को इस प्रकार से रंगना है कि साथ लगने वाली अर्थात् निकटवर्ती भुजाओं का रंग एक जैसा न हो। विपरीत फलकों को अलग-अलग रंग से रंगने पर साथ लगने वाली भुजाओं का रंग एक जैसा नहीं होगा। अतः हमें तीन रंगों की आवश्यकता होगी।



***3.*** *(b)* हम जानते हैं कि जब घन की सभी सतह एक ही रंग से रंगी हों, तो केन्द्रीय घन की केवल एक सतह रंगीन होती है।
केन्द्रीय घनों की संख्या $= 6(n-2)^2$ [यहाँ, $n = \sqrt[3]{27} = \sqrt[3]{3 \times 3 \times 3} = 3$]
$= 6(3-2)^2$
$= 6 \times (1)^2 = 6 \times 1 = 6$

***4.*** *(b)* हम जानते हैं कि जब घन की सभी सतह एक ही रंग से रंगी हों, तो केन्द्रीय घन की केवल एक सतह रंगीन होती है।
∴ केन्द्रीय घनों की संख्या $= 6(n-2)^2$
[यहाँ, $n = \sqrt[3]{27} = \sqrt[3]{3 \times 3 \times 3} = 3$]
$= 6(3-2)^2 = 6 \times (1)^2 = 6 \times 1 = 6$

***5.*** *(c)* हम जानते हैं कि जब घन की सभी सतह एक ही रंग से रंगी हों, तो मध्य घन की केवल दो सतह रंगीन होती हैं।
मध्य घनों की संख्या $= 12(n-2)$ [यहाँ, $n = \sqrt[3]{27} = \sqrt[3]{3 \times 3 \times 3} = 3$]
$= 12(3-2) = 12 \times 1 = 12$
अतः दो ओर लाल रंगों से रंगे घनों की संख्या = 12

***6.*** *(d)* प्रश्नानुसार,




न दिखाई देने वाले घन = 4 + 4 = 8
या अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या $= (n-2)^3$
[यहाँ, $n = \sqrt[3]{64} = \sqrt[3]{4 \times 4 \times 4} = 4$]
$= (4-2)^3 = (2)^3 = 8$

**7.** *(c)* प्रश्नानुसार,




हम जानते हैं कि केन्द्रीय घन की केवल एक सतह रंगीन होती है।

$\therefore$ केन्द्रीय घनों की संख्या $= 6(n-2)^2$

[यहाँ, $n = \sqrt[3]{64} = \sqrt[3]{4 \times 4 \times 4} = 4$]

$= 6(4-2)^2 = 6 \times (2)^2 = 6 \times 4 = 24$

**8.** *(c)* प्रश्नानुसार,




उपरोक्त आकृति से यह स्पष्ट होता है कि ऐसे घन जिनकी केवल एक सतह लाल रंग से रंगी हो और शेष सतह रंगहीन हों, बड़े घन की लाल सतह के मध्य के चार घन होंगे। चूँकि बड़े घन की तीन सतह लाल रंग से रंगी हैं, इसलिए एक सतह लाल रंग से रंगे घनों की संख्या

$= 4 \times 3 = 12$ घन

**9.** *(b)* प्रश्नानुसार,




हम जानते हैं कि केन्द्रीय घन में केवल एक सतह रंगीन होती है।

$\therefore$ केन्द्रीय घनों की संख्या $= 6(n-2)^2$ [यहाँ, $n = 3$]

$= 6(3-2)^2 = 6(1)^2 = 6 \times 1 = 6$

**10.** *(c)* प्रश्नानुसार, प्रत्येक रंग 2 सतहों पर प्रयुक्त हुआ है।

$\therefore$ किसी एक रंग की एक सतह रंगीन घनों की संख्या $= (n-2)^2 \times 2$

[यहाँ, $n = \sqrt[3]{64} = \sqrt[3]{4 \times 4 \times 4} = 4$]

$= (4-2)^2 \times 2 = (2)^2 \times 2 = 4 \times 2 = 8$

**11.** *(d)* प्रश्नानुसार,




कम-से-कम एक सतह पर पीले रंग से रंगे घनों की संख्या = ऊपरी सतह पर स्थित घन + निचली सतह पर स्थित घन + सामने की ओर दूसरे और तीसरे स्तर पर स्थित घन + पीछे की ओर दूसरे और तीसरे स्तर पर स्थित घन $= 16 + 16 + 8 + 8 = 48$ घन

**12.** *(b)* प्रश्नानुसार,



कम-से-कम दो सतह रंगीन घनों की संख्या

= दो सतह रंगीन घनों की संख्या + तीन सतह रंगीन घनों की संख्या

= मध्य घनों की संख्या + शीर्ष घनों की संख्या

$\therefore$ मध्य घनों की संख्या $= 12(n-2)$ [यहाँ, $n = 5$]

$= 12(5-2) = 12 \times 3 = 36$

शीर्ष घनों की संख्या $= 8$

अतः अभीष्ट घनों की संख्या $= 36 + 8 = 44$

**13.** *(a)* बिना रंगे फलकों वाले घनों की संख्या $= (n-2)^3 = (4-2)^3 = 8$

**14.** *(b)* प्रश्नानुसार, तीन सतह रंगीन घनों की संख्या = शीर्ष घनों की संख्या = 8

[क्योंकि किसी भी घन में सदैव 8 शीर्ष घन होते हैं।]

**उत्तर** (प्र. सं.15-19) प्रश्नानुसार,



हरा रंग ⇒ ऊपर, नीचे, सामने, पीछे
लाल रंग ⇒ दाएँ, बाएँ
कुल घन = 64

$$n = \sqrt[3]{64}$$
$$= \sqrt[3]{4 \times 4 \times 4} = 4$$

**15.** *(c)* प्रश्नानुसार, लाल रंग से रंगे घनों की संख्या
= दाईं सतह पर स्थित घनों की संख्या
+ बाईं सतह पर स्थित घनों की संख्या
= 16 + 16 = 32 घन

**16.** *(b)* प्रश्नानुसार, केवल एक सतह लाल रंग से रंगे घनों की संख्या
= दाईं सतह पर स्थित मध्य के घनों की संख्या
+ बाईं सतह पर स्थित मध्य के घनों की संख्या
= 4 + 4 = 8 घन

**17.** *(b)* प्रश्नानुसार, केवल एक सतह हरे रंग से रंगे घनों की संख्या
= 4 × मध्य घनों की संख्या = 4 × 4 = 16 घन

**18.** *(c)* प्रश्नानुसार, कम-से-कम एक सतह हरे रंग से रंगे घनों की संख्या
= ऊपरी सतह पर स्थित घनों की संख्या
+ निचली सतह पर स्थित घनों की संख्या
+ (सामने की सतह पर स्थित घनों की संख्या −8)
+ (पीछे की सतह पर स्थित घनों की संख्या −8)
= 16 + 16 + 8 + 8 = 48 घन

**19.** *(a)* प्रश्नानुसार, तीन सतह हरे रंग से रंगे घनों की संख्या = 0
[क्योंकि आकृति से यह स्पष्ट होता है कि ऐसा एक भी घन नहीं है, जिसकी तीनों सतह हरे रंग से रंगी हुई हों।]

**उत्तर** (प्र. सं. 20-24) प्रश्नानुसार,




लाल रंग ⇒ ऊपर, नीचे
काला रंग ⇒ सामने, पीछे
हरा रंग ⇒ दाएँ, बाएँ
कुल घन = 64

$$n = \sqrt[3]{64} = \sqrt[3]{4 \times 4 \times 4} = 4$$

**20.** *(d)* प्रश्नानुसार, केवल एक सतह रंगे घनों की संख्या
= केन्द्रीय घनों की संख्या
$= 6\,(n-2)^2 = 6 \times (4-2)^2$
$= 6 \times (2)^2 = 6 \times 4 = 24$ घन

**21.** *(b)* प्रश्नानुसार, केवल दो सतह रंगे घनों की संख्या
= मध्य घनों की संख्या
$= 12\,(n-2) = 12\,(4-2)$
$= 12 \times 2 = 24$ घन

**22.** *(c)* प्रश्नानुसार, तीन सतह रंगे घनों की संख्या = शीर्ष घनों की संख्या
= 8 घन

**23.** *(b)* प्रश्नानुसार, अभीष्ट घनों की संख्या = शीर्ष घनों की संख्या = 8 घन

**24.** *(a)* प्रश्नानुसार, कोई भी सतह बिना रंगे हुए घनों की संख्या
= अन्तः केन्द्रीय घनों की संख्या
$= (n-2)^3 = (4-2)^3$
$= (2)^3 = 8$ घन

**उत्तर** (प्र. सं. 25-29) प्रश्नानुसार,




लाल रंग ⇒ ऊपर, नीचे
काला रंग ⇒ सामने, पीछे
हरा रंग ⇒ दाएँ, बाएँ
यहाँ, $N = 125 \Rightarrow N = n^3$
$\Rightarrow 125 = n^3 \Rightarrow n^3 = (5)^3 \Rightarrow n = 5$

**25.** *(b)* प्रश्नानुसार, केवल एक सतह रंगे घनों की संख्या
= केन्द्रीय घनों की संख्या
$= 6\,(n-2)^2 = 6\,(5-2)^2 = 6 \times 3^2 = 6 \times 9 = 54$ घन

**26.** *(d)* प्रश्नानुसार, केवल दो सतह रंगे घनों की संख्या
= मध्य घनों की संख्या
$= 12\,(n-2)$
$= 12\,(5-2)$
$= 12 \times 3 = 36$ घन

**27.** *(c)* प्रश्नानुसार, तीन सतह रंगे घनों की संख्या = शीर्ष घनों की संख्या
= 8 घन

**28.** *(d)* प्रश्नानुसार, दो या दो से अधिक सतह रंगे हुए घनों की संख्या
= दो सतह रंगे घनों की संख्या + तीन सतह रंगे घनों की संख्या
= 36 + 8 = 44 घन

**29.** *(b)* प्रश्नानुसार, कोई भी सतह न रंगे घनों की संख्या
= अन्तः केन्द्रीय घन
$= (n-2)^3 = (5-2)^3$
$= (3)^3 = 27$ घन

**उत्तर** (प्र.सं. 30-32) दी गई जानकारी के अनुसार,




***30.*** *(c)* 5 सेमी × 4 सेमी वाली दोनों सतह पर केवल एक रंग वाले घन हैं

$= 2(5-2)(4-2) = 2 \times 3 \times 2 = 12$

इसी प्रकार 4 सेमी × 3 सेमी वाली दोनों सतह पर

केवल एक रंग वाले घन $= 2(4-2)(3-2) = 2 \times 2 \times 1 = 4$

तथा 5 सेमी × 3 सेमी वाली दोनों सतह पर केवल एक रंग वाले घन

$= 2(5-2)(3-2) = 2 \times 3 \times 1 = 6$

∴ कुल केवल एक रंग वाले घन $= 12 + 4 + 6 = 22$

***31.*** *(d)* सभी तीन रंग वाले घनों की संख्या = शीर्षों की संख्या = 8

***32.*** *(b)* कोई रंग नहीं वाले घनों की संख्या = (Nh – 2) (Nl – 2) (Nb – 2)

$= (5-2)(4-2)(3-2)$

$= 3 \times 2 \times 1 = 6$

## प्रकार *3.* खण्डों (ब्लॉकों) की गिनती

इस प्रकार के प्रश्नों में किसी दी गई आकृति में घनों (घनाभों/खण्डों) की संख्या ज्ञात करने के लिए कहा जाता है। इसे हल करने की विधि को निम्नलिखित उदाहरणों की सहायता से समझाया गया है।

***उदाहरण* 11.** निम्न आकृति में कितने घन हैं? ***(RRB ASM 2011)***



(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6

***व्याख्या*** *(b)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि

1 स्तम्भ में 2 घन

2 स्तम्भों में 1 घन (प्रत्येक में)

2 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 2 \times 1 = 2$

1 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 1 \times 2 = 2$

∴ कुल घनों की संख्या $= 2 + 2 = 4$

***उदाहरण* 12.** निम्न आकृति में कितने घन हैं? ***(RRB AO 2006)***



(a) 8 (b) 10
(c) 14 (d) 16
(e) 18

***व्याख्या*** *(b)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि, 1 स्तम्भ में 3 घन; 2 स्तम्भों में 2 घन (प्रत्येक में);

3 स्तम्भों में 1 घन (प्रत्येक में)

3 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 3 \times 1 = 3$

2 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 2 \times 2 = 4$

1 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 1 \times 3 = 3$

∴ कुल घनों की संख्या $= 3 + 4 + 3 = 10$

# प्रश्नावली 21.3

***1.*** निम्न आकृति में घनों की संख्या कितनी है? ***(SSC 10+2 2012)***



(a) 10 (b) 8
(c) 16 (d) 12

***2.*** निम्न आकृति में कितने घन हैं? ***(Delhi B.Ed 2011)***



(a) 4 (b) 16
(c) 32 (d) 64

**3.** निम्न आकृति में कितने खण्ड (ब्लॉक) हैं? *(SSC 10+2 2009)*



(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6

**4.** निम्न आकृति में कितने खण्ड (ब्लॉक) हैं? *(SSC 10+2 2008)*



(a) 3 (b) 5 (c) 7 (d) 13

**5.** निम्न आकृति समूह में कितने घन हैं? *(SSC CGL 2013)*



(a) 18 (b) 20
(c) 10 (d) 16

**6.** दिए गए त्रिआयामी मॉडल में कितनी मुखाकृति हैं? *(SSC CPO 2015)*



(a) 18 (b) 14
(c) 16 (d) 12

**7.** निम्न आकृति में कितने खण्ड (ब्लॉक) हैं? *(SSC 10+2 2011)*



(a) 5 (b) 10 (c) 14 (d) 15

**8.** निम्न आकृति में कितने खण्ड (ब्लॉक) हैं? *(SSC CPO 2012)*



(a) 8 (b) 9 (c) 11 (d) 10

**9.** निम्न आकृति में कितने घन हैं? *(UP B.Ed 2009)*



(a) 24 (b) 25 (c) 26 (d) 27

**10.** निम्न आकृति में कितने घन हैं?



(a) 8 (b) 9 (c) 12 (d) 15

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
2 स्तम्भों में 4 घन (प्रत्येक में)
2 स्तम्भों में 2 घन (प्रत्येक में)
4 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 4 \times 2 = 8$
2 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या $= 2 \times 2 = 4$
$\therefore$ कुल घनों की संख्या $= 8 + 4 = 12$

**2.** *(d)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि 16 स्तम्भों में प्रत्येक में 4 घन हैं।
$\therefore$ कुल घनों की संख्या $= 16 \times 4 = 64$ घन

**3.** *(c)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
3 स्तम्भों में 1 खण्ड
1 स्तम्भ में 2 खण्ड
2 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या $= 2 \times 1$
$= 2$
1 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या $= 1 \times 3 = 3$
$\therefore$ कुल खण्डों की संख्या $= 2 + 3 = 5$

**4.** *(c)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
3 स्तम्भों में 1 खण्ड (प्रत्येक में)
2 स्तम्भों में 2 खण्ड (प्रत्येक में)
1 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या = $1 \times 3 = 3$
2 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या = $2 \times 2 = 4$
∴ कुल खण्डों की संख्या = 3 + 4 = 7

**5.** *(b)* पहली पंक्ति में घनों की संख्या = 4 + 3 + 2 + 1 = 10
दूसरी पंक्ति में घनों की संख्या = 3 + 2 + 1 = 6
तीसरी पंक्ति में घनों की संख्या = 2 + 1 = 3
चौथी पंक्ति में घनों की संख्या = 1
∴ कुल घनों की संख्या = 10 + 6 + 3 + 1 = 20

**6.** *(b)* एक घन के 3 मुख अलग-अलग हैं।
(यह आकृति 5 घनों से मिलकर बनी है।)
∴ मॉडल के छोटे मुखों की संख्या = $3 \times 4 = 12$
छोटे घन मिलकर दो बड़े मुख बना रहे हैं।
∴ कुल मुखों की संख्या = 12 + 2 = 14

**7.** *(c)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
6 स्तम्भों में 1 खण्ड (प्रत्येक में)
4 स्तम्भों में 2 खण्ड (प्रत्येक में)
1 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या = $1 \times 6 = 6$
2 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या = $2 \times 4 = 8$
∴ कुल खण्डों की संख्या = 6 + 8 = 14

**8.** *(a)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
3 स्तम्भों में 2 खण्ड (प्रत्येक में)
2 स्तम्भों में 1 खण्ड (प्रत्येक में)
2 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या = $2 \times 3$
= 6
1 खण्ड वाले स्तम्भों में खण्डों की संख्या = $1 \times 2 = 2$
∴ कुल खण्डों की संख्या = 6 + 2
= 8

**9.** *(d)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
3 स्तम्भों में 5 घन (प्रत्येक में)
4 स्तम्भों में 3 घन (प्रत्येक में)
5 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या = $5 \times 3 = 15$
3 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या = $3 \times 4 = 12$
∴ कुल घनों की संख्या = 15 + 12 = 27

**10.** *(d)* प्रदत्त आकृति से स्पष्ट है कि
1 स्तम्भ में 3 घन
4 स्तम्भों में 1 घन (प्रत्येक में)
4 स्तम्भों में 2 घन (प्रत्येक में)
3 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या = $3 \times 1 = 3$
2 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या = $2 \times 4 = 8$
1 घन वाले स्तम्भों में घनों की संख्या = $1 \times 4 = 4$
∴ कुल घनों की संख्या = 3 + 8 + 4 = 15

# प्रकार *4.* किसी पासे में सतह के विपरीत सतह पर अंकित अंक/बिन्दु/अक्षर/रंग को ज्ञात करना

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत, पासा की आकृति या आकृतियाँ दी गई होती हैं तथा एक निश्चित सतह के विपरीत सतह पर अंक/बिन्दु/अक्षर/रंग के बारे में पूछा जाता है। अभ्यर्थियों को दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर विकल्प को ज्ञात करना होता है।

यदि किसी पासे की सतहों पर 1 से 6 तक अंक या बिन्दु दर्शाए गए हैं, तो ऐसे पासे को हम निम्न दो भागों में विभाजित कर सकते हैं

## 1. मानक पासा

ऐसा पासा, जिसकी प्रत्येक दो विपरीत फलकों/सतहों पर अंकित अंकों या बिन्दुओं का योग सात होता है, उसे मानक पासा कहते हैं। अन्य शब्दों में, हम कह सकते हैं कि ऐसा पासा जिसकी किन्हीं भी दो निकटवर्ती फलकों/सतहों पर अंकित अंकों या बिन्दुओं का योग सात नहीं होता है, उसे मानक पासा कहते हैं;
जैसे–




**विपरीत फलकों का योग**

1 + 6 = 7, 4 + 3 = 7, 2 + 5 = 7
5 + 2 = 7, 3 + 4 = 7, 6 + 1 = 7

**निकटवर्ती फलकों का योग**

1 + 2 = 3, 3 + 1 = 4, 4 + 1 = 5
5 + 1 = 6, 6 + 2 = 8, 2 + 3 = 5
4 + 2 = 6, 5 + 3 = 8, 6 + 3 = 9
4 + 5 = 9, 6 + 4 = 10, 2 + 6 = 8, 5 + 6 = 11

### मानक पासे की पहचान

किसी भी पासे को किसी भी कोण से देखने पर अधिक-से-अधिक तीन फलक ही दिखाई देते हैं; जैसे– सामने का फलक, ऊपर का फलक तथा बाएँ/दाएँ का फलक। यदि पासे पर अंक या बिन्दुओं को दर्शाया गया है, तो पासे में एक कोण से केवल तीन ही सतह या फलक पर स्थित अंकों या बिन्दुओं को देखा जा सकता है।
अब इन तीन अंकों या बिन्दुओं की संख्याओं में से दो-दो अंकों का युग्म बनाएँगे तथा प्रत्येक युग्म का योग करेंगे। यदि इन तीनों योगों में से किसी का भी मान 7 नहीं आता है, तो वह मानक पासा हो सकता है;
जैसे–




1 + 2 = 3
1 + 3 = 4
2 + 3 = 5

उपरोक्त पासों में किसी भी योग का मान 7 नहीं आता है। अतः यह मानक पासा हो सकता है।

यदि किसी पासे की फलकों पर 1 से 6 तक अंक या बिन्दु अंकित हों, तो मानक पासे में,

| सतह/फलक | विपरीत सतह/फलक | निकटवर्ती सतह/फलक |
|---|---|---|
| 1 | 6 | 2, 3, 4, 5 |
| 2 | 5 | 1, 3, 4, 6 |
| 3 | 4 | 1, 2, 5, 6 |
| 4 | 3 | 1, 2, 5, 6 |
| 5 | 2 | 1, 3, 4, 6 |
| 6 | 1 | 2, 3, 4, 5 |

## 2. सामान्य पासा

ऐसा पासा, जिसकी किन्हीं भी दो निकटवर्ती फलकों/सतहों पर अंकित अंकों या बिन्दुओं की संख्याओं का योग सात हो, उसे सामान्य पासा कहते हैं; जैसे–




**विपरीत फलकों का योग**

1 + 3 = 4    4 + 5 = 9
2 + 6 = 8    5 + 4 = 9
3 + 1 = 4    6 + 2 = 8

**निकटवर्ती फलकों का योग**

1 + 2 = 3, 2 + 1 = 3, 3 + 2 = 5, 4 + 1 = 5, 5 + 1 = 6, 6 + 1 = 7
1 + 4 = 5, 2 + 3 = 5, 3 + 4 = 7, 4 + 2 = 6, 5 + 2 = 7, 6 + 3 = 9
1 + 5 = 6, 2 + 4 = 6, 3 + 5 = 8, 4 + 3 = 7, 5 + 3 = 8, 6 + 4 = 10
1 + 6 = 7, 2 + 5 = 7, 3 + 6 = 9, 4 + 6 = 10, 5 + 6 = 11, 6 + 5 = 11

यदि किसी पासे की फलकों पर 1 से 6 तक अंक या बिन्दु अंकित हों, तो साधारण पासे में,

| सतह/फलक | विपरीत सतह/फलक | निकटवर्ती सतह/फलक |
|---|---|---|
| 1 | 2/3/4/5 | 6 या 2/3/4/5 |
| 2 | 1/3/4/6 | 5 या 1/3/4/6 |
| 3 | 1/2/5/6 | 4 या 1/2/5/6 |
| 4 | 1/2/5/6 | 3 या 1/2/5/6 |
| 5 | 1/3/4/6 | 2 या 1/3/4/6 |
| 6 | 2/3/4/5 | 1 या 2/3/4/5 |

## पासे की सतहों पर अंकों/प्रतीकों/रंगों/अक्षरों का प्रयोग

साधारणतः पासे की सतहों पर 1 से 6 तक के अंकों का प्रयोग किया जाता है। इन अंकों के अतिरिक्त भी अन्य अंकों का प्रयोग सम्भव है। कभी-कभी अंकों के स्थान पर काले बिन्दुओं (1 से 6), अक्षरों, गणितीय चिह्नों, संकेतों, प्रतीकों, रंगों, चित्रों, रेखाओं तथा ताश के पत्तों पर अंकित प्रतीकों का भी प्रयोग पासे की सतहों पर किया जाता है यथा




## पासे में विपरीत सतह पर अंकित अंकों/ बिन्दुओं/ अक्षरों/आकृतियों/प्रतीकों को ज्ञात करना

किसी भी पासे में कुल छः सतह होती हैं। किसी भी एक सतह के विपरीत दूसरी सतह होती है; जैसे–




**छिपी हुई सतहें**    **दिखाई दे रही सतहें**

सतह 1 की विपरीत सतह = 6
सतह 2 की विपरीत सतह = 5
सतह 3 की विपरीत सतह = 4
सतह 4 की विपरीत सतह = 3
सतह 5 की विपरीत सतह = 2
सतह 6 की विपरीत सतह = 1

किसी सतह की विपरीत सतह पर अंकित अंकों या बिन्दुओं की संख्याओं को निम्न प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है

## A. जब पासे की एक ही स्थिति दी गई हो

यदि पासे की एक स्थिति अर्थात् केवल एक ही पासा प्रश्न में दिया गया हो, तो सर्वप्रथम यह ज्ञात करना चाहिए कि दिया गया पासा मानक पासा है या साधारण पासा है।

### स्थिति I यदि दिया गया पासा एक मानक पासा हो

हम जानते हैं कि पासे के सामने तथा विपरीत सतहों पर अंकित अंकों या बिन्दुओं की संख्याओं का योग 7 होता है। दूसरे शब्दों में,

1 की विपरीत सतह पर = 6
4 की विपरीत सतह पर = 3
2 की विपरीत सतह पर = 5
5 की विपरीत सतह पर = 2
3 की विपरीत सतह पर = 4
6 की विपरीत सतह पर = 1

***उदाहरण* 13.** नीचे एक पासे की स्थिति दी गई है। अंक 4 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 2    (b) 3    (c) 6    (d) 1

***व्याख्या*** (b) दिए गए पासे में,




1 + 4 = 5,  1 + 5 = 6,  4 + 5 = 9

उपरोक्त तीनों योगों में से किसी का भी मान 7 नहीं आता है। अतः यह एक मानक पासा है। इस प्रकार इसका उत्तर मानक पासा के आधार पर निकाला जाएगा। अब अंक 4 की विपरीत सतह पर अंक 3 होगा, क्योंकि मानक पासे के सामने तथा विपरीत सतहों के अंकों का योग 7 होता है।

### स्थिति II यदि दिया गया पासा एक साधारण पासा हो

हम जानते हैं कि पासे पर अंकित किसी भी अंक की विपरीत सतह पर अंकित अंक को ज्ञात करने के लिए हम उत्तर के विकल्पों को ध्यान से पढ़ेंगे। विकल्पों के अनुसार, हम उत्तर निम्न क्रम से देंगे

(A) सभी सम्भावनाएँ एकसाथ अथवा निम्न रूप में लिखी हों; जैसे–




उपरोक्त पासे में 2 की विपरीत सतह पर 4 तथा 5 नहीं होगा।

इस कारण इसका उत्तर 1/3/6 होगा।

यदि विकल्प में इसका उत्तर 1/3/6 नहीं दिया गया हो, तो इसका उत्तर इस प्रकार दिया जाएगा

(a) जानकारी अधूरी है (data inadequate) यदि विकल्प में इसका उत्तर 'जानकारी अधूरी है' भी नहीं दिया गया हो, तो इसका उत्तर इस प्रकार दिया जाएगा

(b) ज्ञात नहीं कर सकते (cannot be determined) ज्ञातव्य तथ्य यह है कि 'ज्ञात नहीं कर सकते' उत्तर 'जानकारी अधूरी है' के बाद आएगा, क्योंकि जानकारी अधूरी होने के कारण ही हम उत्तर ज्ञात नहीं कर सकते हैं।

(B) सभी सम्भावनाओं में से किसी एक को छोड़कर अन्य सभी लिखी हों;

जैसे–




उपरोक्त पासे में 2 के विपरीत 1/3, 3/6, 1/6 होंगे।

(C) सभी सम्भावनाएँ किसी एक ही विकल्प में होंगी तथा अन्य विकल्पों में नहीं होंगी। यदि ऐसी परिस्थिति आ जाए, जिसमें सम्भावनाएँ किन्हीं भी दो या तीन अलग-अलग विकल्पों में दी हों, तो विकल्पों की क्रम संख्या (a, b, c, d) में जो पहले आए, वही उत्तर होगा।

***उदाहरण* 14.** नीचे एक पासे की स्थिति दी गई है। अंक 2 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 4  (b) 1/4  (c) 1/6  (d) 1/4/6

***व्याख्या*** (d) दिए गए पासे में 2 और 5 अंक वाली सतह, निकटवर्ती सतह होने के कारण यह एक मानक पासा नहीं है, क्योंकि मानक पासे की दो निकटवर्ती सतह के अंकों का योग 7 नहीं होता है। अतः यह एक साधारण पासा है। इस कारण इसका उत्तर साधारण पासे के आधार पर निकाला जाएगा। अब अंक 2 की विपरीत सतह पर 1/4/6 होगा।

## B. जब पासे की दो स्थितियाँ दी गई हों

जब एक ही पासे की दो स्थितियाँ दी गई हों, तो निम्नलिखित परिस्थितियाँ हो सकती हैं

### स्थिति I पासे की दोनों स्थितियों में अंकों में कोई समानता न हो

यदि एक पासे की दो स्थितियाँ दी गई हों और उस पर अंकित अंकों में कोई समानता न हो, तो किसी भी अंक की विपरीत सतह पर दूसरी स्थिति पर लिखे अंकों में से कोई भी एक अंक हो सकता है; जैसे–




1 की विपरीत सतह पर अंक = 4/5/6
2 की विपरीत सतह पर अंक = 4/5/6
3 की विपरीत सतह पर अंक = 4/5/6
4 की विपरीत सतह पर अंक = 1/2/3
5 की विपरीत सतह पर अंक = 1/2/3
6 की विपरीत सतह पर अंक = 1/2/3

***उदाहरण* 15.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। 2 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 1/4/6  (b) 1/3/5  (c) 1/3/4  (d) 1/5/6

***व्याख्या*** (b) दिए गए पासे की स्थिति II में ऊपरी सतह पर अंक 2 अंकित है। अतः इसकी विपरीत सतह पर अंक 4 तथा 6 नहीं हो सकते हैं, क्योंकि ये निकटवर्ती सतह पर अंकित हैं। ऐसी स्थिति में इसकी विपरीत सतह पर पासे की स्थिति में दिए गए अंकों में से कोई भी हो सकता है अर्थात् अंक 2 की विपरीत सतह पर 1/3/5 होगा।

### स्थिति II पासे की दोनों स्थितियों में अंकों में से एक अंक समान हो

पासे की दोनों स्थितियों में लिखे अंकों में से एक अंक समान हो, तो ऐसी स्थिति में दोनों पासों के उभयनिष्ठ अंकों को छोड़कर अन्य दोनों सतहों पर स्थित अंक एक-दूसरे के विपरीत होंगे तथा उभयनिष्ठ अंक की विपरीत सतह पर वह अंक होगा, जो दिखाई नहीं देता है अर्थात् उभयनिष्ठ सतह तथा अदृश्य सतह एक-दूसरे की विपरीत सतह होती हैं।

जैसे–



1 की विपरीत सतह पर अंक = 6 (अदृश्य)
2 की विपरीत सतह पर अंक = 4
3 की विपरीत सतह पर अंक = 5
4 की विपरीत सतह पर अंक = 2
5 की विपरीत सतह पर अंक = 3
6 की विपरीत सतह पर अंक = 1 (उभयनिष्ठ)

**_उदाहरण_ 16.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। अंक 1 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**_व्याख्या_** *(b)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों में अंक 2 समान सतह (सामने सतह) पर है।

अतः पासे की स्थिति I में अंकित अंक 1 दाईं सतह पर है और पासे की स्थिति II में दाईं सतह पर अंकित अंक 3 है। अतः अंक 1 की विपरीत सतह पर अंक 3 होगा।

## स्थिति III जब समान अंक अलग-अलग सतहों पर हों

जब समान अंक अलग-अलग प्रकार की सतहों पर हों, तो ऐसी स्थिति में समान अंक से घड़ी की सूइयों के चलने की दिशा या दक्षिणावर्त दिशा (clockwise direction) में दोनों पासों के अंकों का एक अलग-अलग क्रम बनाते हैं। दोनों क्रमों में समान अंक के बाद लिखे अंक आपस में विपरीत सतह पर होते हैं और उसके बाद वाले लिखे अंक भी विपरीत सतह पर होते हैं; जैसे–







1 की विपरीत सतह पर अंक = 4
2 की विपरीत सतह पर अंक = 5
3 की विपरीत सतह पर अंक = 6 (अदृश्य)
4 की विपरीत सतह पर अंक = 1
5 की विपरीत सतह पर अंक = 2
6 की विपरीत सतह पर अंक = 3 (उभयनिष्ठ)

**_उदाहरण_ 17.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। अंक 6 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 5

**_व्याख्या_** *(a)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों को देखने से यह पता चलता है कि अंक 3 उभयनिष्ठ है एवं विभिन्न सतहों पर है। पासे की स्थिति I में अंक 3 सामने की सतह पर है तथा स्थिति II में अंक 3 दाईं सतह पर अंकित है। उभयनिष्ठ अंक 3 से दक्षिणावर्त दिशा में दोनों स्थितियों के अंकों को अलग-अलग क्रम में लिखने पर,




अतः अंक 6 की विपरीत सतह पर अंक 1 होगा।

## स्थिति IV पासे की दोनों स्थितियों में अंकों में से दो अंक समान हों

पासे की दोनों स्थितियों में लिखे अंकों में से दो अंक समान हों, तो ऐसी स्थिति में समान अंकों की विपरीत सतह पर दो अंकों के आने की सम्भावनाएँ होती हैं। ये दोनों अंक वे होते हैं, जो दोनों स्थितियों पर लिखे गए अंकों में दिखाई नहीं देते हैं अर्थात् अदृश्य होते हैं। प्रत्येक पासे पर जो असमान अंक होते हैं, वे एक-दूसरे की विपरीत सतह पर अंकित अंक होते हैं; जैसे–




1 की विपरीत सतह पर अंक = 5 या 6
2 की विपरीत सतह पर अंक = 5 या 6
3 की विपरीत सतह पर अंक = 4
4 की विपरीत सतह पर अंक = 3
5 की विपरीत सतह पर अंक = 1 या 2
6 की विपरीत सतह पर अंक = 1 या 2

**_उदाहरण_ 18.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दी गई हैं। अंक 2 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) 6

**_व्याख्या_** *(c)* दिए गए एक ही पासे की दो स्थितियों में दो सतहों पर अंकित अंक 5 तथा 6 उभयनिष्ठ हैं। ऐसी स्थिति में पासों के असमान अंक वाली सतह आपस में एक-दूसरे की विपरीत सतह होंगी। इसलिए अंक 2 की विपरीत सतह पर अंक 4 होगा।

## C. जब पासे की तीन या चार स्थितियाँ दी गई हों

जब पासे की तीन या चार स्थितियाँ दी गई हों, तो हम सबसे पहले पासे के उस प्रारूप पर विचार करेंगे, जिसमें वह अंक दिखाई देगा, जिससे सम्बन्धित प्रश्न पूछा गया है और साथ-ही-साथ किसी भी एक पासे के प्रारूप को साथ रखकर बताए गए दो पासे प्रारूप वाले नियमों की सहायता से उत्तर ज्ञात करेंगे।

**उदाहरण 19.** नीचे एक पासे की तीन स्थितियाँ दी गई हैं। अंक 1 की विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा?




(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

***व्याख्या*** (b) दिए गए एक ही पासे की तीनों स्थितियों को ध्यान से देखने के बाद यह पता चलता है कि अंक 1 पासे की स्थिति III में दिखाई देता है। इसलिए हम पासे की स्थिति III पर विचार करेंगे तथा साथ-ही-साथ किसी भी एक स्थिति (I या II) को साथ रखकर बताए गए दो स्थितियों वाले नियमों की सहायता लेंगे। अब

(i) **स्थिति I और III को एकसाथ लेने पर,**
स्थिति I और III में दो अंक (2 तथा 3) उभयनिष्ठ हैं।
अतः अंक 1 की विपरीत सतह पर अंक 4 होगा।

(ii) **स्थिति II और III को एकसाथ लेने पर,**
स्थिति II और III में एक अंक (2) समान है।

पहली स्थिति के अंकों को दक्षिणावर्त दिशा में लिखने पर,
दूसरी स्थिति पासे के अंकों को दक्षिणावर्त दिशा में लिखने पर,




अतः अंक 1 की विपरीत सतह पर अंक 4 होगा।

उपरोक्त नियमानुसार ही किसी पासे की किसी विशेष सतह की विपरीत सतह पर अंकित बिन्दुओं/आकृतियों/संकेतों/रंगों के नाम आदि को ज्ञात किया जा सकता है।

**उदाहरण 20.** नीचे एक पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 4 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा?
*(SSC FCI 2008)*




(a) 1 (b) 3
(c) 5 (d) 6

***व्याख्या*** (d) दिए गए एक ही पासे की तीनों स्थितियों से,
अंक 4 वाले फलक के निकटवर्ती फलक = 1, 2, 3, 5
अतः अंक 4 के विपरीत फलक पर अंक 6 होगा।

**उदाहरण 21.** नीचे एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे?
*(SSC 10+2 2008)*




(a) 1 (b) 2 (c) 5 (d) 6

***व्याख्या*** (b) दिए गए एक ही पासे की दोनों स्थितियों से,
दोनों में उभयनिष्ठ बिन्दु = 4 तथा 5
अतः 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 2 बिन्दु होंगे।

**उदाहरण 22.** नीचे एक ही पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे?
*(SSC 10+2 2011)*




(a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) 6

***व्याख्या*** (d) दिए गए एक ही पासे की स्थिति I और II से,
दोनों में उभयनिष्ठ बिन्दु = 2 तथा 4
अतः 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 6 बिन्दु होंगे।

**उदाहरण 23.** नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 2 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे?
*(SSC MTS 2011)*




(a) 1 (b) 4 (c) 5 (d) 6

***व्याख्या*** (d) दिए गए एक ही पासे की स्थिति I और II से,
दोनों में उभयनिष्ठ बिन्दु = 5 (समान फलक पर)
तब स्थिति I → 5 3 [2]
स्थिति II → 5 4 [6]
अतः 2 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 6 बिन्दु होंगे।

**उदाहरण 24.** नीचे एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अक्षर A के विपरीत फलक पर कौन-सा अक्षर होगा?




(a) B (b) C (c) D (d) E

***व्याख्या*** (d) दिए गए एक ही पासे की दोनों स्थितियों से,
दोनों में उभयनिष्ठ अक्षर = C (असमान फलक पर)

स्थिति I से, C B A
स्थिति II से, C D E

अतः अक्षर A वाले फलक के विपरीत फलक पर अक्षर E होगा।

**उदाहरण 25.** नीचे एक घन की तीन अवस्थाएँ दर्शाई गई हैं। 'α' युक्त फलक के विपरीत क्या आएगा? *(SSC Delhi Police Constable 2017)*




(a) β
(b) θ
(c) P
(d) A

***व्याख्या*** *(c)* पहली और दूसरी आकृति से α के संलग्न फलक θ, β, A और δ हैं। अतः
अक्षर α युक्त फलक के विपरीत फलक पर अक्षर P होगा।

**उदाहरण 26.** नीचे पासे की चार स्थितियाँ दी गई हैं। कौन-सा अक्षर D के सामने होगा? *(SSC CGL 2013)*

**प्रश्न आकृतियाँ**




I II III IV

(a) D
(b) A
(c) B
(d) C

***व्याख्या*** *(b)* दिए गए पासे की स्थिति I और IV से,
दोनों में उभयनिष्ठ अक्षर = B तथा C
अतः पासे के अक्षर D के विपरीत अक्षर A होगा।

**उदाहरण 27.** नीचे दिए गए आरेख में एक ही ब्लॉक की छः फलकों को हरे, पीले, लाल, काले, गुलाबी और सफेद रंगों से रंगा गया है। यदि गुलाबी रंग को ऊपरी फलक पर कर दिया जाए, तो निचले फलक पर कौन-सा रंग होगा? *(MAT 2009)*




I II

(a) नीला
(b) हरा
(c) पीला
(d) लाल

***व्याख्या*** *(d)* दिए गए एक ही पासे की दोनों स्थितियों से,
दोनों में उभयनिष्ठ रंग = हरा (असमान फलक पर)

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति I से, | हरा | लाल | पीला |
| स्थिति II से, | हरा | गुलाबी | काला |

अतः गुलाबी रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर लाल रंग होगा।

**उदाहरण 28 .** नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। पासे के लाल रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सा रंग होगा? *(SSC CPO 2006)*




I II III IV

(a) पीला
(b) गुलाबी
(c) हरा
(d) काला

***व्याख्या*** *(d)* दिए गए एक ही पासे की स्थिति I, III और IV से,
लाल रंग वाले फलक के निकटवर्ती फलक = नीला, गुलाबी, पीला, हरा
अतः लाल रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर काला रंग होगा।

# प्रश्नावली 21.4

**1.** नीचे पासे के एक प्रारूप को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 2 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(RRB ASM 2008)*




(a) 3/4
(b) 3/5
(c) 4/5
(d) 3/4/5

**2.** नीचे पासे के एक प्रारूप को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 1 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(IGNOU B.Ed 2011)*




(a) 2
(b) 4
(c) 6
(d) 3

**3.** नीचे पासे के एक प्रारूप को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 5 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(MAT 2010)*




(a) 1
(b) 2
(c) 1/4
(d) 1/2/4

**4.** नीचे पासे के एक प्रारूप को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(MAT 2009)*




(a) 1
(b) 5
(c) 6
(d) 1/5/6

**5.** नीचे पासे के एक प्रारूप को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 4 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(MAT 2010)*




(a) 1 (b) 2
(c) 1/6 (d) जानकारी अधूरी है

**6.** एक पासे के निकटवर्ती फलकों पर घड़ी की सूइयों के चलने की दिशा में क्रम से a, b, c और d लिखा गया है एवं e और f को क्रमशः ऊपर एवं नीचे के फलकों पर लिखा गया है। इस पासे के ऊपरी फलक पर जब c हो, तो उसके नीचे के फलक पर कौन-सा अक्षर होगा? *(MAT 2007)*




(a) a (b) b (c) c (d) e

**7.** नीचे एक पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(SSC 10+2 2008)*




(a) 1 (b) 2 (c) 5 (d) 6

**8.** नीचे एक घन की दो अवस्थाएँ दर्शाई गई हैं। '9' युक्त फलक के विपरीत क्या आएगा? *(SSC CPO 2017)*




(a) 7 (b) 4 (c) 6 (d) 4 अथवा 6

**9.** नीचे एक पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 1 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(RRB JE 2012)*




(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 6

**10.** नीचे एक पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(SSC Steno 2009)*




(a) 4 (b) 5 (c) 6 (d) 2

**11.** नीचे एक पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(SSC CPO 2009)*




(a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) 1

**12.** नीचे एक पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(UPPSC Pre 2007)*




(a) 1 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**13.** नीचे एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 1 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे? *(SSC CGL 2011)*




(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 6

**14.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। यदि ऊपर वाले फलक में तीन बिन्दु हों, तो नीचे वाले फलक में कितने बिन्दु होंगे? *(SSC CGL 2015)*




(a) 5 (b) 1 (c) 4 (d) 2

**15.** नीचे दिए गए चित्रों में पासे के मुखों को दो भिन्न दिशाओं से दिखाया गया है। 4 के विपरीत कौन-सी संख्या होगी? *(SSC CPO 2016)*



(a) 2 (b) 3 (c) 1 (d) 5

**16.** नीचे एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे के निचले फलक पर जब बिन्दुओं की संख्या 4 होगी, तो इसके ऊपरी फलक पर बिन्दुओं की संख्या कितनी होगी? *(UP B.Ed 2010)*




(a) 2 (b) 3 (c) 5 (d) 6

**17.** नीचे एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे के निचले फलक पर जब बिन्दुओं की संख्या 6 होगी, तो इसके ऊपरी फलक पर बिन्दुओं की संख्या कितनी होगी? *(SSC 10+2 2011)*




(a) 1 (b) 2 (c) 4 (d) 5

**18.** वह संख्या कौन-सी है, जो 1 के सामने वाले फलक पर है? *(SSC 10+2 2012)*




(a) 6 (b) 5 (c) 4 (d) 3

**19.** नीचे एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अक्षर V के विपरीत फलक पर कौन-सा अक्षर होगा? *(SSC CGL 2008)*




(a) S (b) U (c) J (d) I

**20.** नीचे दिए गए आरेख में एक ही ब्लॉक की छः फलकों को हरे, नीले, सफेद, पीले, काले और गुलाबी रंगों से रंगा गया है। यदि काले रंग को ऊपरी फलक पर कर दिया जाए, तो निचले फलक पर कौन-सा रंग होगा? *(SSC Constable 2009)*




(a) हरा (b) नीला (c) पीला (d) सफेद

**21.** नीचे एक घन की दो अवस्थाएँ दर्शाई गई हैं। '&' युक्त फलक के विपरीत क्या आएगा? *(SSC CPO 2017)*




(a) ^ (b) %
(c) $ (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** नीचे एक घन की दो अवस्थाएँ दर्शाई गई हैं 'α' युक्त फलक के विपरीत क्या आएगा? *(SSC CPO 2017)*




(a) γ (b) θ (c) δ (d) γ तथा δ

**23.** एक पासे की तीन स्थितियाँ दी गई हैं उन पर आधारित दिए गए घन में कौन-सी संख्या 2 के विपरीत होगी? *(MP Police SI 2017)*




(a) 2 (b) 5 (c) 1 (d) 6

**24.** नीचे एक ही पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 1 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे? *(SSC 10+2 2008)*




(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 6

**25.** नीचे एक ही पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 6 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे?




(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**26.** नीचे एक ही पासे के तीन प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अक्षर L के विपरीत फलक पर कौन-सा अक्षर होगा? *(IGNOU B.Ed 2010)*




(a) A (b) M (c) X (d) Y

**27.** एक घन के फलकों पर 1, 2, 3, 4, 5 और 6 के छः अंक चिह्नित किए गए हैं। घन के तीन दृश्य नीचे दर्शाए गए हैं




नीचे दिए गए घन पर क्रमशः A और B चिह्नित दो फलकों पर सम्भावित अंक क्या हो सकते हैं? *(UPSC CSAT 2013)*




(a) 2 और 3 (b) 6 और 1 (c) 1 और 4 (d) 3 और 1

**28.** 1 से 6 संख्याओं द्वारा इनके मुख पर अंकित किए गए घनों की तीन विभिन्न स्थितियों का अध्ययन करें एवं प्रश्न का उत्तर दें।




चित्र III के तल मुख पर संख्या क्या है? *(SSC FCI 2015)*

(a) 6 (b) 2
(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

**29.** निम्नलिखित चित्रों में एक ही पासे की तीन विभिन्न स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। लाल पृष्ठ के विपरीत कौन-सा रंग होगा? *(SSC FCI 2012)*




(a) सफेद (b) भूरा (c) पीला (d) हरा

**30.** पासे की चार स्थितियाँ नीचे दी गई हैं *(SSC CGL 2013)*

1 की प्रतिकूल स्थिति की संख्या ज्ञात कीजिए।




(a) 6 (b) 3 (c) 8 (d) 9

**31.** नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 6 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(SSC 10+2 2006)*




(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**32.** नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा? *(SSC FCI 2006)*




(a) 1 (b) 2
(c) 4 (d) 5

**33.** नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 1 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे? *(SSC CGL 2009)*




(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**34.** नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर कितने बिन्दु होंगे? *(SSC FCI 2002)*




(a) 2 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**35.** नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अक्षर D के विपरीत फलक पर कौन-सा अक्षर होगा? *(SSC 10+2 2007)*




(a) M (b) S (c) W (d) U

**36.** नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। पासे के हरे रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सा रंग होगा? *(SSC CPO 2008)*




(a) नारंगी (b) लाल (c) रजत (d) बैंगनी

**37.** एक पासे की चार स्थितियाँ नीचे दी गई हैं *(SSC 10+2 2012)*




ऊपरी पटल पर 3 आने पर, निचले पटल की संख्या क्या होगी?
(a) 5 (b) 1 (c) 2 (d) 6

**38.** जब एक पासे को चार बार फेंका जाता है, तो प्रत्येक बार निम्न परिणाम आते हैं। *(MPPSC 2017)*




निम्न संख्याओं में से कौन-सी संख्या पासे में '3' के विपरीत पार्श्व में है?
(a) 1 (b) 4 (c) 5 (d) 6

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* प्रश्नानुसार, $1 + 2 = 3 \Rightarrow 2 + 6 = 8$

$\boxed{6 + 1 = 7}$

अतः यह एक मानक पासा नहीं है।
∴ 2 के विपरीत फलक पर 3 या 4 या 5 अर्थात् 3/4/5 हो सकता है।

**2.** *(c)* प्रश्नानुसार, $5 + 1 = 6 \Rightarrow 1 + 3 = 4 \Rightarrow 3 + 5 = 8$
अतः यह एक मानक पासा है।
∴ 1 के विपरीत फलक पर 7 – 1 = 6 होगा।

**3.** *(b)* प्रश्नानुसार, $3 + 5 = 8 \Rightarrow 5 + 6 = 11 \Rightarrow 6 + 3 = 9$
अतः यह एक मानक पासा है।
∴ 5 के विपरीत फलक पर 7 – 5 = 2 होगा।

**4.** *(d)* प्रश्नानुसार, $2 + 3 = 5$

$\boxed{3 + 4 = 7}$

$4 + 2 = 6$

अतः यह एक मानक पासा नहीं है।
∴ 3 के विपरीत फलक पर 1 या 5 या 6 अर्थात् 1/5/6 हो सकता है।

**5.** *(d)* प्रश्नानुसार, $\boxed{4 + 3 = 7} \Rightarrow 4 + 5 = 9 \Rightarrow 5 + 3 = 8$
अतः यह एक मानक पासा नहीं है।
∴ 4 के विपरीत फलक पर 1 या 2 या 6 अर्थात् 1/2/6 हो सकता है इसकी अनुपस्थिति में 'जानकारी अधूरी है' हमारा उत्तर होगा।

**6.** *(a)* प्रश्नानुसार, दिए गए पासे में अक्षरों को व्यवस्थित करने पर,




अतः उपरोक्त आकृति से यह स्पष्ट होता है कि यदि ऊपरी फलक पर अक्षर c को रखा जाए, तो नीचे के फलक पर अक्षर a होगा।

**7.** *(b)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों में अंक 1 समान फलक (ऊपरी फलक) पर है। अतः सामने के फलक पर अंकित अंक 3 के विपरीत फलक पर अंक 2 (सामने का फलक) होगा।

**8.** *(b)* प्रश्नानुसार, पहली अवस्था, 8 7 [9]
दूसरी अवस्था, 8 6 [4]
अतः संख्या 9 के विपरीत संख्या 4 आएगी।

**9.** *(c)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों को देखने से यह पता चलता है कि अंक 2 उभयनिष्ठ है एवं विभिन्न सतहों पर है। स्थिति I में अंक 2 सामने के फलक पर तथा स्थिति II में ऊपर के फलक पर है। उभयनिष्ठ अंक 2 से दक्षिणावर्त दिशा में दोनों स्थितियों के अंकों को अलग-अलग क्रम में लिखने पर,

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति I | 2 | 3 | 5 |
| स्थिति II | 2 | 6 | 1 |

अतः अंक 1 के विपरीत फलक पर अंक 5 होगा।

**10.** *(a)* दिए गए एक ही पासे की दो स्थितियों में दो फलक अंक 1 व 2 वाले उभयनिष्ठ हैं। ऐसी स्थिति में पासों के असमान अंक वाले फलक आपस में विपरीत फलक होते हैं। अतः अंक 3 के विपरीत फलक पर अंक 4 होगा।

**11.** *(b)* दिए गए एक ही पासे की स्थिति II और III से,

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति II से, | 5 | 4 | 2 |
| स्थिति III से, | 5 | 3 | 1 |

अतः अंक 3 के विपरीत फलक पर अंक 4 होगा।

**12.** *(d)* दिए गए एक ही पासे की तीनों स्थितियों से,
अंक 3 वाले फलक के निकटवर्ती फलक = 1, 2, 4, 5
अतः अंक 3 के विपरीत फलक पर अंक 6 होगा।

**13.** *(d)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों में 2 बिन्दु वाले फलक ऊपरी फलक पर हैं। अतः दाएँ के फलक अर्थात् 1 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 6 बिन्दु वाला फलक (दाएँ का फलक) होगा।

**14.** *(a)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों में 6 बिन्दु वाले फलक बाएँ ओर हैं। अतः यदि ऊपर के फलक पर तीन बिन्दु होंगे, तो नीचे वाले फलक पर 5 बिन्दु होंगे।

**15.** *(a)* 1 और 6, 4 से जुड़ा हुआ है। अतः 2, 4 के विपरीत होगा।

**16.** *(a)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों से,
दोनों में उभयनिष्ठ बिन्दु = 1 तथा 5
अतः 4 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 2 बिन्दु होंगे।

**17.** *(d)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों से,
6 बिन्दु वाले फलक के निकटवर्ती फलक = 1, 2, 3, 4
अतः 6 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 5 बिन्दु होंगे।

**18.** *(d)* दोनों पासों में दी गई स्थिति से, उभयनिष्ठ अंक = 2 तथा 4
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि संख्या 1 के विपरीत संख्या 3 होगी।

**19.** *(a)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों से,
दोनों में उभयनिष्ठ अक्षर = J (समान फलक पर)
अतः अक्षर V वाले फलक के विपरीत फलक पर अक्षर S होगा।

**20.** *(a)* दिए गए पासे की दोनों स्थितियों से,
दोनों में उभयनिष्ठ रंग = सफेद (असमान फलक पर)

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति I से, | सफेद | नीला | हरा |
| स्थिति II से, | सफेद | पीला | काला |

अतः काले रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर हरा रंग होगा।

**21.** *(a)* पासे की स्थितियों को दक्षिणावर्त लिखने पर,
स्थिति I → ★ % &
स्थिति II → ★ $ ^
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि '&' के विपरीत '^' होगा।

**22.** *(a)* पासे की दोनों स्थितियों को दक्षिणावर्त लिखने पर,
स्थिति I → (θ), β, α
स्थिति II → (θ), δ, γ
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि $\alpha$ के विपरीत $\gamma$ होगा।

**23.** *(d)* पासे की पहली व दूसरी स्थिति से 6 के संलग्न फलक = 1, 4, 3, 5
अतः शेष संख्या 2, 6 के विपरीत फलक पर होगी।

**24.** *(d)* दिए गए पासे की स्थिति II और III से,
दोनों में उभयनिष्ठ बिन्दु = 2 तथा 5
अतः 1 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 6 बिन्दु होंगे।

**25.** *(b)* दिए गए पासे की तीनों स्थितियों से,
3 बिन्दु वाले फलक के निकटवर्ती फलक = 1, 2, 4, 5
अतः 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 6 बिन्दु होंगे अर्थात् 6 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 3 बिन्दु होंगे।

**26.** *(a)* दिए गए पासे की स्थिति II और III से,
दोनों में उभयनिष्ठ अक्षर = P तथा Y
अतः अक्षर L वाले फलक के विपरीत फलक पर अक्षर A होगा।

**27.** *(a)* यहाँ पहले और तीसरे घन पर अंक 6 सर्वनिष्ठ है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति I से, | 6 | 1 | 4 |
| स्थिति III से, | 6 | 5 | 3 |

चूँकि अंक 5 के विपरीत अंक 1 है, इसलिए अंक 5 की संलग्न सतह पर अंक 1 नहीं हो सकता है। अतः A और B चिह्नित दो फलकों पर सम्भावित अंक 2 और 3 हो सकते हैं।

**28.** *(a)* दिए गए पासे की स्थिति II तथा III से, इसमें उभयनिष्ठ अंक 3 तथा 5 हैं। चूँकि अंक 4 के विपरीत अंक 6 होगा। अतः चित्र III के तल मुख पर अंक 6 होगा।

**29.** (c) दिए गए पासे की स्थिति I तथा II से दोनों में उभयनिष्ठ रंग = काला (असमान फलक पर)

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति I से, | काला | पीला | सफेद |
| स्थिति II से, | काला | लाल | हरा |

अतः लाल रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर पीला रंग होगा।

**30.** *(a)* दिए गए पासे की स्थिति II तथा III से, दोनों में उभयनिष्ठ अंक = 7 तथा 9
अतः अंक 1 के प्रतिकूल अंक 6 होगा।

**31.** *(a)* दिए गए पासे की स्थिति I और III से,
दोनों में उभयनिष्ठ अंक = 2 तथा 3
अतः अंक 6 के विपरीत फलक पर अंक 1 होगा।

**32.** *(c)* दिए गए पासे की स्थिति I और II से,
दोनों में उभयनिष्ठ अंक = 5 तथा 6
अतः अंक 3 के विपरीत फलक पर अंक 4 होगा।

**33.** *(d)* दिए गए पासे की स्थिति I और III से,
दोनों में उभयनिष्ठ बिन्दु = 2 (समान फलक पर)
अतः 1 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 6 बिन्दु होंगे।

**34.** *(c)* दिए गए पासे की स्थिति I, II और IV से,
3 बिन्दु वाले फलक के निकटवर्ती फलक = 1, 2, 4, 6
अतः 3 बिन्दु वाले फलक के विपरीत फलक पर 5 बिन्दु होंगे।

**35.** *(c)* दिए गए पासे की स्थिति I और II से,
दोनों में उभयनिष्ठ अक्षर = M तथा S
अतः अक्षर D वाले फलक के विपरीत फलक पर अक्षर W होगा।

**36.** *(d)* दिए गए पासे की स्थिति I, II और IV से,
हरे रंग वाले फलक के निकटवर्ती फलक = नारंगी, लाल, सफेद, रजत
अतः हरे रंग वाले फलक के विपरीत फलक पर बैंगनी रंग होगा।

**37.** *(a)* दिए गए पासे की स्थिति II तथा III से,

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थिति II, | 1 | 4 | 3 |
| स्थिति III, | 1 | 2 | 5 |
| | उभयनिष्ठ | विपरीत | विपरीत |

अतः 3 के विपरीत फलक पर अंक 5 होगा।

**38.** *(b)* 3 के विपरीत 1, 6, 2, 5 नहीं हो सकते, क्योंकि ये संख्याएँ 3 के संलग्न फलक पर हैं।
अतः सिर्फ शेष 4 ही 3 के विपरीत हो सकता है।

## प्रकार *5.* प्रसारित पासे से सम्बन्धित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत, डिजाइन/चिह्नों/प्रतीकों/आकृति सहित प्रसारित पासे का एक चित्र दिया गया होता है और अभ्यर्थियों को दिए गए विकल्पों में से उस पासे का चयन करना होता है जोकि प्रसारित पासे से बनाया जा सकता है।

पासा छः सतहों वाली एक बन्द आकृति होती है। यदि पासे को एक बन्द, किन्तु खोखली आकृति मान लिया जाए, तो इसकी सतहों को प्रसारित करके इसे द्विआयामी (two dimensional) आकृति में परिवर्तित किया जा सकता है।

निम्न आकृति में एक पासे की सतहों का प्रसारण, उसकी सामने वाली सतह को आधार मानकर किया गया है।




उपरोक्त आकृति में पासे की सतहों के प्रसार की प्रक्रिया दर्शाई गई है, जो अपने प्रसारित रूप में निम्न आकृति के समान दिखाई देगी।




उपरोक्त आकृति में सामने वाली सतह को आधार मानकर प्रसारण किया गया है। सामने वाली सतह के विपरीत या पीछे वाली सतह को अलग से दिखाया गया है। पीछे की सतह, जोकि अलग से दिखाई गई है, को भी शेष चार सतहों के साथ जोड़ा जा सकता है, क्योंकि प्रत्येक सतह चार अन्य सतहों से जुड़ी होती है। पीछे वाली सतह भी सामने वाली सतह को छोड़कर अन्य चार सतहों से जुड़ी होती है। यदि पीछे वाली सतह को भी जोड़कर प्रसारित रूप में दर्शाना हो, तो निम्न चार स्थितियाँ हो सकती हैं

**स्थिति I**




**स्थिति II**




**स्थिति III**




**स्थिति IV**




(a) केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

(b) केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

(c) या तो कथन I या कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

(d) न तो कथन I और न ही कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

(e) कथन I और II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है

**30.** पाँच मित्र F, G, H, I तथा J एक सीधी रेखा में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं। बीच में कौन बैठा है?

I. F, पंक्ति के एक छोर पर बैठा है। F तथा H के बीच में केवल 2 लोग बैठे हैं। J, H के एकदम बाएँ बैठा है। G तथा I एक-दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं।

II. J का मुख उत्तर की ओर है तथा वह पंक्ति के एक छोर पर बैठा है। J तथा I के बीच दो लोग बैठे हैं। H, I के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। H, G के एकदम बाएँ बैठा है।

**31.** एक कोड भाषा में शब्द 'never' किस प्रकार लिखा जाएगा?

I. उस कोड भाषा में 'never ever go there' को 'na ja ni ho' लिखा जाता है।

II. उस कोड भाषा में 'go there and come back' को 'ma ho sa ni da' लिखा जाता है।

**32.** क्या C, B की माता है?

I. P, A तथा B के पिता हैं। R का इकलौता भाई P है। C, R की भाभी है। R अविवाहित है। F, R की माता है। F के केवल दो बच्चे हैं।

II. H के केवल दो बच्चे P तथा R हैं। P, A के पिता हैं। B, A का इकलौता भाई है। R अविवाहित है। H, C के ससुर हैं।

**33.** पाँच फिल्में P, Q, R, S तथा T सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक दिखाई जानी हैं। शुक्रवार को कौन-सी फिल्म दिखाई जाएगी?

I. फिल्म P, मंगलवार को दिखाई जानी है। फिल्म R तथा S के बीच में दो फिल्में दिखाई जानी हैं। फिल्म R, फिल्म S से पहले दिखाई जाएगी।

II. फिल्म Q, बुधवार को दिखाई जानी है। फिल्म Q तथा R के बीच में केवल एक फिल्म दिखाई जाएगी। फिल्म S, फिल्म T के तुरन्त पहले दिखाई जाएगी।

**34.** बिन्दु R, बिन्दु P से कितनी दूरी पर है?

I. एक व्यक्ति बिन्दु P से दक्षिण को चलना प्रारम्भ करता है तथा 15 मी चलकर दाएँ मुड़कर 4 मी चलता है। उसके बाद वह बाएँ मुड़ता है तथा 7 मी चलता है। पुनः बाएँ मुड़ता है तथा 4 मी चलकर बिन्दु Q पर पहुँच जाता है। यदि व्यक्ति पुनः बाएँ मुड़कर 7 किमी चले, तो वह बिन्दु R पर पहुँच जाएगा।

II. एक व्यक्ति बिन्दु P से पूर्व की ओर 14 मी चलता है तथा बाएँ मुड़कर 3 मी चलता है। वह पुनः बाएँ मुड़कर 14 मी चलता है और बिन्दु N पर पहुँच जाता है। यदि वह बिन्दु N से दाएँ मुड़कर 5 मी चलता है, तब वह बिन्दु R से 27 मी दूर रह जाएगा।

***निर्देश*** (प्र. सं. 35-39) *निम्नलिखित प्रश्न में एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको निर्धारित करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

(a) केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(b) केवल कथन I या केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(c) केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(d) दोनों कथनों को मिलाकर दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है
(e) दोनों कथनों को मिलाकर दी गई जानकारी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

***35.*** (समान वर्ष के) किस माह में रितेश परीक्षा में बैठा था?
I. रितेश के भाई को ठीक प्रकार से याद है वह परीक्षा में अप्रैल के बाद और नवम्बर से पहले बैठा था और उस माह में 30 दिन थे।
II. रितेश की बहन को ठीक प्रकार से याद है कि वह परीक्षा में जून के बाद और दिसम्बर से पहले बैठा था और उस माह में 31 दिन नहीं थे।

***36.*** पाँच मित्र P, Q, R, S और T एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
I. S और T के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T और Q के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। P, T का निकटतम पड़ोसी है।
II. R, S के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। R और P के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

***37.*** क्या M, T की आण्टी है?
I. K, M का पुत्र है। K, J का भाई है। J, D की पुत्री है। N, D की बहन है। T, N की पुत्री है।
II. L, T का पिता है। N, T की माँ है। D, N का भाई है। D के दो बच्चे J और K हैं। M, D से विवाहित है।

***38.*** बिन्दु L, बिन्दु P से कितनी दूरी और किस दिशा में है?
I. बिन्दु M, बिन्दु L से 5 मी दक्षिण की ओर है। बिन्दु N, बिन्दु M से 7 मी पूर्व की ओर है। बिन्दु O, बिन्दु N से 5 मी उत्तर की ओर है। बिन्दु P, बिन्दु O के पूर्व की ओर है।
II. बिन्दु L, बिन्दु S से 19 मी पश्चिम की ओर है। बिन्दु S, बिन्दु R से 5 मी उत्तर की ओर है। बिन्दु Q, बिन्दु R से 7 मी पश्चिम की ओर है। बिन्दु P, बिन्दु Q से उत्तर की ओर इस प्रकार है कि बिन्दु Q और बिन्दु P एक सरल रेखा बनाते हैं।

***39.*** सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं। पंक्ति के दाएँ सिरे से V की स्थिति क्या है?
I. Q पंक्ति के अन्तिम सिरों में से एक पर खड़ा है। Q और R के मध्य केवल दो लोग खड़े हैं। V, R का निकटतम पड़ोसी है।
II. S पंक्ति के अन्तिम सिरों में से एक पर खड़ा है। S और T के मध्य केवल चार व्यक्ति खड़े हैं। V, T का निकटतम पड़ोसी है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 40-45) *निम्नलिखित प्रश्न में एक प्रश्न व उसके नीचे दो कथन I व II दिए गए हैं। आपको निर्धारित करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

(a) यदि केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(b) यदि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) यदि केवल कथन I या कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(d) यदि दोनों कथनों I और II में दिया गया डाटा मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(e) यदि दोनों कथनों I और II में दिया गया डाटा मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है

***40.*** पाँच मित्र P, Q, R, S और T पूर्व की ओर मुख करके एक पंक्ति में खड़े हैं। बाएँ सिरे पर कौन खड़ा है?
I. S और T के बीच में केवल P है। R, T के बाएँ है।
II. R, T और Q के बीच में है।

***41.*** चार सदस्यों के एक समूह में राकेश की आयु क्या है?
I. राकेश, विमल और संदीप समान आयु के हैं।
II. विमल, कुनाल और संदीप की कुल आयु 32 वर्ष है और कुनाल की आयु विमल और संदीप की कुल आयु के बराबर है।

***42.*** T, V, B, E और C में से ऊपर से तीसरा कौन है यदि इन्हें इनके भार के घटते क्रम में लगाया जाए?
I. B, T और C से भारी है और V से कम भारी है, जो सबसे भारी नहीं है।
II. C केवल T से भारी है।

***43.*** किसी कोड भाषा में 'great' को कैसे लिखा जाएगा?
I. उस कोड भाषा में 'great men going' को 'la pa ni' तथा 'men are great' को 'pa la do' लिखा जाता है।
II. उस कोड भाषा में 'a great show' को 'la he qu' तथा 'lord is great' को 'ne mo he' लिखा जाता है।

***44.*** एक पंक्ति में पाँच बक्से P, Q, R, S और T रखे हैं। बीच में कौन-सा बक्सा है?
I. बक्से S और Q अन्तिम छोरों पर हैं।
II. बक्सा T, बक्से R के दाईं ओर है।

***45.*** प्रिया, अंकुर से किस प्रकार सम्बन्धित है?
I. प्रिया का भाई अंकुर के पिता का अकेला पोता है।
II. प्रिया का केवल एक भाई है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 46-48) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न तथा उसके नीचे दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको यह निर्धारित करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्नों के उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2014)***

(a) केवल कथन I या केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(b) दोनों कथनों को मिलाकर दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है
(c) केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(d) केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(e) दोनों कथनों को मिलाकर दी गई जानकारी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

***46.*** M, N, O, P, Q और R आपस में मित्र हैं। भार के सन्दर्भ में इनमें से कौन दूसरे स्थान पर है?
I. O केवल दो मित्रों से भारी है। P, Q से भारी परन्तु N से हल्का है। R सबसे भारी है।
II. M केवल दो मित्रों से हल्का है। N, O से भारी परन्तु R से हल्का है। P केवल Q से भारी है।

**47.** अधिकतम 20 अंकों वाली एक परीक्षा में सुमन ने कितने अंक प्राप्त किए?
I. सुमन के द्वारा प्राप्त अंक एक द्वि-अंकीय सम संख्या है।
II. सुमन ने 14 से अधिक परन्तु 18 से कम अंक प्राप्त किए।

**48.** P, Q, R, S और T में कौन सबसे लम्बा है?
I. P, Q से लम्बा है; T सबसे लम्बा नहीं है।
II. R, P से लम्बा है; S सबसे लम्बा नहीं है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 49-51) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न व उसके नीचे दो कथन I व II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2013)***

(a) यदि केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(b) यदि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) यदि या तो केवल कथन I या केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(d) यदि न तो कथन I न ही कथन II दोनों का डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(e) यदि कथन I और कथन II दोनों का डाटा मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

**49.** सत्रह व्यक्ति दक्षिण की ओर मुँह करके एक सीधी रेखा में खड़े हैं। रेखा के बाएँ छोर से भावना का स्थान कौन-सा है?
I. सन्दीप, शीतल के बाएँ को दूसरे स्थान पर खड़ा है। शीतल के दाएँ रेखा और दाएँ छोर पर खड़े व्यक्ति के बीच सिर्फ पाँच लोग खड़े हैं। सन्दीप और भावना के बीच चार व्यक्ति खड़े हैं।
II. अनीता, शीतल के बाएँ को चौथे स्थान पर खड़ी है। भावना और अनीता के बीच तीन से कम व्यक्ति खड़े हैं।

**50.** पाँच अक्षरों A, E, G, N और R को कुछ शर्तों के मुताबिक बाएँ से दाएँ को लगाया जाता है। तीसरे स्थान पर किस अक्षर को रखा जाता है?
I. G को A के दाएँ को दूसरे स्थान पर रखा जाता है। E, G की दाईं बगल में है। R व G के बीच केवल दो अक्षर हैं।
II. N, A व G के ठीक बीच में है। न तो A और न ही G व्यवस्था के अन्तिम छोर पर हैं।

**51.** छह व्यक्ति S, T, U, V, W और X केन्द्र की ओर मुँह करके एक गोलाकार मेज के गिर्द बैठे हैं। X के सम्बन्ध में T का स्थान कौन-सा है?
I. U व W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X, W के बाएँ को दूसरा है। V व T एक-दूसरे के अगल-बगल बैठे हैं।
II. T, V की दाईं बगल में है। T व S के बीच केवल दो व्यक्ति हैं। X, S की बगल में है पर V की नहीं।

***निर्देश*** (प्र. सं. 52-56) *निम्नलिखित प्रश्नों में दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2014)***

(a) या तो कथन I या कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(b) कथन I तथा कथन II का डाटा मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(d) कथन I तथा कथन II का डाटा मिलाकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(e) केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

**52.** V, W, X, Y तथा Z उत्तर की ओर मुँह किए हुए सीधी पंक्ति में बैठे हैं। पंक्ति के ठीक बीच में कौन बैठा है?
I. Z के दाएँ तीसरे स्थान पर W बैठा है। W के एकदम साथ X बैठा है। Y के एकदम बाएँ V बैठा है।
II. पंक्ति के अन्तिम छोर पर X बैठा है। V के एकदम दाएँ Y बैठा है। V पंक्ति के किसी भी अन्तिम छोर पर नहीं बैठा है।

**53.** P, Q, R, S तथा T में से, क्या R ₹ 40000 से ज्यादा कमाता है?
I. S केवल R तथा T से ज्यादा कमाता है। P सबसे ज्यादा कमाता है। T, ₹ 50000 कमाता है।
II. Q केवल P से कम कमाता है। R, Q से कम कमाता है। Q, ₹ 80000 कमाता है।

**54.** छः मित्र A, B, C, D, E तथा F, वृत्ताकार मेज के गिर्द, केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। C के एकदम बाएँ कौन बैठा है?
I. A, C के बाएँ दूसरे स्थान पर है तथा F के दाएँ तीसरे स्थान पर है।
II. E, B तथा F का निकटतम पड़ोसी है। B तथा D के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं। F, C का निकटतम पड़ोसी है।

**55.** कोड भाषा में 'Success' को कैसे लिखा जाएगा?
I. 'Success is necessary evil' को '8145' लिखा जाता है तथा 'evil is amongst us' को '3874' लिखा जाता है।
II. 'Marketing is magic mantra' को '4629' लिखा जाता है तथा 'Success mantra is marketing' को '2564' लिखा जाता है।

**56.** एक पाँच मन्जिला इमारत (जिसमें भू-तल तथा चार ऊपरी तल हैं में भू-तल को नम्बर-1, उसके ऊपर के तल को नम्बर-2 तथा इसी तरह सबसे ऊपर के तल को नम्बर-5 से दर्शाया गया है।) के विभिन्न तलों पर H, I, J, K तथा L रहते हैं। भू-तल पर कौन रहता है?
I. J, तल नम्बर-3 पर रहता है। K, L के एकदम नीचे वाले तल पर रहता है। K, सम संख्या वाले तल पर रहता है।
II. L तथा H के बीच में केवल दो लोग रहते हैं। L, H के ऊपर वाले तल पर रहता है। J, K के तुरन्त पहले वाले तल पर रहता है। J, विषम संख्या वाले तल पर रहता है।

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** (b) कथन I से, P > K और J
कथन II से, N > K
अतः दोनों कथन में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**2.** (c) कथन I से, GUN को HUN के रूप में तथा TUN को UUN के रूप में लिख सकते हैं
अर्थात्


उसी प्रकार,


कथन II से, SUN पूर्व से उदय होता है जो प्रश्न का अनुसरण नहीं करता। अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन I पर्याप्त है।

**3.** (a) कथन I से, T > W
कथन II से, W > V
∴ कथन I व II से, T > W > V
अतः T सबसे बड़ा है। इसलिए कथन I व II दोनों आवश्यक हैं।

**4.** (b) कथन I व II से,
(I) (Love) Mango → (E) (la) mange
(I) (Love) Orange → (E) (la) orage
∴ Mango → Mange
अतः कथन I और II दोनों पर्याप्त हैं।

**5.** (c) कथन I से,


अतः स्वाति, नमिता के भाई की पत्नी अर्थात् उसकी भाभी है।
कथन II से


अतः स्वाति, नमिता के पति की चचेरी/ममेरी बहन है। अर्थात् स्वाति, नमिता की चचेरी/ममेरी ननद है।
अतः दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए या तो कथन I या II पर्याप्त है।

**6.** (d) न तो कथन I और न ही कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**7.** (a) चूँकि न तो कथन I और न ही II में चिड़ियाँघर में टिकट का मूल्य दिया है।
अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**8.** (e) प्रश्नानुसार, दोनों कथन अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, किन्तु दोनों को मिलाकर प्रश्न का उत्तर प्राप्त किया जा सकता है।
कथन I और II से,


अतः दिया, रवि के ठीक बाएँ बैठी है।

**9.** (d) कथन I से,
every right to reject → %47, *32, $53, *95
कथन II से, never reject right turn → %62, %47, $51, *32
दोनों कथनों से right/reject ⇒ %47/*32
अतः कथन I और II मिलकर भी प्रश्न का उत्तर ज्ञात नहीं कर सकते।

**10.** (d) कथन I और कथन II दोनों में लड़के और लड़कियों की संख्या से सम्बन्धित कोई भी जानकारी नहीं दी गई है,
अतः कथन I और II मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**11.** (e) दोनों कथनों को मिलाकर यह स्पष्ट है कि कम्पनी की सूची में 346 कर्मचारी हैं (चूँकि सभी कर्मचारी एम्प्लॉई एन्गेजमेण्ट में शामिल है)।

**12.** (c) कथन I से,
जिस प्रकार,
P E R I L
+1 +1 −1 +1 +1
Q F Q J M

उसी प्रकार,
W A T C H
+1 +1 −1 +1 +1
X B S D I

कथन II से,
जिस प्रकार,
F O S T E R S
+1 +1 +1 −1 +1 +1 +1
G P T S F S T

उसी प्रकार,
W A T C H
+1 +1 −1 +1 +1
X B S D I

अतः या तो कथन I या फिर कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**13.** (e) दोनों कथनों से,


अतः T के एकदम दाएँ को P बैठा है।

**14.** (a) कथन I से,


अतः इस समय कार्तिक का मुख पश्चिम दिशा में है।
कथन II से, कार्तिक के चलने की दिशा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

**15.** *(b)* कथन I से,




इस कथन में D की दिशा के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अतः यह प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

कथन II से,




यहाँ, JS = MV

$\because$ MV = 5 मी

$\therefore$ JS = 5 मी

अब, JS + JD = 5 + 5 = 10 मी

अतः बिन्दु D, बिन्दु S से 10 मी की दूरी पर है।

**16.** *(e)* कथन I से, _ < _ < _ < T < _ एवं R > P तथा S

कथन II से, _ > _ > _ > P > _

एवं R < T / Q

कथन I तथा II को मिलाने पर,

Q > T > R > P > S

अतः तीसरे स्थान पर सबसे लम्बा R है।

**17.** *(e)* कथन I से,

take [your] own [time] ⟶ [sa] nv jr [pt] ...(i)

fix [your] study [time] ⟶ dq [sa] [pt] bz ...(ii)

समी (i) व (ii) से, time का कोड sa या pt है।

कथन II से,

(come) by dinner [time] ⟶ od (es) rg [sa] ...(iii)

(come) home some [time] ⟶ [sa] gk (es) co ...(iv)

समी (iii) व (iv) से, time का कोड es या sa है।

अब, कथन I तथा II को मिलाने पर,

take △your own [time] ⟶ [sa] nv jr △pt

fix △your study [time] ⟶ dq [sa] △pt bz

(come) by dinner [time] ⟶ od (es) rg [sa]

(come) home some [time] ⟶ [sa] gk (es) co

उपरोक्त से स्पष्ट है कि time के लिए कोड sa है।

**18.** *(c)* कथन II से,




स्पष्ट है कि B दाएँ छोर से पाँचवाँ है।

कथन II से,




स्पष्ट है कि B दाएँ छोर से पाँचवाँ है।

अतः या तो कथन I या कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**19.** *(d)* कथन I से,

(+ = पुरुष) (− = महिला)




चूँकि यहाँ पर B का लिंग ज्ञात नहीं है। अतः B तथा F के मध्य सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता।

कथन II से,




चूँकि यहाँ पर भी B का लिंग ज्ञात नहीं है। अतः B तथा F के मध्य सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता।

**20.** *(e)* दिया है, read your [book] → 9 2 [7]

कथन I से, [book] on shelf → [7] 3 8

अतः स्पष्ट है कि कथन I में दिए गए डाटा से book का कोड ज्ञात किया जा सकता है।

**21.** *(a)* कथन I से,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि V, R के दादाजी/नानाजी हैं।

कथन II से,




उपरोक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि V, R के दादाजी हैं।

**22.** *(e)* कथन I से,




अब, $(AC)^2 = (AB)^2 + (BC)^2$

$\Rightarrow$ $(AC)^2 = (4)^2 + (5)^2$

$\Rightarrow$ $(AC)^2 = 16 + 25 = 41 \Rightarrow AC = \sqrt{41}$ किमी

उपरोक्त से स्पष्ट है कि D, अपने आरम्भिक बिन्दु से $\sqrt{41}$ किमी की दूरी पर उत्तर-पश्चिम दिशा में है। कथन II में D के चलने की दिशा ज्ञात नहीं है, इसलिए इसके प्रारम्भिक से अन्तिम स्थान (वर्तमान स्थान) की स्थिति का पता नहीं लगाया जा सकता है।

**23.** *(b)* दोनों कथनों से, पुरुष शिक्षक $= \frac{1}{2} \times$ महिला शिक्षक

अतः स्पष्ट है कि दोनों कथनों में दिया गया डाटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**24.** *(d)* दोनों कथनों से,




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि बाएँ छोर से चौथे स्थान पर पंक्ति में J खड़ा है।

**25.** *(a)* कथन I से,




स्पष्ट है कि R बाएँ से तीसरे स्थान पर है।
कथन II से,




यहाँ R की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**26.** *(b)* दोनों कथनों से, Z > W > Y > X
उपरोक्त से स्पष्ट है कि सबसे ज्यादा टॉफी Z के पास हैं।

**27.** *(a)* दिया है, [My] dear [family] → [6] [2] 4 ...(i)

कथन I से, [My] small [family] → [2] 5 [6] ...(ii)

समी (i) से स्पष्ट है कि शब्द dear के लिए कोड 4 होगा।
कथन II से, [dear] [family] friend → [6] [4] 7 ...(iii)

My [dear] [family] → [6] 2 [4] ...(i)

∴ dear → 4/6
अतः केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**28.** *(a)* कथन I से,




⇒ P, Q की बेटी का पति अर्थात् Q का दामाद है।
कथन II से,




यहाँ, P का लिंग ज्ञात नहीं है। अतः सम्बन्ध ज्ञात नहीं किया जा सकता।

**29.** *(c)* कथन I से, माना महिला विद्यार्थी = x
तब, सांस्कृतिक मेले में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 2x
कथन II से,
माना पिछले वर्ष सांस्कृतिक मेले में आने वाली महिला विद्यार्थी = y
तब, इस वर्ष सांस्कृतिक मेले में आने वाली महिला विद्यार्थी = y + 25
दोनों ही कथनों से हम सांस्कृतिक मेले में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या को ज्ञात नहीं कर सकते।

**30.** *(a)* कथन II से,




स्पष्ट है कि पंक्ति के बीच में G बैठा है।
अतः स्पष्ट है कि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**31.** *(d)* कथन I और II से,

never ever [go] [there] → na ja [ni] [ho]
[go] [there] and come back → ma [ho] sa [ni] da
∴ go there → ni ho
कथन I से, never → na/ja
अतः कथन I और II में दिया गया डाटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**32.** *(c)* कथन I से,




स्पष्टतः C, B की माता है।
कथन II से,




स्पष्टतः C, B की माता है।
अतः कथन I या कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**33.** *(e)* दोनों कथनों से,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि कथन I तथा II में दिया गया डाटा एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है।

**34.** *(b)* कथन I से,




चित्र से स्पष्ट है कि बिन्दु P तथा बिन्दु R के बीच की दूरी 15 मी है।
कथन II से, बिन्दु R की दिशा स्पष्ट नहीं है।
अतः केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**35.** *(d)* कथन I से, रितेश परीक्षा में जून या सितम्बर में बैठा था।
कथन II से, रितेश परीक्षा में सितम्बर या नवम्बर में बैठा था।
कथन I और II से, रितेश परीक्षा में सितम्बर में बैठा था।
अतः दोनों कथनों I और II को मिलाकर दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है।

**36.** *(c)* कथन II से,




अतः S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर T है। अतः केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**37.** *(c)* कथन I से,




यहाँ M का लिंग ज्ञात नहीं है। अतः कुछ भी कहना सम्भव नहीं है।

कथन II से,




यहाँ, M, T की माँ के भाई की पत्नी है अर्थात् T की आण्टी है।
अतः केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। जबकि केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**38.** *(d)* कथन I से,




⇒ L, P से पश्चिम की ओर है, परन्तु कितनी दूरी पर है, यह ज्ञात नहीं किया जा सकता।
कथन II से,




कथन II से भी P और L के बीच की दूरी ज्ञात नहीं की जा सकती।
कथन I व II से,




∴ LP के बीच की दूरी = LO + OP (∵ OP = OS − PS, OP = 12 − 7 = 5)
= 7 + 5 = 12 मी
स्पष्ट है कि बिन्दु L, बिन्दु P से 12 मी पश्चिम की ओर है।
अतः कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**39.** *(e)* कथन I से,
RV Q या Q VR या VR Q या Q RV
कथन II से,
S VT या S TV या TV S या VT S
कथन I और II से,
S RVTQ
परन्तु यदि S दाएँ सिरे और Q बाएँ सिरे पर हो, तब
QTVR S
अतः दोनों कथनों को मिलाकर दी गई जानकारी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**40.** *(e)* कथन I से, R T P S ↑पूर्व
कथन II से, QRT या TRQ
दोनों कथनों से,
QRTPS
अतः Q बाएँ छोर पर है।
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए दोनों कथन I और II आवश्यक हैं।

**41.** *(e)* कथन II से,
(विमल + कुनाल + संदीप) की आयु = 32 वर्ष ...(i)
कुनाल की आयु = (विमल + संदीप) की आयु ...(ii)
समी (i) व (ii) से,
2 × कुनाल की आयु = 32 वर्ष
⇒ कुनाल की आयु = 16 वर्ष
⇒ (विमल + संदीप) की आयु = 16 वर्ष ...(iii)
कथन I से,
राकेश की आयु = विमल की आयु = संदीप की आयु
समी (iii) से,
विमल की आयु = संदीप की आयु = 8 वर्ष
∴ राकेश की आयु = 8 वर्ष
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए दोनों कथन I और II आवश्यक हैं।

**42.** *(a)* कथन I से,
E
V
B
T और C
∴ B ऊपर से तीसरे स्थान पर है।
अतः केवल कथन I ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**43.** *(b)* कथन I से,
great men going – la pa ni
men are great – pa la do
∴ great – 'la' या 'pa'
कथन II से,
a great show – la he qu
lord is great – ne mo he
∴ great – he
अतः केवल कथन II ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**44.** *(d)* कथन I से, S/Q _ _ _ Q/S
कथन II से, RT
P का स्थान दिया गया नहीं है। अतः कथन I और II में दिया गया डाटा मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**45.** *(d)* कथन I से,
प्रिया का भाई अंकुर के पिता का अकेला पोता है। अतः अंकुर, प्रिया के पिता भी हो सकते हैं और पिता के भाई भी।
कथन II से,
प्रिया और अंकुर के सम्बन्ध का पता नहीं चलता है।
अतः कथन I और कथन II में मिलाकर दिया गया डाटा भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**46.** *(b)* कथन I से, R > N > P > Q
और _>_>_> O >_>_
कथन II से, R > N > O, P > Q
और _>_> M >_>_>_
दोनों कथनों से,
R > N > M > O > P > Q
स्पष्ट है कि N दूसरे स्थान पर भारी है।
अतः दोनों कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है।

**47.** *(b)* कथन I से, सुमन को 10 या 12 या 14 या 16 या 18 या 20 अंक मिले।
कथन II से, सुमन को 15 या 16 या 17 अंक मिले।
अतः दोनों कथनों से कहा जा सकता है कि सुमन को 16 अंक मिले।

**48.** *(b)* कथन I से, P > Q
T सबसे लम्बा नहीं है।
कथन II से, R > P
S सबसे लम्बा नहीं है।
दोनों कथनों से, R > P > Q ;
T और S सबसे लम्बे नहीं हैं।
अतः R सबसे लम्बा है।

**49.** *(e)* कथन I और II से,




अतः दोनों कथनों से भावना की स्थिति ज्ञात की जा सकती है।

**50.** *(b)* कथन I से,
A – G E – R या RA – GE
कथन II से,
E/R A/G N A/G E/R
स्पष्ट है कि तीसरे स्थान पर N रखा गया है।
अतः केवल कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**51.** *(b)* कथन I से,




कथन II से,




स्पष्ट है कि T, X के बाएँ दूसरा व दाएँ चौथा है।
अतः केवल कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**52.** *(e)* कथन I से,




अतः स्पष्ट रूप से ज्ञात किया जा सकता है कि पंक्ति के मध्य में Y बैठा है।
कथन II से,







अतः केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**53.** *(b)* कथन I से,
P > _ > S > R/T > R/T
T = ₹50000
कथन II से,
P > Q > _ > _ > _ (R)
Q = ₹ 80000
यहाँ दोनों कथनों से भी R व T की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसलिए यह ज्ञात करना सम्भव नहीं है कि क्या R ₹ 40000 से ज्यादा कमाता है?
अतः कथन I तथा कथन II का डाटा मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**54.** *(d)* दोनों कथनों से,




अतः C के एकदम बाएँ D बैठा है।
अतः कथन I तथा II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**55.** *(c)* कथन II से,
(Marketing) (is) magic (mantra) ⟶ (4) (6) (2) 9 ...(i)
Success (mantra) (is) (marketing) ⟶ (2) 5 (6) (4) ...(ii)
समी (ii) से स्पष्ट है कि Success के लिए कोड 5 होगा।
अतः स्पष्ट है कि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**56.** *(c)* कथन II से,




अतः भू-तल पर H रहता है।
अतः स्पष्ट है कि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

## प्रकार *2.* तीन कथनों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में एक प्रश्न तथा उसके उपरान्त प्रश्न से सम्बन्धित तीन कथन दिए गए होते हैं। अब हमें यह ज्ञात करना होता है कि दिए गए प्रश्न का उत्तर ज्ञात करने के लिए केवल कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त है या केवल कथन II में या केवल कथन III में दी गई जानकारी पर्याप्त है या किन्हीं भी दो कथनों या सभी कथनों में दी गई जानकारी पर्याप्त है या फिर तीनों ही कथनों में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए सबसे पहले क्रमानुसार, कथन I, फिर कथन II तथा फिर कथन III पर विचार करते हैं। यदि एक-एक कथन लेकर प्रश्न का हल नहीं प्राप्त होता है, तो दो-दो कथन लेकर प्रश्न को हल करने का प्रयास करना चाहिए। यदि फिर भी प्रश्न हल न होता हो, तो तीनों कथन एकसाथ लेकर प्रश्न को हल करने का प्रयास करना चाहिए।

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों को निम्न उदाहरणों की सहायता से समझा जा सकता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 9-13) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे तीन कथन I, II और III दिए गए हैं। आपको तय करना है कि किस कथन में उपलब्ध कराए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं तद्नुसार अपना उत्तर चुनिए।*

**उदाहरण 9.** एक वृत्त में पाँच लोग A, B, C, D और E एक-दूसरे की तरफ मुँह करके बैठे हैं। E किनके बीच में बैठा है?
I. B के बाएँ और A के दाएँ बैठा व्यक्ति एक ही है।

II. D, B के दाएँ बैठा है।
III. A, E और C के बीच में बैठा है। *(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)*
(A) केवल I और II पर्याप्त हैं (B) केवल I और III पर्याप्त हैं
(C) केवल III पर्याप्त है (D) तथ्य अपर्याप्त हैं
(a) B (b) A (c) C (d) D

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्नानुसार, तीनों कथनों से,




अतः प्रश्न में दिए गए तीनों कथनों के द्वारा भी E के स्थान का पता नहीं लगाया जा सकता है।

***उदाहरण* 10.** एक कोड भाषा में 'adequate' का कोड क्या है? *(SBI Clerk 2008)*

I. कोड भाषा में 'rainfall is adequate' को 'vo al ji' लिखा जाता है।
II. कोड भाषा में 'food is adequate' को 'vo ji fa' लिखा जाता है।
III. कोड भाषा में 'food is delicious' को 'fa vo re' लिखा जाता है।
(a) I और III (b) II और III (c) I और II (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(b)*
कथन I से, rainfall (is) (adequate) ⇒ (vo) al (ji)
कथन II से, food (is) (adequate) ⇒ (vo) (ji) fa
कथन III से, food (is) delicious ⇒ fa (vo) re
∴ कथन I और II से, adequate ⇒ vo या ji
कथन II और III से, adequate ⇒ ji
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन II और III पर्याप्त हैं।

***उदाहरण* 11.** 45 विद्यार्थियों की कक्षा में ऊपर से सुनीता का क्रमांक क्या है? *(SBI PO 2009)*

I. समीर नीचे से 15वाँ है और सुनीता उससे 5 क्रमांक नीचे है।
II. राधा ऊपर से 30वीं है और नीता नीचे से 5वीं है।
III. सुनीता, राधा और नीता के ठीक बीच में है।
(a) केवल I (b) II और III
(c) या तो I या II और III (d) या तो II या I और III
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(c)* कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या = 45
कथन I से,
सुनीता का ऊपर से क्रमांक = 45 – (15 – 5) + 1 = 45 – 10 + 1 = 36 वाँ
कथन II से,
राधा का स्थान = ऊपर से 30वाँ
नीता का स्थान = नीचे से 5वाँ
कथन III से,
सुनीता, राधा और नीता के ठीक बीच में है।
कथन II और III को मिलाकर भी सुनिता का क्रमांक ज्ञात किया जा सकता है।
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए या तो केवल कथन I या फिर II और III पर्याप्त है।

***उदाहरण* 12.** सुबोध, नीरज, तारा, मीना और अनिल में से पहला व्याख्यान लेने वाला कौन है? *(LIC ADO 2008)*

I. सुबोध, मीना और नीरज से पहले व्याख्यान लेता है, किन्तु अनिल से पहले नहीं।
II. तारा सबसे पहले व्याख्यान नहीं लेती है।
III. मीना सबसे अन्त में व्याख्यान नहीं लेती है।
(a) केवल I (b) I और II
(c) या तो I या II और III (d) उपरोक्त सभी
(e) सभी अपर्याप्त हैं

***व्याख्या*** *(b)* कथन I से, अनिल > सुबोध > मीना/नीरज
कथन II से, ...... > तारा
अर्थात् तारा सबसे पहले व्याख्यान नहीं लेती है।
कथन III से, मीना > ......
अर्थात् मीना सबसे अन्त में व्याख्यान नहीं लेती है।
कथन I और II से,
अनिल > सुबोध > मीना/नीरज > तारा
या अनिल > तारा/सुबोध > मीना/नीरज
या अनिल > सुबोध > तारा > मीना/नीरज
अतः सबसे पहले व्याख्यान अनिल लेता है।
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए केवल कथन I और II पर्याप्त हैं।

***उदाहरण* 13.** गाँव F, गाँव M से किस दिशा में है? *(Vijaya Bank PO 2007)*

I. गाँव H, गाँव D के पश्चिम में है, जो गाँव F के दक्षिण में है।
II. गाँव R, गाँव M के उत्तर में है।
III. गाँव M, गाँव D के पूर्व में है।
(a) केवल I (b) I और III (c) II केवल III (d) I और II
(e) ये सभी

***व्याख्या*** *(b)* कथन I से,




कथन II से,




कथन III से,




कथन I और III से,




∴ F, M से उत्तर-पश्चिम में है।
अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और III पर्याप्त हैं।

# प्रश्नावली 24.2

**1.** दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है?
**प्रश्न** शहर Y के सम्बन्ध में शहर X किस दिशा में है?
**कथन**
I. X, Z के उत्तर-पश्चिम में है।
II. X, M के उत्तर में है, जो Z के पश्चिम में है।
III. M, Y के उत्तर-पश्चिम में है। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) केवल III पर्याप्त है (b) केवल II और III पर्याप्त हैं
(c) केवल I और III पर्याप्त हैं (d) केवल I और II पर्याप्त हैं

***निर्देश*** (प्र. सं. 2-4) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे तीन कथन I, II तथा III दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। तीनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए।* ***(IBPS Clerk Main 2017)***

(a) यदि कथन II तथा III प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, किन्तु कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(b) यदि तीनों कथनों I, II तथा III का डाटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) यदि कथन I तथा II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, लेकिन कथन III अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(d) यदि सभी कथन I, II तथा III का डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(e) यदि कथन I तथा III प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, लेकिन कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

**2.** कोड भाषा में 'come' का कोड क्या होगा?
I. कोड भाषा में, 'pit na ja od' का अर्थ 'you may come here' है।
II. कोड भाषा में, 'ja ta ter' का अर्थ 'come and go' है।
III. कोड भाषा में, 'od na pit ter' का अर्थ 'you may go home' है।

**3.** D के कितने पुत्र हैं?
I. B तथा F, A के भाई हैं। II. C, A तथा F की बहन है।
III. C तथा E, D की पुत्रियाँ हैं।

**4.** P, Q, R, S तथा T में से ठीक मध्य में कौन होगा, यदि सभी एक पंक्ति में खड़े हैं?
I. Q, T के दाएँ हैं। II. S, P तथा T के मध्य में है।
III. Q, T तथा R के मध्य में है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 5-19) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे तीन कथन I, II और III दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि किस/किन कथन/कथनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं और तद्नुसार अपने उत्तर का चुनाव करना है?*

**5.** P तथा Q की वर्तमान आयु में क्या अन्तर है? ***(P&SB Clerk 2008)***
I. P तथा Q की 4 वर्ष पहले की आयु में 4 : 5 का अनुपात था।
II. 4 वर्ष बाद P तथा Q की आयु में 6 : 7 का अनुपात होगा।
III. वर्तमान में P तथा R की आयु का योग 24x है।
(a) केवल I या III (b) II और III (c) I और II (d) I और II या III
(e) इनमें से कोई नहीं

**6.** राजू का मनोहर से क्या सम्बन्ध है? ***(BOB Clerk 2007)***
I. प्रमीला, राजू की पत्नी रश्मि की सास है।
II. प्रमीला का भाई राजू का मैटर्नल अंकल है।
III. प्रमीला का पति, मनोहर का एकमात्र पुत्र है।
(a) I और II (b) I और III
(c) III और या तो I या II (d) तीन में से कोई भी दो
(e) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**7.** A, B, C, D और E में से सबसे कम अंक किसे मिले? ***(BOI PO 2007)***
I. B को केवल E से कम अंक मिले।
II. A को D और C से अधिक अंक मिले।
III. A को B से कम अंक मिले।
(a) I और II (b) II और III
(c) I और III (d) I, II और III
(e) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**8.** P के कितने पुत्र हैं? ***(Central Bank of India PO 2007)***
I. F, B की बहन है।
II. B, D और E का भाई है।
III. P की पत्नी K, D की माता है।
(a) I, II और III (b) I और II (c) II और III (d) I और III
(e) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**9.** कोड भाषा में 'gone' कैसे लिखा जाता है? ***(BOM PO 2007)***
I. कोड भाषा में 'gone are the days' को 'da na ta pi' लिखा जाता है।
II. कोड भाषा में 'few days are there' को 'ka ta na ha' लिखा जाता है।
III. कोड भाषा में 'the new book is good' को 'ja sa pi ra ni' लिखा जाता है।
(a) I और II (b) I और III (c) II और III (d) I, II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**10.** M, N, P, Q और R में सबसे अधिक आय किसकी है? ***(BOB PO 2007)***
I. M, P से कम कमाता है, लेकिन R से कम नहीं कमाता है।
II. Q, M से अधिक कमाता है, लेकिन N के बराबर नहीं है।
III. N, M तथा R से अधिक कमाता है।
(a) सभी कथन पर्याप्त नहीं हैं (b) I और II
(c) I, II या I, III (d) I और III
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**11.** स्तम्भ 'Q' के सम्बन्ध में स्तम्भ 'P' किस दिशा में है? ***(Dena Bank PO 2006)***
I. स्तम्भ 'M', स्तम्भ 'T' के पूर्व को है, जो स्तम्भ 'Q' के दक्षिण को है।
II. स्तम्भ 'P', स्तम्भ 'M' के उत्तर को है।
III. स्तम्भ 'R', स्तम्भ 'P' के उत्तर को और स्तम्भ 'Q' के पूर्व को है।
(a) II और III (b) I और III
(c) या तो केवल III या I और II (d) केवल III
(e) I, II और III

**12.** संजीव का राधा से क्या सम्बन्ध है? ***(Vijaya Bank PO 2006)***
I. संजीव राधा के ग्रैण्डफादर की इकलौती पुत्री का पुत्र है।
II. संजीव का कोई भाई-बहन नहीं है।
III. राधा का केवल एक भाई है।
(a) I और II
(b) I और III
(c) II और III
(d) I और या तो II या III
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13.** P, T, J, F और L में से सर्वाधिक अंक किसे मिले? ***(BOI PO 2006)***
I. P को J एवं F से कम अंक मिले।
II. T को F से ज्यादा लेकिन L से कम अंक मिले।
III. J को सर्वाधिक अंक नहीं मिले हैं।
(a) I और II (b) I और III
(c) II और या तो I या III (d) I और या तो II या III
(e) I, II और III

**14.** कोड भाषा में 'rope' का कोड क्या है? *(BOI PO 2005)*

I. कोड भाषा में 'use the rope' को 'nik ta re' लिखा जाता है।
II. कोड भाषा में 'rope is straight' को 'pe da ta' लिखा जाता है।
III. कोड भाषा में 'always use rope' को 'ma re ta' लिखा जाता है।
(a) I और II या II और III
(b) I और III
(c) II और III
(d) I, II और III
(e) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**15.** Q के सन्दर्भ में P किस दिशा में है? *(Canara Bank PO 2005)*

I. R जो Q के पश्चिम में है उससे M उत्तर में है।
II. M के पूर्व में P है।
III. R के उत्तर-पूर्व में P है।
(a) I और II (b) I और III
(c) I और II या I और III (d) I, II और III
(e) आँकड़े अपर्याप्त हैं

**16.** कक्षा में कितने बच्चे हैं? *(Canara Bank PO 2006)*

I. यदि अंकों के अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो सौरभ ऊपर से पाँचवाँ है।
II. सुलभा, जो सौरभ से 10 स्थान नीचे है, नीचे से 25वीं है।
III. जतिन, सुलभा से चार स्थान ऊपर है।
(a) I और III (b) II और III
(c) I और II (d) तीन में से कोई भी दो
(e) इनमें से कोई नहीं

**17.** P और Q की आयु में 6 वर्ष के बाद क्या अनुपात होगा?

I. उनकी वर्तमान आयु का योगफल एक अभाज्य संख्या है।
II. उनकी आयु में 8 वर्ष बाद 4 वर्ष का अन्तर होगा।
III. 4 वर्ष पहले उनकी आयु में 5 : 6 का अनुपात था।
(a) केवल II (b) केवल III
(c) II और III (d) सभी आवश्यक हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**18.** W, A, R, S, N व E छह अक्षर हैं। क्या इन छह अक्षरों का प्रयोग करते हुए केवल निम्नलिखित परिचालन करने के बाद 'ANSWER' शब्द बनता है?

I. E को A के दाएँ चौथे स्थान पर रखा जाता है। S को A या E के एकदम बाद नहीं रखा जाता है व शब्द का आरम्भ A से होता है।
II. R को E के एकदम आगे रखा जाता है। W को S के एकदम आगे रखा जाता है।
III. N व W दोनों को S के एकदम बाद रखा जाता है। शब्द R से आरम्भ नहीं होता है। A को W के एकदम बाद नहीं रखा जाता है।
(a) केवल I
(b) केवल II
(b) केवल III
(d) I या II या III
(e) केवल I एवं III

**19.** P, Q, R, S, T और V नामक छह लोगों में से प्रत्येक व्यक्ति एक छह मंजिला इमारत की भिन्न मंजिल पर रहता है। इमारत में एक से छह तक छह मंजिले हैं (भूतल नम्बर 1 पर है, उससे ऊपर नम्बर 2 और उसके आगे उसी तरह तथा सबसे ऊपर की मंजिल का नम्बर 6 है) सबसे ऊपरी मंजिल पर कौन रहता है?

I. जिन मंजिलों पर R व Q रहते हैं, उनके बीच में केवल एक मंजिल है। P सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है।
II. T सम संख्या वाली मंजिल पर नहीं रहता है। Q सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। Q सबसे ऊपरी मंजिल पर नहीं रहता है।
III. S विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। जिन मंजिलों पर S व P रहते हैं, उन मंजिलों के बीच दो मंजिले हैं। T, R की मंजिल से एकदम ऊपर वाली मंजिल पर रहता है।
(a) केवल I (b) केवल II
(b) केवल III (d) सभी आवश्यक हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र. सं. 20-22) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* *(SBI PO Main 2018)*

दस व्यक्ति दो समानान्तर पंक्तियों में बैठे हैं। पंक्ति-1 में P, Q, R, S, T उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं जबकि पंक्ति-2 में K, L, M, N, O दक्षिण की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं।

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न एवं उसके नीचे तीन कथन I, II और III दिए गए हैं। आपको यह निर्णय करना है कि कथन में दी जा रही जानकारी उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। सभी तीन कथनों का अध्ययन कीजिए और उत्तर दीजिए।

(a) यदि कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्नों का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन III में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है
(b) यदि कथन I और III एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं, जबकि कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है
(c) यदि कथन II और III एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं, जबकि कथन I प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है
(d) यदि सभी तीन कथन I, II और III एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं
(e) यदि सभी तीन कथनों I, II और III में दी गई जानकारी एकसाथ भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

**20.** कौन L के विपरीत बैठा है?

**कथन**

I. P, Q के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, M के ठीक बाएँ बैठा है। O, S और Q के विपरीत नहीं बैठा है।
II. L और M के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। L, R और S के विपरीत नहीं बैठा है। K, T के विपरीत बैठा है।
III. P, L और O के विपरीत नहीं बैठा है। N, K के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। R अन्तिम बाएँ सिरे पर नहीं बैठा है। S और P के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।

**21.** R और S के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**कथन**

I. P, Q के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, M के ठीक बाएँ बैठा है। O, S और Q के विपरीत नहीं बैठा है।
II. L और M के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। L, R और S के विपरीत नहीं बैठा है। K, T के विपरीत बैठा है।
III. P, L और O के विपरीत नहीं बैठा है। N, K के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। R अन्तिम बाएँ सिरे पर नहीं बैठा है। S और P के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।

**22.** कौन पंक्ति-2 के अन्तिम दाएँ सिरे पर बैठा है?

**कथन**

I. P, Q के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, M के ठीक बाएँ बैठा है। O, S और Q के विपरीत नहीं बैठा है।
II. L और M के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। L, R और S के विपरीत नहीं बैठा है। K, T के विपरीत बैठा है।
III. P, L और O के विपरीत नहीं बैठा है। N, K के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। R अन्तिम बाएँ सिरे पर नहीं बैठा है। S और P के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* कथन I से,




कथन II से,




कथन III से,




कथन II और III से,




X, Y के उत्तर-पश्चिम में है।
अतः II और III दोनों पर्याप्त हैं।

**2.** *(c)* कथन I, II व III से,
you may (come) here → pit na (ja) od ...(i)
(come) and [go] → (ja) ta [ter] ...(ii)
you may [go] home → od na pit [ter] ...(iii)
समी (i) व (ii) से, come → ja
अतः कथन I व II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन III अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**3.** *(b)* कथन I से,
B तथा F, A के भाई हैं। जबकि यहाँ पर A का लिंग स्पष्ट नहीं है।
कथन II तथा III से, A का लिंग स्पष्ट नहीं होता है।
इस प्रकार तीनों कथनों से,




अतः तीनों कथनों का डाटा मिलाकर प्रश्न का उत्तर ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**4.** *(a)* कथन I से, T Q
कथन II से, P S T या T S P
कथन III से, T Q R या R Q T
कथन II व III से,
P S T Q R या R Q T S P

स्पष्ट है कि T ठीक मध्य में खड़ा है।
अतः कथन II और III प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**5.** *(c)* कथन I और II से, माना 4 वर्ष पहले P तथा Q की आयु क्रमशः 4x तथा 5x है।

तब, $\dfrac{4x+4+4}{5x+4+4} = \dfrac{6}{7}$

$\Rightarrow \quad 28x + 56 = 30x + 48$

$\Rightarrow \quad x = 4$

$\therefore$ P की वर्तमान आयु $= 4 \times 4 + 4 = 20$ वर्ष
तथा Q की वर्तमान आयु $= 5 \times 4 + 4 = 24$ वर्ष
$\therefore$ अभीष्ट अन्तर $= 24 - 20 = 4$ वर्ष
अतः कथन I और II दोनों आवश्यक हैं।

**6.** *(c)* कथन I से,




कथन II से,




कथन III से,




कथन I और III से,




अतः राजू, मनोहर का पोता है।
कथन II और III से,




अतः कथन III और I या II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**7.** *(e)* कथन I से, E > B
कथन II से, A > D / C
कथन III से, B > A
कथन I, II और III से, E > B > A > D / C

अतः तीनों कथनों को मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा सकता है।

**8.** *(e)* कथन I से,




कथन II से,




कथन III से,




कथन I, II और III से,




अतः तीनों कथनों को मिलाकर भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया जा सकता है।

**9.** *(d)* कथन I से,
gone (are) [the] (days) ⇒ da (na) (ta) [pi]
कथन II से,
few (days) (are) there ⇒ ka (ta) (na) ha
कथन III से,
[the] new book is good ⇒ ja sa [pi] ra ni
कथन I और II से, gone ⇒ da / pi
कथन I और III से, gone ⇒ da / na / ta
कथन I, II और III से, gone ⇒ da
अतः कथन I, II और III प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

**10.** *(a)* कथन I से, P > M > R
कथन II से, N > Q > M
कथन III से, N > M/R
तीनों कथनों से सबसे अधिक या तो P कमाता है या N कमाता है।

**11.** *(c)* कथन I से,




कथन II से,



कथन I और II से,




अतः P, Q के पूर्व में है।

कथन III से,




अतः P, Q के दक्षिण-पूर्व में है।

अतः या तो केवल कथन III या I और II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**12.** *(d)* कथन I से,




कथन II से,
संजीव का कोई भाई-बहन नहीं है।
कथन III से,
राधा का केवल एक भाई है।
कथन I से, संजीव राधा के ग्रैण्डफादर की इकलौती पुत्री का पुत्र है। राधा के ग्रैण्डफादर के या तो केवल एक पुत्री है या फिर एक पुत्री व एक पुत्र है। यदि एक पुत्री है, तो कथन III से, संजीव राधा का भाई होगा तथा यदि पुत्र व पुत्री दोनों हैं, तो कथन II से, संजीव राधा की बुआ (फुआ) का पुत्र अर्थात् फुफेरा भाई (कजिन) होगा।
अतः केवल कथन I और या कथन II या III प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**13.** *(e)* कथन I से, $J / F > P$
कथन II से, $L > T > F$
कथन III से, J को सर्वाधिक अंक नहीं मिले हैं।
कथन I, II और III से, $L > T > J / F > P$
अतः सबसे अधिक अंक L को मिले हैं।
अतः कथन I, II और III सभी प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

**14.** *(a)* कथन I से,
use the (rope) ⇒ nik (ta) re
कथन II से,
(rope) is straight ⇒ pe da(ta)
कथन III से,
always use(rope)⇒ ma re(ta)
कथन I और II से, rope ⇒ ta
कथन I और III से, rope ⇒ ta / re
कथन II और III से, rope ⇒ ta
अतः कथन I और II या कथन II और III प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**15.** *(e)* कथन I से,







कथन II से,




कथन III से,




कथन I और II से,




या




या




कथन I और III से,




या




या




कथन I, II व III से,




अतः आँकड़ें अपर्याप्त हैं।

**16.** *(c)* कथन I से,
सौरभ का ऊपर से स्थान = 5वाँ
कथन II से, सुलभा का नीचे से स्थान = 25वाँ
सौरभ का नीचे से स्थान = 25 + 10 = 35 वाँ
कथन III से, जतिन, सुलभा से चार स्थान ऊपर है।
कथन I और II से, कक्षा में बच्चों की कुल संख्या $= (5 + 35) - 1 = 40 - 1 = 39$
अतः कथन I और II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**17.** *(c)* प्रश्नानुसार, $\frac{P+6}{Q+6} = ?$

कथन I से, $P + Q =$ एक अभाज्य संख्या ...(i)

कथन II से, $(P + 8) - (Q + 8) = 4$

$\Rightarrow \quad P - Q = 4$ ...(ii)

कथन III से, $\frac{P-4}{Q-4} = \frac{5}{6}$

$\Rightarrow \quad 6(P - 4) = 5(Q - 4)$

$\Rightarrow \quad 6P - 24 = 5Q - 20$

$\Rightarrow \quad 6P - 5Q = 4$ ...(iii)

हम देखते हैं कि प्रश्न का उत्तर ज्ञात करने के लिए P एवं Q के मान का पता लगाना आवश्यक है, जिसके लिए कथन II एवं III आवश्यक हैं।

**18.** *(e)* कथन I से, A _ S _ E _
कथन II से, E R या R E तथा W S या S W
कथन III से, N S W या W S N
कथन I व III से, A N S W E R

**19.** *(d)* कथन I, II एवं III से,

| तल संख्या | व्यक्ति |
|---|---|
| 6 | P |
| 5 | T |
| 4 | R |
| 3 | S |
| 2 | Q |
| 1 | V |

अतः तीनों कथनों को मिलाकर प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है।

**उत्तर** (प्र. सं. 20-22)

**20.** *(b)* कथन I और III से,




Q, L के विपरीत बैठा है, यह ज्ञात करने के लिए केवल कथन I और III पर्याप्त हैं।

**21.** *(d)* जब R की स्थिति निश्चित रूप से ज्ञात होगी, तभी हम R और S के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या ज्ञात कर सकते हैं।
अब कथन I, II और III से,




∴ R और S के बीच 3 व्यक्ति बैठे हैं।

**22.** *(b)* कथन I और III से,




उपरोक्त से स्पष्ट है कि पंक्ति-2 के अन्तिम दाएँ सिरे पर N बैठा है।
∴ कथन I और III प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** नीचे दिए गए कथनों के आधार पर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए और ज्ञात कीजिए कि कौन-सा/से कथन उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं?
**प्रश्न** राजेश के जन्म का वर्ष क्या है? ***(RRB ALP 2018)***
**कथन**
I. वर्तमान में राजेश अपने पिता से 25 वर्ष छोटा है।
II. राजेश की बहन जो 1974 में पैदा हुई थी अपने पिता से 35 वर्ष छोटी है।
(a) कथन I और कथन II दोनों पर्याप्त हैं
(b) केवल कथन I पर्याप्त है जबकि केवल कथन II अपर्याप्त है
(c) केवल कथन II पर्याप्त है जबकि केवल कथन I अपर्याप्त है
(d) कथन I या कथन II पर्याप्त है

***निर्देश*** (प्र. सं. 2-60) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उत्तर दीजिए।*

(a) यदि केवल कथन I में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि केवल कथन II में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(b) यदि केवल कथन II में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि केवल कथन I में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(c) यदि या तो केवल कथन I या कथन II में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
(d) यदि कथन I और II दोनों के आँकड़े मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(e) यदि कथन I और कथन II दोनों के आँकड़े मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

**2.** स्तम्भ 'Y' के सन्दर्भ में स्तम्भ 'X' किस दिशा में है?
I. Z, Y के दक्षिण में है।
II. M, Z के पश्चिम और X के दक्षिण में है। ***(Canara Bank PO 2009)***

**3.** टावर 'Q' के सन्दर्भ में टावर 'P' किस दिशा में है?
I. P, H के पश्चिम में है, जो Q के दक्षिण में है।
II. F, Q के पश्चिम में है और P के उत्तर में है। ***(SBI PO 2010)***

**4.** गाँव D, गाँव H के किस दिशा में है?
I. गाँव H, गाँव A के दक्षिण को है जो गाँव D के दक्षिण-पूर्व को है।
II. गाँव M, गाँव D के पूर्व को है और गाँव H के उत्तर-पूर्व को है। ***(SBI PO 2008)***

**5.** गाँव 'K' के सन्दर्भ में गाँव 'F' किस दिशा में है?
I. गाँव 'J', गाँव 'F' के पूर्व में और गाँव 'K' के उत्तर में है।
II. गाँव 'R' जो गाँव 'F' के दक्षिण में है, गाँव 'K' के पश्चिम में है। ***(Vijaya Bank PO 2010)***

**6.** 'M' के सम्बन्ध में 'F' किस दिशा में है?
I. F, Q की पश्चिम दिशा में है जो M की पश्चिम दिशा में है।
II. M, Q की पूर्व दिशा में है। F, M और Q सीधी रेखा में हैं। ***(BOI PO 2009)***

**7.** 'L' के सन्दर्भ में 'H' किस दिशा में है?
I. 'L', 'M' के पूर्व में है जो 'H' के उत्तर में है।
II. 'L', 'J' के उत्तर में है जो, 'H' के पूर्व में है। ***(BOB PO 2010)***

**8.** Q के उत्तर में कौन है?
I. T के उत्तर में S है और T तथा S के बीच में Q है।
II. P के दक्षिण में Q है और P के उत्तर में S है। ***(Indian Bank PO 2009)***

**9.** कुमुद का मुँह किस दिशा की ओर है?
I. निखिल का मुँह उत्तर दिशा की ओर है और यदि वह बाएँ मुड़े, तो उसका मुँह कुमुद की विपरीत दिशा की ओर होगा।
II. सरोज जिसका मुँह पूर्व की ओर तथा कुमुद के सामने है। *(Canara Bank PO 2009)*

**10.** मोहन आरम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है?
I. मोहन, पश्चिम की ओर 20 मी चला, दाएँ मुड़ा और 30 मी चला, फिर से दाएँ मुड़ा और 20 मी चला।
II. मोहन, दक्षिण की ओर 20 मी चला, बाएँ मुड़ा और 30 मी चला, फिर से बाएँ मुड़ा और 20 मी चला। *(Dena Bank PO 2010)*

**11.** M, P, D, K और R एक वृत्त के चारों ओर तथा बिन्दु की ओर मुख किए बैठे हैं। P के तुरन्त दाएँ कौन है?
I. M और R के बीच D बैठा है।
II. R के तुरन्त बाएँ K नहीं है। *(Vijaya Bank PO 2010)*

**12.** जब Q, W, B, H, T और Z केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हों, तो T के एकदम दाएँ कौन बैठा है?
I. W और Z के बीच में B बैठा है और Q के दाईं ओर Z बैठा है।
II. W की दाईं ओर H बैठा है और H एवं Q के बीच एक व्यक्ति है। *(Allahabad Bank PO 2010)*

**13.** L, N, F, G और Q में से पहले कॉलेज कौन पहुँचा?
I. F, L और G से पहले पहुँचा, लेकिन Q से पहले नहीं, जो सबसे पहले नहीं पहुँचा।
II. N, F और G से पहले पहुँचा और L, F के बाद पहुँचा। *(PNB MT 2010)*

**14.** J, T, W, R और Q में से कौन पहले ऑफिस पहुँचा?
I. J, Q, R और T से पहले, किन्तु W के बाद पहुँचा।
II. Q, R से पहले, किन्तु W के बाद पहुँचा। *(BOI PO 2009)*

**15.** A, B, C, D और E में से कार्यक्रम में सबसे पहले कौन पहुँचा?
I. B जो E, A और C से पहले पहुँचा, सबसे पहले पहुँचने वाला वह नहीं था।
II. A जो E और C से पहले पहुँचा, D से पहले नहीं पहुँच सका, जो कार्यक्रम में 'B' से तुरन्त पहले था। *(SBI PO 2009)*

**16.** नवीन, मोहन, प्रकाश और किशोर में से पहले कार्यालय कौन पहुँचा?
I. मोहन, नवीन और किशोर से पहले पहुँचा, किन्तु वह सबसे पहले कार्यालय नहीं पहुँचा।
II. किशोर, मोहन के बाद, किन्तु नवीन से पहले कार्यालय पहुँचा। *(SBI PO 2009)*

**17.** यदि कोई दो व्यक्ति एकसाथ स्टेशन नहीं पहुँचे, तो L, M, J, T और R में से स्टेशन पर सबसे पहले कौन पहुँचा?
I. M केवल J और T के बाद पहुँचा।
II. L, R से पहले पहुँचा। *(SBI PO 2008)*

**18.** P, Q, R, S और T में से ट्रेन में चढ़ने वाला पहला व्यक्ति कौन था?
I. Q, P और T के बाद चढ़ा था, किन्तु S के बाद नहीं।
II. R चढ़ने वाला अन्तिम व्यक्ति नहीं था। *(Dena Bank PO 2006)*

**19.** N, M, O, P तथा Q में से सबसे बाद में पार्टी में कौन पहुँचा?
I. P, N तथा O से पहले पहुँचा और Q, P से बाद में, लेकिन M से पहले पहुँचा।
II. O अन्तिम से दूसरा, लेकिन Q और N के बाद पहुँचा तथा P अन्तिम में नहीं पहुँचा। *(BOM PO 2009)*

**20.** A, B, C और D में से सबसे लम्बा कौन है?
I. A, D से लम्बा है, जो B से लम्बा है।
II. C, B से छोटा है। *(LIC ADO 2008)*

**21.** A, B, C, D और E में से सबसे लम्बा कौन है?
I. A, B, C, D और E में से प्रत्येक की ऊँचाई विभिन्न है।
II. D केवल A से छोटा है। *(Canara Bank PO 2010)*

**22.** E, F, G, H और I में सबसे लम्बा कौन है? *(Dena Bank PO 2009)*
I. I से E लम्बा है, लेकिन H जितना लम्बा नहीं है।
II. H, जो सबसे लम्बे से एकदम बाद है G से लम्बा है।

**23.** M, D, P, K और R में सबसे लम्बा कौन है?
I. R उनमें से केवल D से लम्बा है।
II. P उनमें से केवल K से छोटा है। *(Vijaya Bank PO 2009)*

**24.** पाँच लड़कों समर, रमेश, राकेश, करण और विश्वास में से सबसे लम्बा कौन है?
I. राकेश, करण और रमेश से लम्बा है, लेकिन समर जितना लम्बा नहीं है।
II. समर सबसे लम्बा नहीं है। *(Indian Bank PO 2009)*

**25.** यदि गीता, शिल्पा से लम्बी है और दीपा, मीता से लम्बी है, तो उन छः में से सबसे लम्बी कौन है?
(सुनीता और साधना दो और हैं)
I. साधना, सुनीता से लम्बी है।
- घटना के प्रति दी गई प्रतिक्रिया व्यावहारिक होनी चाहिए।

# प्रश्नावली 26.1

**1.** एक नागरिक के रूप में आपको एक सरकारी विभाग से कुछ काम है। सम्बद्ध अधिकारी आपको बार-बार बुलाता है और आपसे प्रत्यक्षतः बिना कुछ कहे रिश्वत देने के इशारे करता है। आप अपना कार्य कराना चाहते हैं। आप क्या करेंगे? ***(UPSC CSAT 2012]***

(a) रिश्वत दे देंगे

(b) ऐसा व्यवहार करेंगे, मानो आप उसके इशारे नहीं समझ रहे हैं और अपने आवेदन पर डटे रहेंगे

(c) रिश्वत के इशारों के सम्बन्ध में मौखिक शिकायत के साथ उच्चतर अधिकारी के पास सहायता के लिए जाएँगे

(d) एक औपचारिक शिकायत भेजेंगे।

**2.** आप कार्यालय में कार्य कर रहे हैं। आपके बॉस आते हैं और अन्य लोगों के सामने आपकी अवमानना कर देते हैं। इसके अलावा, वह एक ऐसे व्यक्ति को पदोन्नत करते हैं, जो आपका अधीनस्थ है। आप

(a) अपने पद से त्याग-पत्र दे देंगे

(b) जब कभी भी आपको अवसर मिलेगा, बदला लेने की कोशिश करेंगे

(c) धैर्य बनाए रखेंगे और जब उन्हें शान्त चित्त देखेंगे, तो इसका कारण पूछेंगे

(d) सम्पूर्ण घटना के बारे में प्रबन्धन समिति को बताएँगे

**3.** आपको अपने राज्य के लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य वितरण अधिकारी पद के साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिए आमन्त्रित किया गया है। आप रेलवे स्टेशन पहुँचते हैं, पर टिकट खिड़की पर लम्बी कतार देखते हैं। ट्रेन रवाना होने को है। आप बिना टिकट लिए ही गाड़ी में बैठ जाते हैं। अपने डिब्बे में टिकट जाँचकर्ता को प्रविष्ट होते देख आप निश्चय करते हैं ***(MPPSC 2013)***

(a) शौचालय में छिपने का

(b) टिकट जाँचकर्ता से साक्षात्कार में सम्मिलित होने की आवश्यकता के आधार पर बिना टिकट यात्रा करने देने के लिए निवेदन का

(c) अपने को कानूनी कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करने का

(d) टिकट जाँचकर्ता से झगड़ा प्रारम्भ करने का

**4.** एक विद्यार्थी कॉलेज द्वारा निष्कासित किए जाने के बाद आत्मदाह की कोशिश करता है। भीड़ उसे आत्मदाह के लिए उकसा रही है। आप एक पुलिस अफसर के रूप में वहाँ सबसे पहले पहुँचते हैं। आप ऐसी अवस्था में क्या करेंगे?

(a) विद्यार्थी को डाटने के पश्चात् उसे वहाँ से भगा देंगे

(b) विद्यार्थी को गिरफ्तार करने के बाद उसे एक मनोचिकित्सक की सेवाएँ दिलाएँगे

(c) विद्यार्थी के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य के पास जाएँगे

(d) लाठीचार्ज का आदेश देने से पूर्व और पुलिस बल के आने का इन्तजार करेंगे

**5.** जब आप अपने कार्यालय के सभा-कक्ष के पास से गुजर रहे होते हैं और आप देखते हैं कि सभी पंखे चल रहे हैं व लाइटें जल रही हैं, जबकि सभा-कक्ष में कोई नहीं है। आप क्या करेंगे? ***(MPPSC 2013)***

(a) प्रभारी अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे

(b) चपरासी को पंखे व लाइटें बन्द करने के लिए कहेंगे

(c) आप स्वयं पंखे व लाइटें बन्द कर देंगे

(d) आप कुछ नहीं करेंगे और चले जाएँगे यह सोचते हुए कि यह आपका काम नहीं है

**6.** आपको अपना परीक्षा शुल्क शीघ्र जमा करवाने हेतु धन की आवश्यकता है। सड़क पर चलते हुए आपको रुपयों से भरा बटुआ मिलता है। ***(MPPSC 2013)***

(a) आप धन को अपने पास रख लेंगे तथा अपना परीक्षा शुल्क जमा कराएँगे

(b) आप बटुए के मालिक को ढूँढने का प्रयास करेंगे

(c) आप बटुआ पुलिस को सौंप देंगे

(d) आप गरीबों में धन बाँट देंगे

**7.** आपकी बहन एक प्रतियोगी परीक्षा में बैठ रही है। आपको इस परीक्षा के प्रश्न-पत्र का निर्माता नियुक्त किया जाता है। ऐसे में आप क्या करेंगे? ***(MPPSC 2013)***

(a) नियुक्ति को स्वीकार करेंगे तथा प्रश्न-पत्र बनाएँगे

(b) नियुक्ति को अस्वीकार कर देंगे तथा प्रश्न-पत्र नहीं बनाएँगे

(c) प्रश्न-पत्र बना देंगे, क्योंकि आपके प्रश्न-पत्र वाले विषय में आपकी बहन नहीं बैठ रही है

(d) आप सारे मामले को गोपनीय रखेंगे

**8.** कार्यालय जाते समय आप एक व्यक्ति को सड़क पर पड़ा देखते हैं जिसे किसी दुपहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। आपको समय पर कार्यालय पहुँचने की जल्दी है, क्योंकि आपको एक आवश्यक बैठक में भाग लेना है। आप क्या करेंगे? ***(MPPSC 2013)***

(a) आप घायल पर ध्यान नहीं देंगे और चले जाएँगे

(b) सिर्फ घटना की सूचना टेलीफोन द्वारा पुलिस को देंगे

(c) आप घायल को अस्पताल ले जाएँगे

(d) आप दूसरों से घायल को अस्पताल ले जाने को कहेंगे

**9.** आपके कार्यालय का एक सेवानिवृत्त कर्मचारी आपके कमरे में धड़ल्ले से घुसता है तथा यह शिकायत करते हुए चिल्लाता है कि कोई भी उसकी पेंशन प्रकरण को निपटाने में मदद नहीं करता है। आप ऐसे में सर्वप्रथम जो करेंगे वह है ***(CGPSC 2013)***

(a) चपरासी को बुलाकर उस व्यक्ति को अपने कमरे से बाहर कर देने के लिए कहेंगे

(b) आप स्वयं उसे कमरे से बाहर जाने के लिए कहेंगे

(c) कुछ नहीं करेंगे और उस पर ध्यान नहीं देंगे
(d) उसे बैठने के लिए कहेंगे अपनी समस्या आपको बताने के लिए कहेंगे
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**10.** आप एक डॉक्टर हैं। आपके पड़ोसी के साथ आपका विवाद चल रहा है। उसने आपके खिलाफ न्यायालय में कई केस कर रखे हैं। आधी रात को आपके उस पड़ोसी के बच्चे का स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। आपका पड़ोसी आपके पास मदद के लिए आता है। उस समय आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी?
(a) आप उसे तुरन्त कहीं और जाने के लिए कहेंगे
(b) आप उसकी मदद के लिए तुरन्त उसके साथ जाएँगे
(c) आप अपने नौकर द्वारा कहलवा देंगे कि आप घर में उपस्थित नहीं हैं
(d) आप कहेंगे कि घर में उसका इलाज सम्भव नहीं है,उसे तुरन्त अस्पताल ले जाएँ

**11.** आपने मेट्रो में सफर करते हुए देखा कि महिलाओं की सीट पर कुछ लड़के बैठे हैं और वे खड़ी हैं। महिलाओं के आग्रह करने पर भी वे खड़े नहीं हो रहे हैं। मेट्रो में उपस्थित सभी लोग ये नजारा देख रहे हैं, लेकिन कुछ कह नहीं पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे?
(a) महिलाओं की ओर से पैरवी करते हुए उन लड़कों को समझाने का प्रयास करेंगे
(b) नियमानुसार ये सीट महिलाओं की हैं। आपको यहाँ से उठना पड़ेगा वरना आपकी शिकायत कर दी जाएगी। आप धमकी भरे अन्दाज में उनसे कहेंगे
(c) महिलाओं से यह कहेंगे कि वे अपनी व्यवस्था स्वयं कर लें
(d) साइड में खड़े रहकर सबकी तरह तमाशा देखेंगे

**12.** एक समस्या के समाधान हेतु व्यक्ति को
1. समस्या का अच्छी तरह विश्लेषण करना पड़ता है।
2. दूसरों की सलाह पर निर्भर करना पड़ता है।
3. समस्या के बारे में हर सम्भव सूचना एकत्रित करनी पड़ती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? *(CGPSC 2013)*
(a) 1 और 3 (b) केवल 1
(c) 2 और 3 (d) 1 और 2
(e) इनमें से कोई नहीं

**13.** आप एक समयबद्ध परियोजना पर कार्य कर रहे हैं। परियोजना की पुनरीक्षण बैठक के दौरान आप पाते हैं कि आपके समूह के सदस्यों की ओर से सहयोग में कमी होने के कारण परियोजना विलम्बित हो सकती है। आप क्या करेंगे? *(UPSC CSAT 2012)*
(a) अपने समूह के सदस्यों को उनके असहयोग के लिए चेतावनी देंगे
(b) असहयोग की कारणों की जाँच पड़ताल करेंगे
(c) समूह के सदस्यों को प्रतिस्थापित करने की माँग करेंगे
(d) कारण प्रस्तुत करते हुए समय सीमा बढ़ाने की माँग करेंगे

**14.** आप एक मतदान केन्द्र के कार्यकारी अधिकारी हैं। मतदान के दौरान एक माओवादी दल आकर मतदाताओं को डराता-धमकाता है और हवा में गोलियाँ चलाता है। आप ऐसे में क्या करेंगे? *(MPPCS 2014)*
(a) मतदान तुरन्त बन्द करवा देंगे
(b) वहाँ तैनात पुलिस दल को सूचित कर सभी महत्त्वपूर्ण दस्तावेज उन्हें सुरक्षित करने को कहेंगे
(c) माओवादियों का बलपूर्वक विरोध करने के लिए पुलिस से कहेंगे
(d) माओवादियों को जो चाहिए देकर जीवन रक्षा करेंगे

**15.** आप बोधगया में हुए सीरियल बम विस्फोट स्थल पर हैं और आप उन लोगों में से हैं, जो घायल नहीं हुए हैं। एक त्वरित अनुक्रिया के रूप में आपकी पहली प्राथमिकता क्या होगी?
(a) पुलिस को बुलाना
(b) अपनी खुद की सुरक्षा को सुनिश्चित करना
(c) एम्बुलेंस को बुलाना
(d) घायलों की सहायता करना

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* इस परिस्थिति में समस्या प्रश्न पर आधारित है, चूँकि अधिकारी स्पष्टतः रिश्वत नहीं माँग रहा केवल इशारे कर रहा है, तो ऐसी स्थिति में उसके इशारों पर ध्यान दिए बगैर अपने आवेदन पर डटे रहना समाधान होगा।

**2.** *(c)* इस परिस्थिति में धैर्य धारण करना महत्त्वपूर्ण है, हो सकता है कि बॉस को कुछ गलतफहमी हो गई है, जिसके कारण उनसे शान्त अवस्था में ही पूछा जा सकता है।

**3.** *(c)* विकल्प (a) तथा (d) के अनुसार, शौचालय में छिपना या टिकट जाँचकर्ता से झगड़ा करना गलत है। विकल्प (c) के अनुसार, अपने को कानूनी कार्यवाही के लिए प्रस्तुत कर देने का निश्चय भी काफी हद तक सही है। विकल्प (b) के अनुसार, टिकट जाँचकर्ता से साक्षात्कार में सम्मिलित होने की आवश्यकता के आधार पर बिना टिकट यात्रा करने का निवेदन करना गलत है। अतः सबसे बेहतर विकल्प (c) है कि टिकट जाँचकर्ता के सामने खुद को कानूनी कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करें।

**4.** *(c)* इस स्थिति में विद्यार्थी को लेकर प्राचार्य के पास ले जाया जाएगा उसके पश्चात् ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। सीधे गिरफ्तार करने से उसका भविष्य खराब हो सकता है।

**5.** *(b)* विकल्प (d) सही नहीं है। विकल्प (a) के अनुसार, प्रभारी अधिकारी को रिपोर्ट करना तभी उचित है जब आप इस तरह से काफी बार देख चुके हों। विकल्प (c) के अनुसार, यदि आप स्वयं पंखे व लाइटें बन्द कर देंगे, तो वह व्यक्ति जिसका यह कार्य है वह लापरवाह हो सकता है और प्रतिदिन लाइटें व पंखे खुले छोड़ सकता है। अतः सबसे बेहतर विकल्प (b) है कि चपरासी को बुलाकर उससे पंखे व लाइट बन्द करा ली जाए।

**6.** *(b)* विकल्प (d) के अनुसार, धन को गरीबों में बाँट देने से गरीब लोग तो खुश हो जाएँगे, लेकिन जिसका बटुआ है उसको पता नहीं उन रुपयों से क्या जरूरी कार्य करना था? कहा नहीं जा सकता। विकल्प (a) के अनुसार, धन को अपने पास रखकर परीक्षा शुल्क जमा करा देना भी गलत होगा। अतः पहले विकल्प (b) सबसे बेहतर है कि बटुए के मालिक को ढूँढ़ने का प्रयास करें। उसके पश्चात् यदि मालिक नहीं मिलता है, तब विकल्प (c) सही रहेगा।

**7.** *(d)* विकल्प (d) सबसे बेहतर विकल्प है कि आप अपने व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक मामलों को अलग-अलग रखते हुए सारे मामले को गोपनीय रखेंगे।

**8.** *(c)* किसी को सड़क पर घायल पड़ा देखकर आपका प्रथम कर्त्तव्य उसे अस्पताल पहुँचाना होना चाहिए। कार्यालय पहुँचना किसी व्यक्ति के जीवन से अधिक कीमती नहीं हो सकता। अतः विकल्प (c) सही निर्णय है।

**9.** *(d)* पेंशन प्रकरण निपटाने में मदद न मिलने के कारण परेशान सेवानिवृत्त कर्मचारी को आप बैठने के लिए कहेंगे और उसकी समस्या सुनेंगे।

**10.** *(b)* विवाद आपका घरेलू कारण है, आप एक डॉक्टर भी हैं, अतः प्रशासनिक चिन्तन की दृष्टि से आपका प्रथम कर्त्तव्य किसी के जीवन की रक्षा करना है।

**11.** *(b)* विकल्प (b) सबसे निकटवर्ती उत्तर है, क्योंकि यह नियमानुसार एक कानूनी हवाला देकर अपनी बात रख रहा है। विकल्प (a) में बिना किसी ठोस तथ्य के समझाने की बात की जा रही है, जोकि उतना कारगर नहीं होगा। विकल्प (c) और (d) गैर-जिम्मेदाराना कृत्य होने के कारण सही नहीं हैं।

**12.** *(a)* एक समस्या के समाधान हेतु व्यक्ति को समस्या का अच्छी तरह विश्लेषण करने के साथ ही समस्या के बारे में हर सम्भव सूचना को एकत्रित करना पड़ता है। दूसरों की सलाह पर निर्भर होना, समस्या समाधान के लिए अनावश्यक है।

**13.** *(b)* दी गई समस्या के सन्दर्भ में विकल्प (b) असहयोग के कारणों की जाँच-पड़ताल करना ज्यादा उपयुक्त होगा, जिससे कारणों का निवारण कर सहयोग को पुनः प्राप्त किया जा सकता है, जबकि चेतावनी देना अथवा सदस्यों को प्रतिस्थापित करने की माँग करना अनावश्यक विवाद को बढ़ावा देगा।

**14.** *(c)* लोकतन्त्र में निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अराजक तत्त्व सदैव इस प्रक्रिया को बाधक करने का प्रयत्न करते रहते हैं, जिनसे लोगों की रक्षा के लिए पुलिस बल,अर्द्ध-सैन्य बल सरकार ने गठित किए हैं। अतः विकल्प (c) सही प्रतिक्रिया होगी।

**15.** *(c)* विकल्प (c) सबसे प्रबल है, क्योंकि एम्बुलेंस को बुलाना ज्यादा उचित कदम होगा। एम्बुलेंस के माध्यम से ज्यादा-से-ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सकती है। विकल्प (d) दूसरा प्रबल तर्क है, ताकि समय रहते जितना ज्यादा-से-ज्यादा हो सके घायलों की सहायता की जाए। विकल्प (a) पुलिस को बुलाना भी एक आवश्यक कार्यवाही होगी, ताकि आगे और सुरक्षा व्यवस्था के इन्तजाम हो सकें, परन्तु यह तीसरी प्राथमिकता होगी। विकल्प (b) खुद के मानवीय नैतिक मूल्य का हनन होगा।

## प्रकार *2.* आँकड़ा निर्णयन पर आधारित प्रश्न

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ सूचनाएँ या निर्देश दिए गए होते हैं, जिनके ठीक नीचे कुछ विशेष शर्तें या फिर शर्तों के साथ-साथ उपशर्तें भी दी गई होती हैं। इन्हीं सूचनाओं या निर्देशों के आधार पर प्रश्न में दी गई शर्तों एवं उपशर्तों को ध्यान में रखकर यह निर्णय करना होता है कि किसी विशेष पद के लिए उम्मीदवार का चयन किया जाएगा अथवा नहीं। जब शर्तों के साथ उपशर्तें भी दी गई हो, तब इस स्थिति में जो व्यक्ति उपरोक्त शर्तों को पूरा नहीं करता है, उसे उपशर्तों को पूरा करना होता है। जो व्यक्ति उपशर्तों को पूरा करता है, उसका मामला प्रश्नानुसार सम्बन्धित अधिकारी, जैसे- अध्यक्ष, सचिव, एम.डी., वी.पी. आदि के पास विचार हेतु भेजा जाता है। आपको दिए गए प्रत्येक प्रश्न में उपलब्ध किसी व्यक्ति के बारे में दी गई सभी जानकारियों तथा दी गई शर्तों व उपशर्तों के आधार पर विचार करते हुए निर्णय करना होता है कि किसी व्यक्ति के लिए कौन-सा निर्णय पूर्णरूप से उचित व सही है।

कुछ प्रश्नों में दी गई सूचना या शर्तों के आधार पर दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करना होता है जो दी गई सूचना या सभी शर्तों का पालन करता हो।

***उदाहरण* 5.** एक आईटी फर्म निम्नलिखित मापदण्डों की पूर्णता करने वाले छात्रों का चयन करती है। ***(RRB NTPC फैज I 2016)***

1. ऐसे छात्र जिन्होंने दसवीं कक्षा या उसके समकक्ष शिक्षा में कम-से-कम 70% अंक अर्जित किए हो।
2. ऐसे छात्र जिन्होंने 12वीं कक्षा या उसके समकक्ष शिक्षा में कम-से-कम 60% अंक अर्जित किए हो।
3. ऐसे छात्र जो केवल विज्ञान शाखा से हैं।

निम्नलिखित छात्रों में से कौन-से छात्र का चयन फर्म निश्चित ही करेगी?

A. S एक कला शाखा का छात्र है, जिसने 12वीं कक्षा में 70% और 10वीं कक्षा में 60% अर्जित किए हैं।
B. P ने 12वीं कक्षा में 80% और 10वीं कक्षा में 90% अर्जित किए हैं और वाणिज्य का अध्ययन किया है।
C. U जिसने कक्षा 10 में 65% और 12वीं कक्षा में 65% अर्जित किए हैं और विज्ञान का अध्ययन किया है।
D. G जिसने कक्षा 10 में 75% और 12वीं कक्षा में 65% अर्जित किए हैं और विज्ञान का अध्ययन किया है।

(a) B (b) D
(c) C (d) A

***व्याख्या*** *(b)* S शर्त 3 व 1 का उल्लंघन करता है। P शर्त 3 का उल्लंघन करता है तथा U शर्त 1 का उल्लंघन करता है। इसलिए इनका चयन नहीं होगा। केवल G सभी मापदण्डों को पूरा करता है। अतः G का चयन निश्चित रूप से होगा।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 6-10) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS RRB Officers 2013)***

एक संगठन में प्रबन्धक वित्त के चयन की शर्तें निम्नानुसार हैं।

**उम्मीदवार**

(i) किसी भी विषय में कम-से-कम 50 प्रतिशत अंक सहित स्नातक होना चाहिए।
(ii) वित्त में विशेषज्ञता सहित प्रबन्धन में स्नातकोत्तर होना चाहिए।
(iii) की उम्र यथा 01-02-2013 को कम-से-कम 25 वर्ष होनी चाहिए और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
(iv) को किसी संगठन के लेखा/वित्त विभाग में कम-से-कम, अर्हता प्राप्ति के बाद का, दो वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
(v) को चयन प्रक्रिया में कम-से-कम 40 प्रतिशत अंक मिले होने चाहिए।

**ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो सभी मानदण्ड पूरे करता है, सिवाय**

(A) उपरोक्त (ii) के, किन्तु उसने बतौर उपप्रबन्धक-वित्त किसी संगठन से कम-से-कम तीन वर्ष कार्य किया है तो उसका मामला महाप्रबन्धक-वित्त के पास भेजा जाना है।
(B) उपरोक्त (v) के, किन्तु उसे स्नातकोत्तर स्तर पर कम-से-कम 70 प्रतिशत अंक मिले हैं तो उसका मामला प्रेसिडेन्ट-वित्त के पास भेजा जाना है।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार की विस्तृत जानकारी दी गई है। दी गई जानकारी और ऊपर दी गई शर्तों और उपशर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है और तद्नुसार अपना उत्तर देना है। प्रत्येक उम्मीदवार के बारे में दी गई जानकारी को छोड़कर आपको और कुछ मानकर नहीं चलना है। ये सभी मामले आपको यथा 01-02-2013 दिए गए हैं।

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं करना है
(b) यदि दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) यदि मामला महाप्रबन्धक-वित्त के पास भेजा जाना है
(d) यदि मामला प्रेसीडेन्ट-वित्त के पास भेजना है
(e) यदि उम्मीदवार का चयन करना है

***उदाहरण* 6.** गीता कोठारी का जन्म 10 सितम्बर, 1980 को हुआ था। वित्त में विशेषता सहित अपना MBA पूरा करने के बाद वह पिछले चार वर्ष से एक संगठन के वित्त विभाग में काम कर रही है। उसे चयन प्रक्रिया में 60 प्रतिशत अंक मिले हैं।

***उदाहरण* 7.** रवि शर्मा को स्नातक में 60 प्रतिशत अंक मिले हैं। 75 प्रतिशत सहित अपना MBA पूरा करने के बाद, पिछले चार वर्ष से वह एक संगठन के वित्त विभाग में कार्य कर रहा है। उसका जन्म 25 मई, 1983 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 39 प्रतिशत अंक मिले हैं।

**उदाहरण 8.** रंजीत मल्होत्रा को स्नातक में 55 प्रतिशत और MBA वित्त में 65 प्रतिशत अंक मिले हैं। अपना MBA पूरा करने के बाद वह चार वर्ष से एक संगठन में बतौर उपप्रबन्धक वित्त कार्य कर रहा है। उसका जन्म 24 फरवरी, 1985 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 60 प्रतिशत अंक मिले हैं।

**उदाहरण 9.** दीपक बनर्जी का जन्म 8 जुलाई, 1977 को हुआ था। उसे स्नातक और MBA-वित्त दोनों में 65 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसे चयन प्रक्रिया में 70 प्रतिशत अंक मिले हैं। अपना MBA पूरा करने के बाद पिछले तीन वर्ष से वह एक संगठन के लेखा विभाग में कार्यरत है।

**उदाहरण 10.** संकेत चोपड़ा अपना स्नातक 65 प्रतिशत अंक सहित पूरा करने के बाद, पिछले चार वर्ष से एक संगठन में बतौर उपप्रबन्धक - वित्त कार्य कर रहा है।

उसने वित्त प्रबन्धन में डिप्लोमा भी किया है। उसे चयन प्रक्रिया में 55 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसका जन्म 3 अप्रैल, 1983 को हुआ था।

***उत्तर*** (उदाहरण सं. 6-10) प्रश्नानुसार,

| उम्मीदवार | (i) | (ii) | या | A | (iii) | (iv) | (v) | या | B |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गीता | जानकारी अपर्याप्त | ✓ | | – | ✓ | ✓ | ✓ | | – |
| रवि | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | – | | ✓ |
| रंजीत | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | ✓ | | – |
| दीपक | ✓ | ✓ | | – | ✗ | ✓ | ✓ | | – |
| संकेत | ✓ | – | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ | | – |

**6.** *(b)* शर्त (i) के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

**7.** *(d)* रवि शर्मा शर्तें (i), (ii), (iii), (iv) तथा उपशर्त (B) पूरी करता है। अतः उसका मामला प्रेसिडेन्ट-वित्त के पास भेजा जाना चाहिए।

**8.** *(e)* रंजीत मल्होत्रा सभी शर्तें पूरी करता है। अतः उसका चयन किया जाना चाहिए।

**9.** *(a)* दीपक बनर्जी शर्त (iii) पूरी नहीं करता है। अतः उसका चयन नहीं किया जा सकता।

**10.** *(c)* संकेत चोपड़ा शर्तें व उपशर्त (i), (A), (iii), (iv) तथा (v) पूरी करता है। अतः इसका मामला महाप्रबन्धक - वित्त के पास भेजा जाना चाहिए।

# प्रश्नावली 26.2

**1.** एक कम्पनी कुछ अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर सम्बन्धी कार्य के लिए नियुक्त करना चाहती है। उनको निम्नलिखित कसौटियों पर खरा उतरना होगा *(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)*

1. अभ्यर्थी के दसवीं के या समतुल्य परीक्षा में कम-से-कम 65% अंक होने चाहिए।
2. अभ्यर्थी को एमएस वर्ड (MS Word) और एक्सेल (Excel) का ज्ञान होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी को या तो C या C+ + का ज्ञान अवश्य होना चाहिए।

निम्नलिखित में से किसको कम्पनी निश्चित रूप से नियुक्त करने वाली है?

(A) M ने दसवीं की परीक्षा में 70% अंक अर्जित किए हैं और उसे केवल C और एमएस वर्ड का ज्ञान है

(B) S ने C सीखी है और एक प्रोग्राम भी बनाया है, उसे एमएस वर्ड और एक्सेल का भी ज्ञान है और उसने दसवीं की परीक्षा में 63% अंक अर्जित किए हैं

(C) H के दसवीं की परीक्षा में 68% अंक हैं उसको एमएस वर्ड और एक्सेल का ज्ञान है, परन्तु किसी भी प्रकार का अन्य कम्प्यूटर ज्ञान नहीं है

(D) U को C+ +, एमएस वर्ड और एक्सेल का ज्ञान है और उसने दसवीं की परीक्षा में 66% अंक अर्जित किए हैं

(a) B (b) D
(c) C (d) A

**2.** एक महिला निम्नलिखित वस्तुएँ, दी गई श्रेणी में खरीदना चाहती है

1. टमाटर ₹40 और ₹45 प्रति किलो के बीच हैं।
2. अंगूर ₹80 और ₹90 प्रति किलो की कीमत श्रेणी में हैं।
3. दूध के पैकेट प्रति लीटर ₹23 में हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान से उसे निश्चित रूप से उसकी सभी वस्तुएँ मिल जाएँगी?

(A) दुकान S प्रति आधा किलो टमाटर ₹22.5 में, प्रति किलो अंगूर ₹24 में और प्रति लीटर दूध ₹82 में बेचता है

(B) दुकान H अंगूर ₹21 प्रति चौथाई किलो में, दूध 12.5 आधा लीटर और टमाटर ₹22 पर प्रति आधा किलो में बिकता है

(C) दुकान O दूध ₹11.5 प्रति आधा लीटर, टमाटर ₹21 प्रति आधा किलो और अंगूर ₹43 प्रति आधा किलो बेचती है

(D) दुकान P टमाटर ₹23 पर प्रति आधा किलो, अंगूर ₹23.5 प्रति किलो और दूध ₹85 प्रति लीटर में बेचती है *(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)*

(a) B (b) D (c) C (d) A

**3.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

सुदीप आईओसीएल पानीपत कम्पनी में आवासीय आवास के लिए आवेदन कर रहा है। आईओसीएल कम्पनी द्वारा आवासीय आवास प्राप्त करने के लिए, कर्मचारी को निम्नलिखित मानदण्ड पूरे करने होंगे।

(i) उसने कम्पनी में कम-से-कम 10 वर्ष और एबीसी विभाग में कम-से-कम 4 वर्ष के लिए काम किया हो।

(ii) उसके परिवार में अधिकतम पाँच सदस्य होने चाहिए।

(iii) सेवानिवृत्ति की उम्र 58 वर्ष होने से पहले कम से कम 5 वर्ष का कार्यकाल शेष बचा हो।

(iv) वह एक घर का मालिक या सह-मालिक नहीं होना चाहिए (यदि पति/पत्नी में से एक मालिक है।)

उन मामलों के लिए जिनमें एक कर्मचारी उपरोक्त

(i) को छोड़कर सभी शर्तों को पूरा करता है और एक प्रबंधक के रूप में कम्पनी में शामिल हुआ है, उसे निर्देशक को संदर्भित किया जाएगा।

उपरोक्त (iii) को छोड़कर सभी शर्तों को पूरा करता है और कम्पनी में एक वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में काम कर रहा है, उस प्रबन्ध निर्देशक को संदर्भित किया जाएगा।

किसी अन्य शहर से स्थानांतरित किया गया हो, शर्त (i) को हटाया जा सकता है।

उपरोक्त शर्तों के आधार पर, तय करें कि सुदीप को आवास प्रदान किया जाएगा या नहीं या मामला उच्च प्राधिकरण को संदर्भित किया जाएगा। सभी मामलों को 31 जुलाई, 2016 को प्रस्तुत किया जाता है।

सुदीप को दूसरे कार्यालय से स्थानांतरित किया गया है और 6 फरवरी, 2016 को उसकी आयु 53 वर्ष थी। वह पिछले 20 वर्षों से कम्पनी में नौकरी कर रहा है, जिसमें से उसने एबीसी विभाग में 6 वर्ष काम किया है। उसके परिवार में 4 सदस्य है और न ही वह और न ही उनकी पत्नी के पास किसी घर का स्वामित्व है। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) उसके मामले को निर्देशक के पास भेजा जाएगा
(b) सुदीप को कम्पनी आवास प्रदान किया जाएगा
(c) उसके मामले को प्रबंधन निर्देशक के पास भेजा जाएगा
(d) सुदीप को कम्पनी आवास प्रदान नहीं किया जाएगा

***निर्देश*** (प्र.स. 4-8) *एक कम्पनी ने अपने व्यापार को एक-नई गति देने के लिए एक कण्टेण्ट प्रबन्धक* (CM) *नियुक्त करने का फैसला किया। कम्पनी द्वारा निम्नलिखित शर्तें निर्धारित की गई हैं।* ***(IDBI Executive 2018)***

**उम्मीदवार के पास होना चाहिए**

(i) कम-से-कम 65% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री।

(ii) बैंक पीओ की कम-से-कम 5 लिखित परीक्षा उत्तीर्ण हो।

(iii) कम्पनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा (कुल अंक 200) में कम-से-कम 60% अंक प्राप्त किए हों।

(iv) कम्पनी द्वारा इस पद के लिए कराए गए साक्षात्कार में 75 अंकों में से कम-से-कम 40% अंक प्राप्त किए हों।

(v) कम्प्यूटर का कार्यात्मक ज्ञान।

(vi) 14 जनवरी, 2012 को 30 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो।

**उम्मीदवार सभी शर्तें पूरी करता है, सिवाय**

1. उपरोक्त (i) के लेकिन स्नातक है, तो मामला कम्पनी के निदेशक के पास जाएगा।
2. उपरोक्त (iii) के, तो मामला कम्पनी के सहायक उपाध्यक्ष के पास जाएगा।

उपरोक्त शर्तों और नीचे दिए गए प्रत्येक मामले में दी गई जानकारी के आधार पर आपको एक निर्णय करना है। आपको स्वयं कोई अनुमान नहीं लगाना है। यदि आपको लगता है कि निर्णय लेने के लिए आँकड़े अपर्याप्त हैं, तो अपना उत्तर आँकड़े अपर्याप्त दीजिए। आपको ये सारे मामले यथा 14/01/2012 में दिए गए हैं।

***4.*** सुरभी गौरव का जन्म 12 जनवरी, 1981 को हुआ था, वह अपना स्नातक 67% अंकों के साथ पूरा कर चुकी है। जब वह यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के लिए साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुई थी तब वह उसका पाँचवाँ साक्षात्कार था। उसके पास कम्प्यूटर का कार्यकारी ज्ञान भी है। कम्पनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में उसे क्रमशः 121 और 88 अंक मिले हैं।

(a) यदि उम्मीदवार का चयन सीएम के रूप में किया जाना है
(b) यदि उम्मीदवार को सीएम के रूप में नहीं चुना जाना है
(c) यदि मामले को कम्पनी के निदेशक को भेजा जाना है
(d) यदि मामला कम्पनी के सहायक निदेशक को भेजा जाना है
(e) यदि कोई निर्णय लेने के लिए आँकड़े अपर्याप्त हैं

***5.*** विनित पटेल को कम्प्यूटर की कार्यकारी जानकारी है उसने कम्पनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में क्रमशः 125 अंक और 32 अंक प्राप्त किए हैं। जब वह बैंक ऑफ इण्डिया के लिए पीओ के साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुआ था, तो वह उसका बैंक पीओ के लिए छठा साक्षात्कार था। उसने 10 जनवरी, 2012 को अपनी बहन के जन्मदिन की संध्या पर एक अच्छा नृत्य किया था, जो उससे 8 वर्ष छोटी है।

(a) यदि उम्मीदवार का चयन सीएम के रूप में किया जाना है
(b) यदि उम्मीदवार को सीएम के रूप में नहीं चुना जाना है
(c) यदि मामले को कम्पनी के निदेशक को भेजा जाना है
(d) यदि मामला कम्पनी के सहायक निदेशक को भेजा जाना है
(e) यदि कोई निर्णय लेने के लिए आँकड़े अपर्याप्त हैं

***6.*** मलिक आनन्द एक प्रतिभाशाली कार्यकारी कम्प्यूटर इन्जीनियर है, जिसकी आयु 31 वर्ष है। वह पहले से ही बैंक पीओ की छह परीक्षाएँ उत्तीर्ण कर चुका है। वह 65% अंकों के साथ स्नातक है। उसने सीएम के लिए कम्पनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में 40% अंक तथा साक्षात्कार में 60% अंक प्राप्त किए हैं।

(a) यदि उम्मीदवार का चयन सीएम के रूप में किया जाना है
(b) यदि उम्मीदवार को सीएम के रूप में नहीं चुना जाना है
(c) यदि मामले को कम्पनी के निदेशक को भेजा जाना है
(d) यदि मामला कम्पनी के सहायक निदेशक को भेजा जाना है
(e) यदि कोई निर्णय लेने के लिए आँकड़े अपर्याप्त हैं

***7.*** शोभा विजय को कम्प्यूटर का कार्यकारी ज्ञान है। वह 65% अंकों के साथ स्नातक है। उसने बैंक पीओ की पाँच परीक्षाएँ उत्तीर्ण की हैं। उसने सीएम के लिए कम्पनी द्वारा आयोजित साक्षात्कार और लिखित परीक्षा में क्रमशः 40% और 60% अंक प्राप्त किए हैं। पिछले तीन वर्षों में उसकी आयु 18 से अधिक रही है।

(a) यदि उम्मीदवार का चयन सीएम के रूप में किया जाना है
(b) यदि उम्मीदवार को सीएम के रूप में नहीं चुना जाना है
(c) यदि मामले को कम्पनी के निदेशक को भेजा जाता है
(d) यदि मामला कम्पनी के सहायक निदेशक को भेजा जाना है
(e) यदि कोई निर्णय लेने के लिए आँकड़े अपर्याप्त हैं

***8.*** आलंकिता मंगल 65% अंकों के साथ स्नातक हैं। उसने कम्पनी द्वारा आयोजित सीएम के लिए साक्षात्कार में 30 अंक तथा लिखित परीक्षा में 123 अंक प्राप्त किए हैं। वह 32 वर्ष की है और उसके पास कम्प्यूटर चालन का कार्यात्मक ज्ञान है। उसने बैंक पीओ परीक्षा के पाँच से अधिक साक्षात्कार दिए हैं।

(a) यदि उम्मीदवार का चयन सीएम के रूप में किया जाना है
(b) यदि उम्मीदवार को सीएम के रूप में नहीं चुना जाना है
(c) यदि मामले कम्पनी के निदेशक को भेजा माना है
(d) यदि मामला को कम्पनी के सहायक निदेशक को भेजा जाना है
(e) यदि कोई निर्णय लेने के लिए आँकड़े अपर्याप्त हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 9-11) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। एक संस्था द्वारा कॉलेज के प्रिन्सिपल के चयन के लिए निम्न मानदण्ड हैं; उसे/उसके पास* ***(UP Police SI 2017)***

I. किसी भी विषय में पीएचडी पूरी की होनी चाहिए।

II. एक संस्था में प्रधानाचार्य के रूप में कम-से-कम 8 वर्ष का कार्य का अनुभव होना चाहिए।

III. 1 अक्टूबर, 2016 को 45 वर्ष से कम और 65 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

IV. 60% अंक के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की पढ़ाई पूरी की होनी चाहिए।

**यदि एक उम्मीदवार सभी उपरोक्त मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय**

(A) उपरोक्त (I) के, लेकिन अगर उसके पास 15 से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव है, तो उसके मामले को संस्था के डीन के पास भेजा जाएगा।

(B) उपरोक्त (II) के, लेकिन अगर उसके पास प्रशासन विभाग की जानकारी है, तो उसके मामले को संस्था के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

***9.*** उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

सन्दीप सिंह ने क्रमशः 70% और 65% अंकों के स्नातकोत्तर और स्नातक की डिग्री को पूरा कर लिया है। उन्हें प्रधानाचार्य के रूप में 16 वर्ष का अनुभव है। उनके पास पीएचडी की डिग्री नहीं है। वे 59 वर्ष के हैं।

(a) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है
(b) दी गई जानकारी अपर्याप्त है
(c) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा
(d) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा

***10.*** उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

शिव रामकृष्णन ने गणित में पीएचडी किया है, और शिक्षण में 16 वर्ष का अनुभव है और अभी वह प्रतिष्ठित संस्था में प्रधानाचार्य है। उन्होंने क्रमशः 60% और 63% अंकों के साथ स्नातकोत्तर व स्नातक की पढ़ाई की है वह 56 वर्ष के हैं।

(a) उम्मीदवार को प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है
(b) दी गई जानकारी अपर्याप्त है
(c) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा
(d) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा

**11.** उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?
नर्सीमन ने पीएचडी पूरी कर ली है, वह 46 वर्ष का है और उसे प्रधानाचार्य के रूप में 10 वर्षों का अनुभव है।
(a) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा
(b) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है
(c) दी गई जानकारी अपर्याप्त है
(d) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा

***निर्देश*** (प्र.सं. 12-16) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS PO 2014)***

**उम्मीदवार**

(i) को प्रवेश परीक्षा में कम-से-कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिए।
(ii) कम-से-कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक होना चाहिए।
(iii) के पास मानव संसाधन प्रबन्धन/प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा होना चाहिए।
(iv) की आयु यथा 01.09.2013 को 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।
(v) को हायर सेकण्डरी विद्यालय परीक्षा में कम-से-कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त होना चाहिए।

**यदि कोई उम्मीदवार सभी शर्तें पूरी करता है, सिवाय**

(a) उपरोक्त (i), किन्तु प्रबन्धन के अन्तिम सेमेस्टर में उसे 65 प्रतिशत अंक तथा प्रवेश परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक मिले हों तो उसे हेड HR के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।
(b) उपरोक्त (ii), किन्तु उसे अर्हता प्राप्ति के बाद किसी कम्पनी में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव है तथा हायर सेकण्डरी विद्यालय परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक मिले हों तो उसे कम्पनी का CEO नियुक्त किया जा सकता है। नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का विवरण दिया गया है। आपको दी गयी सूचना तथा ऊपर दी गयी शर्तों एवं उप-शर्तों के आधार पर निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है और उस कार्यवाही की संख्या को उत्तर रूप में दर्शाना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गयी सूचना के अलावा आपको कोई और अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 01.09.2013 दिए गए हैं।

**12.** शिव कुमार कामथ का जन्म 13 अगस्त, 1987 को हुआ था तथा उसने मानव संसाधन प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। उसे प्रवेश परीक्षा में 65 प्रतिशत अंक तथा हायर सेकण्डरी विद्यालय परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसने 62 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन पूरा किया है।
(a) कम्पनी में हेड HR के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(b) कम्पनी में HR प्रबन्धक के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(c) दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है
(d) कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(e) कम्पनी में नियुक्ति नहीं हो सकती है

**13.** राहिल खान बिजनेस मैनेजमेंट सिस्टम से पोस्ट ग्रेजुएट है। उसका जन्म 9 अप्रैल, 1988 को हुआ था। उसे ग्रेजुएशन में 64 प्रतिशत अंक तथा हायर सेकण्डरी विद्यालय परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक मिले।
(a) कम्पनी में हेड HR के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(b) कम्पनी में HR प्रबन्धक के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(c) दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है
(d) कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(e) कम्पनी में नियुक्ति नहीं हो सकती है

**14.** नकुल भटनागर का जन्म 17 मई, 1985 को हुआ था तथा वह बिजनेस मैनेजमेन्ट सिस्टम में पोस्ट ग्रेजुएट है। उसे अन्तिम सेमेस्टर में 71 प्रतिशत अंक तथा प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक मिले। हायर सेकण्डरी विद्यालय परीक्षा में उसे 60 प्रतिशत अंक मिले। उसने 63 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन पूरा किया है।
(a) कम्पनी में हेड HR के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(b) कम्पनी में HR प्रबन्धक के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(c) दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है
(d) कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(e) कम्पनी में नियुक्ति नहीं हो सकती है

**15.** मनोहर ताम्बे का जन्म 3 मार्च, 1984 को हुआ था और उसने 58 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन किया है। उसने मानव संसाधन प्रबन्धन में डिप्लोमा किया है। वह विगत दो वर्षों से एक कम्पनी में कार्यरत् है तथा उसे हायर सेकण्डरी विद्यालय परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक मिले। प्रवेश परीक्षा में उसने 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।
(a) कम्पनी में हेड HR के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(b) कम्पनी में HR प्रबन्धक के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(c) दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है
(d) कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(e) कम्पनी में नियुक्ति नहीं हो सकती है

**16.** स्वाति शिंदे का जन्म 1 जनवरी, 1986 को हुआ था। उसे मानव संसाधन के विधिक दल में काम करने का पाँच वर्ष का अनुभव है। उसने हायर सेकण्डरी प्रवेश परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा प्रवेश परीक्षा में 65 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ग्रेजुएशन में उसे 58 प्रतिशत अंक मिले। उसने विशिष्टता के साथ प्रबन्धन में डिप्लोमा किए है।
(a) कम्पनी में हेड HR के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(b) कम्पनी में HR प्रबन्धक के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(c) दिया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है
(d) कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्ति हो सकती है
(e) कम्पनी में नियुक्ति नहीं हो सकती है

***निर्देश*** (प्र. सं. 17-21) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(IBPS SO 2014)***

एक संस्था में प्रबन्धक-HR का चयन करने की शर्तें दी गई हैं।

**उम्मीदवार**

(i) यथा 01.03.2012 को कम-से-कम 30 वर्ष का और 35 वर्ष से अधिक का न हो।
(ii) को ग्रेजुएशन में किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 60 प्रतिशत अंक मिले हों।
(iii) को कार्मिक प्रबन्धन/HR में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 65 प्रतिशत अंक मिले हों।
(iv) को किसी संस्था के कार्मिक/HR विभाग में योग्यता प्राप्ति के बाद कम-से-कम पाँच वर्ष का कार्य अनुभव हो।
(v) को चयन प्रक्रिया में कम-से-कम 50 प्रतिशत अंक मिले हों।

**उस उम्मीदवार के मामले में जो उपरोक्त सभी शर्तें पूरी करता हो, सिवाय**

(a) उपरोक्त (ii) के, लेकिन उसे ग्रेजुएशन में किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 55 प्रतिशत अंक मिले हों और कार्मिक प्रबन्धन/HR में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 70 प्रतिशत अंक मिले हों तो मामला GM-HR को भेजा जाएगा।
(b) उपरोक्त (iv) के, लेकिन योग्यता प्राप्ति के बाद कम-से-कम चार वर्ष का कार्य अनुभव हो और उसमें से कम-से-कम दो वर्ष उप प्रबन्धक-HR के तौर पर रहा हो, तो मामला प्रेसीडेन्ट-HR को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का ब्योरा दिया गया है। उपलब्ध कराई गई इस जानकारी और ऊपर दी गई शर्तों एवं उपशर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्रवाई करनी होगी।

उस कार्रवाई की संख्या को अपने उत्तर के रूप में दर्शाइए। प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सभी मामले आपको यथा 01.03.2012 दिए गए हैं।
(a) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है
(b) यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) यदि मामला प्रेसीडेंट-HR का भेजा जाएगा
(d) यदि मामला GM-HR को भेजा जाएगा
(e) उम्मीदवार का चयन किया जाना है

**17.** रीता भट्ट का जन्म 25 जुलाई, 1978 को हुआ था। उसे ग्रेजुएशन में 62 प्रतिशत और प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में 65 प्रतिशत अंक मिले हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद वह एक संस्था के कार्मिक विभाग में पिछले छह वर्ष से कार्यरत् है। चयन प्रक्रिया में उसे 55 प्रतिशत अंक मिले हैं।

**18.** अशोक प्रधान का जन्म 8 अगस्त, 1980 को हुआ था। 67 प्रतिशत अंकों के साथ कार्मिक प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद वह पिछले चार वर्ष से एक संस्था के कार्मिक विभाग में कार्यरत् है। अपने पूरे अनुभव में से वह पिछले दो वर्ष से उप प्रबन्धक-HR के रूप में कार्य कर रहा है। उसे ग्रेजुएशन में 62 प्रतिशत और चयन प्रक्रिया में 58 प्रतिशत अंक मिले हैं।

**19.** आलोक वर्मा का जन्म 4 मार्च, 1976 को हुआ था। वह 66 प्रतिशत अंकों के साथ कार्मिक प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले छह साल से एक संस्था के कार्मिक विभाग में कार्य कर रहा है। उसे चयन प्रक्रिया में 57 प्रतिशत और ग्रेजुएशन में 63 प्रतिशत अंक मिले हैं।

**20.** स्वपन घोष 72 प्रतिशत अंक लेकर HR में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद पिछले पाँच वर्ष से एक संस्था के कार्मिक विभाग में कार्यरत् है। उसे ग्रेजुएशन में 56 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसका जन्म 12 मई, 1977 को हुआ था। चयन प्रक्रिया में उसे 58 प्रतिशत अंक मिले हैं।

**21.** सीमा बहल 70 प्रतिशत अंकों के साथ कार्मिक प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले सात वर्ष से एक संस्था के कार्मिक विभाग में कार्यरत् है। उसका जन्म 5 जुलाई, 1979 को हुआ था। उसे ग्रेजुएशन में 65 प्रतिशत और चयन प्रक्रिया में 50 प्रतिशत अंक मिले हैं।

***निर्देश*** (प्र.सं. 22-26) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

नीचे एक बैंक में वरिष्ठ प्रबन्धक साधारण बैंकिंग के चयन की शर्तें दी गई हैं।

**उम्मीदवार**

(i) को कक्षा XII में कम-से-कम 60% अंक मिले हों।
(ii) को ग्रेजुएशन के किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 55% अंक मिले हों।
(iii) को प्रबन्धन/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 60% अंक मिले हों।
(iv) 1-3-2010 को कम-से-कम 25 वर्ष का हो और 35 वर्ष से अधिक न हो।
(v) को कम-से-कम 2 साल का बैंक में जनरल बैंकिंग ऑफिसर पद पर शिक्षा कार्य का अनुभव हो।
(vi) को लिखित परीक्षा में कम-से-कम 50% अंक मिले हों।
(vii) को व्यक्तिगत साक्षात्कार में कम-से-कम 40% अंक मिले हों।

**यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त सभी शर्तें पूरी करता हो, सिवाय**

A. उपरोक्त (iii) के, लेकिन CA या ICWA, में कम-से-कम 60 प्रतिशत अंक मिले हों, तो मामला VP-भर्ती को भेजा जाएगा।

B. उपरोक्त (vii) के, लेकिन लिखित परीक्षा में कम-से-कम 65% अंक मिले हों और व्यक्तिगत साक्षात्कार में कम-से-कम 35% अंक मिले हों तो मामला प्रेसिडेन्ट-भर्ती को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का विवरण दिया गया है। आपको उपलब्ध कराई गई इस सूचना और ऊपर दी गई शर्तों और उपशर्तों के आधार पर निम्न में से एक कार्यवाही करनी है और उस कार्यवाही की संख्या को अपने उत्तर के रूप में दिखाना है। प्रत्येक प्रश्न में उपलब्ध कराई गई सूचना के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। आपको ये सारे मामले यथा 1.3.2010 दिए जा रहे हैं। ***(SBI PO 2010)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि उपलब्ध कराए गए आँकड़े निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त हैं
(b) यदि मामला VP-भर्ती को भेजा जाएगा
(c) यदि मामला प्रेसिडेन्ट-भर्ती को भेजा जाएगा
(d) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाएगा
(e) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाएगा

**22.** सोहन माझी को B.Sc. में 65% और M.Sc. सांख्यिकी में 70% अंक मिले है। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद पिछले तीन वर्ष से वह एक बैंक में जर्नलिस्ट अधिकारी के तौर पर काम कर रहा है। उसे लिखित परीक्षा में 55% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 50% अंक मिले हैं। उसका जन्म 8 जुलाई, 1982 को हुआ था।

**23.** नीता जायसवाल का जन्म 2 जून, 1980 को हुआ था। 60% अंक लेकर अर्थशास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद वह पिछले तीन वर्ष से एक बैंक में जर्नलिस्ट अधिकारी के तौर पर काम कर रही है। उसे HSC में 68% अंक और B.Com. में 58% अंक मिले है। उसे लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार दोनों में 50% अंक मिले हैं।

**24.** अरविंदम् घोष 60% अंकों के साथ प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा करने के बाद पिछले चार वर्ष से एक बैंक में जर्नलिस्ट अधिकारी के रूप मे काम कर रहा है। उसे लिखित परीक्षा में 50% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 40% अंक मिले हैं। कक्षा XII में भी उसे 70% अंक मिले है। उसका जन्म 25 फरवरी, 1975 को हुआ था।

**25.** केशव वोरा का जन्म 8 नवम्बर, 1978 को हुआ था। उसे कक्षा XII में 65% और ग्रेजुएशन में 60% अंक मिले हैं। उसे M.A. अर्थशास्त्र में 58% और ICWA में 60% अंक मिले हैं। शिक्षा पूरी करने के बाद पिछले दो वर्ष से वह एक बैंक में जर्नलिस्ट अधिकारी के रूप के काम कर रहा है। उसे लिखित परीक्षा में 50% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 45% अंक मिले हैं।

**26.** नेहा साल्वे 60% अंकों के साथ अर्थशास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री पूरी करने के बाद पिछले चार वर्ष से एक बैंक में जर्नलिस्ट अधिकारी के रूप में काम कर रही है। उसे ग्रेजुएशन और कक्षा XII दोनों में 60% अंक मिले हैं। उसका जन्म 24 अगस्त, 1979 को हुआ था। उसे लिखित परीक्षा में 70% और व्यक्तिगत साक्षात्कार में 38% अंक मिले हैं।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* M शर्त 2 का उल्लंघन करता है। S शर्त 1 का उल्लंघन करता है तथा H शर्त 3 का पालन नहीं करता है। इसलिए इनकी नियुक्ति नहीं होगी। केवल U सभी शर्तो का पालन करता है। अतः U की नियुक्ति होगी।

**2.** *(c)* दुकान O से महिला को निश्चित रूप से उसकी सभी वस्तुएँ मिल जाएँगी। क्योंकि वहाँ दूध की कीमत ₹ 23 प्रति लीटर है, टमाटर की कीमत ₹ 42 प्रति किलो है तथा अंगूर की कीमत ₹ 86 प्रति किलो है।

**3.** *(d)* चूँकि सुदीप की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 वर्ष होने से पहले कम से कम 5 वर्ष का कार्यकाल शेष बचा नहीं है। अतः सुदीप को कम्पनी आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।

**उत्तर** (प्र.सं. 4-8) प्रश्नानुसार,

| उम्मीदवार | शर्त | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (i) | या (1) | (ii) | (iii) | या (2) | (iv) | (v) | (vi) |
| सुरभी गौरव | ✓ | - | - | ✓ | - | ✓ | ✓ | ✓ |
| विनित पटेल | - | - | ✓ | ✓ | - | ✓ | ✓ | - |
| मलिक आनन्द | ✓ | - | ✓ | ✗ | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| शोभा विजय | ✓ | - | ✓ | ✓ | - | ✓ | ✓ | - |
| आलंकिता | ✓ | - | ✓ | ✓ | - | ✓ | ✓ | ✓ |

**4.** *(e)* सुरभी गौरव पाँच साक्षात्कारों में सम्मलित हुई परन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि वे बैंक पीओ के थे। अतः आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**5.** *(e)* दी गई जानकारी से विनित पटेल की आयु स्पष्ट नहीं है। अतः आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**6.** *(d)* मलिक आनन्द ने लिखित परीक्षा में 60% अंक प्राप्त नहीं किए। अतः मामला कम्पनी के सहायक निदेशक को भेजा जाना है।

**7.** *(e)* दी गई जानकारी से शोभा विजय की आयु स्पष्ट नहीं है। अतः आँकड़े अपर्याप्त हैं।

**8.** *(a)* आलंकिता मंगल सभी शर्तें पूरी करती हैं। अतः इनका चयन होगा।

**उत्तर** (प्र.स. 9-11) प्रश्नानुसार,

| उम्मीदवार | (I) | या | (A) | (II) | या | (B) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सन्दीप | - | | ✓ | ✓ | | | ✓ | ✓ |
| शिव रामकृष्णन | ✓ | | | डाटा अपर्याप्त | | | ✓ | ✓ |
| नर्सीमन | ✓ | | | ✓ | | | ✓ | डाटा अपर्याप्त |

**9.** *(c)* सन्दीप सिंह का मामला संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा।

**10.** *(b)* शिव रामकृष्णन का चयन किया जाएगा या नहीं यह निर्णय लेने के लिए डाटा अपर्याप्त है।

**11.** *(c)* नर्सीमन के चयन के विषय में डाटा अपर्याप्त है।

**उत्तर** (प्र.सं. 12-16) प्रश्नानुसार,

| उम्मीदवार | शर्तें | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (i) | या | (a) | (ii) | या | (b) | (iii) | (iv) | (v) |
| शिव | ✓ | | - | ✓ | | - | ✓ | ✓ | ✓ |
| राहिल | आँकड़े अपर्याप्त | | - | ✓ | | - | ✓ | ✓ | ✓ |
| नकुल | - | | ✓ | ✓ | | - | ✓ | ✓ | ✓ |
| मनोहर | ✓ | | - | ✗ | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| स्वाति | ✓ | | - | ✗ | | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |

**12.** *(b)* शिव कुमार कामथ सभी शर्तें पूरी करता है। अतः इसे कम्पनी में HR प्रबन्धक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

**13.** *(c)* शर्त (i) या (a) के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

**14.** *(a)* नकुल भटनागर शर्तें (a), (ii), (iii), (iv) तथा (v) पूरी करता है। अतः उसे कम्पनी में हेड HR के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

**15.** *(d)* मनोहर ताम्बे शर्तें (i), (b), (iii), (iv) तथा (v) पूरी करता है। अतः उसे कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

**16.** *(d)* स्वाति शिंदे शर्तें (i), (b), (iii), (iv) तथा (v) पूरी करती है। अतः उसे कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 17-21) प्रश्नानुसार,

| उम्मीदवार | शर्तें | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (i) | (ii) | या | (a) | (iii) | (iv) | या | (b) | (v) |
| रीता | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| अशोक | ✓ | ✓ | | – | ✓ | – | | ✓ | ✓ |
| आलोक | ✗ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| स्वपन | ✓ | ✗ | | ✓ | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| सीमा | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | | – | ✓ |

**17.** *(e)* रीता भट्ट सभी शर्तें पूरी करती है। अतः उसका चयन किया जा सकता है।

**18.** *(c)* अशोक प्रधान शर्तें (i), (ii), (iii), (b) और (v) पूरी करता है। अतः उसका मामला प्रेसीडेन्ट-HR को भेजा जाएगा।

**19.** *(a)* आलोक वर्मा शर्त (i) पूरी नहीं करता है।

**20.** *(d)* स्वपन घोष शर्तें (i), (a), (iii) (iv) एवं (v) पूरी करता है। अतः उसका मामला GM-HR को भेजा जाएगा।

**21.** *(e)* सीमा बहल शर्तें (i), (ii), (iii), (iv) और (v) पूरी करती है। अतः उसका चयन किया जा सकता है।

**उत्तर** (प्र.सं. 22-26) प्रश्नानुसार,

| क्र.सं. | उम्मीदवार का नाम | दी गई शर्तें | | | | | | | उपशर्त | | कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vii) | A | B | |
| | | कक्षा XII में कम-से-कम 60% अंक | ग्रेजुएशन के किसी भी अनुशासन में कम-से-कम 55% अंक | प्रबन्धन/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 60% अंक | आयु 1-3-2010 को कम-से-कम 25 वर्ष और अधिक-से-अधिक 35 वर्ष | कम-से-कम 2 वर्ष का बैंक में जनरल बैंकिंग ऑफिसर पद पर शिक्षा कार्य का अनुभव | लिखित परीक्षा में कम-से-कम 50% अंक | व्यक्तिगत साक्षात्कार में कम-से-कम 40% अंक | (iii) को छोड़कर, CA या ICWA में कम-से-कम 60% अंक (V.P. भर्ती) | (vii) को छोड़कर, लिखित परीक्षा में कम-से-कम 65% तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में कम-से-कम 35% अंक (प्रेसिडेन्ट-भर्ती) | |
| 22. | **सोहन माझी** | ? | 65% ✓ | 70% ✓ | 8-7-1982 ✓ | 3 वर्ष ✓ | 55% ✓ | 50% ✓ | — | — | जानकारी अपर्याप्त है। |
| 23. | **नीता जायसवाल** | 68% ✓ | 58% ✓ | 60% ✓ | 2-6-1980 ✓ | 3 वर्ष ✓ | 50% ✓ | 50% ✓ | — | — | इनका चयन किया जाएगा। |
| 24. | **अरविंदम् घोष** | 70% ✓ | ? | 60% ✓ | 25-2-1975 ✗ | 4 वर्ष ✓ | 50% ✓ | 40% ✓ | — | — | इनका चयन नहीं किया जाएगा। |
| 25. | **केशव वोरा** | 65% ✓ | 60% ✓ | 58% ✗ | 8-11-1978 ✓ | 2 वर्ष ✓ | 50% ✓ | 45% ✓ | ICWA-60% ✓ | — | इनका मामला V.P. भर्ती के पास भेजा जाएगा। |
| 26. | **नेहा साल्वे** | 60% ✓ | 60% ✓ | 60% ✓ | 24-8-1979 ✓ | 4 वर्ष ✓ | 70% ✓ | 38% ✗ | — | लिखित परीक्षा-70% ✓ साक्षात्कार-38% ✓ | इनका मामला प्रेसिडेन्ट भर्ती के पास भेजा जाएगा। |

***22.*** *(a)* सोहन माझी के कक्षा XII में प्राप्तांकों के बारे में कुछ भी नहीं बतलाया गया है। अतः जानकारी अपर्याप्त है।

***23.*** *(d)* नीता जायसवाल सभी शर्तों को पूरी करती हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

***24.*** *(e)* अरविंदम् घोष शर्त (iv) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

***25.*** *(b)* केशव वोरा शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं, परन्तु उपशर्त A को पूरा करते हैं। अतः इनका मामला V.P. भर्ती के पास भेजा जाएगा।

***26.*** *(c)* नेहा साल्वे शर्त (vii) को पूरा नहीं करती हैं, परन्तु उपशर्त B को पूरा करती हैं। अतः इनका मामला प्रेसिडेन्ट भर्ती के पास भेजा जाएगा।

# मास्टर प्रश्नावली

**1.** आप अपने भाई की शादी में सम्मिलित होने के लिए जा रहे हैं। जब आप रेलवे स्टेशन पहुँचने वाले हैं, तो आपको ज्ञात होता है कि आपका टिकट रास्ते में कहीं गिर गया है। अगले 15 दिनों तक के लिए आरक्षण की कोई सम्भावना नहीं है, तो आप

(a) तुरन्त ही स्टेशन अधीक्षक से सम्पर्क करेंगे और अपने आरक्षण का हवाला देते हुए एक नया टिकट लेने का प्रयास करेंगे
(b) अपने घर जाने की योजना स्थगित कर देंगे
(c) टीटी को गैर-कानूनी तरीके से पैसे देकर टिकट की व्यवस्था कर लेंगे
(d) ट्रेन में चढ़ जाएँगे और बाकी सब भगवान भरोसे छोड़ देंगे

**2.** आप किसी शहर में एक अजनबी हैं। आपने अपना बटुआ खो दिया है। आपको अगले दिन शाम 5 बजे से पहले कॉलेज में नामांकन शुल्क जमा करना है। आपका घर वहाँ से 24 घण्टे की दूरी पर स्थित है, तो आप

(a) अपनी सारी उम्मीदें खो देंगे और रोना शुरू कर देंगे
(b) समय विस्तार की माँग करेंगे। अपने घर पर फोन करके इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर अथवा मनीऑर्डर द्वारा पैसे भेजने के लिए कहेंगे
(c) किसी अन्य व्यक्ति की मदद माँगेंगे
(d) अपने घर वापस लौट जाएँगे, क्योंकि कुछ भी नहीं किया जा सकता है

**3.** आप एक ऐसे क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू करने के प्रभारी हैं, जहाँ वर्तमान नीति का कड़ा विरोध हो रहा है। आप निवासियों को छोटे परिवार रखने की आवश्यकता मनवाना चाहते हैं। इस सन्देश को सम्प्रेषित करने का सर्वोत्तम तरीका क्या होगा? *(UPSC CSAT 2013)*

(a) निवासियों को स्वास्थ्य और जीवन स्तर सुधारने हेतु परिवार नियोजन की आवश्यकता तर्कसंगत रूप से समझाना
(b) देर से विवाह एवं बच्चों के बीच उचित अन्तर को प्रोत्साहित करना
(c) परिवार नियोजन युक्तियाँ अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना
(d) ऐसे लोगों से, जिनका बन्ध्याकरण हो चुका है अथवा जो गर्भनिरोधक प्रयोग कर रहे हैं, निवासियों से प्रत्यक्षतः बात करने का आग्रह करना

**4.** आप अपने दोस्तों के साथ बैठे हुए हैं और आप लोगों के बीच एक बहस छिड़ जाती है। आप जानते हैं कि आप सही हैं, लेकिन कुछ अन्य लोग किसी आधार पर आपके विचारों का विरोध कर रहे हैं, जो काफी आक्रामक हैं। आप

(a) उनके साथ झगड़ना शुरू कर देंगे
(b) विनम्रतापूर्वक अपने तर्क की वकालत करेंगे
(c) चुप रहेंगे और उन्हें अपने ऊपर हावी होने देंगे
(d) आक्रामक तरीके से अपने विचारों को प्रस्तुत करना शुरू करेंगे

**5.** आप एक राज्य क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष हैं। आपको एक शिकायत मिली है और बाद में यह पाया गया है कि कनिष्ठ आयु वर्ग के किसी पदक जीतने वाले एथलीट की आयु, आयु के दिए मानदण्ड से पाँच दिन अधिक हो गई है। आप क्या करेंगे? *(UPSC CSAT 2013)*

(a) छानबीन समिति से स्पष्टीकरण देने को कहेंगे
(b) एथलीट से पदक वापस करने को कहेंगे
(c) एथलीट को अपनी आयु की घोषणा करते हुए न्यायालय से शपथ-पत्र लाने को कहेंगे
(d) क्रीड़ा समिति के सदस्यों से उनकी राय माँगेंगे

**6.** मान लीजिए आप एक आरक्षी अधिकारी हैं। आपकी ड्यूटी एक लोक मेले में लगाई गई है। निम्नलिखित में से किस परिस्थिति के उत्पन्न होने पर आप उससे सबसे पहले निपटना चाहेंगे?

(a) दो निहत्थे नवयुवक, जो आपसी वाद-विवाद में उलझे हुए हैं, उनके कारण भीड़ इकट्ठी हो गई है
(b) प्रवेश द्वार के पास लगे मुख्य पण्डाल में आग लग गई है
(c) एक बड़ा-सा झूला जिसमें एक छोटा बच्चा बैठा है, बीच में ही फँस गया है
(d) एक व्यक्ति नशे में टिकट-घर के पास बेहोश होकर गिर पड़ा है

**7.** आप किसी विदेशी प्रतिष्ठित कम्पनी के प्रमुख हैं। अपनी गाड़ी से आप गाँव जा रहे हैं, जाते समय आपको रास्ते में गरीबों की बस्तियाँ, भूखे पड़े लोग, टूटे-फूटे घर दिखते हैं। आप समस्या को देखकर काफी आहत हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में आप क्या करने का निर्णय लेंगे?

(a) गाँवों के विकास के लिए वहाँ के प्रधान से बात करेंगे
(b) गरीब लोगों को कपड़े, खाना और पैसे का वितरण करवाएँगे
(c) गाँव की हालत सुधारने के लिए एक योजना बनाएँगे और उसके सन्दर्भ में अपनी कम्पनी से सहयोग करवाएँगे
(d) राज्य सरकार एवं अपनी कम्पनी के सहयोग से एक परियोजना चलाने का प्रस्ताव रखेंगे, जिससे उन लोगों को रोजगार मिल सके और उनकी स्थिति में सुधार हो सके

**8.** आप एक ऑटो में सफर कर रहे हैं। अचानक रास्ते में ऑटो चालक स्कूटर पर जा रही एक युवती को छेड़ने लगता है और उसके वाहन के बराबर में अपना ऑटो चलाने लगता है। ऑटो में बैठे सारे लड़के उसका सहयोग कर रहे होते हैं। यह घटना मेन हाइवे पर हो रही है और रात भी काफी अधिक हो चुकी है। ऐसी स्थिति में आपकी जिम्मेदारी क्या बनती है?

(a) आप चुपचाप बैठे रहेंगे और अपने गन्तव्य स्थान के आने का इन्तजार करेंगे
(b) आप ऑटो चालक सहित अन्य यात्रियों को शान्त रहने की धमकी देते हुए, उनकी शिकायत पुलिस को करने की बात कहेंगे
(c) ऑटो में बैठे लोगों को स्थिति के घातक परिणामों को बताएँगे और उनसे नैतिकता का पालन करने की बात कहेंगे, साथ ही उन सभी को मिलकर ऑटो चालक को कड़े शब्दों में समझाने को कहेंगे
(d) आप ऑटो से उतर जाएँगे जिससे आप किसी परेशानी में न फँस सकें

**9.** एक बाढ़-पीड़ित क्षेत्र में आपको अल्प सूचना पर नौकाएँ भाड़े पर लेने का दायित्व दिया गया है। नौका-मालिकों द्वारा बताई गई कीमतों को देखने पर आप पाते हैं कि न्यूनतम कीमत सरकार की अनुमोदित दर से लगभग तीन गुना अधिक है। ऐसे में आप क्या करेंगे? *(UPSC CSAT 2011)*

(a) उनके प्रस्ताव को रद्द कर नई कीमतें मँगवाएँगे
(b) न्यूनतम कीमत को स्वीकार कर लेंगे
(c) मामले को सरकार के पास भेज देंगे
(d) नौका-मालिकों को धमकी देंगे कि उनका लाइसेंस रद्द हो सकता है

**10.** आप एक मॉल में घुसने वाले थे कि आपको बन्दूक चलने की आवाज आई और उसी समय तीन लोग मॉल से बाहर आते दिखे। वे एक सफेद कार में सवार होकर भाग निकलते हैं। आप उस कार का नम्बर नोट कर लेते हैं। मॉल में प्रवेश के बाद आपको पता चलता है कि एक व्यक्ति को गोली मारकर लूटा गया है। व्यक्ति घायल तो है, परन्तु हालत गम्भीर नहीं है। ऐसी अवस्था में, आप *(MPPCS 2014)*

(a) अपना कार्य यथावत् करते रहेंगे, क्योंकि अन्य लोग पीड़ित की सहायता कर रहे हैं और सी.सी.टी.वी. पर घटना रिकॉर्ड हो गई है
(b) सहायता की पेशकश कर पीड़ित को अस्पताल ले जाएँगे
(c) घटना की जानकारी देकर पुलिस को बुलाएँगे, उन्हें उस कार का नम्बर देंगे और एम्बुलेंस भी बुलाएँगे
(d) मॉल प्रबन्धन/सुरक्षाकर्मी को सूचित कर उनसे तत्काल कार्यवाही की माँग करेंगे

**11.** सांस्कृतिक उत्सव के लिए एक कॉलेज परिषद् विद्यार्थियों का ऑडीशन कर रही है। उन्हें निम्नलिखित मापदण्डों को पूरा करना ही है।

1. विद्यार्थी को न्यूनतम नृत्य में से एक प्रकार पता होना चाहिए।
2. विद्यार्थी को न्यूनतम एक वाद्ययन्त्र बजाने का ज्ञान होना चाहिए।
3. विद्यार्थी में अच्छी अभिनय क्षमता होनी चाहिए।

परिषद् निम्नलिखित में से किस का निश्चित रूप से चयन करेगी?

(a) Z एक भरतनाट्यम नर्तक व वायलिन-वादक है, लेकिन अभिनय कुशलता बिल्कुल भी नहीं है
(b) P फुटबाल खेलते हैं, गिटार बजाते हैं और रोड शो में भी अभिनय किया है तथा शास्त्रीय नृत्य भी करते हैं
(c) J एक समकालीन नर्तक है, एक कुशल अभिनेता है और बाँसुरी बजाना सीखने की योजना बना रहे हैं
(d) A सितार बजाते हैं, एक हिप-हॉप नर्तक है और उनमें अभिनय कुशलता बिल्कुल भी नहीं है

**12.** एक कॉलेज में उन छात्रों को प्रवेश दिया जाता है, जो निम्नलिखित मापदण्डों को सन्तुष्ट करते हैं।

1. जिन छात्रों ने भौतिक शास्त्र में 85%, गणित में 90% और रसायन शास्त्र में 80% अंक प्राप्त किए हैं।
2. जिन छात्रों ने अंग्रेजी में न्यूनतम 70% अंक प्राप्त किए हैं।
3. वे छात्र जो क्रीड़ा या वाद्य यन्त्रों में सिद्धहस्त हैं।

कॉलेज निम्नलिखित में से किस छात्र को निश्चित रूप से प्रवेश देगा?

(a) R ने भौतिक शास्त्र में 90%, रसायन शास्त्र में 80%, गणित में 88%, और अंग्रेजी में 75% अंक प्राप्त किए हैं और वह बाँसुरी बजाता है
(b) Q ने भौतिक शास्त्र में 89%, गणित में 91.5%, अंग्रेजी में 80% और रसायन शास्त्र में 82% अंक प्राप्त किए हैं और वह एक नर्तक है
(c) P ने रसायन शास्त्र में 78%, गणित में 88%, भौतिक शास्त्र में 89% और अंग्रेजी में 80% अंक प्राप्त किए हैं और वह हॉकी खेलता है
(d) S ने भौतिकी में 90%, रसायन शास्त्र में 81%, गणित में 95% और अंग्रेजी में 81% अंक प्राप्त किए हैं और यह वायलिन बजाता है

**13.** एक छोटी-सी दुकान का मालिक निम्न मापदण्डों के आधार पर इन्वेंटरी रखता है

1. शैम्पू पाउच जिनकी कीमत प्रति पाउच ₹ 4 से ₹ 10 के बीच है।
2. चॉकलेट प्रति नग की कीमत ₹ 1 से ₹ 60 के बीच है।
3. सूखे मेवे प्रति 100 ग्राम की कीमत ₹ 125 से भी ज्यादा है।
4. दूध के पैकेट प्रति लीटर की कीमत ₹ 21 से ₹ 29 के बीच है।

निम्नलिखित में से कौन-सी सूची निश्चित रूप से उसकी दुकान में नहीं मिलेगी? ***(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)***

(A) शैम्पू A, प्रति पाउच ₹ 4; चॉकलेट B, ₹ 1.5 प्रति नग और सूखे मेवे C, ₹ 250 प्रति 125 ग्राम
(B) शैम्पू P, ₹ 5 प्रति पाउच; दूध के पैकेट Q, ₹ 23 प्रति लीटर और सूखे मेवे R, ₹ 150 प्रति 100 ग्राम
(C) शैम्पू X, ₹ 5 प्रति पाउच; चॉकलेट Y, ₹ 1 प्रति नग और सूखे मेवे Z, ₹ 100 प्रति 100 ग्राम
(D) शैम्पू L, ₹ 4 प्रति पाउच; दूध के पैकेट M ₹ 24.5 प्रति पैकेट और चॉकलेट N, ₹ 35 प्रति नग और सूखे मेवे O, ₹ 350 प्रति 200 ग्राम

(a) C (b) A (c) D (d) B

**14.** निम्नलिखित को पढ़ें और इस पर आधारित प्रश्न का उत्तर दें।

पुष्पा 3 शर्ट खरीदना चाहती थी। उसे निम्नलिखित ऑफरों का पता चला

1. **सुपर सेल** ₹ 749 प्रति शर्ट की कीमत पर 2 शर्ट लें और अगली शर्ट पर 30% की छूट पाएँ।
2. **हॉट सेल** ₹ 799 प्रति शर्ट की कीमत पर 2 शर्ट लें और अगली शर्ट पर 40% की छूट पाएँ।
3. **मेगा सेल** ₹ 1999 की 2 शर्ट लें और एक शर्ट मुफ्त पाएँ।
4. **बिग सेल** ₹ 999 प्रति शर्ट की कीमत पर 2 शर्ट लें और अगली शर्ट पर 90% की छूट पाएँ।

मूल्य के सन्दर्भ में सबसे अच्छा ऑफर कौन-सा है, जिसे पुष्पा को चुनना चाहिए?

(A) बिग सेल (B) मेगा सेल (C) सुपर सेल (D) हॉट सेल ***(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)***

(a) D (b) C (c) B (d) A

**15.** एक दुकान का मालिक निम्नलिखित मापदण्डों के आधार पर इन्वेंटरी रखता है ***(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)***

1. प्रति यूनिट ₹ 21 से ₹ 75 के बीच की कीमत वाली वस्तुएँ
2. न्यूनतम 3 दिनों की शेल्फ लाइफ वाली वस्तुएँ
3. वस्तुएँ जिनकी कम-से-कम 50 यूनिट की दैनिक बिक्री हो।

निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु उसकी दुकान में निश्चित रूप से मिलेगी?

(A) K, 55 यूनिट की दैनिक बिक्री जिसकी औसत कीमत ₹ 43 प्रति यूनिट है और शेल्फ लाइफ 2 दिन की है।
(B) ₹ L, 29 से ₹ 45 प्रति यूनिट की रेंज है, 35 यूनिट दैनिक बिक्री है और शेल्फ लाइफ 3 साल है।
(C) I, जिसकी शेल्फ लाइफ 5 दिन है, दैनिक बिक्री 100 यूनिट है और कीमत ₹19 प्रति यूनिट है।
(D) M, जिसकी कीमत ₹ 23 से ₹ 32 प्रति यूनिट है, दैनिक बिक्री 75 यूनिट है और शेल्फ लाइफ 3 दिन है।

(a) D (b) A
(c) B (d) C

**16.** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दें।

धवन ने श्यामला सोसाइटी में एक फ्लैट खरीदने की योजना बनाई है। श्यामला सोसाइटी ने अपने सोसाइटी में फ्लैटों के आवण्टन के लिए निम्नलिखित शर्तों को रखा है

**आवेदक**

(i) राज्य का निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।
(ii) कम-से-कम 5 साल की नौकरी किया होना चाहिए।
(iii) यदि आवश्यकता हो, तो वह 5 साल में पूरी राशि का भुगतान करने के लिए तैयार हो।
(iv) उस शहर में आवासीय सुविधा के मालिक या सह-मालिक (यदि पति/पत्नी) स्वामी नहीं होना चाहिए।
(v) 31 दिसम्बर, 2016 तक 35 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए।

**आवेदक के मामले में, जो अन्य सभी मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय इसके कि**

(i) जैसा ऊपर दिया गया है, को नगर परिषद के अध्यक्ष को सन्दर्भित किया जाना चाहिए।
(ii) जैसा ऊपर दिया गया है, लेकिन आधार कार्ड प्रदान करने के लिए तैयार हो, समिति के उपाध्यक्ष को सन्दर्भित किया जाना चाहिए।
(iii) जैसा ऊपर दिया गया है, लेकिन एक स्वतन्त्रता सेनानी या पूर्व सैनिक या इनके साथ पहला सम्बन्ध है, को समिति के एक सदस्य को सन्दर्भित किया जाना चाहिए।

आवेदन की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर, 2016 थी। 31 दिसम्बर, 2016 के शर्तों को पूरा किया जाना है। इन मानदण्डों के आधार पर, निर्णय लें कि आपको 1 जनवरी, 2017 को दिए गए निम्नलिखित मामले मे फ्लैट आवण्टित करना है या नहीं।

धवन एक उद्योगपति और दूसरे राज्य से हैं, जिन्होंने 2000 में अपनी फैक्ट्री को स्थापित किया है और उसके पास राज्य का निवास प्रमाण पत्र है। यदि आवश्यक हो, तो वह 4 साल में पूरी राशि का भुगतान करने के लिए तैयार है। उसके पास उस शहर में कोई घर नहीं है, लेकिन उसकी पत्नी के पास एक फ्लैट है। उनकी जन्म तिथि 11 नवम्बर, 1970 हो।

*(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

(a) फ्लैट आवंटित करेंगे
(b) उप सभाध्यक्ष को विचारार्थ भेजें
(c) फ्लैट आवंटित मत करें
(d) अध्यक्ष को विचारार्थ भेजें

***निर्देश*** (प्र.स. 17-21) *निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***(Corporation Bank SO 2014)***

एक संगठन में विपणन प्रबन्धक के चुनाव की शर्तें दी गई हैं

**उम्मीदवार**

(i) यथा 01.03.2013 को कम-से-कम 30 वर्ष का होना चाहिए।
(ii) को स्नातकीकरण में कम-से-कम 55% अंक मिले होने चाहिए।
(iii) को विपणन की स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 60% अंक मिले होने चाहिए।
(iv) को अर्हता प्राप्ति के बाद किसी संगठन के विपणन प्रभाग में कम-से-कम 5 वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
(v) चयन प्रकिया में कम-से-कम 45% अंक मिले होने चाहिए।

**ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो अन्य सभी शर्तें पूरी करता है, सिवाय**

A. उपरोक्त (iv), किन्तु अर्हता प्राप्ति के बाद बतौर उपविपणन प्रबन्धक कम-से-कम 2 वर्ष का अनुभव प्राप्त है, तो मामला GM विपणन के पास भेजा जाना है।
B. उपरोक्त (ii), किन्तु विपणन प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा में कम-से-कम 65% अंक मिले हैं, तो मामला वाइस-प्रेसिडेन्ट विपणन के पास भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का ब्यौरा दिया गया है। ऊपर दी गई जानकारी और शर्तों एवं उप-शर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्यवाही करनी है और तद्नुसार अपना उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अतिरिक्त आपको कुछ और मानकर नहीं चलना है। ये सभी मामले आपको यथा 01.03.2013 दिए गए हैं।

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं करना है
(b) यदि उम्मीदवार का चयन करना है
(c) यदि निर्णय लेने के लिए जानकारी अपर्याप्त है
(d) यदि मामला वाइस प्रेसिडेन्ट-विपणन के सामने पेश करना है
(e) यदि मामला जनरल मैनेजर-विपणन के सामने पेश करना है

***17.*** सुरेश मेहता को स्नातकीकरण में 58% अंक मिले हैं। उसका जन्म 19 मई, 1979 को हुआ था। उसे चयन प्रक्रिया में 50% अंक मिले हैं। स्नातकोत्तरीकरण 62% अंकों के साथ पूरा करके पिछले सात वर्ष से वह एक संगठन के विपणन प्रभाग में काम कर रहा है।

***18.*** सुधा गोपालन ने स्नातकीकरण और चयन प्रक्रिया दोनों में 50% अंक पाए हैं। 70% अंक सहित विपणन में अपना स्नातकोत्तर डिप्लोमा पूरा करने के बाद, पिछले 6 वर्ष से वह एक संगठन के विपणन प्रभाग में कार्य कर रही है। उसका जन्म 14 अक्टूबर, 1982 को हुआ था।

***19.*** दिव्या कोहली, 65% अंक सहित, विपणन में अपना स्नातकोत्तर डिप्लोमा पूरा करने के बाद, पिछले 5 वर्ष से एक संगठन के विपणन प्रभाग में काम कर रही है। उसे स्नातकीकरण में 55% और चयन प्रक्रिया में 50% अंक मिले हैं। उसका जन्म 3 अप्रैल, 1983 को हुआ था।

***20.*** नवीन मराठे का जन्म 8 अप्रैल, 1979 को हुआ था। उसे स्नातकीकरण और विपणन की स्नातकोत्तर डिग्री दोनों में 60% अंक मिले हैं। विपणन में स्नातकोत्तर डिग्री पूरी करने के बाद पिछले छह वर्ष से वह एक संगठन के विपणन प्रभाग में कार्यरत् है। चयन प्रक्रिया में उसे 50% अंक मिले हैं।

***21.*** वरुण मल्होत्रा का जन्म 3 जुलाई, 1980 को हुआ था। 65% अंक सहित विपणन में अपनी स्नातकोत्तर डिग्री पूरी करने के बाद, पिछले 3 वर्ष से वह एक संगठन में बतौर उपविपणन प्रबन्धक काम कर रहा है। उसे स्नातकीकरण और चयन प्रक्रिया दोनों 55% अंक मिले हैं।

***निर्देश*** (प्र. सं. 22-26) *एक संस्था प्रशिक्षु अधिकारी भर्ती करना चाहती है। मानदण्ड निम्नानुसार हैं।*

**उम्मीदवार**

(i) 1-2-2009 को 21 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक न हो।
(ii) कम-से-कम 55% अंकों के साथ किसी भी अनुशासन में ग्रेजुएट हो।
(iii) को चयन परीक्षा में कम-से-कम 50% अंक मिले हों।
(iv) को साक्षात्कार में कम-से-कम 45% अंक मिले हों।
(v) भारत में कहीं भी काम करने को तैयार हो।

**लेकिन, यदि उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित सभी मानदण्डों को पूरा करता हो, सिवाय**

A. उपरोक्त (ii) के, लेकिन पोस्ट ग्रेजुएट हो, तो उसका मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाएगा।
B. उपरोक्त (i) के, लेकिन कम-से-कम एक वर्ष का कार्य अनुभव हो, तो उसका मामला वाइस-प्रेसीडेन्ट को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक-एक उम्मीदवार की जानकारी दी गई है। आपको उपलब्ध कराई गई सूचना तथा ऊपर दिए गए मानदण्डों तथा शर्तों के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से एक निर्णय लेना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी के अलावा आपको कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सारे मामले आपको यथा 1-2-2009 दिए गए हैं। आपको प्रत्येक प्रश्न में निम्नानुसार उत्तर देकर अपना निर्णय बताना है। ***(Bank PO 2009)***

(a) यदि मामला कार्यपालक निदेशक को भेजा जाएगा
(b) यदि मामला वाइस-प्रेसीडेन्ट को भेजा जाएगा
(c) यदि कथन में दिए गए आँकड़े निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(d) यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है
(e) यदि उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है

***22.*** विजय कुमार 22 वर्ष की आयु में 58% अंकों के साथ 2007 में पास हुआ कॉमर्स ग्रेजुएट है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। उसे चयन परीक्षा में 48% और साक्षात्कार में 52% अंक मिले हैं।

***23.*** अविनाश 63% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से पास हुआ तथा विज्ञान से ग्रेजुएट है। उसने चयन परीक्षा और साक्षात्कार में क्रमश 53% व 51% अंक हासिल किए हैं। वह भारत में कही भी काम करने को तैयार है। वह जुलाई, 2007 से एक निजी संस्था के विपणन विभाग में काम कर रहा है। उसका जन्म 11-6-1980 को हुआ था।

***24.*** सुनील मकवाना 72% अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ एक विज्ञान ग्रेजुएट है। उसकी जन्मतिथि 13-10-1978 है। वह पिछले 2 वर्षों से एक क्लर्क के रूप में काम कर रहा है। उसे चयन परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 58% अंक मिले हैं। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है।

***25.*** निशा शर्मा ने जुलाई, 2008 में 57% अंकों के साथ बी.कॉम. पास किया है। उसने साक्षात्कार में 48% और चयन परीक्षा में 58% अंक लिए हैं। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। नवम्बर, 2008 में उसने 25 वर्ष की आयु पूरी की है।

***26.*** राजन वाजे 45% अंकों के साथ ग्रेजुएट तथा 52% अंको के साथ पोस्ट ग्रेजुएट है। उसकी जन्मतिथि 17-6-1982 है। वह भारत में कहीं भी काम करने को तैयार है। उसे साक्षात्कार में 56% और चयन परीक्षा में 63% अंक मिले हैं।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* इस परिस्थिति में सर्वश्रेष्ठ विकल्प के रूप में विकल्प (a) अपनाया जाएगा, क्योंकि यह सर्वाधिक सकारात्मक विकल्प का द्योतक है, जबकि विकल्प (c) गैर-कानूनी है। विकल्प (d) निर्णयन क्षमता की हीनता को प्रदर्शित करता है, क्योंकि निर्णयन निर्माण प्रक्रिया में प्रत्येक निर्णय के पीछे तार्किकता का होना आवश्यक है। अतार्किक निर्णय को प्रशासनिक दृष्टिकोण से कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है।

**2.** *(b)* इस परिस्थिति में उपलब्ध सभी विकल्पों में से अनुकूलतम विकल्प यही होगा कि आप समय विस्तार की माँग करें तथा अपने घर से तत्काल धन की व्यवस्था कराएँ।

**3.** *(d)* इस प्रकार की समस्या में मानवीय कौशल की आवश्यकता होती है, चूँकि लोगों को बन्ध्याकरण करवा चुके लोगों तथा गर्भनिरोधकों का प्रयोग कर रहे लोगों से प्रत्यक्ष बातचीत द्वारा अनुभव साझा होंगे। अतः विकल्प (d) सही समाधान होगा, क्योंकि तर्क उन लोगों की समझ में नहीं आएँगे, जो रूढ़िवादी तथा अशिक्षित हैं। प्रोत्साहित करने का विकल्प हो सकता है, किन्तु यह एक दीर्घकालीन प्रक्रिया है।

**4.** *(b)* इस परिस्थिति में निर्णयन व्यावहारिक बोली द्वारा किया जाएगा। आप आक्रामकता का सामना आक्रामकता से नहीं कर सकते हैं अतः विकल्प (b) उपयुक्त होगा।

**5.** *(b)* इस प्रकार की समस्या में निर्णयन निर्माण की निदेशात्मक शैली द्वारा निर्णय लिया जा सकता है। यहाँ पर अधिकृत व्यक्ति मौजूदा नियमों तथा अपनी पद स्थिति के अनुसार निर्णय करेगा। यहाँ पर यह प्रमाणित किया जा चुका है कि एथलीट ने आयु सीमा पार कर ली है अतः विकल्प (a) तथा (d) की सम्भावना नहीं बनती। आयु की घोषणा का शपथ-पत्र सही तथ्य को नकार नहीं सकता। अतः विकल्प (c) भी सही नहीं है। इसका एकमात्र निर्णय विकल्प (b) ही हो सकता है।

**6.** *(b)* सबसे पहले प्रवेश द्वार के पास लगे मुख्य पण्डाल की आग से निपटा जाना चाहिए, क्योंकि इससे भारी संख्या में लोगों की जान-माल का खतरा है। अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।

**7.** *(d)* आप किसी को उठाना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी है कि आप उसे खुद को सक्षम बनाने का मौका दें! आप उसे सहारा दे सकते हैं, लेकिन प्रयास उनको ही करना होगा। अतः विकल्प (d) सही है । विकल्प (a) भी निकटवर्ती है, लेकिन इसकी योजना अस्पष्ट है। विकल्प (c) में केवल कम्पनी पर आश्रित होकर योजना बनाने की बात है जिसमें सफलता की कम गुंजाइश नजर आती है, व्यक्तिगत लाभ ज्यादा होने की बात आती है। विकल्प (b) एक तात्कालिक सुझाव है पर लम्बे समय के लिए कारगर नहीं है।

**8.** *(c)* विकल्प (a) और (d) दोनों ही पलायनवादी विचारधारा से प्रभावित होने के कारण सही नहीं हैं। विकल्प (b) तत्कालीन परिस्थिति के मद्देनजर बिल्कुल सही नहीं है, क्योंकि इससे बनती बात बिगड़ सकती है। अतः विकल्प (c) जिसमें एक स्पष्ट रणनीति एवं समझदारी दिख रही है, सही उत्तर होगा।

**9.** *(b)* इस परिस्थिति के लिए न्यूनतम कीमत को स्वीकार कर लेना उचित समाधान है। विकल्प (a) या (c) से नौकाएँ लेने की प्रक्रिया में समय लगेगा, जबकि आपको परिस्थिति से शीघ्र निपटना होगा, क्योंकि आपको अल्प सूचना पर नौकाएँ भाड़े पर लेनी हैं। विकल्प (d) अनुचित होगा। इस प्रकार विकल्प (b) सन्तुलित दृष्टिकोण है।

**10.** *(c)* आपदा सदैव प्राकृतिक ही नहीं होती, आतंकी घटना या लूट भी एक प्रकार की मानवीय आपदा है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति बिना प्रतिक्रिया करे नहीं रह सकता। अतः आपदा प्रबन्धन के तहत विकल्प (c) सही अनुक्रिया होगी।

**11.** *(b)* विद्यालय परिषद P का निश्चित रूप से चयन करेगी।

**12.** *(d)* छात्र S सभी मापदण्डों को पूरा करता है अतः इसको निश्चित रूप से कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा।

**13.** *(a)* ∵ दुकान में सूखे मेवों की प्रति 100 ग्राम की कीमत ₹ 125 से भी ज्यादा है, परन्तु सूची C में सूखे मेवे Z, ₹ 100 प्रति 100 ग्राम की जरुरत है। अतः सूची C का सामान उसकी दुकान में नहीं मिलेगा।

**14.** *(c)* सुपर सेल में 3 शर्ट की कुल कीमत

$$= 749 \times 2 + \frac{749 \times 70}{100}$$

$$= 1498 + 524.3 = ₹2022.3$$

हॉट सेल में 3 शर्ट की कुल कीमत

$$= 799 \times 2 + \frac{799 \times 60}{100}$$

$$= 1598 + 479.4 = ₹2077.4$$

मेगा सेल में 3 शर्ट की कुल कीमत = ₹1999

बिग सेल में 3 शर्ट की कुल कीमत

$$= 2 \times 999 + \frac{999 \times 10}{100}$$

$$= 1998 + 99.9$$

$$= ₹2097.9$$

अतः पुष्पा को मेगा सेल को चुनना चाहिए।

**15.** *(a)* वस्तु M निश्चित रूप से मिलेगी, क्योंकि उसकी कीमत ₹ 23 से ₹ 32 प्रति यूनिट है, दैनिक बिक्री 75 यूनिट है तथा शेल्फ लाइफ 3 दिन है जोकि दुकान के मापदण्डों के आधार पर सही है।

**16.** *(c)* चूँकि धवन की पत्नी के पास एक फ्लैट है। अतः वह शर्त (iv) का उल्लंघन करता है इसलिए धवन को फ्लैट आवंटित नहीं किया जाएगा।

**उत्तर** (प्र.सं. 17-21) प्रश्नानुसार,

| उम्मीदवार | शर्तें | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (i) | (ii) | या | B | (iii) | (iv) | या | A | (v) |
| सुरेश | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| सुधा | ✓ | ✗ | | ✓ | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| दिव्या | ✗ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| नवीन | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✓ | | – | ✓ |
| वरुण | ✓ | ✓ | | – | ✓ | ✗ | | ✓ | ✓ |

**17.** *(b)* सुरेश मेहता सभी शर्तें पूरी करता है। अतः उसका चयन किया जा सकता है।

**18.** *(d)* सुधा गोपालन शर्तें (i), (B), (iii), (iv) तथा (v) पूरी करती है। अतः उसका मामला वाइस प्रेसिडेन्ट-विपणन के पास भेजा जाएगा।

**19.** *(a)* दिव्या कोहली शर्त (i) पूरी नहीं करती है।
अतः उसका चयन नहीं किया जा सकता।

**20.** *(b)* नवीन मराठे सभी शर्तें पूरी करता है। अतः उसका चयन किया जा सकता है।

**21.** *(e)* वरुण मल्होत्रा शर्तें (i), (ii), (iii), (v) तथा (A) पूरी करता है। अतः उसका मामला जनरल मैनेजर-विपणन के पास भेजा जाना चाहिए।

**उत्तर** (प्र.सं. 22-26) प्रश्नानुसार,

| क्र.सं. | उम्मीदवार का नाम | दी गई शर्तें | | | | | उपशर्त | | कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | A | B | |
| | | आयु 1-2-2009 को कम-से-कम 21 वर्ष और अधिक-से-अधिक 28 वर्ष | कम-से-कम 55% अंकों सहित किसी भी अनुशासन में ग्रेजुएट | चयन परीक्षा में कम-से-कम 50% अंक | साक्षात्कार में कम-से-कम 45% अंक | भारत में कहीं भी कार्य करने को तैयार | (ii) को छोड़कर, पोस्ट ग्रेजुएट (कार्यपालक निदेशक) | (i) को छोडकर, कम-से-कम एक वर्ष का कार्यानुभव (वाइस-प्रेसीडेन्ट) | |
| 22. | विजय कुमार | 24 वर्ष ✓ | 58% ✓ | 48% ✗ | 52% ✓ | ✓ | – | | इनका चयन नहीं किया जाएगा। |
| 23. | अविनाश | 11-6-1980 ✗ | 63% ✓ | 53% ✓ | 51% ✓ | ✓ | – | $1\frac{1}{2}$ वर्ष ✓ | इनका मामला वाइस-प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा। |
| 24. | सुनील मकवाना | 13-10-1978 ✗ | 72% ✓ | 58% ✓ | 58% ✓ | ✓ | – | 2 वर्ष ✓ | इनका मामला वाइस-प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा। |
| 25. | निशा शर्मा | 25+वर्ष | 57% ✓ | 58% ✓ | 48% ✓ | ✓ | – | – | इनका चयन किया जाएगा। |
| 26. | राजन वाजे | 17-6-1982 ✓ | 45% ✗ | 63% ✓ | 56% ✓ | ✓ | 52% ✓ | – | इनका मामला कार्यपालक निदेशक के पास भेजा जाएगा। |

***22.*** *(e)* विजय कुमार शर्त (iii) को पूरा नहीं करते हैं। अतः इनका चयन नहीं किया जाएगा।

***23.*** *(b)* अविनाश शर्त (i) को पूरा नहीं करते हैं, परन्तु उपशर्त B को पूरा करते हैं। अतः इनका मामला वाइस-प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा।

***24.*** *(b)* सुनील मकवाना शर्त (i) को पूरा नहीं करते हैं, परन्तु उपशर्त B को पूरा करते हैं। अतः इनका मामला वाइस-प्रेसीडेन्ट के पास भेजा जाएगा।

***25.*** *(d)* निशा शर्मा सभी शर्तों को पूरा करती हैं। अतः इनका चयन किया जाएगा।

***26.*** *(a)* राजन वाजे शर्त (ii) को पूरा नहीं करते हैं, परन्तु उपशर्त A को पूरा करते हैं। अतः इनका मामला कार्यपालक निदेशक के पास भेजा जाएगा।

# 27

# कथन की सत्यता का परीक्षण

## (Verification of Truth of Statement)

व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर किसी कथन की वास्तविकता को जाँचना ही ''कथन की सत्यता का परीक्षण'' कहलाता है।

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कथन के रूप में एक घटना/वाक्य दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को दिए गए कथन को ध्यानपूर्वक पढ़कर अपने व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर यह ज्ञात करना होता है कि कथन की वास्तविकता क्या है या कथन में दिए गए वाक्य के लिए सबसे अधिक क्या आवश्यक है।

इसके अन्तर्गत सामान्यतया दो प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* घटना की वास्तविकता पर आधारित प्रश्न

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कथन के रूप में एक घटना दी गई होती है। इसी घटना के आधार पर यह पूछा जाता है कि दी गई घटना सदैव होती है या प्रायः होती है या कभी-कभी होती है या फिर कभी नहीं होती है।

**उदाहरण 1.** एक लड़का कार की पिछली सीट पर बैठा है। जब ड्राइवर कार को तुरन्त चलाएगा, तो वह लड़का पीछे की ओर धक्का महसूस करेगा।

(a) हमेशा (b) कभी नहीं
(c) कभी-कभी (d) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** (a) प्रश्न में दी गई घटना न्यूटन के तीसरे नियम की ओर संकेत देती है। अतः जब एक लड़का कार की पिछली सीट पर बैठा हो और ड्राइवर कार को तुरन्त चला दे, तो लड़का ''हमेशा'' पीछे की ओर धक्का महसूस करेगा।

**उदाहरण 2.** बैरोमीटर का पाठ्यांक जब धीरे-धीरे नीचे गिरता है, तो वर्षा होने की सम्भावना होती है।

(a) सदैव (b) कभी-कभी
(c) प्रायः (d) कभी नहीं

***व्याख्या*** (a) हम जानते हैं कि जब बैरोमीटर का पाठ्यांक धीरे-धीरे नीचे गिरता है, तो वर्षा होने की सम्भावना सदैव होती है और जब धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता है, तो दिन साफ होने की सम्भावना सदैव होती है।
अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

## प्रकार *2.* श्रेष्ठ चुनाव पर आधारित प्रश्न

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कथन के रूप में एक वाक्य दिया गया होता है। इस वाक्य में किसी वस्तु के लिए क्या आवश्यक है? यह ज्ञात करना होता है। इस प्रकार के प्रश्नों में अभ्यर्थियों को विकल्प का चुनाव करते समय अपने व्यावहारिक ज्ञान का प्रयोग करना चाहिए।

**उदाहरण 3.** निम्नलिखित में से देश के लिए कौन-सा अत्यावश्यक है?

(a) मुख्यमंत्री (b) क्षेत्रफल
(c) राज्य (d) निर्वाचन

***व्याख्या*** (b) किसी देश के लिए क्षेत्रफल का होना एक अनिवार्य शर्त है।
अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**उदाहरण 4.** कैमरे में सदैव पाया जाता है

(a) रील (b) फोटोग्राफ
(c) फ्लैश (d) लैंस

***व्याख्या*** (d) कुछ कैमरे ऐसे भी होते हैं जिनमें रील नहीं होती, कुछ कैमरे ऐसे भी होते हैं जिनमें फोटोग्राफ नहीं निकलते हैं तथा कुछ कैमरे ऐसे भी होते हैं जिनमें फ्लैश नहीं होती है, किन्तु सभी कैमरों में लैंस सदैव होता है।
अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**उदाहरण 5.** एक स्कूल में सदैव होता है ***(RRB ALP 2018)***

(a) अध्यापक (b) प्रधानाध्यापक
(c) भवन (d) पुस्तकालय

***व्याख्या*** (a) एक स्कूल बिना प्रधानाध्यापक, भवन और पुस्तकालय के हो सकता है किन्तु एक अध्यापक का होना स्कूल की अनिवार्यता है।

# अभ्यास प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-17) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक घटना दी गई है। प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**1.** सोना, चाँदी की तुलना में अधिक मूल्यवान होता है। ***(RRB ALP 2018)***
(a) कभी-कभी (b) अक्सर (c) हमेशा (d) कभी नहीं

**2.** चेस के खेल में चार हाथी होते हैं। ***(RRB ALP 2018)***
(a) हमेशा (b) कभी-कभी (c) अक्सर (d) कभी-नहीं

**3.** सूर्य प्रातःकाल में पश्चिम दिशा में उदित होता है
(a) सदैव (b) कभी-कभी (c) प्रायः (d) कभी नहीं

**4.** लूना पर जाता हुआ लड़का एका-एक ब्रेक मारने पर आगे की ओर झुक जाता है
(a) कभी-कभी (b) कभी नहीं (c) प्रायः (d) सदैव

**5.** कल मैंने एक बर्फ का टुकड़ा देखा जो गल चुका था
(a) हमेशा (b) कभी नहीं
(c) कभी-कभी (d) कुछ समय के लिए

**6.** राज्यसभा का मुख्य कार्य कानून को कार्यान्वित करना है
(a) कभी नहीं (b) कभी-कभी (c) प्रायः (d) सदैव

**7.** बर्फ का टुकड़ा पानी पर तैरता है
(a) प्रायः (b) कभी-कभी (c) कभी नहीं (d) सदैव

**8.** एक व्यक्ति रात्रि में उत्तर की ओर जा रहा है तथा उसको ध्रुवतारा दिखाई दे रहा है। ध्रुवतारा दाहिने हाथ की ओर दिखाई देगा
(a) सदैव (b) कभी-कभी (c) प्रायः (d) कभी नहीं

**9.** मेरी आठ वर्षीय भतीजी मेरे दस वर्षीय पुत्र से अधिक लम्बी है
(a) सदैव (b) प्रायः (c) कभी-कभी (d) कभी नहीं

**10.** वस्तु विनिमय में वस्तु का आदान-प्रदान होता है
(a) प्रायः (b) कभी-कभी (c) सदैव (d) कभी नहीं

**11.** भारत में एक महिला अपने मृतक पति के भाई से तथा एक पुरुष अपनी मृतक पत्नी की बहन से शादी कर सकता है
(a) सदैव (b) कभी-कभी (c) प्रायः (d) कभी नहीं

**12.** एक पुस्तकालय में कम्प्यूटर होता है
(a) कभी नहीं (b) सदैव
(c) सामान्यतः (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** एक मोबाइल पर कवर होता है
(a) सदैव (b) कभी नहीं
(c) प्रायः (d) इनमें से कोई नहीं

**14.** एक कम्प्यूटर में सी. पी. यू. होता है
(a) सदैव (b) कभी-कभी
(c) कभी नहीं (d) इनमें से कोई नहीं

**15.** एक चाकू में धार होती है
(a) सदैव (b) कभी-कभी
(c) कभी नहीं (d) इनमें से कोई नहीं

**16.** एक हॉस्पिटल में डॉक्टर होता है
(a) सदैव (b) कभी नहीं
(c) प्रायः (d) कभी-कभी

**17.** एक हाथी में सूँड होती है
(a) सदैव (b) कभी-कभी
(c) कभी नहीं (d) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 18-35) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक वाक्य दिया गया है। प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**18.** एक पहाड़ी में सदैव होता/होती है ***(FCI 2018)***
(a) ऊँचाई (b) मार्ग (c) पेड़ (d) पानी

**19.** एक शर्ट में हमेशा होता है ***(RRB ALP 2018)***
(a) बटन (b) कपड़ा
(c) कॉलर (d) जेब

**20.** बैंक में हमेशा होता है
(a) प्रबन्धक (b) लॉकर
(c) खाताधारक (d) ए.टी.एम.

**21.** एक कार्यालय में सदैव होता है ***(RRB ALP 2018)***
(a) रसोई (b) छत
(c) प्राधिकारी (d) कार

**22.** खतरे में हमेशा होता है
(a) दुश्मन (b) आक्रमण (c) डर (d) मदद

**23.** एक ट्रेन में हमेशा होगा
(a) दरवाजा (b) ड्राइवर (c) गार्ड (d) इंजन

**24.** बहादुरी के लिए आवश्यक है
(a) अनुभव (b) ताकत (c) साहस (d) ज्ञान

**25.** व्याकुलता में सदैव होता/होती है
(a) कठिनाई (b) अशान्ति (c) असहायता (d) तीखापन

**26.** कच्चे दूध में निश्चित रूप से होगा
(a) क्रीम (b) दही (c) पानी (d) सफेदी

**27.** जल में सदैव होगी/होगा
(a) मिठास (b) बहाव (c) कड़वापन (d) तरलता

**28.** एक फैक्ट्री में हमेशा होगा/होगी
(a) बिजली (b) चिमनी (c) मजदूर (d) फाइलें

**29.** एक पुस्तक में हमेशा होगा/होंगे
(a) अध्याय (b) पन्ने/पेज
(c) शब्द (d) उदाहरण

**30.** एक आदमी में अवश्य होगा/होगी
(a) दाँत (b) पैर
(c) आँख की रोशनी (d) हृदय

**31.** क्रिकेट में हमेशा होगा
(a) स्टम्प (b) पिच (c) पैड (d) गेंद

**32.** विवाद में हमेशा होगा/होगी
(a) नापसन्द (b) अन्याय (c) जोश (d) असहमति

**33.** दुःख में हमेशा होगा
(a) आँसू (b) मुश्किल हालात
(c) असन्तोष (d) गुस्सा

**34.** एक बल्ब में हमेशा होगा
(a) फिलामेन्ट (b) रोशनी (c) विद्युत-धारा (d) आर्गन

**35.** एक कलम में अवश्य होगा
(a) ट्यूब (b) ढक्कन
(c) स्याही (d) निब

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* सोना, चाँदी की तुलना में हमेशा अधिक मूल्यवान होता है।

**2.** *(a)* चेस के खेल में हमेशा चार हाथी होते हैं।

**3.** *(d)* हम जानते हैं कि सूर्य प्रातःकाल में पूर्व दिशा में उदित होता है। अतः सूर्य कभी भी पश्चिम दिशा में उदित नहीं होता है।

**4.** *(d)* न्यूटन का जड़त्व का नियम हमें यह बताता है, कि किसी गतिमान साधन में यदि एका-एक ब्रेक लगा दिए जाए, तो उसमें बैठे यात्री सदैव आगे की ओर झुक जाते हैं। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**5.** *(b)* हम जानते हैं कि बर्फ के टुकड़े को गलने के बाद नहीं देखा जा सकता है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**6.** *(a)* कानून के कार्यान्वित करना राज्यसभा का कार्य नहीं है। अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**7.** *(d)* हम जानते हैं कि बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व से कम होता है, जिस कारण बर्फ का टुकड़ा पानी पर तैरता है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**8.** *(d)* हम जानते हैं कि ध्रुवतारा सदैव उत्तर दिशा में दिखाई देता है, अब चूँकि व्यक्ति भी उत्तर की ओर जा रहा है। अतः ध्रुवतारा उसके मुँह के सामने होगा अर्थात् इस स्थिति में ध्रुवतारा कभी भी उसके दाहिने ओर नहीं दिखाई देगा। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**9.** *(c)* किसी व्यक्ति की लम्बाई आयु के साथ अन्य कई और बातों पर भी निर्भर करती है। अतः कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि कम आयु के बालक की लम्बाई, अधिक आयु के बालक से अधिक हो। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**10.** *(c)* वस्तु विनिमय का अर्थ है, वस्तुओं का आदान-प्रदान। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**11.** *(b)* भारत में एक महिला का अपने मृतक पति के भाई से तथा एक पुरुष का अपनी मृतक पत्नी की बहन से शादी करने का कोई अनिवार्य रिवाज तो नहीं है, किन्तु कभी-कभी ऐसा हो सकता है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**12.** *(c)* एक कम्प्यूटर, पुस्तकालय की मूलभूत आवश्यकता है, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रत्येक पुस्तकालय में कम्प्यूटर ही हो। अतः सामान्यतः एक पुस्तकालय में कम्प्यूटर होता है।

**13.** *(c)* प्रायः एक मोबाइल फोन के ऊपर कवर रहता है। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**14.** *(a)* हम जानते हैं कि सी. पी. यू. कम्प्यूटर का एक अभिन्न अंग है। अतः एक कम्प्यूटर में सी. पी. यू. सदैव होता है।

**15.** *(a)* एक चाकू में धार सदैव होती है। अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**16.** *(a)* एक हॉस्पिटल में डॉक्टर सदैव होता है। अतः विकल्प (a) सही है।

**17.** *(a)* एक हाथी की पहचान उसकी सूँड होती है। अतः एक हाथी में सूँड सदैव होती है।

**18.** *(a)* ऐसा हो सकता है कि एक पहाड़ी पर मार्ग, पेड़ या पानी न हो लेकिन ऊँचाई अवश्य होती है। अतः एक पहाड़ी पर ऊँचाई सदैव होगी।

**19.** *(b)* एक शर्ट में कपड़ा अवश्य होता है। शर्ट बिना बटन, कॉलर और जेब वाली भी हो सकती है।

**20.** *(c)* एक बैंक में प्रबन्धक, लॉकर और ए. टी. एम. हो भी सकते हैं और नहीं भी किन्तु एक खाताधारक अनिवार्य रूप से होता है।

**21.** *(c)* एक कार्यालय में सदैव एक प्राधिकारी होता है। बिना रसोईघर, छत तथा कार के भी एक कार्यालय हो सकता है।

**22.** *(c)* खतरे में हमेशा डर होता है। अतः सर्वाधिक उपर्युक्त उत्तर (c) डर होगा।

**23.** *(d)* एक ट्रेन बिना दरवाजे के, बिना ड्राइवर तथा बिना गार्ड के हो सकती है लेकिन बिना इंजन के किसी ट्रेन का कोई अस्तित्व नहीं होता है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**24.** *(c)* बहादुरी के लिए साहस का होना अत्यन्त आवश्यक है। अतः विकल्प (c) सही है।

**25.** *(b)* व्याकुलता में सदैव अशान्ति होती है, क्योंकि व्याकुलता में मानसिक तनाव होता है तथा मानसिक तनाव से अशान्ति पैदा होती है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**26.** *(d)* कच्चे दूध में क्रीम हो यह आवश्यक नहीं हैं, दही हो यह भी आवश्यक नहीं है और पानी हो यह भी आवश्यक नहीं है किन्तु कच्चे दुध में सफेदी अवश्य होगी। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**27.** *(d)* जल में मिठास हो यह आवश्यक नहीं है, बहाव हो यह भी आवश्यक नहीं तथा कड़वापन हो यह भी आवश्यक नहीं है किन्तु जल में तरलता का होना इसका एक अनिवार्य लक्षण है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**28.** *(c)* एक फैक्ट्री में मजदूरों का होना अतिआवश्यक है। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**29.** *(b)* बिना शब्द वाले अर्थात् चित्र वाली पुस्तकें भी हो सकती हैं, बिना अध्याय वाली पुस्तकें भी हो सकती हैं तथा बिना उदाहरणों वाली पुस्तक भी हो सकती है किन्तु बिना पन्नों के पुस्तक नहीं होती है।

**30.** *(d)* हृदय सर्वाधिक जरूरी अंग है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**31.** *(d)* लोग बिना स्टम्प, पिच और पैड के क्रिकेट खेल लेते हैं किन्तु गेंद होना क्रिकेट खेलने के लिए आवश्यक है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**32.** *(d)* असहमति ही विवाद को जन्म देती है। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**33.** *(c)* दुःखी आदमी असन्तोष से ग्रसित होगा। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**34.** *(a)* फिलामेन्ट बल्ब का आवश्यक अंग है। अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**35.** *(d)* निब पेन में जरूर होगा तभी पेन से लिखा जा सकता है। स्याही खत्म हो जाने के बाद भी पेन की स्थिति कहने को पेन जैसी ही होती है।

# अभाषिक तर्कशक्ति

## NON-VERBAL REASONING

# 1

# श्रृंखला
## (Series)

शृंखला का अर्थ आकृतियों का क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थिकरण है अर्थात् एकसाथ क्रम में आने वाली आकृतियों या वस्तुओं के एक निश्चित या व्यवस्थित क्रम को शृंखला कहते हैं।

इस अध्याय के अन्तर्गत आकृतियों के दो समूह दिए गए होते हैं, जिसमें एक समूह प्रश्न आकृतियों का तथा दूसरा समूह उत्तर आकृतियों का जो दाईं ओर या नीचे की ओर दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को दी गई प्रश्न आकृतियों के उस निश्चित क्रम को ज्ञात करके, उत्तर आकृतियों में से प्रश्न आकृतियों के उस उत्तर आकृति को ज्ञात करना होता है, जो प्रश्न आकृतियों के क्रम को जारी रखती है।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न, प्रश्न आकृतियों के बीच कई सम्बन्धों पर आधारित होते हैं, जिसमें से कुछ महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध निम्न हैं

### 1. आकृतियों की भुजाओं या रेखाओं की संख्या में वृद्धि/कमी पर आधारित

इस प्रकार के प्रश्नों में, दी गई प्रश्न आकृतियों की भुजाओं या रेखाओं की संख्या में क्रमशः वृद्धि या कमी होती रहती है। इस निश्चित क्रम को जारी रखते हुए हमें दी गई उत्तर आकृतियों में से सही उत्तर आकृति ज्ञात करनी होती है।

***उदाहरण* 1.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




***व्याख्या*** (b) प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में क्रमशः एक भुजा की वृद्धि हो रही है और आकृति क्रमशः दो, तीन तथा चार भुजाओं वाली है। अतः चौथी आकृति पाँच भुजाओं वाली होगी।

***उदाहरण* 2.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




***व्याख्या*** (b) दी गई प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक अगली आकृति में एक-एक भुजा की कमी हो रही है। अतः सही आकृति, उत्तर आकृति (b) होगी।

### 2. आकृतियों के तत्वों/डिजाइनों की संख्याओं में वृद्धि/कमी पर आधारित

इस प्रकार के प्रश्नों में, दी गई प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक आकृति के अन्दर उपस्थित तत्वों/डिजाइनों की संख्या में निरन्तर वृद्धि/कमी होती रहती है। इसी निश्चित क्रम को जारी रखते हुए हमें दी गई उत्तर आकृतियों में से सही उत्तर आकृति ज्ञात करनी होती है।

***उदाहरण* 3.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***व्याख्या*** (a) दी गई प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक अगली आकृति में एक गुणन चिन्ह (X) बढ़ जाता है तथा एक बिन्दु ( · ) कम हो जाता है। इसी प्रकार, पाँचवी आकृति में पाँच X तथा तीन • होंगे जो उत्तर आकृति (a) मे विद्यमान है।

***उदाहरण* 4.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति श्रृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**



***(Rajasthan Patwari 2016)***

**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***व्याख्या*** (b) दी गई प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक अगली आकृति में एक तत्व (डिजाइन) लुप्त हो जाता है अर्थात् पहले बिन्दु, फिर तीर का शीर्ष तथा उसके पश्चात् रेखा लुप्त हो जाती है। यही क्रम आगे भी चलता है।

## 3. आकृतियों के घूर्णन के सिद्धान्त पर आधारित

किसी निश्चित या स्थिर बिन्दु के चारों तरफ एक खण्ड या आकृति का घूमना घूर्णन कहलाता है।

आकृतियों का घूर्णन निम्नलिखित दो दिशाओं में होता है

### I. घड़ी की सूईयों की दिशा में या दक्षिणावर्त घूर्णन

घड़ी की सूईयों की दिशा में घूर्णन, दक्षिणावर्त घूर्णन कहलाता है।




दक्षिणावर्त घूर्णन या घड़ी की दिशा में घूर्णन

### II. घड़ी की सूईयों की विपरीत दिशा में या वामावर्त घूर्णन

घड़ी की सूइयों की विपरीत दिशा में घूर्णन, वामावर्त घूर्णन कहलाता है।




वामावर्त घूर्णन या घड़ी की विपरीत दिशा में घूर्णन

## कोणीय घूर्णन

किसी आकृति का कोणीय घूर्णन निम्नलिखित दो दिशाओं में होता है

### I. आकृतियों का दक्षिणावर्त दिशा में कोणीय घूर्णन




दक्षिणावर्त दिशा में 45° कोणीय घूर्णन

दक्षिणावर्त दिशा में 90° कोणीय घूर्णन




दक्षिणावर्त दिशा में 180° कोणीय घूर्णन

दक्षिणावर्त दिशा में 270° कोणीय घूर्णन

### II. आकृतियों का वामावर्त दिशा में कोणीय घूर्णन




वामावर्त दिशा में 45° कोणीय घूर्णन

वामावर्त दिशा में 90° कोणीय घूर्णन




वामावर्त दिशा में 180° कोणीय घूर्णन

वामावर्त दिशा में 270° कोणीय घूर्णन

***उदाहरण* 5. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***व्याख्या*** *(c)* दी गई प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक अगली आकृति दक्षिणावर्त दिशा में 45° घूम रही है। अतः अगली आकृति विकल्प (c) होगी।

***उदाहरण* 6.** निम्नलिखित उत्तर आकृतियों में से कौन-सी उत्तर आकृति नीचे दी गई शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**



*(UP Police Constable 2014)*

**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***व्याख्या*** *(c)* प्रश्न आकृतियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के बाद हम पाते हैं कि पिछली आकृति को 135° वामावर्त दिशा में घुमाने पर अगली आकृति प्राप्त होती है। यदि इसी प्रकार का क्रम जारी रहता है, तो विकल्प (c) की आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी।

***उदाहरण* 7.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**



1 2 3 4 5

**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d) (e)

***व्याख्या*** *(e)* दी गई प्रश्न आकृतियों से यह स्पष्ट है कि प्रश्न आकृतियों में पहली आकृति अगले प्रत्येक पद (आकृति) में क्रमशः 90°, 135°, 180°, 225° और 270° दक्षिणावर्त दिशा में घूम रही है।

***उदाहरण* 8.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**



1 2 3 4 5

**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d) (e)

***व्याख्या*** *(d)* दी गई प्रश्न आकृति शृंखला का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि प्रत्येक अगली आकृति में तीर की दिशा वामावर्त दिशा में क्रमशः 90° और 45° और अन्तः पिन प्रत्येक अगली आकृति में क्रमशः 90° और 45° दक्षिणावर्त दिशा में घूम रही है।

***उदाहरण* 9.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**



1 2 3 4 5

**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d) (e)

***व्याख्या*** *(e)* दी गई प्रश्न आकृति का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि प्रत्येक अगली आकृति में तीर दक्षिणावर्त दिशा में क्रमशः 45°, 90°, 135° और 180° घूमता है और पिन प्रत्येक अगली आकृति में वामावर्त दिशा में क्रमशः 45°, 90°, 135° और 180° घूमता है। अतः इसी प्रकार तीर और पिन को क्रमशः दक्षिणावर्त दिशा में और वामावर्त दिशा में 225° घुमाने पर शृंखला की अगली आकृति प्राप्त होती है।

## 4. आकृतियों की स्थिति में परिवर्तन पर आधारित

इस प्रकार के प्रश्नों में दी गई आकृति के अवयवों की स्थितियाँ एक निश्चित क्रमानुसार पलट जाती हैं। ये वामावर्त या दक्षिणावर्त या क्रमिक रूप से वामावर्त और दक्षिणावर्त घूर्णन करते हुए पलट सकती हैं। इस प्रकार एक शृंखला का निर्माण होता है। अभ्यर्थियों को प्रश्न में निहित परिवर्तन के क्रम को पहचानकर प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर आने वाली उत्तर आकृति को दी गई उत्तर आकृतियों में से चुनना होता है।

***उदाहरण* 10.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***व्याख्या*** *(c)* दी गई प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक अगली आकृति में आधार आकृति 'O', दक्षिणावर्त दिशा में एक स्थान आगे बढ़ रही है तथा उसके आगे एक आकृति बढ़ती जा रही है। अतः अगली आकृति (c) होगी।

**उदाहरण 11.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में दक्षिणावर्त दिशा में क्रमशः तीन डिजाइन पलट जाते हैं। अतः इसी क्रम में सही उत्तर आकृति (a) होगा।

**उदाहरण 12.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति में दी गई आकृति शृंखला का क्रम जारी रखेगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d) (e)

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्न आकृतियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के बाद ज्ञात होता है कि प्रत्येक अगली आकृति में डिजाइन निम्नवत् परिवर्तित हैं तथा N के स्थान पर एक नया डिजाइन बन जाता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।




# प्रश्नों के प्रकार

इस अध्याय के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों को निम्न प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है

## प्रकार *1.* श्रेणी का अगला पद ज्ञात करना

इस प्रकार के अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में आकृतियाँ के दो समूह दिए गए होते हैं। एक समूह प्रश्न आकृतियों का तथा एक समूह उत्तर आकृतियों का होता है।

बाईं या ऊपर की ओर तीन/चार/पाँच प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं या नीचे की ओर चार/पाँच उत्तर आकृतियाँ होती हैं। प्रश्न आकृतियाँ एक निश्चित क्रम में एक शृंखला बनाती हैं अर्थात् यह बाईं ओर से दाईं ओर किसी निश्चित क्रम में बदलती रहती हैं। उत्तर आकृतियों में से आपको एक ऐसी आकृति का चयन करना होता है, जो इस शृंखला को जारी रखती है।

**उदाहरण 13.** निम्न प्रश्न में ऊपर की ओर प्रश्न आकृतियाँ तथा नीचे की ओर उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। प्रश्न आकृतियाँ एक शृंखला बनाती हैं। उत्तर आकृतियों में से एक ऐसी आकृति का चयन कीजिए, जो इस शृंखला को जारी रखे।

**प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d) (e)

***व्याख्या*** *(d)* प्रश्न आकृतियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के बाद ज्ञात होता है कि प्रत्येक अगली आकृति में मुख्य डिजाइन में एक छोटी सरल रेखा वामावर्त दिशा में जुड़ जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

# प्रश्नावली 1.1

***निर्देश*** (प्र.सं.1-35) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बाईं ओर प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं ओर उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। प्रश्न आकृतियाँ एक श्रृंखला बनाती हैं। उत्तर आकृतियों में से एक ऐसी आकृति का चयन कीजिए, जो इस श्रृंखला को जारी रखे।*

**प्रश्न आकृतियाँ** **उत्तर आकृतियाँ**

**1.**

(a) (b) (c) (d)

***(UPSC CSAT 2012)***

**2.**

(a) (b) (c) (d)

***(राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल 2018)***

**3.**

(a) (b) (c) (d)

***(MAT 2010)***

**4.**

(a) (b) (c) (d)

***(MAT 2012)***

**5.**

(a) (b) (c) (d)

***(MCA 2010)***

**6.**

(a) (b) (c) (d)

***(RRB (TC/CC) 2010)***

**7.**

(a) (b) (c) (d)

***(राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल 2018)***

**8.**

(a) (b) (c) (d)

**9.**

(a) (b) (c) (d)

***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

**प्रश्न आकृतियाँ** **उत्तर आकृतियाँ**

**10.**

(a) (b) (c) (d)

***(SSC 10+2 2014)***

**11.**

(a) (b) (c) (d)

***(SSC 10+2 2010)***

**12.**

(a) (b) (c) (d)

***(SSC MTS 2011)***

**13.**

(a) (b) (c) (d)

***(MAT 2009)***

**14.**

(a) (b) (c) (d)

***(SSC Steno 2008)***

**15.**

(a) (b) (c) (d)

***(SSC 10+2 2015)***

**16.**

(a) (b) (c) (d)

***(SSC CPO 2014)***

**17.**

(a) (b) (c) (d)

***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

**18.**

(a) (b) (c) (d)

***(UP B.Ed 2011)***

**19.**

(a) (b) (c) (d)

***(RRB ALP 2009)***

**20.**

(a) (b) (c) (d)

***(RRB ALP 2010)***

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**21.**



*(SSC 10+2 2011)*

**22.**



*(UP Police Constable 2014)*

**23.**



*(RRB TC 2015)*

**24.**



*(SBI PO 2009)*

**25.**



*(OBC PO 2010)*

**26.**



*(Dena Bank PO 2008)*

**27.**



*(P&SB PO 2009)*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**28.**



**29.**



**30.**



*(IBPS PO 2011)*

**31.**



*(SBI PO 2009)*

**32.**



*(Canara Bank Clerk 2008)*

**33.**



*(IBPS Clerk 2010)*

**34.**



*(IBPS Clerk 2011)*

**35.**



*(IBPS Clerk 2011)*

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* दी गई प्रश्न आकृति में त्रिभुज वामावर्त दिशा में चतुर्भुज के कोनों में क्रमशः सीधा और उल्टा होते हुए रूपानंतरित होता है। दी गई रेखा भी वामावर्त गति करती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**2.** *(a)* दी गई आकृतियों के अनुक्रम में प्रत्येक अगले पद में नीचे की आकृति ऊपर की आकृति से स्थान परिवर्तित करती है, और क्रमशः छोटी और बड़ी आकृति का बारी-बारी से रंग बदलता है। इस प्रकार अनुक्रम में अगली आकृति उत्तर आकृति (a) आएगी।

**3.** *(c)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में एक बार दाएँ ओर की ऊपर व नीचे के डिजाइन परस्पर स्थान बदलते हैं तथा अगली बार बाएँ ओर की ऊपर व नीचे के डिजाइन परस्पर स्थान बदलते हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (c) प्राप्त होगी।

**4.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में अन्दर वाला डिजाइन बाहर वाला डिजाइन बन जाता है तथा उसके अन्दर एक नया डिजाइन बन जाता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**5.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में एक नयी रेखा क्रम से दक्षिणावर्त दिशा में मुख्य डिजाइन के बाहर जुड़ जाती है तथा अन्दर वाला त्रिभुज एक बार काला और अगली बार सफेद हो जाता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**6.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में तीर की डिजाइन क्रमशः 30°, 60°, 90°......... स्थान बदलकर दक्षिणावर्त दिशा में घूमती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**7.** *(d)* दी गई आकृतियों के क्रम में हल्का काला छायांकित भाग और काला छायांकित भाग क्रमशः वामावर्त और दक्षिणावर्त दिशा में एक-एक स्थान आगे बढ़ जाते हैं। इस प्रकार अनुक्रम में अगली आकृति (d) आएगी।

**8.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक दूसरी आकृति में अन्दर की डिजाइनों की पुनरावृत्ति होती हैं और एक बार ऊपर तथा नीचे के डिजाइन परस्पर स्थान परिवर्तन कर लेते हैं और एक बार दाईं तथा बाईं ओर के डिजाइन परस्पर स्थान परिवर्तन कर लेते हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**9.** *(d)* प्रत्येक अगली आकृति में काले वृत्त के भीतर का त्रिभुज 90° वामावर्त दिशा में घूम रहा है तथा अगले चित्र में पिछले चित्र की अपेक्षा एक अधिक रेखा से निर्मित आकृति उपस्थित है। इसी प्रारूप का अनुसरण करते हुए अनुक्रम की अगली आकृति, आकृति (d) होगी।

**10.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में डिजाइन से एक रेखा एक निश्चित क्रम से जुड़ जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**11.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में मुख्य डिजाइन वामावर्त दिशा में क्रमशः 180°, 90°, 180°, 90°,....... घूम जाती है। छोटा त्रिभुज बाएँ से दाएँ, दाएँ से बाएँ ,........ खिसक जाता है तथा मुख्य डिजाइन से जुड़ा रेखाखण्ड छोटे त्रिभुज के विपरीत कोने में अन्दर तथा बाहर बारी-बारी से स्थान परिवर्तित करता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**12.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में एक रेखा क्रम से आकृति में जुड़ जाती हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**13.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में मुख्य डिजाइन पलट जाती है तथा एक रेखा उसमें जुड़ जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**14.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में मुख्य डिजाइन पर ऊपर की ओर बने दोनों तीरों में से पहले बाईं ओर के तीर, फिर दाईं ओर के तीर की दिशाएँ क्रमशः उलट जाती हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**15.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक आकृति अगली तीसरी आकृति में उलटकर पुनः प्रकट होती है तथा पी (P) की डिजाइन वामावर्त दिशा में क्रमशः एक, डेढ़, दो,........ भुजा खिसक जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**16.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में पिनें दक्षिणावर्त दिशा में एक के बाद एक क्रमशः 180° घूम जाती हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**17.** *(c)* दी गई श्रृंखला में प्रत्येक चरण में आकृति 135° वामावर्त दिशा में घूम रही है। अतः इसी क्रम में अगली आकृति, उत्तर आकृति (c) होगी।

**18.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक दूसरी आकृति में समान आकृति की पुनरावृत्ति हो जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**19.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में एक बार गुणा का चिह्न नीचे की ओर बढ़ता है और अगली बार घटाव का चिह्न बाईं ओर बढ़ता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**20.** *(b)* प्रश्न आकृतियों की प्रत्येक अगली आकृति में मुख्य डिजाइन 45° वामावर्त दिशा में घूम जाती है और बारी-बारी से दोनों सिरों पर एक रेखा क्रमशः पहले बाईं ओर और फिर दाईं ओर जुड़ती जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहने पर उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**21.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में डिजाइन दक्षिणावर्त दिशा में 90° घूम जाती है तथा एक नयी रेखा वामावर्त दिशा में 45° पर जुड़ जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**22.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में डिजाइन के दाईं ओर एक रेखा की वृद्धि हो जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**23.** *(d)* प्रश्न आकृतियों में पहली, तीसरी, पाँचवीं, ........ तथा दूसरी, चौथी, छठी,........ आकृति समान हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहा है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**24.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में, एक बार पिनों के शीर्ष मध्य में आ जाते हैं और एक तीर डिजाइन जुड़ जाता है तथा अगली बार पिनों के शीर्ष पुरानी अवस्था में आ जाते हैं और तीरों के शीर्ष पलटकर मध्य में आ जाते हैं तथा एक नयी पिन डिजाइन से जुड़ जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**25.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में, एक बार पिनों के शीर्ष मध्य में आ जाते हैं और एक तीर डिजाइन से जुड़ जाता है तथा अगली बार पिनों के शीर्ष पुरानी अवस्था में आ जाते हैं, तीरों के शीर्ष पलटकर मध्य में आ जाते हैं तथा एक नयी पिन डिजाइन से जुड़ जाती है। प्रत्येक आकृति में दाईं ओर एक नयी डिजाइन बदलती रहती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**26.** *(c)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में रेखा वर्ग की विपरीत भुजा के निकट आ जाती है। काला त्रिभुज पलट जाता है तथा दाईं से बाईं ओर बढ़ता है और पुनः दाईं ओर आकर उसी क्रम से बढ़ता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (c) प्राप्त होगी।

**27.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में ऊपर वाला तीर दक्षिणावर्त दिशा में 90° तथा नीचे वाला तीर वामावर्त दिशा में 90° घूम जाते हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**28.** *(d)* प्रश्न आकृति प्रत्येक अगली आकृति में 90° वामावर्त घूमती है, जबकि दोनों तिरछी रेखाओं के ऊपर की डिजाइन हर बार पलट जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (d) प्राप्त होगी।

**29.** *(a)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में झण्डे की डिजाइनें क्रमशः वामावर्त दिशा में 45°, 90°, 135°, 180°, ........ घूम जाती हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**30.** *(c)* पहली और दूसरी प्रश्नाकृति को 90° दक्षिणावर्त घुमाने पर क्रमशः तीसरी एवं चौथी प्रश्नाकृति प्राप्त होती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (c) प्राप्त होगी।

**31.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में डिजाइन एक बार दाईं से बाईं ओर पलट जाती है और दूसरी बार ऊपर से नीचे पलट जाती है। प्रत्येक बार एक तीर की दिशा पलट जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (b) प्राप्त होगी।

**32.** *(a)* प्रश्न आकृति में प्रत्येक अगली आकृति क्रमशः एक बार वामावर्त दिशा में तथा एक बार दक्षिणावर्त दिशा में, 45°, 90°, 135°, ....... घूमती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (a) प्राप्त होगी।

**33.** *(d)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में सभी डिजाइनें निम्नवत् सरकती हैं



(1) से (2) में (2) से (3) में (3) से (4) में (4) से (5) में (5) से (6) में

**34.** *(c)* प्रत्येक अगली आकृति में मुख्य डिजाइन 45°, 90°, 45°, दक्षिणावर्त घूमती है और आधी पत्ती क्रमशः दाईं तथा बाईं ओर जुड़ जाती है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (c) प्राप्त होगी।

**35.** *(b)* प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में सभी डिजाइनें निम्नवत् सरकती हैं



(1) से (2) में (2) से (3) में (3) से (4) में (4) से (5) में (5) से (6) में

## प्रकार *2.* श्रेणी का लुप्त पद ज्ञात करना

इस प्रकार के अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में बाईं ओर चार/पाँच प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं ओर चार/पाँच उत्तर आकृतियाँ दी गई होती हैं। दी गई प्रश्न आकृतियाँ एक शृंखला बनाती हैं। प्रश्न आकृतियों में एक आकृति लुप्त रहती है तथा उसके स्थान पर प्रश्नचिह्न (?) दिया गया होता है। आपको दी गई उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन करना होता है, जोकि प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखने पर शृंखला को पूरा करती हो।

***उदाहरण* 14.** दिए गए विकल्पों में से उस सही विकल्प को चुनिए जो दिए गए अनुक्रम को पूरा करेगा।

**प्रश्न आकृतियाँ** **उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

***(SSC 10+2 2013)***

***व्याख्या*** (c) प्रश्न आकृतियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के बाद ज्ञात होता है कि प्रश्न आकृति की प्रत्येक आकृति को 45° वामावर्त दिशा में घुमाने पर और छोटे वृत्त का एक खाना दक्षिणावृत दिशा में खिसकाने पर अगली आकृति प्राप्त होती है। यदि यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (c) प्राप्त होगी।

***उदाहरण* 15.** निम्न प्रश्न में बाईं ओर प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं ओर उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। प्रश्न आकृतियों में एक स्थान पर प्रश्नचिह्न (?) बना हुआ है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखने पर एक शृंखला बनाए।

**प्रश्न आकृतियाँ** **उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d) (e)

***व्याख्या*** (e) प्रश्न आकृतियों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करने के बाद ज्ञात होता है कि प्रश्न आकृति की प्रत्येक अगली आकृति में क्रमशः एक बार दाईं ओर का एक वृत्तखण्ड पलट जाता है और अगली बार बाईं ओर का एक वृत्तखण्ड पलट जाता है। आगे भी यही क्रम जारी रहता है, तो उत्तर आकृति (e) प्राप्त होगी।

# प्रश्नावली 1.2

***1.*** दी गई आकृतियों का अध्ययन कीजिए।



इस नियम के अनुसार कौन-सा चित्र प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा। यदि परिवर्तन इसी नियम के अनुसार जारी रहे।



(a) (b) (c) (d)

***(UPSC CSAT 2015)***

***2.*** निम्नांकित आकृतियों पर विचार कीजिए।



ऊपर अंकित चार आकृतियों में मनकों की स्थिति एक अनुक्रम के अनुसार बदलती है। उसी अनुक्रम का अनुसरण करते हुए निम्नांकित आकृति में से कौन-सी एक, ऊपर की पाँचवीं आकृति के रूप में आनी चाहिए?



(a) (b) (c) (d)

***(UPSC CSAT 2014)***

***3.*** उस उत्तर आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न आकृति के प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर आएगी।

**प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**



(A) (B) (C) (D)

***(RRB ALP 2018)***

(a) C (b) B (c) D (d) A

**निर्देश** (प्र. सं. 4-24) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बाईं ओर प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं ओर उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। प्रश्न आकृतियाँ एक शृंखला बनाती हैं। उत्तर आकृतियों में से एक ऐसी आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न आकृति में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर सही समायोजित हो सके।*

**प्रश्न आकृतियाँ** **उत्तर आकृतियाँ**

***4.***



(a) (b) (c) (d)

***(SSC 10+2 2002)***

***5.***



(a) (b) (c) (d)

***(SSC 10+2 2009)***

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**6.** 
(a) (b) (c) (d)

**7.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC 10+2 2013)*

**8.** 
(a) (b) (c) (d)

**9.** 
(a) (b) (c) (d)

**10.** 
(a) (b) (c) (d)

**11.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC Steno 2010)*

**12.** 
(a) (b) (c) (d)

**13.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC 10+2 2008)*

**14.** 
(a) (b) (c) (d)

*(MAT 2009)*

**15.** 
(a) (b) (c) (d)

**16.** 
(a) (b) (c) (d)

**17.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC CGL 2009)*

**18.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC 10+2 2011)*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**19.** 
(a) (b) (c) (d)

**20.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC 10+2 2012)*

**21.** 
(a) (b) (c) (d)

*(UP B.Ed 2013)*

**22.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC CGL 2014)*

**23.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC MTS 2012)*

**24.** 
(a) (b) (c) (d)

*(SSC Steno 2011)*

***निर्देश*** (प्र. सं. 25-47) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बाईं ओर प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं ओर उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। प्रश्न आकृतियों में एक स्थान पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) बना हुआ है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर एक श्रृंखला बनाए।*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**25.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**26.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**27.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

*(SBI Clerk 2011)*

**28.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

*(IBPS Clerk 2011)*

**29.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**30.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

*(RBI PO 2009)*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**31.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(SBI PO 2010)*

**32.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(IBPS PO 2011)*

**33.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(IBPS Clerk 2011)*

**34.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**35.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(RBI Clerk 2008)*

**36.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(SBI PO 2009)*

**37.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**38.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(IBPS PO 2011)*

**39.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(PNB PO 2008)*

**40.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(SBI PO 2005)*

**41.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**42.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(IBPS Clerk 2010)*

**43.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(SBI PO 2011)*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**44.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**45.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**46.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(IBPS PO 2010)*

**47.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

***निर्देश*** (प्र. सं. 48-60) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बाईं ओर प्रश्न आकृतियाँ तथा दाईं ओर उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। प्रश्न आकृतियों में एक स्थान पर प्रश्नवाचक चिह्न (?) बना हुआ है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर एक श्रृंखला बनाए।*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

**48.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**49.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(SBI PO 2011)*

**50.** प्रश्न आकृतियाँ

उत्तर आकृतियाँ

(a) (b) (c) (d)
*(RRB ALP 2018)*

**51.** 

(a) (b) (c) (d) (e)

**52.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(IBPS PO 2011)*

**53.** 
(a) (b) (c) (d) (e)

**54.** 
(a) (b) (c) (d) (e)
*(PNB Clerk 2009)*

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

55. 


(SBI PO 2009)

56. 


57. 


(IBPS PO 2011)

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ

58. 


59. 


(SBI PO 2009)

| 8. | E | O | अनिश्चित |
| 9. | I | A | I |
| 10. | I | E | O |
| 11. | I | I | अनिश्चित |
| 12. | I | O | अनिश्चित |
| 13. | O | A | अनिश्चित |
| 14. | O | E | अनिश्चित |
| 15. | O | I | अनिश्चित |
| 16. | O | O | अनिश्चित |

**नोट** यदि दोनों कथनों में सर्वनिष्ठ पद या दो उद्देश्य (subject) हों या विधेय (predicate) हों, तो एकत्रीकरण (alignment) की आवश्यकता होती है।

**महत्त्वपूर्ण तथ्य**

- दिए गए कथनों में केवल तीन ही पद होने चाहिए। यदि तीन से अधिक या कम पद हों, तो दोनों कथनों से निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।
- दोनों कथनों में तीनों पदों में से एक पद उभयनिष्ठ (common) होता है, जिसे मध्य पद (middle term) कहते हैं। पहले कथन के एक अन्य पद को वृहत् पद (major term) तथा दूसरे कथन के एक अन्य पद को लघु पद (minor term) कहते हैं।

उपरोक्त बातों को निम्न उदाहरण द्वारा और स्पष्ट किया गया है

**कथन** I. सभी विद्यार्थी मेहनती हैं।
II. कुछ ईमानदार विद्यार्थी हैं।

चूँकि विद्यार्थी दोनों कथनों में है। अतः यह मध्य पद हुआ। जबकि पहले कथन का अन्य पद 'मेहनती' वृहत् पद तथा दूसरे कथन का अन्य पद 'ईमानदार' लघु पद हुआ।

## निष्कर्ष का सम्पूरक युग्म

(Complementary Pair of Conclusion)

सम्पूरक युग्म के लिए निम्न स्थिति आवश्यक है

यदि दोनों निष्कर्षों में उद्देश्य (subject) तथा विधेय (predicate) समान हो, तो निम्नलिखित तीन युग्मों में से कोई एक युग्म बनता है।

(a) A-O **प्रकार**

जैसे– (i) सभी शताब्दी दशक हैं। (A-प्रकार)
(ii) कुछ शताब्दी दशक नहीं हैं। (O-प्रकार)

(b) I-O **प्रकार**

जैसे– (i) कुछ शताब्दी दशक हैं। (I-प्रकार)
(ii) कुछ शताब्दी दशक नहीं हैं। (O-प्रकार)

(c) I-E **प्रकार**

जैसे– (i) कुछ शताब्दी दशक हैं। (I-प्रकार)
(ii) कोई शताब्दी दशक नहीं है। E-प्रकार)

# आरेखीय निरूपण विधि

| क्र.सं. | कथन | वेन आकृति | अनुमान |
|---|---|---|---|
| 1. | I. सभी कलम पेन्सिल हैं।<br>II. सभी पेन्सिल पुस्तक हैं। |   | 1. सभी कलम पुस्तक हैं।<br>2. कुछ पेन्सिल कलम हैं।<br>3. सभी पेन्सिल पुस्तक हैं।<br>4. कुछ पुस्तक कलम हैं।<br>5. कुछ पुस्तक पेन्सिल हैं। |
| 2. | I. सभी कुत्ते जानवर हैं।<br>II. सभी गायें जानवर हैं। |   | 1. कुछ जानवर कुत्ते हैं।<br>2. कुछ जानवर गायें हैं।<br>3. कुछ कुत्ते गाय हो भी सकते हैं और नहीं भी हो सकते हैं। |
| 3. | I. सभी कुत्ते जानवर हैं।<br>II. कुछ जानवर गायें हैं। |   | 1. कुछ जानवर कुत्ते हैं।<br>2. कुछ गायें जानवर हैं।<br>3. कुछ कुत्ते गाय हो भी सकते हैं और नहीं भी हो सकते हैं। |
| 4 | I. कुछ छात्र खिलाड़ी हैं।<br>II. सभी खिलाड़ी लड़के हैं। |   | 1. कुछ खिलाड़ी छात्र हैं।<br>2. कुछ लड़के खिलाड़ी हैं।<br>3. कुछ छात्र लड़के हैं।<br>4. कुछ लड़के छात्र हैं। |
| 5. | I. सभी कम्प्यूटर लैपटॉप हैं।<br>II. कुछ कम्प्यूटर पेजर हैं। |   | 1. कुछ लैपटॉप कम्प्यूटर हैं।<br>2. कुछ पेजर कम्प्यूटर हैं।<br>3. कुछ लैपटॉप पेजर हैं।<br>4. कुछ पेजर लैपटॉप हैं। |
| 6. | I. सभी कम्प्यूटर लैपटॉप हैं।<br>II. कुछ पेजर लैपटॉप हैं। |   | 1. कुछ लैपटॉप कम्प्यूटर हैं।<br>2. कुछ लैपटॉप पेजर हैं।<br>3. कुछ कम्प्यूटर पेजर हो भी सकते हैं और नहीं भी हो सकते हैं। |

| क्र.सं. | कथन | वेन आकृति | अनुमान |
|---|---|---|---|
| 7. | I. कुछ कलम पेन्सिल हैं।<br>II. कुछ पेन्सिल पुस्तकें हैं। |  | 1. कुछ पेन्सिल कलम हैं।<br>2. कुछ पुस्तक पेन्सिल हैं।<br>3. कुछ कलम पुस्तकें हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती हैं। |
| 8. | I. सभी किताबें कॉपी हैं।<br>II. कोई कॉपी कलम नहीं है। |  | 1. कुछ कॉपी किताब हैं।<br>2. कोई कलम कॉपी नहीं है।<br>3. कोई किताब कलम नहीं है।<br>4. कोई कलम किताब नहीं है। |
| 9. | I. कोई किताब कॉपी नहीं है।<br>II. सभी कॉपी कलम हैं। |  | 1. कोई कॉपी किताब नहीं है।<br>2. कुछ कलम कॉपी हैं।<br>3. कुछ कलम किताब नहीं हैं।<br>4. कुछ किताब कलम हो भी सकती हैं और नहीं भी हो सकती हैं। |
| 10. | I. कुछ लैम्प लालटेन हैं।<br>II. कोई लालटेन बल्ब नहीं है। |  | 1. कुछ लालटेन लैम्प हैं।<br>2. कोई बल्ब लालटेन नहीं है।<br>3. कुछ लैम्प बल्ब नहीं है।<br>4. कुछ लैम्प बल्ब हो भी सकते हैं तथा नहीं भी हो सकते। |

# प्रश्नों के प्रकार

सामान्यतः विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं में न्याय के अन्तर्गत तीन प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं, जोकि निम्नवत् हैं

## प्रकार *1.* दो कथन और दो या दो से अधिक निष्कर्ष पर आधारित

इस प्रकार के प्रश्नों में, दो कथन और उसके बाद दो या दो से अधिक निष्कर्ष दिए गए होते हैं। अभ्यर्थियों को दिए गए कथनों के आधार पर निष्कर्षों की वैधता की जाँच करनी होती है और इसी आधार पर सही उत्तर विकल्प का चयन करना होता है।

***निर्देश*** (उदा. सं. 1 और 2) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं तथा उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको ये कथन सत्य मानने हैं भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों।*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

***उदाहरण* 1. कथन** कुछ पुस्तकें मैगजीन हैं।
कुछ मैगजीन उपन्यास हैं। ***(UPPSC Pre 2012)***

**निष्कर्ष** I. कुछ पुस्तकें उपन्यास हैं।
II. कुछ उपन्यास पुस्तकें हैं।

***व्याख्या*** (d) कथनानुसार,




अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**वैकल्पिक विधि**

**प्रथम कथन** → कुछ पुस्तकें मैगजीन हैं। (I प्रकार)

**द्वितीय कथन** → कुछ मैगजीन उपन्यास हैं। (I प्रकार)

अतः नियमानुसार, I+I = अनिश्चित निष्कर्ष

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

***उदाहरण* 2. कथन** सभी टिकट कूपन होते हैं।
सभी कार्ड टिकट होते हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ कूपन कार्ड होते हैं।
II. कुछ कार्ड कूपन होते हैं। ***(SSC 10+2 2018)***

***व्याख्या*** (c)




I. कुछ कूपन कार्ड होते हैं। (सत्य)
II. कुछ कार्ड कूपन होते हैं। (सत्य)

***उदाहरण* 3.** नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं तथा उसके निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे तर्कपूर्ण तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप में अनुसरण करता है? *(UPPSC Pre 2015)*

**कथन** कुछ मन्त्री अध्यापक हैं।
सभी अध्यापक विद्वान् हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ मन्त्री विद्वान् हैं।
II. सभी विद्वान् अध्यापक हैं।

(a) केवल I अनुसरण करता है
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) I और II अनुसरण करते हैं
(d) न तो I और न ही II अनुसरण करता है

***व्याख्या*** *(a)* कथनानुसार,




अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

***उदाहरण* 4.** नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनके आगे तीन निष्कर्ष I, II और III निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य हैं, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष, यदि कोई हो, दिए गए कथनों से निकलता है?

**कथन** कुछ वर्ष दशक होते हैं।
सभी शताब्दियाँ दशक होती हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ शताब्दियाँ वर्ष होती हैं।
II. कुछ दशक वर्ष होते हैं।
III. सभी शताब्दी वर्ष होती हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) निष्कर्ष I और II निकलते हैं
(d) निष्कर्ष I और III निकलते हैं

***व्याख्या*** *(b)* कथनानुसार,




उपरोक्त आरेख से केवल निष्कर्ष II निकलता है।

***उदाहरण* 5.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन तथा दो निष्कर्ष I व II दिए गए हैं। आपको इन दोनों कथनों को सत्य मानना है, वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और तय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है? *(SBI Clerk 2015)*

**कथन** सभी ड्रम बाँसुरी हैं।
सभी गिटार ड्रम हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी गिटार बाँसुरी हैं।
II. सभी ड्रम गिटार हैं।

(a) दोनों निष्कर्ष सत्य हैं
(b) केवल निष्कर्ष I सत्य है
(c) न तो निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II सत्य है
(d) केवल निष्कर्ष II सत्य है
(e) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II सत्य है

***व्याख्या*** *(b)* कथनानुसार,




अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

***उदाहरण* 6.** नीचे दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सही मानना है, चाहे यह सर्वविदित तथ्यों से भिन्न हों। आपको निर्णय लेना है कि दिए गए निष्कर्षों में से क्या कोई कथनों का अनुसरण करता है? *(SSC CGL 2016)*

**कथन** कुछ बन्दर कुत्ते हैं।
सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ बन्दर बिल्लियाँ हैं।
II. कोई कुत्ता बिल्ली नहीं है।

(a) केवल I अनुसरण करता है
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) यदि कोई अनुसरण नहीं करता है

***व्याख्या*** *(a)* कथनानुसार,




अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

***उदाहरण* 7.** नीचे दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सही मानना है, चाहे यह सर्वविदित तथ्यों से भिन्न हों, आपको निर्णय लेना है कि दिए गए निष्कर्षों में से क्या कोई कथनों का अनुसरण करता है?

**कथन** कोई पेन्सिल रबर नहीं है।
सभी रबर शार्पनर हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी शार्पनर पेन्सिल हैं।
II. सभी शार्पनर रबर हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I और II में से कोई अनुसरण नहीं करता है

***व्याख्या*** (d) कथनानुसार,




अतः निष्कर्ष I और II में से कोई अनुसरण नहीं करता है।

***उदाहरण* 8.** निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं जिनके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको मानना है कि कथन सत्य है चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निश्चित रूप से कथनों द्वारा सही निकाला जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हो? ***(SSC 10+2 2017)***

**कथन** कुछ ऊँट जहाज हैं।
कोई जहाज नाव नहीं है।

**निष्कर्ष** I. कुछ जहाज ऊँट हैं। II. कुछ ऊँट नाव नहीं है।

(a) निष्कर्ष I सही है
(b) निष्कर्ष II सही है
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है
(d) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं

***व्याख्या*** (d) कथनानुसार,




अतः दोनों निष्कर्ष सही हैं।

***उदाहरण* 9.** नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालाँकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्ति संगत है? ***(SSC MTS 2017)***

**कथन** सभी छोटे मोटे हैं।
कुछ छोटे गोरे हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ गोरे मोटे हैं।
II. कुछ मोटे गोरे हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं
(d) न तो निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II सही है

***व्याख्या*** (c) कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

# प्रश्नावली 1.1

***निर्देश*** (प्र.सं. 1-10) *दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और आपको यह चयन करना है कि कौन-सा/से निष्कर्ष यथोचित से परे तर्कसंगत रूप से कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं?*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(d) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

***1.*** **कथन** सभी ग्रह तारें हैं।
सभी तारे चन्द्रमा हैं।
***(UPSSSC अधीनस्थ कृषि सेवा प्राविधिक सहायक भर्ती परीक्षा 2019)***
**निष्कर्ष** I. कुछ तारे ग्रह हैं।
II. कुछ चन्द्रमा ग्रह हैं।

***2.*** **कथन** सभी जूते मोजे हैं।
सभी मोजे शर्ट हैं। ***(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)***
**निष्कर्ष** I. कुछ मोजे जूते हैं।
II. कुछ शर्ट जूते हैं।

***3.*** **कथन** सभी पानी जहाज, हवाईजहाज हैं।
सभी बसें, पानी जहाज हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी बस जो पानी जहाज हैं, वे आवश्यक रूप से हवाईजहाज होंगे।
II. बहुत थोड़ी मोटरगाड़ियाँ, पानी जहाज हैं।
***(UPSSSC UDA/LDA भर्ती परीक्षा 2015)***

***4.*** **कथन** सभी जगुआर चीता हैं, सभी पैंथर चीता हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी जगुआर पैंथर्स हैं।
II. कुछ जगुआर पैंथर्स हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***5.*** **कथन** सभी टॉनिक्स विषाक्त पदार्थ हैं। सभी विषाक्त पदार्थ जहर हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी जहर टॉनिक हैं।
II. कुछ जहर टॉनिक हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***6.*** **कथन** सभी तेंदुए शेर हैं। कुछ बाघ तेंदुए हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ बाघ शेर हैं।
II. कोई शेर बाघ नहीं है। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***7.*** **कथन** कोई भी जॉकी ऐस नहीं है। कोई भी ऐस क्वीन नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कोई भी जॉकी क्वीन नहीं है।
II. सभी क्वीन जॉकी हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***8.*** **कथन** सभी स्लेट सूरज हैं।
कुछ तारें सूरज हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी स्लेट तारें हैं।
II. सभी तारें स्लेट हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***9.*** **कथन** सभी पक्षी लम्बे हैं। कुछ लम्बे मोर हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ पक्षी मोर हैं।
II. कुछ मोर लम्बे हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***

***10.*** **कथन** कुछ हाथी शेर हैं।
कुछ शेर ऊँट हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ गाय ऊँट हैं।
II. सभी शेर गाय हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***

***निर्देश*** (प्र.सं. 11-15) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I तथा II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना हैं, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?*

**उत्तर दीजिए** ***(RBI Assist. Pre 2016)***

(a) यदि या निष्कर्ष I या II सत्य है
(b) यदि दोनों निष्कर्ष I तथा II सत्य हैं
(c) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सत्य है
(d) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है
(e) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है

***11.*** **कथन** कुछ प्लग टैबलेट हैं। कोई भी टैबलेट दरवाजा नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कुछ प्लग निश्चित रूप से दरवाजा नहीं हैं।
II. सभी दरवाजे प्लग हैं।

***12.*** **कथन** सभी फूल काँटे हैं। कुछ फूल पत्तियाँ हैं।
**निष्कर्ष** I. कोई भी पत्ती काँटा नहीं है।
II. कुछ काँटे पत्तियाँ हैं।

***13.*** **कथन** कोई भी कुत्ता बिल्ली नहीं है। सभी बिल्लियाँ चटाई हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ कुत्ते चटाई हैं।
II. सभी कुत्ते कभी चटाई नहीं हो सकते।

***14.*** **कथन** सभी गेंद पेन्सिल हैं। सभी चाबियाँ गेंद हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ पेन्सिल चाबियाँ हैं।
II. सभी पेन्सिल गेंदें हैं।

***15.*** **कथन** कुछ मोमबत्तियाँ माचिस हैं। कुछ माचिस रॉकेट हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ रॉकेट मोमबत्तियाँ हैं।
II. कोई भी रॉकेट मोमबत्ती नहीं है।

***निर्देश*** (प्र.सं. 16 और 17) *दो कथन दिए गए हैं। जिसके आगे दो/चार निष्कर्ष निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य हैं चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए कथनों में से कौन-सा निश्चित रूप में सही निष्कर्ष निकाला जा सकता है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए?* ***(SSC Steno 2016)***

***16.*** **कथन** सभी सेब सन्तरे हैं।
कुछ सन्तरे पपीते हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ सेब पपीते हैं। II. कुछ पपीते सेब हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II निकलता है

***17.*** **कथन** सभी हवाईजहाज रेलगाड़ी हैं।
कुछ रेलगाड़ियाँ कुर्सी हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ हवाईजहाज कुर्सियाँ हैं।
II. कुछ कुर्सियाँ हवाईजहाज हैं।
III. कुछ कुर्सियाँ रेलगाड़ियाँ हैं।
IV. कुछ रेलगाड़ियाँ हवाईजहाज हैं।
(a) निष्कर्ष I व II सत्य हैं
(b) निष्कर्ष I व III सत्य हैं
(c) निष्कर्ष II व III सत्य हैं
(d) निष्कर्ष III व IV सत्य हैं

***18.*** दिए गए कथन को सही मानकर यह तय करें कि नीचे दिए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथन के निश्चित तौर पर निकाला जा सकता है?
**कथन** नदियाँ पूजनीय हैं।
सभी देवता पूजनीय हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी नदियाँ देवता हैं।
II. सभी देवता नदियाँ हैं।
(a) न तो I न ही II अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

***19.*** दिए गए कथनों को सच मानकर चलें और यह तय करें कि कौन-से निष्कर्ष कथनों में से निश्चित रूप से निकाले जा सकते हैं?
**कथन** कुछ फल सब्जियाँ हैं।
कुछ सब्जियाँ खाद्य नहीं हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ फल खाद्य नहीं हैं।
II. कुछ सब्जियाँ फल हैं। ***(RRB ALP 2018)***
(a) I और II दोनों सही नहीं हैं (b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) I और II दोनों सही हैं (d) केवल निष्कर्ष I सही है

***निर्देश*** (प्र.सं. 20-24) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?*

**उत्तर दीजिए** ***(IBPS Clerk 2012)***

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(d) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है
(e) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं

***20.*** **कथन** कुछ पेड़ झाड़ियाँ हैं।
सभी फूल झाड़ियाँ हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ झाड़ियाँ पेड़ हैं।
II. कम-से-कम कुछ फूल पेड़ हैं।

***21.*** **कथन** सभी रंग पेंट हैं।
कोई पेंट कूची नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ कूचियाँ रंग हैं। II. कोई कूची रंग नहीं है।

***22.*** **कथन** कुछ केमिकल ऑर्गेनिक हैं।
सभी ऑर्गेनिक उर्वरक हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ उर्वरक केमिकल हैं।
II. सभी उर्वरक ऑर्गेनिक हैं।

***23.*** **कथन** कोई हवा ठोस नहीं है।
कुछ ठोस द्रव हैं।
**निष्कर्ष** I. कोई द्रव हवा नहीं है।
II. कुछ हवाएँ निश्चित रूप से द्रव नहीं हैं।

***24.*** **कथन** सभी रत्न हीरे हैं।
सभी हीरे चट्टानें हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ चट्टानें रत्न हैं। II. सभी रत्न चट्टानें हैं।

***25.*** दिए गए कथन को सही मानकर यह तय करें कि नीचे दिए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथन के निश्चित तौर पर निकाला जा सकता है?
**कथन** कुछ व्यक्ति महान होते हैं।
कुछ व्यक्ति बुद्धिमान होते हैं। ***(UPSC CSAT 2015)***
**निष्कर्ष** I. व्यक्ति या तो महान होते हैं या बुद्धिमान।
II. कुछ व्यक्ति न तो महान होते हैं, न ही बुद्धिमान।
(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है

***निर्देश*** (प्र. सं. 26 और 27) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालाँकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं?* ***(SSC CGL 2017)***

***26.*** **कथन** सभी अँगूर हरे हैं।
कुछ हरे सख्त हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ हरे अँगूर हैं। II. कुछ सख्त अँगूर हैं।
III. कोई हरा सख्त नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I सही है (b) निष्कर्ष I तथा II सही हैं
(c) निष्कर्ष I तथा III सही हैं (d) सभी निष्कर्ष सही हैं

***27.*** **कथन** सभी गाड़ियाँ काली हैं।
कोई काला चमकीला नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कुछ गाड़ियाँ चमकीली हैं। II. कोई गाड़ी चमकीली नहीं है।
III. कोई चमकीली गाड़ी नहीं है।
(a) निष्कर्ष I तथा II सही हैं (b) निष्कर्ष II तथा III सही हैं
(c) निष्कर्ष I तथा III सही हैं (d) सभी निष्कर्ष सही हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 28-33) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दिए गए कथन (कथनों) और निष्कर्ष को सावधानी से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सही है, भले ही यह आम तौर पर ज्ञात तथ्यों से भिन्न दिखाई देती हो, कथन से उन तर्कसंगत रूप से अनुसरण करने वाले निष्कर्षों का चयन करें जो न्यायोचित संदेह से परे हों।*

***28.*** **कथन** सभी तीन भुजाओं वाली आकृतियाँ त्रिभुज हैं
कोई त्रिभुज वृत्त नहीं है
**निष्कर्ष** I. सभी त्रिभुजों में तीन भुजाएँ हैं।
II. किसी भी वृत्त में तीन भुजाएँ नहीं हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) दोनों निष्कर्ष I और II पालन करते हैं
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करते हैं
(d) केवल निष्कर्ष II पालन करता है

***29.*** **कथन** सभी क्लिप पिन हैं। सभी पिन किताबें हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी क्लिप किताबें हैं।
II. कुछ पिन क्लिप हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) केवल II अनुसरण करता है
(b) या तो I और या II अनुसरण करता है
(c) दोनों I और II अनुसरण करते हैं
(d) केवल I अनुसरण करता है

***30.*** **कथन** कुछ मोर गोरैया हैं।
कुछ गोरैया कौवा नहीं हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ गोरैया मोर हैं। II. कुछ कौवे मोर हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(c) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

***31.*** **कथन** कुछ छात्र अंग्रेजी में कमजोर हैं।
वे सभी, जो अंग्रेजी में कमजोर हैं, गायक हैं।
**निष्कर्ष** कुछ गायक अंग्रेजी में कमजोर हैं ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) सम्भवतः सत्य है (b) निश्चित रूप से सत्य है
(c) निश्चित रूप से असत्य है (d) असंगत है

***32.*** **कथन** कुछ बैग वॉलेट हैं।
कुछ वॉलेट ट्रॉली हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ बैग ट्रॉली हैं।
II. सभी वॉलेट ट्रॉली हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) केवल I अनुसरण करता है (b) केवल II अनुसरण करता है
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

***33.*** **कथन** कोई पेड़ बंजर नहीं हैं।
कुछ बंजर भूमि है।
**निष्कर्ष** I. कुछ पेड़ भूमि हैं। II. कुछ बंजर पेड़ हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत है ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों तर्कसंगत हैं
(d) न तो I और न ही II तर्कसंगत है

***34.*** नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। हालाँकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों में भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं? ***(SSC Steno 2017)***
**कथन** कुछ सफेद पीले हैं।
सभी पीले नीले हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ नीले सफेद हैं। II. कुछ पीले सफेद हैं।
(a) केवल I (b) केवल II
(c) न तो I न ही II (d) I तथा II दोनों

***35.*** नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालाँकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं? ***(SSC Steno 2017)***
**कथन** सभी कान हाथ हैं।
कोई हाथ नाक नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कोई कान नाक नहीं है। II. सभी नाक कान हैं।
III. कुछ हाथ नाक हैं।
(a) केवल I (b) केवल II (c) केवल III (d) कोई भी सही नहीं है

***निर्देश*** (प्र.सं. 36 और 37) *नीचे दिए गए प्रश्नों में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सही मानें, चाहे उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं?* ***(SSC Constable 2017)***

***36.*** **कथन** सभी पत्तियाँ हरी हैं।
कुछ पत्तियाँ कठोर हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ कठोर हरे हैं। II. सभी हरी पत्तियाँ हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I सही है (b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं (d) न तो निष्कर्ष I न ही II सही है

***37.*** **कथन** सभी गुलाबी दरवाजें हैं। सभी पुरुष दरवाजें हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ पुरुष गुलाबी हैं। II. सभी दरवाजे गुलाबी हैं।
III. सभी गुलाबी पुरुष हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I सही है (b) केवल निष्कर्ष II सही हैं।
(c) निष्कर्ष II तथा III सही हैं (d) कोई निष्कर्ष सही नहीं है

***38.*** दो कथन दिए गए हैं जिसके बाद दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता है। आपको निर्णय करना है कि दिए गए कथन में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाला जा सकता है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए?
**कथन** सभी बच्चे विद्यार्थी हैं। सभी विद्यार्थी खिलाड़ी हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी क्रिकेट खिलाड़ी विद्यार्थी हैं। II. सभी बच्चे खिलाड़ी हैं।
(a) केवल निष्कर्ष II निकलता है ***(SSC Constable 2015)***
(b) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही II निकलता है
(d) केवल निष्कर्ष I निकलता है

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. ✓ II. ✓

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

**2.** *(d)* प्रश्नानुसार,




**निष्कर्ष** I. ✓ II. ✓

अतः दोनों निष्कर्ष I व II अनुसरण करते हैं।

**3.** *(a)* प्रश्नानुसार,




अतः स्पष्ट है कि सभी बस जो पानी जहाज हैं, वे आवश्यक रूप से हवाईजहाज होंगे।

**4.** *(c)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)

न तो निष्कर्ष I और न ही II निकलता है।

**5.** *(b)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)

अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**6.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✗)

अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**7.** *(c)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)

अतः कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

**8.** *(c)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**9.** *(b)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)

अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**10.** *(c)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)

अतः कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

**11.** *(e)* कथनानुसार,




अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**12.** *(d)* कथनानुसार,




अतः निष्कर्ष II सत्य है।

**13.** *(c)* कथनानुसार,




अतः न तो I, न ही II सत्य है।

**14.** *(e)* कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**15.** *(a)* कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

**16.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II निकलता है।

**17.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗) III. (✓) IV. (✓)

अतः निष्कर्ष III और IV दोनों सत्य हैं।

**18.** *(a)*




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)

अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**19.** *(b)*




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)

अतः निष्कर्ष II सही है।

**20.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✗)

अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**21.** *(b)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)

अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**22.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✗)
अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**23.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)
अतः निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।

**24.** *(e)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✓)
अतः दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

**25.** *(d)* कथनानुसार,




या




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)
अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।

**26.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✗) III. (✗)
आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I सही है।

**27.** *(b)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓) III. (✓)
आरेख से स्पष्ट है कि निष्कर्ष II तथा III सही हैं।

**28.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि निष्कर्ष II पालन करता है।

**29.** *(c)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✓)
अतः दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

**30.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✗)
अतः कथनानुसार केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**31.** *(b)* कथनानुसार,




अतः निष्कर्ष ''कुछ गायक अंग्रेजी में कमजोर हैं।'' निश्चित रूप से सत्य है।

**32.** *(c)* कथनानुसार,




या




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)
अतः न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**33.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✗)
अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II तर्कसंगत है।

**34.** *(d)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✓)
अतः निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

**35.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✓) II. (✗)
III. (✗)
अतः केवल निष्कर्ष I सत्य है।

**36.** *(a)* कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट हैं कि केवल निष्कर्ष I सही है।

**37.** *(d)* कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि कोई निष्कर्ष सही नहीं है।

**38.** *(a)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓)
आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II निकलता है।

## प्रकार *2.* तीन कथन और दो या दो से अधिक निष्कर्ष पर आधारित

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में, तीन कथन और दो या दो से अधिक निष्कर्ष दिए गए होते हैं। अभ्यर्थियों को दिए गए कथनों के आधार पर निष्कर्षों की वैधता की जाँच करनी होती है और इसी आधार पर सही उत्तर विकल्प का चयन करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 10-13) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I तथा II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?* ***(RBI Assist. Manager 2017)***

**उत्तर दीजिए**
(a) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है
(b) यदि दोनों निष्कर्ष सत्य हैं
(c) यदि कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है
(d) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है
(e) यदि केवल निष्कर्ष II सत्य है

***उदाहरण* 10. *कथन*** सभी उपयोगकर्ता फायदा हैं।
कोई भी फायदा लाभ नहीं है।
कुछ लाभ प्राप्तियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी प्राप्तियों के फायदा होने की एक सम्भावना है।
II. कोई भी लाभ उपयोगकर्ता नहीं है।

***व्याख्या*** *(e)* कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II सत्य है।

***उदाहरण* 11. *कथन*** कुछ इण्टरव्यू बाते हैं। सभी बाते मीटिंग हैं।
सभी सभाएँ मीटिंग हैं।

**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ मीटिंग इण्टरव्यू हैं।
II. सभी सभाओं के इण्टरव्यू होने की एक सम्भावना है।

***व्याख्या*** *(b)* कथनानुसार,




अतः दोनों निष्कर्ष सत्य हैं।

***उदाहरण* 12. *कथन*** कोई भी कार्ड टैग नहीं है। सभी टैग लेबल हैं।
सभी लेबल निशान हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ निशान कार्ड हैं। II. कोई भी निशान कार्ड नहीं है।

***व्याख्या*** *(a)* कथनानुसार,




या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।

***उदाहरण* 13. *कथन*** कुछ इण्टरव्यू बातें हैं। सभी बातें मीटिंग है।
सभी सभाएँ मीटिंग हैं।

**निष्कर्ष** I. कोई भी सभा बात नहीं है। II. कुछ बातें सभाएँ हैं।

***व्याख्या*** *(a)* कथनानुसार,




आरेख से स्पष्ट है कि या तो निष्कर्ष I या तो II सत्य है।

***उदाहरण* 14.** दिए गए प्रश्न में तीन कथन तथा उसके आगे चार निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानकर निष्कर्ष ज्ञात करना है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

**कथन** सभी लिपिक अधीक्षक हैं।
सभी अधीक्षक प्रबन्धक है।
सभी प्रबन्धक पर्यवेक्षक हैं। ***(SSC 10+2 2014)***

**निष्कर्ष** I. सभी पर्यवेक्षक लिपिक हैं। II. कोई लिपिक पर्यवेक्षक नहीं है।
III. कुछ प्रबन्धक लिपिक हैं। IV. सभी अधीक्षक लिपिक हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है (b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) केवल निष्कर्ष III निकलता है (d) केवल निष्कर्ष IV निकलता है

***व्याख्या*** *(c)* कथनानुसार,




अतः केवल निष्कर्ष III निकलता है।

# प्रश्नावली 1.2

*निर्देश* (प्र.सं. 1 और 2) *नीचे प्रत्येक प्रश्न/प्रश्न समूह में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए, फिर तय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

***1.*** **कथन** कुछ इलेक्शन्स पोल्ज हैं।
सभी पोल्ज रिजल्ट्स हैं।
सभी रिजल्ट्स विन्स हैं। ***(IBPS PO 2012)***
**निष्कर्ष** I. कुछ विन्स इलेक्शन्स हैं।
II. सभी पोल्ज विन्स हैं।

***2.*** **कथन** कोई मेज लकड़ी नहीं है।
कुछ लकड़ियाँ कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ पत्थर हैं। ***(IBPS PO 2012)***
**निष्कर्ष** I. कोई पत्थर मेज नहीं है।
II. कुछ पत्थर लकड़ियाँ हैं।

*निर्देश* (प्र.सं. 3-10) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन और उसके बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप में अनुसरण करता है?*

***3.*** **कथन** कुछ पेपर पेन्सिल है। कुछ पेन्सिल रबर हैं।
सभी रबर डिब्बे हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ रबर पेपर हैं।
II. कुछ पेपर डिब्बे हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(C) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(a) A (b) B (c) D (d) C

***4.*** **कथन** सभी दरवाजे चाबियाँ हैं।
सभी चाबियाँ बल्ले हैं।
कुछ घड़ियाँ बल्ले हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ बल्ले दरवाजे हैं।
II. कुछ घड़ियाँ चाबियाँ हैं।
III. सभी चाबियाँ दरवाजे हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) I और II दोनों (B) केवल I
(C) केवल II (D) I और III दोनों
(a) A (b) D (c) B (d) C

***5.*** **कथन** कुछ बेन्चिस ऑटो हैं।
सभी बक्से ऑटो हैं।
सभी कलम बेन्चिस हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ बेन्चिस बक्से हैं। II. कोई कलम ऑटो नहीं है।
III. कुछ बक्से बेन्चिस हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) तीनों में से एक भी नहीं (B) केवल I और II
(C) केवल I और III (D) केवल II और III
(a) A (b) C (c) D (d) B

***6.*** **कथन** सभी तार पुस्तकें हैं।
सभी प्लेट्स पुस्तकें हैं।
सभी वॉलेट्स प्लेट्स हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ तार प्लेट्स हैं। II. कुछ पुस्तकें तार हैं।
III. कुछ पुस्तकें वॉलेट्स हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) केवल I (B) II और III
(C) I और II (D) I और III
(a) D (b) C (c) B (d) A

***7.*** **कथन** कुछ कप्स पिन्स हैं।
कुछ पिन्स कवर्स हैं।
सभी कवर्स कलम हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ कलम पिन्स हैं। II. कुछ कवर्स कप्स हैं।
III. कोई भी कप्स पिन्स नहीं हैं।
IV. कुछ पिन्स कप्स हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) I और II दोनों (B) II और IV दोनों
(C) II और III दोनों (D) I और IV दोनों
(a) D (b) C (c) B (d) A

***8.*** **कथन** सभी कमरे पंखे हैं।
सभी कमरे कप हैं।
सभी पंखे बिस्तर हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी बिस्तर पंखे हैं। II. कुछ कमरे बिस्तर हैं।
III. कुछ कप बिस्तर हैं। IV. सभी बिस्तर कप नहीं हैं।
(A) केवल निष्कर्ष I निकलता है ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(B) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं
(C) केवल निष्कर्ष I और या तो निष्कर्ष II या IV निकलता है।
(D) केवल निष्कर्ष IV निकलता है।
(a) D (b) C (c) A (d) B

***9.*** **कथन** कुछ बन्दर गधे हैं।
सभी गधे पीले हैं।
कुछ पीले नीले हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी गधे पीले हैं।
II. कुछ नीले पीले हैं।
III. कुछ गधे नीले हैं।
IV. सभी पीले गधे हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) केवल या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष IV और III निकलते हैं
(B) केवल या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष IV निकलता है
(C) केवल या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष IV और II निकलते हैं
(D) दोनों I और II अनुसरण करते हैं
(a) A (b) C (c) B (d) D

***10.*** **कथन** कुछ उल्लू शुतुरमुर्ग हैं।
कुछ शुतुरमुर्ग कौवे हैं।
कुछ कौवे काले हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ उल्लू काले हैं।
II. कोई भी शुतुरमुर्ग काला नहीं है।
III. कोई भी उल्लू काला नहीं है।
IV. कुछ शुतुरमुर्ग काले हैं। ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***
(A) या तो निष्कर्ष II या निष्कर्ष IV निकलता है
(B) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं
(C) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III और या तो निष्कर्ष II या निष्कर्ष IV
(D) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III निकलता है
(a) D (b) B (c) A (d) C

***निर्देश*** (प्र.सं. 11-15) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो/तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I. तथा II. दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?* ***(IBPS Clerk Pre 2017)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) यदि दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(d) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(e) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

***11.*** **कथन** कुछ वकील जज हैं।
सभी जज मजिस्ट्रेट हैं।
कुछ मजिस्ट्रेट बॉस हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ वकील निश्चित रूप से बॉस नहीं हैं।
II. सभी बॉस जज हैं।

***12.*** **कथन** कुछ वकील जज हैं। सभी जज मजिस्ट्रेट हैं।
कुछ मजिस्ट्रेट बॉस हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ वकील मजिस्ट्रेट हैं।
II. कुछ मजिस्ट्रेट निश्चित रूप से बॉस नहीं हैं।

***13.*** **कथन** सभी मिठाइयाँ जूस हैं।
सभी जूस पेय-पदार्थ हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी मिठाइयाँ पेय पदार्थ हैं। II. सभी पेय पदार्थ जूस हैं।

***14.*** **कथन** कोई भी पलंग कुर्सी नहीं है। कुछ कुर्सियाँ मेज हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ पलंग मेज हैं।
II. कोई भी पलंग मेज नहीं है।

***15.*** **कथन** सभी संख्याएँ आकृति हैं। कुछ आकृतियाँ आँकड़े हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ संख्याएँ आँकड़े हैं।
II. कम-से-कम कुछ आकृतियाँ, संख्याएँ हैं।

***निर्देश*** (प्र.सं. 16-20) *निम्नलिखित प्रश्नों में तीन कथन तथा उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए तथा फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?* ***(IBPS PO 2014)***

***16.*** **कथन** सभी रेलवे ट्रेन हैं।
कोई ट्रेन स्टेशन नहीं है।
कुछ स्टेशन प्लेटफॉर्म हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी रेलवे प्लेटफॉर्म हैं, एक सम्भावना है।
II. कोई रेलवे स्टेशन नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है
(e) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है

***17.*** **कथन** सभी इरेजर शॉर्पनर हैं।
सभी शॉर्पनर पेन्सिल हैं।
कुछ पेन्सिल पेन हैं।
**निष्कर्ष** I. कोई इरेजर पेन नहीं है। II. सभी पेन्सिल शॉर्पनर हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(d) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है
(e) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

***18.*** **कथन** सभी शीत ऋतुएँ ग्रीष्म ऋतु हैं।
कुछ ग्रीष्म ऋतुएँ वसन्त ऋतु हैं।
कोई वसन्त ऋतु शरद ऋतु नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ शीत ऋतुएँ वसन्त ऋतु हैं।
II. कुछ शरद ऋतुएँ ग्रीष्म ऋतु हैं, एक सम्भावना है।
(a) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(b) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(d) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है
(e) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

***19.*** **कथन** सभी इरेजर शॉर्पनर हैं।
सभी शॉर्पनर पेन्सिल हैं।
कुछ पेन्सिल पेन हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ शॉर्पनर पेन हैं।
II. कोई शॉर्पनर पेन नहीं है।
(a) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(e) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

***20.*** **कथन** सभी शीत ऋतुएँ ग्रीष्म ऋतु हैं।
कुछ ग्रीष्म ऋतुएँ वसन्त ऋतु हैं।
कोई वसन्त ऋतु शरद ऋतु नहीं है।
**निष्कर्ष** I. सभी ग्रीष्म ऋतुएँ कभी भी शरद ऋतु नहीं हो सकती।
II. कम-से-कम कुछ ग्रीष्म ऋतुएँ शीत ऋतु हैं।
(a) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है
(b) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(c) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(e) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

***निर्देश*** (प्र. सं. 21-25) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष (I और II) दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़िए, फिर तय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हो?*

**उत्तर दीजिए** ***(NIFT PG 2015)***

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(b) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(e) या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है

***21.*** **कथन** कोई कागज फाइल नहीं हैं।
कुछ फाइल वर्कशीट हैं।
सभी वर्कशीट नोटबुक है।
**निष्कर्ष** I. कुछ नोटबुक कागज हैं। II. कोई भी नोटबुक कागज नहीं हैं।

***22.*** **कथन** कोई भी संकेत पहेली नहीं है।
सभी समस्याएँ पहेली हैं।
सभी प्रश्न संकेत हैं।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ पहेलियाँ प्रश्न हैं। II. सभी संकेत प्रश्न हैं।

***23.*** **कथन** कुछ कण्ट्रोल स्टिअर हैं।
सभी स्टिअर ड्राइव हैं।
कोई भी ड्राइव नेवीगेशन नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कुछ ड्राइव निश्चित रूप से कण्ट्रोल नहीं है।
II. सभी नेवीगेशन के कण्ट्रोल होने की एक सम्भावना है।

**24. कथन** कुछ कण्ट्रोल स्टिअर हैं।
सभी स्टिअर ड्राइव हैं।
कोई भी ड्राइव नेवीगेशन नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कम-से-कम कुछ कण्ट्रोल ड्राइव हैं। II. सभी ड्राइव स्टिअर हैं।

**25. कथन** कोई कागज फाइल नहीं है।
कुछ फाइल वर्कशीट हैं।
सभी वर्कशीट नोटबुक हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ वर्कशीट के कागज होने की एक सम्भावना है।
II. सभी फाइल नोटबुक हैं।

***निर्देश*** (प्र.सं. 26-47) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए। फिर तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों?*

**26. कथन** कुछ गाजर बैंगन हैं।
कुछ बैंगन सेब हैं।
सभी सेब केले हैं। ***(Andhra Bank PO 2010)***
**निष्कर्ष** I. कुछ सेब गाजर हैं। II. कुछ केले बैंगन हैं।
III. कुछ केले गाजर हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) या तो निष्कर्ष II या निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**27. कथन** सभी चाबियाँ ताले हैं।
सभी ताले चूड़ियाँ हैं।
सभी चूड़ियाँ कारें हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ कारें ताले हैं। II. कुछ चूड़ियाँ चाबियाँ हैं।
III. कुछ कारें चाबियाँ हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष II या III अनुसरण करते हैं
(e) निष्कर्ष I, II और III सभी अनुसरण करते हैं

**28. कथन** सभी फल पत्ते हैं।
कुछ पत्ते पेड़ हैं।
कोई पेड़ घर नहीं है।
**निष्कर्ष** I. कुछ घर फल हैं। II. कुछ पेड़ फल हैं।
III. कोई घर फल नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**29. कथन** सभी मेज दर्पण हैं।
कुछ दर्पण कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ गिलास हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ गिलास दर्पण हैं। II. कुछ कुर्सियाँ मेज हैं।
III. कुछ दर्पण मेज हैं।
(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I, II और III अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**30. कथन** सभी कैलकुलेटर बॉक्स हैं।
सभी बॉक्स नल हैं।
कुछ नल मशीन हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ मशीन बॉक्स हैं।
II. कुछ नल कैलकुलेटर हैं।
III. कुछ बॉक्स कैलकुलेटर हैं।
(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I, II और III अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**31. कथन** कुछ वर्दी कवर हैं।
सभी कवर कागज हैं।
सभी कागज थैले हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी कवर थैले हैं।
II. कुछ थैले कवर, कागज और वर्दी हैं।
III. कुछ वर्दी कागज नहीं हैं।
(a) केवल I अनुसरण करता है
(b) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(c) केवल III अनुसरण करता है
(d) I, II और III सभी अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**32. कथन** कुछ डेस्क कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ रस्सियाँ हैं।
कुछ रस्सियाँ दीवारें हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ रस्सियाँ डेस्क हैं।
II. कुछ दीवारें कुर्सियाँ हैं।
III. कुछ रस्सियाँ कुर्सियाँ हैं।
(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I, II और III सभी अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33. कथन** सभी मेज पेन्सिलें हैं।
कोई पेन्सिल बॉक्स नहीं है।
कुछ बॉक्स मैट हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ मैट पेन्सिलें हैं।
II. कुछ बॉक्स मेज हैं।
III. कुछ मैट मेज हैं।
(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं

**34. कथन** सभी स्टाम्प पैकेट हैं।
कुछ पैकेट बाल्टियाँ हैं।
सभी बाल्टियाँ ट्यूब हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ ट्यूब स्टाम्प हैं।
II. कुछ बाल्टियाँ स्टाम्प हैं।
III. कुछ ट्यूब पैकेट हैं।
(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

**35. कथन** कुछ दरवाजे खिड़कियाँ हैं।
कुछ खिड़कियाँ लैम्प हैं।
सभी लैम्प मोमबत्तियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ मोमबत्तियाँ दरवाजे हैं।
II. कुछ मोमबत्तियाँ खिड़कियाँ हैं।
III. कुछ लैम्प दरवाजे हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**36. कथन** कुछ कस्बे गाँव हैं।
कुछ गाँव गलियाँ हैं।
कुछ गलियाँ उपग्राम हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ उपग्राम गाँव हैं।
II. कुछ गलियाँ कस्बे हैं।
III. कुछ उपग्राम कस्बे हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**37. कथन** सभी इमारतें शीशे हैं।
कुछ शीशे पेन हैं।
कोई पेन कागज नहीं है।

**निष्कर्ष** I. कुछ कागज इमारतें हैं। II. कुछ पेन इमारतें हैं।
III. कुछ कागज शीशे हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**38. कथन** कुछ नदियाँ पहाड़ियाँ हैं।
कोई पहाड़ी टैक्सी नहीं है।
सभी टैक्सियाँ बसें हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ बसें नदियाँ हैं।
II. कुछ टैक्सियाँ नदियाँ हैं।
III. कोई बस नदी नहीं है।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(e) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III अनुसरण करता है

**39. कथन** सभी मकान खिड़कियाँ हैं।
सभी सड़कें खिड़कियाँ हैं।
सभी खिलौने खिड़कियाँ हैं। ***(Syndicate Bank PO 2009)***

**निष्कर्ष** I. कुछ खिलौने मकान हैं।
II. कुछ सड़कें मकान हैं।
III. कुछ सड़कें खिलौने हैं।

(a) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**40. कथन** कुछ चमगादड़ कुत्ते हैं।
सभी कुत्ते बाघ हैं।
कुछ बाघ चूहे हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ चूहे चमगादड़ हैं।
II. सभी बाघ चमगादड़ हैं।
III. कुछ चूहे कुत्ते हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं
(e) निष्कर्ष I, II और III सभी अनुसरण करते हैं

**41. कथन** कुछ टैबलेट जग हैं।
कुछ जग मटके हैं।
सभी मटके प्लेटें हैं। ***(IDBI Bank PO 2009)***

**निष्कर्ष** I. कुछ प्लेटें जग हैं।
II. कुछ मटके टैबलेट हैं।
III. कुछ प्लेटें टैबलेट हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं

**42. कथन** सभी चाकू हथौड़े हैं।
कोई हथौड़ा तलवार नहीं है।
कुछ तलवार कील हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ कील हथौड़े हैं।
II. कुछ तलवार चाकू हैं।
III. कोई कील हथौड़ा नहीं है।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**43. कथन** कोई कमरा घर नहीं है।
कोई घर बिल्डिंग नहीं है।
कुछ बिल्डिंगें झोपड़ियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ झोपड़ियाँ कमरे हैं। II. कुछ झोपड़ियाँ घर हैं।
III. कुछ झोपड़ियाँ बिल्डिंगें हैं। ***(Allahabad Bank PO 2008)***

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(e) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

**44. कथन** कुछ ब्लेड पेपर हैं।
कुछ पेपर किताबें हैं।
कुछ किताबें पैन हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ पैन पेपर हैं। II. कुछ किताबें ब्लेड हैं।
III. कुछ पैन ब्लेड हैं। ***(Allahabad Bank PO 2008)***

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(e) निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं

**45.** **कथन** कुछ पेन्सिलें मार्बल हैं।
सभी मार्बल बस हैं।
कुछ बस ट्रक हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ ट्रक पेन्सिलें हैं। II. कुछ बस पेन्सिलें हैं।
III. कोई ट्रक पेन्सिल नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो निष्कर्ष I या III और निष्कर्ष II अनुसरण करते हैं
(d) या तो निष्कर्ष I या III अनुसरण करता है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**46.** **कथन** कुछ साइकिलें बाइक हैं।
कोई बाइक फूल नहीं है।
सभी फूल बकरियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. कोई बकरी साइकिल नहीं है। II. कुछ फूल साइकिलें हैं।
III. कुछ बकरियाँ बाइक हैं। ***(BOI PO 2008)***

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

**47.** **कथन** सभी कुत्ते शाकाहारी हैं।
सभी काले सफेद हैं।
कुछ शाकाहारी काले हैं। ***(MPPSC Pre 2012)***

**निष्कर्ष** I. कुछ सफेद कुत्ते हैं। II. कुछ काले कुत्ते हैं।
III. कुछ सफेद शाकाहारी हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 48-52) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II तथा III दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए तीनों कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है?* ***(IBPS PO 2013)***

**48.** **कथन** सभी डेस्क खम्भे हैं।
कुछ खम्भे तम्बू हैं।
सभी तम्बू बाल्टियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ बाल्टियाँ खम्भे हैं। II. कुछ बाल्टियाँ डेस्क हैं।
III. कुछ तम्बू डेस्क हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है
(e) केवल I या III अनुसरण करता है

**49.** **कथन** कुछ कुर्सियाँ होटल हैं।
कुछ होटल जग हैं।
कुछ जग बॉस्केट हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ जग कुर्सियाँ हैं। II. कुछ बॉस्केट कुर्सियाँ हैं।
III. कोई बॉस्केट कुर्सियाँ नहीं हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है
(e) या तो निष्कर्ष II या III अनुसरण करता है

**50.** **कथन** सभी पेपर चाकू हैं।
कुछ चाकू पिन्स हैं।
सभी पिन्स चक्र हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ चक्र चाकू हैं। II. कुछ चाकू पेपर हैं।
III. कुछ चक्र पेपर हैं।

(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(d) उपरोक्त सभी अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**51.** **कथन** सभी टेबल दरवाजे हैं।
कोई दरवाजा खिड़की नहीं है।
कुछ खिड़कियाँ दीवारें हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ दीवारें टेबल हैं। II. कुछ खिड़कियाँ टेबल हैं।
III. कुछ दरवाजे टेबल हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

**52.** **कथन** कुछ सोफा गिलास हैं।
सभी गिलास पेन हैं।
कुछ पेन घर हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ घर गिलास हैं। II. कुछ पेन सोफा हैं।
III. कुछ घर सोफा हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है
(e) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 53-58) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न रखते हों। सभी निष्कर्ष पढ़िए और फिर सर्वज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए यह तय कीजिए कि दिए गए कथनों में से कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है?* ***(Andhra Bank PO 2010)***

**53.** **कथन** कुछ बॉक्स क्रेनें हैं।
कुछ क्रेनें पहाड़ियाँ हैं।
सभी पहाड़ियाँ खिड़कियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I. कुछ खिड़कियाँ बॉक्स हैं। II. कुछ खिड़कियाँ क्रेनें हैं।
III. कुछ पहाड़ियाँ बॉक्स हैं। IV. कुछ क्रेनें खिड़कियाँ हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) केवल IV अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष II और IV दोनों अनुसरण करते हैं
(e) निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं

**54.** **कथन** कुछ नावें चित्र हैं।
सभी चित्र चूहे हैं।
कुछ चूहे पर्वत हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी चित्र पर्वत हैं। II. कुछ चूहे नावें हैं।
III. कुछ नावें पर्वत हैं। IV. कुछ पर्वत चित्र हैं।

(a) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष III और IV दोनों अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**55.** **कथन** सभी भवन वर्षा हैं।
सभी कागज भवन हैं।
सभी कुत्ते कागज हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी कुत्ते वर्षा हैं।
II. कुछ कागज वर्षा हैं।
III. कुछ वर्षा भवन हैं।
IV. कुछ वर्षा कागज हैं।
(a) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I, II और III अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**56.** **कथन** सभी पेन घर हैं।
कुछ डेस्क घर हैं।
सभी पेन्सिलें डेस्क हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ पेन्सिलें घर हैं।
II. कुछ डेस्क पेन्सिलें हैं।
III. कुछ पेन्सिलें पेन हैं।
IV. कोई डेस्क पेन्सिल नहीं हैं।
(a) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(b) या तो II या IV अनुसरण करता है
(c) या तो II या III अनुसरण करता है
(d) निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**57.** **कथन** कुछ ट्रेनें सड़कें हैं।
कोई सड़क जंगल नहीं है।
सभी फूल जंगल हैं।
**निष्कर्ष** I. कुछ ट्रेनें फूल हैं।
II. कुछ ट्रेनें जंगल हैं।
III. कुछ फूल ट्रेनें हैं।
IV. कोई सड़क फूल नहीं है।
**36.** *(c)* स्पष्टतः दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं। जनसंख्या विस्फोटन के कारण विश्व की खाद्य समस्या हर वर्ष बढ़ती है।

**37.** *(d)* प्रश्न में दिए गए कथन के अनुसार कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है, क्योंकि कथन से न तो यह स्पष्ट है कि भारत में होम्योपैथिक दवाईयाँ लोकप्रिय हैं या नहीं और न एलोपैथिक दवाइयों के लोकप्रिय होने या न होने का पता चलता है।

**38.** *(c)* कथन में कहा गया है कि समय और प्रवाह किसी का इंतजार नहीं करते अर्थात् एक बार समय के या प्रवाह के निकल जाने पर उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि प्रत्येक को अतीत के बुरे अनुभवों को भूलकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही यह निष्कर्ष भी मान्य होगा कि समय किसी के नियन्त्रण में नहीं है।

**39.** *(c)* दिए गए कथनों से ज्ञात होता है कि तुम्हारे कुछ थैलों का दाम ऊँचा है और वो उस दुकान में बिकते हैं। अतः निष्कर्ष I तथा II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**40.** *(d)* दिए गए कथनों से स्पष्ट है कि दोनों ही निष्कर्ष परस्पर एक-दूसरे का विरोध कर रहे हैं। अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निहित है।

**41.** *(b)* दिए गए कथनों से स्पष्ट होता है कि बहुत-से भारतीय जानते हैं कि उनके पास एक महान् विरासत है, किन्तु कुछ भारतीय इसमें विज्ञान को भी शामिल करते हैं। अतः तार्किक रूप से ही केवल निष्कर्ष II अन्तर्निहित है।

**42.** *(c)* सभी नेता मनुष्य होते हैं तथा सभी मनुष्यों को विश्राम की आवश्यकता होती है नेताओं को भी विश्राम की आवश्यकता होती है। अतः दोनों ही निष्कर्ष निहित हैं।

## प्रकार 2. तीन/चार निष्कर्षों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में, एक या एक से अधिक कथन तथा उस पर आधारित तीन या चार निष्कर्ष दिए गए होते हैं। निष्कर्षों का विश्लेषण कर हमें उस निष्कर्ष का चयन करना होता है, जो उत्तर के रूप में कथन के पक्ष को व्यक्त करता हो।

***उदाहरण* 9.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

**कथन** I. प्राथमिक समूह आकार में अपेक्षाकृत छोटा होता है।
II. घनिष्ठता प्राथमिक समूह का मुख्य अभिलक्षण है।
III. एक परिवार प्राथमिक समूह का उदाहरण हो सकता है।

उपरोक्त कथनों के प्रकाश में निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष सही है? *(UPSC CSAT 2013)*

(a) सभी परिवार प्राथमिक समूह हैं
(b) सभी प्राथमिक समूह परिवार हैं
(c) अपेक्षाकृत छोटे आकार का समूह हमेशा प्राथमिक समूह होता है
(d) प्राथमिक समूह के सदस्य एक-दूसरे को घनिष्ठता से जानते हैं

***व्याख्या*** (d) प्राथमिक समूह के सदस्यों में घनिष्ठता होती है तथा परिवार एक ऐसे ही समूह का उदाहरण है।

***उदाहरण* 10. कथन** A. भारत एक औद्योगिक केन्द्र है।
B. प्रदूषण औद्योगिकीकरण से सम्बद्ध समस्या है।

**निष्कर्ष** I. सभी औद्योगिक केन्द्र प्रदूषित हैं।
II. भारत प्रदूषित है।
III. प्रदूषित राष्ट्र औद्योगिक हैं।
IV. भारत प्रदूषित हो सकता है।

निम्न में से कौन-सा विकल्प सही (सत्य) है?

(a) सभी निष्कर्ष सत्य हैं
(b) कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है
(c) केवल निष्कर्ष IV सही है
(d) केवल निष्कर्ष II सही है
(e) केवल निष्कर्ष III सही है *(CGPSC Pre 2014)*

***व्याख्या*** (c) दिए गए दोनों कथनों के आधार पर केवल निष्कर्ष IV सत्य है, क्योंकि भारत का औद्योगिकीकरण होने से भारत प्रदूषित हो सकता है।

# प्रश्नावली 2.2

**1.** नीचे दिए गए कथनों के आधार पर उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए कथनों के अनुसार सही है।

**कथन** मेरी कक्षा के सभी छात्र मेधावी हैं।
सरला मेधावी नहीं है। *(SSC 10+2 2001)*

(a) सरला को कठिन परिश्रम करना चाहिए
(b) सरला मेरी कक्षा की छात्रा नहीं है
(c) कुछ छात्र मेधावी नहीं होते हैं
(d) अमेधावी छात्र, छात्रा नहीं होते हैं

**2.** निम्नलिखित दो कथनों के आधार पर आप किस विकल्प को चुनते हैं?

**कथन** संकर पौधे फफूँद प्रतिरोधी होते हैं।
फफूँद संक्रमण से पौधों की आयु कम हो जाती है।

(a) लम्बी आयु के लिए संकर पौधे उगाइए
(b) फफूँद संकर पौधों को लगती है
(c) संकर पौधों में पैदावार अधिक होती है
(d) सभी पौधे संकर पौधे होते हैं

**3. कथन** उत्तम विज्ञान, शिक्षा से धर्म का प्रभुत्व स्थायी रूप से नष्ट हो जाता है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है? *(SSC 10+2 2001)*

(a) विज्ञान, शिक्षा तथा धर्म में कोई सम्बन्ध नहीं है
(b) विज्ञान, धर्म के प्रभुत्व को बढ़ाता है
(c) विज्ञान, शिक्षा और धर्म के प्रभुत्व के बीच सीधा सम्बन्ध है
(d) विज्ञान, शिक्षा तथा धर्म भ्रामक कारक हैं

**4.** अक्टूबर महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री इस बात पर निर्भर करती है कि पिछले कुछ महीनों में मानसून कैसा रहा है। भारत के अधिकांश हिस्सों में, चालू वर्ष में वर्षा, अपेक्षा से अधिक हुई है।
उपरोक्त से मोटरसाइकिल विनिर्माण कम्पनियों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? *(UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी 2018)*

(a) लाभप्रदता बढ़ाने के लिए कम्पनियाँ मोटरसाइकिल की कीमतें बढ़ाएँगी
(b) कम्पनियाँ लागत को कम करने के लिए जनशक्ति को कम कर देंगी
(c) यदि कीमतें अपरिवर्तित बनी रहती हैं, तो भी कम्पनियों का राजस्व बढ़ेगा
(d) प्रत्येक कम्पनी की बाजार हिस्सेदारी में, अच्छी बिक्री से इजाफा होगा

**5.** कोई भी बन्दर गा नहीं सकता, परन्तु कुछ बन्दर बात कर सकते हैं।
यदि उपरोक्त कथन ठीक है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है? *(SSC CGL 2002)*

(a) कुछ बन्दर गा सकते हैं
(b) सभी बन्दर गा नहीं सकते हैं
(c) सभी बन्दर बात नहीं कर सकते हैं
(d) सभी बन्दर बात कर सकते हैं

**6.** निम्नलिखित कथनों को सत्य माने, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं।
*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)*

**कथन** सभी अभिनेत्रियाँ सुन्दर होती हैं।

**निष्कर्ष** I. यदि A सुन्दर है, तो वह अभिनेत्री होनी चाहिए।
II. यदि A अभिनेत्री है, तो वह सुन्दर होनी चाहिए।
III. A भद्दी है, तो A अभिनेत्री होनी चाहिए।
IV. अभिनय करने वाले भद्दे होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष III एवं IV दोनों अनुसरण करते हैं
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**7.** निम्नलिखित कथनों को सत्य माने, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं।
*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)*

**कथन** चार्ली चैपलिन ने जितनी भी फिल्मों में अभिनय किया, सब मूक फिल्म थी। उनकी कुछ फिल्म एम.जी.एम. द्वारा बनाई गई थी।

**निष्कर्ष** I. एम. जी. एम. केवल फिल्म बनाती है।
II. चार्ली चैपलिन ने एम. जी. एम. द्वारा बनाए गए कुछ मूक फिल्मों में अभिनय किया था।
III. एम. जी. एम. ने चार्ली चैपलिन के साथ बोलने (संवाद) वाली फिल्म बनाई।

IV. सभी मूक फिल्म जिनमें चार्ली चैपलिन ने अभिनय किया, एम. जी. एम. द्वारा बनाई गई थी।
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष III एवं IV दोनों अनुसरण करते हैं
(d) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

***निर्देश*** (प्र. सं. 8-12) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में कथन के बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए सम्भावित निष्कर्ष का चयन करें।*

***8.*** **कथन** हमारी कक्षा के सभी विद्यार्थी तेज हैं। डब्बू तेज नहीं है।
**निष्कर्ष**
(a) सभी विद्यार्थी तेज नहीं हैं
(b) डब्बू को कड़ी मेहनत करनी चाहिए
(c) जो तेज नहीं है, वह विद्यार्थी ही नहीं है
(d) डब्बू हमारी कक्षा का छात्र नहीं है

***9.*** **कथन** ज्यादातर राजनीतिज्ञ झूठे होते हैं। तोताराम झूठ बोलता है।
**निष्कर्ष**
(a) तोताराम एक राजनीतिज्ञ नहीं है
(b) जो झूठ नहीं बोलते हैं, वे राजनीतिज्ञ नहीं होते हैं
(c) कुछ राजनीतिज्ञ झूठ नहीं बोलते हैं
(d) आप केवल झूठ बोलकर फायदा उठा सकते हैं

***10.*** **कथन** ज्यादातर व्यापारिक कार्यालय इस बिल्डिंग में दूसरी मंजिल से आठवीं मंजिल के बीच में हैं। यदि किसी बिल्डिंग में तीन से अधिक मंजिलें हैं, तो वहाँ लिफ्ट है। ***(UPSC CSAT 2012)***
**निष्कर्ष**
(a) किसी भी मंजिल पर लिफ्ट के जरिए पहुँचा जा सकता है
(b) तीसरी मंजिल के ऊपर लिफ्ट नहीं चलती है
(c) सातवीं मंजिल के लिए लिफ्ट उपलब्ध है
(d) दूसरी मंजिल के लिए लिफ्ट है

***11.*** **कथन** सभी तो नहीं, लेकिन अमीर व्यक्ति हवाई यात्रा का खर्च उठा सकते हैं। उनमें से कुछ जो हवाई यात्रा करते हैं, बीमार हो जाते हैं। उनमें से कुछ जो बीमार पड़ जाते हैं, को उपचार की जरूरत होती है।
**निष्कर्ष**
(a) सभी अमीर व्यक्ति यात्रा करते हैं
(b) जो भी हवाई यात्रा करेगा वो बीमार हो जाएगा
(c) सभी अमीर आदमी बीमार हो जाते हैं
(d) वे सभी, जो हवाई यात्रा करते हैं, अमीर हैं

***12.*** **कथन** सभी अच्छे खिलाड़ी जीतना चाहते हैं और जो खिलाड़ी जीतना चाहते हैं वे सभी सन्तुलित भोजन करते हैं; अतएव वे सभी खिलाड़ी जो सन्तुलित भोजन नहीं करते, खराब खिलाड़ी हैं। ***(UPSC CSAT 2015)***
**निष्कर्ष**
(a) कोई खराब खिलाड़ी जीतना नहीं चाहता
(b) कोई भी खिलाड़ी जो सन्तुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है
(c) प्रत्येक खिलाड़ी जो सन्तुलित भोजन करता है वह अच्छा खिलाड़ी है
(d) सभी खिलाड़ी जो जीतना चाहते हैं, अच्छे खिलाड़ी हैं

***13.*** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
I. सभी मशीनें ऊर्जा खर्च करती हैं।
II. बिजली ऊर्जा प्रदान करती है।
III. बिजली से चलने वाली मशीनों का रख-रखाव सस्ता होता है।
IV. बिजली से चलने वाली मशीनें प्रदूषण मुक्त होती हैं।
उपरोक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? ***(UPSC CSAT 2012)***
(a) सभी मशीनें विद्युत ऊर्जा से चलती हैं
(b) बिजली के अतिरिक्त ऊर्जा का दूसरा कोई प्रारूप नहीं है
(c) अधिकांश मशीनें विद्युत ऊर्जा से चलती हैं
(d) बिजली से चलने वाली मशीनों को चलाना बेहतर है

***14.*** निम्नलिखित तीन कथनों पर विचार कीजिए।
I. दौड़ में केवल छात्र ही भाग ले सकते हैं।
II. दौड़ में भाग लेने वालों में कुछ बालिकाएँ हैं।
III. दौड़ में भाग लेने वाली सभी बालिका प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया है।
उपरोक्त कथनों में से निम्नलिखित कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?
**निष्कर्ष** ***(UPSC CSAT 2011)***
(a) दौड़ के सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया है
(b) सभी छात्रों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया है
(c) दौड़ के सभी प्रतिभागी छात्र हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

***15.*** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
I. चन्दूलाल के परिवार में सभी ईमानदार हैं।
II. कुछ सदस्य जो चन्दूलाल के परिवार में हैं, बेरोजगार हैं।
III. कुछ नियुक्त (रोजगार में) व्यक्ति ईमानदार नहीं हैं।
IV. कुछ ईमानदार व्यक्ति रोजगार में नहीं हैं।
उपरोक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?
(a) चन्दूलाल के परिवार में सभी व्यक्ति रोजगार में हैं
(b) चन्दूलाल के परिवार में जो रोजगार में हैं, वे ईमानदार हैं
(c) चन्दूलाल के परिवार में ईमानदार व्यक्ति रोजगार में नहीं हैं
(d) चन्दूलाल के परिवार का रोजगार में लगा व्यक्ति ईमानदार नहीं है

***16.*** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। ***(UPSC CSAT 2015)***
I. भिण्डी, बन्दगोभी से अधिक स्वादिष्ट होती है।
II. फूलगोभी, भिण्डी से अधिक स्वादिष्ट होती है।
III. बन्दगोभी, मटर से अधिक स्वादिष्ट नहीं होती।
इन कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि
(a) मटर उतनी ही स्वादिष्ट होती है जितनी भिण्डी
(b) मटर उतनी ही स्वादिष्ट होती है जितनी फूलगोभी और भिण्डी
(c) इन चारों सब्जियों में बन्दगोभी सबसे कम स्वादिष्ट होती है
(d) फूलगोभी, बन्दगोभी से अधिक स्वादिष्ट होती है

***17.*** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। ***(UPSC CSAT 2015)***
I. कुछ लोग UFOs (अनभिज्ञात उड़न तस्तरियों) को देखे होने का दावा करते हैं।
II. दूसरे खगोलीय पिण्डों पर जीवन की सम्भावना मानी जाती है।
III. अन्तरिक्ष यात्रा अब एक स्थापित तथ्य है।
उपर्युक्त कथनों से, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि
(a) UFO खगोलीय पिण्ड हैं
(b) UFO अन्य खगोलीय पिण्डों से भेजे जाते हैं
(c) अन्य खगोलीय पिण्डों में रहने वाली कुछ स्पीशी)ज मनुष्य से अधिक बुद्धिमान हैं
(d) UFO के बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता

***18.*** तीन कथन दिए गए हैं जिनके आगे तीन निष्कर्ष I, II व III निकाले गए हैं। आपको मानना है कि तीनों कथन सत्य हैं चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निश्चित रूप से कथनों द्वारा सही निकाला/निकाले जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हों। ***(SSC Steno 2015)***
**कथन** मैरी ने कहा, ''ऐन और मेरे पास बिल्लियाँ हैं।'' ऐन ने कहा, ''मेरे पास बिल्ली नहीं है।'' मैरी हमेशा सत्य बोलती है, लेकिन ऐन कभी-कभी झूठ भी बोलती है।
**निष्कर्ष** I. ऐन के पास एक बिल्ली है।
II. मैरी के पास एक बिल्ली है।
III. ऐन झूठ बोल रही है।
(a) केवल II (b) I, II और III (c) केवल I (d) I और II

*निर्देश* (प्र. सं. 19 और 20) निम्नलिखित प्रश्नों में कथन के आगे तीन/चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। आप सामान्य ज्ञात तथ्यों में अन्तर होने पर भी कथन की पड़ताल, सत्य समझकर करें। आप तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, यदि कोई हो, दिए गए कथन से निकलता है?

**19.** **कथन** सभी भिखारी, गरीब होते हैं।

**निष्कर्ष** I. यदि A एक भिखारी है, तो A गरीब है।

II. यदि A अमीर नहीं है, तो A एक भिखारी है।

III. वे सभी, जो गरीब हैं, भिखारी हैं।

IV. यदि A अमीर है, तो A भिखारी नहीं हो सकता है

*(SSC 10+2 2012)*

(a) केवल निष्कर्ष I ठीक है (b) केवल निष्कर्ष II ठीक है
(c) केवल निष्कर्ष III ठीक है (d) केवल निष्कर्ष IV ठीक है

**20.** **कथन** अमेरिका में कार्यरत् सभी वैज्ञानिक प्रतिभासम्पन्न हैं। उनमें कुछ भारतीय हैं।

**निष्कर्ष** I. कोई भी भारतीय वैज्ञानिक प्रतिभासम्पन्न नहीं है।

II. कुछ प्रतिभासम्पन्न भारतीय वैज्ञानिक अमेरिका जाकर बस गए हैं।

III. सभी प्रतिभासम्पन्न वैज्ञानिक, अमेरिका में हैं।

IV. कुछ भारतीय वैज्ञानिक प्रतिभासम्पन्न हैं। *(SSC 10+2 2012)*

(a) केवल निष्कर्ष I ठीक है
(b) केवल निष्कर्ष II ठीक है
(c) केवल निष्कर्ष III ठीक है
(d) निष्कर्ष II तथा IV ठीक हैं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* चूँकि सरला मेधावी नहीं है और मेरी कक्षा के सभी छात्र मेधावी हैं अर्थात् सरला मेरी कक्षा की छात्रा नहीं है।

**2.** *(a)* विकल्प (a) सही है, क्योंकि फफूँद संक्रमण से संकर पौधों को कोई नुकसान नहीं होता है, इसलिए संकर पौधों की आयु लम्बी होती है।

**3.** *(c)* दिए गए कथनानुसार केवल विकल्प (c) सही है, क्योंकि विज्ञान, शिक्षा एवं धर्म का एक-दूसरे पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

**4.** *(c)* कथन में कहा गया है कि भारत में चालू वर्ष में वर्षा, अपेक्षा से अधिक हुई है और अक्टूबर महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री पिछले कुछ महीनों के मानसून पर निर्भर करती है। अर्थात् अक्टूबर माह में मोटर-साइकिलों की बिक्री अच्छी रहेगी। तथा यदि कीमतें अपरिवर्तित बनी रहती हैं, तो भी कम्पनियों का राजस्व बढ़ेगा। क्योंकि जब अधिक संख्या में बिक्री होगी, तो राजस्व भी बढ़ता है।

**5.** *(b)* दिए गए कथनानुसार विकल्प (b) सही है, क्योंकि कोई भी बन्दर गा नहीं सकता अर्थात् सभी बन्दर गा नहीं सकते हैं।

**6.** *(b)* दिए गए कथन से स्पष्ट रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि A अभिनेत्री है, तो वह सुन्दर होनी चाहिए। अतः केवल निष्कर्ष II दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है।

**7.** *(b)* दिए गए कथन से स्पष्ट रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि चार्ली चैपलिन ने एम. जी. एम. द्वारा बनाए गए कुछ मूक फिल्मों में अभिनय किया था। अतः केवल निष्कर्ष II दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है।

**8.** *(d)* सभी विद्यार्थी तेज हैं और डब्बू तेज नहीं है अर्थात् डब्बू हमारी कक्षा का छात्र नहीं है।

**9.** *(c)* ज्यादातर राजनीतिज्ञ झूठे होते हैं अर्थात् कुछ राजनीतिज्ञ झूठ नहीं बोलते हैं।

**10.** *(c)* दिए गए कथनानुसार यह निष्कर्ष निकलता है कि सातवीं मंजिल के लिए लिफ्ट उपलब्ध है।

**11.** *(d)* दिए गए कथनानुसार यह निष्कर्ष निकलता है कि हवाई यात्रा करने वाले व्यक्ति अमीर हैं।

**12.** *(b)* दिए गए कथनों के आधार पर सर्वोत्तम निष्कर्ष यही है कि कोई भी खिलाड़ी, जो सन्तुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है।

**13.** *(d)* दिए गए कथनों के आधार पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि बिजली से चलने वाली मशीनों को चलाना बेहतर है, क्योंकि बिजली की मशीनें रख-रखाव के दृष्टिकोण से सस्ती होती हैं तथा ऐसी मशीनें प्रदूषण मुक्त भी होती हैं।

**14.** *(c)* दिए गए कथनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दौड़ के सभी प्रतिभागी छात्र हैं।

**15.** *(b)* दिए गए कथनानुसार यह स्पष्ट है कि चन्दूलाल के परिवार में जो रोजगार में हैं, वे ईमानदार हैं।

**16.** *(c)* दिए गए कथनों के आधार पर कहा जा सकता है कि दी गई चारों सब्जियों में से बन्दगोभी सबसे कम स्वादिष्ट होती है।

**17.** *(b)* दिए गए कथनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि UFO अन्य खगोलीय पिण्डों से भेजे जाते हैं।

**18.** *(b)* चूँकि मैरी हमेशा सत्य बोलती है और उसके अनुसार, ऐन और उसके पास बिल्लियाँ हैं जबकि ऐन कभी-कभी झूठ भी बोलती है और उसके अनुसार उसके पास बिल्ली नहीं है। अतः स्पष्ट है कि तीनों निष्कर्ष सही हैं।

**19.** *(a)* दिए गए कथनानुसार सभी भिखारी गरीब होते हैं। अतः A गरीब होगा, क्योंकि A एक भिखारी है।

**20.** *(d)* कथनानुसार निष्कर्ष II तथा IV निकलता है, क्योंकि कुछ प्रतिभासम्पन्न भारतीय वैज्ञानिक अमेरिका में कार्यरत् हैं तथा वहीं बस गए हैं।

# मास्टर प्रश्नावली

*निर्देश* (प्र.सं. 1-3) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में कथन को पढ़कर उनके आगे दिए गए दो निष्कर्षों से यह निर्णय लें कि उनमें से कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से उनका अनुसरण करता/करते है/हैं? *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(d) न तो I न ही II अनुसरण करता है

**1.** **कथन** अच्छे समाज के लिए स्वतन्त्रता और अनुशासन बहुत महत्त्वपूर्ण हैं।

**निष्कर्ष** I. स्वतन्त्रता और अनुशासन रहित लोगों के कारण समाज को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

II. समाज में किसी को स्वतन्त्रता और अनुशासन नहीं है।

**2.** **कथन** हमें हस्तकला को बढ़ावा देकर हमारे पारम्परिक बुनाई के तरीकों को विकसित करना चाहिए।

**निष्कर्ष** I. विभिन्न पारम्परिक बुनाई की विधियाँ होती हैं।

II. हस्तकला निर्मित वस्तुएँ आम जनता के लिए किफायती नहीं हैं।

**3.** **कथन** एक नोटिस दर्शाता है, 'कूड़ा मत फैलाओं, कृपया कूड़ेदान का प्रयोग करें'।

**निष्कर्ष** I. लोग अक्सर निर्देशों का पालन नहीं करते हैं।

II. लोग नोटिस पढ़ते हैं और निर्देशों का पालन करते हैं।

**4.** निम्नलिखित कथनों को सत्य माने, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। ये ज्ञात करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथन का तर्कपूर्ण रूप से अनुसरण करता है/हैं। ***(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा 2018)***

**कथन** उस बेकरी के ज्यादातर केक महँगे हैं।'

**निष्कर्ष** I. उस बेकरी में कोई सस्ता केक नहीं है।

II. उस बेकरी के सभी केक महँगे हैं।

III. उस बेकरी में सस्ते केक भी हैं।

IV. उस बेकरी में प्लम केक महँगें हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष IV अनुसरण करता है

**5.** कथन को पढ़ें और दिए गए विकल्पों में से निष्कर्ष चुनें।

**कथन** इंजीनियरिंग की डिग्री सर्वाधिक वांछित डिग्रियों में से एक है।

**निष्कर्ष** I. इंजीनियरिंग की डिग्री किसी भी राष्ट्र के युवा की पहली पसन्द है।

II. इंजीनियरिंग में कैरियर बनाना एक अच्छा भविष्य है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें जो कथनों तथा निष्कर्षों का अनुसरण करता हो। ***(RRB NTPC फेज I परीक्षा 2016)***

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(C) या तो I या II अनुसरण करता है
(D) न तो I न ही II अनुसरण करता है

(a) A (b) D (c) B (d) C

***निर्देश*** (प्र. सं. 6-10) *निम्नलिखित प्रश्नों में एक कथन दिया गया है, जिसके नीचे इस पर आधारित दो निष्कर्ष I एवं II दिए गए हैं। दिए गए कथन सर्वमान्य मान्यताओं से सर्वथा विपरीत ही क्यों न हों फिर भी आपको उन्हें सत्य मानना है। इसके बाद आपको दिए गए कथन तथा निष्कर्षों पर विचार करते हुए यह निर्णय करना है कि दिए गए कथन के आधार पर दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत रूप से निकलता है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I तर्कसंगत हो
(b) केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत हो
(c) या तो निष्कर्ष I या फिर निष्कर्ष II तर्कसंगत हो
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II तर्कसंगत हो
(e) निष्कर्ष I और II दोनों ही तर्कसंगत हों

**6.** **कथन** अपराध, अपराधी की जैविक बनावट और उसके पारिवारिक सम्बन्धों का क्रियाकलाप है।

**निष्कर्ष** I. सगे जुड़वों की अपेक्षा समरूप जुड़वों में अपराध की घटनाएँ अधिक होती हैं।

II. ऐसे परिवार जहाँ माता-पिता में अपनत्व और स्नेह का अभाव रहता है, वहाँ बच्चे अपनी नैतिक चेतना का विकास करने में विफल होते हैं। ***(Syndicate Bank PO 2009)***

**7.** **कथन** गर्भस्थ शिशु (भ्रूण) के लिंग की जाँच के लिए अल्ट्रासोनोग्राफी एमीनो सेंटेसिस आदि जैसे प्रसव पूर्व निदान तकनीकी प्रयोग को 1 जनवरी, 2008 से गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया।

**निष्कर्ष** I. 1 जनवरी, 2008 से पूर्व गर्भस्थ शिशु (भ्रूण) की लिंग जाँच के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीक का प्रयोग कानूनन वैध था।

II. 1 जनवरी, 2008 से कोई भी महिला यदि गर्भस्थ शिशु (भ्रूण) के लिंग की जाँच करवाती है, तो वह कानूनन एक जुर्म होगा। ***(Andhra Bank PO 2009)***

**8.** **कथन** वेश्यावृत्ति भी एड्स का एक प्रमुख कारण है।

**निष्कर्ष** I. एड्स एक लाइलाज रोग है।

II. केवल वेश्यावृत्ति पर ही प्रतिबन्ध लगाकर एड्स पर पूर्ण नियन्त्रण नहीं किया जा सकता है। ***(Andhra Bank PO 2011)***

**9.** **कथन** अनेक धूम्रपानकर्ता कैंसरग्रस्त हैं।

**निष्कर्ष** I. अधिकांश कैंसर रोगी धूम्रपानकर्ता होते हैं।

II. धूम्रपान से हमेशा कैंसर होता है। ***(IBPS PO 2011)***

**10.** **कथन** आजकल छात्रों को अपना परीक्षा परिणाम घोषित कराने के लिए न्यायालयों की शरण लेनी पड़ती है।

**निष्कर्ष** I. परीक्षा के परिणाम को घोषित कराने के लिए न्यायालय की शरण लेना आवश्यक है।

II. शिक्षा बोर्ड अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वाह नहीं कर रहा है। ***(UBI PO 2009)***

***निर्देश*** (प्र.सं. 11-13) *नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि दोनों कथन सत्य हैं, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए कथनों में से किससे निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाला जा सकता है? अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I का पालन हुआ है
(b) केवल निष्कर्ष II का पालन हुआ है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों का पालन हुआ है
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II का पालन हुआ है

**11.** **कथन** सभी हिन्दू धर्म भीरू होते हैं। कोई भी जापानी हिन्दू नहीं है।

**निष्कर्ष** I. जापानी लोग धर्म भीरू नहीं हैं। ***(SSC CGL 2016)***

II. सभी धर्म भीरू हिन्दू हैं।

**12.** **कथन** I. विमुद्रीकरण ने इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली (ईपीएस) की आवश्यकता के प्रति झुकाव विकसित किया है।

II. ईपीएस लोगों को नकदी विहीन रहने और प्लास्टिक मनी से ज्यादातर लेन-देन में सक्षम बनाएगा।

**निष्कर्ष** I. ईपीएस पैसे के लेन-देन में एक खाते से दूसरे खाते में अन्तरण के लिए त्वरित, सुरक्षित और आसान तरीका है।

II. बिना नकद लेन-देन आगे के समय में पैसे की कालाबाजारी को रोकेगा। ***(SSC 10+2 2017)***

**13.** **कथन** विश्व की जनसंख्या हर वर्ष बढ़ती है।

जनसंख्या विस्फोट से विश्व में खाद्य समस्या है।

**निष्कर्ष** I. जनसंख्या नियन्त्रण से विश्व की खाद्य समस्या कम हो जाएगी।

II. अधिक जनसंख्या के लिए अधिक खाद्य उत्पादन की आवश्यकता है।

**14.** **कथन** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत-सी कविताएँ लिखीं।

प्रत्येक कवि को सौन्दर्यपरक ज्ञान होता है।

सौन्दर्यशास्त्र मूल्याश्रित अध्ययन का एक भाग है।

**निष्कर्ष**

I. रवीन्द्रनाथ टैगोर ने विभिन्न मूल्याश्रित अध्ययन किए।

II. उन्होंने तर्कशास्त्र और नीतिशास्त्र का आधार अपनाया।

उपरोक्त कथनों के आधार पर कौन-सा/से निष्कर्ष सही है/हैं? ***(SSC 10+2 2014)***

(a) केवल निष्कर्ष I (b) निष्कर्ष I और II दोनों
(c) केवल निष्कर्ष II (d) इनमें से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए।

**कथन** मनोरंजन के लिए फिल्में अनिवार्य हैं।

**निष्कर्ष** I. फिल्में मनोरंजन का एकमात्र साधन हैं।

II. लोग फिल्मों में आनंद लेते हैं।

III. लोग नाटक नापसंद करते हैं। *(UPPSC Pre 2013)*
(a) केवल I कथन में निहित है (b) I तथा II दोनों कथन में निहित हैं
(c) केवल II कथन में निहित है (d) I, II तथा III कथन में निहित हैं

***16.*** **कथन** सार्वजनिक कार्यक्रम में कई मन्त्री कार से पहुँचे।
**निष्कर्ष** I. सभी मन्त्री अमीर हैं।
II. मन्त्रियों के पास कार होती है।
III. मन्त्रिगण सार्वजनिक कार्यक्रम में आए हैं।
उपरोक्त कथनों के आधार पर कौन-से निष्कर्ष सही हैं?
(a) I और II (b) II और III (c) I और III (d) ये सभी

***17.*** **कथन** मन्दिर पूजा स्थल है।
चर्च भी पूजा स्थल है।
**निष्कर्ष** I. सभी मन्दिर चर्च हैं। II. सभी चर्च मन्दिर हैं। *(CGPSC Pre 2014)*
उपरोक्त कथनों के आधार पर कौन-सा/से निष्कर्ष सही है/हैं?
(a) न तो निष्कर्ष I और न ही II (b) I और II दोनों
(c) केवल I (d) केवल II
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्र. सं. 18-24) *दो कथन दिए गए हैं, जिनके आगे दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको विचार करना है कि दोनों कथन सत्य हैं चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए कथनों में से किससे निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाला जा सकता है? अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों ही निकलते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है

***18.*** **कथन** भारत में चुनाव बहुत जल्दी-जल्दी हो रहे हैं।
हमें अपनी वर्तमान लोकतान्त्रिक व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।
**निष्कर्ष** I. हमारी वर्तमान लोकतान्त्रिक व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं रही है।
II. बार-बार चुनाव होना स्वस्थ लोकतन्त्र के लिए अच्छा नहीं है। *(SSC FCI 2006)*

***19.*** **कथन** 64 नम्बर की अधिकांश बसें मेरे कार्यालय जाती हैं।
यह 64 नम्बर की बस है।
**निष्कर्ष** I. यह बस मेरे कार्यालय जाती है।
II. यह बस मेरे कार्यालय नहीं जाती है। *(SSC Steno 2006)*

***20.*** **कथन** धार्मिक शिक्षा जीवन को प्रबोधित करती है।
सभी धार्मिक नेताओं ने भाईचारे की शिक्षा दी है।
**निष्कर्ष** I. हमें धार्मिक होना चाहिए।
II. धर्मान्धता कुछ धार्मिक नेताओं की देन है। *(SSC 10+2 2002)*

***21.*** **कथन** कुछ भारतीय शिक्षित हैं।
शिक्षित व्यक्ति छोटे परिवार को पसन्द करते हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी छोटे परिवार शिक्षित हैं।
II. कुछ भारतीय छोटे परिवारों को पसन्द करते हैं। *(SSC CPO 2002)*

***22.*** **कथन** विटामिन B-कॉम्प्लेक्स स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है।
फलों में विटामिन B-कॉम्प्लेक्स होता है।
**निष्कर्ष** I. हमें फल उगाने चाहिए।
II. फल स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं

***23.*** **कथन** सभी बास्केटबॉल खिलाड़ी लम्बे आदमी होते हैं।
सभी बास्केटबॉल खिलाड़ी कसरती (एथलीट) होते हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी लम्बे आदमी बास्केटबॉल खिलाड़ी होते हैं।
II. सभी कसरती (एथलीट) बास्केटबॉल खिलाड़ी होते हैं। *(SSC CGL 2002)*

***24.*** **कथन** सभी जवान लड़कियाँ आधुनिक होती हैं।
कोई भी आधुनिक लड़का अन्धविश्वासी नहीं होता है।
**निष्कर्ष** I. कोई भी लड़की अन्धविश्वासी नहीं होती है।
II. कोई भी जवान लड़का अन्धविश्वासी नहीं होता है। *(SSC FCI 2002)*

***25.*** **कथन** मार्क्स को छोड़कर अन्य सभी जर्मन दार्शनिक आदर्शवाद हैं। उपरोक्त कथन के आधार पर निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? *(IBPS PO 2013)*
(a) जिस वक्त वह जर्मन हो, मार्क्स को छोड़कर यदि कोई भी आदर्शवादी है, तो वह दार्शनिक होता है/ होती है
(b) मार्क्स केवल एकमात्र गैर-जर्मन दार्शनिक हैं, जो आदर्शवादी है
(c) यदि जर्मन आदर्शवादी है, तो वह दार्शनिक होता है/होती है, लेकिन वह मार्क्स नहीं होता है/होती है
(d) मार्क्स से अलग यदि कोई जर्मन है, तो वह दार्शनिक होता है/ होती है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***26.*** जो लोग गंजे होते हैं वे सामान्यतया बुद्धिमान होते हैं, अनिल गंजा है, अतः अनिल बुद्धिमान है। *(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2015)*
(a) सत्य (b) सम्भवतया सत्य
(c) गलत (d) कहा नहीं जा सकता

***27.*** मान लीजिए दिए गए कथन सही हैं जबकि यह सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों और निर्णय कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष कथन का पूरी तरह से अनुसरण करता है?
**कथन** एक लम्बे और पेचीदा विवाद में शामिल होने के लिए, किसी को भी काफी बुद्धिमान होना चाहिए, क्योंकि वे बहुत बातूनी और बोरिंग होते हैं।
**निष्कर्ष** I. सभी बुद्धिमान व्यक्ति बोरिंग होते हैं।
II. सभी बुद्धिमान व्यक्ति लम्बे और पेचीदा विवादों को सम्भालने में काफी सक्षम होते हैं। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) या तो निष्कर्ष I अथवा II अनुसरण करता है
(b) निष्कर्ष I व II दोनों अनुसरण नहीं करते हैं
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

***28.*** **कथन** 'प्रत्येक पुस्तकालय में पुस्तकें हैं' से यह निष्कर्ष निकलता है कि
(a) कुछ पुस्तकालयों में पाठक नहीं होते *(CGPSC Pre 2015)*
(b) पुस्तकें केवल पुस्तकालय में हैं
(c) पुस्तकालय केवल पुस्तकों के लिए हैं
(d) कोई पुस्तकालय पुस्तक रहित नहीं है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***29.*** **कथन** 'योग्यता गरीब व्यक्ति की पूँजी है' से यह निष्कर्ष निकलता है कि *(CGPSC Pre 2015)*
(a) एक गरीब व्यक्ति पूँजी कमा सकता है यदि उसमें योग्यता है
(b) एक धनी व्यक्ति हमेशा योग्य होता है
(c) एक गरीब व्यक्ति हमेशा योग्य होता है
(d) एक गरीब व्यक्ति में पूँजी कमाने की योग्यता है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***30.*** निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए।
I. मैं तभी दूरदर्शन देखता हूँ, जब मैं ऊब जाता हूँ।
II. मैं यदि अपने भाई के साथ होता हूँ, तो कभी नहीं ऊबता।
III. मैं जब कभी थियेटर जाता हूँ, तो अपने भाई को साथ ले जाता हूँ।
उपरोक्त कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष वैध है? *(UPSC CSAT 2012)*
(a) यदि मैं ऊबा हुआ होता हूँ, तो दूरदर्शन देखता हूँ
(b) यदि मैं ऊबा हुआ होता हूँ, तो अपने भाई का साथ चाहता हूँ
(c) यदि मैं अपने भाई के साथ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन देखता हूँ
(d) यदि मैं ऊबा हुआ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन नहीं देखता हूँ

***31.*** निम्नलिखित कथनों की जाँच कीजिए।

I. या तो राम और श्याम समान आयु के हैं या राम, श्याम से बड़ा है।
II. या तो अली और जॉन समान आयु के हैं या जॉन, अली से बड़ा है।
III. श्याम, अली से बड़ा है।

उपरोक्त कथनों में से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? ***(UPPSC Pre 2013)***

(a) श्याम से राम बड़ा है (b) अली से जॉन बड़ा है
(c) श्याम और जॉन समान आयु के हैं (d) अली से राम बड़ा है

***32.*** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए।

यदि तृतीय विश्वयुद्ध कभी शुरू होता है, तो वह सम्भवतया सभ्यता के अन्त के साथ बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। उसे नाभिकीय शक्ति का दुरुपयोग ही प्रेरित करेगा।

उपरोक्त कथन के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष सही है? ***(UPSC CSAT 2012)***

(a) तृतीय विश्वयुद्ध में नाभिकीय शक्ति का प्रयोग किया जाएगा
(b) तृतीय विश्वयुद्ध के पश्चात् कोई सभ्यता शेष नहीं रहेगी
(c) नाभिकीय शक्ति के विकास से लम्बे समय में सभ्यता नष्ट हो जाएगी
(d) तृतीय विश्वयुद्ध नहीं होगा

***33.*** जनवरी में दस नए टीवी शो शुरू हुए, 5 सिटकॉम, 3 ड्रामा और 2 समाचार मैगजीन। अप्रैल तक उन नये शो में सिर्फ सात अभी भी चल रहे थे, जिनमें 5 सिटकॉम हैं।

उपरोक्त सूचना के आधार पर नीचे दिए गए चार निष्कर्ष निकाले गए हैं। इनमें से कौन-सा एक उपरोक्त सूचना से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है? ***(UPSC CSAT 2012)***

(a) केवल एक समाचार मैगजीन शो अभी भी चालू है
(b) ड्रामा शो में से केवल एक अभी भी चालू है
(c) बन्द किए गए शो में से कम-से-कम एक ड्रामा था
(d) दर्शकों को ड्रामा की अपेक्षा सिटकॉम ज्यादा पसन्द है

***निर्देश*** (प्र.सं. 34) *निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन एवं पाँच निष्कर्ष* (a), (b), (c), (d) *और* (e) *दिए गए हैं। सभी निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा एक निष्कर्ष आवश्यक रूप से दिए गए कथन से निकलता है?*

***34.*** **कथन** उस दुकान में अधिकतर मोबाइल फोन महँगे हैं।

**निष्कर्ष** ***(CGPSC Pre 2013)***

(a) उस दुकान में कुछ मोबाइल फोन महँगे हैं
(b) उस दुकान में X ब्राण्ड के मोबाइल फोन महँगे हैं
(c) उस दुकान में कोई भी मोबाइल फोन सस्ता नहीं है
(d) उस दुकान में कुछ मोबाइल फोन सस्ते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***35.*** सेना के कार्मिकों में 1000 में से 8 की मृत्यु होती है, किंतु नागरिक जनसंख्या में यह प्रति 1000 में 20 है।

इस कथन से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? ***(UPSC CSAT 2014)***

(a) सेना में भर्ती होना बेहतर है
(b) यह सम्बन्ध आकस्मिक है
(c) सशस्त्र बलों में जीवन गुणता सुचकांक बहुत ऊँचा है
(d) उनकी विषमजातीयता के कारण इन वर्गों की तुलना नहीं की जा सकती

***36.*** ''बसें, कारों की अपेक्षा अधिक दुर्घटनाओं का कारण हैं और ट्रक बसों की अपेक्षा कम दुर्घटनाओं का कारण होते हैं।''

इस कथन से हम निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष प्राप्त कर सकते हैं? ***(UPSC CSAT 2014)***

(a) सड़कों पर ट्रकों की अपेक्षा बसें अधिक हैं
(b) कार चालक, बस चालकों की अपेक्षा सावधान है
(c) ट्रक चालक कार अथवा बस चालकों की अपेक्षा कुशल हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

***37.*** निम्नलिखित कथनों से आप क्या अनुमान निकालेंगे?

मैनें बहुत-से पौधों की जड़ों का प्रेक्षण किया है। देखा गया कि इन सभी पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं। ***(SSC Steno 2015)***

(a) कुछ पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं
(b) मैं एक वनस्पति शास्त्री हूँ
(c) अधिकांश पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं
(d) एक पौधे की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती है।

***38.*** दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

यद्यपि साक्षरों की संख्या, गाँव A में इस वर्ष अधिकतम है, गाँव B में साक्षरता दर की वृद्धि सबसे अधिक थी। जिसमें इस वर्ष 10% की वृद्धि हुई तथा साक्षरों की संख्या 42000 थी। ***(RBI Assistant Manager 2017)***

दिए गए तथ्यों से निम्न में कौन-सा कथन निकलता है।

(a) गाँव A में साक्षरता दर की प्रतिशतता निश्चित रूप से 10% से ज्यादा बढ़ गई है
(b) यदि गाँव B में साक्षर व्यक्तियों की संख्या 42000 हैं, तब गाँव A में यह संख्या इससे ज्यादा होगी
(c) इस वर्ष गाँव A में साक्षरों की संख्या निश्चित रूप से 42000 से कम है
(d) गाँव B में अब भी 42000 व्यक्ति निरक्षर हैं
(e) गाँव A तथा गाँव B में कुल साक्षर व्यक्तियों की संख्या निश्चित रूप से 88200 है

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(a)* निष्कर्ष I से, स्वतन्त्रता और अनुशासन रहित लोगों के कारण समाज को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जो अनुसरणीय है। निष्कर्ष II से, समाज में किसी को स्वतन्त्रता और अनुशासन नहीं है जोकि गलत है।
अतः विकल्प (a) उपयुक्त है।

***2.*** *(a)* दिए गए कथन से केवल निष्कर्ष I निकलता है। क्योंकि कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हमें अपने पारम्परिक बुनाई के तरीकों को विकसित करना चाहिए अर्थात् पारम्परिक बुनाई की कई विधियाँ होती हैं।

***3.*** *(c)* लोग नोटिस पढ़ते हैं और निर्देशों का पालन करते हैं। इसलिए कूड़ा न फैलाने के लिए नोटिस दर्शाया गया है। अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

***4.*** *(c)* दिए गए कथन में कहा गया है कि उस बेकरी के ज्यादातर केक महँगे हैं। यहाँ शब्द 'ज्यादातर' प्रयोग किया गया है। इसका अर्थ यह है कि सभी केक महँगे नहीं हैं अर्थात् उस बेकरी में कुछ केक ऐसे भी हैं, जो सस्ते हैं।

***5.*** *(c)* ''इंजीनियरिंग की डिग्री सर्वाधिक वांछित डिग्रियों में से एक है'' इस कथन से निष्कर्ष ''इंजीनियरिंग में कैरियर बनाना एक अच्छा भविष्य है'' निकलता है। अतः केवल निष्कर्ष II कथन का अनुसरण करता है।

***6.*** *(e)* निष्कर्ष I और II दोनों तर्कसंगत हैं, क्योंकि जैविक बनावट समान होने पर समरूप जुड़वों में से यदि कोई एक अपराधी हो, तो वह समरूपता का लाभ उठाकर आसानी से अपराध कर सकता है। साथ-ही-साथ माता-पिता में अपनत्व और स्नेह के अभाव में बच्चे अपनी चेतना खो देते हैं और अपराध की ओर अग्रसर हो जाते हैं।

***7.*** *(b)* केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है, क्योंकि 1 जनवरी, 2008 से कोई भी महिला यदि गर्भस्थ शिशु (भ्रूण) के लिंग की जाँच करवाती है, तो वह कानूनन एक जुर्म होगा, जबकि यह इससे पहले कानूनन वैध था या नहीं था, इस बात की चर्चा कथन में नहीं की गई है।

**8.** *(b)* केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है, क्योंकि वेश्यावृत्ति के अतिरिक्त भी एड्स रोग के अन्य कारण होते हैं। अतः केवल वेश्यावृत्ति पर ही प्रतिबन्ध लगाकर एड्स पर पूर्ण नियन्त्रण नहीं किया जा सकता है, जबकि एड्स एक लाइलाज रोग है या नहीं—इस बात की चर्चा कथन में नहीं की गई है।

**9.** *(d)* न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II तर्कसंगत है, क्योंकि कैंसर का धूम्रपान के अतिरिक्त अन्य कारण भी होता है। साथ-ही-साथ धूम्रपान से हमेशा कैंसर होता ही है, इस बात की चर्चा कथन में नहीं की गई है।

**10.** *(b)* केवल निष्कर्ष II तर्कसंगत है, क्योंकि छात्रों को परीक्षा के परिणाम घोषित कराने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है अर्थात् शिक्षा बोर्ड अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वाह नहीं कर रहा है। यदि शिक्षा बोर्ड अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वाह करता, तो छात्रों को न्यायालय की शरण लेने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती।

**11.** *(d)* दिए गए कथन से कहा जा सकता है कि सभी हिन्दू धर्म भीरू होते हैं, लेकिन सभी धर्म भीरू हिन्दू हों, ऐसा आवश्यक नहीं है। अन्य कथन से यह सही है कि कोई जापानी हिन्दू नहीं है, लेकिन सभी जापानी लोग धर्म भीरू न हो, ऐसा भी नहीं है। अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सही है।

**12.** *(c)* ईपीएस पैसे के लेन-देन का त्वरित व सुरक्षित तरीका है और आने वाले समय में नकदी की कालाबाजारी को रोक सकता है।

**13.** *(c)* दोनों कथनों के आधार पर निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं। विश्व की जनसंख्या हर वर्ष बढ़ती है, जिससे खाद्य समस्या उत्पन्न होती है। यदि जनसंख्या नियन्त्रित हो जाए, तो खाद्य समस्या कम हो जाएगी, क्योंकि अधिक जनसंख्या के लिए अधिक खाद्य उत्पादन की आवश्यकता है।

**14.** *(a)* दिए गए वक्तव्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि केवल निष्कर्ष I सही है, क्योंकि वक्तव्यों में कहीं भी नीतिशास्त्र तथा तर्कशास्त्र का जिक्र नहीं है। अतः निष्कर्ष II सही नहीं है।

**15.** *(c)* कथनानुसार, मनोरंजन के लिए फिल्में अनिवार्य हैं अर्थात् फिल्में मनोरंजन का एकमात्र साधन है, ऐसा नहीं कह सकते। चूँकि फिल्मों से मनोरंजन होता है, इसलिए लोग फिल्मों से आनंद लेते हैं। कथन में नाटक के बारे में कोई सूचना नहीं है। अतः केवल निष्कर्ष II ही कथन में निहित हैं।

**16.** *(b)* दिए गए कथनानुसार यह ज्ञात नहीं होता है कि सभी मन्त्री अमीर होते हैं लेकिन मन्त्रियों के पास कार है यह कथन में स्पष्ट है साथ ही यह भी कहा जा सकता है कि मन्त्रीगण सार्वजनिक कार्यक्रम में आए हैं। अतः निष्कर्ष II व III सही हैं।

**17.** *(a)* दिए गए कथनों से ज्ञात होता है कि मन्दिर तथा चर्च दोनों ही पूजास्थल हैं लेकिन दोनों अलग-अलग हैं। अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सहीं है।

**18.** *(c)* भारत में चुनाव के बहुत जल्दी-जल्दी होने से स्पष्ट है कि हमारी वर्तमान लोकतान्त्रिक व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं रही है तथा बार-बार चुनाव होना स्वस्थ लोकतन्त्र के लिए ठीक नहीं है। इसलिए, दिए गए कथनानुसार दोनों ही निष्कर्ष I और II लागू होते हैं।

**19.** *(d)* कथन में अधिकांश शब्द का प्रयोग किया गया है, इसलिए यह निश्चित नहीं कह सकते हैं कि बस जाएगी या नहीं इसलिए या तो निष्कर्ष I या फिर II निकलता है किन्तु ऐसा कोई विकल्प नहीं है। अतः दोनों ही निष्कर्ष निश्चित रूप से नहीं निकलते हैं।

**20.** *(a)* दिए गए कथनानुसार धार्मिक शिक्षा जीवन को प्रबोधित करती है, इसलिए हमें धार्मिक होना चाहिए अर्थात् निष्कर्ष I निकलता है।

**21.** *(b)* कुछ भारतीय शिक्षित होते हैं। अधिकतर शिक्षित व्यक्ति चाहे वह भारतीय हो या कोई अन्य, छोटे परिवार को ही पसन्द करते हैं। इससे निष्कर्ष निकलता है कि कुछ भारतीय छोटे परिवारों को पसन्द करते हैं।

**22.** *(b)* दिए गए कथनानुसार फलों में विटामिन B-कॉम्पलेक्स होता है और यह स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है, इसलिए फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। अतः निष्कर्ष II निकलता है।

**23.** *(d)* यह आवश्यक नहीं है कि सभी लम्बे आदमी तथा एथलीट बास्केटबॉल खिलाड़ी हो। दोनों ही निष्कर्षों में कथनों के विपरीत बात कही गई है, इसलिए दोनों में से कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है।

**24.** *(d)* दिए गए कथनों का निष्कर्षों से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं ज्ञात होता है। अतः न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।

**25.** *(e)* दिए गए कथन से यह स्पष्ट नहीं है कि सभी जर्मन दार्शनिक हैं या नहीं। अतः कोई भी निष्कर्ष ज्ञात नहीं किया जा सकता।

**26.** *(b)* प्रश्न में दिए गए कथन में 'सामान्यतया' शब्द का प्रयोग किया गया है। अतः यह सम्भवतया सत्य हो सकता है कि अनिल बुद्धिमान है।

**27.** *(d)* कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लम्बे और पेचीदा विवाद में शामिल होने वाले व्यक्ति को बुद्धिमान होना चाहिए अर्थात् बुद्धिमान व्यक्ति लम्बे और पेचीदा विवादों को सम्भालने में सक्षम होते हैं। अतः कथनानुसार केवल निष्कर्ष II निकलता है।

**28.** *(d)* दिए गए कथन प्रत्येक पुस्तकालय में पुस्तकें है से तात्पर्य है कि कोई भी पुस्तकालय पुस्तक रहित नहीं है, सभी में पुस्तकें अवश्य होती हैं।

**29.** *(a)* दिए गए कथन से तात्पर्य है कि यदि किसी गरीब व्यक्ति के अन्दर योग्यता है, तो वह पूँजी कमा सकता है।

**30.** *(d)* दिए गए कथनों से यह वैध निष्कर्ष निकलता है कि यदि मैं ऊबा हुआ नहीं होता हूँ, तो दूरदर्शन नहीं देखता।

**31.** *(d)* कथनानुसार, राम $\geq$ श्याम $\Rightarrow$ जॉन $\geq$ अली तथा श्याम $>$ अली $\Rightarrow$ राम $\geq$ श्याम $>$ अली अतः राम, अली से बड़ा है।

**32.** *(a)* दिए गए कथन के आधार पर निष्कर्ष (a), तृतीय विश्वयुद्ध में नाभिकीय शक्ति का प्रयोग किया जाएगा सही है, क्योंकि कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि तृतीय विश्वयुद्ध कभी भी शुरू होता है, तो वह सम्भवतः सभ्यता के अन्त के साथ बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा तथा उसे नाभिकीय शक्ति का दुरुपयोग ही प्रेरित करेगा।

**33.** *(c)* कार्यक्रम के नहीं चल पाने का कोई कारण नहीं सुझाया गया है, इसलिए विकल्प (d) सही नहीं है। निष्कर्ष (c) तर्कसंगत अनुगमित होता है कि बन्द किए गए शो में से कम-से-कम एक ड्रामा था, क्योंकि तीन शो बन्द किए गए हैं एवं समाचार मैगजीन शो दो ही शुरू किए गए थे।

**34.** *(d)* अधिकतर का पूरक शब्द कुल होता है अर्थात् अधिकतर मोबाइल फोन महँगे हैं। इसका अर्थ है कि कुछ मोबाइल फोन सस्ते भी होंगे।

**35.** *(d)* दोनों ही विषयक विषमजातीय हैं। अतः तुलना नहीं की जा सकती है।

**36.** *(d)* दी गई सूचना अपर्याप्त है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**37.** *(c)* कथनानुसार, बहुत से पौधों की जड़ों का प्रेक्षण करने पर पाया गया कि अधिकांश पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं। कथनानुसार, विकल्प (c) में दिया गया अनुमान सत्य है।

**38.** *(b)* आरम्भ में ही यह स्पष्ट हो गया है कि गाँव A में साक्षरों की संख्या गाँव B के साक्षरों की संख्या से अधिक है। अतः यदि गाँव B में साक्षरों की संख्या 42000 है, तो गाँव A में साक्षरों की संख्या निश्चित रूप से 42000 से ज्यादा ही होगी।

# 03

# कथन एवं तर्क

## (Statement and Arguments)

किसी भी विषय से सम्बन्धित जानकारी को 'कथन' कहते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से परिकल्पित ऐसा तथ्य, जो कथन के सम्भावित परिणामों को दर्शाता है, तर्क कहलाता है।

इस अध्याय के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में एक कथन एवं साथ ही कुछ तर्क दिए गए होते हैं। कथन को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसी के आधार पर आपको दिए गए तर्कों में से प्रबल तर्क का चुनाव करना होता है। तर्क की सुनिश्चितता करते समय व्यक्ति को किसी प्रकार की पूर्वधारणा से प्रभावित नहीं होना चाहिए, क्योंकि धारणा एक व्यक्तिगत भावना होती है, जो **प्रबल** (ठोस) एवं **निर्बल** (कमजोर) दोनों में से किसी भी प्रकार की हो सकती है। अत: हमें धारणा को एक ओर रखते हुए तर्क का चुनाव करना चाहिए।

तर्क सामान्यत: दो प्रकार के होते हैं

### प्रबल तर्क

किसी योजना (विचार) के पक्ष या विपक्ष में दिया गया ऐसा महत्त्वपूर्ण तर्क, जोकि सीधे योजना से सम्बन्धित हो, साथ ही आदर्श, सत्यता, स्पष्टता एवं वास्तविकता से पूर्ण हो, ऐसे तर्क को प्रबल तर्क (Strong Argument) कहते हैं। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि प्रबल तर्क सीधे कथन से सम्बन्धित तथा वास्तविकता से पूर्ण एवं सटीक होते हैं।

### निर्बल तर्क

किसी योजना (विचार) के पक्ष या विपक्ष में दिया गया ऐसा महत्त्वहीन तर्क जोकि सीधे योजना से सम्बन्धित न हो, साथ ही आदर्श सत्यता, स्पष्टता एवं वास्तविकता से भिन्न हो, ऐसे तर्क को निर्बल या दुर्बल तर्क (Weak Argument) कहते हैं।

**प्रबल तर्क का चुनाव**

प्रबल या सबल या ठोस तर्क का चुनाव करते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जोकि निम्नलिखित हैं

- जो तर्क सामाजिक रूप से बनाए गए नियम, कानून एवं विचार के अनुरूप हों, वे प्रबल तर्क, कहलाते हैं।
- यदि दिया गया तर्क, सलाह अथवा निदान से सम्बन्धित हो तथा वह कथन से सीधा सम्बन्ध रखता हो, तो वह प्रबल तर्क होगा।
- प्रबल तर्क प्रश्नसूचक नहीं होने चाहिए।
- यदि तर्क तथ्यपूर्ण विचारों से विश्लेषित है, तो उसे प्रबल तर्क माना जा सकता है।
- तर्क किसी एक घटना, उदाहरण एवं विशेषताओं से सन्दर्भित नहीं होना चाहिए अर्थात् यह आदर्श पूरक एवं व्यापक रूप से सत्यता को समाहित किए हुए होना चाहिए तभी इसे प्रबल तर्क माना जाएगा।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार निम्नलिखित हैं

## प्रकार *1.* दो तर्कों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में दिए गए दो तर्कों से पहले एक कथन दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को कथन के आधार पर प्रबल एवं निर्बल तर्क को ज्ञात करके विकल्पों की सहायता से अपने उत्तर का चयन करना होता है।

प्रबल एवं निर्बल तर्क को समझने के लिए अभ्यर्थी निम्न उदाहरणों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 1-4) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा दो तर्क दिए गए हैं। कथन के आधार पर कौन-सा तर्क प्रबल है? उसी के अनुसार उत्तर विकल्प का चयन कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है
(e) तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल हैं

***उदाहरण* 1. कथन** क्या, उच्च शिक्षा को कुछ समय के लिए पूर्णतः बन्द कर दिया जाना चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, यह देश की प्रगति में रुकावट डालेगा।
II. हाँ, यह शिक्षित बेरोजगारी को कम करेगा।

***व्याख्या*** (a) केवल तर्क I प्रबल है, क्योंकि उच्च शिक्षा देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। अत: इसे बन्द करने पर देश की प्रगति अवरुद्ध हो जाएगी। तर्क II निर्बल है, क्योंकि उच्च शिक्षा को बन्द कर देने पर शिक्षित बेरोजगारी कम नहीं होगी, बल्कि बेरोजगारी को कम करने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

***उदाहरण* 2. कथन** क्या, मुम्बई की तरह सभी बड़े शहरों में सिर्फ एक पब्लिक बस ट्रांसपोर्ट एजेन्सी होनी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, इससे कम्पनी का एकाधिकार बढ़ेगा, जिससे वह कम विकसित शहरों को उसी अवस्था में छोड़ सकती है।
II. हाँ, इससे मार्गों के व्यवस्थापन एवं भाड़े के निर्धारण में अपेक्षाकृत सहायता मिलेगी।

***व्याख्या*** (a) तर्क I अधिक शहरों के लिए है, जबकि तर्क II एक शहर के लिए है। अत: तर्क I प्रबल तर्क है।

**उदाहरण 3. कथन** क्या, भारत में कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, विद्यार्थी की प्रतिभा को परखने के लिए कॉलेज बेहतर है। अतः डिग्री अधिक मान्य होगी।

II. नहीं, यह सोचना व्यर्थ है कि कॉलेज द्वारा दी जाने वाली डिग्री सही व स्वच्छ होगी।

***व्याख्या*** *(d)* न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है, क्योंकि कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना चाहिए, इस प्रश्न के पक्ष या विपक्ष में दिया गया कोई भी प्रबल तर्क कारण और वास्तविकता पर आधारित नहीं है।

**उदाहरण 4. कथन** क्या विभिन्न अवधियों की सावधि बैंक जमाओं के लिए केवल एक ही ब्याज दर होनी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, लोग दीर्घावधि के लिए धन बैंक में नहीं रखेंगे परिणामतः बैंकों का द्रवता (liquidity) स्तर कम होगा।

II. हाँ, यह आम लोगों के लिए अधिक सरल होगा और बैंकों में अधिक धन रखने के लिए वे प्रेरित होंगे।

***व्याख्या*** *(e)* विभिन्न अवधियों की सावधि बैंक जमाओं के लिए एकसमान ब्याज दर होने पर लोग लम्बे समय के लिए धन बैंक में नहीं रखेंगे, जिससे बैंकों का द्रवता (liquidity) स्तर कम होगा। साथ ही यह भी कहा जा सकता है कि यह आम लोगों के लिए अधिक आसान होगा तथा बैंकों में अधिक धन रखने के लिए आम जनता प्रेरित होगी। अत: तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 5-7) दिए गए प्रत्येक प्रश्न में कथन को और उसके बाद दो तर्कों I और II को पढ़ें। दिए गए तर्कों पर विचार करें और निर्धारित करें कि उनमें से कौन-सा मजबूत/प्रभावशाली है?

(a) केवल तर्क I प्रभावशाली है
(b) केवल तर्क II प्रभावशाली है
(c) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है
(d) तर्क I और II दोनों प्रभावशाली हैं

**उदाहरण 5. कथन** क्या विजयंत को प्रबन्धक प्रशिक्षु के रूप में ABC लिमिटेड में सम्मिलित होना चाहिए?

*(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)*

**तर्क** I. हाँ, विजयंत को तुरन्त नौकरी की जरूरत है और यह उसकी योग्यता और अनुभव के अनुसार सबसे अच्छा कार्य है।

II. नहीं, इस कार्य में अधिक यात्रा करनी होती है।

***व्याख्या*** *(a)* प्रश्नानुसार, केवल तर्क I प्रभावशाली है, क्योंकि वह प्रबन्धक प्रशिक्षु के रूप में ABC लिमिटेड में शामिल होकर अपनी योग्यता और अनुभव को और अधिक अच्छा कर सकता है।

**उदाहरण 6. कथन** क्या न्यायपालिका और पुलिस में त्वरित सुधार करने चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे शीघ्र न्याय मिलेगा और समाज पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

II. नहीं, और भी मुद्दे हैं जिनको उच्च प्राथमिकता देनी है।

*(MPPSC Pre 2015)*

***व्याख्या*** *(a)* न्यायपालिका और पुलिस में त्वरित सुधार करने से किसी भी व्यक्ति को शीघ्र ही न्याय मिलेगा। जिसके फलस्वरूप समाज पर इसका एक अच्छा प्रभाव पड़ेगा। अत: केवल तर्क I प्रभावशाली है।

**उदाहरण 7. कथन** क्या विद्यालय में शिक्षा के लिए सभी को आर्थिक सहायता देनी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे बड़ी संख्या में लोगों को सहायता मिलेगी क्योंकि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा मध्यम और निचले वर्ग से आता है।

II. नहीं, इससे नकद से निर्बद्ध राजकोष पर बड़ा बोझ पड़ेगा।

*(MPPSC Pre 2015)*

***व्याख्या*** *(a)* विद्यालय में सभी को शिक्षा के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता मिलनी ही चाहिए, क्योंकि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा निचले और मध्यम वर्ग से सम्बन्धित है। ऐसा करने से बड़ी संख्या में लोगों को सहायता मिलेगी। अत: केवल तर्क I प्रभावशाली है।

# प्रश्नावली 3.1

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-6) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। कथन पर विचार करते हुए निर्धारित कीजिए की कौन-सा/से तर्क प्रबल/मजबूत है/हैं?*

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है
(c) न तो तर्क I और न ही II मजबूत है
(d) दोनों तर्क मजबूत हैं

**1. कथन** क्या गणेश को एक नई मोटरसाइकिल खरीदनी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, गणेश की पुरानी मोटरसाइकिल, जिसे वह पिछले 15 सालों से अपने कार्यालय जाने के लिए उपयोग कर रहा है, उसे उस मोटरसाइकिल से आने-जाने में अक्सर परेशानी हो रही है।

II. नहीं, नई मोटरसाइकिल प्रदूषण की मौजूदा समस्या को बढ़ा देगी।

*(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वन रक्षक 2018)*

**2. कथन** क्या विदेश में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों को भारत वापस बुलाया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, उन्हें पहले मातृभूमि की सेवा करनी चाहिए और खोजों, सम्मानों, सुविधाओं आदि के बारे में भूल जाना चाहिए।

II. नहीं, हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है उन्हें रहने दो जहाँ वे चाहते हैं।

*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी 2018)*

**3. कथन** विश्व के लेखक लोगों पर अव्यक्त रूप से, सैनिकों से अधिक प्रभाव डालते हैं।

**तर्क** I. लेखक लोगों की सोच को प्रभावित करते हैं।

II. शारीरिक शक्ति के साथ कोई व्यक्ति सब को जीत सकता है।

*(UPSSSC सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक अधिकारी 2018)*

**4. कथन** क्या संगीत मानव जाति की सार्वभौमिक भाषा है?

**तर्क** I. हाँ, लय और मेलोडी की विशिष्ट विशेषताएँ संगीत के माध्यम से भावनाओं की मानव अभिव्यक्ति को चित्रित करने में योगदान देती हैं।

II. हालाँकि, आधार से वे मानव अभिव्यक्ति हैं, संगीत और भाषायी प्रणाली संस्कृति से संस्कृति में भिन्न होती हैं। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

**5. कथन** क्या नेपाल जैसे छोटे देशों के पास रक्षा सेनाएँ नहीं होनी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, अन्य देश हिंसा पर भरोसा नहीं करते हैं।

II. हाँ, नेपाल के बहुत लोग शान्तिप्रिय और अहिंसा के उपदेशक हैं।

*(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

**6. कथन** क्या बच्चों को झूठ बोलने के लिए दण्डित किया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, बच्चों को अनुशासित करने के लिए उनकी उम्र के हिसाब से उचित सजा देनी चाहिए।

II. नहीं, दण्ड की वजह से वांछित व्यवहार लाने की बजाए, दण्डित होने का डर पैदा हो जाता है। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*

***निर्देश*** (प्र. सं. 7-12) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके नीचे दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए तर्कों पर विचार करके तय करना है। कि कौन-सा/से तर्क प्रभावशील है/हैं? दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए।* ***(UPSSSC Pre 2017)***

***7.*** **कथन** मेट्रो शहरों के सभी घरों में जल आपूर्ति में कमी है। यह आंशिक रूप से पाइपलाइनों में जल के भारी रिसाव के कारण है।

**तर्क I.** अनुरक्षण 24 × 7 होना चाहिए और जल रिसाव को बन्द करना चाहिए।

**II.** हमको और अधिक जल उसी अथवा कम खर्चे पर पम्प करना चाहिए।

(a) तर्क I प्रभावशाली है
(b) तर्क II प्रभावशाली है
(c) तर्क I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(d) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

***8.*** **कथन** ड्राइविंग के समय मोबाइल फोनों के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाना चाहिए।

**तर्क I.** हाँ, इसके कारण सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं।

**II.** नहीं, इससे व्यापार में बाधा आएगी।

(a) तर्क I प्रभावशाली है
(b) तर्क II प्रभावशाली है
(c) तर्क I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(d) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

***9.*** **कथन** बहुत-से राज्यों में 6 वर्ष की आयु से कम के बच्चों को कक्षा 1 में भर्ती नहीं किया जा सकता।

**तर्क I.** बच्चे में आवश्यक मानसिक और शारीरिक विकास होना चाहिए।

**II.** प्रारम्भिक वर्षों में बच्चों को अपने माता-पिता के साथ होना चाहिए।

(a) तर्क I प्रभावशाली है
(b) तर्क II प्रभावशाली है
(c) तर्क I और दोनों II प्रभावशाली हैं
(d) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

***10.*** **कथन** क्या शिक्षा को कक्षा XII तक के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर देना चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, इससे विद्यालय की शिक्षा को बीच में ही छोड़ने वाले बच्चों को रोजगार देने वाले उद्योगों पर प्रभाव पड़ेगा।

**II.** हाँ, विद्यालय की शिक्षा, उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए आधार बनाती है।

(a) तर्क I प्रभावशाली है
(b) तर्क II प्रभावशाली है
(c) तर्क I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(d) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

***11.*** हाइड्रोजन एक सिलेण्डर में है। ***(RRB ALP 2018)***

**तर्क I.** हाइड्रोजन तरल स्थिति में है।

**II.** हाइड्रोजन गैसीय स्थिति में है।

(a) केवल तर्क II सही है
(b) केवल तर्क I सही है
(c) I और II दोनों सही नहीं हैं
(d) या तो I या II सही है

***12.*** क्या आपको तब तक कड़ी मेहनत करनी चाहिए जब तक आप अपने हस्ताक्षर को ऑटोग्राफ में नहीं बदल देते हैं?

**तर्क I.** तब तक मेहनत करें जब तक आप उस स्थिति पर नहीं पहुँच जाते, जिसमें आपको किसी को अपना परिचय देने की आवश्यकता नहीं है।

**II.** आर्थिक रूप से सुरक्षित बनने के लिए कड़ी मेहनत करें। ***(RRB ALP 2018)***

(a) I और II दोनों प्रभावशाली नहीं हैं
(b) I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(c) केवल तर्क I प्रभावशाली है
(d) केवल तर्क II प्रभावशाली है

***निर्देश*** (प्र. सं. 13-44) *दिए गए प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय 'प्रबल' और 'निर्बल' तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। 'प्रबल' तर्क महत्त्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। 'निर्बल' तर्क कम महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रबल' है और कौन-सा 'निर्बल' है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) या तो तर्क I और या तो तर्क II प्रबल है
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है
(e) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं

***13.*** **कथन** क्या, सार्वजनिक क्षेत्र में भर्ती करो और निकालों प्रणाली को अपनाने की इजाजत देनी चाहिए।

**तर्क I.** हाँ, इससे सार्वजनिक क्षेत्रक को काम न करने वाले कर्मचारियों को हटाने में सहायता मिलेगी और काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देने में भी मदद मिलेगी।

**II.** नहीं, प्रबन्धन इस प्रणाली को निष्पक्ष तरीके से लागू करने में समर्थ नहीं होगा और प्रबन्धन की उच्च शक्ति के कारण कर्मचारियों को भुगतान होगा। ***(IDBI Bank Executive 2018)***

***14.*** **कथन** क्या एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के करीबी रिश्तेदार को भारत सरकार में नौकरी दी जानी चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, रिश्तेदार को इस तरह का काम कहाँ मिलेगा।

**II.** नहीं, यह सक्षम और जरूरतमन्द युवाओं के लिए सरकारी सेवा के दरवाजे बन्द कर देगा। ***(IDBI Bank Executive 2018)***

***15.*** **कथन** क्या संसद के निर्वाचित सदस्यों की अवधि को दो वर्ष तक कम किया जाना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, भारत में चुनाव हर एकान्तर वर्ष में आयोजित होते हैं।

**II.** नहीं, संसद चुनाव के हर दौर में बड़ी मात्रा में धन की जरूरत है और यह एक राष्ट्रीय बर्बादी है। ***(IDBI Bank Executive 2018)***

***16.*** **कथन** क्या, सरकार को निजी प्रयोग के लिए कारों के रजिस्ट्रेशन को पूरे देश में तत्काल प्रभाव से रोक देना चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, सरकार को ऐसा करने का अधिकार नहीं है।

**II.** हाँ, भारत के बड़े शहरों की सड़कों पर भीड़ कम करने का यही एकमात्र तरीका है। ***(Allahabad Bank PO 2009)***

***17.*** **कथन** क्या, भारत के सभी इन्जीनियरिंग कॉलेजों के लिए दाखिले का एकरूप मानदण्ड होना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, इससे इन्जीनियरिंग कॉलेजों में दाखिल हुए छात्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

**II.** नहीं, यह विशेषकर सम्भव नहीं है। ***(Canara Bank PO 2007)***

***18.*** **कथन** क्या, स्नातकीकरण को किसी भी सरकारी क्षेत्र के संगठन में प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता बनाया जाना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, अपनी उच्च स्तरीय शिक्षा के आधार पर गैर-स्नातकों के मुकाबले स्नातकों का निष्पादन अच्छा होता है।

**II.** नहीं, ऐसे कई लोग हैं, जो अपना स्नातकीकरण पूरा करने तक बेरोजगार नहीं रह सकते हैं और स्नातक उम्मीदवारों के समान अच्छे कार्य निष्पादन के लिए समर्थ होते हैं।

***19.*** **कथन** क्या, महाविद्यालय की सभी परीक्षाओं से सम्बद्ध परीक्षा निकायों को कैलकुलेटरों के उपयोग की अनुमति देनी चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, यह आवश्यक है कि अपनी संकल्पनाओं को स्पष्ट करने के लिए विद्यार्थियों को मैनुअल गणना की पद्धतियों का ज्ञान हो।

**II.** हाँ, सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटरों के व्यापक उपयोग के साथ मैनुअल गणनाओं की अब आवश्यकता नहीं है।

**20.** **कथन** क्या, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के सभी कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा का ज्ञान अनिवार्य बनाया जाना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, शैक्षिक रूप से समाज के पिछड़े तबके के लोगों के साथ व्यवहार में यह जरूरी है।
**II.** नहीं, सभी कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा का ज्ञान होना आवश्यक नहीं है।

**21.** **कथन** क्या, निजी क्षेत्र के सभी संगठनों के लिए सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा का आरक्षण अनिवार्य बनाना चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, निजी क्षेत्र के संगठन सरकारी नियमों द्वारा अभिशासित नहीं होने चाहिए।
**II.** हाँ, निजी क्षेत्र के संगठनों को भी सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान में योगदान देना चाहिए।

**22.** **कथन** क्या, बलात्कार और यौन उत्पीड़न की बढ़ती हुई घटनाओं के कारण महिलाओं को रात को अकेले यात्रा नहीं करने की सलाह दी जानी चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, इसके बजाय सरकार को ऐसी घटनाओं के नियन्त्रण के उपाय करने चाहिए।
**II.** हाँ, पुलिस विभाग के लिए भी ऐसी घटनाओं पर नियन्त्रण रखना मुश्किल है। ***(Corporation Bank PO 2008)***

**23.** **कथन** क्या, हमारे देश में कुछ अवसरों को छोड़कर आतिशबाजी सहित पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध होना चाहिए।
**तर्क I.** नहीं, लोगों को सभी अवसरों पर अपनी रुचियों और प्राथमिकताओं के अनुसार आनन्द उठाने की अनुमति होनी चाहिए।
**II.** हाँ, पटाखे चलाने से बहुत ज्यादा ध्वनि और वायु प्रदूषण होता है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**24.** **कथन** क्या, नगर विकास प्राधिकारियों को शॉपिंग मॉलों के निर्माण को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिसके परिणामस्वरूप छोटी दुकानें बन्द हो जाएँगी?
**तर्क I.** हाँ, शॉपिंग मॉल में एक ही छत के नीचे प्रत्येक चीज सस्ती दर पर मिल सकती है।
**II.** नहीं, बहुत-से लोगों के लिए रोजमर्रा की खरीदारी के लिए शॉपिंग मॉलों में जाना सुविधाजनक नहीं होगा।

**25.** **कथन** क्या, छात्र संघों के राजनीतिक दलों से सम्बद्ध होने पर प्रतिबन्ध होना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, राजनीतिक दल अपने स्वार्थी हितों को पूरा करने के लिए छात्र संघों का अनुचित लाभ उठाते हैं।
**II.** नहीं, राजनीतिक दलों के समर्थन के बिना छात्र संघ बच नहीं पाएँगे।

**26.** **कथन** क्या, उच्च अध्ययन के संस्थानों में पिछड़े वर्गों के लिए कोटा आरम्भ करना सामाजिक न्याय करने की सही युक्ति होगी?
**तर्क I.** नहीं, इससे अनारक्षित वर्गों के लिए बहुत थोड़े-से स्थान बचेंगे जो योग्य उम्मीदवारों और विशेषकर जो आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके लिए अनुचित होगा।
**II.** हाँ, उन्हें अवसर प्रदान करना आवश्यक है, ताकि वे सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के स्तर तक आ सकें।

**27.** **कथन** क्या महाविद्यालयों में सेलफोन को प्रतिबन्धित कर देना चाहिए, जिससे उसके दुरुपयोग से बचा जा सके।
**तर्क I.** हाँ, प्रतिबन्ध से दुरुपयोग कम होगा।
**II.** नहीं, इसका बहुत सीमित प्रभाव पड़ेगा। ***(MPPSC Pre 2015)***

**28.** **कथन** क्या, भारतवर्ष में खेती-बाड़ी के लिए भूमिगत जल (ground water) प्रयोग करने पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, खेती-बाड़ी पर इसका बड़ा बुरा प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि सिंचाई के लिए अन्य सुविधाएँ नहीं हैं।
**II.** हाँ, इससे पारिक सन्तुलन (ecological balance) पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि खेती के लिए काफी भूमिगत जल खींच लिया गया है

**29.** **कथन** क्या, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित सभी पाठ्यक्रमों में स्नातक स्तर तक अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय होना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, इससे विद्यार्थियों को इस विषय में निपुण होने में सहायता मिलेगी और वे प्रभावपूर्ण ढंग से अपना कार्य करने के लिए तैयार होंगे।
**II.** नहीं, यह कतई उचित नहीं है, क्योंकि विज्ञान के विषय में और बहुत-से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विषय के रूप में अंग्रेजी अनावश्यक है।

**30.** **कथन** क्या, जीविका अर्जन में सहायता देने के लिए किसानों को उर्वरकों और बिजली पर दी जा रही सहायकी में वृद्धि की जानी चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, किसानों पर भारी कर्ज है, क्योंकि वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त कमाई नहीं कर पाते हैं।
**II.** नहीं, कुछ बड़े किसानों को इससे अनुचित लाभ मिलेगा और जनता के धन की कीमत पर वे अत्यधिक लाभ कमाएँगे।

**31.** **कथन** क्या, भारत में स्नातक विद्यार्थियों को प्रत्येक डिसिप्लेन में विषयों के समूह से अपने स्वयं के विषयों के सम्मिश्र के चुनाव की छूट होनी चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, इससे विद्यार्थी प्रेरित होंगे, क्योंकि वे अपनी पसन्द के विषय पढ़ सकते हैं।
**II.** नहीं, विषय सम्मिश्र देने का अन्तिम अधिकार महाविद्यालयों के पास होना चाहिए।

**32.** **कथन** क्या, भारत में आनुवांशिक रूप में संशोधित बिनौला के उपयोग पर से प्रतिबन्ध तत्काल उठा लिया जाना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, कपास उत्पादन बढ़ाने का यही एकमात्र तरीका है।
**II.** नहीं, इन बीजों का मनुष्यों पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। अतः इनका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। ***(Dena Bank PO 2009)***

**33.** **कथन** क्या, विद्याविदों की निवृत्ति आयु बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी जानी चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, गैर-विद्याविद् जिनकी निवृत्ति आयु सीमा कम है, उनके लिए यह नावाजिब होगा।
**II.** हाँ, अनुभवी विद्याविद् राष्ट्र की बौद्धिक सम्पत्ति को बहुत योगदान दे सकते हैं।

**34.** **कथन** क्या, प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेश हेतु प्रबन्धकों का कोटा बढ़ा दिया जाना चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, इससे योग्य विद्यार्थी अच्छे कॉलेजों में प्रवेश पाने से वंचित रह जाएँगे।
**II.** हाँ, यदि कॉलेज स्वयं निधिकृत हैं, तो उन्हें प्रवेश हेतु अपने स्वयं के मानदण्ड निर्धारित करने की छूट होनी चाहिए।

**35.** **कथन** क्या, राज्य के शिक्षा विभाग को सभी प्राथमिक पाठशालाओं को बच्चों को गृहकार्य देना बन्द करने के अनुदेश देने चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, बच्चों पर अत्यधिक बोझ टालने के लिए यह जरूरी है। पाठशाला के घण्टे सीखने हेतु पर्याप्त हैं।
**II.** नहीं, इससे माता-पिता अपने प्रतिपाल्यों की प्रगति मॉनीटर नहीं कर पाएँगे।

**36.** **कथन** क्या, सरकार की पूर्वानुमति के बिना सरकार को सभी राजनैतिक और धार्मिक जुलूसों पर प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, अकसर जुलूसों की वजह से दंगे होते हैं।
**II.** नहीं, एक लोकतान्त्रिक देश में यह मानव अधिकारों के खिलाफ है।

**37.** **कथन** क्या, सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए, सभी प्राइवेट कॉलेजों के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा का आयोजन अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, विद्यार्थियों को सभी कॉलेजों के लिए विचार करने का अवसर मिले यह सुनिश्चित करने हेतु प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों में टकराव टालने के लिए यह जरूरी है।
**II.** नहीं, कॉलेज के ग्रेड के आधार पर, परीक्षाओं के कठिनाई के अलग-अलग स्तरों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह सम्भव नहीं है। ***(BOB PO 2009)***

***38.*** **कथन** क्या, एक कैलेण्डर वर्ष के भीतर किसी भी देश द्वारा खेले जाने वाले एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की संख्याएँ सीमित होनी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, प्रत्येक देश को जितने चाहे उतने मैच खेलने की स्वतन्त्रता होनी चाहिए।

II. हाँ, अन्यथा उच्च क्रम के खिलाड़ी शीघ्र ही बर्बाद (burnout) हो जाएँगे।

***39.*** **कथन** क्या, देशभर में मैट्रीकुलेशन तक एक ही प्रकार के स्कूल होने चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, कुछ पश्चिमी देशों में ऐसा ही है।

II. नहीं, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्कूल भिन्न होने चाहिए।

***40.*** **कथन** क्या, सरकार को विदेशी कम्पनियों को भारत की ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश की अनुमति देनी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे अपने देश में ऊर्जा की अत्यधिक कमी की समस्या पर निश्चित ही प्रभाव पड़ेगा।

II. नहीं, यह विदेशी हितों के समक्ष आत्मसमर्पण करना है।

***(MPPSC Pre 2015)***

***41.*** **कथन** क्या, हमको सभी खेलों को समान रूप से महत्त्व देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, हमको किसी खास खेल का पक्षपात नहीं करना चाहिए।

II. नहीं, हमको कुछ खेलों को चुनना चाहिए और केवल उनके ऊपर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए, ताकि उनमें उत्कृष्टता पा सकें।

***(MPPSC Pre 2015)***

***42.*** **कथन** क्या, फल उगाने वाले पौधों और पेड़ों के अनुरक्षण के लिए कीटनाशकों के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, ये सभी पौधे और पेड़ कीटों के आक्रमण से नष्ट हो जाएँगे। इससे किसानों को गम्भीर आर्थिक हानि होगी।

II. हाँ, कीटनाशकों में खतरनाक रसायनों का प्रयोग किया जाता है, जो फलों में प्रवेश कर इनके उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य की गम्भीर समस्याएँ पैदा करते हैं।

***43.*** **कथन** क्या, भारत में जुआ खेलने की विधिक रूप से छूट दी जानी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, जुए में लगने वाली राशि पर कर लगाकर सरकार अत्यधिक धन अर्जित कर सकती है, क्योंकि अन्यथा लोग अवैध रूप से जुआ खेलते हैं।

II. नहीं, इसे विधिक बनाए जाने पर समाज के गरीब वर्ग के लोग अपनी पूरी आय जुए में लगा देंगे, इससे उन्हें भुखमरी का सामना करना पड़ेगा।

***44.*** **कथन** क्या, भारत में बड़े शहरों में घरेलू वस्तुएँ बेचने वाली सभी छोटी दुकानें बन्द कर देनी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, इन छोटी दुकानों को चलाने में लगे सभी लोग बेकार हो जाएँगे और उनके पास आजीविका के लिए कमाई का कोई साधन नहीं रहेगा।

II. हाँ, बड़े शहरों में बड़े शॉपिंग मॉलों में लोग एक ही छत के नीचे अपनी सारी खरीदारी करना पसन्द करते हैं। इसलिए इन छोटी दुकानों को टिके रहने के लिए ग्राहक नहीं मिलेंगे। ***(SBI PO 2008)***

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(a)* प्रश्नानुसार, केवल तर्क I मजबूत है। चूँकि गणेश को परिवहन में समस्या हो रही है, जिसका मुख्य कारण उसकी पुरानी मोटरसाइकिल है। अतः उसे नई मोटरसाइकिल खरीद लेनी चाहिए।

***2.*** *(c)* विदेश में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों को भारत वापस बुलाया जाना चाहिए इसका कोई वैध कारण तर्क I प्रस्तुत नहीं करता है और तर्क II भी मजबूत नहीं है। अतः दोनों तर्क अनुसरण नहीं करेंगे।

***3.*** *(a)* विश्व के लेखक लोगों पर अव्यक्त रूप से, सैनिकों से अधिक प्रभाव डालते हैं अर्थात् वे लोगों की सोच को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार तर्क I मजबूत है जबकि तर्क II मजबूत नहीं है।

***4.*** *(a)* तर्क I में कहा गया है कि हाँ, लय और मेलोडी की विशिष्ट विशेषताएँ संगीत के माध्यम से भावनाओं की मानव अभिव्यक्ति को चित्रित करने में योगदान देती हैं।
अतः तर्क I मजबूत है।

***5.*** *(c)* कथनानुसार, यह प्रश्न उठाया गया है कि नेपाल जैसे छोटे देश के पास सेना होनी चाहिए या नहीं। दिए गए तर्क में से कोई भी तर्क इस प्रश्न का सटीक उत्तर नहीं दे पा रहा है, इसलिए न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।
अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

***6.*** *(d)* तर्क I मजबूत है क्योंकि यदि बच्चे को झूठ बोलने के लिए उसकी उम्र के हिसाब से दण्ड दिया जाएगा, तो बच्चे को सबक मिलेगा कि उसको उसके द्वारा की गई गलती के लिए दण्ड मिला है, तो उसे भविष्य में गलती नहीं करनी है। तर्क II भी मजबूत है क्योंकि बच्चे के मन में दण्डित होने पर डर पैदा हो जाएगा और बच्चे के मन में डर बैठना सही नहीं है।

***7.*** *(a)* 24 × 7 अनुरक्षण से जल का रिसाव कम होगा तथा सभी घरों में जल आपूर्ति हो पाएगी। अतः केवल तर्क I प्रभावशाली है।

***8.*** *(a)* ड्राइविंग के समय फोन का उपयोग करने से दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ती है, परन्तु इससे व्यापार में कोई बाधा आती है, यह कथन सत्य नहीं है।

***9.*** *(a)* 6 वर्ष की आयु के बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास हो जाता है तथा वह कक्षा 1 में भर्ती होने के लिए पूर्ण रूप से विकसित होता है, परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि बच्चे को अपने माता-पिता के ही साथ होना चाहिए।

***10.*** *(b)* विद्यालय की शिक्षा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत आवश्यक है, परन्तु पढ़ाई करना या शिक्षा प्राप्त करने से उद्योगों पर कोई बुरा प्रभाव पड़ता है, यह तर्क सही नहीं है।

***11.*** *(d)* हाइड्रोजन तरल और गैस दोनों अवस्था में हो सकती है।
अतः कथनानुसार या तो तर्क I या फिर तर्क II सही है।

***12.*** *(c)* कथन में हस्ताक्षर को ऑटोग्राफ में बदलने का अर्थ अपनी पहचान बनाने से है। अतः कथनानुसार तर्क I प्रभावशाली है जबकि तर्क II के विषय में कथन में कुछ नहीं कहा गया है।

***13.*** *(a)* 'भर्ती करो और निकालो' प्रणाली में अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों की प्रोन्नति तथा काम न करने वाले कर्मचारियों को बाहर निकालना होता है। इस प्रणाली से अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा सार्वजनिक क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ेगी। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

***14.*** *(b)* केवल तर्क II प्रबल है। क्योंकि ऐसा करने में सक्षम और जरूरतमन्द युवाओं के लिए सरकारी सेवा के दरवाजे बन्द हो जाएँगे।

***15.*** *(b)* केवल तर्क II प्रबल है। क्योंकि संसद चुनाव के हर दौर में एक बड़ी मात्रा में धनराशि की आवश्यकता होती है, जो एक राष्ट्रीय बर्बादी है।

***16.*** *(d)* पहला तर्क तर्कहीन है। जबकि दूसरे तर्क में शब्द 'एकमात्र' तर्क को कमजोर करता है।

***17.*** *(a)* भारत के सभी इन्जीनियरिंग कॉलेजों के लिए दाखिले का एकरूप मानदण्ड होना चाहिए, क्योंकि इससे इन्जीनियरिंग कॉलेजों में दाखिल हुए छात्रों की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

***18.*** *(b)* यदि कोई व्यक्ति स्नातक नहीं है,परन्तु कार्य निष्पादन में दक्ष है, तो उसे नौकरी मिलनी चाहिए। इसके विपरीत यदि कोई व्यक्ति स्नातक है, परन्तु कार्य निष्पादन में दक्ष नहीं है, तो उसे नौकरी नहीं मिलनी चाहिए।
अतः केवल तर्क II प्रबल है।

***19.*** *(b)* महाविद्यालयों की परीक्षाओं में प्रश्नों का हल काफी विस्तृत होता है। जिसके कारण उनको हल करने के लिए कैलकुलेटर की आवश्यकता होती है। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**20.** *(a)* सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में ऐसे कर्मचारी भी होते हैं, जो पढ़े-लिखे नहीं होते या कम पढ़े लिखे होते हैं। अतः हिन्दी भाषा के ज्ञान से सबका काम चल जाएगा। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**21.** *(a)* निजी क्षेत्र के सभी संगठनों से सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा का आरक्षण जरूरी नहीं है, क्योंकि अब सभी लोगों को नौकरियों में अवसर मिलना चाहिए। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**22.** *(a)* कभी किसी महिला को रात में कहीं जाना आवश्यक हो जाए, तो ऐसे समय में महिला को अपनी पूरी सुरक्षा से निकलना चाहिए तथा पुलिस को बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने की पूरी-पूरी कोशिश करनी चाहिए। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**23.** *(b)* कुछ अवसरों के अतिरिक्त आतिशबाजी सहित पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध होना आवश्यक है, क्योंकि यही वायु और ध्वनि प्रदूषण होने का प्रमुख कारण है। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**24.** *(e)* तर्क I के अनुसार, शॉपिंग मॉल उन लोगों के लिए सुविधाजनक हैं, जो उनके घरों के पास खुले हों, ताकि वे लोग सारी वस्तुएँ एक ही स्थान से प्राप्त कर सकें। तर्क II के अनुसार, वे लोग जिनके घर के पास ये मॉल नहीं खुले हैं, उन लोगों को दैनिक आवश्यकता की वस्तुएँ खरीदना कठिन हो जाएगा। उनके लिए फुटकर दुकानें होना भी नितान्त आवश्यक है। अतः तर्क I और II दोनों ही प्रबल हैं।

**25.** *(a)* छात्र संघों के राजनीतिक दलों से सम्बद्ध होने पर प्रतिबन्ध होना चाहिए, क्योंकि राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए छात्र संघ के पदाधिकारियों से गलत तथा आपराधिक कार्य कराते हैं। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**26.** *(a)* उच्च अध्ययन के संस्थानों में पिछड़े वर्ग के लिए कोटा आरम्भ करने के बाद कुछ ही सीटें अनारक्षित रह जाएँगी तथा जो व्यक्ति आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके लिए कोई स्थान नहीं बचेगा। जिससे उनका भविष्य खराब हो जाएगा। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**27.** *(c)* महाविद्यालयों में सेलफोन को प्रतिबन्धित कर देने से काफी हद तक इसका दुरुपयोग कम हो जाने की सम्भावना है लेकिन साथ-ही-साथ यह भी सम्भव है कि इसका प्रभाव बहुत ही सीमित हो। अतः या तो तर्क I या II प्रबल है।

**28.** *(e)* तर्क I के अनुसार, सिंचाई के लिए जब कोई अन्य सुविधा नहीं है, तो भूमिगत जल के प्रयोग करने पर प्रतिबन्ध नहीं लगाना चाहिए। तर्क II के अनुसार, पहले से ही भूमिगत जल खींच लिया गया है और अब और निकालने पर प्रकृति का सन्तुलन बिगड़ जाएगा। इसलिए भूमिगत जल प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाना जरूरी है। अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

**29.** *(a)* अंग्रेजी विषय में निपुण हो जाने पर सभी पदों पर कार्य प्रभावपूर्ण ढंग से सही कर पाएँगे, क्योंकि ऊँचे पदों पर प्रायः अंग्रेजी का प्रयोग होता है तथा ऊँची कक्षाओं में विज्ञान की पुस्तकें भी अंग्रेजी में ही होती हैं। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**30.** *(a)* उन किसानों के कारण, जो अमीर हैं और ऐसी योजनाओं का अनुचित लाभ उठाते हैं, उन किसानों को भूखा नहीं मारा जा सकता है, जो गरीब हैं और कर्ज में डूबे हुए हैं। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**31.** *(a)* यदि छात्र स्वयं अपनी रुचि के अनुसार, विषय चुनेंगे, तो वे मन लगाकर पढ़ेंगे और उन्नति करेंगे। अतः छात्रों को विषयों के चुनाव की छूट होनी ही चाहिए। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**32.** *(b)* आनुवंशिक रूप में संशोधित बिनौला हानिकारक होता है। बिनौला से वनस्पति घी बनाया जाता है तथा बिनौला पशुओं को खिलाया जाता है। इस प्रकार घी तथा पशुओं से प्राप्त दूध मनुष्यों पर हानिकारक प्रभाव डालेगा। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**33.** *(a)* भारत एक सर्वजन समान राष्ट्र है। यहाँ प्रत्येक व्यक्ति के लिए नियम समान हैं। ऐसे में केवल शिक्षाविदों की निवृत्ति बढ़ाना दूसरी संस्थाओं में कार्यरत् कर्मचारियों के लिए अन्याय होगा। जहाँ तक अनुभव का प्रश्न है, तो वह प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य क्षेत्र में होता है। ऐसे में केवल शिक्षाविदों की ही निवृत्ति सीमा ही क्यों बढ़ाई जाए। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**34.** *(a)* प्रबन्धकों का कोटा बढ़ाने से अन्य छात्रों के लिए सीट कम रह जाएँगी और योग्य छात्र कॉलेज में प्रवेश पाने से वंचित रह जाएँगे। यह सत्य है कि निजी निधिकृत कॉलेज, यह कोटा अपनी इच्छा से बढ़ा सकते हैं, परन्तु होनहार छात्रों को ध्यान में रखते हुए यह उचित नहीं होगा। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**35.** *(d)* किसी भी कार्य को सीखने के लिए उसका अभ्यास आवश्यक है। अतः गृहकार्य होना आवश्यक है, परन्तु गृहकार्य बच्चों की प्रगति का मॉनीटर नहीं है, वह तो केवल बच्चों के खाली समय को सही दिशा में लगाने के लिए दिया जाता है। अतः न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**36.** *(c)* प्रायः जुलूसों में कुछ शरारती तत्व अशान्ति फैलाने के उद्देश्य से दंगे करते हैं। अतः प्रतिबन्ध लगाना आवश्यक है, परन्तु भारत में प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार अपने ढंग से व्यक्त करने का अधिकार है। इस दशा में यह प्रतिबन्ध मानव अधिकार के खिलाफ है। अतः या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।

**37.** *(b)* व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्तर अलग-अलग होते हैं। सभी पाठ्यक्रमों की अलग-अलग आवश्यकता होती है। इसलिए सभी प्राइवेट कॉलेजों के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर देना ठीक नहीं है। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**38.** *(b)* एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की संख्याएँ असीमित होना, अधिक श्रम का आधारभूत होगा। यदि सीमा के परे कोई कार्य किया जाए, तो वह केवल नुकसान देय होता है। अतः सीमित संख्या सही नियन्त्रण मानसिकता व स्वस्थता का प्रतीक होगी। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**39.** *(d)* दिए गए दोनों तर्क एक-दूसरे का विरोध करते हैं। अतः न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**40.** *(a)* यदि सरकार विदेशी कम्पनियों को भारत की ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश की अनुमति देती है तो निश्चित ही इससे अपने देश में ऊर्जा की अत्यधिक कमी की समस्या का कुछ समाधान होगा। कथन में विदेशी हितों के सम्बन्ध में कोई बात नहीं कहीं गई है।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**41.** *(d)* हमे सभी खेलों को समान रूप से महत्त्व देना चाहिए तथा किसी खास खेल का पक्षपात नहीं करना चाहिए साथ ही केवल कुछ खास खेलों को चुनकर उनके ऊपर ही ध्यान देना भी सही नहीं है।
अतः न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**42.** *(c)* दोनों तर्कों का एकसाथ होना असम्भव है, क्योंकि ये तर्क एक-दूसरे के विपरीत हैं। अतः या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।

**43.** *(e)* तर्क I प्रबल इसलिए है, क्योंकि अवैध रूप से खेले जाने वाले जुओं पर विराम लगेगा तथा सरकार का राजस्व बढ़ेगा, परन्तु तर्क II इसलिए प्रबल है, क्योंकि गरीब अपनी सीमा के परे भी जुआ खेलेंगे।
अतः तर्क I और II दोनों ही प्रबल हैं।

**44.** *(a)* यदि दुकानें बन्द कर दी जाएँ, तो कमजोर वर्ग का व्यक्ति परेशान हो जाएगा तथा धन के एकीकरण का प्रभाव प्रबल हो जाएगा।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

## प्रकार *2.* तीन या तीन से अधिक तर्कों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में, तर्क से पहले एक कथन या परिच्छेद (विवरण) दिया गया होता है। इस कथन या परिच्छेद के आधार पर अभ्यर्थियों को निर्बल और प्रबल तर्क की पहचान कर उस तर्क का चुनाव करना होता है, जोकि पूर्णरूप से कथन पर आधारित होता है।

***उदाहरण* 8.** क्या भारत में बहुत-से छोटे बैंकों के स्थान पर केवल थोड़े-से बैंक ही होने चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे निवेशक का धन सुरक्षित रहेगा, क्योंकि ये बड़े बैंक बाजार सम्बन्धित आघात सहने में सक्षम होंगे।

II. नहीं, बहुत बड़ी संख्या में लोग अपनी नौकरी गँवा देंगे, क्योंकि विलय के बाद बहुत-से कर्मचारी अनावश्यक होंगे।

III. हाँ, उससे समग्र बैंकिंग उद्योग के समेकन में सहायता होगी और स्वस्थ प्रतियोगिता की परिणति होगी।

(a) कोई तर्क प्रबल नहीं है
(b) तर्क I और III दोनों प्रबल हैं
(c) तर्क II और III दोनों प्रबल हैं
(d) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं
(e) उपरोक्त सभी तर्क प्रबल हैं

***व्याख्या*** *(b)* प्रश्नानुसार, केवल तर्क I और III प्रबल हैं, क्योंकि इससे निवेशक का धन सुरक्षित रहेगा एवं यदि दुर्भाग्यवश कोई अप्रिय घटना घटती है, तो बैंक बाजार सम्बन्धित आघात सहने में सक्षम होंगे और इससे समग्र बैंकिंग उद्योग के समेकन में सहायता होगी।

***उदाहरण* 9.** क्या, कृषि क्रियाकलापों द्वारा अर्जित आय पर कर लगाया जाना चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, वैसे भी कृषक प्राकृतिक विपदाओं और कम खरीद कीमत सहित कम उपज से पीड़ित हैं और उनकी आय पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए।

II. हाँ, अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। अतः सरकारी संसाधनों में वृद्धि हेतु उनकी आय पर कर लगाया जाना चाहिए।

III. हाँ, बहुत-से बड़े कृषक अधिकांश नौकरी पेशा लोगों से बहुत अधिक कमाई करते हैं और असमानता दूर करने के लिए उन पर कर लगाया जाना चाहिए। ***(SBI PO 2010)***

(a) सभी तर्क प्रबल हैं
(b) तर्क II और III प्रबल हैं
(c) केवल तर्क I प्रबल है
(d) तर्क I और II प्रबल हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(c)* दिए गए कथन के अनुसार केवल तर्क I प्रबल है, क्योंकि हमारे कृषक पहले ही प्राकृतिक विपदाओं और कम खरीद कीमत सहित कम उपज से पीड़ित हैं, इसलिए यदि उन पर आय कर भी लगा दिया जाएगा तो यह कृषकों के लिए हितकारी नहीं होगा।

***उदाहरण* 10.** क्या भारत में सिंचाई हेतु भूमिगत जल खींचने पर उच्चतम सीमा लगाई जानी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, भारत में खाद्यान्न उत्पादन हेतु सिंचाई बहुत महत्त्वपूर्ण है और देश के बहुत-से भागों में यह भूमिगत जल पर अत्यधिक निर्भर है।

II. हाँ, देश के कुछ भाग जहाँ सिंचाई प्राथमिकतः भूमिगत जल पर निर्भर है वहाँ भूमिगत जल का स्तर अत्यधिक नीचे चला गया है, इसका नतीजा पर्यावरण के लिए गम्भीर हो सकता है।

III. हाँ, भारत अब और भूमिगत जल खींच नहीं सकता, क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों ने भारत को इसके खिलाफ चेतावनी दी है।

(a) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं
(b) तर्क II और III दोनों प्रबल हैं
(c) तर्क I और III दोनों प्रबल हैं
(d) उपरोक्त सभी प्रबल हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(a)* तर्क III प्रबल नहीं है। भारत को अपने अध्ययन एवं निष्कर्षों पर विश्वास करना चाहिए। यह सत्य है कि भूमिगत जल के स्तर को भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित रखना चाहिए, परन्तु यह भी सत्य है कि बढ़ती जनसंख्या के लिए खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई की नितान्त आवश्यकता है। अतः तर्क I और II प्रबल हैं।

***उदाहरण* 11.** निम्नलिखित कथन व तर्कों को पढ़िए और निर्णय लीजिए कि कौन-सा/से तर्क प्रबल है/हैं?

**कथन** क्या वर्ग चार के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड की परीक्षा होनी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, यह छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुझान उत्पन्न करेगा तथा वे अधिकाधिक अंक प्राप्त कर सकेंगे।

II. नहीं, छात्रों पर पढ़ाई का दबाव पड़ेगा तथा वे इसकी प्रक्रिया का आनन्द नहीं उठा पाएँगे।

III. हाँ, इससे कम उम्र में ही अधिक ज्ञान अर्जित किया जा सकेगा।

IV. नहीं, यह छोटी उम्र में ही बच्चों पर दबाव पैदा करेगा तथा उन्हें खेलने के लिए समय नहीं मिल पाएगा।

(a) I और IV प्रबल हैं
(b) II और IV प्रबल हैं
(c) केवल IV प्रबल है
(d) I और III प्रबल हैं

***व्याख्या*** *(c)* केवल तर्क IV प्रबल है, क्योंकि यह सत्य है कि बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बढ़ती उम्र में खेल जरुरी है तथा उन पर इस कम उम्र में बोझ नहीं डालना चाहिए।

# प्रश्नावली 3.2

***निर्देश*** (प्र.सं. 1-12) *दिए गए प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय 'प्रबल' और 'निर्बल' तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। 'प्रबल' तर्क महत्त्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। 'निर्बल तर्क कम महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद तीन/चार तर्क* I, II, III *और* IV *दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रबल' है और तदनुसार अपना उत्तर देना है?*

**1. कथन** क्या, प्रतिवर्ष एक करोड़ से अधिक कमाने वालों के लिए आयकर की दर काफी अधिक होनी चाहिए? ***(IBPS PO/MT Main 2017)***

**तर्क I.** नहीं, कर देने वाले प्रत्येक नागरिक को एक समान माना जाना चाहिए, भले ही उनकी वार्षिक आय कितनी भी हो।

**II.** नहीं, कर देने वाले और एक करोड़ से अधिक कमाने वाले व्यक्ति का प्रतिशत थोड़ा-सा है, इसलिए सरकार की आमदनी पर बहुत अधिक असर नहीं पड़ेगा।

**III.** हाँ, अधिक आय कमाने वालों पर ऊँची दर लगाना न्यायोचित है, क्योंकि अपनी जरूरतों को पूरा कर लेने के बाद वे अधिक कर अदा कर सकेंगे।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) केवल III प्रबल है
(c) केवल II प्रबल है (d) I, II और III तीनों प्रबल हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**2. कथन** क्या, सरकारी स्कूलों के सभी अध्यापकों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी जानी चाहिए।

**तर्क I.** हाँ, गुणवत्तापूर्ण अध्यापकों की अत्यधिक कमी है।

**II.** नहीं, शिक्षित युवक नौकरी के अवसर से वंचित रह जाएँगे।

**III.** हाँ, सरकार इन अध्यापकों के सेवानिवृत्ति सम्बन्धी भुगतान को अस्थगित कर सकती है।

(a) केवल I प्रबल है (b) केवल II प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) I और II दोनों प्रबल हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**3. कथन** क्या, सरकार को बिजली का प्रयोग प्रत्येक परिवार की जरूरत पर निर्भर करते हुए सीमित कर देना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, इससे सरकार को बिजली के अपर्याप्त उत्पादन की समस्या को हल करने में सहायता मिलेगी।

**II.** नहीं, प्रत्येक नागरिक को अपनी जरूरत के हिसाब से बिजली की खपत का अधिकार है, क्योंकि वे बिजली के प्रयोग का भुगतान करते हैं।

**III.** नहीं, बिजली के प्रयोग की सीमा तय करने के लिए सरकार के पास मशीनरी नहीं है। ***(RBI Clerk 2009)***

(a) केवल I प्रबल है (b) केवल II प्रबल है
(c) I और II दोनों प्रबल हैं (d) II और III दोनों प्रबल हैं
(e) ये सभी

**4. कथन** क्या, संक्रामक वायरल इन्फैक्शन को तेजी से फैलने से रोकने के लिए सरकार को सभी शिक्षण संस्थानों को एक महीने के लिए बन्द करने के आदेश देने चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, वायरल इन्फैक्शन को फैलने से रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों को बन्द करना एकमात्र उपाय नहीं है।

**II.** नहीं, छात्र मॉल, मार्केट और खेल के मैदान जैसी भीड़ भरी जगहों में ज्यादा संख्या में जाकर रोग को फैलाएँगे, क्योंकि उनके पास खाली समय होगा।

**III.** हाँ, युवकों को वायरल इन्फैक्शन जल्दी लगता है, इसलिए उन्हें घर में ही रहना चाहिए।

(a) कोई भी तर्क प्रबल नहीं है (b) केवल I प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) I और II दोनों प्रबल हैं
(e) ये सभी

**5. कथन** क्या, देश में अनुमानित सूखे की स्थिति से निपटने के लिए सरकार को अगले एक वर्ष के लिए सभी प्रकार के खाद्यान्नों का निर्यात रोक देना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, वर्ष के दौरान अपने नागरिकों को भोजन प्रदान करने का और कोई तरीका नहीं है।

**II.** नहीं, निर्यातकों पर रोक लगाने के लिए निजी निर्यातक सरकार के क्षेत्राधिकार में नहीं आते हैं।

**III.** हाँ, सरकार को निर्यातकों को खाद्यान्न निर्यात करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए और ऐसे निर्यातकों के पास रखे सारे खाद्यान्नों को ले लेना चाहिए और घरेलू खपत के लिए उपलब्ध कराना चाहिए।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) II और III दोनों प्रबल हैं
(c) I और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**6. कथन** क्या, सारे देश के सभी विश्वविद्यालयों के स्नातक की पढ़ाई में सभी विषयों के लिए एकसमान पाठ्यक्रम होना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, यह देश की शिक्षा प्रणाली में एकरूपता लाने का एकमात्र तरीका है।

**II.** हाँ, इससे देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में दिए जा रहे स्नातक प्रमाण-पत्रों की गुणवत्ता का मानकीकरण करने में सहायता मिलेगी।

**III.** नहीं, प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपनी विशेष आवश्यकताओं के आधार पर अपना पाठ्यक्रम तय करने की स्वायत्तता होनी चाहिए।

(a) कोई प्रबल नहीं है (b) केवल I प्रबल है
(c) केवल II प्रबल है (d) I और II दोनों प्रबल हैं
(e) II और III दोनों प्रबल हैं

**7. कथन** जो छात्र HSC में एक या दो विषयों में फेल हुए हैं, क्या उन सभी को डिग्री कोर्स में दाखिला लेने देना चाहिए और आगे की पढ़ाई जारी रखने देना चाहिए? बशर्ते वे सप्लीमैण्टरी परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर लें?

**तर्क I.** हाँ, इससे छात्रों को एक वर्ष के अन्तराल के बिना अपनी शिक्षा पूरी करने में सहायता मिलेगी।

**II.** हाँ, यह छात्रों की सहायता करने और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने की भविष्योन्मुखी रणनीति है।

**III.** नहीं, ऐसे छात्र HSC में सभी विषयों को पास किए बिना आगे की पढ़ाई जारी करना पसन्द नहीं करते। ***(SBI PO 2007)***

(a) केवल I प्रबल है (b) केवल II प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**8. कथन** क्या, सरकार को सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा X तक सभी विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों की निःशुल्क आपूर्ति करनी चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, इन स्कूलों के बहुत-से बच्चे अमीर परिवारों से आते हैं और इन्हें निःशुल्क पुस्तकें नहीं देनी चाहिए।

**II.** हाँ, इससे छोड़ देने वालों की संख्या का प्रतिशत पर्याप्त कम होगा, क्योंकि बहुत-से माता-पिता किताबों को खरीदने का भार वहन नहीं कर पाते हैं।

**III.** नहीं, कक्षा X तक निर्धारित पुस्तकों की कीमतें काफी कम होती हैं और विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें बाँटने की जरूरत नहीं होती है।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) II और III दोनों प्रबल हैं
(c) I और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**9. कथन** क्या, सरकार को देश की सभी कोयला खानों का निजीकरण कर देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इसका परिणाम इष्टतम् खनन होगा, क्योंकि निजी कम्पनियाँ, उच्चतम सीमा तक उत्पादन बढ़ाने के लिए अन्य देशों से विशेषज्ञों को लाने की स्थिति में होती हैं।

II. नहीं, कोयले की खानें हमारे देश की सम्पत्ति हैं और हमें उन्हें निजी लोगों के हाथों में नहीं जाने देना चाहिए।

III. हाँ, भारत की कोयले की खानों की स्थिति बहुत खराब है और सरकार उनका दक्षतापूर्वक प्रबन्ध करने में असमर्थ है।

(a) I और III दोनों प्रबल हैं (b) I और II दोनों प्रबल हैं
(c) II और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**10. कथन** क्या, सरकारी कॉलेजों में से पास होने वाले सभी इन्जीनियरिंग स्नातकों के लिए सरकारी संगठनों/सरकारी उद्यमों में काम करना अनिवार्य किया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इन विद्यार्थियों ने सरकार के विपुल संसाधनों का उपयोग किया है और इन्हें सरकारी/सार्वजनिक उद्यमों में सेवा करके इसका बदला चुकाना चाहिए।

II. हाँ, अन्यथा ये विद्यार्थी MNCs में नौकरी पर लगेंगे और अत्यधिक धनराशि अर्जित करेंगे, जिससे सरकारी संसाधनों की हानि होगी।

III. नहीं, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नौकरी चुनने का अधिकार है और सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सेवा करना अनिवार्य नहीं किया जाना चाहिए।

(a) कोई प्रबल नहीं है (b) केवल III प्रबल है
(c) I और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**11. कथन** क्या, रियलिटी TV कार्यक्रमों में जनता का वोटिंग पूर्णतः प्रतिबन्धित कर दिया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, प्रतियोगी जनता की वोटों में हेरा-फेरी कर सकते हैं और योग्य व्यक्ति प्रतियोगिता हार सकता है।

II. नहीं, ऐसे कार्यक्रमों के निर्णायक पक्षपात कर सकते हैं। अतः अन्तिम फैसला आम जनता के हाथ में होना चाहिए।

III. हाँ, लोग योग्यता के सिवाय अन्य कई कारणों से किसी प्रतियोगी के पक्ष में वोट कर सकते हैं। अतः जनता का मत पक्षपातपूर्ण हो सकता है।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं
(b) II और III दोनों प्रबल हैं
(c) या तो I, III और II प्रबल हैं
(d) I, II और III सभी प्रबल हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**12. कथन** क्या मोटरसाइकिल चालक तथा सवार दोनों के लिए ही हेलमेट पहनना सख्तीपूर्वक अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, यह एक नियम है तथा नियमों का सभी को सख्ती से पालन करना चाहिए।

II. नहीं, प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि वह अपनी सुरक्षा कैसे करे। अब यह फैसला उसी पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

III. नहीं, यह सुरक्षा का आश्वासन नहीं देता, क्योंकि सिर पर तो हेलमेट होता है, किन्तु शरीर का अन्य हिस्सा सुरक्षा विहीन।

IV. हाँ, यह सिर जैसे अतिसंवेदनशील अंगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

(a) केवल III प्रबल है (b) सभी तर्क प्रबल हैं
(c) I और II प्रबल हैं (d) I और IV प्रबल हैं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* जिन व्यक्तियों की आय एक करोड़ से अधिक है, ऐसे व्यक्तियों पर ऊँची दर से कर लगाने में कोई परेशानी नहीं होगी। वे अपनी जरूरतें पूरी कर लेने के बाद सरलता से टैक्स अदा कर सकते हैं। अतः केवल तर्क III प्रबल है।

**2.** *(d)* गुणवत्ता से पूर्ण अध्यापकों की कमी है। अतः सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने से यह कमी दूर हो जाएगी। सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने से बहुत-से-शिक्षित युवक नौकरी से वंचित रह जाएँगे। अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

**3.** *(a)* बिजली प्रयोग सीमित कर देने से सरकार को बिजली के उत्पादन की समस्या को हल करने में सहायता मिलेगी। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**4.** *(d)* शिक्षण संस्थानों को बन्द करने से छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव पड़ेगा तथा वायरल इन्फैक्शन को फैलने से रोकने के लिए यही एकमात्र उपाय नहीं है। यह कहीं भी फैल सकता है, जहाँ अधिक भीड़ हो।
अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

**5.** *(c)* निर्यात रोक देने से वर्ष के दौरान अपने देश के नागरिकों को भोजन प्रदान करने में सहायता मिलेगी तथा निर्यातकों को खाद्यान्न निर्यात न करने की अनुमति देने से सूखे की स्थिति से निपटने में भी सहायता मिलेगी।
अतः तर्क I और III दोनों प्रबल हैं।

**6.** *(c)* शब्द 'एकमात्र' तर्क I को कमजोर करता है तथा विभिन्न विश्वविद्यालय में दिए गए स्नातक प्रमाण-पत्रों की गुणवत्ता का मानकीकरण करने में सहायता मिलेगी। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**7.** *(e)* इससे छात्रों को एक वर्ष के अन्तराल के बिना अपनी शिक्षा पूरी करने में सहायता मिलेगी तथा यह उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने की भविष्योन्मुखी रणनीति भी है। अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

**8.** *(a)* सरकारी स्कूलों में कुछ अमीर घराने के बच्चे भी पढ़ते हैं। उनको निःशुल्क पुस्तकें बाँटने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरकारी स्कूलों में गरीब भी पढ़ने आते हैं, जो पुस्तकें खरीदने में असमर्थ हैं। अतः यदि उनको पुस्तकें निःशुल्क नहीं देंगे, तो वे पढ़ना छोड़ देंगे, परन्तु तर्क III प्रबल नहीं है, क्योंकि पुस्तकें सस्ती हों या महँगी, खरीदने में पैसा तो खर्च होता ही है। अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

**9.** *(a)* जब कोयले की खानों को प्राइवेट संस्थाओं को दे दिया जाएगा, तो खनन अधिक होगा और बाजार में कोयला अधिक मात्रा में उपलब्ध होगा। जब सरकार कोयले की खानों की स्थिति सुधारने में असमर्थ है, तो वह प्राइवेट संस्थाओं को देना उचित है, परन्तु तर्क II प्रबल नहीं है, क्योंकि जब सरकार खानों की स्थिति सुधार नहीं पा रही है, तो खानों को सरकार के अधीन रखने का कोई महत्त्व नहीं है। अतः तर्क I और III दोनों प्रबल हैं।

**10.** *(b)* प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नौकरी चुनने का अधिकार है। तर्क I प्रबल नहीं है, क्योंकि सरकार ने विद्यार्थियों को विपुल संसाधन तो दिए, परन्तु उनसे फीस भी ली है। अतः सरकार का विद्यार्थियों पर कोई अहसान नहीं है। तर्क II भी प्रबल नहीं है, क्योंकि यह विद्यार्थियों की इच्छा पर निर्भर है कि वह कहाँ नौकरी करे। इससे सरकार को हानि हो या लाभ, विद्यार्थी को इससे क्या मतलब? अतः केवल तर्क III प्रबल है।

**11.** *(b)* तर्क II और III दोनों प्रबल हैं, क्योंकि निर्णायक पक्षपात कर सकते हैं। अतः अन्तिम फैसला जनता के हाथ में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों से भी प्रतियोगी के पक्ष में लोग वोट डाल सकते हैं इसलिए जनता का मत पक्षपातपूर्ण हो सकता है।

**12.** *(d)* तर्क I तथा IV दोनों प्रबल हैं, क्योंकि नियमों के अन्तर्गत सभी आते हैं। अतः सभी को नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए तथा सुरक्षा की दृष्टि से यह महत्त्वपूर्ण भी है।

# मास्टर प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-8) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और दो तर्क I और II दिए हुए हैं। निर्णय करें कि कथन के सन्दर्भ में कौन-सा/से तर्क मजबूत है/हैं?*

(a) यदि केवल तर्क I मजबूत है
(b) यदि केवल तर्क II मजबूत है
(c) यदि तर्क I और II दोनों मजबूत हैं
(d) यदि न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है

**1. कथन** क्या सरकार को दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, इससे भारत में दालों की कीमत कम हो जाएगी।
II. नहीं, इस निर्णय से निर्यात उद्योगों में नौकरियाँ समाप्त हो जाएगी।
***(UP Police Constable 2018)***

**2. कथन** क्या अन्तरजातीय विवाह को भारत में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, यह जाति व्यवस्था को समाप्त कर देगा।
II. नहीं, यह हमारी भारतीय परिवार प्रणाली को नष्ट कर देगा।
***(UP Police Constable 2018)***

**3. कथन** मच्छरों के उत्पन्न होने से बचने का उपाय क्या है?
**तर्क I.** हमें गन्दे और रुके पानी को हटा देना चाहिए। हमें मच्छर प्रतिरोध तथा अन्य गैजेट्स का उपयोग मच्छरों के काटने से बचने के लिए करना चाहिए।
II. मच्छरों को खत्म करने का कोई उपाय नहीं है। वे एक खास मौसम में उत्पन्न होते हैं। हमें केवल रोकथाम की व्यवस्था करनी चाहिए।
***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

**4. कथन** क्या भारत में सात सितारा होटलों पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए।
**तर्क I.** हाँ, अन्तर्राष्ट्रीय अपराधी सात सितारा होटलों से काम संचालित करते हैं।
II. नहीं, धनी पर्यटाकों के न आने से पर्यटन राजस्व में हानि होगी।
***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

**5. कथन** क्या सरकार को विद्युत चालित वाहनों के प्रचलन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी देनी चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, इससे विद्युत चालित वाहनों की बिक्री बढ़ेगी।
II. नहीं, लोगों को ऐसी किसी सब्सिडी का इंतजार ना करके उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा करने के लिए आगे आना चाहिए।
***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

**6. कथन** क्या सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक वर्ष का सेना का प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए।
**तर्क I.** नहीं, प्रशिक्षण की लागत निषेधात्मक होगी और एक वर्ष का श्रम खो जाएगा।
II. हाँ, सैन्य प्रशिक्षण नागरिकों को बेहतर बनाने में मदद करेगा।
***(SSC CGL 2017)***

**7. कथन** क्या भारतीय फिल्मों से गानों को हटाया जाना चाहिए।
**तर्क I.** हाँ, हॉलीवुड की फिल्मे कोई गाने न होने के बावजूद हिट होती हैं।
II. नहीं, गाने फिल्म की लम्बाई बढ़ाने में मदद करते हैं।
***(SSC CGL 2017)***

**8. कथन** क्या गतिरोधकों को प्रतिबन्धित किया जाना चाहिए?
***(SSC CGL 2017)***
**तर्क I.** हाँ, आँकड़े दिखाते हैं कि गतिरोधक लगाने के बाद दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है।
II. नहीं, यह तेज चालकों को एक सबक सिखाता है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 9-32) *दिए गए कथन के बारे में निर्णय करते समय 'प्रबल' और 'निर्बल' तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। 'प्रबल' तर्क महत्त्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। 'निर्बल' तर्क कम महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रबल' है और कौन-सा 'निर्बल' है?*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) या तो तर्क I या II प्रबल है
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है
(e) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं

**9. कथन** क्या, तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रत्येक शहर की कुछ-एक दुकानों तक ही सीमित रहनी चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, इससे तम्बाकू उत्पादों की खपत में काफी कमी आएगी।
II. नहीं, जो तम्बाकू उत्पाद खरीदना चाहते हैं, उन्हें वे सुविधाजनक स्थानों पर मिलने चाहिए। ***(SBI PO 2008)***

**10. कथन** क्या, देश भर में सभी जगह, सभी विश्वविद्यालयों को तत्काल, सभी स्तरों पर ऑनलाइन प्रवेश आरम्भ कर देने चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, सभी विद्यार्थियों को इण्टरनेट का एक्सेस सरलता से उपलब्ध नहीं होता।
II. हाँ, इससे विद्यार्थी और माता-पिता विभिन्न कॉलेजों में जाकर कतारों में खड़े रहने के झंझट से बच जाएँगे।

**11. कथन** क्या, जिन कम्पनियों में रात की पाली में कार्य करना पड़ता है, उनमें महिला कर्मचारियों की भर्ती पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाना चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, इसके बजाय कम्पनियों को कर्मचारियों के घर तक परिवहन व्यवस्था करनी चाहिए।
II. हाँ, बलात्कार/उत्पीड़न और धोखेबाजी के बढ़ते हुए मामलों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है।

**12. कथन** क्या, केन्द्र/राज्य सरकार के कर्मचारियों की निवृत्ति वय दो वर्ष बढ़ा दी जानी चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, बढ़ती हुई दीर्घजीविका को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है।
II. हाँ, नये भर्ती हुए लोगों से अनुभवी कर्मचारी अधिक उपयोगी होते हैं।

**13. कथन** क्या, सरकार को सभी प्राइवेट मैडिकल इंस्टीट्यूटों के लिए सरकार द्वारा संचालित सामान्य प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य कर देना चाहिए?
**तर्क I.** नहीं, प्राइवेट इंस्टीट्यूटों को नौकरी हेतु अधिक उपयुक्त बनाने के लिए उन्हें अपनी स्वयं की प्रवेश नीति निर्धारित करने की छूट दी जानी चाहिए।
II. हाँ, सभी मैडिकल इंस्टीट्यूटों, चाहे प्राइवेट या सरकारी, को प्रवेश हेतु मानदण्ड अपनाने चाहिए।

**14. कथन** क्या, 25 वर्ष की आयु तक, युवाओं द्वारा तम्बाकू के सेवन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए?
**तर्क I.** हाँ, यह एक अच्छा कदम होगा, क्योंकि 25 वर्ष की आयु तक युवा पूर्णतः परिपक्व हो जाते हैं।
II. नहीं, यह जरूरी नहीं है, क्योंकि 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वयस्क अपनी जिम्मेदारी समझ सकते हैं। ***(UBI PO 2005)***

**15. कथन** क्या, भारत में मृदु जल के पेय पर पूरी तरह रोक लगा दी जानी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, ग्राहक की इच्छा पर छोड़ दिया जाना चाहिए कि वह कौन-सा पेय पदार्थ खरीदता है।

II. हाँ, इस पेय पदार्थ में बहुत-से हानिकारक रासायनिक पदार्थ मिले होते हैं। अतः इस पर रोक लगा दी जानी चाहिए।

**16. कथन** क्या, भारत के कुछ राज्यों को पावर शॉर्टेज से मुक्ति दिलाने के लिए सभी राज्यों को केन्द्र के पावर सीड से जोड़ देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे प्रतिवर्ष माँग के अनुसार पावर क्षमता बढ़वाने में सहायता मिलती है।

II. नहीं, इससे कम जनसंख्या वाले राज्यों को केन्द्र पावर ग्रिड से अधिक पावर मिलेगी।

**17. कथन** क्या, भारत में फाँसी के दण्ड के स्थान पर पूरा जीवन कठोर कारावास की सजा के रूप में बदल देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, बहुत-से विकसित देशों ने इसे लागू कर दिया है।

II. नहीं, जिन्होंने जघन्य अपराध किए हैं, उनके लिए फाँसी की सजा ही होनी चाहिए।

**18. कथन** क्या, पूरे देश के डांस क्लब को पूरी तरह बन्द कर देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, यही एक रास्ता है, जो हमारी अच्छी सभ्यता की रक्षा कर सकता है।

II. नहीं, यह एक मनोरंजन करने का साधन है और जो इच्छुक हैं, उन्हें मौका देना चाहिए।

**19. कथन** क्या, जनगणना 10 वर्षों के स्थान पर 5 वर्षों में कराई जानी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, इससे व्यर्थ में पैसे खर्च करने के अतिरिक्त कुछ भी महत्त्वपूर्ण बदलाव नहीं हो पाते हैं।

II. हाँ, भारत जैसे देश में शीघ्र गणना जरूरी है।

***(Canara Bank PO 2006)***

**20. कथन** क्या, किशोरों को इण्टरनेट की पहुँच से वंचित रखा जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, यह पाया जाता है कि बहुत-से बच्चे, विशेषकर किशोर अश्लील विषय-वस्तु देखने में लग जाते हैं।

II. नहीं, इण्टरनेट की पहुँच से वंचित रखने का अर्थ होगा बहुत-सी उपयोगी जानकारी से वंचित करना, इसके बजाय बच्चों की पहुँच को नियन्त्रित किया जा सकता है।

**21. कथन** क्या, सरकार द्वारा स्कूल के स्तर पर कम्प्यूटर शिक्षा को एक अनिवार्य विषय बना दिया जाना चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में कम्प्यूटर पढ़ाना कठिन होगा।

II. हाँ, आधुनिकता के युग में कम्प्यूटर के बिना काम करना मुश्किल होगा।

**22. कथन** क्या, सभी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों में हैंड बैगेज पर स्थायी रूप से रोक लगा दी जानी चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, इससे बहुत असुविधा होती है, क्योंकि लम्बी दूरी की उड़ानों में न्यूनतम जरूरतों की चीजें ले जानी पड़ती हैं।

II. हाँ, यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है।

**23. कथन** क्या, देश के सब विश्वविद्यालयों को अंक देने के बजाय ग्रेड व्यवस्था शुरू कर देनी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे अंकों की एक खास सीमा के भीतर आने वाले छात्रों को एकसमान स्तर का माना जा सकता है।

II. नहीं, जब चुनिन्दा सूची बनानी हो, तो छात्रों का स्थान तय करने में कठिनाई होगी।

**24. कथन** क्या, टेलीविजन पर वयस्क फिल्मों के प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबन्ध होना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, ऐसी फिल्में बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी होती है।

II. नहीं, बल्कि उनका प्रसारण किसी नियत समय पर, जब बच्चे आमतौर पर घर से बाहर होते हैं, किया जा सकता है।

***(Corporation Bank PO 2007)***

**25. कथन** क्या, अल्पायु युवाओं द्वारा पीये जाने वाली शराब से जुड़ी दुर्घटनाओं के लिए शराब कम्पनियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, वे शराब पीने के परिणामों का विज्ञापन नहीं देते।

II. नहीं, जाली पहचान-पत्र और लाइसेन्स आसानी से मिल जाते हैं, जिससे युवाओं को शराब मिल जाती है।

**26. कथन** क्या, यह सुनिश्चित करने के लिए कानून होना चाहिए कि बच्चे, बूढ़े माता-पिता का भरण-पोषण करें?

**तर्क** I. हाँ, बूढ़े माता-पिता की उनके नजदीकी परिवार द्वारा उपेक्षा और दुर्व्यवहार की समस्या का परिणाम बढ़ रहा है।

II. नहीं, इस कानून को क्रियान्वित करने की लागत बहुत अधिक होगी।

**27. कथन** क्या, राष्ट्रीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान कार्यक्रमों के लिए दी जा रही निधि को गरीबों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशाखित कर दिया जाना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, अन्तरिक्ष अनुसन्धान का बजट अन्य देशों के बजट से कम होता है, इसलिए वह उनसे प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर सकता और उसे गरीबों के फायदे वाली योजनाओं में बेहतर काम पर लगाया जा सकता है।

II. नहीं, संचार उपग्रह टेलीमैडिसिन जैसी सेवाएँ देने में सहायता करते हैं, इसलिए ग्रामीण इलाकों के लोगों को बेहतरीन पेशेवर सलाह मिल सकती है।

**28. कथन** क्या, सरकार को निजी प्रसारकों पर उन अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों जिनमें राष्ट्रीय टीम शामिल हो, के कवरेज को सरकार के स्वामित्व वाले राष्ट्रीय नेटवर्क के साथ शेयर कराने पर जोर डालना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, जो लोग सेटेलाइट से जुड़े टेलीविजन से नहीं देख पाते हैं, वे प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेण्टों में राष्ट्रीय टीम को खेलते हुए देख सकते हैं।

II. नहीं, निजी प्रसारक सरकार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेंगे।

**29. कथन** क्या, घाटा देने वाली सरकारी एयरलाइनों का विलेय करके उन्हें एक इकाई बना देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, विलयन से उनके संसाधन इकट्ठे हो जाएँगे और उनकी सेवाएँ बढ़ सकेंगी और वे निजी और विदेशी एयरलाइनों के सामने अधिक प्रतिस्पर्द्धी हो सकेंगी।

II. नहीं, विलयन से नौकरियाँ जाएँगी।

**30. कथन** क्या, सरकारी कर्मचारियों की अवकाशों की संख्या को कम कर देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, विश्व के सब देशों की अपेक्षा हमारे सरकारी कर्मचारियों को सबसे अधिक अवकाश मिलता है।

II. हाँ, इससे सरकारी कार्यालयों की उत्पादकता बढ़ेगी।

***(MPPSC Pre 2015)***

**31. कथन** क्या, सरकार को अन्तर्राष्ट्रीय खेलों पर भारी व्यय को बन्द कर देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इस धन का उपयोग निर्धनों के लिए किया जा सकता है।

II. नहीं, खिलाड़ी निराश को जाएँगे और उनको अन्तर्राष्ट्रीय प्रभावन (एक्सपोजर) नहीं मिलेगा। ***(MPPSC Pre 2015)***

**32. कथन** क्या, 14 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों के लिए शिक्षा को अनिवार्य कर देना चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे जबरन मजदूरी कराने वाले तन्त्र के उन्मूलन में सहायता मिलेगी।

II. हाँ, इससे रहन-सहन का स्तर बढ़ेगा। ***(MPPSC Pre 2015)***

**निर्देश** (प्र.सं. 33-48) *दिए गए कथन के बारे में निर्णय करते समय 'प्रबल' और 'निर्बल' तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। 'प्रबल' तर्क महत्त्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। 'निर्बल' तर्क कम महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं।* नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद तीन/चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रबल' है और तद्नुसार अपना उत्तर देना है?

**33.** **कथन** क्या, सरकार को विदेशी निर्माण कम्पनियों को परमाणु पावर प्लाण्ट लगाने की छूट देनी चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, विदेशी निर्माण कम्पनियाँ, हमारे देश की निर्माण कम्पनियों से तकनीकी रूप से बेहतर होती हैं। अतः वे बेहतर प्लाण्टों का निर्माण कर पाएँगी।

**II.** हाँ, हमें ऐसी सुविधाओं का निर्माण ऐसी विदेशी निर्माण कम्पनियों की सहायता से करना चाहिए, जिन्हें समयबद्ध तरीके से ऐसे निर्माण करने का अनुभव प्राप्त हो, ताकि अनावश्यक विलम्ब टाला जा सके।

**III.** नहीं, परमाणु पावर इन्स्टॉलेशन्स संवेदनशील प्रकृति के होते हैं और देश की सुरक्षा से जुड़े होते हैं। अतः हमें विदेशियों को ऐसे निर्माण के कार्य नहीं करने देने चाहिए। ***(Canara Bank PO 2007)***

(a) सभी तर्क प्रबल हैं (b) I और II दोनों प्रबल हैं
(c) केवल III प्रबल है (d) केवल II प्रबल है
(e) इनमें से कोई नहीं

**34.** **कथन** क्या, कृषि भूमि पर आवासीय परियोजनाएँ बनाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध होना चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, आवास की माँग सतत् वृद्धिशील है, इसलिए कृषि भूमि पर ऐसी परियोजनाओं के निर्माण की चुनिन्दा अधार पर अनुमति दी जानी चाहिए।

**II.** हाँ, कृषि भूमि को ऐसे किसी भी अतिक्रमण से बचाया जाना होगा, क्योंकि खाद्य की माँग हर वर्ष बढ़ती जा रही है।

**III.** हाँ, बड़े बिल्डर गरीब किसानों का शोषण करते हैं।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) न तो I और न ही II प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) I और III दोनों प्रबल हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**35.** **कथन** क्या, भारत के प्रत्येक परिवार से कम-से-कम एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, भारत में गरीबी उन्मूलन का यही एक तरीका है।

**II.** हाँ, इससे अल्प सुविधा प्राप्त वर्ग की आर्थिक स्थिति में काफी अधिक सुधार आएगा।

**III.** नहीं, बहुत-से परिवारों की आय वैसे ही काफी अधिक है, इसलिए ऐसे परिवारों को ऐसी योजना के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

(a) केवल I प्रबल है (b) केवल II प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) II और III दोनों प्रबल हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**36.** **कथन** क्या, देश के सभी इन्जीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के एकसमान पात्रता मानदण्ड होने चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, प्रत्येक कॉलेज को दाखिले का पात्रता मानदण्ड तय करने की स्वतन्त्रता दी जानी चाहिए।

**II.** हाँ, इससे विभिन्न कॉलेजों से पास होकर निकलने वाले इन्जीनियरों में समानता सुनिश्चित होगी।

**III.** हाँ, बहुत-से कॉलेज बड़ी संख्या में ऐसे छात्रों को दाखिला दे देते हैं, जो अपनी इन्जीनियरिंग की डिग्री पूरी करने के योग्य नहीं होते। ***(Syndicate Bank PO 2009)***

(a) सभी तर्क प्रबल हैं (b) I और II दोनों प्रबल हैं
(c) I और III दोनों प्रबल हैं (d) II और III दोनों प्रबल हैं
(e) इनमें में से कोई नहीं

**37.** **कथन** क्या, सरकार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की खुदरा कीमतों का अविनियमन कर कीमतों को बाजार की स्थिति के अनुसार चलने देना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, इससे तेल कम्पनियों को अपने उत्पाद प्रतिस्पर्द्धी कीमत पर बेचने में बहुत सहायता होगी।

**II.** नहीं, आम जनता इन उत्पादों के लिए बाजार आधारित कीमतें अदा करने के लिए समर्थ नहीं है।

**III.** हाँ, सरकार को इन उत्पादों के लिए सहायकी बन्द कर देनी चाहिए और धन विकास परियोजनाओं में लगाना चाहिए।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) I और III दोनों प्रबल हैं
(c) II और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**38.** **कथन** क्या, सरकार को देशभर की सभी प्राइवेट पेसेन्जर ट्रान्सपोर्ट कम्पनियों का अधिग्रहण कर लेना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, जैसे सरकार रेल चलाती है, वैसे ही यह किया जाना चाहिए।

**II.** नहीं, ऐसे परिचालन हैण्डल करने की विशेषज्ञता सरकार के पास नहीं है।

**III.** हाँ, इस प्रकार आम जनता को प्राइवेट ट्रान्सपोर्ट कम्पनियों के चंगुल से छुड़ाया जा सकता है।

(a) केवल I प्रबल है (b) I और II दोनों प्रबल हैं
(c) II और III प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

**39.** **कथन** क्या, IITs और IIMs जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों को भारत सरकार के नियन्त्रण से पूर्णतः मुक्त कर दिया जाना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, विकसित देशों में ऐसे संस्थान गैर-सरकारी एजेन्सियों द्वारा चलाए जाते हैं।

**II.** नहीं, सरकार को राष्ट्रीय हित में इन संस्थानों का नियन्त्रण करना चाहिए।

**III.** नहीं, ये संस्थान निर्बाध कार्य करने सम्बन्धी नीति विषयक निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं हैं।

(a) केवल I प्रबल है (b) केवल II प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) I और III दोनों प्रबल हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**40.** **कथन** क्या, भारत में संसद के चुनाव देशभर में एक ही दिन में किए जाने चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, ऐसे चुनावों को हैण्डल करने का यही एक तरीका है।

**II.** हाँ, इससे आयोग को एक ही दिन में चुनाव सम्बन्धी मसलों पर ध्यान केन्द्रित करने में सहायता मिलेगी।

**III.** नहीं, कुछ अन्य देश अलग-अलग दिनों में ऐसे चुनाव करते हैं।

(a) कोई प्रबल नहीं है (b) केवल I प्रबल है
(c) केवल II प्रबल है (d) केवल III प्रबल है
(e) I और II दोनों प्रबल हैं

**41.** **कथन** क्या, देश में केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारों के कर्मचारियों का वेतन ढाँचा एकसमान होना चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, राज्य सरकार को अपने कर्मचारियों का वेतन ढाँचा निर्धारित करने की स्वतन्त्रता होनी चाहिए।

**II.** नहीं, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारियों के कार्यभार और उत्तरदायित्व भिन्न होते हैं। अतः वेतन ढाँचा अलग-अलग होना चाहिए।

**III.** हाँ, सभी सरकारी कर्मचारी हैं और इसलिए उनसे समान व्यवहार किया जाना चाहिए, चाहे वे केन्द्र सरकार के साथ काम कर रहे हों या राज्य सरकार के साथ। ***(SBI PO 2010)***

(a) केवल I प्रबल है (b) I और III दोनों प्रबल हैं
(c) केवल III प्रबल है (d) II और III दोनों प्रबल हैं
(e) इनमें में से कोई नहीं

***42.*** **कथन** क्या, भारत में थर्मल पावर प्लाण्ट लगाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध होना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, पर्यावरणिक प्रदूषण में वृद्धि रोकने का यही एकमात्र तरीक है।

**II.** नहीं, देश के अधिकांश भागों में बिजली की बहुत कमी है। अतः बिजली का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है।

**III.** नहीं, बहुत-से विकसित देशों ने अपने यहाँ थर्मल पावर प्लाण्ट लगाना जारी रखा है।

(a) कोई प्रबल नहीं है (b) केवल I प्रबल है
(c) केवल II प्रबल है (d) केवल III प्रबल है
(e) न तो I और न ही II प्रबल है

***43.*** **कथन** क्या, बड़े शहरों में सड़क की मरम्मत का काम केवल देर रात को किया जाना चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, इस तरह काम कभी पूरा नहीं होगा।

**II.** नहीं, बिजली का अनावश्यक उपयोग होगा।

**III.** हाँ, दिन के दौरान मरम्मत का काम होने पर आने-जाने वालों को बहुत कठिनाई होगी।

(a) कोई प्रबल नहीं है (b) केवल I प्रबल है
(c) केवल III प्रबल है (d) II और III दोनों प्रबल हैं
(e) I और II दोनों प्रबल हैं

***44.*** **कथन** क्या, सभी मानित विश्वविद्यालयों की मान्यता रद्द कर उन्हें भारत में किसी केन्द्रीय या राज्य विश्वविद्यालय के साथ जोड़ दिया जाना चाहिए?

**तर्क I.** हाँ, इन मानित विश्वविद्यालयों में से कई सम्पूर्ण विश्वविद्यालयों के आवश्यक मानकों के समनुरूप नहीं हैं। अतः शिक्षा के स्तर के साथ समझौता किया जाता है।

**II.** नहीं, ये मानित विश्वविद्यालय विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के उपयुक्त नवीन पाठ्यक्रम लागू कर पाए हैं, क्योंकि ये सख्त सरकारी नियन्त्रणों से मुक्त हैं।

**III.** हाँ, ऐसे बहुत-से विश्वविद्यालय मूलतः धन कमाने की गतिविधियाँ हैं और इन संस्थानों में शिक्षा को कम महत्त्व दिया जाता है।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) II और III दोनों प्रबल हैं
(c) I और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

***45.*** **कथन** क्या, भारत में सिंचाई हेतु भूमिगत जल खींचने पर उच्चतम सीमा लगाई जानी चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, भारत में खाद्यान्न उत्पादन हेतु सिंचाई बहुत महत्त्वपूर्ण है और देश के बहुत-से भागों में यह भूमिगत जल पर अत्यधिक निर्भर है।

**II.** हाँ, देश के कुछ भाग यहाँ सिंचाई प्राथमिकतः भूमिगत जल पर निर्भर है, वहाँ भूमिगत जल का स्तर अत्यधिक नीचा चला गया है। इसका नतीजा पर्यावरण के लिए गम्भीर हो सकता है।

**III.** हाँ, भारत अब और भूमिगत जल खींच नहीं सकता, क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों ने भारत को इसके खिलाफ चेतावनी दी है।

(a) I और II दोनों प्रबल हैं (b) II और III दोनों प्रबल हैं
(c) I और III दोनों प्रबल हैं (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

***46.*** **कथन** क्या, भारत के बड़े शहरों में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, भारत के बड़े शहरों में बढ़ती जनसंख्या के रहने के लिए खाली जमीन के पर्याप्त प्लॉट नहीं हैं।

**II.** हाँ, बहुमंजिला इमारतों के निर्माण से सिर्फ बिल्डरों और डवलपरों को फायदा होता है।

**III.** हाँ, नयी बहुमंजिला इमारतों के निर्माण की अनुमति देने से पहले सरकार को मौजूदा इमारतों को पर्याप्त संरचनात्मक सुविधाएँ उपलब्ध करानी चाहिए।

(a) केवल II प्रबल है
(b) केवल III प्रबल है
(c) I और III दोनों प्रबल हैं
(d) केवल I प्रबल है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***47.*** **कथन** क्या बीयर बारों में 21 वर्ष से कम के युवकों को जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, 18 वर्ष से अधिक के युवकों पर प्रतिबन्ध लगाना सही नहीं है, जो वोट देने का अधिकार रखते हैं।

**II.** हाँ, इस तरह के प्रवेशों का प्रवेश शुल्क भी बढ़ना चाहिए।

**III.** नहीं, पश्चिमी देशों में इस तरह का कोई अवरोध नहीं है।

**IV.** हाँ, यह नवयुवकों को गलत लोगों के सम्पर्क तथा गलत व्यवहारों के प्रति अवरोध उत्पन्न करेगा।

(a) केवल तर्क I ठोस है (b) तर्क I और II ठोस हैं
(c) तर्क I और IV ठोस हैं (d) तर्क III और IV ठोस हैं

***48.*** **कथन** क्या देश के सभी प्रबन्धन संस्थान सरकार के नियन्त्रणाधीन होने चाहिए?

**तर्क I.** नहीं, सरकार के पास इन संस्थानों को प्रभावशाली तरीके से चलाने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं।

**II.** नहीं, सभी संस्थानों को उनके सुचारू रूप से संचालन के लिए स्वन्त्रता दी जानी चाहिए।

**III.** हाँ, इससे सभी छात्रों को स्तरीय शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

**IV.** हाँ, इसके द्वारा ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा।

(a) कोई भी तर्क ठोस नहीं है (b) केवल तर्क III ठोस है
(c) तर्क I, II व III ठोस हैं (d) तर्क I व III ठोस हैं

# उत्तर सहित व्याख्या

**1.** *(a)* तर्क I मजबूत है क्योंकि यदि दालों का निर्यात बन्द हो जाता है, तब हमारे देश में दालों के भण्डार में वृद्धि हो जाएगी। जिसके परिणामस्वरूप इसकी कीमतों में गिरावट आ जाएगी।

तर्क II मजबूत नहीं है क्योंकि कथन में दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने की बात कही गई है न कि सम्पूर्ण निर्यात पर और केवल दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने से निर्यात उद्योग में नौकरियाँ कैसे समाप्त हो जाएँगी।

**2.** *(a)* केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि अन्तरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने से जाति व्यवस्था समाप्त हो सकती है।

**3.** *(a)* तर्क I कथन के सम्बन्ध में मजबूत है। मच्छरों के उत्पन्न होने से, बचने हेतु हमें गन्दे और रुके पानी को हटा देना चाहिए। हमें मच्छर प्रतिरोधी तथा अन्य ऐसे ही संसाधनों का उपयोग मच्छरों के काटने से बचने के लिए करना चाहिए।

**4.** *(b)* यदि भारत में सात सितारा होटलें पर प्रतिबन्ध लगाया गया, तो धनी पर्यटक भारत नहीं आएँगे और उनके न आने से पर्यटन राजस्व में हानि होगी। अतः तर्क II मजबूत है। तर्क I मजबूत नहीं है, क्योंकि कुछ अपराधियों के कारण सभी सात सितारा होटलों पर प्रतिबन्ध लगाना तर्क संगत नहीं है।

**5.** *(a)* केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि विद्युत चालित वाहनों के प्रचलन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी देने पर विद्युत चालित वाहनों की बिक्री बढ़ेगी।

**6.** *(a)* यदि सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक वर्ष का सेना का प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया जाए, तो ऐसी स्थिति में लागत निषेधात्मक हो सकती है तथा एक वर्ष का श्रम खो जाएगा। अतः तर्क I मजबूत है। ऐसा नहीं है कि सैन्य प्रशिक्षण के बाद सभी नागरिक बेहतर बन जाए। अतः तर्क II मजबूत नहीं है।

**7.** *(d)* भारतीय फिल्मों और हॉलीवुड की फिल्मों दोनों की पृष्ठ भूमि अलग-अलग है। अतः यह आवश्यक नहीं है कि भारतीय फिल्में बिना गानों के ही बनाई जाए। इस प्रकार तर्क I मजबूत नहीं है। साथ ही ऐसा भी नहीं है कि गाने फिल्मों की लम्बाई बढ़ाते हैं। इसलिए तर्क II भी मजबूत नहीं है। अतः न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।

**8.** *(a)* आँकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि गतिरोधक लगाने के बाद दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, इसलिए गतिरोधकों को प्रतिबन्धित किया जाना चाहिए। अतः तर्क I मजबूत है।

तेज चालकों को सबक सिखाने के लिए गतिरोधक लगाने के अतिरिक्त अन्य और भी तरीके हैं। अतः कथन के आधार पर केवल तर्क I मजबूत है।

**9.** *(c)* तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रत्येक शहर में कुछ दुकानों तक सीमित रखने पर इसकी खपत में कमी अवश्य आ सकती है, लेकिन जिन लोगों को तम्बाकू उत्पाद खरीदना है वे उन्हें जरूर खरीदेंगे चाहे इसके लिए उन्हें कितनी ही दूर क्यों न जाना पड़े।
अतः या तो तर्क I या II प्रबल है।

**10.** *(e)* यदि देश में सभी विश्वविद्यालय, सभी स्तरों पर ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ कर दे, तो सभी विद्यार्थियों को इण्टरनेट सरलता से उपलब्ध नहीं हो पाएगा साथ ही साथ यह भी सत्य है कि इससे विद्यार्थी और उनके माता-पिता को घण्टों कतार में खड़ा नहीं रहना होगा।
अतः तर्क I तथा II दोनों ही प्रबल हैं।

**11.** *(a)* कम्पनियों को कर्मचारियों के घर तक परिवहन व्यवस्था करने से समस्या नहीं रहेगी।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**12.** *(d)* बढ़ती हुई दीर्घजीविका सभी कर्मचारियों पर लागू होती है चाहे वह नया कर्मचारी हो या पुराना। यह बात काफी हद तक सही है कि नये भर्ती हुए लोगों से अनुभवी कर्मचारी अधिक उपयोगी होते हैं लेकिन पूर्ण रूपेण सही नहीं है।
अतः न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**13.** *(b)* सभी मैडिकल इंस्टीट्यूट चाहे वह प्राइवेट हो या सरकारी को प्रवेश के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्ड अपनाने चाहिए।
अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**14.** *(c)* 25 वर्ष की आयु तक के युवाओं द्वारा तम्बाकू के सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया जाना एक उचित निर्णय है लेकिन साथ-ही-साथ यह भी सही है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी वयस्क अपनी जिम्मेदारी समझ सकते हैं।
अतः या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।

**15.** *(a)* भारत में मृदु जल के पेय पर पूरी तरह से रोक लगाने से बेहतर है कि यह ग्राहक की इच्छा पर छोड़ दिया जाना चाहिए कि वह कौन-सा पेय पदार्थ खरीदता है। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**16.** *(b)* केन्द्र के पावर ग्रिड से जोड़ने पर सभी राज्यों में विद्युत समान मात्रा में जाएगी जबकि उनकी जनसंख्या समान नहीं है।
अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**17.** *(b)* फाँसी की सजा के होते हुए कोई व्यक्ति जघन्य अपराध करने से डर कर शायद अपना फैसला बदल दे। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**18.** *(d)* पूरे देश के डांस क्लब को बन्द कर देने से सभ्यता की रक्षा नहीं हो सकती तथा इसके बन्द होने से मनोरंजन का एक साधन कम हो जाएगा।
अतः न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

**19.** *(e)* जनगणना 10 वर्षों के स्थान पर 5 वर्षों में कराने से व्यर्थ में समय तथा पैसे खर्च होंगे लेकिन भारत जैसे देश में, जहाँ जनसंख्या बढ़ने की दर बहुत ज्यादा है, शीघ्र जनगणना बहुत आवश्यक है।
अतः तर्क I तथा II दोनों ही प्रबल हैं।

**20.** *(c)* इण्टरनेट से किशोर बच्चे अश्लील विषय-वस्तु की जानकारी लेते हैं। इन पर प्रतिबन्ध लगाने से बच्चे उपयोगी जानकारी से भी वंचित रह जाएँगे।
अतः या तो तर्क I या II प्रबल है।

**21.** *(b)* आधुनिकता के युग में कम्प्यूटर का परिचालन आम हो गया है, ऐसी स्थिति में कम्प्यूटर ज्ञान की अनुपस्थित परिस्थितियों को मुश्किल बना सकती है। इस प्रकार तर्क II प्रबल है, तर्क I प्रबल नहीं है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहुत से लोग कम्प्यूटर शिक्षा रखते हैं जो पढ़ाने के इच्छुक हैं।

**22.** *(a)* यात्रा के दौरान हैंड बैगेज ले जाना आवश्यक है, क्योंकि न्यूनतम जरूरत की चीजें बैग में रखी जाती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इनको चैक किया जाना चाहिए।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**23.** *(e)* देश के सभी विश्वविद्यालयों को अंक देने के स्थान पर ग्रेड व्यवस्था आरम्भ करने से, अंकों की एक खास सीमा के भीतर आने वाले छात्रों को एकसमान स्तर का माना जा सकता है। साथ-ही-साथ जब कोई चुनिन्दा सूची बनानी हो, तो छात्रों को स्थान तय करने में कठिनाई भी है।
अतः तर्क I तथा II दोनों प्रबल हैं।

**24.** *(a)* टेलीविजन पर वयस्क फिल्मों के प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबन्ध होना ही चाहिए, क्योंकि ऐसी फिल्में बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं और बच्चों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी ही जानी चाहिए। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**25.** *(a)* अल्पायु युवाओं द्वारा पीये जाने वाली शराब से जुड़ी दुर्घटनाओं के लिए शराब कम्पनी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, क्योंकि कम्पनी शराब पीने के परिणामों का विज्ञापन नहीं देती।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**26.** *(a)* बच्चों के द्वारा बूढ़े माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए निश्चित रूप से कानून होना चाहिए जिससे कि बूढ़े माता-पिता की उनके नजदीकी परिवार द्वारा उपेक्षा और दुर्व्यवहार न हो। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**27.** *(b)* राष्ट्रीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान कार्यक्रमों के लिए दी जा रही निधि को गरीबों की आवश्यकता के अनुरूप विशाखित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि संचार उपग्रह टेलीमैडिसन जैसी सेवाएँ देने में सहायता करते हैं जिससे कि ग्रामीण इलाके के लोगों को बेहतरीन पेशेवर सलाह मिल सकती है। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

**28.** *(a)* यदि सरकार निजी प्रसारकों पर उन अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों जिनमें राष्ट्रीय टीम शामिल है, के कवरेज को सरकार के स्वामित्व वाले राष्ट्रीय नेटवर्क के साथ शेयर करने पर जोर डालती है, तो जो लोग सेटेलाइट से जुड़े टेलीविजन से खेल नहीं देख पाते हैं, वे प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेण्टों में राष्ट्रीय टीम को खेलते

हुए देख सकते हैं लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि निजी प्रसारक सरकार के इस रवैये के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेंगे।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

***29.*** *(a)* घाटा देने वाली सरकारी एयरलाइनों का विलेय करके उन्हें एक इकाई बना देने से उनके संसाधन इकट्ठे हो जाएँगे और उनकी सेवाएँ बढ़ सकेंगी और वे निजी और विदेशी एयरलाइनों के सामने अधिक प्रतिस्पर्द्धी हो सकेंगी। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

***30.*** *(b)* तर्क I निर्बल है क्योंकि यहाँ दूसरे देशों से तुलना की गई है। तर्क II प्रबल है क्योंकि यदि अवकाश की संख्या कम कर दी जाती है तो निश्चित रूप से सरकारी कार्यालयों की उत्पादकता बढ़ेगी।

***31.*** *(b)* तर्क I प्रबल नहीं है क्योंकि सरकार विभिन्न क्षेत्रों के लिए बहुत-सी योजनाएँ चलाती है और सभी का अपना एक महत्व होता है। तर्क II प्रबल है क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय खेलों पर व्यय कम होने से खिलाड़ियों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

***32.*** *(e)* 14 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों के लिए शिक्षा को अनिवार्य कर देने से जबरन मजदूरी कराने वाले तन्त्र के उन्मूलन में सहायता मिलेगी तथा रहन-सहन का स्तर भी बढ़ेगा।
अतः तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल हैं।

***33.*** *(c)* परमाणु पावर प्लाण्ट संवेदनशील प्रकृति के होते हैं और देश की सुरक्षा से जुड़े होते हैं। अतः यह कार्य अन्य देश को देना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना है।
अतः केवल तर्क III प्रबल है।

***34.*** *(a)* कृषि भूमि पर आवासीय परियोजनाएँ बनाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध की अपेक्षा ऐसी परियोजनाओं के निर्माण की चुनिन्दा आधार पर अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि आवास की माँग सतत् वृद्धिशील है तथा कृषि भूमि को ऐसे किसी भी अतिक्रमण से बचाना भी आवश्यक है, क्योंकि खाद्यान्न की माँग भी हर वर्ष बढ़ती जा रही है। अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

***35.*** *(d)* गरीबी को दूर करने के और भी कई तरीके हैं। यदि सरकार, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देगी, तो वह इसके लायक हो भी सकता है या नहीं भी हो सकता है। अतः तर्क I प्रबल नहीं है, परन्तु ऐसी परियोजनाओं से अन्य सुविधा प्राप्त वर्ग की आर्थिक स्थितियों में सुधार अवश्य आ जाएगा। जिन परिवारों की आय अधिक है, तो उन परिवारों को ऐसी परियोजनाओं से कोई लाभ नहीं होगा। उनको ऐसी योजनाओं के दायरे से बाहर रखना चाहिए। अतः तर्क II और III प्रबल हैं।

***36.*** *(d)* देश के सभी इन्जीनियरिंग कॉलेजों में पात्रता मानदण्ड एकसमान होने से विभिन्न कॉलेजों से पास होकर निकलने वाले इन्जीनियरों में समानता सुनिश्चित होगी तथा ऐसे कॉलेजों में उन छात्रों के प्रवेश पर रोक लगेगी जो अपनी इन्जीनियरिंग की डिग्री पूरी करने के योग्य नहीं होते।
अतः तर्क II और III दोनों हैं।

***37.*** *(a)* हाँ, इससे तेल कम्पनियों को अपने उत्पाद प्रतिस्पर्द्धी कीमत पर बेचने में बहुत सहायता होगी तथा साथ ही आम जनता इन उत्पादों के लिए बाजार आधारित कीमतें अदा करने में समर्थ नहीं रह पाएगी।
अतः तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

***38.*** *(e)* सरकार को देशभर की सभी प्राइवेट पैसेन्जर ट्रांसपोर्ट कम्पनियों का अधिग्रहण करने के सम्बन्ध में दिया गया कोई भी तर्क प्रबल नहीं है।

***39.*** *(b)* IITs तथा IIMs जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों को भारत सरकार के नियन्त्रण से पूर्णतः मुक्त नहीं करना चाहिए, क्योंकि सरकार इन संस्थानों का नियन्त्रण राष्ट्रीय हित के लिए करती है। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

***40.*** *(c)* भारत में संसद के चुनाव देशभर में एक ही दिन किए जाने से आयोग को एक ही दिन में चुनाव सम्बन्धी मसलों पर ध्यान केन्द्रित करने में सहायता मिलेगी।

***41.*** *(e)* केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारों के कर्मचारी, सभी सरकारी कर्मचारी हैं, इसलिए उनके साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। साथ-ही-साथ केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारियों के कार्यभार तथा उत्तरदायित्व अलग-अलग होते हैं। अतः इनका वेतन ढाँचा भी अलग-अलग होना चाहिए तथा राज्य सरकार को ढाँचा तय करने के लिए स्वतन्त्रता होनी चाहिए।

***42.*** *(c)* देश के अधिकांश भागों में बिजली की बहुत कमी है, इसलिए बिजली का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। अतः केवल तर्क II प्रबल है।

***43.*** *(c)* बड़े शहरों में सड़क की मरम्मत का कार्य केवल देर रात को करने से दिन के समय कार्य होने पर आने जाने वालों को कठिनाई नहीं होगी। अतः केवल तर्क III प्रबल है।

***44.*** *(b)* मानित विश्वविद्यालय विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन पाठ्यक्रम लागू कर सकते हैं, क्योंकि ये सख्त सरकारी नियन्त्रणों से मुक्त है। साथ-ही-साथ यह भी है कि ऐसे बहुत-से विश्वविद्यालय मूलतः धन कमाने की मशीन है और यहाँ पर शिक्षा को कम महत्त्व दिया जाता है। अतः तर्क II और III दोनों ही प्रबल हैं।

***45.*** *(b)* देश के कुछ भागों में सिंचाई प्राथमिकतः भूमिगत जल पर निर्भर है जिसके कारण भूमिगत जल का स्तर अत्यधिक नीचे चला गया है तथा अब और अधिक भूमिगत जल नहीं खींचा जा सकता। इसलिए अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों ने भारत को इसके खिलाफ चेतावनी दी है।
अतः तर्क II और III दोनों ही प्रबल हैं।

***46.*** *(c)* भारत के बड़े शहरों में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण की अनुमति देने से पहले सरकार को मौजूदा इमारतों को पर्याप्त संरचनात्मक सुविधाएँ उपलब्ध करानी चाहिए, क्योंकि भारत के बड़े शहरों में बढ़ती जनसंख्या के रहने के लिए खाली जमीन के पर्याप्त प्लॉट नहीं हैं।
अतः तर्क I तथा III दोनों ही प्रबल हैं।

***47.*** *(c)* तर्क I ठोस है, क्योंकि 18 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक व्यक्ति अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होता है, साथ ही तर्क IV भी ठोस है।

***48.*** *(b)* केवल तर्क III ठोस है।

# 04

# कथन एवं पूर्वधारणाएँ

## (Statement and Assumptions)

किसी भी विषय से सम्बन्धित दी गई जानकारी को **कथन** (Statement) कहते हैं तथा अप्रत्यक्ष रूप से परिकल्पित अवधारणा, जो किसी कथन में सन्निहित **तथ्य** (Fact) को दर्शाती है, उसे परिकल्पना या **पूर्वधारणा** (Assumption) कहते हैं अर्थात् कथन में दी गई जानकारी के आधार पर किसी विषय/बात का अनुमान लगाना या बिना किसी प्रमाण के मान लेना पूर्वधारणा कहलाती है।

जब किसी व्यक्ति द्वारा कोई वाक्य या कथन कहा जाता है, तो वह सम्पूर्ण घटना का परिचय नहीं कराता है अर्थात् बहुत सारे विषयों को बिना कहे ही छोड़ देता है, श्रोता उन अनकही बातों का अनुमान लगाकर ज्ञात कर लेता है, जिसे अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार कर लिया जाता है, यही बातें पूर्वधारणाएँ कहलाती हैं।

कभी-कभी अन्तर्निहित कथन (Implication) का प्रयोग पूर्वधारणा (Assumption) के रूप में किया जाता है, यद्यपि उनमें थोड़ा अन्तर होता है। यहाँ, अन्तर्निहित का अर्थ–कथन का छुपा अर्थ है, यह जो कुछ ग्रहित है, परन्तु पूर्वधारणा कथन के द्वारा प्रत्यक्ष कही जाती है।

जैसे– **कथन** ''हमारी दुकान से विविध प्रकार का सामान खरीदिए और 20% तक छूट पाइए'' एक विज्ञापन।

इस प्रकार यदि दिए गए विज्ञापन पर विचार करें कि ऐसा क्यों दिया गया, तो हम अनुमान लगा सकते हैं कि

(i) लोगों में छूट के प्रति लोभ होता है।
(ii) अधिक लाभ कमाने के लिए।
(iii) लोग विज्ञापन अवश्य पढ़ते हैं, जिससे दुकान प्रसिद्ध होगी।
(iv) अधिक-से-अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए।

उपरोक्त धारणाओं के अतिरिक्त और भी बहुत-सी धारणाएँ हो सकती हैं, जिन्हें सोचकर विज्ञापन दिया गया हो, लेकिन इन सभी में से सबसे उपयुक्त पूर्वधारणा यही रही होगी कि दुकानदार किसी-न-किसी तरह अधिक-से-अधिक ग्राहकों को आकर्षित करें।

## पूर्वधारणा से सम्बन्धित नियम

पूर्वधारणा के उपरोक्त विशिष्ट नियमों के अतिरिक्त इसके कुछ सामान्य नियम भी होते हैं जोकि अग्रलिखित हैं

1. कुछ शब्द; जैसे– केवल (Only), सर्वोत्तम (Best), निश्चित (Definite), प्रबल या ठोस (Strong) आदि, जिसमें सम्मिलित हों, तो वैसी पूर्वधारणा मान्य नहीं होती है।

***उदाहरण* 1. कथन** वित्तीय घाटों को पूरा करने के लिए बिक्री करों की दरों को बढ़ा दिया गया।

**पूर्वधारणाएँ** I. वित्तीय घाटों को पूरा करने का सर्वोत्तम तरीका बिक्री कर की दरों को बढ़ाना है।

II. वित्तीय घाटों को पूरा करने का मर्यादित तरीका बिक्री कर की दरों को बढ़ाना है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणा I अमान्य है, क्योंकि इसमें 'सर्वोत्तम' शब्द का प्रयोग किया गया है, जबकि पूर्वधारणा II मान्य है, क्योंकि इसमें 'सर्वोत्तम' शब्द के स्थान पर 'मर्यादित' शब्द का प्रयोग किया गया है।

2. पूर्वधारणा मान्य होने के लिए जिसके विषय में कहा जाए, उसका निश्चित रूप से अस्तित्व होना चाहिए।

***उदाहरण* 2. कथन** कोलकाता से दिल्ली जल्दी पहुँचने के लिए हवाई जहाज से जाएँ।

**पूर्वधारणाएँ** I. कोलकाता और दिल्ली वायुमार्ग से जुड़े हैं।

II. कोलकाता से दिल्ली पहुँचने के लिए दूसरा साधन नहीं है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणा I मान्य है, क्योंकि यदि दिल्ली का सम्पर्क कोलकाता से वायुमार्ग द्वारा नहीं होता, तो कोई व्यक्ति यह सलाह नहीं देता। पूर्वधारणा II अमान्य है, क्योंकि यह कथन किसी दूसरे साधन के न होने की बात करता है, जबकि कथन के अनुसार हवाई जहाज जल्दी पहुँचने का एक साधन है, जिसका अर्थ है कि पहुँचने के दूसरे साधन भी उपलब्ध हैं।

3. पूर्वधारणा मान्य होने के लिए किसी अनुरोध का कुछ परिणाम तथा अस्तित्व होता है।

***उदाहरण* 3. कथन** ब्लड बैंक में रक्तदान कीजिए।

**पूर्वधारणाएँ** I. इस अनुरोध के कुछ परिणाम होंगे।

II. ब्लड बैंक को जरूरतमन्दों के लिए रक्त की आवश्यकता होती है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणाएँ I और II दोनों मान्य हैं, क्योंकि अनुरोध तक तब जारी नहीं किया जा सकता है, जब तक कि व्यक्ति पर इसका प्रभाव न पड़े और इसका अस्तित्व अधिक टिकाऊ न हो तथा ब्लड बैंक को रक्त की सदैव आवश्यकता होती है।

4. एक जनहित सूचना, जो लोगों के द्वारा पढ़ी जाती है, का कुछ प्रभाव होता है। सूचना जारी करने वाले का यह कर्त्तव्य होता है कि इसे इस प्रकार से जारी किया जाए ताकि इसका कुछ प्रभाव हो और सूचना जारी न करना हानिकारक हो।

***उदाहरण* 4. कथन** कृपया अपने सामान की रक्षा स्वयं करें।

**पूर्वधारणाएँ** I. लोग सूचना को पढ़ते हैं।

II. अपने सामान की देखभाल नहीं करने से चोरी हो सकती है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणाएँ I और II दोनों मान्य हैं, क्योंकि लोग सूचना को अवश्य पढ़ेंगे तथा अपने सामान की देखभाल न करने पर चोरी होने का खतरा है।

5. पूर्वधारणा मान्य होने के लिए, एक कार्यालयी सूचना ऐसी होनी चाहिए जो कार्यालय के लिए लाभदायक हो।

***उदाहरण* 5. कथन** अरिहन्त प्रकाशन के द्वारा सूचना जारी की गई कि देर से आने वाले कर्मचारी दण्डित होंगे।

**पूर्वधारणाएँ** I. अरिहन्त प्रकाशन के कर्मचारी सूचना को पढ़ेंगे।

II. अरिहन्त प्रकाशन के लिए देर से आने वाले कर्मचारी को दण्डित करना लाभदायक होगा।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणाएँ I और II दोनों मान्य हैं, क्योंकि अरिहन्त प्रकाशन के कर्मचारी सूचना को पढ़ेंगे तथा यदि देर से आने वाले कर्मचारी दण्डित होंगे, तो वे कर्मचारी देर से नहीं आएँगे।

6. प्रचार के कुछ परिणाम होते हैं, जो खोजे जाते हैं तथा लोग इन परिणामों से आशा रखते हैं। पूर्वधारणा मान्य होने के लिए प्रचार ऐसा होना चाहिए, जिसमें कुछ परिणाम निकलते हो, जो खोजा गया हो तथा लोग इन परिणाम से आशा रखते हों।

***उदाहरण* 6. कथन** सुधा कन्सल्टेन्सी प्रा. लि. एकमात्र कम्पनी है, जो आयकर से सम्बन्धित विषयों पर व्यापक परामर्श देती है।

**पूर्वधारणाएँ** I. विज्ञापन का प्रभाव उन पर पड़ता है, जो इसे पढ़ते हैं।

II. लोग आयकर से सम्बन्धित विषय पर व्यापक परामर्श चाहते हैं।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणाएँ I और II दोनों मान्य हैं, क्योंकि लोगों को आयकर से सम्बन्धित परामर्श की आवश्यकता है और विज्ञापन इसे प्रमाणित करता है।

7. यदि कथन दो वाक्यखण्ड जैसा हो, इसके बावजूद आदि शब्दों से जुड़ा हो, तो कथन का सम्बन्ध प्रभावी कारण को दर्शाता है अर्थात् इस पर आधारित पूर्वधारणा मान्य होगी।

***उदाहरण* 7. कथन** मानसून समाप्त होने के बावजूद पर्याप्त वर्षा नहीं हुई।

**पूर्वधारणाएँ** I. मानसून का आना वर्षा का कारण है।

II. वर्षा दूसरे मौसम में नहीं होती है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणा I मान्य है, परन्तु पूर्वधारणा II अमान्य है, क्योंकि कथन मानसून के अतिरिक्त किसी दूसरे मौसम की बात नहीं करता है।

8. यदि विशेषण, जोकि कर्ता के गुणवाला नहीं है, कर्ता के साथ जुड़ा हो, तो कर्ता में एक ऐसा गुण अवश्य होगा, जो विशेषण के रूप में हो, इस पर आधारित पूर्वधारणा मान्य होगी।

***उदाहरण* 8. कथन** सर्वोत्तम इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में जाएँ।

**पूर्वधारणाएँ** I. इस तरह के कई अस्पताल हैं।

II. सभी अस्पतालों में अपोलो अस्पताल उत्तम है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणा II मान्य है, जबकि पूर्वधारणा I मान्य नहीं है, क्योंकि कथन में विशेषण 'सर्वोत्तम' शब्द है।

9. कुछ स्थिति में, यदि कारण (cause) एक तरह के कर्म के साथ कुछ परिणाम देता है, तो पूर्वधारणा यह की जाती है कि यह दूसरे तरह के कर्म पर भी प्रभाव डालता है।

***उदाहरण* 9. कथन** उचित रूप से खिलाए हुए तथा भूखे बन्दर टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर दौड़ाए गए। यह देखा गया कि भूखे बन्दर तेजी से नहीं दौड़ सके। यह प्रमाणित करता है कि गरीब देश में कम बुद्धि वाला व्यक्ति अपर्याप्त पोषण का परिणाम है।

**पूर्वधारणाएँ** I. बन्दर की बुद्धि अपर्याप्त पोषण का परिणाम है।

II. गधे की बुद्धि अपर्याप्त पोषण का परिणाम है।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणा I मान्य है, क्योंकि मनुष्य तथा बन्दर का सम्बन्ध एक समुदाय से है, जबकि पूर्वधारणा II अमान्य है

10. यदि कथन में X कोई आँकड़ा, तथ्य, खबर, अवलोकन आदि दिया गया है और उसका ऋणात्मक पहलू वर्जित हो और इसमें सुधार के लिए एक कार्यवाही Y को सलाह देता हो, तो निम्न में से कोई भी परिस्थिति सही होगी

(i) X में सुधार की आवश्यकता है।

(ii) Y, X को निश्चित ही सुधारेगा।

(iii) X का नकारात्मक पहलू नुकसानदेह होगा।

यदि कार्यवाही Y, A में सुधार के लिए हो, तो अन्यथा कम-से-कम अवांछनीय होगा। Y का लाभ उसकी हानि से अधिक महत्त्वपूर्ण होता है।

***उदाहरण* 10. कथन** वर्तमान समय में भारत का राजनीतिक दृश्य दूषित है। कुछ कठोर राजनीतिक निर्णय लेने की आवश्यकता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. भारत का राजनीतिक दृश्य आदर्श नहीं है। इसमें सुधार होना चाहिए।

II. कुछ कठोर राजनीतिक निर्णय भारतीय राजनीति में सुधार लाएँगे।

***व्याख्या*** यहाँ पूर्वधारणाएँ I और II दोनों मान्य हैं, क्योंकि पूर्वधारणा I स्थिति पर दु:ख अभिव्यक्त करता है तथा पूर्वधारणा II सुधार के लिए कदम उठाने की बात करता है।

### कथन एवं पूर्वधारणाएँ से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य

- पूर्वधारणा कथन में कही गई बात पर ही आधारित होती है, कथन के अतिरिक्त कहीं विचार न करें और न ही बढ़-चढ़कर अनुमान लगाएँ। पूर्वधारणा का आशय कथन से संगत होना चाहिए।
- पूर्वधारणा कभी भी कथन के विचार/अर्थ के भाव के विपरीत नहीं होनी चाहिए।
- कोई भी पूर्वधारणा सुधार, परामर्श सलाह, लाभदायक प्रभाव व परिणाम को प्रदर्शित करती है, तो ऐसी पूर्वधारणा मान्य होगी।
- पूर्वधारणा और कथन के बीच कारण पूर्णरूपेण व्याप्त होने चाहिए अर्थात् कुछ शब्द; जैसे–प्रत्येक सभी, क्या, क्यों, इसलिए आदि प्रश्नवाचक शब्द अथवा उत्तरसूचक शब्द पूर्वधारणा वाले वाक्य से जुड़े हों, तो मान्य नहीं होंगे।
- कुछ विशेष शब्द; जैसे– सम्भव, सकना, सामान्यत: आदि पूर्वधारणा वाले वाक्य में हों, तो आमतौर पर मान्य होंगे।
- यदि कोई पूर्वधारणा विज्ञापन से सम्बन्धित हो, तो वह मान्य होगी।

# प्रश्नों के प्रकार

कथन एवं पूर्वधारणाओं के अन्तर्गत सामान्यतया दो प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* दो पूर्वधारणाओं पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में एक कथन तथा उसके बाद दो पूर्वधारणाएँ दी गई होती हैं। अभ्यर्थियों को दिए गए कथन का अवलोकन करके उस अवधारणा का चुनाव करना होता है, जो दिए गए कथन में अन्तर्निहित होती है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 11-13) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह ग्रहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***उदाहरण* 11. कथन** यह पुस्तक इस प्रकार से तैयार की गई है कि एक सामान्य विद्यार्थी भी, जो रीजनिंग पढ़ने की इच्छा रखता है बिना शिक्षक के भी अध्ययन कर सकता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. सामान्य विद्यार्थी बिना शिक्षक के रीजनिंग का अध्ययन करना चाहता है।
II. यह पुस्तक शिक्षक का एक अच्छा विकल्प है।

***व्याख्या*** (b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि सामान्य विद्यार्थी बिना शिक्षक के अध्ययन कर सकता है। यह इस बात को पूर्णरूप से अभिव्यक्त करता है कि यह पुस्तक शिक्षक का एक अच्छा विकल्प है। पूर्वधारणा I अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि सामान्य विद्यार्थी बिना शिक्षक के रीजनिंग का अध्ययन करना चाहता है या नहीं चाहता है, इस बात की कथन में कोई चर्चा नहीं की गई है।

***उदाहरण* 12. कथन** सभी व्यक्ति अरिहन्त समसामयिकी पत्रिका पढ़ना पसन्द करते हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. अरिहन्त समसामयिकी पत्रिका पढ़ने के लिए ही है।
II. प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित है।

***व्याख्या*** (a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि अरिहन्त समसामयिकी पत्रिका पढ़ने के लिए ही है, इसलिए सभी व्यक्ति इसे पढ़ना पसन्द करते हैं। इस कथन में पढ़ने पर जोर दिया गया है। पूर्वधारणा II अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की बात कहकर इसे कथन से व्यापक कर दिया गया है, क्योंकि यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति अरिहन्त समसामयिकी पत्रिका पढ़ना ही पसन्द करे।

***उदाहरण* 13. कथन** आजकल कई प्रवेश परीक्षाएँ 'ऑफलाइन' से 'ऑनलाइन' परीक्षाओं में धीरे-धीरे परिवर्तित हो रही हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. ऑनलाइन प्रणाली अधिक कुशल है।
II. ऑनलाइन प्रणाली और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करती है। *(UPPSC Pre 2018)*

***व्याख्या*** (a) ऑनलाइन प्रणाली में ज्यादा पारदर्शिता होती है तथा इसमें परीक्षा का आँकलन करना भी सरल होता है, परन्तु ऑनलाइन प्रणाली से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, यह पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 14-16) *नीचे दिए गए प्रश्नों में एक/दो कथन तथा दो पूर्वधारणाएँ दी गई हैं। आपको कथन को ध्यानपूर्वक पढ़कर यह पता करना है कि दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित होंगी? कथन को पूर्णतः सत्य मानना है तथा इस पर विचार करके अन्तर्निहित होने वाली पूर्वधारणा का चयन करना है।*

**उत्तर दीजिए**
(a) पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है

***उदाहरण* 14. कथन** A. प्रिंसिपल पूर्वाह्न 10 बजे विद्यार्थियों को सम्बोधित करेंगे।
B. आप से अनुरोध है कि पूर्वाह्न 10 बजे से पहले अपना स्थान ग्रहण कर लें।

**पूर्वधारणाएँ** I. यदि विद्यार्थी पूर्वाह्न 10 बजे से पहले अपना स्थान नहीं ग्रहण करता, तो समारोह आरम्भ नहीं होगा।
II. समारोह निर्धारित समय पर आरम्भ होगा।
*(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)*

***व्याख्या*** (b) चूँकि कथनानुसार प्रिंसिपल पूर्वाह्न 10 बजे विद्यार्थियों को सम्बोधित करेंगे साथ ही कथनों में यह भी कहा गया है कि पूर्वाह्न 10 बजे से पहले अपना स्थान ग्रहण करें। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि समारोह निर्धारित समय पर आरम्भ होगा। अतः विकल्प (b) सही है।

***उदाहरण* 15. कथन** यद्यपि भारत में चीनी फैक्ट्रियों की संख्या तीव्र गति से बढ़ रही है, लेकिन हम अभी भी दूसरे देशों से इसका आयात किए जा रहे हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है फैक्ट्रियों की बढ़ी हुई संख्या भारत में चीनी की माँग को पूरा न करे।
II. चीनी की माँग में भविष्य में बहुत वृद्धि हो सकती है।
*(SSC CGL 2012)*

***व्याख्या*** (a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि फैक्ट्रियों की बढ़ी हुई संख्या भारत में चीनी की माँग को पूरा करने में शायद समर्थ न हो।

***उदाहरण* 16. कथन** यदि पूरे महीने बारिश नहीं होती है, तो अधिकतर किसान संकट में पड़ जाएँगे।

**पूर्वधारणाएँ** I. समय से बारिश होना खेती के लिए अनिवार्य है।
II. सामान्यतः अधिकतर किसान बारिश पर निर्भर होते हैं।
*(UPPSC Pre 2014)*

***व्याख्या*** (c) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों ही कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि समय से बारिश खेती के लिए अनिवार्य है और यदि बारिश नहीं हुई, तो यह संकट की स्थिति पैदा करेगी तथा साथ ही अधिकतर किसान बारिश पर ही निर्भर होते हैं।

# प्रश्नावली 4.1

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-4) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?*

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***1.*** **कथन** नशीत ने अपनी वर्दी पहनी, अपनी बन्दूक को भर दिया और अपनी चालक संचालित आधिकारिक कार में काम के लिए निकल गया।

**पूर्वधारणाएँ** I. नशीत सशस्त्र सेना में एक अधिकारी है।
II. नशीत जयपुर के राजभवन में तैनात एक सैन्य कमाण्डो है।

***(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)***

***2.*** **कथन** 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय बेरोजगार नवयुवकों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाना चाहिए।

**पूर्वधारणाएँ** I. भारत में ऐसे बेरोजगार नवयुवक हैं, जिन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता है।
II. सरकार के पास सभी बेरोजगार नवयुवकों को भत्ता देने के लिए पर्याप्त कोष है। ***(RPSC Pre 2013)***

***3.*** **कथन** शहर में हैजा के फैलने से रोकने का प्रयत्न करने के लिए चिकित्सा विभाग ने लोगों से केवल उबला पानी प्रयोग करने को कहा।

**पूर्वधारणाएँ** I. शहर में प्रदान किए गए पानी की गुणवत्ता पर सन्देह है।
II. शहर में हैजा होने की कुछ सूचना मिली है।

***(MPPSC Pre 2014)***

***4.*** **कथन** चेतावनी-धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**पूर्वधारणाएँ** I. धूम्रपान न करना अरोग्य को बढ़ाता है।
II. यथार्थ में इस चेतावनी की आवश्यकता नहीं है।

***(NIFT UG 2013)***

***निर्देश*** (प्र. सं. 5-9) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(IBPS PO 2013)***

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***5.*** **कथन** संस्था के बहुत-से कर्मचारियों ने उच्च शिक्षा लेने के लिए 2 वर्ष के विशेष विराम अवकाश के लिए आवेदन किया।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है प्रबन्धन इनमें से अधिकांश कर्मचारियों का अवकाश मन्जूर न करे।
II. हो सकता है ये कर्मचारी विराम अवकाश के दौरान अपनी शिक्षा पूरी कर लेंगे।

***6.*** **कथन** मौजूदा आर्थिक स्थितियों के कारण अधिकांश निजी कम्पनियाँ, अपने कर्मचारियों के वेतन में पिछले वर्ष के लिए वार्षिक वृद्धि करने के खिलाफ है।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है बहुसंख्यक कर्मचारी फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए अपनी नौकरी छोड़ दें।
II. हो सकता है ये कम्पनियाँ अगले वर्ष वेतन में वृद्धि की घोषणा करें।

***7.*** **कथन** कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्रों को कॉलेज परिसर के भीतर सेल फोनों का प्रयोग बन्द करने के अनुदेश दिए हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है छात्र, परिसर में सेल फोनों का प्रयोग बन्द कर दें।
II. हो सकता है छात्र, कॉलेज परिसर में सेल फोनों का प्रयोग करते रहें।

***8.*** **कथन** मैट्रो शहरों में हवाईजहाज से आने-जाने वाले यात्रियों पर सरकार ने कन्जेशन कर लगाने का निर्णय किया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है कि इस तरह वसूल किया गया कर भारी ट्रैफिक को सम्भालने के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने में आंशिक खर्च को पूरा कराने के लिए पर्याप्त होगा।
II. हो सकता है इन शहरों में हवाईजहाज से आने-जाने वाले यात्री कन्जेशन कर के द्वारा अतिरिक्त राशि दे दें।

***9.*** **कथन** स्थानीय नागरिकों के समूह ने नगर प्राधिकरण को एक ज्ञापन दिया कि इलाके में खाली पड़े एक प्लाट को उनके अपने खर्च पर एक बगीचे में बदलने की अनुमति दी जाए।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है स्थानीय नागरिकों का समूह पर्याप्त निधि एकत्र कर ले।
II. हो सकता है नगर प्राधिकरण स्थानीय नागरिकों के समूह के लिए बगीचे का निर्माण करवा दें।

***निर्देश*** (प्र. सं. 10-12) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(BOB PO 2010)***

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I अथवा पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***10.*** **कथन** सरकार ने देश के सभी सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त काम के बदले अनाज कार्यक्रम की हाल ही में घोषणा की है।

**पूर्वधारणाएँ** I. इन कार्यक्रमों को चलाने के लिए सरकार के पास पर्याप्त निधि है।
II. हो सकता है इन कार्यक्रमों के कारण प्रभावित लोगों को कम-से-कम दिन में एक बार खाना मिल जाए।

***11.*** **कथन** राज्य के अधिकांश इन्जीनियरिंग कॉलेजों ने अगले अकादमिक सत्र के लिए सीटों की अधिक संख्या मंजूर करने के लिए विनियामक निकाय को आवेदन किया।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है विनियामक निकाय राज्य के इन्जीनियरिंग कॉलेजों द्वारा माँगी गई अतिरिक्त सीटें मंजूर कर दें।
II. हो सकता है राज्य के इन्जीनियरिंग कॉलेज की अतिरिक्त सीटों को भरने के लिए विनियामक निकाय पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त कर लें।

***12.*** **कथन** राज्य गर्मी की भीषण लहर से गुजर रहा है, इसे देखते हुए सरकार ने तत्काल प्रभाव से अगले पखवाड़े तक सारे स्कूलों को बन्द करने के लिए कहा है।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है गर्मी की लहर एक पखवाड़े से अधिक न चले।
II. हो सकता है छात्रों के माता-पिता एक पखवाड़े के बाद भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं आने देंगे।

***निर्देश*** (प्र. सं. 13-16) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है? **(Corporation Bank PO 2009)***

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***13.*** **कथन** बहुत-सी संस्थाओं ने परीक्षा की ऑन-लाइन पद्धति अपना ली है।

**पूर्वधारणाएँ** I. देश के सभी भागों के उम्मीदवार कम्प्यूटर पर परीक्षा देने में सक्षम हैं।
II. परीक्षा की ऑन-लाइन पद्धति से अधिक योग्य लोगों को भर्ती करने में सहायता मिलती है।

***14.*** **कथन** प्रदूषण कम करने के लिए सरकार ने शहर की फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से पुनर्स्थापित करने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. शहर में प्रदूषण सिर्फ वहाँ मौजूद फैक्ट्रियों से ही पैदा होता है।
II. हो सकता है लोग पुनर्स्थापित फैक्ट्रियों तक रोजाना यात्रा कर लें।

***15.*** **कथन** सरकार ने आतंकी हमलों के सभी पीड़ितों के लिए मुआवजे के भारी पैकेज की घोषणा की।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है आतंक की ऐसी घटनाएँ निकट भविष्य में न हों।
II. यह मुआवजा नागरिकों के मन में वर्तमान सरकार के खिलाफ गुस्से को कम कर सकता है।

***16.*** **कथन** केन्द्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से सभी राज्यों में लॉटरी के जरिए जुए पर प्रतिबन्ध लगा दिया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है कि इससे अबोध नागरिक अपनी मेहनत की कमाई को धोखे में गवाने से बच जाएँ।
II. यदि लॉटरियों पर प्रतिबन्ध लग गया, तो लोग किसी और तरीके से जुआ नहीं खेलेंगे।

***निर्देश*** (प्र. सं. 17-20) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***17.*** **कथन** शुभरा एक महत्त्वपूर्ण बैठक से निकल गई और अपने बेटे को लेने के लिए चली गई क्योंकि उसे तेज बुखार था।

**पूर्वधारणाएँ** I. शुभरा एक एकल माता है।
II. शुभरा एक कामकाजी माता है।

***(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)***

***18.*** **कथन** यदि आप सॉफ्टवेयर इन्जीनियर हैं, तो हमारे पास आपके लिए एक चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट है।

**पूर्वधारणाएँ** I. आप एक सॉफ्टवेयर इन्जीनियर हैं।
II. हमें एक सॉफ्टवेयर इन्जीनियर की आवश्यकता है।

***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***19.*** **कथन** एक शिक्षक एक छात्र को कहते हैं, 'यदि आप मेरी बात नहीं सुनते हैं, तो मैं आपको सजा दूँगा।'

**पूर्वधारणाएँ** I. चेतावनी के बाद छात्र शिक्षक की बातों पर ध्यान दे सकता है।
II. सजा छात्रों को अनुशासित करने का सबसे अच्छा तरीका है।

***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***20.*** **कथन** यदि आप एरोबिक्स में सुप्रशिक्षित होना चाहते हैं, तो ऐरोबिक्स विशेषज्ञ मनीषा से प्रशिक्षण लें।

**पूर्वधारणाएँ** I. मनीषा भारत की सबसे अच्छी ऐरोबिक प्रशिक्षिका है।
II. ऐरोबिक्स में मनीषा के अलावा कोई अन्य प्रशिक्षक/प्रशिक्षिका नहीं है। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***निर्देश*** (प्र. सं. 21-25) *नीचे दिए हुए प्रत्येक प्रश्न में एक वक्तव्य दिया गया है, जिसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I एवं II दी गई है एक पूर्वधारणा को यदा-कदा तथाकथित स्वीकार कर लिया जाता है। आपको वक्तव्य एवं उसके नीचे दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना है कि कौन-सी पूर्णधारणा वक्तव्य में अन्तर्निहित है?* ***(UPPSC Pre 2009)***

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तनिर्हित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तनिर्हित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) दोनों पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं

***21.*** **वक्तव्य** आर्थिक विकास के निष्पादन के लिए व्यक्तियों को कठिन परिश्रम करना चाहिए।

**पूर्वधारणाएँ** I. आर्थिक विकास का निष्पादन वांछनीय है।
II. कठिन परिश्रम करना असम्भव नहीं है।

***22.*** **वक्तव्य** निर्धन होने की अपेक्षा वह अध्यवसायी भी है।

**पूर्वधारणाएँ** I. बहुत अध्यवसायी व्यक्ति भी निर्धन हो सकते हैं।
II. बहुत आलसी व्यक्ति भी धनाढ्य हो सकते हैं।

***23.*** **वक्तव्य** आगन्तुक अपने स्वयं के जोखिम पर लिफ्ट का उपयोग कर सकते हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. लिफ्ट का उपयोग करना सदैव सुरक्षित नहीं है।
II. आगन्तुक लिफ्ट का उपयोग करना नहीं चाहते।

***24.*** **वक्तव्य** विज्ञान की यह पुस्तक इस प्रकार प्रस्तुत की गई है कि किसी अध्यापक के बिना सामान्य जन भी इसे सरलता से पढ़ सकता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. विज्ञान पढ़ना प्रत्येक के लिए वांछनीय है।
II. सामान्य जन सामान्यतः स्वयं के द्वारा विज्ञान के अध्ययन में कठिनाई महसूस करते हैं।

***25.*** **वक्तव्य** यद्यपि इस होटल की दरें दूसरे होटलों के साथ तुलनात्मक है, यहाँ प्राप्त होने वाली सुविधाएँ बहुत श्रेष्ठ हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. दरें प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर आधारित नहीं हैं।
II. दरें प्राप्त सुविधाओं पर आधारित हैं।

***निर्देश*** (प्र.सं. 26-35) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है, जिसके आगे दो पूर्वानुमान, I और II दिए गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए पूर्वानुमानों में से कौन-सा निश्चित रूप से सही कथन निकाल सकता है? अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।*

***26.*** **कथन** मोटर चालकों को अपने वाहनों में पीछे निहारने के लिए चालक दर्पण अवश्य रखना चाहिए।

**पूर्वानुमान** I. वे अपने पीछे वाले यातायात को देख सकते हैं।
II. पीछे से आने वाले अन्य मोटर चालक उन्हें देख सकते हैं।

***(SSC CGL 2013)***

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) I और II अन्तर्निहित हैं
(c) केवल II अन्तर्निहित है
(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**27.** **कथन** यदि अभियन्ता बनना सरल है, तो मैं अभियन्ता नहीं बनना चाहता।
**पूर्वानुमान** I. व्यक्ति की अभिलाषा एक व्यवसायी बनने की होती है।
II. व्यक्ति की इच्छा कठिन लक्ष्य को प्राप्त करने की होती है।
(a) केवल पूर्वानुमान I ही अन्तर्निहित है *(SSC CGL 2012)*
(b) केवल पूर्वानुमान II ही अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वानुमान I या II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**28.** **कथन** X ने Y से कहा, ''मैं पुरुषों को सुन्दर बनाने वाली क्रीम के विज्ञापन के प्रभाव पर सर्वेक्षण करना चाहता हूँ।''
**पूर्वानुमान** I. पुरुषों को सुन्दर बनाने वाली क्रीम के विज्ञापन का प्रभाव सर्वेक्षण के माध्यम से पता लगाया जा सकता है।
II. X ऐसे सर्वेक्षण करने के लिए कौशल और क्षमता रखता है।
*(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) केवल पूर्वानुमान I ही अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वानुमान II ही अन्तर्निहित है
(c) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) न तो पूर्वानुमान I और न ही पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है

**29.** **कथन** सहकारी उद्यम से उत्पादन में वृद्धि होती है। *(SSC 10+2 2013)*
**पूर्वानुमान** I. सहकारिता एक वांछनीय लक्षण है।
II. सहकारिता से उत्पादन बढ़ता है।
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**30.** **कथन** मद्य-निषेध से बहुत धन प्राप्त होता है और इससे हम सुखपूर्वक जीवन बिता सकते हैं। *(SSC 10+2 2011)*
**पूर्वानुमान** I. मद्य-निषेध निष्ठा की बात है।
II. सुख का आधार धन नहीं है।
(a) I अन्तर्निहित है (b) II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) I और II अन्तर्निहित नहीं हैं

**31.** **कथन** जन सम्पर्क साधनों द्वारा अत्यधिक हिंसा के प्रदर्शन के कारण, आक्रामक छेड़छाड़ में वृद्धि हो रही है।
**पूर्वानुमान** I. दूरदर्शन (टीवी) का दर्शकों पर प्रभाव पड़ता है।
II. लोग आक्रामक स्वभाव के हैं। *(SSC FCI 2010)*
(a) केवल I ही अन्तर्निहित है
(b) केवल II ही अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) I और II दोनों अन्तर्निहित नहीं हैं

**32.** **कथन** उत्कृष्टता हेतु काम करने वाले शिक्षक ही पुरस्कार के पात्र हैं।
**पूर्वानुमान** I. सभी शिक्षक मेहनत से काम करते हैं।
II. केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार मिलता है।
*(SSC CGL 2011)*
(a) केवल I ही अन्तर्निहित है (b) केवल II ही अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**33.** **कथन** हँसो सारा संसार तुम्हारे साथ हँसेगा।
**पूर्वानुमान** I. लोग आमतौर से हँसते हैं।
II. हँसने से प्रसन्नता प्राप्त होती है। *(SSC 10+2 2012)*
(a) केवल I ही अन्तर्निहित है
(b) केवल II ही अन्तर्निहित है
(c) I और II अन्तर्निहित हैं
(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**34.** **कथन** रोते हुए बच्चे माता-पिता का ध्यान अधिक आकर्षित कर पाते हैं।
**पूर्वानुमान** I. वे ठीक से संवाद करने में असमर्थ हैं।
II. माता-पिता अपने काम में उलझ गए हैं और बच्चों को खुद से खेलने के लिए छोड़ देते हैं। *(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)*
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**35.** **कथन** चूँकि इस वर्ष अच्छी वर्षा हुई है और उचित ध्यान दिया गया है। अतः किसान अच्छी फसल की आशा कर रहे हैं।
**पूर्वानुमान** I. अच्छी फसल लेने के लिए अच्छी वर्षा ही एकमात्र कारक है।
II. चाहे वर्षा अच्छी हो अथवा नहीं, अच्छी फसल लेने के लिए किसान अत्यधिक सावधानी बरतते हैं। *(SSC FCI 2014)*
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

***निर्देश*** (प्र. सं. 36-39) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* *(Dena Bank PO 2010)*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**36.** **कथन** बेहतर स्वास्थ्य तथा विटामिनों की पूर्ति के लिए गोलियों के बजाय फल खाइए।
**पूर्वधारणाएँ** I. अच्छे स्वास्थ्य के लिए विटामिन आवश्यक है।
II. विटामिनों की पूर्ति करने वाली गोलियाँ अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने में कदापि सहायता नहीं करती।

**37.** **कथन** जैसे-जैसे बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने का दिन नजदीक आ रहा है, परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्र दबाव महसूस करने लगे हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. किसी अन्य परीक्षा के बजाय बोर्ड परीक्षा के दौरान चिंता का स्तर अधिक होता है।
II. कुछ छात्र दूसरों के बजाय ज्यादा चिन्तित होते हैं।

**38.** **कथन** नौकरी के लिए केवल प्रथम श्रेणी के विज्ञान ग्रेजुएट पात्र हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. विज्ञान के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के स्नातक छात्र उतने बौद्धिक नहीं हैं।
II. स्नातक स्तर पर विज्ञान के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं।

**39.** **कथन** 'धूम्रपान वर्जित' क्षेत्र में धूम्रपान करते हुए पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को दण्डित किया जाएगा।
**पूर्वधारणाएँ** I. धूम्रपान अनुमत और धूम्रपान वर्जित पृथक् क्षेत्र हैं।
II. कुछ लोग हैं, जो धूम्रपान नहीं करते।

***निर्देश*** (प्र. सं. 40-43) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* *(NABARD PO 2010)*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I अथवा पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**40.** **कथन** एक प्रमुख विश्वविद्यालय ने परिणामों को नोटिस बोर्ड के बजाय सिर्फ इण्टरनेट पर दिखाने की प्रथा शुरू कर दी है।
**पूर्वधारणाएँ** I. विश्वविद्यालय में दाखिल सभी छात्रों के घर पर इण्टरनेट का एक्सेस है।
II. पहले ज्यादातर छात्र इण्टरनेट और नोटिस बोर्ड दोनों जगह दिखाए गए परिणाम देख लेते थे।

**41. कथन** मिट्टी में पोषक तत्वों की फिर से भराई के लिए प्रत्येक वैकल्पिक मौसम में अलग-अलग प्रकार की फसलें उगाना आवश्यक है।
**पूर्वधारणाएँ** I. कोई भी फसल उसी खेत में दूसरी बार उगायी नहीं जा सकती।
II. अलग-अलग मौसम में अलग-अलग फसल उगाई जा सकती है।

**42. कथन** यदि किसान बेहतर उपज चाहते हैं, तो उन्हें रासायनिक खाद की बजाय जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए।
**पूर्वधारणाएँ** I. रासायनिक खाद से सेहत पर कुछ बुरे प्रभाव पड़ते हैं।
II. रासायनिक खाद से उतनी उपज नहीं होती जितनी जैविक खाद से होती है।

**43. कथन** खाद्य पदार्थों को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए डीप फ्रीज में रखें।
**पूर्वधारणाएँ** I. खाद्य पदार्थ लम्बे समय तक डीप फ्रीज में रखने पर भी खाने योग्य रहता है।
II. किसी खाद्य पदार्थ को कमरे के (सामान्य) तापमान पर थोड़े समय तक रखना भी सम्भव नहीं है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 44 और 45) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन के साथ दो मान्यताएँ I और II दी गई हैं। एक मान्यता कुछ काल्पनिक है या अनुदत्त है। आपको कथन और निम्नलिखित मान्यताओं पर विचार कर यह निर्णय लेना होगा कि कथन में कौन-सी मान्यता निहित है।* ***(CGPSC Pre 2017)***

**उत्तर दीजिए**
(a) यदि केवल मान्यता I निहित है
(b) यदि केवल मान्यता II निहित है
(c) यदि या तो मान्यता I या मान्यता II निहित है
(d) यदि न तो मान्यता I और न ही मान्यता II निहित है
(e) यदि मान्यता I और II दोनों निहित हैं

**44. कथन** ''हमारी नियमित योजना में निवेश करें और कम-से-कम 10% ब्याज अर्जित करें''- एक वित्तीय संस्थान द्वारा विज्ञापन।
**मान्यताएँ** I. 10% ब्याज निवेशकों की अच्छी संख्या को आकर्षित कर सकते हैं।
II. कोई अन्य योजना 10% से अधिक ब्याज नहीं देती।

**45. कथन** ग्रामीण क्षेत्रों में शराब के कारण खाद्य विषाक्तता में मामले बढ़ रहे हैं।
**मान्यताएँ** I. ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पीने वालों का प्रतिशत अधिक है।
II. ग्रामीण क्षेत्रों में कई अनाधिकृत नकली शराब की दुकान हैं।

***निर्देश*** (प्र. सं. 46-50) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**46. कथन** सुश्री X को अपनी कम्पनी के CEO के रूप में नियुक्त कर लिया जाए, ताकि कम्पनी के उत्पादों को भी वास्तविक समझा (पर्सिव) जाएगा।
**पूर्वधारणाएँ** I. CEO उत्पादों के बारे में समझ (पर्सेप्शन) को बदल सकता है।
II. समझना (पर्सेप्शन) वही है, जो वास्तविक (यथार्थ) है।

**47. कथन** एक विज्ञापन—नया मॉडल के-सीरीज इंजन के साथ उतारा गया है।
**पूर्वधारणाएँ** I. लोग के-सीरीज इंजन के बारे में जानते हैं।
II. इंजन का प्रकार/सीरीज क्रेताओं के लिए महत्त्वपूर्ण है।

**48. कथन** मोहन नीता को कहता है,
''आने वाले कल लंच पर मिला जाए।''
**पूर्वधारणाएँ** I. दोनों को लंच का समय मालूम है।
II. दोनों लंच की जगह के बारे में जागरुक हैं।

**49. कथन** प्रतिभा की पहचान करने के लिए प्रतिभावान होना जरूरी है।
**पूर्वधारणाएँ** I. प्रतिभा अर्जित और विकसित की जाती है।
II. प्रतिभा आनुवंशिक होती है।

**50. कथन** फिल्म सुपर-डुपर हिट है और उसने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. हिट या फ्लॉप का निर्णय करने के लिए कोई प्रमाणिक मापदण्ड नहीं है।
II. पिछली फिल्मों के प्रदर्शन की जानकारी है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 51-55) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(SBI PO 2006)***

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**51. कथन** अखबार का एक विज्ञापन ''ऊँचे वेतन वाली नौकरी पाने के लिए एक विदेशी भाषा का पाठ्यक्रम सीखिए।''
**पूर्वधारणाएँ** I. उन सभी को ऊँचे वेतन वाली नौकरियाँ मिलती हैं, जो विदेशी भाषा पढ़ते हैं।
II. केवल विदेशी भाषा ही किसी को ऊँचे वेतन वाली नौकरी दिला सकती है।

**52. कथन** शिक्षा के अधिकार को एक बड़ा राष्ट्रीय आन्दोलन बनाने के लिए छात्रों के लिए स्कूल के परिवेश को 'डर', सदमे और चिंता से मुक्त' बनाया जाना चाहिए।
**पूर्वधारणाएँ** I. शिक्षा के अधिकार का आन्दोलन समाज की बेहतरी के लिए वांछनीय है।
II. बच्चे स्कूल में बहुत चिंता और तनाव महसूस करते हैं।

**53. कथन** गैर-कानूनी पशु व्यापारी के हाथ से बचाने के लिए एक प्रमुख अभिनेता ने $ 400 मिलियन में एक कछुआ खरीदा।
**पूर्वधारणाएँ** I. अभिनेता ने कछुआ जितने में खरीदा है, वह उससे अधिक कीमत पर बिकेगा।
II. पशु व्यापारी के हाथ में कछुए को खतरा रहता है।

**54. कथन** एक अग्रणी कार-निर्माता मौजूदा कार का एक नया मॉडल फिर से लाया है, जो दिखने में बदला हुआ और जानदार है, लेकिन उसका इंजन वही है।
**पूर्वधारणाएँ** I. इंजन का प्रदर्शन इतना जरूरी नहीं, जितनी कार की शक्लोसूरत जरूरी है।
II. खरीदार के लिए वाहन की शक्लोसूरत महत्त्वपूर्ण है।

**55. कथन** चूँकि मौजूद अभ्यारण्य सिंहों को शिकारियों से बचाने में असमर्थ रहे हैं, इसलिए राज्य सरकार ने उसी इलाके में दो नये अभ्यारण्य खोलने का निर्णय किया है।
**पूर्वधारणाएँ** I. शिकारियों से बचाने के लिए पर्याप्त सिंह बाकी नहीं बचे हैं।
II. सिंहों को अभ्यारण्यों में न रखकर कैद में रखना ही तस्कर से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 56-60) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आपको दिए गए पूर्वधारणाओं पर विचार करके तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में प्रभावशाली है/हैं? दिए गए विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए।* ***(MPPSC Pre 2018)***

***56.*** **कथन** आजकल नदियों का संरक्षण बहुत महत्त्वपूर्ण है।

**पूर्वधारणाएँ** I. यह जल संकट को कम करेगा।

II. यह हमारे पारिस्थितिक जीवन-तन्त्र की रक्षा करेगा।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणा I और II प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

***57.*** **कथन** बहुत-सी सरकारी सेवाओं को अब सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अन्तर्गत लाया गया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. इससे और अधिक पारदर्शिता आएगी।

II. इससे और अधिक जवाबदेही आएगी।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणा I और II प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

***58.*** **कथन** सभी नागरिकों को निचले न्यायालय के निर्णयों को उच्च न्यायालय में चुनौती देने का अधिकार है।

**पूर्वधारणाएँ** I. निचले न्यायालय कुशल नहीं हैं, जबकि उच्च न्यायालय बेहतर हैं।

II. निर्णय में त्रुटि की सम्भावना हो सकती है।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणा I और II प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

***59.*** **कथन** बहुत-से देशों में संसदीय लोकतन्त्र काम करता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. यह जनता की समग्र राय का प्रतिनिधित्व करता है।

II. यह हमेशा लोगों की आकांक्षाओं को परिपूर्ण करता है।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है
(b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणा I और II प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

***60.*** **कथन** लगभग सभी नियुक्तियों में पहले के एक अथवा दो वर्ष परिवीक्षा के होते हैं और नौकरी का स्थायीकरण परिवीक्षा की अवधि के बाद होता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. नियोक्ता को कर्मचारी के बारे में ज्यादा पता नहीं होता।

II. नियोक्ता परिवीक्षा अवधि के दौरान अधिक काम करवाना चाहता है।

(a) पूर्वधारणा I प्रभावशाली है (b) पूर्वधारणा II प्रभावशाली है
(c) पूर्वधारणा I और II प्रभावशाली हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II प्रभावशाली है

***निर्देश*** (प्र. सं. 61-65) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है, जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(P&SB Clerk 2010)***

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***61.*** **कथन** शहर में अगले दिन खेले जाने के लिए निर्धारित एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट खरीदने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. अगले छः महीने तक शहर में और कोई एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच न खेला जाए।

II. हो सकता है, जो कतार में खड़े रहे उनमें से अधिकांश को एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट मिल जाएँ।

***62.*** **कथन** हाईवे पुलिस अथॉरिटी ने नियमित दूरी पर गति सीमा और हाईवे पर अधिक गति के खतरों को निर्दिष्ट करने वाले बड़े-बड़े बोर्ड लगाए।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है अधिकांश मोटरचालक हाईवे पर अपने वाहन गति सीमा के भीतर चलाएँ।

II. आमतौर पर मोटरचालक ऐसी चेतावनियों को नजरअन्दाज करते हैं और हाईवे पर अधिक स्पीड से वाहन चलाते हैं।

***63.*** **कथन** कर्मचारी संघ ने अपने सदस्यों को वार्षिक कार्यक्रम से दूर रहने के लिए कहा, क्योंकि प्रबन्धन ने उनकी कई माँगें नहीं मानी थीं।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है संघ के अधिकांश सदस्य कार्यक्रम में भाग न लें।

II. हो सकता है प्रबन्धन वार्षिक कार्यक्रम को रद्द कर दे।

***64.*** **कथन** गाँव में पीने के पानी की गम्भीर कमी की समस्या पर चर्चा करने के लिए गाँव के सरपंच ने सभी परिवारों के मुखियाओं की बैठक बुलाई।

**पूर्वधारणाएँ** I. विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा करने के लिए सरपंच ने ऐसी बैठक पहले भी की थी।

II. हो सकता है अधिकांश परिवारों के मुखिया सरपंच द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लें।

***65.*** **कथन** नगर निगम ने तटों के किनारे झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोगों को मानसून के दौरान ऊँची जगहों पर जाने के लिए कहा।

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है झोपड़ियों में रहने वाले कई लोग शहर छोड़ दें और राज्य में कहीं और जाकर रहें।

II. हो सकता है तट के किनारे झोपड़ियों में रहने वाले अधिकांश लोग मानसून के दौरान ऊँची जगहों पर जाकर रहने की कोशिश करें।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* चूँकि चालक संचालित आधिकारिक कार अधिकारियों को मिलती है। अतः पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है।

**2.** *(d)* पूर्वधारणाएँ I व II दोनों ही कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि जब सरकार को अहसास हुआ कि भारत में ऐसे बेरोजगार नवयुवक हैं, जिन्हें आर्थिक सहायता की जरूरत है तथा सरकार के पास भी पर्याप्त कोष है, तब ही सरकार ने बेरोजगार नवयुवकों को बेरोजगारी भत्ता देने की सोची होगी।

**3.** *(d)* शहर में प्रदान किए गए पानी की गुणवत्ता पर सन्देह है तथा पानी को उबालकर पीने से उसमें उपस्थित कीटाणु नष्ट को जाते हैं तथा शहर में हैजा होने की कुछ सूचना मिली है। अतः दोनों पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

**4.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है। धूम्रपान न करने से आरोग्यता बढ़ती है तथा इस चेतावनी की आवश्यकता है।

**5.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि जब कोई व्यक्ति छुट्टी के लिए आवेदन करता है, तो उसके मन में यह पूर्वधारणा रहती है कि उसकी छुट्टी मन्जूर हो जाएगी तथा इस विराम अवकाश में वह अपनी शिक्षा पूरी कर लेगा।

**6.** *(c)* न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि संस्था के कर्मचारी अपनी नौकरी छोड़ दे ऐसा निर्णय नहीं लिया जाएगा तथा कथन में अगले वर्ष की बात कहीं नहीं की गई है।

**7.** *(a)* कोई भी अनुदेश इस आधार पर दिया जाता है कि लोग उसका पालन करें। अतः केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि कॉलेज प्रशासन का सेल फोन बन्द करने का अनुदेश देने के पीछे यह पूर्वधारणा अन्तर्निहित है कि छात्र सेल फोन का प्रयोग बन्द कर देंगे।

**8.** *(d)* कथन में दोनों ही पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कर लगाने के उद्देश्य से यह स्पष्ट हो रहा है कि जब कोई नियम बनाया जाता है, तो वह सर्वमान्य होता है तथा लोग उसका पालन करते हैं।

**9.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि यहाँ कथन में स्थानीय नागरिकों के समूह ने अपने खर्च पर बगीचे को बनवाने की बात कही है। अतः हो सकता है कि स्थानीय नागरिकों का समूह बगीचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त निधि एकत्र कर ले।

**10.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि इन कार्यक्रमों के लिए सरकार के पास पर्याप्त निधि है तथा इससे प्रभावित लोगों को खाना भी मिल जाएगा।

**11.** *(d)* न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि विनियामक निकाय राज्य के इन्जीनियरिंग कॉलेजों द्वारा माँगी गई अतिरिक्त सीटों को मंजूर कर भी सकता है और नहीं भी। साथ ही यह भी नहीं कहा जा सकता कि इन्जीनियरिंग कॉलेज की सीटों को भरने के लिए आवेदन प्राप्त हो या न हो।

**12.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि हो सकता है कि गर्मी की लहर एक पखवाड़े से ज्यादा न चले। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने अगले पखवाड़े तक सारे स्कूलों को बन्द करने के लिए कहा है।

**13.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि यदि इस पद्धति की अपनाया गया है इसका तात्पर्य यह है कि देश के सभी भागों के उम्मीदवार कम्प्यूटर पर परीक्षा देने में सक्षम हैं साथ ही यह पूर्वधारणा भी निकाली जा सकती है कि ऑन-लाइन पद्धति से अधिक योग्य लोगों को भर्त्ती करने में सहायता मिलेगी।

**14.** *(d)* न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि प्रदूषण सिर्फ फैक्ट्रियों से ही पैदा नहीं होता है तथा लोगों को पुनर्स्थापित फैक्ट्रियों तक रोजाना यात्रा करने में परेशानी हो सकती है।

**15.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि मुआवजा नागरिकों के मन में वर्तमान सरकार के खिलाफ गुस्सा कम कर सकता है।

**16.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि इससे अबोध नागरिक अपनी मेहनत की कमाई को धोखे में गवाने से बच सकते हैं।

**17.** *(b)* चूँकि शुभरा एक महत्त्वपूर्ण बैठक को छोड़कर चली गई। अतः यह अनुमान लगाया जा सकता है कि शुभरा एक कामकाजी माता है। अतः केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

**18.** *(b)* दिया गया कथन एक प्रकार का विज्ञापन है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उन्हें सॉफ्टवेयर इन्जीनियर की आवश्यकता है।
अतः केवल धारणा II अन्तर्निहित है।

**19.** *(a)* शिक्षक के चेतावनी देने पर छात्र शिक्षक की बातों पर ध्यान दे सकता है। यह पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है, परन्तु सजा छात्रों को अनुशासित करने का सबसे अच्छा तरीका है, यह हम स्पष्ट रूप से नहीं कह सकते हैं।
अतः पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**20.** *(c)* कथन में कहा गया है कि यदि आप ऐरोबिक्स में सुप्रशिक्षित होना चाहते हैं, तो ऐरोबिक्स विशेषज्ञ मनीषा से प्रशिक्षण लें। इससे न तो यह अनुमान लगता है कि मनीषा भारत की सबसे अच्छी ऐरोबिक्स प्रशिक्षिका है और न ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐरोबिक्स में मनीषा के अलावा कोई अन्य प्रशिक्षक/प्रशिक्षिका नहीं है।

**21.** *(d)* दोनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं। यदि आर्थिक विकास का निष्पादन वांछनीय नहीं है, तो कथन अर्थहीन है। फिर कहा गया है कि आर्थिक विकास के निष्पादन के लिए व्यक्तियों को कठिन परिश्रम करना चाहिए। इसका अर्थ हुआ कि कठिन श्रम करना सम्भव है।

**22.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है। कथन से यह स्पष्ट है कि वह अध्यवसायी है इसलिए वह गरीब है।

**23.** *(a)* खतरे की आशंका को देखते हुए ही कोई चेतावनी जारी की जाती है। अतः यह अनुमान लगाया जा सकता है कि लिफ्ट का उपयोग करना सदैव सुरक्षित नहीं है।
अतः केवल पूर्णधारणा I अन्तर्निहित है।

**24.** *(d)* दोनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि सामान्यतः स्वयं ही विज्ञान का अध्ययन करने में कठिनाई होती है तथा विज्ञान को पढ़ना प्रत्येक के लिए वांछनीय भी है।

**25.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है। यदि दरें प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर आधारित नहीं है, तो कथन अर्थहीन हो जाएगा।

**26.** *(a)* मोटर में चालक दर्पण पीछे के यातायात को देखने के लिए लगाया जाता है। जिससे कि चालक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अतः केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।

**27.** *(b)* सरल होने के कारण अभियन्ता बनने की अनिच्छा व्यक्ति के कठिन लक्ष्य को प्राप्त करने की इच्छा का परिचायक है। अतः केवल पूर्वानुमान II ही अन्तर्निहित है।

**28.** *(c)* कथनानुसार, X पुरुषों को सुन्दर बनाने वाली क्रीम के विज्ञापन के प्रभाव पर सर्वेक्षण करना चाहता है। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि दोनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

**29.** *(b)* कथन एवं पूर्वानुमान II दोनों एक-दूसरे के समानार्थक हैं, परन्तु पूर्वानुमान I का कथन से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः केवल पूर्वानुमान II ही अन्तर्निहित होगा।

**30.** *(d)* कोई भी पूर्वधारणा कथन से सम्बन्धित नहीं है। यद्यपि मघ-निषेध से धन प्राप्त होता है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि सुखपूर्वक जीवन भी बिता सके, क्योंकि सुख का आधार केवल धन ही नहीं है।

**31.** *(a)* चूँकि कथन में कहा गया है कि जनसम्पर्क साधनों द्वारा अत्यधिक हिंसा के प्रदर्शन के कारण आक्रामक छेड़छाड़ में वृद्धि हो रही है। दूरदर्शन (टीवी) जनसम्पर्क का एक प्रमुख साधन है। इसलिए इसमें यह स्पष्ट पूर्वधारणा बनती है कि दूरदर्शन (टीवी) का दर्शकों पर प्रभाव पड़ता है। अतः केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।

**32.** *(b)* चूँकि कथन में 'उत्कृष्टता' पर ही जोर दिया गया है। इसलिए स्पष्ट रूप से यह पूर्वधारणा बनती है कि केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए ही पुरस्कार मिलता है।

**33.** *(b)* चूँकि कथन का आशय प्रसन्न रहने से है। इसलिए यह पूर्वधारणा बनती है कि हँसने से प्रसन्नता प्राप्त होती है।

**34.** *(c)* कथनानुसार, रोते हुए बच्चे माता-पिता का ध्यान अधिक आकर्षित कर पाते हैं, इससे यह पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि बच्चे अच्छी तरह से संवाद करने में असमर्थ हैं। साथ ही यह भी पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि माता-पिता अपने कामों में उलझ जाते हैं और बच्चों को स्वयं ही खेलने के लिए छोड़ देते हैं। इससे स्पष्ट है कि दोनों पूर्वानुमान कथन में निहित हैं।

**35.** *(b)* चूँकि इस वर्ष वर्षा भी अच्छी हुई है तथा उचित ध्यान भी दिया गया है। अतः किसान अच्छी फसल की आशा कर रहे हैं। अच्छी फसल के लिए वर्षा ही एकमात्र कारक नहीं है जबकि किसान लोग अन्य सावधानियाँ भी बरतते हैं। अतः केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

**36.** *(a)* बेहतर स्वास्थ्य तथा विटामिनों की पूर्ति के लिए गोलियों की अपेक्षा फल खाना ज्यादा लाभदायक रहता है, क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के लिए विटामिन आवश्यक है।
अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**37.** *(d)* बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने का दिन नजदीक आने पर छात्र दबाव महसूस करने लगते हैं यह एक स्वभाविक प्रक्रिया है। इससे यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि किसी अन्य परीक्षा के अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा के दौरान चिंता का स्तर अधिक रहता है और न ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कुछ छात्र दूसरों के अतिरिक्त अधिक चिन्तित होते हैं, अतः न तो पूर्वधारणा I और न ही II अन्तर्निहित है।

**38.** *(b)* कथनानुसार नौकरी के लिए केवल प्रथम श्रेणी के विज्ञान स्नातक ही पात्र है इसके आधार पर यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि विज्ञान के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के स्नातक छात्र उतने बौद्धिक नहीं हैं। हाँ, यह सही है कि स्नातक स्तर पर विज्ञान के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रम भी हैं। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**39.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I तथा II दोनों ही कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि धूम्रपान अनुमत और धूम्रपान वर्जित क्षेत्र अलग-अलग होते हैं। साथ ही कुछ लोग ऐसे भी हैं जोकि धूम्रपान नहीं करते हैं।

**40.** *(d)* न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि यह आवश्यक नहीं है कि विश्वविद्यालय में दाखिल सभी छात्रों के घर पर इण्टरनेट का एक्सेस हो। परिणाम दोनों जगह होने पर छात्र अपनी सुविधानुसार कहीं भी परिणाम देख सकते हैं।

**41.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मिट्टी में पोषक तत्वों की फिर से भराई के लिए प्रत्येक वैकल्पिक मौसम में अलग-अलग प्रकार की फसलें उगाना आवश्यक है।

**42.** *(e)* पूर्वधारणा I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं, क्योंकि रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद प्रयोग करने से उपज बढ़ने के आसार हैं। साथ-ही-साथ यह भी सत्य है कि रासायनिक खाद से सेहत पर कुछ बुरे प्रभाव भी पड़ते हैं।

**43.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि यह सत्य है कि खाद्य पदार्थों को लम्बे समय तक डीप फ्रिज में रखने पर भी वह खाने योग्य बने रहते हैं।

**44.** *(a)* मान्यता I सीधे साफ तौर से कथन का अनुसरण करती है।
मान्यता II कथन का अनुसरण नहीं करती, क्योंकि कथन में 'अन्य योजना' का वर्णन नहीं है।

**45.** *(b)* मान्यता I कथन का अनुसरण नहीं करती है। मान्यता II कथन का अनुसरण करती है, क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्रों में भोजन की खराबी का वैध कारण है।

**46.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि किसी भी कम्पनी का CEO उत्पादों के बारे में समझ (पर्सेप्शन) को बदल सकता है।

**47.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि लोगों के लिए इंजन का प्रकार/सीरीज महत्त्वपूर्ण है तथा लोग के-सीरीज इंजन के बारे में जानते भी हैं।

**48.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि दोनों को ही लंच का समय मालूम है तथा दोनों ही लंच की जगह के बारे में जागरूक है।

**49.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि प्रतिभावान व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा विकसित करनी पड़ती है। जबकि यह धारणा गलत है कि प्रतिभा आनुवंशिक होती है।

**50.** *(b)* दिए गए कथन के अनुसार फिल्म सुपर डुपर हिट है और उसने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं से तात्पर्य है कि लोगों को पिछली फिल्मों के प्रदर्शन की जानकारी है जबकि हिट या फ्लॉप का निर्णय करने के लिए कोई प्रमाणिक मापदण्ड नहीं होता है। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**51.** *(d)* दिए गए कथन के अनुसार विदेशी भाषा का पाठ्यक्रम सीखकर ऊँचे वेतन वाली नौकरी पाई जा सकती है लेकिन ऐसा नहीं है कि उन सभी को ऊँचे वेतन वाली नौकरी मिले जो विदेशी भाषा पढ़ते हैं तथा केवल विदेशी भाषा के आधार पर ही कोई ऊँचे वेतन वाली नौकरी पा सकता है। अतः न तो पूर्वधारणा I और न ही II कथन में अन्तर्निहित है।

**52.** *(b)* दिए गए कथनानुसार शिक्षा के अधिकार को एक बड़ा राष्ट्रीय आन्दोलन बनाने के लिए छात्रों के लिए स्कूल के परिवेश को डर, सदमे और चिन्ता से मुक्त बनाया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे स्कूल में बहुत चिन्ता और तनाव महूसस करते हैं। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**53.** *(b)* दिए गए कथन से ज्ञात होता है कि पशु व्यापारी के पास कछुए को खतरा है जिसके कारण अभिनेता ने उसे खरीद लिया लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि वह उसे बेच देगा। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**54.** *(e)* दिए गए कथन से ज्ञात होता है कि कार निर्माता कम्पनी ने कार के नये मॉडल में इंजन वही पुराना लगाया है। यह भी सत्य है कि खरीदार के लिए वाहन की शक्लोसूरत महत्त्वपूर्ण है, इंजन का प्रदर्शन इतना आवश्यक नहीं है। अतः पूर्वधारणा I व II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**55.** *(d)* न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि पर्याप्त मात्रा में सिंह बचे है या नहीं इस विषय में कथन में कुछ नहीं कहा गया है साथ ही सिंहों को अभ्यारण्यों में न रखकर कैद में रखने से ही तस्करों से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।

**56.** *(c)* पूर्वधारणा I और II दोनों प्रभावशाली हैं, क्योंकि नदियों के संरक्षण से जल संकट तो स्वाभाविक रूप से कम होगा ही तथा जल के संरक्षण से जीवन तन्त्र की रक्षा भी होगी।

**57.** *(c)* पूर्वधारणा I और II दोनों प्रभावशाली हैं, क्योंकि सूचना के अधिकार अधिनियम के कारण पारदर्शिता तो आती ही है और साथ ही सरकारी विभागों की जवाबदेही भी निश्चित होती है।

**58.** *(b)* देश में उच्च न्यायालय होने का अर्थ यह नहीं कि निचले न्यायालय कुशल नहीं हैं, परन्तु यह जरूर सम्भव है कि निर्णय में त्रुटि हो सकती है, यदि निचले न्यायालय के न्याय से नागरिक सन्तुष्ट न हो, तो वह उच्च न्यायालय में जा सकता है।

**59.** *(a)* संसदीय लोकतन्त्र समग्र राय का प्रतिनिधित्व करता है। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या संसद में रख सकते हैं तथा उचित-से-उचित कानून भी बनाने के प्रयास कर सकते हैं।

**60.** *(a)* परिवीक्षा अवधि का उद्देश्य अधिक काम करवाना नहीं होता नियोक्ता को इससे यह ज्ञात होता है कि कर्मचारी काम की कितनी समझ रखता है, व कार्यस्थल पर उसका व्यवहार कैसा है। परिवीक्षा अवधि एक प्रकार से नियोक्ता को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी होती है।

**61.** *(b)* दिए गए कथन से यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि अगले छः महीने तक शहर में कोई और एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं खेला जाएगा किन्तु ऐसी सम्भावना है कि कतार में खड़े अधिकांश लोगों को एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट मिल जाएँ।

**62.** *(a)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि हाइवे पुलिस अथॉरिटी ने नियमित दूरी पर गति सीमा और अधिक गति के खतरों को निर्दिष्ट करने वाले बड़े-बड़े बोर्ड लगाए हैं। जिससे सभी वाहन चालक हाइवे पर अपने वाहन गति सीमा के भीतर ही चलाएँगे।
अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**63.** *(a)* केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है, क्योंकि प्रबन्धन ने कर्मचारी संघ की कई माँगों को नहीं माना था जिससे यह सम्भव है कि संघ के अधिकांश सदस्य कार्यक्रम में भाग ही न लें।

**64.** *(b)* दिए गए कथनानुसार, गाँव में पीने के पानी की गम्भीर कमी की समस्या पर चर्चा करने के लिए गाँव के सरपंच ने सभी परिवारों के मुखियाओं की बैठक बुलाई तथा अधिकांश परिवारों के मुखिया ने सरपंच द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लिया।
अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**65.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I तथा II दोनों ही अन्तर्निहित हैं, क्योंकि मानसून के दौरान तटों के किनारे झोपड़ियों में रहने वाले कुछ लोग शहर छोड़ सकते हैं या राज्य में कहीं ओर जाकर रह सकते हैं या यह भी सम्भव है कि कुछ लोग ऊँची जगहों पर जाकर रहने की कोशिश करें।

## प्रकार 2. तीन/ चार पूर्वधारणाओं पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में एक परिच्छेद/सन्दर्भ/कथनों का समूह और उसके बाद तीन-या-तीन से अधिक पूर्वधारणाएँ दी गई होती हैं। अभ्यर्थियों को कथनों में दी गई जानकारी का अवलोकन करके अन्तर्निहित पूर्वधारणा का चयन करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 17-19) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद तीन पूर्वधारणाएँ I, II और III दी गई हैं। किसी चीज का अनुमान लगाना या बिना प्रमाण के मान लेना पूर्वधारणा कहलाती है। आपको कथन और उसके बाद दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?

***उदाहरण* 17.** नीचे दिए गए कथन तथा पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें कि कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं?

**कथन** घाटे की पूर्ति हेतु टैक्स बढ़ाए जाएँ।

**पूर्वधारणाएँ** I. वर्तमान में कर बहुत कम है।

II. बजट में घाटा वांछनीय नहीं है।

III. बिना कर बढ़ाए हुए घाटा पूरा नहीं किया जा सकता।

***(UKPSC Pre 2014)***

(a) I और II (b) I और III (c) केवल III (d) II और III

***व्याख्या*** (a) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों ही कथन में अन्तर्निहित हैं, क्योंकि बजट में घाटा वांछनीय नहीं होगा, इसलिए आपूर्ति की जा रही है। चूँकि कर बढ़ाने की बात की जा रही है तो ऐसा तभी किया जा सकता है, जब कर पहले से कम हो। पूर्वधारणा III इसलिए सही नहीं है, क्योंकि घाटा पूरा करने के और भी साधन हो सकते हैं, यह एकमात्र साधन नहीं है।

***उदाहरण* 18.** खेल खेलना शुरू करने से पहले निर्देश पढ़ें।

**पूर्वधारणाएँ** I. खेल आयोजित किया जा रहा है।

II. कोई भी अंधा व्यक्ति खेल नहीं खेल रहा है।

III. खिलाड़ी साक्षर हैं। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है (b) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) केवल I अन्तर्निहित है (d) सभी अन्तर्निहित हैं

***व्याख्या*** (d) खेल खेलने से पहले यदि निर्देश पढ़ने को कहा गया है, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि खेल आयोजित किया जा रहा है तथा कोई अंधा व्यक्ति खेल नहीं खेल रहा है। साथ ही खिलाड़ी साक्षर हैं। तीनों अवधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

***उदाहरण* 19. कथन** यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक प्रेमिका वफादार ही हो।

**पूर्वधारणाएँ** I. सभी प्रेमिकाएँ वफादार होती हैं।

II. कुछ प्रेमिकाएँ बेवफा होती हैं।

III. प्रेमी प्रायः प्रेमिका से वफा की आशा रखते हैं।

(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) केवल III अन्तर्निहित है (d) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) I और या तो II या III अन्तर्निहित हैं

***व्याख्या*** (d) पूर्वधारणाएँ II और III अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कुछ प्रेमिकाएँ बेवफा होती हैं, इसलिए कथन में प्रत्येक प्रेमिका पर जोर दिया गया है। साथ-ही-साथ आवश्यक नहीं, इस बात को अभिव्यक्त करता है कि प्रेमी प्रायः प्रेमिका से वफा की आशा रखते हैं अर्थात् प्रेमी प्रत्येक प्रेमिका से वफा की आशा रखते हैं। पूर्वधारणा I अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक प्रेमिका वफादार ही हो अर्थात् सभी प्रेमिकाएँ वफादार नहीं होती हैं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 20 और 21) *नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन की तीन पूर्वधारणाएँ दी गई हैं। विकल्पों के माध्यम से सही उत्तर का चुनाव करें।*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(b) पूर्वधारणा I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) पूर्वधारणाएँ I, II और III अन्तर्निहित हैं
(d) कोई भी पूर्वधारणा अन्तर्निहित नहीं है

**उदाहरण 20. कथन** ''किराये के लिए मकान की आवश्यकता है।'' एक विज्ञापन

**पूर्वधारणाएँ** I. मकान प्रायः किराये के लिए उपलब्ध रहते हैं।

II. लोग इस विज्ञापन को पढ़ेंगे और प्रत्युत्तर देंगे।

III. मकान किराये पर देने हेतु विज्ञापन देना आवश्यक रहेगा।

***(SSC FCI 2013)***

***व्याख्या*** (b) विज्ञापन के आधार पर कहा जा सकता है कि मकान प्रायः किराये के लिए खाली होते हैं तथा जिसे आवश्यकता होती है वह उसका प्रत्युत्तर भी देता है। अतः दिया गया कथन दोनों पूर्वधारणाओं I और II में अन्तर्निहित हैं।

***उदाहरण* 21. कथन** शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में सप्ताहान्त में ग्राहकों की भीड़ को कम करने के लिए सरकार ने इन कॉम्प्लेक्सों को आधी रात तक खुला रखने की अनुमति देने का फैसला किया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. तब भी हो सकता है, लोग सप्ताहान्त में खरीदारी करना पसन्द करें।

II. अब बहुत-से लोग अपनी खरीदारी आराम से देर शाम को कर सकते हैं।

III. हो सकता है, इन शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों की बिक्री सरकार के लिए अधिक राजस्व उत्पन्न करे।

***व्याख्या*** (a) पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि यह सोचकर कि लोग देर शाम तक अपनी खरीदारी आराम से करें, दुकान खुलने का समय बढ़ाया गया है।

***उदाहरण* 22.** निम्नलिखित कथन व पूर्वधारणाओं को पढ़िए और निश्चय कीजिए कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?

**कथन** मित्रों के एक समूह ने लोगों की भीड़ से बचने के लिए अगले अवकाश के समय दमदमा झील पर पिकनिक पर जाने का निर्णय लिया।

**पूर्वधारणाएँ** I. सामान्यतः अधिकांश लोग दमदमा झील नहीं जाते हैं।

II. लोग दमदमा झील के अलावा अन्य स्थानों को पसन्द करते हैं।

III. बहुत-से लोगों को दमदमा झील के बारे में पता नहीं है।

IV. बहुत-से लोग दमदमा झील पसन्द करते हैं।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) सभी अन्तर्निहित हैं

***व्याख्या*** (a) केवल पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, क्योंकि कथनानुसार मित्रों का समूह भीड़ से बचने के लिए दमदमा झील पिकनिक पर जाना चाहता है, तो इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि सामान्यतः अधिकांश लोग दमदमा झील पर नहीं जाते होंगे। पूर्वधारणाएँ II और III के बारे में कथन से कोई जानकारी नहीं मिलती है, इसलिए ये अस्तित्वहीन है। पूर्वधारणा IV भी सही नहीं हो सकती है, क्योंकि यदि बहुत-से लोगों को दमदमा झील पसन्द होती है, तो यह निश्चित है कि वहाँ भीड़ भी होती।

# प्रश्नावली 4.2

**निर्देश** (प्र. सं. 1-5) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद तीन पूर्वधारणाएँ I, II और III दी गई हैं। किसी चीज का अनुमान लगाना या बिना प्रमाण के मान लेना पूर्वधारणा कहलाता है। आपको कथन और उसके बाद दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(Corporation Bank PO 2005)***

***1.*** **कथन** ''हमारी दुकान से विविध प्रकार की चीजें खरीदिए और 20% तक छूट पाइए।'' एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. छूट का लाभ लेने के लिए सभी लोग दुकान में आएँगे।
II. छूट नहीं दी गई, तो ग्राहक किसी अन्य दुकान में जाएँगे।
III. छूट देना ग्राहकों को आकर्षित करने का सर्वोत्तम तरीका है।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) केवल III अन्तर्निहित है
(d) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***2.*** **कथन** ''लाभकारी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के विरोध में सरकारी संगठनों के कर्मचारियों ने एक दिन की टोकन हड़ताल की थी।''

**पूर्वधारणाएँ** I. सरकार कर्मचारियों की राय पर अनुकूलता से विचार कर सकती है।
II. हड़ताल, लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन हेतु प्रयुक्त सर्वाधिक लोकप्रिय साधन है।
III. हड़ताल से सरकार पर दबाव पड़ेगा और वह अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य होगी।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) I, II और III अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***3.*** **कथन** ''अत्यधिक भीड़ टालने के लिए पर्यावरणविदों की अपील के बावजूद शहर का नगर निगम बिल्डरों को शहर में बहुत ऊँची बिल्डिंगें बनाने की अनुमति दे रहा है।''

**पूर्वधारणाएँ** I. नगर निगम क्षेत्र की नवनिर्मित बिल्डिंगों के लिए आवश्यक न्यूनतम आधारिक संरचना उपलब्ध कराएगा।
II. निगम को ऊँची बिल्डिंगों से कर के रूप में अच्छी कमाई की प्रत्याशा है।
III. निगम ने क्षेत्र के निवासियों को विश्वास में लिया है और उन्हें आश्वस्त किया है कि नए निर्माण से उन्हें कोई असुविधा नहीं होगी।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) केवल III अन्तर्निहित है
(d) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***4.*** **कथन** ''हमारा स्कूल, बस सेवा, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, खेलकूद आदि जैसी सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। यह पढ़ाई के अतिरिक्त विविध पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेने का अवसर भी देता है।'' एक पब्लिक स्कूल का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. आजकल केवल पाठ्येत्तर गतिविधियों को पढ़ाई से अधिक महत्त्व दिया जाता है।
II. बहुत-से माता-पिता अपने बच्चों को इस स्कूल में भेजना पसन्द करेंगे, क्योंकि यह सभी सुविधाएँ देता है।
III. बहुत-सी महिलाएँ काम करती हैं, इसलिए बच्चे का समग्र रूप से ध्यान रखा जाना समय की माँग बन गया है।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) I, II और III अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***5.*** **कथन** ''प्रथम श्रेणी के स्नातक हमारे संस्थान में MBA पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हैं।''–एक प्रबन्धन संस्थान का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. केवल प्रथम श्रेणी के स्नातक MBA पाठ्यक्रमों की पढ़ाई का भार वहन कर सकते हैं।
II. प्रथम श्रेणी के स्नातक बहुत हैं, जो सम्भवतः MBA में प्रवेश हेतु आवेदन करेंगे।
III. प्रथम श्रेणी से कम वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाने पर संस्थान की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ सकता है।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) केवल III अन्तर्निहित है
(d) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) I, II और III अन्तर्निहित हैं

**निर्देश** (प्र. सं. 6-8) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद तीन पूर्वधारणाएँ I, II और III दी गई हैं। किसी चीज का अनुमान लगाना या बिना प्रमाण के मान लेना पूर्वधारणा कहलाता है। आपको कथन और उसके बाद दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(Andhra Bank PO 2008)***

***6.*** **कथन** ''यदि आप कम-से-कम 65% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी वाले स्नातक हैं, तो आप हमारी संस्था में अधिकारी के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।'' अधिकारियों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. ऐसे आवेदन पर्याप्त संख्या में हो सकते हैं, जो निर्धारित शैक्षणिक योग्यता पूरी करते हों।
II. हो सकता है 65% से कम अंकों वाले स्नातक नौकरी में अच्छा कार्य निष्पादन न कर सकें।
III. हो सकता है स्नातक में 65% या उससे ज्यादा अंकों वाले विद्यार्थी नौकरी में अच्छा कार्य निष्पादन कर सकें।

(a) सभी अन्तर्निहित हैं
(b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***7.*** **कथन** ''यदि आप यूरोप में शानदार छुट्टियाँ मनाना चाहते हैं, तो हमारे खास यूरो पैकेज में शामिल हो जाइए।'' एक भारतीय समाचार-पत्र में ट्रेवल एजेन्सी का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. बहुत-से भारतीय छुट्टियाँ मनाने के लिए यूरोपीय देशों की यात्रा करते हैं।
II. भारत में अन्य ट्रेवल एजेन्सियाँ हैं, जो यूरोप के लिए हॉलिडे टूर आयोजित करती हैं।
III. बहुत-से लोग अभी भी अन्य ट्रेवल एजेन्सियों के जरिए यूरोप की यात्रा करते हैं।

(a) सभी अन्तर्निहित हैं
(b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) केवल I अन्तर्निहित है
(d) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***8.*** **कथन** इलाके में बाढ़ से प्रभावित बहुत-से लोग राज्य सरकार द्वारा लगाए गए राहत शिविर में भोजन, पानी और आश्रय के लिए इकट्ठे हो गए।

**पूर्वधारणाएँ** I. इलाके में प्रभावित लोगों को भोजन और पानी उपलब्ध कराने के लिए राहत शिविर में पर्याप्त सामग्री है।
II. उन सभी को अस्थायी शेल्टरों में जगह दी जा सकेगी, जिनके घर पानी में डूबे हैं।
III. और बहुत-से प्रभावित लोग अभी राहत शिविर में नहीं पहुँचे हैं।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) II अन्तर्निहित है
(d) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 9-14) *नीचे दिए हुए प्रत्येक प्रश्न में एक वक्तव्य दिया गया है जिसके नीचे तीन या चार पूर्वधारणाएँ दी गई हैं। इन पूर्वधारणाओं को I, II, III तथा IV अंकित किया गया है। किसी भी पूर्वधारणा को यदा-कदा स्वीकार कर लिया जाता है। आपको व्यक्तव्य एवं पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना है कि पूर्वधारणाओं में से कौन-सी वक्तव्य में अन्तर्निहित है?* ***(GIC AO 2008)***

***9.*** **वक्तव्य** पिछले सात दिनों में टिकटों की बिक्री को देखते हुए अधिकारियों ने खेल को अगले पन्द्रह दिन तक चालू रखने का निर्णय लिया। इनमें सप्ताहों के अन्त के दो दिन भी शामिल हैं।

**पूर्वधारणाएँ** I. लोग सप्ताह के दिनों में खेल देखने नहीं आएँगे।
II. सरकस देखने आने वाले लोगों की औसत संख्या लगभग वही होगी जो पिछले सात दिनों में थी।
III. दूसरे स्थानों पर पर्याप्त प्रतिक्रियाएँ नहीं होंगी।

(a) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) केवल III अन्तर्तिहित है
(e) इनमें से कोई नहीं

***10.*** **वक्तव्य** राष्ट्रीय विमान-वाहक ने टाउन 'A' से टाउन 'B' की साप्ताहिक वायुसेवा आरम्भ करने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. संचालन को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए पर्याप्त यात्री होंगे।
II. अन्य वाहक इस प्रकार की सेवा आरम्भ नहीं करेंगे।
III. इन टाउनों के आस-पास रहने वाले व्यक्ति हवाई यात्रा का खर्चा बर्दाश्त कर सकते हैं।

(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं (d) सभी अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***11.*** **वक्तव्य** ''तुरन्त आधिपत्य के लिए न्यायालय क्षेत्र में एक दो शयनकक्ष फ्लैट की आवश्यकता है'' एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. न्यायालय क्षेत्र में फ्लैट उपलब्ध हैं।
II. कुछ व्यक्ति विज्ञापन का जवाब देंगे।
III. इस प्रकार के विज्ञापन देने की एक प्रथा है।

(a) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) केवल III अन्तर्निहित है (d) सभी अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***12.*** **वक्तव्य** खुले बाजार में चीनी के हाल में मूल्यों के अचानक बढ़ने के मद्देनजर, सरकार ने खुले बाजार में आयातित चीनी की बहुत अधिक मात्रा निकालने के लिए डीलरों को कहा है।

**पूर्वधारणाएँ** I. डीलर सरकार के निर्देशों का अनुसरण करेंगे।
II. चीनी के मूल्य नीचे आएँगे।
III. देशी चीनी के दाम नहीं बदलेंगे।

(a) I और II अन्तर्निहित है (b) I और III अन्तर्निहित हैं
(c) II और III अन्तर्निहित हैं (d) कोई अन्तर्निहित नहीं हैं

***13.*** **वक्तव्य** हाल में आयोजित ऑल इण्डिया कॉमर्स कॉन्फरेन्स में मैनेजमेन्ट ऑफ सर्विसेज सेक्टर इन इण्डिया पर एक सत्र ने आश्चर्यजनक रूप से एक बड़ी संख्या में सहभागियों को आकर्षित किया तथा मुख्य अखबारों में बहुत अच्छी मीडिया कवरेज प्राप्त की।

**पूर्वधारणाएँ** I. लोग सेवा क्षेत्र से इतनी अच्छी प्रोत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं रखते थे।
II. सेवा क्षेत्र/भारत में उचित प्रकार से प्रतिबन्धित नहीं है।
III. मीडिया सदैव सेवा क्षेत्र की ओर बहुत अधिक धनात्मक है।

(a) केवल I अन्तर्निहित हैं (b) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं (d) सभी अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***14.*** **वक्तव्य** टेलीफोन कम्पनी के ग्राहकों को नोटिस भेजकर सूचित किया गया है कि जो देय तिथि तक बिल का भुगतान नहीं करेंगे उनसे प्रत्येक अदायगी दिन के लिए जुर्माना लिया जाएगा।

**पूर्वधारणाएँ** I. अधिकांश लोग जुर्माने से बचने के लिए देय तिथि तक अपने बिलों का भुगतान कर देंगे।
II. जुर्माने के रूप में इकट्ठा किया हुआ धन देरी से हुए भुगतान से हुई हानि को पूरा कर देगा।
III. लोग सामान्यतः इस प्रकार के नोटिसों की ओर ध्यान देते हैं।
IV. लोग जुर्माना देना पसन्द करते हैं।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) केवल III अन्तर्निहित है
(d) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 15-19) *नीचे दिए हुए प्रत्येक प्रश्न में एक वक्तव्य दिया गया है, जिसके नीचे तीन पूर्वधारणाएँ I, II तथा III दी गई हैं। एक पूर्वधारणा कभी-कभी मान ली जाती है या स्वीकार कर ली जाती है। आपने वक्तव्य एवं पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना है कि पूर्वधारणाओं में से कौन-सी वक्तव्य में अन्तर्निहित है/हैं?* ***(BOI AO 2010)***

***15.*** **वक्तव्य** खरीफ की फसल के मौसम से पहले सरकार ने भारतीय खाद्य निगम से बहुत अधिक मात्रा में खाद्यान्न निकालने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. बाजार में इस समय खाद्यान्न की कमी हो सकती है।
II. खरीफ की फसल भारतीय खाद्य निगम के भण्डार को फिर से भरने योग्य हो सकती है।
III. किसानों द्वारा खरीफ की उपज को फसल के तुरन्त बाद उपार्जन करने की माँग हो सकती है।

(a) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है
(b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) सभी अन्तर्निहित हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***16.*** **वक्तव्य** भारत में रोजगार की स्थिति में सुधार लाने के लिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में दैनिक जीवन में वैज्ञानिक खोजों को कार्यान्वित करने की ओर नया रूप देने की आवश्यकता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. विद्यार्थी ऐसी शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् अपना जीवन निर्वाह करने के लायक हो सकते हैं।
II. यह रोजगार के अवसरों में बढावा ला सकता है।
III. राज्य अधिक राजस्व प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि अधिक-से-अधिक व्यक्ति अपने आपको स्वरोजगार में लगाएँगे।

(a) I और II अन्तर्निहित हैं (b) केवल III अन्तर्निहित हैं
(c) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं (d) केवल II अन्तर्निहित नहीं हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***17.*** **वक्तव्य** लाभ में वृद्धि करने के लिए तेल निर्यात करने वाले देशों ने प्रतिदिन 5 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन कम करने का निर्णय लिया।

**पूर्वधारणाएँ** I. कच्चे तेल का मूल्य कम उत्पादन के कारण बढ़ सकता है।
II. भविष्य में कच्चे तेल की माँग वहीं रह सकती है।
III. अन्य देश इन देशों से कच्चा तेल खरीदना जारी रख सकते हैं।

(a) सभी अन्तर्निहित हैं
(b) II और III अन्तर्निहित हैं
(c) I और II अन्तर्निहित हैं
(d) केवल III अन्तर्निहित है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**18.** **वक्तव्य** ''हम नहीं चाहते कि आप हमारा उत्पाद समाचार-पत्रों में देखें, पर्यवलोकन के लिए हमारी दुकान पर पधारें'', एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. व्यक्ति सामान्यतः विज्ञापन में नाम देखने के पश्चात् किसी उत्पाद को खरीदने का निर्णय लेते हैं।

II. असामान्य निवेदन ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं।

III. व्यक्ति उत्पाद को देखने आ सकते हैं।

(a) सभी अन्तर्निहित हैं (b) I और III अन्तर्निहित हैं
(c) II और III अन्तर्निहित हैं (d) I और II अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

**19.** **वक्तव्य** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को बड़े बकायदारों को नये कर्जे देने से मना करने का निर्देश दिया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. बैंक फिर भी बड़े बकायदारों को कर्ज दे सकते हैं।

II. बकायादार नया कर्ज प्राप्त करने के लिए पहले कर्ज का भुगतान कर सकते हैं।

III. बैंक ऐसी कठोर कार्यवाहियों से पुराने कर्ज भी वसूल कर सकते हैं।

(a) सभी अन्तर्निहित हैं (b) I और III अन्तर्निहित हैं
(c) II और III अन्तर्निहित हैं (d) I और II अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 20-22) *इनमें से प्रत्येक कथन के बाद तीन या चार पूर्वधारणाएँ* I, II, III *तथा* IV *दी गई हैं। कथन व पूर्वधारणाओं को पढ़कर निर्णय लीजिए कि कौन-सी पूर्वधारणाएँ प्रश्न में अन्तर्निहित हैं?*

**20.** **कथन** परिधान कम्पनी के प्रबन्धक ने घोषणा की, ''हम अपनी कम्पनी का विस्तार करने जा रहे हैं, इसलिए हमें अधिक दर्जियों की नियुक्ति करना जरूरी है।''

**पूर्वधारणाएँ** I. मौजूदा दर्जी आधुनिक डिजाइन नहीं बना पा रहे हैं।

II. विस्तार करने के बाद अधिक बिक्री होगी।

III. विस्तार करने से पहले अधिक उत्पादन करने की आवश्यकता है। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) III और I दोनों अन्तर्निहित हैं (d) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं

**21.** **कथन** रंजीत ने अपने मित्र संदीप से कहा ''यह सरप्राइज गिफ्ट मेरे लिए बेहद खास है''।

**पूर्वधारणाएँ** I. गिफ्ट उसकी पत्नी द्वारा दिया गया है।

II. संदीप और रंजीत मित्र हैं।

III. यह गिफ्ट रंजीत के लिए सरप्राइज था।

***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

(a) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(b) केवल I दोनों अन्तर्निहित है
(c) I और III दानों अन्तर्निहित हैं
(d) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं

**22.** **कथन** सरकार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि जब भी सम्भव हो अपनी दैनिक गतिविधियाँ पूरी करने के लिए कागज का प्रयोग करने के बजाए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग करें, क्योंकि कागज बनाने के लिए बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं जिससे पारिस्तिथिक तंत्र (Ecosystem) को भारी नुकसान पहुँचता है। उपरोक्त कथन में निम्न में से कौन-सी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं?

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है कि कई लोग अपने दैनिक कार्य पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग करने में सक्षम हों।

II. हो सकता है कि कई लोगों की अपनी दैनिक गतिविधियाँ को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक पहुँच ना हो।

III. हो सकता है कि व्यापक रूप से लोग सरकार की अपील को खारिज कर दें और पहले की तरह कागज का प्रयोग करते रहें।

IV. हो सकता है कि नागरिक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस्तेमाल न करने के साथ-साथ कागज का प्रयोग भी बन्द करें।

(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) III और IV दोनों अन्तर्निहित हैं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* केवल पूर्वधारणा III अन्तर्निहित है, क्योंकि छूट देना ग्राहकों को आकर्षित करने का सर्वोत्तम तरीका है। इसीलिए दुकानदार ने छूट देने का विज्ञापन दिया है।

**2.** *(c)* पूर्वधारणाएँ I और III दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि सरकारी संगठनों के कर्मचारियों ने एक दिन टोकन हड़ताल यह सोचकर कि 'सरकार कर्मचारियों की राय पर अनुकूलता से विचार करेगी तथा हड़ताल से सरकार पर दबाव पड़ेगा और वह अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य होगी।

**3.** *(d)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि ऊँची बिल्डिंगों को बनाने से थोड़ी-सी जगह में बहुत अधिक लोग रह सकेंगे, इस विचार को ध्यान में रखकर नगर निगम आवश्यक न्यूनतम आधारित संरचना उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त निगम को ऊँची बिल्डिंगों से कर के रूप में अच्छी कमाई की भी उम्मीद है।

**4.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि अधिकतर माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे स्कूल में भेजना पसन्द करते हैं, जहाँ सब सुविधाएँ हों। इसी विचार को ध्यान में रखकर स्कूल वाले विज्ञापन निकाल रहे हैं।

**5.** *(c)* केवल पूर्वधारणा III अन्तर्निहित है, क्योंकि शिक्षण संस्थान नहीं चाहते हैं कि निचली श्रेणी उनके संस्थान में आए, जिसके कारण उनके संस्थान की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़े। इस विचार को ध्यान में रखकर वे ऐसे विज्ञापन निकालते हैं।

**6.** *(c)* पूर्वधारणाएँ II और III दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि 65% से कम अंक वाले अच्छा कार्य निष्पादन नहीं कर पाते हैं तथा 65% या उससे अधिक वाले नौकरी में अच्छा कार्य निष्पादन कर पाते हैं, इसलिए विज्ञापन में लिखा है कि कम-से-कम 65% वाले स्नातक हमारी संस्था में अधिकारी पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

**7.** *(a)* तीनों पूर्वधारणाएँ I, II और III अन्तर्निहित हैं, क्योंकि तीनों धारणाओं के आधार पर यह विज्ञापन निकाला गया है।

**8.** *(b)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि शिविर में भोजन, पानी तथा रहने की सुविधाएँ हैं।

**9.** *(b)* कथन में इस बात का उल्लेख है कि विगत सात दिनों में टिकटों की बिक्री अच्छी हुई है। इसका अर्थ हुआ है कि सप्ताह के दिनों में भी लोग सर्कस देखने जाते हैं। अतः पूर्वधारणा I कथन में अन्तर्निहित नहीं है। अधिकारियों ने खेल को अगले पन्द्रह दिन तक चालू रखने का निर्णय यह मानकर लिया कि लोग खेल देखने आएँगे। अतः पूर्वधारणा II कथन में अन्तर्निहित है।

**10.** *(c)* पूर्वधारणाएँ I और III कथन में अन्तर्निहित हैं। राष्ट्रीय विमान वाहक ने साप्ताहिक वायु सेवा यह मानकर प्रारम्भ की, कि संचालन को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए पर्याप्त यात्री होंगे तथा इन क्षेत्रों के आस-पास रहने वाले व्यक्ति हवाई यात्रा का खर्चा वहन कर सकते हैं।

**11.** *(a)* पूर्वधारणाएँ I और II कथन में अन्तर्निहित हैं। यदि इस क्षेत्र में फ्लैट उपलब्ध नहीं रहते, तब यह विज्ञापन जारी नहीं किया जाता। कोई भी विज्ञापन यह मानकर दिया जाता है कि कुछ व्यक्ति इस पर ध्यान देंगे।

**12.** *(a)* कथन से स्पष्ट है कि चीनी की मात्रा निकालने का आदेश सरकार ने दिया है। अतः डीलर यह आदेश मानेंगे। साथ-ही-साथ चीनी की बाजार में ज्यादा उपलब्धता होने से इसका मूल्य नीचे आएगा। अतः पूर्वधारणाएँ I व II दोनों अन्तर्निहित हैं।

**13.** *(c)* कथन से स्पष्ट है कि मीडिया सदैव सेवा क्षेत्र की ओर बहुत अधिक धनात्मक है तथा यह भारत में पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित भी नहीं है। अतः पूर्वधारणाएँ II और III दोनों कथन में अन्तर्निहित हैं।

**14.** *(d)* पूर्वधारणाएँ I व III दोनों ही अन्तर्निहित हैं, क्योंकि लोग जुर्माने से बचने के लिए नोटिस पर ध्यान देंगे और देय तिथि तक अपने बिलों का भुगतान अवश्य कर देंगे।

**15.** *(d)* दिए गए वक्तव्य से स्पष्ट है कि खरीफ की फसल के मौसम से पहले भारतीय खाद्य निगम अपने भण्डार फिर से भर लें, क्योंकि किसानों द्वारा खरीफ की उपज को फसल के तुरन्त बाद उपार्जन करने की माँग हो सकती है। अतः तीनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं।

**16.** *(a)* दिए गए वक्तव्य से ज्ञात होता है कि रोजगार की स्थिति में सुधार लाने के लिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन आवश्यक है, जिससे कि विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपना जीवन निर्वाह कर सकें साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अतः पूर्वधारणाएँ I व II दोनों अन्तर्निहित हैं।

**17.** *(a)* दिए गए कथन से यह स्पष्ट है कि लाभ में वृद्धि के लिए कच्चे तेल का उत्पादन कम करने का निर्णय लिया गया है। अतः तीनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तिर्निहित हैं।

**18.** *(a)* हम जानते हैं कि विज्ञापन का कुछ-न-कुछ प्रभाव अवश्य पड़ता है, क्योंकि विज्ञापन ग्राहकों को आकर्षित करते हैं, जिससे ग्राहक उत्पाद देखने आ सकता है और सामान्यतः उत्पाद को देखने के बाद ही व्यक्ति निर्णय करता है कि उत्पाद लेना है या नहीं। अतः तीनों ही पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं।

**19.** *(c)* कोई भी निर्देश यह मानकर जारी किया जाता है कि लोग इसका पालन करेंगे। कथन से स्पष्ट है कि बड़े बकायदारों को पहले कर्ज का भुगतान करने के पश्चात् ही नए कर्ज दिए जाएँगे तथा इससे पुराने कर्ज वसूल भी हो जाएगा। अतः केवल पूर्वधारणाएँ II व III दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**20.** *(d)* कथनानुसार, कम्पनी के प्रबन्धक ने घोषणा की है कि हम अपनी कम्पनी का विस्तार करने जा रहे हैं, इसलिए हमें अधिक दर्जियों की नियुक्ति करना जरूरी है। अतः धारणा II और III कथन में अन्तर्निहित हैं, जबकि धारणा I कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

**21.** *(d)* केवल धारणा II और III दोनों कथन में अन्तर्निहित हैं। कथन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि संदीप और रंजीत मित्र हैं तथा यह गिफ्ट रंजीत के लिए सरप्राइज था।

**22.** *(c)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं, क्योंकि ये दोनों दी गई सम्भावनाओं को दर्शाती हैं।

# मास्टर प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-3) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं? इसका निर्णय कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***1.*** **कथन** केन्द्र का उल्फा से बिना शर्त वार्ता प्रस्ताव।
**पूर्वधारणाएँ** I. उल्फा इस प्रस्ताव को मान सकता है।
II. केन्द्र उल्फा से वार्ता करना चाहता है। ***(HPPSC Pre 2011)***

***2.*** **कथन** अपने वाहन से कार्यस्थल पर जाने वाले लोगों को आकर्षित करने के लिए नगर परिवहन निगम ने विभिन्न मार्गों पर वातानुकूलित बसें शुरू की हैं। इससे सड़कों पर कम भीड़ होगी।
**पूर्वधारणाएँ** I. अधिकांश लोग अभी भी अपने वाहन से कार्यस्थल पर जाना पसन्द करेंगे।
II. अपने कार्यस्थल पर जाने के लिए बहुत-से लोग अब इन बसों का विकल्प चुनेंगे। ***(MPPSC Pre 2013)***

***3.*** **कथन** बहुत-सी किताबों की दुकानें बन्द होती जा रही हैं, क्योंकि उनकी ब्रिकी कम होती जा रही है और दुकानों का किराया बढ़ रहा है।
**पूर्वधारणाएँ** I. लोगों में पढ़ने की आदत कम हो रही है।
II. किताबों की दुकानों का शुद्ध-लाभ कम हो रहा है। ***(MPPSC Pre 2014)***

**निर्देश** (प्र. सं. 4 और 5) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है फिर उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ हैं, जिन्हें क्रमांक I और II दिए गए हैं। कोई पूर्वधारणा वह बात है जिसे या तो मान लिया गया हो या वह गृहित हो। आपको दिए गए कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?*

**उत्तर दीजिए** ***(BOB Clerk 2009)***

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) या तो पूर्वधारणा I अथवा पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(e) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***4.*** **कथन** शहर के प्रसिद्ध कॉलेज द्वारा चलाए जाने वाले प्रोफेशनल कोर्सेस् में दाखिला लेने के लिए बड़ी संख्या में महत्त्वाकांक्षी छात्रों ने आवेदन किया।
**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है सभी आवेदकों को कॉलेज में दाखिले मिल जाएँ।
II. प्रसिद्ध कॉलेज द्वारा अपनाई गई दाखिले की प्रक्रिया सभी आवेदकों के लिए उचित होगी।

***5.*** **कथन** शहर में विदेशी उच्चाधिकारियों के दौरे के दौरान राज्य प्रशासन ने पचास से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी।
**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है विदेशी उच्चाधिकारियों के दौरे के दौरान लोग शहर में किसी भी स्थान पर इकट्ठा होने से बचें।
II. हो सकता है बहुत-से लोग निषेधात्मक आदेशों को नजरअंदाज करें और उच्चाधिकारियों की एक झलक पाने के लिए इकट्ठे हों।

***6.*** यहाँ प्रस्तुत तर्क/कथन पर विचार करें और इस आधार पर बताएँ कि नीचे दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन इसमें अन्तर्निहित हैं? ***(RRB ALP 2018)***
**तर्क/कथन** चेतावनी : शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
**पूर्वधारणाएँ** I. चेतावनी की आवश्यकता नहीं है।
II. शराब का सेवन ना करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।
(a) न तो पूर्वधारणा I न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(b) सिर्फ पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(c) सिर्फ पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) दोनों पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं

***7.*** दिए गए कथन पर विचार करें और तय करें कि दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन-सी/से कथन में अन्तर्निहित है/हैं? ***(RRB ALP 2018)***
**कथन** अपार्टमेंट एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत', अपने शहर को साफ रखें, अभियान को उसके निवासियों से ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।
**पूर्वधारणाएँ** I. स्थानीय निवासी अपने अपार्टमेंट को साफ नहीं रखना चाहते।
II. एसोसिएशन अभियान में असफल रही।
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।
(b) ना तो I और न ही II अन्तर्निहित है।
(c) I और II दोनों पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं।
(d) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है

***निर्देश*** (प्र. सं. 8-11) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं? इसका निर्णय कीजिए।*

**उत्तर दीजिए** ***(SBI Clerk 2008)***

(a) पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) या तो पूर्वधारणा I या II अन्तर्निहित है

***8.*** **कथन** राज्य सरकार ने स्कूल फीस बढ़ाने के पहले, सभी निजी स्कूलों के प्रबन्धन को माता/पिता की सहमति लेने के लिए कहा है।
**पूर्वधारणाएँ** I. फीस में बढ़ोत्तरी करने सम्बन्धी चर्चा, करने के लिए अधिकांश निजी स्कूल के प्रबन्धन माता/पिता को बुलाएँगे।
II. अधिकांश माता/पिता स्कूल फीस में किसी भी बढ़ोत्तरी के लिए सहमत नहीं होंगे।

***9.*** **कथन** राज्य सरकार ने जनता के सम्पर्क में रहने वाले अपने सभी कर्मचारियों को सहनशीलता और सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने के अनुदेश दिए हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. अन्यथा सभी सरकारी अधिकारी आम जनता को सताते रहेंगे।
II. अधिकांश सरकारी अधिकारी निर्देशों का अनुपालन करेंगे।

***10.*** **कथन** मोहन ने अपनी पुत्री के विवाह के अवसर पर लगभग 200 लोगों को आमन्त्रित किया और पास के एक होटल में लगभग 200 लोगों के भोजन की व्यवस्था की।
**पूर्वधारणाएँ** I. मोहन द्वारा निमन्त्रित बहुत-से लोग अवसर के दिन अनुपस्थित रह सकते हैं।
II. मोहन द्वारा निमन्त्रित अधिकांश लोग विवाह समारोह में आएँगे।

***11.*** **कथन** स्थानीय प्रशासन ने विस्तृत सुरक्षा व्यवस्था की और स्थानीय अस्पतालों को आने वाले त्योहार के दिनों के दौरान तैयार रहने के लिए सतर्क किया।
**पूर्वधारणाएँ** I. त्योहार के दिनों के दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण शहर में इकट्ठे हो सकते हैं।
II. सुरक्षाकर्मी भीड़ को नियन्त्रित करने के लिए असमर्थ होंगे।

***निर्देश*** (प्र. सं. 12 और 13) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं? इसका निर्णय कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***12.*** **कथन** निर्देशक के एक लिखित आश्वासन देने के बाद की कहानी ने किसी भी ऐतिहासिक तथ्यों को विकृत नहीं किया था फिल्म रिलीज हुई थी।
**पूर्वधारणाएँ** I. फिल्म कुछ ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है।
II. किसी विशेष समुदाय से जुड़े नेताओं ने रिलीज होने वाली फिल्म का विरोध किया।
***(UPSSSC विधान भवन रक्षक/वनरक्षक 2018)***

***13.*** **कथन** I. मैं सैनिकों को पसंद करता हूँ।
II. मैं सैनिक बनना चाहता हूँ।
**पूर्वधारणाएँ** I. मैं एक सैनिक नहीं हूँ।
II. मैं एक सैनिक हूँ। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***14.*** **कथन** आजकल बच्चे अपने अध्यापकों से अधिक प्रभावित होते हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. बच्चे अध्यापकों को अपना आदर्श मानते हैं।
II. बच्चों का अधिकतम समय स्कूल में व्यतीत होता है।
***(UPPSC Pre 2018)***
उपरोक्त कथन के आधार पर कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) दोनों I व II अन्तर्निहित हैं। (d) इनमें से कोई नहीं

***15.*** **कथन** गोरे रंग के लिए 'रिया कोल्ड क्रीम अपनाएँ-एक विज्ञापन
**पूर्वधारणाएँ** I. लोग गोरे रंग के लिए क्रीम का उपयोग करना पसन्द करते हैं।
II. लोग आसानी से मूर्ख बनते हैं।
III. लोग विज्ञापन के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं। ***(UPPSC Pre 2018)***
उपरोक्त कथन के आधार पर कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) I व II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) I व III दोनों अन्तर्निहित हैं (d) इनमें से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 16-25) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दिए गए कथन के बाद पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको प्रत्येक कथन और पूर्वानुमान पर विचार करने के बाद यह निश्चय करना है कि कथन में कौन-सी पूर्वधारणा निहित है?*

***16.*** **वक्तव्य** राजनीतिज्ञ लोगों के मतों से धनवान बन जाते हैं।
**पूर्वानुमान** I. लोग राजनीतिज्ञों को धनवान बनाने के लिए मत देते हैं।
II. राजनीतिज्ञ अपने गुणों से धनवान बन जाते हैं।
***(UPPSC Pre 2009)***
(a) केवल I ही अन्तर्निहित है (b) केवल II ही अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (d) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है

***17.*** **कथन** औद्योगिक विकास में असुन्तलन के शिकार अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर पढ़े-लिखे और अनपढ़ लोग होते हैं।
**पूर्वानुमान** I. भारत में औद्योगिक विकास मुख्य रूप से राजनैतिक सोच के अनुसार हुआ है।
II. जनजातीय लोग सदा ही औद्योगिक विकास से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते हैं। ***(UPPSC Pre 2009)***
(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(d) उपरोक्त में से कोई अन्तर्निहित नहीं है

***18.*** **कथन** जनसंख्या विस्फोट के कारण भारत में जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आयी है।
**पूर्वानुमान** I. जनसंख्या एवं जीवन की गुणवत्ता परस्पर सम्बन्धित है।
II. जीवन की गुणवत्ता का भारत में जनसंख्या से कोई वास्ता नहीं है।
***(UPPSC Pre 2009)***
(a) केवल II अन्तर्निहित है
(b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) केवल I अन्तर्निहित है
(d) उपरोक्त से कोई अन्तर्निहित नहीं है

***19.*** **कथन** करन एक बहुमुखी प्रतिभा के लेखक हैं। उनके हास्य और काल्पनिक उपन्यास युवाओं में बहुत प्रसिद्ध हैं।
**पूर्वानुमान** I. करन विभिन्न लेखन शैलियों के अनुकूलन में सक्षम है।
II. सभी लेखक बहुमुखी प्रतिभावान होते हैं।
***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है
(b) केवल अवधारणा II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं
(d) केवल अवधारणा I अन्तर्निहित है

***20.*** **कथन** एक होटल के विज्ञापन में लिखा है ''अमिताभ बच्चन भी अब मैंडरिन ओरिएंटल होटल के प्रशंसक हैं''।
**पूर्वानुमान** I. मैंडरिन ओरिएंटल होटल एक मंहगा होटल है।
II. अमिताभ बच्चन मैंडरिन ओरिएंटल होटल के मालिक हैं।
***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***
(a) I एवं II दोनों अन्तर्निहित हैं (b) न तो I न ही II अन्तर्निहित है
(c) केवल धारणा I अन्तर्निहित है (d) केवल धारणा II अन्तर्निहित है

***21.*** **कथन** मैं जब भी परेशानी में होता हूँ, प्रभु का स्मरण करता हूँ।
**पूर्वानुमान** I. प्रार्थना से समस्याएँ हल हो सकती हैं।
II. मनुष्य का परम कर्त्तव्य, प्रभु की प्रार्थना है।
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

***22.*** **कथन** किसी शिक्षित व्यक्ति के जीवन-मूल्य, अशिक्षित व्यक्ति से भिन्न होंगे।
**पूर्वानुमान** I. शिक्षा का प्रभाव किसी व्यक्ति के जीवन मूल्यों पर पड़ता है।
II. एक अशिक्षित व्यक्ति के कोई मूल्य नहीं होंगे।
(a) I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं (b) केवल I अन्तर्निहित है
(c) केवल II अन्तर्निहित है (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

***23.*** **कथन** भारत में निर्वाह व्यय में वृद्धि हुई है।
**पूर्वानुमान** I. पिछले कुछ समय में आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हुई है।
II. बहुत-सी आराम की वस्तुएँ अब देश में अधिक मात्रा में उपलब्ध हैं।
(a) I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं (b) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है
(c) केवल I अन्तर्निहित है (d) केवल II अन्तर्निहित है

***24.*** **कथन** वर्तमान आर्थिक कठिनाई के समय में, शिक्षा तथा छोटे परिवार का आदर्श ही राष्ट्र को उन्नति दिला सकते हैं।
**पूर्वानुमान** I. शिक्षा एवं छोटे परिवार के आदर्श प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र की उन्नति के साथ जुड़े हुए हैं।
II. बड़े परिवारों के लिए शिक्षा का खर्चा उठाना कठिन है।
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

***25.*** **कथन** विवाह-दर लगातार गिरते जाने का कारण है अपनी अलग पहचान बनाए रखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।
**पूर्वानुमान** I. शादी होने पर व्यक्ति की निजी पहचान खत्म हो जाती है।
II. विवाहित व्यक्ति उतने सन्तुष्ट नहीं होते जितने कि अविवाहित।
(a) केवल I अन्तर्निहित है (b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं (d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

***निर्देश*** (प्र. सं. 26 और 27) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं? इसका निर्णय कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***26.*** **कथन** बहुत से युवा तनाव प्रेरित मधुमेह से ग्रस्त हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. तनाव के कारण मधुमेह हो सकता है।
II. केवल तनाव ही मधुमेह का कारण है। ***(RRB ग्रुप डी परीक्षा 2018)***

***27.*** **कथन** स्थिति पर तुरन्त कार्यवाही की आवश्यकता है।
**पूर्वधारणाएँ** I. स्थिति गम्भीर है। II. तुरन्त कार्यवाही सम्भव है।
***(SSC CGL 2016)***

***28.*** एक रिटेल स्टोर, स्टोर में अधिक ग्राहकों को आकर्षित करके उच्च बिक्री का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने गतिविधियों और प्रचार पर अपने विपणन बजट को बढ़ा दिया है।
इस कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौन-सा अनुमान अन्तर्निहित है? ***(UPSSSC सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी 2018)***
(a) उच्च विपणन खर्च, कर्मचारियों की प्रेरणा और दक्षता को बढ़ावा देगा
(b) गतिविधियाँ और प्रचार से स्टोर में आने वालों की संख्या बढ़ेगी और अधिक ग्राहकों से तात्पर्य, अधिक खरीदारी और अधिक व्यवसाय होगा
(c) उच्च विपणन व्यय से, विक्रेताओं के साथ वार्ता- शक्ति में सुधार और मार्जिन में वृद्धि होगी
(d) मार्केटिंग व्यय में वृद्धि से उत्पाद की उपलब्धता में सुधार होगा और स्टॉक न होने के कारण अवसर हानि में कमी आएगी

***29.*** मैं उन दुकानों पर खरीदारी करना पसन्द करता हूँ, जिनमें अधिक ऑफर और छूट मिलती हैं, इसलिए मैं जीमार्ट पर अधिक और ब्लिस बाजार में कम खरीदारी करना चुनता हूँ।
इस कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौन-सा अनुमान अन्तर्निहित है? ***(UPSSSC सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी 2018)***
(a) जीमार्ट और ब्लिस बाजार दोनों में अधिक ऑफर और छूट दी जाती हैं
(b) ब्लिस बाजार में कोई ऑफर और छूट नहीं है
(c) जीमार्ट में ब्लिस बाजार की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है
(d) ब्लिस बाजार में, जीमार्ट की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है

***30.*** निम्नलिखित कथनों से आप क्या अनुमान निकालेंगे?
मैंने बहुत से पौधों की जड़ों का प्रेक्षण किया है। देखा गया कि इन सभी पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं।
***(UPSSSC लोअर सबऑर्डिनेट II भर्ती परीक्षा 2017)***
(a) मैं एक वनस्पति-शास्त्री हूँ
(b) कुछ पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं
(c) एक पौधे की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं
(d) अधिकांश पौधों की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं

***निर्देश*** (प्र. सं. 31-35) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं? इसका निर्णय कीजिए।*

**उत्तर दीजिए** ***(UPPSC Pre 2010)***
(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***31.*** **कथन** सिविक निकाय ने शहर के एक अलग-अलग हिस्से पर स्थित तट पर एक बड़ा नोटिस बोर्ड लगाया, ''पिछले कुछ महीनों के दौरान समुद्र में तैरते समय कई पिकनिक मनाने वाले डूब गए।''
**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है पिकनिक मनाने वाले नोटिस को नजरअंदाज करें और समुद्र में जाने का जोखिम लेते रहें।
II. हो सकता है पिकनिक मनाने वाले इसे पढ़ लें और समुद्र में जाते समय सावधान रहें।

***32.*** **कथन** हाल में सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को ₹ 25 लाख तक के आवास ऋणों पर ब्याज की दर घटाने के लिए कहा है।
**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ₹ 25 लाख तक के सभी आवास ऋणों पर ब्याज दर घटा दें।
II. हो सकता है लोग सरकार के फैसले का अनुचित लाभ उठाएँ।

***33.*** **कथन** स्थानीय अस्पताल ने प्रमुख प्रवेश द्वार पर नोटिस लगाया कि अस्पताल, इलाके में रहने वाले लोगों के कैंसर का पता लगाने के लिए मुफ्त जाँच करेगा।
**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है इलाके में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में अस्पताल द्वारा दी जा रही मुफ्त जाँच का लाभ उठाएँ।
II. हो सकता है इस काम पर लगाया गया अस्पताल का स्टाफ जाँच के लिए आने वाले लोगों की भीड़ को सम्भाल लेगा।

***34.*** **कथन** सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले प्रत्येक परिवार को अगले तीन महीने तक 3 किग्रा खाद्यान्न ₹ 5 प्रति किग्रा की नाम मात्र कीमत पर वितरित करने का निर्णय लिया है।
**पूर्वधारणाएँ** I. सरकार के पास पूरी अवधि के दौरान खाद्यान्न वितरित करने का पर्याप्त स्टॉक है।
II. हो सकता है गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार ₹ 5 प्रति किग्रा की दर से खाद्यान्न खरीदने में समर्थ हो सकें।

***35.*** **कथन** क्रिकेट निकाय ने टूर्नामेण्ट के फाइनल मैच को देश के सबसे बड़े स्टेडियम में कराने का फैसला किया, जिसमें एक लाख से अधिक दर्शक बैठ सकते हैं।
**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है अधिकांश टिकट बिक जाएँ, जिससे क्रिकेट निकाय को भारी आमदनी हो।
II. हो सकता है अधिकांश दर्शक स्टेडियम जाने के बजाय अपने-अपने घरों में TV पर मैच देखना पसन्द करें।

***निर्देश*** (प्र. सं. 36-40) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दोनों दी गई हैं। आपको दिए गए कथन पर विचार करके तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में, अन्तर्निहित है। निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिए।* ***(MPPSC Pre 2014)***

***36.*** **कथन** एक कम्पनी के प्रबन्धन ने अपने सभी कर्मचारियों से अपनी वार्षिक आय और परिसम्पत्तियों को घोषित करने को कहा, परन्तु कर्मचारी संगठन ने इस माँग को कड़ाई से ठुकराने का निश्चय किया।
**पूर्वधारणाएँ** I. कर्मचारियों के पास कोई अवैध आय नहीं है।
II. संगठन चाहता है कि सर्वोच्च प्रबन्धन अधिकारी पहले अपनी परिसम्पत्ति की घोषणा करके उदाहरण प्रस्तुत करे।
(a) केवल पूर्वधारणा I सही है
(b) केवल पूर्वधारणा II सही है
(c) दोनों पूर्वधारणाएँ सही हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II सही है

***37.*** **कथन** पूरे विश्व में मौसम में परिवर्तन से उत्पादन में कमी और जनसंख्या में वृद्धि के कारण खाद्यान्न की कमी एक गम्भीर मुद्दा बनने वाली है।
**पूर्वधारणाएँ** I. खाद्यान्न की कीमतों में बढ़ोत्तरी सम्भव है।
II. मौसम में परिवर्तन एक गम्भीर मुद्दा है।
(a) केवल पूर्वधारणा I सही है
(b) केवल पूर्वधारणा II सही है
(c) दोनों पूर्वधारणाएँ सही हैं
(d) न तो पूर्वधारणा I और न ही II सही है

**38. कथन** पाँच महीनों में अपना धन दोगुना कीजिए–एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. आश्वासन असली नहीं है।

II. लोग अपने धन मे वृद्धि चाहते हैं।

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) I या II में से एक ही अन्तर्निहित है
(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**39. कथन** आवास समिति के अध्यक्ष और सचिव ने अपने सदस्यों से निवेदन किया कि जल का किफायत से उपयोग करें, जिससे समिति जल-कर में बचत कर सके।

**पूर्वधारणाएँ** I. समिति के अधिकांश सदस्य निवेदन पर अमल करेंगे।

II. जहाँ भी सम्भव हो, खर्चे को कम करना वांछित है।

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) I या II में से एक ही अन्तर्निहित है
(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

**40. कथन** बच्चे की आयु 5 वर्ष के लगभग होने पर उसको विद्यालय में प्रवेश करा देना चाहिए।

**पूर्वधारणाएँ** I. इस आयु के होने पर बच्चे का उचित विकास होता है और वे सीखने को तैयार होते हैं।

II. विद्यालय 6 वर्ष से बड़े बच्चों को दाखिला नहीं देते।

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) I या II में से एक ही अन्तर्निहित है
(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है

***निर्देश*** (प्र. सं. 41-44) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं? इसका निर्णय कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है
(b) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(c) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है
(d) पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

**41. कथन** एक राष्ट्रीय बैंक ने राष्ट्रीय दैनिक में एक विज्ञापन जारी किया कि पात्र उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट के 100 पदों के लिए आवेदन करें।

**पूर्वधारणाएँ** I. पात्र चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट इस विज्ञापन का प्रत्युत्तर देंगे।

II. राष्ट्रीयकृत बैंक में नियुक्ति चाहने वाले पात्र चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट पर्याप्त संख्या में होंगे। ***(UPPSC Pre 2013)***

**42. कथन** मानसून की शुरूआत से पहले नगरपालिका प्राधिकरण ने घोषणा की कि मानसून के दौरान शहर के रास्तों में गड्ढ़े नहीं होंगे।

**पूर्वधारणाएँ** I. रास्तों की इतनी अच्छी तरह से मरम्मत की गई थी कि पुनः गड्ढे नहीं होंगे।

II. पुनः गड्ढे हो जाने पर भी लोग शिकायत नहीं करेंगे।

**43. कथन** ''हमारा यूरोप हॉलिडे पैकेज देश के भीतर के कुछ हॉलिडे पैकेजों से सस्ता है।'' एक भारतीय यात्रा कम्पनी का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. तुल्य लागत पर देश के भीतर यात्रा करने के बजाय लोग विदेश यात्रा पसन्द करेंगे।

II. ऐसे विज्ञापनों से जानकारी पाने के बाद लोग सामान्यतः अपने यात्रा सम्बन्धी निर्णय लेते हैं।

**44. कथन** थोक बाजार में कम कीमतों पर सब्जियाँ नहीं मिलने के कारण खुदरा सब्जी बेचने वालों ने सब्जियों की कीमतें लगभग 20% बढ़ा दीं।

**पूर्वधारणाएँ** I. लोग अधिक कीमतों पर सब्जियाँ खरीदना पूर्णतः बन्द कर देंगे।

II. अब भी लोग खुदरा बेचने वालों से सब्जियाँ खरीदेंगे।

***निर्देश*** (प्र. सं. 45-49) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा उसके बाद तीन पूर्वधारणाएँ* I, II *तथा* III *दी गई हैं। पूर्वधारणा से तात्पर्य किसी बात को मान लेना अथवा गृहीत समझ लेना है। आपको कथन और उसके बाद की पूर्वधारणाओं पर विचार करना है तथा निश्चित करना है कि इस कथन में कौन-सी पूर्वधारणा अन्तर्निहित हैं, उसके बाद यह निर्णय करें कि कौन-सा उत्तर* (a), (b), (c), (d) *और* (e) *सही है?* ***(SBI PO 2000)***

**45. कथन** ''घर में रहते हुए एक व्यवसायी बनने का दुर्लभ अवसर''–एक कम्प्यूटर कम्पनी का कम्प्यूटर शिक्षित गृहणियों के लिए विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. कुछ गृहणियाँ साथ-ही-साथ व्यवसायी भी बनना चाहती हैं।

II. कम्प्यूटर व्यवसाय तेजी से बढ़ रहा है।

III. एक ही साथ गृहिणी एवं व्यवसायी बनना सम्भव है।

(a) I और II दोनों (b) II और III दोनों
(c) I और III दोनों (d) केवल II
(e) इनमें से कोई नहीं

**46. कथन** भारत के आर्थिक विकास को, बढ़ी हुई औद्योगिक तथा वाहनों के प्रदूषण की भयंकर कीमत चुकानी पड़ रही है।

**पूर्वधारणाएँ** I. औद्योगिक समाज में प्रदूषण उसका एक भाग है।

II. भारतीय आर्थिक विकास केवल औद्योगिक विकास पर निर्भर है।

III. कोई भी देश काबू पाने योग्य कुपरिणामों के साथ आर्थिक विकास का इच्छुक होता है।

(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और III (d) केवल III
(e) इनमें से कोई नहीं

**47. कथन** समाज के सर्वाधिक निर्धन वर्गों का आवश्यकताओं के अधिक समुचित तकनीकी विकास प्रयासों को और विस्तारित करने की जरूरत है।

**पूर्वधारणाएँ** I. यदि समुचित प्रयास किए जाएँ तो कुछ भी असम्भव नहीं है।

II. समाज के विभिन्न वर्गों के लिए टेक्नालॉजी की आवश्यकताएँ भी भिन्न-भिन्न हैं।

III. समाज में विभिन्न आर्थिक वर्गों के लिए समुचित टेक्नालॉजी विकसित करना सम्भव है।

(a) केवल I (b) केवल III
(c) केवल II (d) II और III दोनों
(e) इनमें से कोई नहीं

**48. कथन** ''हमारी कम्पनी की यह विशेषता है कि वह भारत में एकमात्र एवं संसार में द्वितीय ऐसी कम्पनी है, जिसने हमारे क्षेत्र में ISO 9002 का गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जीता है''–'X' कम्पनी के अध्यक्ष का वक्तव्य।

**पूर्वधारणाएँ** I. कम्पनी 'X' के व्यापार क्षेत्र में बहुत-सी कम्पनियाँ नहीं थी।

II. कम्पनी 'X' के व्यापार के क्षेत्र में ISO 9002 प्राप्त करना कोई आसान नहीं है।

III. कम्पनी 'X' अपने व्यापार के विस्तार की इच्छुक है।

(a) केवल I (b) केवल II
(c) केवल II (d) II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**49. कथन** किसी व्यक्ति की क्षमता के विकास में सहकारिता एवं सामाजिक सम्बन्ध का बड़ा योगदान रहता है।

**पूर्वधारणाएँ** I. प्रत्येक समाज सम्पन्न होता है।

II. व्यक्ति अपनी क्षमता के विकास का इच्छुक रहता है।

III. समाज में सहकारिता का वातावरण निर्मित करना तथा उसकी देखभाल करना सम्भव है।

(a) II और III दोनों
(b) II और I दोनों
(c) I और III दोनों
(d) केवल II
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र. सं. 50-53) *नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद तीन पूर्वधारणाएँ I, II और III दी गई हैं। किसी चीज का अनुमान लगाना या बिना प्रमाण के मान लेना पूर्वधारणा कहलाता है। आपको कथन और उसके बाद दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?* ***(SBI PO 2010)***

***50.*** **कथन** सरकार ने पूरे देश के कई ब्लॉकों में हाईवे के निर्माण कार्य का निजी संस्थाओं को बिल्ड-ऑपरेट-ट्रान्सफर आधार पर नीलामी करने का निर्णय किया है।

उपरोक्त कथन में निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं?

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है पर्याप्त संख्या में निजी संस्थाएँ सरकार की नीलामी की अधिसूचना का उत्तर न दें।

II. देश की कई निजी संस्थाएँ यथोचित समय के भीतर हाईवे का निर्माण करने में समर्थ हैं।

III. हो सकता है सरकार के बिल्ड-ऑपरेट-ट्रान्सफर वाले प्रस्ताव का निजी संस्थाओं को वित्तीय लाभ हो।

(a) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं (b) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) केवल II अन्तर्निहित है (d) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

***51.*** **कथन** देश के विश्वविद्यालय को नियन्त्रित करने वाले सर्वोच्च निकाय ने सभी तकनीकी कोर्सों के पाठ्यक्रमों को संशोधित करने का निर्णय लिया है, ताकि उन्हें उद्योग की मौजूदा जरूरतों के प्रति एकाग्र किया जा सके जिससे तकनीकी ग्रेजुएट वर्तमान समय की तुलना में अधिक रोजगार योग्य हो सकें।

उपरोक्त कथन में निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं?

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध तकनीकी कॉलेज सर्वोच्च निकाय के फैसले का स्वागत न करें और वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रम को ही जारी रखें।

II. हो सकता है उद्योग सर्वोच्च निकाय के फैसले का स्वागत करे और इन कॉलेजों से की जाने वाली अपनी भर्ती को बढ़ा दे।

III. हो सकता है सरकार सर्वोच्च निकाय को सभी कॉलेजों में उनके फैसले को लागू करने की अनुमति न दे, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल सकती है।

(a) कोई अन्तर्निहित नहीं है (b) केवल I अन्तर्निहित है
(c) केवल II अन्तर्निहित है (d) केवल III अन्तर्निहित है
(e) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं

***52.*** **कथन** खतरे को ध्यान में रखते हुए सरकार के उच्च अधिकारी के दौरे के लिए पुलिस प्राधिकरण ने सारे इलाके को सारा दिन घेरे रखा और सभी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया और इलाके के सभी निवासियों को अपने-अपने घर से बाहर आने-जाने को सीमित रखने की सलाह दी।

उपरोक्त कथन में निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं?

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है पुलिस के कार्मिक इलाके में वाहनों की आवाजाही को न रोक सकें और सशस्त्र बलों से सहायता माँगे।

II. हो सकता है इलाके में रह रहे लोग असुविधा से बचने के लिए अपने-अपने घर से बाहर न निकलें।

III. हो सकता है सरकारी अधिकारी इलाके के लोगों पर अपने-अपने घर से बाहर आने पर लगी रोक को हटाने का अनुरोध पुलिस प्राधिकरण से करें।

(a) कोई अन्तर्निहित नहीं है (b) केवल I अन्तर्निहित है
(c) केवल II अन्तर्निहित है (d) केवल III अन्तर्निहित है
(e) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं

***53.*** **कथन** एयरलाइन्स ने अपने सभी वास्तविक यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपने घर से चलने से पहले फ्लाइट परिचालन की स्थिति जाँच लें, क्योंकि भारी कोहरे से फ्लाइटों के सामान्य परिचालन में भारी कठिनाई आ रही है।

उपरोक्त कथन में निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित है/हैं?

**पूर्वधारणाएँ** I. हो सकता है अधिकांश यात्री एयरपोर्ट के लिए अपनी यात्रा शुरू करने से पहले फ्लाइट की स्थिति की जाँच कर लें।

II. हो सकता है सरकार एयरलाइन कम्पनी द्वारा जारी नोटिस पर गम्भीर आपत्ति करे।

III. हो सकता है अधिकांश यात्री अपने टिकट रद्द करा दें और स्थिति के सामान्य होने तक अपनी यात्रा स्थगित कर दें।

(a) कोई अन्तर्निहित नहीं है (b) केवल I अन्तर्निहित है
(c) केवल II अन्तर्निहित है (d) केवल III अन्तर्निहित है
(e) I और III दोनों अन्तर्निहित हैं

***निर्देश*** (प्र.सं. 54 और 55) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और चार पूर्वधारणाएँ दी गई हैं। दिए गए कथन का अवलोकन कर सही अवधारणा का चुनाव करें।*

**उत्तर दीजिए**

(a) सभी अन्तर्निहित हैं (b) I और II दोनों अन्तर्निहित हैं
(c) II और III दोनों अन्तर्निहित हैं (d) II और IV दोनों अन्तर्निहित हैं

***54.*** **कथन** सरकार ने घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों के बीच के अन्तर को आंशिक रूप से कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग ₹ 3 प्रति लीटर की वृद्धि करने का निर्णय किया है।

**पूर्वधारणाएँ** I. तेल कम्पनियाँ क्रय और विक्रय मूल्य में घाटे को उठा नहीं सकेंगी।

II. लोग देशभर में मूल्य वृद्धि के खिलाफ आन्दोलन शुरू कर सकते हैं।

III. हो सकता है कि तेल कम्पनियाँ सरकार के मामूली मूल्य वृद्धि के निर्णय से सहमत न हों।

IV. हो सकता है कि देशवासी वाहनों का इस्तेमाल करना बन्द कर दें।

***55.*** **कथन** ''यदि आप यूरोप में शानदार छुट्टियाँ मनाना चाहते हैं, तो हमारे खास यूरो पैकेज में शामिल हो जाइए''—एक भारतीय समाचार-पत्र में ट्रेवल एजेंसी का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएँ** I. बहुत-से भारतीय छुट्टियाँ मनाने के लिए यूरोपीय देशों की यात्रा करते हैं।

II. भारत में अन्य ट्रेवल एजेंसियाँ हैं, जो यूरोप के लिए हॉलिडे टूर आयोजित करती हैं।

III. बहुत-से लोग अभी-भी अन्य ट्रेवल एजेंसियों के जरिए यूरोप की यात्रा करते हैं।

IV. विज्ञापन देखकर बहुत-से लोग यात्रा सम्बन्धी जानकारी लेने के लिए सम्पर्क करेंगे।

***निर्देश*** (प्र. सं. 56) *दिए गए प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। आप दिए गए कथन और दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए, उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित है/हैं?* ***(SBI PO Main 2018)***

***56.*** **कथन** ''सावधान! पुन:निर्मित रंगीन प्लास्टिक के थैलों में हानिकारक वर्णक होते हैं, जो भोजन के कणों के सम्पर्क में आने से यह भोजन के सेवन को अयोग्य बना देता है, जिससे फूड पोइजन, एलर्जी और कई बार गम्भीर स्थिति में मृत्यु भी हो जाती है। एक वैज्ञानिक''।

**पूर्वधारणाएँ** I. गैर-डिस्पोजेबल प्रकृति प्लास्टिक की थैलियों को पर्यावरण के लिए खतरा बनाती हैं।

II. पुन:निर्मित रंगीन प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग खतरनाक है और इसका मानव जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है

(a) केवल I (b) दोनों I और II
(c) केवल II (d) या तो I या II
(e) इनमें से कोई नहीं

**57. कथन** नवीनतम शोध के अनुसार, ''कुछ लोग रंग के आधार पर नस्लवादी आस्थाओं को खुले तौर पर स्वीकार करते हैं, लेकिन कई मनोवैज्ञानिक दावा करते हैं कि हम में से अधिकांश अनजाने में नस्लवादी हैं। हमारे अन्दर वे विचार हैं, जिन्हें ''अन्तर्निहित पूर्वाग्रह'' कहा जाता है। *(SBI PO Main 2018)*

उपर्युक्त कथन में दी गई जानकारी के आधार पर, निम्न में से कौन-सा शब्द ''अन्तर्निहित पूर्वाग्रह'' को सटीक रूप से परिभाषित करता है?

I. काले लोगों की तुलना में सफेद लोगों को मामूली सी ऑटोमेटिक वरीयता।
II. काले लोगों की तुलना में सफेद लोगों को वरीयता।
III. रंग के आधार पर किसी विशेष समुदाय के खिलाफ भेदभाव करना।

(a) केवल I (b) दोनों II और III
(c) केवल II (d) केवल III
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं, क्योंकि कथनानुसार केन्द्र का प्रस्ताव बिना शर्त के है। अतः केन्द्र की पूर्वधारणा है कि उल्फा प्रस्ताव स्वीकार करेगा जिससे केन्द्र वार्ता करना चाहता है।

**2.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि परिवहन निगम की विभिन्न मार्गों पर वातानुकूलित बसें शुरू करने से पहले यही अभिधारणा रही होगी कि लोग अपने कार्यस्थल पर जाने के लिए बसों का विकल्प चुनेंगे। पूर्वधारणा I में बात अधिकांश लोगों की हो रही है, इसलिए यह अन्तर्निहित नहीं है।

**3.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि किताबों की दुकानों का शुद्ध लाभ कम हो रहा है, किताबों की ब्रिकी कम हो रही है तथा दुकानों का किराया भी बढ़ रहा है, लेकिन इससे यह सिद्ध नहीं होता है कि लोगों में पढ़ने की आदत कम हो रही है। इसलिए पूर्वधारणा I अन्तर्निहित नहीं है।

**4.** *(d)* शहर के प्रसिद्ध कॉलेज द्वारा चलाए जाने वाले प्रोफेशनल कोर्सेस में दाखिला चाहने वाले सभी आवेदकों को दाखिला मिलना सम्भव नहीं है तथा यह भी सम्भव है कि दाखिले की प्रक्रिया सभी आवेदकों को उचित न लगे। अतः न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हैं।

**5.** *(e)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि यह भी सम्भव है कि विदेशी उच्चाधिकारियों के दौरे के दौरान लोग शहर में किसी भी स्थान पर इकट्ठा होने से बचें तथा यह भी सम्भव है कि लोग निषेधात्मक आदेशों को नजरअंदाज करके इकट्ठे हों।

**6.** *(a)* कथन के रूप में चेतावनी दी गई है कि शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे यह अनुमान नहीं निकलता है कि चेतावनी की आवश्यकता नहीं है साथ ही यह अनुमान भी नहीं लगता है कि शराब का सेवन ना करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।

**7.** *(d)* दिए गए कथन से यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि एसोसिएशन अभियान में असफल रही है, परन्तु हम यह नहीं कह सकते कि स्थानीय निवासी अपने अपार्टमेंट को साफ नहीं रखना चाहते।

**8.** *(b)* केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है, क्योंकि अधिकांश माता-पिता स्कूल की फीस में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी के लिए सहमत नहीं होंगे, क्योंकि स्कूल की फीस में बढ़ोत्तरी से फैमिली बजट पर प्रभाव पड़ेगा।

**9.** *(a)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि राज्य सरकार के निर्देश के बाद सरकारी कर्मचारी आम जनता के साथ सहनशीलता और सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करेंगे। अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**10.** *(b)* मोहन द्वारा अपनी पुत्री के विवाह के अवसर पर 200 लोगों को आमन्त्रित करने से स्पष्ट है कि अधिकांश लोग विवाह समारोह में आएँगे। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**11.** *(a)* कथन से स्पष्ट है कि त्यौहार के दिनों के दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण शहर में इकट्ठे होंगे। जबकि सुरक्षाकर्मियों द्वारा भीड़ नियन्त्रण के बारे में कथन में कोई जिक्र नहीं है। अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**12.** *(a)* धारणा I दिए गए कथन में अन्तर्निहित है जबकि धारणा II कथन में अन्तर्निहित नहीं है। अतः विकल्प (a) सही है।

**13.** *(a)* कथन I से, मैं सैनिकों को पसन्द करता हूँ। कथन II से, मैं सैनिक बनना चाहता हूँ। धारणा I से, मैं एक सैनिक नहीं हूँ, जो अन्तर्निहित है क्योंकि वह सैनिकों को पसन्द करता है और बनना चाहता है। धारणा II से, मैं एक सैनिक हूँ, जोकि अनुसरण नहीं करता है।

**14.** *(c)* कथन से स्पष्ट है कि आजकल बच्चे अपने अध्यापकों से अधिक प्रभावित होते हैं। उनका अधिकतर समय स्कूल में ही बीतता है तथा वे अध्यापकों को अपना आदर्श भी मानते हैं। अतः दोनों ही पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं।

**15.** *(c)* कथन से स्पष्ट है कि लोग विज्ञापन के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं तथा यह भी सत्य है कि गोरे रंग के लिए क्रीम का उपयोग करना पसन्द करते हैं। अतः पूर्वधारणा I व III दोनों अन्तर्निहित हैं।

**16.** *(d)* दिए गए कथन से यह परिलक्षित होता है कि राजनीतिज्ञ लोगों के मतों से जीत जाते हैं। अतः कोई भी पूर्वानुमान कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

**17.** *(d)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि औद्योगिक विकास केवल राजनैतिक सोच के अनुसार नहीं होता। सभी लोग इससे किसी-न-किसी रूप में प्रभावित होते हैं। अतः कोई भी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित नहीं है।

**18.** *(c)* चूँकि कथन में कहा गया है कि जनसंख्या विस्फोट के कारण भारत में जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आई है। इसलिए यह स्पष्ट पूर्वधारणा बनती है कि जनसंख्या एवं जीवन की गुणवत्ता परस्पर सम्बन्धित है।

**19.** *(d)* दिए गए कथन के अनुसार, करन विभिन्न लेखनशैली के अनुकूलन में सक्षम है, लेकिन यह आवश्यक नहीं की सभी लेखक बहुमुखी प्रतिभावान हों। अतः केवल अवधारणा I अन्तर्निहित है।

**20.** *(b)* दिए गए कथन में न तो होटल के महंगे होने की बात कही गई है और न ही कथन से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अमिताभ बच्चन होटल के मालिक हैं। अतः न तो I न ही II कथन में अन्तर्निहित है।

**21.** *(d)* समस्याएँ प्रयास करने से हल होती हैं न कि प्रार्थना मात्र से एवं प्रभु प्रार्थना मानव का परम पुनीत कर्त्तव्य अवश्य है, परन्तु इस कथन से दिए गए वक्तव्य को निकालने में सहायता नहीं मिलती है। अतः न तो पूर्वानुमान I और न ही II प्रदत्त वक्तव्य में अन्तर्निहित है।

**22.** *(b)* शिक्षा का प्रभाव व्यक्ति के जीवन मूल्यों पर अवश्य पड़ता है, परन्तु अशिक्षित व्यक्ति का कोई जीवन मूल्य नहीं होगा ऐसा कहना अनुचित है एवं प्रदत्त वक्तव्य से साम्य स्थापित कर पाने में असमर्थ है। अतः प्रदत्त वक्तव्य में मात्र पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।

**23.** *(a)* निर्वाह व्यय से यहाँ तात्पर्य किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं पर जीवन निर्वाह हेतु किए गए औसत व्यय से है। निर्वाह व्यय की वृद्धि में मूल्य वृद्धि एवं वस्तुओं की सहज उपलब्धता ही दोनों महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः प्रदत्त वक्तव्य में पूर्वानुमान I और II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**24.** *(a)* पूर्वानुमान I से प्रदत्त वक्तव्य स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है, परन्तु पूर्वानुमान II की विषयवस्तु का प्रतिबिम्ब प्रदत्त वक्तव्य में स्पष्ट रूप से नहीं हो रहा है।

**25.** *(a)* विवाह पश्चात् व्यक्ति की निजी पहचान समाप्त हो जाती है ऐसा प्रदत्त वक्तव्य में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है, परन्तु विवाहित या अविवाहित व्यक्ति की सन्तुष्टि के सन्दर्भ में वक्तव्य में जानकारी का अभाव है। अतः मात्र पूर्वानुमान I ही प्रदत्त वक्तव्य में अन्तर्निहित है।

**26.** *(a)* कथनानुसार, 'बहुत से युवा तनाव प्रेरित मधुमेह से ग्रस्त हैं।' इससे यह स्पष्ट होता है कि तनाव के कारण मधुमेह हो सकता है। इस प्रकार अवधारणा I कथन में अन्तर्निहित है, जबकि अवधारणा II कथन में अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि केवल तनाव ही मधुमेह का कारण नहीं है।

**27.** *(d)* दोनों पूर्वधारणाएँ सही हैं। स्थिति गम्भीर है। इसलिए ही तुरन्त कार्यवाही की आवश्यकता होगी और तुरन्त कार्यवाही सम्भव है, इसी कारण से तुरन्त कार्यवाही के लिए बोला गया है।

**28.** *(b)* कथनानुसार रिटेल स्टोर ने अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने हेतु अपना विपणन बजट बढ़ा दिया है, इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है। गतिविधियाँ और प्रचार से स्टोर में आने वालों की संख्या बढ़ेगी और अधिक ग्राहकों से तात्पर्य, अधिक खरीदारी और अधिक व्यवसाय होगा।

**29.** *(c)* प्रश्न में दिए गए कथन के आधार पर स्पष्ट होता है कि जीमार्ट में ब्लिस बाजार की तुलना में अधिक ऑफर और छूट हैं।

**30.** *(c)* दिए गए कथन से यह अनुमान लगता है, कि एक पौधे की जड़ें नीचे की ओर बढ़ती हैं।

**31.** *(b)* सिविक निकाय द्वारा नोटिस बोर्ड लगाए जाने के फलस्वरूप हो सकता है कि पिकनिक मनाने वाले इसे पढ़ लें और समुद्र में जाते समय सावधान रहें। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**32.** *(a)* सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को ₹ 25 लाख तक के आवास ऋणों पर ब्याज दर घटाने को कहा गया है, हो सकता है कि बैंक सभी आवास ऋणों पर ब्याज दर घटा दे। अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**33.** *(d)* स्थानीय अस्पताल के मुख्य द्वार पर मुफ्त कैंसर की जाँच का नोटिस लगाने के बाद इलाके में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में इस सुविधा का लाभ उठाएँगे तथा अस्पताल का स्टाफ भीड़ को सम्भाल लेगा। इसलिए ही यह नोटिस लगाया गया है। अतः पूर्वधारणाएँ I व II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**34.** *(d)* कथन से स्पष्ट है कि सरकार के पास पूरी अवधि के दौरान खाद्यान्न वितरित करने का पर्याप्त स्टॉक है। जिससे गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार ₹ 5 प्रति किग्रा की दर से खाद्यान्न खरीद सकें। अतः दोनों ही पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं।

**35.** *(a)* कथन से स्पष्ट है कि फाइनल मैच को ज्यादा दर्शक होने के कारण बड़े स्टेडियम में कराया जा सकता है तब अधिकांश टिकट बिक जाऐंगो जिससे क्रिकेट निकाय को भारी आमदनी होगी। कथन में घर पर TV पर मैच देखने के बारे में कोई बात नहीं कही गई है।
अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**36.** *(c)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि संगठन चाहता है कि सर्वोच्च प्रबन्धन अधिकारी पहले अपनी परिसम्पत्ति की घोषणा करे। साथ ही यह भी सत्य है कि कर्मचारियों के पास कोई अवैध आय नहीं है। अतः दोनों ही पूर्वधारणाएँ सही हैं।

**37.** *(a)* कथन से स्पष्ट है कि विश्व में मौसम में परिवर्तन से उत्पादन में कमी और जनसंख्या में वृद्धि के कारण खाद्यान्न की कमी एक गम्भीर मुद्दा बन सकती है जिसके कारण खाद्यान्न की कीमतों में बढ़ोत्तरी सम्भव है जबकि मौसम में परिवर्तन एक गम्भीर मुद्दा नहीं है।
अतः केवल पूर्वधारणा I सही है।

**38.** *(b)* यदि कथनानुसार पाँच महीनों में धन दोगुना होता है तो प्रत्येक व्यक्ति इसे दोगुना करना चाहेगा जबकि कथन में आश्वासन के बारे में कोई बात नहीं की गई है।
अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**39.** *(c)* दिए गए कथनानुसार यह सम्भव है कि समिति के अधिकांश सदस्य निवेदन पर अम्ल करेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी सत्य है कि जहाँ तक सम्भव हो सके खर्चों को कम करना चाहिए। अतः पूर्वधारणा I या II में से एक ही अन्तर्निहित है।

**40.** *(a)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि 5 वर्ष की आयु के बच्चे का उचित विकास होता है तथा वह सीखने को तैयार हो जाता है। अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**41.** *(d)* कथन से स्पष्ट है कि राष्ट्रीयकृत बैंक में नियुक्ति चाहने वाले पात्र चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट पर्याप्त संख्या में होंगे तथा इस विज्ञापन का प्रत्युत्तर भी देंगे। अतः पूर्वधारणाएँ I तथा II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**42.** *(a)* मानसून की शुरूआत से पहले नगरपालिका प्राधिकरण ने रास्तों की इतनी अच्छी तरह से मरम्मत करवाई कि पुनः गड्ढे नहीं होंगे। अतः केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है।

**43.** *(d)* दिए गए विज्ञापन से स्पष्ट है कि ऐसे विज्ञापनों से जानकारी लेने के बाद ही लोग सामान्यतः अपनी यात्रा सम्बन्धी निर्णय लेते हैं तथा तुल्य लागत पर देश के भीतर यात्रा करने के बजाय लोग विदेश यात्रा पसन्द करते हैं। अतः पूर्वधारणाएँ I तथा II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।

**44.** *(c)* सब्जियों की कीमतें बढ़ने पर भी लोग सब्जी खाना और खरीदना नहीं छोड़ेंगे तथा सम्भव है कि लोग खुदरा बेचने वालों से सब्जियाँ न खरीदें। अतः न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित हैं।

**45.** *(c)* यह सर्वविदित है कि किसी विज्ञापन के मुख्य तथ्य लोगों द्वारा पसन्द किए जाते हैं तथा ऐसा होना सम्भव भी है, इसलिए पूर्वधारणाएँ I और III कथन में अन्तर्निहित हैं।

**46.** *(d)* यह सत्य है कि उद्योग प्रदूषण फैलाते हैं, परन्तु विकसित देशों में ऐसी तकनीक उपलब्ध हैं, जो हानिकारक तत्वों को उपयोगी या हानिरहित पदार्थों में बदल देते हैं। अतः यह धारणा गलत है कि प्रदूषण औद्योगिक समाज का एक भाग है। इस प्रकार पूर्वधारणा I अमान्य है। आर्थिक विकास केवल औद्योगिकीकरण के चलते नहीं होता है। आर्थिक विकास में अन्य कारकों का भी योगदान होता है। कथन से यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि कोई भी देश काबू पाने योग्य कुपरिणामों के साथ ही आर्थिक विकास करता है या करना चाहता है। अतः पूर्वधारणा III कथन में अन्तर्निहित है।

**47.** *(e)* तीनों ही पूर्वधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं। यदि समुचित प्रयास किए जाएँ तो कोई भी कार्य दुःसाध्य नहीं है। कथन से यह स्पष्ट है कि विभिन्न आर्थिक वर्ग के लोगों के लिए तकनीकी की आवश्यकताएँ भी भिन्न-भिन्न हैं। अगर विभिन्न आर्थिक वर्गों के लिए समुचित तकनीकी विकसित करना सम्भव नहीं होता तो कथन बेमानी है।

**48.** *(d)* कथन से यह कदापि नहीं निकलता है कि कम्पनी 'X' के व्यापार क्षेत्र में कम्पनियों की संख्या कम है। अतः पूर्वधारणा I अमान्य है। कथन से यह स्पष्ट है कि ISO 9002 का गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जीतना आसाना नहीं है। सामान्यतः कोई भी व्यवसायी अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहता है। अतः पूर्वधारणाएँ II और III कथन में अन्तर्निहित हैं।

**49.** *(a)* पूर्वधारणाएँ II और III ही कथन में अन्तर्निहित हैं। यदि व्यक्ति अपनी क्षमता के विकास के लिए इच्छुक नहीं रहता, तब कथन का कोई औचित्य नहीं है। उसी प्रकार पूर्वधारणा III भी मान्य है।

**50.** *(b)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि देश की निजी संस्थाएँ यथोचित समय के भीतर हाइवे का निर्माण करने में समर्थ हैं तथा सरकार के बिल्ड-ऑपरेट- ट्रान्सफर वाले प्रस्ताव का निजी संस्थाओं को वित्तीय लाभ हो। अतः पूर्वधारणाएँ II तथा III दोनों अन्तर्निहित हैं।

**51.** *(c)* कथनानुसार यह स्पष्ट है कि सर्वोच्च निकाय द्वारा तकनीकी कोर्सों के पाठ्यक्रमों को संशोधित करने के फैसले का उद्योग स्वागत करेंगे तथा कॉलेजों में की जाने वाली भर्ती को बढ़ा देंगे। अतः केवल पूर्वधारणा II ही अन्तर्निहित है।

**52.** *(c)* कथन से स्पष्ट है कि सभी वाहनों की आवाजाही रोक देने से इलाके में रह रहे लोग असुविधा से बचने के लिए हो सकता है कि अपने-अपने घर से बाहर ही न निकलें। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

**53.** *(e)* कथन से स्पष्ट है कि एयरलाइन्स के अनुरोध के बाद अधिकांश यात्री एयरपोर्ट के लिए अपनी यात्रा आरम्भ करने से पहले फ्लाइट की स्थिति जाँच लेंगे तथा ये भी हो सकता है कि अधिकांश यात्री अपने टिकट रद्द करा दें और स्थिति के सामान्य होने तक अपनी यात्रा को स्थगित कर दें। अतः पूर्वधारणाएँ I और III दोनों अन्तर्निहित हैं।

**54.** *(b)* पूर्वधारणाएँ I और II दोनों अन्तर्निहित हैं, क्योंकि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि न करेगी, तो तेल कम्पनियाँ क्रय और विक्रय मूल्य में घाटे को नहीं उठा सकेंगी तथा लोग मूल्य वृद्धि के खिलाफ आन्दोलन शुरु कर सकते हैं।

**55.** *(a)* सभी पूर्वधारणाएँ अन्तर्निहित हैं, क्योंकि सभी धारणाओं के आधार पर यह विज्ञापन निकाला गया है।

**56.** *(c)* पूर्वधारणा I गैर डिस्पोजेबल प्रकृति प्लास्टिक की थैलियों को पर्यावरण के लिए खतरा बनाती है। दिए गए कथन से सम्बन्धित नहीं है। जबकि पूर्वधारणा II दिए कथन से सम्बन्धित है। पुनःनिर्मित रंगीन प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग खतरनाक है क्योंकि इनमें हानिकारक तत्व होते हैं, जो भोजन के कणों के संपर्क में आने से भोजन को अयोग्य बनाते हैं, जिससे फूड पोइजन और कई बार गंभीर स्थिति में मृत्यु भी हो जाती है।

**57.** *(a)* दिए गए कथन के आधार पर शब्द ''अन्तर्निहित पूर्वाग्रह'' का सही अर्थ है। काले लोगों की तुलना में सफेद लोगों को मामूली सी ऑटोमेटिक वरीयता।

# 05

# कथन एवं कार्यवाहियाँ

## (Statement and Courses of Action)

हमारे सामान्य जन-जीवन से सम्बन्धित दी गई घटना या जानकारी को **कथन** कहते हैं। ऐसी कोई घटना (Event) या स्थिति (Situation) जो हमारे सामान्य जन-जीवन को अंशतः या पूर्णतः बाधित (Disturb) कर देती है या उसमें गतिरोध उत्पन्न कर देती है, ऐसी घटना या स्थिति को समस्या (Problem) कहा जाता है। समस्या के निदान के लिए उठाया गया उचित कदम **कार्यवाही** कहलाता है।

'कथन एवं कार्यवाहियाँ' अध्याय के अन्तर्गत कथन के रूप में एक समस्या दी गई होती है। ये समस्या दहेज प्रथा, जाति प्रथा, भूकम्प, बाढ़, अशिक्षा, अपराध, उग्रवाद, हड़ताल, बेरोजगारी, ट्रेन दुर्घटना, साम्प्रदायिक दंगा, राजनीतिक संकट, वित्तीय संकट आदि से सम्बन्धित होती है। इस प्रकार की समस्या को हल करना ही समाधान हेतु उचित कार्यवाही होती है।

इस अध्याय के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में प्रायः एक कथन या समस्या या किसी स्थिति विशेष की वास्तविक/काल्पनिक परिस्थितियाँ दी गई होती हैं। उसके बाद इन समस्याओं/परिस्थितियों से निपटने के लिए अपेक्षित कार्यवाहियाँ दी गई होती हैं। अभ्यर्थियों को कार्यवाहियों का सूक्ष्म-विश्लेषण कर यह निर्णय लेना होता है कि, दी गई परिस्थितियों में कौन-सी कार्यवाही/ कार्यवाहियाँ उचित होगी/होंगी?

इस परीक्षण द्वारा अभ्यर्थियों के प्रशासनिक निर्णय लेने की क्षमता या नीतियों को समझने की तथा उचित कार्यवाही करने की तार्किक योग्यता की जाँच की जाती है।

उपरोक्त वर्णित समस्याओं को निम्न दो भागों में बाँटा जा सकता है

### 1. साधारण समस्या

ऐसी समस्याएँ, जिन्हें साधारण कार्यवाही द्वारा हल किया जा सकता है तथा जिनके समाधान के लिए केवल सुधार की आवश्यकता होती है; जैसे—यदि आप 2-3 घण्टे काम करने के बाद थक जाते हैं, तब आपकी थकावट आपके लिए एक साधारण समस्या है और आप इस समस्या का समाधान एक कप चाय पीकर या एक गिलास जूस पीकर या किसी अन्य साधारण तरीके से कर सकते हैं तथा स्वयं को तरोताजा कर सकते हैं।

इसी प्रकार, दूसरी साधारण समस्याएँ; जैसे—अनुशासनहीनता, शोर मचाना आदि को साधारण और सरल कार्यवाही द्वारा हल किया जा सकता है।

### 2. कठिन समस्या

ऐसी समस्याएँ, जिनके लिए योजनाबद्ध तरीके से ठोस कार्यवाहियाँ करने की आवश्यकता होती है; जैसे—यदि एक बड़ी ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है, यह एक कठिन समस्या की श्रेणी में आती है और इस अनचाही परिस्थिति को नियन्त्रित करने के लिए बचाव कार्य जल्द-से-जल्द और एक सही योजनानुसार आरम्भ कर देना चाहिए।

## कार्यवाही के उपयुक्त होने के लिए शर्तें

कथन/समस्या के लिए कार्यवाहियों को निम्नलिखित विशेषताओं से जुड़े रहने पर ही उपयुक्त माना जा सकता है

- यह समस्या का निदान करता है या समस्या को कम करता है।
- यह एक व्यावहारिक निदान है।

निम्नलिखित नियमों का अनुपालन करने पर ही यह कहा जा सकता है कि सुझाए गए तथ्य किसी समस्या का निदान कर रहे हैं

### 1. मान्यता प्राप्त तथ्य

किसी बीमारी के इलाज के लिए डॉक्टरों के पास जाना मेडिकल साईंस के द्वारा मान्य है। सामाजिक मान्यता के तहत् व्यक्तियों के अपराधीकरण पर रोक लगाने के लिए कानून की सहायता लेना। इन सभी के लिए इसी प्रकार की कार्यवाहियाँ की जा सकती हैं।

### 2. अनुभवों के आधार पर

बहुत-सी समस्याओं के निदान के लिए अनुभवों को प्रयोग में लाया जाता है; जैसे—भारत जैसे देश को पड़ोसी देशों से किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए। उसके लिए एक अच्छी कूटनीति का होना अतिआवश्यक है, जिसका अनुभव के द्वारा ही समाधान किया जा सकता है।

जैसे—भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन सम्बन्ध इसके बेहतर उदाहरण हैं।

### 3. तार्किक विचारों के आधार पर

बहुत-सी समस्याएँ ऐसी होती हैं, जो नये प्रकार की होती हैं, उनके समाधान के लिए अनुभवों का अभाव होता है। इन परिस्थितियों में उन समस्याओं का समाधान तर्कशक्ति की विवेचना के आधार पर किया जाता है;

जैसे—भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में अनेक छोटे-छोटे दलों को मिलाकर एक मोर्चे का गठन किया जाता है और इन सभी दलों की नीतियों के न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर सरकार बनाई जाती है।

4. **सत्यता की प्रचलित मान्यता प्राप्त विचारधारा**

बहुत-सी समस्याओं का निदान प्रचलित विचारधाराओं के आलोक में किया जाना उपयुक्त होता है; जैसे—गाँधी युग में नेता खादी के कपड़े पहना करते थे तथा आज भी नेताओं के पसन्दीदा कपड़े धोती-कुर्ता-पायजामा रहते हैं, जो उस समय की याद दिलाते हैं।

निम्न आरेख कार्यवाही के उपयुक्त होने की जाँच करने के लिए एक प्रक्रिया प्रदान करता है




**समस्या समाधान से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य**

किसी भी समस्या के समाधान के लिए निम्न तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए

- समाधान का तरीका सकारात्मक होना चाहिए।
- ऐसे तथ्यों का प्रयोग होना चाहिए, जो सर्वव्यापी सत्य हों।
- सामान्य सचेतता का उपयोग होना चाहिए।
- कल्पना तथा सामान्य बुद्धि का प्रयोग तार्किक दृष्टिकोण से होना चाहिए।
- समस्या का समाधान अनुभव के आधार पर होना चाहिए।
- समस्या समाधान के समय पूर्वाग्रह से बचना चाहिए।

# प्रश्नों के प्रकार

कथन एवं कार्यवाही से सम्बन्धित निम्न दो प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रकार *1.* दो कार्यवाहियों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में एक कथन और उसके बाद क्रमशः दो कार्यवाहियाँ I और II दी गई होती हैं। अभ्यर्थियों को दिए गए कथन या स्थिति को समझकर समस्या का विश्लेषण करते हुए दी गई कार्यवाहियों में से उस कार्यवाही का चुनाव करना होता है जो तर्किक रूप से उपयुक्त है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 1-2) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के दो उपाय I और II दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय या प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या, नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि किन्हीं सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही I या II अनुसरण करती है
(d) न ही कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है
(e) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

***उदाहरण* 1. कथन** जापान में आए शक्तिशाली भूकम्प से करीब एक हजार लोग मृत तथा करीब पचास हजार लोग घायल अवस्था में पाए गए।

**कार्यवाहियाँ** I. घायलों को अविलम्ब स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करानी चाहिए।

II. प्रभावित क्षेत्र में सरकार को अविलम्ब शिविर, खाद्य-सामग्री एवं पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए।

***व्याख्या*** *(e)* दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं। सरकार का यह कर्त्तव्य है कि वह जन-जीवन की रक्षा करे। अतः घायलों को अविलम्ब स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना, साथ-ही-साथ शिविर, खाद्य-सामग्री तथा पेयजल की आपूर्ति करना निश्चित रूप से उचित कदम है, क्योंकि जीवन रक्षा के लिए यह अतिआवश्यक है।

**उदाहरण 2. कथन** विश्व के शीर्ष दस अस्वच्छ देशों की लिस्ट में, अपने अस्वच्छ रहन-सहन के कारण देश P का नाम शामिल है।

**कार्यवाहियाँ** I. देश P की सरकार को, लोगों को अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए, जागरूक करने के लिए विशेष अभियान आरम्भ करना चाहिए।

II. जो लोग स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करें उन्हें अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

***(RBI Assist. Manager 2017)***

***व्याख्या*** *(e)* अस्वच्छ देशों की लिस्ट में देश P का नाम शामिल होने से, देश P की सरकार को, लोगों को अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए तथा जो लोग इस अभियान में प्रतिभाग करें, उन्हें अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना चाहिए।

अतः कार्यवाही I तथा II दोनों ही अनुसरण करती हैं।

# प्रश्नावली 5.1

***निर्देश*** (प्र.सं. 1-29) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के दो उपाय I और II दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय या प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या, नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) या तो कार्यवाही I या II अनुसरण करती है
(d) न ही कार्यवाही I और न ही II अनुसरण करती है
(e) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

***1.*** **कथन** सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए उनमें मेकेनिज्म लाने की आवश्यकता है।

**कार्यवाहियाँ**

I. मोडालिटीज तैयार करने के लिए सरकार को तत्काल एक कार्यकारी दल की नियुक्ति करनी चाहिए।

II. सरकार को सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्देश पर पुनर्विचार करने के लिए अपील करनी चाहिए। ***(Andhra Bank PO 2014)***

***2.*** **कथन** देश की अच्छी आर्थिक स्थिति के बावजूद देश के ग्रामीण इलाकों में अल्पपोषित बच्चों की काफी ज्यादा संख्या पाई गई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को धनकर और आयकर बढ़ा देना चाहिए और धन का प्रयोग वंचित वर्ग के विकास के लिए करना चाहिए।

II. सरकार को प्राथमिक स्कूलों में मुफ्त भोजन जैसी योजनाएँ शुरू करनी चाहिए और प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य कर देना चाहिए। ***(SBI PO 2014)***

***3.*** **कथन** राज्य पुलिस शस्त्रागार से हथियारों की बड़ी संख्या में अवैध बिक्री में कम-से-कम दो पुलिस अफसरों के शामिल होने के मामले के खुलासे के बाद पुलिस विभाग सन्देह के दायरे में है।

**कार्यवाहियाँ**

I. हथियारों की अवैध बिक्री में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण जाँच के आदेश दिए जाने चाहिए।

II. राज्य पुलिस शस्त्रागार केन्द्र सरकार के नियन्त्रण में होना चाहिए। ***(SBI PO 2014)***

***4.*** **कथन** औसतन 10 से अधिक लोग राज्य में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन दुर्घटना के शिकार होते हैं। ऐसा क्रॉसिंग पर जल्दी सड़क पार करने के कारण होता है।

**कार्यवाहियाँ**

I. रेलवे ऑथोरिटी को सभी क्रॉसिंग को सील कर देना चाहिए।

II. सभी क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर बनाए जाने चाहिए।

***5.*** **कथन** शहर में विगत कुछ वर्षों से विद्युत की माँग तीव्र गति से बढ़ गई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को प्रति यूनिट दर बढ़ा देनी चाहिए।

II. शहर के वैसे क्षेत्र जहाँ गरीब लोग रहते हैं, वहाँ पॉवर कटिंग की जानी चाहिए।

***6.*** **कथन** वायु प्रदूषण का बढ़ता हुआ स्तर शहरों में रह रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियाँ पैदा कर रहा है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सभी उद्योगों को शहरों के बाहरी हिस्सों में स्थानान्तरित कर दिया जाना चाहिए।

II. परिवहन अधिकारियों को सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को बदलकर CNG से चलने वाले वाहन बनाने के उपाय करने चाहिए।

***7.*** **कथन** शहर F का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 'एम्परर गार्डन' जो कि वर्ष में दो माह के लिए, जनता के लिए निःशुल्क खोला जाता है, के प्राधिकरण ने बाग में सफाई व्यवस्था तथा जनता द्वारा प्रोपर्टी को नष्ट किए जाने की शिकायत की है।

**कार्यवाहियाँ**

I. प्राधिकरण को एक निश्चित आयु वर्ग के लोगों का बाग में जाना प्रतिबन्धित कर देना चाहिए।

II. प्रोपर्टी को नष्ट करने पर दोषी पाए जाने वाले लोगों को दण्डित किया जाना चाहिए। ***(Canara Bank PO 2018)***

***8.*** **कथन** हाल ही में क्रेडिट/डेबिट कार्ड सम्बन्धी जालसाजी के बहुत-से मामले रिकॉर्ड किए गए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. अधिकृत व्यक्ति द्वारा क्रेडिट/डेबिट कार्ड का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को कड़ाईपूर्वक सत्यापन करना चाहिए।

II. प्लास्टिक मुद्रा से व्यवहार करने के सम्बन्ध में बैंकों को अपने ग्राहकों को अधिक सावधान रहने की सूचना देनी चाहिए।

***9.*** **कथन** मद्य-सेवन और प्रलाप पार्टियाँ कॉलेज के वर्तमान युवाओं के लिए फैशन बन गई हैं, जो उन्हें अपनी पढ़ाई से विपथित करती हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. राज्य सरकारों को विद्यार्थियों को पब्स और बार्स में प्रवेश की अनुमति नहीं देने सम्बन्धी नियम बनाने चाहिए।

II. माता-पिताओं और कॉलेजों को कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों पर कड़ा अनुशासन लागू करना चाहिए।

***10.*** **कथन** देश के अधिकांश भागों में पॉवर कट ने परीक्षा के समय विद्यार्थियों को अत्यधिक मुश्किल में डाल दिया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को लोगों को जनरेटरों और इनवर्टरों जैसी आपाती व्यवस्था करने की सलाह देनी चाहिए।

II. पॉवर कट के विरोध में विद्यार्थियों के माता-पिताओं को राज्य बिजली बोर्ड के विरोध में मोर्चा निकालना चाहिए।

***11.*** **कथन** विविध क्षेत्रों में बढ़ती हुई प्रतियोगिता से बच्चों और युवाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और परिणामस्वरूप वे अत्यधिक गम्भीर कदम उठाते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. बच्चों और युवाओं को उनके माता-पिताओं के साथ प्रतियोगिता का सही परिप्रेक्ष्य में सामना करने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए।

II. माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों पर दबाव नहीं डालने की सलाह दी जानी चाहिए।

***12.*** **कथन** शहर में रिहायशी टावरों के निर्माण में वृद्धि, जल आपूर्ति, मल-निकास प्रणाली आदि जैसी आधारभूत व्यवस्थाओं में बाधा डालती है।

**कार्यवाहियाँ**

I. जब तक आधारभूत सुविधाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान न कर लिए जाएँ, नगरपालिका प्राधिकरण को टावरों के निर्माण की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

II. जो बिल्डर्स नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सम्बद्ध प्राधिकरणों को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

***13.*** **कथन** रेल पुलों की स्थिति के निर्धारण के लिए पारम्परिक जाँच पद्धतियाँ प्रभावी नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि होती है।

**कार्यवाहियाँ**

I. जीर्ण-शीर्ण और जिन पुलों की पिछले दस साल में मरम्मत नहीं हुई हो उन्हें तत्काल नष्ट किया जाना चाहिए।

II. पुलों की स्थिति की जाँच और उनकी मरम्मत के लिए तुरन्त कार्यवाही करने के लिए सरकार द्वारा आधुनिक पुल निरीक्षण उपकरण सहित आवश्यक प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात किया जाना चाहिए।

***14.*** **कथन** इण्टरनेट जैसी परिष्कृत प्रौद्योगिकी के प्रयोग से बैंकों में की जाने वाली धोखाधड़ियों की संख्या दोगुनी हो गई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. ऐसे अपराधों से निपटने के लिए सरकार को कानून का प्रवर्तन करने वाले कर्मिकों को तकनीकी प्रशिक्षण देना चाहिए।

II. ऐसी धोखाधड़ियों को रोकने के लिए बैंकों को कठोर जाँचों और प्रणालियों को लागू करना चाहिए।

***15.*** **कथन** बहुत तेज और लापरवाह बस ड्राइवरों पर जुर्माना लगाए जाने के बावजूद ड्राइवरों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने की घटनाएँ कम नहीं हुई हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. अपराधियों के लाइसेंस तुरन्त ले लिए जाने चाहिए।

II. बिना अतिरिक्त विलम्ब के बस कम्पनियों को सम्बद्ध दोषी ड्राइवरों को चेतावनी देनी चाहिए और बार-बार अपराध करने वालों को निलम्बित करना चाहिए।

***16.*** **कथन** समय के साथ-साथ साहूकारों द्वारा शोषित बेरोजगार ग्रामीण जनता की संख्या में वृद्धि होती जा रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को बेरोजगार ग्रामीण लोगों के लिए कमाई के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।

II. सरकार को NGOs और वित्तीय संस्थानों को उन्हें ऋण के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

***17.*** **कथन** ग्रामीण इलाकों में बहुत-से मरीजों की मृत्यु हो जाती है, क्योंकि उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों में आवश्यक ज्ञान और निपुणता का अभाव होता है।

**कार्यवाहियाँ**

I. डॉक्टरों को डॉक्टरी प्रैक्टिस करने के लिए लाइसेंस जारी करने से पहले उनके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में काम करना अनिवार्य होना चाहिए।

II. उच्च जोखिम वाले ऑपरेशनों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाना चाहिए। ***(Corporation Bank PO 2006)***

***18.*** **कथन** शहर में वायु प्रदूषण का स्तर दिनों-दिन बढ़ता हुआ पाया गया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. जो लोग निजी वाहनों का मिल-बाँटकर प्रयोग करते हैं, नगर विकास प्राधिकारियों द्वारा उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

II. नगर विकास प्राधिकारियों को वैयक्तिक निजी वाहन के प्रयोग पर भारी कर लगाना चाहिए।

***19.*** **कथन** बहुत-से छात्र परीक्षा और परिणाम के दबाव को झेल पाने में असमर्थ रहते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. शिक्षा विभाग को परीक्षा व्यवस्था में सुधार करने पर विचार करना चाहिए।

II. परीक्षा अधिकारियों को लिखित परीक्षाओं को आंशिक रूप से हटा देना चाहिए और इसके बजाए मूल्यांकन के अन्य साधनों के जरिए व्यावहारिक ज्ञान की परीक्षा को अधिक महत्त्व देना चाहिए।

***20.*** **कथन** सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करते समय लूटमार के मामलों में हाल के समय में काफी ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सार्वजनिक परिवहन के सभी वाहनों में सुरक्षा गार्डों की पर्याप्त संख्या में तत्काल तैनाती की जानी चाहिए।

II. लोगों को सलाह दी जानी चाहिए कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से यात्रा करते समय अत्यधिक मूल्यवान वस्तुओं को लेकर नहीं चलना चाहिए।

***21.*** **कथन** हाल की बाढ़ के पश्च प्रभाव के रूप में सभी जगह पानी से होने वाली महामारियाँ फैली हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सिविक प्राधिकारियों को लोगों को पेयजल का प्रयोग करने से पहले जलशोधकों का प्रयोग करने की सलाह देनी चाहिए और इलाके में सभी जगह सफाई रखने की सलाह देनी चाहिए।

II. सिविक प्राधिकारियों को जल आपूर्ति विभाग को अनुदेश देना चाहिए कि जनता को जल आपूर्ति करने से पहले जल भण्डारों में अतिरिक्त जलशोधक तत्व डालने चाहिए।

***22.*** **कथन** शहर में बहुत-से लोगों की अत्यधिक संक्रामक दिमागी बुखार से पीड़ित होने की सूचना है।

**कार्यवाहियाँ**

I. जिन लोगों का दिमागी बुखार से ग्रस्त होने का निदान किया गया है, उन्हें अस्पताल के अलग-अलग वार्डों में दाखिल किया जाना चाहिए।

II. सरकार को सभी नागरिकों से ऐसे सभी रोगियों को अविलम्ब अस्पतालों में भर्ती करने की अपील करनी चाहिए।

***23.*** **कथन** मौसम विज्ञान-विभाग ने अभी हाल ही में सूचित किया है कि देश के अधिकांश भाग में मानसून के सक्रिय होने में कुछ देरी होगी।

**कार्यवाहियाँ**

I. देश के सभी कृषकों को मौसम की भविष्यवाणी से अवगत कराना चाहिए तथा उनको स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा जाना चाहिए।

II. सरकार को सूखाग्रस्त क्षेत्र के लिए पीने के पानी का समुचित प्रबन्ध करना चाहिए।

***24.*** **कथन** अभी हाल ही में देश में चीतों की गणना की गई तथा पाया गया कि चीता आरक्षित अभियान में से कुछ चीते लुप्त हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को चीता आरक्षित अभियान में से बचे हुए चीतों की रक्षा के लिए कड़ा प्रबन्ध करना चाहिए।

II. सरकार को लुप्त हुए चीतों के लिए उत्तरदायी अपराधियों का तुरन्त पता लगाना चाहिए। ***(BOI PO 2010)***

***25.*** **कथन** भारतीय विश्वविद्यालयों से बढ़ती संख्या में निकलने वाले ग्रेजुएट रोजगार योग्य नहीं हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु तय करने के लिए उच्च शिक्षा के कॉलेजों और संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए।

II. विश्वस्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

***26.*** **कथन** स्थानीय स्कूलों के कई स्कूली बच्चे स्कूल अधिकारियों द्वारा दिए गए सब्सिडाइज्ड टिफिन खाकर बीमार पड़ गए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सभी स्कूलों की टिफिन सुविधा को तत्काल प्रभाव से बन्द कर दिया जाना चाहिए।

II. स्कूल द्वारा दिए जाने वाले टिफिन की गुणवत्ता को प्रमाणित करने के लिए सरकार को एक प्रणाली क्रियान्वित करनी चाहिए।

**27. कथन** राज्य विधानसभा के चुनाव से पहले अक्टूबर में राज्य में भारी बारिश हुई, जिससे राज्य के अधिकांश भागों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** उम्मीदवारों को प्रचार का अवसर देने के लिए चुनाव स्थगित किए जाने चाहिए।

**II.** सरकार को प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

**28. कथन** सरकार द्वारा निधि प्राप्त बहुत-से स्वायत्त संस्थानों/संगठनों को गैर-व्यावसायिक व्यक्तियों द्वारा चलाए जाने की सूचना है, जिससे वे अव्यवस्था और बदइन्तजामी में परिणत हो रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** सरकार को संस्थाओं/संगठनों की स्थिति में सुधार लाने के उपाय सुझाने के लिए तत्काल एक समिति नियुक्त करनी चाहिए।

**II.** सरकार को इन संस्थाओं/संगठनों को अपनी आय और व्यय के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहना चाहिए।

**29. कथन** सेल फोन प्रयोक्ताओं ने पाया कि टैरिफ प्लान उतने आकर्षक नहीं हैं जितने टेलीकॉम कम्पनियों ने प्रोमोट किए थे और उन्होंने इस बारे में विनियामक प्राधिकारियों को शिकायत की है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** विनियामक अधिकारियों द्वारा टेलीकॉम कम्पनियों को सभी प्लानों के टैरिफ ढाँचों में पारदर्शी बने रहने के निर्देश देने चाहिए।

**II.** सरकार को देश में परिचालनरत कम्पनियों की संख्या को सीमित करना चाहिए।

***निर्देश*** (प्र. सं. 30 और 31) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा उसके बाद दो कार्यवाहियाँ I तथा II दी गई हैं। एक कार्यवाही व्यवस्था में सुधार के लिए लिया गया सरकार द्वारा आदेश या ठोस कदम होता है। दी गई जानकारी के आधार पर ज्ञात कीजिए कि दिए गए कथन के लिए कौन-सी कार्यवाही/कार्यवाहियाँ उचित है/हैं तथा वह तार्किक रूप से अनुसरण करती है/हैं?* ***(SBI Clerk Main 2017)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि केवल I अनुसरण करती है
(b) यदि केवल II अनुसरण करती है
(c) यदि या तो I या II अनुसरण करती है
(d) यदि न तो I तथा न ही II अनुसरण करती है
(e) यदि I तथा II दोनों अनुसरण करती हैं

**30. कथन** राजधानी के निर्यातकों ने वाणिज्यिक बैंकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे रिजर्व बैंक के नियमानुसार पहले से निर्यात किए गए माल से प्राप्त विदेशी मुद्रा पर इस वर्ष जनवरी से साख नहीं लगा सकते।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** वाणिज्यिक बैंकों के वे अधिकारी, जो इस मामले से सम्बद्ध हैं, सबको जल्द ही निलम्बित किया जाएगा।

**II.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, वाणिज्यिक बैंकों को ऐसा निर्देश देने से रोका जाएगा।

**31. कथन** कम्पनी के अधिकारी ने बताया कि उसकी अलमारी से कुछ धन गायब हो गया है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** उसे सारे धन को स्टाफ के साथ मिलकर पुनः गिनना तथा उसका बैलेन्सशीट से मिलान करना चाहिए।

**II.** उसे पुलिस को बुलाना चाहिए।

***निर्देश*** (प्र. सं. 32-39) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही I और II दी गई हैं, कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित होता है। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझाव में से कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वियन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) न तो कार्यवाही I और न ही II अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

**32. कथन** दिल्ली में प्रदूषण और वायु की गुणवत्ता स्वीकार्य स्तर से परे हैं। यह उद्योगों और वाहनों द्वारा हुए प्रदूषण के कारण है। ***(RRB ALP 2018)***

**कार्यवाहियाँ**

**I.** वाहनों को क्रमशः विषम और सम दिनों में चलाने के लिए समूहों में विभाजित किया जाना चाहिए।

**II.** सरकार को नए कारखानों और वाहनों के पंजीकरण को रोकना चाहिए।

**33. कथन** तमिलनाडु में विनिर्माण कम्पनियों को बिजली की कमी की गम्भीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ***(RRB ALP 2018)***

**कार्यवाहियाँ**

**I.** सरकार को बिजली की इस समस्या का समाधान करने हेतु ठोस कदम उठाने चाहिए।

**II.** बिजली की बचत हेतु सरकार को विनिर्माण कम्पनियों को बन्द कर देना चाहिए।

**34.** दिए गए कथनों को सही मानते हुए विचार करें और ये तय करें कि कथनों से तर्कसंगत रूप से, कार्रवाई का कौन-सा प्रकार उचित है? ***(RRB ALP 2018)***

**कथन** बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण, नागरिकों का सामान्य जीवन अवरुद्ध हो जाता है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** सरकार को लोगों की मदद करने तथा जीवन और सम्पत्ति को विनाश से बचाने के लिए उपाय करने चाहिए।

**II.** सरकार को बेंगलुरु के सभी अस्पतालों में निः शुल्क उपचार प्रदान करना चाहिए।

**35. कथन** एक व्यक्ति जोकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अपने खराब व्यवहार से अधिकारियों का अपमान करता रहता है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** उसका स्थानान्तरण कर देना चाहिए।

**II.** इस बात की शिकायत यूनियन में दर्ज करानी चाहिए।

**36. कथन** अधिकतर छात्र स्नातक के अन्तिम सेमेस्टर में प्रोजेक्ट में फेल हो गए।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** प्रोजेक्ट के शिक्षक को इस्तीफा देने के लिए कहना चाहिए।

**II.** सभी फेल छात्रों को ग्रेस (अंक) देकर पास कर देना चाहिए।

**37. कथन** एक सरकारी एयरलाइन्स कम्पनी लगातार घाटे में जा रही है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** कम्पनी को फिजूलखर्ची पर अविलम्ब नियन्त्रण करना चाहिए तथा किराया बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए।

**II.** सरकार को घाटे की राशि की भरपाई करके उस कम्पनी को निजी हाथों में बेच देना चाहिए।

**38. कथन** एक रिसर्च रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि अगले कुछ वर्षों में पेयजल की समस्या बढ़ने वाली है, क्योंकि इसके स्रोतों में निरन्तर कमी आ रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को एक जागरूकता अभियान चलाना चाहिए ताकि पानी का सदुपयोग हो सके।

II. एक विशेषज्ञ टीम का गठन करना चाहिए ताकि वह पेयजल स्रोतों की वृद्धि का उपाय कर इसके समुचित उपयोग की जानकारी दे सके।

**39. कथन** चेन्नई में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है।
***(Rajasthan Police Constable 2018)***

**कार्यवाहियाँ**

I. निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी बारिश के दौरान होने वाले खतरे से अवगत कराया जाना चाहिए।

II. जीवन को नुकसान से बचाने के लिए सरकार को इन क्षेत्रों से लोगों को स्थानान्तरित करना चाहिए।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

***1.*** *(a)* सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए उनमें मेकेनिज्म लाने की आवश्यकता है, इसके लिए मोडालिटीज तैयार करने के लिए सरकार को तत्काल एक कार्यकारी दल की नियुक्ति करनी चाहिए। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

***2.*** *(e)* दोनों कार्यवाहियाँ देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के हित के लिए हैं। अतः दोनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***3.*** *(a)* पूरे मामले की जाँच से ही पता चलेगा कि पुलिस अफसर हथियारों की अवैध बिक्री में शामिल हैं या नहीं। अतः कार्यवाही I अनुसरण करती है।

***4***. *(d)* रेलवे ऑथोरिटी सभी क्रॉसिंग को सील नहीं कर सकती तथा न ही सभी क्रॉसिंग पर पुल अर्थात् फ्लाईओवर बना सकती है। अतः न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***5.*** *(d)* विद्युत की माँग औद्योगीकरण के कारण भी बढ़ गई होगी। अतः माँग के कारणों का पता लगाए बिना कार्यवाहियाँ करना उचित नहीं होगा। अतः न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***6.*** *(e)* यदि सभी उद्योगों को शहर से बाहर स्थानान्तरित कर दिया जाए तथा सार्वजनिक परिवहन वाहनों के स्थान पर CNG से चलने वाले वाहन चलने लगे, तो वायु प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***7.*** *(b)* कथन में दी गई समस्या के समाधान और उसमें सुधार के लिए कार्यवाही II उचित है। कार्यवाही II को लागू करने पर एक ओर जहाँ नुकसान की भरपाई की जा सकती है, वही दूसरी ओर आने वाले समय में लोगों को प्रोपर्टी को नष्ट न करने के बारे में सचेत भी किया जा सकता है। क्योंकि ऐसा करने पर लोगों के मन में यह भय बना रहेगा कि यदि वे प्रोपर्टी को नुकसान पहुँचाते हैं, तो उन्हें दण्डित किया जा सकता है।

***8.*** *(a)* कथन के अनुसार हाल ही में क्रेडिट/डेबिट कार्य सम्बन्धी जालसाजी के बहुत-से मामले रिकॉर्ड किए गए हैं। अतः इनके प्रयोगों को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को कड़ाईपूर्वक सत्यापन करना आवश्यक है। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

***9.*** *(e)* कॉलेज के वर्तमान युवाओं को मद्य सेवन और प्रलाप पार्टियों में जाने से रोकने के लिए राज्य सरकार, माता-पिताओं तथा कॉलेज अधिकारियों द्वारा कड़ा अनुशासन लगाना बहुत आवश्यक है। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***10.*** *(d)* विद्यार्थियों के माता-पिता द्वारा पॉवरकट के विरोध में मोर्चा निकालना सही नहीं होगा तथा जनरेटर व इनवर्टर प्रत्येक व्यक्ति नहीं खरीद सकता। अतः न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***11.*** *(a)* विविध क्षेत्रों में बढ़ती हुई प्रतियोगिताओं से बच्चों और युवाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और परिणामस्वरूप वे अत्यधिक गम्भीर कदम उठाते हैं। इसको रोकने के लिए बच्चों और उनके माता-पिताओं को प्रतियोगिता का सही परिप्रेक्ष्य में सामना करने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

***12.*** *(e)* शहर में रिहायशी टावरों के निर्माण से उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के लिए दी गई दोनों ही कार्यवाहियाँ उचित हैं। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***13.*** *(b)* जिन पुलों की पिछले दस साल से मरम्मत नहीं हुई है तथा जीर्ण-शीर्ण हैं, उन सभी को तत्काल नष्ट कर देना भी उचित नहीं है क्योंकि ऐसे में जो पुल अभी सही स्थिति में हैं उनके पुनः निर्माण का खर्च रेलवे पर पड़ेगा। पुलों की जाँच के लिए आधुनिक पुल निरीक्षण उपकरण सहित प्रशिक्षितकर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए, क्योंकि पुरानी पद्धति कारगर नहीं है।
अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***14.*** *(b)* इण्टरनेट प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा बैंकों में की जाने वाली धोखाधड़ियों को रोकने के लिए बैंकों को कठोर जाँचों और प्रणालियों को लागू करना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***15.*** *(b)* बहुत तेज और लापरवाह बस ड्राइवरों पर जुर्माना लगाए जाने के बावजूद ड्राइवरों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर दोषी ड्राइवरों को चेतावनी देनी चाहिए और बार-बार ऐसा करने वालों को निलम्बित किया जाना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***16.*** *(e)* बेरोजगार ग्रामीणों की कमाई के लिए सरकार को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि बेरोजगार ग्रामीणों की संख्या में हो रही वृद्धि रोकी जा सके। इसके अतिरिक्त NGOs तथा वित्तीय संस्थाओं को बेरोजगार ग्रामीण लोगों को ऋण के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के लिए सरकार को प्रोत्साहित करना चाहिए। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***17.*** *(e)* डॉक्टरी प्रैक्टिस करने के लिए लाइसेंस जारी करने से पहले डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करना अनिवार्य करना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहे रोगों को रोकने में तथा ग्रामीण क्षेत्र में मूल्य दर कम करने में महत्त्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं में भी सुधार किया जाना चाहिए, जिससे उच्च जोखिम वाले ऑपरेशनों को सुनिश्चित किया जा सके। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***18.*** *(a)* शहर में दिनों-दिन बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए नगर विकास प्राधिकारियों को, निजी वाहनों के मिल-जुल कर प्रयोग करने वालों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जबकि वैयक्तिक निजी वाहन के प्रयोग पर भारी कर लगाने से लोगों में असन्तोष पैदा हो सकता है। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती हैं।

***19.*** *(e)* परीक्षा व्यवस्था में सुधार करने से तथा एसेसमैण्ट प्रणाली का प्रयोग करने से ऐसी दुर्घटनाओं की सम्भावना नहीं रहेगी। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

***20.*** *(a)* यात्रा करते समय अत्यधिक मूल्यवान वस्तुएँ साथ न ले जाना असम्भव है, परन्तु यदि सुरक्षा गार्डों की संख्या में वृद्धि कर दी जाए, तो खतरा नहीं रहेगा। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

***21.*** *(b)* प्राधिकारियों को जल आपूर्ति विभाग को यह आदेश देना चाहिए कि जनता को जल आपूर्ति करने से पहले जल भण्डारों में अतिरिक्त जलशोधक तत्व डाले जाने चाहिए, जिससे कि सभी स्थानों पर पानी से होने वाली महामारी को कण्ट्रोल किया जा सके। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

***22.*** *(b)* शहर में सभी संक्रामक दिमागी बुखार वाले रोगियों को अविलम्ब अस्पताल में भर्ती किया जाना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**23.** *(a)* सभी किसानों को स्थिति का सामना करने के लिए पहले से ही सूचित करना जरूरी है। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**24.** *(e)* बचे हुए चीतों की रक्षा करने का उचित प्रबन्ध करना चाहिए और इसके लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को कठोर दण्ड देना भी आवश्यक है। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**25.** *(e)* भारतीय विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों की विषय-वस्तु तय करने के लिए उच्च शिक्षा के संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए तथा विश्वस्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**26.** *(e)* स्कूल द्वारा दिए जाने वाले टिफिन की गुणवत्ता को प्रमाणित करने के लिए सरकार को एक प्रणाली क्रियान्वित करनी चाहिए तथा सभी स्कूलों की टिफिन सुविधा को तुरन्त बन्द कर देना चाहिए। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**27.** *(b)* राज्य में भारी बारिश के कारण खड़ी फसलों को जो नुकसान हुआ है, उसके लिए सरकार को प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**28.** *(b)* सरकार द्वारा निधि प्राप्त स्वायत्त संस्थाओं/संगठनों में जो अव्यवस्था और बदइन्तजामी परिणत हो रही है उसके लिए सरकार को इन संस्थाओं/संगठनों को अपनी आय और व्यय के विषय में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**29.** *(a)* विनियामक अधिकारियों द्वारा टेलीकॉम कम्पनियों को सभी प्लानों के टैरिफ ढाँचों में पारदर्शी बने रहने के निर्देश देने चाहिए, जिससे कि सेल फोन प्रयोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**30.** *(d)* दोनों में से कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है।

**31.** *(a)* केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है। अधिकारी से धन को गिनने में त्रुटि भी हो सकती है अतः धन को पुनः गिनना चाहिए और बैलेन्सशीट से मिलान करना चाहिए। पुलिस को बुलाना का विकल्प बाद में आता है।

**32.** *(a)* कार्रवाही I अनुसरण करती है, क्योंकि ऐसा करने से बहुत से लोग अपने निजि वाहनों का प्रयोग प्रतिदिन नहीं कर पाएंगे जिससे वे सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करेंगे और ऐसा करने से वायु प्रदुषण भी कम होगा जबकि कार्रवाही II अनुसरण नहीं करती है, क्योंकि नए कारखानों का पंजीकरण रोकने से विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**33.** *(a)* केवल कार्रवाही I अनुसरण करती है, क्योंकि बिजली की समस्या को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है, परन्तु कम्पनियों को बन्द करने से राज्य के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**34.** *(a)* पहली कार्रवाही उचित है, क्योंकि भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा हानि नागरिकों के जीवन, धन व सम्पत्ति को होती है। उसे बचाना प्रथम कार्रवाई होनी चाहिए।

**35.** *(c)* स्थानान्तरण से व्यवहार वहाँ भी वैसा ही रहेगा। वह खुद यूनियन का सक्रिय सदस्य है। अतः यूनियन में शिकायत करने से समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। अतः न तो कार्यवाही I और न ही II अनुसरण करती है।

**36.** *(c)* यदि अधिकतर छात्र स्नातक के अन्तिम सेमेस्टर में प्रोजेक्ट में फेल हो गए, तो इसके लिए शिक्षक जिम्मेदार नहीं हैं। अतः उसे इस्तीफा देने के लिए कहना उचित नहीं होगा तथा सभी फेल छात्रों को भी ग्रेस अंक देकर पास नहीं कराया जा सकता। अतः न तो कार्यवाही I और न ही II अनुसरण करती है।

**37.** *(a)* घाटे से उबरने के लिए प्रथम प्रयास फिजूलखर्ची पर नियन्त्रण तथा किराया बढ़ाना उचित कदम होगा। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**38.** *(d)* सरकार को पेयजल की समस्या से निपटने के लिए एक विशेषज्ञ टीम का गठन करना चाहिए, ताकि वह पेयजल स्रोतों की वृद्धि का उपाय कर इसके समुचित उपयोग की सूचना दे सके, साथ-ही-साथ सरकार को एक जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए, जिससे कि पानी का सदुपयोग किया जा सके। अतः कार्यवाहियाँ I व II दोनों ही अनुसरण करती हैं।

**39.** *(d)* कथन में दी गई स्थिति के अनुसार दोनों ही कार्यवाही उचित हैं। अतः विकल्प (d) सही है।

## प्रकार 2. तीन/ चार कार्यवाहियों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में, एक कथन और उसके बाद तीन कार्यवाहियाँ I, II और III दी गई होती हैं। अभ्यर्थियों को दिए गए कथन या स्थिति को पढ़कर समस्या की काल्पनिक अथवा वास्तविक परिस्थितियों का विश्लेषण करके विकल्पों के माध्यम से उपयुक्त कार्यवाही का चयन करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 3 और 4) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के तीन उपाय I, II और III दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित हो। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही(हियाँ) कार्यान्वियन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है(हैं)।*

***उदाहरण* 3. कथन** भारत के अनेक क्षेत्रों में मृदा अपरदन एक गम्भीर समस्या बन गई है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को वृक्षों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।

II. उर्वरकों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।

III. सरकार को अधिक-से-अधिक वृक्ष लगवाने चाहिए।

(a) केवल I अनुसरण करती है (b) केवल II अनुसरण करती है
(c) केवल III अनुसरण करती है (d) I और II अनुसरण करती हैं
(e) I और III अनुसरण करती हैं

***व्याख्या*** *(c)* केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है। मृदा अपरदन का मुख्य कारण वृक्षों की कटाई, उर्वरकों का प्रयोग आदि है। अतः सरकार अधिक-से-अधिक वृक्ष लगवाए, तो निश्चित रूप से इस समस्या का समाधान हो जाएगा। वृक्षों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे लकड़ी उद्योग प्रभावित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्वरकों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे खाद्यान्न उत्पादन में कमी आ जाएगी।

***उदाहरण* 4. कथन** गंगा नदी में कुछ रासायनिक उद्योगों से निकले रसायनों के कारण फैले प्रदूषण के बाद महाराष्ट्र प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के आदेश पर नयी मुम्बई को पीने के पानी की आपूर्ति निलम्बित कर दी गई है।

**कार्यवाहियाँ** I. रसायन निकालकर नदी में डालने के लिए उत्तरदायी उद्योगों को तुरन्त बन्द कर देना चाहिए।

II. आपूर्ति शुरू करने से पहले पानी का रासायनिक शोधन होना चाहिए।

III. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को निश्चित अन्तरालों पर नदी में डाले जाने वाले रसायनों की प्रकृति की जाँच करनी चाहिए। *(NIFT PG 2013)*

(a) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं (b) II और III अनुसरण करती हैं
(c) केवल I अनुसरण करती है (d) केवल III अनुसरण करती है

***व्याख्या*** *(a)* सभी कार्यवाहियाँ व्यावहारिक हैं तथा साथ ही समस्या समाधान में प्रभावी हैं।

**उदाहरण 5.** नीचे एक वक्तव्य एवं उस पर आधारित होने वाली तीन संक्रियाएँ (कार्यवाही-क्रम) दी गई हैं।

**वक्तव्य** एक शहर में किसी बीमारी से प्रभावित रोगियों की संख्या में महत्त्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हुई है।

**संक्रिया** (कार्यवाही-क्रम)

I. शहर के नगर-निगम में इस समस्या को उठाया जाना चाहिए।
II. संसद में इस समस्या को उठाया जाना चाहिए।
III. रोगियों के उपचार हेतु शहर में अस्पतालों को ठीक से तैयार किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित में कौन-सा/से कार्यवाही-क्रम (संक्रिया) तार्किक रूप से किया जाना/किए जाने चाहिए? *(CGPSC Pre 2013)*

(a) I तथा II (b) केवल III (c) I तथा III (d) ये सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(c)* शहर के नगर निगम में बीमारी की समस्या को उठाया जाना चाहिए तथा प्रभावित रोगियों के उपचार हेतु शहर में अस्पतालों को ठीक से तैयार किया जाना चाहिए। अतः कार्यवाही I व III अनुसरण करती हैं।

**उदाहरण 6. कथन** ऐसा अनुमानित है कि कुम्भ के मेले में इलाहाबाद में 50 लाख से अधिक लोग आएँगे।

**कार्यवाहियाँ** I. स्थानीय प्रशासन को पूरे शहर में चुस्त यातायात व्यवस्था करनी चाहिए।
II. जहाँ मेले का आयोजन होना है, वहाँ प्रशासन को पूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए।
III. आयोजन स्थल पर आने-जाने के लिए एक नियन्त्रित व्यवस्था अपनाई जानी चाहिए।
IV. सरकारी परिवहन व्यवस्था, यथा रेलवे, बस आदि को श्रद्धालुओं के लिए बिल्कुल मुफ्त कर देना चाहिए।

(a) केवल II
(b) I, II और III
(c) II और III
(d) ये सभी

***व्याख्या*** *(b)* परिवहन सेवाएँ मुफ्त करना बेतुका है। बाकी कार्यवाहियाँ I, II और III उचित प्रतीत होती हैं।

# प्रश्नावली 5.2

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-25) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के तीन उपाय I, II और III दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित हो। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही (हियाँ) कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है(हैं)?*

**1. कथन** प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान शहर की अधिकांश सड़कों की हालत खराब हो जाती है, जिससे यात्रियों को भारी समस्या होती है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** नगर निकाय को भविष्य में सड़कों की मरम्मत के ठेके देते समय भारी जुर्माने की शर्त शामिल करनी चाहिए।
**II.** शहर की सड़कों के रख-रखाव के प्रभारी नगर निकाय अधिकारियों से स्पष्टीकरण माँगा जाना चाहिए कि प्रत्येक वर्ष सड़कों की हालत खराब क्यों हो जाती है।
**III.** मानसून के दौरान आम जनता को अपने वाहन सड़क पर लाने से बचना चाहिए। *(Vijaya Bank PO 2007)*

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं

**2. कथन** सार्वजनिक क्षेत्र के कई उपक्रम पिछले कई वर्षों से घाटा उठा रहे हैं और चालू वित्त वर्ष में भी स्थिति उतनी ही खराब है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** घाटा उठाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की इन कम्पनियों को तत्काल बन्द कर दिया जाना चाहिए।
**II.** सरकार को इन कम्पनियों को बेचने के लिए निजी क्षेत्र में सम्भावनाशील खरीदार ढूँढ़ना चाहिए ताकि सरकार द्वारा किए गए निवेश का कुछ हिस्सा, तो वापस मिल जाए।
**III.** इन कम्पनियों के सभी कर्मचारियों को उचित मुआवजा देकर छंटनी कर दी जानी चाहिए और अचल आस्तियों को बिक्री के लिए रख देना चाहिए।

(a) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**3. कथन** पिछले कुछ दिनों के दौरान स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती अधिकाधिक रोगी मलेरिया से पीड़ित पाए जा रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** मलेरिया से पीड़ित सभी रोगियों को अस्पताल से तत्काल छुट्टी दे दी जानी चाहिए।
**II.** अस्पताल प्राधिकारियों को अस्पताल में नये रोगियों को भर्ती करने पर तत्काल रोक लगा देनी चाहिए।
**III.** मलेरिया से पीड़ित सभी रोगियों को एक अलग वार्ड में रखा जाना चाहिए। *(UBI PO 2010)*

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है

**4. कथन** पिछली तिमाहियों के दौरान हुई भारी हानि के कारण एक बड़े प्राइवेट बैंक ने अपने एक-तिहाई कर्मचारियों की छँटनी करने का निर्णय लिया है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** सरकार को एक अधिसूचना जारी कर आम जनता को इस बैंक के साथ अपने सभी लेन-देन रोक देने के लिए कहना चाहिए।
**II.** सरकार को इस बैंक को अपने कर्मचारियों की छँटनी नहीं करने के निर्देश देने चाहिए।

III. सरकार को देश के केन्द्रीय बैंक को इस बैंक की गतिविधियों की छानबीन आरम्भ कर अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहना चाहिए।
(a) कोई कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है
(b) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(d) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(e) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं

***5.*** **कथन** पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती के अभियान में भाग लेते समय भगदड़ के कारण एक उम्मीदवार मर गया।

**कार्यवाहियाँ**
I. भर्ती प्रक्रिया के प्रभारी अधिकारियों को तुरन्त निलम्बित कर दिया जाना चाहिए।
II. अधिकारियों के एक दल को उन परिस्थितियों का पता लगाने के लिए कहा जाना चाहिए, जिनके कारण उम्मीदवार की मृत्यु हुई है और एक सप्ताह के भीतर उसकी रिपोर्ट देने के लिए कहा जाना चाहिए।
III. भविष्य में ऐसी घटनाएँ टालने के लिए सरकार को गृह-विभाग से कहना चाहिए कि उन्हें उम्मीदवारों की संख्या को अधिक दिनों में स्टैगर कर देना चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***6.*** **कथन** कमजोर मानसून के कारण देश के बहुत-से भागों में कम वर्षा होने की विशेषज्ञों को आशंका है।

**कार्यवाहियाँ**
I. देश के विभिन्न भागों में वर्षा की मात्रा का अध्ययन करने के लिए सरकार को तत्काल विशेषज्ञों की एक समिति स्थापित करनी चाहिए।
II. कम वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत आपूर्ति देने के लिए सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए।
III. प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को खरीफ के मौसम के दौरान कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को उगाने की सलाह दी जानी चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***7.*** **कथन** शहर के विभिन्न समुद्र तटों पर मानसून के दौरान समुद्र में तैरते हुए प्रत्येक वर्ष बहुत-से लोग डूबकर मर जाते हैं।

**कार्यवाहियाँ**
I. मानसून के दौरान नगर प्रशासन को प्रत्येक समुद्र तट पर कम-से-कम दो लाइफ गार्ड तैनात करने चाहिए।
II. मानसून के दौरान समुद्र में तैरते समय सावधान रहने के लिए नगर प्रशासन को लोगों को चेतावनी देने की व्यवस्था करनी चाहिए।
III. समुद्र तटों के जोखिम भरे भागों में लोगों को उन क्षेत्रों में समुद्र में जोखिम नहीं लेने की सूचना देते हुए नगर प्रशासन को साइन पोस्ट प्रमुखता से लगाने चाहिए।
(a) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(b) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(c) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(d) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं
(e) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है

***8.*** **कथन** अंग्रेजी भाषा के प्रश्न-पत्र में खराब निष्पादन के कारण हाल ही में आयोजित SSC की अन्तिम परीक्षा में बहुत-से विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं।

**कार्यवाहियाँ**
I. अंग्रेजी भाषा के सक्षम शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए सरकार को सभी स्कूलों को तत्काल एक परिपत्र जारी करना चाहिए।
II. सरकार द्वारा संचालित होने वाले पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में अपने अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों को भेजने के लिए सरकार को सभी स्कूलों को तत्काल अनुदेश देने चाहिए।
III. सरकार को परीक्षा निकाय को भावी परीक्षा में अंग्रेजी भाषा के प्रश्न-पत्र का कठिनाई स्तर कम करने के अनुदेश देने चाहिए।
(a) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है
(b) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं

***9.*** **कथन** स्कूल द्वारा दिया गया मिड-डे-मील खाने के बाद स्थानीय स्कूल के बहुत-से विद्यार्थी बीमार पड़ गए।

**कार्यवाहियाँ**
I. सरकार को स्कूल के प्रधानाचार्य को तुरन्त निलम्बित करना चाहिए।
II. स्कूल के प्राधिकारियों को विद्यार्थियों की बीमारी के कारण का पता लगाने के लिए जाँच आरम्भ करनी चाहिए।
III. सरकार को उस स्कूल को यह अनुदेश देना चाहिए कि वह अगले आदेश मिलने तक मिड-डे-मील योजना स्थगित कर दें।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***10.*** **कथन** मानसून में वर्षा के कारण शहर की अधिकांश सड़कें मोटर चलाने योग्य नहीं रही थीं।

**कार्यवाहियाँ**
I. नागरिक प्राधिकरण को सड़कों की स्थिति खराब करने के लिए जिम्मेदार कारणों का पता लगाने के लिए जाँच आरम्भ करनी चाहिए।
II. नागरिक प्राधिकरण को शहर की सड़कों की दशा अच्छी बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारी के सामने अनुशासनिक कार्यवाही आरम्भ करनी चाहिए।
III. ऐसे सभी ठेकेदार जिन्हें इन सड़कों के रख-रखाव का काम सौंपा गया था, उनका नाम काली सूची में दर्ज किया जाना चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं

***11.*** **कथन** हाल ही की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, देश में बहुत-से राज्यों में, प्रति हजार पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या में चिन्ताजनक कमी हुई है।

**कार्यवाहियाँ**
I. परिस्थिति की गम्भीरता निश्चित करने के लिए सरकार को एक और जनगणना का आयोजन करना चाहिए।
II. बालिका भ्रूणहत्या के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को पकड़ने के लिए सरकार को सारे प्रयास करने चाहिए।
III. परिवार में बालिका होने के महत्त्व की प्रमुख विशेषताएँ बताने के लिए सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में सरकार को अभियान आरम्भ करना चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**12. कथन** अफ्रीकी देशों से भारत आने वाले कई पर्यटक प्रतिबन्धित नशीले पदार्थों की तस्करी करते हुए, भारत में विभिन्न हवाई अड्डों पर पकड़े गए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. भारत को तत्काल अफ्रीकी नागरिकों को पर्यटक वीजा देना बन्द करना चाहिए।

II. तस्करी के ऐसे सभी मामलों का पता लगाने के लिए एयरपोर्ट प्राधिकरण और एन्फोर्सिंग एजेन्सियों को कड़ी सावधानी बरतने के लिए कहा जाना चाहिए।

III. अपराधियों को पाठ पढ़ाने के लिए प्रतिबन्धित नशीले पदार्थों की तस्करी करते हुए पकड़े गए विदेशियों को आजीवन कारावास की सजा दी जानी चाहिए। *(RBI Officer 2009)*

(a) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(b) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं

**13. कथन** दो स्थानीय क्लबों के सदस्य कभी-कभी मुख्य सड़क पर एक-दूसरे से लड़ते हैं और यातायात को रोक देते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. स्थानीय पुलिस थाने को मुख्य सड़क पर चौबीसों घण्टे पुलिसकर्मी तैनात करने चाहिए।

II. लड़ाई-झगड़े में लिप्त लोगों की शिनाख्त की जानी चाहिए और उन्हें जेल में डालना चाहिए।

III. स्थानीय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से दोनों क्लबों के प्रबन्धन को भंग कर देना चाहिए।

(a) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(b) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(c) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**14. कथन** स्थानीय स्कूल के बहुत-से बच्चे पिछले छः महीने में लगातार चौथी बार स्कूल कैण्टीन में तैयार किया भोजन खाकर बीमार पड़े।

**कार्यवाहियाँ**

I. स्कूल प्रबन्धन को तत्काल कैण्टीन का ठेका समाप्त कर देना चाहिए और मुआवजा माँगना चाहिए।

II. स्कूल प्रबन्धन को सभी बच्चों को कैण्टीन से खाद्य वस्तुएँ न खाने के लिए कहना चाहिए।

III. कैण्टीन के मालिक को लापरवाही के लिए तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

(a) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(e) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं

**15. कथन** आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के सामने विरोध प्रकट करने के लिए बहुत-से सक्रिय राजनीतिक प्रतिभागियों ने प्रदर्शन कर व्यस्ततम् समय में शहर में वाहनों के आवागमन को रोकने का निर्णय लिया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को तत्काल देश में हर प्रकार के आन्दोलनों पर प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।

II. शहर में वाहनों के आवागमन में सहायता करने के लिए शहर के पुलिस प्राधिकरण को शहर में सभी जगह अतिरिक्त बल तैनात करने चाहिए।

III. राज्य प्रशासन को शहर में रहने वाले ज्ञात अपराधियों की निवारक गिरफ्तारी करनी चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**16. कथन** पिछले दो दिनों के दौरान भारी बे-मौसम बरसात ने राज्य में सामान्य जन-जीवन ठप कर दिया है। इसमें पाँच लोगों की मृत्यु हो गई, किन्तु इससे राज्य में भारी जल संकट की समस्या में बहुत राहत हुई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. इस संकट भरी परिस्थिति की समीक्षा के लिए राज्य सरकार को एक समिति का गठन करना चाहिए।

II. राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पेयजल के प्रयोग सम्बन्धी सभी प्रतिबन्ध सरकार को तुरन्त हटा देने चाहिए।

III. राज्य में सभी प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार को राहत सामग्री भेजनी चाहिए। *(BOB PO 2006)*

(a) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है
(b) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(c) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(d) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(e) कार्यवाहियाँ I, II और III सभी अनुसरण करती हैं

**17. कथन** एक सामुदायिक भोज में परोसी गई मिठाइयों का उपभोग करने के बाद इलाके के बहुत-से लोग बीमार पड़ गए हैं और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. पुलिस को मिठाई बनाने के लिए जिम्मेदार सभी व्यक्तियों को तुरन्त गिरफ्तार करना चाहिए।

II. स्थानीय अस्पतालों में भर्ती किए गए लोगों को तत्काल बड़े अस्पतालों में स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।

III. स्थानीय खाद्य और औषधि प्राधिकरण को बीमारी के कारण की जाँच करनी चाहिए और आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) कार्यवाहियाँ I और II अनुसरण करती हैं
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III अनुसरण करती हैं
(e) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं

**18. कथन** बेहतर जीवन-स्तर की तलाश में ग्रामीण क्षेत्र से लोग शहरों की ओर खिंचे चले आ रहे हैं, जिससे नगरों पर जन-भार बढ़ता जा रहा है।

**कार्यवाहियाँ**

I. नगरों में अधिक-से-अधिक सुविधाएँ उपलब्ध करानी चाहिए।

II. सरकार को प्रत्येक पंचायत में रोजगार के अवसरों का सृजन करना चाहिए।

III. सरकार को प्रत्येक पंचायत में बिजली, अध्ययन, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(b) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(c) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं

**19. कथन** संशोधित वेतनमान लागू नहीं करने के प्रबन्धन के निर्णय का विरोध करने के लिए स्थानीय स्कूल के बहुत-से शिक्षकों ने प्रधानाचार्य को अपने त्याग-पत्र दे दिए।

**कार्यवाहियाँ**

I. स्कूल प्रबन्धन को त्याग-पत्रों को स्वीकार कर नये शिक्षकों की नियुक्ति करनी चाहिए।

**II.** वेतन वृद्धि पर विचार करने का आश्वासन देते हुए स्कूल प्रबन्धन को, शिक्षकों को बने रहने के लिए उन्हें खुश करना चाहिए।

**III.** स्कूल प्रबन्धन को दिशा-निर्देशों के लिए सरकार से सम्पर्क करना चाहिए। ***(Indian Bank PO 2005)***

(a) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है
(b) कार्यवाही I या II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(e) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है

***20.*** **कथन** हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड तेल की कीमतें पर्याप्त बढ़ गई हैं और अमेरिका में रिफाइनरियों के बन्द होने के कारण निकट भविष्य में इनमें और वृद्धि होने की सम्भावना है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड तेल की कीमत के अनुसार सरकार को पेट्रोलियम कम्पनियों को खुदरा कीमत निर्धारित करने की छूट देनी चाहिए।

**II.** देशी बाजार में खुदरा कीमत पर कर भार घटाकर क्रूड तेल की कीमत में वृद्धि का अंश सरकार को वहन करना चाहिए।

**III.** पेचीदा बाजार स्थिति से बाहर निकलने के लिए सरकार को पेट्रोलियम कम्पनियों का निजीकरण करना चाहिए।

(a) कार्यवाही I या III अनुसरण करती है
(b) कार्यवाही II या III अनुसरण करती है
(c) कार्यवाही I या II अनुसरण करती है
(d) सभी कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***21.*** **कथन** आइलैण्ड शहर में अचानक बादल फटने से अप्रत्याशित बारिश हो गई, जिससे सारे इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। बड़ी संख्या में लोग फँसे रह गए।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए स्थानीय प्रशासन को तत्काल एक कार्य योजना लागू करनी चाहिए।

**II.** फँसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए स्थानीय प्रशासन को तत्काल अपने कर्मी तैनात करने चाहिए।

**III.** स्थानीय प्रशासन को सभी नागरिकों को स्थिति के सुधरने तक सड़क पर निकलने का जोखिम न उठाने की सलाह देनी चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं

***22.*** **कथन** पिछले कुछ वर्षों के दौरान राज्य में बहुत-से जिलों में स्कूल छोड़ देने वालों की दर में भारी वृद्धि हुई है, क्योंकि इनके माता-पिता इनसे दूसरों के खेतों में काम करवाते हैं ताकि वे उनके लिए दिन में कम-से-कम एक बार के भोजन के लिए पर्याप्त कमाई करें।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से इन जिलों में गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।

**II.** सरकार को जिले के कुछ स्कूलों को बन्द कर इनके शिक्षकों को पास के स्कूलों में तैनात करना चाहिए और शेष बच्चों को इन स्कूलों में भर्ती होने के लिए कहना चाहिए।

**III.** कक्षाओं में उपस्थित रहने के बदले अपने बच्चों पर खेतों में काम करने के लिए दबाव डालने वाले सभी माता-पिता के लिए सरकार को गिरफ्तारी के वॉरण्ट जारी करना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***23.*** **कथन** सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण की प्रक्रिया, जिनसे राजकोष को करोड़ों रुपयों की हानि हुई है, के विरोध में देश में सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के सभी कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल की है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** ऐसे सभी कर्मचारी जो काम पर उपस्थित नहीं थे, उन्हें निलम्बित किया जाना चाहिए।

**II.** सरकार को, सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण की प्रक्रिया रोक देनी चाहिए।

**III.** देश के सभी संगठनों के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किए जाने पर सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रतिबन्ध घोषित किया जाना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***24.*** **कथन** बहुत-सी स्कूल बसों ने सुरक्षा दिशा-निर्देशों का उचित पालन किए बिना CNG किट लगवाई हैं। इसके परिणामस्वरूप शॉर्ट सर्किट के कारण इन बसों में आग लगने की घटनाएँ हो जाती हैं और स्कूली बच्चों का जीवन खतरे में पड़ जाता है।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को उन सारी स्कूल बसों की जाँच करनी चाहिए, जिनमें CNG किट लगाई गई है।

**II.** स्कूल प्रबन्धकों को CNG किट लगी बसों को किराए पर लेना तत्काल बन्द कर देना चाहिए।

**III.** सरकार को स्कूली बसों में CNG किट के प्रयोग पर रोक लगाने की अधिसूचना जारी करनी चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***25.*** **कथन** यह रिपोर्ट की गई है कि पिछले एक पखवाड़े के दौरान शहर के व्यस्त हवाई अड्डे पर दो हवाई जहाजों की तीन बार दुर्घटनाएँ होते-होते बची हैं। इन सभी मामलों में दोनों हवाई जहाज खतरनाक तरीके से एक-दूसरे के करीब आ गए और पायलटों के समय पर कार्यवाही करने से टकराने से बच गए।

**कार्यवाहियाँ**

**I.** इन घटनाओं में शामिल छः हवाई जहाजों के पायलटों को तत्काल डी-रोस्टर कर देना चाहिए।

**II.** शहर के हवाई अड्डे के ऊपर आकाश में भीड़ कम करने के लिए अगले कुछ महीनों के लिए कुछ फ्लाइटें दूसरे हवाई अड्डों को भेज देनी चाहिए।

**III.** शहर के हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कण्ट्रोलरों को ऐसी दबाव वाली स्थितियों को सम्भालने के लिए खुद को तैयार करने के लिए बैच-वार रिफ्रेशर कोर्सों में भेजना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 26-31) *निम्नलिखित प्रश्नों में जो भी उपयुक्त कार्यवाही हों, उसे दिए गए उत्तर विकल्पों के आधार पर चुनें।*

***26.*** **कथन** गाँवों से शहरों की ओर पलायन दोनों के लिए खराब है।

**कार्यवाहियाँ**

I. गाँवों में नियुक्ति अनिवार्य बनानी चाहिए।

II. गाँवों में रोजगार के अवसर बनाने चाहिए।

III. गाँवों और शहरों को जोड़ने के लिए ट्रेनें होनी चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I उपयुक्त है *(Uttarakhand PSC Pre 2014)*
(b) केवल कार्यवाही II उपयुक्त है
(c) केवल कार्यवाही III उपयुक्त है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों उपयुक्त हैं

***27.*** **कथन** नाभिकीय शक्ति एक देश को सुरक्षित नहीं कर सकती।

**कार्यवाहियाँ**

I. नाभिकीय शक्ति को बढ़ाना बन्द कर देना चाहिए।

II. नाभिकीय क्षमता को नष्ट कर देना चाहिए।

III. कूटनीतिक सम्बन्धों को सुधारने पर बल देना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही I उपयुक्त है
(b) केवल कार्यवाही II उपयुक्त है
(c) केवल कार्यवाही III उपयुक्त है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों उपयुक्त हैं

***28.*** **कथन** घने कोहरे के कारण हवाई यात्रा को सुचारु रूप से चलाने में अत्यधिक परेशानी हो रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I. जब भी घना कोहरा हो हवाई यात्रा को स्थगित रखना चाहिए।

II. लोगों से यह कहना चाहिए कि वे यदि बहुत जल्दी में हों, तो किसी और सुविधाजनक माध्यम को अपनाएँ तथा टिकट को रद्द करा लें।

III. सरकार को अविलम्ब ऐसी तकनीक को अपनाना चाहिए, जिससे कोहरे में भी आवागमन सुचारु रूप से चले।

(a) कार्यवाहियाँ II और III उपयुक्त हैं
(b) केवल कार्यवाही III उपयुक्त है
(c) या तो कार्यवाही III या I तथा II उपयुक्त है
(d) उपरोक्त सभी कार्यवाहियाँ उपयुक्त हैं

***29.*** **कथन** सरकार के पास बजट राशि कम होने के कारण मिड-डे-मील को वापस से लिया गया, जिससे विद्यार्थियों द्वारा स्कूल छोड़ने की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. स्कूलों की संख्या कम कर देनी चाहिए।

II. सरकार को बजट राशि बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों की संख्या को पूर्ववत् कायम रखा जा सके।

III. मिड-डे-मील में भोजन की गुणवत्ता कम कर देनी चाहिए ताकि उपलब्ध बजट में ही मिड-डे-मील को चलाया जा सके।

(a) केवल कार्यवाही II उपयुक्त है
(b) कार्यवाहियाँ II और III उपयुक्त हैं
(c) कार्यवाहियाँ I और II उपयुक्त हैं
(d) सभी कार्यवाहियाँ उपयुक्त हैं

***30.*** **कथन** कल समाप्त हुए त्योहार अर्थात् दुर्गापूजा के दौरान शहर में अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई थी।

**कार्यवाहियाँ**

I. पुलिस को ऐसा होने का कारण पता करना चाहिए।

II. आगे से पुलिस को त्योहारों के दौरान अधिक-से-अधिक गश्त लगानी चाहिए।

III. लोगों को सचेत करना चाहिए कि वे जब घर से बाहर निकलें, तो सुरक्षा जैसे ताला आदि सही तरीके से लगाकर जाएँ।

IV. भीड़ में लोगों को सचेत रहना चाहिए।

(a) केवल कार्यवाही III उपयुक्त है
(b) केवल कार्यवाही II उपयुक्त है
(c) केवल कार्यवाही IV उपयुक्त है
(d) सभी कार्यवाहियाँ उपयुक्त हैं

***31.*** **कथन** इस वर्ष 12वीं कक्षा में 2 लाख से अधिक छात्र पास हुए हैं, लेकिन केवल 70 हजार छात्रों को कॉलेज में दाखिला मिला।

**कार्यवाहियाँ**

I. 12वीं की परीक्षा में केवल 70 हजार छात्रों को ही पास करना चाहिए ताकि सभी कॉलेजों में दाखिला ले सकें।

II. सम्पन्न छात्रों को विदेशों में दाखिला लेना चाहिए ताकि अधिक-से-अधिक छात्र स्थानीय कॉलेजों में दाखिला ले सकें।

III. सरकार को सरकारी कॉलेजों के साथ-साथ प्राइवेट कॉलेजों को खोलने पर भी ध्यान देना चाहिए।

IV. सरकार को दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम को भी बढ़ावा देना चाहिए।

(a) कार्यवाहियाँ I, III और IV उपयुक्त हैं
(b) कार्यवाहियाँ III और IV उपयुक्त हैं
(c) केवल कार्यवाही IV उपयुक्त है
(d) सभी कार्यवाहियाँ उपयुक्त हैं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(c)* ठेका देते समय जुर्माने की शर्त शामिल करने पर ठेकेदार सही काम करेगा। नगर निकाय अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने से वे सड़कों की हालत का ध्यान रखेंगे। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं।

**2.** *(b)* घाटे के कारण कुछ भाग भी मिल जाए, वही अच्छा है। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**3.** *(c)* मलेरिया से पीड़ित सभी रोगियों को एक अलग वार्ड में रखना आवश्यक है, जिससे उनकी देखभाल भी ठीक से हो सके तथा संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।
अतः केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है।

**4.** *(c)* बैंक द्वारा अपने एक-तिहाई कर्मचारियों की छँटनी करने के निर्णय को रोकने के लिए सरकार को छँटनी  नहीं करने के निर्देश देने चाहिए ताकि कर्मचारियों को राहत मिले।
अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**5.** *(d)* पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती के अभियान में भाग लेते समय भगदड़ के कारण एक उम्मीदवार की मौत का कारण जानने के लिए अधिकारियों के दल को एक सप्ताह के भीतर उसकी रिपोर्ट देने के लिए कहा जाना चाहिए तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाएँ टालने के लिए सरकार को गृह-विभाग से कहना चाहिए कि उन्हें उम्मीदवारों की संख्या को अधिक दिनों में स्टैगर कर देना चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II तथा III अनुसरण करती हैं।

**6.** *(b)* विशेषज्ञों के अनुसार, कम वर्षा वाले इलाकों में सरकार को राहत आपूर्ति देने की व्यवस्था करनी चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**7.** *(d)* डूबने से बचाने के लिए सभी कार्यवाहियाँ उचित हैं। अतः तीनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**8.** *(e)* अंग्रेजी भाषा में सुधार लाने के लिए सभी कार्यवाहियाँ उचित हैं। अतः तीनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**9.** *(d)* मिड-डे-मील खाने के बाद स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों के बीमार पड़ने का कारण सरकार को पता लगाना चाहिए तथा स्कूल को आदेश दिया जाना चाहिए कि वे अगला आदेश मिलने तक मिड-डे-मील योजना स्थगित कर दें। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**10.** *(e)* मानसून में वर्षा के कारण शहर की सड़कों के खराब होने की नागरिक प्राधिकरण को जाँच करनी चाहिए तथा इसके कारणों को पता लगाकर ऐसे सभी ठेकेदारों को जिन्हें इन सड़कों के रख-रखाव का कार्य सौंपा गया था, उनका नाम काली सूची में दर्ज किया जाना चाहिए।
अतः तीनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**11.** *(d)* लिंगानुपात कम होने से बालिका भ्रूणहत्या के लिए जिम्मेदार लोगों की धर पकड़ होनी चाहिए तथा लोगों को परिवार में बालिका होने के महत्त्व की विशेषताएँ बताने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**12.** *(b)* तस्करी के मामलों का पता लगाने तथा इसे रोकने के लिए एयरपोर्ट प्राधिकरण को कड़ी सावधानी बरतने के लिए कहा जाना चाहिए तथा तस्करी करते हुए पकड़े गए विदेशियों को आजीवन कारावास की सजा दी जानी चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**13.** *(b)* स्थानीय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से दोनों क्लबों के प्रबन्धन को भंग कर देना चाहिए तथा लड़ाई-झगड़े में लिप्त लोगों की शिनाख्त की जानी चाहिए और उन्हें जेल में डालना चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**14.** *(e)* स्थानीय स्कूल के अधिकांश बच्चे चौथी बार स्कूल कैण्टीन में बना खाना खाने से बीमार पड़ गए। इसके लिए कैण्टीन के मालिक को लापरवाही के लिए तत्काल ही गिरफ्तार किया जाना चाहिए तथा स्कूल प्रबन्धन को सभी बच्चों को कैण्टीन से खाद्य वस्तुएँ न खाने के लिए कहना चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**15.** *(d)* व्यस्तम् समय में शहर में वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए कार्यवाहियाँ I और II दोनों आवश्यक हैं।

**16.** *(c)* पिछले दो दिनों के दौरान बे-मौसम बरसात ने जन-जीवन भले ही ठप कर दिया हो, लेकिन इससे राज्य में भारी जल संकट की समस्या में राहत हुई है। अतः राज्य में सभी प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार को राहत सामग्री भेजनी चाहिए तथा पेयजल के प्रयोग सम्बन्धी सभी प्रतिबन्ध सरकार को तुरन्त हटा देने चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II तथा III अनुसरण करती हैं।

**17.** *(c)* सामुदायिक भोज में मिठाइयों का उपभोग करने के बाद बहुत-से लोग बीमार पड़े, इसलिए सबसे पहले स्थानीय खाद्य और औषधि प्राधिकरण को बीमारी के कारण की जाँच करनी चाहिए और उसके उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। अतः केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है।

**18.** *(d)* बेहतर जीवन-स्तर की तलाश में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर खिंचे चले आ रहे हैं अर्थात् ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तथा अन्य सुविधाओं का अभाव है। जिसके चलते यदि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तथा बिजली, अध्ययन, चिकित्सा तथा अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करा दी जाए, तो निश्चित ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**19.** *(e)* स्कूल प्रबन्धन को वेतन वृद्धि पर विचार करने का आश्वासन देते हुए शिक्षकों को बने रहने के लिए उन्हें खुश करना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**20.** *(b)* देशी बाजार में खुदरा कीमत पर कर घटाकर क्रूड तेल की कीमत में वृद्धि का अंश सरकार को वहन करना चाहिए तथा पेचीदा बाजार स्थिति से बाहर निकलने के लिए सरकार को पेट्रोलियम कम्पनियों का निजीकरण करना चाहिए। अतः कार्यवाही II या III अनुसरण करती है।

**21.** *(e)* शहर में अचानक आई ऐसी प्राकृतिक आपदा के लिए स्थानीय प्रशासन को एक कार्य योजना लागू करनी चाहिए तथा आपदा में फँसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक ले जाने के लिए अपने कर्मी तैनात करने चाहिए तथा स्थिति सुधरने तक सड़क पर निकलने का जोखिम न उठाने की सलाह देनी चाहिए। अतः तीनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**22.** *(a)* गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने से माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल जाने से नहीं रोकेंगे। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**23.** *(b)* सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के सभी कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किए जाने पर सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रतिबन्ध घोषित किया जाना चाहिए। अतः केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है।

**24.** *(a)* क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को उन सभी स्कूल बसों की जाँच करनी चाहिए, जिनमें बिना दिशा निर्देश के CNG किट लगाई गई है। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**25.** *(d)* शहर के हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कण्ट्रोलरों को ऐसी दबाव वाली स्थिति को सम्भालने के लिए खुद को तैयार करने के लिए बैच-वार रिफ्रेशर कोर्सों में भेजना चाहिए तथा अगले कुछ महीनों के लिए कुछ फ्लाइटें दूसरे हवाई अड्डों को भेज दी जानी चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**26.** *(b)* अक्सर गाँव के लोग रोजगार हेतु शहर के लिए पलायन करते हैं, इसीलिए गाँव में ही रोजगार के अवसर बनाने चाहिए।
अतः केवल कार्यवाही II उचित है।

**27.** *(c)* किसी भी देश को नाभिकीय शक्ति बढ़ाने के अतिरिक्त कूटनीतिक सम्बन्धों को सुधारने पर बल देना चाहिए।
अतः केवल कार्यवाही III व्यावहारिक है।

**28.** *(c)* यदि तकनीक नहीं हो, तो कार्यवाही I होगी यदि है, तो कार्यवाही III होगी। कार्यवाही II व्यावहारिक है ताकि लोगों का पैसा न फँसे।

**29.** *(a)* विद्यार्थियों द्वारा स्कूल छोड़ने की संख्या को कम करने के लिए सरकार को बजट की राशि बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे कि विद्यार्थियों की संख्या को पूर्ववत् कायम रखा जा सके। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**30.** *(d)* सभी कार्यवाहियाँ होने से अपराध की रोकथाम सम्भव हो पाएगी।

**31.** *(b)* सभी छात्रों को नियमित कॉलेजों में दाखिला न मिल पाए, तो सरकार को कार्यवाहियाँ III और IV के जरिए शिक्षा का प्रसार करना चाहिए।

# मास्टर प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र.सं. 1-13) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के दो उपाय I और II दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि किन्हीं सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वियन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती हैं?*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) कार्यवाही I या II अनुसरण करती है
(d) न ही कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है
(e) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

***1.*** **कथन** पिछले छः महीनों के दौरान तटीय शहर के बहुत-से लोग श्वास सम्बन्धी रोगों से पीड़ित हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. प्रभावित लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार को तत्काल स्वास्थ्य व्यवसाय का एक दल भेजना चाहिए।
II. ऐसे रोग से पीड़ित लोगों को एक विशेष वार्ड में रखा जाना चाहिए और उनका उचित इलाज किया जाना चाहिए।

***2.*** **कथन** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ शहर की सड़कों की स्थिति खराब होने लगी है।

**कार्यवाहियाँ**

I. राज्य सरकार को सड़क विकास प्राधिकरण को नियमित रूप से सड़कों का रख-रखाव करने के निर्देश देने चाहिए।
II. सिस्टम में सुधार कर लोगों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए उन्हें साझे/सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

***3.*** **कथन** लगातार आर्थिक विकास के बावजूद, हमारा देश गरीबी नहीं मिटा पाया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले समाज के वर्ग की ओर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।
II. उच्च आय वर्ग के लोगों को स्वैच्छिक रूप से सरकार की गरीबी दूर करने की योजना में योगदान देना चाहिए।

***4.*** **कथन** पिछले कुछ वर्षों से आतंकी हमलों की घटनाएँ सतत् बढ़ती जा रही हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सभी राज्यों में अप्रवासियों पर कड़ा नियन्त्रण लगाया जाना चाहिए।
II. साझे सार्वजनिक परिवहन में प्रवासियों को बैगेज ले जाने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

***5.*** **कथन** अनुत्तीर्ण होने के भय से आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में हर वर्ष वृद्धि होती जा रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I. माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों पर उच्च उपलब्धि के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए किन्तु उन्हें बच्चों को वास्तविक स्थिति का सामना करने में सहायता करनी चाहिए।
II. विद्यार्थियों को नियमित रूप से परामर्श देने के लिए स्कूल/कॉलेज प्राधिकरणों को परामर्शदाता नियुक्त करने चाहिए।

***6.*** **कथन** सम्बद्ध सरकारी प्राधिकारियों के ध्यान में आपदा के बाद बहुत-से झूठे दावों के मामले आए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को सम्बद्ध अधिकारियों द्वारा पहचान का कड़ा सत्यापन सुनिश्चित करना चाहिए।
II. इस स्थिति को सम्भालने के लिए सरकार को अधिक संख्या में अधिकारी तैनात करने चाहिए।

***7.*** **कथन** आपूर्ति और माँग बेमेल होने के कारण स्थानीय बाजार में आम के भाव बहुत गिर गए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को आम के थोक-विक्रेताओं को अन्य राज्यों के बाजारों में आम बेचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
II. सरकार को किसानों को गूदा निकालकर उसे थोक-विक्रेताओं को बेचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

***8.*** **कथन** सड़क दुर्घटनाओं के मामले विशेषकर शहरी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. शहरी क्षेत्रों के परिवहन अधिकारियों को वाहनों के रख-रखाव के लिए कठोर मानदण्ड लगाने चाहिए।
II. जो यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाए, ट्रैफिक पुलिस को उनको कठोर दण्ड देना चाहिए।

***9.*** **कथन** हाल ही की विश्वविद्यालय परीक्षाओं में बहुत-से विद्यार्थी अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए।

**कार्यवाहियाँ**

I. भविष्य में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में बैठने के लिए इन सभी विद्यार्थियों पर रोक लगाई जानी चाहिए।
II. अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पकड़े गए विद्यार्थी पुलिस के सुपुर्द किए जाने चाहिए।

***10.*** **कथन** कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा स्थानीय लोगों को हाल ही में सताए जाने के विरोध में स्थानीय पुलिस थाने के बाहर बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई।

**कार्यवाहियाँ**

I. पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को अनुदेश दिए जाने चाहिए कि वह भीड़ को तत्काल तितर-बितर हो जाने के लिए कहे।
II. पुलिस प्राधिकरण को आरोपों के विषय में तत्काल जाँच आरम्भ करनी चाहिए और तद्नुसार जनता को सूचित करना चाहिए।

***11.*** **कथन** अत्यधिक फीस वृद्धि के विरोध में स्थानीय पब्लिक स्कूल के अधिकांश विद्यार्थियों के माता-पिता ने स्कूल से अपने प्रतिपाल्यों को निकाल लेने का निर्णय लिया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. स्कूल प्राधिकरण को माता-पिताओं के साथ बातचीत शुरू करनी चाहिए और किन परिस्थितियों में फीस बढ़ानी पड़ी है यह समझाना चाहिए।
II. यदि स्कूल से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को निकाल लिया जाता है, तो स्कूल प्राधिकरण को तत्काल रिक्तियों को भरने के लिए नये विद्यार्थियों की खोज करनी चाहिए।

***12.*** **कथन** एक स्थानीय स्कूल में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, अस्वीकृत आवेदकों के माता-पिता को यह विश्वास दिलाने में स्कूल प्राधिकारियों को कठिनाई नहीं है।

**कार्यवाहियाँ**

I. स्कूल प्राधिकारियों को आवश्यक संख्या के चयन हेतु विद्यार्थियों को प्रवेश देने सम्बन्धी वस्तुनिष्ठ मापदण्ड तत्काल दर्शाने चाहिए।

II. शेष विद्यार्थियों के समावेश के लिए स्कूल प्राधिकारियों को उस क्षेत्र में दूसरा स्कूल खोलना चाहिए।

***13.*** **कथन** एक महीने की अवधि में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगभग 40% बढ़ गई हैं और उनके नीचे आने के आसार नजर नहीं आते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. कीमत वृद्धि आत्मसात् करने के लिए देशी खुदरा बाजार में पेट्रोल की कीमतें तत्काल लगभग 30% बढ़ाई जानी चाहिए।

II. कीमत वृद्धि आत्मसात् करने के लिए सरकार को तेल विपणन कम्पनियों को सहायता उपलब्ध करानी चाहिए। ***(SBI PO 2008)***

***निर्देश*** (प्र. सं. 14-18) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में कथन एवं कार्यवाही I और II को लेकर निर्णय लेने सम्बन्धी समस्या दी गई हैं। निम्न में से सही उत्तर दीजिए।*

(a) यदि केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है ***(CGPSC Pre 2017)***

(b) यदि केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है

(c) यदि या तो कार्यवाही I या II अनुसरण करती है

(d) यदि न कार्यवाही I और न ही II अनुसरण करती है

(e) यदि दोनों कार्यवाहियाँ I व II अनुसरण करती हैं

***14.*** **कथन** मानसून के दौरान हर वर्ष बहुत से गाँव बाढ़ की समस्या का सामना करते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. समय रहते लोगों द्वारा गाँव खाली करना आवश्यक है।

II. बाढ़ को नियन्त्रित करने के लिए सरकार को डैम बनाना आदि आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

***15.*** **कथन** पुलिस आम आदमी को प्रताड़ित करती है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को दोषी पुलिसवालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए।

II. पुलिस बल को जनता से व्यवहार करने के लिए शिक्षित करना चाहिए।

***16.*** **कथन** नौजवान लोग अपने बुजुर्गों की देखभाल नहीं करते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। II. वृद्धाश्रम खोलने चाहिए।

***17.*** **कथन** स्कूल ड्रेस गरीब माँ-बाप के लिए बोझ है।

**कार्यवाहियाँ**

I. गरीब-माँ-बाप को स्कूल ड्रेस खरीदनी छोड़ देनी चाहिए।

II. गरीब स्कूल बालकों को ड्रेस पर छूट देनी चाहिए।

***18.*** **कथन** व्यापार संघों की वजह से औद्योगिक उत्पादन में कमी आती है।

**कार्यवाहियाँ**

I. व्यापार संघ पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए।

II. औद्योगिक इकाइयों में लोगों को अस्थाई नौकरी देनी चाहिए।

***निर्देश*** (प्र.सं. 19-28) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के तीन उपाय I, II और III दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या, नीति आदि के सन्दर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित हो। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही (हियाँ) कार्यान्वियन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है (हैं)?*

***19.*** **कथन** पिछले कुछ सप्ताहों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. कीमतों की प्रवृत्ति के अध्ययन के लिए सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए।

II. सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर कर तुरन्त समाप्त कर देने चाहिए।

III. सरकार को आम जनता को सूचित करना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीद न करें।

(a) कोई भी कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है

(b) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है

(c) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है

(d) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है

(e) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

***20.*** **कथन** दमा पीड़ितों के मामले खासकर बड़े शहरों में बढ़ते जा रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. नगर प्राधिकरणों को नाममात्र दरों पर दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

II. नगर प्राधिकरणों को वाहनों के उत्सर्जन से होने वाले वायु-प्रदूषण को नियन्त्रित करने की आवश्यकता है।

III. बिना अनुमति के पेड़ काटने के कृत्यों के लिए कठोर सजा देनी चाहिए।

(a) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

(b) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं

(c) केवल III अनुसरण करती है

(d) केवल II अनुसरण करती है

(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***21.*** **कथन** पिछले पाँच वर्षों की तुलना में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएँ अब अधिक होने लगी हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को संकट के समय प्रबन्धन की कार्य योजना के साथ हमेशा तैयार रहना चाहिए।

II. सरकार को ऐसी विकासात्मक गतिविधियों की अनुमति नहीं देनी चाहिए, जिनसे प्रकृति को कोई नुकसान होने की सम्भावना हो।

III. सरकार को विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए योजना बनाने के लिए पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों की एक समिति बनानी चाहिए।

(a) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

(b) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं

(c) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं

(d) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं

(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***22.*** **कथन** हमारे देश में BPO की नौकरियों के आने के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षित युवा बेरोजगार हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को सभी बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए।

II. सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएँ आरम्भ करनी चाहिए, जो रोजगार के अवसर पैदा करेंगी।

III. समाज और सरकार को युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के प्रयास करने चाहिए।

(a) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं

(b) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं

(c) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं

(d) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है

(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***23.*** **कथन** राज्य के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को तत्काल स्थिति की समीक्षा करने के लिए और इस प्रवृत्ति को बदलने के उपाय सुझाने के लिए एक समिति स्थापित करनी चाहिए।

II. सरकार को छात्रों के माता-पिता के लिए एक अभिमुखता कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए, जिसमें उनके बच्चों की शिक्षा की आवश्यकताओं पर बल दिया जाए।

III. जहाँ 50% से अधिक बच्चे स्कूल छोड़ देते हों, सरकार को ऐसे सरकारी स्कूलों को बन्द कर देना चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) केवल कार्यवाही III अनुसरण करती है
(d) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***24.*** **कथन** शहर के पश्चिमी भाग के गन्दी बस्ती में रहने वाले बहुत-से लोग मलेरिया से पीड़ित हैं, मामला सामने आया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. नगर निगम को प्रभावित क्षेत्र में तुरन्त मच्छर निवारक का छिड़काव करने की व्यवस्था करनी चाहिए।
II. नगरपालिका प्राधिकरण को प्रभावित लोगों को तुरन्त आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।
III. नगरपालिका प्राधिकरण को शहर के पश्चिमी भाग में झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोगों को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***25.*** **कथन** पिछले दो दिनों में भारी वर्षा के कारण शहर के दो प्रमुख भागों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जलमग्न हो गई है।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को तुरन्त प्रभावित क्षेत्र में राहत टीम भेजनी चाहिए।
II. नगरपालिका प्राधिकरण को सड़क से पानी निकालने के प्रयास तत्काल करने चाहिए।
III. नगरपालिका प्राधिकरण को पानी निकालने तक आम जनता को घर में रहने की सूचना देनी चाहिए।
(a) कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(c) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***26.*** **कथन** स्थानीय बाजार में बहुत-सी दुकानों को आगे बढ़ा दिया गया है और दुकानों के सामने फुटपाथ के अधिकांश हिस्सों पर कब्जा कर लिया गया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. दुकानदारों द्वारा अतिक्रमित फुटपाथ को खाली कराने के लिए नगर प्राधिकारियों को तत्काल एक टास्क फोर्स को सक्रिय करना चाहिए।
II. फुटपाथ पर कब्जा करने के लिए नगर प्राधिकरण को दुकानदारों पर भारी जुर्माना लगाना चाहिए।
III. नगर प्राधिकरण को एक निगरानी व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे अतिक्रमण न हों।
(a) कोई कार्यवाही अनुसरण नहीं करती है
(b) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(c) कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ I और III दोनों अनुसरण करती हैं
(e) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं

***27.*** **कथन** स्कूल और डिग्री स्तर पर बहुत-से छात्रों को विषयों में महारत प्राप्त नहीं हो पाती है भले ही वे ऊँचे अंकों के साथ पास हुए हों।

**कार्यवाहियाँ**

I. शिक्षा बोर्डों को वास्तविक प्रतिभा को पहचानने के लिए शिक्षा- व्यवस्था को जाँचना और संशोधित करना चाहिए।
II. सभी स्तरों पर शिक्षा-व्यवस्था इस तरह डिजाइन की जानी चाहिए कि रटंत-विद्या को हतोत्साहित किया जाए।
III. परीक्षा-पत्रों के कठिनाई-स्तर में बहुत अधिक वृद्धि की जानी चाहिए।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(d) या तो कार्यवाही I या II अनुसरण करती है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***28.*** **कथन** सारे देश में प्रबन्धन संस्थान बड़ी संख्या में तेजी से बनते जा रहे हैं, लेकिन वहाँ से निकल रहे सभी MBAs लायक नहीं हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I. सरकार को प्रबन्धन संस्थानों को अनुमति देने के लिए कड़े मानदण्डों का पालन करना चाहिए।
II. छात्र को जो डिग्री मिलेगी, उसमें दाखिला लेने से पहले उसके बाजार मूल्य की जाँच कर लेनी चाहिए।
III. नियोक्ताओं को MBA को अनिवार्य योग्यता केवल उन्हीं पदों के लिए बनानी चाहिए, जहाँ वह वास्तव में आवश्यक हो।
(a) केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं
(d) कार्यवाहियाँ I, II और III तीनों अनुसरण करती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***निर्देश*** (प्र.सं. 29-33) *निम्नलिखित प्रश्नों में जो भी उपयुक्त कार्यवाहियाँ हों, उसे दिए गए उत्तर विकल्पों के आधार पर चुनें।*

***29.*** **कथन** यदि प्रदूषण, शहर में और अधिक बढ़ गया, तो लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से जूझना पड़ेगा।

**कार्यवाहियाँ**

I. शहर की सभी फैक्ट्रियों को बन्द कर देना चाहिए।
II. एक निश्चित समय अन्तराल में बाहरी वाहनों के शहर में प्रवेश को प्रतिबन्धित करना चाहिए।
III. सरकार को नई फैक्ट्रियों को लाइसेन्स नहीं देना चाहिए।
IV. सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए ताकि लोग व्यक्तिगत वाहन का कम-से-कम प्रयोग करें।
(a) II, III और IV (b) III और IV (c) केवल IV (d) ये सभी

***30.*** **कथन** शताब्दी एक्सप्रेस एक रेलवे पुल पर गुजरते वक्त असन्तुलित होकर नदी में गिर गई। परिणामस्वरूप 150 से अधिक लोग मर गए तथा 300 से अधिक घायल हो गए।

**कार्यवाहियाँ**

I. रेलमन्त्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।
II. रेलवे मन्त्रालय को मृत व्यक्ति के लिए 5 लाख तथा घायल व्यक्ति के लिए 2 लाख का मुआवजा घोषित करना चाहिए।
III. एक जाँच कमेटी का गठन करना चाहिए ताकि दुर्घटना की पूरी जाँच-पड़ताल हो सके।
IV. अविलम्ब राहत कार्य शुरू करना चाहिए ताकि हता-हतों की संख्या में कमी लाई जा सके।
(a) II, III और IV (b) I, II और III
(c) केवल III (d) ये सभी

***31.*** **कथन** पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलाई-अगस्त में जल-जनित बीमारियाँ बहुत अधिक फैलीं, जिससे लाखों लोग प्रभावित हुए जिनमें से कुछ की मृत्यु भी हो गई।

**कार्यवाहियाँ**

I. नगर निगम को भंग कर देना चाहिए, क्योंकि वह निकम्मी साबित हुई है।
II. विपक्षी दल को इस बात को विधानसभा में जोर-शोर से उठाना चाहिए।

III. सरकार को इस सम्बन्ध में आवश्यक सूचना उपलब्ध करवानी चाहिए, ताकि लोग जल-जनित बीमारियों से बचाव कर सकें।

IV. सभी अस्पतालों को सूचना दे देनी चाहिए, ताकि वे आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यकता के सामान यथा दवा, उपकरण, बिस्तर आदि, जुटा लें।

(a) I, III और IV (b) III केवल IV
(c) केवल IV (d) ये सभी

**32.** **कथन** शहरों में बढ़ रही जनसंख्या (अर्थात् गाँवों से शहरों की ओर आ रही आबादी) को रोकने के लिए एक उच्चस्तरीय सम्मेलन बुलाया गया है, जिसमें निम्नलिखित कार्यवाहियों पर विचार किया गया है।

**कार्यवाहियाँ**

I. शहरों में अधिक-से-अधिक कर आदि आरोपित किए जाएँ, ताकि शहरी जीवन महँगा हो जाए। परिणामस्वरूप आबादी बढ़नी बन्द हो जाएगी।

II. सरकार को अपनी नियोजित राशि का एक बड़ा भाग ग्रामीण इलाकों में ही खर्च करना चाहिए, ताकि ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिले और समुचित विकास हो सके।

III. ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कृषि के अतिरिक्त अन्य रोजगार के लिए भी पूरी संरचना विकसित करनी चाहिए।

IV. गाँवों में रहने वाले लोगों को वहीं रहने के लिए न्यूनतम प्रोत्साहन भत्ता देना चाहिए, ताकि वे अपनी आवश्यकता वहीं पूरी कर लें।

(a) II, III और IV (b) III और IV (c) II और III (d) ये सभी

**33.** **कथन** गरीबी भारत में लगातार बढ़ रही है, क्योंकि गरीबी उन्मूलन के लिए जो योजनाएँ बन रही हैं, उन्हें वास्तव में गरीबी के कारण तथा गरीबी क्यों है, इसकी आधारभूत सूचना नहीं है।

**कार्यवाहियाँ**

I. योजनाएँ बनाने वाले को गरीबी के कारणों का विस्तृत अध्ययन करना चाहिए।

II. योजनाएँ बनाने से पूर्व गरीब तबकों से विस्तृत परिचर्चा करनी चाहिए ताकि उनकी समस्याओं के कारणों को जाना जा सके।

III. योजना बनाने वाले सदस्यों को पूर्णरूप से हटाकर नये सदस्यों की नियुक्ति होनी चाहिए।

IV. गरीबी की परिभाषा बदल देनी चाहिए।

(a) I और II (b) केवल IV
(c) केवल III (d) केवल I

***निर्देश*** (प्र.सं. 34) *निम्न जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।* ***(SBI PO 2013)***

बार-बार की गई घोषणाओं के बावजूद कि परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन ले जाना मना है, तीन छात्र उनके मोबाइल फोनों सहित पकड़े गए।

A. मोबाइल फोनों पर आजकल बहुत-से फीचर होते हैं और उनकी सहायता से धोखा देना सरल है।

B. निरीक्षक को तत्काल मोबाइल फोन जब्त कर लेना चाहिए और छात्रों को तत्काल परीक्षा हॉल से निकल जाने को कहना चाहिए।

C. मोबाइल फोन बहुत महँगे होते हैं और परीक्षा हॉल के बाहर उन्हें बैग में रखना सुरक्षित नहीं होता।

D. ऐसी घटनाएँ भी हुई हैं, जिनमें परीक्षा हॉल से जल्दी निकलने वाले छात्रों ने परीक्षा दे रहे छात्रों के बैगों में रखे मोबाइल फोन चुरा लिए।

E. स्कूल प्राधिकारियों द्वारा छात्रों को अपने फोन परीक्षा से पहले निरीक्षक की कस्टडी में रखने के लिए कहा जाना चाहिए, ताकि मोबाइल फोनों की चोरी को टाला जा सके।

F. अन्य कोई छात्र अपना फोन परीक्षा हॉल में नहीं ले गया था।

**34.** A, B, C, D व F में से, निम्न में से कौन-सा निरीक्षक के लिए तत्काल कार्यवाही हो सकती है?

(a) केवल B (b) A और D
(c) केवल A (d) D और F
(e) केवल F

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है, क्योंकि इसमें इलाज के साथ-साथ रोग को फैलने से रोकने के उपाय सम्बन्धित हैं।

**2.** *(a)* सड़क विकास प्राधिकरण राज्य सरकार द्वारा सड़कों के रख-रखाव के लिए बनाया गया है परन्तु कार्यवाही II अनुसरण नहीं करती है, क्योंकि प्रत्येक स्थान पर जाने में, प्रत्येक बार सार्वजनिक वाहनों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**3.** *(e)* यदि सरकार गरीबी-रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए उपयुक्त रोजगार सम्बन्धी योजनाएँ बनाए, तो उनकी गरीबी दूर की जा सकती है। समाज के उच्च आय वर्ग यदि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं में स्वेच्छा से कुछ आर्थिक सहायता करें, तो गरीबों के विकास में उन्नति होगी। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**4.** *(e)* सभी राज्यों में अप्रवासियों पर कड़ा नियन्त्रण लगाना चाहिए। हमें प्रत्येक यात्री पर निगाह रखनी चाहिए तथा साझे सार्वजनिक परिवहन में प्रवासियों को बैगेज ले जाने की छूट नहीं देनी चाहिए, क्योंकि यह सम्भव है कि उसमें वे कुछ बम अथवा विस्फोटक समान ले जा रहे हों। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**5.** *(e)* प्रत्येक छात्र का बौद्धिक स्तर अलग-अलग होता है। अतः माता-पिता एवं शिक्षकों को बच्चों पर उच्च उपलब्धि के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए अन्यथा बच्चे अनुत्तीर्ण होने के भय से आत्महत्या करने लगते हैं। इसके अतिरिक्त स्कूलों में नियमित रूप से परामर्श देने के लिए परामर्शदाता नियुक्त करने चाहिए। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**6.** *(a)* केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है। यदि देखभाल करने वाले व्यक्ति विशेष की पहचान सही प्रकार से की जाए, तो सत्य या झूठ का पता लगाया जा सकता है। कार्यवाही II अनुसरण नहीं करती है, क्योंकि जब तक सही व्यक्ति की पहचान के नियम निर्धारित नहीं होते, तब तक अधिकारियों की बढ़ी संख्या बेकार है।

**7.** *(e)* आम के उचित उपयोग पर सरकार को निर्णय लेने का अधिकार है, जिससे कि प्राकृतिक सम्पदा को नष्ट होने से रोका जाए, आपूर्ति अधिक होने पर सम्भावना बनती है कि उपभोग के अतिरिक्त आम सड़ सकता है। अतः दोनों ही कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**8.** *(b)* यदि पुलिस उन लोगों को कठोर दण्ड देगी, जो यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हैं, तो यातायात के नियमों का उल्लंघन नहीं होगा तथा दुर्घटनाएँ भी नहीं होंगी।
अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**9.** *(a)* जब रंगे हाथों पकड़े गए अर्थात् जुर्म साबित हो गया, तो शिक्षा स्तर को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें शैक्षिक स्तर पर प्रताड़ित करना आवश्यक है, ताकि अन्य विद्यार्थी सचेत हो जाएँ।
अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**10.** *(b)* तुरन्त जाँच का विश्वास दिलाकर भीड़ को शान्त किया जा सकता है, यदि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया गया, तो भीड़ और आक्रोशित हो सकती है, जिसके अनुकूल प्रभाव नहीं होंगे। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**11.** *(a)* परिस्थिति का पता चलने पर अभिभावक अपना निर्णय तुरन्त बदल सकते हैं, लेकिन दूसरी कार्यवाही त्वरित गति से नहीं हो सकती है। यदि त्वरित गति भी प्रदान कर दी जाए, तो नये आने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता की भी मानसिकता वहीं होगी। अतः केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

**12.** *(d)* अस्वीकृत करने के बाद वस्तुनिष्ठ माप का कोई महत्त्व नहीं रह जाता है तथा दूसरा स्कूल खोलना सरल नहीं है। अतः न ही कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**13.** *(c)* यदि खुदरा बाजार में कीमत बढ़ती है, तो विपणन कम्पनियों को सहायता उपलब्ध कराना उचित नहीं है और यदि विपणन कम्पनियों को सहायता प्रदान करनी है, तो खुदरा बाजार में मूल्य स्थिर रखना चाहिए। अतः या तो कार्यवाही I या कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**14.** *(b)* कार्यवाही II लागू होती है क्योंकि डैम बनाने से बाढ़ पर नियन्त्रण आता है, तथा यह एक स्थाई उपाय है। कार्यवाही I स्थाई उपाय नहीं है।

**15.** *(e)* दोनों कार्यवाहियाँ लागू होती हैं, पुलिस बल को व्यवहार करने के लिए शिक्षित भी करना चाहिए और दोषी पुलिसवालों के खिलाफ कठोर कदम भी उठाना चाहिए।

**16.** *(a)* कार्यवाही I लागू होती है वृद्धाश्रम खोलने से यह समस्या घटेगी नहीं बल्कि बढ़ेगी।

**17.** *(b)* कार्यवाही II लागू होती है गरीब माँ-बाप के लिए स्कूल ड्रेस पर छूट होनी चाहिए। स्कूल ड्रेस न खरीदना उपाय नहीं है।

**18.** *(d)* दोनों की कार्यवाहियाँ लागू नहीं होती हैं। समस्या का समाधान लोकतान्त्रिक व समांजस्य से होना चाहिए। प्रतिबन्ध लगाना व अस्थाई नौकरी देना कोई दीर्घकालीन उपाय नहीं है।

**19.** *(c)* पिछले कुछ सप्ताह में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। अतः इसे रोकने के लिए सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर कर तुरन्त समाप्त कर देने चाहिए। अतः केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

**20.** *(a)* नगर प्राधिकरणों को नाममात्र दरों पर दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति करनी चाहिए। इससे दमा की बीमारी पर नियन्त्रण पाया जा सकेगा। नगर में वाहनों से निकलने वाले धुएँ से प्रदूषण होता है, इससे साँस लेने में परेशानी होती है और दमा का रोग फैलता है। अतः प्रदूषण रोकना आवश्यक है, इसलिए कार्यवाही II अनुसरण करती है। तीसरी कार्यवाही इस कथन से कोई सम्बन्ध नहीं रखती है। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं।

**21.** *(d)* यदि सरकार संकट के समय प्रबन्धन का साथ न देगी, तो संकट दूर करना सम्भव नहीं है। यदि सरकार ऐसी विकासशील क्रिया की अनुमति देती है, जिससे प्रकृति का नुकसान हो, तो प्राकृतिक आपदाएँ स्वयं गतिशील हो जाएँगी। यदि सरकार पर्यावरणविदों एवं वैज्ञानिकों की समिति बनाकर उनकी सलाह से कार्यवाही करती है, तो लाभ होगा। अतः तीनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**22.** *(b)* यदि सरकार बेरोजगारों को भत्ता देती है, तो वे अपने रोजगार के बारे में कम सोचेंगे तथा सरकार को बहुत आर्थिक हानि होगी। विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएँ आरम्भ करने से बेरोजगारी कम हो जाएगी। यदि समाज तथा सरकार शिक्षा संस्थानों में ही व्यावसायिक शिक्षा प्रारम्भ कर दें, तो भी बेरोजगारी कम होगी। अतः कार्यवाहियाँ II और III दोनों अनुसरण करती हैं।

**23.** *(d)* सरकार को तुरन्त इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए तथा उपाय सुझाने के लिए एक समिति स्थापित करना परम आवश्यक है, जिससे इसे रोका जा सके। इसके अतिरिक्त सरकार को सभी छात्रों के माता-पिता से उनके बच्चों की शिक्षा की आवश्यकताओं पर बल देना चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं।

**24.** *(d)* मलेरिया से पीड़ित लोगों को बचाने के लिए नगर निगम को प्रभावित क्षेत्र में तुरन्त मच्छर निवारक का छिड़काव करने की व्यवस्था करनी चाहिए तथा तुरन्त आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध करानी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्हें अन्यत्र स्थानान्तरित करना भी आवश्यक है। अतः तीनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**25.** *(b)* पिछले दो दिनों से भारी वर्षा के कारण शहर के दो प्रमुख भागों को जोड़ने वाली जो मुख्य सड़क जलमग्न हो गई हैं, उसे जल मुक्त करने के लिए सरकार को तुरन्त प्रभावित क्षेत्र में राहत टीम भेजनी चाहिए तथा नगरपालिका प्राधिकरण को सड़क से पानी निकालने के तत्काल प्रयास करने चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं।

**26.** *(e)* नगर प्राधिकारियों को तत्काल एक टास्क फोर्स को सक्रिय करना चाहिए, ताकि इसे रोका जा सके। फुटपाथ सरकार की सम्पत्ति है। अतः फुटपाथ पर कब्जा करने वालों पर जुर्माना होना चाहिए। भविष्य में ऐसा न हों, इसके लिए एक निगरानी व्यवस्था बनानी चाहिए। अतः तीनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं।

**27.** *(c)* शिक्षा-व्यवस्था को जाँचने से शिक्षा की कमियों को दूर किया जा सकता है। शिक्षा-व्यवस्था इस प्रकार संशोधित की जानी चाहिए, ताकि रटने की आवश्यकता न पड़े। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं।

**28.** *(c)* सरकार को प्रबन्धन को अनुमति देने के लिए कड़े मानदण्ड लागू करना आवश्यक है। छात्रों के लिए भी यह आवश्यक है कि दाखिला लेने से पहले उनके बाजार मूल्य की जाँच कर लें, परन्तु कार्यवाही III का कथन से सम्बन्ध नहीं है। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों अनुसरण करती हैं।

**29.** *(b)* नया लाइसेन्स नहीं देने से प्रदूषण का स्तर कम होगा। सभी फैक्ट्रियों को बन्द कर देना बेतुकी कार्यवाही होगी। अतः कार्यवाहियाँ III और IV उचित हैं।

**30.** *(a)* इस्तीफा देने के अतिरिक्त सभी कार्यवाहियाँ तर्कसंगत तथा उचित हैं, जिससे अच्छे परिणाम आएँगे।

**31.** *(b)* जल-जनित बीमारियों से बचाव के लिए सरकार को आवश्यक सूचना उपलब्ध करवानी चाहिए तथा अस्पतालों को सूचित कर देना चाहिए, ताकि वे आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यकता के सामान यथा दवा, उपकरण, बिस्तर आदि की व्यवस्था कर लें। अतः कार्यवाहियाँ III तथा IV अनुसरण करती हैं।

**32.** *(c)* शहरों में बढ़ रही जनसंख्या को रोकने के लिए सरकार को अपनी नियोजित राशि का एक बड़ा भाग ग्रामीण इलाकों में ही खर्च करना चाहिए, ताकि ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिले तथा कृषि के अतिरिक्त रोजगार के अन्य साधनों के लिए भी संरचना पूर्ण रूप से विकसित हो जाए। अतः कार्यवाहियाँ II तथा III अनुसरण करती हैं।

**33.** *(a)* भारत में गरीबी उन्मूलन के लिए जो योजनाएँ बनाने वाले लोग हैं, उन्हें गरीबी के कारणों को विस्तृत अध्ययन करना चाहिए तथा गरीब तबकों से विस्तृत परिचर्चा करनी चाहिए ताकि उनकी समस्याओं के कारणों को जाना जा सके। अतः कार्यवाहियाँ I तथा II अनुसरण करती हैं।

**34.** *(a)* निरीक्षक के लिए तत्काल कार्यवाही ये होगी कि वह मोबाइल फोन जब्त कर लें और छात्रों को तत्काल परीक्षा हॉल से निकल जाने को कहे।

# 06

# कथन एवं कारण

## (Assertion and Reason)

किसी घटना/विषय में दी गई जानकारी को 'कथन' कहते हैं। यदि प्रश्न में दिया गया कोई कथन सत्य है, तो उसका कोई-न-कोई वैद्य कारण भी होता है। इस प्रकार, अभ्यर्थियों को अपने बौद्धिक ज्ञान के आधार पर प्रश्न में दिए गए कथन और कारण की सत्यता की जाँच करनी होती है।

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक कथन दिया गया होता है जिसके बाद एक कारण भी दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को सदैव ध्यान रखना चाहिए कि वे दिए गए कथन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और फिर निश्चय करें कि दिया गया कथन सत्य है या नहीं, इसके बाद निर्णय करें कि इसका कारण सत्य है या नहीं।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उपरोक्त तथ्यों को स्पष्ट करने के लिए नीचे कुछ उदाहरण दिए गए हैं। अभ्यर्थी इनका ध्यानपूर्वक अवलोकन करें।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 1-8) *नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन (Assertion) और एक कारण (Reason) दिया गया है। उनके लिए सही विकल्प का चयन करें।*

**उत्तर दीजिए**

(a) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है
(b) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है
(c) कथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है
(d) कथन असत्य है, लेकिन कारण सत्य है

***उदाहरण* 1. कथन** ध्रुवों की बर्फ पिघलने का प्रमुख कारण कार्बन डाइ-ऑक्साइड है।
**कारण** वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है।

***व्याख्या*** *(a)* कार्बन डाइ-ऑक्साइड के कारण पृथ्वी के वातावरण के तापमान में पर्याप्त वृद्धि हुई है, जिसके चलते ध्रुवों की बर्फ पिघलने लगी है। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

***उदाहरण* 2. कथन** गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन को वापस ले लिया।
**कारण** चौरी-चौरा के पास कुछ हिंसक घटना घट गई थी।

***व्याख्या*** *(a)* चौरी-चौरा नामक स्थान के पास कुछ हिंसक घटना घट जाने के कारण गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन को वापस ले लिया था। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

***उदाहरण* 3. कथन** नर्मदा नदी पश्चिम की ओर से बहती है।
**कारण** नर्मदा नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर गिरती है।

***व्याख्या*** *(c)* नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहती है और वह अरब सागर में जाकर गिरती है। अतः कथन सत्य है जबकि कारण असत्य है।

***उदाहरण* 4. कथन** जहाज जब नदी से समुद्र में प्रवेश करता है, तो थोड़ा ऊपर उठ जाता है।
**कारण** समुद्र के जल का घनत्व नदी के जल की अपेक्षा अधिक होता है।

***व्याख्या*** *(a)* समुद्र के जल का घनत्व अधिक रहने के कारण ही जहाज जब नदी से समुद्र में प्रवेश करता है, तो थोड़ा ऊपर उठ जाता है। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

***उदाहरण* 5. कथन** ग्रेफाइट अच्छा स्नेहक है।
**कारण** ग्रेफाइट विद्युत का सुचालक है।

***व्याख्या*** *(b)* ग्रेफाइट अच्छा स्नेहक होता है तथा ग्रेफाइट विद्युत का सुचालक है। कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं लेकिन यहाँ कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

***उदाहरण* 6. कथन** भाप के इंजन का आविष्कार जेम्स वॉट द्वारा किया गया था।
**कारण** बाढ़ के पानी से भरी हुई खानों में से पानी निकालना एक विकट समस्या थी। ***(NIFT PG 2014)***

***व्याख्या*** *(a)* बाढ़ के पानी से भरी हुई खानों में से स्वतः पानी निकालने के लिए एक ऐसे इंजन की आवश्यकता थी, जो यह कार्य कर सके। इसलिए जेम्स वॉट ने एक ऐसे ही स्वतः कार्य करने वाले इंजन का निर्माण किया।

अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

***उदाहरण* 7. कथन** जब किसी पिण्ड को पानी में डुबाया जाता है, तो उसका भार कम हो जाता है।
**कारण** न्यूटन का नियम इस घटना की व्याख्या करता है। ***(MAT 2013)***

***व्याख्या*** *(c)* जब किसी पिण्ड को पानी में डुबोया जाता है, तो उसका भार कम हो जाता है, यह सिद्धान्त आर्किमीडिज़ द्वारा दिया गया था, न्यूटन द्वारा नहीं।

अतः कथन सही है, लेकिन उसका कारण असत्य है।

***उदाहरण* 8.** **कथन** मैदानों की अपेक्षा पहाड़ों पर अधिक ठण्ड होती है।
**कारण** ऊँचाई पर तापमान घट जाता है। ***(NIFT UG 2014)***

***व्याख्या*** *(a)* समुद्र तल से ऊपर की ओर जाने पर तापमान घटता जाता है, जिसके फलस्वरूप मैदानों की अपेक्षा पहाड़ों पर अधिक ठण्ड होती है। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

***उदाहरण* 9.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

**कथन** (A) कन्नौज 'इत्र का शहर' है।

**कारण** (R) कन्नौज शहर के सभी निवासियों के यहाँ इत्र का उद्योग है। ***(UPPSC 2018)***

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है
(c) (A) सही हैं, किन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है

***व्याख्या*** *(c)* कन्नौज, उत्तर प्रदेश का एक ऐसा शहर है, जो दुनिया भर में इत्र के शहर के नाम से प्रसिद्ध हैं, परन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि कन्नौज में सभी निवासियों के यहाँ इत्र का उद्योग है।

***उदाहरण* 10.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

**कथन** (A) मिट्टी की प्रजातियों में से मृत्तिका अधिकतम जल धारण करती है।

**कारण** (R) मृत्तिका में रन्ध्राकाश बड़े आकार के पाए जाते हैं। ***(UPPSC 2018)***

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है

***व्याख्या*** *(c)* मृत्तिका (चिकनी मिट्टी) की संरचना अत्यन्त सूक्ष्म होती है। इसके कणों के आकार अन्य मिट्टियों की तुलना में सर्वाधिक छोटे होते हैं। कणों के बीच न्यून गतिशीलता के कारण और इसके संरचनागत विशेषता के कारण इसमें अधिकतम जल धारण क्षमता होती है।

# अभ्यास प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-8) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक अभिकथन (A) और एक कारण (R) दिया गया है। उनके लिए सही विकल्प का चयन करें।* ***(RRB NTPC फेज-I परीक्षा 2016)***

**1.** **अभिकथन** (A) पत्तियों का रंग हरा है।
**कारण** (R) क्लोरोफिल, एक हरा वर्णक (pigment) पत्तियों में मौजूद है।
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही हल है
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) का सही हल नहीं है
(C) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है
(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है
(a) B (b) C (c) D (d) A

**2.** **अभिकथन** (A) अधिकांश प्राचीन सभ्यताएँ नदियों के पास विकसित हुई थीं।
**कारण** (R) मनुष्य का मुख्य व्यवसाय कृषि था।
(A) A सही है, लेकिन R गलत है
(B) A गलत है, लेकिन R सही है
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A का उचित हल है
(D) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का उचित हल नहीं है
(a) B (b) D (c) C (d) A

**3.** **अभिकथन** (A) साँस के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड जाने पर यह मौत का कारण बनता है।
**कारण** (R) कार्बन मोनोऑक्साइड हीमोग्लोबिन में मिल जाती है।
(A) A सही है, लेकिन R गलत है
(B) A गलत है, लेकिन R सही है
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A का उचित हल है
(D) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का उचित हल नहीं है
(a) A (b) B (c) C (d) D

**4.** **अभिकथन** (A) 'O' रक्त समूह वाले व्यक्ति को यूनिवर्सल प्राप्तकर्ता माना जाता है।
**कारण** (R) 'O' प्रकार के रक्त में कोई ऐण्टिजन नहीं होता है।
(A) A सही है, लेकिन R गलत है
(B) A गलत है, लेकिन R सही है
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A का उचित हल है
(D) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का उचित हल नहीं है
(a) D (b) C (c) A (d) B

**5.** **अभिकथन** (A) समुद्री मछली समुद्र का पानी पीती हैं, वहीं मीठे जल की मछली कभी पानी नहीं पीती हैं।
**कारण** (R) समुद्री मछली अपने पर्यावरण के लिए अतिपरासारी (hypertonic) हैं, जबकि मीठे जल की मछली अपने पर्यावरण के लिए अल्पपरासारी (hypotonic) हैं।
(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का हल नहीं है
(B) A और R दोनों सही हैं, और R, A का हल है
(C) A सही है, लेकिन R गलत है
(D) A गलत है, लेकिन R सही है
(a) D (b) C (c) A (d) B

**6.** **अभिकथन** (A) 100°C के तापमान को मापने के लिए थर्मामीटर में पारे की जगह एल्कोहॉल का प्रयोग किया जाता है।
**कारण** (R) एल्कोहॉल का हिमांक पारे की तुलना में कम होता है।
(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का हल नहीं है
(B) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का हल है
(C) A सही है, लेकिन R गलत है
(D) A गलत है, लेकिन R सही है
(a) B (b) A (c) C (d) D

**7.** **अभिकथन** (A) भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होती हुई दिख रही है।
**कारण** (R) उत्तम 3G और 4G कवरेज सस्ती कीमत के साथ हैं।
(A) A सही है, लेकिन R गलत है
(B) A गलत है, लेकिन R सही है
(C) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का उचित हल है
(D) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का उचित हल नहीं है
(a) C (b) A
(c) D (d) B

**8.** **अभिकथन** (A) शिमला, दिल्ली की अपेक्षा ठण्डा है।
**कारण** (R) शिमला, दिल्ली की तुलना में ज्यादा ऊँचाई पर है।
(A) A सही है, लेकिन R गलत है
(B) A गलत है, लेकिन R सही है
(C) A और R दोनों सही हैं, और R, A का उचित हल है
(D) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A का उचित हल नहीं है
(a) A (b) B (c) C (d) D

***निर्देश*** (प्र. सं. 9-50) *नीचे दिए गए सभी प्रश्नों में एक कथन (Assertion) और एक कारण (Reason) दिया गया है। आपको कथन और कारण को पढ़ना है और उसके आधार पर उत्तर देना है।*

**उत्तर दीजिए**

(a) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है
(b) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है
(c) कथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है
(d) कथन असत्य है, लेकिन कारण सत्य है

**9.** **कथन** भारत में विद्युत वितरण कम्पनियाँ विद्युत खपत की गणना KWH (किलोवाट घण्टे) में करती हैं।
**कारण** भारत में विद्युत प्रणाली 60 Hz आवृत्ति पर काम करती है। ***(MPPSC Pre 2009)***

**10.** **कथन** ठण्डे किए गए सीमेण्ट के क्लिंकर्स में जिप्सम मिलाया जाता है।
**कारण** जिप्सम सीमेण्ट के सेट होने के समय को तेज कर देता है।

**11.** **कथन** AB रक्त समूह के लोग सार्वभौमिक प्राप्तकर्त्ता (universal recipients) होते हैं।
**कारण** रक्त समूह AB की लाल रक्त कोशिका में कोई एण्टीजन नहीं होता है और इसलिए अन्य किसी रक्त समूह के साथ समूहन (agglutination) नहीं होता है।

**12.** **कथन** हवा के पैटर्न्स दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई की दिशा में (दक्षिणावर्त) एवं उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में होते हैं।
**कारण** उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में हवा के पैटर्न्स कोरियोलिस प्रभाव से निश्चित होते हैं।

**13.** **कथन** वर्ष 1928 में लाहौर में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन कमीशन का विरोध आयोजित किया गया था।
**कारण** साइमन कमीशन में एक भी भारतीय सदस्य सम्मिलित नहीं था। ***(MPPSC Pre 2009)***

**14.** **कथन** भारतीय संविधान मूलतः संघात्मक स्वरूप (federal inform) का है।
**कारण** अनुच्छेद 352 में राज्यों में संवैधानिक तन्त्र की विफलता की दशा में प्रावधान हैं।

**15.** **कथन** लीमैन ब्रदर्स (यू एस की एक निवेश बैंकिंग कम्पनी) ने सितम्बर, 2008 में दिवालियापन संरक्षण अध्याय 77 दायर की।
**कारण** सब प्राइम लैण्डिंग (उत्तम से कम उधार) वित्तीय संकट के मुख्य कारणों में से एक थी। ***(MPPSC Pre 2009)***

**16.** **कथन** साधारण नमक को खुला छोड़ देने पर वह वायु से नमी सोख लेता है।
**कारण** साधारण नमक वायु से संयोग कर सोडियम क्लोराइड बनाता है।

**17.** **कथन** मुहम्मद-बिन-तुगलक को 'मूर्खों का सरदार' कहा जाता है।
**कारण** वह अच्छे कार्यों को भी बेवकूफी भरे अन्दाज में करता था।

**18.** **कथन** पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन पाया जाता है।
**कारण** पृथ्वी पर वायुमण्डल है, जिसमें विभिन्न गैसों का मिश्रण ($O_2$, $N_2$, $CO_2$) इत्यादि पाया जाता है।

**19.** **कथन** हीरा का उपयोग शीशा काटने के लिए किया जाता है।
**कारण** हीरा का अपवर्तनांक सबसे अधिक होता है।

**20.** **कथन** किताबें लिखना सरल कार्य है।
**कारण** एक अशिक्षित व्यक्ति किताबें नहीं लिख सकता है।

**21.** **कथन** कार्बन अन्य तत्वों की अपेक्षा अधिक यौगिक बना सकता है।
**कारण** कार्बन विभिन्न अपरूपों में विद्यमान रह सकता है।

**22.** **कथन** गर्मी में एक लौह खण्ड, काष्ठ से अधिक गरम होता है।
**कारण** लोहे का आपेक्षिक घनत्व काष्ठ के आपेक्षिक घनत्व से अधिक होता है। ***(NDA 2009)***

**23.** **कथन** दो भिन्न द्रव्यमान वाले कृत्रिम उपग्रह, पृथ्वी के चारों ओर समान वृत्तीय कक्षा में समान चाल से घूमते हैं।
**कारण** उपग्रह की चाल इसकी कक्षा के अर्द्धव्यास के समानुपाती होती है। ***(NDA 2009)***

**24.** **कथन** मछली का शरीर धारारेखीय होता है।
**कारण** धारारेखीय शरीर मछली को तैरने में सहायता करता है

**25.** **कथन** सेफ्टी फ्यूज उच्च गलनांक वाले तत्व का बना होता है।
**कारण** सेफ्टी फ्यूज अधिक विद्युतीय प्रवाह से होने वाले नुकसान से बचाता है।

**26.** **कथन** टेलीफोन के तार गर्मी में बहुत लचक जाते हैं।
**कारण** गर्मी के दिनों में वे फैल जाते हैं।

**27.** **कथन** चमगादड़ रात को उड़ सकते हैं।
**कारण** चमगादड़ अल्ट्रासोनिक तरंग निकालते हैं।

**28.** **कथन** टीका हमें रोगों से बचाता है।
**कारण** बच्चों को टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए।

**29.** **कथन** भारत में महिलाओं का जीवन काल पुरुषों की अपेक्षा कम है।
**कारण** महिलाएँ अच्छा भोजन ग्रहण करती हैं।

**30.** **कथन** अल्पविकसित देशों में श्रम उत्पादकता के निम्न-स्तर मौजूद रहते हैं।
**कारण** यह भौतिक पूँजी के अभाव की वजह से होता है।

**31.** **कथन** भारत में ज्यादा-से-ज्यादा किसान खेती से जबरन बाहर होते जा रहे हैं।
**कारण** उनका भूमि आधार ज्यादा छोटा होता जा रहा है। ***(SSC CGL 2008)***

**32.** **कथन** जर्मनी में नाजीवाद ने सैन्यीकरण और विस्तारवाद के अनवरत् मार्ग का आश्रय लिया।
**कारण** नाजीवाद ने विश्व पर प्रभुत्व के लिए निर्दिष्ट 'प्रभु प्रजाति' (muster-race) के विश्वास का समर्थन किया।

**33.** **कथन** हिमालय की मिट्टियों में 'ह्यूमस' प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
**कारण** हिमालय में सर्वाधिक क्षेत्र वनाच्छादित हैं।

**34.** **कथन** भारत में दुग्ध उत्पादन की दर अन्य देशों की अपेक्षा कम है।
**कारण** भारत में पशुपालन करने वाले बहुत ही गरीब हैं।

**35.** **कथन** भारत एक लोकतन्त्रात्मक देश है।
**कारण** भारत के पास अपना संविधान है।

**36.** **कथन** हमारे सौरमण्डल में शुक्र, सूर्य के बाद आकाश में सबसे अधिक चमकदार पिण्ड है।
**कारण** हमारे सौरमण्डल में शुक्र, सूर्य से दूसरा ग्रह है।

**37.** **कथन** एक गर्म उष्ण दिवस में भी खुले तालाब का पानी ठण्डा रहता है।
**कारण** गर्म होने पर पानी वाष्पीकृत होता है तथा ताप ऊर्जा, गुप्त ऊष्मा में बदल जाती है।

**38.** **कथन** कैल्शियम और मैग्नीशियम के लवण से युक्त जल के साथ साबुन झाग निर्मित नहीं करता।
**कारण** दीर्घ श्रृंखला वसीय अम्लों के कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण जल में अघुलनशील हैं।

**39. कथन** शहरी क्षेत्रों में, जाड़े के दिनों में अक्सर धूम-कोहरे की घटनाएँ घटित होती हैं। *(UGC NET 2017)*
**कारण** जाड़े के मौसम में लोग गर्म करने के प्रयोजन से या स्वयं को गर्म रखने के लिए बड़ी मात्रा में जैव-संहति (बायोमास) को जलाते हैं।

**40. कथन** केंचुआ कृषि के लिए हानिकारक है।
**कारण** केंचुआ भूमि को छोटे रूप में तोड़ता है और इसे महीन बनाता है।

**41. कथन** संयुक्त राष्ट्र राज्यों की सम्प्रभुता समानता पर आधारित है।
**कारण** सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार है।

**42. कथन** अशोक ने कलिंग को मौर्य साम्राज्य में मिला लिया था।
**कारण** कलिंग दक्षिण भारत को आने वाले स्थलीय एवं समुद्री मार्गों को नियन्त्रित करता था।

**43. कथन** प्रेशर कुकर में भोजन क्वथनांक से अधिक तापमान पर पकता है।
**कारण** दाब बढ़ने के साथ-साथ जल का क्वथनांक भी बढ़ता है। *(CDS 2008)*

**44. कथन** साधारण जल की अपेक्षा समुद्री जल में तैरना सरल है।
**कारण** साधारण जल के घनत्व की अपेक्षा समुद्री जल का घनत्व अधिक होता है। *(CDS 2008)*

**45. कथन** भारत का योजना आयोग मुख्यतः देश की पंचवर्षीय तथा वार्षिक योजना निरूपण का कार्य करता है।
**कारण** योजना आयोग एक संवैधानिक निकाय (constitutional body) है।

**46. कथन** बिजली का बल्ब टूटने के बाद आवाज करता है।
**कारण** बिजली के बल्ब के टूटने के बाद उसमें से तेजी से हवा बाहर निकलती है।

**47. कथन** एड्स का कोई टीका विकसित नहीं हुआ है।
**कारण** एड्स का उपचार नेपाल देश में उपलब्ध है।

**48. कथन** हम लोग जाड़े के दिनों में सफेद कपड़ा पहनना पसन्द करते हैं।
**कारण** सफेद कपड़ा ऊष्मा का बुरा अवशोषक होता है। *(MAT 2005)*

**49. कथन** सिल्वर को तार बनाने में प्रयोग नहीं किया जाता।
**कारण** सिल्वर एक बुरा सुचालक है। *(MAT 2008)*

**50. कथन** भारत में लोग अपना प्रतिनिधि स्वयं चुनते हैं।
**कारण** भारत एक लोकतान्त्रिक देश है। *(NIFT UG 2013)*

***निर्देश*** (प्र. सं. 51-53) *नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं। एक 'अभिकथन (A)' है तथा दूसरा तर्क (R) है।* *(UKPSC 2016)*
सावधानी से इनकी जाँच करके, निम्नलिखित कोड में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए।
I. A तथा R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
II. A तथा R दोनों सत्य हैं, किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
III. A सत्य है, किन्तु R असत्य है।
IV. A असत्य है, किन्तु R सत्य है।

**51. अभिकथन** (A) आर्थिक न्याय, समाज के सभी सदस्यों को न्यायपूर्ण अंश देने से सम्बन्ध रखता है।
**तर्क** (R) न्यायसंगतता, समानता और आवश्यकता वितरण के सम्भावित मापदण्ड हैं।
(a) I (b) II (c) III (d) IV

**52. अभिकथन** (A) भारत विश्व का दूसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है।
**तर्क** (R) भारत में जनसंख्या वृद्धि के साथ बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है।
(a) I (b) II (c) III (d) IV

**53. अभिकथन** (A) 'नीति निर्माण' तथा 'निर्णय लेना' में कोई अन्तर नहीं है।
**तर्क** (R) सरकार या एक संगठन द्वारा एक विशेष योजना या कार्य की प्रक्रिया को निरूपित करने को नीति निर्माण बताया गया है।
(a) I (b) II (c) III (d) IV

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* क्लोरोफिल एक हरा वर्णक है, जो पत्तियों में मौजूद होता है, इसी कारण पत्तियों का रंग हरा होता है। अतः कथन और उसका कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन का सही हल है।

**2.** *(b)* प्राचीन सभ्यताओं का नदियों के पास विकसित होने का मुख्य कारण आसानी से जल उपलब्ध होना था, जिससे दैनिक जीवन व मवेशियों की जल की आवश्यकता आसानी से पूरी होती थी।
अतः अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु R, A का उचित हल नहीं है।

**3.** *(c)* कार्बन मोनोऑक्साइड हीमोग्लोबिन में मिलकर व्यक्ति की मौत का कारण बनती है। कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) हीमोग्लोबिन से बहुत शीघ्र जुड़ जाती है जिससे रक्त ऑक्सीजन ($O_2$) का परिवहन नहीं कर पाता है। इस कारण यह एक घातक गैस है। अतः अभिकथन A तथा कारण R दोनों सही हैं तथा R, A का उचित हल है।

**4.** *(d)* रक्त समूह 'O' सर्वदाता है। यह सभी समूह के व्यक्तियों को रक्त दान कर सकता है, जबकि AB समूह सर्वग्राही है। अतः अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**5.** *(d)* अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का हल है। मीठे जल की मछली अपने पर्यावरण के लिए अल्पपरासारी हैं जबकि समुद्री मछली अपने पर्यावरण के लिए अतिपरासारी हैं।

**6.** *(a)* स्पष्ट है कि अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का हल है। चूँकि एल्कोहॉल का हिमांक पारे की तुलना में कम होता है। इसलिए 100°C के तापमान को मापने के लिए थर्मामीटर में पारे की जगह एल्कोहॉल का प्रयोग किया जाता है।

**7.** *(a)* प्रश्न में दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा R, A का उचित हल है। भारत में 3G और 4G सर्विस सस्ती कीमत पर मिल रही है इसलिए स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ रही है क्योंकि लोगों को 3G और 4G सर्विस का उपयोग करने के लिए स्मार्टफोन की आवश्यकता होती है।

**8.** *(c)* प्रश्न में दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) का उचित हल है। चूँकि ऊँचाई पर जाने पर तापमान घटता है तथा शिमला, दिल्ली की अपेक्षा अधिक ऊँचाई पर स्थित है। अतः शिमला का तापमान दिल्ली की अपेक्षा ठण्डा है।

**9.** *(c)* भारत में विद्युत वितरण कम्पनियाँ विद्युत खपत की गणना KWH (किलो वाट घण्टे) में करती हैं तथा भारत में विद्युत प्रणाली 60 Hz आवृत्ति पर कार्य नहीं करती है। अतः कथन सत्य तथा कारण असत्य है।

**10.** *(a)* जिप्सम सीमेण्ट के सेट होने की क्रिया को तेज कर देता है, जिसके चलते ठण्डे सीमेण्ट के क्लिंकर्स में जिप्सम मिलाया जाता है।

**11.** *(c)* AB रक्त समूह के लोग किसी भी समूह के लोगों से रक्त प्राप्त कर सकते हैं। इसी कारण इस समूह के लोग सार्वभौमिक प्राप्तकर्ता (universal recipients) कहलाते हैं।

**12.** *(a)* उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में हवा के पैटर्न्स कोरियोलिस प्रभाव के कारण दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिणावर्त और उत्तरी गोलार्द्ध में वामावर्त दिशा में होते हैं।

**13.** *(a)* साइमन कमीशन में एक भी भारतीय सदस्य नहीं था, जिसके कारण 1928 में लाहौर में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन कमीशन के विरोध में सभा का आयोजन किया गया था।

**14.** *(b)* भारतीय संविधान मूलतः संघात्मक स्वरूप का है और संविधान के अनुच्छेद 352 में राज्यों में संवैधानिक तन्त्र की विफलता की दशा का प्रावधान है। अतः कथन और कारण दोनों सत्य हैं। लेकिन कारण कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

**15.** *(a)* सब प्राइम लैण्डिंग (उत्तम से कम उधार) के कारण ही लीमैन ब्रदर्श वित्तीय संकट से गुजरा और 2008 में दिवालियापन संरक्षण अध्याय 77 दायर किया।

**16.** *(a)* सोडियम क्लोराइड नमक का आवश्यक तत्व होता है। यदि नमक को खुला छोड़ दिया जाए, तो यह वायु से नमी को सोख लेता है।

**17.** *(a)* मुहम्मद-बिन-तुगलक अच्छे कार्यों को भी बेवकूफी भरे अन्दाज में करता था, जिसके कारणे उसे 'मूर्खों का सरदार' कहा गया। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

**18.** *(b)* पृथ्वी पर जल की उपस्थिति के कारण ही जीवन है, क्योंकि जीवन की उत्पत्ति सर्वप्रथम जल में ही हुई थी।

**19.** *(b)* हीरा, अपनी त्रिविमीय आकृति के कारण कठोर होता है, जिसके चलते इसका उपयोग सीसा काटने में होता है।

**20.** *(d)* किताबें लिखना सरल कार्य नहीं है तथा एक अशिक्षित व्यक्ति किताबें नहीं लिख सकता है। इस प्रकार कथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है।

**21.** *(a)* कार्बन अन्य तत्वों से संयोग करके यौगिक का निर्माण कर लेता है, जिसके चलते यह सबसे अधिक यौगिक बना सकता है और इसी संयोग के चलते यह विभिन्न अपरूपों में विद्यमान रह सकता है।

**22.** *(b)* लोहा में ऊष्मा का प्रसार काष्ठ की अपेक्षा तेजी से होता है, जिसके कारण लोहा काष्ठ की अपेक्षा तेजी से गर्म होता है तथा लोहा का आपेक्षिक घनत्व काष्ठ की अपेक्षा अधिक होता है।

**23.** *(c)* पृथ्वी के चारों ओर वृत्तीय कक्षा में कोई भी उपग्रह एकसमान चाल से पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं। जबकि इसकी चाल अपनी कक्षा के अर्द्धव्यास के समानुपाती हो यह आवश्यक नहीं है।

**24.** *(a)* मछली के शरीर की बनावट धारारेखीय होती है, जिसके चलते मछली को तैरने में बहुत कम अवरोध का सामना करना पड़ता है और धारारेखीय शरीर तैरने में सहायता करता है।

**25.** *(d)* सेफ्टी फ्यूज कम गलनांक वाले धातु से बना होता है, जिसके चलते अत्यधिक विद्युत प्रवाह के समय यह गल जाता है और अधिक विद्युतीय प्रवाह से होने वाले नुकसान से बचाता है।

**26.** *(a)* टेलीफोन के तार के अन्दर का धातु गर्म होकर फैल जाता है इसी कारण गर्मी के दिनों में टेलीफोन के तार अधिक फैल जाते हैं।

**27.** *(a)* चमगादड़ अल्ट्रासोनिक तरंग निकालने के लिए रात में उड़ते हैं, क्योंकि अल्ट्रासोनिक तरंग उन्हें उड़ने के लिए दिशा निर्धारण करने में सहायता प्रदान करती है।

**28.** *(b)* टीका हमारे शरीर में होने वाली बीमारी को रोकता है। टीकाकरण करवाने से बच्चों में रोग प्रतिरोधी क्षमता विकसित होती है। अतः कथन और कारण दोनों सही हैं लेकिन कारण कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

**29.** *(c)* भारत में महिलाओं से ज्यादा पुरुषों का जीवनकाल है तथा महिलाओं को सन्तुलित आहार नहीं मिल पाता है।

**30.** *(a)* अल्पविकसित देशों में बेरोजगारी तथा पूँजी के अभाव के चलते श्रम उत्पादकता निम्न स्तर पर मौजूद रहता है।

**31.** *(a)* भारत में जोतों के विभाजन के चलते भूमि का आधार छोटा होता जा रहा है और सूखा और बाढ़ की समस्या के चलते किसान का खेती से मोह भंग होता जा रहा है और अधिक-से-अधिक किसान खेती से बाहर होते जा रहे हैं।

**32.** *(a)* जर्मनी में नाजियों ने अपने आपको विश्व की सर्वश्रेष्ठ जाति घोषित कर सैन्यीकरण और विस्तारवाद के अनवरत् मार्ग का आश्रय लिया।

**33.** *(a)* हिमालय की मिट्टी में 'ह्यूमस' के कारण भूमि की उपजाऊ क्षमता बहुत अधिक है, जिसके कारण हिमालय में सर्वाधिक क्षेत्र वनाच्छादित है।

**34.** *(c)* भारत में अन्य देशों की तुलना में दुग्ध उत्पादन की दर कम है, जिसका कारण अनुचित चारा और असन्तुलित आहार है।

**35.** *(b)* भारत एक लोकतन्त्रात्मक देश है, यहाँ लोगों के द्वारा चुनी हुई सरकार है। भारत के पास अपना संविधान भी है। अतः कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

**36.** *(b)* हमारे सौरमण्डल में शुक्र का स्थान सूर्य के बाद दूसरा है और यह सूर्य के बाद सबसे चमकीला ग्रह है।

**37.** *(a)* गर्मी के दिनों में तालाब का पानी गर्म होने पर वाष्प में परिवर्तित हो जाता है और वाष्पीकृत होने के कारण ताप ऊष्मा, गुप्त ऊष्मा में बदल जाती है और तालाब का पानी गर्मी के दिनों में भी ठण्डा रहता है।

**38.** *(a)* साबुन, कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण युक्त जल में अघुलनशील होता है, जिसके कारण साबुन झाग नहीं बना पाता है।

**39.** *(b)* जाड़े के मौसम में गर्म करने के प्रयोजन से अलाव जलाए जाते हैं। इससे वातावरण में धुएँ की मात्रा बढ़ जाती है, परन्तु धूम-कोहरे का यहीं मुख्य कारण नहीं है। धूम-कोहरा एक निश्चित तापमान पर अन्य प्रदूषकों के साथ-साथ जलवाष्प से बनता है। सर्दियों में जलवाष्प संघनित हो जाता है, जिससे कोहरा घना हो जाता है।

अतः कथन तथा कारण दोनों सही हैं, परन्तु कारण कथन की व्याख्या नहीं करता है।

**40.** *(d)* केंचुआ भूमि को छोटे रूप में तोड़कर कृषि में सहायता करता है।

**41.** *(b)* सैद्धान्तिक रूप में संयुक्त राष्ट्र सदस्यों की सम्प्रभुता समानता के सिद्धान्त पर आधारित है परन्तु चार्टर में इस सिद्धान्त के अनेक अपवाद भी दिए गए हैं। उदाहरण के लिए, चार्टर के अनुच्छेद 27 में पाँच देशों अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, रूस तथा फ्रांस को वीटो का अधिकार दिया गया है। यदि इनमें से कोई भी देश नकारात्मक मत का प्रयोग करता है, तो सुरक्षा परिषद् निर्णय लेने में असमर्थ हो जाता है।

**42.** *(a)* कलिंग (ओड़िशा) दक्षिण भारत में समुद्र के किनारे स्थित एक राज्य था, जिस पर सम्राट अशोक ने आक्रमण कर उसे मौर्य साम्राज्य में मिला लिया था।

**43.** *(a)* दाब बढ़ने के कारण जल का क्वथनांक बढ़ जाता है, जिसके कारण प्रेशर कुकर में भोजन क्वथनांक से अधिक तापमान पर पकता है।

**44.** *(a)* साधारण जल की अपेक्षा समुद्री जल का घनत्व अधिक होता है, जिसके कारण समुद्री जल में तैरना सरल होता है।

**45.** *(c)* भारत में योजना आयोग का मुख्य कार्य पंचवर्षीय तथा वार्षिक योजना का क्रियान्वयन करना होता है।

**46.** *(c)* बिजली के बल्ब में निर्वात होता है, जब बल्ब टूटता है, तो उसमें तेजी से वायु प्रवेश करती है, जिसके कारण आवाज होती है।

**47.** *(c)* कथन सत्य है क्योंकि अभी तक एड्स का कोई टीका विकसित नहीं हुआ है, जबकि कारण असत्य है क्योंकि नेपाल देश में एड्स का उपचार उपलब्ध नहीं है।
अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**48.** *(d)* हम लोग जाड़े के दिनों में रंगीन कपड़ा पहनना पसन्द करते हैं, क्योंकि रंगीन कपड़ा ऊष्मा को अवशोषित कर हमारे शरीर को गर्म रखता है। सफेद कपड़ा ऊष्मा का बुरा अवशोषक होता है और यह हमें गर्मी के दिनों में गर्मी से बचाता है।

**49.** *(c)* दिया गया कथन, सिल्वर को तार बनाने में प्रयोग नहीं किया जाता सत्य है, लेकिन सिल्वर एक बुरा सुचालक नहीं है। यह एक अच्छा कुचालक है। अतः कारण असत्य है।

**50.** *(a)* भारत एक लोकतान्त्रिक देश है तथा यहाँ पर लोग अपना प्रतिनिधि भी स्वयं चुनते हैं। अतः कथन तथा कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है।

**51.** *(b)* दोनों A तथा R सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

**52.** *(b)* यह आवश्यक नहीं है कि केवल जनसंख्या बढ़ने के कारण ही बेरोजगारी बढ़ती है।

**53.** *(d)* नीति-निर्माण तथा निर्णय लेना दोनों अलग-अलग चीजे हैं।

# 07

# कारण एवं प्रभाव

## (Cause and Effect)

जब कोई घटना घटित होती है, तो उसके घटित होने पर उससे सम्बन्धित परिदृश्यों पर उसका कुछ-न-कुछ प्रभाव अवश्य पड़ता है। अभ्यर्थियों को दिए गए कथनों में से कारण एवं प्रभाव का भेद करना होता है।

'कारण एवं प्रभाव' अध्याय के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दो कथन या एक घटना दी गई होती है। दिए गए कथन या तो स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं या स्वतन्त्र कारणों या सामान्य कारणों के प्रभाव हो सकते हैं, यह भी हो सकता है कि इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो, लेकिन कथन या घटना के सम्बन्ध में कुछ विकल्प दिए गए होते हैं। इन विकल्पों के अनुसार ही दिए गए कथन या घटना का 'कारण या प्रभाव' ज्ञात करना होता है।

कारण एवं प्रभाव पर आधारित प्रश्नों में, कथनों का वर्गीकरण या तो 'कारण' या 'प्रभाव' के रूप में किया गया होता है। कथनों के अनुसार ही उनके बीच विद्यमान सम्बन्ध को अच्छी तरह से समझकर सही रूप में ज्ञात करना होता है। दिए गए कथनों के युग्मों के बीच अनेक सम्बन्ध विद्यमान होते हैं। अभ्यर्थी को सभी सम्बन्धों की जाँच करनी होती है।

कारण एवं प्रभाव पर आधारित प्रश्नों को हम दो प्रकारों में वर्गीकृत कर सकते हैं

## प्रकार *1.* दो कथनों पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दो कथन दिए होते हैं, जो या तो कारण या प्रभाव में से कोई एक होता है। अभ्यर्थी को अपने कौशल एवं तार्किक शक्ति के आधार पर दोनों कथनों में से कारण एवं प्रभाव को ज्ञात करना होता है।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 1-4) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं या स्वतन्त्र कारणों या सामान्य कारणों के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर विकल्प का चुनाव इन दोनों कथनों के बीच सही सम्बन्ध बताता है?*

***(Indian Bank PO 2006)***

**उत्तर दीजिए**

(a) कथन I कारण है और कथन II प्रभाव है
(b) कथन II कारण है और कथन I प्रभाव है
(c) कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारण हैं
(d) कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं
(e) कथन I और II दोनों किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं

***उदाहरण* 1. कथन** I. इस वर्ष राज्य के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में बहुत-सी सीटें खाली रही हैं।
II. सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज इस वर्ष प्रवेश चाहने वाले सभी विद्यार्थियों का समावेश नहीं कर पाए।

***व्याख्या*** *(d)* दिए गए दोनों कथनों के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है अर्थात् कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

***उदाहरण* 2. कथन** I. शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में ट्रेन सेवाएँ चार घण्टे के लिए अस्त-व्यस्त थीं।
II. शहर के उपनगरीय क्षेत्र में दो स्टेशनों के बीच का ओवरहेड इलेक्ट्रिकल वायर टूट गया था।

***व्याख्या*** *(b)* दोनों कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद ज्ञात होता है कि कथन II कारण है और कथन I उसका प्रभाव है, क्योंकि वायर टूटने के कारण शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में ट्रेन सेवाएँ चार घण्टे के लिए अस्त-व्यस्त रहीं।

***उदाहरण* 3. कथन** I. भारत सरकार ने प्राइवेट एयरलाइन कम्पनियों को विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन की छूट दी है।
II. भारत में विदेशी पर्यटकों के प्रवाह में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

***व्याख्या*** *(b)* दोनों कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद पता चलता है कि कथन II कारण है और कथन I उसका प्रभाव है, क्योंकि भारत में विदेशी पर्यटकों के प्रवाह में पर्याप्त वृद्धि होने के कारण भारत सरकार ने प्राइवेट एयरलाइन कम्पनियों को विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन में छूट दी है।

***उदाहरण* 4. कथन** I. हाल ही में राज्य में बाघों के लिए सुरक्षित स्थान में बाघों की गणना में पिछली गणना की तुलना में बहुत कम रिपोर्ट की गई है।
II. राज्य में बाघों की संख्या सम्बन्धी तथ्यों को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जाँच आरम्भ की है।

***व्याख्या*** *(c)* कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारण हैं।

**उदाहरण 5.** दिए गए प्रश्न में दो कथन I तथा II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं या स्वतन्त्र कारणों या सामान्य कारणों के परिणाम हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों कथनों के बीच सही सम्बन्ध बताता है? *(RBI Assistant Manager 2017)*

**कथन** I. बहुत से पौधों तथा जानवरों की प्रजातियाँ समय बीतने के साथ विलुप्त होती जा रही हैं तथा पारिस्थितिक सन्तुलन बिगड़ता जा रहा है।

II. आधारिक संरचना की वृद्धि तथा नगरों एवं शहरों के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर वनों की कटाई हो रही है।

(a) कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारण हैं
(b) कथन II कारण है तथा कथन I परिणाम है
(c) कथन I कारण है तथा कथन II परिणाम है
(d) कथन I और II दोनों किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं
(e) कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के परिणाम हैं

***व्याख्या*** (a) दिए गए दोनों कथनों के आधार पर कहा जा सकता है कि समय बीतने के साथ पौधों तथा जानवरों की प्रजातियाँ लुप्त होना तथा नगरों एवं शहरों के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर वनों की कटाई होना दोनों अलग-अलग चीजें हैं। अतः कहा जा सकता है कि कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं।

### कारण एवं प्रभाव से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य

- कारण सदैव प्रभाव के पहले घटित होता है, इसलिए पता करना चाहिए कि प्रभाव क्या है और कारण क्या है?
- 'क्या' कारण के प्रभाव हेतु पर्याप्त शर्त है? जैसे कि, क्या कारण का प्रभाव सदैव परिणाम ही होता है या केवल कभी-कभी ऐसा होता है।
- एक तत्कालिक कारण का अर्थ—ऐसे कारण से है, जो तुरन्त प्रभाव उत्पन्न करता है और मुख्य कारण का अर्थ उस कारण से है जो प्रभाव के उत्पन्न होने का सबसे महत्त्वपूर्ण कारक था।
- 'क्या' किसी प्रभाव के उत्पन्न होने हेतु कारण का होना आवश्यक शर्त है या कुछ अन्य कारणों के कारण भी प्रभाव उत्पन्न हो सकता है।

# प्रश्नावली 7.1

***निर्देश*** (प्र. सं. 1 और 2) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, दो कथन I और II दिए गए हैं। इनमें कथन एवं कारण का सम्बन्ध हो सकता है या स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं या स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हो सकते हैं।* *(UPSSSC गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा 2016)*

**उत्तर दीजिए**
(a) कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है
(b) कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है
(c) कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं
(d) कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं

**1.** **कथन I.** गत कुछ महीनों से घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित रही हैं।

**कथन II.** गत कुछ महीनों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में क्रुड ऑयल की कीमतें भरपूर ऊँची गई हैं।

**2.** **कथन I.** समाज के सभी वर्गों द्वारा योगा और व्यायाम का महत्त्व स्वीकार किया गया है।

**कथन II.** समाज के विशेषकर मध्यवर्गीय समूह के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 3-55) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं या स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर विकल्प इन दो कथनों के बीच का सही सम्बन्ध दर्शाता है।*

**उत्तर दीजिए**
(a) कथन I कारण और कथन II इसका प्रभाव है
(b) कथन II कारण और कथन I इसका प्रभाव है
(c) कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं
(d) कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं
(e) यदि दोनों कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं

**3.** I. सरकार ने तत्काल रूप से प्रभावी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 10% वृद्धि की है।

II. तेल उत्पादक देशों ने अगली तिमाही में कच्चे तेल का उत्पादन 20% बढ़ाने का निर्णय लिया है। *(SBI PO 2008)*

**4.** I. पिछले सात दिनों में शहर में भारी वर्षा हुई है।

II. नगरपालिका प्राधिकरण ने लोगों को सड़क के स्टॉलों से तैयार खाद्य सामग्री का सेवन नहीं करने की चेतावनी दी है।

**5.** I. सभी एयरलाइन निगमों ने सभी घरेलू क्षेत्रों में तत्काल रूप से प्रभावी किरायों में वृद्धि की है।

II. राज्य सड़क परिवहन निगमों ने लम्बी दूरी के रूटों पर तत्काल रूप से प्रभावी किरायों में वृद्धि की है।

**6.** I. बहुत-से वृद्ध लोग इलाके के युवाओं द्वारा निरन्तर सताए जा रहे हैं।

II. इलाके के बहुत-से बच्चे देर शाम तक खेलते हैं।

**7.** I. राज्य सरकार ने अगले शैक्षिक वर्ष से कक्षा IX के गणित के पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है।

II. राज्य के बहुत-से विद्यार्थी अपनी पसन्द के कॉलेज में दाखिला नहीं ले पाए।

**8.** I. वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त में विनिर्माण कम्पनी के अधिकांशतः कर्मचारियों को भारी-भरकम बोनस मिला।

II. वर्तमान वित्तीय वर्ष में विनिर्माण कम्पनी ने बहुत लाभ कमाया है।

**9.** I. नगरपालिका प्राधिकरण ने शहर के मुख्य मार्ग के नीचे पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य करने का निर्णय लिया है।

II. पन्द्रह दिन की अवधि के लिए वाहनों के आवागमन का वैकल्पिक सड़कों से विपथन किया गया है।

**10.** I. पिछली तिमाही में विमान यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत कम हो गई है।

II. पिछले तिमाही में लम्बी दूरी की ट्रेनों से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत कम हो गई है।

**11.** I. चालू वर्ष में शहर में दिन का औसत तापमान पिछले दस वर्ष के औसत तापमान की तुलना में लगभग 2° बढ़ गया है।

II. पिछले वर्ष की तुलना में राज्य के ग्रामीण इलाकों में रह रहे अधिकतर लोगों ने शहरी इलाकों में विस्थापित होना आरम्भ कर दिया है।

**12.** I. इलाके के अधिकांश दुकानदारों ने लगातार दूसरे दिन अपनी दुकाने बन्द रखीं।

II. इलाके में रह रहे लोगों के दो समूह एक-दूसरे से ईंट-पत्थर से लड़ते रहते हैं, जिससे लोग घरों के अन्दर रहने को बाध्य हैं।

**13.** I. सरकार ने LPG गैस सिलेण्डर की कीमतों को तत्काल प्रभाव से बढ़ाने का निर्णय लिया है।
II. सरकार ने मिट्टी के तेल की कीमतों को तत्काल प्रभाव से बढ़ाने का निर्णय लिया है।

**14.** I. अगले 48 घण्टे में राज्य के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान आने की सम्भावना है।
II. चेतावनी जारी की गई है कि अगले 48 घण्टों में राज्य के तटीय क्षेत्र में भारी बारिश होने की सम्भावना है।

**15.** I. इंजीनियरिंग कॉलेज के पहले वर्ष के अधिकांश छात्र अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा में गणित में फेल हो गए।
II. पहले वर्ष के छात्रों को गणित पढ़ाने वाले प्रोफेसर के कॉन्ट्रैक्ट को कॉलेज अधिकारियों ने समाप्त कर दिया।

**16.** I. भारतीय क्रिकेट के तीन टॉप के खिलाड़ियों को चोट के कारण पाँच मैचों वाले टूर्नामेण्ट के सभी मैच छोड़ने पड़े।
II. भारत विपक्षियों से 2-3 के मार्जिन से क्रिकेट टूर्नामेण्ट हार गया।

**17.** I. खाद्यान्नों की कीमतें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 20% बढ़ गई हैं।
II. पिछले कुछ हफ्तों में सब्जियों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है।

**18.** I. हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट में खाना पकाने वाले गैस सिलेण्डर के फटने से भारी विस्फोट हुआ।
II. हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के निवासी अपने घरों से भागे और आँगन में इकट्ठे हो गए।

**19.** I. स्कूल के अधिकांश छात्र वार्षिक परीक्षा में गणित में पास हो गए।
II. स्कूल के अधिकांश छात्र वार्षिक परीक्षा में अंग्रेजी में फेल हो गए।

**20.** I. म्यूनिसिपल अथॉरिटी ने अगले दो दिन के लिए शहर के सभी स्कूलों को बन्द करने के लिए कहा।
II. अगले दो दिन में शहर में एक बड़े तूफान के आने की सम्भावना है।
***(Dena Bank PO 2009)***

**21.** I. सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को खाद्यान्न के कुछ भण्डार का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए करने का निर्णय लिया है।
II. पिछले दो मौसमों में खरीफ की बम्पर फसल हुई है।

**22.** I. अधिकांश छात्रों ने अगले महीने जाने वाले शैक्षणिक दौरे में सम्मिलित होने के लिए अपना नाम लिखवाया।
II. स्कूल अधिकारियों ने अगले महीने जाने वाले शैक्षणिक दौरे को रद्द कर दिया।

**23.** I. पिछले कुछ दिनों में फलों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है।
II. पिछले कुछ दिनों में खाद्यान्नों की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

**24.** I. राज्य के दो नगरों के बीच सड़क यातायात पिछले सप्ताह से बाधित रहा है।
II. राज्य के दो नगरों के बीच रेल यातायात पिछले सप्ताह से बाधित रहा है।

**25.** I. अगले 48 घण्टों में शहरी इलाके में भारी बौछार की सम्भावना है।
II. सप्ताह में होने वाला इण्टर-क्लब क्रिकेट टूर्नामेण्ट रद्द कर दिया गया है।
***(Vijaya Bank PO 2010)***

**26.** I. बहुत-से स्कूलों ने अपने परिसर में फास्ट फूड की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाया है।
II. युवाओं में मोटापे को उनकी खाने की खराब आदतों से जोड़ा गया है।

**27.** I. शेयरों की कीमतें अब तक के सबसे निम्न-स्तर पर हैं।
II. अधिकांश संगठन, कर्मचारियों का ग्राउण्डिंग या सेवा समाप्ति कर रहे हैं और जहाँ कहीं सम्भव हो, खर्च कम करने की कार्यवाही कर रहे हैं।

**28.** I. विद्यार्थियों में अस्वस्थ स्पर्द्धा में बहुत वृद्धि देखी गई है।
II. 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणामों की घोषणा के बाद आत्महत्या के मामलों में प्रतिवर्ष 23% की वृद्धि रिपोर्ट की गई है।

**29.** I. पृथ्वी के ध्रुवों पर हिमनदियाँ तेजी से पिघल रही हैं।
II. वर्तमान समय में धरती कम्पन और ज्वालामुखी फूटने की घटनाओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

**30.** I. यद्यपि ग्रामीण भारत में मोबाइल फोनों के प्रयोक्ताओं की संख्या बहुत है, फिर भी कम्प्यूटर और इण्टरनेट दूर का सपना है।
II. हाल ही में बड़े पैमाने में ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शहरी क्षेत्रों में स्थानान्तरित हुए हैं।
***(Canara Bank PO 2009)***

**31.** I. शहर में तीर्थयात्रियों के आने के कारण शहर की कई सड़कों को एक दिन के लिए ब्लॉक करने की घोषणा स्थानीय प्रशासन ने की।
II. जिस दिन शहर में तीर्थयात्री आए, उस दिन शहर के बहुत-से स्कूलों ने छुट्टी घोषित कर दी।

**32.** I. पिछले दो हफ्तों में सब्जियों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है।
II. पिछले दो हफ्तों में खाद्यान्नों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है।

**33.** I. एक संस्था के यूनियन के कर्मचारियों ने आने वाले महीनों में उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने सदस्यों से अपने श्रेष्ठ प्रयत्न करने का आग्रह किया।
II. एक संस्था के प्रबन्धन ने अपने कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़ी बोनस योजना की घोषणा की।

**34.** I. चालू वर्ष में गेहूँ के उत्पादन ने पिछले सारे रिकॉर्डों को पार कर लिया है।
II. पिछले वर्ष गेहूँ का उत्पादन, पिछले वर्ष के इसके उत्पादन से बहुत कम था।

**35.** I. कम्पनी के बहुसंख्यक शेयरधारकों ने अल्पसंख्यक शेयरधारकों के शेयरों को खरीदने का निर्णय लिया।
II. कम्पनी को पिछली तीन तिमाहियों से हानि हो रही है।
***(Indian Bank PO 2008)***

**36.** I. इलाके में माता-पिता ने अपने बच्चों को निजी वाहनों से स्कूल न भेजने का निर्णय लिया।
II. बच्चों को स्कूल ले जा रही एक प्राइवेट वैन दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसमें कुछ बच्चों की मृत्यु हो गई और बहुतों को चोटें आईं।

**37.** I. सप्ताह में शहर का तापमान पिछले दशक का सबसे कम तापमान था और साथ में भारी कोहरा था।
II. शहर से जाने वाली अधिकांश उड़ानों में अनिश्चितकालीन देरी हुई, जिससे यात्रियों में घबराहट फैल गई।

**38.** I. पिछले कुछ वर्षों से व्यावसायिक रूप से अर्हता प्राप्त युवाओं के लिए नौकरी का बाजार बेहतर हो गया है।
II. बहुत-से युवाओं को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नौकरियाँ नहीं मिल पा रही हैं।

**39.** I. पीक आवर में सड़कें वाहनों से ठसा-ठस भरी रहती हैं, जिससे शहर के अधिकांश हिस्सों में ट्रैफिक जाम हो जाता है।
II. बहुत-सी कम्पनियाँ कम कीमत वाले वाहन लाने की योजना बना रही हैं।

**40.** I. शाम के समय सड़कें वाहनों से ठसा-ठस भर जाती हैं, जिससे वाहनों की गति बहुत कम हो जाती है।
II. पिछले कुछ समय से हवा में प्रदूषण के स्तर में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।
***(Syndicate Bank PO 2007)***

**41.** I. हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में 'X' दल स्पष्ट बहुमत से जीता।
II. हाल ही में जनता में और राज्य के शासक दल के सदस्यों में असन्तोष था।

**42.** I. विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन के लिए परीक्षा में हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।
II. बाह्य लोगों की सहायता से विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षाओं के निर्विहन संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएँ की हैं।

**43.** I. विश्वविद्यालय की परीक्षा में समग्रता में कॉलेज 'X' के विद्यार्थियों का निष्पादन कॉलेज 'Y' के विद्यार्थियों से बेहतर था।

II. विश्वविद्यालय की परीक्षा के लिए अधिकांश विद्यार्थी कोचिंग क्लासेस पर निर्भर होते हैं।

**44.** I. राज्य 'X' की सरकार ने रात की पाली में और देर रात तक महिलाओं के काम करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है।

II. पिछले एक दशक में कामकाजी महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

**45.** I. शहर के दूरस्थ उपनगरों में जवाहरातों की दुकानों में कई बार चोरी की घटनाएँ रिकॉर्ड की गई हैं।

II. शहर और उपनगरों के दुकानदारों ने सुरक्षा की स्थिति में सुधार हेतु पुलिस प्राधिकरण से माँग की है। *(LIC ADO 2007)*

**46.** I. पिछले कुछ वर्षों में सीमेण्ट की कीमतों में कई गुना वृद्धि हो गई है।

II. सरकार ने निकट भविष्य में लगाई जाने वाली सीमेण्ट निर्माता कम्पनियों को पाँच वर्ष तक कर में छूट देने का निर्णय किया है।

**47.** I. भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के अत्याचार के खिलाफ विरोध करने के लिए पुलिस थाने के बाहर जमा हुई उपद्रवी भीड़ पर पुलिस ने लाठीचार्ज का प्रयोग किया।

II. सरकार ने कुछ पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए कथित अत्याचारों की जाँच आरम्भ की है।

**48.** I. इस वर्ष स्थानीय स्कूल के कक्षा X के अधिसंख्यक छात्रों ने तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत का चुनाव किया।

II. पिछले वर्ष स्थानीय स्कूल के कक्षा X के अधिसंख्यक छात्रों ने तीसरी भाषा के रूप में फ्रेंच का चुनाव किया था।

**49.** I. पिछले कुछ हफ्तों में सब्जियों की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

II. सरकार ने लगभग एक महीना पहले पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में कमी की थी।

**50.** I. रविवार को बड़ी संख्या में लोग सुपर बाजार की ओर दौड़ पड़े।

II. सुपर बाजार ने रविवार को अधिकतर वस्तुओं पर भारी छूट की पेशकश की। *(Allahabad Bank PO 2006)*

**51.** I. राज्य सरकार ने टेलीविजन पर फिल्मों के कुछ चैनलों के प्रसारण पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है।

II. कुछ सामाजिक कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं और उन्होंने टेलीविजन पर 'वयस्क' फिल्मों के प्रसारण पर रोक लगाने की माँग की है।

**52.** I. देश में रोजगार के परिदृश्य में पिछले कुछ समय में विलक्षण सुधार हुआ है।

II. नौकरी की तलाश में विदेश जाने वाले सम्भावनाशील व्यक्तियों की संख्या पिछले कुछ समय में बढ़ गई है।

**53.** I. सरकार ने सभी महत्त्वपूर्ण स्थानों पर और विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भी सुरक्षा जाँच कड़ी कर दी है।

II. आतंकवादी हमलों की घटनाएँ दिन-पर-दिन बढ़ती जा रही हैं।

**54.** I. उच्च न्यायालय ने शहर की सभी सड़कों की मरम्मत की समय सीमा तय की है।

II. शहर के सड़क विकास प्राधिकारी सड़क मरम्मत का काम तत्काल आधार पर कर रहे हैं।

**55.** I. पिछले कुछ दिनों से इण्डियन क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में काफी कमी आई है।

II. देश के अधिकांश हिस्सों में बाढ़ की स्थिति इतनी खराब थी कि इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं हुआ। *(UCO Bank PO 2005)*

***निर्देश*** (प्र. सं. 56-58) *नीचे दिए गए प्रश्नों में, प्रत्येक प्रश्न में दो कथन I तथा II दिए गए हैं। यह कथन स्वतन्त्र घटनाओं के कारण, उनके प्रभाव, स्वतन्त्र घटनाएँ या स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे का परिणाम हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर विकल्प इन दो कथनों के बीच सही सम्बन्ध दर्शाता है?* *(SBI Clerk Main 2017)*

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि कथन I कारण और कथन II परिणाम है
(b) यदि कथन II कारण और कथन I परिणाम है
(c) यदि कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं
(d) यदि कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के परिणाम हैं
(e) यदि दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं

**56.** I. यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्त्तव्य है कि वह अपने देश के सभी देशवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वायु प्रदूषण कम करने के लिए बेहतर प्रयास करें।

II. हमारे देश में वायु प्रदूषण की जबरदस्त बढ़ती मात्रा के कारण बहुत से लोग अस्थमा से प्रभावित हो रहे हैं।

**57.** I. दिल्ली में प्रत्येक स्थान पर भूजल स्तर में पिछले वर्ष होने वाली मानसूनी वर्षा के कारण वृद्धि हुई है।

II. गत वर्ष रेल पटरियों पर पानी आ जाने के कारण बहुत सी ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।

**58.** I. सरकार ने अभी हाल ही में अनाधिकृत इंस्टीट्यूटों में व्यावसायिक कोर्सों के लिए फीस निर्धारित की है।

II. पिछले वर्ष अनाधिकृत इंस्टीट्यूटों में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों ने मानक से निर्धारित फीस से अधिक फीस लेने पर प्रदर्शन किया था।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* कथन I और कथन II दोनों एक-दूसरे से पृथक् हैं, अर्थात् दोनों ही कथन स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर होगा।

**2.** *(b)* जब समाज के एक वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी तब ही सभी वर्गों द्वारा योगा और व्यायाम का महत्त्व स्वीकार किया गया होगा। इस प्रकार हम कह सकते हैं, कि कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**3.** *(d)* तेल उत्पादक देशों ने अगली तिमाही में कच्चे तेल का उत्पादन 20% बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसका असर पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर अगली तिमाही तक होना चाहिए, लेकिन सरकार द्वारा तत्काल रूप से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि करना सरकार का स्वयं का निर्णय है। अतः कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**4.** *(e)* नगरपालिका प्राधिकरण द्वारा लोगों को सड़क के स्टॉलों से तैयार खाद्य सामग्री का सेवन न करने की चेतावनी देना तथा पिछले दिनों शहर में भारी वर्षा होना दोनों ही अलग-अलग सामान्य कारणों के प्रभाव हैं।

**5.** *(e)* सभी एयरलाइन निगमों द्वारा सभी घरेलू क्षेत्रों में तत्काल रूप से प्रभावी किरायों में वृद्धि करना तथा राज्य सड़क परिवहन निगमों द्वारा लम्बी दूरी के रूटों पर तत्काल रूप से प्रभावी किरायों में वृद्धि कर दिया जाना दोनों ही अलग-अलग सामान्य कारणों के प्रभाव हैं।

**6.** *(c)* वृद्ध लोगों को इलाके के युवाओं द्वारा सताया जाना एक अलग बात है तथा इलाके के बहुत-से बच्चों का देर शाम तक खेलना एक अलग बात है। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं।

**7.** *(d)* राज्य सरकार द्वारा अगले शैक्षिक वर्ष से कक्षा IX के गणित के पाठ्यक्रम में परिवर्तन करना सरकार का निर्णय है, लेकिन राज्य के बहुत-से विद्यार्थियों द्वारा अपनी पसन्द के कॉलिज में दाखिला नहीं ले पाना एक अलग बात है। अतः दोनों ही कथन I और II स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**8.** *(b)* कथनानुसार, वर्तमान वित्तीय वर्ष में विनिर्माण कम्पनी ने बहुत लाभ कमाया है जिसके कारण वित्तीय वर्ष के अन्त में विनिर्माण कम्पनी के अधिकांशतः कर्मचारियों को भारी-भरकम बोनस की प्राप्ति हुई। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**9.** *(a)* नगरपालिका प्राधिकरण द्वारा शहर के मुख्यमार्ग के नीचे पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण पन्द्रह दिन के लिए वाहनों के आवागमन को वैकल्पिक सड़कों से विपथन कर दिया गया है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**10.** *(e)* पिछली तिमाही में विमान यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत कम हो गई है तथा लम्बी दूरी की ट्रेनों से यात्रा करने वालों की संख्या भी बहुत कम हो गई है, लेकिन दोनों ही घटनाओं का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है, अतः दोनों ही कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**11.** *(d)* पिछले वर्ष की तुलना में राज्य के ग्रामीण इलाकों में रह रहे अधिकतर लोगों ने शहरी इलाकों में विस्थापित होना आरम्भ कर दिया है तथा चालू वर्ष में शहर में दिन का औसत तापमान पिछले दस वर्ष के औसत तापमान की तुलना में लगभग 2° बढ़ गया है, ये दोनों ही कथन अलग-अलग हैं। अतः दोनों कथन I और II स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**12.** *(b)* इलाके में रह रहे लोगों के दो समूहों के लड़ने के कारण लोग अपने घरों के अन्दर रहने को बाध्य हैं जिसके कारण इलाके के अधिकांश दुकानदारों ने लगातार दूसरे दिन भी अपनी दुकानें बन्द रखीं। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**13.** *(e)* सरकार के द्वारा LPG गैस सिलेण्डर तथा मिट्‌टी के तेल की कीमतों को तत्काल प्रभाव से बढ़ाने का निर्णय लेने के पीछे कुछ-न-कुछ कारण अवश्य ही होगा। अतः दोनों ही कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**14.** *(a)* अगले 48 घण्टों में राज्य के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान आने की सम्भावना के चलते चेतावनी जारी की गई है कि अगले 48 घण्टों में राज्य के तटीय क्षेत्र में भारी वर्षा होने की सम्भावना है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**15.** *(a)* इन्जीनियरिंग कॉलेज के पहले वर्ष के अधिकांश छात्रों के अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा में गणित में फेल हो जाने के कारण पहले वर्ष के छात्रों को गणित पढ़ाने वाले प्रोफेसर के कॉन्ट्रैक्ट को कॉलेज अधिकारियों ने समाप्त कर दिया है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**16.** *(a)* भारतीय क्रिकेट टीम के तीन टॉप के खिलाड़ियों के चोट लगने के कारण पाँच मैचों वाले टूर्नामेण्ट के सभी मैच छोड़ने पड़े। जिसके कारण भारत विपक्षियों से 2-3 के मार्जिन से क्रिकेट टूर्नामेण्ट हार गया। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**17.** *(d)* एक तरफ कहा जा रहा है कि खाद्यान्नों की कीमतें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 20% बढ़ गई हैं जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में सब्जियों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है। अतः दोनों ही कथन स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**18.** *(a)* हाउसिंग कॉम्पलैक्स के एक फ्लैट में खाना पकाने वाले गैस सिलेण्डर के फटने से भारी विस्फोट हुआ, जिससे वहाँ के सभी निवासी अपने घरों से भागे और आँगन में इकट्‌ठा हो गए। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**19.** *(e)* स्कूल के अधिकांश छात्र वार्षिक परीक्षा में गणित में पास हो गए तथा अधिकांश छात्र वार्षिक परीक्षा में गणित में फेल हो गए, ये दोनों ही बातें अलग-अलग हैं। अतः कहा जा सकता है कि दोनों ही कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**20.** *(b)* अगले दो दिन में शहर में एक बड़े तूफान के आने की सम्भावना है, इसलिए म्यूनिसिपल अथॉरिटी ने अगले दो दिन के लिए शहर के सभी स्कूलों को बन्द करने के लिए कहा है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**21.** *(b)* पिछले दो मौसमों में खरीफ की बम्पर फसल हुई है। जिसके कारण सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को खाद्यान्न के कुछ भण्डार का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए करने का निर्णय लिया है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**22.** *(d)* अधिकांश छात्रों ने अगले महीने जाने वाले शैक्षणिक दौरे में सम्मिलित होने के लिए अपना नाम लिखवाया, लेकिन स्कूल अधिकारियों ने इसे किसी कारणवश रद्द कर दिया। अतः कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**23.** *(c)* पिछले कुछ दिनों में फलों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है तथा पिछले कुछ दिनों के दौरान ही खाद्यान्न की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। दोनों का ही आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं।

**24.** *(e)* राज्य के दो नगरों के बीच सड़क यातायात तथा रेल यातायात पिछले सप्ताह से ही बाधित रहा है। अतः कहा जा सकता है कि दोनों ही कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**25.** *(a)* अगले 48 घण्टों में शहरी इलाके में भारी बौछार की सम्भावना है जिसके कारण सप्ताह में होने वाला इण्टर-क्लब क्रिकेट टूर्नामेण्ट रद्द कर दिया गया है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**26.** *(b)* युवाओं में बढ़ते हुए मोटापे को उनकी खाने की खराब आदतों से जोड़ा गया है जिसके फलस्वरूप बहुत से स्कूलों ने अपने परिसर में फास्ट फूड की ब्रिकी पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**27.** *(a)* शेयरों की कीमतें अब तक के सबसे निम्न स्तर पर हैं जिसके कारण अधिकांश संगठन, कर्मचारियों का ग्राउण्डिंग या सेवा समाप्त कर रहे हैं और जहाँ कहीं सम्भव है, खर्च कम करने की कार्यवाही कर रहे हैं। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**28.** *(c)* विद्यार्थियों में अस्वस्थ स्पर्द्धा में बहुत वृद्धि देखी गई है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणामों की घोषणा के बाद आत्महत्या के मामलों में प्रतिवर्ष 23% की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। अतः कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारण हैं।

**29.** *(e)* पृथ्वी के ध्रुवों पर हिमनदियाँ तेजी से पिघल रही हैं। वर्तमान समय में धरती कम्पन और ज्वालामुखी फूटने की घटनाओं में पर्याप्त वृद्धि हुई है। दोनों कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है तथा दोनों घटनाओं के घटित होने के कारण भी अलग-अलग हैं। अतः दोनों कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**30.** *(d)* यद्यपि ग्रामीण भारत में मोबाइल फोनों के प्रयोक्ताओं की संख्या बहुत है फिर भी कम्प्यूटर और इण्टरनेट दूर का सपना है। हाल ही में बड़े पैमाने में ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शहरी क्षेत्रों में स्थानान्तरित हुए हैं। अतः कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**31.** *(a)* शहर में तीर्थयात्रियों के आने के कारण शहर की कई सड़कों को एक दिन के लिए ब्लॉक करने की घोषणा स्थानीय प्रशासन ने की, जिसके कारण उस दिन शहर के बहुत से स्कूलों ने छुट्‌टी घोषित कर दी। अतः कथन I कारण और कथन II उसका प्रभाव है।

**32.** *(e)* पिछले दो हफ्तों में सब्जियों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है तथा पिछले दो हफ्तों के मध्य ही खाद्यान्नों की कीमतों में बहुत अधिक कमी हुई है, जिससे ज्ञात होता है कि दोनों ही कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**33.** *(b)* एक संस्था के प्रबन्धन ने अपने कर्मचारियों के लिए उत्पादकता से जुड़ी बोनस योजना की घोषणा कर दी, जिससे एक संस्था के यूनियन के कर्मचारियों ने आने वाले महीनों में उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने सदस्यों से अपने श्रेष्ठ प्रयत्न करने का आग्रह किया। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**34.** *(d)* चालू वर्ष में गेहूँ के उत्पादन ने पिछले सारे रिकॉर्डों को पार कर लिया है। जबकि पिछले वर्ष गेहूँ का उत्पादन, पिछले वर्ष के इसके उत्पादन से बहुत कम था। अतः कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**35.** *(c)* कम्पनी को पिछली तीन तिमाहियों से हानि हो रही है। इसके बाद भी कम्पनी के बहुसंख्यक शेयरधारकों ने अल्पसंख्यक शेयरधारकों के शेयरों को खरीदने का निर्णय लिया है। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं।

**36.** *(b)* बच्चों को स्कूल ले जा रही एक प्राइवेट वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें कुछ बच्चों की मृत्यु हो गई और बहुतों को चोटें आईं, जिसके कारण इलाके में माता-पिता ने अपने बच्चों को निजी वाहनों से स्कूल न भेजने का निर्णय लिया। अतः कथन II कारण और कथन I उसका प्रभाव है।

**37.** *(a)* सप्ताह में शहर का तापमान पिछले दशक का सबसे कम तापमान था और साथ में भारी कोहरा था। जिसके कारण शहर से जाने वाली अधिकांश उड़ानों में अनिश्चितकालीन देरी हुई और यात्रियों में घबराहट फैल गई। अतः कथन I कारण तथा कथन II प्रभाव है।

**38.** *(d)* पिछले कुछ वर्षों से व्यावसायिक रूप से अर्हता प्राप्त युवाओं के लिए नौकरी का बाजार बेहतर हो गया है, लेकिन फिर भी बहुत-से युवाओं को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नौकरियाँ नहीं मिल पा रही हैं। अतः कथन I तथा II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**39.** *(c)* पीक आवर में सड़कें वाहनों से ठसा-ठस भरी रहती हैं। जिससे शहर के अधिकांश हिस्सों में ट्रैफिक जाम हो जाता है। बहुत-सी कम्पनियाँ कम कीमत वाले वाहन लाने की योजना बना रही हैं। दोनों ही तथ्य अलग-अलग हैं, इसलिए कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारण हैं।

**40.** *(d)* यह सत्य है कि पिछले कुछ समय से हवा में प्रदूषण के स्तर में बहुत अधिक वृद्धि हुई है तथा यह भी सत्य है कि शाम के समय सड़कें वाहनों से ठसा-ठस भर जाती हैं, जिससे वाहनों की गति बहुत कम हो जाती है, लेकिन दोनों ही कथन अलग-अलग हैं। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**41.** *(d)* हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में 'X' दल स्पष्ट बहुमत से जीता तथा हाल ही में जनता और राज्य के शासक दल के सदस्यों में असन्तोष था। ये दोनों कथन ही अलग-अलग कारणों के प्रभावों को दर्शाते हैं। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**42.** *(a)* विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन के लिए परीक्षा में हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है जिसके कारण विश्वविद्यालय प्रशासन ने बाहर के लोगों की सहायता से परीक्षाओं के निर्वहन संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएँ की हैं। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**43.** *(d)* विश्वविद्यालय की परीक्षा के लिए अधिकांश विद्यार्थी कोचिंग क्लासेस पर निर्भर होते हैं तथा विश्वविद्यालय की परीक्षा में समग्रता में कॉलेज X के विद्यार्थियों का निष्पादन कॉलेज Y के विद्यार्थियों से बेहतर था दोनों ही कथन स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**44.** *(d)* पिछले एक दशक में कामकाजी महिलाओं के प्रतिशत में वृद्धि हुई है तथा राज्य X की सरकार ने रात की पाली में और देर रात तक महिलाओं के काम करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है ये दोनों ही कथन स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**45.** *(a)* शहर के दूरस्थ उपनगरों में जवाहरातों की दुकानों में कई बार चोरी की घटनाएँ रिकॉर्ड की गई हैं जिसके कारण शहर और उपनगरों के दुकानदारों ने सुरक्षा की स्थिति में सुधार हेतु पुलिस प्राधिकरण से माँग की है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**46.** *(e)* पिछले कुछ वर्षों में सीमेण्ट की कीमतों में कई गुना वृद्धि हो गई है। जिसके बहुत-से कारण हो सकते हैं। सरकार ने निकट भविष्य में लगाई जाने वाली सीमेण्ट निर्माता कम्पनियों को पाँच वर्ष तक कर में छूट देने का निर्णय किया है। इसके भी बहुत-से कारण हो सकते हैं। अतः दोनों ही कथन किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**47.** *(a)* भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के अत्याचार के खिलाफ विरोध करने के लिए पुलिस थाने के बाहर जमा हुई उपद्रवी भीड़ पर पुलिस ने लाठीचार्ज का प्रयोग किया, जिसके कारण सरकार ने कुछ पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए कथित अत्याचारों की जाँच आरम्भ की है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**48.** *(c)* इस वर्ष स्थानीय स्कूल के कक्षा X के अधिसंख्यक छात्रों ने तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत का चुनाव किया जबकि पिछले वर्ष स्थानीय स्कूल के कक्षा X के अधिसंख्यक छात्रों ने तीसरी भाषा के रूप में फ्रेन्च का चुनाव किया था। इन दोनों कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारण हैं।

**49.** *(d)* पहला कथन, पिछले कुछ हफ्तों में सब्जियों की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है तथा दूसरे अन्य कथन सरकार ने लगभग एक महीना पहले पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में कमी की थी, का पहले कथन से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**50.** *(b)* रविवार को बड़ी संख्या में लोग सुपर बाजार की ओर दौड़ पड़े क्योंकि सुपर बाजार ने रविवार को अधिकतर वस्तुओं पर भारी छूट की पेशकश की। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**51.** *(b)* कुछ सामाजिक कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं और उन्होंने टेलीविजन पर 'वयस्क' फिल्मों के प्रसारण पर रोक लगाने की माँग की है, जिसके कारण राज्य सरकार ने टेलीविजन पर फिल्मों के कुछ चैनलों के प्रसारण पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**52.** *(d)* देश में रोजगार के परिदृश्य में पिछले कुछ समय में विलक्षण सुधार हुआ है। साथ-ही-साथ नौकरी की तलाश में विदेश जाने वाले सम्भावनाशील व्यक्तियों की संख्या पिछले कुछ समय से बढ़ गई है। इन दोनों कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**53.** *(b)* आतंकवादी हमलों की घटनाएँ दिन-पर-दिन बढ़ती जा रही हैं, जिसके कारण सरकार ने सभी महत्त्वपूर्ण स्थानों पर और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भी सुरक्षा जाँच कड़ी कर दी है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**54.** *(a)* उच्च न्यायालय ने शहर की सभी सड़कों की मरम्मत की समय सीमा तय कर दी है, जिसके कारण शहर के सड़क विकास प्राधिकारी सड़क मरम्मत का काम तत्काल आधार पर कर रहे हैं। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**55.** *(e)* देश के अधिकांश हिस्सों में बाढ़ की स्थिति इतनी खराब थी कि इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं हुआ तथा पिछले कुछ दिनों से इण्डियन क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में काफी कमी आई है। इन दोनों ही कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I तथा II दोनों ही किसी सामान्य कारण के परिणाम हैं।

**56.** *(b)* कथन II कारण तथा कथन I उसका परिणाम है।

**57.** *(b)* कथन II से स्पष्ट है कि गत वर्ष दिल्ली में बहुत ज्यादा वर्षा हुई, जिसके फलस्वरूप भूजल स्तर में वृद्धि हुई है। अतः कथन II कारण तथा I उसका परिणाम है।

**58.** *(b)* कथन II से स्पष्ट है कि अभिभावकों द्वारा प्रदर्शन करने पर ही सरकार द्वारा फीस निर्धारित की गई है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका परिणाम है।

## प्रकार 2. तार्किक रूप से सम्बन्धित कारण या प्रभाव के चुनाव पर आधारित

इस प्रकार के प्रश्नों में एक कथन दिया गया होता है, जोकि कारण या प्रभाव में से कोई एक होता है। अभ्यर्थी को अपनी कुशलता के आधार पर दिए गए कथन का (यदि कथन कारण है, तो प्रभाव और यदि कथन प्रभाव है, तो कारण) विकल्पों के माध्यम से सही उत्तर ज्ञात करना होता है।

***उदाहरण* 6. प्रभाव** पिछले दो महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें लगभग 21% कम हो गई हैं।

उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?

(a) खाद्यान्नों और सब्जियों की कीमतें 30% कम हो गई हैं
(b) ट्रक मालिकों के संघ ने तत्काल प्रभाव से अपने किरायों को लगभग 20% घटाने का फैसला किया है
(c) पिछले कुछ हफ्तों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आयी है
(d) आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के प्रति सरकार की उदासीनता के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन करने का फैसला किया है

***व्याख्या*** *(c)* जब अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में कमी हुई है, तो पेट्रोल की कीमत सभी राष्ट्रीय बाजारों में कम हो ही जाएगी अर्थात् विकल्प (c) उपरोक्त प्रभाव का कारण है।

***उदाहरण* 7. कथन** सीमेण्ट विनिर्माता कम्पनियों ने तत्काल प्रभाव से सीमेण्ट की कीमतों में लगभग 15% वृद्धि कर दी है।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से उपरोक्त कथन का/के सम्भावित प्रभाव है/हैं?

I. सरकार सीमेण्ट विनिर्माता कम्पनियों को, कीमत वृद्धि घटा कर 5% करने के निर्देश देगी।
II. रिहायशी फ्लैटों और वाणिज्यिक कम्पनियों की कीमतों में वृद्धि का रुख दिखेगा।
III. निर्माण कम्पनियाँ, चल रही सभी निर्माण परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से रोक सकती हैं।

(a) केवल कथन II
(b) केवल कथन I
(c) केवल कथन III
(d) कथन II और कथन III

***व्याख्या*** *(d)* दिए गए कथन के केवल II और III प्रभाव हो सकते हैं, क्योंकि सीमेण्ट विनिर्माता कम्पनियों ने तत्काल प्रभाव से सीमेण्ट की कीमतों में लगभग 15% वृद्धि कर दी है। इस कारण का सम्भावित प्रभाव यह होगा कि रिहायशी फ्लैटों और वाणिज्यिक कम्पनियों की कीमतों में वृद्धि का रुख दिखेगा, साथ ही ऐसा भी हो सकता है कि निर्माण कम्पनियाँ, निर्माण परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से रोक दे।

***उदाहरण* 8. प्रभाव** पिछले कुछ वर्षों में भारत के सभी प्रमुख शहरों में धारा प्रवाह अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण हो सकता है?

(a) बहुत-से माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अधिक-से- अधिक धनार्जन करें
(b) बहुत-से यूरोपीय और उत्तर-अमेरिकी देश विभिन्न गतिविधियों में भारत को आउटसोर्स कर रहे हैं
(c) अब भारत के स्कूलों और कॉलेजों में अंग्रेजी नहीं पढ़ाई जाती है
(d) भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में अंग्रेजी बोलने वाली शिक्षित युवाओं की संख्या सर्वाधिक है

***व्याख्या*** *(b)* दिए गए प्रभाव का कारण यह हो सकता है कि बहुत-से यूरोपीय और उत्तर-अमेरिकी देश विभिन्न गतिविधियों में भारत को आउटसोर्स कर रहे हैं।

***उदाहरण* 9. प्रभाव** सरकार ने हाल ही में रबी की फसलों के लिए धान की खरीद कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है।

उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्न में से कौन-सा होगा?

(a) किसान रबी मौसम में धान की खेती करने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं
(b) किसान अपने धान के खेतों में दूसरी नकदी फसलें बोने लग सकते हैं
(c) खरीफ मौसम के दौरान धान का उत्पादन कम था
(d) अगले खरीफ मौसम में हो सकता है कि सरकार धान की खरीद कीमत न बढ़ाए

***व्याख्या*** *(c)* दिए गए प्रभाव का सम्भावित कारण विकल्प (c) में विद्यमान है। सरकार ने कीमतों को बढ़ाने का फैसला इसलिए लिया है, क्योंकि खरीफ मौसम के दौरान धान का उत्पादन कम था।

***उदाहरण* 10. कथन** मानसून के पहले दो महीनों में शहर की सड़कों की हालत बहुत अधिक खराब हो गई है और सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढ़े पड़ गए हैं। उपरोक्त कथन का सम्भावित प्रभाव निम्न में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2011)***

(a) नगर निगम ने मानसून आरम्भ होने से पहले अच्छी क्वालिटी के सामान के साथ शहर की सड़कों की मरम्मत की थी
(b) शहर के अन्दर सड़क से नियमित रूप से लम्बी दूरी की यात्रा करने के बाद बड़ी संख्या में लोगों को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी चोटें लगी हैं
(c) विगत में सड़कों की मरम्मत के लिए ठेकेदारों का चुनाव करने में नगर निगम सावधान रहा है
(d) मानसून के महीनों में लोग हमेशा सड़कों पर गड्ढ़ों की शिकायत करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

***व्याख्या*** *(b)* सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढ़े पड़ जाने से नियमित रूप से लम्बी दूरी की यात्रा करने से बड़ी संख्या में लोगों की रीढ़ की हड्डी से जुड़ी चोटें लगी हैं। अतः दिए गए कथन का प्रभाव विकल्प (b) में है।

# प्रश्नावली 7.2

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-20) *नीचे दिए गए प्रश्नों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद उत्तर दें।*

**1. कथन** सभी नागरिकों को बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को नयी शाखाएँ इस प्रकार खोलने के अनुदेश देने का सरकार ने निर्णय लिया है कि 1000 और अधिक जनसंख्या वाले प्रत्येक गाँव में या 1000 से कम जनसंख्या वाले गाँवों के समूहों के लिए किसी भी बैंक की एक शाखा हो।
निम्नलिखित में से किससे सरकार द्वारा किया गया उपाय कमजोर पड़ जाएगा? ***(BOI PO 2010)***
(a) भारत में निजी क्षेत्र के बैंकों ने ग्रामीण भारत में अपनी शाखाओं के विस्तार की गतिविधियाँ तेज कर दी हैं
(b) सरकारी स्वामित्व के बहुत-से बैंकों की शहरी शाखाओं में ग्रामीण मानवशक्ति है
(c) निजी क्षेत्र के बैंकों सहित सभी बैंक सरकारी निर्देश का अनुसरण करेंगे
(d) पर्याप्त कारोबारी गतिविधियों के अभाव से प्रत्येक वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वामित्व की बैंकों की बहुत-सी शाखाएँ भारी घाटा कर रही हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2. कारण** सरकार ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर कर लगभग 10% बढ़ा दिए हैं।
उपरोक्त कारण का सम्भावित प्रभाव निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
(a) पेट्रोलियम कम्पनियाँ पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगभग 10% घटा देंगी
(b) पेट्रोलियम कम्पनियाँ पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगभग 10% बढ़ा देंगी
(c) पेट्रोलियम कम्पनियाँ पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगभग 5% बढ़ा देंगी
(d) सरकार द्वारा कर रोल बैक करने तक पेट्रोल पम्प, पेट्रोल और डीजल बेचना बन्द कर देंगे
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**3. कथन** भारत में IT और ITES क्षेत्र की अधिकांश कम्पनियों ने इस वर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों के कैम्पस से भर्ती शुरू कर दी है और पिछले वर्षों की वार्षिक भर्ती से बहुत अधिक भर्ती करने की सम्भावना है।
उपरोक्त कथन में वर्णित तथ्यों को निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमाणित करता है?
(a) भारत में केवल IT और ITES ऐसे क्षेत्र हैं, जो इंजीनियरिंग कॉलेजों के कैम्पस से भर्ती करते हैं
(b) पाँच वर्ष के अन्तराल के बाद सरकार ने भर्ती की गतिविधि तेज कर दी है
(c) IT और ITES कम्पनियों ने अब भारत के टियर II शहरों के इंजीनियरिंग कॉलेजों के कैम्पस में भी जाने का निर्णय लिया है
(d) करीबी भविष्य में अहर्ता प्राप्त इंजीनियरों की उपलब्धता पर्याप्त बढ़ जाएगी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4. प्रभाव** रुग्ण संगठन के अधिकांश कर्मचारी स्वैच्छिक निवृत्ति योजना का विकल्प लेकर, योजना के आरम्भ से एक पखवाड़े के भीतर अपने सभी निवृत्ति लाभ सहित संगठन छोड़ गए।
उपरोक्त प्रभाव का सम्भव कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
(a) कम्पनी पिछले पाँच साल से भारी घाटे में चल रही है और समय पर अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है
(b) गैर-कानूनी गतिविधियों से कम्पनी के प्रबन्धन ने भारी निजी लाभ पाया है
(c) कम्पनी का एक प्रतिस्पर्धी पिछले वर्ष दिवालिया हो गया
(d) राज्य में कम्पनी बहुत-सी जमीन की मालिक है, जिससे उसके मालिकों को बहुत सारी राशि मिलेगी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**5. कथन** सरकार ने सारे राज्य में आठ-लेन वाला सुपर हाईवे बनाने का निर्णय किया है, ताकि वाहन तेज गति से आ-जा सकें।
निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रभाव हो सकता है, जो उपरोक्त कथन में अन्तर्निहित है? ***(Indian Bank PO 2009)***
(a) प्रस्तावित सुपर हाईवे का निर्माण करने के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन हैं
(b) राज्य के लोग सरकार के इस फैसले का विरोध कर सकते हैं, क्योंकि हाईवे बनाने के लिए सरकार उनकी कृषि भूमि ले लेगी
(c) हाईवे का निर्माण करने के लिए उचित ठेकेदार का नामांकन करना सरकार के लिए कठिन हो सकता है
(d) राज्य में और कोई हाईवे नहीं है, जिसे वस्तुओं के परिवहन के लिए प्रयोग किया जा सके
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**6. कथन** हाल की एक शोध रिपोर्ट में बताया गया है कि लम्बे लोग अपेक्षाकृत उनसे छोटे लोगों की तुलना में खुश होते हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव उपरोक्त कथन का खण्डन करता है?
(a) ऐसे अनुसंधान अध्ययनों का उत्तर देते समय लोग सामान्यतः सत्य बोलते हैं
(b) कठोर जीवन-शैली वालों की तुलना में जो लोग आरामदेह जीवन-शैली भरा जीवन जीते हैं। वे अधिक खुश पाए जाते हैं, भले ही उनकी लम्बाई कितनी भी हो
(c) छोटे लोग जीवन-पर्यन्त हीनताग्रन्थि से ग्रस्त रहते हैं
(d) लम्बे लोगों में जीवन के रोजमर्रा के कामों के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण होता है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7. कथन** पिछले पखवाड़े में शहर के स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र में आने वाले फ्लू जैसे लक्षणों वाले रोगियों की संख्या में धीरे-धीरे कमी आई है।
उपरोक्त कथन में उल्लिखित तथ्यों को निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्ध करता है?
(a) शहर में फ्लू से पीड़ित अधिकांश लोग स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र में जाते हैं
(b) शहर की सीमाओं में फ्लू का इलाज करने वाली दवाओं की बिक्री में लगातार वृद्धि हुई है
(c) एक महीने के सतर्क अन्तराल के बाद पिछले पखवाड़े में लोगों ने मॉलों और सिनेमा हॉलों जैसी भीड़ भरी जगहों पर जाना शुरू कर दिया है
(d) फ्लू जैसे लक्षणों और उसके बाद श्वास सम्बन्धी जटिलताओं के कारण होने वाली मौतों की संख्या में अचानक वृद्धि हो गई है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**8. कारण** पिछले दो दिनों में राज्य के अधिकांश भाग को भारी चक्रवाती तूफान बहा ले गया है
निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त कारण का सम्भावित प्रभाव नहीं हो सकता है?
(a) पिछले दो दिनों में राज्य के अधिकांश भाग में भारी बारिश की रिपोर्ट मिली है
(b) बहुत-से लोग बेघर हो गए, क्योंकि उनके मकान बह गए
(c) राज्य की संचार प्रणाली बुरी तरह से प्रभावित हुई और अभी भी अव्यवस्थित है
(d) सरकार ने आदेश दिया है कि सारे दफ्तर और स्कूल खोले रखे जाएँ
(e) सभी सम्भावित प्रभाव हैं

**9. प्रभाव** पिछले दो महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें लगभग 20इ बढ़ गई हैं।
उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
(a) खाद्यान्नों और सब्जियों की कीमतें 30% से अधिक बढ़ गई हैं
(b) ट्रक मालिकों के संघ ने तत्काल प्रभाव से अपने किरायों में लगभग 20% वृद्धि करने का फैसला लिया है
(c) पिछले कुछ हफ्तों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हुई है
(d) आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के प्रति सरकार की उदासीनता के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन करने का फैसला किया है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**10. प्रभाव** सप्ताहान्त में स्कूल पिकनिक के लिए जाते समय कम-से-कम बीस बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए।
उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्न में से कौन-सा हो सकता है? ***(SBI Clerk 2009)***
(a) बच्चों के साथ जा रहा शिक्षक यात्रा के दौरान बीमार पड़ गया
(b) जिस बस में बच्चे यात्रा कर रहे थे, वह मुख्य हाईवे पर मोड़ काटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई
(c) जिस बस में बच्चे यात्रा कर रहे थे, उसका ड्राइवर यात्रा में रुकने के स्थान पर ब्रेक के बाद नहीं आया
(d) स्कूल अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से अगले छः महीने के लिए सभी स्कूल पिकनिकों पर रोक लगा दी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**11. कारण** सरकार ने हाल ही में रबी फसलों के लिए धान की खरीद कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है।
उपरोक्त कारण का सम्भावित प्रभाव निम्न में से कौन-सा होगा?
(a) किसान रबी मौसम में धान की खेती करने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं
(b) किसान अपने धान के खेतों में दूसरी नकदी फसलें बोने लग सकते हैं
(c) खरीफ मौसम में धान का उत्पादन कम था
(d) अगले खरीफ मौसम में हो सकता है कि सरकार धान की खरीद कीमत न बढ़ाए
(e) अगले कुछ महीनों में सरकार खुले बाजार से धान खरीद सकती है

**12. कथन** मलेरिया से पीड़ित बहुत-से रोगियों को एक सप्ताह के लिए मलेरिया विरोधी दवा दी गई। उनमें से कुछ एक पर पारम्परिक दवा का असर नहीं हुआ और चार दिन बाद उनकी हालत बिगड़ गई।
उपरोक्त कथन में उल्लेखित निष्कर्ष को निम्न में से कौन-सा कमजोर बनाएगा?
(a) जिन रोगियों पर पारम्परिक दवा का असर हुआ था और वे ठीक हो गए थे, उन्हें अतिरिक्त खुराक देनी पड़ी, क्योंकि उनमें फिर से रोग के लक्षण पाए जाने की रिपोर्ट मिली थी
(b) मलेरिया फैलाने वाले मच्छर मलेरिया की पारम्परिक दवा के प्रति प्रतिरोधी पाए गए हैं
(c) मलेरिया से पीड़ित अधिकांश रोगियों पर मलेरिया की पारम्परिक दवा का अच्छा असर हुआ और वे बीमारी से ठीक हो गए
(d) बहुत-सी दवा कम्पनियों ने मलेरिया की पारम्परिक दवाएँ बनाना बन्द कर दिया है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13. कथन** राज्य A में कार बनाने की लागत राज्य B में कार बनाने की लागत से 30% कम है। राज्य C में बेचने के लिए, राज्य A और B की विभिन्न दूरियों के लिए परिवहन शुल्क और अन्तर्राज्यीय करों के बावजूद राज्य A के अतिरिक्त राज्य B में कार बनाना सस्ता है।

उपरोक्त कथन में निकाले गए निष्कर्ष को निम्न में से कौन-सा समर्थन देता है?
(a) राज्य A से राज्य C को परिवहन की लागत उत्पादन लागत से 30% अधिक है
(b) राज्य B में कारों की उत्पादन लागत राज्य A की तुलना में कम है
(c) राज्य A में आरम्भ किए गए उत्पादों के लिए राज्य C में केवल प्रवेश कर अधिक है
(d) राज्य B में आरम्भ किए गए उत्पादों के लिए राज्य C में प्रवेश कर अधिक है
(e) राज्य B से राज्य C में कारों की परिवहन लागत और राज्य C में कारों के प्रवेश कर का योग राज्य B में कारों की उत्पादन लागत के 30% से कम है

**14. कथन** देश की कुछ बड़ी फूड बेवरेज और फार्मा कम्पनियाँ चीनी का सीधा आयात करने के लिए बाध्य हो सकती हैं, क्योंकि सरकार औद्योगिक ग्राहकों पर स्टॉक की सीमा बेहतर करना चाहती है, ताकि किराने की दुकानों पर इसकी कमी दूर हो और 28 माह में सबसे ऊँची कीमतें कुछ कम हों।
उपरोक्त कथन से व्यक्त विचारों को निम्न में से कौन-सा सही साबित करता है?
(a) पहले फूड बेवरेज और फार्मा कम्पनियों को चीनी का आयात करने की अनुमति नहीं थी
(b) पिछले सात महीने से चीनी की कीमतें घट-बढ़ रही हैं
(c) सरकार के पास खुले बाजार से चीनी खरीदने पर प्रतिबन्ध लगाने का प्राधिकार नहीं है
(d) वाणिज्यिक प्रयोग के लिए चीनी के आयात से खुदरा बाजार में चीनी की कीमत को कम करने में सहायता मिलेगी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**15. कथन** हाल ही की एक समीक्षा में रिपोर्ट किया गया है कि घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में रत्नों और आभूषणों के अतिरिक्त लग्जरी वस्त्रों, चमड़े की वस्तुओं की माँग में कमी के कारण भारत के फैशन उद्योग पर गम्भीर प्रभाव पड़ा है।
उपरोक्त कथन में व्यक्त विचारों का निम्न में से कौन खण्डन करता है?
(a) भारत के फैशन उद्योग में पिछले वर्ष तक वृद्धि हो रही थी
(b) पहले सरकार ने भारत के फैशन उद्योग की वृद्धि में सहायता की है
(c) फैशन की वस्तुओं का घरेलू बाजार अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की भावना को प्रतिबिम्बित करता है
(d) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भारत द्वारा निर्मित फैशन वस्तुओं का हिस्सा मामूली है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**16. कारण** स्कूल प्राधिकरण ने चालू अकादमिक सत्र से ट्यूशन फीस में बहुत अधिक वृद्धि कर दी है।
निम्नलिखित में से उपरोक्त कारण का परिणाम क्या हो सकता है?
I. मौजूदा छात्रों के माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में दाखिल करवा देंगे।
II. इस अकादमिक सत्र में कोई नया छात्र दाखिला नहीं लेगा।
III. मौजूदा छात्रों के माता-पिता स्कूल द्वारा फीस में वृद्धि को वापस लिए जाने के आदेश देने के लिए सरकार से सम्पर्क करेंगे। ***(BOB PO 2007)***
(a) कथन II और कथन III (b) केवल कथन I
(c) केवल कथन II (d) केवल कथन III
(e) इनमें से कोई नहीं

**17. कथन** नागरिकों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्थानीय अकादमिक निकाय द्वारा हमारे इर्द-गिर्द के पर्यावरण के संरक्षण के महत्त्व पर आयोजित सेमिनार को राज्य सरकार ने विशेष दर्जा दिया।
राज्य सरकार के निर्णय के लिए सम्भावित कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2012)***
(a) केन्द्र सरकार ने, अन्य सभी मुद्दों की तुलना में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित मुद्दों को सर्वाधिक प्राथमिकता प्रदान की है
(b) अतीत में राज्य सरकार ने ऐसे सेमिनारों को विशेष दर्जा दिया था
(c) राज्य सरकार पर्यावरण के संरक्षण के उपाय लागू करने में असफल रही है
(d) स्थानीय अकादमिक निकाय ने विशेष दर्जे के लिए जबर्दस्त अपील की
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**18. कथन** अधिकांश कार विनिर्माताओं ने उच्च निविष्ट लागत और बढ़े हुए सरकारी शुल्क के बावजूद अपने उत्पादों की कीमत में मामूली कमी की है और अगले कुछ महीनों तक कीमतों को मौजूदा स्तर पर रखे रहने का वायदा किया है।
कार विनिर्माताओं द्वारा उपरोक्त कदम के लिए सर्वश्रेष्ठ सम्भावित कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2012)***
(a) कार विनिर्माता अभी तक चालू वर्ष में अपने बिक्री लक्ष्य पूरे नहीं कर पाएँ हैं
(b) सरकार कार विनिर्माण के लिए कच्चे माल पर करों की समीक्षा करने की योजना बना रही है
(c) कार बिक्री बाजार खुशी भरे दौर से गुजर रहा है, क्योंकि पिछले कुछ समय में बिक्री की मात्रा में बहुत अधिक वृद्धि हुई और प्रतिकार लाभ भी बढ़ गया है
(d) कार खरीददार अभी भी खरीद करने में झिझक रहे हैं तथा खरीदारी को कुछ और महीनों तक स्थगित कर सकते हैं
(e) तेल विपणन कम्पनियाँ भावी बाजार कीमतें तय करने के लिए पेट्रोल व डीजल की कीमतों की समीक्षा करने पर सोच-विचार कर रही हैं

**19. प्रभाव** भक्तों की संख्या की कमी के कारण धार्मिक स्थल में मन्दिर में वीरानी छाई है।
उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) एक संरचना इंजीनियर, एक महीना पहले मन्दिर आया था और उसने इस ढाँचे को असुरक्षित घोषित किया था
(b) कई वर्षों में भक्तों द्वारा जो निधियाँ जमा हुई थीं, जिनमें तेजी से कमी आ रही है
(c) स्थानीय निगम ने मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए एक बड़ी धनराशि देने की घोषणा की है
(d) जिस गाँव में धार्मिक स्थल हैं, वहाँ धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए योग्यता प्राप्त पुजारी हैं
(e) हाल ही में एक प्रसिद्ध अभिनेता मन्दिर गया था और उसने देवता के दर्शन किए

**20. कथन** पिछले सप्ताह अधिकारियों ने तीन अलग-अलग व्यवसाय गृहों में छापे मारे।
उपरोक्त कथन का सम्भावित परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) तीन व्यवसाय गृह अपना आयकर चुकाने के मामले में नियमित चूककर्त्ता हैं
(b) तीन व्यवसाय गृहों में गैर-कानूनी गतिविधियों के विषय में आयकर विभाग को गुप्त सूचना मिली थी
(c) सरकार ने मामले में ध्यान देने का निश्चय किया है और एक जाँच समिति नियुक्त की है
(d) दूसरे व्यवसाय गृहों ने अपनें संस्थानों पर छापे से बचने के लिए आयकर की अपनी-अपनी सारी देय राशि को अदा करने की तत्काल कार्यवाही की
(e) इस इलाके में कई और व्यवसाय गृहों पर छापा मारने का अधिकारियों का इरादा है

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* यदि पर्याप्त कारोबारी गतिविधियों के अभाव से प्रत्येक वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वामित्व बैंकों की बहुत-सी शाखाएँ घाटा कर रही हैं, तो सभी नागरिकों को बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को नयी शाखा खोलने के स्थान पर सभी लोगों को पुरानी शाखा में ही कारोबार के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे कि बैंकों की शाखाओं का घाटा पूरा हो सके। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**2.** *(e)* सरकार द्वारा हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर कर लगभग 10% बढ़ा दिए जाने से पेट्रोल कम्पनियाँ तुरन्त ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा या घटा नहीं सकती हैं।
साथ-ही-साथ सरकार द्वारा कर रोल बैक करने तक पेट्रोल पम्प, पेट्रोल और डीजल बेचना बन्द भी नहीं कर सकते। केवल इतना किया जा सकता है कि पेट्रोलियम कम्पनियों द्वारा सरकार को कर कम करने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया जा सकता है। अतः दिए गए कारण का सम्भव परिणाम दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं है।

**3.** *(e)* ऐसा नहीं है कि भारत में केवल IT और ITES ही ऐसे क्षेत्र हैं, जो इन्जीनियरिंग कॉलेजों के कैम्पस से भर्ती करते हैं।
इनके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी कैम्पस से भर्ती की जाती है जोकि प्रत्येक वर्ष होती है तथा सभी क्षेत्रों की कम्पनियाँ भारत के टियर II शहरों के अतिरिक्त अन्य शहरों के इन्जीनियरिंग कॉलेज के कैम्पस में भी जाती है। आज के समय में ही अहर्ता प्राप्त इन्जीनियरों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। अतः कथन में वर्णित तथ्यों को कोई भी प्रमाणित नहीं करता है।

**4.** *(a)* कम्पनी पिछले पाँच साल से भारी घाटे में चल रही है और अपने कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं दे पा रही है, जिसके कारण रुग्ण संगठन के अधिकांश कर्मचारी स्वैच्छिक निवृत्ति योजना का विकल्प लेकर, योजना के आरम्भ से एक पखवाड़े के भीतर अपने सभी निवृत्ति लाभ सहित संगठन छोड़ गए। अतः विकल्प (a) सही है।

**5.** *(a)* सरकार ने सारे राज्य में आठ-लेन वाला सुपर हाइवे बनाने का निर्णय किया है ताकि वाहन तेज गति से आ-जा सके। दिए गए कथन से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रस्तावित सुपर हाइवे का निर्माण करने के लिए सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में संसाधन हैं। अतः विकल्प (a) सही है।

**6.** *(b)* कठोर जीवनशैली जीने वालों की तुलना में जो लोग आरामदेह जीवनशैली भरा जीवन जीते हैं वे अधिक खुश पाए जाते हैं, भले ही उनकी लम्बाई कितनी भी क्यों न हो अर्थात् चाहे छोटी हो या बड़ी हो। अतः यह कहना गलत होगा कि लम्बे लोग, छोटे लोगों की तुलना में खुश रहते हैं।

**7.** *(c)* एक महीने के सतर्क अन्तराल के बाद पिछले पखवाड़े में लोगों ने मॉल तथा सिनेमा हॉल जैसे भीड़ भरे स्थानों पर जाना आरम्भ कर दिया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि पिछले पखवाड़े में शहर के स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र में आने वाले फ्लू जैसे लक्षणों वाले रोगियों की संख्या में धीरे-धीरे कमी आई है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**8.** *(d)* यदि पिछले दो दिनों में राज्य के अधिकांश भाग को भारी चक्रवाती तूफान बहा कर ले गया है, तो सरकार का यह आदेश कि सारे दफ्तर और स्कूल खोले रखे जाएँ, किस प्रकार सम्भव है? अतः यही दिए गए कारण का सम्भावित प्रभाव नहीं हो सकता है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**9.** *(c)* पिछले कुछ हफ्तों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हुई है, जिसके कारण यहाँ पर भी पिछले दो महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें लगभग 20% बढ़ गई हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**10.** *(b)* जिस बस में बच्चे यात्रा कर रहे थे, वह मुख्य हाइवे पर मोड़ काटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके फलस्वरूप सप्ताहान्त में स्कूल पिकनिक के लिए जाते समय कम-से-कम बीस बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**11.** *(a)* सरकार द्वारा हाल ही में रबी फसलों के लिए धान की खरीद कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया गया है जिसके कारण किसान रबी फसलों के मौसम में धान की खेती करने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**12.** *(b)* मलेरिया से पीड़ित बहुत-से व्यक्तियों को एक सप्ताह के लिए मलेरिया विरोधी दवा दी गई। उनमें से कुछ व्यक्तियों पर पारम्परिक दवा का असर नहीं हुआ और चार दिन बाद उनकी हालत बिगड़ गई क्योंकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर मलेरिया की पारम्परिक दवा के प्रति प्रतिरोधी पाए गए हैं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**13.** *(e)* दिए गए कथनानुसार यह सही है कि परिवहन शुल्क तथा अन्तर्राज्यीय करों के बावजूद राज्य B में कार निर्माण की लागत कम है क्योंकि राज्य B से राज्य C में कारों की परिवहन लागत और राज्य C में कारों के प्रवेश कर का योग राज्य B में कारों की उत्पादन लागत के 30% से कम है। अतः विकल्प (e) सही उत्तर है।

**14.** *(d)* देश की कुछ बड़ी फूड बेवरेज और फार्मा कम्पनियों द्वारा चीनी का आयात करने से वाणिज्यिक प्रयोग के लिए चीनी आयात से खुदरा बाजार में चीनी की कीमत को कम करने में सहायता मिलेगी।
अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**15.** *(e)* दिए गए विकल्पों में से कोई भी विकल्प ऐसा नहीं है जिसको कहा जा सके कि इससे भारत के फैशन उद्योग पर गम्भीर प्रभाव पड़ेगा।
अतः विकल्प (e) सही उत्तर है।

**16.** *(d)* स्कूल प्राधिकरण द्वारा चालू अकादमिक सत्र में ट्यूशन फीस में बहुत अधिक वृद्धि होने से सम्भव है कि मौजूदा छात्रों के माता-पिता स्कूल प्राधिकरण द्वारा फीस में वृद्धि को वापस लिए जाने के आदेश देने के लिए सरकार से सम्पर्क करें। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**17.** *(a)* नागरिकों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्थानीय निकाय द्वारा हमारे इर्द-गिर्द के पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व पर आयोजित सेमिनार को राज्य सरकार ने विशेष दर्जा दिया, जिसके कारण केन्द्र सरकार ने, अन्य सभी मुद्दों की तुलना में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित मुद्दों को प्राथमिकता प्रदान की है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**18.** *(a)* कार विनिर्माता चालू वर्ष में अभी तक अपने बिक्री लक्ष्य पूरे नहीं कर सके हैं, जिसके कारण अधिकांश कार विनिर्माताओं ने उच्च निविष्ट लागत और बढ़े हुए सरकारी शुल्क के बावजूद अपने उत्पादों की कीमत थोड़ी कम की है तथा अगले कुछ महीनों तक कीमतों को मौजूदा स्तर पर रखे रहने का वायदा किया है।
अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**19.** *(a)* एक संरचना इंजीनियर, एक महीना पहले मन्दिर आया था और उसने इस ढाँचे को असुरक्षित घोषित कर दिया था, जिसके कारण मन्दिर में आने वाले भक्तों की संख्या में कमी हो गई तथा मन्दिर में वीरानी छा गई।
अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**20.** *(d)* पिछले सप्ताह में अधिकारियों ने तीन अलग-अलग व्यवसाय गृहों में छापे मारे, जिसके फलस्वरूप दूसरे व्यवसाय गृहों ने अपने संस्थानों पर छापे से बचने के लिए आयकर की अपनी-अपनी सारी देय राशि को अदा करने की तत्काल कार्यवाही कर दी। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

# मास्टर प्रश्नावली

***निर्देश*** ( प्र. सं. 1-31) *नीचे प्रत्येक प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतन्त्र कारण हो सकते हैं या स्वतन्त्र कारणों या सामान्य कारणों के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों कथनों के बीच सही सम्बन्ध बताता है?*

**उत्तर दीजिए**

(a) कथन I कारण है और कथन II उसका प्रभाव है
(b) कथन II कारण है और कथन I उसका प्रभाव है
(c) कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारण हैं
(d) कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं
(e) कथन I और II दोनों किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं

**1.** I. ग्रामवासियों ने आने वाले एसेम्बली चुनावों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।
II. राज्य सरकार ने हाल ही में निर्वाचक नामावली संशोधित की है।

**2.** I. थोक बाजार में भरपूर नया स्टॉक आ गया है।
II. हाल ही में सरकार ने अनाज की खरीद कीमत बढ़ा दी है

**3.** I. स्कूल प्राधिकरण ने कक्षा X के विद्यार्थियों को रविवारों को आयोजित होने वाले विशेष वर्ग में उपस्थित रहने के लिए कहा है।
II. कक्षा X के विद्यार्थियों के माता-पिताओं ने अपने प्रतिपाल्यों से रविवार को आयोजित प्राइवेट ट्यूशन्स छुड़वा दिए हैं।

**4.** I. हाल ही में पुलिस प्राधिकरण ने गृहभेदकों की एक टोली को पकड़ लिया है।
II. उस इलाके के नागरिक समूह ने उस क्षेत्र में रात्रि पहरा आरम्भ कर दिया है।

**5.** I. आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए पैन कार्ड के साथ आधार अनिवार्य हो गया है।
II. पैन, डुप्लीसिटी और धोखाधड़ी के लिए अधिक से अधिक संवेदनशील हो गया है।

**6.** I. सरकार ने प्राइवेट विश्वविद्यालयों को आवश्यक अनुमोदनों की प्राप्ति के बाद अपने स्वयं के पाठ्यक्रम चलाने की छूट दे दी है।
II. सरकार द्वारा चलाए जा रहे विश्वविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ***(BOM PO 2008)***

**7.** I. पिछले कुछ वर्षों में LPG की माँग में लगातार वृद्धि होती रही है।
II. सरकार ने सरकारी खर्च को नियन्त्रित करने के लिए LPG पर सब्सिडी को घटाने का फैसला किया है।

**8.** I. राज्य प्रशासन ने ट्रस्ट अस्पतालों से उन गरीब मरीजों की सूची माँगी है, जिनका पिछले कुछ वर्षों में बिना कोई प्रभार लिए इलाज किया गया है।
II. राज्य में ट्रस्ट अस्पतालों को नाममात्र कीमत पर जमीन आवण्टित की गई थी और उन्हें कर में रियायतें भी दी गई थी।

**9.** I. छात्र समुदाय ने डिग्री कॉलेजों द्वारा हाल में बढ़ाई गई फीस का कड़ा विरोध किया है।
II. विश्वविद्यालय ने डिग्री कॉलेजों को दी जाने वाली अपनी वित्तीय सहायता में बहुत अधिक कमी की है।

**10.** I. सरकार ने मूल्य योजित कर आरम्भ किया है, जिसमें सभी बिक्री लेन-देन के दस्तावेज बनाना आवश्यक हो जाते हैं।
II. अतीत में सरकार को काफी धन का नुकसान हुआ है, क्योंकि बहुत-से बिक्री लेन-देन के दस्तावेज कभी तैयार नहीं होते थे, क्योंकि हर स्तर पर कर अलग से लगता था।

**11.** I. इस वर्ष मुद्रा स्फीति की दर में पिछले कुछ वर्ष की तुलना में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।
II. बैंकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में लगाई जाने वाली ब्याज दरें पिछले वर्ष से कम हुई हैं। ***(Dena Bank PO 2006)***

**12.** I. पिछले कुछ वर्षों से मध्यवर्गीय समाज का जीवन-स्तर लगातार बढ़ रहा है।
II. भारतीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि दिख रही है।

**13.** I. एयरपोर्ट प्राधिकरणों के स्टाफ ने निजीकरण के विरोध में जो हड़ताल की थी, वह समाप्त कर दी।
II. एयरपोर्ट प्राधिकरणों का स्टाफ अपनी नौकरी पर खतरे का आभास पाकर हड़ताल पर चला गया।

**14.** I. समाज के सभी वर्ग,योग और व्यायाम के महत्त्व को समझने लगे हैं।
II. समाज में विशेषकर अधेड़ वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

**15.** I. आज का जीवन बेहद तेज है, अपेक्षाओं से भरा हुआ है और चौतरफा विविधताओं से सराबोर है, जिससे कई बार तनावपूर्ण स्थितियाँ पैदा हो जाती हैं।

II. किशोरों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

**16.** I. भारत के ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी इलाके काफी समय से लोड-शेडिंग झेल रहे हैं।

II. यदि सरकार बिजली-संकट को दूर न कर सकी, तो लोड-शेडिंग शहरी क्षेत्रों में भी होने लगेगी। *(Allahabad Bank PO 2005)*

**17.** I. विश्वविद्यालय प्राधिकरण ने अपने क्षेत्राधिकार के सभी कॉलेजों को कॉलेज परिसरों में सभी फोनों के उपयोग पर पाबन्दी लगा देने के अनुदेश दिए हैं।

II. कक्षाओं में सेल फोन रिंगटोनों से होने वाली बाधा के विषय में शिकायत करते हुए एक संयुक्त याचिका पर कॉलेजों के अधिकांश शिक्षकों ने हस्ताक्षर किए हैं।

**18.** I. इस इलाके में रहने वाले अधिकांश लोगों ने इस इलाके में शॉपिंग मॉल के निर्माण की अनुमति देने के नगरपालिका प्राधिकरण के निर्णय का विरोध करने का निर्णय लिया है।

II. हाल ही में शहर में सर्वत्र बहुत-से शॉपिंग मॉल खोले गए हैं।

**19.** I. मौसम विभाग ने देश के बहुत-से भागों में मानूसन के दौरान कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है।

II. पूर्वानुमानों के स्तर की तुलना में सरकार ने संशोधित अनुमानित GDP विकास कम कर दिया है।

**20.** I. निवेशों और लाभ उपचयों के लिए सरकार ने अल्प बचतों के लिए कर-लाभ देने के निर्णय लिए हैं।

II. अधिकतम कर-लाभ पाने के लिए लोग इक्विटी बाजार की तुलना में अल्प बचतों में अधिक निवेश करते आए हैं। *(Syndicate Bank PO 2009)*

**21.** I. कई स्कूलों में सभी कक्षाओं के लिए कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य कर दिया गया है।

II. वर्तमान नौकरी बाजार में कम्प्यूटर शिक्षित श्रमशक्ति को प्राथमिकता मिलती है।

**22.** I. राज्य के सांध्य कॉलेजों में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है।

II. राज्य की स्कूली शिक्षा के स्तर में तेजी से गिरावट आई है।

**23.** I. सभी घरेलू एयरलाइनों ने सभी सेक्टरों में तत्काल प्रभाव से किराए बढ़ा दिए।

II. रेलवे ने अपनी सभी श्रेणियों के किराए तत्काल प्रभाव से बढ़ा दिए।

**24.** I. भारत की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सेवा कम्पनियों में से, इंफोसिस, ने कहा कि यह अगले दो वर्षों में 10,000 अमेरिकी श्रमिकों को काम पर रखने की योजना बना रही है।

II. इन नौकरियों को भरने में, इंफोसिस भविष्य के लिए प्रतिभाओं का निर्माण करने हेतु, अनुभवी प्रौद्योगिकी पेशेवरों और प्रमुख विश्वविद्यालयों तथा स्थानीय और सामुदायिक महाविद्यालयों से हाल ही में स्नातक करने वालों की भर्ती करेगी।

**25.** I. इलाके में हाल में आई बाढ़ से मिट्टी के पोषक तत्वों में परिवर्तन आ गया है।

II. इलाके के किसानों ने गेहूँ के अतिरिक्त धान की खेती करना शुरू कर दिया।

**26.** I. घटिया क्वालिटी की सामग्री लगाकर पुल बनाने और कई जानों को खतरे में डालने के लिए जिम्मेदार बिल्डर के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करने का निर्णय सरकार ने लिया है।

II. सरकार ने उपनगरीय इलाके को शहर से जोड़ने के लिए नदी पर वाहनों के लिए एक पुल बनाने का निर्णय लिया है, ताकि मुख्य सड़क पर यातायात कम हो सके। *(BOI PO 2004)*

**27.** I. बहुत-से लोग स्थानीय किराना स्टोरों के अतिरिक्त बड़े रिटेल चेनों में खरीदारी करना पसन्द करते हैं।

II. रिटेल चेनें स्थानीय किराना स्टोरों की तुलना में 25% से अधिक की छूट देते हैं।

**28.** I. कुछ देशों में उद्योग और वाहन हर रोज दो बिलियन पाउण्ड से ज्यादा कैमिकल हवा में छोड़ते हैं।

II. अधिकतम उत्सर्जन सीमाओं को लाँघने वाले देशों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण संस्था द्वारा दण्डित किए जाने की अपेक्षा है।

**29.** I. शहर में दमा के मामले पिछले वर्ष से लगातार बढ़ रहे हैं।

II. शहर में विशेषतौर पर पाए जाने वाले जीव-जन्तुओं जैसे गोरैया, गिलहरी, कबूतर की संख्या पिछले वर्ष से लगातार घट रही है। *(BOM PO 2007)*

**30.** I. भारत में खाद्यान्न की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

II. सब्सिडी के रूप में सरकारी सहायता की कमी के कारण लाखों किसानों ने खेती-बाड़ी छोड़ दी है।

**31.** I. विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम X की अन्तिम परीक्षाओं को एक माह तक स्थगित करने का निर्णय किया है।

II. पिछले वर्ष पाठ्यक्रम X की अन्तिम परीक्षा को 60 छात्रों में से लगभग 25 छात्र पास नहीं कर पाए।

***निर्देश*** (प्र.सं. 32-56) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**32.** **कारण** पिछले 48 घण्टों में शहर में अविराम वर्षा हुई है।
निम्नलिखित में से उपरोक्त कारण का सम्भावित प्रभाव कौन-सा हो सकता है?
I. पिछले 24 घण्टे से शहर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से ठप हो गई है।
II. शहर के बहुत निचले इलाके पानी में डूब गए हैं।
III. झोपड़-पट्टियों में रहने वाले बहुत-से लोगों को म्यूनिसिपल स्कूलों में शिफ्ट किया गया है।
(a) कथन I और II
(b) कथन II और III
(c) कथन I और III
(d) कथन I, II और III तीनों
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33.** **कारण** नगर के अधिकांश हिस्सों के बहुत-से निवासी अपने वाहनों को अपनी बिल्डिंग के बाहर सड़क पर खड़ा करते हैं।

निम्नलिखित में से उपरोक्त कारण का सम्भावित परिणाम कौन-सा हो सकता है?
I. स्थानीय नगर निकाय ने सड़क पर खड़े किए सभी वाहनों पर पार्किंग शुल्क लगाने का निर्णय लिया है।
II. बिल्डिंग निवासी एसोसिएशन ने बिल्डिंग परिसर के भीतर वाहन न खड़े करने देने का निर्णय लिया है।
III. पुलिस प्राधिकरण ने सड़क पर खड़े किए गए सभी वाहनों को उठा ले जाने का निर्णय लिया है।
(a) केवल कथन I
(b) केवल कथन III
(c) कथन I और III
(d) कथन I और II
(e) कथन II और III

**34.** **परिणाम** एक रिहायशी इलाके में एक बिल्डिंग कॉम्पलैक्स के दो विंग ढह गए।
निम्नलिखित में से उपरोक्त परिणाम का सम्भावित कारण कौन-सा हो सकता है?
I. रहने वाले विंगों के अधिकांश फ्लैटों में लम्बे समय से कोई रहता नहीं था।
II. एक फ्लैट मालिक ने मरम्मत का बड़ा काम करवाया और इस प्रक्रिया में एक मुख्य कॉलम क्षतिग्रस्त हो गया।
III. कॉम्पलेक्स अधिकारियों द्वारा अन्य विंगों के निवासियों को तत्काल अपने घरों को खाली कर देने के लिए कहा गया।
(a) केवल कथन I
(b) केवल कथन II
(c) केवल कथन III
(d) कथन II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**35.** **परिणाम** पिछले कुछ हफ्तों से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।
निम्नलिखित में से उपरोक्त परिणाम का सम्भावित कारण कौन-सा हो सकता है?
I. पिछले सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ने बड़ी छलांग लगाई है।
II. उपभोक्ताओं ने फिलहाल आवश्यक वस्तुएँ न खरीदने का निर्णय किया है।
III. सरकार ने प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं को खुदरा बाजार में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने का नोटिस जारी किया है।
(a) केवल कथन I (b) केवल कथन II
(c) केवल कथन III (d) कथन II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**36.** **कथन** विश्वविद्यालय के विशेष दल ने अन्तिम परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए कई छात्र पकड़े।
उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों का सम्भावित परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
I. जिन परीक्षा हॉलों में छात्र पकड़े गए हैं, उनमें निरीक्षण के उत्तरदायी शिक्षकों को सेवा से निलम्बित किया जाएगा।
II. अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़े गए सभी छात्रों पर एक वर्ष के लिए परीक्षा में बैठने से रोक लगेगी।
III. विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज को कम-से-कम एक वर्ष के लिए परीक्षा लेने की वर्जित सूची में डाल दिया जाना चाहिए।
(a) केवल कथन I (b) केवल कथन II
(c) केवल कथन III (d) कथन II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**37.** **कथन** पिछली रात स्थानीय स्कूल की बाउण्डरी वाल का अधिकांश भाग ढह गया।
उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों का सम्भावित परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
I. जब तक बाउण्डरी वाल बनाई न जाए, तब तक स्थानीय स्कूल अधिकारी स्कूल को बन्द कर देंगे।
II. सरकार स्कूल प्रबन्धन पर उनकी लापरवाही के लिए दण्ड लगाएगी।
III. जब तक बाउण्डरी वाल न बन जाए, स्कूल प्रबन्धन अस्थायी बाड़ बना देगा
(a) केवल कथन I
(b) केवल कथन II
(c) केवल कथन III
(d) कथन I और III
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**38.** **कथन** नगर प्राधिकरण द्वारा सप्लाई किए जाने वाले खराब क्वालिटी के पेय जल का उपयोग करने के बाद इलाके के कई लोगों को गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोगों से पीड़ित होने का निदान किया गया।
उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों को निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमाणित करता है?
(a) गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोग बहुत गम्भीर प्रकृति का रोग नहीं है
(b) गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को दवा लेने की आवश्यकता नहीं होती
(c) कई लोगों को बासी खाना खाने के बाद गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोग हो जाते हैं
(d) गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोग पानी से होने वाले रोग हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**39.** **कथन** खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार दूसरे हफ्ते में कमी आई है।
उपरोक्त कथन में व्यक्त तथ्यों का सम्भावित परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
I. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में काफी कमी आएगी।
II. लोग आवश्यक वस्तुओं व खाद्यान्न की खरीद की मात्रा बढ़ा देंगे।
III. सरकार आवश्यक वस्तुओं और खाद्यान्न पर अपने कर बढ़ा देगी।
(a) कथन I और II (b) कथन II और III
(c) कथन I और III (d) कथन I, II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**40.** **कारण** राज्य की सभी प्रमुख नदियाँ पिछले कुछ हफ्तों से खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा/से उपरोक्त कारण का/के सम्भावित परिणाम है/हैं?
I. नदी के तटों के नजदीक बसे बहुत-से गाँव डूब गए, जिससे निवासियों को भागना पड़ा।
II. सरकार ने नदी तटों के नजदीक रहने वाले सभी प्रभावित ग्रामवासियों को वैकल्पिक आश्रय देने का निर्णय लिया है।
III. सारे राज्य को भारी बाढ़ की चेतावनी दे दी गई है।
(a) केवल कथन I (b) कथन I और II
(c) कथन II और III (d) कथन I, II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**41.** **परिणाम** इस वर्ष प्रबन्धन संस्थान के अन्तिम वर्ष के अधिकांश छात्रों ने वित्त विशेषज्ञता का चुनाव किया है। निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त परिणाम का सम्भावित कारण हो सकता है?
(a) पिछले वर्ष HR विशेषज्ञता वाले अधिकांश छात्रों को अन्य विशेषज्ञता वालों से नौकरियों के बेहतर प्रस्ताव मिले
(b) प्रबन्धन संस्थान अपने अन्तिम वर्ष के छात्रों को केवल वित्त विशेषज्ञता ही देता है
(c) पिछले वर्ष अधिकांश लाभकारी प्रस्ताव अन्य विशेषज्ञता वाले छात्रों की तुलना में वित्त विशेषज्ञता वाले छात्रों को मिले
(d) प्रबन्धन संस्थान ने पहले दिए जाने वाली विपणन और HR विशेषज्ञता के अतिरिक्त वित्त विशेषज्ञता हाल ही में शुरू की है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**42.** **परिणाम** सरकार ने सभी एयरलाइनों को प्रातः 6 बजे से प्रातः 10 बजे के बीच उतरने वाली उड़ानों के लिए पीक समय कन्जेशन प्रभार के रूप में अतिरिक्त राशि लगाने की अनुमति दी है।
निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त परिणाम का सम्भावित कारण है?
(a) सभी एयरलाइन कम्पनियों ने पीक समय में अपनी सेवाओं को स्थगित करने की धमकी दी थी
(b) सरकार ने पीक समय की फ्लाइटों के लिए अपने कर में वृद्धि कर दी है
(c) पीक समय में उतरते समय हवाई जहाजों को हवाई अड्डों के ऊपर नेमी रूप से रोक दिया जाता है, जिससे ईंधन की अतिरिक्त खपत होती है।
(d) एयरलाइन कम्पनियाँ अब पीक समय की फ्लाइटों के लिए असीमित अतिरिक्त प्रभार लगा सकती हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**43.** हाल ही के महीनों में रेल दुर्घटनाओं की बाढ़-सी आई हुई है, जिसमें बड़ी संख्या में यात्रियों की मौतें हुई हैं तथा बहुतों को चोटें आई हैं। इससे यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने की रेलवे की क्षमता पर गम्भीर सन्देह उत्पन्न हो गए हैं। ***(IBPS PO 2011)***
उपरोक्त कथन में व्यक्त विचार को निम्न में से कौन-सा कथन प्रमाणित करता है?
(a) हाल के वर्षों में भारतीय रेलवे सर्वश्रेष्ठ यात्री सुविधा प्रदान करने के लिए जानी जाने लगी है
(b) लम्बी दूरी की यात्रा करने के लिए यात्रियों के पास रेल के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं है
(c) हाल के समय में कई स्थानों पर टूट-फूट के कारण रेल पटरियों पर दबाव पड़ा है
(d) ऐसी आपदाओं की स्थिति में स्थानीय निवासी सदा यात्रियों को सबसे पहले सहायता प्रदान करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**44.** कई प्रमुख अखबारों में यह रिपोर्ट की गई है कि चालू वर्ष का मानसून अपेक्षित स्तर से कम हो सकता है, क्योंकि देश के कई भागों में अभी भी पर्याप्त वर्षा नहीं हो रही है। ***(IBPS PO 2011)***

उपरोक्त स्थिति का सम्भावित परिणाम निम्न में से कौन-सा हो सकता है?
(a) कम वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों के लोग शहरी क्षेत्रों को विस्थापित हो सकते हैं
(b) इन क्षेत्रों में प्रभावित सभी किसानों के लिए सरकार अनुग्रह राशि की घोषणा कर सकती है
(c) सरकार इन क्षेत्रों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकती है
(d) लोग सरकार पर दोष लगा सकते हैं और खेती के लिए पर्याप्त पानी न मिलने पर विरोध कर सकते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**45.** हाल के वर्षों में यह रिपोर्ट की गई है कि देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश सत्र की समाप्ति पर बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जाती हैं।

उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्न में से कौन-सा होगा?
(a) हाल के वर्षों में आर्थिक मन्दी के कारण इंजीनियरिंग ग्रेजुएटों को नौकरी पर रखने में बहुत कमी आई है
(b) छात्रों ने हमेशा इंजीनियरिंग को पूरा करने के लिए चार वर्षों के बजाय तीन वर्षों के समय को प्राथमिकता दी है
(c) सरकार ने हाल ही में सभी इंजीनियरिंग ग्रेजुएटों को योग्यता प्राप्ति के बाद अपने खर्चे पर प्रोफेशनल प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है।
(d) इंजीनियरिंग छात्रों में सफलता की दर हमेशा से बहुत खराब रही है।
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**46.** स्थानीय कॉलेज में प्रबन्धन के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स की अन्तिम परीक्षा देने वाले अधिकांश छात्रों को प्रथम श्रेणी मिली है, जो राज्य के दूसरे प्रबन्धन कॉलेजों के छात्रों के प्रदर्शन की तुलना में ऊँचा प्रदर्शन है।
निम्न में से कौन-सा यह निर्दिष्ट कर सकता है कि परिणाम सामान्य प्रवृत्ति के अनुरूप नहीं है?
(a) स्थानीय कॉलेज के छात्र गुणवत्ता की दृष्टि से दूसरे कॉलेजों की तुलना में बेहतर हैं
(b) राज्य के अन्य प्रबन्धन कॉलेजों के अधिकारियों का अपने छात्रों के मूल्यांकन का स्तर अधिक कड़ा है
(c) पिछली सभी परीक्षाओं में राज्य के अन्य प्रबन्धन कॉलेजों के छात्रों का प्रदर्शन स्थानीय कॉलेज के छात्रों से बेहतर रहा है
(d) स्थानीय प्रबन्धन कॉलेज ने हाल में अपने कई नियमित संकाय सदस्यों की छटनी कर दी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**47.** प्रतिवर्ष तकनीकी योग्यता प्राप्त युवा भारतीय बड़ी संख्या में कॉलेजों से पास होकर निकल रहे हैं, लेकिन उनके लिए लाभकारी रोजगार पाने के पर्याप्त अवसर नहीं हैं।
उपरोक्त प्रभाव का सम्भावित कारण निम्न में से कौन-सा होगा? ***(IBPS PO 2011)***
(a) तकनीकी योग्यता प्राप्त व्यक्ति BA/B.Sc./B.Com. आदि जैसी मानक डिग्रियाँ प्राप्त व्यक्तियों से कहीं अधिक श्रेष्ठ हैं
(b) सरकार ने तकनीकी कॉलेज बनाने का प्राधिकार देते समय तकनीकी योग्यता प्राप्त व्यक्तियों की नौकरी के लिए प्रभावी परिप्रेक्ष्य सम्बन्धी योजना नहीं बनाई है
(c) तकनीकी योग्यता प्राप्त ग्रेजुएटों की योग्यता के स्तर और उद्योग की आवश्यकता के बीच भारी अन्तर है
(d) तकनीकी योग्यता प्राप्त अधिकांश व्यक्ति अच्छे अवसरों के लिए भारत से विकसित देशों को जा रहे हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**48.** पिछले छः महीनों में चौपहिया वाहनों की बिक्री में पिछले वर्ष इसी अवधि में बेचे गए चौपहिया वाहनों की संख्या की तुलना में बहुत कमी आई है। ***(IBPS PO 2011)***

उपरोक्त परिघटना का सम्भावित कारण निम्न में से कौन-सा हो सकता है?
I. सरकार ने इस वर्ष के आरम्भ में चौपहिया वाहनों पर अधिक उत्पाद शुल्क लगा दिया है।
II. पिछले आठ माह में पेट्रोल की कीमतों में बहुत वृद्धि हुई है।
III. पिछले सात माह से आवास और कार ऋणों पर ब्याज की दर बढ़ती जा रही है।
(a) कथन I, II और III (b) कथन I और III
(c) कथन II और III (d) केवल कथन II
(e) केवल कथन I

**49.** पिछले दशक में भारत में महिलाओं के कम होते लिंग अनुपात का रुझान चेतावनी देने वाला है और यदि महिला भ्रूण हत्या को रोकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए, तो स्थिति नियन्त्रण से बाहर हो सकती है।
इस प्रवृत्ति को उलटने का प्रभावी उपाय निम्न में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2011)***
I. सरकार को सभी स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों पर सम्भावित माताओं के लिए स्कैनरों/सोनोग्राफी के प्रयोग पर तत्काल पूर्ण प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए।
II. सरकार को उन दम्पत्तियों के लिए महत्त्वपूर्ण प्रोत्साहन योजना की घोषणा करनी चाहिए, जिनकी कम-से-कम एक पुत्री है।
III. सरकार को महिला भ्रूण हत्या के खिलाफ जागृति उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाना चाहिए।
(a) केवल कथन I (b) कथन I और II
(c) कथन II और III (d) कथन I, II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

**50.** **परिणाम** निजी अस्पतालों को विनियमित करने के एक उपाय के रूप में, राज्य स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बना रहा है कि ऐसे सारे अस्पताल इसके पास पंजीकृत हों।
उपरोक्त परिणाम का सम्भावित कारण निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) विभाग ने यह जाना कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पताल इलाज के लिए बहुत कम प्रभार लेते हैं
(b) सरकार द्वारा चलाए जाने वाले अस्पताल निजी अस्पतालों जैसे मानक कायम नहीं रखते
(c) विभाग ने यह जाना कि कई अस्पताल संरचना सम्बन्धी कमी बताकर बीमारों को खारिज कर रहे थे
(d) डॉक्टरों, नर्सों और बिस्तरों की संख्या के अतिरिक्त इसका भी पंजीकरण और ब्यौरा दर्ज किया जाएगा कि अस्पताल अपनी संरचना के आधार पर किस प्रकार की कार्यविधि अपना सकता है
(e) विभाग में पंजीकरण न कराने वाले निजी अस्पतालों को पंजीकरण के लिए बाध्य किया जाएगा और उन्हें भारी जुर्माना अदा करना होगा

**51.** **कथन** कॉलेज को अन्ततः मान्यता मिल गई है और उसे मानित विश्वविद्यालय का दर्जा मिल गया है।
उपरोक्त कथन का सम्भावित परिणाम निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) कॉलेज का प्राचार्य सेवानिवृत्त अधिकारी होगा
(b) इस कॉलेज में अगले शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश पाने की इच्छा करने वाले छात्रों की संख्या में बहुत कमी आएगी
(c) सरकार से अनुदान न मिलने के बावजूद कॉलेज अपने छात्रों से कम फीस लेगा
(d) कॉलेज जो पाठ्यक्रम चलाता है, उनमें से बहुत ज्यादा कम कर देगा
(e) छात्रों के बीच कॉलेज की प्रतिष्ठा में सामान्यतः सुधार हुआ है

**52.** किसानों की भूमि के अर्जन के बदले सरकार द्वारा उनके लिए मुआवजा, नीति की घोषणा के बाद, किसानों ने इस नीति के लिखित प्रमाण की माँग की।
लिखित प्रमाण माँगने का कारण सम्भवतः निम्नलिखित में से क्या हो सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) पहले की ऐसी नीतियों में किसान अपनी भूमि के लिए अपर्याप्त मुआवजे का विरोध नहीं कर सकते थे
(b) नीति में आश्वासित मुआवजा बहुत ही कम था

(c) किसान सरकार को अपनी भूमि अभ्यर्पित नहीं करना चाहते थे
(d) किसान सरकार को उनकी भूमि से होने वाली आय के कुछ प्रतिशत हिस्से की माँग कर रहे हैं
(e) किसानों के लिए मुआवजा नीति बनाने के लिए सरकार पर दबाव डालने का एकमात्र विकल्प प्रमाण की माँग करना है।

**53.** स्थानीय ग्रामीणों में, असंक्रामक रासायनिक विषाक्तिकरण सम्बन्धी मामले बढ़ते जा रहे हैं।
उपरोक्त कथन का कारण सम्भवतः निम्नलिखित में से कौन-सा हो सकता है?
(a) सरकार ने इस मामले में तुरन्त जाँच के आदेश दिए हैं
(b) मरीजों का समय पर उपचार नहीं किए जाने पर विषाक्तिकरण जानलेवा साबित हो सकता है
(c) गाँव के आस-पास के बहुत से कारखाने अपने अपशिष्ट (Wastes) का उचित रूप से निपटान नहीं करते हैं
(d) क्षेत्र का एकमात्र अस्पताल रासायनिक विषाक्तिकरण सम्बन्धी रोगों का उपचार करने के लिए लैस नहीं है
(e) दो वर्ष पूर्व किए गए एक अध्ययन ने रिपोर्ट किया था कि स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के कारण बहुत-से किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बन्द कर दिया था।

**54.** शहर में विदेशी खुदरा स्टोर की श्रृंखला के आने के विरोध में छोटे किराना व्यापारियों ने एक दिन की हड़ताल की है।
उक्त कथन का प्रभाव निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हो सकता है?
(a) छोटे किराना दुकानदार बड़े भीमकाय खुदरा व्यापारियों को शार्क मछली की तरह समझते हैं, जोकि उपलब्ध बाजार पर शासन करने के लिए प्रयासरत हैं
(b) दो वर्षों से खुदरा व्यापार में विदेशी निवेश में अत्यधिक वृद्धि हुई है
(c) ऐसे कई देश हैं, जहाँ भीमकाय, रिटेल, श्रृंखला ने लघु किराना दुकानों का सफाया कर दिया है
(d) सरकार लघु खुदरा व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु सभी राजनीतिक कदम उठाने के लिए सहमत है
(e) हाल ही के एक सर्वेक्षण ने दर्शाया है कि बड़ी संख्या में लोग अपनी दैनिक किराना मदों को बड़े खुदरा श्रृंखला स्टोरों के बदले पास के किराना स्टोरों से खरीदना पसन्द करते हैं

**55.** हाल के वर्षों से बताया जा रहा है कि देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश सत्र के अन्त तक बड़ी संख्या में सीटे खाली रह जाती हैं।
निम्न में से कौन-सा उपर्युक्त स्थिति का सम्भवतः कारण हो सकता है।
(a) हाल के वर्षों में अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण इंजीनियरिंग स्नातकों के रोजगार में काफी गिरावट आई है
(b) विद्यार्थी हमेशा चार वर्षों की इंजीनियरिंग करने की बजाए तीन वर्ष में स्नातक पूरा करने को विशेष प्राथमिकता देते हैं
(c) हाल ही में, सरकार ने अपने खर्चे पर भी इंजीनियरिंग स्नातकों को पोस्ट क्वॉलिफिकेशन व्यावसायिक प्रशिक्षण देने का निर्णय किया है
(d) इंजीनियरिंग विद्यार्थियों में हमेशा से सफलता की दर बहुत कम रही है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**56.** शहर में सड़कों की हालत मानसून के पहले दो महीनों के दौरान काफी खराब हो गयी है और अधिकांश सड़कों में बड़े-बड़े गढ्डे हैं।
निम्न में से कौन-सा उपर्युक्त स्थिति के लिए सम्भावित कारण हो सकता है।
(a) नगर निगम ने मानसून से पहले उत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री के साथ शहर में सड़कों की मरम्मत की थी
(b) बड़ी संख्या में सड़क पर नियमित रूप से लम्बी दूरी तय करने से लोगों में रीढ़ की हड्डी से सम्बन्धित चोट की समस्या पैदा हो गई है
(c) बीते समय में नगर निगम सड़क की मरम्मत के लिए ठेकेदार का चयन करने में सावधान रहे हैं
(d) लोग मानसून के महीने के दौरान हमेशा सड़कों पर गढ्डों की शिकायत करते हैं
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(d)* ग्रामवासियों द्वारा आने वाले एसेम्बली चुनावों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया जाना एक अलग बात है तथा राज्य सरकार द्वारा हाल ही में निर्वाचक नामावली संशोधित किया जाना अलग बात है। अतः कथन I तथा II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**2.** *(a)* थोक बाजार में भरपूर मात्रा में नया स्टॉक आ गया है, जिसके कारण हाल ही में सरकार ने अनाज की खरीद कीमत बढ़ा दी है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**3.** *(a)* जब से स्कूल प्राधिकरण ने कक्षा X के विद्यार्थियों को रविवारों को आयोजित होने वाले विशेष वर्ग में उपस्थित रहने के लिए कहा है तब से कक्षा X के विद्यार्थियों के माता-पिता ने अपने प्रतिपाल्यों से रविवार को आयोजित प्राइवेट ट्यूशन्स छुड़वा दिए हैं। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**4.** *(d)* हाल ही में पुलिस प्राधिकरण ने गृहभेदकों की एक टोली को पकड़ लिया तथा उस इलाके के नागरिक समूह ने उस क्षेत्र में रात्रि पहरा आरम्भ कर दिया है इन दोनों ही कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I तथा II दोनों स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**5.** *(b)* चूँकि आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए पैनकार्ड के साथ आधार अनिवार्य हो गया है इसका मूल कारण यह हो सकता है कि पैन, डुप्लीसिटी और धोखाधड़ी के लिए अधिक से अधिक संवेदनशील हो गया है। अतः कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है।

**6.** *(d)* सरकार ने प्राइवेट विश्वविद्यालयों को आवश्यक अनुमोदनों की प्राप्ति के बाद अपने स्वयं के पाठ्यक्रम चलाने की छूट दे दी है तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ये दोनों ही कथन स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**7.** *(d)* पिछले कुछ वर्षों में LPG की माँग में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकार ने सरकारी खर्च को नियन्त्रित करने के लिए LPG पर सब्सिडी को घटाने का फैसला किया है। दोनों ही कथनों का एक-दूसरे से कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**8.** *(b)* राज्य में ट्रस्ट अस्पतालों को नाममात्र कीमत पर जमीन आवण्टित की गई थी और उन्हें कर में रियायतें भी दी गई थीं, जिसके कारण राज्य प्रशासन ने ट्रस्ट अस्पतालों से उन गरीब मरीजों की सूची माँगी है, जिनका पिछले कुछ वर्षों में बिना कोई प्रभार लिए इलाज किया गया है। अतः कथन II कारण है तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**9.** *(e)* विश्वविद्यालय ने डिग्री कॉलेजों को दी जाने वाली अपनी वित्तीय सहायता में बहुत अधिक कमी की है। दूसरी ओर छात्र समुदाय ने डिग्री कॉलेजों द्वारा हाल ही में बढ़ाई गई फीस का कड़ा विरोध किया है। अतः कथन I और II दोनों ही कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**10.** *(b)* अतीत में सरकार को काफी धन का नुकसान हुआ है क्योंकि बहुत से बिक्री लेन-देन के दस्तावेज कभी तैयार नहीं होते थे क्योंकि हर स्तर पर कर अलग से लगता था। इस कारण सरकार ने मूल्य योजित कर शुरू किया है, जिसमें सभी बिक्री लेन-देन के दस्तावेज बनाना आवश्यक हो जाता है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**11.** *(d)* इस वर्ष मुद्रा स्फीति की दर में पिछले कुछ वर्ष की तुलना में बहुत अधिक वृद्धि हुई है तथा बैंकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में लगाई जाने वाली ब्याज दरें पिछले वर्ष से कम हुई हैं। ये दोनों ही कथन स्वतन्त्र कारणों के परिणाम हैं।

**12.** *(b)* पिछले कुछ वर्षों से मध्यवर्गीय समाज का जीवन-स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसका कारण यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि दिख रही है। अतः कहा जा सकता है कि कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है।

**13.** *(d)* एयरपोर्ट प्राधिकरण के स्टाफ ने निजीकरण के विरोध में जो हड़ताल की थी, वह समाप्त कर दी है। एयरपोर्ट प्राधिकरण का स्टाफ अपनी नौकरी पर खतरे का आभास पाकर हड़ताल पर चला गया। दोनों कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। दोनों ही कथन I और II स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**14.** *(b)* आज के समय में समाज के सभी वर्ग, योग और व्यायाम के महत्त्व को समझने लगे हैं, जिसके कारण अधेड़ वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ रही है। अतः कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है।

**15.** *(a)* आज का जीवन बहुत तेज तथा अपेक्षाओं से भरा हुआ है, जिसके कारण कई बार तनावपूर्ण स्थितियाँ पैदा हो जाती हैं यही कारण है कि किशोरों में आत्महत्या की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही है।

**16.** *(d)* भारत के ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी इलाके काफी समय से लोड शेडिंग झेल रहे हैं। दूसरे कथन में बिजली संकट दूर करने की बात कही गई है। अतः दोनों कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है, जिसके कारण कहा जा सकता है कि दोनों ही कथन I और II स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**17.** *(b)* कक्षाओं में सेलफोन रिंगटोनों से होने वाली बाधा के विषय में शिकायत करते हुए एक संयुक्त याचिका पर कॉलेजों के अधिकांश शिक्षकों ने हस्ताक्षर किए हैं। जिसके कारण विश्वविद्यालय प्राधिकरण ने अपने क्षेत्राधिकार के सभी कॉलेजों को कॉलेज परिसरों में सभी फोनों के उपयोग पर पाबन्दी लगा देने के निर्देश दिए हैं। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**18.** *(b)* हाल ही में शहर में सर्वत्र बहुत-से शॉपिंग मॉल खोले गए हैं, लेकिन इस इलाके में रहने वाले अधिकांश लोगों ने इस इलाके में शॉपिंग मॉल के निर्माण की अनुमति देने के नगरपालिका प्राधिकरण के निर्णय का विरोध करने का निर्णय लिया है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**19.** *(d)* मौसम विभाग की भविष्यवाणी तथा सरकार द्वारा अनुमानित GDP की घोषणा दोनों ही अलग-अलग बातें हैं तथा एक-दूसरे से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रखती है। अतः कथन I और II दोनों ही स्वतन्त्र कारणों के प्रभाव हैं।

**20.** *(e)* निवेशों और लाभ उपचयों के लिए सरकार ने अल्प बचतों के लिए कर लाभ देने के निर्णय लिए हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि अधिकतम कर लाभ पाने के लिए लोग इक्विटी बाजार की तुलना में अल्प बचतों में अधिक निवेश करते आए हैं। अतः दोनों ही कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**21.** *(b)* वर्तमान नौकरी बाजार में कम्प्यूटर शिक्षित श्रम शक्ति को प्राथमिकता मिलती है, जिसके कारण कई स्कूलों में सभी कक्षाओं के लिए कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य कर दिया गया है। अतः कथन II कारण और कथन I उसका प्रभाव है।

**22.** *(e)* राज्य के सांध्य कॉलेजों में शिक्षा के स्तर में गिरावट आना तथा राज्य की स्कूली शिक्षा के स्तर में तेजी से गिरावट आना दोनों ही अलग-अलग बातें हैं। अतः कथन I और II दोनों ही किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**23.** *(e)* सभी घरेलू एयरलाइनों द्वारा सभी सेक्टरों में तत्काल प्रभाव से किराए बढ़ा देना तथा रेलवे द्वारा अपनी सभी श्रेणियों के किराए तत्काल प्रभाव से बढ़ा देना दोनों ही अलग-अलग बातें हैं इसलिये दोनों ही कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं।

**24.** *(a)* चूँकि कम्पनी अगले दो वर्षों में 10000 श्रमिकों को काम पर रखने की योजना बना रही है इसका तात्पर्य यह है कि यह कम्पनी प्रतिभावों का निर्माण करने में सार्थक भूमिका निभाएगी। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है।

**25.** *(a)* इलाके में हाल में आई बाढ़ से मिट्टी के पोषक तत्त्वों में परिवर्तन आ गया है, जिसके कारण इलाके के किसानों ने गेहूँ के अतिरिक्त धान की खेती करना भी आरम्भ कर दिया है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**26.** *(d)* सरकार ने उपनगरीय इलाके को शहर से जोड़ने के लिए नदी पर वाहनों के लिए एक पुल बनाने का निर्णय लिया है ताकि मुख्य सड़क पर यातायात कम हो सके। यह एक अलग बात है तथा घटिया क्वालिटी की सामग्री लगाकर पुल बनाने और कई जानों को खतरे में डालने के लिए जिम्मेदार बिल्डर के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करने का निर्णय सरकार ने लिया है। यह भी एक अलग बात है। अतः कथन I और II दोनों स्वतन्त्र कारणों के परिणाम हैं।

**27.** *(b)* रिटेल चेनें स्थानीय किराना स्टोरों की तुलना में 25% से अधिक की छूट देते हैं, जिसके कारण बहुत से लोग स्थानीय किराना स्टोरों के अतिरिक्त बड़े रिटेल चेनों में खरीदारी करना पसन्द करते हैं। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**28.** *(a)* कुछ देशों में उद्योगों और वाहनों द्वारा प्रतिदिन दो बिलियन पाउण्ड से अधिक कैमिकल हवा में छोड़ा जाता है, जिसके कारण अधिकतम उत्सर्जन सीमाओं को लाँघने वाले देशों को अन्तर्राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण संस्था द्वारा दण्डित किए जाने का प्रावधान है। अतः कथन I कारण तथा कथन II उसका प्रभाव है।

**29.** *(d)* शहर में दमा के मामले पिछले वर्ष से लगातार बढ़ रहे हैं तथा शहर में विशेष रूप से पाए जाने वाले जीव-जन्तु जैसे– गौरेया, गिलहरी, कबूतर की संख्या पिछले वर्ष से लगातार घट रही है। दोनों कथनों का आपस में कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः दोनों ही कथन I और II स्वतन्त्र कारणों के परिणाम हैं।

**30.** *(b)* सब्सिडी के रूप में सरकारी सहायता की कमी के कारण लाखों किसानों ने खेती-बाड़ी करना छोड़ दिया है, जिसके कारण खाद्यान्न की कमी होने से, भारत में खाद्यान्न की कीमतों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। अतः कथन II कारण तथा कथन I उसका प्रभाव है।

**31.** *(d)* विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम X की अन्तिम परीक्षाओं को एक माह तक स्थगित करने का निर्णय किया है। यह भी ज्ञात है कि पिछले वर्ष पाठ्यक्रम X की अन्तिम परीक्षा को 60 छात्रों में से लगभग 25 छात्र पास नहीं कर पाए। दोनों ही कथन अलग-अलग हैं तथा स्वतन्त्र कारणों के परिणाम हैं।

**32.** *(d)* पिछले 48 घण्टों में शहर में अविराम वर्षा होने के कारण पिछले 24 घण्टों से शहर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से ठप हो गई है तथा शहर के बहुत से निचले इलाके पानी में डूब गए हैं। इसके अतिरिक्त झोपड़-पट्टियों में रहने वाले बहुत से लोगों को म्यूनिसिपल स्कूलों में शिफ्ट किया गया है। अतः तीनों ही कथन दिए गए कारण का सम्भावित प्रभाव हैं।

**33.** *(c)* नगर के अधिकांश हिस्सों के बहुत से निवासी अपने वाहनों को अपनी बिल्डिंग के बाहर सड़क पर खड़ा करते हैं, जिसके कारण पुलिस प्राधिकरण ने सड़क पर खड़े किए गए सभी वाहनों को उठा ले जाने का निर्णय लिया है तथा इसलिए स्थानीय नगर निकाय ने सड़क पर खड़े किए सभी वाहनों पर पार्किंग शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। अतः कथन I और III दिए गए कारण का सम्भावित प्रभाव हो सकता है।

**34.** *(b)* एक फ्लैट मालिक ने मरम्मत का बड़ा काम करवाया और इस प्रक्रिया में एक मुख्य कॉलम क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण एक रिहायशी इलाके में एक बिल्डिंग कॉम्पलैक्स के दो विंग ढह गए। अतः केवल कथन II दिए गए परिणाम का सम्भावित कारण हो सकता है।

**35.** *(e)* दिए गए सभी सम्भावित कारणों से यह परिणाम नहीं निकलता है कि कुछ हफ्तों से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। अतः दिए गए परिणाम का सम्भावित कारण प्रश्न में नहीं दिया गया है।

**36.** *(d)* विश्वविद्यालय के विशेष दल ने अन्तिम परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए कई छात्र पकड़े, जिसके कारण सम्भव है कि पकड़े गए सभी छात्रों पर एक वर्ष के लिए परीक्षा में बैठने से रोक लगेगी या यह भी सम्भव है कि विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज को कम-से-कम एक वर्ष के लिए परीक्षा लेने के लिए वर्जित सूची में डाल दिया जाए। अतः दिए गए कथन का परिणाम कथन II और III हो सकते हैं।

**37.** *(c)* पिछली रात स्थानीय स्कूल की बाउण्डरी वाल का अधिकांश भाग ढह गया, जिसके कारण जब तक बाउण्डरी वाल न बन जाए, स्कूल प्रबन्धन अस्थायी बाढ़ बना देगा लेकिन यह सम्भव नहीं है कि स्थानीय स्कूल अधिकारी स्कूल को बन्द कर देंगे या स्कूल प्रबन्धन पर दण्ड लगेगा। अतः दिए गए कथन का केवल III ही सम्भावित परिणाम है।

**38.** *(d)* नगर प्राधिकरण द्वारा सप्लाई किए जाने वाले खराब क्वालिटी के पेय जल का उपयोग करने के बाद इलाके के कई लोगों को गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोगों से पीड़ित होने के कारण उनकी समस्या का निदान किया गया। इससे प्रमाणित होता है कि गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल रोग पानी से होने वाले रोग हैं।

**39.** *(d)* खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार दूसरे हफ्ते में कमी आने से सरकार ने आवश्यक वस्तुओं और खाद्यान्न पर अपने कर बढ़ा सकती है साथ ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में बहुत कमी आएगी एवं लोग आवश्यक वस्तुओं व खाद्यान्न की खरीद मात्रा को बहुत बढ़ा देगें। अतः तीनों ही कथन I, II और III दिए गए तथ्य का सम्भावित परिणाम हैं।

**40.** *(d)* राज्य की सभी प्रमुख नदियाँ पिछले कुछ हफ्तों से खतरे के निशान से बहुत ऊपर बह रही हैं, जिसके कारण नदी के तटों के नजदीक बसें बहुत-से गाँव डूब गए, जिससे निवासियों को भागना पड़ा। साथ-ही-साथ सरकार ने सारे राज्य को भारी बाढ़ की चेतावनी दे दी है तथा नदी तटों के निकट रहने वाले सभी प्रभावित ग्रामवासियों को वैकल्पिक आश्रय देने का निर्णय लिया है। अतः सभी कथन I, II और III दिए गए कारण के सम्भावित कारण हैं।

**41.** *(c)* पिछले वर्ष अधिकांश लाभकारी प्रस्ताव, अन्य विशेषज्ञता वाले छात्रों की तुलना में वित्त विशेषज्ञता वाले छात्रों को मिले जिस कारण इस वर्ष प्रबन्धन संस्थान के अन्तिम वर्ष के अधिकांश छात्रों ने वित्त विशेषज्ञता का चुनाव किया है। अतः विकल्प (c) का कथन दिए गए परिणाम का सम्भावित कारण हो सकता है।

**42.** *(b)* सरकार ने पीक समय की फ्लाइटों के लिए अपने कर में वृद्धि कर दी है क्योंकि सभी एयरलाइनों को प्रातः 6 बजे से प्रातः 10 बजे के बीच उतरने वाली उड़ानों के लिए पीक समय कंजेशन प्रभार लिया गया है। अतः विकल्प (b) का कथन दिए गए परिणाम का सम्भावित कारण हो सकता है।

**43.** *(e)* दिए गए विकल्पों में से कोई भी विकल्प दिए गए कथन में व्यक्त विचार को प्रमाणित नहीं करता है।

**44.** *(c)* अखबारों की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि चालू वर्ष का मानसून अपेक्षित स्तर से कम हो सकता है क्योंकि देश के कई भागों में अभी भी पर्याप्त वर्षा नहीं हो रही है, जिसके कारण सरकार इन क्षेत्रों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकती है।

**45.** *(a)* हाल के वर्षों में आर्थिक मन्दी के कारण इंजीनियरिंग ग्रेजुएटों को नौकरी पर रखने में बहुत कमी आई है क्योंकि यह रिपोर्ट की गई है कि देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश सबकी समाप्ति पर बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जाती हैं।

**46.** *(c)* पिछली सभी परीक्षाओं में राज्य के अन्य प्रबन्धन कॉलेजों के छात्रों का प्रदर्शन स्थानीय कॉलेज के छात्रों से बहुत अच्छा रहा है, जो यह निर्दिष्ट करता है कि परिणाम सामान्य प्रवृत्ति के अनुरूप नहीं है।

**47.** *(d)* प्रतिवर्ष तकनीकी योग्यता प्राप्त युवा भारतीय बड़ी संख्या में कॉलेजों से पास होकर निकल रहे हैं, लेकिन उनके लिए लाभकारी रोजगार पाने के पर्याप्त अवसर नहीं हैं इसलिए तकनीकी योग्यता प्राप्त अधिकांश व्यक्ति अच्छे अवसरों के लिए भारत से विकसित देशों को जा रहे हैं।

**48.** *(a)* सरकार ने इस वर्ष के आरम्भ में चौपहिया वाहनों पर अधिक उत्पाद शुल्क लगा दिया है। पिछले आठ माह में पेट्रोल की कीमतों में बहुत वृद्धि हुई है तथा पिछले सात माह से आवास और कार ऋणों पर ब्याज की दर बढ़ती जा रही हैं, जिसके कारण पिछले छः महीनों में चौपहिया वाहनों की बिक्री में पिछले वर्ष इसी अवधि में बेचे गए चौपहिया वाहनों की संख्या की तुलना में बहुत कमी आई है। अतः दी गई घटना का सम्भावित कारण तीनों कथन I, II और III हो सकते हैं।

**49.** *(c)* भारत में कम होते लिंग अनुपात के लिए सरकार को उन दम्पत्तियों के लिए महत्त्वपूर्ण प्रोत्साहन योजना की घोषणा करनी चाहिए, जिनकी कम-से-कम एक पुत्री है। इसके अतिरिक्त सरकार को महिला भ्रूण हत्या के खिलाफ जागृति उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाना चाहिए। अतः कथन II व III प्रभावी उपाय हैं।

**50.** *(c)* दिए गए परिणाम का सम्भावित कारण यह हो सकता है कि विभाग ने यह जाना कि कई अस्पताल संरचना सम्बन्धी कमी बताकर बीमारों को खारिज कर रहे थे।

**51.** *(e)* छात्रों के बीच कॉलेज की प्रतिष्ठा में सुधार हुआ है, जिसके कारण कॉलेज को मान्यता मिल गई है तथा उसे मानित विश्वविद्यालय का दर्जा भी प्राप्त हो गया है।

**52.** *(a)* किसानों की भूमि अर्जन के बदले सरकार द्वारा उनके लिए मुआवजे का लिखित प्रमाण माँगने का कारण यह है कि पहले की ऐसी नीतियों में किसान अपनी भूमि के लिए अपर्याप्त मुआवजे का विरोध नहीं कर सकते थे।

**53.** *(c)* स्थानीय ग्रामीणों में, असंक्रामक रासायनिक विषाक्तीकरण सम्बन्धी मामले बढ़ते जा रहे हैं क्योंकि गाँव के आस-पास के बहुत-से कारखाने अपने अपशिष्ट का उचित रूप से निपटान नहीं करते हैं।

**54.** *(a)* शहर में विदेशी खुदरा स्टोर की शृंखला के आने के विरोध में छोटे किराना व्यापारियों ने एक दिन की हड़ताल की क्योंकि छोटे किराना दुकानदार बड़े भीमकाय खुदरा व्यापारियों को शार्क मछली की तरह समझते हैं जोकि उपलब्ध बाजार पर शासन करने के लिए प्रयासरत हैं।

**55.** *(a)* चूँकि हाल के वर्षों में अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण इंजीनियरिंग स्नातकों के रोजगार में काफी गिरावट आई है इसलिए देश में इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश सत्र के अन्त तक बड़ी संख्या में सीटें खाली रह जाती हैं।

**56.** *(b)* शहर में सड़कों की हालत मानसून के पहले दो महीनों के दौरान काफी खराब हो गयी है और अधिकांश सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इसी वजह से बड़ी संख्या में सड़क पर नियमित रूप से लम्बी दूरी तय करने से लोगों में रीढ़ की हड्डी से सम्बन्धित चोट की समस्या पैदा हो गई है।

# 08

# परिच्छेद पर आधारित निष्कर्ष
## (Conclusions Based on Passage)

यदि किसी दिए गए परिच्छेद के आधार पर 'अनुमान' लगाकर प्रश्न का उत्तर ज्ञात किया जाता है, तो इस प्रकार ज्ञात किए गए उत्तर को निष्कर्ष कहा जाता है। इसी प्रक्रिया को ही परिच्छेद पर आधारित निष्कर्ष ज्ञात करना कहते हैं। यहाँ पर अनुमान से हमारा तात्पर्य 'अपनी इन्द्रियों के द्वारा प्रत्यक्ष के आधार पर अप्रत्यक्ष के ज्ञान की प्राप्ति है' तथा अनुमान के आधार पर जो तथ्य (Fact) स्थापित किए जाते हैं, उन्हें निष्कर्ष या परिणाम कहा जाता है।

इस अध्याय के अन्तर्गत दिए गए परिच्छेद सामाजिक, राजनैतिक, भौगोलिक तथा वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होते हैं। दिया गया परिच्छेद किसी सूचना, नीति, किसी आर्थिक विषय या किन्हीं अन्य विषयों से सम्बन्धित हो सकता है। इसके ठीक नीचे साधारणतः पाँच अनुमान दिए गए होते हैं। आपको यह ज्ञात करना होता है कि सत्यता और असत्यता की कसौटी पर दिए गए परिच्छेद के सन्दर्भ में दिए गए अनुमान कौन-सी श्रेणी के अन्तर्गत आएँगे?

सामान्यतः सत्यता और असत्यता के आधार पर हम अनुमान को निम्नलिखित पाँच भागों में बाँट सकते हैं

### 1. निश्चित रूप से सत्य

ऐसा अनुमान जिसमें दिए गए परिच्छेद (Passage) से पूर्ण या आंशिक वास्तविकता का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सीधा परिणाम प्राप्त होता हो, वह निश्चित रूप से सत्य के अन्तर्गत आता है।

(i) यदि अनुमान दिए गए परिच्छेद में दिए गए कुछ तथ्यों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष परिणाम व्यक्त करता हो, तो ऐसा अनुमान निश्चित रूप से सत्य होता है।

(ii) यदि अनुमान किसी ऐसी कार्यवाही का परिणाम हो, जोकि हमेशा किसी विशेष उद्देश्य की प्राप्ति के लिए की गई हो, तो ऐसा अनुमान निश्चित रूप से सत्य होता है।

(iii) यदि अनुमान किसी कार्यवाही का परिणाम हो, जोकि हमेशा विशेष प्रकार का प्रभाव डालता हो, तो ऐसा अनुमान निश्चित रूप से सत्य होता है।

(iv) यदि कोई वस्तु या व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार का गुण प्रदर्शित करता हो और कोई अन्य समूह पहले समूह से सभी दशाओं में एकसमान हो, तो यह निश्चित रूप से सत्य होगा कि दूसरा समूह भी वही गुण या लक्षण प्रदर्शित करेगा।

#### परिच्छेद 1

सामान्यतः बैंकों के साथ व्यवहार करने में कई दस्तावेजों और अन्य ब्योरों की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन यदि आप BPLR से आधार दर प्रणाली में आना चाहें तो ऐसी बात नहीं है। उधारकर्ता को बस यह करना है कि उसे उस शाखा से सम्पर्क करना है, जिससे उसने ऋण लिया है और परिवर्तन के लिए एक आवेदन देना है। उधारकर्ता को उसमें अपने मौजूदा ऋण ब्योरों का उल्लेख करना चाहिए।

**निष्कर्ष** **मौजूदा उधारकर्ता, जो BPLR से आधार दर प्रणाली में परिवर्तन के इच्छुक हैं, सम्बोधित किए जा रहे हैं।**

**उत्तर** यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि आप BPLR से आधार दर प्रणाली में आना चाहें तो आ सकते हैं।

### 2. सम्भवतः सत्य

ऐसा अनुमान जो परिच्छेद के सन्दर्भ में सत्य प्रतीत होता हो, परन्तु पूर्णरूप से सत्य नहीं माना जा सकता हो, वह सम्भवतः सत्य के अन्तर्गत आता है।

(i) यदि अनुमान किसी ऐसी कार्यवाही का आंशिक परिणाम हो, जोकि किसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किया गया हो, परन्तु इसकी पूर्णतः सत्यता में संशय की स्थिति व्याप्त हो, तो ऐसा अनुमान सम्भवतः सत्य होता है।

(ii) यदि अनुमान किसी ऐसी कार्यवाही का परिणाम हो, जोकि सामान्यतः विशेष प्रकार का प्रभाव डालता हो, परन्तु यदि इस आधार पर हम यह मान लें कि इसका प्रभाव फिर ऐसा ही होगा, तो यह सम्भवतः सत्य होगा।

(iii) यदि किसी वस्तु या व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार का गुण प्रदर्शित करता है और यदि कोई अन्य समूह पहले समूह से कुछ दशाओं में समान हो, तो यह सम्भवतः सत्य होगा कि दूसरा समूह भी वही गुण प्रदर्शित करेगा।

## परिच्छेद 2

हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि भारत में रक्त कैंसर से होने वाली मृत्यु-दर न्यूनतम है। थाईलैण्ड और म्यांमार (वे देश जहाँ मसालों को लोग चाव से खाते हैं) में भी मृत्यु-दर कम है। उच्च-दर अमेरिका में पाई गई जहाँ मसालों का उपयोग नहीं किया जाता है। अमेरिका का सामान्य खाना है चिकन रोल्स, मक्खन और गौमांस।

**निष्कर्ष** मसाले रक्त कैंसर को रोकते हैं।

**उत्तर** परिच्छेद में कहा गया है कि अमेरिका के लोग मसालों का प्रयोग नहीं करते हैं और वहाँ रक्त कैंसर से होने वाली मृत्यु-दर उच्च है। अतः हो सकता है कि मसाले रक्त कैंसर को रोकते हों, परन्तु यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है।

## 3. निश्चित रूप से असत्य

ऐसा अनुमान जिसमें दिए गए परिच्छेद द्वारा पूर्ण या आंशिक वास्तविकता का ठीक विपरीत परिणाम प्राप्त होता हो, वह निश्चित रूप से असत्य के अन्तर्गत आता है।

(i) यदि अनुमान दिए गए परिच्छेद में दिए गए तथ्यों के विपरीत भाव को व्यक्त करता हो, तो ऐसा अनुमान निश्चित रूप से असत्य होता है।

(ii) यदि अनुमान किसी ऐसी कार्यवाही का विपरीत परिणाम हो जोकि किसी विशेष महत्त्वपूर्ण उद्देश्य की प्राप्ति के लिए की गई हो, तो ऐसा अनुमान निश्चित रूप से असत्य होता है।

(iii) यदि अनुमान किसी ऐसी कार्यवाही का परिणाम हो, जो कभी भी विशेष प्रकार का प्रभाव नहीं डालता हो, लेकिन यदि इस आधार पर हम यह मान लें कि इसका प्रभाव होगा, तो यह निश्चित रूप से असत्य होगा।

(iv) यदि कोई वस्तु या व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार का गुण प्रदर्शित करता हो और यदि कोई अन्य समूह भी उस समूह के बिल्कुल समरूप हो, परन्तु वह पहले समूह के गुण को प्रदर्शित नहीं करेगा, तो यह निश्चित रूप से असत्य होगा।

## परिच्छेद 3

ये सुधार अर्थव्यवस्था के बड़े क्षेत्र पर प्रभाव डालने के लिए लक्षित है। संसाधनों को गतिशील करने व आवण्टित करने में सुधार तथा अधिक सक्षमता द्वारा वित्तीय बढ़त तथा विकास के लिए आधार अधिक मजबूत हो जाएगा। ये सुधार वित्तीय क्षेत्र तथा अर्थव्यवस्था में उपलब्ध वित्तीय सेवाओं की सक्षमता बढ़ाने की ओर लक्षित हैं। बैंक पूँजी पर्याप्तता तथा अकाउण्टिंग स्टैण्डडर्स के आने तथा साथ ही वित्तीय संस्थाओं तथा पूँजी बाजार के नियन्त्रण तथा निगरानी में सुधार का लक्ष्य जनता का अधिक विश्वास, सुरक्षा को सुनिश्चित करना तथा वित्तीय संस्थाओं की तर्कसंगतता है, जिससे प्रक्रियाओं में अधिक पारदर्शिता तथा जवाबदेही तथा अर्थव्यवस्था में सभी बढ़े हुए संसाधन प्रोत्साहित हों तथा गतिशीलता बढ़े।

**निष्कर्ष** वित्तीय सुधारों का लक्ष्य केवल वित्तीय क्षेत्र में ही है।

**उत्तर** परिच्छेद के अनुसार 'ये सुधार अर्थव्यवस्था के बड़े क्षेत्र पर प्रभाव डालने के लिए (न कि केवल वित्तीय क्षेत्र के लिए) लक्षित हैं। अतः निष्कर्ष निश्चित रूप से असत्य है।

## 4. सम्भवतः असत्य

ऐसा अनुमान जो परिच्छेद के सन्दर्भ में असत्य प्रतीत होता हो, परन्तु पूर्ण असत्य नहीं माना जा सकता हो, वह सम्भवतः असत्य के अन्तर्गत आता है।

(i) यदि अनुमान किसी ऐसी कार्यवाही का परिणाम हो, जो सामान्यतः विशेष प्रकार का प्रभाव नहीं डालता हो, लेकिन यदि हम यह मान लें कि इसका विशेष प्रभाव होगा, तो यह सम्भवतः असत्य होगा।

(ii) यदि किसी वस्तु या व्यक्तियों का समूह, किसी प्रकार का गुण प्रदर्शित करता है और यदि कोई अन्य समूह पहले समूह से कुछ दशाओं में समान हों, तो यह सम्भवतः असत्य होगा कि दूसरा समूह भी वही गुण प्रदर्शित नहीं करेगा।

## परिच्छेद 4

साहूकारों के युगों-पुराने भय ने भारतीयों में एक स्वाभाविक वित्तीय अनुशासन पैदा कर दिया है, लेकिन पिछले चार वर्षों में हुए अत्यधिक विकास से बहुतों के मन में सुरक्षा की मिथ्या भावना घर कर गई है और उन पर कर्ज पाश में फँसने का खतरा पैदा हो गया है। बाजारों के फ्लोटिंग दर वाले दौर में प्रवेश करने के बाद उधारकर्ताओं के जोखिम कई गुना बढ़ गए हैं और वित्तीय नवीनता के साथ बनाए गए उत्पादों से उनकी देयताएँ शुरुआती उधारों से बहुत अधिक बढ़ गई हैं। भावी उधारकर्ता शायद अपने पूर्ववर्तियों द्वारा अतीत में की गई गलतियों से कोई सबक ले सकें।

**निष्कर्ष** पहले के उधारदाताओं ने उधारकर्ताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की।

**उत्तर** यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि बाजारों के फ्लोटिंग दर वाले दौर में प्रवेश करने के बाद उधारकर्ताओं के जोखिम कई गुना बढ़ गए हैं।

## 5. दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं

ऐसा निष्कर्ष जिसका दिए गए परिच्छेद के आधार पर सत्यता या असत्यता का अनुमान नहीं लगाया जा सकता हो, वह दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं अर्थात् आँकड़ा अपर्याप्तता के अन्तर्गत आता है।

## परिच्छेद 5

यद्यपि राज्य में केवल 3.5 लाख टन आम उगाए जाते हैं पर वह प्रीमियम क्वालिटी के हैं और चूँकि अंगूर के बाद आम ही विश्व में दूसरे नम्बर का सबसे अधिक खपत वाला फल बन रहा है, सरकार समुद्री रास्ते से उसका निर्यात करने की कोशिश कर रही है, जोकि सस्ता है। पिछले वर्ष इस सम्बन्ध में जो एक प्रयोग किया गया था वह सफल सिद्ध हुआ।

**निष्कर्ष** राज्य भारी मात्रा में मध्यम क्वालिटी के आम भी उगाता है।

**उत्तर** परिच्छेद में प्रीमियम क्वालिटी की बात की गई है, जोकि केवल 3.5 लाख टन है। राज्य में भारी मात्रा में मध्यम क्वालिटी के आम भी उगते हैं या नहीं उगते हैं, इस बात की परिच्छेद में कोई भी जानकारी नहीं है।

### महत्त्वपूर्ण तथ्य

- निष्कर्ष सीधे तौर पर परिच्छेद या कथन से है या नहीं।
- निष्कर्ष व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य में तार्कित होना चाहिए।
- दिए गए निष्कर्ष की मान्यता को पहचानने हेतु, मूल शब्द का प्रयोग हुआ है या नहीं। जो शब्द उसके अर्थ पर प्रभाव डालते हैं या अर्थ को बदल देते हैं, इन शब्दों को मूल शब्द कहते हैं; जैसे— सभी कुछ, कभी नहीं, हमेशा, कभी-कभी।
- प्रश्नों को शीघ्र हल करने के लिए पहले परिच्छेद के नीचे दिए गए अनुमानों को पढ़े फिर परिच्छेद का अध्ययन करें।

# प्रश्नों के प्रकार

सामान्यतः परिच्छेद से सम्बन्धित पूछे जाने वाले प्रश्न दो प्रकार के होते हैं

## प्रकार *1.* मूल्यांकन पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के प्रश्नों में परिच्छेद के बाद कुछ प्रश्न/कथन दिए गए होते हैं। अभ्यर्थियों को परिच्छेद के अनुसार यह तय करना होता है कि प्रश्न/कथन सत्य/असत्य/सम्भव/असम्भव है या नहीं।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 1-5) *नीचे एक परिच्छेद दिया गया है और उसके नीचे उस परिच्छेद में दिए गए तथ्यों के आधार पर निकाले जा सकने वाले कुछ सम्भावित अनुमान दिए गए हैं। आप प्रत्येक अनुमान की परिच्छेद के सन्दर्भ में अलग-अलग परीक्षा कर उसकी सत्यता या असत्यता की मात्रा निश्चित कीजिए।* ***(NIFT PG 2013)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् वह दिए गए तथ्यों का उचित रूप से अनुसरण करता है

(b) यदि अनुमान 'सम्भवतः सत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से सत्य नहीं है

(c) यदि 'दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं' अर्थात् दिए हुए तथ्यों से अनुमान सत्य है अथवा असत्य, यह आप नहीं कह सकते हैं

(d) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य' है अर्थात् दिए हुए तथ्यों का सम्भवतः अनुसरण नहीं करता है अथवा वह दिए गए तथ्यों के विपरीत जाता है

### परिच्छेद

भारत में फार्मा और केमिकल मध्यवर्ती उद्योग पेटेण्ट उत्पादों पर सवार होकर नयी WTO व्यवस्था में विकसित होने के लिए तैयार है, तथापि विशेषज्ञ यह महसूस करते हैं कि वैश्विक क्रेताओं द्वारा कम्पनियों की चयनित सूची बनाने के आधार चिह्न विभिन्न प्रमापनों के प्रति देसी केमिकल और फार्मा मध्यवर्ती कम्पनियों को जागरुक होने की अत्यन्त आवश्यकता है। वर्तमान (वर्ष 2011 से) $ 6 bn से बढ़कर केमिकल और फार्मा मध्यवर्तियों के निर्यातों का मूल्य 2016 तक $ 30 bn होने की सम्भावना के कारण कम्पनियाँ क्षमता विस्तार और मूल्यवर्द्धन में अत्यधिक निवेश कर रही हैं। क्षमता विस्तार में किए गए अत्यधिक निवेश के बावजूद जीवित रहने के लिए प्रमाणनों और गुणवत्ता अनुमोदनों, पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक दायित्व आदि के लिए भारतीय कम्पनियों को निवेश करना पड़ेगा।

***उदाहरण* 1.** **एशिया का अन्य कोई भी देश वैश्विक बाजार को फार्मा और केमिकल उत्पादन निर्यात करने में समर्थ नहीं है।**

***व्याख्या*** *(c)* दिए गए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में फार्मा और केमिकल उत्पादन के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

***उदाहरण* 2.** **भावी माँग की पूर्ति हेतु भारतीय फार्मा और केमिकल उद्योगों ने पहले ही योजना बना ली है।**

***व्याख्या*** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि अर्द्धशतक में निर्यातों के मूल्य में पाँच गुना वृद्धि होने की सम्भावना के कारण कम्पनियाँ क्षमता विस्तार और मूल्यवर्द्धन में निवेश कर रही हैं।

***उदाहरण* 3.** **अगले अर्द्धदशक में भारत द्वारा फार्मा उत्पादनों के निर्यात में पाँच गुना वृद्धि होने की अपेक्षा है।**

***व्याख्या*** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि वर्तमान में $ 6 bn से बढ़कर केमिकल और फार्मा मध्यवर्तियों के निर्यातों का मूल्य 2016 तक $ 30 bn होने की सम्भावना है। अतः यह स्पष्ट है कि अगले अर्द्धदशक में भारत द्वारा फार्मा उत्पादनों के निर्यात में पाँच गुना वृद्धि होने की अपेक्षा है।

***उदाहरण* 4.** **वर्तमान वैश्विक आवश्यकता की पूर्ति के लिए भारत में फार्मा और केमिकल उद्योगों की वर्तमान उत्पादन क्षमता पर्याप्त नहीं है।**

***व्याख्या*** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि विशेषज्ञ यह महसूस करते हैं कि वैश्विक आवश्यकता की पूर्ति की अत्यन्त आवश्यकता है।

***उदाहरण* 5.** **फार्मा और केमिकल उद्योगों में वैश्विक मानकों की बराबरी करने के साधन भारत के पास नहीं हैं।**

***व्याख्या*** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि विशेषज्ञ यह महसूस करते हैं कि फार्मा और केमिकल उद्योगों में जागरुक होने की अत्यन्त आवश्यकता है, फार्मा और केमिकल उद्योगों में वैश्विक मानकों की बराबरी करने के साधन भारत के पास नहीं हैं।

**नोट** पाँचों प्रश्नों के उत्तर अलग-अलग हैं अर्थात् किन्हीं भी दो प्रश्नों का एक ही उत्तर नहीं हो सकता। यदि आपको एक से अधिक प्रश्नों के लिए एक ही उत्तर मिले, तो दोनों प्रश्नों पर पुनः विचार कीजिए और फिर तय कीजिए कि उस प्रश्न के लिए दोनों में से कौन-सा अधिक निश्चित उत्तर होगा? इसी प्रकार, दूसरे प्रश्न की भी समीक्षा कीजिए।

***निर्देश*** (उदाहरण सं. 6-10) *नीचे एक परिच्छेद दिया गया है और उसके नीचे उस परिच्छेद में दिए गए तथ्यों के आधार पर निकाले जा सकने वाले कुछ सम्भावित अनुमान दिए गए हैं। आप हर एक अनुमान की परिच्छेद के सन्दर्भ में अलग-अलग परीक्षा कर उसकी सत्यता या असत्यता की मात्रा निश्चित कीजिए।* ***(IBPS Clerk 2013)***

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि अनुमान निश्चित रूप से सत्य है अर्थात् वह दिए गए तथ्यों का उचित रूप से अनुसरण करता है

(b) यदि अनुमान सम्भवतः सत्य है यद्यपि दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में ''निश्चित रूप से सत्य'' नहीं है

(c) यदि दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं अर्थात् दिए हुए तथ्यों से अनुमान सत्य है अथवा असत्य यह आप नहीं कह सकते हैं

(d) यदि अनुमान ''सम्भवतः असत्य'' है यद्यपि दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में ''निश्चित रूप से असत्य'' नहीं है

(e) यदि अनुमान निश्चित रूप से असत्य है अर्थात् दिए हुए तथ्यों का सम्भवतः अनुसरण नहीं करता है अथवा वह दिए गए तथ्यों के विपरीत जाता है

### परिच्छेद

हृदयवाहिनी सम्बन्धी रोग इतने अधिक प्रचलित हो गए हैं कि वस्तुतः सभी व्यवसायों में ऐसे कर्मचारियों के होने की सम्भावना है, जो इस रोग से पीड़ित हैं या जिन्हें यह रोग हो सकता है। शोध बताते हैं कि जिन लोगों को दिल का दौरा पड़ता है उनमें से 50-80% अपने काम पर लौट आते हैं, हालाँकि यदि वे पहले भारी शारीरिक श्रम करते रहे हों, तो ऐसा सम्भव नहीं भी हो सकता है। ऐसे मामलों में, जहाँ आवश्यक हो ऐसे कर्मचारियों को उचित रूप से नौकरी पर रख कर हल्के कामों पर लगाया जा सकता है। इसी प्रकार, जिन कामों में शारीरिक कार्य न भी हो, तो भी अधिक दबाव, तनाव वाले काम से बचना चाहिए। हृदय रोग वाले कर्मचारियों की कार्य सम्बन्धी भूमिकाओं के निहितार्थ के प्रति मानव संसाधन प्रबन्धकों को जागरुक रहना चाहिए।

***उदाहरण* 6.** **जो कर्मचारी हृदयवाहिनी सम्बन्धी रोग से पीड़ित होते हैं, वे अधिकांशतः काम पर लौटने में असमर्थ होते हैं।**

***व्याख्या*** *(e)* परिच्छेद में यह उल्लेखित है कि जिन लोगों को दिल का दौरा पड़ता है उनमें से 50-80% लोग अपने काम पर लौट आते हैं। अतः अनुमान निश्चित रूप से असत्य है।

**उदाहरण 7.** हृदयवाहिनी सम्बन्धी रोगों से पीड़ित कर्मचारी तनावपूर्ण स्थितियों को सम्भालने में असमर्थ होते हैं।

***व्याख्या*** (b) परिच्छेद में कहा गया है कि जिन लोगों को दिल का दौरा पड़ता हो उन्हें अधिक दबाव, तनाव वाले काम से बचना चाहिए। अतः अनुमान सम्भवतः सत्य है।

**उदाहरण 8.** 50 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारी हृदयवाहिनी सम्बन्धी रोगों से पीड़ित हुए पाए जाते हैं।

***व्याख्या*** (c) इस अनुमान के सम्बन्ध में परिच्छेद में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

**उदाहरण 9.** शारीरिक और तनाव भरे कार्य से निश्चित तौर पर दिल का दौरा पड़ता है।

***व्याख्या*** (d) अनुमान में दिया गया पद 'निश्चित तौर पर' का अनुप्रयोग इसे सन्देहास्पद बना देता है। अतः अनुमान सम्भवतः असत्य है।

**उदाहरण 10.** किसी भी प्रकार के बिजनेस में कर्मचारियों को हृदय रोग हो सकता है।

***व्याख्या*** (a) दिए गए परिच्छेद की पहली पंक्ति से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि अनुमान निश्चित रूप से सत्य है।

# प्रश्नावली 8.1

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-50) *नीचे कुछ परिच्छेद दिए गए हैं और उसके नीचे उस परिच्छेद में दिए गए तथ्यों के आधार पर निकाले जा सकने वाले कुछ सम्भावित अनुमान दिए गए हैं। आप प्रत्येक अनुमान की परिच्छेद के सन्दर्भ में अलग-अलग परीक्षा कर उसकी सत्यता या असत्यता की मात्रा निश्चित कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से सत्य है' अर्थात् वह दिए गए तथ्यों का उचित रूप से अनुसरण करता है

(b) यदि अनुमान 'सम्भवतः सत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से सत्य नहीं है

(c) यदि 'दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं' अर्थात् दिए हुए तथ्यों से अनुमान सत्य है अथवा असत्य, यह आप नहीं कह सकते हैं

(d) यदि अनुमान 'सम्भवतः असत्य है' अर्थात् दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से असत्य नहीं है

(e) यदि अनुमान 'निश्चित रूप से असत्य है' अर्थात् दिए हुए तथ्यों का सम्भवतः अनुसरण नहीं करता है अथवा वह दिए गए तथ्यों के विपरीत जाता है

## परिच्छेद 1

माइग्रेन जो अधिकांश युवा महिलाओं में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, बहुत समय से माना जाता है कि यह एक भयंकर प्रहार का सूचक है। हाल ही की खोजों से ज्ञात हुआ है कि जिन लोगों को स्लेटी और काले रंग की दृष्टि का अनुभव होता है, उन्हें इस प्रहार का दोगुना खतरा होता है। जिन लोगों को धब्बे, रेखाएँ या तेज प्रकाश कई मिनट तक दिखाई देता है, उन्हें भी बहुत खतरा होता है। इस अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं को माइग्रेन के रहते हुए इस प्रकार के दृष्टिदोष की कठिनाई नहीं होती है, उनको अधिक खतरा नहीं होता है। यद्यपि पुरानी खोजें विपरीत निष्कर्ष पर पहुँची थीं। ***(SBI PO 2005)***

***1.*** काले रंग की दृष्टि का अनुभव मुख्यतः माइग्रेन के कारण होता है।

***2.*** खोजों से ज्ञात हुआ है कि माइग्रेन के कारण भयंकर प्रहार की समस्या होती है।

***3.*** माइग्रेन तथा देखने की परेशानी पुरुषों में बड़े खतरों की ओर संकेत नहीं करती।

***4.*** वे सभी जो माइग्रेन से पीड़ित हैं, उन्हें देखने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

***5.*** युवा महिलाएँ, जिन्हें दिखाई देने में अधिक परेशानी होती है तथा जो माइग्रेन से पीड़ित हैं, वे खतरे के समूह में आती हैं।

## परिच्छेद 2

भूकम्प विज्ञान ने अन्वेषण के क्षेत्र में क्रान्ति ला दी है। आदितः जमीन की सतह पर कोई विस्फोट प्रघाती तरंगों के निर्माण हेतु प्रयुक्त किया जाता था और भूमि के नीचे से तरंगों के परावर्तन से नीचे क्या पड़ा होगा, उसके मूल्यवान संकेत मिलते थे, तथापि इस स्तर पर भी तेल अन्वेषण आसान नहीं था। भूकम्प सम्बन्धी सभी आँकड़ों का विश्लेषण करना आसान नहीं था, क्योंकि पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के बहुत सारे आँकड़ों को एकसाथ समझना जरूरी है। प्रौद्योगिकी ने क्रमिक रूप से अन्वेषण में क्रान्ति पैदा कर दी है और इसे कला से एक यथार्थ विज्ञान के रूप में रूपान्तरित कर दिया है। आज 3D भूकम्पी छवियाँ प्राप्त करना सम्भव है, जबकि भूतकाल में 2D छवियों तक को जोड़ना मुश्किल था। हालाँकि ये अत्यधिक महत्त्वपूर्ण प्रमाण अंश हैं, कतिपय और भी साधन हैं, जो भूवैज्ञानिकों को जमीन के नीचे तेल या गैस का भण्डार वास्तव में है या नहीं, यह जानने के लिए सहायतार्थ बहुत संकेत देते हैं। ***(PNB PO 2005)***

***6.*** केवल 3D भूकम्पी छवियाँ नीचे उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का पता लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

***7.*** पुराने दिनों में तेल की उपस्थिति का पूर्वानुमान वैज्ञानिक प्रमाण की तुलना में निजी अनुभव के आधार पर अधिक किया जाता था।

***8.*** केवल भूकम्प सम्बन्धी आँकड़े ही हमें नीचे तेल या गैस की उपस्थिति का पूर्वानुमान करने में सहायता कर सकते हैं।

***9.*** तेल और गैस के अन्वेषण कार्य में लगे वैज्ञानिक वर्तमान में सही रूप में नीचे उपस्थित तेल और गैस की उपस्थिति का पूर्वानुमान कर सकते हैं।

***10.*** विज्ञान की प्रगति ने कुछ सीमा तक सहजानुभूत तेल और गैस अन्वेषण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है।

## परिच्छेद 3

एविएशन अपने स्वयं के अधिकार में एक उद्योग के रूप में और अन्य उद्योगों की सफलता एवं स्पर्द्धात्मकता के लिए सहायक के रूप में महत्त्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्पर्द्धात्मकता, आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति के लिए एविएशन उद्योग की सफलता अनिवार्य है। सूचना प्रौद्योगिकी, बायोटेक्नोलॉजी, वित्त एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी नई अर्थव्यवस्था के क्षेत्र जिन पर भारत की समृद्धि निर्भर है, ऐसे उद्योगों को एविएशन महत्त्वपूर्ण रूप से समर्थन प्रदान करता है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि भारत का हवाई परिवहन उद्योग प्रगति के पथ पर अग्रसर है, तथापि यदि हम भावी उद्योगों में स्पर्द्धा के लिए सक्षम होंगे, तो ही भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी सही सम्भाव्यता सिद्ध कर पाएगी। जिन क्षेत्रों में विकास की सम्भावना है, उनमें हमें मजबूत होना चाहिए और इस सन्दर्भ में भारतीय एविएशन की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। ***(PNB PO 2005)***

**11.** भारत के आर्थिक विकास के लिए इसके एविएशन क्षेत्र का विकास महत्त्वपूर्ण है।

**12.** भारत ने बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में बहुत विकास किया है।

**13.** भारत में एविएशन क्षेत्र ने पूर्व में इसके आर्थिक विकास में अपनी भूमिका पूर्णतः सिद्ध नहीं की है।

**14.** भारत को आधारभूत संरचना के विकास में विशाल निवेश करने की आवश्यकता है।

**15.** उभरते हुए उद्योगों के विकास की भारत में अत्यधिक क्षमता है।

## परिच्छेद 4

आज भारतीय बैंकों को उपलब्ध अवसर स्पेक्ट्रम इतना व्यापक है, जितना पहले कभी नहीं था। अर्थव्यवस्था मजबूत प्लेटफॉर्म पर है। मानसून विफल होने पर भी GDP लगभग सात या आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। एयरपोर्ट आधारिक संरचना सहित विशेषतः आधारिक संरचना के क्षेत्र में नीतिगत उपाय किए जा रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विपुल अदोहित सम्भावनाएँ हैं, जिनका बैंक दोहन कर सकते हैं। अर्थव्यवस्था आधारभूत दृढ़ता द्वारा संचालित हो रही है, जिसमें 56% हिस्से सहित, सेवा क्षेत्र की गति अत्यधिक तेज होती जा रही है, जबकि कुछ वर्ष पहले इसके विपरीत यह प्रतिशत बहुत कम था। देश की आर्थिक गति में स्पष्टतः सेवा क्षेत्र प्रमुख संचालक रहा है। औद्योगिक क्षेत्र जो पुनर्संरचना के दौर से गुजरा है, लगभग दस प्रतिशत की सतत् वृद्धि दर्शा रहा है। देश की जनसंख्या सम्बन्धी रूपरेखा में भी महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं। सत्तर प्रतिशत भारतीयों की उम्र 35 वर्ष से कम है। इस प्रकार भारत विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। ***(SBI PO 2005)***

**16.** पिछले सात वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में लगभग सौ प्रतिशत वृद्धि हुई है।

**17.** आने वाले वर्षों में भारत का कंज्यूमर बेस अत्यधिक बड़ा होगा।

**18.** एशियाई महाद्वीप में अन्य देशों की तुलना में आधारिक संरचना के निर्माण में भारत ने पर्याप्त प्रगति की है।

**19.** भारत की GDP वृद्धि, मानसून के दौरान होने वाली वर्षा की मात्रा पर निर्भर नहीं होती है।

**20.** सेवा क्षेत्र का विकास, औद्योगिक क्षेत्र की गति से नहीं हुआ है।

## परिच्छेद 5

अर्जनों और गठजोड़ों के माध्यम से विकास, फार्मा और बायोटेक विनिर्माताओं और उनके शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजन का एक महत्त्वपूर्ण भाग बन गया है। यदि कम्पनियाँ और उनके निवेशक रोगियों के लिए अचानक अप्रत्याशित सुरक्षा जोखिम प्रस्तुत करने वाली किसी औषधि के लिए अधिकार अर्जित करते हैं, तो उन्हें मूल्य नाश का जोखिम हो सकता है। इसी प्रकार अर्जित कम्पनी द्वारा किया गया सुरक्षा के अनुपालन सम्बन्धी उल्लंघन, संव्यवहार के अन्तिम मूल्य और अर्जक की प्रतिष्ठा को अत्यधिक हानि पहुँचा सकता है। वर्ष 2010 में फार्मा और बायोटेक कम्पनियों के बीच सौदे तय करने की गति सतत् तीव्रता से बढ़ती रही और 17% की वृद्धि सहित $ 18 बिलियन हो गई। फार्मा कम्पनियाँ विशिष्टतः क्रेता थीं और नई औषधियाँ और बायोलॉजिक्स की प्राप्ति के लिए प्रतियोगिता तीव्र होने के कारण उनके द्वारा अदा किए गए प्रीमियम अत्यधिक बढ़ गए। प्रतियोगिता की वजह से कीमतें बढ़ती जाती हैं। अतः दिन-पर-दिन जोखिम बढ़ता जाता है और अधिक अनिश्चितता सहित नियम तत्परता से कम समय में सौदे का तय करना पिछड़ जाता है। ***(Indian Bank PO 2007)***

**21.** हाल ही में फार्मास्यूटिकल कम्पनियाँ बायोटेक कम्पनियों के अर्जन को वरीयता देती थीं।

**22.** बायोटेक कम्पनियाँ फार्मास्यूटिकल कम्पनियों के अर्जन के लिए समर्थ नहीं हैं।

**23.** बायोटेक कम्पनियों के अर्जन के बाद कभी-कभी फार्मास्यूटिकल कम्पनियों को घाटा हो सकता है।

**24.** बायोटेक कम्पनियों के अर्जन सम्बन्धी वार्ता करते समय फार्मास्यूटिकल कम्पनियों के लिए सुरक्षा सम्बन्धी मसले अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होते हैं।

**25.** सम्भाव्य क्रेताओं के बीच कड़ी प्रतियोगिताओं के परिणामस्वरूप बायोटेक कम्पनियों के मूल्य का ह्रास हुआ है।

## परिच्छेद 6

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एक विशाल लाभकारी व्यवसाय के अवसर के रूप में उभर रही है। निजी उद्यमों से गैर-भरोसेमन्द परिचालकों तक कई लोग इस क्षेत्र में रास्ता खोल रहे हैं। राज्य के लिए इस ज्वार को रोकना न तो व्यावहारिक है, न वांछित। बल्कि राज्य की भूमिका इस उत्साह को अधिकाधिक सामाजिक कल्याण में परिवर्तित करने की होनी चाहिए। पहला कदम इस काल्पनिक कथा को बन्द करने की आवश्यकता है कि शिक्षा एक पवित्र मिशन है और इसका व्यवसाय करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कम्पनियों को शिक्षा संस्थान और सुचालित व्यवसाय चलाने दीजिए जिनके पारदर्शी लेखे हों और जो लाभांश घोषित करें। उच्च शिक्षा में निजी फण्डों को इस क्षेत्र में प्रवेश न करने देना राज्य का मामला नहीं है, बल्कि राज्य को अपनी संलिप्तता बढ़ानी चाहिए और इसे एक भिन्न रूप देना चाहिए। ***(BOI PO 2010)***

**26.** सरकार के पास सभी शिक्षा संस्थानों को चलाने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।

**27.** निजी कम्पनियों द्वारा चलाए जाने वाले सभी शिक्षा संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हैं।

**28.** शिक्षा के क्षेत्र में निजी कम्पनियों के आने से व्यापक स्तर पर समाज को लाभ होगा।

**29.** कई व्यवसाय गृह बाजार में अपनी दृश्यता अर्जित करने के लिए शिक्षा क्षेत्र में आ गए हैं।

**30.** शिक्षा के क्षेत्र में निजी कम्पनियों के प्रवेश पर सरकार को रोक लगानी चाहिए।

## परिच्छेद 7

आज निवेशकों के पास निवेश हेतु कुछ वर्ष पूर्व उपलब्ध विकल्पों से अधिक विकल्प हैं। कोई भी निर्णय लेने के लिए विकल्प का होना तब तक अच्छा है, जब तक यह वैविध्य, विभेदीकरण और बेंचमार्किंग उपलब्ध कराता है। यदि विकल्प अधिकांशतः समान और भेद रहित हों, तो इसका परिणाम अव्यवस्था और शोरगुल होता है। विकल्प की इस समस्या से समझदारी से निपटने के लिए, निवेश के लिए अपने उद्देश्य-आय और ग्राह्य जोखिम दोनों को निर्धारित करना और उसके बाद सम्भव विकल्प पहचानना आवश्यक है। निवेशक के लिए विकल्प का चयन और नियमित रूप से यह मॉनीटर करना आवश्यक है कि उद्देश्य और निवेश का परिणाम आपस में मेल खाते हों। यह सहज लगता है, किन्तु अत्यधिक जटिल परिस्थिति का निर्माण कर सकता है, जो धन की मात्रा के साथ कई गुना अधिक जटिल हो सकती है। ***(SBI PO 2010)***

**31.** अधिक राशि का निवेश छोटी राशि के निवेश की अपेक्षा सरल होता है।

**32.** निवेशक को प्रत्येक निवेश विकल्प के जोखिम का आलोचनात्मक ढंग से मूल्यांकन करना आवश्यक है।

**33.** आज के निवेशकों को निवेश करने से पहले अपने निर्णय को अधिक आलोचनात्मक ढंग से प्रयोग करना होगा।

**34.** एक ही प्रकार के बहुविध निवेश विकल्प बेहतर निवेश निर्णय करने में सहायक होते हैं।

**35.** पहले, सामान्यतः निवेशकों का मार्गदर्शन निधि प्रबन्धक करते थे।

## परिच्छेद 8

आजकल प्राकृतिक संसाधनों की बढ़ती कमी एक वैश्विक मूलभूत प्रवृत्ति है। हाल ही के वर्षों में तेल और गैस की कीमतें अत्यधिक बढ़ गई हैं। इस वर्ष खाद्यान्न की कीमतें आसमान को छू गई हैं इससे गरीबों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आय का अत्यधिक अन्तरण हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों की कीमतों में वृद्धि का आधारभूत कारण है, विशेषतः चीन और भारत में अत्यधिक विकास जिसका भूमि, टिंबर, तेल और गैस की आरक्षितियों और जल आपूर्ति की वास्तविक सीमाओं पर गहरा आघात होता है। इस प्रकार जहाँ कहीं प्राकृतिक माल और सेवाओं का बाजारों में व्यापार होता है (जैसा ऊर्जा और खाद्यान्न के साथ), जब उनका बाजार में व्यापार नहीं होता है (जैसा स्वच्छ हवा के साथ) तब कीमतें बढ़ती हैं। ऊँची कीमतों के अतिरिक्त इसका परिणाम है प्रदूषण और रिक्तीकरण। विश्व में खाद्यान्न की कीमतों में आकस्मिक वृद्धि के कई कारण हैं किन्तु इसका आरम्भिक बिन्दु है बढ़ता हुआ खाद्यान्न का उपभोग, जो चीन के आर्थिक विकास से अत्यधिक सशक्त होता है। चीन की जनसंख्या विशिष्टतः अधिक मांस का अर्जन करती है, जिसके लिए सोयाबीन और मक्के से बने पशु खाद्य का बड़ी मात्रा में आयात आवश्यक हो जाता है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा की बढ़ती हुई वैश्विक कीमतों ने खाद्यान्न उत्पादन अधिक महँगा कर दिया है, क्योंकि इसके साथ ही परिवहन, खेती और उर्वरकों के लिए बहुत-सी ऊर्जा आवश्यक होती है। इसके साथ-साथ ऊर्जा की बढ़ती हुई कीमतें किसानों को खाद्यान्न उत्पादन से ईंधन के उत्पाद की ओर प्रवृत्त होने के लिए अत्यधिक प्रेरणा देती है। ***(Syndicate Bank PO 2008)***

***36.*** भारत और चीन में हो रहा विकास प्राकृतिक संसाधनों की कीमतों में वृद्धि का कारण नहीं है।

***37.*** ईंधन के उत्पादन के लिए कच्ची सामग्री का उत्पादन करने की तुलना में किसानों को खाद्य वस्तुओं के उत्पादन से अधिक आय होती है।

***38.*** अपनी सकल घरेलू आवश्यकता से चीन का खाद्यान्न उत्पादन बहुत कम है।

***39.*** वातावरण के लिए कम अनुकूल क्रियाकलापों के बिना सोचे-समझे किए गए उपयोग से नॉन-ट्रेडेबल प्राकृतिक संसाधनों का अन्धाधुन्ध दूषण होता है।

***40.*** चीन और भारत को छोड़ अन्य देश अपने यहाँ खाद्यान्न और ऊर्जा का पर्याप्त उत्पादन करते हैं।

## परिच्छेद 9

पूँजी की कार्यकुशलता लम्बे समय से उपेक्षा की शिकार रही है और अभी भी बनी हुई है। यह पहलू ग्यारहवीं योजना के मसौदे में रेखांकित हुआ है। विडम्बनात्मक रूप से इसकी माँग के लिए, क्योंकि निवेश की दर वर्ष 2010-11 में GDP के 29% से बढ़ाकर 35% की जा रही है। विडम्बना इस तथ्य में निहित है कि योजना आयोग ने लगातार वर्द्धमान पूँजी उत्पादन अनुपात (ICOR) पर औचित्य सिद्ध करने के उपकरण के रूप में भरोसा किया है न कि कार्यकुशलता बढ़ाने के उपकरण के रूप में जिसके लिए यह बना है। फिर भी अवधारणात्मक रूप से अनुपात का आशय विद्यमान और जुड़ रहे पूँजीगत स्टॉक का लाभ उठा लेना है। इस समय अनुपात 7 है अर्थात् 1 के उत्पादन के लिए 7 गुना पूँजी की आवश्यकता है। यदि वर्ष 2007-12 के दौरान प्रभावी अनुपात को कम कर लिया जाए, तो समय के साथ निवेश के 35% से कम स्तर के साथ GDP को 9% वृद्धि मूल्य हासिल करना सम्भव हो सकेगा। इस बात पर कोई सन्देह नहीं करता है कि GDP में वृद्धि की ऊँची-दर के लिए पूँजी निर्माण महत्त्वपूर्ण होता है, लेकिन कार्यकुशलता पूँजीगत स्टॉक पर उतना निर्भर नहीं करती जितना इसके उपयोग पर करती है। ***(United Bank PO 2006)***

***41.*** निवेश की वर्तमान दर GDP के 30% के लगभग है।

***42.*** यदि पूँजी उत्पादन अनुपात ऊँचा होगा, तो GDP की वृद्धि भी अधिक होगी।

***43.*** जब निवेश की दर बढ़ जाती है, तो पूँजी उत्पादन अनुपात भी बढ़ जाता है।

***44.*** पूँजी की कार्यकुशलता अधिकतर पूँजीगत स्टॉक पर निर्भर करती है।

***45.*** भारत सरकार पूँजी की कार्यकुशलता के मुद्दे को अब पर्याप्त महत्त्व दे रही है।

## परिच्छेद 10

मुख्यतः उन्नत प्रौद्योगिकियों के आविष्कार और प्रसार से दीर्घावधि आर्थिक प्रगति होती है। प्रिण्टिंग प्रेस से वैज्ञानिक क्रान्ति, स्टीम इंजन से औद्योगिक क्रान्ति और खेतों की बढ़ी हुई उपज-तथाकथित 'हरित क्रान्ति' से अकाल से भारत का छुटकारा सम्भव हुआ था। इस समय अमीर देश हर वर्ष कोयले, तेल और प्राकृतिक गैस के उपयोग से कई बिलियन टन कार्बन डाइ-ऑक्साइड फैलाकर विश्व की आबोहवा में परिवर्तन कर रहे हैं। भावी वर्षों में चीन और भारत वायुमण्डल में बढ़ी हुई कार्बन डाइ-ऑक्साइड में भारी योगदान देंगे। अभी तक कोई भी देश, अमीर या गरीब, अपनी ऊर्जा का उपयोग इस चिंता के कारण कम करना नहीं चाहता है कि ऐसा करने में नौकरियों, आमदनियों और आर्थिक विकास को खतरा होगा। नई प्रौद्योगिकियाँ समाधान का एक प्रमुख हिस्सा बनेंगी। गेसोलीन और बैट्री पॉवर से मिलकर चलने वाली 'हाइब्रिड' कारें पहले ही ईंधन की दक्षता को लगभग दोगुना और कार्बन डाइ-ऑक्साइड के फैलाव को आधा कर रही हैं। इसी तरह से पॉवर प्लाण्टों में जलने वाले कोयले से निकलने वाली कार्बन डाइ-ऑक्साइड को कैप्चर करने और सुरक्षित रूप से जमीन के नीचे स्टोर करने के तरीकों का इंजीनियरों ने विकास कर लिया है। 'कार्बन कैप्चर और सिक्वेस्ट्रेशन' नामक नयी प्रौद्योगिकी बिजली के उत्पादन के समय प्रसरित कार्बन डाइ-ऑक्साइड को 80% कम कर सकती है। ***(BOM PO 2006)***

***46.*** नई प्रौद्योगिकियाँ केवल बिजली के निर्माण द्वारा हुए कार्बन डाइ-ऑक्साइड के निस्सरण को नियन्त्रित कर सकती हैं।

***47.*** कोई देश जितना अधिक विकसित होगा हवा के प्रदूषण में उसका योगदान उतना ही कम होगा।

***48.*** विश्व के विकासशील देश कार्बन डाइ-ऑक्साइड का फैलाव कम करने के लिए नयी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

***49.*** आने वाले वर्षों में भारत और चीन विश्व के विकसित देशों की सूची में सबसे ऊपर होंगे।

***50.*** वर्तमान प्रौद्योगिकियों को छोड़ नयी हाइब्रिड प्रौद्योगिकियों को अपनाना व्यावहारिक रूप से सम्भव नहीं होगा।

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि अधिकांशतः माइग्रेन के कारण काले धब्बे का अनुभव होता है, परन्तु मुख्यतः माइग्रेन इसका कारण नहीं है।

**2.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि माइग्रेन के कारण भयंकर प्रहार की समस्या होती है।

**3.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**4.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि कुछ महिलाओं को माइग्रेन होते हुए भी दृष्टिदोष की कठिनाई नहीं होती है।

**5.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि माइग्रेन के साथ-साथ जिन युवा महिलाओं को दृष्टिदोष की समस्या होती है, उन्हें भयंकर प्रहार की समस्या बनी रहती है।

**6.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि 3D के अतिरिक्त और भी कई साधन हैं, जो धरती के नीचे उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का पता लगाने में सहायक हैं।

**7.** *(c)* दिए गए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**8.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि कतिपय और भी साधन हैं, जो भूवैज्ञानिकों को नीचे तेल या गैस की उपस्थति का पूर्वानुमान करने में सहायता करते हैं।

**9.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि तेल और गैस के अन्वेषण कार्य में लगे वैज्ञानिक ही इनकी उपस्थिति का पूर्वानुमान लगा सकते हैं।

**10.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि विज्ञान की प्रगति से धरती के नीचे तेल या गैस भण्डार का पता लगा सकते हैं।

**11.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि आर्थिक विकास के लिए एविएशन उद्योग की सफलता अनिवार्य है।

**12.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**13.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**14.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि भारत का हवाई परिवहन उद्योग प्रगति के पथ पर अग्रसर है, तथापि यदि हम भावी उद्योगों में स्पर्द्धा के लिए सक्षम होंगे, तो ही भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी सही सम्भाव्यता सिद्ध कर पाएगी। इसलिए विकास के लिए निवेश की जरूरत है।

**15.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि यदि हम भावी उद्योगों में स्पर्द्धा के लिए सक्षम होंगे, तो ही भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी सही सम्भाव्यता सिद्ध कर पाएगी।

**16.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि औद्योगिक क्षेत्र लगभग 10% की सतत् वृद्धि दर्शा रहा है।

**17.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में इसके विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

**18.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में इसके विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

**19.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि मानसून होने पर भी GDP लगभग 7 या 8% बढ़ रहा है, इससे स्पष्ट है कि GDP पर मानसून का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**20.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र की गति अत्यधिक तेज होती जा रही है तथा औद्योगिक क्षेत्र 10% की सतत् वृद्धि दर्शा रहा है।

**21.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि वर्ष 2010 से फार्मा और बायोटेक कम्पनियों के बीच सौदे तय करने की गति सतत् तीव्रता से बढ़ती रही।

**22.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में बायोटेक तथा फार्मास्यूटिकल कम्पनियों के अर्जन के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**23.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि तथापि यदि कम्पनियाँ और उसके निवेशक रोगियों के लिए अचानक अप्रत्याशित सुरक्षा जोखिम प्रस्तुत करने वाली किसी औषधि के लिए अधिकार अर्जित करते हैं, तो उन्हें मूल्य नाश का जोखिम हो सकता है।

**24.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि किसी भी कम्पनी के लिए सुरक्षा सम्बन्धी मसले अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होते हैं।

**25.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि प्रतियोगिता की वजह से कीमतें बढ़ती जाती हैं।

**26.** *(c)* दिए गए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में शिक्षा संस्थानों को चलाने के विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

**27.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि निजी उद्यमों से गैर-भरोसेमन्द परिचालकों तक कई लोग इस क्षेत्र में रास्ता खोल रहे हैं।

**28.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एक विशाल लाभकारी व्यवसाय के अवसर के रूप में उभर रही है।

**29.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि निजी उद्यमों से गैर-भरोसेमन्द परिचालकों तक कई लोग इस क्षेत्र में रास्ता खोल रहे हैं।

**30.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि उच्च शिक्षा में निजी फण्डों को इस क्षेत्र में प्रवेश न करने देना राज्य का मामला नहीं है।

**31.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि राशि चाहे बड़ी हो या छोटी, निवेश की प्रक्रिया समान ही होती है।

**32.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि निवेश के लिए अपने उद्देश्य–आय और ग्राह्य जोखिम दोनों को निर्धारित करना और उसके बाद सम्भव विकल्प पहचानना आवश्यक है।

**33.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि निवेशक के लिए मिक्स का चयन और नियमित रूप से यह मोनीटर करना आवश्यक है कि उद्देश्य और निवेश का परिणाम आपस में मेल खाते हों।

**34.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि कोई भी निर्णय लेने के लिए विकल्प का होना तब तक अच्छा है, जब तक यह वैविध्य, विभेदीकरण और बैंचमार्किंग उपलब्ध कराता है।

**35.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में निधि प्रबन्धक विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**36.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि विशेषतः चीन और भारत में प्राकृतिक संसाधनों की कीमतों में वृद्धि का आधारभूत कारण है, अत्यधिक विकास।

**37.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में ईंधन के उत्पादन के लिए कच्ची सामग्री का उत्पादन करने की तुलना के विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

**38.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि चीन की जनसंख्या विशिष्टतः मांस का अर्जन अधिक करती है, जिसके लिए सोयाबीन और मक्के से बने पशु खाद्य का बड़ी मात्रा में आयात आवश्यक हो जाता है।

**39.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि वातावरण के लिए कम अनुकूल क्रियाकलापों के बिना सोचे समझे किए गए उपयोग नॉन-ट्रेडेवल से प्राकृतिक संसाधनों का अन्धाधुन्ध दूषण होता है।

**40.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में खाद्यान्न और ऊर्जा के विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

**41.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि निवेश की वर्तमान दर GDP की 29% थी, जोकि लगभग 30% है।

**42.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि GDP में वृद्धि की ऊँची-दर के लिए पूँजी निर्माण महत्त्वपूर्ण होता है, इसलिए यदि पूँजी उत्पादन अनुपात ऊँचा होगा, तो GDP की वृद्धि भी अधिक होगी।

**43.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि GDP में वृद्धि की ऊँची दर के लिए पूँजी निर्माण महत्त्वपूर्ण होता है।

**44.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि कार्यकुशलता पूँजीगत स्टॉक पर उतना निर्भर नहीं करती।

**45.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में पूँजी के महत्त्व के विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

**46.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि नई प्रौद्योगिकियाँ केवल बिजली के निर्माण द्वारा हुए कार्बन डाइ-ऑक्साइड के निस्सरण को नियन्त्रित नहीं कर सकती हैं, बल्कि अन्य पॉवर प्लाण्टों जैसे गैसोलीन और बैट्री पॉवर आदि के निर्माण द्वारा हुए कार्बन डाइ-ऑक्साइड के निस्सरण को भी नियन्त्रित कर सकती हैं।

**47.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि भावी वर्षों में चीन और भारत वायुमण्डल में बढ़ी हुई कार्बन डाइ-ऑक्साइड में भारी योगदान देंगे। अतः कोई देश जितना अधिक विकसित होगा, हवा के प्रदूषण में उसका योगदान उतना ही अधिक होगा।

**48.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि गैसोलीन और बैट्री पॉवर से मिलकर चलने वाली हाइब्रिड कारें कार्बन डाइ-ऑक्साइड के फैलाव को आधा कर रही हैं।

**49.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में दी गई जानकारी से भावी वर्षों में चीन और भारत वायुमण्ड्ल में बढ़ी हुई कार्बन डाई-ऑक्साइड में भारी योगदान देंगे।

**50.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में हाईब्रिड प्रौद्योगिकियों के विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

## प्रकार *2.* निष्कर्ष या पूर्वधारणाओं पर आधारित प्रश्न

इस प्रकार के अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में चार या पाँच कथनों से पहले एक परिच्छेद दिया गया होता है। इसी परिच्छेद के आधार पर अभ्यर्थी द्वारा इन कथनों में से उस कथन को निष्कर्ष या सम्भावित अनुमान के रूप में चुना जाता है, जो सर्वोत्तम होता है।

**_उदाहरण_ 11.** भारत में बीमा सम्बन्धी मामलों की जाँच करने वाले आयोग ने यह पाया कि बीमा प्रस्ताव के विस्तृत नियमों और शर्तों को या तो बताया ही नहीं गया था या उन्हें कई महीनों के विलम्ब के बाद बताया गया। परिणाम यह हुआ कि दावे की प्राप्ति के बाद नियमों और शर्तों की व्याख्या के समय अधिकारियों को यह मौका मिला कि या तो वे अनावश्यक लाभ होने दें अथवा सम्बन्धित पार्टी को अनावश्यक परेशानी उठाने दें।

दिए गए परिच्छेद के आधार पर, निम्न विकल्पों में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(a) बीमा कम्पनियों के अधिकारियों को दावों के नियमों व शर्तों की सदैव लाभकारी व्याख्या करनी चाहिए
(b) बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के दल को किसी उन्नत देश की बीमा कम्पनियों की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए भेजना चाहिए
(c) बीमा कम्पनियों द्वारा, बीमा पॉलिसी हमेशा नागरिकों के हित में होनी चाहिए
(d) बीमा अधिकारियों द्वारा कम्पनी का फायदा तथा पार्टी को अनावश्यक परेशानी उठाने देना चाहिए

**_व्याख्या_** *(b)* दिए गए परिच्छेद के अनुसार यह निष्कर्ष निकलता है कि बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के दल को किसी उन्नत देश की बीमा कम्पनियों की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए भेजना चाहिए।

**_उदाहरण_ 12.** नगर निगम प्राधिकारी ने चालू शैक्षिक वर्ष से अपने नियन्त्रण में सभी प्राइमरी स्कूलों में अंग्रेजी भाषा को अनिवार्य विषयों में से एक बनाया है।

दी गई जानकारी से निम्न में से कौन-सा पूर्वानुमान लगाया जा सकता है? ***(SBI PO 2014)***

(a) नगर-निगम प्राधिकारी द्वारा चलाए जाने वाले प्राइमरी स्कूलों के विद्यार्थियों को अभी तक अंग्रेजी नहीं पढ़ाई जाती है
(b) प्राइमरी स्कूलों के विद्यार्थियों के माता-पिता को अभी तक अंग्रेजी भाषा में कार्य करने का ज्ञान नहीं है
(c) नगर-निगम प्राधिकारी के नियन्त्रण से बाहर वाले सभी प्राइमरी स्कूलों में अंग्रेजी भाषा एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है
(d) अन्य विषय विद्यार्थियों की इच्छानुसार बदले जा सकते हैं
(e) अंग्रेजी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है, इसलिए इसे स्कूलों में प्राइमरी स्तर पर पढ़ाया जाना चाहिए और इस स्तर पर इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए
(e) अंग्रेजी का लगातार बढ़ता महत्त्व और इसको वैकल्पिक रूप में अनदेखा करना इस निर्णय का एक कारण हो सकता है।

**_उदाहरण_ 13. गीता** जब से नरेश ने ध्यान (मेडिटेशन) प्रारम्भ किया है, वह अधिक अच्छा बॉक्सर बन गया है।

**राधा** असम्भव है। किसी बॉक्सर का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण उसकी आक्रामकता है।

राधा का कथन उसके इस विश्वास को प्रतिबिम्बित करता है कि ***(UPSC CSAT 2015)***

(a) ध्यान की प्रवृत्ति किसी व्यक्ति को कम आक्रामक बनाने की होती है
(b) ध्यान करने वाले व्यक्ति पर ध्यान का नगण्य प्रभाव पड़ता है या कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता
(c) नरेश पहले खराब बॉक्सर था, क्योंकि वह पर्याप्त आक्रामक नहीं था
(d) नरेश ने, बॉक्सर होने के कारण, ध्यान आरम्भ ही नहीं किया होता

**_व्याख्या_** *(c)* राधा के कथनानुसार, किसी भी बॉक्सर का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण उसकी आक्रामकता होता है। गीता तथा राधा के वार्तालाप से स्पष्ट है कि नरेश पहले खराब बॉक्सर था, क्योंकि वह पर्याप्त आक्रामक नहीं था।

# प्रश्नावली 8.2

**1.** दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए। ***(Canara Bank PO 2018)***

'गैलेक्स फाइबर' का निर्माण केवल देश A में होता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान पूरे विश्व में इसकी माँग बनी हुई है, कहीं कम तो कही ज्यादा । पिछले आठ माह में लगभग 3500 करोड़ के घाटे के कारण इससे होने वाले लाभ में 20% की कमी आई है। देश A ने कभी भी 'गैलेक्स फाइबर' पर इतना बड़ा नुकसान नहीं सहा है।

दिए गए कथन के आधार पर निम्न में से कौन-सा अनुमान ज्ञात किया जा सकता है।

**निष्कर्ष**

(a) 'गैलेक्स फाइबर' निर्माता कम्पनी, इसमें होने वाले नुकसान के कारण बन्द हो जाएगी

(b) 'गैलेक्स फाइबर' बहुत ऊँची दरों पर अन्य देशों को निर्यात किया गया है

(c) यदि इसमें नुकसान न होता तो देश A 'गैलेक्स फाइबर' में उच्च लाभ अर्जित करता

(d) 'गैलेक्स फाइबर' के निर्माण के लिए किसी भी देश के पास उचित मशीनरी नहीं है

(e) किसी समुदाय विशेष की माँग के अतिरिक्त अन्य कारक भी इसकी बिक्री तथा लाभ पर प्रभाव डालते हैं

***निर्देश*** (प्र. सं. 2-4) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, एक परिच्छेद दिया गया है तथा उस पर आधारित चार निष्कर्ष* (a), (b), (c) *और* (d) *के रूप में दिए गए हैं। अभ्यर्थी को अपनी दक्षता के अनुसार, परिच्छेद का विश्लेषण करके सही निष्कर्ष को उत्तर के रूप में देना है।*

**2.** संसद में हुए वाद-विवाद के बाद यह तय किया गया कि 'संविधान में इस संशोधन के बाद, कोई भी बच्चा जो चौदह वर्ष की आयु से कम है, किसी फैक्ट्री या खान या कारखानों या अन्य खतरे से पूर्ण रोजगार में नहीं लगाया जाएगा'। यदि कोई भी संगठन या व्यक्ति ऐसा करते हुए पाए गए तो वह दण्ड के लिए जिम्मेदार होंगे तथा बतौर जमानत उन्हें पाँच लाख रुपये अदा करने पड़ेगें।

**निष्कर्ष**

(a) काम देने वाले व्यक्ति संविधान का पालन करते हैं

(b) इस संविधान के संशोधन से पहले चौदह वर्ष की आयु से कम बच्चों को कारखाने इत्यादि के कार्य में लगाया जाता था

(c) पहले संगठन से जुर्माना वसूल करके उन्हें छोड़ दिया जाता था

(d) संविधान में किए गए इस संशोधन का असर न तो नागरिकों पर पड़ेगा और न ही संगठनों पर

**3.** जानवरों से होने वाले सहायक उत्पादन, जैसे– बाल, खाल, सींग आदि लगभग 50% खाद्य प्रोटीन हैं। अमेरिकन रसायनशास्त्रियों ने इस प्रोटीन का 45% अलग करने का तरीका विकसित कर लिया है। उन्होंने सोया-प्रोटीन को निकालने के लिए जापान में तैयार एंजाइम का प्रयोग किया।

**निष्कर्ष**

(a) जानवर के सहायक उत्पादन वाले प्रोटीन की रचना सोया-प्रोटीन जैसी ही होती है

(b) अमेरिकन एंजाइम विकसित नहीं कर सके हैं

(c) जानवरों से सहायक उत्पादन से 45% सोया-प्रोटीन निकाला जा सकता है

(d) सभी देशों के रसायनशास्त्री सोया-प्रोटीन की प्राप्ति के उपाय सम्बन्धी

**4.** भारत सरकार द्वारा हाल ही में घोषित पेंशन सम्बन्धी सूचना के विषय में बताया गया है, जो व्यक्ति सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके लिए आयु के अनुसार पेंशन में बढ़ोत्तरी इस प्रकार की जाएगी

आयु 80 वर्ष से 85 वर्ष तक पेंशन 20% बढ़ेगी।

आयु 85 वर्ष से 90 वर्ष तक पेंशन 30% बढ़ेगी।

आयु 90 वर्ष से 95 वर्ष तक पेंशन 40% बढ़ेगी।

आयु 95 वर्ष से 100 वर्ष तक पेंशन 50% बढ़ेगी।

आयु 100 वर्ष से अधिक होते ही पेंशन दोगुनी हो जाएगी।

**निष्कर्ष**

(a) कोई भी नागरिक सरकारी बदलाव को नहीं मानता है

(b) किसी भी सरकारी एवं गैर-सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए यह सूचना आवश्यक है

(c) यह पेंशन सूचना केवल सरकारी सेवानिवृत्त बाबूओं के लिए है न कि अफसरों के लिए

(d) सभी सेवानिवृत्त सरकारी अफसरों व बाबूओं को पेंशन उनकी आयु के अनुसार मिलेगी

***निर्देश*** (प्र.सं. 5) *नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।*

पूरे विश्व में सरकार में प्रादेशिकता की एक महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति रही है, जिसके परिणामस्वरूप 1990 के दशक से क्षेत्रों और समुदायों की ओर सत्ता का व्यापक अधोगामी हस्तान्तरण होता रहा है। इस प्रक्रिया को, जिसके अन्तर्गत अवराष्ट्रीय (सब-नेशनल) स्तर पर नई राजनीतिक सत्ताएँ और निकाय बनते हैं तथा उनकी क्षमता और शक्ति में वृद्धि होती है, प्रति-विकास (डिवोल्यूशन) कहते हैं। प्रति-विकास की विशेषता है कि यह तीन घटकों से मिलकर बनता है, वे घटक हैं- राजनीतिक वैधता, सत्ता का विकेन्द्रीकरण और संसाधनों का विकेन्द्रीकरण। यहाँ राजनीतिक वैधता से आशय है निचले जनसमुदाय से विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के लिए उठने वाली माँग, जिसमें विकेन्द्रीकरण के लिए एक राजनीतिक बल निर्मित करने की क्षमता होती है। कई मामलों में, आधारित स्तर पर इसके लिए पर्याप्त राजनीतिक संगठन हुए बिना ही सरकार के ऊपरी स्तर से विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाती है, और ऐसे मामलों में विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया प्रायः अपने उद्देश्य पूरे नहीं कर पाती।

**5.** उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक तार्किक तर्कसंगत और विवेचनात्मक निष्कर्ष (इन्फेरेंस) निकाला जा सकता है? ***(UPSC CSAT 2017)***

(a) अवराष्ट्रीय राजनीतिक सत्ताओं के निर्माण के लिए और इस तरह सफल प्रति-विकास और विकेन्द्रीकरण सुनिश्चित करने के लिए शक्तिशाली जन नेताओं का उभरना अनिवार्य है

(b) सरकार के ऊपरी स्तर से क्षेत्रीय समुदायों पर, कानून द्वारा या अन्यथा, प्रति-विकास और विकेन्द्रीकरण को अधिरोपित किया जाना चाहिए

(c) प्रति-विकास को सफल होने के लिए ऐसे लोकतन्त्र की अपेक्षा होती है, जिसमें निचले स्तर के लोगों की इच्छा की स्वतन्त्र अभिव्यक्ति हो और आधारिक स्तर पर उनकी सक्रिय भागीदारी हो

(d) प्रति विकास होने के लिए जनता में क्षेत्रवाद की प्रबल भावना होनी आवश्यक है

**6.** ''स्वतन्त्रता से मेरा आशय एक ऐसा वातावरण इच्छुक रूप से बनाए रखने से है जिसमें सभी मनुष्यों को अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में होने का अवसर मिले।''

निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उपर्युक्त कथन में **निहित दृष्टिकोण** को व्यक्त करता है? *(UPSC CSAT 2015)*

(a) स्वतन्त्रता मानवीय कार्यकलाप पर नियन्त्रण का अभाव है
(b) स्वतन्त्रता वह है, जिसे निष्पादित करने के लिए लोगों को विधि की अनुज्ञा प्राप्त है
(c) स्वतन्त्रता मनचाहे कार्य करने का सामर्थ्य है
(d) स्वतन्त्रता मानव व्यक्तित्व की संवृद्धि के लिए आवश्यक दशाओं को बनाए रखना है

**7.** मैन्ग्रोव वनों में प्रतिवर्ष प्रति एकड़ टनों पत्तियाँ झड़ सकती हैं; कवक और जीवाणु पत्तियों के इस ढेर का अपघटन कर उनका उपभोग कर जाते हैं, उन्हें नन्हीं कृमियाँ और क्रस्टेशियाई खा जाते हैं, जो तत्पश्चात् छोटी मछलियों का भोजन बनती हैं, फिर ये भी बड़ी मछलियों, पक्षियों और मगरों का भोजन बन जाती हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उपर्युक्त कथन का **सर्वाधिक तार्किक अनुमान** है? *(UPSC CSAT 2015)*

(a) मैन्ग्रोव वनों के बिना तटीय क्षेत्रों में आहार शृंखलाएँ नहीं बन सकती
(b) मैन्ग्रोव वन सभी समुद्री पारितन्त्रों (ईकोसिस्टम्स) के अनिवार्य घटक हैं
(c) कतिपय समुद्रतटीय खाद्य शृंखलाओं में मैन्ग्रोव वनों की निर्णायक भूमिका होती है
(d) समुद्री वनस्पतिजात और प्राणिजात का संघटन मुख्यतः मैन्ग्रोव वनों द्वारा निर्धारित होता है

**8.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *(IBPS Clerk 2012)*

अपने कारोबार को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालने के लिए छोटे ब्राण्ड स्थानीय किराना स्टोरों से हटकर बिग बाजार जैसे सुपर बाजारों के साथ गठजोड़ कर रहे हैं।

दी गई जानकारी से निम्नलिखित में से किसका अनुमान लगाया जा सकता है?

(अनुमान वह होता है जिसे प्रत्यक्षतः कहा नहीं गया हो पर जिसका दिए गए तथ्यों से स्पष्टीकरण हो सकता हो)

(a) निकट भविष्य में स्थानीय किराना स्टोरों में छोटे ब्राण्ड का माल उपलब्ध नहीं होगा
(b) सुपर बाजार सेटअप में छोटे ब्राण्ड, बड़े ब्राण्ड के साथ प्रतियोगिता नहीं कर सकते
(c) छोटे ब्राण्डों में यह समझ है कि सुपर बाजार में छोटे किराना स्टोरों से अधिक बिक्री होती है
(d) छोटे ब्राण्डों की तुलना में सुपर बाजार बड़े ब्राण्डों के उत्पाद बेचकर अधिक आय निर्मित करता है
(e) छोटे किराना स्टोरों की तुलना में छोटे ब्राण्डों का हर समय सुपर बाजार के साथ अधिक गठजोड़ रहा है

**9.** राज्य के दूरदराज के एक ग्रामीण हिस्से में हाल में ग्रामवासियों ने कुछ यात्रियों की बुरी तरह से पिटाई कर दी, क्योंकि ग्रामीणों को यात्रियों की गतिविधियाँ सन्देहास्पद लगीं। दोषियों को पकड़ने के लिए जिला अधिकारी ने पुलिस टीम भेजी है। *(IBPS Clerk 2011)*

उपरोक्त कथन से निम्नलिखित में से क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

(अनुमान वह होता है, जो सीधे-सीधे नहीं कहा जाता है, लेकिन दिए गए तथ्यों से उसका स्पष्टीकरण हो सकता है।)

(a) ग्रामीणों को अपने इलाके में अजनबियों की उपस्थिति पसन्द नहीं है
(b) ग्रामीण किसी विशेष पर शक्की स्वभाव के होते हैं
(c) यात्री ग्रामीण इलाकों में जाना पसन्द करते हैं
(d) सरकार सामान्यतः सारे देश में यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती है
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। *(BOB PO 2011)*

शिक्षक प्रशिक्षण/डिग्री कार्यक्रम के लिए आवेदकों की कमी के पीछे एक मुख्य कारण यह है कि शिक्षकों ने कार्य-स्थितियों में किसी सुधार का अनुभव नहीं किया है और उनके वेतन की गति दूसरे देशों के वेतन के साथ नहीं मिल पाई है। दिए गए परिच्छेद से निम्नलिखित में से क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

(a) शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आवेदकों की गिरती संख्या के पीछे बहुत कठिन प्रवेश परीक्षा भी एक कारण है
(b) आने वाले वर्षों में, योग्यता प्राप्त शिक्षकों की उपलब्धता की दृष्टि से स्कूल इनकी कमी का सामना करेंगे
(c) दूसरे देशों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी उतने ही अच्छे हैं, जितने अच्छे शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं
(d) यदि दूसरे देशों में वेतन कम कर दिए जाएँ तो शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आवेदकों की संख्या बढ़ जाएगी
(e) योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों में किसी खास पेशे की कार्य-स्थितियों और प्राथमिकता के बीच सीधा सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता

**11.** निम्नलिखित जानकारी ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *(Allahabad Bank PO 2011)*

संयोग से अधिक-से-अधिक देश आजकल औद्योगिक विकास से हटकर जलवायु परिवर्तन के नियन्त्रण पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं।

I. औद्योगिक विकास से जलवायु परिवर्तन की ओर ध्यान केन्द्रित केवल वे देश करते हैं, जो अमीर हैं और जो औद्योगिक विकास से अतिरिक्त क्षेत्रों पर भी ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं।
II. बहुत से देशों ने औद्योगिक विकास को पहले प्राथमिकता दी थी, जो दीर्घावधि में पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हुई है।
III. कुछ विशेषज्ञों की राय है कि जलवायु परिवर्तन इतना गम्भीर मसला नहीं है जितना उसे बताया जाता है, क्योंकि यह एक नैसर्गिक घटना है, जो पृथ्वी के इतिहास में आरम्भ से अन्त तक नियमित रूप से घटती आ रही है।
IV. यदि जलवायु परिवर्तन वर्तमान दर से होता रहे तो शीघ्र ही यह मानव जीवन को बड़े पैमाने पर नष्ट कर सकता है।
V. औद्योगिक विकास ग्लोबल वार्मिंग के सबसे बड़े कारणों में से एक है, किन्तु यह एकमात्र कारण नहीं है।

दी गई जानकारी के सन्दर्भ में कथन (v) को सत्य माना जाए तो इस कथन से निम्नलिखित में से क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

(a) राष्ट्रों को औद्योगिक विकास से निर्मित स्रोतों के अतिरिक्त अन्य स्रोतों की ओर भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए
(b) औद्योगिक विकास से होने वाले प्रदूषण के अन्य स्रोतों से होने वाले प्रदूषण का प्रतिकूल प्रभाव अधिक है
(c) पुराने समय से विपरीत, आज-कल औद्योगिक विकास ग्लोबल वार्मिंग का कारण नहीं रहा है
(d) औद्योगिक विकास रुक जाने पर ग्लोबल वार्मिंग स्वतः समाप्त हो जाएगी
(e) औद्योगिक विकास के सिवाय अन्य स्रोतों का अभिनिर्धारण कर उन्हें नियन्त्रित किया जाए तो ग्लोबल वार्मिंग पूर्णतः समाप्त हो जाएगी

**12.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। *(BOB PO 2011)*

आइए, अपनी वास्तविक दुनिया में गहराई से प्रवेश करें। खाद्य मुद्रा स्फीति अपने बच्चों को गणित सिखाने का एक मजेदार तरीका है। अपने बच्चे को एक ग्राफ बनाने के लिए कहिए कि मान लीजिए भारत में वर्ष 1950 और आज में (इंजीनियर, डॉक्टर, नौकरानी, ड्राइवर) की आमदनी कितनी बढ़ी है। उन्हें इसी अवधि में कीमतों में हुई वृद्धि का ग्राफ बनाने के लिए भी कहिए। यह एक मजेदार अभ्यास होगा।

जब तक वे अपना अभ्यास खत्म करेंगे, आपके बच्चे न केवल बहुत कुछ सीखेंगे, बल्कि आपको भी यह पता चलेगा कि इस दौरान आपकी आमदनी 300 गुना बढ़ गई है, लेकिन नौकरानी की आय शायद 50 गुना ही बढ़ गई है और कीमतें 100 गुना बढ़ गई हैं। नौकरानी अभी भी सप्ताह में सातों दिन काम करती हैं, उसे न कोई वैतनिक छुट्टी है न ही आकस्मिक छुट्टी और यह जानना कि हम कितने खुशकिस्मत हैं, गम्भीर परोपकार की ओर पहला कदम है।

उपरोक्त से निम्नलिखित सभी का अनुमान लगाया जा सकता है, सिवाय एक के

(a) वास्तविक दुनिया की समस्याएँ अन्य विषयों को समझने और वास्तविक दुनिया की समस्या को सराहने (Appreciate) करने का अच्छा तरीका है
(b) विगत वर्षों में खाद्य मुद्रा स्फीति ने विभिन्न प्रोफेशनलों को बहुत अलग-अलग तरह से प्रभावित किया है
(c) यद्यपि वेतन में बहुत अधिक भिन्नता है, लेकिन कम-से-कम सभी नौकरियों/प्रोफेशनों में वृद्धि, लम्बी समयावधि में मुद्रा स्फीति की दर से कम नहीं हुई है
(d) जब हम यह समझ जाते हैं कि हम खुशकिस्मत हैं, तो हम परोपकार और उन लोगों की सहायता करने के विषय में सोचने को प्रवृत्त होते हैं, जो उतने खुशकिस्मत नहीं हैं
(e) केवल बच्चे ही नहीं, माता-पिता और अन्य वयस्कों को भी असमानता के विषय में समझने की और खुद को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है

***निर्देश*** (प्र.सं. 13) *नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।*

तकनीकी प्रगति में निहित मानव-जाति के लिए सबसे बड़ा वरदान, निश्चित रूप से भौतिक सम्पदा का संचय नहीं है। किसी व्यक्ति के द्वारा जीवन में इनकी जितनी मात्रा का वास्तविक रूप में उपभोग किया जा सकता है, वह बहुत अधिक नहीं है। किन्तु फुरसत के समय के उपभोग की सम्भावनाएँ उसी संकीर्ण सीमा तक सीमित नहीं हैं। जिन्होंने फुरसत के समय के उपहार के सदुपयोग का कभी अनुभव नहीं किया है, वे लोग इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। फिर भी, समाजों की एक अल्पसंख्या द्वारा फुरसत के समय का रचनात्मक उपयोग किया जाना ही आदिम स्तर के बाद सभी मानव-प्रगति का मुख्य प्रेरणास्रोत रहा है।

***13.*** उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं।

1. फुरसत के समय को लोग सदैव उपहार के रूप में देखते हैं तथा इसका उपयोग और अधिक भौतिक सम्पदा अर्जित करने के लिए करते हैं।
2. कुछ लोगों द्वारा फुरसत के समय का, नूतन और मौलिक चीजों के उत्पादन के लिए, उपयोग किया जाना ही मानव-प्रगति का मुख्य स्रोत रहा है।

इनमें से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं? ***(UPSC CSAT 2017)***

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

***निर्देश*** (प्र.सं. 14) *नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।*

इस अभिकथन में किंचित से कहीं अधिक सच्चाई है कि ''सामयिक घटनाओं की बुद्धिमत्तापूर्ण व्याख्या के लिए प्राचीन इतिहास का कार्यसाधक ज्ञान होना आवश्यक है।'' किन्तु जिस बुद्धिमान ने समझदारी के ये शब्द कहे थे, उसने विशेष रूप से इतिहास की प्रसिद्ध लड़ाइयों के अध्ययन से होने वाले फायदों पर अवश्य ही कुछ-न-कुछ कहा होगा, क्योंकि इनमें हममें से उनके लिए सबक शामिल है, जो नेतृत्व करते हैं या नेता बनने की अभिलाषा रखते हैं। इस तरह के अध्ययन से कुछ ऐसे गुण और विशेषताएँ उद्घाटित होंगी, जिनसे विजेताओं के लिए जीत परिचालित हुई और वे कतिपय कमियाँ भी, जिनके कारण हारने वालों की हार हुई और विद्यार्थी यह देखेगा कि यही प्रतिरूप सदियों से लगातार, बार-बार पुनर्घटित होता है।

***14.*** उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं

1. इतिहास की प्रसिद्ध लड़ाइयों का अध्ययन हमें आधुनिक युद्धस्थिति को समझने में सहायता करेगा।
2. जो भी नेतृत्व की इच्छा रखता है, उसके लिए इतिहास का अध्ययन अनिवार्य है।

इनमें से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

***निर्देश*** (प्र.सं. 15) *नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।*

वास्तव में, मेरा मानना है कि इंग्लैण्ड में निर्धनतम व्यक्ति को भी एक वैसा ही जीवन जीना है जैसा कि महानतम व्यक्ति को और इसलिए सच में, मैं मानता हूँ कि यह स्पष्ट है कि हर उस व्यक्ति को, जिसे सरकार के अधीन रहना है, सबसे पहले अपनी सहमति से स्वयं को सरकार के अधीन कर देना चाहिए और मेरा यह अवश्य मानना है कि इंग्लैण्ड का निर्धनतम व्यक्ति, सही अर्थ में ऐसी सरकार से कतई बंधा हुआ नहीं है, जिसके अधीन स्वयं को करने में उसकी कोई राय नहीं रही हो।

***15.*** उपर्युक्त कथन किसके समर्थन में तर्क प्रस्तुत करता है? ***(UPSC CSAT 2017)***

(a) सम्पत्ति का सबको समान वितरण
(b) शासितों की सहमति के अनुसार शासन
(c) निर्धनों के हाथ में शासन
(d) धनिकों का स्वत्वहरण (एक्सप्रोप्रिएशन)

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(e)* दिए गए कथन के आधार पर कहा जा सकता है कि किसी समुदाय विशेष की माँग के अतिरिक्त अन्य कारक भी इसकी बिक्री तथा लाभ पर प्रभाव डालते हैं।

**2.** *(b)* संविधान संशोधन से पहले चौदह वर्ष के बच्चों को कारखानों के कामों में लगाया जाता था।

**3.** *(c)* दिए गए परिच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि जानवरों से सहायक उत्पादन के रूप में 45% सोया-प्रोटीन निकाला जा सकता है।

**4.** *(d)* जब परिच्छेद में सरकारी विभाग सम्बन्धी कर्मचारियों की बात की जा रही है, तो समस्त अफसर व बाबू उसमें सम्मिलित होंगे तथा उनको पेंशन सम्बन्धी ही पूर्ण जानकारी दी जाएगी तथा आयु के अनुसार पेंशन मिलेगी।

**5.** *(c)* प्रति-विकास विकास एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत अवराष्ट्रीय स्तर पर नई राजनीतिक सत्ताएँ और निकाय बनते हैं और उनकी क्षमता व शक्ति में भी वृद्धि होती है। यह एक राजनीतिक विकेन्द्रीकरण की स्थिति होती है। इसके तीन घटक होते हैं- राजनीतिक वैधता, सत्ता का विकेन्द्रीकरण और संसाधनों का विकेन्द्रीकरण । प्रति-विकास की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि लोकतान्त्रिक पद्धति में निचले स्तर के लोगों की इच्छा की स्वतन्त्र अभिव्यक्ति हो और आधारिक स्तर पर उनकी सक्रिय भागीदारी भी शामिल हो। अतः विकल्प (c) सत्य है।

**6.** *(d)* दिए गए कथन से स्पष्ट है कि स्वतन्त्रता, मानव व्यक्तित्व की संवृद्धि के लिए आवश्यक दशाओं को बनाए रखने वाली वह क्रिया है जिसमें सभी मनुष्यों को अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में होने का अवसर मिलता है।

**7.** *(a)* दिए गए कथन के आधार पर कहा जा सकता है कि मैन्ग्रोव वनों के बिना तटीय क्षेत्रों में आहार शृंखलाएँ नहीं बन सकती।

**8.** *(c)* छोटे ब्राण्डों के बीच यह धारणा है कि सुपर बाजार में छोटे किराना स्टोरों से अधिक बिक्री होती है।

**9.** *(d)* दोषियों को पकड़ने के लिए जिला अधिकारी ने पुलिस टीम भेजी। इसका अर्थ यह हुआ कि सरकार सामान्यतः सारे देश में यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती है।

**10.** *(b)* दी गई जानकारी के आधार पर हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि आने वाले वर्षों में, योग्यता प्राप्त शिक्षकों की उपलब्धता की दृष्टि से स्कूल इनकी कमी का सामना करेंगे।

**11.** *(a)* दी गई जानकारी से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि किसी भी राष्ट्र को औद्योगिक विकास से निर्मित स्त्रोतों के अतिरिक्त अन्य स्रोतों की ओर भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

**12.** *(c)* परिच्छेद के अनुसार यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि यद्यपि वेतन में बहुत अधिक भिन्नता है लेकिन कम-से-कम सभी नौकरियों में वृद्धि, लम्बी समयावधि में मुद्रा स्फीति की दर से कम नहीं हुई है।

**13.** *(b)* सामान्यतः मनुष्य अपने फुरसत के समय को आराम करने या उपहारस्वरूप प्रदत्त समय के रूप में देखता है। परन्तु फुरसत के समय का वास्तविक सदुपयोग यह होगा कि उसे रचनात्मक कार्यों में लगाया जाए। वैज्ञानिक ऐसे ही व्यक्ति होते हैं, जो अपने फुरसत के समय को रचनात्मक कार्यों में लगाते हैं। इसका उपयोग नवीन एवं मूलभूत वस्तुओं के उत्पादन में करना मानव प्रगति के लिए एक आवश्यक धारणा है। अतः विकल्प (b) उपर्युक्त परिच्छेद की सही व्याख्या है।

**14.** *(c)* ऐतिहासिक युद्धों का अध्ययन विजेताओं की जीत तथा युद्ध में पराजित व्यक्ति के पराजय के कारणों को समझने में सहायक होता है। इसलिए किसी देश के ऐसे व्यक्ति, जो राजनेता बनने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह ऐतिहासिक युद्धों का अध्ययन करें क्योंकि राजनेता से यह अपेक्षा होती है कि प्रत्येक स्थिति में चाहे वह युद्ध की स्थिति हो या प्रगतिशील राष्ट्र की, उसका कुशलतापूर्वक सामना कर समुचित समाधान करें। इसके अतिरिक्त यह आधुनिक युद्ध स्थिति को समझने में भी सहायक है। अतः विकल्प (c) सत्य है।

**15.** *(b)* उपर्युक्त परिच्छेद में यह कहा गया है कि बेहतर शासन के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक का विश्वास उस शासन में बना रहे, जिसके अन्तर्गत वह शासित होते हैं। गरीब हो या अमीर उन्हें यह अधिकार होना चाहिए कि किसी निश्चित देश में कौन लोग सरकार का निर्माण करेंगे। यहाँ विकल्प (b) सत्य है, जिसमें यह कहा गया है कि शासन, शासितों की सहमति के अनुसार होना चाहिए।

# मास्टर प्रश्नावली

***निर्देश*** (प्र. सं. 1-30) *नीचे कुछ परिच्छेद दिए गए हैं और उसके नीचे उस परिच्छेद में दिए गए तथ्यों के आधार पर निकाले जा सकने वाले कुछ सम्भावित अनुमान दिए गए हैं। आप प्रत्येक अनुमान की परिच्छेद के सन्दर्भ में अलग-अलग परीक्षा कर उसकी सत्यता या असत्यता की मात्रा निश्चित कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**

(a) यदि अनुमान निश्चित रूप से सत्य है अर्थात् वह दिए गए तथ्यों का उचित रूप से अनुसरण करता है

(b) यदि अनुमान सम्भवतः सत्य है अर्थात् दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से सत्य नहीं है

(c) यदि दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं अर्थात् दिए हुए तथ्यों से अनुमान सत्य है अथवा असत्य, यह आप नहीं कह सकते हैं

(d) यदि अनुमान सम्भवतः असत्य है अर्थात् दिए गए तथ्यों के सन्दर्भ में निश्चित रूप से असत्य नहीं है

(e) यदि अनुमान निश्चित रूप से असत्य है अर्थात् दिए हुए तथ्यों का सम्भवतः अनुसरण नहीं करता है अथवा वह दिए गए तथ्यों के विपरीत जाता है

## परिच्छेद 1

इस समय अमेरिका के पोष्य देखभाल व्यवस्था से क्लांत लगभग 440000 बच्चों में से 20000 गोद लेने हेतु उपलब्ध हैं। उनमें से अधिकतम 6 से 12 वर्ष की आयु के बीच के बच्चे हैं। गोद लेने योग्य बच्चों में से 44% श्वेत हैं और 43% श्याम हैं, लेकिन गोद लेने के लिए प्रतीक्षारत परिवारों में से 67% श्वेत हैं और उनमें से अधिकतर किसी श्याम बच्चे को गोद लेने के इच्छुक हैं, लेकिन इसमें कुछ बाधाएँ आ रही हैं, जोकि केवल तीन अमेरिकी राज्य आर्कन्सस, कैलीफोर्निया तथा मिन्नेसोटा में गोद लेने में प्रजाति का मिलान करने को प्रोत्साहित करने का कानून है, अन्य 40 प्रचलन का पक्ष लेते हैं। ***(Canara Bank PO 2007)***

**1.** गोद लेने योग्य बच्चों में लगभग 10% न तो श्याम रंग हैं न ही श्वेत।

**2.** दो-तिहाई श्वेत परिवार किसी श्याम बच्चे को गोद लेने हेतु प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**3.** 12 वर्ष से ज्यादा आयु के बच्चे गोद लेने हेतु कम उपयुक्त होते हैं।

**4.** अधिकतर अमेरिकी राज्यों में गोद लेने के प्रचलन को निरुत्साहित करने वाले कानून हैं।

**5.** अधिकतर श्याम परिवारों द्वारा गोद लेने के लिए श्वेत बच्चों को वरीयता दी जा रही है।

## परिच्छेद 2

कोयला और बिजली भारत के ऊर्जा क्षेत्र के प्रधान आधार हैं। कोयला देश की ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ है और ऊर्जा की माँग को पूरा करने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते रहने की सम्भावना है। यह देश की 50% से अधिक व्यापारिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करता है। अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कोयले के अपेक्षाकृत विशाल भण्डार के सूचित आँकड़ों के बावजूद, देश समय-समय पर कमी का सामना करता रहा है। विभिन्न अध्ययन समूहों द्वारा कोयले के पूर्वानुमान, घरेलू कोयले की माँग और आपूर्ति में बढ़ता हुआ अन्तर दिखाते हैं, जिसका परिणाम होगा अधिक आयात। इसके अतिरिक्त, देश के भण्डारों को प्रायः बढ़ाकर बताया जाता है, क्योंकि मूल्यांकन प्रक्रिया में कोयला खनन और खोज की गुणवत्ता, तकनीकी सम्भाव्यता और आर्थिक व्यवहार्यता पर विचार नहीं किया जाता है।

**6.** विकसित देशों की कोयला खानें भारत की कोयला खानों से ज्यादा लाभ कमाती हैं।

**7.** भारत की कोयला खानें और खनन गतिविधियाँ वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य हैं।

**8.** ऊर्जा निर्माण के लिए कोयले पर भारत की निर्भरता आने वाले समय में भी नहीं रहेगी।

**9.** भारत में कोयला भण्डार आवश्यकता से बहुत अधिक हैं।

**10.** कोयला भण्डारों की मूल्यांकन प्रक्रिया कोयला भण्डारों की ठीक से पहचान करने में समर्थ नहीं है।

## परिच्छेद 3

6 करोड़ झुग्गी-झोपड़ी निवासियों को आवास प्रदान करने और झुग्गी-झोपड़ी मुक्त भारत की कल्पना को साकार करने के अपने सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण प्रयास में सरकार 400 नगरों और शहरों में पाँच वर्ष में 50 लाख रिहायशी यूनिटों के निर्माण की एक विशाल योजना बना रही है। इस कार्यक्रम से देश भर में हजारों एकड़ मूल्यवान सरकारी जमीन मुक्त हो सकती है और स्थावर सम्पदा के विकासकर्ताओं के लिए करोड़ों के मूल्य के कारोबार का निर्माण हो सकता है। झुग्गी-झोपड़ियों के फैलने से वर्षों तक GDP की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। निम्न उत्पादकता और खराब स्वास्थ्य स्थितियों की चपेट में आना झुग्गी-झोपड़ी निवासियों के विशेष लक्षण हैं। सरकार का मानना है बेहतर आवास सुविधाओं से सामाजिक मसलों का समाधान होगा, इसका गुणवर्द्धक प्रभाव पड़ेगा और आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा। ***(Allahabad Bank PO 2009)***

**11.** भारतीय शहरों व नगरों में झुग्गी-झोपड़ियों में स्वास्थ्य व स्वच्छता की स्थिति मानवीय निवास के स्वीकार्य मानकों से बहुत ही निकृष्ट है।

**12.** विकसित देशों के नगर व शहर झुग्गी-झोपड़ी मुक्त हैं।

**13.** बेहतर आवास सुविधाओं सहित रहने वालों की तुलना में झुग्गी-झोपड़ी निवासियों की प्रति व्यक्ति आय बहुत कम है।

**14.** भारत के नगरों और शहरों में अधिकांश झुग्गी-झोपड़ियाँ प्रमुख निजी सम्पत्तियों पर हैं।

**15.** भारत के शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों वाली जमीन के विकास से सामान्य जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## परिच्छेद 4

यद्यपि अर्थव्यवस्था वापस पटरी पर आ गई है और उपभोक्ता का विश्वास ऊँचा है, तथापि सिस्टम में क्रेडिट कार्ड कम होते जा रहे हैं। (पिछले एक वर्ष में इस्तेमाल में आ रहे क्रेडिट कार्डों की कुल संख्या में लगभग 50 लाख की कमी आई है।) नवीनतम जारी आँकड़ों के अनुसार, क्रेडिट कार्डों की संख्या फरवरी, 2010 के अन्त में एक वर्ष पहले के लगभग 2.5 करोड़ से कम होकर लगभग 2 करोड़ हो गई है। आँकड़ों से यह संकेत भी मिलता है कि मूल्य और मात्रा दोनों दृष्टियों से कार्ड से किए गए औसत मासिक खर्च अभी तक संकट-पूर्व के स्तर तक नहीं पहुँचे हैं। औसत मासिक खर्च वित्त वर्ष '09 के ₹ 5400 करोड़ की तुलना में वित वर्ष '10 में कम होकर ₹ 5100 करोड़ हो गया है, जबकि औसत मासिक मात्रा वित वर्ष' 09 को ₹ 2.16 करोड़ प्रतिमाह की तुलना में चालू वर्ष में सिर्फ ₹ 1.94 करोड़ प्रतिमाह ही रही है। यहाँ तक कि कार्ड के जरिए पीक फेस्टिवल खर्च भी पिछले वर्ष के स्तर की तुलना में इस वर्ष कम रहा है। ***(Andhra Bank PO 2010)***

**16.** चालू वर्ष में क्रेडिट कार्ड के प्रयोग में वित्त वर्ष' 09 से काफी कमी आई है।

**17.** क्रेडिट कार्डों से सम्बन्धित अत्यधिक धोखाधड़ियों के कारण लोग चालू वर्ष में क्रेडिट कार्डों का प्रयोग नहीं कर रहे हैं।

**18.** पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में क्रेडिट कार्ड के प्रयोग में लगभग 40% की कमी आई है।

***19.*** नवीनतम जारी आँकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में फरवरी 2010 के अन्त में क्रेडिट कार्ड लेन-देनों की संख्या में लगभग 200% की कमी आई है।

***20.*** भारत में क्रेडिट कार्डों के प्रयोग में कमी दूसरे कई देशों की तुलना में कम है।

## परिच्छेद 5

देश यदि अच्छा विदेशी निवेश आकर्षित करना चाहता है, तो विदेशी निवेशकों के पथ में विनियमनों द्वारा लादी गई बाधाएँ दूर की जानी चाहिए। विशेषतः तब, जबकि विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय स्थिति से बहुत प्रभावित प्रतीत नहीं होते हैं। विदेशी मुद्रा आरक्षितियाँ वर्ष 1990 के आरम्भिक महीनों के स्तर तक गिरने के जोखिम का सामना नहीं कर रही हैं। फिर भी, देश को केवल संविभाग अन्तर्वाह या हॉट मनी के अतिरिक्त अधिक दीर्घावधि निवेश आकर्षित करने के लिए वातावरण का निर्माण करना चाहिए। वर्ष 1998 में जारी विनियमन के डाइल्यूटेड वर्जन की यह आवश्यकता कि वर्ष 2005 से पहले भारत में स्थापित JVs वाले विदेशी भागीदारों को दूसरा समान उद्यम स्थापित करने के लिए देसी भागीदार से अनुमति प्राप्त करनी चाहिए, के दुरुपयोग की सम्भावना है और आगे, विद्यमान कारोबार क्षेत्र में नए उद्यम की स्थापना से पहले, विदेशी भागीदार को सरकार से भी पूर्वानुमति प्राप्त करनी चाहिए। ***(Dena Bank PO 2009)***

***21.*** वर्तमान परिदृश्य में विदेशी निवेशक भारत में दीर्घावधि परियोजनाओं में निवेश करने के लिए उत्सुक हैं।

***22.*** एशियाई महाद्वीप के बहुत-से देशों में विदेशी निवेशकों के लिए अनुकूल दिशा-निर्देश हैं।

***23.*** वर्ष 1990 के आरम्भ में भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षितियाँ वर्तमान स्तर से बहुत कम थीं।

***24.*** प्रमुख क्षेत्रों में विदेशी निवेश को अनुमति देने के लिए भारत को अपने मानदण्ड कड़े करने चाहिए।

***25.*** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मुख्यतः अल्पावधि है।

## परिच्छेद 6

मैंने पहली बार 'द विजार्ड ऑफ ओज' देखी तो कहानी ने मुझे सम्मोहित किया। मैंने दूसरी बार 'द विजार्ड ऑफ ओज' देखी तो स्पेशल इफेक्ट्स ने मुझे विस्मित किया। मैंने तीसरी बार 'द विजार्ड ऑफ ओज' देखी तो फोटोग्रोफी ने मुझे चकित कर दिया। क्या आपने कोई फिल्म दो या तीन बार देखी है? आपका ध्यान सब टाइटल्स की तरफ जाता है और आप ध्वनियाँ सुनते हैं, जो पहली बार पूरी तरह छूट गई थीं।

फोन पर भी ऐसा ही होता है, क्योंकि आपकी कारोबारी बातचीत फिल्मों से ज्यादा परिणामदायक होती हैं, इसलिए उसे आपको दो, हो सके तो तीन बार सुनना चाहिए। प्रायः जब तक हम फोन पर हुई अपनी बातचीत को दोबारा सुन नहीं लेते, हमें साफ-साफ पता नहीं चल पाता है कि फोन पर वास्तव में क्या हुआ है? आपको टोटो के कॉलर के रंग से शेडिंग ज्यादा महत्त्वपूर्ण लगेगी और जितनी आपने कल्पना की होगी, उससे अधिक स्केयरक्रो दिखेंगे 'जिनके दिमाग नहीं है'।

आप अपनी महत्त्वपूर्ण कारोबारी बातचीत को दोबारा कैसे सुनते हैं? सीधे-सीधे कानूनी और नैतिक रूप से उसे टेप रिकॉर्ड करें। मैं आपकी कारोबारी बातचीत को उसकी बारीकियों के लिए रिकॉर्ड और विश्लेषण करने की तकनीक को इन्स्टेन्ट रीप्ले कहता हूँ। ***(UBI PO 2010)***

***26.*** फिल्म 'द विजार्ड ऑफ ओज' कारोबारी बातचीत को बेहतर बनाने में सहायता करेगी।

***27.*** अधिकतर लोग अगर किसी फिल्म को एक से अधिक बार देखेंगे, तो स्पेशल इफेक्ट, फोटोग्राफी, कहानी, संगीत आदि जैसे विभिन्न पहलू, उन्हें अलग क्रम में बेहतर ढंग से प्रभावित करेंगे।

***28.*** यह सलाह कारोबारी बातचीत को समझने के लिए दी गई है।

***29.*** यह सलाह सेल्स टीम को दी जा रही है।

***30.*** लेखक अधिकांश फिल्मों को दो से अधिक बार देखता है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 31-33) *नीचे दिए गए तीनों परिच्छेदों को पढ़िए और परिच्छेदों के नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।* ***(UPSC CSAT 2018)***

## परिच्छेद 7

सस्ते और प्रचुर माँस की तलाश के परिणामस्वरूप फैक्ट्री फार्म बनाए गए हैं जहाँ अधिक से अधिक पशुओं को क्रूर और शोचनीय दशाओं में छोटी-छोटी ढेरियों में ठूँसा जाता है। इस प्रकार के प्रचलनों के परिणामस्वरूप विश्व की अनेक स्वस्थ्य सम्बन्धी देशान्तरगामी महामारियाँ उठ खड़ी हुई हैं। जैसे कि एवियन फ्लू । विश्वभर में पशुधन का पालन लगातार बढ़ती हुई क्रूर और तंग दशाओं में किया जा रहा है, जहाँ पशु अपना लघु जीवन कृत्रिम प्रकाश, प्रतिजैविकों और वृद्धि हॉर्मोनों के ठसाठस इस्तेमाल के बीच वध होने के दिन तक व्यतीत करते हैं। माँस उत्पादन जल की अत्यधिक खपत माँगता है। माँस के प्रत्येक किलोग्राम के लिए 15000 ली जल की आवश्यकता होती है जबकि 1 किग्रा धान के लिए 3400 ली, 1 किग्रा अण्डों के लिए 3300 ली और 1 किग्रा आलू के लिए 255 ली जल की आवश्यकता होती है।

***31.*** इस परिच्छेद द्वारा दिया गया सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक सन्देश कौन-सा है?
(a) औद्योगिक पशुपालन (इण्डिस्ट्रियल फार्मिंग) से बड़े पैमाने पर माँस का उत्पादन करना सस्ता होता है और यह गरीब देशों को प्रोटीन पोषण प्रदान करने के लिए उपयुक्त है।
(b) माँस उत्पादन उद्योग पशुओं के प्रति क्रूरता के विरुद्ध कानूनों का उल्लंघन करता है।
(c) औद्योगिक पशुपालन के द्वारा बड़े पैमाने पर माँस उत्पादन अवांछनीय है और इसको तुरन्त रोक देना चाहिए।
(d) माँस उत्पादन की पर्यावरणीय लागत अधारणीय होती है जब इसका उत्पादन औद्योगिक पशुपालन से किया जाता है।

## परिच्छेद 8

एक नर बाघ को पेच बाघ अभ्यारण्य (टाइगर रिज़र्व) से हटाकर पन्ना राष्ट्रीय पार्क में ले जाकर रखा गया। बाद में, इस बाघ ने अपने घर की ओर 250 मील लम्बी दूरी तय की। इस अकेले बाघ की यह यात्रा एक संकट पर प्रकाश डालती है। कई वन्यजीव अभ्यारण्य मानवता के विशाल सागर के बीच भंगुर आवास के द्वीपों के रूप में विद्यमान हैं। फिर भी कोई बाघ शिकार, जोड़े और अपने क्षेत्र की तलाश में सौ मील के परास में घूम सकता है। भारत के लगभग एक-तिहाई बाघ, बाघ अभ्यारण्यों के बाहर रहते हैं। यह स्थिति मानव और पशु दोनों के लिए ही संकटपूर्ण है। बाघ और उसके शिकार तभी अलग रह सकते हैं। यदि अभ्यारण्यों के बीच भूमि के मान्य गलियारे हों, ताकि वे बिना छेड़छाड़ के आ-जा सकें।

***32.*** इस परिच्छेद द्वारा दिया गया सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक सन्देश निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) मनुष्य और वन्यजीव के बीच संघर्ष को सुलझाया नहीं जा सकता चाहे हम जो भी प्रयत्न करें
(b) संरक्षित क्षेत्रों के बीच सुरक्षित वन्य जीव गलियारे, संरक्षण के प्रयत्नों का आवश्यक पहलू है
(c) भारत के लिए आवश्यक है कि वह और अधिक संरक्षित क्षेत्रों की घोषणा करे तथा और अधिक बाघ अभ्यारण्यों की स्थापना करें
(d) भारत के राष्ट्रीय पार्कों और बाघ अभ्यारण्यों का व्यावसायिक (प्रोफेशनल) प्रबन्ध होना चाहिए

## परिच्छेद 9

आज शीर्ष पर्यावरणीय चुनौती जन तथा इनकी आकांक्षाओं का सम्मुचय है। यदि आकांक्षाएँ द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की किफायती प्रकार की हों, तब बहुत अधिक सम्भावनाएँ बनती हैं, उस दृष्टिकोण की तुलना में जो पृथ्वी को एक विशालकाय शॉपिंग मॉल की भाँति देखता है। हमें चमक-दमक के आकर्षण के परे जाना चाहिए तथा यह समझना चाहिए कि पृथ्वी एक जैविक तन्त्र की भाँति कार्य करती है।

**33.** उपरोक्त में परिच्छेद से, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक निर्णायक और तार्किक निष्कर्ष (इन्फेरेन्स) निकाला जा सकता है?
(a) पृथ्वी मानव की खाद्य, वस्त्र तथा आश्रय की केवल आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है
(b) पर्यावरणीय चुनौती का सामना करने का एकमेव मार्ग जनसंख्या को सीमित करना है
(c) हमारे लिए उपभोक्तावाद को कम करना अपने ही हित में है
(d) केवल जैविक तन्त्रों का ज्ञान ही हमें पृथ्वी को बचाने में सहायक है

***निर्देश*** (प्र. सं. 34) *निम्न जानकारी को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्न के उत्तर दीजिए।*

ऑनलाइन शॉपिंग में सुविधा—मुझे इसकी सबसे अच्छी बात लगती है कि ऐसी कौन-सी जगह है, जहाँ आप आधी रात को नाइट सूट पहनकर खरीदारी कर सकते हैं? आपको न तो कतार में इन्तजार करना होता है और न ही खरीदारी में आपकी सहायता करने के लिए शॉप एसिस्टेण्ट के तैयार होने तक उसका इन्तजार। रिटेल स्टोर में जाने की तुलना में एक बहुत बेहतर अनुभव है। —**एक उपभोक्ता का मत**
***(SBI PO 2013)***

**34.** दी गई जानकारी से निम्न में से क्या अनुमान लगाया जा सकता है? (अनुमान वह होता है, जिसे प्रत्यक्षतः कहा नहीं गया हो, लेकिन जिसका दिए गए तथ्यों से स्पष्टीकरण हो सकता हो)
(a) ऑनलाइन शॉपिंग केवल रात को की जा सकती है
(b) जिन्हें कम्प्यूटर प्रयोग करने में सुविधा नहीं होती, वे ऑनलाइन शॉपिंग के अनुभव का आनन्द कभी नहीं उठा सकते
(c) सभी रिटेल स्टोर प्रत्येक ग्राहक को शॉपिंग एसिस्टेण्ट उपलब्ध कराते हैं
(d) जिस उपभोक्ता का मत प्रस्तुत किया गया है, उसने रिटेल स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह खरीदारी की है
(e) जिस उपभोक्ता का मत प्रस्तुत किया गया है, उसके पड़ोस में कोई रिटेल स्टोर नहीं है

**35.** ग्राहक रिटेल आउटलेटों, जहाँ वस्तुएँ किसी भी इकाई में खरीदी जा सकती हैं, के अतिरिक्त सुपर मार्केट से थोक के भाव में खरीदना चाहता है, क्योंकि थोक के भाव से वस्तुओं की खरीद में ग्राहक को बचत दिखाई देती है। अतः उपभोक्ता को अपने बजट के अनुसार सुपर मार्केट से थोक में वस्तुओं का खरीदना एक व्यावहारिक विकल्प होता है।

अतः उपरोक्त दिए गए कथन के आधार पर निम्न में से कौन-सा पूर्वानुमान निकाला जा सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) सुपर मार्केट के पास अधिक खरीदने की शक्ति होती है, जिससे उनका इकाई खर्च कम हो जाता है और वे रिटेल आउटलेटों की अपेक्षा अधिक किस्म के उत्पाद पेश करते हैं
(b) सुपर मार्केट ज्यादा सुविधाजनक स्थान पर होने के साथ-साथ उनमें पार्किंग की भी अच्छी व्यवस्था होती है
(c) सुपर मार्केट के आने का कारण छोटे रिटेल स्टोरों का बन्द होना है, जिससे कि प्रतिस्पर्द्धा में कमी आई
(d) एकल वस्तुओं को खरीदना अधिक फायदेमन्द होता है, क्योंकि थोक पैकेज कभी-कभी बचत का ऑफर देते हैं
(e) एक ग्राहक थोक पैकेज की खरीद से वित्तीय बचत की अपेक्षा अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ खरीदता है, जो उसकी आवश्यकताओं को पूरा करती हो

**36.** अखबारों के सम्पादकों द्वारा सत्य खबरों को छापने के बजाय जानबूझकर झूठी बातों एवं विवादों को हवा देकर अखबार के पन्नों में परोसा जाता है, जिससे कि वे अपने अखबार की बिक्री का क्षेत्र बढ़ा सकें।

निम्न में से कौन-सा पूर्वानुमान उपरोक्त तथ्य में अन्तर्निहित हो सकता है? ***(IBPS PO 2013)***
(a) अखबारों द्वारा झूठी खबरों को छापना एक आदत सी हो गई है
(b) अखबारों में छपी सभी खबरों को सत्यता से प्रमाणित होना चाहिए
(c) बड़े अखबार सम्पादकों की तुलना में छोटे अखबार सम्पादकों को अपनी सत्य खबरों पर अधिक स्पष्ट होना चहिए
(d) अखबारों के सम्पादक अपने-अपने अखबार के सर्वे-सर्वा होते हैं तथा वही निर्णय करते हैं कि उन्हें अखबार में क्या छापना है
(e) उपरोक्त में से कोई नहा

**37.** नीचे दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए

राज्य सरकार सभी कर्मचारियों के वेतन पर मासिक कर लगाती है। कर की राशि वेतन स्तर के अनुसार बदलती है। केन्द्र सरकार भी समान वेतन पर कर लगाती है, जिसे आयकर कहते हैं। यह कराधान के सिद्धान्त के विरुद्ध है।

दी गई जानकारी से निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? ***(SBI PO 2014)***
(a) कर व्यक्तिगत रूप से एक बार ही लगाया जाना चाहिए
(b) कर की राशि वेतन स्तर के अनुसार नहीं बदलनी चाहिए
(c) केन्द्र सरकार को वेतन पर कोई कर एकत्र नहीं करना चाहिए
(d) केन्द्र सरकार द्वारा वेतन स्तर के निरपेक्ष नियमित संग्रह आयकर है
(e) कर अदा करना या न करना व्यक्तिगत रूप से निर्भर करता है

**38.** आपदा प्रबन्धन प्रणाली जलवायु परिवर्तन से भारत की विरासत की रक्षा कर सकती है। भारत 2015 आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाइ फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षरकर्ता है, जो यह मानता है कि आपदा जोखिम, आतंकवाद सम्बन्धी मुद्दों को कम करने और प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में विरासत को पहचाननें में राज्य की प्राथमिक भूमिका है।

निम्नलिखित में से कौन दिए गए कथन को नकारता है?
I. प्राधिकरण की रिपोर्ट में सिस्टम पर संग्रहालयों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश भी हैं जिन्हें विभिन्न प्रकार के खतरों से निपटने के लिए स्थानबद्ध करने की आवश्यकता है।
II. राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा खतरों के लिए इसके अपने तरह के पहले विश्लेषण से पता चलता है कि भारत के संग्रहालयों के आतंकवादी घटनाओं, जलवायु सम्बन्धी घटनाओं जैसे कि बाढ़, भूकम्प और सुनामी; और बर्बरता का सामना किया है।
III. जलवायु से सम्बन्धित मुद्दों जैसे कि बाढ़, भूकम्प भारतीय विरासत के लिए चिंता का विषय नहीं है। ***(SBI PO 2018)***
(a) केवल III (b) केवल II
(c) केवल I (d) दोनों II और III
(e) इनमें से कोई नहीं

# उत्तर *सहित* व्याख्या

**1.** *(a)* 100 – 44 – 43 = 13% अर्थात् लगभग 10% बच्चे न तो श्याम हैं और न ही श्वेत।

**2.** *(b)* गोद लेने वाले प्रतीक्षारत परिवारों में 67% श्वेत हैं और उनमें अधिकतर श्याम बच्चों को गोद लेना चाहते हैं। अतः अनुमान सम्भवतः सत्य है।

**3.** *(c)* परिच्छेद के अनुसार 12 वर्ष से ज्यादा आयु के बच्चों को गोद लेने के विषय में जानकारी स्पष्ट नहीं है।

**4.** *(e)* निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि अधिकतर राज्य इसका समर्थन कर रहे हैं।

**5.** *(c)* परिच्छेद के अनुसार यह अनुमान लगाना सम्भव नहीं है, क्योंकि इस विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

**6.** *(c)* विकसित देशों की कोयले की खानें भारत की कोयले की खानों से किस प्रकार ज्यादा लाभ कमाती हैं यह दिए गए तथ्यों से स्पष्ट नहीं है। अतः दिए गए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं।

**7.** *(e)* भारत की कोयला खानें और खनन गतिविधियाँ वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य है, यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है।

**8.** *(b)* आने वाले समय में ऊर्जा निर्माण के लिए भारत की निर्भरता कोयले पर नहीं रहेगी यह अनुमान सम्भवतः सत्य है।

**9.** *(d)* भारत में कोयला पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन आवश्यकता से अधिक नहीं है। अतः यह अनुमान सम्भवतः असत्य है।

**10.** *(a)* कोयला भण्डारों की मूल्यांकन प्रक्रिया द्वारा कोयला भण्डारों की ठीक से पहचान नहीं हो पाती। अतः यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है।

**11.** *(a)* भारतीय शहरों व नगरों में झुग्गी-झोपड़ियों में स्वास्थ्य व स्वच्छता की स्थिति मानकों से काफी नीचे है। अतः यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है।

**12.** *(c)* दिए गए परिच्छेद में विकसित देशों के नगरों के झुग्गी-झोपड़ी की कोई चर्चा नहीं की गई है। अतः दिए हुए तथ्य अपर्याप्त हैं।

**13.** *(b)* झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों की आय, बेहतर आवास सुविधा में रहने वालों की आय से कम है। अतः यह अनुमान सम्भवतः सत्य है।

**14.** *(e)* यह कहना कि भारत में अधिकांश झुग्गी-झोपड़ियाँ प्रमुख निजी सम्पत्तियों पर हैं, गलत है। अतः यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है।

**15.** *(d)* शहरों में झुग्गी-झोपड़ी वाली जमीन के विकास से सामान्य जनता पर कुछ प्रभाव पड़ेगा। अतः यह अनुमान सम्भवतः असत्य है।

**16.** *(b)* परिच्छेद से स्पष्ट है कि क्रेडिट कार्डो का चलन कम हो रहा है। अतः यह अनुमान सम्भवतः सत्य है।

**17.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में क्रेडिट कार्ड की धोखाधड़ी के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**18.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि क्रेडिट कार्डों के प्रयोग में चालू वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में 50 लाख की कमी हुई है, न कि 40%।

**19.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि चालू वर्ष में क्रडिट कार्ड का चलन कम है।

**20.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में क्रेडिट कार्ड के प्रयोग की कमी के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**21.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय स्थिति से बहुत प्रभावित नहीं होते हैं।

**22.** *(c)* दिए हुए तथ्य पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में विदेशी निवेशकों के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**23.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि विदेशी मुद्रा आरक्षितियाँ वर्ष 1990 के शुरुआती महीनों के स्तर तक गिरने के जोखिम का सामना नहीं कर रही हैं।

**24.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि विदेशी निवेश को अनुमति देने के लिए भारत को मानदण्ड हल्के रखने चाहिए।

**25.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अल्पविधि के लिए है।

**26.** *(e)* यह अनुमान निश्चित रूप से असत्य है, क्योंकि फिल्म के द्वारा बातचीत सम्भव नहीं होगी।

**27.** *(b)* यह अनुमान सम्भवतः सत्य है, क्योंकि लोग एक से ज्यादा बार फिल्म को देखेंगे।

**28.** *(a)* यह अनुमान निश्चित रूप से सत्य है, क्योंकि परिच्छेद में कहा गया है कि आपकी कारोबारी बातचीत फिल्मों से ज्यादा परिणामदायक होती हैं, इसलिए आपको दो हो सके, तो तीन बार सुनना चाहिए।

**29.** *(c)* दिए हुए तथ्य काफी नहीं हैं, क्योंकि परिच्छेद में सेल्स टीम तथा सलाह के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया है।

**30.** *(d)* यह अनुमान सम्भवतः असत्य है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति एक या दो बार ही फिल्म देखता है।

**31.** *(d)* परिच्छेद द्वारा दिया गया सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक सन्देश है कि, माँस उत्पादन की पर्यावरणीय लागत अधारणीय होती है जब इसका उत्पादन औद्योगिक पशुपालन से किया जाता है। परिच्छेद की प्रथम पंक्ति इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट कराती है कि सस्ते और प्रचुर माँस की तलाश हेतु फैक्ट्री फॉर्म बनाए गए हैं, जहाँ पशुओं को क्रूरता से रखा जाता है अर्थात् माँस उत्पादन एक अधिक लागत वाला उद्योग है, जो अत्यधिक जल की खपत को दर्शाता है। लेखक द्वारा दिए गए आँकड़ों से इस बात की पुष्टि होती है माँस के प्रत्येक 1 किग्रा के लिए 15000 ली जल की आवश्यकता होती है जबकि 1 किग्रा धान के लिए 3400 ली, 1 किग्रा अण्डे के लिए 3300 ली और 1 किग्रा आलू के लिए 255 ली जल की आवश्यकता होती है, जो माँस उत्पादन के उच्च पर्यावरणीय लागत को दर्शाता है।

**32.** *(b)* परिच्छेद के माध्यम से दिया गया सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक सन्देश ''संरक्षित क्षेत्रों के बीच सुरक्षित वन्य जीव गलियारे, संरक्षण के प्रयत्नों का आवश्यक पहलू है।'' परिच्छेद के माध्यम से लेखक ने वन्यजीव संरक्षण के तहत बाघ अभ्यारण्य (संरक्षण) की बात की है, जो मानव और पशु के बीच संकट की द्वन्द्वता को समाप्त करने का प्रयास करता है। इसके अतिरिक्त संकट (शिकार) और अभ्यारण्य के बीच की भूमि के मान्य गलियारे अर्थात् संरक्षित क्षेत्र, जिसमें बाघ बिना छेड़छाड़ के घूम सकें, की भी चर्चा लेखक द्वारा की गई है अर्थात् संरक्षित क्षेत्र का विकास इसका प्रमुख पहलू है।

**33.** *(c)* उपरोक्त परिच्छेद में निहित सार तत्व है-''हमारे लिए उपभोक्तावाद को कम करना अपने ही हित में है।'' अतः कथन (c) सही उत्तर है। इस परिच्छेद के माध्यम से लेखक ने जनमानस को आधुनिक मूल्यों की ओर ध्यान आकृष्ट करने की जरूरत पर बल दिया है। लेखक के अनुसार, आज का उपभोक्तावादी समाज अपने स्वार्थ और हितों की पूर्ति हेतु जैविक तन्त्र का अनुचित प्रयोग कर रहा है, जो इसकी महत्त्वाकांक्षा को दर्शाता है। लेखक ने उपरोक्त परिच्छेद में इस बात की पुष्टि करते हुए लिखा भी है कि आज शीर्ष पर्यावरणीय चुनौती जन तथा इनकी आकांक्षाओं का समुच्चय है।

**34.** *(d)* उपभोक्ता के कथनानुसार उसका अनुभव व्यक्त होता है। उपभोक्ता ने रिटेल स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह खरीदारी की है।

**35.** *(e)* कथन के आधार पर, जो पूर्वानुमान निकाला जा सकता है वह यह है कि 'एक ग्राहक थोक पैकेज की खरीद से वित्तीय बचत की अपेक्षा अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ खरीदेगा, जो उसकी आवश्यकता को पूरी करती हो।'

**36.** *(b)* अखबारों में छपी सभी खबरों को सत्यता की कसौटी पर प्रमाणित होना चाहिए।

**37.** *(a)* कर एक व्यक्ति पर एक बार ही लगाया जाना चाहिए।

**38.** *(a)* केवल कथन III कथन को नकारता है क्योंकि जलवायु से सम्बन्धित मुद्‌दों जैसे कि बाढ़, भूकम्प भारतीय विरासत के लिए चिंता का विषय नहीं है। कथनानुसार आपदा प्रबन्धन प्रणाली जलवायु परिवर्तन से भारत की विरासत की रक्षा कर सकती है।